सव्वेसुं भोगभुवे दो गुणठाणाणि सव्वकालम्मि । दीसंति चउवियप्पं सव्वमिलिच्छम्मि[1] मिच्छत्तं ॥ २९३७
विज्जाहरसेढीए तिगुणट्ठाणाणि सव्वकालम्मि । पणगुणठाणा दीसइ छंडिदविज्जाण चोद्दसट्ठाणं ॥ २९३८
पज्जत्तापज्जत्ता जीवसमासा भवंति ते दोण्णि । पज्जत्तियपज्जत्ती छब्भेया सव्वमणुवाणं ॥ २९३९
दसपाणसत्तपाणा चउसण्णा मणुसगदि हु पंचेंदी । गदिइंदिय तसकाया तेरसजोगा विकुव्वदुगरहिदा ॥ २९४०
ते वेदत्तयजुत्ता अवगदवेदा वि केइ दीसंति । सयलकसाएहिं जुदा अकसाया होंति केइ णरा ॥ २९४१
सयलेहिं णाणेहिं संजमदंसणहिं लेस्सलेस्सेहिं । भव्वाभव्वत्तेहि य छव्विहसम्मत्तसंजुत्ता ॥ २९४२
सण्णी हुवेदि सव्वे ते आहारा तहा अणाहारा । णाणोवजोगदंसणउवजोगजुदा वि ते सव्वे ॥ २९४३

। गुणट्ठाणादी समत्ता ।

पांच विदेहक्षेत्रोंके भीतर एकसौ साठ आर्यखण्डोंमें जघन्यरूपसे छह गुणस्थान और उत्कृष्टरूपसे चौदह गुणस्थान तक पाये जाते हैं ॥ २९३६ ॥

सब भोगभूमिजोंमें सदा दो गुणस्थान (मिथ्यात्व और असंयतसम्यग्दृष्टि) और [उत्कृष्टरूपसे] चार गुणस्थान रहते हैं। सब म्लेच्छखण्डोंमें एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही रहता है ॥ २९३७ ॥

विद्याधरश्रेणियोंमें सर्वदा तीन गुणस्थान (मिथ्यात्व, असंयत और देशसंयत) और उत्कृष्टरूपसे पांच गुणस्थान होते हैं। विद्याओंके छोड़ देनेपर वहां चौदह गुणस्थान भी होते हैं ॥ २९३८ ॥

सब मनुष्योंके पर्याप्त व अपर्याप्त दोनों जीवसमास तथा छहों पर्याप्तियां और छहों अपर्याप्तियां भी होती हैं ॥ २९३९ ॥

सब मनुष्योंके पर्याप्त अवस्थामें दश और अपर्याप्त अवस्थामें सात प्राण होते हैं। संज्ञायें इनके चारों ही होती हैं। चौदह मार्गणाओंमेंसे क्रमशः गतिकी अपेक्षा मनुष्यगति, इन्द्रियकी अपेक्षा पंचेन्द्रिय, त्रसकाय और पन्द्रह योगोंमें वैक्रियिक और वैक्रियिकमिश्रको छोड़कर शेष तेरह योग होते हैं ॥ २९४० ॥

वे मनुष्य तीनों वेदोंसे युक्त होते हैं, परन्तु कोई मनुष्य (अनिवृत्तिकरणके अवेदभागसे लेकर) वेदसे रहित भी होते हैं। कषायकी अपेक्षा वे सम्पूर्ण कषायोंसे युक्त होते हैं। परन्तु कोई (ग्यारहवें गुणस्थानसे) कषायसे रहित भी होते हैं ॥ २९४१ ॥

ये मनुष्य सम्पूर्ण ज्ञानों, संयमों, दर्शनों, लेश्याओं, अलेश्यत्व, भव्यत्व, अभव्यत्व और छह प्रकारके सम्यक्त्वसे सहित होते हैं ॥ २९४२ ॥

सब मनुष्य संज्ञामार्गणाकी अपेक्षा संज्ञी, और आहारमार्गणाकी अपेक्षा आहारक एवं अनाहारक भी होते हैं। वे सब ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोगसे सहित होते हैं ॥ २९४३ ॥

गुणस्थानादिकोंका वर्णन समाप्त हुआ।

१ ब छग्गुण°. २ द मेलच्छम्मि, ब मेलिच्छम्मि. ३ द ब पज्जत्तियअपज्जत्ती.

संखेज्जाउवमाणा मणुवा णरतिरियदेवणिरएसुं । सव्वेसुं जायंते सिद्धगदीओ वि पावंति ॥ २९४४
ते संखातीदाऊ जायंते केई जाव ईसाणं । ण हु होंति सलायणरा जम्मम्मि अणंतरे केई ॥ २९४५

। संक्रमणं गदं ।

कोहादिचउक्काणं धूलीराईए तह य कट्ठेणं । गोमुत्तेतणुमलेहिं छल्लेस्सांमज्झिमंसेहिं ॥ २९४६
जे जुत्ता णरतिरिया सगसगजोग्गेहिं लेस्ससंजुत्ता । णारयदेवा केई णियजोग्गणराउयं च बंधंति ॥ २९४७

। आउस्स बंधं गदं ।

उप्पत्ती मणुवाणं गब्भजसम्मुच्छिमं खु दोभेदा । गब्भुब्भवजीवाणं मिस्सं सच्चित्तजोणीए ॥ २९४८
सीदं उण्हं मिस्सं जीवेसुं होंति गब्भपभवेसुं । ताणं भवंति संवडजोणीए मिस्सजोणी यं ॥ २९४९
सीदुण्हमिस्सजोणी सच्चित्ताचित्तमिस्सविउडा य । सम्मुच्छिममणुवाणं सच्चित्तए होंति जोणीओ ॥२९५०
जोणी संखावत्ता कुम्मुण्णदवंसपत्तणामाओ । तेसुं संखावत्ता गब्भेण विवज्जिदा होदि ॥ २९५१
कुम्मुण्णदजोणीए तित्थयरा चक्कवट्टिणो दुविहा । बलदेवा जायंते सेसजणा वंसपत्ताए ॥ २९५२

संख्यात आयुप्रमाणवाले मनुष्य, मनुष्य, तिर्यञ्च, देव और नारकियोंमेंसे सबमें उत्पन्न होते हैं, तथा सिद्धगतिको भी प्राप्त करते हैं ॥ २९४४ ॥

असंख्यातायुष्क मनुष्योंमेंसे कितने ही ईशानस्वर्ग तक उत्पन्न होते हैं । किन्तु अनन्तर जन्ममें शलाकापुरुष कोई भी मनुष्य नहीं होते हैं ॥ २९४५ ॥

संक्रमण समाप्त हुआ ।

जो मनुष्य व तिर्यंच क्रोधादिक चार कषायोंके क्रमशः धूलिरेखा, काष्ठ, गोमूत्र तथा शरीरमलरूप भेदोंके साथ छह लेश्याओंके मध्यम अंशोंसे युक्त हैं वे, तथा अपने अपने योग्य छह लेश्याओंसे संयुक्त कितने ही नारकी व देव भी अपने योग्य मनुष्यायुको बांधते हैं ॥२९४६-२९४७॥

आयुका बन्ध समाप्त हुआ ।

मनुष्योंका जन्म गर्भ व सम्मूर्च्छनके भेदसे दो प्रकार है । इनमेंसे गर्भजन्मसे उत्पन्न जीवोंके सचित्तादि तीन योनियोंमेंसे मिश्र (सचित्ताचित्त) योनि होती है ॥ २९४८ ॥

गर्भसे उत्पन्न जीवोंके शीत, उष्ण और मिश्र, तीनों ही योनियां होती हैं । तथा इन्हीं गर्भज जीवोंके संवृतादिक तीन योनियोंमेंसे मिश्र (संवृतविवृत) योनि होती है ॥ २९४९ ॥

सम्मूर्च्छन मनुष्योंके उपर्युक्त सचित्तादिक नौ गुणयोनियोंमेंसे शीत, उष्ण, मिश्र (शीतोष्ण), सचित्त, अचित्त, मिश्र (सचित्ताचित्त) और विवृत, ये योनियां होती हैं ॥२९५०॥

शंखावर्त, कूर्मोन्नत और वंशपत्र नामक तीन आकारयोनियां होती हैं । इनमेंसे शंखावर्त योनि गर्भसे रहित है ॥ २९५१ ॥

कूर्मोन्नतयोनिसे तीर्थंकर, दो प्रकारके चक्रवर्ती (सकलचक्री और अर्धचक्री) और बलदेव, तथा वंशपत्रयोनिसे शेष साधारण मनुष्य उत्पन्न होते हैं ॥ २९५२ ॥

१ द सिद्धि°. २ ब काइ. ३ द ब गोमुत्तातणु°. ४ द ब छस्सलेसा°. ५ द ब णियजोगाणराउयं. ६ द ब दो भेदो. ७ द ब मिस्स सचित्तो जोणीए. ८ द सक्कड, ब सव्वड. ९ द ब °जोणीए. १० द ब विउला. ११ द ब सचित्तय. १२ ब विवज्जिदो.

एवं सामण्णेसुं होंति मणुस्साण अट्ठ जोणीसुं । एदाणं विसेसाणिं चोद्दसलक्खाणि भजिदाणिं ॥ २९५३

। जोणिपमाणं गदं ।

छव्वीसजुदेक्कसयप्पमाणभोगाखिदीण सुहमेक्कं । कम्मखिदीसु णराणं हवेदि सोक्खं[1] च दुक्खं च ॥२९५४

। सुखदुक्खं[2] गदं ।

केइ पडिबोहणेणं केइ सहावेण तासु भूमीसुं । दट्ठूणं सुहदुक्खं केइ मणुस्सा बहुपयारं[3] ॥ २९५५

जादिभरणेण केई केइ जिणिंदस्स महिमदंसणदो । जिणबिंबदंसणेणं उवसमपहुदीणि केइ गेण्हंति[4] ॥२९५६

। सम्मत्तं गदं ।

एक्कसमयं जहण्णं दुतिसमयप्पहुदि जाव छम्मासं । वरविरहं मणुवजगे[5] उवरिं सिज्झंति अट्ठसमए ॥२९५७

पत्तेक्कं अट्ठसमए बत्तीसदालसट्ठिदुयसदरिं । चुलसीदी छण्णउदी दुचरिमम्मि अट्ठअधियसयं ॥ २९५८

सिज्झंति एक्कसमए उक्कस्से अवरयम्मि एक्केक्कं । मज्झिमपडिवत्तीए चउहत्तरि सव्वसमएसुं ॥ २९५९

इसप्रकार मनुष्योंके सामान्य योनियोंमेंसे आठ, और इनके विशेष भेदोंमेंसे चौदह लाख योनियां होती हैं ॥ २९५३ ॥

योनिप्रमाणका निरूपण समाप्त हुआ ।

मनुष्योंको एकसौ छब्बीस भोगभूमियोंमें (३० भोगभूमियों और ९६ कुभोगभूमियोंमें) केवल सुख, और कर्मभूमियोंमें सुख एवं दुख दोनों ही होते हैं ॥ २९५४ ॥

सुख-दुःखका वर्णन समाप्त हुआ ।

उन भूमियोंमें कितने ही मनुष्य प्रतिबोधनसे, कितने ही स्वभावसे, कितने ही बहुत-प्रकारके सुख-दुःखको देखकर उत्पन्न हुए जातिस्मरणसे, कितने ही जिनेन्द्रभगवान्की कल्याणकादिरूप महिमाके दर्शनसे, और कितने ही जिनबिम्बके दर्शनसे औपशमादिक सम्यग्दर्शनोंको ग्रहण करते हैं ॥ २९५५-२९५६ ॥

सम्यक्त्वका कथन समाप्त हुआ ।

मनुष्यलोकमें मुक्तिगमनका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट दो-तीन समयादिसे लेकर छह मासपर्यन्त है । इसके पश्चात् आठ समयोंमें जीव सिद्धिको प्राप्त करते ही हैं ॥ २९५७ ॥

इन आठ समयोंमेंसे प्रत्येकमें क्रमशः उत्कृष्टरूपसे बत्तीस, अड़तालीस, साठ, बहत्तर, चौरासी, छ्यानवै और अन्तिम दो समयोंमें एकसौ आठ एकसौ आठ जीव, तथा जघन्यरूपसे एक एक, सिद्ध होते हैं । मध्यम प्रतिपत्तिसे सब समयोंमें चौहत्तर चौहत्तर जीव सिद्ध होते हैं ॥ २९५८-२९५९ ॥ ५९२ ÷ ८ = ७४ ।

१ द ब एदेण. २ द सुक्खं च. ३ द ब ंदुक्ख. ४ द ब ंपयारा. ५ द गिण्हंति. ६ द दुतियसमं. ७ द ब छगे.

तीदसमयाण संखं पणसयबाणउदिरूवसंगुणिदं । अडसमयाधियछम्मासयभजिदं[1] णिव्वदा सव्वे ॥ २९६०

अ ५९२ । मा ६[2] ।

। एवं णिउदिगमणपरिमाणं समत्तं[3] ।

संसारण्णवमहणं[4] तिहुवणभव्वाण पेम्मसुहजणणं[5] । संदरिसियसयलट्ठं सुवासणाहं णमंसामि ॥ २९६१

एवमाइरियपरंपरागंथतिलोयपण्णत्तीए[6] मणुवजगसरूवनिरूवणपण्णत्ती[7] णाम

चउत्थो महाहियारो समत्तो ॥ ४ ॥

अतीतकालके समयोंकी संख्याको पांचसौ बानवे रूपोंसे गुणित करके उसमें आठ समय अधिक छह मासोंका भाग देनेपर लब्ध राशिप्रमाण सब निर्वृत्त अर्थात् मुक्त जीव हैं ॥ २९६० ॥ अतीतसमय × ५९२ ÷ ६ मास ८ समय = मुक्त जीव ।

इसप्रकार सिद्धगतिको प्राप्त होनेवालोंका प्रमाण समाप्त हुआ ।

संसाररूप समुद्रके मथनकर्ता, तीनों लोकोंके भव्योंको प्रेम एवं सुखके जनक, तथा सम्पूर्ण पदार्थोंके दर्शक सुपार्श्वनाथस्वामीको मैं नमस्कार करता हूं ॥ २९६१ ॥

इसप्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें मनुष्यलोकस्वरूप निरूपण करनेवाला

चतुर्थ महाधिकार समाप्त हुआ ।

---

१ द ब अडसमयाविय छम्मासयम्मि भजिदं णिम्मदा. २ ब–पुस्तके 'मा ६' इति नास्ति. ३ द ब समत्ता. ४ द ब ससारण्णमहण्णं. ५ द ब पेम्मदुहजलणं. ६ ब °परंपरायगय°. ७ द ब °जगपदावण्णित्तो वणसंपण्णत्ती.

त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी प्रस्तावना

१ ग्रंथ-परिचय

तिलोयपण्णत्ति (त्रिलोकप्रज्ञप्ति) भारतीय साहित्यका एक प्राचीन ग्रंथ है। प्राकृत भाषामें हुई है और इसका विषय मुख्यतः विश्वरचना—लोकस्वरूप है, तथा प्रसगवश उसमें धर्म व संस्कृतिसे संबंध रखनेवाली अनेक अन्य बातोंकी भी चर्चा आई है। ग्रंथकर्ताके वचनानुसार समस्त ग्रंथ नौ महाधिकारोंमें विभाजित है (१,८८-८९) जो निम्न प्रकार हैं—

(१) सामान्य लोकका स्वरूप, (२) नारकलोक, (३) भवनवासीलोक, (४) मनुष्य-लोक, (५) तिर्यग्लोक, (६) व्यन्तरलोक, (७) ज्योतिर्लोक, (८) देवलोक और (९) सिद्धलोक।

ग्रंथकी रूप-रेखा बड़ी सुव्यवस्थित है। प्रत्येक महाधिकारके अन्तर्गत अनेक अधिकार हैं जिनमें भिन्न भिन्न विषयोंका वर्णन किया गया है। कहीं कहीं इन अधिकारोंके भी अवान्तर अधिकार निरूपण किये गये हैं। और कहीं गाथाओंमें वर्णित विषयका संख्यात्मक विवरण दे दिया गया है। ग्रंथकी अधिकांश रचना पद्यात्मक है। किन्तु कुछ गद्यखण्ड भी आगये हैं व कहीं कहीं गाथाओंका प्रस्तावनारूप स्फुट शब्द व वाक्य भी पाये जाते हैं।

प्रथम महाधिकारके दो प्रमुख विभाग हैं— प्रस्तावना व विश्वका सामान्य निरूपण। इसमें कुल २८३ गाथायें और कुछ गद्यखंड है। दूसरे महाधिकारमें १५ अधिकार हैं (२,२–५) जिनमें कुल ३६७ पद्य पाये जाते है। इनमें ४ इन्द्रवज्रा (३६२, ३६४–६६) और १ स्वागता (३६३) को छोड़ शेष सब पद्य गाथा छंदमें हैं। तीसरे महाधिकारमें २४ अधिकार (३,२–६) व २४३ पद्य हैं जिनमें २ इन्द्रवज्रा (२२८ व २४१), ४ उपजाति (२१४-१५, २२९ व २४२) और शेष गाथाबद्ध हैं। चौथे महाधिकारमें १६ अधिकार हैं (४,२-५) और कुछ अधिकारोंमें अवान्तर अधिकार भी हैं। कुल पद्योंकी संख्या २९६१ है। कुछ गद्यखंड भी हैं। पद्योंमें ७ इन्द्रवज्रा (१६२–६३, ५५०–५१, ५७८, ९४१–४२), २ दोधक (५५२ व १२७५), १ शार्दूलविक्रीडित (७०४), २ वसन्ततिलका (९४० व १२११) और शेष गाथा छंदमें हैं। पांचवें महाधिकारमें १६ अधिकार (५,२–४), ३२१ गाथायें व अनेक गद्य-खंड हैं। छठे महाधिकारमें १७ अधिकार है (६,२–४) जिनमें अन्तिम तीन अधिकार महाधिकार ३ के अधिकारोंके समान है। इसकी गाथासंख्या १०३ है। सातवें महाधिकारमें १७ अधिकार हैं (७, २–४) जिनमें अन्तिम नौ तीसरे महाधिकारके समान हैं। इसकी गाथासंख्या ६१९ है व कुछ गद्यखंड भी हैं। आठवें महाधिकारमें २१ अधिकार (८, २–५) हैं इनमेंसे कुछका

स्पष्ट निर्देश नहीं पाया जाता; संभवतः उनके नाम छूट गये हैं। उदाहरणार्थ ११–१२ आदि। इसकी गाथासंख्या ७०३ है जिनमें केवल १ शार्दूलविक्रीडित (७०२) है और शेष गाथा। कुछ गद्यखंड भी हैं। नौवें अन्तिम महाधिकारमें ५ अधिकार व ७७ पद्य हैं जिनमें १ मालिनी (७४) और शेष गाथा रूप हैं।

ग्रंथका सम्पादन केवल थोड़ीसी हस्तलिखित प्राचीन प्रतियोंपरसे किया गया है। सम्पादकोंने ऐसे स्थल भी पाये हैं जहां प्रस्तुत पाठमें उन्हें स्खलन दिखाई देते हैं। कुछ पाठ अत्यधिक भ्रष्ट है, यद्यपि सामान्यतः उनका अर्थ अनुमान करना कठिन नहीं है। कहीं कहीं पंक्तियां छूटी हुई है (जैसे पृष्ठ ३३, २२८–२९, ४४२, ४४८, ४८९, ५७१, ५७६, ६२७–२८, ६३० आदि)। संख्यात्मक निरूपणोंमें अशुद्धियां हैं और बहुधा वे स्थानान्तरित भी हो गये हैं (पृ. ६०, ६४ आदि)। अधिकारोंके नाम सर्वत्र विधिवत् नहीं मिलते। और कहीं कहीं तो वे स्पष्टतः छूटे हुये दिखाई देते है (देखिये महाधिकार ८)। फिर भी उपलब्ध सामग्री की सीमाके भीतर प्रस्तुत पाठ प्रामाणिक कहा जा सकता है, और यदि आगे ग्रंथकी कुछ और प्राचीन प्रतियां मिल सकीं व उनसे प्रस्तुत पाठका मिलान किया जा सका, तो भविष्यमें उक्त त्रुटियां भी दूर की जा सकती है।

अशुद्ध प्रतियोंकी परम्परामें उत्पन्न उपर्युक्त त्रुटियोंके होते हुये भी त्रिलोकप्रज्ञप्ति सामान्यतः पर्याप्त प्राचीन परम्परापर निर्धारित है, और उसमें सामान्यतः एक ही रचियताके हाथ-की एकरूपता दिखाई देती है। प्रत्येक महाधिकारके अन्तमें ग्रंथकर्ताने स्पष्टतः उल्लेख किया है कि त्रिलोकप्रज्ञप्तिके विषयका ज्ञान उन्हें आचार्यपरम्परासे प्राप्त हुआ है। कहीं कहीं 'गुरूपदेश' का भी उल्लेख है; जैसे ७-११३,१६२)। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों और उनके पाठान्तरोंका भी उल्लेख किया है। जैसे–आग्रायणी, परिकर्म, लोकविभाग और लोकविनिश्चय। ये ग्रंथ अब हमें उपलभ्य नहीं हैं। उन्होंने अनेक स्थलों (कोई पच्चीससे भी अधिक) पर यह भी स्वीकार किया है कि अमुक विषयका विवरण और उपदेश उन्हें परम्परासे गुरुद्वारा प्राप्त नहीं हुआ या नष्ट हो गया। समस्त ग्रंथके भीतर पाठकको यह अनुभव होता है कि लोकविज्ञान जैसा दुर्गम विषय उसके गणित आदि सहित भिन्न भिन्न आचार्यपरम्पराओंमें अध्ययन किया जाता था और इन परम्पराओंमें कुछ विषयोंपर परस्पर मतभेद भी था। ग्रंथमें चालीससे भी अधिक ऐसे स्थल हैं जहां हमें पाठान्तर रूप गाथाएं प्राप्त होती है और कहीं कहीं 'अथवा' शब्दके द्वारा मतभेदोंका निर्देश किया गया है, जैसे– पृ. ५१, ७१। ग्रंथकर्ताका प्रयोजन यही रहा है कि जहां तक हो सके परम्परागत ज्ञानको यथाशक्ति शुद्ध और पूर्णरूपसे सुरक्षित रखा जाय।

यद्यपि विद्वान् पाठकों व लेखकों द्वारा स्खलनों व क्षेपकोंकी सम्भावना तो तब तक दूर नहीं

की जा सकती जब तक और बहुतसी प्राचीन प्रतियोंका मिलान न कर लिया जाय, तथापि त्रिलोक-प्रज्ञप्तिकी रूपरेखा और विषयप्रतिपादनमें एक ही कर्ताका हाथ दिखाई देता है। ग्रंथके आदिमें स्पष्ट उल्लेखके पश्चात् पूरी रचना नौ महाधिकारोंमें विभक्त की गई है, जिनमेंसे प्रत्येक पुनः अन्तराधिकारोंमें विभाजित हैं जिनका निर्देश प्रारम्भमें ही कर दिया गया है। इस प्रकार समस्त ग्रंथमें एक योजना पाई जाती है। कहीं कहीं पश्चात्के अधिकारमें उपयोगी वस्तुविवरणके लिये पूर्वके किसी अधिकारका उल्लेख किया गया है (६, १०१)। कहीं हमें ऐसे निर्देश मिल जाते हैं—'पुव्वं व वत्तव्वं' (पहलेके समान कथन करना चाहिये—४, २६१, २७४ आदि)। इससे स्पष्ट है कि ग्रंथकर्ता लगातार विषयका प्रतिपादन कर रहा है। आदिमंगलमें पंचपरमेष्ठीको नमस्कारादि किया गया है, किन्तु सिद्धोंको प्रथम और अरहन्तको तत्पश्चात्। फिर प्रथम महाधिकारके अन्तसे प्रारंभके प्रत्येक महाधिकारके आदि और अन्तमें क्रमशः एक एक तीर्थंकरको नमस्कार किया गया है—जैसे १ नाभेय, २ अजित व संभव, ३ अभिनन्दन व सुमति, ४ पद्मप्रभ व सुपार्श्व ५ चन्द्रप्रभ व पुष्पदन्त, ६ शीतल व श्रेयांस, ७ वासुपूज्य व विमल, ८ अनन्त व धर्म तथा ९ शान्ति व कुन्थु। फिर शेष अरसे वर्धमानान्त तीर्थंकरोंको अन्तिम महाधिकारके अन्तमें नमस्कार किया गया है (९, ६७-७३)। इन नमस्कारात्मक पद्योंकी व्यवस्था व स्थानोंमें न केवल एक सुयोजना ही है किन्तु उनमें एक ही कर्ताका हाथ स्पष्ट दिखाई देता है।

२ ग्रंथकी कुछ विशेषतायें और तुलना

यहांपर तिलोयपण्णत्ति जैसे अति प्रामाणिक और प्राचीन ग्रंथके विषयकी कुछ महत्त्वपूर्ण बातोंपर ध्यान दे लेना अच्छा होगा। यह ग्रंथ मुख्यतः करणानुयोगका है जिसमें तीनों लोकोंके सम्बन्धकी समस्त ज्ञात बातोंका विवरण है। इस विशाल रचनामें अनेक रोचक बातोंका सम्बन्धी परिच्छेद भी सम्मिलित हो गये हैं जिनका जैन सिद्धान्त और साहित्यके अध्येताको पूर्वापर कालीन समानताओंकी खोज करके तुलनात्मक अध्ययन करना पड़ता है। परम्परागत विषयोंकी विवरणात्मक रचना होनेसे ति. प. में ऐसे ग्रंथोंसे समानतायें पाई जा सकती हैं जो उससे प्राचीन या अर्वाचीन होते हुए भी उनसे उसके प्रत्यक्ष आदान-प्रदानका कोई सम्बन्ध नहीं है। ऐसी अवस्थामें तद्गत विषयोंका तुलनात्मक अध्ययन तो किया जा सकता है, किन्तु उनके पूर्वापर कालीनत्व तथा परस्पर आदान-प्रदानका निर्णय स्वतंत्र रूपसे किया जाना चाहिये।

जहां तक करणानुयोगकी सामग्री (तत्संबंधी विवरण एवं गणितात्मक करणसूत्रों आदि सहित) का संबंध है, ति. प. का विषय अर्धमागधी आगमकी सूर्यप्रज्ञप्ति (बम्बई १९१९), चन्द्रप्रज्ञप्ति और जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति (बम्बई १९२०) तथा संस्कृत प्राकृतके अन्य प्राचीन अर्वाचीन ग्रंथों—जैसे लोकविभाग, तत्त्वार्थराजवार्तिक, धवला-जयधवला टीका, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिसंग्रह (इं. हि. का. भाग १४ पृ. १८८ आदि) त्रिलोकसार (बम्बई १९१७) और त्रिलोकदीपिका (ह. लि.) से बहुत कुछ

मिलता जुलता है। डॉ. किरफेलने अपनी डाइ कासमोग्राफी डेर इंडेर (बान, लीपज़िग १९२०) में जो सामग्री उपस्थित की है उसका ति. प. से सूक्ष्म मिलान करनेकी आवश्यकता है।

प्रासंगिक विषयोंमें मंगलके विषयकी चर्चा परम्परागत है। इसकी तुलना विशेषावश्यक भाष्य (जिनभद्रकृत दो भागोंमें गुजराती अनुवादसहित, सूरत, संवत् १९८०–८३), धवला टीका तथा पञ्चास्तिकायकी जयसेनकृत टीका (बम्बई १९१५) से करने योग्य है।

अठारह श्रेणियोंकी गणना तथा महाराज आदि पदवियोंकी परिभाषा (१, ४३ आदि) द्वारा हमें प्राचीन भारतके राजानुक्रम एवं वैभवका कुछ परिचय प्राप्त होता है। परमाणु आदि पुद्गलमापों, अंगुल आदि आकाशमापों और व्यवहार पल्य आदि कालमापोंसे हमें तत्कालीन ज्ञानको सुव्यवस्थित करनेके प्रयत्नोंकी स्पष्ट सूचना मिलती है। लोकके मापके लिये इन सबका उपयोग भी किया गया है। ये विषय धवला व जयधवला टीकाओंमें भी वर्णित हैं।

ति. प. के चतुर्थ महाधिकारमें सबसे अधिक रोचक प्रकरण शलाकापुरुषोंके वर्णनका है। इन महापुरुषोंके चरित्र जिनसेनकृत हरिवंशपुराण, जिनसेन और गुणभद्रकृत संस्कृत महापुराण, शीलाचार्यकृत प्राकृत महापुरुषचरित, पुष्पदन्तकृत अपभ्रंश तिसट्ठि-महापुरिसगुणालंकार, हेमचन्द्रकृत संस्कृत त्रिषष्टि-शलाका-पुरुष-चरित, चामुण्डरायकृत कन्नड त्रिषष्टि-लक्षण-महापुराण, तथा अज्ञातकर्तृक तामिल शीपुराण आदि ग्रंथोंमें विस्तारसे वर्णित पाये जाते हैं। इन चरित्रोंपर और भी अनेक ग्रंथ रचे गये हैं जिनमें कहीं सभी और कहीं कुछ या किसी एक ही महापुरुषका चरित्र वर्णन किया गया है। जैन साहित्यिक परम्परामें यह अधिकांश विवरण चिर कालसे चला आता है, और योग्य कवियोंने उसमेंसे अपनी इच्छानुसार पौराणिक या काव्यात्मक रचनाएं तैयार की हैं। ति. प. के समान ही इस विषयका विवरण समवायांग (सूत्र १५६ आदि पृ. १३९ आदि, बम्बई संस्करण अभयदेव टीका सहित) तथा विशेषावश्यक भाष्य (आगमोदय समिति सं. गुजराती अनुवाद सहित सूरत, संवत् १९८०, भाग १ परिशिष्ट पृ. ५४५ आदि) में भी पाया जाता है। तीर्थंकरोंके चरित्रमें बहुतसी धार्मिक व वर्णनात्मक चर्चाएं भी आई हैं। जैसे– समवसरणरचना, ऋद्धियां, चक्रवर्तीकी विजययात्रा इत्यादि जो पश्चात् कालीन लेखकोंके लिये आदर्श सिद्ध हुईं। उल्लेखकी सरलताके लिये इनमेंके अनेक विवरण इस ग्रंथके परिशिष्टोंमें तालिका रूपमें दे दिये गये हैं। विविध ग्रंथोंके विवरणोंकी तुलना कर उनमें भेद तथा वर्णनविस्तारकी बातों-पर ध्यान दिये जानेकी आवश्यकता है।

महावीर स्वामीके पश्चात्की अन्वयपरम्परा (पृ. ३३८ आदि) जैन धार्मिक व साहित्यिक इतिहास ही नहीं किन्तु भारतके इतिहासकी दृष्टिसे भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि उसमें राजाओं, राजवंशों एवं उनकी कालगणनाका भी उल्लेख प्राप्त होता है। महावीरनिर्वाणसे लेकर शकराज तकका काल अनेक विकल्पोंके रूपमें दिया गया है जिससे ज्ञात होता है कि

तिलोयपण्णत्तिकारके सम्मुख अनेक मत-मतान्तर थे और उन्होंने उन्हें यथावत् प्रस्तुत करनेका प्रयत्न किया है। पालक, पुष्यमित्र, वसुमित्र, अग्निमित्र, गन्धर्व, नरवाहन व कल्कि आदि राजाओंके उल्लेख इतिहासोपयोगी हैं।

विविध क्षेत्रों एवं वहांकी नदियों, पर्वतों और मनुष्योंका वर्णन आजके भूगोलके विद्यार्थी-के लिये भले ही अधिक उपयोगी न हो, किन्तु जैन साहित्यकी पृष्ठभूमिको समुचित रूपसे समझनेके लिये इन बातोंका सावधानी पूर्वक अध्ययन आवश्यक है, क्योंकि जैन लेखक तो इन्हीं बातोंमें पगे हुए थे। यही बात आकाश तथा ज्योतिष सम्बन्धी विवरणोंके लिये समझना चाहिये।

सिद्धोंका वर्णन, आत्मचिन्तनके उपाय आदि (अन्तिम महाधिकारमें) जैन विचारधाराकी प्राचीन सम्पत्ति है। इसी प्रकारके विचार, समान शब्दावलीमें, प्राकृत सिद्धभक्ति, आवश्यकके अन्तिम पद्यों तथा कुन्दकुन्दके अनेक ग्रंथोंमें भी पाये जाते हैं।

केवल विषयनिरूपणमें ही नहीं, किन्तु पद्योंकी शब्दरचनामें भी ति. प. अन्य अनेक ग्रंथोंसे समानता रखती है। इनमेंकी अनेक तो प्राचीन परम्परागत गाथाएं ही हैं जिन्हें भिन्न भिन्न ग्रंथकारोंने अपनी रचनाओंमें सम्मिलित किया है। उनमेंसे कुछ ग्रंथ ति. प. से पुराने और कुछ पीछेके हैं, अतएव जहां समानता विशेष है वहां आदान-प्रदानकी संभावना भी हो सकती है। इस दिशामें यहां कुछ प्रयत्न किया जाता है, और यह विश्वास है कि दूसरे विद्वान् इस प्रकारकी अनेक समान गाथाओंकी खोज कर सकेंगे। ये गाथाएं दो मुख्य भागोंमें विभाजित होती हैं। एक तो वे गाथाएं जो कुछ पाठभेद लिये हुए समानता रखती हैं, और दूसरी वे जो प्रायः या अंशतः विषयसाम्यको लिये हुए हैं।

तुलना कीजिये **मूलाचार** (बम्बई सं. १९७७-८०) ५,३४ (अन्तिम पादमें कुछ भेद है) १२,८१-८२ का ति. प. १-९५; ७,६१४-१५ से। मूलाचार १२, ३७-४०, ६२, १०७-८, ११५, १३६-३७, १५० का ति. प. ५, २८-३१; ४-२९५२; ८,६८५-८६; २-२९०; ८,६८०-८१; ३-१८६ से।

तुलना कीजिये **पंचास्तिकाय** (बम्बई १९१५) ७५, १४६, १५२ का ति. प. १-९५; ९,२०-२१ से। **प्रवचनसार** (बम्बई १९३५) १-१, ९, ११, १२, १६, १७; २-६९, ७०, १०३ का ति. प. ९-७३, ५६, ५७, ५८, ५९, ५४, २९, ३०, ५० से। प्रवचन-सार १-५२; २-५४, ३-६८, ९९ (३, ४ भी), १०२, १०४; ३-१९ का ति. प. ९-६४; २-२७७; ९-२८, ३४, ३३, १९, १७ का। **समयसार** (बम्बई १९१९) १११, ३८, ६९, १५४ का ति. प. ९-२३, २४, ६३, ५३. से व समयसार १९, १६, १८८, २०६ का ति. प. ९-४३, २५, ४७, ४९ से।

तुलना कीजिये **भगवती आराधना** (शोलापुर संस्करण) ८८६-८७; ९१६; ९२२; १५८३ का ति. प. ४, ६२८-६२९, ६३४, ६३५, ६१८; तथा ८८८-८९, ९०४, ९३५ का ति. प. ४,६२९, ६३०, ६३६ से।

जोइंदुकृत परमात्मप्रकाश अपभ्रंश भाषाकी रचना है (बम्बई १९३७)। इसका एक पद्य २,६०, अन्य भाषामें है। तथापि परमात्मप्रकाशमें उसकी स्थिति पर्याप्त प्रामाणिक है। इसके अन्तिम पादको छोड़कर शेष सब ति. प. ९-५२ से मिलता है। संभव है जोइंदुने स्वयं उसे उद्धृत किया हो और अपनी रचनासे मेल मिलानेके लिये उसके अन्तिम चरणमें उत्तम पुरुषका निर्देश कर दिया हो।

ति. प. १-९५ का गोम्मटसार – जीवकांड (बम्बई १९१६) ६०३ से मिलान कीजिये। उसी प्रकार ति. प. ३,१८०-८१; ४-२९५२; ८-६८५ आदिका जीवकाण्ड ४२६-२७ ८२, ४२९ आदि। (विशेषावश्यक भाष्य ६९५ भी)। ति. प. ३-९; ४-१२०६; ६,४२-४४; ४८-४९; ७-५३०; ८-५६६ का त्रिलोकसार २०९, ६८७, २६५-६७, २७१-७२, ४११, ५३१ से। उसी प्रकार ति. प. ३-३८; ४-२५९८ (२८१८ भी) ६,३८-४१ का त्रिलोकसार २१५, ७६१, २६१-६३ से।

माधनन्दिने शास्त्रसारसमुच्चयके सूत्रोंपर एक विस्तृत टीका कनाड़ीमें लिखी है (बेलगांव १९१६) इस ग्रंथमें विना नामोल्लेखके अनेक ग्रंथोंके अवतरण दिये गये है। प्राकृतके अवतरण बहुत ही अशुद्ध छपे हैं। सामान्य अवलोकनसे ही निम्न अवतरण ति. प.के दृष्टिमें आये हैं—ति. प. ४,१६१४-२३ (पृ. ७-८); १५००-१ (पृ. २८); १५३४, १५४४ (पृ. ३०); ५२२-२५ (पृ. ३२); ५५०, ६४२, ६४३ (पृ. ३५); ६७५-७८ (पृ. ३७-८); ९०१-३, ९०५, ९२९ (पृ. ४६); १४७२-७३ (पृ. ५६) ८-१६८ (पृ. १०७). शास्त्रसारसमुच्चय टीकामें गाथाएं इतनी अशुद्ध छपी हैं कि उनकी ति. प. की गाथाओंके साथ एकताका पता कठिनाईसे चल पाता है।

३ ग्रंथकार यतिवृषभ

त्रिलोकप्रज्ञप्तिके ग्रंथकर्तृत्व और कालनिर्णयके सम्बन्धमें अनेक विद्वान् विवेचन कर चुके हैं। संभव है इस विषयकी हमारी लेखसूची पूर्ण न हो। तथापि जहां तक हमें ज्ञात हो सका है, इस विषयपर हिंदीमें लिखे गये निबन्ध निम्न प्रकार हैं और उनका हमने प्रस्तावनामें उपयोग भी किया है। —

१. पं. नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित ' लोकविभाग और तिलोयपण्णत्ति " (जैन हितैषी १९१७; जैन साहित्य और इतिहास, बम्बई १९४२ पृ. १-२२)।

२. पं. जुगलकिशोर मुख्तार द्वारा लिखित 'कुन्दकुन्द और यतिवृषभ' (अनेकान्त २, पृ. १-१२)।

३. पं. फूलचन्द्र शास्त्री द्वारा लिखित 'वर्तमान त्रिलोकप्रज्ञप्ति और उसके रचनाकाल आदिका विचार' (जैन सिद्धांत भास्कर ११, पृ. ६५-८२)।

४. पं. महेंद्रकुमार न्यायाचार्य द्वारा लिखित जयधवलाकी भूमिका पृ. १२-२५, ९९-६९ आदि (मथुरा, १९४४)।

५. पं. जुगलकिशोर मुख्तार द्वारा लिखित व अभी तक अप्रकाशित "तिलोयपण्णत्ति और यतिवृषभ" जिसमें लेखकने अपने पूर्व लेख (नं. २) का व पं. फूलचन्द्र शास्त्रीके लेख (नं. ३) का पुनः पर्यालोचन किया है। इस अप्रकाशित लेखकी हस्तलिखित प्रतिको हमारे उपयोगके लिये भेजकर पंडितजीने हमें विशेष रूपसे उपकृत किया है।

निम्न ऊहापोहमें जहां इन विद्वानोंका नामनिर्देश किया गया है वहां उनके इन्हीं उपर्युक्त लेखोंसे अभिप्राय है।

स्वयं तिलोयपण्णत्तिके उल्लेखानुसार प्रस्तुत ग्रंथका कर्तृत्व अर्थ और ग्रंथके भेदसे दो प्रकारका है। लोकातीत गुणोंसे सम्पन्न भगवान् महावीर इसके अर्थकर्ता हैं। उनके पश्चात् गौतमादि महान् आचार्योंके क्रमसे इस विषयका ज्ञान परम्परासे चला आया है (१,५५ आदि)। इस ज्ञानको ग्रंथका वर्तमान स्वरूप देनेका श्रेय किसी एक आचार्यको अवश्य होगा। अतएव हमें यह खोज करना आवश्यक है कि क्या प्रस्तुत ग्रंथमें इसका कोई वृत्तांत हमें प्राप्त हो सकता है। ग्रंथकर्ताने आदिमें या पुष्पिकाओंमें न तो अपने गुरुओंका कोई उल्लेख किया और न स्वयं अपना नामनिर्देश। इस प्रसंगमें हमारा ध्यान केवल निम्न लिखित दो गाथाओं (ति. प. ९, ७६-७७) पर जाता है—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणवसहं।
दट्ठूण परिसवसहं जदिवसहं धम्मसुत्तपाढए वसहं॥
चुण्णिस्सरूवछक्करणसरूवपमाण होइ किं जं तं (?)।
अट्ठसहस्सपमाणं तिलोयपण्णत्तिणामाए॥

इन गाथाओंके ठीक अर्थ बैठानेमें कुछ कठिनाई प्रतीत होती है। प्रथम गाथामें यद्यपि 'जिनवरवृषभ' को नमस्कार किया गया है, तथापि उसमें यह भी आभास मिलता है कि कर्ताने वहां अपना नाम जदिवसह (यतिवृषभ) भी प्रकट किया है। दूसरी गाथामें कर्ताने तिलोयपण्णत्तिका प्रमाण बतलानेके लिये संभवतः अपनी ही दो अन्य रचनाओं चूर्णिस्वरूप और [षट् -] करण-स्वरूपका उल्लेख किया है। यह बात अन्य प्रमाणोंसे उपलब्ध वृत्तान्तों द्वारा भी बहुत कुछ समर्थित होती है।

कषायप्राभृतके अध्ययनकी आचार्यपरम्परा बतलाते हुये श्रुतावतारके कर्ता इन्द्रनन्दिने दो आर्या छंदोंसे इस प्रकार कहा है (१५५–१५६)—

पार्श्वे तयोर्द्वयोरप्यधीत्य सूत्राणि तानि यतिवृषभः ।
यतिवृषभनामधेयो बभूव शास्त्रार्थनिपुणमतिः ॥
तेन ततो यतिपतिना तद्गाथावृत्तिसूत्ररूपेण ।
रचितानि षट्सहस्रग्रंथान्यथ चूर्णिसूत्राणि ॥

इस प्रकार यतिवृषभने आचार्य नागहस्ति और आर्यमंक्षुसे (कषायप्राभृत) सूत्रोंका अध्ययन कर शास्त्रार्थमें निपुणता प्राप्त की । (यहां यतिवृषभ शब्दपर श्लेष पाया जाता है वह ध्यान देने योग्य है; क्योंकि वह हमें तिलोयपण्णत्तिकी ऊपर उद्धृत गाथाका स्मरण कराता है ।) फिर उसी कषायप्राभृतपर वृत्ति रूपसे उन्होंने चूर्णिसूत्रोंकी रचना की, जिनका प्रमाण छह हजार ग्रंथ था । यह वृत्तांत अब इन्द्रनन्दि द्वारा प्रसारित केवल मात्र एक परम्परा रूप नहीं कहा जा सकता, क्योंकि अब हमें स्वयं जयधवला द्वारा उसकी प्रामाणिकता प्राप्त होती है । जयधवलाके आदिमें (वृत्तिसूत्रके कर्ता एवं) आर्यमंक्षुके शिष्य व नागहस्तिके साक्षात् शिष्य यतिवृषभका आशीर्वाद प्राप्त किया गया है, व अनेक वार उनके उस चूर्णिसूत्रका उल्लेख किया गया है जो अब वीरसेन व जिनसेनकृत जयधवला टीकामें सम्मिश्रित पाया जाता है । चूंकि तिलोयपण्णत्तिमें ' यतिवृषभ ' का उल्लेख है तथा उसके प्रमाण निर्देशके लिये ' चूर्णि ' का भी उल्लेख किया गया है एवं कषायप्राभृतपर यतिवृषभकृत चूर्णिसूत्र उपलब्ध है, अतएव अधिक संभवना यही है कि तिलोयपण्णत्ति व कषायप्राभृतके चूर्णिसूत्रके कर्ता एक ही हैं ।

पं. महेंद्रकुमारजीने जयधवला टीकाके अन्तर्गत चूर्णिसूत्रके मुख्य लक्षण प्रतिपादित करनेका कुशल प्रयत्न किया है । ये चूर्णिसूत्र अल्पाक्षर और गूढार्थ हैं । इसी कारण उच्चारणाचार्यको उनका अर्थ अधिक स्पष्ट करनेकी आवश्यकता पड़ी तथा वीरसेन व जिनसेनने उस रचनाके विषयको पूर्णतया समझानेके लिये उसे दशगुना विस्तार दिया । यतिवृषभकी अर्थव्यक्ति व स्पष्टीकरणकी शैली परम्परानुसरिणी है । उन्होंने आठवें पूर्व कर्मप्रवाद व द्वितीय पूर्वकी पंचम वस्तुके चतुर्थ प्राभृत कर्मप्रकृतिका उल्लेख किया है । उन्होंने आर्यमंक्षु और नागहस्तिमें परम्परा मतभेदका भी उल्लेख किया है, तथा यह भी कहा है कि उनमें नागहस्तिका मत परम्परा–सम्मत होनेसे अधिक ग्रहणीय है । उच्चारणावृत्तिमें बहुधा चूर्णिसूत्रका विस्तार पाया जाता है, यद्यपि अनेक स्थलोंपर उनमें भी परस्पर मतभेद है ।

यतिवृषभकी अन्य रचना करणस्वरूप या षट्करणस्वरूपके विषयमें हमें कुछ भी ज्ञात नहीं है । किन्तु तिलोयपण्णत्तिमें कर्ताने कुछ गाथाएं दी हैं जो ' करण–सूत्र ' या ' करण-गाथा ' कहलाती है । ' करण-कुशल ' (ति. प. १,११६) शब्द भी ध्यान देने योग्य है, क्योंकि उससे करणका अर्थ गणितके ' फार्मूला ' या संक्षिप्त सूत्र जैसा सूचित होता है ।

यह दुर्भाग्यकी बात है कि हमें कषायपाहुडके चूर्णिसूत्रके तथा प्रस्तुत तिलोयपण्णत्तिके कर्ता यतिवृषभके विषयमें अधिक ज्ञान नहीं है। तिलोयपण्णत्तिकी जिस गाथामें श्लेषरूपसे उनका संकेत किया गया है, उसीके समान एक गाथा जयधवलामें भी पाई जाती है, और संभवतः इन दोनों गाथाओंमें कषायप्राभृतकी गाथाओंके रचयिता गुणधरका उल्लेख अन्तर्निहित है। वहां यह संकेत मिलता है कि यतिवृषभका गुणधरके प्रति बड़ा आदरभाव था। उन दोनोंमें परस्पर क्या सम्बन्ध था, यह हमें ज्ञात नहीं है। वहां ऐसा कोई संकेत नहीं है कि वे समसामयिक थे। यह बात वीरसेनने कही है कि यतिवृषभ आर्यमंक्षुके शिष्य एवं नागहस्तिके अंतेवासी थे। शिष्यका अभिप्राय परम्परा शिष्य से भी हो सकता है, किन्तु 'अन्तेवासी' (निकटमें रहनेवाले) से तो यही ध्वनित होता है कि वे नागहस्तिके समसामयिक व साक्षात् शिष्य थे। कुछ वर्ष पूर्व यह अनुमान किया गया था कि आर्यमंक्षु और आर्य नागहस्ति तथा नन्दिसूत्रमें उल्लिखित 'अज्ज मंगु' और 'अज्ज नागहत्थि' क्रमशः एक ही हों (प्रवचनसारकी प्रस्तावना, बम्बई १९३५, पृ. १५ टि. ३)।

४ ग्रंथका रचनाकाल

यतिवृषभ और तदनुसार तिलोयपण्णत्तिका कालनिर्णय स्वयं एक बड़ी समस्या है। इस विषयसे सम्बद्ध जो कुछ प्रमाण उपलब्ध है वह न तो पर्याप्त है और न निर्णयात्मक। ऐसी परिस्थितिमें इनके कालनिर्णयका जो भी प्रयत्न किया जायगा वह अनिश्चयात्मक ही हो सकता है। इस कार्यमें हमें निष्पक्षभावसे उपलभ्य सामग्रीका पर्यालोचन करना चाहिये और किसी बातका एकान्त आग्रह नहीं रखना चाहिये। यहां हम जो कालनिर्देश कर रहे हैं वह और अधिक खोज-बीनके लिये दिग्दर्शन मात्र कहा जा सकता है।

तिलोयपण्णत्तिमें हमें जिस विवेचनपद्धतिका दर्शन होता है, उसमें जो निरन्तर इस बातपर जोर दिया गया है कि उसका समस्त विषय परम्परागत है, विषयका जो व्यक्तिनिरपेक्ष प्ररूपण किया गया है तथा जो प्रमाणोल्लेख पाये जाते हैं, वे सब यही सूचित करते हैं कि तिलोयपण्णत्तिकी ग्रंथरचना पीछेके वैयक्तिक ग्रंथकर्ताओंके ग्रंथोंकी अपेक्षा आगम ग्रंथोंसे अधिक सम्बद्ध है।

यतिवृषभ शिवार्य, वट्टकेर, कुन्दकुन्द आदि जैसे ग्रंथरचयिताओंके वर्गके हैं, और उनकी तिलोयपण्णत्ती उन आगमानुसारी ग्रंथोंमेंसे है जो पाटलीपुत्रमें संगृहीत आगमके कुछ आचार्योंद्वारा अप्रामाणिक और त्याज्य ठहराये जानेके पश्चात् शीघ्र ही आचार्यानुक्रमसे प्राप्त परम्परागत ज्ञानके आधारसे स्मृतिसहायक लेखोंके रूपमें संग्रह किये गये।

इस पार्श्वभूमिको ध्यानमें रखते हुए आइए हम बाह्य और आभ्यन्तर सूचनाओंकी

समीक्षा करें और यतिवृषभ तथा उनकी तिलोयपण्णत्तिके रचनाकालकी कुछ सीमाएं निर्धारित करनेका प्रयत्न करें।

अ. १. वीरसेनस्वामीने अज्जमंखुके शिष्य और नागहत्थिके अन्तेवासी यतिवृषभके न केवल आशीर्वादकी आकांक्षा प्रकट की है किन्तु उन्होंने उनके 'वृत्तिसूत्र' का भी उल्लेख किया है। तिलोयपण्णत्तिका भी निर्देश किया है, उसे सूत्रकी संज्ञा देकर सम्मानित किया है,[1] उसकी गाथाएं भी उद्धृत की हैं जो कुछ अल्प परिवर्तनोंके साथ प्रस्तुत ग्रंथमें पाई जाती हैं[2] तथा कहीं कहीं उसके विषयको भी रूपान्तरित करके उद्धृत किया है[3]। वीरसेनके समान टीकाकार एक पूर्वकालीन ग्रंथके विषयको अपनाते हैं और उसके अवतरण भी प्रस्तुत करते हैं, यह सर्वथा स्वाभाविक है; क्योंकि टीकाकारसे प्राचीन सूत्रोंके स्पष्टीकरणमें यही तो अपेक्षा की जाती है। वीरसेनके कालके सम्बन्धमें हमें उनकी स्वयं प्रशस्ति प्राप्त है कि उन्होंने धवला टीकाको शक सं. ७३८ (+७८) = ८१६ ईस्वीमें समाप्त किया था। अतएव यतिवृषभकृत तिलोयपण्णत्तिका काल इससे पूर्व ठहरता है।

२. पं० महेंद्रकुमारजीने बतलाया है कि जिनभद्र क्षमाश्रमणने अपने विशेषावश्यक भाष्य (शक ५३१=६०९ ईस्वी) में जो 'आदेशकषाय' का उल्लेख किया है इसका अभिप्राय संभवतः जयधवलान्तर्गत चूर्णिसूत्रमें यतिवृषभकृत विवेचनसे है।

ब. अब हम आभ्यन्तर सूचनाओंकी समीक्षा करेंगे—

१. यतिवृषभने किन्हीं पूर्ववर्ती ग्रंथकर्ताओंका स्मरण नहीं किया। केवल तिलोयपण्णत्तिकी ९-६९ वीं गाथाके सुधरे हुये पाठसे यह ध्वनित होता है कि वे श्लेषद्वारा अपने नामके साथ साथ गुणधराचार्यका भी नामोल्लेख कर रहे हैं। तथापि इससे हमें उनके कालनिर्णयमें अधिक सहायता नहीं मिलती।

२. तिलोयपण्णत्ती ४-१२११ में बालचन्द्र सैद्धांतिकका नामोल्लेख पाया जाता है। अब प्रथम प्रश्न यह है कि क्या वह पद्य यतिवृषभकृत ही है। इस प्रश्नके उत्तरमें हमें कहना है 'नहीं'। उस स्थलका प्रसंग ही यह बतला रहा है कि उस पद्यका ग्रंथसे कोई आन्तरिक संबन्ध नहीं है। उससे पूर्वके पद्यमें कहा गया है कि ऋषभ, वासुपूज्य और नेमिनाथको छोड़कर शेष समस्त तीर्थंकरोंने कायोत्सर्ग मुद्रासे मोक्ष प्राप्त किया। इस स्थलपर कोई भी कुशल व भक्तिमान् पाठक या लिपिकार तीर्थंकरोंके स्मरणकी भावनासे प्रेरित हो सकता है।

---

१. धवला ३. पृ. ३६. २. धवला १ पृ. ४०, ६३ आदि, ३. धवला १ पृ. १६, ३१–३३, ५६–५७, ६०–६१, ६३–६४ आदि।

अतएव इसमें कोई संदेश नहीं जान पड़ता कि बालचन्द्र सैद्धांतिक यदि लिपिकार नहीं तो कोई अभ्यासशील पाठक अवश्य रहे हैं, और उन्होंने ही उस प्रसंगमें वह पद्य जोड़ दिया। सैद्धांतिककी उपाधि अनेक आचार्योंके नामोंके साथ जुड़ी हुई पाई जाती है, जैसे–नेमिचन्द्र, वीरनन्दि, माघनन्दि आदि; और वह उनकी सिद्धान्तमें निपुणताकी बोधक है। बालचन्द्र नामधारी भी अनेक आचार्य हुये है। अतः हमें ऐसे एक बालचन्द्रका पता लगाना चाहिये जो साहित्यमें या शिलालेखादिमें सैद्धांतिक कहे गये हों। ऐसा एक जोड़ा हुआ पद्य यह संदेह उत्पन्न करनेके लिये अच्छा सूचक है कि क्या विद्वान् पाठकों और लिपिकारोंने ग्रंथमें इधर उधर अर्थविस्तारके लिये कहीं अन्यत्रसे कुछ पाठ जोड़े है। कुछ भी हो, किन्तु बालचन्द्र सैद्धांतिकका यह नामोल्लेख यतिवृषभके कालनिर्णयमें हमें कुछ भी सहायता नहीं पहुँचा सकता।

३. तिलोयपण्णत्तिमें कुछ पूर्ववर्ती रचनाओं और उनके मतभेद सम्बन्धी उल्लेख ध्यान देने योग्य है। उनका यहां पर्यालोचन करके देखा जाय कि वे कहां तक यतिवृषभके काल-निर्णयमें हमारी सहायता कर सकते हैं।

(१) **अग्गायणिय** (लोयविणिच्छयमग्गायणिए ४-१९८२) यह उल्लेख बारहवें श्रुतांग दृष्टिवादके अन्तर्गत १४ पूर्वोंमेंसे द्वितीय पूर्व अग्रायणीयका ज्ञात होता है। प्राचीनतर प्राकृत ग्रंथोंमें इसका रूप **अग्गाणीयं** या **अग्गेणियं** पाया जाता है। यदि ऊपर निर्देशानुसार हम सन्धिव्यंजनको पूर्व पदसे पृथक् करके उत्तर पदके साथ जोड़ दें तो पाठ '**मग्गायणिए**' हो जाता है जो यथार्थतः 'अग्गायणिए'का ही बोधक है। ऐसा प्रतीत होता है कि तिलोयपण्णत्तिमें उपलब्ध सग्गायणी (४-२१७, १८२१, २०२९), संगायणी (८-२७२), संगाइणी (४-२४४८), संगोयणी (४-२१९) व संगाहणी (८-३८७) केवल अक्षरसाम्य आदिसे उत्पन्न उसीके भ्रष्ट पाठ मात्र हैं। जब कि इस रचनाका उसके मतभेदोंके स्पष्ट कथन सहित इतने बार उल्लेख किया जाता है, तब इसका यही अर्थ हो सकता है कि तिलोयपण्णत्तिकारको अग्रायणीय पूर्वका सविवरण वृत्तान्त उपलब्ध था।

(२) दिट्ठिवाद (दृष्टिवाद) के तीन स्पष्ट उल्लेख प्रस्तुत ग्रंथमें पाये जाते हैं— १-९९, १४८; ४-५५। उनसे ग्रंथकारका उक्त आगमके विषयोंका विधिवत् ज्ञान नहीं तो विधिवत् परिचय तो अवश्य प्रकट होता है। यद्यपि दृष्टिवादके विषयों व प्रकरणोंकी सूचियां सुरक्षित पाई जाती है, तथापि जैन परम्परा इस विषयमें एकमत है कि इस श्रुतांगका ज्ञान क्रमशः लुप्त हो गया। कुछ आचार्यपरम्पराओंमें भले ही उसका यत्र–तत्र खण्डशः ज्ञान रहा हो। हाल ही में यह भी बतलाया जा चुका है कि जीवट्ठाण आदिका

बहुभाग दृष्टिवादके एक विभाग द्वितीय पूर्व अग्रायणीयसे लिया गया है (धवला, भाग १ प्रस्तावना, अमरावती १९३९–४०)

(३) परिकम्म (परिकर्म) के कथनसे अपने मतका जो विरोध दिखाई देता है उसका तिलोयपण्णत्तिकारने विवेचन किया है (पृ. ७६५) । संभवतः यह उल्लेख पद्मनन्दि अपरनाम कुन्दकुन्दकृत षट्खंडागमके प्रथम तीन खंडोंकी टीकाका हो । (धवला, भाग १, प्रस्तावना पृ. ३१, ४६–४८) । पं. महेंद्रकुमारजीने संदेह व्यक्त किया है कि क्या परिकर्म कोई गणित शास्त्रका ग्रंथ था (जयधवला १, प्रस्तावना पृ. ३६) ।

(४) मूलायार (मूलाचार) के मतका उल्लेख ८–५३२ में किया गया है और हम उसे वर्तमान मूलाचार ग्रंथके पर्याप्त्यधिकार, ८० में पाते भी हैं ।

(५) लोयविणिच्छय (लोकविनिश्चय) का उल्लेख ग्रंथ रूपसे कोई एक दर्जन बार आया है– (४-१८६, १९७५, १९८२, २०२८; ५-३९, १२९, १६७; ७-२०३; ८-२७०, ३८६; ९-९) । इस नामका कोई ग्रंथ अभी तक प्रकाशमें नहीं आया । संभव है यही वह ग्रंथ रहा हो जिसके आदर्शपर अकलंकने अपने सिद्धिविनिश्चय व न्यायविनिश्चय आदि ग्रंथोंका नामाभिधान किया हो ।

(६) लोयविभाग (लोकविभाग) का उल्लेख कोई पांच बार आया है (१-२८१, ४-२४४८, २४९१, ७-११५, ८-६३५] । ये उल्लेख अग्गायणी (४-२४४८) और लोयविणिच्छय (९-९) के साथ साथ हुये हैं; उनके प्रकरण विशेषके रूपसे नहीं । वर्तमानमें लोकविभाग नामक संस्कृत ग्रंथ ११ अध्यायोंमें सिंहसूरिकृत उपलब्ध है । ग्रंथकर्ताने सूचित किया है कि उनकी संस्कृत रचना एक प्राकृत ग्रंथका रूपान्तर मात्र है, जिसे शक ३८० (+७८) = ४५८ ईस्वीमें सर्वनन्दिने कांचीके नरेश सिंहवर्माके राज्यके २२वें वर्षमें बनाया था । सर्वनन्दिकृत ग्रंथ वर्तमानमें प्राप्य नहीं है । तिलोयपण्णत्तिमें कथित मतोंका संस्कृत लोकविभागसे मिलान करके पं. जुगलकिशोरजी मुख्तारने ठीक ही अनुमान किया है कि तिलोयपण्णत्तिकारके सन्मुख सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभाग रहा होगा ।

(७) लोगाइणि (लोकायनी) का उल्लेख (थोड़े वर्णभेदके साथ) दो बार आया है (४-२४४, ८-५३०) जहां उसके विषय व मतोंका उल्लेख किया गया है । उसे 'ग्रंथ–प्रवर' कहा गया है जिससे उसकी प्रामाणिकता और माहात्म्य प्रकट होता है ।

तिलोयपण्णत्तिमें जो उल्लेख मूलाचार व लोकविभागके आये हैं उनका विषय वर्तमान मूलाचार व संस्कृत लोकविभागमें पाया जाता है । इस बातसे तिलोयपण्णत्तिके इन उल्लेखोंकी सचाई बढ़ जाती है । अतएव हमें लोकविनिश्चय, लोकविभाग (प्राकृत) आदि

ग्रंथोंकी खोज प्राचीन ग्रंथभंडारोंमें करना चाहिये, विशेषतः गुजरात और कर्नाटकमें जहां इन्हीं कुछ वर्षोंमें बड़े दुर्लभ ग्रंथोंका पता चल चुका है।

तिलोयपण्णत्तिमें जिन ग्रंथोंका उल्लेख पाया जाता है, उनमेंसे अधिकांश जैन साहित्यके आदिम स्तरके हैं। मूलाचार यद्यपि एक प्राचीन जैन ग्रंथ माना जाता है, तथापि उसके रचनाकालके सम्बन्धमें कोई निश्चय नहीं है। जब तक यह न बतलाया जा सके कि सिंहसूरिकृत लोकविभागसे पूर्व भी उसी नामका कोई ग्रंथ था, तब तक यही मानना उचित होगा कि तिलोयपण्णत्तिमें इसी लोकविभागका उल्लेख है। अतएव तिलोयपण्णत्ति अपने वर्तमान रूपमें सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभागसे अर्थात् ४५८ ईस्वीसे पश्चात् कालकी रचना है।

इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार (श्लोक १६०–१६१) के अनुसार कुन्दकुन्दपुरके पद्मनन्दि (अर्थात् कुन्दकुन्द) ने अपने गुरुओंसे सिद्धांतका अध्ययन किया और षट्खण्डागमके तीन खण्डोंपर परिकर्म नामकी टीका लिखी। जब तक धवला और जयधवला टीकायें प्रकाशमें नहीं आई थीं, तब तक परिकर्म नामकी किसी रचनाका अस्तित्व सन्देहास्पद ही था। किन्तु उक्त ग्रंथोंके प्रकाशित होनेसे परिकम्म (परिकर्म) नामक रचना–विशेषकी स्थितिमें तथा उसके वीरसेन व जिनसेनके सन्मुख उपस्थित होनेमें कोई संदेह नहीं रहता (धवला, भाग १ प्रस्तावना पृ. ४६)। परिकर्मके जितने उल्लेख अभी तक हमारे सन्मुख आये हैं वे सभी प्रायः गणितसे सम्बन्ध रखते हैं। इससे स्वभावतः यह सन्देह होता है कि वह कोई गणित विषयका ग्रंथ रहा है। कुन्दकुन्दाचार्यके उपलब्ध ग्रंथोंको देखकर यह कहना कठिन है कि वे गणितज्ञ थे। तथापि इस सम्बन्धके जब तक और भी साधक–बाधक प्रमाण हमारे सन्मुख न आजांय, तब तक इन्द्रनन्दिके कथनको मानकर चलना ही उचित होगा। तदनुसार तिलोयपण्णत्तिके परिकर्म सम्बन्धी उल्लेखोंपरसे उसके कर्ता यतिवृषभ कुन्दकुन्दसे पश्चात्कालीन प्रतीत होते हैं और कुन्दकुन्दका काल ईस्वीकी प्रारम्भिक शताब्दियोंमें ही पड़ता है (प्रवचनसारकी प्रस्तावना, बम्बई १९३५)।

४. तिलोयपण्णत्तिमें भगवान् महावीरके पश्चात्कालीन इतिहासकी बहुतसी सामग्री पाई जाती है। एक तो श्रुतपरम्परासे सम्बन्ध रखती है और दूसरी राजवंशोंसे।

महावीर भगवान्के निर्वाणसे पश्चात् तीन केवली ६२ वर्षोंमें, पांच श्रुत–केवली १०० वर्षोंमें, ग्यारह दशपूर्वी १८३ वर्षोंमें, पांच एकादशांगधारी २२० वर्षोंमें और चार आचारांगधारी ११८ वर्षोंमें हुये। इस प्रकार महावीरनिर्वाणसे ६८३ वर्ष तक, अर्थात् ६८३ – ५२७ = १५६ ईस्वी तक अंगज्ञानकी परम्परा चली। प्रसंगवश यह भी कहा गया है कि मुनिधर्म स्वीकार करनेवालोंमें मुकुटधारी अन्तिम राजा चन्द्रगुप्त ही था। तिलोय-

पण्णत्तिकारने महावीरके पश्चात् शकके राजा होने तक कितना काल व्यतीत हुआ इस विषयपर भिन्न भिन्न मतोंका उल्लेख किया है। इन अनेक मतभेदोंके उल्लेखसे ही सुस्पष्ट है कि या तो ग्रंथकार शकराजासे बहुत पीछे हुए, या इन मतभेदोंको पीछेके विद्वान् लिपिकारोंने विविध आधारोंसे समय समयपर जोड़ दिया है। इस द्वितीय विकल्पका कोई विशेष आधार नहीं है, अतः प्रथम विकल्पको ही स्वीकार करना चाहिये, क्योंकि उससे कोई बड़ा विरोध उत्पन्न नहीं होता।

राजवंशोंके सम्बन्धमें तिलोयपण्णत्ति (४-१५०५ आदि) में कहा गया है कि जिस दिन अवन्तीमें सुप्रसिद्ध पालक राजाका अभिषेक हुआ उसी दिन पावामें महावीर भगवान् का निर्वाण हुआ। पालकने ६० वर्ष राज्य किया। उसके पश्चात् १५५ वर्ष विजय वंशका, फिर ४० वर्ष मुरुदय (मौर्य या मुरुण्डय) का, ३० वर्ष पुष्यमित्रका, ६० वर्ष वसुमित्र और अग्निमित्रका, १०० वर्ष गंधर्व (गंधर्व = गर्दभिल्ल) का, ४० वर्ष नरवाहनका, २४२ वर्ष भत्थट्ठण (भृत्यान्ध्र) राजाओंका, २३१ वर्ष गुप्त नरेशोंका और अन्ततः ४२ वर्ष कल्कीका राज्य रहा। कल्कीके पश्चात् उसका पुत्र राजा हुआ। इस प्रकार महावीरनिर्वाणसे कल्कीके राज्य तक १००० वर्ष हुये, जिसकी अवधि १००० – ५२७ = ४७३ ईस्वी होती है। गुणभद्रकृत उत्तरपुराणके अनुसार (७६-३९४) कल्कीकी उत्पत्ति दुषमा कालके एक हजार वर्ष व्यतीत होनेपर हुई थी और उसकी आयु ७० वर्षकी थी व उसका राज्यकाल ४० वर्षका। दुषमा कालका प्रारम्भ तिलोयपण्णत्तिके अनुसार महावीरनिर्वाणसे ३ वर्ष ८ मास पश्चात् हुआ। उसके अनुसार कल्कीकी मृत्यु महावीरनिर्वाणसे १००० + ३ + ७० = १०७३ वर्ष पश्चात् अर्थात् सन् १०७३ – ५२७ = ५४६ ईस्वीमें हुई। नेमिचन्द्रकृत त्रिलोकसार (गा. ८५०) के अनुसार वीरनिर्वाणसे ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् शक राजा हुआ और शकसे ३९४ वर्ष ७ मास पश्चात् कल्की हुआ जिसकी आयु ७० वर्षकी थी, और राज्यकाल ४० वर्षका। तदनुसार कल्कीकी मृत्यु वीरनिर्वाणसे १००० + ७० = १०७० अर्थात् १०७० – ५२७ =५४३ ईस्वीमें हुई, तथा उसका राज्यकाल ५०३ से ५४३ तक रहा। प्रो० काशीनाथ बापू पाठकके मतानुसार (Gupta Era and Mihirkula: Bhand Com. Vol. Poona, 1919 page 216) यह कल्की हूण नरेश मिहिरकुल ही था जो चीनी यात्री सुंग युनकी यात्राके समय ईस्वी सन् ५२० में राज्य कर रहा था। यह वृत्तान्त ग्रंथमें पीछेसे जोड़ा गया हो इसके लिये कोई पर्याप्त कारण नहीं दिखाई देता। जिस प्रकारसे यह वृत्तान्त दिया गया है (देखिये गाथा ४-१५१०) उससे प्रतीत होता है कि वह सब विवरण स्वयं ग्रंथकारकृत ही है। इससे स्पष्ट होता है कि तिलोयपण्णत्तिकार यतिवृषभ महावीरनिर्वाणके १००० पश्चात् अर्थात् सन् ४७३ ईस्वीसे पूर्व नहीं हो सकते।

उक्त प्रमाणोंके प्रकाशमें यतिवृषभका काल गुणधर, आर्यमंक्षु, नागहस्ति, कुन्दकुन्द और सर्वनन्दि (४५८ ईस्वी) से पश्चात्का सिद्ध होता है। वे संभवतः कल्कीसे पश्चात् (४७३ ईस्वी) शीघ्र हुये होंगे, क्योंकि उनके द्वारा प्रमुख राजाओंमें कल्कीका ही अन्तिम उल्लेख है। तथा दूसरी सीमाके सम्बन्धमें निश्चयतः तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे वीरसेन (८१६ ईस्वी) से, और संभवतः जिनभद्र क्षमाश्रमण (६०९ ईस्वी) से भी पूर्व हुये। अतः यतिवृषभ और उनकी तिलोयपण्णत्तिका काल ४७३ और ६०९ ईस्वीके मध्य माना जा सकता है।

यतिवृषभ और उनकी तिलोयपण्णत्तिके उक्त कालनिर्णय एवं अन्य आचार्योंके उक्त काल-क्रमका इस विषयके कुछ लेखकोंके मतोंसे विरोध आता है जिसका यहां विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है।

कुछ विद्वानोंका मत है कि कुन्दकुन्दका काल उतना प्राचीन नहीं है, क्योंकि एक तो उन्होंने 'लोकविभाग' का उल्लेख किया है जिसका अभिप्राय संभवतः सर्वनन्दिकृत प्राकृत लोकविभागसे है। और दूसरे उन्होंने 'विष्णु' 'शिव' आदिका भी उल्लेख किया है। नियमसार गाथा १७ में स्पष्टतः 'लोयविभायेसु' पद बहुवचनान्त पाया जाता है, जिससे अनुमान किया जा सकता है कि उसका अभिप्राय किसी एक ग्रंथविशेषसे न होकर परम्परागत लोकविभागविषयक उपदेशोंसे है। इस सम्बन्धमें यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि संस्कृत लोकविभागके प्रथम श्लोकमें ही 'जिनेश्वरों' का विशेषण 'लोकालोकविभागज्ञ' दिया गया है जिससे जान पड़ता है कि लोकविभागका अर्थ ग्रंथविशेषके अतिरिक्त सामान्यतः लोकके विभागोंका भी लिया जाता रहा है। विष्णु कोई इतना आधुनिक देवता नहीं है जितना मुनि कल्याणविजयजी अनुमान करना चाहते हैं (श्रमण भगवान् महावीर पृ. ३०३)। विष्णु तो बहुत प्राचीन देवता है जिसका उल्लेख उनके गरुडसहित (पक्खीसु वा गरुडे वेणुदेवो, १, ६-२१) आगमके एक प्राचीनतम ग्रंथ सूयगडमें भी पाया जाता है। उसी ग्रंथमें अन्यत्र ईश्वर व स्वयंभूका भी उल्लेख आया है जिसका अर्थ टीकाकारने 'विष्णु' किया है। मुनिजीके अन्य तर्क इतने हलके हैं कि उनके यहां खण्डन करनेकी आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। इस प्रकार कोई एक भी ऐसा गंभीर प्रमाण प्रस्तुत नहीं है जिसके बलसे हमें कुन्दकुन्दको यतिवृषभसे पश्चात्कालीन मानना पड़े।

पं. फूलचन्द्र शास्त्रीने तिलोयपण्णत्तिके कर्ता व समयका विस्तारसे विवेचन किया है (जैन सिद्धांत भास्कर, भाग ११, किरण १, पृ. ६५–८२) और उसका खण्डन पं. जुगलकिशोरजी मुख्तारने किया है (हस्तलिखित लेख अप्रकाशित)। इस वाद-विवादसे प्रस्तुत विषय-

पर जो प्रकाश पड़ता है वह महत्वपूर्ण है। अतएव संक्षेपमें उसकी यहीं समीक्षा कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है:—

१. पं. फूलचन्द्रजीने कहा है कि लोकके उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यताको स्थापित करनेवाले धवलाके कर्ता वीरसेनाचार्य ही हैं। उनसे पूर्व वैसी मान्यता नहीं थी, जैसा कि राजवार्तिक आदि ग्रंथोंसे स्पष्ट है। तिलोयपण्णत्तिमें यही वीरसेन द्वारा स्थापित मान्यता ही स्वीकार की गई है। अतएव यह रचना अपने वर्तमान रूपमें वीरसेनके पश्चात्-कालीन प्रतीत होती है।

इसके विरुद्ध पं. जुगलकिशोरजीने तीन उल्लेख उपस्थित किये हैं जो, उनके मतसे, वीरसेनसे पूर्वकालीन होते हुये लोकको उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजु प्रमाणित करते हैं। उनमेंसे एक उल्लेख जिनसेनकृत हरिवंशपुराणका है, दूसरा स्वामि-कार्तिकेयानुप्रेक्षाका और तीसरा जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिका। हरिवंशपुराणमें लोकको चतुरस्रक तो कहा है, परन्तु उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यताका वहां कोई पता नहीं है। चतुरस्रकका अभिप्राय समचतुरस्रक भी हो सकता है। यदि चतुरस्रक कहने मात्रसे ही आयतचतुरस्रककी मान्यताका अनुमान किया जा सकता हो तो हरिवंशपुराणमें ही स्पष्टतः वीरसेनको गुरु कहकर स्मरण किया गया है, उन्हें कविचक्रवर्तीकी उपाधि भी दी गई है और उनकी निर्मल कीर्तिका उल्लेख किया है। यही नहीं, किन्तु वीरसेनके शिष्य जिनसेनका और उनकी रचना पार्श्वाभ्युदयका भी वहां उल्लेख है। इस परिस्थितिमें यह कैसे कहा जा सकता है कि हरिवंशपुराणका उल्लेख वीरसेनसे पूर्वका है और उक्त पुराणकार वीरसेनकी रचनासे अपरिचित थे? इसके विपरीत उक्त उल्लेखसे तो यही सिद्ध होता है कि हरिवंशपुराणकार वीरसेनकी रचनासे सुपरिचित और प्रभावित थे।

हां, स्वामि-कार्तिकेयानुप्रेक्षामें अवश्य लोकके उत्तर-दक्षिण सर्वत्र सात राजुकी मान्यता सुस्पष्ट है। किन्तु पंडितजीने इसके रचनाकालके सम्बन्धमें केवल इतना कहा है कि वह एक बहुत प्राचीन ग्रंथ है और वीरसेनसे कई शताब्दि पहलेका बना हुआ है। किन्तु इस ग्रंथके वीरसेनसे पूर्ववर्ती होनेका उन्होंने एक भी प्रमाण उपस्थित नहीं किया। इस परिस्थितिमें उक्त उल्लेखको वीरसेनसे पूर्ववर्ती मानना सर्वथा निराधार है।

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिमें भी उक्त मान्यताका ग्रहण सुस्पष्ट है। किन्तु इसका समय-निर्णय सर्वथा काल्पनिक है, निश्चित नहीं। मुख्तारजीने स्वयं कहा है "यदि यह कल्पना ठीक हो तो····जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तिका समय शक ६७० अर्थात् वि. सं. ८०५ के आस-पासका होना चाहिये" किन्तु जब तक 'कल्पना' को निश्चयका रूप न दिया जाय तब तक उसके आधारपर जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति धवलासे पूर्वकालीन नहीं स्वीकार की जा सकती। स्वयं ग्रंथकारके

उल्लेखानुसार जंबूदीवपण्णत्तिकी रचना पारियात्र देशके बारा नगरमें शक्तिकुमार राजाके राज्यकालमें हुई थी। गुहिलवंशीय राजा शक्तिकुमारका एक शिलालेख वैशाख सुदी १ वि. सं. १०३४ का आहाड़में (उदयपुरके समीप) मिला है। उसीके समयके और दो लेख जैन मन्दिरोंमें भी मिले हैं। किन्तु उनमें संवत्के अंश जाते रहे हैं। पद्मनन्दिने संभवतः अपनी ग्रंथरचना इसी राजाके समयमें की थी, अतः वह रचना ११वीं शताब्दिकी हो सकती है (जैन साहित्य और इतिहास पृ ५७१)।

इस विषयमें ध्यान देने योग्य बात यह है कि धवलाकारके सन्मुख ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' उपस्थित था और फिर भी उन्होंने केवल दो प्राचीन गाथाओंके आधारपर अपने युक्तिबलसे लोकको आयतचतुरस्राकार सिद्ध करनेका स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि उनके सन्मुख उपस्थित तिलोयपण्णत्ति सूत्रमें वह मान्यता स्पष्ट होती, जैसी वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें है, तो न तो उन्हें उक्त विषयकी उतने विस्तारसे विवेचना करनेकी आवश्यकता पड़ती, जैसी जीवट्ठाण क्षेत्रानुगमके पृ. १० से २२ तक की गई है, और न उन्हें स्पर्शनानुगमके पृ. १५७ पर यह कहनेका साहस होता कि रज्जुच्छेदोंके प्रमाणकी परीक्षाविधि उन्होंने उसी प्रकार युक्तिबलसे स्थापित की है जिस प्रकार असंख्येयावलि प्रमाण अन्तर्मुहूर्तकी व आयतचतुरस्र लोककी। रज्जुच्छेदोंके सम्बन्धमें उन्हें अपने मतानुकूल तिलोयपण्णत्ति सूत्र प्राप्त हो गया था, अतएव उन्होंने उसका स्पष्टोल्लेख भी कर दिया है। तब कोई कारण नहीं कि यदि उन्हें उसी सूत्र ग्रंथमें आयतचतुरस्र लोकका भी कोई संकेत या आधार मिलता तो वे उसका प्रमाण न देते, क्योंकि उस प्रमाणकी तो उन्हें बड़ी ही आवश्यकता थी, जिसकी पूर्ति उन्होंने केवल यह कहकर की है कि ' ण च सत्तरज्जुबाहल्लं करणाणिओगसुत्तविरुद्धं, तस्स तत्थ विधिप्पडिसेधाभावादो ' (धवला भाग ४, पृ. २२) अर्थात् लोकके उत्तर दक्षिण भागमें सर्वत्र सात राजुका बाहल्य करणानुयोग सूत्रके विरुद्ध नहीं है, क्योंकि सूत्रमें न तो उसका विधान है और न निषेध। इससे बिलकुल स्पष्ट है कि धवलाकारको ज्ञात साहित्यमें उक्त मान्यताका सर्वथा अभाव था। आज भी वीरसेनसे पूर्व निश्चितकालीन एक भी उल्लेख उस मान्यताका हमें प्राप्त नहीं है। और इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं रहता कि वीरसेनके सन्मुख उपस्थित ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' में आयतचतुरस्राकार लोकका समर्थन करनेवाला कोई उल्लेख नहीं था।

(२) पं. फूलचन्द्रजीकी दूसरी युक्ति यह है कि ति. प. के प्रथम अधिकारके आदिमें जो मंगल आदि छह अधिकारोंका वर्णन है वह ग्रंथकारके कथनानुसार विविध ग्रंथ-युक्तियों द्वारा किया गया है और वह धवला टीकाके आदिके वर्णनसे मिलता है, अतः वह संभवतः

वहींसे लिया गया है। इसपर पं. जुगलकिशोरजीका यह मत सर्वथा उचित है कि ऐसे सादृश्य मात्रपरसे विना किसी प्रबल प्रमाणके उसका धवलासे लिया जाना सिद्ध नहीं होता। उक्त प्रकारका विवरण जिनभद्रके विशेषावश्यक भाष्य (७वीं शताब्दि) में भी मिलता है। यद्यपि ति. प. और धवलाके मंगलवर्णनमें इतना अधिक साम्य है कि एकमें दूसरेकी छायाका सन्देह होना अनिवार्य है, यथार्थतः धवलाकी सहायतासे ही ति. प. के मंगलविषयक पाठका संशोधन संभव हुआ है, तथापि ऐसे परम्परागत विषयका इतने परसे ही निश्चयतः यह कहना कठिन है कि किसने किससे लिया है।

(३) पं. फूलचन्द्रजीकी तीसरी युक्ति यह है कि 'ज्ञानं प्रमाणमात्मादेः' इत्यादि श्लोक भट्टाकलंकके लघीयस्त्रयमें आया है। यही श्लोक कुछ पाठभेद सहित धवलामें भी है जहां उससे पूर्व 'प्रमाण-नय-निक्षेपैः' आदि एक और भी श्लोक पाया जाता है जो लघीयस्त्रय में नहीं है। ये दोनों ही श्लोक प्राकृत-रूपान्तरसे तिलोयपण्णत्ति (१, ८२-८३) में भी पाये जाते हैं और संभवतः धवलापरसे ही लिये गये हैं। पं. जुगलकिशोरजीका मत है कि "दोनों गाथाओं और श्लोकोंकी तुलना करनेसे तो ऐसा मालूम होता है कि दोनों श्लोक उक्त गाथाओंपरसे अनुवाद रूपमें निर्मित हुये हैं, भले ही यह अनुवाद स्वयं धवलाकारके द्वारा निर्मित हुआ हो या उससे पहले किसी दूसरेके द्वारा।" तिलोयपण्णत्तिसे सीधे प्राकृत पाठको उद्धृत न कर संस्कृतानुवादमें प्रस्तुत करनेका कारण जुगलकिशोरजीने यह बतलाया है कि "यह सब धवलाकार वीरसेनकी रुचिकी बात है, वे अनेक प्राकृत वाक्योंको संस्कृतमें और संस्कृत वाक्योंको प्राकृतमें अनुवादित करके रखते हुये भी देखे जाते हैं।"

यदि ये गाथाएं धवलाकारके सन्मुख उपस्थित 'तिलोयपण्णत्ति सूत्र' में थीं तो कोई कारण नहीं कि वे उसे उसी रूपमें ही उद्धृत न कर उनका संस्कृत रूपान्तर करके लिखते। और जब उनसे पूर्व रचित लघीयस्त्रयमें वह एक संस्कृत श्लोक पाया जाता है, तब उनके संस्कृत रूपान्तर करनेकी बात सर्वथा निराधार हो जाती है। साथका जो संस्कृत श्लोक लघीयस्त्रयमें नहीं पाया जाता उसका अनुमान तो यही किया जा सकता है कि वह भी धवलाकारने विना अनुवादके जैसा कहीं उन्हें प्राप्त हुआ वैसा ही प्रसंगोपयोगी जान उद्धृत कर दिया है। यह बात सच है कि धवलाकार कहीं संस्कृतके वाक्योंको प्राकृतमें और कहीं प्राकृतके वाक्योंको संस्कृतमें प्रस्तुत करते पाये जाते हैं। इसका कारण यह है कि जब संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओंका विद्वान् स्मृतिके सहारे किसी विषयका वर्णन करता है तब वह यह भूल जा सकता है कि मूल वाक्य किस ग्रंथमें संस्कृतमें हैं या प्राकृतमें। किन्तु जब पद्य ही उद्धृत करना है तब यह अनुवाद कार्य अनायास नहीं हो सकता, क्योंकि

प्राकृतका पद्य संस्कृत छंदमें व संस्कृत छंद प्राकृतमें सरलतासे नहीं बैठता। इसी कारण ऐसे उदाहरण धवलामेंसे दिखाना कठिन है, जहां टीकाकारने प्राचीन संस्कृत या प्राकृत पद्योंको बदलकर प्राकृत व संस्कृत पद्यमें उद्धृत किया हो। अतः सीधा अनुमान तो यही होता है कि धवलाकारके सन्मुख तिलोयपण्णत्ति सूत्रमें वे गाथाएं नहीं थीं व उन्होंने वह एक श्लोक लघीयस्त्रयसे और दूसरा कहीं अन्यत्रसे उद्धृत किया है। ऐसी परिस्थितिमें सन्देह तो यही होता है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें वे गाथाएं धवलामें संगृहीत श्लोकोंपरसे लिखी गई हों। किन्तु इससे अधिक निर्णय रूपसे अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

(४) फूलचन्द्रजी शास्त्रीका चौथा तर्क है कि धवला, द्रव्यप्रमाण, पृ. ३६ पर जो तिलोयपण्णत्तिका ' दुगुण-दुगुणो दुवग्गो ' आदि गाथांश उद्धृत किया गया है वह वर्तमान तिलोयपण्णत्तिमें नहीं पाया जाता। इस पर पं. जुगलकिशोरजीका यह कहना है कि जितनी प्रतियां अभी तक देखी गई हैं उनमें उक्त गाथांश न होनेसे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि वह अन्य अज्ञात प्रतियोंमें भी नहीं है। दूसरे, तिलोयपण्णत्ति जैसे बड़े ग्रंथमें लेखकोंके प्रमादसे दो चार गाथाओंका छूट जाना कोई बड़ी बात नहीं है। इस प्रकार यह बात तो सिद्ध होती ही है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्ति धवलाकारके सन्मुख उपस्थित रूपमें नहीं है, उसमें कमी-बेशी हुई है।

(५) फूलचन्द्रजीका अन्तिम प्रमाण यह है कि तिलोयपण्णत्तिका बहुतसा गद्यांश धवलान्तर्गत पाठसे मिलता-जुलता है। यहां तक कि स्पर्शनानुयोगद्वार (पृ. १५७) में जो ' तिलोयपण्णत्ति सूत्र ' का उल्लेख किया गया है वह भी वर्तमान तिलोयपण्णत्ति (पृष्ठ ७६६) में पाया जाता है। अन्तर केवल इतना है कि धवलामें जहां "एसा···· परिक्खाविही····अम्हेहि परूविदा " रूप वाक्यरचना है, वहां तिलोयपण्णत्तिमें पाठ है " एसा···· परिक्खाविही ···· एसा पल्लवणा परूविदा "। इससे स्पष्ट है कि यह पाठ धवलासे लिया गया है, क्योंकि ति. प. में ही तिलोयपण्णत्तिका प्रमाण नहीं दिया जा सकता। और धवलामें ' अम्हेहि ' पद द्वारा जो ग्रंथकर्ताने वैयक्तिक उल्लेख किया है उसे दूर करनेके लिये उसके स्थानपर ' एसा पल्लवणा ' पद रखा गया है। वह वाक्यरचना ही बिगड़कर अशुद्ध हो गई है।

पं जुगलकिशोरजीने इस गद्यभागको पीछेसे जोड़ा गया स्वीकार कर लिया है। यही नहीं, उन्होंने कुछ और भी गद्यांश जैसे ' एत्तो चंदाण सपरिवाराणमाणयणविहाणं वत्तइस्सामो ', ' एदम्हादो चेव सुत्तादो ' तथा ' तदो ण एत्थ इदमित्थमेवे त्ति···· तं चेदं ' तिलोयपण्णत्तिमें प्रक्षिप्त स्वीकार किये हैं। उन्होंने यह भी सूचना की है कि " तिलोयपण्णत्तिका परिमाण ग्रंथमें आठ हजार श्लोक प्रमाण बतलाया गया है जब कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिका

प्रमाण एक हजार श्लोक जितना बढ़ा हुआ है, और उससे यह साफ जाना जाता है कि मूलमें उतना अंश पीछे प्रक्षिप्त हुआ है।"

इस ऊहापोहका तात्पर्य यह है कि 'तिलोयपण्णत्ति सूत्र' की रचना सर्वनन्दिकृत लोकविभागके पश्चात् तथा वीरसेनकृत धवलासे पूर्व, अर्थात् शक ३८० और ७३८ के बीच हुई अनुमान की जा सकती है। इस रचनामें परिवर्धन और संस्कार होकर ग्रंथका वर्तमान रूप धवलाकी रचनासे पश्चात् किसी समय उत्पन्न हुआ होगा। किन्तु पं. फूलचन्द्रजीने जो यह कल्पना की है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्तिके कर्ता वीरसेनके शिष्य जिनसेन हो सकते हैं, इसके लिये कोई समुचित साधक-बाधक प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

५ ग्रंथका विषय-परिचय

प्रस्तुत ग्रंथ १ सामान्यलोक २ नारकलोक ३ भावनलोक ४ नरलोक ५ तिर्यग्लोक ६ व्यन्तरलोक ७ ज्योतिर्लोक ८ कल्पवासिलोक और ९ सिद्धलोक इन नौ महाधिकारोंमें विभक्त है। इसमें जैन भूगोल और खगोलका तो मुख्यतासे विवरण है ही, पर साथ ही वह प्रसंगवश जैन सिद्धान्त, पुराण एवं इतिहासादि अन्य विषयोंपर भी पर्याप्त प्रकाश डालता है। यहां हम पाठकोंको उसके विषयका दिग्दर्शन अधिकारक्रमसे करानेका प्रयत्न करेंगे।

१ सामान्यलोक—महाधिकारमें २८३ पद्य और ३ गद्य भाग है। प्रथम ५ गाथाओंमें क्रमशः पंच परम गुरुओंको नमस्कार कर त्रिलोकप्रज्ञप्तिके कहनेकी प्रतिज्ञा की गई है। गाथा ६-८० में मंगल, कारण, हेतु, शास्त्रका प्रमाण, नाम और कर्ताकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है। यह प्रकरण श्री वीरसेन-स्वामिकृत षट्खण्डागमकी धवला टीका (पु. १, पृ. ८-७२) से बहुत अधिक मिलता-जुलता है। गाथा ८३ में ज्ञानको प्रमाण, ज्ञाताके अभिप्रायको नय और जीवादि पदार्थोंके संव्यवहारके उपायको निक्षेप कहा है। उक्त तीनोंके ठीक ऐसे ही लक्षण अकलंक-देवकृत लघीयस्त्रयमें[1] भी पाये जाते हैं।

गा. ९३-९४ में पल्योपम, सागरोपम, सूच्यंगुल, प्रतरांगुल, घनांगुल, जगश्रेणि, लोकप्रतर और लोक इस प्रकार उपमा-मानके आठ भेदोंको गिनाकर यह बतलाया है कि व्यवहारपल्यसे संख्या, उद्धारपल्यसे द्वीप-समुद्र और अद्धापल्यसे कर्मस्थिति जानी जाती है। गा. ९५-१०१ में परमाणुका स्वरूप अनेक प्रकारसे बतलाया है।

आगे कहा गया है कि अनन्तानन्त परमाणुओंका उवसन्नासन्न स्कन्ध, आठ उवसन्नासन्नोंका सन्नासन्न, आठ सन्नासन्नोंका त्रुटिरेणु, आठ त्रुटिरेणुओंका त्रसरेणु, आठ त्रसरेणुओं-

---

१ ज्ञानं प्रमाणमात्मादेरुपायो न्यास इष्यते। नयो ज्ञातुरभिप्रायो युक्तितोऽर्थपरिग्रहः॥ लघीयस्त्रय ६-२.

का रथरेणु, आठ रथरेणुओंका उत्तमभोगभूमिजबालाग्र, इसी प्रकार उत्तरोत्तर आठ आठ गुणित म. भो. बालाग्र, ज. भो. बालाग्र, कर्मभूमिजबालाग्र, लीख, जूं, जौ और उत्सेधांगुल होता है। पांच सौ उत्सेधांगुलोंका एक प्रमाणांगुल होता है। भरत व ऐरावत क्षेत्रमें भिन्न भिन्न कालमें होनेवाले मनुष्योंका अंगुल आत्मांगुल कहा जाता है। इनमें उत्सेधांगुलसे नर-नारकादिके शरीरकी ऊंचाई और चतुर्निकाय देवोंके भवन व नगरादिका प्रमाण जाना जाता है। द्वीप-समुद्र, शैल, वेदी, नदी, कुण्ड, जगती एवं क्षेत्रोंके विस्तारादिका प्रमाण प्रमाणांगुलसे ज्ञात होता है। झारी, कलश, दर्पण, भेरी, हल, मूसल, सिंहासन एवं मनुष्योंके निवासस्थान व नगरादि तथा उद्यान, इत्यादिके विस्तारादिका प्रमाण आत्मांगुलसे बतलाया जाता है।

इसके आगे योजनका प्रमाण निम्न प्रकार बतलाया है— ६ अंगुलोंका पाद, २ पादोंका वितस्ति, २ वितस्तियोंका हाथ, २ हाथका रिक्कु, २ रिक्कुओंका धनुष, २००० धनुषका कोश, ४ कोशका योजन।

अनादि-निधन व छह द्रव्योंसे व्याप्त लोकको अधः, ऊर्ध्व एवं तिर्यक्, इन तीन लोकोंमें विभक्त कर उनका आकार-प्रकार, विस्तार, क्षेत्रफल व घनफल आदिके द्वारा इसमें विस्तृत वर्णन किया गया है। गा. २१५–२६७ तक उपर्युक्त तीन लोकोंमेंसे प्रत्येकके सामान्य, दो चतुरस्र (ऊर्ध्वायत और तिर्यगायत), यव, मुरज, यवमध्य, मन्दर, दूष्य और गिरिकटक, ये आठ आठ भेद करके उनका पृथक् पृथक् घनफल निकालकर बतलाया गया है।

गा. २६८–२८१ में तीन वातवलयोंका आकार और भिन्न भिन्न स्थानोंमें उनकी मुटाईका प्रमाण बतलाया गया है। अन्तमें तीन गद्यभाग हैं। उनमें प्रथम गद्यभागद्वारा लोकके पर्यन्तभागोंमें स्थित उन वातवलयोंका क्षेत्रप्रमाण निकाला गया है। द्वितीय गद्यभाग द्वारा आठ पृथिवियोंके नीचे स्थित वातक्षेत्रोंका घनफल निकाला गया है। तृतीय गद्यभागमें आठ पृथिवियोंका घनफल बतलाया है। अन्तमें कहा है कि वातरुद्ध क्षेत्र और आठ पृथिवियोंके घनफलको सम्मिलित कर उसे सम्पूर्ण लोकमेंसे निकाल देनेपर शुद्ध आकाशका प्रमाण शेष रहता है।

२ नारकलोक—महाधिकारमें ३६७ पद्य हैं। प्रथम ५ गाथाओंमें मंगलपूर्वक आगे कहे जानेवाले १५ अन्तराधिकारोंकी सूचना की गई है। गा. ६-७ में एक राजु लम्बा-चौड़ा और कुछ (३२१६२२७१$\frac{१}{२}$ धनुष) कम १३ राजु ऊंची त्रसनालीका निर्देश किया है। गा. ७-८ में

१ यह गद्यभाग ष. खं. पु. ४ पृ. ५१ पर ज्योंका त्यों पाया जाता है। २ यह गद्यभाग ष. खं. पु. ४, पृ. ८८ पर प्रायः ज्योंका त्यों पाया जाता है।

प्रकारान्तरसे उपपाद और मारणान्तिक समुद्घातमें परिणत त्रस तथा लोकपूरण समुद्घातगत केवलियोंकी अपेक्षा समस्त लोकको ही त्रसनाली कह दिया है। गा. ९-१९४ में रत्नप्रभादि सात पृथिवियोंमें स्थित नारकियोंके इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके नाम, विन्यास, संख्या, विस्तार, बाहल्य एवं स्वस्थान-परस्थान रूप अन्तरालका प्रमाण प्ररूपित है। गा. १९५-२०१ में नारकियोंकी संख्या, गा. २०२-२१५ में उनकी आयु, गा. २१६-२७० में शरीरोत्सेध और गा. २७१ में अवधिविषयकी प्ररूपणा की गई है। आगे १२ गाथाओंमें नारकी जीवोंमें सम्भव गुणस्थानादि २० प्ररूपणाओंका दिग्दर्शन कराया गया है।

गा. २८४-२८६ द्वारा प्रथमादि पृथिवियोंमें जन्म लेने योग्य प्राणियोंका निर्देश कर गा. २८७ में जन्म-मरणका अन्तरकाल और गा. २८८ में एक समयमें उत्पन्न होनेवाले व मरनेवाले नारकियोंकी संख्या निर्दिष्ट है। गा. २८९-२९२ में बतलाया गया है कि नरकसे निकले हुए जीव कर्मभूमिमें गर्भज संज्ञी पर्याप्त तिर्यंच या मनुष्य होते हैं। किन्तु सप्तम पृथिवीसे निकला हुआ जीव तिर्यंच ही होता है। नारक जीव संख्यात वर्षकी आयुवाले व्याल, दंष्ट्री (दाढ़ोंवाले सिंह-व्याघ्रादि), गृद्धादिक पक्षी एवं मत्स्यादिक जलचर जीवोंमें उत्पन्न होकर पुनरपि नरकोंमें उत्पन्न होते हैं। कोई भी नारक जीव अनन्तर भवमें केशव, बलदेव व चक्रवर्ती नहीं हो सकते। तृतीय पृथिवी तकके नारक जीव तीर्थंकर, चतुर्थ तकके चरमशरीरी, पंचम तकके संयत, छठी तकके देशव्रती एवं सातवीं तकके कोई जीव केवल सम्यग्दृष्टि ही हो सकते हैं।

प्रवचनसारोद्धार (गा. १०८७-९०) में भी यही क्रम पाया जाता है। विशेषता इतनी है कि वहां प्रथम पृथिवीसे निकलकर चक्रवर्ती और द्वितीयसे निकलकर बलदेव व वासुदेव होनेकी भी सम्भावना बतलायी गई है।

षट्खण्डागम[1] (जीवस्थान गत्यागति चूलिका) और तत्त्वार्थराजवार्तिकमें[2] सप्तम पृथिवीसे

---

१ अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? ॥ २०३ ॥ एक्कं हि चेव तिरिक्खगदिमागच्छंति त्ति ॥ २०४ ॥ तिरिक्खेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा छण्णो उप्पाएंति— आभिणिबोहियणाणं णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तं णो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति ॥ २०५ ॥ पु. ६, पृ. ४८४.

२ सप्तम्यो नारका मिथ्यादृष्टयो नरकेभ्य उद्वर्तिता एकामेव तिर्यग्गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पंचेंद्रिय-गर्भज-पर्याप्तक-संख्येयवर्षायुःषूत्पद्यन्ते, नेतरेषु। तत्र चोत्पन्नाः सर्वे मति-श्रुतावधि-सम्यक्त्व-सम्यङ्-मिथ्यात्व-संयमासंयमान् नोत्पादयन्ति। त. रा. ३, ६, ७.

निकलनेवाले नारक जीवोंके सम्यग्दृष्टि होनेका स्पष्टतः निषेध किया है। शेष विधि प्रायः वहां भी समान रूपसे पायी जाती है।

गा. २९३ में नारकायुबन्धके कारणका उल्लेख करते हुए कहा है कि आयुबन्धके समय शिला, शैल, वेणुमूल और कृमिरागके सदृश कषायों (क्रमशः क्रोध, मान, माया, लोभ) का उदय होनेपर नारकायुका बन्ध होता है। यही बात गो. जीवकाण्डकी गा. २८३-२८६ में भी निर्दिष्ट है। आगे गा. २९४ में कहा है कि कृष्ण, नील और कापोत लेश्याके उदयसे जीव नारकायुको बांधकर मरनेपर उक्त लेश्याओंके साथ नरकको प्राप्त होते हैं। ऐसा ही उपदेश कुछ विशेषताके साथ गो. जीवकाण्ड गा. ५२३-२५ में भी पाया जाता है। गा. २९५-३०१ में कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंके कुछ लक्षण बतलाये गये हैं।

गा. ३०२–३१२ में नारकियोंके जन्मस्थानोंका आकार व विस्तार आदि बतलाया गया है। ये जन्मस्थान इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंके ऊपरी भागमें स्थित हैं। इनमें जन्म लेकर नारक जीव नीचे गिरते हैं और गेंदके समान पुनः ऊपर उछलते हैं।

गा. ३१३-३५८ में नारकी जीवोंके महान् दुःखोंकी प्ररूपणा है। इस प्रकरणमें यह भी बतलाया है कि जिस प्रकार इस लोकमें मनुष्य मेष-महिषादिको लड़ाकर उनकी हार-जीतपर प्रसन्न होते हैं, उसी प्रकार तृतीय पृथिवी तक कुछ असुरकुमार जातिके देव नारकियोंको लड़ाकर उससे सन्तुष्ट होते हैं। उक्त देवोंके कुछ नाम भी यहां निर्दिष्ट हैं। जैसे सिक्तानन, असिपत्र, महाबल, महाकाल, श्याम, शबल, रुद्र, अम्बरीष, विलसित, महारुद्र, महाम्बर, काल, अग्निरुद्र, कुम्भ और वैतरणी आदि। ये नाम अभी तक हमें किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें नहीं उपलब्ध हुए हैं। परन्तु कुछ श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें साधारण भेदके साथ ये नाम अवश्य पाये जाते हैं।[1]

गा. ३५९-३६१ में सम्यग्दर्शनग्रहणके कारणोंका निर्देश कर आगेके ५ छन्दोंमें बतलाया गया है कि जो जीव मद्य-मांसका सेवन करते हैं, हिंसामें आसक्त हैं; क्रोध, लोभ, भय, अथवा मोहके वशीभूत हो असत्यभाषण करते हैं, परधन-हरण करते हैं, कामोन्मत्त होकर निर्लज्जतापूर्वक परदारासक्त होते हैं या रात्रिदिव विषयसेवन करते हैं, तथा जो पुत्र-

---

१ अंबे अंबरिसी चेव सामे य सबले ति य। रोद्दोवरुद्द काले य महाकाले ति आवरे॥
असिपत्ते धणू कुंभे वालु वेयरणी ति य। खरस्सरे महाघोसे एवं पण्णरसाहिया॥
सूत्रकृतांग १, ५, नि. ६८-६९; प्रवचनसारोद्धार १०८५-८६.

कलत्रादि निज परिवार या मित्रोंके जीवनार्थ तृष्णावश हो परवंचनपूर्वक धनका उपार्जन करते हैं वे नरकोंमें जाकर महान् कष्टको सहते हैं।

यहां गा. ४ में की गई प्रतिज्ञाके अनुसार नारक जीवोंमें योनियोंकी प्ररूपणा की जानी चाहिये थी, परन्तु वह उपलब्ध नहीं हैं। सम्भव है मूल प्रतियोंमें योनिप्ररूपक गाथायें छूट गई हों और उनके स्थानमें उपर्युक्त ५ छन्द प्रक्षिप्त हो गये हों। योनियोंके वर्णनका क्रम चतुर्थ (गा. २९४८-५३), पंचम (गा. २९३-९७) और अष्टम (गा. ७००-७०१) महाधिकारोंमें बराबर पाया जाता है।

३ भावनलोक—महाधिकारमें २४३ पद्य हैं। यहां भवनवासी देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, चिह्न, भवनसंख्या, इन्द्रोंका प्रमाण व नाम, दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंका विभाग व उनके भवनोंका प्रमाण, अल्पर्द्धिक, महर्द्धिक एवं मध्यमर्द्धिक भवनवासी देवोंके भवनोंका विस्तार, भवन, वेदी, कूट, जिनेन्द्रप्रासाद, इन्द्रविभूति, संख्या, आयुप्रमाण, शरीरोत्सेध, अवधिविषय, गुणस्थानादि, एक समयमें उत्पन्न होनेवाले व मरनेवालोंकी संख्या, आगति, भवनवासी देवोंकी आयु बांधनेवाले परिणाम और सम्यग्दर्शनग्रहणके कारण, इत्यादिका विशेष विवेचन किया है। (विशेष परिचयके लिये देखिये परिशिष्टमें यंत्र नं. २, ४ और १८)।

आयुबन्धक परिणामोंके प्रकरणमें बतलाया है कि जो ज्ञान व चरित्रके विषयमें शंकित हैं, क्लेशभावसे संयुक्त हैं, अविनयमें आसक्त हैं, कामिनीविरहसे व्याकुल हैं व कलहप्रिय हैं; वे संज्ञी-असंज्ञी जीव मिथ्यात्वभावसे संयुक्त होकर भवनवासी देवोंकी आयुको बांधते हैं; सम्यग्दृष्टि जीव कदापि वहां उत्पन्न नहीं होते। असत्यभाषी, हास्यप्रिय एवं कन्दर्पानुरक्त जीव कन्दर्प देवोंमें जन्म लेते हैं। भूतिकर्म, मंत्राभियोग व कौतूहलादिसे संयुक्त तथा चाटुकार जीव वाहनदेवोंमें उत्पन्न होते हैं। तीर्थंकर, संघ एवं आगमग्रन्थादिकके विषयमें प्रतिकूल आचरण करनेवाले दुर्विनयी मायाचारी प्राणी किल्विष सुरोंमें उत्पन्न होते हैं। उन्मार्गोपदेशक व जिनेन्द्रमार्गमें विप्रतिपन्न (विवादयुक्त) प्राणी संमोहसुरोंमें जन्मग्रहण करते हैं। क्रोध, मान, माया व लोभमें आसक्त; निकृष्ट आचरण करनेवाले तथा वैरभावसे संयुक्त जीव असुरोंमें उत्पन्न होते हैं।

जन्मग्रहणके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें ही छह पर्याप्तियोंसे परिपूर्ण होकर वे देव वहां उत्पन्न होनेके कारणका विचार करते हैं। पुनः व्यवसायपुरमें प्रविष्ट हो पूजा व अभिषेकके योग्य द्रव्योंको लेकर बड़े आनन्दके साथ जिनालयको जाते हैं। वहां पहुंच कर देवियोंके साथ विनीत भावसे प्रदक्षिणापूर्वक जिनप्रतिमाओंका दर्शन कर जय-जय शब्द करते हैं। पश्चात् नाना वादित्रोंके साथ जल, चंदन, तंदुल, पुष्पमाला, नानाविध भक्ष्य द्रव्य (नैवेद्य), रत्नप्रदीप

धूप और पके हुए पनस (कटहल), केला, अनार एवं दाख आदि फलोंसे जिनपूजा करते हैं। पूजाके अन्तमें श्रेष्ठ अप्सराओंसे संयुक्त होकर विविध नाटकोंको करते हैं। तत्पश्चात् निज भवनोंमें आकर अनेक प्रकारके सुखोंका उपभोग करते हैं।

४ नरलोक– महाधिकारमें मनुष्य लोकका निर्देश, जंबूद्वीप, लवण समुद्र, धातकीखण्ड, कालोदक समुद्र, पुष्करार्ध द्वीप, इन अढ़ाई द्वीप–समुद्रोंमें स्थित मनुष्योंके भेद,संख्या, अल्पबहुत्व, गुणस्थानादि, आयुबन्धक परिणाम, योनि, सुख, दुख, सम्यक्त्वग्रहणके कारण और मोक्ष जानेवाले जीवोंका प्रमाण, इस प्रकार १६ अधिकार हैं। समस्त पद्यसंख्या २९६१ है। बीचमें एक कालभेद प्ररूपक ५ पृष्ठका गद्य भाग भी है।

इनमें जंबूद्वीपका वर्णन, वेदिका, भरतादि क्षेत्रों और कुलपर्वतोंका विन्यास, भरत क्षेत्र, उसमें प्रवर्तमान छह काल, हिमवान्, हैमवत, महाहिमवान्, हरिवर्ष, निषध, विदेह क्षेत्र, नील पर्वत, रम्यक क्षेत्र, रुक्मि पर्वत, हैरण्यवत क्षेत्र, शिखरी पर्वत और ऐरावत क्षेत्र, इन १६ अन्तराधिकारों द्वारा बहुत विस्तारपूर्वक किया गया है।

यहां विजयार्ध पर्वत और गंगा-सिंधु नदियों द्वारा छह खण्डोंमें विभक्त हुए भरत क्षेत्रके आर्यखण्डमें प्रवर्तमान उत्सर्पिणी व अवसर्पिणी स्वरूप सुषम-सुषमादि छह कालोंकी विस्तृत प्ररूपणा है। इस प्रकरणमें बतलाया गया है कि सुषम-सुषमा, सुषमा और सुषम-दुःषमा, इन तीन कालोंमें क्रमशः उत्तम, मध्यम और जघन्य भोगभूमि जैसी रचना होती है। इनमें युगल-युगल रूपसे उत्पन्न होनेवाले पुरुष-स्त्री पति-पत्नी जैसा आचरण करते हैं। यहां धर्म-कर्मका विवेक कुछ नहीं रहता। स्वामि-भृत्यादिका भेद भी नहीं होता। वैवाहिक संस्कारादि एवं कृषि आदि कर्म भी नहीं पाये जाते। वहां दस प्रकारके कल्पवृक्ष होते हैं जिनसे युगलोंको आवश्यक सामग्री प्राप्त होती रहती है। वर्तमान इतिहासमें जो यह बतलाया जाता है कि प्रारम्भमें मनुष्य जंगली थे, उस समय उनमें कुछ विवेक नहीं था। वे धीरे धीरे उन्नति करते हुए आजकी अवस्थामें आये इत्यादि, सम्भव है उसका मूल स्रोत यही व्यवस्था रही हो।

आगे कहा गया है कि जब तृतीय कालमें पल्योपमका आठवां भाग ($\frac{1}{8}$) शेष रहता है तब क्रमशः प्रतिश्रुति आदि चौदह कुलकर पुरुष उत्पन्न होते हैं जो प्रजाजनोंको भिन्न भिन्न विषयोंका उपदेश देते हैं (देखिये यंत्र नं. ३)। उनमें अन्तिम कुलकर नाभिराय थे। इन्होंने कल्पवृक्षोंके नष्ट हो जानेपर व्याकुलताको प्राप्त हुई प्रजाको आजीविकोपयोगी साधनोंका उपदेश दिया व भोजनादिकी सारी ही व्यवस्थायें समझाईं। तत्पश्चात् २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ विष्णु, ९ प्रतिशत्रु और ९ बलदेव, इस प्रकार ६३ शलाकापुरुष उत्पन्न होते हैं। इनमें

प्रथम तीर्थंकरका जब अवतार हुआ तब सुषम-दुःषमा कालमें ८४ लाख पूर्व ३ वर्ष और ८½ मास शेष थे।

यहां प्रसंग वश २४ तीर्थंकरोंका वर्णन ५२२ से १२८० गाथाओंमें बहुत विस्तारसे किया गया है (देखिये यंत्र नं ७)। इसी बीच प्रकरणानुसार ३१ अन्तराधिकारों द्वारा (गा. ७१० से ८९४) समवसरणकी भी विस्तृत प्ररूपणा की गई है। यहां ही गणधरोंका प्रसंग आनेपर बुद्धि, विक्रिया, क्रिया, तप, बल, औषधि, रस और क्षेत्र, इन ऋद्धियोंका भी महत्वपूर्ण विवेचन है (गा. ९६७-१०९१)।

चक्रवर्तिप्ररूपणामें (गा. १२८१–१४१०) भरतादिक चक्रवर्तियोंका उत्सेध, आयु, कुमारकाल, मण्डलीककाल, दिग्विजय, राज्य और संयमकालका वर्णन है (देखिये यंत्र नं. ९)।

बलदेव, नारायण, प्रतिनारायण, रुद्र, नारद और कामदेवोंकी भी यहां संक्षिप्त प्ररूपणा की गई है (देखिये यंत्र नं. ८, १०–१२) और इन सबोंको भव्य एवं मुक्तिगामी बतलाया गया है (गा. १४११–१४७३)।

भगवान् महावीरके मुक्त होनेके पश्चात् ३ वर्ष ८½ मासके बीतनेपर दुःषम कालका प्रारम्भ हो जाता है। वीर भगवान्के सिद्ध होनेपर गौतम स्वामीको, उनके सिद्ध होनेपर सुधर्म स्वामीको, तथा सुधर्म स्वामीके भी सिद्ध होनेपर जम्बू स्वामीको केवलज्ञानकी प्राप्ति हुई। यहां तक अनुबद्ध केवलियोंका अस्तित्व रहा। यहां विशेष यह भी बतलाया है कि मुक्तिगामियोंमें अन्तिम श्रीधर थे जो कुण्डलगिरिसे मुक्त हुए। चारण ऋषियोंमें अन्तिम सुपार्श्वचन्द्र, प्रज्ञाश्रमणोंमें अन्तिम वज्रयश, अवधिज्ञानियोंमें अन्तिम श्रीनामक, तथा मुकुटधरोंमें जिन-दीक्षाधारक अन्तिम चन्द्रगुप्त हुए।

आगे जाकर वर्धमान भगवान्के तीर्थमें ५ श्रुतकेवली, ११दशपूर्वधारी, ५ ग्यारह अंगोंके धारक और ४ आचारांगधारी, इनकी परम्परा बतलायी गई है। उक्त केवलि–श्रुतकेवली आदिकोंका समस्त काल छह सौ तेरासी (६२+१००+१८३+२२०+११८= ६८३) वर्ष है। तत्पश्चात् २०३१७ वर्ष व्यतीत होनेपर, अर्थात् पंचम कालके अन्तमें, धर्मकी प्रवृत्ति नष्ट हो जायगी, ऐसा कहा गया है।

इस कालमें भी चातुर्वर्ण धर्मसंघ तो रहेगा, किन्तु कषायोंकी तीव्रता उत्तरोत्तर बढ़ती जायगी। वीरनिर्वाणके ४६१ वर्ष पश्चात् शक राजा उत्पन्न हुवा। इसमें मतान्तरसे ९७८५ वर्ष ५ मास, १४७९३ वर्ष, तथा ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् भी शक राजाकी उत्पत्ति कही गई है। इनमेंसे अन्तिम मत ग्रंथकारको अभीष्ट

प्रतीत होता है और वर्तमानमें जो निर्वाण संवत् और शक संवत् प्रचलित हैं उनसे भी यही मत सिद्ध होता है। इस समय प्रचलित निर्वाण संवत् २४७७ और शक संवत् १८७२ है जिससे उनके बीच ठीक ६०५ वर्षका अन्तर पाया जाता है। निर्वाण संवत् कार्तिक शुक्ल १ से तथा शक संवत् चैत्र शुक्ल १ से प्रारंभ होता है जिसमें ५ माहके अन्तरकी व्युत्पत्ति भी ठीक बैठ जाती है (गा. १४९६-१५१०)।

वीरनिर्वाणसे चतुर्मुख कल्कीके राज्य पर्यन्त एक हजार वर्ष व्यतीत हुए जिसकी इतिहासपरंपरा तीन प्रकारसे बतलाई गई है—

१

वीरनिर्वाणके पश्चात्—	४६१ वर्ष
शक वंश—	२४२ वर्ष
गुप्त वंश—	२५५ ,,
चतुर्मुख—	४२ ,,
	१००० वर्ष

२

वीरनिर्वाणके समय पालक राजाका अभिषेक	
पालक	६० वर्ष
विजय वंश	१५५ ,,
मुरुंड वंश	४० ,,
पुष्यमित्र	३० ,,
वसुमित्र-अग्निमित्र	६० ,,
गन्धर्व	१०० ,,
नरवाहन	४० ,,
भृत्याभ्र	२४२ ,,
गुप्तवंश	२३१ ,,
चतुर्मुख कल्की	४२ ,,
	१००० वर्ष

३

वीरनिर्वाणसे आचारांगधरों तककी आचार्यपरंपरा	६८३ ,,
तत्पश्चात् व्यतीत काल	२७१ ,,
चतुर्मुख कल्की	४२ ,,
	१००० वर्ष

प्रसंगवश यह भी कहा है कि २१००० वर्ष प्रमाण इस दुःषम कालमें १०००-१००० वर्षके पश्चात् एक एक कल्की और ५००-५०० वर्षमें एक एक उपकल्की जन्म लेता है। ये कल्की लोभवश साधुओंके आहारमेंसे कर (टैक्स) के रूपमें अग्रिम ग्रास मांगते हैं। साधु ग्रास देकर अन्तराय मान निराहार वापिस चले जाते हैं। उस समय उनमें किसी एकको अवधिज्ञान प्रगट हो जाता है। अन्तिम कल्कीके समय वीरांगज मुनि, सर्वश्री आर्यिका, अग्निदत्त श्रावक और पंगुश्री श्राविका रहेंगी। कल्की द्वारा आहारमेंसे अग्रिम ग्रास मांगनेपर उसे देकर मुनि अन्तराय मान वापिस चल जाते हैं। पश्चात् अवधिज्ञान प्राप्त होनेपर वे अग्रिल (अग्निदत्त), पंगुश्री और सर्वश्रीको बुलाकर प्रसन्नतापूर्वक उपदेश देते हैं

कि ' अब दुःषम कालका अन्त आगया । तुम्हारी और हमारी तीन दिनकी आयु शेष है । यह अन्तिम कल्की है । ' तब उक्त चारों जन जीवन पर्यन्त चतुर्विध आहार एवं परिग्रहसे ममता छोड़ सन्यास ग्रहण करके कार्तिककी अमावस्याको समाधिमरण प्राप्त करते हैं व यथायोग्य सौधर्म स्वर्गमें उत्पन्न होते हैं । इसपर क्रोधित हुआ कोई असुर देव मध्याह्नमें कल्कीको मार डालता है । सूर्यास्त समय अग्नि भी नष्ट हो जाती है । इस समय उक्त दुःषम कालके ३ वर्ष ८½ मास शेष रहते हैं ।

तत्पश्चात् अतिदुःषम कालका प्रारम्भ होता है । उसके प्रारम्भमें उत्कृष्ट आयु २० वर्ष और शरीरकी उंचाई ३-३½ हाथ रह जाती है । उस समय मनुष्य पशुओं जैसा आचरण करने लगते हैं । इस कालमें नरक व तिर्यंच गतिसे आये हुए जीव ही यहां जन्म लेते हैं और यहांसे मरकर वे पुनः नरक व तिर्यंच गतिमें जाते हैं । उक्त कालमें जब ४९ दिन शेष रहते हैं तब प्रलयकालके उपस्थित होनेपर सात दिन तक भयानक संवर्तक पवन चलती है । पश्चात् सात सात दिन तक क्रमशः शीतल व क्षार जल, विषजल, धूम, धूलि, वज्र और अग्निकी वर्षा होती है, जिससे पर्वत व वृक्ष आदि नष्ट हो जाते हैं । उस समय कुछ भिन्न भिन्न जातियोंके ७२ युगल प्राणी विजयार्ध पर्वतकी गुफाओंमें जा छिपते हैं । कुछ प्राणियोंको दयालु देव व विद्याधर भी सुरक्षित स्थानोंमें पहुंचा देते हैं । इस प्रकार अवसर्पिणीके छह काल समाप्त हो जाते हैं ।

पश्चात् उत्सर्पिणीका अतिदुःषम नामक प्रथम काल उपस्थित होता है । इसके प्रारम्भमें जल व दूध आदिकी वर्षा होती है जिससे पृथिवीपर नाना रसोंसे परिपूर्ण तरु-गुल्मादि उत्पन्न होने लगते हैं । तब शीतल गन्ध ग्रहण कर विजयार्धकी गुफाओं आदिको प्राप्त हुए वे मनुष्य व तिर्यंच निकल आते हैं । इस कालके प्रथम समयमें आयु १६ अथवा १५ वर्ष और शरीरकी उंचाई एक हाथ प्रमाण होती है । पश्चात् कालस्वभावसे आयु, उत्सेध, तेज, बल व बुद्धि आदि उत्तरोत्तर बढ़ने लगते हैं ।

उत्सर्पिणीके दुःषम नामक द्वितीय काल में १००० वर्ष शेष रहनेपर क्रमशः चौदह कुलकर उत्पन्न होते हैं । दुःषम-सुषम नामक तृतीय कालमें तीर्थंकर आदि महापुरुष उत्पन्न होते हैं । इस प्रकार जैसे अवसर्पिणी कालमें आयु, बुद्धि एवं बल-वीर्यादिकी उत्तरोत्तर हानि होती है वैसे ही इस कालमें उनकी वृद्धि होती जाती है ।

ये दोनों काल भरत और ऐरावत क्षेत्रोंके आर्यखण्डमें चक्रवत् घूमते रहते हैं । इन क्षेत्रोंके ५-५ म्लेच्छखण्डों और विद्याधरश्रेणियोंमें अवसर्पिणीके चतुर्थ एवं उत्सर्पिणीके तृतीय

(दुःषम-सुषम) कालमें क्रमशः आदिसे अन्त तक हानि व वृद्धि होती रहती है, अन्य कालोंकी प्रवृत्ति वहां नहीं है ।

असंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी कालोंके बीतनेपर एक हुण्डावसर्पिणी काल आता है जिसमें कुछ अनहोनी घटनायें घटित होती हैं । जैसे– सुषम-दुःषम कालकी स्थितिके कुछ शेष रहनेपर भी वर्षाका होने लगना, विकलेन्द्रिय जीवोंकी उत्पत्ति प्रारम्भ हो जाना, कल्पवृक्षोंका नष्ट होना, कर्मभूमिका व्यापार प्रारम्भ हो जाना, प्रथम तीर्थंकर और प्रथम चक्रवर्तीका जन्म लेना, चक्रवर्तीका विजयभंग, इसी कालमें कुछ थोड़े जीवोंका मुक्ति प्राप्त करना, चक्रवर्ती द्वारा ब्राह्मण वर्णकी उत्पत्ति, दुःषम-सुषम कालमें ६३ के स्थानपर ५८ ही शलाकापुरुषोंका होना, नौवेंसे सोलहवें तीर्थंकर तक सात तीर्थोंमें धर्मका व्युच्छेद होना, कलहप्रिय ११ रुद्र और ९ नारदोंका जन्म लेना, सातवें, तेईसवें और चौबीसवें तीर्थंकरोंके उपसर्गका होना, तथा कल्की-उपकल्कीका जन्म लेना, इत्यादि ।

गा. १६२४–१७७३ में हिमवान्, महाहिमवान्, हरिवर्ष और निषध, इनकी प्ररूपणा की है (देखिये यंत्र नं. ५–६) ।

आगे गा. १७७४–२३२६ में विदेह क्षेत्रका वर्णन करते हुए उसका विस्तारादि, मंदर शैल (सुमेरु), तत्परिस्थ पाण्डुकादिक वन, जिनभवनरचनाका प्रकार, वक्षार पर्वत, गजदन्त, जम्बू व शाल्मली वृक्ष, मन्दर पर्वत के पूर्वापर मार्गोंमें स्थित १६-१६ क्षेत्र, कच्छा विजय व क्षेमा नगरी आदिका विस्तारसे कथन किया गया है ।

गा. २३२७–२३७३ में नीलगिरि, रम्यक विजय, रुक्मि पर्वत, हैरण्यवत क्षेत्र, शिखरी पर्वत और ऐरावत क्षेत्रका वर्णन किया है (देखिये यंत्र नं. ५-६.) । गा. २३७४–२३७९ में भरतादिकोंका क्षेत्रफल बतलाया गया है । आगे गा. २३९७ तक नदी आदिकोंकी समस्त संख्या निर्दिष्ट की है ।

गा. २३९८-२५२६ में लवण समुद्रकी प्ररूपणा की गई है । इस प्रकरणमें २४१६ से २४२५ तक १० गाथायें प्रतियोंमें नष्ट बतलायी गई हैं । उनका छूटना प्रकरणके अधूरेपनसे भी सिद्ध होता है । यहां लवणसमुद्रका विस्तारादि बतलानेके पश्चात् उसके मध्यमें चारों दिशाओंमें ४ उत्कृष्ट पाताल, विदिशाओंमें ४ मध्यम पाताल और उन दोनोंके बीच बीचमें १००० जघन्य पाताल बतलाये गये हैं । ये पाताल रांजन (एक प्रकारका घड़ा) के आकार हैं । मुख्य पातालोंका विस्तार मूल व मुखमें दस हजार योजन तथा मध्यमें एक लाख योजन प्रमाण है । उंचाई भी इनकी एक लाख योजन ही है । मध्यम पातालोंका विस्तारादि उत्कृष्ट पातालोंके दसवें भाग और वही जघन्य पातालोंका मध्यमोंके दसवें

भाग मात्र है। इनमेंसे प्रत्येक पातालके अधस्तन त्रिभागमें वायु, मध्यम त्रिभागमें जल-वायु और उपरिम त्रिभागमें केवल जल है। इन पातालोंकी वायु स्वभावसे शुक्ल पक्षमें प्रतिदिन २२२२$\frac{2}{9}$ योजन मात्र वृद्धिको और कृष्ण पक्षमें उतनी ही हानिको प्राप्त होती है। इस प्रकार पूर्णिमाके दिन अधस्तन दो त्रिभागोंमें वायु और उपरिम एक त्रिभागमें जल रहता है, तथा अमावस्याके दिन उपरिम दो त्रिभागोंमें जल और अधस्तन त्रिभागमें वायु रहती है। यही एक कारण समुद्रके जलकी वृद्धि व हानि अर्थात् ज्वारभाटाका यहां बतलाया गया है।

आगे चलकर लवण समुद्रके अभ्यन्तर भागमें २४ और उसके बाह्य भागमें भी २४ इस प्रकार कुमानुषोंके ४८ अन्तर्द्वीप बतलाये गये हैं। इनमें रहनेवाले कुमानुषोंकी शरीराकृति कुत्सित होती है। जैसे- किसीका एक ही जंघायुक्त होना तथा किसीके पूंछ व सींगोंका होना इत्यादि। मन्दकषायी, प्रियभाषी, कुटिल, धर्मके फलको खोजनेवाले, मिथ्या देवोंकी भक्तिमें तत्पर तथा भोजनके क्लेशको सह लेनेवाले मिथ्यादृष्टि जीव इन द्वीपोंमें उत्पन्न होते हैं।

धातकीखण्ड द्वीपका वर्णन जगती, विन्यास, भरतक्षेत्र, उसमें कालभेद, हिमवान्, हैमवत, महाहिमवान्, हरिवर्ष, निषध, विदेह, नील, रम्यक, रुक्मि, हैरण्यवत, शिखरी और ऐरावत, इन १६ अन्तराधिकारों द्वारा २५२७-२७१७ गाथाओंमें किया गया है, जो कुछ विशेषताओंको छोड़ प्रायः जम्बूद्वीपके ही समान है। गा. २७१८-२७४३ में कालोद समुद्रकी प्ररूपणा है जो लवण समुद्रके ही समान है। पुष्करार्ध द्वीपका वर्णन भी उपर्युक्त १६ अन्तराधिकारों द्वारा धातकीखण्ड द्वीपके समान २७४४-२९२४ गाथाओंमें किया गया है। यहां जगतीके स्थानमें मानुषोत्तर पर्वत है।

आगे सामान्य, पर्याप्त, मनुष्यनी और अपर्याप्त, इन चार प्रकारके मनुष्योंकी संख्या, उनमें क्षेत्रकी अपेक्षा अल्पबहुत्व, गुणस्थानादि, गति-आगति, योनि, सुख-दुख, सम्यक्त्वग्रहण-कारण और मुक्ति प्राप्त करनेवाले जीवोंका प्रमाण बतला कर इस महाधिकारको पूर्ण किया गया है।

५ तिर्यग्लोक– महाधिकारमें १२१ पद्य हैं। इसमें गद्यभाग ही अधिक है। इस महाधिकारमें सोलह अन्तराधिकारोंके द्वारा तिर्यग्लोकका विस्तृत वर्णन किया गया है। यहां स्थावरलोकका प्रमाण बतलाते हुए यह कहा है कि जहां तक आकाशमें धर्म एवं अधर्म द्रव्यके निमित्तसे होनेवाली जीव और पुद्गलकी गति व स्थिति सम्भव है उतना सब स्थावरलोक है। उसके मध्यमें सुमेरु पर्वतके मूलसे एक लाख योजन ऊंचा और एक राजु लम्बा-चौड़ा तिर्यक् त्रस-लोक है, जहां तिर्यंच त्रस जीव भी पाये जाते हैं।

तिर्यग्लोकमें परस्पर एक दूसरेको चारों ओरसे वेष्टित करके स्थित समवृत्त असंख्यात (२५ कोड़ाकोड़ि उद्धार पल्योंके बराबर) द्वीप-समुद्र हैं। उन सबके मध्यमें एक लाख योजन

विस्तारवाला जम्बूद्वीप नामक प्रथम द्वीप है। उसके चारों ओर दो लाख यो. विस्तारसे संयुक्त लवण समुद्र है। उसके आगे दूसरा द्वीप और फिर दूसरा समुद्र है। यही क्रम अन्त तक है। इन द्वीप-समुद्रोंका विस्तार उत्तरोत्तर पूर्व-पूर्वकी अपेक्षा दूना दूना होता गया है। यहां ग्रन्थकारने आदि व अन्तके सोलह सोलह द्वीप-समुद्रोंके नामोंका भी निर्देश किया है। इनमें आदिके अढ़ाई द्वीप और दो समुद्रोंकी प्ररूपणा विस्तारपूर्वक चतुर्थ महाधिकारमें की जा चुकी है।

यहां आठवें, ग्यारहवें और तेरहवें द्वीपका कुछ विशेष वर्णन किया गया है। शेष द्वीपोंमें कोई विशेषता न होनेसे उनका वर्णन नहीं किया। आठवें नन्दीश्वर द्वीपके वर्णनमें बतलाया है कि उसका विस्तार १६३८४००००० योजन है। इसके मध्यमें चारों दिशाओंमें एक एक अंजनगिरि नामक पर्वत है जिसके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें एक एक लाख योजन विस्तारसे संयुक्त समचतुष्कोण चार चार वापिकायें हैं। इनके मध्यमें एक एक दधिमुख पर्वत और ऊपर बाह्य दोनों कोनोंमें एक एक रतिकर गिरि है। इस प्रकार हर एक दिशामें जो एक एक अंजनगिरि, चार चार दधिमुख और आठ आठ रतिकर पर्वत हैं उन सबके शिखरोंपर एक एक रत्नमय जिनभवन है। ये सब चारों दिशाओंमें बावन हैं। प्रतिवर्ष आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मासमें भवनवासी आदि चारों प्रकारके देव यहां आकर शुक्ल पक्षकी अष्टमीसे पूर्णिमा तक उन जिनभवनोंमें भक्तिपूर्वक पूजा करते हैं। इनमेंसे कल्पवासी देव पूर्व दिशामें, भवनवासी दक्षिणमें, व्यन्तर पश्चिममें और ज्योतिषी देव उत्तर दिशामें पूर्वाह्न, अपराह्न, पूर्व रात्रि व पश्चिम रात्रिमें दो दो प्रहर तक अभिषेकपूर्वक जल-चन्दनादिक आठ द्रव्योंसे पूजन करते व स्तुति करते हैं।

इस पूजामहोत्सवके निमित्त जो कल्पवासी १४ देवेन्द्र अपने अपने वाहनोंपर आरूढ़ होकर हाथमें कुछ फल-पुष्पादिको लिये हुए वहां जाते हैं उनके नाम यहां (५, ८४–९७) इस प्रकार बताये गये हैं — सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मेन्द्र, ब्रह्मोत्तरेन्द्र, शुक्रेन्द्र, महाशुक्रेन्द्र, शतारेन्द्र, सहस्रारेन्द्र आनतेन्द्र, प्राणतेन्द्र, आरणेन्द्र और अच्युतेन्द्र।

आगे चलकर कुण्डलवर और रुचकवर, इन दो द्वीपोंका कुछ थोड़ासा वर्णन करके यह बतलाया है कि जम्बूद्वीपसे आगे संख्यात द्वीप-समुद्रोंके पश्चात् एक दूसरा भी जम्बूद्वीप है। इसमें जो विजयादिक देवोंकी नगरियां स्थित हैं उनका यहां विशेष वर्णन किया गया है।

तत्पश्चात् अन्तिम स्वयम्भूरमण द्वीप और उसके बीचोंबीच वलयाकारसे स्थित स्वयम्प्रभ पर्वतका निर्देश कर यह प्रगट किया है कि लवणोद, कालोद और स्वयम्भूरमण

ये तीन समुद्र चूंकि कर्मभूमिसम्बद्ध हैं, अतः इनमें तो जलचर जीव पाये जाते हैं, किन्तु वे अन्य किसी और समुद्रमें नहीं पाये जाते।

आगे उन्नीस पक्षोंका उल्लेख करके उनमें द्वीप-समुद्रोंके विस्तार, खंडशलाकाओं, क्षेत्रफल, सूचीप्रमाण और आयाममें जो उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है उसका गणितप्रक्रियाके द्वारा बहुत विस्तारसे विवेचन किया है। पश्चात् चौंतीस भेदोंमें विभक्त तिर्यंच जीवोंकी संख्या, आयु, आयुबन्धक भाव, योनियां, सुख-दुख, गुणस्थानादिक, सम्यक्त्वग्रहणके कारण और पर्यायान्तर प्राप्तिका कथन किया गया है। फिर उक्त चौंतीस प्रकारके तिर्यंचोंमें अल्पबहुत्व और अवगाहनाविकल्पोंको बतला कर इस महाधिकारको समाप्त किया है।

६ व्यन्तरलोक– महाधिकारमें १०३ पद्य हैं। इसमें सत्तरह अन्तराधिकारोंके द्वारा व्यन्तर देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, चिह्न, कुलभेद, नाम, दक्षिण–उत्तर इन्द्र, आयु, आहार, उच्छ्वास, अवधिज्ञान, शक्ति, उत्सेध, संख्या, जन्म-मरण, आयुबन्धक भाव, दर्शनग्रहणकारण और गुणस्थानादि विकल्पोंकी प्ररूपणा की गई है। इसमें कुछ विशेष बातोंको ही बतला कर शेष प्ररूपणा तृतीय महाधिकारमें वर्णित भवनवासी देवोंके समान बतला दी गई है।

७ ज्योतिर्लोक– महाधिकारमें ६१९ पद्य हैं। इसमें ज्योतिषी देवोंका निवासक्षेत्र, उनके भेद, संख्या, विन्यास, परिमाण, चर ज्योतिषियोंकी गति, अचर ज्योतिषियोंका स्वरूप, आयु, आहार, उच्छ्वास, उत्सेध, अवधिज्ञान, शक्ति, एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति व मरण, आयुबन्धक भाव, सम्यग्दर्शनग्रहणके कारण और गुणस्थानादिवर्णन, इन सत्तरह अन्तराधिकारोंके द्वारा ज्योतिषी देवोंकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है।

निवासक्षेत्रकी प्ररूपणामें बतलाया है कि एक राजु लम्बे-चौड़े और ११० योजन मोटे क्षेत्रमें ज्योतिषी देवोंका निवास है। चित्रा पृथिवीसे ७९० योजन ऊपर आकाशमें तारागण, इनसे १० यो. ऊपर सूर्य, उससे ८० यो. ऊपर चन्द्र, उससे ४ यो. ऊपर नक्षत्र, उनसे ४ यो. ऊपर बुध, उससे ३ यो. ऊपर शुक्र, उससे ३ यो. ऊपर गुरु, उससे ३ यो. ऊपर मंगल और उससे ३ यो. ऊपर जाकर शनिके नगर (विमान) हैं। ये नगरस्थल ऊर्ध्वमुख अर्ध गोलकके आकार हैं। इनमें चन्द्रनगरस्थलोंका उपरिम तलविस्तार $\frac{५६}{६१}$ यो., सूर्यनगरस्थलोंका $\frac{४८}{६१}$ यो., नक्षत्रनगरस्थलोंका $\frac{१}{२}$ यो., बुधका $\frac{१}{४}$ यो., शुक्रका $\frac{१}{४}$ यो., गुरुका कुछ कम $\frac{१}{४}$ यो., मंगलका $\frac{१}{४}$ यो. और शनिका $\frac{१}{४}$ यो. है। ताराओंके नगरस्थलोंका उपरिम तलविस्तार २०००, १५००, १००० और ५०० धनुष प्रमाण है। इन नगरस्थलोंका बाहल्य अपने अपने विस्तारसे आधा है। वे सब देव इन नगरस्थलोंमें सपरिवार आनन्दसे रहते हैं। इनमें चन्द्रनगरस्थलोंको सोलह हजार देवोंमेंसे चार चार हजार देव क्रमसे

पूर्वादिक दिशाओंमें खींचते हैं। अत एव वे सदा गतिमान् रहते हैं। इसी प्रकार अन्य सूर्यादिके नगरस्थलोंको भी आभियोग्य जातिके देव सदा खींचते रहते हैं।

इन ज्योतिषी देवोंमेंसे चन्द्रको इन्द्र और सूर्यको प्रतीन्द्र माना गया है। चन्द्रका चारक्षेत्र जम्बूद्वीपमें १८० यो. और लवणसमुद्रमें ३३०$\frac{४८}{६१}$ यो. है। इस चारक्षेत्रमें चन्द्रकी अपने मण्डल प्रमाण ($\frac{५६}{६१}$ यो.) विस्तारवाली ८५ गलियां हैं। प्रथम गली मेरुसे ४४८२० यो. की दूरीपर है। दूसरी गली इससे ३६$\frac{१७३}{६२७}$ यो. दूर है। इसी प्रकार आगेकी गलियां उत्तरोत्तर ३६$\frac{१७३}{६२७}$ यो. अधिक दूर होती गई हैं। इस प्रकार अन्तिम १५ वीं गली मेरुसे ४५३२९ $\frac{३५१}{६२७}$ यो. की दूरीपर है।

जम्बूद्वीपमें दो चन्द्र हैं। इनका अन्तर मेरुके विस्तारसे अधिक उसकी दूरीसे दूना रहता है। जैसे– प्रथम वीथीमें उन दोनोंका अन्तर ४४८२०×२+१०००=९९६४० यो. रहता है। प्रथम पथकी परिधिका प्रमाण ३१५०८९ यो. है। इससे आगे द्वितीयादिक पथोंकी परिधि २३०$\frac{१४३}{६२७}$ यो. अधिक होती गई है। चूंकि प्रथम पथसे द्वितीयादि पथोंकी ओर जाते हुए वे चन्द्रादिक देवोंके विमान शीघ्र गमनशील और वापिस आते समय मन्द गमनशील होते हैं, अतः वे उन विषम परिधियोंका परिभ्रमण समान कालमें ही पूर्ण करते हैं। उक्त पन्द्रह परिधियोंमेंसे प्रत्येक परिधिके १०९८०० यो. प्रमाण गगनखण्ड किये गये हैं। इनमें १७६७ गगनखण्डोंको एक चन्द्र एक मुहूर्तमें लांघता है। समस्त गगनखण्डोंको दोनों चन्द्र ६२$\frac{२३}{२२१}$ (१०९८०० ÷ १७६८) मुहूर्तोंमें लांघते हैं। अत एव चान्द्र दिवसका प्रमाण ३१$\frac{२४}{६२}$ मुहूर्त कहा है।

चन्द्रनगरस्थलोंसे ४ प्रमाणांगुल (८३$\frac{१}{३}$ हाथ) नीचे राहुविमानके ध्वजदण्ड हैं। ये अरिष्ट रत्नमय राहुविमान कुछ कम एक यो. विस्तृत और इससे आधे बाहल्यवाले हैं। इनका वर्ण कज्जल जैसा है। इनकी गति दिनराहु और पर्वराहुके भेदसे दो प्रकार है। जिस मार्गमें चन्द्र परिपूर्ण दिखता है वह दिन पूर्णिमा नामसे प्रसिद्ध है। इस मार्गसे अव्यवहित दूसरे मार्गमें चन्द्र वायव्य दिशाकी ओरसे और राहु आग्नेय दिशाकी ओरसे प्रविष्ट होते हैं। यहां दिनराहु अपनी गतिविशेषसे चन्द्रमण्डलकी एक कला ($\frac{५६}{६१}$ ÷ १६ = $\frac{७}{१२२}$ यो.) आच्छादित करता है। इस प्रकार प्रत्येक मार्गमें दिनराहु द्वारा एक एक कलाके आच्छादित करनेपर जिस मार्गमें चन्द्रकी एक कला ही अवशिष्ट रहती है वह दिन अमावस्या कहा जाता है। पश्चात् वह दिनराहु प्रतिपदासे प्रत्येक पथमें चन्द्रकी एक एक कलाको छोड़ता जाता है। पक्षान्तरमें यहां यह भी कह दिया है कि " अथवा चन्द्रबिम्ब पन्द्रह दिन पर्यन्त स्वभावतः

कृष्णवर्ण और शुक्लवर्ण परिणमता है" । पर्वराहु छह छह मासोंमें पूर्णिमाके अन्तमें गतिविशेषसे चन्द्रमण्डलोंको आच्छादित किया करते हैं ।

चन्द्रके समान सूर्य भी जम्बूद्वीपमें दो ही हैं । इनकी भी संचारभूमि $५१०\frac{४८}{६१}$ (१८० + ३३० + $\frac{४८}{६१}$) यो. है । इसमें सूर्यबिम्बके समान विस्तृत और इससे आधे बाहल्य-वाली १८४ वीथियां हैं । प्रथम वीथीमें सूर्य मेरुसे ४४८२० यो. दूर रहता है । यह दूरी आगे उत्तरोत्तर $२\frac{४८}{६१}$ यो. अधिक होती गई है । प्रथम पथमें स्थित दोनों सूर्योंका अन्तर ९९६४० यो. (४४८२० × २ + १००००) यो. होता है । यह अन्तर द्वितीयादि पथोंमें $५\frac{३५}{६१}$ यो. अधिक होता गया है । इन पथपरिधियोंमेंसे प्रत्येकके १०९८०० यो. प्रमाण गगनखण्ड किये गये हैं । चूंकि सूर्य एक मुहूर्तमें इनमेंसे १८३० गगनखण्डोंको लांघता है, अतः समस्त गगनखण्डोंके लांघनेमें दोनों सूर्योंको ६० मुहूर्त लगते हैं । सूर्य जब प्रथम पथमें स्थित रहता है तब दिन व रात्रि क्रमशः १८ व १२ मुहूर्त प्रमाण होते हैं । आगे द्वितीयादि पथोंमें दिन $\frac{३}{६१}$ मुहूर्त कम और रात्रि उतनी ही अधिक होती जाती है । इस प्रकार अन्तिम पथमें सूर्यके स्थित रहनेपर दिनका प्रमाण १२ मुहूर्त और रात्रिका १८ मुहूर्त हो जाता है ।

इसके आगे सूर्यके प्रथमादि पथोंमें स्थित होनेपर कहां कितनी धूप और कितना अंधेरा रहता है, यह विस्तारसे बतलाया है । इसी प्रकार भरत एवं ऐरावत क्षेत्रमें सूर्यके उदयकालमें कहां कितना दिन और रात्रि होती है, यह भी निर्दिष्ट कर दिया है । जम्बूद्वीपमें स्थित दोनों सूर्य पृथक् पृथक् आग्नेय व वायव्य दिशासे दो दो योजन लांघकर प्रथम पथसे द्वितीय पथमें प्रविष्ट होते हैं ।

तत्पश्चात् अठासी ग्रहोंकी संचारभूमि और वीथियोंका निदश मात्र किया है, उनकी विशेष प्ररूपणा नहीं की गई है । इसका कारण काल वश तद्विषयक उपदेशका नष्ट हो जाना बतलाया गया है । आगे चलकर अट्ठाईस नक्षत्रोंकी प्ररूपणा की गई है । इसका विवरण पृ. १०३० पर यंत्रके रूपमें दिया गया है, अतः वहांपर देखा जा सकता है । तत्पश्चात् चन्द्र-सूर्यादि उक्त ज्योतिषी देवोंकी संख्या, आहार, उच्छ्वास, और उत्सेध आदिको कहकर इस महाधिकारको समाप्त किया गया है ।

८ सुरलोक–महाधिकारमें ७०३ पद्य हैं । इसमें वैमानिक देवोंका निवासक्षेत्र, विन्यास, भेद, नाम, सीमा, विमानसंख्या, इन्द्रविभूति, आयु, जन्म-मरणअन्तर, आहार, उच्छ्वास, उत्सेध, आयुबन्धक भाव, लौकान्तिक देवोंका स्वरूप, गुणस्थानादिक,

सम्यक्त्वग्रहणके कारण, आगमन, अवधिज्ञान, देवोंकी संख्या, शक्ति और योनि, इन इकतीस अन्तराधिकारोंके द्वारा वैमानिक देवोंकी विस्तारसे प्ररूपणा की है।

यहां विमानोंके रचनाक्रममें समस्त इन्द्रक विमानोंकी संख्या नामनिर्देशपूर्वक ६३ बतलायी है। सभी इन्द्रक विमानोंके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें श्रेणिबद्ध विमान और विदिशाओंमें प्रकीर्णक विमान स्थित है। उनमेंसे प्रथम ऋतु इन्द्रकके चारों ओर प्रत्येक दिशामें बासठ श्रेणिबद्ध विमान हैं। इसके आगे उत्तरोत्तर १-१ श्रेणिबद्ध विमान कम (६१, ६० इत्यादि) होता गया है।

यहां गाथा ८४ के अनुसार ऋतु इन्द्रकके चारों ओर ६३-६३ श्रेणिबद्ध विमान भी बतलाये गये हैं। वहां आगे यह भी बतला दिया गया है कि जिनके मतानुसार ६३ श्रेणिबद्ध कहे गये हैं वे सर्वार्थसिद्धि इन्द्रककी चारों दिशाओंमें भी एक एक श्रेणिबद्ध विमान स्वीकार करते हैं। यहां गाथा ८५ में 'बासट्ठी' पद अशुद्ध प्रतीत होता है, उसके स्थानमें 'तेसट्ठी' पद होना चाहिये।

उक्त दोनों मतोंमें पूर्व मतका आश्रय करके ही प्रस्तुत ग्रन्थमें इन्द्रक, श्रेणिबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंकी सर्वत्र संख्या निर्दिष्ट की है। गा. १२५ में सर्वार्थसिद्धि इन्द्रककी पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशाओंमें जो क्रमशः विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित नामक चार विमान बतलाये हैं वे श्रेणिबद्ध ही कहे जावेंगे। यह कथन द्वितीय मतके आधारसे ही सम्भव है, क्योंकि, प्रथम मतके अनुसार वहां श्रेणिबद्धोंकी सम्भावना नहीं है। आगे गा. १२६ में उन विजयादिक विमानोंके दिशाक्रममें एक अन्य मतका भी उल्लेख किया गया है। हरिवंशपुराण और वर्तमान लोकविभागमें द्वितीय मतको स्वीकार करके सर्वत्र श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या निर्दिष्ट की गई है।

इसी प्रकार तिलोयपण्णत्तिकारके सामने बारह और सोलह कल्पों विषयक भी पर्याप्त मतभेद रहा है। उन्होंने प्रथमतः बारह कल्पोंका स्वरूप बतलाते हुए यह कहा है कि ऋतु आदि इकतीस इन्द्रक; इनके पूर्व, पश्चिम व दक्षिण इन तीन दिशाओंमें स्थित श्रेणिबद्ध विमान; तथा नैऋत्य एवं आग्नेय विदिशाओंके प्रकीर्णक विमान; ये सब सौधर्म कल्पके अन्तर्गत हैं। उक्त इन्द्रक विमानोंकी उत्तर दिशाके श्रेणिबद्ध तथा वायव्य व ईशान विदिशाओंमें स्थित प्रकीर्णक, इन सबको ईशान कल्प कहा गया है। इसी दिशाक्रमसे सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्पोंका भी स्वरूप बतलाया गया है। अरिष्टादिक चारों इन्द्रक, उनके समस्त श्रेणिबद्ध और सभी प्रकीर्णक विमान, इनको ब्रह्म कल्प कहा गया है। यही क्रम लान्तव, महाशुक्र और सहस्रार कल्पोंमें है। आगे आनतादिक छह इन्द्रक; उनके पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण

दिशाके श्रेणिबद्ध और नैऋत्य व आग्नेय विदिशाओंके प्रकीर्णक; इन सबको आनत-आरण कल्प तथा उनके उत्तरके श्रेणिबद्ध और वायव्य एवं ईशान विदिशाओंके प्रकीर्णक, इनको प्राणत-अच्युत कल्प बतलाया है। यहां आनत, प्राणत, आरण और अच्युत कल्पोंका स्वरूप पृथक् पृथक् नहीं बतलाया जा सका है। इन बारह कल्पोंमें गणित प्रक्रियाके अनुसार उन्होंने श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या निर्धारित की है। तत्पश्चात् उनमें प्रकीर्णक विमानोंकी भी संख्याका निर्देश करके उन्होंने सोलह कल्पोंके मतानुसार भी उक्त विमानोंकी संख्या समुदित (८, १७८-१८५) रूपमें बतला दी है। सोलह कल्पोंके मतानुसार उन कल्पोंकी सीमा निर्धारित करके (८-१४८) भी उनमें पृथक् पृथक् इन्द्र (सोलह) क्यों नहीं स्वीकार किये गये, यह विचारणीय है।

इसके आगे इन्द्रविभूतिप्ररूपणामें इन्द्रोंके सामानिक-त्रायस्त्रिंश आदि रूप देवपरिवार, उनकी देवियोंका प्रमाण एवं प्रासादादिकका वर्णन है। पटलक्रमसे सभी देव-देवियोंकी आयुका भी विस्तारसे कथन किया गया है।

तत्पश्चात् इन्द्रादिकोंके जन्म-मरणके अन्तरको बतला कर गा. ५४९-५० में उक्त अन्तरको प्रकारान्तरसे फिर भी बतलाया गया है। गाथा ५४९ त्रिलोकसार (५२९) में ज्योंकी त्यों पायी जाती है। आगे गा. ५५१ से ५५४ में आयुके अनुसार आहारकालकी प्ररूपणा की है। गा. ५५५ में सौधर्म इन्द्रके सोम और यम लोकपालोंके आहारकालका प्रमाण $\frac{२५}{२}$ दिन बतलाया है, परन्तु वरुण और कुबेर लोकपालोंके आहारकालका उल्लेख यहां कुछ भी नहीं है। इसके आगे गा. ३ में की गई प्रतिज्ञाके अनुसार उच्छ्वासकाल और उत्सेधकी भी प्ररूपणा पायी जानी चाहिये थी, परन्तु वह भी यहां उपलब्ध नहीं होती। अतः सम्भव है कि यहां प्रतियोंमें कुछ पाठ छूट गया है। यह उत्सेधप्ररूपणा मूलाचारके पर्याप्ति अधिकारमें (गा. २३ से २७) तथा सर्वार्थसिद्धि आदि अन्य ग्रन्थोंमें भी यथास्थान पायी जाती है।

इसके साथ ही एक-दो गाथायें आयुबन्धप्ररूपणाकी भी छूट गई प्रतीत होती हैं, क्योंकि, यहां भोगभूमिजोंकी उत्पत्तिका क्रम उपलब्ध नहीं होता, जब कि उनका उत्पाद केवल देवगतिमें ही सम्भव है। कौन कौनसे जीव आकर देवगतिमें कहां कहां जन्म लेते हैं, इसके लिये निम्न प्रकार यंत्र दिया जाता है। इसमें प्रस्तुत ग्रन्थके अतिरिक्त मूलाचार, तत्त्वार्थराजवार्तिक, हरिवंशपुराण और त्रिलोकसार ग्रन्थोंका भी आश्रय लिया गया है।

देवोंमें उत्पत्तिक्रम

कौनसे जीव ?	तिलोयपण्णत्ति ८, ५५६-५६४	मूलाचार १२,११८-१२५	तत्त्वार्थराजवार्तिक ४, २१, १०	हरिवंशपुराण ६,१०३-१०७	त्रिलोकसार ५४५-५४७
दशपूर्वधर	सौधर्मसे सर्वार्थ.	....	....	....	....
चतुर्दशपूर्वधर	लान्तवसे "	....	....	....	....
देशव्रती	सौधर्मसे अच्युत	अच्युत कल्प तक	सौधर्मसे अच्युत	सौधर्मसे अच्युत	अच्युत कल्प
स्त्री	अच्युत कल्प तक	"	....	....	....
निर्ग्रन्थ अभव्य	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक तक	उपरिम ग्रैवेयक	ग्रैवेयक तक
निर्ग्रन्थ सम्य.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.	उ. ग्रै. से सर्वार्थ.
चरक	भवन. से ब्रह्म.	....	....	....	ब्रह्मोत्तर तक
परिव्राजक	"	ब्रह्मलोक तक	ब्रह्मलोक तक	ब्रह्मलोक तक	"
संज्ञी पंचे.ति.मि.	सहस्रार तक	....	सहस्रार तक	....	....
आजीवक	भवनसे अच्युत	सहस्रार तक	"	सहस्रार तक	अच्युत तक
तापस	....	भवनत्रिक	भवनत्रिक	ज्योतिर्लोक तक	भवनत्रिक
भोगभूमिज मि.	....	"	"	....	"
संज्ञी मिथ्यादृष्टि	भवनत्रिक (३-२००)	भवनवासी,व्यन्तर	सहस्रार तक	....	....
असंज्ञी "	"	"	भवनवासी, व्यन्तर	....	....
संज्ञी पंचे.ति. स.	....	....	सौधर्मसे अच्युत	....	अच्युत तक
भोगभूमिज सम्य	....	देव	सौधर्म-ईशान	....	सौधर्मद्विक

आगे जाकर उत्पत्तिप्रकार, सुख, तमस्काय, लौकान्तिक देव, गुणस्थानादिक, सम्यग्दर्शनग्रहणके कारण, आगति, अवधिविषय, संख्या और योनि, इन सबकी प्ररूपणा करके इस अधिकारको पूर्ण किया है। यहां योनिप्ररूपणामें जो दो गाथायें (७००-७०१) दी गई हैं वे प्रतियोंमें यहां उपलब्ध न होकर आगे नौवें अधिकारमें गाथा १० के आगे पायी जाती हैं, जहां वे अप्रकृत हैं।

९ सिद्धलोक – महाधिकारमें सिद्धोंका क्षेत्र, उनकी संख्या, अवगाहना और सुखका वर्णन करके जिस भावनासे सिद्धत्व पद प्राप्त होता है उसका कथन किया गया है। इस प्रकरणकी बहुतसी गाथायें समयसार, प्रवचनसार और पंचास्तिकायमें दृष्टिगोचर होती हैं।

६ त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी अन्य ग्रंथोंसे तुलना

१ समयसार, पंचास्तिकाय व प्रवचनसार

ये तीनों भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यविरचित द्रव्यार्थिकनयप्रधान आध्यात्मिक ग्रन्थ हैं। इनका रचनाकाल सम्भवतः विक्रमकी प्रथम शताब्दि है।

तिलोयपण्णत्तिका नौवां अधिकार सिद्धत्व महाधिकार है। इसमें गाथा १८–६५ में सिद्धत्वकी हेतुभूत भावनाका वर्णन किया गया है। इन गाथाओंमें कितनी ही गाथायें प्रवचनसार व समयसारकी ज्योंकी त्यों हैं, ४-६ गाथायें पंचास्तिकायकी भी हैं। वे गाथायें स्वयं तिलोयपण्णत्तिकारके द्वारा निर्मित न होकर उपर्युक्त ग्रन्थोंसे वहां ली गई हैं, यह हम सिद्ध करनेका प्रयत्न करते हैं—

(१) तिलोयपण्णत्तिके प्रथम महाधिकारमें गा. ९३ के द्वारा उपमा-मानके आठ भेदोंका निर्देश करके आगेकी ९४वीं गाथामें तीन प्रकारके पल्यों व उनके उपयोगकी सूचना की गई है। ठीक इसके पश्चात् ही प्रकरणके पूर्वापर सम्बन्धकी कुछ भी सूचना न करके पुद्गलभेदोंका निर्देश करनेवाली निम्न गाथा दी गई है—

खंदं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति।
अद्धद्धं च पदेसो अविभागी होदि परमाणू ॥ ९५ ॥

यह गाथा पंचास्तिकायकी है। वहां इस गाथाके पूर्वमें निम्न गाथा उपलब्ध होती है—

खंधा य खंधदेसा खंधपदेसा य होंति परमाणू।
इदि ते चदुव्वियप्पा पुग्गलकाया मुणेयव्वा ॥ ७४ ॥

वहां यहांसे पुद्गल-अस्तिकायका प्रकरण प्रारम्भ होता है। इस गाथामें स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश और परमाणु, ये चार पुद्गल-अस्तिकायके भेद बतलाये गये हैं। ठीक इसके पश्चात् ही प्रस्तुत गाथाके द्वारा उन चारों पुद्गलभेदोंका लक्षण बतलाया गया है। इससे सुस्पष्ट है कि उस गाथाकी स्थिति पंचास्तिकायमें कितनी दृढ व सुसंगत है। यदि

---

१ खंधं सयलसमत्थं तस्स दु अद्धं भणंति देसो त्ति। अद्धद्धं च पदेसो परमाणू चेव अविभागी ॥ पंचा. ७५.

इस गाथाको वहांसे अलग कर दिया जावे तो पूर्व गाथामें कहे गये उन स्कन्धादिकोंका लक्षण न बतलानेसे प्रकरण अधूरासा ही रह जाता है। परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें उसकी ऐसी स्थिति नहीं है। वहां यदि यह गाथा न भी रहती तो भी पाठक प्रकरणकी असंगतिका अनुभव कदापि नहीं कर सकते थे।

(२) इसके आगे तिलोयपण्णत्तिमें आयी हुई गाथा ९७ और १०१ भी पंचास्तिकायमें क्रमशः ८१ और ७८ नं. पर पायी जाती हैं[१]। वहां तिलोयपण्णत्तिमें आयी हुई गा. १०१ के 'आदेसमुत्तमुत्तो' के स्थानमें 'आदेसमत्तमुत्तो'; 'जादो' के स्थानमें 'जो दु' और 'य खंदस्स' के स्थानमें 'सयमसद्दो' पाठभेद पाया जाता है जो सुव्यवस्थित है। यदि वहां 'आदेसमुत्तमुत्तो' पाठ लेते हैं तो उसका सुसंगत अर्थ नहीं बैठता। किन्तु 'आदेसमत्तमुत्तो' के होनेपर उसका इस प्रकार सुसंगत अर्थ हो जाता है– जो आदेश मात्र अर्थात् केवल संज्ञादिकके भेदसे ही मूर्तिक है, किन्तु वस्तुतः एकप्रदेशी होनेसे अमूर्तिक ही है। कर्तृपदके रूपमें तथा 'सो' पदका सापेक्ष होनेसे 'जो दु' में 'जो' पदका प्रयोग उचित है। 'जादो' पाठ असम्बद्ध है। इसी प्रकार चतुर्थ चरणके अन्तमें 'खंदस्स' पद भी असम्बद्ध व अनर्थक है। किन्तु 'सयमसद्दो' पाठ 'शब्दका कारण होनेपर भी स्वयं शब्दपर्यायसे रहित है' अर्थका बोधक होनेसे अधिक उपयोगी है। पंचास्तिकायमें इसके आगे आयी हुई 'सद्दो खंधप्पभवो' आदि गाथा इस अर्थको और भी पुष्ट कर देती है।

(३) ति. प. के नौवें अधिकारमें निम्न गाथा है—

कम्मे णोकम्मम्मि य अहमिदि अहयं च कम्म-णोकम्मं।
जायदि सा खलु बुद्धी सो हिंडइ गरुवसंसारे ॥ ४३ ॥

इसके उत्तरार्धमें प्रयुक्त 'सा' और 'सो' सर्वनाम पद 'जा' और 'जो' सर्वनाम पदोंकी अपेक्षा रखते हैं। परन्तु यहां उन दोनों ही पदोंका अभाव है। अतः एव बिना खींचातानीके उसका अर्थ ठीक नहीं बैठता। अब जरा इसी गाथाका असली रूप समयसारमें देखिये। वहां वह इस प्रकार है—

कम्मे णोकम्मम्हि य अहमिदि अहकं च कम्म-णोकम्मं।
जा एसा खलु बुद्धी अप्पडिबुद्धो हवदि ताव ॥ स. सा. १-१९.

अब इस रूपमें उसका अर्थ बड़ी सरलतासे इस प्रकार किया जा सकता है— कर्म

१ एयरस-वण्ण-गंधं दो फासं सद्दकारणमसद्दं। खंधंतरिदं दव्वं परमाणुं तं वियाणेहि ॥ ८१ ॥
आदेसमत्तमुत्तो धादुचदुक्कस्स कारणं जो दु। सो णेओ परमाणू परिणामगुणो सयमसद्दो ॥ ७८ ॥

और नोकर्ममें 'अहम्' ऐसी, तथा 'मै हूं सो ही कर्म-नोकर्म है' इस प्रकारकी यह बुद्धि 'जा=जाव' अर्थात् जब तक बनी रहती है 'ताव' अर्थात् तब तक यह जीव अप्रतिबुद्ध अर्थात् स्वानुभवसे शून्य बहिरात्मा ही बना रहता है।

उसके इस रूपको देखते हुए इसमें कोई सन्देह नहीं रहता कि उपर्युक्त गाथा उक्त परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिमें समयसारसे ही ली गई है।

(४) इसके आगे तिलोयपण्णत्तिमें एक दूसरी गाथा इस प्रकार है—

परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।
संसारगमणहेदुं विमोक्खहेदुं अयाणंता ॥ ५३ ॥

यह गाथा समयसार (३-१०) में ज्योंकी त्यों पायी जाती है। इसके पूर्वमें वहां निम्न तीन गाथायें हैं जो विशेष ध्यान देने योग्य हैं—

परमट्ठो खलु समओ सुद्धो जो केवली मुणी णाणी।
तम्हि ट्ठिदा सहावे मुणिणो पावंति णिव्वाणं ॥ ७ ॥
परमट्ठम्मि य अठिदो जो कुणदि तवं वदं च धारयदि।
तं सव्वं बालतवं बालवदं बिंति सव्वण्हू ॥ ८ ॥
वद-णियमाणि धरंता सीलाणि तहा तवं च कुव्वंता।
परमट्ठबाहिरा जेण तेण ते होंति अण्णाणी ॥ ९ ॥

यहां प्रथम गाथामें बन्धका अकारण और मोक्षका कारण होनेसे ज्ञानको परमार्थ या आत्मा कह कर उसके ही नामान्तर समय, शुद्ध, केवली, मुनि व ज्ञानी बतलाये हैं और इसके साथ ही यह भी बतला दिया है कि जो मुनि उस स्वभावमें स्थित हैं वे निर्वाणको प्राप्त करते हैं।

आगेकी दूसरी गाथामें यह बतलाया है कि इस ज्ञानस्वरूप परमार्थमें स्थित न होकर जो तप व व्रतको धारण करता है उसका वह सब तप व व्रत बालतप एवं बालव्रत ही है, वास्तविक नहीं है। ऐसा बतला कर तप एवं व्रतको परमार्थभूत ज्ञानसे रहित होनेके कारण मोक्षका अहेतु सूचित कर दिया है।

तीसरी गाथामें व्रत-नियमोंको धारण करनेवाले तपस्वियोंको परमार्थबाह्य होनेसे अज्ञानी बतलाया गया है।

इनसे आगे प्रकृत गाथामें अज्ञानतासे केवल अशुभ कर्मको बन्धका कारण मान उक्त व्रत-नियम-शीलादि रूप पुण्य कर्मको भी बन्धका कारण न जानकर उसे मोक्षका हेतु माननेवाले उन्हीं परमार्थबाह्योंको पुण्यका इच्छुक बतलाया है और इस प्रकारसे उनकी संसार-हेतु विषयक अज्ञानता प्रगट की गई है।

इस पूर्वापर प्रकरणको देखकर अब पाठक स्वयं निर्णय करें कि उक्त गाथा समयसारकी होनी चाहिये या तिलोयपण्णत्तिकी।

(५) एक और भी नमूना लीजिये—

पडिक्कमणं पडिसरणं पडिहरणं धारणा णियत्ती य।
णिंदण-गरहण-सोही लब्भंति णियादभावणए ॥ ति प. ९-४९.

यह गाथा समयसार (८-१९) में भी पायी जाती है। वहां उसका उत्तरार्ध इस प्रकार है — णिंदा गरुहा सोहि य अट्ठविहो होदि विसकुंभो।

इसके आगे वहां निम्न गाथा और भी है—

अपडिक्कमणं अपडिसरणं अप्पडिहारो अधारणा चेव।
अणियत्ती य अणिंदा अगरुहा विसोहि य अमयकुंभो ॥ २० ॥

यहां इन दो गाथाओंके द्वारा प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहरण, धारणा, निवृत्ति, निन्दा, गर्हा और विशुद्धि, इन आठको विषकुम्भ तथा इनसे विपरीत अप्रतिक्रमणादि रूप आठको अमृतकुम्भ बतलाया है। अभिप्राय यह कि प्रतिक्रमणादि व अप्रतिक्रमणादि रूप उभय अवस्थाओंसे रहित होकर तृतीय अवस्था (शुद्धोपयोग) पर लक्ष्य रखनेवालेके लिये निरपराध होनेसे वे प्रतिक्रमणादिक अकिंचित्कर ही है, अतः हेय हैं। परन्तु जो इस तृतीय भूमिको न देखकर केवल व्यवहार नयका आश्रय कर प्रतिक्रमणादिकको ही मोक्षहेतु मानता है उसके लिये वे विषकुम्भके ही समान हैं। वे (प्रतिक्रमणादिक) शुद्धोपयोग रूप तृतीय भूमिकाकी प्राप्तिमें कारण होनेसे केवल व्यवहार नयकी अपेक्षा उपादेय हैं, निश्चयसे नहीं।

अब देखिये कि उक्त दो गाथाओंमेंसे तिलोयपण्णत्तिमें केवल प्रथम गाथा ही कुछ पाठ-परिवर्तनके साथ उपलब्ध होती है। इस पाठपरिवर्तनसे उसकी यथार्थता नष्ट हो गई है, क्योंकि, उक्त पाठभेद (लब्भंति णियादभावणए) के कारण उन्हें (प्रतिक्रमणादिकोंको) निजात्मभावनाके द्वारा प्राप्तव्य या उपादेय मानना पड़ता है, जो प्रकृत (सिद्धस्वभाव) में विरुद्ध पड़ता है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यह गाथा समयसारसे ही यहां ली गई है।

इनके अतिरिक्त २१, २४, २५, ४२ और ६२-६४ गाथायें भी समयसारमें जैसीकी तैसी या कुछ परिवर्तनके साथ पायी जाती हैं (देखिये समयसार १, गा. १०, ३८, ३६, ११, ८-६, २-१, और २-८.)।

इसी प्रकार प्रवचनसारकी भी बीसों गाथायें तिलोयपण्णत्तिमें जैसीकी तैसी या कुछ

परिवर्तित रूपमें पायी जाती हैं। उदाहरण स्वरूप निम्न गाथाओंका मिलान किया जा सकता है—

ति. प. म. ९ प्र. सा.	१९ २-१०४	२६ २-९९	२८-३० २, ६८-७०	३१ २-१००	३२ २-९९	३३ २-१०२	३४ ३-४	३७ ३-३९	४४ २-१०४

ति. प. म. ९ प्र. सा.	५० २-१०३	५१ २-९८	५६ १-९	५७-५९ १, ११-१३

२ मूलाचार

इसके रचयिता श्री वट्टकेराचार्य हैं। इसमें १२ अधिकार व समस्त गाथायें १२५२ हैं। यह प्रायः मुनिधर्मका प्रतिपादन करता है। इसका रचनाकाल निश्चित नहीं है। फिर भी ग्रन्थकी रचनाशैली आदिको देखते हुए वह प्राचीन ही प्रतीत होता है। ति. प. गा. ८-५३२ में 'मूलाआरे इरिया' द्वारा सम्भवतः इसी ग्रन्थका उल्लेख किया गया प्रतीत होता है। यह माणिकचन्द ग्रन्थमाला द्वारा दो भागोंमें प्रकाशित हो चुका है। इसके अन्तमें जो पं. मेधाविविरचित हस्तलिखित प्रतिका प्रशस्ति-पाठ दिया गया है वही प्रशस्ति-पाठ आवश्यक परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिकी बंबई प्रतिके अन्तमें भी पाया जाता है। देखिये ति. प. पृ. ८८३ आदि)।

इसका अन्तिम (१२वां) अधिकार पर्याप्तयधिकार (पर्याप्तिसंग्रहिणी) है। इसमें आहारादिक छह पर्याप्तियां, देवशरीरकी विशेषता, चारों गतियोंके जीवोंका शरीरोत्सेध, जम्बूद्वीपकी परिधिका प्रमाण, जम्बूद्वीपादिक सोलह द्वीपोंके नामोंका निर्देश, द्वीप-समुद्रसंख्या, समुद्रोंके नाम व उनका जलस्वाद, मत्स्यादिकोंकी सम्भावना व उनका देहप्रमाण, गर्भज आदिकोंका देहप्रमाण, शरीराकृतिभेद, इन्द्रियविषय, योनिस्वरूप, चतुर्गति जीवोंका आयुप्रमाण, संख्याप्रमाण, उपपादप्रमाण, योग, वेद, देव-देवी आदिकोंकी उत्पत्ति, लेश्या, प्रवीचार, देवोंमें आहारकालका प्रमाण, देव-नारकियोंका अवधिविषय, गत्यागति, निर्वृतिमुत्व, इन्द्रिय-प्राण-जीव-समास-गुणस्थान-मार्गणास्थानादि, कुलकोटि, चारों गतियोंमें अल्पबहुत्व एवं बन्धस्वरूप व उसके भेद, इन विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

उपर्युक्त विषयोंमेंसे प्रायः (बन्धादिकको छोड़कर) सभी विषय तिलोयपण्णत्तिमें यथास्थान चर्चित हैं। इतना ही नहीं, बल्कि कितनी ही गाथायें दोनों ग्रन्थोंमें ज्योंकी त्यों या साधारण शब्दपरिवर्तनके साथ पायी जाती हैं। जैसे—

[1]कणयमिव णिरुवलेवा णिम्मलगत्ता सुयंधणीसासा ।
अणादिवरचारुरूवा समचतुरंसोरुसंठाणं ॥ १२-१०.

[2]केस-णह-मंसु-लोमा चम्म-वसा-रुहिर-मुत्त-पुरिसं वा ।
णेवट्ठी णेव सिरा देवाण सरीरसंठाणे ॥ १२-११.

[3]वरवण्ण-गंध-रस-फासादिव्वबहुपोग्गलेहिं णिम्माणं ।
गेण्हदि देवो देहं सुचरिदकम्माणुभावेण ॥ १२-१२.

[4]आ ईसाणा कप्पा उववादो होइ देव-देवीणं ।
तत्तो परं तु णियमा उववादो होइ देवाणं ॥ १२-९०.

[5]बालेसु य दाढीसु य पक्खीसु य जलचरेसु उववण्णा ।
संखेज्जाउठिदिया पुणो वि णिरयावहा होंति ॥ १२-११५.

[6]आ उवरिमगेवज्जं उववादो अभवियाण उक्कस्सो ।
उक्कट्ठेण तवेण दु णियमा णिग्गंथलिंगेन ॥ १२-१३४.

[7]तत्तो परं तु णियमा तव-दंसण-णाण-चरणजुत्ताणं ।
णिग्गंथाणुववादो जाव दु सव्वट्ठसिद्धि त्ति ॥ १२-१३५.

[8]आ ईसाणा देवा चएत्तु एइंदियत्तणे भज्जा ।
तिरियत्त-माणुसत्ते भयणिज्जा जाव सहसारा ॥ १२-१३६.

[9]तत्तो परं तु णियमा देवा वि अणंतरे भवे सव्वे ।
उववज्जंति मणुस्से ण तेसिं तिरिएसु उववादो ॥ १२-१३७

बारहवें अधिकारके अतिरिक्त अन्य अधिकारोंकी भी गाथायें जैसीकी तैसी या कुछ परिवर्तित रूपमें तिलोयपण्णत्तिमें उपलब्ध होती हैं । यथा—

पुढवी य वालुगा सक्करा य उवले सिला य लोणे य ।
अय तंब तउय सीसय रुप्प सुवण्णे य वइरे य ॥
हरिदाले हिंगुलये मणोसिला सस्सगंजण पवाले य ।
अब्भपडलब्भवालुय बादरकाया मणिविधीया ॥

---

१ ति. प. ३-१२५. २ ति. प. ३-२०८. ३ ति. प. ३-२०९. ४ ति. प. ८-५६५.
५ ति. प. २-२९०; प्रवचनसारोद्धार १०९३ ('णिरयावहा' के स्थानमें 'नरयाउया' है).
६ ति. प. ८-५६०. ७ ति. प. ८-५६१. ८ ति. प. ८-६८०. ९ ति. प. ८-६८१.

गोमज्झगे य रुजगे अंके फलिहे लोहिदंके य ।
चंदप्पभे य वेरुलिए जलकंते सूरकंते य ॥
गेरुय चंदण वव्वग वयमोए तह मसारगल्लो य ।
ते जाण पुढविजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ॥ मूला. ५, ९-१२.

(देखिये ति. प. गा. २, ११-१४ । यहां कुछ पाठ अशुद्ध हुआ प्रतीत होता है। जैसे– 'अंबवालुकाओ' = 'अब्भवालुकाओ' इत्यादि)

लोओ अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिप्पण्णो ।
जीवाजीवेहि भुडो णिच्चो तालरुक्खसंठाणो ॥
धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पुग्गलाणं च ।
जावत्तावल्लोगो आगासमदो परमणंतं ॥ मूला. ८, २२-२३.
(ति. प. १, १३३-३४.)

३ भगवती-आराधना

तिलोयपण्णत्तिके चतुर्थ महाधिकारमें ऋषभादिक तीर्थंकरोंकी विरक्तिके कारणोंका निर्देश करके गा. ६११-६४२ में उनकी वैराग्यभावनाका वर्णन किया गया है। इस प्रकरणमें कुछ ऐसी गाथायें हैं जो भगवती-आराधनामें भी ज्योंकी त्यों या कुछ शब्दपरिवर्तनके साथ पायी जाती हैं। उदाहरणार्थ— गा. ६१७, ६१८, ६२३, ६३४ व ६३५ भगवती-आराधनामें क्रमशः गा. १५८२, १५८३, १०२०, ९१६ व ९२२ के रूपमें ज्योंकी त्यों उपलब्ध होती है। इसी प्रकरणमें निम्न गाथा आई हुई है—

एवं अणंतखुत्तो णिच्च-चदुगदिणिगोदमज्झम्मि ।
जम्मण-मरणरहट्टे अणंतखुत्तो परिगदो जं ॥ ६१९ ॥

इसका उत्तरार्ध भगवती-आराधनाकी निम्न गाथामें जैसाका तैसा है—

तिरियगदिं अणुपत्तो भीममहावेदणाउलमपारं ।
जम्मण-मरणरहट्टे अणंतखुत्तो परिगदो जं ॥ १५८१ ॥

यहां इस गाथासे तिर्यंच गतिके दुःखोंका वर्णन प्रारम्भ होकर वह निम्न गाथामें समाप्त होता है—

इच्चेवमादिदुक्खं अणंतखुत्तो तिरिक्खजोणीए ।
जं पत्तो सि अदीदे काले चिंतेहि तं सव्वं ॥ १५८७ ॥

यहां गाथा १५८१ में आये हुए 'जं' पदका सम्बन्ध गा. १५८७ में प्रयुक्त

'तं' पदसे है । परन्तु तिलोयपण्णत्तिकी गा. ६१९ में आया हुआ वह 'जे' पद साकांक्ष ही रह गया है । इसके अतिरिक्त उक्त गाथामें 'अणंतसुत्तो' पद दो वार प्रयुक्त हुआ है जो अनावश्यक है । इससे अनुमान किया जाता है कि ति. प. की गा. ६१९ का उत्तरार्ध भगवती-आराधनाकी गा. १५८१ से लिया गया है ।

भगवती आराधनाकी गा. १००३ में क्षपकको लक्ष्य करके देहके बीज, निष्पत्ति, क्षेत्र, आहार, जन्म, वृद्धि, अवयव, निर्गम, अशुचि, व्याधि एवं अध्रुवताके वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा की गई है । तदनुसार ही क्रमसे उनकी प्ररूपणा करते हुए 'निष्पत्ति' प्रकरणमें निम्न गाथायें दी गई हैं--

कालगदं दसरत्तं अच्छदि कलुसीकदं च दसरत्तं ।
थिरभूदं दसरत्तं अच्छदि गब्भम्मि तं बीयं ॥ १००७.
तत्तो मासं बुब्बुदभूदं अच्छदि पुणो वि घणभूदं ।
जायदि मासेण तदो मंसपेसी य मासेण ॥ १००८.
मासेण पंचपुलगा तत्तो हुंति हु पुणो वि मासेण ।
अंगाणि उवंगाणि य णरस्स जायंति गब्भम्मि ॥ १००९.
मासम्मि सत्तमे तस्स होदि चम्म-णह-रोमणिप्पत्ती ।
फंदणमट्ठममासे णवमे दसमे य णिग्गमणं ॥ १०१०.

इन गाथाओंका प्रभाव ति. प. की गा. ६२० से ६२२ पर (६२२ का उत्तरार्ध भगवती आराधनाकी गा. १०१० में ज्योंका त्यों है) पर्याप्त रूपमें पड़ा हुआ है । भगवती-आराधनाकी गा. १००३ में की गई प्रतिज्ञाके निर्वहनार्थ उपर्युक्त गाथाओंकी स्थिति जैसी वहां अनिवार्य है वैसी तिलोयपण्णत्तिमें नहीं है, क्योंकि, इनके विना यहां प्रकरणमें कोई आपाततः विरोध नहीं था। इसके अतिरिक्त भगवती-आराधनाकी उन (१००७, १००९) गाथाओंमें 'बीयं' और 'णरस्स' पद भी ध्यान देने योग्य है । ये दोनों पद यहां आवश्यक थे । परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें ऐसे कोई पद वहां नहीं प्रयुक्त किये गये। हां, वहां गा. ६२० में प्रयुक्त 'पुव्वगदपावगुरुगो' विशेषण पदसे विशेष्य पदके रूपमें 'नर' पदका ग्रहण येन केन प्रकारेण किया जा सकता है ।

इनके अतिरिक्त निम्न गाथायें भी यहां ध्यान देने योग्य हैं । इनमेंसे गा. ८८९, ९१६, ९१९, ९२२ और १०२० में कोई विशेष परिवर्तन नहीं है ।

भ. आरा.	८८६-७	८८९	९०४	९०८	९१६	९१९	९२२	१०१२	१०२०
ति. प.	४-६२८	४-६२९	४-६३०	४-६३१	४-६३४	४-६२७	४-६२५	४-६२४	४-६२३

आराधनामें गा. १७९-१८६ में कन्दर्प, किल्विषिक, आभियोग्य, आसुरी एवं सम्मोहा, इन पांच संक्लिष्ट भावनाओंके भेद और उनका स्वरूप बतला कर आगे १९५९-१९६१ गाथाओंके द्वारा उक्त भावनाओंका फल क्रमशः कन्दर्पिक, किल्विषिक, आभियोग्य, असुरकाय और सम्मोह, इन देवपर्यायोंकी प्राप्ति बतलाया गया है। यह विषय तिलोयपण्णत्ति गा. ३, २०१-२०६ में भी चर्चित है।

४ लोकविभाग

तिलोयपण्णत्तिमें अनेकों वार (१-२८१, ४-२४४८, ७-११५, ८-६३५ आदि) लोकविभाग ग्रन्थका उल्लेख पाया जाता है। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जो लोकविभाग ग्रन्थ रहा है वह कब और किसके द्वारा रचा गया है, इसका कुछ भी पता नहीं लगता। वर्तमानमें जो लोकविभाग ग्रन्थ उपलब्ध है वह संस्कृत अनुष्टुप छन्दोंमें है। यह ग्रन्थ सिंहसूरिके द्वारा, सर्वनन्दि-मुनि-विरचित ग्रन्थकी भाषाका परिवर्तन कर लिखा गया है[1]। यह ग्यारहवीं शताब्दिके पश्चात् रचा गया प्रतीत होता है। कारण यह है कि इसमें अनेक स्थानोंपर तिलोयपण्णत्ति, आदिपुराण (आर्ष), जंबूदीवपण्णत्ति और त्रिलोकसार ग्रन्थोंका कहीं स्पष्टतया नामोल्लेखपूर्वक और कहीं 'उक्तं च' के रूपमें निर्देश किया गया है। तिलोयपण्णत्तिकी तो इसमें लगभग ९० गाथायें पायी जाती हैं। इसकी जो प्रति हमारे सामने है वह अशुद्धिबहुल और त्रुटित पाठोंवाली है।

इसमें निम्न ग्यारह प्रकरण हैं—१ जंबूद्वीपविभाग २ लवणसमुद्रविभाग ३ मानुषक्षेत्रविभाग ४ द्वीप-समुद्रविभाग ५ कालविभाग ६ ज्योतिर्लोकविभाग ७ भवनवासिलोकविभाग ८ अधोलोकविभाग ९ व्यन्तरलोकविभाग १० स्वर्गविभाग और ११ मोक्षविभाग। समस्त श्लोकोंका प्रमाण लगभग १९००-२००० है।

(१) जंबूद्वीपविभागमें प्रथमतः जंबूद्वीपका विस्तार बतलाकर विजयार्ध, छह कुलाचल, उनके ऊपर स्थित कूटादिक, विदेह विजय, मेरु, भद्रशालादि वनचतुष्टय, जिनभवनरचना और दूसरा जंबूद्वीप, इन सबका कथन किया गया है।

---

१ भव्येभ्यः सुरमानुषोरुसदसि श्रीवर्धमानार्हता यत्प्रोक्तं जगतो विधानमखिलं ज्ञानं सुधर्मादिभिः।
आचार्यावलिकागतं विरचितं तत् सिंहसूरर्षिणा भाषायाः परिवर्तनेन निपुणैः सम्मान्यतां साधुभिः॥
वैश्ये स्थिते रविसुते वृषभे च जीवे राजोत्तरेषु सितपक्षमुपेत्य चन्द्रे।
ग्रामे च पाटलिकनामनि पाणराष्ट्रे शास्त्रं पुरा लिखितवान् मुनिसर्वनन्दी॥
(अन्तिम प्रशस्ति)

(२) लवणसमुद्र विभागमें लवणसमुद्रका विस्तार, उसके मध्यमें स्थित पाताल, पर्वत, जलकी वृद्धि–हानि, देवनगरियां और अन्तरद्वीपज मनुष्योंकी प्ररूपणा की गई है।

(३) मानुषक्षेत्र विभागमें धातकीखण्ड और पुष्कर द्वीपमें स्थित इष्वाकार पर्वत, क्षेत्र, कुलपर्वत, मेरु पर्वत, वनचतुष्टय, कालोदक समुद्र, अन्तरद्वीपज मनुष्य, मानुषोत्तर पर्वत, और उसके ऊपर स्थित कूट, इत्यादिकोंका वर्णन है।

(४) द्वीप-समुद्रविभागमें आदिम एवं अन्तिम १६-१६ द्वीप-समुद्रोंका नामोल्लेख करके राजुके अर्धच्छेदोंका पतन और द्वीप-समुद्रोंके अधिपति व्यन्तर देवोंके नामोंका निर्देश किया है। पश्चात् नन्दीश्वर द्वीपके विस्तार व परिधिका प्रमाण, उसमें स्थित अंजनशैल, वापिकायें दधिमुख, रतिकरगिरि, और सौधर्मेन्द्रादिकके द्वारा किये जानेवाले पूजा-विधानका कथन किया गया है। आगे जाकर अरुणवरद्वीप व अरुणवर समुद्रका निर्देश करके आठ कृष्णराजियां कुण्डलद्वीप, कुण्डलगिरि व उसके ऊपर स्थित कूट, रुचकवर द्वीप, रुचकाद्रि, उसके ऊपर स्थित कूट, दिक्कुमारिकाएं और उनका सेवाकार्य इत्यादिकी प्ररूपणा की गई है।

(५) कालविभागमें उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालोंके सुषम-सुषमादि विभाग, प्रथम तीन कालोंमें होनेवाले मनुष्योंकी आयु व उत्सेधादिका प्रमाण, दश प्रकारके कल्पवृक्ष व उनका दानकार्य, क्षेत्रानुसार कालविभाग, कुलकरोंकी उत्पत्ति और उनका शिक्षणकार्य, पूर्वांग व पूर्वादिकोंका प्रमाण, भोगभूमिका अन्त व कर्मभूमिका प्रवेश, तीर्थंकरादिकोंकी उत्पत्ति, पांचवें व छठे कालकी विशेषता, अवसर्पिणीका अन्त और उत्सर्पिणीका प्रवेश तथा कुलकरादिकोंकी उत्पत्ति आदिकी प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकरणमें आदि व अन्तके कुछ अंशको छोड़कर प्रायः सर्वत्र ही आदिपुराणके श्लोकोंका ज्योंका त्यों या उनका पादपरिवर्तनके साथ उपयोग किया है। यहां प्रारम्भमें लगभग ४०-४५ श्लोकोंके पश्चात् 'उक्तं चार्षे' कह कर तृतीय कालमें पल्योपमका आठवां भाग शेष रहनेपर उत्पन्न होनेवाले प्रतिश्रुति आदि कुलकरोंका वर्णन करते हुए जो श्लोक दिये गये हैं वे आदिपुराणके तीसरे पर्वमें क्रमशः इस प्रकार उपलब्ध होते हैं— ५५-५७, ६३-६४, ६९-७२, ७६-७७, ७९, ८१-८३ इत्यादि।

यहां १४ कुलकरोंकी आयुका प्रमाण क्रमशः इस प्रकार बतलाया है— पल्यका

१ यथा— इमे भद्रमृगाः पूर्वं संवसन्तेऽनुपद्रवाः। इदानीं तु विना हेतोः शृङ्गैरभिभवन्ति नः॥
इस श्लोककी पूर्ति यहां क्रमशः आदिपुराणके ९५ वें श्लोकके चतुर्थ चरण, ९६ वेंके चतुर्थ चरण और ९७ वें श्लोकके पूर्वार्ध भागसे की गई है।

दशवां भाग, अमम, अटट, त्रुटित, कमल, नलिन, पद्म, पद्मांग, कुमुद, कुमुदांग, नयुत, नयुतांग, पूर्व [पर्व] और पूर्वकोटि। इस मतका उल्लेख तिलोयपण्णत्ति (४, ५०२-५०३) में 'केई णिरूवेंति' वाक्यके द्वारा किया गया है।

भोगभूमिजोंकी यौवनप्राप्तिमें यहां सामान्यतः २१ दिनका कालप्रमाण बतलाया है[1]। परन्तु तिलोयपण्णत्तिमें उत्तम, मध्यम और जघन्य भोगभूमियोंके अनुसार पृथक् पृथक् (४,३७९-८०, ३९९- ४००, ४०७-८) क्रमशः २१, ३५ और ४९ दिनोंका कालक्रम बतलाया गया है। यही कालक्रम हरिवंशपुराण[2] और सागारधर्मामृतमें[3] सामान्य रूपसे ४९ दिन प्रमाण कहा गया है। लोकप्रकाश (२९-२१४) में इसी कालक्रमका निर्देश करते हुए 'तथा हि' कहकर जो श्लोक दिया है वह सागारधर्मामृतमें भी है, जो इस प्रकार है—

सप्तोत्तानशया लिहन्ति दिवसान् स्वांगुष्ठमार्यास्ततः,
कौ स्खिल्लन्ति ततः पदैः कलगिरो यान्ति स्खलद्भिस्ततः।
स्थेयोमिश्च ततः कलागुणभृतस्तारुण्यभोगोद्गताः,
सप्ताहेन ततो भवन्ति सुदृगादानेऽपि योग्यास्ततः॥ सा. ध. २-६८.

(६) ज्योतिर्लोकविभागमें ज्योतिषी देवोंके भेद, उनका निवासस्थान, विमानविस्तरादि, संचारक्रम, जंबूद्वीपादिकमें चन्द्रसंख्या, वीथियां, मेरुसे चन्द्र-सूर्योंका अन्तरप्रमाण, उनका परस्पर अन्तर, मुहूर्तगति, दिन-रात्रिप्रमाण, ताप-तमकी परिधियां, चारक्षेत्र, अधिक मास, दक्षिण-उत्तरअयन, आवृत्तियां, विषुप, चन्द्रकी हानि-वृद्धि, ग्रहादिकोंका आकार, कृत्तिकादिकोंका संचार, उनके देवता, समय-आवली आदिका प्रमाण, सूर्यका उदय व अस्तगमन, ताराप्रमाण, चन्द्रादिकोंकी आयुका प्रमाण और देवीसंख्या आदिकी प्ररूपणा की गई है।

(७) भवनवासिलोकविभागमें चित्रा-वज्रा आदि १६ पृथिवियों एवं पंकभाग व अब्बहुल भागका निर्देश करके भवनवासी देवोंके भवनोंकी संख्या, जिनभवन, इन्द्रोंके नाम, उनके भवन, परिवारदेव-देवियां, आयु, उच्छ्वास एवं आहारकालका प्रमाण तथा मुकुटचिह्न, इत्यादिकी प्ररूपणा की गई है।

(८) अधोलोकविभागमें रत्नप्रभादिक भूमियोंका बाहल्य, वातवलय, पृथिवीक्रमानुसार प्रस्तारसंख्या, श्रेणिबद्ध व प्रकीर्णक बिलोंकी संख्या, इन्द्रकादिकोंका विस्तार, उनका अन्तर, प्रथम श्रेणिबद्धोंके नाम, जन्मभूमियोंका आकार व विस्तारादि, नारकउत्सेध, आयु, आहार,

१ दिवसैरेकविंशत्या पूर्यन्ते यौवनेन च। प्रमाणयुक्तसर्वांगा द्वात्रिंशल्लक्षणाङ्किताः॥ ५-२५.
२ ह. पु. ७, ९२-९४. ३ सा. ध. २-६८.

अवधिविषय, इन्द्रियादिक मार्गणाओंकी सम्भावना, वेदना, उत्पतन, जन्म-मरणअन्तर, गत्यागति, क्रिया तथा पारस्परिक एवं असुरकृत वेदना, इन सबका वर्णन किया गया है।

(९) व्यन्तरलोकविभागमें पहले औपपातिक, अध्युषित और आभियोग्य, ये तीन भेद व्यन्तरोंके बतलाये गये है। पश्चात् भवन, आवास और भवनपुर, इन तीन प्रकारके व्यन्तर-स्थानोंका उल्लेख करके उनका विस्तारादि बतलाते हुए यह भी कथन किया गया है कि उक्त भवनादिक किनके होते हैं और किनके नहीं होते। आगे चलकर आठ प्रकारके व्यन्तरोंका निर्देश करते हुए उनमेंसे प्रत्येकके अवान्तरभेद, इन्द्रोंके नाम, उनकी आयु, वल्लभायें और उन वल्लभाओंके परिवारका प्रमाण बतलाया गया है। पश्चात् उपर्युक्त व्यन्तरजातियोंका शरीरवर्ण, चैत्यवृक्ष, सामानिकादि देवोंकी संख्या व्यन्तरनगरियां, गणिकामहत्तरियोंके नाम और उनकी आयु एवं उत्सेध आदिका कथन किया गया है।

(१०) ऊर्ध्वलोकविभागमें सर्वप्रथम भावन, व्यन्तर, नीचोपपातिक, दिग्वासी, अन्तरवासी, कूष्माण्ड, उत्पन्नक, अनुत्पन्नक, प्रमाणक, गन्धिक, महागन्ध, भुजग, पीतिक, आकाशोत्पन्न, ज्योतिषी, वैमानिक और सिद्ध, इनकी क्रमशः ऊपर-ऊपर स्थिति बतला कर ज्योतिषी पर्यन्त उनकी ऊर्ध्वस्थिति व आयुका प्रमाण दिखलाया गया है। तत्पश्चात् १२ कल्पोंका व कल्पातीतोंका उल्लेख करके कल्पविभागानुसार इन्द्रकप्रमाण, ऋतु आदि इन्द्रकोंके चारों ओर स्थित श्रेणिबद्ध विमानोंका संख्याक्रम, इन्द्रकनाम, १६ कल्पोंके मतानुसार विमानसंख्या, संख्यात-असंख्यात योजन विस्तारवाले विमानोंकी संख्या, कल्पानुसार श्रेणिबद्ध विमानोंकी संख्या, कल्पोंका आधार, विमानबाहल्य, प्रासादोत्सेधादि, विमानवर्ण, गति-आगति, मुकुटचिह्न, सौधर्मेन्द्रका निवासस्थान, उसके नगर-प्रासादोंका रचनाक्रम, देवीसंख्या व उनके प्रासाद, ईशानादिक अन्य इन्द्रोंके नगर दिक्, सामानिक आदिकोंका प्रमाण, सोम-यमादिकोंकी आयु उच्छ्वास व आहारकाल, कल्पोंमें देवों व देवियोंकी आयुका प्रमाण, सुधर्मा सभादि, प्रासादोंके अग्र भागमें स्थित स्तम्भ व न्यग्रोध पादप, यानविमान, सोमादिकके प्रधान विमान, प्रवीचार, उत्सेध, लेश्या, विक्रिया, अवधिविषय, देवियोंकी उत्पत्ति, जन्म-मरणअन्तर, तमस्काय, लौकान्तिक देव, उत्पत्त्यन्तर जिनपूजाप्रकरण और सुखोपभोग इत्यादि विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

(११) मोक्षविभागमें आठवीं ईषत्प्राग्भार पृथिवीका विस्तारादि दिखाकर सिद्धोंका अवस्थान और उनकी अवगाहनाका प्रमाण बतलाया है। तत्पश्चात् सिद्धोंका स्वरूप बतलाते हुए सातजन्य सुख और अतीन्द्रिय सुखकी प्ररूपणा की गई है। आगे जाकर अधः और ऊर्ध्व लोकका उत्सेधादि बतला कर अन्तिम प्रशस्तिके साथ ग्रन्थकी समाप्ति की गई है।

तिलोयपण्णत्तिमें अनेक स्थानोंपर 'लोकविभाग' का उल्लेख करके जो जो मतभेद

दिखलाये हैं वे वर्तमान लोकविभागमें कहां तक पाये जाते हैं, इस बातका यहां विचार किया जाता है—

(१) ति. प. म. १, गा. २७३ में प्रथमतः तीनों वातवलयोंकी मुटाई लोकशिखरपर क्रमशः २, १ और कुछ (४२५ धनुष) कम १ कोश बतला कर पश्चात् गा. २८१ में लोकविभागके अनुसार उक्त मुटाईका प्रमाण क्रमशः १$\frac{१}{२}$, १$\frac{१}{३}$ और १$\frac{१}{२}$ कोश बतलाया गया है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें उपलब्ध नहीं होता, प्रत्युत वहां पूर्व मतानुसार (१-२७३) ही उसका प्रमाण पाया जाता है। यथा—

लोकाग्रे क्रोशयुग्मं तु गव्यूतिर्नूनगोरुतम्।
न्यूनप्रमाणं धनुषां पंचविंश-चतुशतम् ॥ लो. वि. ८-१४.

(२) ति. प. ४-२४४८ में 'संगाइणी लोकविभाग' के अनुसार लवणसमुद्रका विस्तार जलशिखरपर दश हजार योजन प्रमाण कहा है। इस विषयको लोकविभागमें खोजनेपर वहां निम्न श्लोक प्राप्त होता है—

दशैवेश (?) सहस्राणि मूलेऽग्रेऽपि पृथुर्मतः।
सहस्रमवगाढोऽगादूर्ध्वं स्यात् षोडशोच्छ्रितः ॥ लो. वि. २-३.

इसमें अग्र भागमें उसका विस्तार दश हजार यो. प्रमाण ही बतलाया है। यहां विस्तारके लिये 'पृथु' शब्दका उपयोग किया गया है। इसके आगे 'उक्तं च त्रिलोकप्रज्ञप्तौ' कह कर ति. प. गाथा ४-२४०० उद्धृत की है। इसका सम्बन्ध प्रकरणसे स्पष्टतापूर्वक नहीं बतलाया गया।

तिलोयपण्णत्तिमें इससे पूर्व गा. २४४२ और २४४३ में बतलाया है कि दोनों ओर तटसे ९५००० यो. जानेपर लवणसमुद्रका जल शुक्ल पक्षमें क्रमशः बढ़ता हुआ पूर्णिमाके दिन दो कोश ऊंचा हो जाता है। वही अमावस्याके दिन घटकर भूमिके सदृश हो जाता है। यह मत 'लोगाइणी ग्रन्थप्रवर' का बतलाया गया है (गा. २४४४)। ठीक इसके आगे गा. २४४५-४६ में जलका ११००० यो. अवस्थित उत्सेध बतलाकर उसकी वृद्धि व हानिका प्रमाण ५००० यो. निर्दिष्ट किया गया है। यह पिछला मत वर्तमान लोकविभागमें पाया जाता है। यथा—

एकादश सहस्राणि यमवास्यां [अमावास्यां] गतोच्छ्रयः।
ततः पंच सहस्राणि पौर्णिमास्यां विवर्धते ॥ लो. वि. २-७.

(३) ति. प. गा. २४७८-२४९० में अन्तरद्वीपों और उनमें रहनेवाले कुमानुषोंका स्वरूप बतला कर आगे गा. २४९१-९९ में लोकविभागाचार्यके मतानुसार उसे फिरसे भी

अन्य प्रकारसे बतलाया है। यह मत वर्तमान लोकविभाग (२, ३३-४०) में पाया जाता है। विशेषता यह है कि इसी लोकविभागमें आगे जाकर श्लोक ४४ के पश्चात् 'उक्तं च त्रिलोकप्रज्ञप्तौ' कहकर ति. प. की २४७८ से ८८ तक जिन ११ गाथाओंको उद्धृत किया है वे उसके पूर्व मतके विरुद्ध पड़ती हैं।

(४) ति. प. गा. ७-११५ में ज्योतिषी देवोंकी नगरियोंका बाहल्य लोकविभागाचार्यके मतानुसार अपने अपने विस्तारके बराबर बतलाया है। इस विषयको लोकविभागमें खोजनेपर वहां सूर्य-चन्द्रादिके विमानोंका विस्तारप्रमाण तो मिलता है[1], परन्तु उनके बाहल्यका प्रमाण वहां दृष्टिगोचर नहीं होता। हां, वहांपर छठे प्रकरणके १५ वें श्लोकसे आगे 'पाठान्तरं कथ्यते' कहकर निम्न श्लोक द्वारा उक्त विमानोंका बाहल्य अपने अपने विस्तारसे आधा अवश्य बतलाया है जो तिलोयपण्णत्तिमें प्रकरणानुसार पाया जाता है[2]।

रवीन्दु-शुक्र-गुर्वाद्याः कुजाः सौम्यास्तगोदयाः।
ऋक्षास्तारास्त्रिषट्कभागार्धबाहल्यकाः मताः॥ लो. वि. ६ १६.

(५) तिलोयपण्णत्ति (८, ६१४-६३४) में लौकान्तिक देवोंकी प्ररूपणा करके आगे (गा. ६३५-३९) लोकविभागाचार्यके मतानुसार उनके अवस्थान व संख्या आदिकी प्ररूपणा फिरसे भी की गई है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें[3] अंशतः पाया जाता है, क्योंकि, वहां उनकी संख्यामें कुछ भेद दिखायी देता है। ति. प. में सारस्वत और आदित्य आदिकोंके मध्यमें जिन अनलाभ और सूर्याभ आदि दो दो देवोंके नामोंका उल्लेख किया गया है उनका निर्देश भी यहां नहीं किया गया।

(६) तिलोयपण्णत्ति (९-६) में सिद्धोंकी उत्कृष्ट और जघन्य अवगाहनाका प्रमाण क्रमशः ५२५ धनुष और ३½ हाथ बतला कर फिर आगे गाथा ९ में 'लोकविनिश्चय ग्रन्थ लोकविभाग' के अनुसार उक्त अवगाहनाको अन्तिम शरीरसे कुछ कम बतलाया है। यह मत वर्तमान लोकविभागमें प्राप्त होता है। यथा—

गव्यूतेस्तत्र चोर्ध्वायास्तुर्ये भागे व्यवस्थिताः।
अन्त्यकायप्रमाणात्तु किंचिदूनसंकुचितात्मकाः॥ लो. वि. ११-७.

इस प्रकार वर्तमान लोकविभागके रूपको देखकर उसपर विचार करनेसे ऐसा प्रतीत होता है कि इसकी रचनाके आधार तिलोयपण्णत्ति और त्रिलोकसार आदिक ग्रन्थ भी रहे हों तो

१ लो. वि. प्रकरण ६ श्लोक ९, ११ इत्यादि। २ ति. प. म. ७ गा. ३९, ६८, ८५, ९१ इत्यादि।
३ लो. वि. प. १०७.

आश्चर्य नहीं। इसके कर्ताके सामने कोई दूसरा प्राचीन लोकविभाग ग्रन्थ रहा है, जिसकी भाषाका परिवर्तन करके उन्होंने यह रचना प्रस्तुत की है। यह बात ग्रन्थकारने स्वयं कही है, जो विचारणीय है। इसमें कुछ मतभेदोंका भी जो उल्लेख किया है वह प्रायः तिलोयपण्णत्तिसे मिलता है। जैसे-- १२ और १६ कल्प[1], सर्वार्थसिद्धिमें जघन्य आयु[2] इत्यादि।

५ हरिवंशपुराण

यह पुन्नाटसंघीय जिनसेन सूरि द्वारा विरचित प्रथमानुयोगका एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल शक संवत् ७०५ (वि. सं. ८४०) है। यह ग्रन्थ ६६ सर्गोंमें विभक्त है। इसकी समस्त श्लोकसंख्या लगभग १०००० है। यह ग्रन्थ यद्यपि प्रथमानुयोगका है, फिर भी इसमें भूगोल, आयुर्वेद, ज्योतिष और संगीत आदि अन्य विषयोंकी भी यथास्थान प्ररूपणा पायी जाती है। ग्रन्थका मनन करनेसे उसके रचयिताकी बहुश्रुतज्ञताका परिचय मिलता है।

इसके चतुर्थ सर्गमें अधोलोक, पंचमसर्गमें तिर्यग्लोक, छठेमें ऊर्ध्वलोक और सातवें सर्गमें कालका वर्णन विस्तारसे किया गया है। यह वर्णन प्रायः तिलोयपण्णत्ति जैसा ही है। यद्यपि इन दोनों ग्रन्थोंमें कहीं कहीं कुछ भिन्न मत भी देखनेमें आते हैं, परन्तु दोनोंकी वर्णन-शैली बहुत कुछ मिलती-जुलती है। उदाहरणार्थ— जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिके प्रथम और द्वितीय महाधिकारोंमें अधोलोकका विस्तार, वातवलय, नारकबिलोंके नाम, उनकी संख्या व विस्तार, नारकियोंकी आयु, उत्सेध, अवधिविषय और जन्मभूमियों आदिका विस्तृत वर्णन पाया जाता है; उसी प्रकार उन सबका वर्णन हरिवंशपुराणके चतुर्थ सर्गमें भी किया गया है। विशेषतायें यहां ये हैं—

(१) तिलोयपण्णत्तिकारने विस्तारादिकी प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः गणित-सूत्रोंका उल्लेख किया है और फिर तदनुसार सभी जगह कहीं सिद्धांकों द्वारा और कहींपर सिद्धांकोंको न देकर भी वर्णन किया है। परन्तु हरिवंशपुराणकारने गणित-सूत्रोंका उल्लेख कहीं भी न करके केवल सिद्धांकों द्वारा ही उनका वर्णन किया है। उदाहरणार्थ– अधोलोकका आठ स्थानोंमें

१ जे सोलस कप्पाइ केई इच्छंति ताण उवएसे। तीस्से तस्सिं वोच्छं परिमाणाणिं विमाणाणं॥ ति. प. ८-१७८.
ये च षोडश कल्पाँश्च केचिदिच्छन्ति तन्मते। तस्मिंस्तस्मिन् विमानानां परिमाणं वदाम्यहम्॥ लो. वि. १०-३६.

२ तेत्तीसउवहिउवमा पल्लासंखेज्जभागपरिहीणा। सव्वट्ठसिद्धिणामे मण्णते केइ अवरऊ॥ ति. प. ८-५११.
सर्वार्थीयुर्यदुत्कृष्टं तदेवास्मिंस्ततः पुनः। पल्यासंख्येयभागोनमिच्छन्त्येकेऽल्पजीवितम्॥ लो. वि. १०-२३५.

और ऊर्ध्वलोकका दश स्थानोंमें वर्णित विस्तारप्रमाण[1], तथा सीमन्तक आदि ४९ इन्द्रकोंका भी विस्तारप्रमाण[2]।

(२) तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जिस विषयका परम्परागत उपदेश नहीं रहा है उस विषयका निरूपण न करनेका कारण उन्होंने तद्विषयक उपदेशका अभाव ही बतलाया है[3]। परन्तु हरिवंशपुराणकारने न तो कहीं वैसा उल्लेख ही किया है और न उन विषयोंका वर्णन भी। इसी प्रकार तिलोयपण्णत्तिकारके सामने जिस विषयपर आचार्योंका मतभेद रहा है उसका भी उन्होंने स्पष्टतासे कहीं नामनिर्देशपूर्वक या कहीं नामनिर्देश न करके 'केइ' आदि पदों द्वारा भी उल्लेख किया है[4], पर हरिवंशपुराणमें ऐसा नहीं है।

(३) तिलोयपण्णत्तिकारने नारकियोंमें असुरकृत वेदनाको बतलाते हुए सिक्तानन व असिपत्र आदि जिन पन्द्रह असुर सुरोंके नामोंका उल्लेख किया है वे हरिवंशपुराणमें उपलब्ध नहीं होते। इन नामोंको खोजनेका जहां तक प्रयत्न किया गया है, वे हमें किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें प्राप्त नहीं हो सके। परन्तु हां वे सूत्रकृताङ्ग और प्रवचनसारोद्धार आदि कितने ही श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें अवश्य प्राप्त होते हैं। यथा—

अंबे अंबरिसी चेव सामे य सबले वि य। रुद्दोवरुद्द काले य महाकाले त्ति आवरे॥
असिपत्ते धणुं कुंभे वालु वेयरणी वि य। खरस्सरे महाघोसे एवं पन्नरसाहिया॥

सू. कृ. ५, १, ६८-६९ (निर्युक्ति)

(४) तिलोयपण्णत्तिमें जहां उत्कर्षसे प्रथमादिक सात पृथिवियोंमें क्रमशः आठ, सात, छह, पांच, चार, तीन और दो बार उत्पत्ति बतलाई गई है; वहां हरिवंशपुराणमें क्रमशः सात, छह, पांच, चार, तीन, दो और एक बार ही उत्पत्ति बतलाई है[5]।

(५) तिलोयपण्णत्तिकारने सातवीं पृथिवीसे निकलकर तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुए कोई कोई जीव सम्यक्त्वको प्राप्त कर सकते हैं, ऐसा स्पष्ट उल्लेख किया है (देखिये गा. २-२९२)। यह मत वर्तमान लोकविभागमें भी पाया जाता है। यथा—

संयतासंयतः षष्ठ्याः सप्तम्यास्तु मृतोद्गतः।
सम्यक्त्वार्हो भवेत् कश्चित् तिर्यक्ष्वेवात्र [तिर्यक्ष्वेवात्र] जायते॥ लो. वि. ८-१०१.

१ ति. प. १, १७६-१७८, १, १९३-१९७; ह. पु. ४, १७-२८.
२ ति. प. २, १०५-१५६. ह. पु. ४, १७१-२१७. ३ ति. प. २-५४, ३-११३, ४-१५७२, १५८३, १६८८, १७१०; ५-४८, ६-६६, ७-३२, ८-२७६. इत्यादि।
४ देखिये पृ. ९८७-८८. ५ ति. प. २, २४८-२४९. ६ ह. पु. ४, २७६-२७८.

परन्तु हरिवंशपुराणमें[1] इसका कुछ निर्देश नहीं किया गया। हां, षट्खंडागम आदि[2] ग्रन्थोंमें उसका स्पष्टतासे निषेध अवश्य किया गया है। यथा—

अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? एक्कम्हि चेव तिरिक्खगदिमागच्छंति त्ति। तिरिक्खेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा छण्णो उप्पाएंति— आभिणिबोहियणाणं णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तं णो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति (ष. खं. पु. ६, ९, २०३-२०६)।

इसके विपरीत प्रज्ञापना[3] और प्रवचनसारोद्धार[4] आदि श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें भी तिलोयपण्णत्तिके समान उनमें सम्यक्त्वकी योग्यता बतलाई गई है।

(६) तिलोयपण्णत्तिकारने कालप्ररूपणामें भोगभूमिजोंका वर्णन करते हुए यह बतलाया है कि अंगुष्ठाचलेहन, उपवेशन, अस्थिरगमन, स्थिरगमन, कलागुणप्राप्ति, तारुण्य और सम्यक्त्वग्रहण, इन सात अवस्थाओंमें उत्तमभोगभूमिजोंके तीन तीन दिन, मध्यमभोगभूमिजोंके पांच पांच दिन और जघन्यभोगभूमिजोंके सात सात दिन व्यतीत होते हैं। परन्तु हरिवंशपुराणकारने उक्त अवस्थाओंमें सामान्य रूपसे सात सात दिन व्यतीत होना ही बतलाया है[5]। यही बात आदिपुराण, त्रिलोकसार और सागारधर्मामृत आदि ग्रन्थोंमें भी पायी जाती है।

(७) इसी प्रकरणमें प्रतिश्रुति आदि चौदह कुलकरोंकी उत्पत्ति बतलाते हुए हरिवंशपुराणकारने उन्हें उत्तरोत्तर पहिले पहिलेका पुत्र होना सूचित किया है[6]। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारने उनको उत्तरोत्तर पुत्र होना तो दूर रहा, किन्तु उनके बीचमें आगे आगे पल्यके $\frac{१}{८०}$, $\frac{१}{८००}$, $\frac{१}{८०००}$ भाग प्रमाण इत्यादि कालका अन्तर भी बतलाया है[7]। गणितप्रक्रियासे विचार करनेपर यही मत ठीक प्रतीत होता है। कारण कि दोनों ही ग्रन्थकर्ताओंने यह समान रूपसे स्वीकार

१ ह. पु. ४-३७९. २ सप्तम्यां नारका मिथ्यादृष्टयो नरकेभ्य उद्वर्तिता एकामेव तिर्यग्गतिमायान्ति। तिर्यक्ष्वायाताः पंचेन्द्रिय-गर्भज-पर्याप्तक-संख्येयवर्षायुष्केषूपपद्यन्ते, नेतरेषु। तत्र चोत्पन्नाः सर्वे मति-श्रुतावधि-सम्यक्त्व-सम्यङ्मिथ्यात्व-संयमासंयमान्नोत्पादयन्ति। त. रा. ३, ६, ७.

३ अहे सत्तमपुढवी-पुच्छा। गोयमा! णो इणट्ठे समट्ठे, सम्मत्तं पुण लभेज्जा। प्रज्ञापना २०, १०.

४ प्रवचनसारोद्धार १०८७. ५ ति. प. ४, ३७९-३८०; ३९९-४००, ४०७-४०८. ६ ह. पु. ७-९२-९४.

७ यथा— पल्यस्य दशमं भाग जीवित्वासौ प्रतिश्रुतिः। पुत्रं सन्मतिमुत्पाद्य जीवितान्ते दिवं स्मृतः [सृतः] ॥ ह. पु. ७-१४८. ८ यह अन्तर आदिपुराण (पर्व ३ श्लोक ७६, ९०, १०२ आदि) में प्रायः सर्वत्र असंख्यात वर्षकोटि प्रमाण बतलाया गया है।

किया है कि तृतीय कालमें पल्यका आठवां भाग शेष रहनेपर चौदह कुलकरोंकी उत्पत्ति होती है। उनमें प्रथम कुलकरकी आयु $\frac{१}{१०}$ पल्य, द्वितीयकी $\frac{१}{१००}$ पल्य, इस प्रकार आगे आगेके कुलकरकी आयु पूर्व पूर्वकी अपेक्षा दशवें भाग होती गई है। अब यदि हरिवंशपुराणकर्ताके अनुसार कुलकर पुरुषोंके बीच अन्तराल न स्वीकार किया जाय तो उन सबकी आयुके प्रमाणको मिलानेपर वह कुछ कम पल्यका नौवां भाग ($\frac{१}{९}$) होता है। इस प्रकार पल्यका आठवां भाग शेष रहनेपर जो उन्होंने कुलकर पुरुषोंकी उत्पत्ति स्वीकार की है[१], वह उनके ही मतके विरुद्ध पड़ती है। किन्तु तिलोयपण्णत्तिकारके अनुसार उक्त आयुप्रमाण $\left[\frac{१११११११११११११}{१०००००००००००००}\right.$ $=$ कुछ कम $\frac{१}{९}$ पल्य $\left.\right]$ में सबोंके अन्तरकाल $\left[\frac{१११११११११११११}{८०००००००००००००}\right.$ $=$ कुछ कम $\frac{१}{७२}$ पल्य $\left.\right]$ को मिला देनेपर वह कुछ कम पल्यका आठवां भाग $\left[\frac{१}{९}+\frac{१}{७२}=\frac{९}{७२}=\frac{१}{८}\right]$ होता है, जैसा कि उन्होंने स्वीकार भी किया है (देखिये गा. ४-४२१)।

हरिवंशपुराणके कर्ताने प्रतिश्रुति आदि उक्त कुलकरोंकी आयु, उत्सेध और वर्णादिका निर्देश करके भी उनकी पत्नियोंका कोई उल्लेख नहीं किया। परन्तु तिलोयपण्णत्तिकारने प्रत्येक कुलकरकी पत्नीका नामोल्लेख करके प्रसेनजित् नामक तेरहवें कुलकर तक उनके लिये 'देवी' या 'महादेवी' पदका तथा अन्तिम कुलकर नाभिरायकी पत्नीके लिये 'वधू' पदका प्रयोग किया है। इससे ध्वनित होता है कि उनके मतानुसार विवाहविधि प्रसेनजित् कुलकरके समयसे चालू हुई है। हरिवंशपुराणके अनुसार यह विधि मरुदेव नामक बारहवें कुलकरके समयसे प्रारम्भ हुई है, क्योंकि, वहां मरुदेवके द्वारा अपने पुत्र प्रसेनजित्का प्रधानकुलवाली कन्याके साथ विवाह करानेका स्पष्ट उल्लेख है[२]।

मिलान कीजिये—

एक्करस-वण्ण-गंधं दो फासा सद्दकारणमसद्दं। खंदंतरिदं दव्वं तं परमाणुं भणंति बुधा॥
अंतादि-मज्झहीणं अपदेसं इंदिएहि ण हु गेज्झं। जं दव्वं अविभत्तं तं परमाणुं कहंति जिणा॥
वण्ण-रस-गंध-फासे पूरण-गलणाइं सव्वकालम्हि। खंदं पि व कुणमाणा परमाणू पुग्गला तम्हा॥
ति. प. १ गा. ९७, ९८, १००.

१ अथ कालद्वयेऽतीते क्रमेण सुखकारणे। पल्याष्टभागशेषे च तृतीये समवस्थिते॥ क्रमेण क्षीयमाणेषु कल्पवृक्षेषु भूरिषु। क्षेत्रे कुलकरोत्पत्तिं शृणु श्रेणिक साम्प्रतम्॥ ह. पु. ७, १२२-२३. २ ह. पु. ७, १६६-६७.

एकदैकं रसं वर्णं गन्ध-स्पर्शावबाधकौ । दधन् स वर्तते ऽभेद्यः शब्दहेतुरशब्दकः ॥ ह. पु. ७-३३
आदि-मध्यान्तनिर्मुक्तं निर्विभागमतीन्द्रियम् । मूर्त्तमप्यप्रदेशं च परमाणुं प्रचक्षते ॥ ह. पु. ७-३२
वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शैः पूरणं गलनं च यत् । कुर्वन्ति स्कन्धवत्तस्मात् पुद्गलाः परमाणवः ॥ ७-३६

× × ×

तं चिय पंचसयाइं अवसप्पिणिपढमभरहचक्किस्स । अंगुल एक्कं चेव य तं तु पमाणंगुलं णाम ॥
जस्सि जस्सि काले भरहेरावदमहीसु जे मणुआ । तस्सि तस्सि ताणं अंगुलमादंगुलं णाम ॥
ति. प. १, १०८-१०९

प्रमाणांगुलमेकं स्यात् तत् पंचशतसंगुणम् । प्रथमस्यावसर्पिण्यामंगुलं चक्रवर्तिनः ॥ ह. ७-४२
खे खे काले मनुष्याणामंगुलं स्वांगुलं मतम् । मीयते तेन तच्छत्र-भृंगार-नगरादिकम् ॥ ह. ७-४४

× × ×

पास-रस-गंध-वण्णव्वदिरित्तो अगुरुअलहुगसंजुत्तो । वत्तणलक्खणकलियं कालसरूवं इमं होदि ॥
[कालस्स दो वियप्पा मुक्खामुक्खा हुवंति एदेसुं । मुक्खाधारवलेणं अमुक्खकालो पयट्टेदि ॥]
जीवाण पुग्गलाणं हुवंति परियट्टणाइ विविहाइं । एदाणं पज्जाया वट्टंते मुक्खकालआधारे ॥
सव्वाण पयत्थाणं णियमा परिणामपहुदिवित्तीओ । बहिरंतरंगहेदुहि सव्वब्भेदेसु वट्टंति ॥
बाहिरहेदू कहिदो णिच्छयकालो त्ति सव्वदरिसीहिं । अब्भंतरं णिमित्तं णिय णियदव्वेसु चेट्ठेदि ॥
कालस्स भिण्णाभिण्णा अणुएगपवेसणेण परिहीणा । पुह पुह लोयायासे चेट्ठंते संचएण विणा ॥
ति. प. ४, २७८-२८३.

वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शमुक्तोऽगौरवालाघवः । वर्तनालक्षणः कालो मुख्यो गौणश्च स द्विधा । ह. ७-१.
जीवानां पुद्गलानां च परिवृत्तिरनेकधा । गौणकालप्रवृत्तिश्च मुख्यकालनिबन्धना ॥ ह. ७-४.
सर्वेषामेव भावानां परिणामादिवृत्तयः । स्वान्तर्बहिर्निमित्तेभ्यः प्रवर्त्तन्ते समन्ततः ॥ ह. ७-५.
निमित्तमान्तरं तत्र योग्यता वस्तुनि स्थिता । बहिर्निश्चयकालस्तु निश्चितस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ ७-६
अन्योन्यानुप्रवेशेन विना कालाणवः पृथक् । लोकाकाशमशेषं तु व्याप्य तिष्ठन्ति संचिताः
[तिष्ठन्त्यसंचिताः] ॥ ह. ७-७.

× × ×

णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं पि णारयाण सदा । दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥
ति. प. २-३५२.
अक्ष्णोर्निमीलनं यावन्नास्ति सौख्यं च जातुचित् । नरके पच्यमानानां नारकाणामहर्निशम् ॥
ह. ४-३६८

× × ×

विप्फुरिदपंचवण्णा सहावमउवा य मधुररसजुत्ता। चउरंगुलपरिमाणा तण त्ति जाएदि सुरहिगंधड्ढा॥
ति. प. ४-३२२

पंचवर्ण-सुखस्पर्श-सुगन्ध रस-शब्दकैः। संछन्ना राजंत क्षोणी तृणैश्च चतुरंगुलैः॥ ह. ७-७७.

× × ×

सोदरवेसु सोत्तं रूवे चक्खू सुसोरभे घाणं। जीहा विविहरसेसुं पासे पासिंदियं रमइ॥
इय अण्णोण्णासत्ता ते जुगला वर णिरंतरे भोगे। सुलभे वि ण संतित्तिं इंदियविसएसु पावंति॥
ति. प. ४, ३५५-३५६.

श्रोत्रं गीतरवे रूपे चक्षुर्घ्राणं सुसौरभे। जिह्वा मुख (सुख) रसास्वादे सुस्पर्शे स्पर्शनं तनोः॥
अन्योन्यस्य तदासक्तं दंपतीनां निरंतरम्। स्तोकमपि न संतृप्तं मनोऽधिष्ठितमिन्द्रियम्॥
ह. पु. ७, ९७-९८.

× × ×

णभगजघंटणिभाणिं चंदाइच्चाण मंडलाणि तदा। आसाढपुण्णिमाए दट्ठूणं भोगभूमिजा सव्वे॥
आकंसियमदिघोरं उप्पादं जादमेदमिदि मत्ता। पज्जाउला पकंपं पत्ता पवणेण पहदरुक्खो व्व॥
ति. प ४, ४२३-४२४.

तस्य काले प्रजा दृष्ट्वा पौर्णमास्या सहैव खे। आकाशगजघंटाभे द्वे चन्द्रादित्यमण्डले॥
आवस्मिकभयोद्विग्नाः स्वमहोत्पातशंकिताः। प्रजाः संभूय पप्रच्छुस्तं प्रभुं शरणागताः॥ ७, १२६-२७

× × ×

उवयणवाविजलेणं सित्ता पेच्छंति एक्कभवजाइं। तस्स णिरिक्खणमेत्ते सत्तभवातीद-भाविजादीओ॥
ति. प. ४-८०८.

नन्दा भद्रा जया पूर्णेत्यभिख्याभिः क्रमोदिताः। यज्जलाप्लुक्षिता पूर्वां जातिं जानन्ति जन्तवः॥
ताः पवित्रजलापूर्णसर्वपाप-रुजाहराः। परापरभवा सप्त दृश्यन्ते यासु पश्यताम्॥ ह. ५७, ७३-७४.

× × ×

पण्णरसेसु जिणिंदा णिरंतरं दोसु सुण्णया तत्तो।
तीसु जिणा दो सुण्णा इगि जिण दो सुण्ण एक्कजिणो॥ ति. प. ४-१२८८.

दो सुण्णा एक्कजिणो इगि सुण्णो इगि जिणो य इगि सुण्णो।
दोण्णि जिणा इदि कोट्ठा णिद्दिट्ठा तित्थकत्ताणं॥ ति. प. ४-१२८९.

दोकोट्ठेसुं चक्की सुण्णं तेरससु चक्किणो छक्के ।
सुण्ण तिय चक्कि सुण्णं चक्की दो सुण्ण चक्कि सुण्णो य ॥ ति. प. ४-१२९०

चक्की दो सुण्णाइं छक्खंडवईण चक्कवट्टीणं ।
एदे कोट्ठा कमसो संदिट्ठी एक्क दो अंका ॥ ति. प. ४-१२९१.

दस सुण्ण पंच केसव छस्सुण्णा केसि सुण्ण केसीओ ।
तियसुण्णमेक्ककेसी दो सुण्णं एक्क केसि तिय सुण्णं ॥ ति. प ४-१४१७.

वृषभाद्या धर्मपर्यन्ता जिनाः पंचदश क्रमात् । निरन्तरास्ततः शून्ये त्रिजिनाश्शून्ययोर्द्वयम् ॥
जिने [जिनो] शून्यद्वयं तस्माज्जिनः शून्यद्वयं पुनः ।
जिने [जिनो] शून्यं जिनः शून्यं द्वौ जिनेन्द्रौ निरन्तरौ ॥
चक्रिणौ भरताद्यौ द्वौ तौ शून्यानि त्रयोदश । षट् चक्रिणस्त्रिशून्यानि चक्री शून्यं च चक्रभृत् ॥
ततः शून्यद्वयं चक्री शून्यं चक्रधरस्ततः । शून्ययोर्द्वितयं तस्मादिति चक्रधरक्रमः ॥
शून्यानि दश पंचातस्त्रिपृष्ठाद्यास्तु केशवाः । शून्यषट्कं ततश्चैकः केशवो व्योम-केशवः [वाः] ॥
त्रिशून्यं केशवश्चैकः शून्यद्वितयमप्यतः । केशवस्त्रीणि शून्यानि केशवानामयं क्रमः ॥
ह. पु. ६०, ३२४-३२९.

× × ×

अणिदाणगदा सव्वे बलदेवा केसवा णिदाणगदा । उड्ढुगामी सव्वे बलदेवा केसवा अधोगामी ॥
ति. प. ४-१४३६.

ऊर्ध्वगा बलदेवास्ते निर्निदाना भवान्तरे । अधोगा सनिदानास्तु केशवाः प्रतिशत्रवः ॥
ह. पु. ६०-२९३.

× × ×

एदम्मि तमिस्से जे विहरंते अप्परिद्धिया देवा । दिग्मूढा वच्चंते माहप्पेण महद्धियसुराणं ॥
ति. प. ८-६१३.

अस्मिन्नल्पर्द्धयो देवा दिग्मूढाश्चिरमासते । महर्द्धिकसुरैः सार्द्धं कुर्युस्तद्वार्धिलंघनम् ॥
ह. पु. ५-६८५.

× × ×

तिलोयपण्णत्ति और हरिवंशपुराणका विषयसाम्य

विषय	ति. प.	ह. पु.
राजुविभाग	१, १५४-१६२	४, १२-१६
प्रथमादिक राजुकी समाप्तिपर लोकविस्तार	,, १७६-७८, १९३-९७	,, १७-२८
वातवलय	,, २६७-२७३	,, ३३-४२
रत्नप्रभादि ७ पृथिवियां	,, १५२-१५३	,, ४३-४६
खर-पंकभागादि विभाग	२, ९-२३	,, ४७-५८
भवनवासी १०	३, ९	,, ६३-६४
असुरकुमारादिकोंकी आयु	,, १४४-१४५	,, ६६-६७
असुरकुमारादिकोंकी उंचाई	,, १७६	,, ६८
नरकसंख्या	२, २६-२८	,, ७१-७४
प्रस्तारसंख्या	,, ३७	,, ७५
४९ इन्द्रकोंके नाम	,, ४०-४५	,, ७६-८५
इन्द्रक, श्रेणिबद्ध व प्रकीर्णक बिलोंकी संख्या	,, ५५-९४	,, ८६-१५०
सीमन्तक आदिक प्रथम श्रेणिबद्धोंके नाम	,, ४७-५३	,, १५१-१५८
संख्यात व असंख्यात योजन विस्तृत बिलोंकी संख्या	,, ९५-९९	,, १६०-१७०
सीमन्तकादि इन्द्रक बिलोंका विस्तार	,, १०५-१५६	,, १७१-२१७
इन्द्रकादिक बिलोंका बाहल्य	,, १५७-१५८	,, २१८-२२४
इन्द्रकादिकोंका अन्तराल	,, १५९-१९४	,, २२५-२४८
नारक बिलोंके अनुसार आयुका प्रमाण	,, २०२-२१५	,, २४९-२९४
उत्सेध	,, २१६-२७०	,, २९५-३३९
अवधिविषय	,, २७१	,, ३४०-३४१
मृत्तिकागन्ध	,, ३४६	,, ३४२
लेश्या	,, २८१	,, ३४३-३४५
स्पर्शवेदना	,, २९-३३	,, ३४६
जन्मभूमियां	,, ३०२-३१२	,, ३४७-३५४
समुत्पतन	,, ३१५	,, ३५५-३६२
वेदना	,, ३१६-३५८	,, ३६३-३६९
जन्म-मरणान्तर	,, २८७	,, ३७१-३७२
नरकोंमें उत्पन्न होनेवाले जीव व उत्पत्तिद्वार	,, २८४-२८६	,, ३७३-३७८
नरकोंसे निर्गमन	,, २८९-२९२	,, ३७९-३८३

६ त्रिलोकसार

यह आचार्यप्रवर श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती द्वारा विरचित लोकानुयोगका एक सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसका रचनाकाल शककी दशवीं शताब्दि है। इसमें बहुतसी प्राचीन गाथायें ग्रन्थके अंग रूपमें सम्मिलित करली गई हैं। परन्तु उनके निर्माताओंका नामोल्लेख आदि कुछ भी नहीं पाया जाता है। इसमें लोकसामान्य, भावनलोक, व्यन्तरलोक, ज्योतिर्लोक, वैमानिकलोक और नर तिर्यग्लोक, ये छह अधिकार हैं। इसकी समस्त गाथासंख्या १०१८ है। यद्यपि ग्रन्थकारने इसमें उपर्युक्त ६ अधिकारोंका निर्देश नहीं किया है तथापि प्रारम्भमें "भवण-वेंतर-जोइस-विमाण-णरतिरियलोयजिणभवणे। सव्वामरिंद-णरवइसंपूजियवंदिए वंदे ॥२॥" इस मंगलगाथा द्वारा द्वितीयादि अधिकारोंकी सूचना कर दी है। इसी प्रकार इन भावनलोकादि अधिकारोंके प्रारम्भमें प्रथम गाथाके द्वारा वहां वहांके जिनभवनोंको नमस्कार किया गया है।

जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिमें तीनो लोकोंका विस्तृत वर्णन किया गया है उसी प्रकार इसमें भी प्रायः उन सभी विषयोंका विवेचन पाया जाता है। विशेषता यह कि जहां तिलोय-पण्णत्तिमें गणितसूत्रों द्वारा कई स्थानोंमें विस्तारादिके सिद्ध हो जानेपर भी उन्हीं स्थानोंमें पुनः पृथक् पृथक् सिद्धांकों द्वारा प्ररूपणा की है, वहां इस ग्रन्थमें केवल करणसूत्रों द्वारा ही काम निकाला है। जैसे ४९ नरकप्रस्तारोंका विस्तार (देखिये ति. प. गा. २, १०५-१५६ और त्रि. सा. गा. १६९)।

१ **लोकसामान्य** अधिकारमें पहले संख्याप्ररूपणामें संख्यात, असंख्यात व अनन्त संख्याओं[1] तथा सर्वधारा आदि १४ धाराओंकी प्ररूपणा करके फिर पल्य, सागर व सूच्यंगुल आदि आठ प्रकारके उपमामानका स्वरूप बतलाया गया है[2]। आगे चलकर अधोलोकस्थ रत्नप्रभादि सात पृथिवियोंमें स्थित नारकबिल, नारकियोंके उत्पादस्थान, विक्रिया, वेदना, आयु, उत्सेध, अवधिविषय और गति-आगतिकी प्ररूपणा है। यह नारकप्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिमें नारकलोक नामक द्वितीय अधिकारमें की गई है।

यहां तिलोयपण्णत्तिसे निम्न कुछ विशेषतायें भी हैं—

(१) तिलोयपण्णत्ति महाधिकार १, गा. २१५ से २३४ [यहां पाठ कुछ स्खलित हो गया प्रतीत होता है] तक सामान्यलोक, आगे गा. २४९ तक अधोलोक और इसके

१ इसकी प्ररूपणा ति. प. में पृ. १७८-१८२ पर एक गद्यभाग द्वारा की गई है। २ ति प. १,९३-११२.

आगे गा. २६६ तक ऊर्ध्वलोक, इन तीनोंमेंसे प्रत्येकके निम्न आठ आठ भेद बतलाये हैं— १ सामान्य, २-३ दो चतुरस्र, ४ यवमुरज, ५ यवमध्य, ६ मन्दर, ७ दूष्य, और ८ गिरिकटक। परन्तु यहां त्रिलोकसारमें गा. ११५-११७ द्वारा केवल अधोलोकके ही उपर्युक्त आठ भेद बतलाये गये हैं। गा. ११८-१२० में ऊर्ध्वलोकके निम्न पांच भेद बतलाये हैं जो तिलोयपण्णत्तिसे भिन्न हैं— १ सामान्य, २ प्रत्येक, ३ अर्ध, ४ स्तम्भ और ५ पिनष्टि।

(२) तिलोयपण्णत्तिमें त्रसनालीकी ऊंचाई तेरह राजुसे कुछ (३२१६२२४१/३ धनुष) कम बतलाई गई है[1]। परन्तु यहां उसे पूर्ण चौदह राजु ऊंची ही बतलाया है। जैसे—

लोयबहुमज्झदेसे रुक्खे सारं व रज्जुपदरजुदा।
चोद्दसरज्जुत्तुंगा तसणाली होदि गुणणामा ॥ त्रि. सा. १४३.

(३) तिलोयपण्णत्ति (२,३४७–४९) में जिन १५ असुरकुमार जातिके देवोंके नामोंका निर्देश किया है वे यहां नहीं पाये जाते। यहां केवल गा. १९७ में असुरकृत वेदनाका ही सामान्यतया उल्लेख किया गया है।

(४) तिलोयपण्णत्ति (२,२९२) में सातवीं पृथिवीसे निकलकर तिर्यंचोंमें उत्पन्न होनेवाले जीवोंके सम्यग्दर्शनप्राप्तिकी योग्यता बतलाई गई है। परन्तु यहां उसका ' मिस्सतियं णत्थि णियमेण ' (गा. २०४) द्वारा स्पष्टतया निषेध किया गया है। इत्यादि। गाथाओंकी समानता—

लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिव्वत्तो। जीवाजीवेहि फुडो सव्वागासवयवो णिच्चो ॥
धम्माधम्मागासा गदिरागदि जीव-पोग्गलाणं च। जावत्तावल्लोगो आयासमदो परमणंतं ॥
उभियमुरवद्धयसंचयसण्णिहो हवे लोगो। अद्धुदयो मुरवसमो चोद्दसरज्जूदओ सव्वो ॥
त्रि. सा. ४–६.

आदि-णिहणेण हीणो पगदिसरूवेण एस संजादो। जीवाजीवसमिद्धो सव्वण्हावलोइओ लोओ ॥
धम्माधम्मणिबद्धा गदिरागदि जीव-पोग्गलाणं च। जेत्तियमेत्तायासे लोयायासो स णादव्वो ॥
हेट्ठिमलोयायारो वेत्तासणसण्णिहो सहावेण। मज्झिमलोयायारो उब्भियमुरअद्धसारिच्छो ॥
ति. प. १ गा. ११३, ११४, ११७.

ये गाथायें मूलाचार (द्वादशानुप्रेक्षाधिकार गा. २२-२४) में भी पायी जाती हैं।

---

१ ति. प. २-८.

अच्छिणिमीलणमेत्तं णत्थि सुहं दुक्खमेव अणुबद्धं । णिरए णेरइयाणं अहोणिसं पच्चमाणाणं ॥
त्रि. सा. २०७.

णिरएसु णत्थि सोक्खं णिमेसमेत्तं पि णारयाण सदा । दुक्खाइं दारुणाइं वट्टंते पच्चमाणाणं ॥
ति. प. २-३५२

२ भावनलोक अधिकारमें भवनवासी देवोंके भेद, इन्द्र, मुकुटचिह्न, चैत्यवृक्ष, भवन, सामानिक आदि परिवारदेव, देवीसंख्या, आयुप्रमाण, उच्छ्वास और आहार, इन सब विषयोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके ही समान की गई है। गाथाओंकी समानता—

असुरा णाग-सुवण्णा दीवोदहि-विज्जु-थणिद-दिस-अग्गी ।
वादकुमारा पढमे चमरो वइरोइणो इंदो ॥ त्रि. सा. २०९.
असुरा णाग सुवण्णा दीओवहि-थणिद-विज्जु-दिस-अग्गी ।
वाउकुमारा परया दसभेदा होंति भवणसुरा ॥ ति. प. ३-९.

× × ×

चूडामणि-फणि-गरुडं गज मयरं वड्ढमाणगं वज्जं ।
हरि-कलसस्स चिण्हं मउले चेत्तदुमाह धया ॥ त्रि. सा. २१३.
चूडामणि-अहि-गरुडा करि-मयरा वड्ढमाण-वज्ज-हरी ।
कलसो तुरवो मउडे कमसो चिण्हाणि एदाणिं ॥ ति. प. ३-१०.

× × ×

अस्सत्थ-सत्त-सामलि-जंबू-वेतस-कदंबक-पियंगू । सिरिसं पलासरायद्दुमा य असुरादिचेत्ततरू ॥
चेत्ततरूणं मूले पत्तेयं पडिदिसम्हि पंचेव । पलियंकठिया पडिमा सुरच्चिया ताणि वंदामि ॥
त्रि. सा. २१४-१५

अस्सत्थ-सत्तवण्णा संमल-जंबू य वेतस-कडंबा । तह पीयंगू सिरसा पलासरायद्दुमा कमसो ॥
चेत्तदुमामूलेसुं पत्तेक्कं चउदिसासु चेट्ठंते । पंच जिणिंदपडिमा पलियंकठिदी परमरम्मा ॥
ति. प. ३,१३६-३७

× × ×

पदमेत्ते गुणयारे अण्णोण्णं गुणिय रूवपरिहीणे । रूऊणगुणेणहिए मुहेण गुणियम्मि गुणगणियं ॥
त्रि. सा. २३१.
गच्छसमे गुणयारे परप्परं गुणिय रूवपरिहीणे । एक्कोणगुणविहत्ते गुणिदे वयणेण गुणगणिदं ॥
ति. प. ३-८०.

× × ×

असुरस्स महिस-तुरग-रथेभ-पदाती-कमेण गंधव्वा। णिच्चाणीय महत्तर महत्तरी छक्क एक्का य॥
णावा गरुडिभ-मयरं करभं खग्गी सिगारि-सिविगस्सं। पढमाणीयं सेसे सेसाणीया हु पुव्वं व॥
त्रि. सा. २३२-३३.

असुरम्मि महिस-तुरगा रह-करिणो तह पदाति गंधव्वा। णच्चणया एदाणं महत्तरा छ महत्तरी एक्का॥
णावा गरुड-गइंदा मयरट्ठा खग्गि-सीह-सिविकस्सा। णागादीणं पढमाणीया बिदियाय असुरं वा॥
ति. प. ३, ७८-७९

३ **व्यन्तरलोक** अधिकारमें व्यन्तर देवोंके भेद, उनका शरीरवर्ण, चैत्यवृक्ष, व्यन्तरोंके अवान्तरभेद, इन्द्रनाम, गणिकामहत्तरी, सामानिक आदि परिवारदेव, निवासद्वीप, प्रासाद, आयु और भवनपुरादि विभागका उसी प्रकार वर्णन पाया जाता है जैसा कि तिलोयपण्णत्तिके छठे अधिकारमें किया गया है।

४ **ज्योतिर्लोक** अधिकारमें पहिले ज्योतिषी देवोंके पांच भेदोंका निर्देश करके उनके संचारादिके प्ररूपणार्थ आदि व अन्तके सोलह-सोलह द्वीपोंके नामोंका उल्लेख कर उनकी समस्त संख्याका प्रमाण बतलाया गया है। तत्पश्चात् जम्बूद्वीपादिकका विस्तार, उनकी आदिम मध्यम व बाह्य सूचियां, परिधि, बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफल, जम्बूद्वीपप्रमाण खण्ड, लवणसमुद्रादिका जलस्वाद, उनमें जलचर जीवोंकी सम्भावना, मानुषोत्तर व स्वयम्प्रभादि पर्वत, अवगाहना और पृथिवी आदिक जीवोंका आयुप्रमाण, इन सबका कथन किया है[1]।

आगे ज्योतिषी देवोंका जो अवस्थान (निवासक्षेत्र) बतलाया है वह तिलोयपण्णत्तिके ही समान है[2]। इसके लिये यहां जो निम्न गाथा दी गई है वह किसी प्राचीनतम ग्रन्थकी प्रतीत होती है—

णउदुत्तरसत्तसए दस सीदी चदुदुगे तियचउक्के।
तारिण-ससि-रिक्ख-बुहा सुक्क-गुरुंगार-मंदगदी॥३३२॥

यह गाथा कुछ शब्दभेदके साथ सर्वार्थसिद्धि (४-१२) में 'उक्तं च' करके उद्धृत की गई है। यहां मात्र शब्दभेद ही है, अर्थभेद नहीं हुआ। परन्तु तत्त्वार्थ-राजवार्तिकमें[3] वही गाथा ऐसे पाठभेदोंके साथ उद्धृत की गई है कि जिससे वहां नक्षत्र, बुध,

१ इन सब विषयोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके तिर्यग्लोक नामक पांचवें अधिकारमें विस्तारपूर्वक की गई है। २ ति. प. म. ७ गा. ३६, ६५, ८३, ८९, ९३, ९६, ९९, १०४.
२ णवदुत्तरसत्तसया दस सीदिच्चदुतिग च दुगचदुक्क। तारा-रवि-ससि-रिक्खा बुह-भग्गव-गुरु-अंगिरार-सणी॥
त. रा. ४, १२, १०.

शुक्र, बृहस्पति, मंगल और शनिके अवस्थानमें भी भेद हो गया है।

इसी अधिकारमें आगे ज्योतिष विमानोंका विस्तार, चन्द्रमण्डलकी हानि-वृद्धि, अढ़ाई द्वीपके चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, अढ़ाई द्वीपके बाहिर चन्द्र-सूर्यादिका अवस्थान, असंख्यात द्वीप-समुद्रोंके ऊपर स्थित चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, अठासी ग्रहोंके नाम, चारक्षेत्र, दिन-रात्रिका प्रमाण, ताप व तमका प्रमाण, चन्द्र सूर्यादिकोंके गगनखण्ड, अधिक मास, दक्षिण-उत्तर अयनका प्रारम्भ व आवृत्तियां, नक्षत्र तिथि एवं पर्वके निकालनेकी रीति, समान दिनरात्रि स्वरूप विषुप, नक्षत्रोंके नामादिक तथा चन्द्र-सूर्यादिकोंके आयुप्रमाणादिकी प्ररूपणा की गई है। गाथाओंकी समानता—

लवणादीणं वासं दुग-तिग-चदुभंगुणं तिलक्खुणं।
आदिम-मज्झिम-बाहिरसूइ त्ति भणंति आइरिया ॥ त्रि. सा. ३१०

लवणादीणं रुंदं दु-ति-चउगुणिदं कमा तिलक्खुणं।
आदिम-मज्झिम-बाहिरसूईणं होदि परिमाणं ॥ ति. प. ५-३४.

गाथा ४३३ ति. प. के सातवें अधिकारमें (१०१) ज्योंकी त्यों पायी जाती है।

५ वैमानिकलोक अधिकारमें प्रथमतः सोलह और फिर इन्द्रोंकी अपेक्षा बारह कल्पोंके नामोंका निर्देश किया गया है। तत्पश्चात कल्पातीत विमानोंका उल्लेख, सौधर्मादिकोंमें विमानोंकी संख्या, इन्द्रकोंका प्रमाण, नाम व विस्तार; श्रेणिबद्ध विमानोंका अवस्थान, दक्षिण उत्तर इन्द्रोंका निवास, मुकुटचिह्न, नगर प्रासादिकोंका रचनाक्रम, सामानिक देवादिकोंकी संख्या, अग्रदेवियोंके नाम, कल्पस्त्रियोंका उत्पत्तिस्थान, प्रवीचार, विक्रिया, अवधिविषय, जन्म-मरणान्तर, इन्द्रादिकोंका उत्कृष्ट विरह, आयुप्रमाण, लौकान्तिक देवोंका स्वरूप, कल्पस्त्रियोंका आयुप्रमाण, उत्सेध, उच्छ्वास व आहारग्रहणका काल, गत्यागति, उत्पत्तिप्रकार, ईषत्प्राग्भार नामक आठवीं पृथिवीका स्वरूप, सिद्धोंका क्षेत्र और उनका सुख, इत्यादि प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके आठवें महाधिकारमें की गई प्ररूपणाके ही समान यहां भी पायी जाती है। सिद्धोंकी प्ररूपणा तिलोयपण्णत्तिके नौवें महाधिकारमें की गई है। यहां कुछ उल्लेखनीय विशेषतायें ये हैं—

(१) ति. प. (८, ८३-८४) में बतलाया है कि ऋतु इन्द्रककी चारों दिशाओंमें ६२-६२ श्रेणिबद्ध विमान हैं। आगे आदित्य इन्द्रक पर्यन्त वे एक एक कम (६१-६० इत्यादि) होते गये हैं। वहीं दूसरे मतसे ६२ के स्थानमें ६३ श्रेणिबद्ध विमान भी बतलाये हैं। इस मतके अनुसार सर्वार्थसिद्धि इन्द्रकके चारों ओर भी श्रेणिबद्ध विमानोंकी स्थिति स्वीकार की गई है। यहां त्रिलोकसारमें ६२ वाला मत (गा. ४७३) स्वीकार किया गया है।

(२) ति. प. (८, ३३२–३५०) में सौधर्मादिक इन्द्रोंका अवस्थान पृथक् पृथक् बतला देनेके पश्चात् इसी अर्थको समुदित रूपमें बतलानेके लिये जो 'छज्जुगलसेसएसुं....' इत्यादि गाथा (३५१) दी गई है वह यहां त्रिलोकसारमें (४८३) भी थोड़ेसे पाठभेदके साथ पायी जाती है ।

(३) ति. प. (८–४०१) में स्तम्भोंके ऊपर और नीचे २५–२५ कोश छोड़कर जो करण्डकोंका अवस्थान बतलाया है, यहां (५२१) उसे क्रमशः २५ और २३ कोश छोड़कर बतलाया है ।

(४) तिलोयपण्णत्ति (म. ८, १२५–२६) में जो विजयादिकके अवस्थानमें दिशाभेद बतलाया है उसमें यहां (५२७) द्वितीय मत स्वीकार किया गया प्रतीत होता है ।

(५) ति. प. (८–५११) में आचार्यान्तरके मतसे सर्वार्थसिद्धिमें पल्यके असंख्यात भागसे हीन तेतीस सागरोपम प्रमाण जघन्य आयु भी बतलाई है । परन्तु यहां (५३२) जघन्य आयुका कुछ स्पष्ट उल्लेख नहीं पाया जाता ।

(६) ति. प. (८,५४४–४६) में कल्पवासी देवोंका उत्कृष्ट विरहकाल बतला कर फिर भी मतान्तरसे अन्य प्रकार बतलाते हुए जो गा. ५४९ दी गई है वह गाथा यहां (५२९) भी पायी जाती है । यहां इसी मत को अपनाया गया है ।

(७) ति. प. (८,५२५–२६) में पहले बारह कल्पोंकी विवक्षासे देवियोंकी आयुका प्रमाण बतला कर फिर गा. ५२७–२९ में, जो सोलह कल्पोंको स्वीकार करते हैं, उनके उपदेशानुसार भी उक्त आयुका प्रमाण बतलाया है । तत्पश्चात् गा. ५३० में 'लोकायनी' के अनुसार तथा गा. ५३१–३२ में मूलाचारके अनुसार भी उन देवियोंकी आयुका प्रमाण बतलाया है जो पल्योंमें निम्न प्रकार है—

सौ	ई.	स.	मा.	ब्र	ब्रह्मो.	लां.	का.	शु.	म.	श.	स.	आ.	प्रा	आरण	अ.
५	७	९	११	१३	...	१७	...	...	२३	...	२७	३४	४१	४८	५५
५	७	९	११	१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	३४	४१	४८	५५
५	७	९	११	१३	१५	१७	१९	२१	२३	२५	२७	२९	३१	३३	३५
५		१७		२५		३५		४०		४५		५०		५५	

यहां त्रिलोकसारमें (५४२) द्वितीय मतको स्वीकार कर उसीके अनुसार देवियोंकी आयुका प्रमाण बतलाया गया है ।

समानताके लिये निम्न गाथाओंका मिलान कीजिये —

त्रिलोकसार	४५९	४६३	४७१	४७४	४७५	४८३	५२८	५२९
तिलोयपण्णत्ति	८-१४९	८-११	१-१६३	८-१०१	८-१६८	८-३५१	६८७	५४९

६ नर-तिर्यग्लोक यह अधिकार तिलोयपण्णत्तिमें मानुषलोक (४) और तिर्यग्लोक (५) इन दो स्वतन्त्र महाधिकारोंमें विभक्त पाया जाता है। इस अधिकारमें पहिले जम्बूद्वीपस्थ भरतादिक क्षेत्रों, हिमवदादि पर्वतों, पद्मादिक ह्रदों व उनसे निकलनेवाली गंगादिक नदियों, तथा मेरु पर्वत व भद्रशालादि वनोंका विस्तारादि बतलाया गया है। आगे जम्बू वृक्ष व शाल्मली वृक्ष और उनके परिवार वृक्षोंका उल्लेख करके क्षेत्रानुसार भोगभूमि और कर्मभूमियोंका विभाग बतलाया है। तत्पश्चात् यमकगिरि, ह्रदपंचक, कांचन शैल, दिग्गज पर्वत, गजदन्त पर्वत, वक्षार पर्वत व विभंग नदियां, इनके नामादिकका निर्देश करके ग्राम-नगरादिकका स्वरूप बतलाया गया है। फिर विदेह क्षेत्रमें वर्षा आदिका स्वरूप दिखाकर पांच मेरु सम्बन्धी तीर्थंकर व चक्रवर्ती आदिकोंकी जघन्य-उत्कृष्ट संख्या निर्दिष्ट की है। इससे आगे चक्रवर्तीकी सम्पदाका उल्लेख करके राजा-अधिराजा आदिके लक्षण बतलाते हुए ३२ विदेहों, विजयार्धगिरिस्थ ११० विद्याधरनगरियों, विदेहक्षेत्रस्थ ३२ नगरियों तथा हिमवदादि पर्वतोंके ऊपर स्थित कूटोंके नामोंका निर्देश किया है। आगे चलकर अनेक करणसूत्रों द्वारा चाप, बाण, वृत्तविष्कम्भ तथा स्थूल व सूक्ष्म क्षेत्रफल निकाल कर निर्दिष्ट किया गया है।

तत्पश्चात् भरत व ऐरावत क्षेत्रोंमें प्रवर्तमान सुषम-सुषमादिक छह कालोंका प्रमाण और उनमें होनेवाले प्राणियोंकी आयु व उत्सेध आदिका प्रमाण बतलाते हुए प्रथमतः भोगभूमियोंकी प्ररूपणा की है। फिर चतुर्थ कालमें होनेवाले ६३ शलाकापुरुष (२४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती और ९-९ बलदेव नारायण व प्रतिनारायण), ९ नारद और ११ रुद्रोंकी प्ररूपणा करके शक राजाकी उत्पत्ति एवं कल्किका कार्य बतलाया गया है। इसके आगे उत्सर्पिणी कालके प्रवेश-क्रमको दिखलाकर भरतादिक क्षेत्रोंमें सदा अवस्थित रहनेवाले कालोंका तथा द्वीप-समुद्रोंके मध्यमें स्थित प्राकार एवं वेदिकादिकोंका वर्णन करते हुए जम्बूद्वीपकी प्ररूपणा समाप्त की गई है।

आगे चलकर लवणसमुद्र व उसमें स्थित अन्तरद्वीपोंका निरूपण करते हुए धातकी व पुष्कर द्वीपों; मानुषोत्तर, कुण्डल एवं रुचक पर्वतों और उनके ऊपर स्थित कूटों, नन्दीश्वर द्वीप तथा अकृत्रिम जिनभवनोंकी प्ररूपणा की गई है। इस प्रकार इस अधिकारके पूर्ण होनेपर उक्त ग्रन्थ समाप्त होता है।

यहां हिमवान् पर्वतके ऊपरसे जिस जिह्विका नालीके द्वारा गंगा नीचे गिरी है उसका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—

केसरिमुह-सुदि-जिब्भा-दिट्ठी भू-सीसपहुदिगोसरिसा ।
तेणिह पणालिया सा वसहायारे त्ति णिद्दिट्ठा ॥ त्रि. सा. ५८५.

अर्थात् वह नाली मुख, कान, जिह्वा और नेत्र इनसे सिंहके आकार तथा भ्रू और शेर आदिसे गायके सदृश है, अत एव वह वृषभाकार कही गई है ।

इस प्रकार उस नालीका यह स्वरूप कुछ अटपटासा हो गया है, क्योंकि, उसका आकार न तो सिंहके समान ही रह सका है और न गायके ही समान । हम जब तिलोयपण्णत्तिमें इस प्रकरणको देखते है तो वहां हमें यह गाथा उपलब्ध होती है—

सिंग-मुह-कण्ण-जिंहा-लोयण-भूआदिएहि गोसारिसो ।
वसहो त्ति तेण भण्णइ रयणामरणोहिया तत्थ ॥ ति. प. ४–२१५.

इसमें उक्त नालीका स्वरूप पूर्ण रूपेण गायके आकार ही बतलाया गया है । यह गाथा सम्भवतः त्रिलोकसारकर्ताके सामने रही है । परन्तु उसका 'सिंग' पद अपने रूपमें रहकर सिंघ या सिंह पदके रूपमें भ्रष्ट होकर रहा है । इसीके द्वारा भ्रान्ति हो जानेसे उन्होंने 'सिंह' के पर्यायवाची 'केसरि' शब्दका प्रयोग उपर्युक्त गाथामें कर दिया है ।

इस विषयको तत्त्वार्थराजवार्तिकमें देखनेपर वहां गंगाकुण्डादिका निर्देश तो मिलता है, परन्तु उक्त नालीका निर्देश वहां किसी प्रकार भी देखनेमें नहीं आता । (देखिये त. रा. अध्याय ३ सूत्र २२)

हरिवंशपुराण[1] और वर्तमान लोकविभागमें[2] उसे वृषभाकार ही बतलाया है, न कि कुछ अवयवोंसे सिंहाकार भी । जंबूदीवपण्णत्तिमें[3] उसे स्पष्टतया सींग एवं मुखादिक सब अवयवों द्वारा वृषभाकार ही कहा है । जिनभद्रगणि-क्षमाश्रमण-विरचित बृहत्क्षेत्रसमासमें[4] उसे

१ षट्योजनो मगव्यूता विस्तीर्णा वृषभाकृतिः । जिह्विका योजनार्द्धं तु बाहुल्यायामतो गिरेः ॥
तस्यैव पतिता गंगा गोशृंगाकारधारिणी । श्रीगृहाग्रसमावर्त्त भ्रमी दशयोजनविस्तृता ॥ ह. पु. ५, १४०-४१.

२ सक्रोशषट च विस्तीर्णा बहत्वा चार्धयोजनम । जिह्विका वृषभाकारगोयोना चार्धयोजनम ॥
जिह्विकायां गता गंगा पतन्ती श्रीगृहं शुभे । गोशृंगसंस्थिता भूत्वा पतिता दशविस्तृता ॥ लो. वि. १,९२-९३.

३ सिंग-मुह-कण्ण-जीहा-णयणा-भूआदिएहि गोसरिसा । वसह त्ति तेण णामा णाणामणि-रयणपरिणामा ॥
जं. प. २-१५१.

४ निवडइ गिरिसिहराओ गंगाकुंडम्मि जिब्भियाए उ । मयरविइट्ठहरसंठियाए वइरामयतलम्मि ॥
बृ. क्षे. १, ११६.

मगरके खुले हुए अधरके आकार निर्दिष्ट किया है ।

यहां त्रिलोकसार गा. ८४२–८४६ में तीर्थंकर, चक्रवर्ती, अर्धचक्री और रुद्रोंका उत्पत्तिकाल बतलानेके लिये जिस संदृष्टिका उपयोग किया है वह तिलोयपण्णत्ति (४, १२८७–९१, १४१७, १४४३) में भी इसी क्रमसे पृथक् पृथक् पायी जाती है । इसके अतिरिक्त वह हरिवंशपुराण (६०, ३२४–३२९) और प्रवचनसारोद्धार (४०६–४०९) में भी इसी क्रमसे उपलब्ध होती है ।

किन्तु जब हम त्रिलोकसारकी गाथा ८५० का तिलोयपण्णत्तिकी गाथा ४, १५०७ आदिसे मिलान करते हैं तो हमें कल्किके सम्बन्धमें दोनों ग्रन्थोंमें बड़ा मतभेद दिखाई देता है । त्रिलोकसारके अनुसार महावीरनिर्वाणसे एक हजार वर्ष व्यतीत हो जानेपर कल्किका जन्म हुआ और उसने चालीस वर्ष राज्य किया, जब कि तिलोयपण्णत्तिके अनुसार महावीरनिर्वाणसे एक हजार वर्षके भीतर ही कल्किका आयुकाल आ जाता है और उसका राज्यकाल ब्यालीस वर्ष बतलाया गया है ।

अन्य अधिकारोंके समान इस अधिकारकी भी कितनी ही गाथायें ज्योंकी त्यों या कुछ परिवर्तनके साथ तिलोयपण्णत्तिमें देखी जाती हैं । उदाहरणार्थ निम्न गाथाओंका मिलान किया जा सकता है—

त्रि. सा.	३१०	५७०	५९०	५९४–५	६८७-९०	९२०	९८८	९८९	१००९	१०१४
ति. प.	२५६१	१६६७	४-२३०	४,२३८-९	२२०६-९	२४८९	१६३९	३-४९	३-४७	३-४५

७ जंबूदीवपण्णत्ति

यह पद्मनन्दिमुनि विरचित एक लोकानुयोग (करणानुयोग) का ग्रन्थ है । इसमें निम्न तेरह उद्देश हैं— १ उपोद्घात, २ भरत-ऐरावत वर्ष, ३ शैल-नदी-भोगभूमि, ४ सुदर्शन (मेरु), ५ मन्दरजिनभवन, ६ देवोत्तरकुरु, ७ कक्षाविजय, ८ पूर्व विदेह, ९ अपर विदेह, १० लवणसमुद्र, ११ द्वीप-सागर, अधः-ऊर्ध्व-सिद्धलोक, १२ ज्योतिर्लोक, और १३ प्रमाणपरिच्छेद । इनकी गाथासंख्या इस प्रकार है— ७४ + २१० + २४५ + २५२ + १२५ + १७८ + १५३ + १९८ + १९७ + १०२ + १६५ + ११४ + १७६ = २३८९ । इसकी रचनाशैली पूर्णतया तिलोयपण्णत्तिके समान है । यथा—

(१) जिस प्रकार तिलोयपण्णत्तिके प्रारम्भमें प्रथम पांच गाथाओंके द्वारा पांचों परमेष्ठियोंका स्मरण करके पश्चात् छठी गाथाके द्वारा तिलोयपण्णत्तिके कहनेकी प्रतिज्ञा की

गई है[1] उसी प्रकार इसके प्रारम्भमें भी प्रथमतः पांच गाथाओंके द्वारा पांचों परमेष्ठियोंकी वन्दना करके पश्चात् छठी गाथाके द्वारा 'दीव-सायरपण्णत्ति' के कहनेकी प्रतिज्ञा की गई है[2]। भेद केवल इतना हुआ है कि तिलोयपण्णत्तिमें पहले सिद्धोंको नमस्कार करके फिर अरहन्तोंको नमस्कार किया है। किन्तु इसमें पहले अरहन्त और फिर सिद्धोंको नमस्कार किया गया है।

(२) तिलोयपण्णत्तिके समान ही इसमें भी प्रत्येक अधिकार (प्रथम अधिकारको छोड़) के प्रारम्भ व अन्तमें क्रमशः ऋषभादि चौबीस तीर्थंकरोंको नमस्कार किया गया है।

(३) विषयवर्णनपद्धति तो दोनों ग्रन्थोंकी समान है ही, साथ ही इसमें तिलोय-पण्णत्तिकी बीसों गाथायें यत्किंचित् परिवर्तनके साथ प्रायः ज्योंकी त्यों पायी जाती हैं। जैसे —

(क) भरतादिक सात क्षेत्रोंको नरेन्द्रकी उपमा देकर दोनों ग्रन्थोंमें उनका इस प्रकार वर्णन किया गया है—

कप्पतरु-धवलछत्ता वरउववण-चामरेहि चारुधरा । वरकुंड-कुंडलेहिं विचित्तरूवेहिं रमणिज्जा ॥
वरवेदी-कडिसुत्ता बहुरयणुज्जलणगिंद-मउडधरा । सरिजलपवाह-हारा खेत्त-णरिंदा विराजंति ॥
ति. प. ४, ९२-९३.

कप्पतरु-धवलछत्ता उववण-ससिधवलचामराडोवा । बहुकुंड-रयणकंठा वण-कुंडलमंडियागंडा ॥
वेइ-कडिसुत्तसोहा णाणापव्वय-फुरंतवरमउडा । चर [वर] णइजलंतहोए [जलच्छहारा] खेत्त-णरिंदा
विरायंति ॥ जं. दी. २, ३-४.

(ख) हिमवदादिक छह कुलपर्वतोंका वर्णन —

वरदह-सिदादवत्ता सरि-चामरविज्जमाणया परिदो । कप्पतरु-चारुचिंधा वसुमइ-सिंहासणारूढा ॥
वरवेदी-कडिसुत्ता विविहुज्जलरयणकूड-मउडधरा । अंबरणिज्झर-हारा चंचलतरु-कुंडलाभरणा ॥
गोउर-तिरीडरम्मा पायार-सुगंधकुसुमदामग्गा । सुरपुर-कंठाभरणा वणराजि-विचित्तवरयकयसोहा ॥
तोरण-कंकणजुत्ता वज्जपणाली-फुरंतकेयूरा । जिणवरमंदिर-तिलया भूधरराया विराजंति ॥
ति. प. ४, ९६-९९

वरदह-सिदादवत्ता सरि-चामरविज्जुमाण बहुमाणा । कप्पतरु-चारुचिण्हा वसुमइ-सिंहासणारूढा ॥
वेदि-कडिसुत्तणिवहा मणिकूट-किरंतदिव्ववरमउडा । णिज्झरपलंबणाहा [हारा] तरु-कुंडलमंडियागंडा ॥

१ एवं वरपंचगुरू तियरणसुद्धेण णमंसिऊणाहं । भव्वजणाण पबोधं वोच्छामि तिलोयपण्णत्तिं ॥ ति. प १-६.
२ दे [ते] णविऊण सिरसा वोच्छामि जहाकमेण जिणदिट्ठं । आयरियपरंपरया पण्णत्तिं दीव-जलधीणं ॥
जं. दी. १-६.

सुरधर [धर] कंठाभरणा वणसंड-विचित्तवत्थकयसोहा । गोउर-तिरीडमाला पायार-सुगंधदामड्ढा ॥
तोरण-कंकणहत्था वज्जाणाली-कु [फु] रंतकेऊरा । जिणभवण-तिलयभूदा भूहर-राया विरायंति ॥
जं. दी. ३, ३३-३६.

(ग) तिलोयपण्णत्तिके पांचवें महाधिकारमें नन्दीश्वर द्वीपके वर्णनमें बतलाया है कि चारों प्रकारके देव प्रति वर्ष अष्टाह्निक पर्वमें वहां जाकर गाढ़ भक्तिसे जिनपूजन करते हैं। उस समय वहां सौधर्मादिक इन्द्रोंके जानेका वर्णन जैसा तिलोयपण्णत्तिमें किया गया है (देखिये ति. प. ५, ८४–९७), ठीक उसी प्रकार जंबूदीवपण्णत्तिके पांचवें उद्देशमें भी मेरु-पर्वतस्थ जिनभवनोंमें जिनपूजनके निमित्त प्रस्थान करनेवाले उक्त इन्द्रोंकी यात्राका वर्णन किया गया है (देखिये जं. दी. ५, ९३–१०८)। विशेष इतना है कि उस समय नन्दीश्वर द्वीपको जाते हुए इन्द्रोंके हाथमें जहां तिलोयपण्णत्तिमें श्रीफल आदि पूजाद्रव्यका होना बतलाया है, वहां जंबूदीव-पण्णत्तिमें उनके हाथमें वज्र व त्रिशूल आदिके रहनेका उल्लेख है।

(घ) नर्तकानीक द्वारा किया जानेवाला तीर्थंकरादिके चरित्रका अभिनय (ति. प. ८ ३६०-३६७; जं. दी. ४, २१३-२१९)।

इसके अतिरिक्त दोनों ग्रन्थोंकी समानताके लिये निम्न गाथाओंकी ओर भी तुलना की जा सकती है—

जं. दी.	१-३६	२-६५	२-६८	२, १९.५-९८	४-४५	४-५६	६-१२	६-७९
ति. प.	४-१६४८	४ १६४१	४-१६५६	४, १५३९-४०	४-१९.१५	४ १६९३	४-२०२५	४-२१९८

जं. दी.	७,५७ ६०	७, ६१ ६४	७-६९	७-११०	७, ११२ १४	११-१९
ति. प	४, २४४८-५१	४, २२८२ ८५	४-२२८७	४-२२८९	४, २२७८-८०	४-२५८२

जं. दी.	११-१०८	११-२८५
ति. प.	१-१६५	८-३९१

जंबूदीवपण्णत्तिके विषयका परिचय उद्देशक्रमसे इस प्रकार है–

(१) प्रथम उद्देशमें पहले पंच गुरुओंको नमस्कार करके महावीर भगवान्‌के निर्वाणके पश्चात् रहनेवाली केवली व श्रुतकेवली आदिकी परम्परा बतलायी गई है। तत्पश्चात् उक्त

१ यहां लांतवेन्द्रकी यात्रासूचक गाथा प्रतियोंमें छूट गई प्रतीत होती है।

परम्परासे प्राप्त हुई द्वीप-सागरप्रज्ञप्तिके प्ररूपणकी प्रतिज्ञा करके समस्त द्वीप-समुद्रोंकी संख्याका निर्देश करते हुए जम्बूद्वीप, उसकी जगती, विजयादिक द्वार और उनके ऊपर स्थित विजयादिक देवोंकी नगरियोंकी प्ररूपणा की है। अन्तमें जम्बूद्वीपस्थ क्षेत्र, अनेक प्रकारके पर्वत और समस्त वेदियोंकी संख्या बतला कर इस उद्देशको पूर्ण किया है।

(२) दूसरे उद्देशमें भरतादिक सात क्षेत्रोंके नामोंका निर्देश करके उनके विस्तारादिका कथन करते हुए करणसूत्रों द्वारा जीवा, धनुःपृष्ठ, इषु, वृत्तविष्कम्भ, जीवाकरणि, धनुष्करणि, इषुकरणि, पार्श्वभुजा और चूलिका आदिके निकालनेकी विधि बतलायी है। फिर विजयार्ध पर्वत, उसके ऊपर स्थित कूट, जिनभवन, दक्षिण-उत्तर भरतकी जीवा आदिका प्रमाण, भरतसे ऐरावत क्षेत्रकी समानता और सुषम-सुषमादिक कालोंके वर्तनक्रमकी प्ररूपणा की गई है।

(३) तृतीय उद्देशमें हिमवदादि कुल पर्वत, उनपर स्थित द्रह, कूट एवं गंगादिक नदियोंका विस्तारसे वर्णन किया गया है।

(४) चतुर्थ उद्देशमें मेरु पर्वत, भद्रशालादि वनचतुष्टय और जिनजन्माभिषेक-यात्राकी अधिक विस्तारके साथ प्ररूपणा की गई है।

(५) पांचवें उद्देशमें मन्दरपर्वतस्थ त्रिभुवनतिलक नामक जिनभवनकी रचना आदिका बहुत विस्तारपूर्वक वर्णन करके नन्दीश्वरद्वीपादिकोंमें स्थित अन्य जिनभवनोंके प्रमाणादिकका भी निर्देश किया गया है।

(६) छठे उद्देशमें उत्तरकुरुकी स्थिति व विस्तारादि बताकर यमकगिरि, द्रहपंचक, द्रहोंमें स्थित कमल, कंचनशैल, सीतानदी, जम्बूवृक्ष, देवकुरु, वक्षारगिरि आदि, शाल्मलीवृक्ष और देव-उत्तरकुरुओंमें उत्पन्न हुए मनुष्योंके उत्सेध आदिकी प्ररूपणा की गई है।

(७) सातवें उद्देशमें विदेह क्षेत्रकी स्थिति व विस्तारादि बताकर देवारण्य, ८ वेदिकायें, १२ विभंग नदियां, १६ वक्षार पर्वत, ३२ विजय व ६४ नदियां, इनका विस्तारादि बतलाया गया है। पश्चात् कच्छा विजयका वर्णन करते हुए खंडप्रपात एवं गुहाद्वारोंका स्वरूप बतला कर तीर्थंकरादिकोंका अवस्थान, विजयार्ध पर्वत, मागध वरतनु व प्रभास द्वीप तथा चक्रवर्तीके दिग्विजयकी प्ररूपणा की गई है।

(८) आठवें उद्देशमें कच्छा विजयके समान ही सुकच्छा, महाकच्छा, कच्छकावती, आवर्ता, लांगलावर्ता, पुष्कला, पुष्कलावती, वत्सा, सुवत्सा, महावत्सा, वत्सकावती, रम्या, सुरम्या, रमणीया और मंगलावती, इन पन्द्रह विजयोंकी पृथक् पृथक् प्ररूपणा की गई है।

(९) नौवें उद्देशमें सौमनस और विद्युत्प्रभ पर्वतोंका विस्तारादि बतला कर अपरविदेहस्थ

पद्मा आदिक १६ विजयोंका पृथक् पृथक् वर्णन किया गया है। फिर गन्धमादन और माल्यवन्त पर्वतों एवं वेदी आदिकी प्ररूपणा करके इस उद्देशको समाप्त किया गया है।

(१०) दशवें उद्देशमें लवण समुद्रका विस्तार बतला कर उसके मध्यमें स्थित उत्तम मध्यम एवं जघन्य पातालों, जलकी वृद्धि-हानि, कौस्तुभादि आठ पर्वतों, देवनगरियों, गौतमादिक द्वीपों, अन्तरद्वीपों एवं उनमें रहनेवाले कुमानुषोंकी प्ररूपणा की गई है।

(११) ग्यारहवें उद्देशमें पहले धातकीखण्ड द्वीप, कालोद समुद्र, पुष्कर द्वीप और उसके मध्यमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतका वर्णन करके जम्बूद्वीपको आदि लेकर १६ द्वीपोंके नामोंका निर्देश करते हुए लवणोद एवं कालोद समुद्रोंको छोड़ शेष समुद्रोंके नाम द्वीपसम बतलाये गये हैं। आगे जाकर लोकका आकार और विस्तार बतलाते हुए रत्नप्रभादिक सात पृथिवियों, भवनवासी व व्यन्तर देवों, ४९ नरकप्रस्तारों व उनमें स्थित नारकियोंके दुःखों एवं वहां उत्पन्न होनेके कारणोंका वर्णन किया गया है। तत्पश्चात् अढ़ाई द्वीपोंके आगे असंख्यात द्वीपोंमें उत्पन्न होनेवाले तिर्यंचोंकी अवस्था बतला कर ६३ इन्द्रक पटलोंका निर्देश करते हुए सौधर्म एवं ईशान इन्द्रके सुखकी प्ररूपणा की है। आगे चलकर सनत्कुमारादि कल्पों एवं कल्पातीतोंका संक्षेपमें वर्णन करके यह उद्देश समाप्त किया गया है।

(१२) बारहवें उद्देशमें प्रथमतः चन्द्रोंका अवस्थान बतला कर उनकी गति और संख्या आदिकी प्ररूपणा करते हुए संक्षेपमें सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और ताराओंका भी कथन किया गया है।

(१३) तेरहवें उद्देशमें प्रथमतः कालके दो भेद बतला कर पुनः समयादि रूप व्यवहार कालके भेदोंका उल्लेख करते हुए उत्सेधांगुलादि तीन अंगुलों एवं पल्यादिकोंके प्रमाणकी प्ररूपणा की गई है। पश्चात् सर्वज्ञका स्वरूप बतला कर उसके वचनकी प्रमाणता प्रगट करते हुए प्रमाणके प्रत्यक्ष-परोक्षादि रूप अनेक भेद-प्रभेदोंका वर्णन किया है। आगे चलकर श्रुतकी विशेषता दिखलाते हुए पुनः सर्वज्ञका स्वरूप बतला कर जिन भगवान्के अतिशय बतलाये गये हैं।

अन्तमें कहा गया है कि ऋषि विजयगुरुके समीपमें जिनागमको सुनकर उनके प्रसादसे मैंने अढ़ाई द्वीपों, अधः ऊर्ध्व एवं तिर्यग् लोकोंमें जहां-जहां मंदर शैलादिक जो जो स्थान हैं उन सबोंका आचार्यपरम्परानुसार वर्णन किया है। आगे तप-संयमसम्पन्न एवं श्रुतसागर-पारंगत माघनन्दि गुरु, उनके शिष्य सकलचन्द गुरु और प्रशिष्य श्रीनन्दि गुरुका उल्लेख करके कहा गया है कि प्रस्तुत ग्रन्थ इन्हीं श्रीनन्दि गुरुके निमित्त लिखा गया है।

ग्रन्थकार पद्मनन्दि मुनिने अपने लिये यहां गुणगणकलित, त्रिदंडरहित, त्रिशल्य-

परिशुद्ध, गारव-त्रय-रहित व सिद्धान्तपारंगत आदि विशेषण पदोंका प्रयोग करते हुए अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाई है— पंचाचारपरिपालक (आचार्य) वीरनन्दि, उनके शिष्य विख्यात बलनन्दि और उनके शिष्य ग्रन्थकर्ता पद्मनन्दि ।

अन्तमें ग्रन्थरचनाका स्थान वारा नगर और वहांके राजा णउत्तम (नरोत्तम) 'शान्ति' का निर्देश करते हुए श्रुत-कल्पतरु, धर्म-समुद्र एवं वीरजिनेन्द्रको नमस्कार करके प्रस्तुत ग्रन्थको पूर्ण किया गया है ।

इस ग्रन्थमें चूंकि त्रिलोकसारकी निम्न गाथायें ज्योंकी त्यों पायी जाती हैं, अतः, यदि वे उससे भी प्राचीन किसी अन्य ग्रन्थकी नहीं हैं तो, प्रायः निश्चित है कि इसकी रचना त्रिलोकसारके पश्चात् हुई है—

'ववहारुद्धारद्धापल्ला तिण्णेव होंति णायव्वा । संखा दीव-समुद्दा कम्मट्ठिदि वण्णिदा जेहिं ॥ ९३ ॥
'विक्खंभवग्गदहगुणकरणी वट्टस्स परिरओ होदि । विक्खंभचउब्भागे परिरयगुणिदे हवे गणियं ॥९६॥

'इसुवग्गं चउगुणिदं जीवावग्गम्हि पक्खिवित्ताणं ।
चउगुणिदिसुणा भजिदे णियमा वट्टस्स विक्खंभो ॥ ७६१ ॥

इनके अतिरिक्त त्रिलोकसारकी ७६० और ७६४ नं. की गाथायें भी साधारण परिवर्तनके साथ जंबूदीवपण्णत्तिके द्वितीय उद्देशमें क्रमशः २३-२४ और २५ नं. पर पायी जाती हैं ।

चूंकि इसकी निम्न गाथा 'उक्तं च जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तौ' कह कर वर्तमान लोकविभागके तृतीय प्रकरणमें श्लोक ५२ के पश्चात् उद्धृत की गई है, अतः निश्चित है कि इसकी रचना वर्तमान लोकविभागके पहिले हो चुकी है—

कोसेक्कसमुत्तुंगा पल्लिदोवमआउगा समुद्दिट्ठा । आमलयपमाहारा चउत्थभत्तेण पारंति ॥

जं. दी. ११–५४.

८ बृहत्क्षेत्रसमास

जिस प्रकार दिगम्बर परम्परामें त्रिलोकप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, त्रिलोकसार और लोकविभाग आदि कितने ही ग्रन्थ लोकानुयोगके उपलब्ध हैं उसी प्रकार श्वेताम्बर परम्परामें भी बृहत्क्षेत्रसमास, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, प्रवचनसारोद्धार, बृहत्संग्रहणी और लोकप्रकाश आदि उक्त

१ जं. दी. १३-३६. (यह गाथा सर्वार्थसिद्धि ३-३९ में भी उद्धृत है, अतः प्राचीन है । साथ ही इसके अध्याय ३ सूत्र ३१ में उद्धृत की गई एक गाथा और भी जंबूदीवपण्णत्ति (१३-१२) में पायी जाती है । यह गाथा प्रवचनसारोद्धारमें भी १३८७ नं. पर उपलब्ध होती है ।
२ जं. दी. ४–३४. ३ जं. दी. ६–७.

विषयके अनेक ग्रन्थ पाये जाते हैं। इन दोनों ही परम्पराओंमें लोककी प्ररूपणा प्रायः समान रूपसे पायी जाती है, मतभेद क्वचित् किंचित् ही पाये जाते हैं। ऐसे मतभेद तो प्रायः एक परम्पराके भीतर भी विद्यमान हैं।

बृहत्क्षेत्रसमास यह जिनभद्र-गणि-क्षमाश्रमण द्वारा प्रणीत है। इसका रचनाकाल प्रायः विक्रमकी सातवीं शताब्दि होना चाहिये। इनके द्वारा विरचित एक बृहत्संग्रहणी सूत्र भी रहा है। वर्तमान 'बृहत्संग्रहणी' चन्द्रमहर्षि द्वारा विरचित एक अर्वाचीन ग्रन्थ है। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें बृहत्संग्रहणी सूत्र (त्रैलोक्यदीपिका) ग्रन्थोंकी परम्परा प्राचीन कालसे अब तक प्राप्त है। त्रिलोकप्रज्ञप्ति (४-२१७, २१९, २०२९, २४४८, ८-२७२, ३८७ आदि) में सग्गायणी, संगोयणी, संगायणी या संगाहणी आदि पदोंके द्वारा जिस ग्रन्थका उल्लेख किया गया है वह ऐसा ही कोई संग्रहणी सूत्र सम्भवतः प्रतीत होता है। त्रिलोकप्रज्ञप्तिके द्वितीय महाधिकारमें गा. २२ के द्वारा शर्करा आदि छह पृथिवियोंका बाहल्य बतला कर आगे गाथा २३ के द्वारा भी प्रकारान्तरसे उनका बाहल्य फिरसे बतलाया है। यह बाहल्यप्रमाण प्रायः अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें तो नहीं देखा जाता, पर वर्तमान बृहत्संग्रहणीमें वह अवश्य उपलब्ध होता है। यथा—

असीइ बत्तीसडवीस-वीस-अट्ठार-सोल-अडसहस्सा।
लक्खुवरि पुढविपिंडो वणुदहि-घणवाय-तणुवाया ॥ बृ. सं. सू. २१२.

प्रस्तुत बृहत्क्षेत्रसमास ग्रन्थमें १ जम्बूद्वीपाधिकार, २ लवणाब्ध्यधिकार, ३ धातकीखण्डद्वीपाधिकार, ४ कालोदध्यधिकार और ५ पुष्करवरद्वीपार्धाधिकार, ये पांच अधिकार हैं। इनमें क्रमशः १९८ + ९० + ८१ + ११ + ७६ = ६५६ गाथायें हैं।

(१) जंबूद्वीपाधिकारमें जम्बूद्वीपादि स्वयम्भूरमणान्त सब द्वीप-समुद्रोंकी अढ़ाई उद्धार सागरोंके समयों प्रमाण संख्या बतला कर मानुषक्षेत्र व जम्बूद्वीपकी सविस्तार परिधि, जम्बूद्वीपकी जगती, भरतादिक सात क्षेत्रों व हिमवदादिक छह कुलपर्वतों एवं वैताढ्यगिरिका विस्तार, करणसूत्रपूर्वक बाण, जीवा, धनुष्पृष्ठ, बाहा (पार्श्वभुजा), क्षेत्रफल, घनफल, सब पर्वतोंके ऊपर स्थित कूटोंकी संख्या, नाम व उंचाई आदि; दक्षिणभरतस्थ शाश्वत नगरी अयोध्याका विस्तारादि, वैताढ्य (विजयार्ध) प्ररूपणा, वृषभ कूट, पद्मद्रह, गंगाप्रपातकुंड, नदीविस्तारादि, हैमवतादि क्षेत्रस्थ मनुष्योंका प्रमाणादिक, देव-उत्तरकुरु, जम्बूवृक्ष, देव-उत्तरकुरुस्थ मनुष्योंका प्रमाणादिक, मेरुप्ररूपणा, विजय व वक्षार पर्वतादिकोंका विस्तारादि, विदेह क्षेत्रमें तीर्थंकरादिकोंका अवस्थान व जम्बूद्वीपमें चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, इत्यादिक विषयोंकी प्ररूपणा त्रिलोकप्रज्ञप्तिके ही समान की गई है।

यहां प्रकरण पाकर गा. ९९५-९६ की टीकामें टीकाकार श्री मलयगिरि सूरिके द्वारा चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र व ताराओंकी प्ररूपणा विस्तारपूर्वक उसी प्रकार की गई है जैसे कि त्रिलोकप्रज्ञप्तिके सातवें महाधिकारमें।

(२) लवणाब्ध्यधिकारमें लवणसमुद्रका विस्तार, परिधि, उसमें स्थित पाताल, जल-वृद्धि-हानि, वेलंधर नागकुमार देवोंकी संख्या आदि, गोतीर्थ, गौतमद्वीप, सूर्यद्वीप, चन्द्रद्वीप, लुप्पन अन्तरद्वीप, अन्तरद्वीपस्थ मनुष्योंका उत्सेधादिक, लवणसमुद्रके अवगाह व उत्सेधका प्रमाण एवं चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या, इत्यादिक विषयोंकी प्ररूपणा की गई है।

(३) धातकीखण्ड अधिकारमें धातकीखण्ड द्वीपके विस्तार व परिधिका प्रमाण, इषुकार पर्वत, मेरु पर्वत, भरतादिक क्षेत्रोंका आकार व विस्तारादि, हिमवदादिक पर्वतोंका विस्तार, द्रह व नदीकुण्डादिकोंका उत्सेधादि, धातकी वृक्ष, मेरु पर्वतोंका उत्सेधादिक, विजयों व वक्षार पर्वतोंका विस्तार तथा चन्द्रसूर्यादिकोंकी संख्या, इन सबका वर्णन किया गया है।

(४) चतुर्थ अधिकारमें कालोद समुद्रके विस्तार, परिधि, द्वारान्तर, चन्द्र-सूर्यद्वीप, कालोद समुद्रके जलका स्वरूप, उसके अधिपति देव एवं यहां चन्द्रसूर्यादिकोंकी संख्या बतलाई गई है।

(५) पांचवें अधिकारमें पुष्करद्वीप व उसके मध्यमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतके विस्तारादिका प्रमाण, इषुकार पर्वत, वैताढ्य पर्वत, भरतादिक क्षेत्रों एवं हिमवदादिक पर्वतोंके विस्तारादिक, उत्तरकुरुस्थ पद्म व महापद्म वृक्षों एवं उनके अधिपति देवों, विजय व वक्षारादिकोंके विस्तारादि तथा चन्द्र-सूर्यादिकोंकी संख्या आदिकी प्ररूपणा की गई है।

यहां बृहत्क्षेत्रसमास व त्रिलोकप्रज्ञप्ति आदिक ग्रन्थोंमें गणितनियमोंमें प्रायः समानता ही देखी जाती है। उदाहरणार्थ परिधि व क्षेत्रफल निकालनेका करणसूत्र—

विक्खंभवग्गदहगुणकरणी वट्टस्स परिओ होई।
विक्खंभपायगुणिओ परिओ तस्स गणियपयं ॥ बृ. क्षे. १-७.
समवट्टवासवग्गे दहगुणिदे करणि परिधिओ होदि।
वित्थारतुरिमभोगं परिधिहदे तस्स खेत्तफलं ॥ त्रि. प्र. १-११७.
तिगुणियवासं परिही दहगुणवित्थारवग्गमूलं च।
परिहिहदवासतुरिमं बादर सुहुमं च खेत्तफलं ॥ त्रि. सा. ३११.

बाणके निकालनेकी रीति—

जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स वग्गमूलं जं।
विक्खंभाओ सुद्धं तस्सद्धमिसुं वियाणाहि ॥ बृ. क्षे. १-४१.

जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स होदि जं मूलं ।
तं विक्खंभा सोहय सेसद्धमिसुं विजाणाहि ॥ त्रि. सा. ७६१.
जीवा-विक्खंभाणं वग्गविसेसस्स होदि जं मूलं ।
विक्खंभजुदं अद्धिय रिजुबाणो धादईसंडे ॥ त्रि. प्र. ४-२५९७.

अभीष्ट स्थानमें मेरुके विस्तारको निकालनेकी रीति —

जत्थिच्छसि विक्खंभं मंदरसिहराहि उवइत्ताणं ।
एक्कारसहि विभत्तं सहस्ससहियं च विक्खंभं ॥ बृ. क्षे. १–३०७.
जत्थिच्छसि विक्खंभं मंदरसिहराउ समवदिण्णाणं ।
तं एक्कारसभजिदं सहस्ससहिदं च तत्थ वित्थारं ॥ त्रि. प्र. ४–१७९९.

चूलिकाविस्तार—

जत्थिच्छसि विक्खंभं चूलियसिहराहि उवइत्ताणं ।
तं पंचहिं पविभत्तं चउहिं जुयं जाण विक्खंभं ॥ बृ. क्षे. १–३५०.
जत्थिच्छसि विक्खंभं चूलियसिहराउ समवदिण्णाणं ।
तं पंचेहि विहत्तं चउजुत्तं तत्थ तव्वासं ॥ त्रि. प्र. ४–१७९७.

कुछ विशेषतायें—

(१) यहां (१-१८०) विजयार्ध पर्वतकी दोनों गुफाओंमेंसे तिमिस्र गुफाको पश्चिमकी ओर और खण्डप्रपातको पूर्वकी ओर बतलाया गया है, किन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें तिमिस्रको पूर्व और खण्डप्रपातको उत्तरकी ओर स्थित बतलाया है (देखिये ति. प. गा. ४-१७६) ।

(२) यहां गुफाद्वारमें दक्षिण और उत्तरकी ओरसे कपाटपृष्ठभावी चार योजन आयत स्तूपसे सत्तर-सत्तरह योजन आगे जानेपर दो योजनके अन्तरसे तीन-तीन योजन प्रमाण विस्तारसे संयुक्त उन्मग्ना व निमग्ना नदियोंकी स्थिति बतलायी गई है (४ + १७ + २ + ३ + ३ + १७ + ४ = ५० विजयार्धविस्तार) । यथा—

सत्तरस जोयणाइं गुहदाराणोभओ वि गंतूणं ।
जोयणदुगंतराओ विउलाओ जोयणे तिन्नि ॥
गुहविपुलायामाओ गंगं सिंधुं च ता समप्पंति ।
पव्वयकडगपवूढा उम्मग्ग-निमग्गसलिलाओ ॥ बृ. क्षे. १, १८४-८५.

परन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें गुफाके भीतर पचीस योजन प्रवेश करनेपर उपर्युक्त दोनों नदियोंकी स्थिति बतलायी गई है (देखिये ति. प. ४-२३७) । यहां न तो नदियोंका विस्तार ही बतलाया गया है और न उसे पर्वतविस्तारमेंसे कम ही किया गया है ।

(३) यहां बृहत्क्षेत्रसमासमें अन्तरद्वीपोंकी स्थिति इस प्रकार बतलाई है— पूर्व व पश्चिम दिशामें वेदिकासे आगे क्रमशः हिमवान् पर्वतके ईशान और अग्निकोण तथा नैऋत्य व वायुकोणमें एक-एक दंष्ट्रा है। इनसे आगे क्रमशः तीन सौ, चार सौ, पांच सौ, छह सौ, सात सौ, आठ सौ और नौ सौ योजन लवण समुद्रमें प्रवेश करनेपर एक एक अन्तरद्वीप है। इस प्रकार अट्ठाईस द्वीप हिमवान् पर्वत सम्बन्धी और अट्ठाईस ही शिखरी पर्वत सम्बन्धी, समस्त अन्तरद्वीप छप्पन हैं। इन अन्तरद्वीपोंके नाम क्रमशः एकोरुक, आभाषिक वैषाणिक और लाङ्गलिक आदि हैं। इनमें रहनेवाले मनुष्य आठ सौ धनुष ऊंचे, सदा प्रमुदित, मिथुनधर्म परिपालक, पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण आयुसे संयुक्त, चौंसठ पृष्ठकरण्डकोंसे सहित और एक दिनके अन्तरसे आहार करनेवाले हैं। (देखिये बृ. क्षे. २, ५६-६१, ७१-७४)

परन्तु त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें इन द्वीपोंका अवस्थान भिन्न स्वरूपसे बतलाया गया है। वहां एकोरुक आदिकोंको द्वीपोंके नाम न स्वीकार कर वहां रहनेवाले मनुष्योंका वैसा आकार माना गया है। (देखिये ति. प. ४, २४७८ से २४९९)।

(४) बृहत्क्षेत्रसमास (१, ३५५-५६) में जो पाण्डुकशिलादिकी लम्बाई ५०० यो. और चौड़ाई २५० यो. बतलायी गयी है, उस मतका उल्लेख ति. प. गा. ४-१८२१ में ' सग्गायणिआइरिया ' कह कर किया गया है।

९ प्रवचनसारोद्धार

श्वेताम्बर सम्प्रदायमें श्री नेमिचन्द्र सूरिनिर्मित यह एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसमें १७६, द्वार और १५९९ गाथायें हैं। यह सिद्धसेनसूरिकृत वृत्ति सहित दो भागोंमें सेठ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार संस्था द्वारा प्रकाशित हो चुका है। इसमें बहुतसे विषय संगृहीत हैं। रचनाकाल इसका तेरहवीं शताब्दिके करीब प्रतीत होता है। जिस प्रकार त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें नारक, भवनवासी, व्यन्तर, तीर्थंकर, चक्रवर्ती, बलदेव व वासुदेव आदिकोंकी विस्तृत प्ररूपणा की गई है वैसे ही प्रायः उन सभी विषयोंकी प्ररूपणा यहां भी देखी जाती है। इस प्ररूपणामें कहीं समानता व कहीं मतभेद भी हैं। समानता यथा—

(१) जिस प्रकार त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें नारकप्ररूपणामें नारक जीवोंकी निवासभूमि, नारकसंख्या, नारकायु, उत्सेध, विरहकाल व अवधिविषय आदिका वर्णन किया गया है ठीक उसी प्रकार ही इनका वर्णन यहां भी किया गया है (देखिये प्र. सा. गा. १०७१ आदि)।

(२) इसी प्रकरणके भीतर त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें असुरकुमार जातिके जिन १५ भेदोंका निर्देश किया गया है वे यद्यपि किसी अन्य दिगम्बर ग्रन्थमें देखनेमें नहीं आये, परन्तु वे यहां

अवश्य उपलब्ध होते हैं[1] (देखिये पीछे पृ. ५१)।

ये दोनों गाथायें सूत्रकृताङ्ग (५, १, नि. ६८-६९) में भी पायी जाती हैं। वहां 'पन्नरस परमाहम्मिया' के स्थानमें 'एवं पण्णरसाहिया' पाठ है।

(३) सातवीं पृथिवीसे निर्गत जीव किन किन तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते हैं, यह बतलाने-के लिये त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें निम्न गाथा आई है—

वालेसुं दाढीसुं पक्खीसुं जलचरेसु जाऊणं । संखेज्जाउगजुत्ता तेई णिरएसु वच्चंति ॥ २-२९०.

यही गाथा कुछ परिवर्तनके साथ प्रवचनसारोद्धारमें भी पायी जाती है। यथा—

वालेसु य दाढीसु य पक्खीसु जलयरेसु उववन्ना ।
संखिज्जाउठिईया पुणोऽवि नरयाउया हुंति ॥ १०९३.

इसका पाठ मूलाचार (१२-११५) में आयी हुई इसी गाथाके पाठसे बहुत कुछ मिलता जुलता है[2]। मूलाचारमें इसके पूर्वमें जो 'उववट्टिदा य संता' इत्यादि गाथा (१२-११४) आयी है वह भी प्रवचनसारोद्धार (१०८९) में जैसीकी तैसी उपलब्ध होती है।

(४) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें चतुर्थ महाधिकारकी गा. १२८७-९१, १४१७ और १४४३ के द्वारा तीर्थंकर एवं चक्रवर्ती आदिकोंके कालसे सम्बद्ध जिस संदृष्टिकी रचना की गई है उसका उल्लेख यहां भी निम्न गाथाओंके द्वारा किया गया है—

बत्तीसं घरयाइं काउं तिरियाअयाहि रेहाहिं । उड्ढाअयाहिं काउं पंच घराइं तओ पढमे ॥

पन्नरस जिणे निरंतर सुन्नदुगं तिजिण सुन्नतियगं च ।
दो जिण सुन्न जिणिंदो सुन्न जिणो सुन्न दोन्नि जिणा ॥

बिईयपंतिठवणा—

दो चक्कि सुन्न तेरस पण चक्की सुण्ण चक्कि दो सुण्णा ।
चक्की सुन्न दुचक्की सुण्णं चक्की दुसुण्णं च ॥

तईयपंतिठवणा—

दस सुण्ण पंच केसव पणसुण्णं केसि सुण्ण केसी य ।
दो सुण्ण केसवोऽवि य सुण्णदुगं केसव तिसुण्णं ॥ प्र. सा. ४०६-४०९.

यहां संदृष्टिमें रुद्रोंको सम्मिलित नहीं किया गया है। इस संदृष्टिका रूप जो त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें उन उन गाथाओंके नीचे दिया गया है वह सम्भवतः किसी प्रतिलेखकने लिखनेकी सहूलियतसे वैसा दिया है। उसकी आकृति सम्भवतः ऐसी रही हो जैसी कि परिशिष्ट (पृ.

---

१ प्रवचनसारोद्धार गा. १०८५-८६. २ देखिये पीछे पृ. ४१.

१०२३) में दी गई है। प्रवचनसारोद्धारकी टीकामें भी वह इसी रूपमें पायी जाती है।

(५) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें परमाणुका स्वरूप बतलानेके लिये जो प्रथम महाधिकारमें ९६ वीं गाथा आयी है वह कुछ परिवर्तित रूपमें यहां भी पायी जाती है। यथा—

सत्थेण सुतिक्खेण वि छेत्तुं भेत्तुं च जं किर न सक्का।
तं परमाणुं सिद्धा वयंति आइं पमाणाणं ॥ ११९० ॥

यह अनुयोगद्वारसूत्र (सूत्र १३३, गा. १००) में भी इसी रूपमें उपलब्ध होती है।

विशेषता— (१) त्रिलोकप्रज्ञप्ति (२-२९१) में नरकसे निकले हुए जीवोंके केशव, बलभद्र और चक्रवर्ती होनेका निषेध किया है। परन्तु यहां उसका स्पष्टतया विधान पाया जाता है। यथा—

पढमाओ चक्कवट्टी बीयाओ राम-केसवा हुंति।
तच्चाओ अरहंता तहंऽत्तकिरिया चउत्थीओ ॥ १०८८ ॥

षट्खण्डागम व राजवार्तिक आदि अन्य दिगम्बर ग्रन्थोंमें सातवीं पृथिवीसे निकलकर सम्यक्त्व प्राप्त कर सकनेका निषेध होनेपर भी त्रिलोकप्रज्ञप्ति (२-२९२) में उक्त जीवोंके उसकी योग्यता प्रगट की गई है। यह योग्यता प्रवचनसारोद्धारमें भी बतलाई गई है। यथा—

तिसु तित्थ चउत्थीए केवलं पंचमीइ सामन्नं।
छट्ठीए विरइऽविरई सत्तमपुढवीइ सम्मत्तं ॥ १०८७.

(२) त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें उत्सेधांगुलका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है— अनन्तानन्त परमाणुओंका उवसन्नासन्न स्कन्ध होता है। उवसन्नासन्न, सन्नासन्न, त्रुटिरेणु, त्रसरेणु, रथरेणु, उत्तमभोगभूमिजबालाग्र, म. भो. बालाग्र, ज. भो. बालाग्र, कर्मभूमिजबालाग्र, लिक्षा, यूक और यव, इनको उत्तरोत्तर आठसे गुणित करनेपर एक उत्सेधांगुल होता है। इसी प्रकार ही अनुयोगद्वार सूत्र (१३३) में भी उसका प्रमाण बतलाया गया है। वहां एक कर्मभूमिजबालाग्रके स्थानमें पूर्वापर-विदेह-जात-बालाग्र और भरत-ऐरावत-जात-बालाग्र ऐसे दो स्थान ग्रहण किये गये हैं। परन्तु यहां प्रवचनसारोद्धारमें परमाणु, त्रसरेणु, रथरेणु, बालाग्र, लिक्षा, यूक और यव, इन सातको ही उत्तरोत्तर आठसे गुणित करनेपर प्राप्त राशि प्रमाण उत्सेधांगुलको बतलाया गया है। इसमें समस्त परमाणुओंकी संख्या २०९७१५२ (८×८×८×८×८×८×८) बतलाई है जो उक्त क्रमानुसार ठीक है। यद्यपि यहां टीकाकारने अनुयोगसूत्रादिके विरुद्ध होनेसे उपलक्षण द्वारा शेष स्थानोंका भी ग्रहण किया है, परन्तु मूलग्रन्थकारने उनका ग्रहण क्यों नहीं किया, यह विचारणीय है। उनके वाक्य इस प्रकार हैं—

परमाणू तसरेणू रहरेणू अग्गयं च बालस्स।
लिक्खा जूया य जवो अट्ठगुणविवड्ढिया कमसो ॥ ११९१ ॥

बीसं परमाणुलक्खा सत्तावउई भवे सहस्साइं ।
सयमेगं बावन्नं एगंमि उ अंगुले हुंति ॥ १३९२ ॥

१० अनुयोगद्वार सूत्र

त्रिलोकप्रज्ञप्ति (४-२८५) में जो कालभेदोंकी प्ररूपणा की गई है उससे अनुयोगद्वारमें की गई उक्त प्ररूपणा कुछ भिन्न है । उक्त दोनों ग्रन्थोंमें उपलब्ध कालभेदोंके नाम इस प्रकार हैं--

क्रम	त्रिलोकप्रज्ञप्ति ४-२८५ से	अनुयोगद्वार सूत्र सूत्र ११४, १३७	क्रम	त्रिलोकप्रज्ञप्ति ४-२८५ से	अनुयोगद्वार सूत्र ११४, १३७
१	समय	समय	२५	कुमुदांग	अटटांग
२	आवलि	आवलिका	२६	कुमुद	अटट
३	उच्छ्वास	आन	२७	पद्मांग	अववांग
४	प्राण=निश्वास	प्राणु	२८	पद्म	अवव
५	स्तोक	स्तोक	२९	नलिनांग	हुहुकांग
६	लव	लव	३०	नलिन	हुहुक
७	नाली	....	३१	कमलांग	उत्पलांग
८	मुहूर्त	मुहूर्त	३२	कमल	उत्पल
९	दिवस	अहोरात्र	३३	त्रुटितांग	पद्मांग
१०	पक्ष	पक्ष	३४	त्रुटित	पद्म
११	मास	मास	३५	अटटांग	नलिनांग
१२	ऋतु	ऋतु	३६	अटट	नलिन
१३	अयन	अयन	३७	अममांग	अर्थनिपूरांग
१४	वर्ष	वर्ष	३८	अमम	अर्थनिपूर
१५	युग	युग	३९	हाहांग	अयुतांग
१६	वर्षदशक	....	४०	हाहा	अयुत
१७	वर्षशत	वर्षशत	४१	हूहूांग	नयुतांग
१८	वर्षसहस्र	वर्षसहस्र	४२	हूहू	नयुत
१९	दशवर्षसहस्र	....	४३	लतांग	प्रयुतांग
२०	वर्षलक्ष	वर्षशतसहस्र	४४	लता	प्रयुत
२१	पूर्वांग	पूर्वांग	४५	महालतांग	चूलिकांग
२२	पूर्व	पूर्व	४६	महालता	चूलिका
२३	नियुतांग	त्रुटितांग	४७	शीर्षकल्प	शीर्षप्रहेलिकांग
२४	नियुत	त्रुटित	४८	हस्तप्रहेलित	शीर्षप्रहेलिका
			४९	अचलात्म	....

त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें पूर्वांग व नियुतांग आदि अंगान्त स्थानोंको उत्तरोत्तर ८४ से गुणित तथा पूर्व व नियुत आदि स्थानोंको उत्तरोत्तर ८४ लाखसे गुणित बतलाया है। अन्तमें गा. ४-३०८ के द्वारा यह भी प्रगट किया है कि ३१ स्थानोंमें ८४ संख्याको रखकर परस्पर गुणा करनेपर ९० शून्याङ्क रूप 'अचलात्म' प्रमाण उत्पन्न होता है। यहां चूंकि ३१ स्थानोंमें ८४ को रखकर परस्पर गुणा करनेकी प्रक्रिया बतलाई गई है। अतः निश्चित है कि ये पूर्वांग व पूर्व आदि 'अचलात्म' पर्यन्त स्थान ३१ होने चाहिये। परन्तु हैं वे २९ ही (देखिये परिशिष्ट पृ. ९९७)। इसी लिये ऐसा प्रतीत होता है कि इनमेंसे किन्हीं दो स्थानोंकी सूचक गाथा किसी प्रतिलेखककी असावधानीसे छूट अवश्य गयी है। ये छूटे हुए स्थान पूर्वांग व पूर्वके पश्चात् पर्वांग व पर्व होने चाहिये। ये दोनों स्थान इसी प्रकार आदिपुराण (३-२१९) में पाये भी जाते हैं। हरिवंशपुराणमें भी इसी स्थलपर पाठ कुछ भ्रष्ट हो गया प्रतीत होता है। यथा—

भवेद् वर्षसहस्रं तु शतं चापि दशाहतम्। दशवर्षसहस्राणि तदेव दशताडितम् ॥२३॥
ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु (?) तच्चापि दशसंगुणम्। पूर्वांगं तु तदभ्यस्तमशीत्या चतुरग्रया ॥२४॥
तत्तद्गुणं च पूर्वांगं पूर्वं भवति निश्चितम्। पूर्वांगं तद्गुणं तच्च पूर्वसंज्ञं तु तद्गुणम् ॥ २५॥
ह. पु. ७.

यहां श्लोक २४ में 'ज्ञेयं वर्षसहस्रं तु' के स्थानमें 'शतवर्षसहस्रं तु' ऐसा कोई पद रहा होना चाहिये। चूंकि श्लोक २४-२५ में पूर्वांग व पूर्व ये दोनों स्थान पुनरुक्त हैं, अतः श्लोक २५ में उनके स्थानमें पूर्वांग व पर्व पद ही रहे होंगे, ऐसा प्रतीत होता है। यहां गुणकारका भी कुछ स्पष्ट निर्देश नहीं किया गया।

अनुयोगद्वार सूत्रमें इसी सूत्र (११४) की श्री मलधारीय हेमचन्द्रसूरि निर्मित वृत्तिमें पूर्वांग व पूर्व आदिक सभी स्थानोंको उत्तरोत्तर चौरासी लाखसे गुणित बतलाया गया है। इस प्रकारके गुणनक्रमसे उत्पन्न हुई संख्याका वहां अङ्कक्रमसे इस प्रकार निर्देश भी किया गया है— ७५८२६३२५३०७३०१०२४११५७९७३५६९९७५६९६४०६२१८९६६८४-८०८०१८३२९६ आगे १४० शून्य। समस्त अंक १९४ होते हैं।

अनुयोगद्वार सूत्रके एक दूसरे सूत्र (१३७) में भी उपर्युक्त कालभेदोंका उल्लेख किया गया है। वहां 'उच्छ्वास' के आगे 'निश्वास' पद अधिक है तथा अयुतके पश्चात् प्रयुतांग-प्रयुत और इनके पश्चात् नयुतांग-नयुत पद पाये जाते हैं।

११ वैदिकधर्माभिमत भूगोल

(विष्णुपुराणके आधारसे)

जिस प्रकार जैन ग्रन्थों (तिलोयपण्णत्ति, त्रिलोकसार व बृहत्क्षेत्रसमास आदि) के

भीतर भूगोलके वर्णनमें बतलाया गया है कि इस पृथिवीपर वलयाकारसे एक-दूसरेको वेष्टित करके अनेक द्वीप व समुद्र स्थित हैं। उन सबके मध्यमें पहिला जम्बूद्वीप है। इसके ठीक बीचमें नाभिके समान मेरु पर्वत स्थित है। इसके दक्षिण व उत्तरमें तीन तीन कुलपर्वतोंके होनेसे उक्त जम्बूद्वीपके भरतादिक सात विभाग हो गये हैं इत्यादि। लगभग इसी प्रकारसे वैदिक धर्मके ग्रन्थोंमें भी उक्त भूगोलका वर्णन पाया जाता है। उदाहरण स्वरूप हम विष्णु-पुराणके आधारसे भूगोलका वर्णन करते हैं। यद्यपि पुराण ग्रन्थ होनेसे इसमें मुख्यतासे विष्णु भगवान्‌के चरित्रका ही वर्णन किया गया है; पर साथ ही इसमें भूगोल, ज्योतिष, वर्णाश्रमव्यवस्था, राजवंश एवं अनेक उपाख्यानोंकी भी चर्चा की गई है।

प्रस्तुत ग्रन्थके द्वितीय अंशमें दूसरे अध्यायसे भूगोलका वर्णन प्रारम्भ किया गया है। वहां बतलाया है कि इस पृथिवीपर १ जम्बू, २ प्लक्ष, ३ शाल्मल, ४ कुश,[1] ५ क्रौंच[2], ६ शाक और ७ पुष्कर[3], ये सात द्वीप हैं। ये द्वीप आकारसे गोल (चूड़ी जैसे) होते हुए अपने विस्तारके समान विस्तारवाले १ लवणोद,[4] २ इक्षुरस, ३ सुरोद, ४ सर्पिस्सलिल, ५ दधितोय, ६ क्षीरोद और ७ स्वादुसलिल, इन सात समुद्रोंसे क्रमशः वेष्टित हैं। इन सबके बीचमें जम्बूद्वीप है। इसका विस्तार एक लाख योजन है जो जैन-ग्रन्थ-सम्मत है। उसके मध्यमें चौरासी हजार योजन ऊंचा मेरु पर्वत है[5]। इसकी नींव पृथिवीके भीतर सोलह हजार योजन प्रमाण है। विस्तार उसका मूलमें सोलह हजार और फिर ऊपर क्रमशः बढ़ता हुआ शिखरपर आकर बत्तीस हजार योजन मात्र हो गया है।

इस जम्बूद्वीपमें सुमेरुसे दक्षिणमें हिमवान्, हेमकूट और निषध तथा उत्तरमें नील, श्वेत और शृङ्गी, ये छह वर्षपर्वत हैं[6] जो इसको सात भागोंमें विभक्त करते हैं। इनमेंसे क्रमशः मेरुके दक्षिण और उत्तरमें स्थित निषध और नील ये दो पर्वत पूर्व-पश्चिम समुद्र तक एक एक लाख योजन लम्बे, दो दो हजार योजन ऊंचे और इतने ही विस्तारसे संयुक्त हैं। हेमकूट और श्वेत ये दो पर्वत पूर्व-पश्चिममें नब्बे हजार यो. लम्बे, दो हजार योजन ऊंचे और इतने ही विस्तृत भी हैं। हिमवान् और शृङ्गी ये दो पर्वत अस्सी हजार यो. लम्बे, दो-दो हजार यो.

---

१ जैन शास्त्रानुसार १५ वें द्वीपका नाम कुशवर है। २ जैन ग्रन्थोंमें क्रौंचवर सोलहवां द्वीप है।

३ यह द्वीप जैन शास्त्रानुसार तीसरा है। ४ जैन शास्त्रानुसार लवणोद पहिला, सुरोद (वारुणिवर) चौथा, सर्पिःसलिल छठा और क्षीरोद पांचवां समुद्र है। ५ जैन ग्रन्थानुसार जम्बूद्वीपस्थ मेरुकी ऊंचाई १००००० यो. और धातकीखण्ड एवं पुष्करद्वीपस्थ मेरुओंकी ऊंचाई ८४००० यो. है। ६ जैन ग्रन्थोंमें उनके नाम इस प्रकार हैं— हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मि (श्वेत-रजतमय) और शिखरी (शृङ्गी)।

ऊंचे और इतने ही विस्तृत भी हैं[1]। इन पर्वतोंके द्वारा जो जम्बूद्वीपके सात भाग किये गये हैं उनके नाम दक्षिणकी ओरसे ये हैं— भारत वर्ष, किम्पुरुष, हरि वर्ष, इलावृत, रम्यक, हिरण्मय और उत्तरकुरु[2]। इनमें इलावृतको छोड़ शेष छहका विस्तार दक्षिण-उत्तरमें नौ नौ हजार योजन है। इलावृत वर्ष मेरुके पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर, इन चारों दिशाओंमें नौ-नौ हजार योजन विस्तृत है। सब पर्वतों व वर्षोंके विस्तारको मिलानेपर वह एक लाख यो. प्रमाण होता है, जितना कि समस्त जम्बूद्वीपका विस्तार है। यथा— भारत वर्ष ९००० + हिमवान् २००० + किम्पुरुष ९००० + हेमकूट २००० + हरि वर्ष ९००० + निषध २००० + इलावृत १८००० (दक्षिण-उत्तर नौ-नौ हजार) मेरु १६००० + नील २००० + रम्यक ९००० + श्वेत २००० + हिरण्मय ९००० + शृङ्गी २००० +उत्तरकुरु ९००० = १००००० यो.।

मेरु पर्वतके दोनों ओर पूर्व-पश्चिममें इलावृत वर्षकी मर्यादाभूत माल्यवान् और गन्धमादन पर्वत हैं जो नील व निषध पर्वत तक फैले हुए हैं[3]। इनके कारण दोनों ओर जो दो विभाग हुए हैं उनका नाम भद्राश्व व केतुमाल है। उपर्युक्त सात वर्षोंमें इन दो वर्षोंको और मिला देनेपर जम्बूद्वीपस्थ सब वर्षोंकी संख्या नौ हो जाती है।

मेरुके चारों ओर पूर्वादिक दिशाओंमें क्रमशः मन्दर, गन्धमादन, विपुल और सुपार्श्व ये चार पर्वत हैं। इनके ऊपर क्रमशः ग्यारह सौ योजन ऊंचे कदम्ब, जम्बू, पीपल और वट, ये चार वृक्ष हैं। इनमेंसे जम्बू वृक्षके नामसे इस द्वीपका भी नाम जम्बू द्वीप प्रसिद्ध हुआ[4]।

उपर्युक्त नौ वर्षोंमें भारत वर्ष कर्मभूमि है, क्योंकि, यहांसे स्वर्ग और मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है, तथा यहांपर मनुष्य पाप कर्ममें रत होकर तिर्यंच व नारक पर्याय भी प्राप्त करता है[5]। यहां भरत क्षेत्रमें महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान्, ऋक्ष, विन्ध्य और पारियात्र, ये सात कुलपर्वत हैं। इनमें हिमवान्से शतद्रु और चन्द्रभागा आदि, पारियात्रसे वेद और स्मृति आदि, विन्ध्यसे नर्मदा और सुरसा आदि; ऋक्षसे तापी, पयोष्णी और निर्विन्ध्या आदि; सह्यसे गोदावरी, भीमरथी और कृष्णवेणी आदि; मलयसे कृतमाला और ताम्रपर्णी आदि, महेन्द्रसे त्रिसामा और

---

१ इसकी इस लम्बाईका प्रमाण गणितप्रक्रियामें नहीं बैठता। २ जैन ग्रन्थोंमें उनके नाम ये हैं— भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत। यहां विदेह क्षेत्रके भीतर मेरुसे उत्तरमें उत्तरकुरुकी स्थिति है। ३ जैन ग्रन्थानुसार माल्यवान् और गन्धमादन ये दो गजदन्ताकार वक्षार पर्वत क्रमशः मेरुकी नैऋत्य व वायव्य दिशामें स्थित हैं। ४ जैन ग्रन्थानुसार मेरुकी ईशान दिशामें जम्बू वृक्ष और नैऋत्य दिशामें शाल्मली वृक्ष स्थित है। ५ जैनग्रन्थानुसार भरत, ऐरावत, और विदेह क्षेत्र कर्मभूमियां, तथा शेष भोगभूमियां हैं।

आर्यकुल्या आदि, तथा शुक्तिमान् पर्वतसे ऋषिकुल्या और कुमारी (कुमारी) आदि नदियां निकली हैं। इन नदियोंके किनारोंपर मध्यदेशको आदि लेकर कुरु और पाञ्चाल, पूर्व देशको आदि लेकर कामरूप निवासी, दक्षिणको आदि लेकर पुण्ड्र, कलिङ्ग और मगध, सौराष्ट्र शूर, आभीर व अर्बुद ये पश्चिमान्त देश, पारियात्रनिवासी कारूष और मालव, कोशलनिवासी सौवीर, सैन्धव, हूण और साल्व, तथा पारसीकोंको आदि लेकर माद्र, आराम और अम्बष्ठ देशवासी रहते हैं।

कृतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग, ये चार युग इसी भारत वर्षमें ही हैं; किम्पुरुषादिक शेष वर्षोंमें वे नहीं हैं। उन शेष आठ क्षेत्रोंमें शोक, परिश्रम, उद्वेग और क्षुधाभय आदिक नहीं हैं। वहांके प्रजाजन स्वस्थ, आतङ्कसे रहित और सब प्रकारके दुःखोंसे वियुक्त होकर दश-बारह हजार वर्षों तक जीवित रहते हैं। वे जरा एवं मृत्युके भयसे रहित होकर सदा सुखी रहते हैं। वहां धर्म-अधर्म तथा उत्तम, मध्यम एवं अधम, ये भेद भी नहीं हैं। यहां स्वर्ग-मोक्षकी प्राप्तिके कारणभूत तपश्चरणादि रूप क्रियाओंका अभाव होनेसे वे क्षेत्र कर्मभूमि न होकर केवल भोगभूमियां ही हैं[1]। इसी कारण जम्बूद्वीपस्थ उन नौ वर्षोंमें एक मात्र भारत वर्ष ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसमें जन्म लेनेके लिये देवगण भी उत्कण्ठित रहते हैं।

स्वायम्भुव मनुके पुत्र प्रियव्रतके आग्नीध्र, अग्निबाहु, वपुष्मान्, द्युतिमान्, मेधा, मेधातिथि, भव्य, सवन, पुत्र और ज्योतिष्मान्, ये दस पुत्र हुए। इनमें मेधा, अग्निबाहु और पुत्र इन तीन पुत्रोंने जातिस्मरण हो जानेसे योगपरायण होकर राज्यकी अभिलाषा नहीं की। उनके पिता प्रियव्रतने शेष सात पुत्रोंमेंसे आग्नीध्रको जम्बू द्वीप, मेधातिथिको प्लक्ष द्वीप, वपुष्मान्को शाल्मल द्वीप, ज्योतिष्मान्को कुश द्वीप, द्युतिमान्को क्रौंच द्वीप, भव्यको शाक द्वीप और सवनको पुष्कर द्वीपका अधिपति बनाया।

इनमेंसे आग्नीध्रके नाभि, किम्पुरुष, हरिवर्ष, इलावृत, रम्य, हिरण्वान्, कुरु, भद्राश्व और केतुमाल, ये नौ पुत्र हुए जो क्रमशः हिम वर्ष (भारत वर्ष) आदि उपर्युक्त नौ वर्षोंके अधिपति थे। इनमें हिम वर्षके अधिपति महाराज नाभिके ऋषभ नामक पुत्र हुआ। महात्मा ऋषभके भरतादिक सौ पुत्र हुए। इनने कुछ काल तक धर्मपूर्वक राज्यकार्य करके पश्चात् अपने ज्येष्ठ पुत्र भरतको राज्याभिषिक्त किया और स्वयं तपश्चरण करनेके लिये मुनि पुलहके आश्रममें जा पहुंचे। वहां उन्होंने घोर तप किया। इससे वे अत्यन्त कृश हो गये, उनकी धमनियां

१ जैन ग्रन्थोंमें भी भोगभूमियोंका प्रायः ऐसा ही वर्णन किया गया है।

साफ साफ दिखने लगी थीं। तत्पश्चात् वे नम्र होकर मुखमें बीटा करके महाध्वानको प्राप्त हुए। चूंकि महाराज ऋषभने वन जाते समय राज्य भरतको दिया था, अतः यह हिम वर्ष भरतके नामसे भारत वर्ष प्रसिद्ध हुआ[1]। इसके निम्न नौ भाग हुए हैं— इन्द्रद्वीप, कसेरु, ताम्रवर्ण, गभस्तिमान्, नागद्वीप, सौम्य, गन्धर्व और वारुण ये आठ, तथा समुद्रसे वेष्टित नौवां भाग। यह भाग दक्षिण-उत्तरमें सहस्र योजन प्रमाण है। इसके पूर्व भागमें किरात और पश्चिम भागमें यवनोंका निवास है।

जम्बू द्वीपको वलयाकारसे वेष्टित करके एक लाख योजन विस्तारवाला लवणसमुद्र स्थित है। इसको चारों ओरसे वेष्टित करनेवाला दो लाख योजन विस्तृत प्लक्ष द्वीप स्थित है। इसके अधीश्वर मेधातिथि थे। उनके सात पुत्र हुए, जिनके नामोंसे इस द्वीपके निम्न सात वर्ष प्रसिद्ध हुए हैं— शान्तहय, शिशिर, सुखोदय, आनन्द, शिव, क्षेमक और ध्रुव। इनके विभाजक पर्वतोंके नाम ये हैं— गोमेद, चन्द्र, नारद, दुन्दुभि, सोमक, सुमना और वैभ्राज। इन वर्षोंमें और पर्वतोंके ऊपर देव-गन्धर्वोंके साथ जो प्रजाजन निवास करते हैं वे अतिशय पुण्यवान् व आधि व्याधिसे रहित हैं। वहां न उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी हैं और न युगपरिवर्तन ही है। वहां सदा त्रेता युग जैसा काल रहता है। आयु वहां पांच हजार वर्ष परिमित है। यहांके निवासी वर्णाश्रम विभागके अनुसार पांच धर्मों (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, और अपरिग्रह) का परिपालन करते हैं। जिस प्रकार जम्बू द्वीपमें जम्बू वृक्ष है उसी प्रकार इस द्वीपमें एक प्लक्ष वृक्ष स्थित है। इसीके कारण इस द्वीपका भी नाम प्लक्ष द्वीप प्रसिद्ध हुआ।

इस द्वीपको इसीके समान विस्तारवाला इक्षुरसोद समुद्र वेष्टित करता है। इसको भी चारों ओरसे घेरनेवाला चार लाख योजन विस्तृत शाल्मल द्वीप है। इसी क्रमसे आगे सुरोद समुद्र, कुश द्वीप, घृतोद समुद्र, क्रौंच द्वीप, दधिमण्डोदक समुद्र, शाक द्वीप और क्षीर समुद्र स्थित है। ये द्वीप पूर्व-पूर्व द्वीपकी अपेक्षा दूने-दूने विस्तारवाले हैं। समुद्रोंका विस्तार अपने अपने द्वीपोंके समान है। शाल्मल आदि शेष उपर्युक्त द्वीपोंका रचनाक्रम प्लक्ष द्वीपके समान है।

---

१ जैन धर्ममें नाभिरायके पुत्र भगवान् ऋषभ देवको प्रथम तीर्थंकर माना गया है। उनके भरतादिक सौ पुत्र थे। उन्होंने कुछ समय तक प्रजापरिपालन करके राज्य भरतको दे दिया और स्वयं दैगम्बरी दीक्षा ले ली। पश्चात् घोर तप करके कैवल्य प्राप्त होनेपर धर्मप्रचार किया और अन्तमें मुक्ति प्राप्त की। विष्णुपुराणमें तृतीय अंशके अन्तर्गत सत्रहवें और अठारहवें अध्यायमें भगवान् ऋषभके चरित्रका चित्रण करके जैन धर्म और दिगम्बर साधुओंपर कुछ कटाक्ष किया गया है जो प्रायः धार्मिक असहिष्णुताका द्योतक है।

आगे सातवां पुष्कर द्वीप है[1]। इसके बीचोंबीच मानसोत्तर पर्वत वलयाकारसे स्थित है, जिसके कारण इस द्वीपके दो खण्ड हो गये हैं। इनमें मानसोत्तर पर्वतके बाह्य खण्डका नाम महावीर वर्ष और अभ्यन्तर खण्डका नाम धातकी वर्ष है[2]। इन दो वर्षोंके अधिपति क्रमशः महाराज सवनके महावीर और धातकी नामक दो पुत्र हुए। इस द्वीपमें रहनेवाले रोग, शोक एवं राग-द्वेषसे रहित हैं। आयु उनकी दश हजार वर्ष प्रमाण है। उनमें न तो उत्तम-अधमका भाव है और न वध्य-वधक भाव ही है। इसी प्रकार वहां न वर्णव्यवस्था है और न सत्य एवं मिथ्याका व्यवहार ही है। इस द्वीपमें पर्वत व नदियां नहीं हैं।

इस द्वीपको वेष्टित करके स्वादूदक समुद्र स्थित है। अब यहांसे आगे प्राणियोंका निवास नहीं है[3]। स्वादूदक समुद्रके आगे उससे दूने विस्तारवाली सुवर्णमयी भूमि है। उसके आगे दश हजार योजन विस्तृत और इतना ही ऊंचा लोकालोक पर्वत है। इसको चारों ओरसे वेष्टित करके तमस्तम स्थित है। यह तमस्तम भी चारों ओरसे अण्डकटाह द्वारा वेष्टित है। इस अण्डकटाहके साथ उपर्युक्त द्वीप-समुद्रोंको गर्भमें रखनेवाले समस्त भूमण्डलका विस्तार पचास करोड़ योजन और ऊंचाई सत्तर हजार योजन प्रमाण है।

यहां नीचे दश-दश हजार योजनके ये सात पाताल हैं— १ अतल, २ वितल, ३ नितल, ४ गभस्तिमत्, ५ महातल, ६ सुतल और ७ पाताल। ये पाताल क्रमशः शुक्ल, कृष्ण, अरुण, पीत, शर्करा, शैल और कांचन स्वरूप हैं। यहां उत्तम प्रासादोंसे सुशोभित भूमियां हैं जहां दानव, दैत्य, यक्ष एवं नाग आदि सैकड़ों जातियां निवास करती हैं[4]।

पातालोंके नीचे विष्णु भगवान्‌का शेष नामक तामस शरीर स्थित है जो 'अनन्त' कहा जाता है। यह शरीर हजार शिरों (फणों) से संयुक्त होकर समस्त भूमण्डलको धारण करता हुवा पातालमूलमें स्थित है। कल्पान्तमें इसके मुखसे निकली हुई संकर्षणात्मक रुद्र विषाग्नि-शिखा तीनों लोकोंका भक्षण करती है।

पृथिवी और जलके नीचे रौरव, सूकर, रोध, ताल, विशासन, महाज्वाल, तप्तकुम्भ, लवण, विलोहित, रुधिर, वैतरणि, कृमीश, कृमिभोजन, असिपत्रवन, कृष्ण, लालाभक्ष, दारुण,

---

१ इसे जैन ग्रन्थोंमें तीसरा द्वीप कहा गया है। मानुषोत्तर पर्वतकी स्थिति यहां भी इसी प्रकार ही स्वीकार की गई है। २ जैन ग्रन्थोंमें 'धातकीखण्ड' यह दूसरे द्वीपका नाम बतलाया गया है।

३ जैन ग्रन्थोंमें मानुषोत्तर पर्वतके आगे केवल मनुष्योंका ही अभाव बतलाया गया है। ४ जैन ग्रन्थानुसार अधोलोकमें रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा आदि ७ पृथिवियां बतलाई हैं। इनमेंसे रत्नप्रभाके खरभाग एवं पंकभागमें असुरकुमार नागकुमारादि १० भवनवासी तथा यक्षादि ८ जातिके व्यन्तर रहते हैं।

पूयवह, पाप, वह्निज्वाल, अधःशिरा, सन्दंश, कालसूत्र, तम, आवीचि, क्षभोजन, अप्रतिष्ठ और अग्रार्चि इत्यादि बहुतसे महा भयानक नरक हैं[1]। इनमें पापी जीव मरकर जन्म लेते हैं। फिर वहांसे निकलकर वे क्रमशः स्थावर, कृमि, जलचर, धार्मिक पुरुष, देव और मुमुक्षु होते हैं। जितने जीव स्वर्गमें हैं उतने ही नरकोंमें भी हैं।

भूमिसे ऊपर एक लाख योजनकी दूरीपर सौर मण्डल, इससे एक लाख योजन ऊपर चन्द्रमण्डल, इससे एक लाख योजन ऊपर समस्त नक्षत्रमण्डल, इससे दो लाख यो. ऊपर बुध, इससे दो लाख यो. ऊपर शुक्र, इससे दो लाख यो. ऊपर मंगल, इससे दो लाख यो. ऊपर बृहस्पति, इससे दो लाख यो ऊपर शनि, इससे एक लाख यो. ऊपर सप्तर्षिमण्डल, तथा इससे एक लाख यो. ऊपर ध्रुव स्थित है। (एतद्विषयक जैन मान्यताके लिये देखिये पीछे पृ. ३१)

ध्रुवसे एक करोड़ योजन ऊपर जाकर महर्लोक है। यहां कल्पकाल तक जीवित रहनेवाले कल्पवासियोंका निवास है[2]। इससे दो करोड़ यो. ऊपर जनलोक है। यहां नन्दनादिसे सहित ब्रह्माजीके प्रसिद्ध पुत्र रहते हैं। इससे आठ करोड़ यो. ऊपर तपलोक है। यहां वैराज देव निवास करते हैं। इससे बारह करोड़ यो. ऊपर सत्यलोक है। यहां फिरसे न मरनेवाले अमर (अपुनर्मारक) रहते हैं। इसे ब्रह्मलोक भी कहा जाता है।

भूमि (भूलोक) और सूर्यके मध्यमें सिद्धजनों व मुनिजनोंसे सेवित स्थान भुवर्लोक कहलाता है। सूर्य और ध्रुवके मध्यमें चौदह लाख यो. प्रमाण क्षेत्र स्वर्लोक नामसे प्रसिद्ध है।

भूलोक, भूवर्लोक और स्वर्लोक ये तीन लोक कृतक तथा जनलोक, तपलोक और सत्यलोक ये तीन लोक अकृतक हैं। इन दोनों (कृतक और अकृतक) के बीचमें महर्लोक है। यह कल्पान्तमें जनशून्य हो जाता है, परन्तु सर्वथा नष्ट नहीं होता।

१२ बौद्धाभिमत भूगोल

(वसुबन्धुकृत अभिधर्म-कोशके आधारसे, ५वीं शताब्दि)

लोकके अधोभागमें सोलह लाख (१६००००० योजन ऊंचा अपरिमित वायुमण्डल है। उसके ऊपर ग्यारह लाख बीस हजार (११२०००० यो. ऊंचा जलमण्डल है। इसमें तीन

१ जैन ग्रन्थोंमें जो ४९ इन्द्रक नारक बिल कहे गये हैं उनमें ये नाम भी पाये जाते हैं— रौरव, प्रज्वलित, तप्त, तम व अप्रतिष्ठान। यहां वैतरणि नदी एवं असिपत्र वन भी बताये गये हैं। जन्मभूमियां यहां अधोमुख हैं। २ जैन ग्रन्थोंमें वैमानिक देवोंके कल्पवासी और कल्पातीत ये दो भेद बतलाये गये हैं। इन दोनोंका ही निवास ऊर्ध्व लोकमें है।

लाख बीस हजार (११२०००० – ८००००० = ३२००००) यो. कांचनमय भूमण्डल है। जलमण्डल व कांचनमण्डलका विस्तार १२०३४५० यो. और परिधि ३६१०३५० यो. प्रमाण है।

कांचनमय भूमण्डलके मध्यमें मेरु पर्वत है। यह अस्सी हजार यो. जलमें डूबा हुआ है तथा इतना ही ऊपर भी स्थित है। आगे अस्सी हजार यो. विस्तृत और दो लाख चालीस हजार यो. प्रमाण परिधिसे संयुक्त प्रथम सीता (समुद्र) है जो मेरुको चारों ओरसे वेष्टित करती है। आगे चालीस हजार यो. विस्तृत युगन्धर पर्वत वलयाकारसे स्थित है। इसके आगे भी इसी प्रकारसे एक-एक सीताको अन्तरित करके उत्तरोत्तर आधे आधे विस्तारसे संयुक्त क्रमशः ईषाधर, खदिरक, सुदर्शन, अश्वकर्ण, विनतक और निमिंधर पर्वत हैं। सीताओंका विस्तार भी उत्तरोत्तर आधा आधा होता गया है। उक्त पर्वतोंमें मेरु चतुरस्रमय और शेष सात पर्वत सुवर्णमय हैं। सबसे बाह्यमें स्थित सीता (महासमुद्र) का विस्तार तीन लाख बाईस हजार यो. प्रमाण है। अन्तमें लोहमय चक्रवाल पर्वत स्थित है।

निमिंधर और चक्रवाल पर्वतोंके मध्यमें जो समुद्र स्थित है उसमें जम्बूद्वीप, पूर्वविदेह, अवरगोदानीय और उत्तरकुरु, ये चार द्वीप हैं। इनमें जम्बूद्वीप मेरुके दक्षिण भागमें है। उसका आकार शकटके समान है। इसकी तीन भुजाओंमेंसे दो भुजायें दो दो हजार यो. और एक भुजा तीन हजार पचास यो. है।

मेरुके पूर्व भागमें अर्धचन्द्राकार पूर्वविदेह नामक द्वीप स्थित है। इसकी भुजाओंका प्रमाण जम्बूद्वीपके ही समान है।

मेरुके पश्चिम भागमें मण्डलाकार अवरगोदानीय द्वीप स्थित है। इसका विस्तार २५०० यो. और परिधि ७५०० यो. प्रमाण है।

मेरुके उत्तर भागमें समचतुष्कोण उत्तरकुरु द्वीप अवस्थित है। इसकी एक एक भुजा ९००० यो. है।

इनमेंसे पूर्वविदेहके समीपमें देह व विदेह, उत्तरकुरुके समीपमें कुरु व कौरव, जम्बूदीपके समीपमें चामर व अवरचामर, तथा गोदानीय द्वीपके समीपमें शाटा व उत्तर मंत्री अन्तरद्वीप स्थित है। इनमेंसे चमरद्वीपमें राक्षसों और शेष द्वीपोंमें मनुष्योंका निवास है।

जम्बूद्वीपमें उत्तरकी ओर नौ कीटादि और उनके आगे हिमवान् पर्वत अवस्थित है। हिमवान् पर्वतसे आगे उत्तरमें ५०० यो. विस्तृत अनवतप्त नामक अगाध सरोवर है। इससे गंगा, सिन्धु, वक्षु और सीता ये नदियां निकली हैं। उक्त सरोवरके समीपमें जम्बू वृक्ष है,

जिसके कारण इस द्वीपका 'जम्बू द्वीप' नाम प्रसिद्ध हुआ। अनवतप्त सरोवरके आगे गन्धमादन पर्वत है।

जम्बूद्वीपके नीचे २०००० यो. प्रमाण अवीचि नामक नरक है। उसके ऊपर क्रमशः प्रतापन, तपन, महारौरव, रौरव, संघात, कालसूत्र और संजीव, ये सात नरक और हैं। इन नरकोंके चारों पार्श्वभागोंमें कुकूल, कुणप, क्षुरमार्गादिक (असिपत्र वन, श्यामशबल-अ-स्थान, अयःशाल्मली वन) और खारोदक (वैतरिणी) नदी, ये चार उत्सद हैं। अर्बुद, निरर्बुद, अटट, हहव, हुहुव, उत्पल, पद्म और महापद्म, ये जम्बूद्वीपके अधोभागमें महानरकोंके धरातलमें आठ शीत नरक और हैं।

मेरु पर्वतके अर्ध भागसे अर्थात् भूमिसे ४०००० यो. ऊपर चन्द्र व सूर्य परिभ्रमण करते है। इनमें चन्द्रमण्डलका प्रमाण पचास यो. और सूर्यमण्डलका प्रमाण इक्यावन यो. है। जिस समय जम्बूद्वीपमें मध्याह्न होता है उस समय उत्तरकुरुमें अर्धरात्रि, पूर्वविदेहमें अस्तगमन और अवरगोदानीयमें सूर्योदय होता है। भाद्र मासके शुक्ल पक्षकी नवमीसे रात्रिकी वृद्धि और फाल्गुन मासके शुक्ल पक्षकी नवमीसे उसकी हानिका प्रारम्भ होता है। रात्रिकी वृद्धिमें दिनकी हानि व रात्रिकी हानिमें दिनकी वृद्धि होती है। सूर्यके दक्षिणायन व उत्तरायणमें क्रमशः रात्रि व दिनकी वृद्धि होती है।

मेरु पर्वतके चार परिषण्ड (विभाग) हैं। प्रथम परिषण्ड मेरु और सीताजलसे १०००० यो. ऊपर स्थित है। इसके आगे क्रमशः दश-दश हजार यो. ऊपर जाकर द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ परिषण्ड हैं। इनमेंसे प्रथम परिषण्ड सोलह हजार यो., द्वितीय परिषण्ड आठ हजार यो., तृतीय परिषण्ड चार हजार यो. और चतुर्थ परिषण्ड दो हजार यो. मेरुसे बाहिर निकला है। प्रथम परिषण्डमें पूर्वकी ओर करोटपाणि यक्ष रहते हैं। इनका राजा धृतराष्ट्र है। द्वितीय परिषण्डमें दक्षिणकी ओर मालाधर रहते हैं। इनका राजा विरूढक है। तृतीय परिषण्डमें पश्चिमकी ओर सदामद रहते है। इनका राजा विरूपाक्ष है। चतुर्थ परिषण्डमें चातुर्महाराजिक देव रहते हैं। इनका राजा वैश्रवण है। इसी प्रकार शेष सात पर्वतोंपर भी इन देवोंका निवास है।

मेरुशिखरपर त्रयस्त्रिंश (स्वर्ग) लोक है। इसका विस्तार अस्सी हजार योजन है। यहां त्रयस्त्रिंश देव रहते है। यहां चारों विदिशाओंमें वज्रपाणि देवोंका निवास है। त्रयस्त्रिंश लोकके मध्यमें इन्द्रका २५० यो. विस्तृत वैजयन्त नामक प्रासाद स्थित है। नगरके बाह्य भागमें चारों ओर चैत्ररथ, पारुष्य, मिश्र और नन्दन, ये चार वन हैं। इनके चारों ओर बीस योजनके अन्तरसे देवोंके क्रीड़ास्थल है।

त्रयस्त्रिंश लोकके ऊपर विमानोंमें याम, तुषित, निर्माणरति और परनिर्मितवशवर्ती देव रहते हैं। कामधातुगत देवोंमेंसे चातुर्महाराजिक और त्रयस्त्रिंश देव मनुष्यवत् कामभोग भोगते हैं। याम, तुषित, निर्माणरति और परनिर्मितवशवर्ती देव क्रमशः आलिंगन, पाणिसंयोग, हसित

और अवलोकनसे ही तृप्तिको प्राप्त होते हैं[1]।

कामधातुके ऊपर सत्तरह स्थानोंसे संयुक्त रूपधातु है। वे सत्तरह स्थान ये हैं— प्रथम ध्यानमें ब्रह्मकायिक, ब्रह्मपुरोहित व महाब्रह्म लोक; द्वितीय ध्यानमें परित्ताभ, अप्रमाणाभ, व आभस्वर लोक; तृतीय ध्यानमें परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ व शुभकृत्स्न लोक; तथा चतुर्थ ध्यानमें अनभ्रक, पुण्यप्रसव, बृहत्फल, पंचशुद्धावासिक, अबृह, अतपसुदृश, सुदर्शन और अकनिष्ठ; इस प्रकार इन चार ध्यानोंमें उक्त सत्तरह लोक हैं। ये देवलोक क्रमशः ऊपर-ऊपर अवस्थित हैं। इनमें रहनेवाले देव ऋद्धिबलसे अथवा अन्य देवकी सहायतासे ही अपनेसे ऊपरके देवलोकको देख सकते हैं।

जम्बूद्वीपवासी मनुष्योंका शरीर ३½ या ४ हाथ, पूर्वविदेहवासियोंका ७-८ हाथ, गोदानीयद्वीपवासियोंका १४-१६ हाथ और उत्तरकुरुस्थ मनुष्योंका शरीर २८-३२ हाथ ऊंचा होता है। कामधातुवासी देवोंमें चातुर्महाराजिक देवोंका शरीर ¼ कोश, त्रयस्त्रिंशोंका ½ कोश, यामोंका ¾ कोश, तुषितोंका १ कोश, निर्माणरति देवोंका १¼ कोश और परनिर्मितवशवर्ती देवोंका शरीर १½ कोश ऊंचा है। रूपधातुमें ब्रह्मकायिक देवोंका शरीर ½ योजन ऊंचा है। आगे ब्रह्मपुरोहित, महाब्रह्म, परित्ताभ, अप्रमाणाभ, आभस्वर, परित्तशुभ, अप्रमाणशुभ और शुभकृत्स्न, इन देवोंका शरीरोत्सेध क्रमशः १, १½, २, ४, ८, १६, ३२ और ६४ योजन प्रमाण है। अनभ्र देवोंके शरीरकी ऊंचाई १२५ यो. प्रमाण है। आगे इस ऊंचाईका प्रमाण पुण्यप्रसव आदिक सात देवोंमें उत्तरोत्तर दूना-दूना होता गया है।

यहां अंगुलादिकका प्रमाण इस प्रकार बतलाया गया है— परमाणु, अणु, लोहरज, जलरज, शशरज, अविरज, गोरज, छिद्ररज, लिक्षा, यव और अंगुलीपर्व, ये क्रमशः उत्तरोत्तर सात-सातगुणे हैं। २४ अंगुलियोंका एक हाथ, ४ हाथका एक धनुष, ५०० धनुषका एक कोश, १०० धनुषका अरण्य और ८ कोशका एक योजन होता है।

७ हमारा आधुनिक विश्व

गत पृष्ठोंमें हम देख चुके कि जिस विश्वमें हम निवास करते हैं उसको हमारे पूर्वाचार्योंने तथा नाना धर्मोंके गुरुओंने किस प्रकार समझा है। यहां हम तुलनात्मक अध्ययनकी सुविधाके लिये विश्वका वह स्वरूप संक्षेपमें प्रस्तुत करते हैं जो इस युगके वैज्ञानिकोंने निर्धारित किया है।

जिस पृथ्वीपर हम निवास करते हैं वह मिट्टी पत्थरका एक नारंगीके समान चपटा गोला है जिसका व्यास लगभग आठ हजार मील और परिधि पच्चीस हजार मीलकी है। किसी समय, आजसे करोड़ों वर्ष पूर्व, यह ज्वालामयी अग्निका गोला था। यह अग्नि धीरे धीरे ठंडी होती गई और अब यद्यपि पृथ्वीका धरातल सर्वत्र शीतल हो चुका है तो भी अभी इसके गर्भमें अग्नि तीव्रतासे जल रही है, जिसके कारण हमारा धरातल भी कुछ उष्णताको लिये हुए है, तथा नीचेकी ओर खुदाई की जाय तो अधिकाधिक उष्णता पाई जाती है। कभी कभी यही

१ यह व्यवस्था प्रायः "कायप्रवीचारा आ ऐशानात्, शेषाः स्पर्श-रूप-शब्द-मनःप्रवीचाराः" (त. सू. ४, ७-८.) इन सूत्रोंमें बतलायी गयी व्यवस्थाके समान है।

भूगर्भकी ज्वाला कुपित होकर भूकम्प उत्पन्न कर देती है, व ज्वालामुखीके रूपमें फूट निकलती है। इसीसे शैल, पर्वत, कन्दराओं आदिका निर्माण व विध्वंस तथा भूमि और जलभागोंमें विपरिवर्तन होता रहता है। इसी अग्निके तापसे पृथ्वीका द्रव्य यथायोग्य दबाव व शीतलता पाकर नाना प्रकारकी धातु-उपधातुओं एवं द्रव और वायु रूपी पदार्थोंमें परिवर्तित हो गया है, जो हमें पत्थर, कोयला, लोहा, सोना, चांदी आदि तथा जल और वायुमण्डलके रूपमें दिखाई देता है। जल और वायु ही सूर्यके प्रतापसे मेघों आदिका रूप धारण कर लेते हैं। यह वायु-मण्डल पृथ्वीके धरातलसे उत्तरोत्तर विरल होते हुए लगभग पांच सौ मील तक फैला हुआ अनुमान किया जाता है। पृथ्वीका धरातल भी सम नहीं है। पृथ्वीतलका उच्चतम भाग हिमालयका गौरीशंकर शिखर (माउंट एवरेस्ट) माना जाता है जो समुद्रतलसे उनतीस हजार फुट अर्थात् कोई साढ़े पांच मील ऊंचा है। तथा समुद्रकी उत्कृष्ट गहराई बत्तीस हजार फुट अर्थात् लगभग छह मील तक नापी जा चुकी है। इस प्रकार पृथ्वीतलकी ऊंचाई निचाईमें उत्कृष्टतम साढ़े ग्यारह मील का अन्तर पाया जाता है। इसकी ठण्डी होकर जमी हुई पपड़ी सत्तर मील समझी जाती है जिसकी द्रव्यरचनाके अध्ययनसे अनुमान लगाया गया है कि उसे जमे लगभग तीन करोड़ वर्ष हुए हैं। सजीव तत्त्वके चिह्न केवल चौंतीस मीलकी ऊपरकी पपड़ीमें पाये जाते है जिससे अनुमान लगाया गया है कि पृथ्वीपर जीव तत्त्व उत्पन्न हुए दो करोड़ वर्ष से अधिक काल नहीं हुआ। इसमें भी मनुष्यके विकासके चिह्न केवल एक करोड़ वर्षके भीतरके ही पाये गये हैं।

पृथ्वीतलके ठण्डे हो जानेके पश्चात् उसपर आधुनिक जीवशास्त्रके अनुसार, जीवनका विकास इस क्रमसे हुआ। सर्व प्रथम स्थिर जलके ऊपर जीव-कोश प्रकट हुए जो पाषाणादि जड़ पदार्थोंसे मुख्यतः तीन बातोंमें भिन्न थे। एक तो वे आहार ग्रहण करते और बढ़ते थे। दूसरे वे इधर उधर हलचल भी सकते थे। और तीसरे वे अपने ही तुल्य अन्य कोश भी उत्पन्न कर सकते थे। कालक्रमसे इनमेंके कुछ कोश भूमिपर जड़ जमा कर स्थावरकाय-वनस्पति बन गये, और कुछ जलमें ही विकसित होते होते मत्स्य बन गये। क्रमशः ऐसे वनस्पति व मैंढक आदि प्राणी उत्पन्न हुए जो जलमें ही नहीं किन्तु थलपर भी श्वासोच्छ्वास कर सकते थे। इन्हीं स्थल प्राणियोंमेंसे सरीसृप अर्थात् घिसटकर चलनेवाले जन्तु सांप आदि उत्पन्न हुए। सरीसृपका विकास दो दिशाओंमें हुआ— एक पक्षी और दूसरे स्तनधारी प्राणी। स्तनी जातिकी यह विशेषता है कि वे अण्डे उत्पन्न न कर गर्भधारण करके अपनी जातिके शिशु उत्पन्न करते और अपने स्तनोंके दूधसे उनका पोषण करते हैं। इसी कारण उनमें शिशुपालन व मातृप्रेमकी भावना उत्पन्न होती है। मकरसे लेकर भेड़, बकरी, गाय, भैंस, घोड़ा, हाथी आदि सब इसी महा जातिके प्राणी हैं। इन्हीं स्तनधारी प्राणियोंकी एक जाति वानर उत्पन्न हुई। किसी समय कुछ वानरोंने अपने अगले दो पैर उठाकर पीछेके दो पैरोंपर चलना सीख लिया। बस, यहींसे मनुष्य जातिका विकास प्रारम्भ हुआ माना जाता है। उक्त जीवकोशसे लगाकर

मनुष्यके विकास तक प्रत्येक नई धारा उत्पन्न होनेमें हजारों नहीं किन्तु लाखों व करोड़ों वर्षका अन्तराल माना जाता है।

इस विकासक्रममें समय समयपर तात्कालिक परिस्थितियोंके अनुसार नाना जीव-जातियां उत्पन्न हुईं। उनमेंकी अनेक जातियां परिस्थितियोंके विपरिवर्तन व अपनी अयोग्यताके कारण विनष्ट हो गईं। उनका पता अब हमें भूगर्भमें उनके निखातकों द्वारा मिलता है।

पृथ्वीतलपर भूमिसे जलका विस्तार लगभग तिगुणा है– दोनोंका अनुपात शतांशमेंसे २८ : ७२ बतलाया जाता है। जलके विभागानुसार प्रमुख भूमिखण्ड पांच पाये जाते हैं– एशिया, यूरोप व आफ्रिका मिलकर एक, उत्तर-दक्षिण अमेरिका मिलकर दूसरा, आस्ट्रेलिया तीसरा, तथा उत्तर ध्रुव और दक्षिण ध्रुव। इनके अतिरिक्त अनेक छोटे मोटे द्वीप भी है। यह भी अनुमान किया जाता है कि सुदूर पूर्वमें सम्भवतः ये प्रमुख भूमिभाग परस्पर जुड़े हुए थे। उत्तर-दक्षिण अमेरिकाकी पूर्वी सीमारेखा ऐसी दिखाई देती है कि वह यूरोप-आफ्रिकाकी पश्चिमी सीमारेखाके साथ ठीक मिलकर बैठ सकती है। तथा हिन्द महासागरके अनेक द्वीपसमुदायोंकी शृंखला एशिया खण्डको आस्ट्रेलियाके साथ जोड़ती हुई दिखाई देती है। वर्तमानमें नहरें खोदकर आफ्रिकाका एशिया-यूरोप भूमिखण्डसे तथा उत्तर अमेरिकाका दक्षिण अमेरिकासे भूमिसम्बन्ध तोड़ दिया गया है। इन भूमिखण्डोंका आकार, परिमाण व स्थिति परस्पर अत्यन्त विषम है। इस समस्त पृथ्वीपर रहनेवाले मनुष्योंकी संख्या लगभग दो अरब है।

भारत वर्ष एशिया खण्डका दक्षिण पूर्वीय भाग है। वह त्रिकोणाकार है। दक्षिणी कोना लंका द्वीपको प्रायः स्पर्श कर रहा है। वहांसे भारतवर्षकी सीमा उत्तरकी ओर पूर्व-पश्चिम दिशाओंमें फैलती हुई चली गई है और हिमालय पर्वतकी श्रेणियोंपर जाकर समाप्त हुई है। देशका उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम दिशाओंका उत्कृष्ट विस्तार लगभग दो हजार मीलका है। इसकी उत्तर सीमापर तो हिमालय पर्वत फैला हुआ है, मध्यमें विन्ध्य और सतपुड़ा पर्वतमालायें पायी जाती हैं, तथा दक्षिणके पूर्वीय व पश्चिमी तटोंपर पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट नामक पर्वतश्रेणियां फैली हुई हैं। देशकी प्रमुख नदियां हिमालयके प्रायः मध्यसे निकलकर पूर्वकी ओर समुद्रमें गिरनेवाली ब्रह्मपुत्रा व गंगा और उसकी सहायक जमना, चम्बल, सिंध, बेतवा, सोन आदि हैं तथा पश्चिमकी ओर समुद्रमें गिरनेवाली सिन्धु व उसकी सहायक नदियां झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलज हैं। गंगा व सिन्धुकी लम्बाई लगभग पन्द्रह सौ मीलकी है। देशके मध्यमें विन्ध्य और सतपुड़ाके बीच पूर्वसे पश्चिमकी ओर समुद्र तक प्रवाहित नर्मदा नदी है, तथा सतपुड़ाके दक्षिणमें तापी। दक्षिणकी प्रमुख नदियां गोदावरी, कृष्णा और कावेरी पश्चिमसे पूर्वकी ओर प्रवाहित हैं।

देशके उत्तरमें सिन्धसे गंगा कछार तक प्रायः आर्य जातिके, सतपुड़ाके सुदूर दक्षिणमें द्राविड जातिके, एवं पहाड़ी प्रदेशोंमें गोंड, भील, कोल व किरात आदि पर्वतीय जातियोंके लोग

निवास करते हैं।

भारतवर्षकी जनसंख्या लगभग चालीस करोड़ है जिसमें हिन्दी, मराठी, बंगाली व गुजराती आदि आर्य भाषाओंके बोलनेवाले कोई बत्तीस करोड़ और शेष तामिल, तेलुगू, कनाड़ी, मलयालम आदि द्राविड़ी भाषाओंके बोलने वाले हैं।

इस आठ हजार मील व्यास व पच्चीस हजार मील परिधि प्रमाण भूमण्डलके चारों ओर अनन्त आकाश है, जिसमें हमें दिनको सूर्यमण्डल तथा रात्रिको चन्द्र, ग्रह व ताराओंके दर्शन होते है और उनसे प्रकाश मिलता है। इनमें सबसे अधिक समीपवर्ती चन्द्रमा है, जो पृथ्वीसे कोई सवा दो लाख मीलकी दूरीपर है। यह पृथ्वीके समान ही एक भूमण्डल है जो पृथ्वीसे बहुत छोटा है और उसीके आसपास घूमा करता है जिसके कारण हमारे शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष होते है। चन्द्रमें स्वयं प्रकाश नहीं है, किन्तु वह सूर्यके प्रकाशसे प्रकाशित होता है और इसी लिये अपने परिभ्रमणानुसार घटता बढ़ता दिखाई देता है। अनुसन्धानसे जाना गया है कि चन्द्रमा बिलकुल ठंडा हो गया है। पृथ्वीके भूगर्भके समान उसमें अग्नि नहीं है। उसके आसपास वायुमण्डल भी नहीं है और धरातलपर जल भी नहीं है। इन्हीं कारणोंसे वहां श्वासोच्छ्वासप्रधान प्राणी व वनस्पति भी नहीं पाये जाते। भीषण शैल व पर्वतों तथा कन्दराओंके सिवाय वहां कुछ भी नहीं है। अनुमान किया जाता है कि चन्द्रमा पृथ्वीका ही एक भाग है जिसे टूटकर अलग हुए कोई पांच-छह करोड़ वर्ष हुए हैं।

चन्द्रसे परे क्रमशः शुक्र, बुध, मंगल, बृहस्पति व शनि आदि ग्रह है जो सब पृथ्वीके समान ही भूमण्डल हैं और सूर्यकी परिक्रमा किया करते हैं तथा सूर्यके ही प्रकाशसे प्रकाशित होते हैं। इन ग्रहोंमेंसे किसीमें भी पृथ्वीके समान जीवोंकी सम्भावना नहीं मानी जाती, क्योंकि वहांकी परिस्थितियां जीवनके साधनोंसे सर्वथा विहीन है।

इन ग्रहोंसे परे, पृथ्वीसे कोई साढ़े नौ करोड़ मीलकी दूरीपर सूर्यमण्डल है, जो पृथ्वीसे लगभग पन्द्रह लाख गुणा बड़ा है— अर्थात् पृथ्वीके समान कोई पन्द्रह लाख भूमण्डल उसके गर्भमें समा सकते हैं। यह महाकाय मण्डल अग्निसे प्रज्वलित है और उसकी ज्वालायें लाखों मील तक उठती है। सूर्यकी इसी जाज्वल्यतासे करोड़ों मील, विस्तृत सौर मण्डल भरमें प्रकाश और उष्णता फैल रहे है। एक वैज्ञानिक मत है कि इसी सूर्यमण्डलकी चिनगारियोंसे पृथ्वी व बुध-बृहस्पति आदि ग्रह और उपग्रह बने हैं, जो सब अभी तक उसके आकर्षणसे निबद्ध होकर उसीके आसपास घूम रहे है। हमारा भूमण्डल सूर्यकी परिक्रमा एक वर्षमें पूरी करता है और इसी परिक्रमाके आधारपर हमारा वर्षमान अवलंबित है। इस परिक्रमणमें पृथ्वी निरन्तर अपनी कीलपर भी घूमा करती है जिसके कारण हमारे दिन और रात्रि हुआ करते हैं। जो गोलार्ध सूर्यके सन्मुख पड़ता है वहां दिन और शेष गोलार्धमें रात्रि होती है। वैज्ञानिकोंका यह भी अनुमान है कि ये पृथ्वी आदि ग्रहोपग्रह धीरे धीरे पुनः सूर्यकी ओर आकृष्ट हो रहे

हैं। अतः आश्चर्य नहीं जो किसी सुदूरवर्ती एक दिन वे पुनः सूर्यमण्डलमें लवलीन हो जांय।

हमने ऐसे महाकाय सूर्यमण्डलके दर्शन किये जिनकी बराबरीका अन्य कोई भी ज्योतिर्मण्डल आकाश भरमें दिखाई नहीं देता। किन्तु इससे यह नहीं समझना चाहिये कि उन अति लघु दिखाई देनेवाले तारोंमें सूर्यके तुल्य महान् कोई एक भी नहीं हैं। यथार्थतः तो हमें जिन तारोंका दर्शन होता है उनमें सूर्यसे छोटे व सूर्यके बराबरके तो बहुत थोड़े तारे हैं। उनमें अधिकांश तो सूर्यसे भी बहुत विशाल, उससे सैकड़ों, सहस्रों व लाखों गुणे बड़े हैं। किन्तु उनके छोटे दिखाई देनेका कारण यह है कि वे हमसे सूर्यकी अपेक्षा बहुत ही अधिक दूरीपर हैं। तारोंकी दूरी समझनेके लिये हमारे संख्यावाची शब्द काम नहीं देते। उसके लिये वैज्ञानिकोंकी दूसरी ही प्रक्रिया है। प्रकाशकी गति प्रति सैकंड १,८६,००० एक लाख छयासी हजार मील, तथा प्रति मिनिट १,११,६०,००० एक करोड़, ग्यारह लाख, साठ हजार मील मापी गई है। इस प्रमाणसे सूर्यका प्रकाश पृथ्वी तक कोई ८-९ मिनटमें आता है। तारे हमसे इतनी दूर है कि उनका प्रकाश हमारे समीप वर्षोंमें आ पाता है, और जितने वर्षोंमें वह आता है उतने ही प्रकाशवर्षकी दूरीपर वह तारा कहा जाता है। सेन्टोरी नामक अति निकटवर्ती तारा हमसे चार प्रकाशवर्षकी दूरीपर है, क्योंकि उसके प्रकाशको हमारे पास तक पहुंचनेमें चार वर्ष लगते है। इस प्रकार दश, बीस, पचास एवं सैकड़ों प्रकाशवर्षोंकी दूरीके ही नहीं किन्तु ऐसे ऐसे तारोंका ज्ञान हो चुका है जिनकी दूरी दश लाख प्रकाशवर्षकी मापी गई है तथा जो प्रमाणमें भी हमारी पृथ्वी तो क्या हमारे सूर्यसे भी लाखों गुने बड़े हैं। तारोंकी संख्याका भी पार नहीं है। हमें अपनी नग्न दृष्टिसे तो अधिकसे अधिक छठवें प्रमाण तकके कोई छै सात हजार तारे ही दिखाई देते हैं। किन्तु दूर-दर्शक यंत्रोंकी जितनी शक्ति बढ़ती जाती है उतने ही उत्तरोत्तर अधिकाधिक तारे दिखाई देते हैं। अभी तक बीसवें प्रमाण तकके तारोंको देखने योग्य यंत्र बन चुके है जिनके द्वारा सब मिलाकर दो अरबसे भी अधिक तारे देखे जा चुके हैं। किन्तु तारोंकी संख्याका अन्त नहीं। जेम्स जीन्स सदृश ज्योतिषी वैज्ञानिकका मत है कि तारोंकी संख्या हमारी पृथ्वीके समस्त समुद्र-तटोंकी रेतके कणोंके बराबर हो तो आश्चर्य नहीं। और ये असंख्य तारे एक दूसरेसे कितने दूर दूर हैं इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि सूर्यसे निकटतम दूसरा तारा चार प्रकाशवर्ष अर्थात् अरबों खबों मीलकी दूरीपर है। ये सब तारे बड़े वेगसे गतिशील हैं और उनका प्रवाह दो भिन्न दिशाओंमें पाया जाता है।

इस प्रकार लोकका प्रमाण असंख्य है, और आकाशका कहीं अन्त दिखाई नहीं देता। किन्तु दृश्यमान लोकका आकार कुछ कुछ समझा गया है। तारागणोंका जिस प्रकार आकाशमें वितरण है तथा आकाशगंगामें जो तारापुंज दिखाई देते हैं, उनपरसे अनुमान

लगाया गया है कि इस समस्त तारामण्डल रूप लोकका आकार लेन्सके आकारका है अर्थात् ऊपर और नीचेको उभरा हुआ और बीचमें फैला हुआ गोल है, जिसकी परिधिपर आकाश-गंगा दिखाई देती है और उभरे हुए भागके मध्यमें हमारा सूर्यमण्डल है।

प्रश्न होता है कि क्या इस तारामण्डलमें पृथ्वीके अतिरिक्त और कहीं जीवधारी हैं या नहीं? कुछ काल पूर्व मंगल ग्रहमें जीवधारियोंकी संभावना की जाती थी, किन्तु, जैसा हम ऊपर कह आये हैं, अब किसी भी ग्रहमें जीव-जन्तुओंकी सम्भावना नहीं की जाती। और जिन तारोंका हमने ऊपर वर्णन किया है वे तो सब सूर्यके समान अग्निके गोले हैं जिनमें जीवोंकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सूर्यके अतिरिक्त अन्य किसी तारेके ग्रहों उप-ग्रहोंका कोई पता नहीं चलता जिनमें जीव-जगत्की कल्पना की जा सके। इस प्रकार विज्ञान इस विषयमें बहुत ही सशंक है कि हमारी इस पृथ्वीके अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी दृश्यमान लोकमें जीवधारी है या नहीं। [आधारभूत ग्रंथः — The Structure of the earth by Prof. T. G. Bonney; An outline of Modern knowledge; Mysterious universe by Eddington; विश्वकी रूपरेखा— रा. सांकृत्यायनकृत]

८ अन्तिम निवेदन

तिलोयपण्णत्तिका प्रथम भाग सन् १९४३ में प्रकाशित हो गया था। उससे सात वर्ष पश्चात् यह दूसरा अन्तिम भाग प्रकाशित हो रहा है। इस विलम्बके अनेक कारण हैं। एक तो प्राचीन ग्रंथों विशेषतः—प्राकृतकी गहनविषयात्मक रचनाओंकी थोड़ीसी मौलिक प्रतियोंपरसे संशोधन, सम्पादन व अनुवाद करना एक बड़ा कठिन कार्य है। चित्तकी निरा-कुलताके विना यह कार्य सुचारु रूपसे नहीं हो पाता। पूर्वोक्त समयावधिके भीतर मेरा अमरावतीसे स्थान-परिवर्तन हो गया, तथा एक समय ऐसा भी आगया जब मेरा इस कार्यसे सम्बन्ध रहना भी संदिग्ध अवस्थामें पड़ गया। कागजकी दुर्लभता तथा मुद्रणकी विघ्न-बाधाओंने भी गति-रोध उत्पन्न करनेमें कसर नहीं रक्खी। फिर अनुक्रमणिकाओं आदिके तैयार करनेमें बड़ा परिश्रम और समय लगा। सम्पादकोंके हाथ अन्य साहित्यिक कार्योंसे भरे होनेके कारण प्रस्तावना तैयार होनेमें भी विलम्ब हुआ। तथापि, इन सब विपत्तियोंके होते हुए भी, आज इस महान् ग्रन्थका पूर्णतः प्रकाशन हो रहा है इस बातका हमें बड़ा हर्ष है। और इस सफलता-का श्रेय है हमारे समस्त सहयोगियोंको। हमारी ग्रन्थमालाके संस्थापक ब्रह्मचारी जीवराज भाईकी धर्मनिष्ठा और कार्यतत्परता सराहनीय है। उनकी यह प्रेरणा बनी ही रहती है कि ग्रन्थप्रकाशन कार्य जितना हो सके और जितने वेगसे हो सके उतना किया जाय। संस्कृति-संरक्षक संघके अधिकारियों तथा प्रबन्धसमितिके सदस्योंका भी इस विषयमें मतैक्य है। फिर भी यदि ग्रन्थप्रकाशनमें पाठकोंको विलम्ब दिखाई दे तो इसका कारण कार्यकर्ताओंके उत्साहमें कमी नहीं, किन्तु इस कार्यकी विशेष अनिवार्य अड़चनें ही हैं। ग्रन्थमें आये हुए गणितने हमें अनेक वार बहुत हैरान किया। इस सम्बन्धमें, विशेषतः पांचवेंसे सातवें अधिकार तक, आये

मूलोवरिम्मि भागे तडवेदीउववणाइं चेट्ठंति । तग्गिरिणो वणवेदिप्पहुदीहिं अधियरम्माइं ॥ १४३
तग्गिरिउवरिमभागे चउदाला होंति दिव्वकूडाणिं । एदाणं विण्णासं भासेमो आणुपुव्वीए ॥ १४४
कणयं कंचणकूडं तवणं सत्थियदिसासुभद्दाणिं । अंजणमूलं अंजणवज्जं[4] कूडाणि अट्ठ[5] पुव्वाए ॥ १४५

इन कूटोंके ऊपर स्थित भवनोंमें कुण्डल द्वीपके अधिपति व्यन्तर देव अपने योग्य बहुत परिवारसे संयुक्त होकर निवास करते हैं ॥ १३८ ॥

इन एक एक कूटोंके अभ्यन्तर भागोंमें अंजनपर्वतस्थ जिनमन्दिरोंके समान दिव्य जिनेन्द्रकूट हैं ॥ १३९ ॥

उनके उत्तर-दक्षिण भागोंमें अंजनपर्वतस्थ जिनेन्द्रप्रासादोंके सदृश एक एक जिनकूट स्थित है ॥ १४० ॥ पाठान्तर ।

तेरहवां द्वीप रुचकवर है । इसके बहुमध्यभागमें मण्डलाकारसे सुवर्णमय रुचकवर पर्वत स्थित हैं ॥ १४१ ॥

उस सब पर्वतका विस्तार चौरासी हजार योजन, इतनी ही उंचाई, और एक हजार योजनप्रमाण अवगाह है ॥ १४२ ॥

उस पर्वतके मूल व उपरिम भागमें वनवेदी आदिकसे अधिक रमणीय तटवेदियां व उपवन स्थित है ॥ १४३ ॥

इस पर्वतके उपरिम भागमें जो चवालीस दिव्य कूट हैं, उनके विन्यासको अनुक्रमसे कहता हूं ॥ १४४ ॥

कनक, कांचनकूट, तपन, स्वस्तिकदिशा, सुभद्र, अंजनमूल, अंजन और वज्र, ये आठ कूट पूर्वदिशामें है ॥ १४५ ॥

१ द ब वितरया २ द ब संजुत्तं. ३ द ब संधियदिसा. ४ द अंजणमूलं अजवज्जं, ब अजमूलं अंजवज्जं. ५ ब अट्ठ.

पंचसयजोयणाइं तुंगा तम्मेत्तमूलविक्खंभा । तद्दलउवरिविक्खंभा ते कूडा वेदिवणजुत्ता ॥ १४६
५०० । ५०० । २५० ।

ताणोवरि भवणाणिं गोदमदेवस्स गेहसरिसाणिं । जिणभवणभूसिदाणिं विचित्तरूवाणि रेहंति ॥ १४७
एदेसु दिसाकण्णा णिवसंति णिरुवमेहिं रूवेहिं । विजया य वइजयंता जयंतणामा वराजिदया ॥ १४८
णंदा णंदवदीओ णंदुत्तरणंदिसेण सि । भिंगारधारिणीओ ताओ जिणजम्मकल्लाणे ॥ १४९
दक्खिणदिसाए फलियं रजदं कुमुदं च णलिणपउमाणिं । चंदक्खं वेस्समणं वेरुलियं अट्ठ कूडाणिं ॥ १५०
उच्छेहप्पहुदीहिं ते कूडा होंति पुव्वकूडसमा व । एदेसु दिसाकण्णा वसंति इच्छासमाहारा ॥ १५१
सुपइण्णा जसधरया लच्छीणामा य सेसवदिणामा । तह चित्तगुत्तदेवी वसुंधरा दप्पणधराओ ॥ १५२
होंति यमोघ सत्थियसंदरहेमवदरज्जणामाणिं । रज्जुत्तमचंदसुदंसणाणिं[1] पच्छिमदिसाए कूडाणिं ॥ १५३
पुव्वोदिदकूडाणं वासप्पहुदीहिं होंति सारिच्छा । एदेसुं कूडेसुं कुणंति वासं दिसाकण्णा ॥ १५४
इलणामा सुरदेवी पुढविपउमाओ[2] एक्कणासा य । णवमी सीदा भद्दा जिणजणणीए छत्तधारीओ ॥ १५५

वेदी व वनोंसे संयुक्त ये कूट पांच सौ योजन ऊंचे और इतनेमात्र मूलविस्तार व इससे आधे उपरिम विस्तारसे सहित है ॥ १४६ ॥

उत्सेध ५०० । मूलविष्कम्भ ५०० । उपरिमविष्कम्भ २५० ।

इन कूटोंके ऊपर जिनभवनोंसे भूषित और विचित्र रूपवाले गौतम देवके भवनसमान भवन विराजमान है ॥ १४७ ॥

इन भवनोंमें अनुपम रूपसे संयुक्त विजया, वैजयन्ता, जयन्ता, अपराजिता, नन्दा, नन्दवती, नन्दोत्तरा और नन्दिषेणा नामक दिक्कन्यायें निवास करती है। ये जिनभगवान्‌के जन्मकल्याणकमें झारीको धारण किया करती है ॥ १४८–१४९ ॥

स्फटिक, रजत, कुमुद, नलिन, पद्म, चन्द्र, वैश्रवण और वैडूर्य, ये आठ कूट दक्षिण-दिशामें स्थित हैं ॥ १५० ॥

ये सब कूट उंचाई आदिकमें पूर्व कूटोंके ही समान है। इनके ऊपर इच्छा, समाहारा, सुप्रकीर्णा, यशोधरा, लक्ष्मी, शेषवती, चित्रगुप्ता और वसुंधरा नामकी आठ दिक्कन्यायें निवास करती है। ये सब जिनजन्मकल्याणकमें दर्पणको धारण किया करती है ॥ १५१–१५२ ॥

अमोघ, स्वस्तिक, मन्दर, हैमवत, राज्य, राज्योत्तम, चन्द्र और सुदर्शन, ये आठ कूट पश्चिमदिशामें स्थित है ॥ १५३ ॥

ये कूट विस्तारादिकमें पूर्वोक्त कूटोंके ही समान हैं। इनके ऊपर इला, सुरादेवी, पृथिवी, पद्मा, एकनासा, नवमी, सीता और भद्रा नामक दिक्कन्यायें निवास करती है। ये दिक्कन्यायें जिनजन्मकल्याणकमें जिनमाताके ऊपर छत्रको धारण किया करती हैं ॥ १५४–१५५ ॥

---

१ द ब °चंदसदंसुणाणी. २ द पुविपउमाओ य, ब पुविपउमाउ य.

विजयं च वइजयंतं जयंतमपराजिदं च कुंडलयं। रुजगाइरयणकूडाणि सव्वरयण त्ति उत्तरदिसाए॥ १५६
एदे वि अट्ठ कूडा सारिच्छा होंति पुव्वकूडाणं। तेसु पि दिसाकण्णा अलंबुसामिस्सकेसीओ॥ १५७
तह पुंडरीकिणी वारुणि त्ति आसा य सव्वणामा य। हिरिया सिरिया देवी एदाओ चमरधारीओ॥ १५८
एदाणं वेदीणं अब्भंतरचउदिसासु चत्तारि। महकूडा चेट्ठंते पुव्वोदिदकूडसारिच्छा॥ १५९
णिच्चुज्जोवं विमलं णिच्चालोयं सयंपहं कूडं। उत्तरपुव्वदिसादिसु दक्खिणपच्छिमदिसासु कमा॥ १६०
सोदामिणि त्ति कणया सदपदादेवी य कणयचेत्त त्ति। उज्जोवकारिणीओ दिसासु जिणजम्मकल्लाणे॥ १६१
तक्कूडब्भंतरए कूडा पुव्वुत्तकूडसारिच्छा। वेरुलियरुचकमणिरज्जउत्तमा पुव्वपहुदीसुं[3]। १६२
तेसुं पि दिसाकण्णा वसंति रुचका तहा रुचककित्ती। रुचकादीकंतपहा जाणंति[4] जिणजातकम्माणिं॥ १६३
पल्लपमाणाउठिदी पत्तेक्कं होदि सयलदेवीणं। सिरिदेवीए सरिच्छा परिवारा ताण णादव्वा॥ १६४

विजय, वैजयंत, जयंत, अपराजित, कुण्डलक, रुचक, रत्नकूट और सर्वरत्न, ये आठ कूट उत्तरदिशामें स्थित है॥ १५६॥

ये भी आठ कूट पूर्वकूटोंके ही सदृश है। इनके ऊपर भी अलंभूषा, मिश्रकेशी, पुण्डरीकिणी, वारुणी, आशा, सर्वा, ह्री और श्री नामकी आठ दिक्कन्यायें निवास करती हैं। जिनजन्मकल्याणकमें ये सब चँवरोंको धारण किया करती है॥ १५७-१५८॥

इन कूटोंकी वेदियोंके अभ्यन्तर चार दिशाओंमें पूर्वोक्त कूटोंके सदृश चार महाकूट स्थित है॥ १५९॥

नित्योद्योत, विमल, नित्यालोक और स्वयंप्रभ, ये चार कूट क्रमसे उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम दिशामें स्थित हैं॥ १६०॥

सौदामिनी, कनका, शतपदा (शतह्रदा) और कनकचित्रा, ये चार देवियां इन कूटोंपर स्थित होती हुई जिनजन्मकल्याणकमें दिशाओंको निर्मल किया करती है॥ १६१॥

इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें पूर्वोक्त कूटोंके सदृश वैडूर्य, रुचक, मणि और राज्योत्तम नामक चार कूट पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित हैं॥ १६२॥

उन कूटोंपर भी रुचका, रुचककीर्ति, रुचककांता और रुचकप्रभा, ये चार दिक्कन्यायें निवास करती है। ये कन्यायें जिनभगवान्‌के जातकर्मोंको जानती है॥ १६३॥

इन सब देवियोंमेंसे प्रत्येककी आयु एक पल्यप्रमाण होती है। उनके परिवार श्रीदेवीके समान जानना चाहिये॥ १६४॥

१ ब चरम. २ द ब देवीण. ३ द ब मणिरजउत्तमपउमस्स पहुदीसु. ४ द ब जणंति.

तक्कूडब्भंतरए चत्तारि हवंति सिद्धकूडाणि । पुव्वसमाणं णिसहट्ठिदजिणपुरेसरिसजिणणिकेदाणि ॥ १६५

दिसविदिसं तब्भाए चउ चउ अट्ठाणि सिद्धकूडाणि । उच्छेदप्पहुदीए णिसहसमा[2] केइ इच्छंति ॥ १६६

लोयविणिच्छयकत्ता रुचकवरहिस्स वण्णणपयारं । अण्णेण सरूवेणं वक्खाणइ तं पयासेमि ॥ १६७

होदि गिरी रुचकवरो रुंदो अंजणगिरिंदसमउदओ । बादालसहस्साणि वासो सव्वत्थ दसघणो गाढो ॥ १६८

८४००० । ४२००० । १००० ।

कूडा णंदावत्तो सत्थियसिरिवच्छवड्ढमाणक्खा । तग्गिरिपुव्वदिसाए सहस्सरुंदं तदद्धउच्छेहो ॥ १६९

एदेसु दिग्गजिंदा[3] देवा णिवसंति एक्कपल्लाऊ । णामेहिं पउमुत्तरसुभद्दणीलंजणगिरीओ ॥ १७०

तक्कूडब्भंतरए वरकूडा चउदिसासु अट्ठट्ठा । चेट्ठंति दिव्वरूवा सहस्सरुंदा तदद्धउच्छेहा ॥ १७१

१००० । ५०० ।

इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें चार सिद्धकूट है, जिनपर पहिलेके समान ही निषध-पर्वतस्थ जिनभवनोंके सदृश जिनमन्दिर विद्यमान है ॥ १६५ ॥

कोई आचार्य उंचाई आदिकमें निषध पर्वतके समान ऐसे दिशाओंमें चार और विदिशाओंमें चार इस प्रकार आठ सिद्धकूटोंको स्वीकार करते है ॥ १६६ ॥

लोकविनिश्चयकर्ता रुचकवर पर्वतके वर्णनप्रकारका अन्यप्रकारसे व्याख्यान करते है, उसको यहां दिखलाता हूं ॥ १६७ ॥

रुचकवरपर्वत अंजनगिरिके समान ऊंचा, व्यालीस हजार योजन विस्तारवाला और सर्वत्र दशके घन (एक हजार) योजनप्रमाण अवगाहसे सहित है ॥ १६८ ॥

उत्सेध ८४००० । व्यास ४२००० । अवगाह १००० ।

इस पर्वतकी पूर्वदिशासे लेकर नन्द्यावर्त, स्वस्तिक, श्रीवृक्ष और वर्धमान नामक चार कूट हैं । इन कूटोंका विस्तार एक हजार योजन और उंचाई इससे आधी है ॥ १६९ ॥

इन कूटोंपर एक पल्यप्रमाण आयुके धारक पद्मोत्तर, सुभद्र, नील और अंजनगिरि नामक चार दिग्गजेन्द्र देव निवास करते है ॥ १७० ॥

इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें एक हजार योजन विस्तारवाले और इससे आधे ऊंचे चारों दिशाओंमें आठ आठ दिव्य रूपवाले उत्तम कूट स्थित हैं ॥ १७१ ॥

विस्तार १००० । उत्सेध ५०० ।

---

१ द ब पुरजिण°. २ द ब णिसहसमो ३ द दिगदिंदा, ब दिगादिंदा.

पुव्वोदिदणामजुदा एदे बत्तीस रुचकवरकूडा। तेसु य दिसायकण्णा ताइं चिय ताण णामाणिं ॥ १७२
होंति हु ईसाणादिसु[1] विदिसासुं दोण्णि दोण्णि वरकूडा। वेरुलियमणीणामा[2] रुचका रयणप्पहा णामा ॥ १७३
रयणं च संखरयणा रुचकुत्तमरयणउच्चका[3] कूडा। एदे पदाहिणेणं पुव्वोदिदकूडसारिच्छा ॥ १७४
तेसु दिसाकण्णाणं महत्तरीओ कमेण णिवसंति। रुचका विजया रुचकाभा[4] वइजयंति रुचककंता ॥ १७५
तह य जयंती रुचकुत्तमा य अपराजिदा जिणिंदस्स। कुव्वंति जातकम्मं एदाओ परमभत्तीए ॥ १७६
विमला णित्यालोका सयंपहा तह य णित्यउज्जोवा। चत्तारो वरकूडा पुव्वादिपदाहिणा होंति ॥ १७७
तक्कूडब्भंतरए चत्तारि भवंति सिद्धवरकूडा। पुव्वादिसु पुव्वसमा अंजणजिणगेहसरिसजिणगेहा ॥ १७८
पाठान्तरम्।
जंबूदीवादिंतो संखेज्जाणिं पयोधिदीवाणिं। गंतूण अत्थि अण्णो जंबूदीओ परमरम्मो ॥ १७९
तत्थ वि विजयप्पहुदिसु भवंति देवाण दिव्वणयरीओ[5]। उवरिं[6] वज्जखिदीए चित्तामज्झम्मि पुव्वपहुदीसुं ॥ १८०

ये बत्तीस रुचकवरकूट पूर्वोक्त नामोंसे युक्त हैं। इनपर जो दिक्कन्यायें रहती हैं, उनके नाम भी वे (पूर्वोक्त) ही है ॥ १७२ ॥

वैडूर्य, मणिप्रभ, रुचक, रत्नप्रभ, रत्न, शंखरत्न (सर्वरत्न), रुचकोत्तम और रत्नोच्चय, इन पूर्वोक्त कूटोंके सदृश कूटोंमें दो दो उत्तम कूट प्रदक्षिणक्रमसे ईशानादि विदिशाओंमें स्थित हैं ॥ १७३–१७४ ॥

इन कूटोंपर क्रमसे रुचका, विजया, रुचकाभा, वैजयन्ती, रुचककान्ता, जयन्ती, रुचकोत्तमा और अपराजिता, ये दिक्कन्याओंकी महत्तरियां (प्रधान) निवास करती हैं। ये सब उत्कृष्ट भक्तिसे जिनेन्द्रभगवान्‌के जातकर्मको किया करती हैं ॥ १७५–१७६ ॥

विमल, नित्यालोक, स्वयंप्रभ तथा नित्योद्योत, ये चार उत्तम कूट पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणरूपसे स्थित हैं ॥ १७७ ॥

इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें चार सिद्धवर कूट है, जिनके ऊपर पहिलेके ही समान अंजनपर्वतस्थ जिनभवनोंके सदृश जिनालय स्थित हैं ॥१७८ ॥ पाठान्तर।

जम्बूद्वीपसे आगे संख्यात समुद्र व द्वीपोंके पश्चात् अतिशय रमणीय दूसरा जम्बूद्वीप है ॥ १७९ ॥

वहांपर भी वज्रा पृथिवीके ऊपर चित्राके मध्यमें पूर्वादिक दिशाओंमें विजयप्रभृति देवोंकी दिव्य नगरियां है ॥ १८० ॥

१ द ब ईसाणदिसा° २ द वेलुरिय पयणि णामा, ब वेरुलिय पयणि णामा. ३ द ब उच्चका. ४ द ब रुचकाय. ५ ब °नयरी. ६ द उवरिम.

उच्छेहजोयणेणं पुरीओ बारसमहस्सरुंदाओ । जिणभवणभूमिदाओ उववणवेदीहिं जुत्ताओ ॥ १८१

१२०००।

पण्णत्तरिदलतुंगा पायारा जोयणद्धमवगाढा । सव्वाणं णयरीणं णाणंतविचित्तधयमाला ॥ १८२

$\frac{७५}{२}$ । $\frac{१}{२}$ ।

कंचणपायाराणं वररयणविणिम्मियाण भूवासो । जोयणपणुवीसदलं तच्चउभागो य मुहवासो ॥ १८३

$\frac{२५}{२}$ । $\frac{२५}{४}$ ।

एक्केक्काए दिसाए पुरीण पणुवीसगोउरदुवारे । जंबूणदणिम्मविदा मणितोरणथंभरमणिज्जा ॥ १८४

बासट्ठि जोयणाणिं ताणं हवंति पुरोवरिपुराणं । उदओ[1] तद्दलमेत्तो रुंदो गाढो दुवे कोसा[2] ॥ १८५

६२ । ३१ । को २ ।

मज्झे चेट्ठदि रायं विचित्तबहुभवणएहिं[3] अदिरम्मं। जोयणसदाणि बारस वासजुदं एक्ककोसउच्छेहो ॥ १८६

१२०० । को १ ।

ये नगरियां उत्सेध योजनसे बारह हजार योजनप्रमाण विस्तारसे सहित, जिनभवनोंसे विभूषित और उपवनवेदियोंसे संयुक्त है ॥ १८१ ॥ विस्तार १२०० यो.।

इन सब नगरियोंके प्राकार पचहत्तरके आधे (साढ़े सैंतीस) योजन ऊंचे, अर्ध योजन-प्रमाण अवगाहसे सहित, और फहराती हुई विचित्र ध्वजाओंके समूहसे संयुक्त हैं ॥ १८२ ॥

उत्सेध $\frac{७५}{२}$ । अवगाह $\frac{१}{२}$ ।

उत्तम रत्नोंसे निर्मित इन सुवर्णप्राकारोंका भूविस्तार पच्चीसके आधे (साढ़े बारह) योजन और मुखविस्तार पच्चीसका चतुर्थ भाग अर्थात् सवा छह योजनमात्र है ॥ १८३ ॥

भूविस्तार $\frac{२५}{२}$ । मुखविस्तार $\frac{२५}{४}$ ।

इन नगरियोंकी एक एक दिशामें सुवर्णसे निर्मित और मणिमय तोरणस्तम्भोंसे रमणीय पच्चीस गोपुरद्वार है ॥ १८४ ॥

इन नगरियोंके उत्तम भवनोंकी ऊंचाई बासठ योजन, इससे आधा विस्तार और अवगाह दो कोशमात्र है ॥ १८५ ॥

उत्सेध ६२ । विस्तार ३१ । अवगाह को० २ ।

नगरियोंके मध्यमें विचित्र बहुत भवनोंसे अतिशय रमणीय, बारहसौ योजनप्रमाण विस्तारसे सहित और एक कोश ऊंचा राजांगण स्थित है ॥ १८६ ॥

विस्तार १२०० । उत्सेध को० १ ।

१ द ब उदए. २ द ब कोओ. ३ द ब विचित्तबहुभवणएहिं.

तस्स य थलस्स उवरिं समंतदो दोण्णि कोस उच्छेहं । पंचसयचावरुंदं चउगोउरसंजुदं वेदी ॥ १८७
को २ । दंड ५०० ।
रायंगणबहुमज्झे कोससयं पंचवीसमब्भहियं । विक्खंभो तद्दुगुणो इदओ गाढं दुवे कोसा ॥ १८८
१२५ । २५० । को २ ।
पासादो मणितोरणसंपुण्णो अट्ठजोयणुच्छेहो । चउवित्थारो दारो[1] वज्जकवाडेहिं सोहिल्लो ॥ १८९
८ । ४ ।
एदस्स चउदिसासुं चत्तारो होंति दिव्वपासादा । उप्पण्णुप्पण्णाणं चउ चउ वट्टंति जाव छक्कंतं ॥ १९०
एत्तो[2] पासादाणं परिमाणं मंडलं पडिभणामो । एक्को हवेदि मुक्खो चत्तारो मंडलम्मि पढमम्मि ॥ १९१
१ । ४ ।
सोलस बिदिए तदिए चउसट्ठी वेसदं च छप्पण्णं । तुरिमे तं चउपहदं पंचमए मंडलम्मि पासादा ॥ १९२
१६ । ६४ । २५६ । १०२४ ।
चत्तारि सहस्साणिं छण्णउदिजुदाणि होंति छट्ठीए । एत्तो पासादाण उच्छेहादिं परूवेमो ॥ १९३
४०९६ ।

इस स्थलके ऊपर चारों ओर दो कोश ऊंची, पांचसौ धनुष विस्तीर्ण और चार गोपुरोंसे युक्त वेदी स्थित है ॥ १८७ ॥ उत्सेध २ को. । विस्तार ५०० धनुष ।

राजांगणके बहुमध्यभागमें एकसौ पच्चीस कोश विस्तारवाला, इससे दूना ऊंचा, दो कोशमात्र अवगाहसे सहित, और मणिमय तोरणोंसे परिपूर्ण प्रासाद है । इसका वज्रमय कपाटोंसे सशोभित द्वार आठ योजन ऊंचा और चार योजनमात्र विस्तारसे सहित है ॥ १८८–१८९ ॥
प्रासादविस्तार १२५ । उत्सेध २५० । अवगाह २ को. । द्वारोत्सेध ८ । विस्तार ४ यो. ।

इसकी चारों दिशाओंमें चार दिव्य प्रासाद हैं । (१) इनसे आगे छठे मण्डल तक उत्तरोत्तर चार चार गुणे प्रासाद हैं ॥ १९० ॥

यहांसे प्रत्येक मण्डलके प्रासादोंके प्रमाणको कहते हैं । एक (मध्यका) प्रासाद मुख्य है । प्रथम मण्डलमें चार प्रासाद हैं ॥ १९१ ॥

द्वितीय मण्डलमें सोलह, तृतीयमें चौंसठ, चतुर्थमें दो सौ छप्पन और पांचवें मण्डलमें इससे चौगुणे अर्थात् दश सौ चौबीस प्रासाद हैं ॥ १९२ ॥

द्वि. मं. १६ । तृ. मं. ६४ । च. म २५६ । प. म. १०२४ ।

छठे मण्डलमें चार हजार छ्यानवे प्रासाद हैं । अब यहांसे आगे भवनोंकी उंचाई आदिका निरूपण किया जाता है ॥ १९३ ॥ षष्ठ मं. ४०९६ ।

१ ब उवउगाद. २ द दासा. ३ द एक्को

सव्वब्भंतरमुक्खप्पासादुस्सेहवासगाढसमा । आदिमदुगमंडलए तस्स दलं तदिय-तुरिमम्मि ॥ १९४
पंचमिए छट्ठीए तहल्लमेत्तं हुवेदि उदयादी । एक्केके पासादे एक्केक्का वेदिया विचित्तयरा ॥ १९५
बेकोसुच्छेहादिं पंचसयाणिं धणूणि वित्थिण्णा । आदिल्लयपासादे पढमे बिदियम्मि तस्सेत्ता ॥ १९६
पुव्विल्लवेदिअद्धं तदिए तुरिमम्मि होंति मंडलए । पंचमिए छट्ठीए तस्सद्धपमाणवेदीओ ॥ १९७
गुणसंकमणं[1]सरूवट्ठिदाण सव्वाण होदि परिसंखा । पंचसहस्सा चउसयं[2]संजुत्ता एक्कसट्ठी य ॥ १९८

५४६१ ।

आदिमपासादादो[3] उत्तरभागे ट्ठिदा सुधम्मसभा । दलिदपणुवीसजोयणदीहा तस्सद्धवित्थारा ॥ १९९

१२½ । ६¼ ।

आदिके दो मंडलोंमें स्थित प्रासादोंकी उंचाई, विस्तार और अवगाह सबके बीचमें स्थित मुख्य प्रासादकी उंचाई, विस्तार और अवगाहके समान है। तृतीय और चतुर्थ मंडलके प्रासादोंकी उंचाई आदि उससे आधी है। इससे भी आधी पंचम और छठे मण्डलके प्रासादोंकी उंचाई आदिक है। प्रत्येक प्रासादके विचित्रतर एक एक वेदिका है ॥ १९४–१९५ ॥

प्रथम प्रासादके आश्रित वेदी दो कोश उंचाई आदिसे सहित और पांच सौ धनुष विस्तीर्ण है। प्रथम और द्वितीय मंडलमें स्थित प्रासादोंकी वेदिया भी इतनीमात्र उंचाई आदिसे सहित है ॥ १९६ ॥

तृतीय व चतुर्थ मण्डलके प्रासादोंकी वेदिकाकी उंचाई व विस्तारका प्रमाण पूर्वोक्त वेदियोंसे आधा और इससे भी आधा प्रमाण पांचवे व छठे मण्डलके प्रासादोंकी वेदिकाओंका है ॥ १९७ ॥

गुणितक्रमसे स्थित इन सब भवनोंकी संख्या पांच हजार चार सौ इकसठ है ॥ १९८ ॥

५४६१ ।

प्रथम प्रासादके उत्तर भागमें पच्चीस योजनके आधे अर्थात् साढ़े बारह योजन लंबा और इससे आधे विस्तारवाली सुधर्मसभा स्थित है ॥ १९९ ॥ लंबाई १२½ । विस्तार ६¼ यो. ।

१ ब दुग. २ द ब गुणसंकरण. ३ ब चउस्सय. ४ द °पासादो.

णवजोयणउच्छेहा[1] गाउदगाढा सुवण्णरयणमई । तीए उत्तरभागे जिणभवणं होदि तम्मेत्तं ॥ २००

९ । को १ ।

पवणदिसाए पढमप्पासादादो जिणिंदगेहसमा । चेट्ठदि उववादसभा कंचणवररयणणिवहमई ॥ २०१

$\frac{२}{२}$ । $\frac{२}{४}$ । ९ । को १ ।

पुव्वदिसाए पढमप्पासादादो विचित्तविण्णासा । चेट्ठदि अभिसेयसभा उववादसभाए सारिच्छा ॥ २०२

तत्थ चिय दिव्भाए अभिसेयसभासरिच्छवासादी । होदि अलंकारसभा मणितोरणदाररमणिज्जा । २०३

तस्सिं चिय दिव्भाए पुव्वसभासरिसउदयवित्थारा । मंतसभा चामीयररयणमई सुंदरदुवारा ॥ २०४

एदे छप्पासादा पुव्वेहिं मंदिरेहि मेलविदा । पंच सहस्सा चउसयअब्भहिया सत्तसट्ठीहिं ॥ २०५

५४६७ ।

सुवर्ण और रत्नमयी यह सभा नौ योजन ऊंची और एक गव्यूति अर्थात् कोशमात्र अवगाहसे सहित है । इसके उत्तरभागमें इतनेमात्र प्रमाणसे संयुक्त जिनभवन है ॥ २०० ॥

उत्सेध ९ यो. । अवगाह को. १ ।

प्रथम प्रासादसे वायव्यदिशामें जिनेन्द्रभवनके समान सुवर्ण एवं उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित उपपादसभा स्थित है ॥ २०१ ॥

लम्बाई $\frac{२}{२}$ । विस्तार $\frac{२}{४}$ । उत्सेध ९ यो. । अवगाह १ को. ।

प्रथम प्रासादके पूर्वमें उपपादसभाके समान विचित्र रचनासे संयुक्त अभिषेकसभा स्थित है ॥ २०२ ॥

इसी दिशाभागमें अभिषेकसभाके समान विस्तारादिसे सहित और मणिमय तोरणद्वारोंसे रमणीय अलंकारसभा है ॥ २०३ ॥

इसी दिशाभागमें पूर्व सभाके सदृश उंचाई व विस्तारसे सहित, सुवर्ण एवं रत्नोंसे निर्मित, और सुन्दर द्वारोंसे संयुक्त मंत्रसभा है ॥ २०४ ॥

इन छह प्रासादोंको पूर्व मन्दिरोंमें मिलादेनेपर सबके समस्त संख्या पांच हजार चार सौ सड़सठ होती है ॥ २०५ ॥ ५४६७ ।

१ द ब उच्छेहो.

ते सव्वे पासादा चउदिम्मुहविप्फुरंतकिरणेहिं । वररयणपईवेहिं णिच्चच्चियणिच्चउज्जोवा ॥ २०६
पोक्खरणीरम्मेहिं उववणसंडेहिं विविहरुक्खेहिं । कुसुमफलसोहिदेहिं सुरमिहुणजुदेहि सोहंति ॥ २०७
विद्दुमवण्णा केई केई कप्पूरकुंदसंकासा । कंचणवण्णा केई केई वज्जिंदणीलणिहा ॥ २०८
तेसुं पासादेसुं विजओ देवो सहस्ससोहिल्लो । णिच्चजुवाणो देवो वररयणविभूसिदसरीरो ॥ २०९
लक्खणवंजणजुत्तो धादुविहीणो य वाहिपरिचत्तो । विविहसुहेसुं सत्तो कीडदि बहुविणोदेणं ॥ २१०
मउवाणि णिम्मलाणिं मणणयणाणंदजणणाणिं ॥ २११
आदिमपासादस्स य बहुमज्झे होदि कणयरयणमयं । सिंहासणं विसालं सपादपीढं परमरम्मं ॥ २१२
सिंहासणमारूढो विजओ णामेण अहिवई तत्थ । पुव्वमुहो पासादे लच्छाणदेदि लीलाए ॥ २१३
तस्स य सामाणीया चेट्ठंते छस्सहस्सपरिमाणा । उत्तरदिसाविभागे विदिसाए विजयपीढादो ॥ २१४

जिनकी किरणें चारों दिशाओंमें प्रकाशमान हो रही हैं ऐसे उत्तम रत्नमयी प्रदीपोंसे वे सब भवन नित्य अर्चित और नित्य उद्योतित रहते हैं ॥ २०६ ॥

पुष्करिणिओंसे रमणीय, फल-फूलोंसे सुशोभित, अनेक प्रकारके वृक्षोंसे सहित, और देवयुगलोंसे संयुक्त ऐसे उपवनखण्डोंसे वे प्रासाद शोभायमान होते हैं ॥ २०७ ॥

इनमेंसे कितने ही भवन मूंगे जैसे वर्णवाले, कितने ही कपूर और कुन्दपुष्पके सदृश, कितने ही सुवर्णवर्ण, और कितने ही वज्र एवं इन्द्रनीलमणिके सदृश हैं ॥ २०८ ॥

उन भवनोंमें हजारों देवियोंसे सुशोभित, विजय नामक देव शोभायमान है। और वहां नित्ययुवक, उत्तम रत्नोंसे विभूषित शरीरसे संयुक्त, लक्षण व व्यंजनोंसे सहित, धातुओंसे विहीन, व्याधिसे रहित, तथा विविध प्रकारके सुखोंमें आसक्त देव बहुत विनोदके साथ क्रीडा करते हैं ॥ २०९-२१० ॥

इन भवनोंमें मृदुल, निर्मल और मन एवं नेत्रोंको आनन्ददायक रत्नमय शय्यायें व आसन विद्यमान हैं ॥ २११ ॥

प्रथम प्रासादके बहुमध्यभागमें अतिशय रमणीय और पादपीठ सहित सुवर्ण एवं रत्नमय विशाल सिंहासन है ॥ २१२ ॥

वहां पूर्वमुख प्रासादमें सिंहासनपर आरूढ विजय नामक अधिपति देव लीलासे आनन्दको प्राप्त होता है ॥ २१३ ॥

विजयके सिंहासनसे उत्तरदिशा और विदिशामें उसके छह हजार प्रमाण सामानिक देव स्थित रहते हैं ॥ २१४ ॥

---

१ ब 'विद्दुपह'. २ द ब °संडा. ३ द ब जोवेद.

चेट्ठंति णिरुवमाणा छ च्चिय विजयस्स अग्गदेवीओ । ताणं पीढा रम्मा सिंहासणपुव्वदिब्भाए ॥ २१५
परिवारा देवीओ तिण्णि सहस्सा हुवंति पत्तेक्कं । साहियपल्लं आऊ णियणियठाणम्मि चेट्ठंति ॥ २१६
बारस्स देवसहस्सा बाहिरपरिसाए विजयदेवस्स । णइरिदिदिसाए ताणं पीढाणिं सामिपीढादो ॥ २१७
१२०००।
दस देवसहस्साणि मज्झिमपरिसाए होंति विजयस्स । दक्खिणदिसाविभागे तप्पीढा णाहपीढादो । २१८
१००००।
अब्भंतरपरिसाए अट्ठ सहस्साणि विजयदेवस्स । अग्गिदिसाए होंति हु तप्पीढा णाहपीढादो ॥ २१९
(८०००)
सत्तण्हं महत्तराणं सत्ताणं होंति दिव्वपीढाणि । सिंहासणपच्छिमदो वरकंचणरयणरइदाइं ॥ २२०
तणुरक्खा अट्ठारससहस्समेत्ता हवंति पत्तेक्कं । ताणं चउसु दिसासु चेट्ठंते चंदपीढाणिं ॥ २२१
१८०००। १८०००। १८०००। १८०००।

मुख्य सिंहासनके पूर्वदिशाभागमें विजयदेवकी अनुपम अग्रदेवियाँ स्थित रहती हैं। उनके सिंहासन रमणीय हैं ॥ २१५ ॥

इनमेंसे प्रत्येक अग्रदेवीकी परिवारदेवियाँ तीन हजार हैं जिनकी आयु एक पल्यसे कुछ अधिक होती है। ये परिवारदेवियाँ भी अपने अपने स्थानमें स्थित रहती हैं ॥ २१६ ॥

विजयदेवकी बाह्य परिषद्में बारह हजार देव हैं। उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे नैर्ऋत्य दिशाभागमें हैं ॥ २१७ ॥ १२००० ।

विजयदेवकी मध्यम परिषद्में दश हजार देव होते हैं। उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे दक्षिणदिशाभागमें स्थित रहते हैं ॥ २१८ ॥ १०००० ।

विजयदेवकी अभ्यन्तर परिषद्में जो आठ हजार देव रहते हैं, उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे अग्निदिशामें स्थित रहते हैं ॥ २१९ ॥ ८००० ।

सात सेनामहत्तरोंके उत्तम सुवर्ण एवं रत्नोंसे रचित दिव्य पीठ मुख्य सिंहासनके पश्चिममें होते हैं ॥ २२० ॥

विजयदेवके जो अठारह हजारप्रमाण आत्मरक्षक देव हैं, उन प्रत्येकके चन्द्रपीठ चारों दिशाओंमें स्थित हैं ॥ २२१ ॥

पूर्व १८००० । दक्षिण १८००० । पश्चिम १८००० । उत्तर १८००० ।

१ ब हंति

मत्तसरमहुरगीयं गायंता पलहवंसपडुदाणि । वायंता णच्चंता[1] विजयं रंजंति तत्थ सुरा ॥ २२२

रायंगणस्स बाहिर परिवारसुराण होंति पासादा । विप्फुरिदधयवडाया वररयणजोइअधियंता ॥ २२३

बहुविहरइकरणेहिं कुसलाओ णिच्चजोव्वणजुदाओ । णाणाविहुव्वणाओ मायालोहादिरहिदाओ ॥ २२४

उल्लसिदविब्भमाओ चित्तसहावेण[2] पेम्मवंताओ । सव्वाओ देवीओ लग्गंते विजयदेवस्स ॥ २२५

णियणयराणि णिविट्ठा देवा सव्वे वि विणयसंपुण्णा । णिब्भरभत्तिपसत्ता सेवंते विजयमणवरदं ॥ २२६

तण्णयरीए बाहिर गंतूणं जोयणाणि पणवीसं । चत्तारो वणसंडा पत्तेक्कं चेत्ततरुजुत्ता ॥ २२७

होंति हु ताणि[3] वणाणि दिव्वाणि असोयसत्तवण्णाणं । चंपयचूदवणा तह पुव्वादिपदाहिणक्कमेणं ॥ २२८

बारसमहस्समजोयणदीहा ते होंति पंचसयरुंदा । पत्तेक्कं वणसंडा बहुविहरुक्खेहिं परिपुण्णा ॥ २२९

१२००० । ५०० ।

वहां देव सात स्वरोंसे परिपूर्ण मधुर गीतको गाते और पटह एवं वांसुरी आदिक बाजोंको बजाते व नाचते हुए विजयका मनोरंजन करते हैं ॥ २२२ ॥

राजांगणसे बाहिर फहरती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित और उत्तम रत्नोंकी ज्योतिसे अधिक रमणीय परिवारदेवोंके प्रासाद हैं ॥ २२३ ॥

जो बहुत प्रकारकी रतिके करनेमें कुशल है, नित्य यौवनसे युक्त हैं, नाना प्रकारकी विक्रियाको करती हैं, माया एवं लोभादिसे रहित हैं, उल्लासयुक्त विलास सहित हैं, और स्वभावसे ही प्रेम करनेवाली हैं ऐसी समस्त देवियां विजयदेवकी सेवा करती हैं ॥ २२४–२२५ ॥

अपने नगरोंमें रहनेवाले सब ही देव विनयसे परिपूर्ण और अतिशय भक्तिमें आसक्त होकर निरन्तर विजयदेवकी सेवा करते हैं ॥ २२६ ॥

उस नगरीके बाहिर पच्चीस योजन जाकर चार वनखण्ड स्थित हैं, जो प्रत्येक चैत्यवृक्षोंसे संयुक्त है ॥ २२७ ॥

अशोक, सप्तपर्ण, चम्पक और आम्र वृक्षोंके ये वन पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणक्रमसे हैं ॥ २२८ ॥

बहुत प्रकारके वृक्षोंसे परिपूर्ण ये प्रत्येक वनखण्ड बारह हजार योजन लंबे और पांच सौ योजन चौड़े हैं ॥ २२९ ॥ दीर्घ १२००० । विस्तीर्ण ५०० यो.

१ द ब ण चिंता. २ द ब चित्तसहावेण. ३ द ब ताणं.

एदेसुं चेत्तदुमा भावणचेत्तप्पमाणसारिच्छा । ताणं चउसु दिसासुं चउचउजिणणाहपडिमाओ ॥ २३०
देवासुरमहिदाओ सपाडिहेराओ[1] रयणमइयाओ । पल्लंकआसणाओ जिणिंदपडिमाओ विजयंते ॥ २३१
चेत्तदुमस्सीमाणे भागे चेट्ठेदि दिव्वपासादो । इगितीसजोयणाणिं कोसब्भहियाणि वित्थिण्णो ॥ २३२
३१ । को १ ।
वासाहि दुगुणउदओ दुकोस गाढा विचित्तमणिखंभो । चउ-अट्ठजोयणाणिं रुंदुच्छेहा दु तद्दारे ॥ २३३
६२ । को २ । ४ । ८
सुअलंतरयणदीओ विचित्तसयणासणेहिं[2] परिपुण्णो । सद्दरसरूवगंधप्पासेहिं[3] सुरमणारम्मो[4] ॥ २३४
कणयमयकुड्डविरचिदविचित्तचित्तप्पबंधरमणिज्जो । अच्छरियजणणरूवो किं बहुणा सो णिरुवमाणो ॥ २३५
तस्सिं असोयदेओ रमेदि देवीसहस्ससंजुत्तो । वररयणमउडधारी चामरछत्तादिसोहिल्लो ॥ २३६

इन वनोंमें भवनलोकके चैत्यवृक्षोंके प्रमाणसे सदृश जो चैत्यवृक्ष स्थित हैं उनकी आगे दिशाओंमें चार जिनेन्द्रप्रतिमायें हैं ॥ २३० ॥

देव व असुरोंसे पूजित, प्रातिहार्योंसे सहित, और पद्मासनसे स्थित वे रत्नमय जिनेन्द्र-प्रतिमायें जयवंत हैं ॥ २३१ ॥

प्रत्येक चैत्यवृक्षके ईशानदिशाभागमें एक कोश अधिक इकतीस योजनप्रमाण विस्तार-वाला दिव्य प्रासाद स्थित है ॥ २३२ ॥ यो. ३१, को. १ ।

विचित्र मणिमय खम्भोंसे संयुक्त इस प्रासादकी उंचाई विस्तारसे दुगुणी अर्थात् साढ़े इकसठ योजन और अवगाह दो कोशप्रमाण है । उसके द्वारका विस्तार चार योजन और उंचाई आठ योजन है ॥ २३३ ॥ उंचाई यो. ६२, को. २ । (अवगाह को. २) । विस्तार ४ । उंचाई ८ यो. ।

उपर्युक्त प्रासाद देदीप्यमान रत्नदीपकोंसे सहित, विचित्र शय्याओं व आसनोंसे परिपूर्ण, और शब्द-रस-रूप-गन्ध एवं स्पर्शसे देवोंके मनको आनन्दजनक, सुवर्णमय भीतोंपर रचे गये विचित्र चित्रोंके सम्बन्धसे रमणीय, और आश्चर्यजनक स्वरूपसे संयुक्त है । बहुत कहनेसे क्या ? वह प्रासाद अनुपम है ॥ २३४-२३५ ॥

उस प्रासादमें उत्तम रत्नमुकुटको धारण करनेवाला और चमर-छत्रादिसे सुशोभित वह अशोक देव हजारों देवियोंसे युक्त होकर रमण करता है ॥ २३६ ॥

१ द ब सपादिहेराओ रमणमइराओ. २ द ब चेत्तदुमीसाणे भागे चेट्ठेदि हु होदि दिव्व°. ३ द रुंदं छेदाओ, ब रुंदंछेदाओ. ४ द ब गंधे पासेहिं. ५ द तुरयमणो रम्मा, ब तुरंयमणोरम्मा. ६ ब कुंडल.

सेसम्मि बहुजयंतादिए विजयं व[1] वण्णणं सयलं । दक्खिणपच्छिमउत्तरदिसासु ताणं पि णयराणिं ॥ २३७

। जंबूदीववण्णणा समत्ता[2] ।

दीवो[3] सयंभुरमणो चरिमो सो होदि सयलदीवाणं[4] । चेट्ठेदि तस्स मज्झे वलएण सयंपहो सेलो ॥ २३८

जोयणसहस्समेक्कं गाढो वरविविहरयणदिप्पंतो । मूलोवरिभाएसुं तडवेदीउववणादिजुदो ॥ २३९

तग्गिरिणो उच्छेहे[5] वासे कूडेसु जेत्तियं माणं । तस्सिं कालवसेणं[6] उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ २४०

। एवं विण्णासो समत्तो ।

एत्तो दीवरयणायराण बादरखेत्तफलं[7] वत्तइस्सामो । तत्थ जंबूदीवमादिं कादूण वट्टपरूवावट्टिद-खेत्ताणं खेत्तफलमाणयणट्ठमेसा सुत्तगाहा—

तिगुणियवासा परिही तीए[8] विक्खंभपादगुणिदाए । जं लद्धं तं बादरखेत्तफलं सरिसवट्टाणं[9] ॥ २४१

शेष वैजयन्तादि तीन देवोंका संपूर्ण वर्णन विजय देवके ही समान है । इनके भी नगर क्रमशः दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशामें स्थित है ॥ २३७ ॥

जम्बूद्वीपका वर्णन समाप्त हुआ ।

सब द्वीपोंमें अन्तिम वह स्वयम्भूरमण द्वीप है । इसके मध्यभागमें मण्डलाकारसे स्वयंप्रभ शैल स्थित है ॥ २३८ ॥

यह पर्वत एक हजार योजनप्रमाण अवगाहसे सहित, उत्तम अनेक प्रकारके रत्नोंसे देदीप्यमान, और मूल व उपरिम भागोंमें तटवेदी एवं उपवनादिसे संयुक्त है ॥ २३९ ॥

इस पर्वतकी उंचाई, विस्तार और कूटोंका जितना प्रमाण है, उसका उपदेश कालवश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ २४० ॥

इस प्रकार विन्यास समाप्त हुआ ।

अब यहांसे आगे द्वीप-समुद्रोंके स्थूल क्षेत्रफलको कहते है । उनमेंसे जम्बूद्वीपको आदि करके गोलाकारसे अवस्थित क्षेत्रोंके क्षेत्रफलको लानेके लिये यह सूत्रगाथा है —

गोल क्षेत्रके विस्तारसे तिगुणी उसकी परिधि (बादर) होती है, इस परिधिको विस्तारके चतुर्थ भागसे गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उतना समानगोल क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४१ ॥

१ द ब विजय पि. २ ब जंबूदीपवण्णा. ३ द पुस्तके नास्त्येतत्. ४ द आदीओ. ५ द देवाण ६ द ब उच्छेहो. ७ द ब कालवसेसा. ८ द ब दीवरणायराठाण बादरमेदतफलं. ९ द ब °मिस्सा. १० द ब परिहीए ११ द ब .सरिसदेवाणं.

लवणसमुद्दमादिं कादूण उवरि वलयसरूवेण ठिददीवसमुद्दाण खेत्तफलमाणयणट्ठं एदा वि सुत्तगाहाओ—

इच्छियखेत्तरुंदं णवहि गुणं इच्छियस्स आयामो। तं रुंदेण य गुणिदं खेत्तफलं दीवउवहीणं ॥ २४२

अहवा आदिममज्झिमबाहिरसूईण मेलिदं माणं। विक्खंभहदो इच्छियवलयाणं होदि बादरं खेत्तं ॥ २४३

अहवा तिगुणियमज्झिमसूई जाणिज्ज इट्ठवलयाणं। तह य पमाणं तं चिय रुंदहदे वलयखेत्तफलं ॥ २४४

जंबूदीवस्स बादरखेत्तफलं सत्तसयपण्णासकोडिजोयणपमाणं होदि— ७५००००००००। लवणसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठारसहस्सकोडिजोयणपमाणं— १८०००००००००००। धादइसंडदीवस्स बादरखेत्तफलं अट्ठसहस्सकोडिअब्भहियएक्ककलक्खकोडिजोयणपमाणं— १०८०००००००००००। कालोदसमुद्दस्स

उदाहरण—जम्बूद्वीपका विस्तार यो. १००००० । १००००० × ३ = ३००००० । ३००००० × $\frac{१००००}{४}$ = ७५०००००००० बा. क्षे. फल ।

लवणसमुद्रको आदि करके आगे वलयाकारसे स्थित द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलको लानेके लिये ये भी सूत्रगाथायें है—

इच्छित क्षेत्रके विस्तारमेंसे एक लाख कम करके शेषको नौसे गुणा करनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रका आयाम होता है । पुनः इस आयामको विस्तारसे गुणा करनेपर द्वीप-समुद्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २४२ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रका विस्तार यो. २ लाख । २ लाख – १ लाख × ९ = ९ लाख आयाम । ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० लवणसमुद्रका क्षेत्रफल ।

अथवा— आदि, मध्य और बाह्य सूचियोंके प्रमाणको मिलाकर विस्तारसे गुणित करनेपर इच्छित वलयाकार क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४३ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रकी आदि, मध्य व बाह्य सूची— १ लाख + ३ लाख + ५ लाख = ९ लाख; ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० ल. स. का बादर क्षेत्रफल ।

अथवा— तिगुणी मध्यसूचीको इष्ट वलयक्षेत्रोंका पूर्वोक्त अर्थात् आदि, मध्यम और बाह्य सूचियोंका सम्मिलित प्रमाण जानना चाहिये । इसे विस्तारसे गुणित करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना उन वलयक्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४४ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रकी म. सू. यो. ३ लाख । ३ लाख × ३ – ९ लाख । ९ लाख × २ लाख = १८०००००००००० ल. स. का बादर क्षे. फ. ।

जम्बूद्वीपका बादर क्षेत्रफल सात सौ पचास करोड़ योजनप्रमाण है –७५०००००००० । लवणसमुद्रका क्षेत्रफल अठारह हजार करोड़ योजनप्रमाण है— १८००००००००००। धातकीखंडद्वीपका बादर क्षेत्रफल एक लाख आठ हजार करोड़ योजनप्रमाण है— १०८०००-

खेत्तफलं चत्तारिसहस्सकोडिअब्भहियपंचलक्खकोडिजोयणपमाणं— ५०४०००००००००० । पोक्खर-दीवस्स खेत्तपमाणं सट्ठिसहस्सकोडिअब्भहियेक्कवीसलक्खकोडिजोयणपमाणं—२१६०००००००००००। पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीससहस्सकोडिअब्भहियउणणउदिलक्खकोडिजोयणपमाणं— ८९२८०-०००००००००। एवं जंबूदीवप्पहुदिजहण्णपरित्तासंखेज्जयस्स रूवाहियछेदणयमेत्तट्ठाणं गंतूण ट्ठिददीवस्स खेत्तफलं जहण्णपरित्तासंखेज्जयं रूऊणजहण्णपरित्तासंखेज्जेण गुणिय पुणो णवसहस्सकोडिजोयणेहिं गुणिदमेत्तं खेत्तफलं होदि। तच्चेदं — १६ । १५ । ९०००००००००। पुणो जंबूदीवप्पहुदिपलिदोवमस्स रूवाहिय [-छेदणय-] मेत्तं ठाणं गंतूण ट्ठिददीवस्स खेत्तफलं पलिदोवमं रूऊणपलिदोवमेण गुणिय पुणो णवसहस्सकोडिजोयणेहिं गुणिदमेत्तं होदि । तच्चेदं पमाणं — [प । प-१]९०००००००००। एवं गणिदेण[7] णादव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दं त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दस्स खेत्तफलं जगसेढीए वग्गं णवरूवेहिं गुणिय सत्तसदचउरसीदिरूवेहिं भाजिदमेत्तं पुणो एक्कलक्खं बारससहस्स-पंचसयजोयणेहिं गुणिदरज्जुणा अब्भहियं होदि । पुणो एक्कसहस्सछस्सयसत्तासीदिकोडीओ पण्णासलक्ख-

०००००००। कालोदसमुद्रका क्षेत्रफल पांच लाख चार हजार करोड़ योजनप्रमाण है— ५०४०००००००००० । पुष्करद्वीपका क्षेत्रफल इक्कीस लाख साठ हजार करोड़ योजनप्रमाण है—२१६०००००००००००। पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल नवासी लाख अट्ठाईस हजार करोड़ योजनप्रमाण है— ८९२८०००००००००। इस प्रकार जम्बूद्वीपको आदि लेकर जघन्य परीतासंख्यातके एक अधिक अर्धच्छेदप्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल जघन्यपरीतासंख्यातको एक कम जघन्यपरीतासंख्यातसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना है। वह प्रमाण यह है— १६× (१६–१)×९०००००००००० (१६ यह संदृष्टिके लिये कल्पित जघन्यपरीतसंख्यातका प्रमाण है)। पश्चात् जम्बूद्वीपको आदि लेकर पल्योपमके एक अधिक अर्धच्छेदप्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल पल्योपमको एक कम पल्योपमसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर प्राप्त हुई राशिके प्रमाण है। वह प्रमाण यह है— पल्य × (पल्य – १) × ९०००००००००। इस प्रकार गिनकर स्वयम्भूरमण समुद्रपर्यन्त क्षेत्रफल जानना चाहिये। इनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं—

जगश्रेणीके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें सात सौ चोरासीका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमें फिर एक लाख बारह हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित राजुको जोड़दे: पुनः एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजनोंसे पूर्वोक्त दोनों राशियोंको कम

१ द ब अब्भहिएक्क°. २ द ब रूवाय. ३ द °मेत्तधाण. ४ द ट्ठिदजीवस्स. ५ द गुणिद खेत्तं होदि. ६ द ब १६। ७ द गणिणिदूण, ब गणिणदूण.

जोयणेहिं पुव्विल्लदोण्णिरासीहिं परिहीणं होदि । तस्स ठवणा $\frac{=९}{७८४}$ धण रज्जू १ । ११२५०० रिण जोयणाणि १६८७५०००००० । एत्तो दीवसमुद्दाणं एगेगदिसियप्पं अप्पाबहुअं वत्तइस्सामो । तं जहा—

पढमपक्खे जंबूदीवस्सयलरुंदादो लवणजलरासिस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ । जंबूदीव-लवणसमुद्दादो धादइसंडस्स । एवं सव्वब्भंतरिमदीवसमुद्दादो एयदिसरुंदादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठ- ५ दीवस्स वा तरंगिणीरमणस्स वा एयदिसरुंदवड्ढी गवेसिज्जइ ।

बिदियपक्खे जंबूदीवस्सद्धादो लवणजलणिण्णगाणाहस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ । तदो जंबूदीवस्सद्धम्मि सम्मिलिदलवणसमुद्दादो धादइसंडस्स । एवं सव्वब्भंतरिमदीवउवहीणं एयदिसरुंदादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा तरंगिणीरमणस्स वा एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

तदियपक्खे इच्छियसलिलरासिस्स एयदिसरुंदादो तदणंतरतरंगिणीणाहस्स एयदिसरुंदम्मि १० वड्ढी गवेसिज्जइ ।

करनेपर जो शेष रहे उतना स्वयंभूरमण समुद्रका क्षेत्रफल है । उसकी स्थापना— ७×७×९÷७८४ + राजु १ × ११२५००—(रिण) १६८७५०००००० योजन । (स्वयंभूरमण समुद्रका प्रकारान्तरसे क्षेत्रफल लानेके लिये देखो षट्खंडागम १, ४, २५ – भा. ४, पृ. १९८).

अब यहांसे उन्नीस विकल्पों द्वारा द्वीपसमुद्रोंके अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है—

प्रथम पक्षमें जम्बूद्वीपके सम्पूर्ण विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण खोजा जाता है । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डके विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण मालूम किया जाता है । इस प्रकार समस्त अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिके प्रमाणको मालूम किया जाता है ।

द्वितीय पक्षमें जम्बूद्वीपके अर्धविस्तारसे लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है । पश्चात् जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारमें लवणसमुद्रके विस्तारको मिलाकर इस सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपके विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है । इस प्रकार सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

तृतीय पक्षमें अभीष्ट समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें उसके अनन्तर स्थित समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

तुरिमपक्खे अब्भंतरिमणारसीणं एयदिसविक्खंभादो तदणंतरतरंगिणीणहस्स एयदिसविक्खंभम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

पंचमपक्खे इच्छियदीवस्स एयदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

छट्ठमपक्खे अब्भंतरिमसव्वदीवाणं एयदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

सत्तमपक्खे अब्भंतरिमस्स दीवस्स[1] दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

अट्ठमपक्खे हेट्ठिमसयलमयरायराणं दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरवाहिणीरमणस्स एयदिसरुंदम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

णवमपक्खे जंबूदीववादरसुहुमखेत्तफलप्पमाणेण उवरिमापगाकंतदीवाणं खेत्तफलस्स खंडसलागं कादूणुवरिमादो दीवस्स खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ ।[2]

चतुर्थ पक्षमें अभ्यन्तर समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी खोज की जाती है ।

पंचम पक्षमें इच्छित द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

छठे पक्षमें अभ्यन्तर सब द्वीपोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी खोज की जाती है ।

सातवें पक्षमें अभ्यन्तर द्वीपोंके दोनों दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

आठवें पक्षमें अभ्यन्तर सम्पूर्ण समुद्रोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

नवम पक्षमें जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे आगेके समुद्र और द्वीपोंके क्षेत्रफलकी खण्डशलाकायें करके समुद्रसे द्वीपकी और द्वीपसे समुद्रकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिकी गवेषणा की जाती है ।

१ द ब दीवाण. २ द ब खंदसलागं.

दसमपक्खे जंबूदीवादो लवणसमुद्दस्स लवणसमुद्दादो धादईसंडस्स एक्कदीवादो उवहिस्स उवहीदो दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ[1] ।

एक्कारसमपक्खे अब्भंतरकल्लोलिणीरमणदीवाणं खंडसलागाणं समुहादो बाहिरणिधिट्ठणीररासिस्स वा दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी गवेसिज्जइ ।

बारसमपक्खे इच्छियसायरादो दीवस्स दीवादो णीररासिस्स खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

तेरसमपक्खे अब्भंतरिमदीवपयोहीणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स ५ वा खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

चोद्दसमपक्खे लवणसमुद्दादिइच्छियसमुद्दादो तदणंतरतरंगिणीरासिस्स [खेत्तफलस्स] वड्ढी गवेसिज्जइ ।

पण्णारसमपक्खे सव्वब्भंतरिमसयंभुरमणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमणिण्णगाणाहस्स वड्ढी गवेसिज्जइ ।

सोलसमपक्खे धादइसंडादिइच्छियदीवादो तदणंतरोवरिमदीवस्स खेत्तफलस्स वड्ढी गवेसिज्जइ । १०

दशवें पक्षमें जम्बूद्वीपसे लवणसमुद्रकी और लवणसमुद्रसे धातकीखण्डद्वीपकी इस प्रकार एक द्वीपसे समुद्रकी अथवा समुद्रसे द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण मालूम किया जाता है ।

ग्यारहवें पक्षमें अभ्यन्तर समुद्र व द्वीपोंकी खण्डशलाकाओंके समूहसे बाह्य भागमें स्थित समुद्र अथवा द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धि खोजी जाती है ।

बारहवें पक्षमें इच्छित समुद्रसे द्वीपके और द्वीपसे समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धि खोजी जाती है ।

तेरहवें पक्षमें अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धि खोजी जाती है ।

चौदहवें पक्षमें लवणसमुद्रको आदि लेकर इच्छित समुद्रके क्षेत्रफलसे उसके अनन्तर स्थित समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

पन्द्रहवें पक्षमें समस्त अभ्यन्तर समुद्रोंके क्षेत्रफलसे इनके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

सोलहवें पक्षमें धातकीखण्डादि इच्छित द्वीपसे उसके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके क्षेत्रफलकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

१ ब पुस्तके नास्त्येतत्.

सत्तरसमपक्खे धादइसंडप्पहुदिअब्भंतरिमदीवाणं खेत्तफलादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स खेत्तफलम्मि वड्ढी गवेसिज्जइ ।

अट्ठारसमपक्खे इच्छियदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा आदिममज्झिमबाहिरसूईणं परिमाणादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा आदिममज्झिमबाहिरसूईणं पत्तेक्कं वड्ढी गवेसिज्जइ ।

उणवीसदिमपक्खे इच्छियदीवणिण्णगाणाहाणं आयामादो तदणंतरबाहिरणिविट्ठदीवस्स वा णीर- ५
रासिस्स वा आयामवड्ढी गवेसिज्जइ ।

तत्थ पढमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । त जहा— जंबूदीवस्स सयलविक्खंभादो लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदं एक्कलक्खेणब्भहियं होदु । जंबूदीवेणब्भहियलवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदं एक्कलक्खेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तव्वड्ढीआणयणहेदुं इमा सुत्तगाहा—

इच्छियदीवुवहीणं चउगुणरुंदम्मि पढमसूइजुदं । तियभजिदं तं सोधसु दुगुणिदरुंदस्स सा हवे वड्ढी ॥२४५

सत्तरहवें पक्षमें धातकीखण्डप्रभृति अभ्यंतर द्वीपोंके क्षेत्रफलमें उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीपके क्षेत्रफलमें होनेवाली वृद्धिको खोजा जाता है ।

अठारहवें पक्षमें इच्छित द्वीप अथवा समुद्रकी आदि, मध्य और बाह्य सूचियोंके प्रमाणसे उसके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रकी आदि, मध्य व बाह्य सूचियोंमेंसे प्रत्येककी वृद्धिको खोजा जाता है ।

उन्नीसवें पक्षमें इच्छित द्वीप-समुद्रोंके आयाममें उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके आयामकी वृद्धिको खोजा जाता है ।

उपर्युक्त उन्नीस विकल्पोंमेंसे प्रथम पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है—

जम्बूद्वीपके समस्त विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रका एक दिशासम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशासम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है । इस प्रकार स्वयम्भूरमणसमुद्रपर्यन्त अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके सम्मिलित एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके आगे स्थित द्वीप अथवा समुद्रका विस्तार एक एक लाख योजन अधिक है । इस वृद्धि-प्रमाणको लानेके लिये यह गाथा सूत्र है—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके चौगुणे विस्तारमें आदि सूचीके प्रमाणको मिलाकर तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे विवक्षित द्वीप-समुद्रके दुगुणे विस्तारमेंसे कम करदेनेपर शेष वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २४५ ॥

१ द ब दीवोवहीण.

इट्ठस्स दीवस्स वा सायरस्स वा आदिमसूइस्सद्धं लक्खद्धसंजुदस्स आणयणहेदुमिमा सुत्तगाहा— इच्छियदीवुवहीणं[1] रुंदं दोलक्खविरहिदं मिलिदं । बाहिरसूइम्मि तदो पंचहिदं तत्थ जं लद्धं ॥ २४६ आदिमसूइस्सद्धं लक्खद्धजुदं हुवेदि इट्ठस्स । एवं लवणसमुद्दप्पहुदिं आणेज्ज अंतो त्ति ॥ २४७

बिदियपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो[2]— जंबूदीवस्सद्धस्स विक्खंभादो लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदं दिवड्ढलक्खेणब्भहियं होइ । जंबूदीवस्सद्धसहितलवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो धादइसंडदीवस्स एयदिसरुंदं दिवड्ढलक्खेणब्भहियं होइ । एवं सव्वब्भंतरदीवसायराणं एयदिसरुंदादो तदणंतरउवरिमदीवस्स वा सायरस्स वा एयदिसरुंदवड्ढी दिवड्ढलक्खेणब्भहिय होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तब्बड्ढी-आणयणहेदुमिमा सुत्तगाहा—

उदाहरण— पुष्करद्वीपकी विस्तारवृद्धिका प्रमाण— पु. वि. १६ ला. × ४ + २९ ला. ३ = ३१ ला.; १६ ला. × २ − ३१ ला. = १ ला.

विवक्षित द्वीप अथवा समुद्रकी अर्ध लाख योजनोंसे संयुक्त अर्ध आदिम सूचीको लानेके लिये ये सूत्रगाथायें है—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके विस्तारमेंसे दो लाख कम करके शेषको बाह्य सूचीमें मिलाकर उसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उतना अर्ध लाख सहित इष्ट द्वीप अथवा समुद्रकी आधी आदिम सूचीका प्रमाण होता है । इसी प्रकार लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र तक उक्त सूचीप्रमाणको लाना चाहिये ॥ २४६–२४७ ॥

उदाहरण— धातकीखण्डकी अर्ध लाख योजन सहित अर्ध आदिम सूची ३ ला. योजन है— धात. वि. ४ लाख − २ लाख = २ लाख । बाह्य सूची १३ लाख + २ लाख ÷ ५ = ला. = २५०००० + ५०००० ।

द्वितीय पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा लवण-समुद्रका एक दिशासम्बन्धी विस्तार डेढ़ लाख योजन अधिक है । जम्बूद्वीपके अर्धविस्तार सहित लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपका एक दिशासम्बन्धी विस्तार डेढ़ लाख योजन अधिक है । इसी प्रकार सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें स्वयम्भूरमणसमुद्र तक डेढ़ लाख योजन वृद्धि होती गई है । इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये ये सूत्रगाथायें है—

१ द ब दीवावहीणं, क दीवोवहीण. २ द वण्णइस्सामो, ब वंतइस्सामो.

इच्छियदीवुवहीणं[1] बाहिरसूइस्स अद्धमेत्तम्मि । आदिमसूई सोधसु जं सेसं तं च[2] परिवड्ढी ॥२४८

इच्छियदीवुवहीदो[3] हेट्ठिमदीवोवहीण मेलिदं । सगसगआदिमसूइस्सद्धं लवणादिचरिमंतं[4] ॥ २४९

तदियपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छलक्खेणब्भहियं होदि । कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउवीसलक्खेणब्भहियं होदि । एवं कालोदगसमुद्दप्पहुडि विवक्खिदणरंगिणीरमणादो तदणंतरोवरिमणीररासिस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउग्गुणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दं ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— महिंदवरसायरस्स एयदिसरुंदादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसुत्तरसएण भजिदतिगुणसेडीओ पुण छप्पण्णसहस्सदुसदपण्णासजोयणेहिं अब्भहियं होदि तस्स ठवणा $\frac{३}{११२}$ । एदस्स भणजोयणाणि ५६२५० । तव्वड्ढीणं आणयणसुत्तगाहा—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंकी बाह्य सूचीके अर्ध प्रमाणमेंसे आदिम सूचीको घटा देनेपर जो शेष रहे उतना उस वृद्धिका प्रमाण है ॥ २४८ ॥

उदाहरण — कालोद समुद्रके विस्तारमें वृद्धि— का. स. बा. सूची यो. २९ लाख ÷ २ = १४५०००० ; १४५०००० – १३ लाख (आ. सू.) = १५०००० वृद्धि ।

लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र तक इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन (पहिलेके) द्वीप-समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार अपनी अपनी आदिम सूचीके अर्धभागमात्र होता है ॥ २४९ ॥

उदाहरण— पुष्करद्वीपसे पहिलेके द्वीप-समुद्रोंका विस्तार— पु. द्वी. आ. सूची यो. २९ लाख ÷ २ = १४५०००० ।

तृतीय पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि छह लाख योजन अधिक है । कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि चौबीस लाख योजन अधिक है । इस प्रकार कालोदकसमुद्रसे लेकर स्वयम्भूरमणसमुद्रपर्यन्त विवक्षित समुद्रके विस्तारकी अपेक्षा उसके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें उत्तरोत्तर चौगुणी वृद्धि होती गई है । उसके अन्तिम विकल्पको कहते हैं । अहीन्द्रवरसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें एक सौ बारहसे भाजित तिगुणी जगश्रेणियां और छप्पन हजार दो सौ पचास योजनप्रमाण वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— जगश्रेणी×३÷११२+यो. ५६२५० ।

१ द ब दीओवहीणं. २ द ब तं सेसं तच्च. ३ द दीवउवहीदो, ब दीवोवहीदो. ४ द दीवावहीण.

इच्छियजलणिहिरुंदं तिगुणं दलिदूण तिण्णिलक्खूणं । तिलक्खूणतिगुणवासे सोहिय दलिदम्मि सा हवे वड्ढी ॥ २५०

चउत्थपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स एयदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छल्लक्खेणब्भहिय होइ । लवणसमुद्दसंमिलिदकालोदगसमुद्दादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बावीसलक्खेण अब्भहियं होदि । एवं हेट्ठिमसायराणं समुद्दादो तदणंतरोवरिमणीररासिस्स एयदिसरुंदवड्ढी चदुगुणं दोलक्खेहिं रहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दस्स हेट्ठिमसयलसायराणं एयदिसरुंदसमुद्दादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी छरूवेहिं भजिदरज्जू पुणो तिदयहिदं तिण्णिलक्खपण्णाससहस्सजोयणाणि अब्भहियं होदि— ३ धणजोयणाणि ३५००००। तव्वड्ढीआणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

अंडलक्खहीणइच्छियवासं बारसेहिं भजिदलद्धं सो । सोधसु तिचरणभागेण सोदवासम्मि तं हवे वड्ढी ॥ २५१

उन वृद्धिओंको लानेके लिये यह सूत्रगाथा है— इच्छित समुद्रके तिगुणे विस्तारको आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम करदेनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम तिगुणे विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करनेपर वह वृद्धिप्रमाण आता है ॥ २५० ॥

उदाहरण—कालोदसमुद्रसे पुष्करवरसमुद्रके विस्तारमें हुई वृद्धिका प्रमाण—

पु स वि. यो. ३२ लाख × ३ – २– ३ लाख = ४५ लाख; ३२ लाख × ३ – ३ लाख = ९३ लाख; ९३ लाख – ४५ लाख – २ = २४०००० यो. वृद्धि ।

चतुर्थ पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रका एक दिशासंबंधी विस्तार छह लाख योजन अधिक है । लवणसमुद्रसम्मिलित कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रकी एक दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि बाईस लाख योजन अधिक है । इस प्रकार अभ्यन्तर समुद्रसमूहसे उसके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे दो लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयंभूरमणसमुद्र तक होती गयी है । उसके अल्पबहुत्वको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके अभ्यन्तर सम्पूर्ण समुद्रोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसमूहकी अपेक्षा स्वयंभूरमण समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें छह रूपोंसे भाजित एक राजु और तीनसे भाजित तीन लाख पचास हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । राजु $\frac{१}{६}$ यो. $\frac{५००००}{३}$ ।

इस वृद्धिप्रमाणके लानेके हेतु यह गाथासूत्र है—

इच्छित समुद्रके विस्तारमेंसे आठ लाख कम करके शेषमें बारहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे विस्तारके तीन चतुर्थ भागोंमेंसे घटा देनेपर जो अवशिष्ट रहे उतनी विवक्षित समुद्रके विस्तारमें वृद्धि होती है ॥ २५१ ॥

इच्छियवड्ढीदो हेट्ठिमसयलसमयरासं संबंधिऐयदिसरुंदसमासाणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

सगसगवड्ढिपमाणे दोलक्खं अवणिदूण अद्धकदे । इच्छियवड्ढीदु तदो हेट्ठिमउवहीणसंबंधं ॥ २५२

पंचमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— सयलजंबूदीवस्स रुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदवड्ढी तियलक्खेणब्भहियं होदि । धादइसंडस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसलक्खेणब्भहियं होदि । एवं तदणंतरहेट्ठिमदीवादो अणंतरोवरिमदीवस्स वासवड्ढी तिगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— दुचरिमअहिंदवरदीवादो अंतिमसयंभूरमणदीवस्स वड्ढिपमाणं तियरज्जू बत्तीसरूवेहिं अवहरिदपमाणं पुणो अट्ठावीससहस्सएक्कसयपणुवीसजोयणेहिं अब्भहियं होइ । $\frac{3}{32}$ घणजोयण २८१२५ । तव्वड्ढीणं आणयणे गाहासुत्तं—

उदाहरण— वारुणीवर समुद्रका विस्तार यो. १२८ लाख; १२८ लाख − ८ लाख ÷ १२ = १० लाख; ९६ लाख (विस्तारका $\frac{3}{4}$) − १० लाख = ८६००००० वृद्धि ।

इच्छित वृद्धिसे अधस्तन समस्त समुद्रोंसम्बन्धी एक दिशाके विस्तारयोगोंको लानेकेलिये यह गाथा सूत्र है—

अपनी अपनी वृद्धिके प्रमाणमेंसे दो लाख कम करके शेषको आधा करनेपर इच्छित वृद्धिवाले समुद्रसे पहिलेके समस्त समुद्रोंसम्बन्धी विस्तारका प्रमाण आता है ॥ २५२ ॥

उदाहरण— वारुणीवर समुद्रकी विस्तारवृद्धि ८६ लाख । ८६ लाख − २ लाख ÷ २ = ४२००००० योजन लवणोद, कालोद और पुष्कर समुद्रका सम्मिलित विस्तार ।

पांचवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— सम्पूर्ण जम्बूद्वीपके विस्तारसे धातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है । धातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारसे पुष्करवरद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है । इस प्रकार स्वयंभूरमणद्वीप पर्यन्त अनंतर अधस्तनद्वीपसे उसके आगे स्थित द्वीपके विस्तारमें तिगुणी वृद्धि होती गई है । उसके अन्तिम विकल्पको कहते हैं— द्विचरम अहीन्द्रवरद्वीपसे अन्तिम स्वयंभूरमणद्वीपके विस्तारमें होनेवाली वृद्धिका प्रमाण बत्तीससे भाजित तीन राजु और अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीस योजन अधिक है ।

राजु $\frac{3}{32}$ + यो. २८१२५ ।

१ द ब सयंभू. २ द ब तियरज्जूहिं.

इच्छियदीवे रुंदं तिगुणं दलिदूण तिण्णिलक्खूणं। तिलक्खूणतिगुणवासे सोहिय दलिदे हुवे वड्ढी ॥ २५३

छट्ठमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— जंबूदीवस्स अद्धरुंदादो धादइसंडस्स एयदिसरुंदं आउट्ठलक्खेणब्भहियं होदि ३५००००। जंबूदीवस्स अद्धेण मिलिदधादईसंडस्स एयदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी एयारसलक्खपण्णाससहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होइ ११५००००। एवं धादईसंडप्पहुदिइच्छियदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढीदो तदणंतरउवरिमदीवस्स वड्ढी चउगुणं अड्ढाइज्जलक्खेणूणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति। तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— [सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिमसयलदीवाणं एयदिसरुंदसमूहादो सयंभूरमणदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी] चउरासीदिरूवेहिं भजिदसेढी पुणो तिण्णिलक्खपणुवीसमहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होइ। तस्स ठवणा $\frac{\text{जगसे}}{८४} + ३२५०००$। तव्वड्ढीणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये यह गाथा सूत्र है— इच्छित द्वीपके तिगुणे विस्तारको आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम करदेनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम तिगुणे विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करनेपर वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५३ ॥

उदाहरण— पुष्कर. वि. १६ लाख × ३ ÷ २ − ३ लाख = २१ लाख; ४८ लाख − ३ लाख = ४५ लाख; ४५ लाख − २१ लाख = २४००००० वृद्धि।

छठे पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं। वह इस प्रकार है— जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशासम्बन्धी विस्तार साढ़े तीन लाख योजन अधिक है— ३५०००० । जंबूद्वीपके अर्ध विस्तार सहित धातकीखण्डके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि ग्यारह लाख पचास हजार योजन अधिक है— ११५०००० । इस प्रकार धातकीखण्डप्रभृति इच्छित द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीपके विस्तारमें अढ़ाई लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयम्भूरमणद्वीप तक होती चली गई है। उनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणद्वीपसे पहिलेके समस्त द्वीपोंके एक दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें चौरासी रूपोंसे भाजित जगश्रेणी और तीनसे भाजित तीन लाख पच्चीस हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है। उसकी स्थापना इस प्रकार है—

$$\text{जगश्रेणी} \div ८४ + \frac{३२५०००}{३}$$

उन वृद्धियोंको लानेके लिये गाथासूत्र—

अंतिमरुंदपमाणे लक्खेणूणे तीहि भाजिदे दुगुणे । दलिदतियलक्खजुत्ते परिवड्ढी होदि दीवाणं ॥ २५४

इच्छियदीवादो हेट्ठिमदीवाणं रुंदसमासाणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

चउभाजिदइट्ठरुंदं हेट्ठं च दुविदुग लद्धेहूं[1] । लक्खूणे तियभजिदे उवरिमगामिम्मि मेलविदे ॥ २५५

लक्खद्धं हीणकदे जंबूदीवस्स अद्धपहुदि तदो । इट्ठम्मि दुचरिमंते दीवाणं मेलणं होदि ॥ २५६

सत्तमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । सयलजंबूदीवरुंदादो धादईसंडस्स एयदिसरुंदवड्ढी तिण्णिलक्खेणब्भहियं होदि ३००००० । जंबूदीवसंमिलिदधादईसंडदीवस्स दोण्णिदिसरुंदादो पोक्खरवरदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी सत्तलक्खेहिं अब्भहियं होदि ७००००० । एवं धादईपहुदिइच्छियदीवाणं दोण्णिदिसरुंदादो तदणंतरोवरिमदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउरग्गुणं पंचलक्खेणूणं होदूण गच्छदि जाव सयंभूरमणदीवो

एक लाख कम अन्तिम विस्तारप्रमाणमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे दुगुणा करके अधिक तीन लाख अर्थात् इष्ट लाख ( ) और मिलानेपर द्वीपोंकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५४ ॥

उदाहरण—पुष्कर. वि. यो. १६ लाख – १ लाख – ३ × २ + = ११५०००० पु. द्वी. की विस्तारवृद्धि ।

इच्छित द्वीपसे पहिलेके द्वीपोंके विस्तारसमूहको लानेके लिये गाथासूत्र—

चारसे भाजित इष्ट द्वीपके विस्तारको अलग रखकर इच्छित द्वीपसे पहिले द्वीपका जो विस्तार हो उसमेंसे एक लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे उपरिम राशिमें मिलाकर आधा लाख कम करनेपर अर्थ जम्बूद्वीपसे लेकर इच्छित द्वितीय (अहीन्द्रवर) द्वीप तक उन द्वीपोंका सम्मिलित विस्तार होता है ॥ २५५-२५६ ॥

उदाहरण—वारुणी. द्वी. वि. यो. ६४ लाख ÷ ४ = १६ लाख; पु. द्वी. वि. १६ लाख – १ लाख – ३ = ५ लाख; १६ लाख + ५ लाख – ५०००० २०५०००० अर्थ जम्बूद्वीपसे सम्मिलित पुष्करवरद्वीप तकका विस्तारयोग ।

सातवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— सम्पूर्ण जम्बूद्वीपसे धातकीखण्डके एकदिशासम्बन्धी विस्तारमें तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है— ३००००० । जम्बूद्वीप सहित धातकीखण्डके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें सात लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है—७००००० । इस प्रकार धातकीखण्डप्रभृति इच्छित द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें पांच लाख कम चौगुणी वृद्धि स्वयंभूरमणद्वीप तक होती चली

१ द्र. ब. रूद चेट्ठाहे दुविदुग तद्धेक्क.

त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिमसयलदीवाणं दोण्णिदिसरुंदसमूहादो सयंभूरमणदीवस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउवीसरूवेहिं भजिदरज्जू पुणो तियहिदपंचलक्खसत्ततीससहस्स-पंचसयजोयणेहिं अब्भहियं होदि । तस्स ठवणा $\frac{१}{२४}$ धण जोयणाणि ५३७५०० । तव्वड्ढीणं आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

सगसगवासप्पमाणे लक्खोणे तियहिदे दुलक्खजुदे । अहवा पणलक्खाहियवासतिभागं तु परिवड्ढी । २५७

पुणो इच्छियदीवादो वा हेट्ठिमसयलदीवाणं दोण्णिदिसरुंदस्स समासो वि एक्कलक्खादिचउ-गुणे पंचलक्खेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदवरदीवो त्ति । तव्वड्ढीणं आणयणहेदुं इमं गाहासुत्तं—

दुगुणियसगसगवासे पणलक्खे अवणिदूण तियभजिदे । हेट्ठिमदीवाण पुढ दोदिसरुंदम्मि होदि विंदफलं ॥

गई है । इनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणद्वीपसे अधस्तन सम्पूर्ण द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणद्वीपके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें चौबीससे भाजित एक राजु और तीनसे भाजित पांच लाख सैंतीस हजार पांचसौ योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— राजु $\frac{१}{२४}$ + यो. $\frac{५३७५००}{३}$ ।

उन वृद्धियोंको लानेके लिये गाथासूत्र—

एक लाख कम अपने अपने विस्तारप्रमाणमें तीनका भाग देकर दो लाख और मिलानेपर उस वृद्धिका प्रमाण होता है, अथवा— पांच लाख अधिक विस्तारमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना उस वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५७ ॥

उदाहरण—पु. द्वी. वि. १६ ला.—१ ला. ÷ ३ + २ ला.—७ ला. वृद्धि । अथवा— पु. द्वी. वि. १६ ला. + ५ ला. ÷ ३ = ७ ला. वृद्धिप्रमाण ।

पुनः इच्छित द्वीपसे अधस्तन समस्त द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारका योग भी एक लाखको आदि लेकर चौगुणा और पांच लाख अधिक होकर अहीन्द्रवरद्वीप तक चला जाता है । उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

अपने अपने दुगुणे विस्तारमेंसे पांच लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना अधस्तन द्वीपोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारका योगफल होता है ॥ २५८ ॥

१ द ब इमा. २ द हिंदफल, ब विंदफलं.

अट्ठमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स दोण्णिदिसरुंदादो कालोदगसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी चउलक्खेणब्भहियं होदि ४००००० । लवणकालोदगसमुद्दाणं दोण्णिदिसरुंदादो पोक्खरवरसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी बारसलक्खेणब्भहियं होदि १२००००० । एवं कालोदगसमुप्पहुदि तत्तो उवरिमतदणंतरइच्छियरयणायराणं एयदिसरुंदवड्ढी हेट्ठिमसव्वजलरासीणं दोण्णिदिसरुंदवड्ढीदो चउग्गुणं चउलक्खविहीणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणस्स हेट्ठिमसयलसायराणं दोण्णिदिसरुंदादो सयंभूरमणसमुद्दस्स एयदिसरुंदवड्ढी रज्जूए बारसभागो पुणो तियहिदचउलक्खपंचहत्तरिसहस्सजोयणेहि अब्भहियं होदि । तस्स ठवणा रा | १२ धण जोयणाणि ४ ७५००० | तव्वड्ढीए आणयणहेदुं इमं गाहासुत्तं—

इट्ठोवहिवित्थंभे चउलक्खं मेलिदूण तियभजिदे । तीदसयलायराणं दोदिसरुंदादु उवरिमेयदिसं ॥ २५९

उदाहरण—पु. द्वी. का विस्तार यो. १६ ला.×२–५ ला. ÷ ३ = ९ ला. यो. जं. द्वी. और धात. का उभयदिशासम्बन्धी विस्तार ।

आठवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें चार लाख अधिक वृद्धि हुई है— ४००००० । लवण और कालोदक समुद्रके दोनों दिशाओंसम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा पुष्करसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है— १२००००० । इस प्रकार कालोदकसमुद्रसे लेकर उससे उपरिम तदनन्तर इच्छित समुद्रोंकी एक दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि अवस्तन सब समुद्रोंकी दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारवृद्धिसे चार लाख कम चौगुणी होकर स्वयंभूरमणसमुद्र तक चली गई है । उनमेंसे अंतिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके अवस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके दोनों दिशासम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयंभूरमणसमुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें राजुका बारहवां भाग और तीनसे भाजित चार लाख पचत्तर हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

राजु $\frac{१}{१२}$ + यो. $\frac{४७५०००}{३}$ ।

उस वृद्धिके लानेके हेतु यह गाथा सूत्र है—

इष्ट समुद्रके विस्तारमें चार लाख मिलाकर तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं संबन्धी विस्तारकी अपेक्षा उपरिम समुद्रके एक दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धि होती है ॥ २५९ ॥

१ द ब होदिऊण. २ द ब इमा.

हेट्ठिमसमासो वि— इट्ठस्स कालोदसमुद्दादो हेट्ठिमेक्कस्स समुद्दस्स दोण्णिदिसरुंदसमासं चउलक्खं होदि ४०००००। पोक्खरवरसमुद्दादो हेट्ठिमदोण्णिसमुद्दाणं दोण्णिदिसरुंदसमासं वीसलक्खजोयणपमाणं होदि २०००००० । एवमब्भंतरिमणीररासिस्स दोण्णिदिसरुंदसमासादो तदणंतरोवरिमसमुद्दस्स एवदिसरुंदवड्ढी चउगुणं चउलक्खेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदुवरसमुद्दो त्ति । तब्बड्ढीणं आणयणहेदुं इमं गाहासुत्तं—

दुगुणियसगसगवासे चउलक्खे अवणिदूण तियभजिदे। णीदरयणायराणं दोदिसभायम्मि पिंडफलं ॥ २६० ॥

णवमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— जंबूदीवस्स बादरसुहुमखेत्तफलस्स पमाणेण लवणसमुद्दस्स खेत्तफलं किंऊणं चउवीसगुणं होदि २४ । जंबूदीवस्स खेत्तफलादो धादईसंडस्स खेत्तफलं चउदालीसब्भहियं एक्कसयमेत्तं होदि १४४ । एवं जाणिदूण णेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमविकप्पं वत्तइस्सामो— जगसेढीए वग्गं तिगुणिय एक्कलक्खछण्णउदिसहस्सकोडिरूवेहिं भजिदमेत्तं पुणो तिगुणिदसेढिं चोद्दसलक्खरूवेहि भजियमेत्तेहिं अब्भहियं होदि पुणो णवकोडीहिं परिहीणं । तस्स

उदाहरण— वारुणीवरसमुद्रका वि. १२८ ला. + ४ ला. ÷ २ = ४४ ला. वृद्धि ।

अधस्तन योग भी— इष्ट कालोदसमुद्रसे अधस्तन एक लवणसमुद्रका दोनों दिशाओं संबन्धी विस्तारसमास चार लाख है— ४००००० । पुष्करवरसमुद्रसे अधस्तन दोनों समुद्रोंका दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारसमास बीस लाख योजनप्रमाण है— २००००००। इस प्रकार अभ्यन्तर समुद्रके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारसमाससे तदनन्तर स्थित उपरिम समुद्रकी दोनों दिशासम्बन्धी विस्तारवृद्धि चौगुणी और चार लाख अधिक होकर अहीन्द्रवर समुद्र तक चली गई है । उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

अपने अपने दुगुणे विस्तारमेंसे चार लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओंसम्बन्धी विस्तारका योग होता है ॥ २६० ॥

उदाहरण— पु. समुद्रका वि. ३२ ला. × २ − ४ ला. ÷ ३ ला. = २० ला. कालोद और लवणसमुद्रका सम्मिलित उभय दि. विस्तार ।

नवमें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे लवणसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर चौबीसगुणा होता है २४ । जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डका क्षेत्रफल एक सौ चवालीस गुणा है १४४ । इस प्रकार जानकर स्वयंभूरमणसमुद्रपर्यन्त लेजाना चाहिये । उसमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— जगश्रेणीके वर्गको तिगुणा करके उसमें एक लाख छयानवे हजार करोड़ रूपोंका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना और तिगुणी जगश्रेणीमें चौदह लाखका भाग देनेपर लब्ध हुए प्रमाणसे अधिक तथा नौ कोश कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

१ द ब किंउण.

ठवणा— $\frac{-३}{१९६\cdots\cdots}$ धण खेत्तं $\frac{२१}{१४०००००}$ रिण कोसाणि ९ । तम्बूदीवं आणयण-हेदुं इमं गाहासुत्तं—

लक्खूणइट्ठरूवं तिगुणं चउगुणिदइट्ठवासगुणं । लक्खस्स कदिम्मि हिदे जंबूदीवप्पमा खंडा ॥ २६१

दसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— जंबूदीवस्स बादरसुहुमक्खेत्तपमाणेण लवण-समुद्दस्स खेत्तफलं किज्जंतं चउवीसगुणप्पमाणं होदि २४ । लवणसमुद्दस्स खंडसलागाणं संखादो धादइ-संडस्स खंडसलागा छगुणं होदि । धादइसंडस्स खंडसलागादो कालोदगसमुद्दस्स खंडसलागा चउगुणं होऊण[1] छण्णवदिरूवेणब्भहियं होइ । तत्तो उवरि तदणंतरहेट्ठिमदीवउवहीदो अणंतरोवरिमदीवस्स उव-हिस्स वा खंडसलागा चउग्गुणं, पक्खेवभूदछण्णवदी दुगुणदुगुणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— [सयंभूरमणदीवखंडसलागादो सयंभूरमणसमुद्दस्स खंडसलागा] तिण्णि सेढीओ सत्तलक्खजोयणेहिं भजिदाओ पुणो णवजोयणेहिं अब्भहियाओ होंति । तस्स ठवणा—

(ज. × ज. × ३ ÷ १९६००००००००००) + (ज. × ३ ÷ १ ४०००००) − को. ९ ।

उस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

एक लाख कम इष्ट द्वीप या समुद्रके विस्तारको तिगुणा करके फिर उसे चौगुणे अपने विस्तारसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमें एक लाखके वर्गका भाग देनेपर जम्बूद्वीपके समान खण्डोंकी संख्या आती है ॥ २६१ ॥

धातकीखण्डका विस्तार यो. ४ ला ; [४ ला. − १ ला. × ३ ला] × [४ ला. × ४] ÷ १ ला.^{२} = १४४ खण्ड ।

दशवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है— जम्बूद्वीपके बादर व सूक्ष्म क्षेत्रफलके बराबर लवणसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर वह उससे चौबीसगुणा होता है २४ । लवणसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे धातकीखण्डकी खण्डशलाकायें छहगुणी है । धातकीखण्डद्वीपकी खण्डशलाकाओंसे कालोदकसमुद्रकी खण्डशलाकायें छहगुणी होकर छयानवे रूपोंसे अधिक है । पुनः इससे ऊपर तदनन्तर अधस्तन द्वीप या समुद्रसे अनन्तर उपरिम द्वीप या समुद्रकी खण्डशलाकायें चौगुणी हैं और इनके प्रक्षेपभूत छयानवे उत्तरोत्तर स्वयंभूरमणसमुद्र तक दुगुणे दुगुणे होते गये हैं । उनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभू-रमणद्वीपकी खण्डशलाकाओंसे स्वयंभूरमणसमुद्रकी खण्डशलाकायें सात लाख योजनोंसे भाजित तीन जगश्रेणी और नौ योजनोंसे अधिक है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— ज. ३ ÷ यो. ७००००० + यो. ९ ।

१ द होदिऊण.

$७००^{३}_{०००}$ घण जोयणाणि ९ । तत्थ अदिरेगस्स पमाणाणयणट्ठं इमा सुत्तगाहा—

लक्खेण भजिदसगसगवासं इगिरूवविरहिदं तेण । सगसगखंडसलागं भजिदे अदिरेगपरिमाणं ॥ २६२

एक्कारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— लवणसमुद्दस्स खंडसलागाणं संखादो धादईसंडदीवस्स खंडसलागाणं वड्ढी वीसुत्तरएक्कसएणब्भहियं होदि १२० । लवणसमुद्दखंडसलागसंमिलिदधादईसंडदीवस्स खंडसलागाणं संखादो कालोदगसमुद्दस्स खंडसलागाणं वड्ढी चउरुत्तरपंचसएणब्भहियं होदि ५०४ । एवं धादईसंडस्स वड्ढिप्पहुदि[1] हेट्ठिमदीवउवहीणं समूहादो अणंतरोवरिमदीवस्स वा रयणायरस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी चउगुणं चउवीसरूवेहिं अब्भहियं होऊण गच्छदि जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दादो हेट्ठिमसव्वदीवरयणायराणं खंडसलागाण समूहं सयंभूरमणसमुद्दस्स खंडसलागम्मि अवणिदे वड्ढिपमाणं केत्तियमिदि भणिदे जगसेढीए वग्गं अट्ठाणवदिसहस्साकोडिजोयणेहिं भजिदं पुणो सत्तलक्खजोयणेहिं भजिदतिण्णिजगसेढीअब्भहियं पुणो चोद्दसकोसेहिं परिहीणं होदि । तस्स

उनमें चौगुणीसे अतिरिक्त प्रमाणको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

एक लाखसे भाजित अपने अपने विस्तारमेंसे एक रूप कम करके शेषका अपनी अपनी खंडशलाकाओंमें भाग देनेपर अतिरिक्त संख्याका प्रमाण आता है ॥ २६२ ॥

उदाहरण—कालोदकसमुद्रकी चतुर्गुणित खण्डशलाकाओंसे अतिरिक्त खण्डशलाकाओंका प्रमाण— का. स. विस्तार यो. ८ लाख ÷ १ लाख – १ = ७; का. स. की खण्डश. ६७२ ÷ ७ = ९६ अतिरिक्तप्रमाण ।

ग्यारहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है— लवणसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे धातकीखण्डद्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण एक सौ बीस है १२० । लवणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंको मिलाकर धातकीखण्डद्वीपसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी संख्यासे कालोदकसमुद्रसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण पांच सौ चार है ५०४ । इस प्रकार धातकीखण्डद्वीपसम्बन्धी शलाकावृद्धिसे प्रारंभ कर स्वयंभूरमणसमुद्र तक अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके शलाकासमूहसे अनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्रकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धि चौगुणी और चौबीस संख्यासे अधिक होती गई है । उनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं—

स्वयंभूरमणसमुद्रसे अधस्तन समस्त द्वीप-समुद्रोंके खण्डशलाकासमूहको स्वयंभूरमणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंमेंसे घटादेनेपर वृद्धिका प्रमाण कितना है, ऐसा कहनेपर अट्ठानवै हजार करोड़ योजनोंसे भाजित जगश्रेणीके वर्गसे अतिरिक्त सात लाख योजनोंसे भाजित तीन

१ द ब वड्ढिं पुहदी. २ द ब धादइसंडसलागाण.

ठवणा $\frac{\text{ज.}^{२}}{९८०००००००००}$ धण रज्जु $-\frac{\text{ज.}^{३}}{७०००००}$ रिण कोस १४ । तव्वड्ढिआणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

लक्खेण भजिदअंतिमवासस्स[1] कदीए एगरूऊणं । अट्ठगुणं हिट्ठाणं[2] संकलणादो दु उवरिमे वड्ढी ॥ २६३

पुणो इट्ठस्स दीवस्स वा समुद्दस्स वा हेट्ठिमदीवसयणायराणं मेलावणं भण्णमाणे[3] लवणसमुद्दस्स खंडसलागादो लवणसमुद्दसंमिलिदधादईसंडदीवस्स खंडसलागाओ सत्तगुणं होदि । लवणोदसिखंड-सलागसंमिलिदधादईसंडखंडसलागादो कालोदगसमुद्दखंडसलागसंमिलिदहेट्ठिमखंडसलागादु[4] पंचगुणं होदि । कालोदगसमुद्दस्स खंडसलागसंमिलिदहेट्ठिमदीवउवहीणं खंडसलागादो पोक्खरवरदीवखंडसलाग-संमिलिदहेट्ठिमदीवसयणायराणं खंडसलागा चउगुणं होदूण तिण्णिसयसट्ठिरूवेहि अब्भहियं होदि । पोक्खरवरदीवखंडसलागसंमिलिदहेट्ठिमदीवसयणायराणं खंडसलागादो पोक्खरवरसमुद्दसंमिलिदहेट्ठिम-

जगश्रेणी अधिक तथा चौदह कोश कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

$$\text{ज.}^{२} \div \text{यो.}\ ९८०००००००००० + \frac{\text{ज.}\ ३}{\text{यो.}\ ७०००००} - \text{को.}\ १४ ।$$

इस वृद्धिप्रमाणको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

एक लाखसे भाजित अन्तिम विस्तारका जो वर्ग हो उसमेंसे एक कम करके शेषको आठसे गुणा करनेपर अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके शलाकासमूहसे उपरिम द्वीप व समुद्रकी खण्ड-शलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ २६३ ॥

उदाहरण— कालोदकसमुद्रकी खण्डशलाकावृद्धि— $[(८ \text{ लाख} \div १ \text{ लाख})^{३} - १] \times ८ = ५०४$ कालोदककी खण्डशलाकावृद्धि ।

पुनः इष्ट द्वीप अथवा समुद्रके अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्डशलाकाओंका मिश्रित कथन करनेपर लवणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंसे लवणसमुद्रसम्मिलित धातकीखण्डद्वीपकी खण्ड-शलाकायें सातगुणी है । लवणसमुद्रकी खण्डशलाकाओंसे सम्मिलित धातकीखण्डद्वीपसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रकी खण्डशलाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-शलायें पंचगुणी हैं । कालोदकसमुद्रकी खण्डशलाकासम्मिलित अधस्तन द्वीपसमुद्रोंसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपकी खण्डशलाकाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्डशलाकायें चौगुणी होकर तीन सौ साठ अधिक हैं । पुष्करवरद्वीपकी खण्डशलाकाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंसम्बन्धी खण्डशलाकाओंकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रसम्मिलित अधस्तन

१ द ब 'वास', क 'वास्स'. २ द ब अट्ठ गुणंतिदाणं. ३ द ब भण्णिमाणे. ४ द ब 'खंडसलागादो.

दीवोवहीणं खंडसलागा[1] चउग्गुणं होदूण सत्तसयचउदालरूवेहिं अब्भहियं होदि। एत्तो उवरिं चउग्गुणं चउग्गुणं पक्खेवभूदसत्तसयचउदालं दुगुणदुगुणं होऊण चउवीसरूवेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति। तब्बड्ढीआणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

अंतिमविक्खंभद्धं लक्खूणं लक्खछेदणवासगुणं। पणधणकोडीहिं हिदं इट्ठादो हेट्ठिमाण पिंडफलं ॥ २६४

सादिरेयपमाणाणयणट्ठं इमं गाहासुत्तं—

दोलक्खेहिं विभाजिदसगसगवासम्मि लद्धरूवेहिं। सगसगखंडसलागं भजिदे अदिरेगपरिमाणं ॥ २६५

बारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— ताव जंबूदीवमवणिय लवणसमुद्दस्स विक्खंभे वेण्णिलक्खे आयामं णवलक्खं, धादईसंडदीवस्स विक्खंभ चत्तारिलक्खं आयामं सत्तावीसलक्खं, कालोदगसमुद्दस्स विक्खंभे अट्ठलक्खं आयामं तेसट्ठिलक्खं, एवं समुद्दादो दीवस्स दीवादो समुद्दस्स

द्वीप-समुद्रोंकी खण्डशलाकायें चौगुणी होकर सात सौ चवालीस अधिक हैं। इससे ऊपर स्वयंभूरमणसमुद्र तक चौगुणी चौगुणी होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत सात सौ चवालीस दुगुणे दुगुणे और चौबीस अधिक होते गये हैं। इस वृद्धिको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

अन्तिम विस्तारके अर्ध भागमेंसे एक लाख कम करके शेषको एक लाख कम विस्तारसे गुणा करके प्राप्त राशिमें पांचके घन अर्थात् एक सौ पच्चीस करोड़का भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रोंका पिंडफल होता है॥ २६४ ॥

उदाहरण— कालोदसमुद्रके अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित खण्डशलाकायें—
$[(८ \text{ लाख} \div २) - १ \text{ लाख}] \times (८ \text{ ला.} - १ \text{ ला.}) \div १२५०००००० = १६८$।

अतिरिक्त प्रमाणको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

अपने अपने विस्तारमें दो लाखका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसका अपनी अपनी खण्डशलाकाओंमें भाग देनेपर अतिरेकका प्रमाण आता है॥ २६५ ॥

उदाहरण—पु. समु. वि. यो. १२ ला. ÷ २ ला. = ६; पु. समु. खं. श. ११९०४ ÷ १६ = ७४४ अतिरेकप्रमाण।

बारहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं। वह इस प्रकार है— जम्बूद्वीपको छोड़कर लवणसमुद्रका विस्तार दो लाख और आयाम नौ लाख योजन है। धातकीखण्डका विस्तार चार लाख और आयाम सत्ताईस लाख योजन है। कालोदकसमुद्रका विस्तार आठ लाख और आयाम तिरेसठ लाख योजन है। इस प्रकार समुद्रसे द्वीपका और द्वीपसे समुद्रका विस्तार दुगुणा तथा

१ चउग्गुणमिच्चादिखंडसलागापर्यन्तं द प्रतौ नास्ति.

विक्खंभादो विक्खंभं दुगुणं आयामादो आयामं दुगुणं णवलक्खेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति । लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो धादइसंडदस्स खेत्तफलं छग्गुणं, धादइसंडदीवस्स खेत्तफलादो कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलं चउग्गुणं बाहत्तरिसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदि । खेत्तफलं ७२०००-०००००००० । एवं हेट्ठिमदीवस्स वा णीररासिस्स वा खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमदीवस्स वा रयणायरस्स वा खेत्तफलं चउग्गुणं पक्खेवभूदबाहत्तरिसहस्सकोडिजोयणाणि दुगुणदुगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणो त्ति । तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणदीवस्स विक्खंभं छप्पण्णरूवेहिं भजिदजगसेढी पुणो सत्ततीससहस्सपंचसयजोयणेहिं अब्भहियं होइ । तस्स ठवणा — $\frac{ज}{५६}$ । घण जोयणाणि ३७५००। आयामं पुण छप्पण्णरूवेहिं हिदणवजगसेढीओ पुणो पंचलक्खबासट्ठिसहस्सपंचसयजोयणेहिं परिहीणं होदि । तस्स ठवणा $\frac{९ ज}{५६}$ रिण जोयणाणि ५६२५००। पुणो विक्खंभायामं परोप्परगुणिदे खेत्तफलं रज्जुवे कदि णवरूवेहिं गुणिय चउसट्ठिरूवेहि भजिदमेत्तं । किंचूणं पमाणं रज्जू ठविय अट्ठावीसहस्सएक्कसयपंचवीसरूवेहिं गुणिद-मेत्तं पुणो पण्णाससहस्स-सत्ततीसलक्ख-णवकोडिअब्भहियदोण्णिसहस्सएक्कसयकोडिजोयणमेत्तं होदि । तस्स ठवणा $\frac{रा^२}{६४}$ । $\frac{९}{६४}$ रिण — । २८१२५ रिण जोयणाणि २१०९३७५०००० सयंभूरमणसमुद्दस्स विक्खंभ

आयामसे आयाम दुगुणा और नौ लाख अधिक होकर स्वयंभूरमणसमुद्र तक चला गया है ।

लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डका क्षेत्रफल छहगुणा और धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे कालोदकसमुद्रका क्षेत्रफल चौगुणा व बहत्तर हजार करोड़ योजन अधिक है— ७२०००००००००० । इस प्रकार अवस्तन द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलसे तदनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्रका क्षेत्रफल चौगुणा और प्रक्षेपभूत बहत्तर हजार करोड़ योजन स्वयंभूरमण-समुद्र तक दुगुणे होते गये है । इसमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते है— स्वयंभूरमणद्वीपका विस्तार छप्पनसे भाजित जगश्रेणी मात्र और सैंतीस हजार पाच सौ योजन अधिक है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— ज. ÷ ५६ + ३७५०० यो. = $\frac{१}{५६}$ राजु + ३७५०० योजन ।

स्वयंभूरमणद्वीपका आयाम छप्पनसे भाजित नौ जगश्रेणियोंमेसे पांच लाख बासठ हजार पाच सौ योजन कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— ज. ९ ÷ ५६ – ५६२५०० यो. = $\frac{९}{५६}$ राजु – ५६२५०० यो. ।

इस विस्तार और आयामको परस्पर गुणित करनेपर स्वयंभूरमणद्वीपका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा करके चौसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उससे कुछ कम होता है । इस किंचित् कमका प्रमाण राजुको स्थापित करके अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीससे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना और दो हजार एकसौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजनमात्र है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— $रा.^२ \times ९ \div ६४ - ($ १ राजु $\times २८१२५$ यो. $- २१०९३७५०००$ यो. $)$

१ ब तेत्तीस. २ द ब ठवणा ४ । ९ । ६४.

अट्ठावीसरूवेहिं भजिदजगसेढी पुणो पंचत्तरिसहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होदि । आयामं अट्ठवीसरूवेहिं भजिद [णव] जगसेढी पुणो दोण्णिलक्खपंचवीससहस्सजोयणेहिं परिहीणं होदि । तस्स ठवणा $\frac{ज}{२८}$ धण ७५००० । आयाम $\frac{ज^{९}}{२८}$ रिण २२५००० । खेत्तफलं रज्जूवे कदी णवरूवेहिं गुणिय सोलसरूवेहिं भजिदमेत्तं पुणो रज्जू ठविय एक्कलक्ख-बारससहस्स-पंचसयजोयणेहि गुणिदकिंचूणकदिमेत्तेहिं अब्भहियं होदि । तं किंचूणपमाणं पण्णासलक्ख-सत्तासीदिकोडिअब्भहियछस्सय-एक्कसहस्सकोडिजोयणमेत्तं होदि । तस्स ठवणा $\frac{ज^{२}}{१६}$ । $\frac{ज^{१}}{१६}$ । धण ज । ११२५०० । रिण १६८७५०००००० । एवं दीवोदधीणं विक्खंभायाम-खेत्तफलं च परूवणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

लक्खविहीणं रुंदं णवहि गुणं इच्छियस्स दीहत्तं । तं चेव य रुंदगुणं खेत्तफलं होदि वलयाणं[2] ॥ २६६ ॥

हेट्ठिमदीवस्स वा रयणायरस्स वा खेत्तफलादो उवरिमदीवस्स वा तरंगिणीणाहस्स वा खेत्तफलस्स

स्वयंभूरमणसमुद्रका विस्तार अट्ठाईससे भाजित जगश्रेणीमात्र और पचत्तर हजार योजन अधिक है, तथा आयाम अट्ठाईससे भाजित नौ जगश्रेणीमेंसे दो लाख पच्चीस हजार योजन कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

विस्तार — ज. ÷ २८ + यो. ७५००० = $ज^{१}$ गजु + ७५००० यो. ।

आयाम — ज. ९ ÷ २८ − यो. २२५००० = गजु $ज^{१}$ − २२५००० यो.

स्वयंभूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल गजुके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना और गजुको स्थापित करके एक लाख बारह हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित किंचून कृतिमात्रसे अधिक है । इस किंचूनका प्रमाण एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजनमात्र है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— ग.^{२} × ९ ÷ १६ + (ग. १ × यो. ११२५००) − योजन १६८७५०००००० ।

इस प्रकार द्वीप-समुद्रोंके विस्तार, आयाम और क्षेत्रफलके निरूपणके हेतु यह गाथा-सूत्र है—

एक लाख कम विस्तारको नौसे गुणा करनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रकी लंबाई होती है । इस लंबाईको विस्तारसे गुणा करनेपर गोलाकार क्षेत्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २६६ ॥

उदाहरण— धा. विस्तार यो. ४००००० − १००००० = ३ लाख । ३००००० × ९ = २७००००० आयाम । २७००००० × ४००००० = १०८०००००००००० क्षेत्रफल ।

अधस्तन द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलकी

१ द ब ठवणा ४९ । १६. २ ब लवयाणं.

सादिरेयत्तारूवणहेदुमिमा गाहा—

कालोदगोदहीदो उवरिमदीवोवहीण पत्तेक्कं । रुंदं णवलक्खगुणं परिवड्ढी होदि उवरुवरिं ॥ २६७ ॥

तेरसमपक्खे अप्पबहुगं वत्तइस्सामो— जंबूदीवस्स खेत्तफलादो लवणणीरधिस्स खेत्तफलं चउवीसगुणं । जंबूदीवसहियलवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो धादईसंडदीवस्स खेत्तफलं पंचगुणं होऊण चोद्दस-सहस्स-सेदय-पण्णासकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदि । १४२५०००००००० । जंबूदीवलवणसमुद्दसहिय-धादईसंडदीवस्स खेत्तफलादो कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलं तिगुणं होऊण एयलक्ख-तेवीसमहस्स-सत्तसय-पण्णासकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होइ । तस्स ठवणा १२३७५००००००००० । एवं कालोदगसमुद्दप्पहुदि हेट्ठिमदीवसायराणं पिंडफलादो उवरिमदीवस्स वा सायरस्स वा खेत्तफलं पत्तेयं तिगुणं पक्खेवभूद-एयलक्ख-तेवीसमहस्स-सत्तसय-पण्णासकोडिजोयणाणि कमसो दुगुणं दुगुणं होऊण वीससहस्स-दुसय-पण्णासकोडिजोयणेहिं अब्भहियं— पमाणं २०२५००००००००० होऊण गच्छदि जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति । तस्स अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणसमुद्दस्स हेट्ठिमदीवउवहीओ सव्वाओ जंबूदीवविरहिदाओ

सादिरेकपनेके निरूपणके हेतु यह गाथासूत्र है—

कालोदकसमुद्रसे ऊपरके द्वीप समुद्रोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार नौ लाखसे गुणा करनेपर ऊपर ऊपर वृद्धिका प्रमाण आता है ॥ २६७ ॥

उदाहरण—पु. द्वी. वि. यो. १६०००००×९,००००० = १४४०००००००००० सादिरेक पं. फ. । (यह पुष्करवरद्वीपमें पुष्करवरसमुद्रके आयामकी वृद्धिका प्रमाण होता है ।)

तेरहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे लवणसमुद्रका क्षेत्रफल चौबीसगुणा है । जम्बूद्वीप सहित लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डद्वीपका क्षेत्रफल पांचगुणा होकर चौदह हजार दो सौ पचास करोड़ योजन अधिक है—१४२५०००००००० । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे सहित धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे कालोदकसमुद्रका क्षेत्रफल तिगुणा होकर एक लाख तेईस हजार सातसौ पचास करोड़ योजन अधिक है । उसकी स्थापना— १२३७५००००००००० । इस प्रकार कालोदकसमुद्रपर्यंत अवस्थित द्वीप-समुद्रोंके पिण्डफलसे ऊपरके द्वीप अथवा समुद्रका क्षेत्रफल प्रत्येक तिगुणा होनेके साथ प्रक्षेपभूत एक लाख तेईस हजार सात सौ पचास करोड़ योजन क्रमसे दुगुणे दुगुणे होकर बीस हजार दो सौ पचास करोड़ योजन २०२५००००००००० अधिक होता हुआ स्वयंभूरमणसमुद्र तक चला गया है । इसमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके नीचे जम्बूद्वीपको छोड़कर जितने द्वीप-समुद्र

१ द वणवीस.

ताणं खेत्तफलं रज्जूवे कदी तिगुणिय सोलसेहिं भाजिदमेत्तं, पुणो णवणय-सत्ततीसकोडि-पण्णासलक्खजोयणेहिं अब्भहियं होइ । पुणो एक्कलक्ख-बारससहस्स-पंचसयजोयणेहिं गुणिदरज्जूए हीणं होइ । तस्स ठवणा[1]— $\frac{=}{४९}$ । $\frac{३}{१६}$ धण जोयणाणि ९३७५०००००० रिण रज्जूओ ११२५०० । इट्ठादो हेट्ठिमदीवंबुहीणं पिंडफलमाणयणट्ठं गाहासुत्तं—

इट्ठियदीउवहीए विक्खंभायामयम्मि अवणिज्जे । दुगिणवलक्खं सेसं तिहिदं इट्ठादु हेट्ठिमाणफलं ॥२६८॥

सादिरेयस्स आणयणट्ठं गाहासुत्तं—

इट्ठियवासं दुगुणं दोलक्खूणं तिलक्खसंगुणियं । जंबूदीवफलूणं सेसं तिगुणं हुवेदि अदिरेगं ॥ २६९ ॥

चोद्दसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणसमुद्दस्स विक्खंभं वेण्णिलक्खं २०००००, आयामं णवलक्खं ९००००० । कालोदगसमुद्दविक्खंभं अट्ठलक्खं ८०००००, आयामं तेसट्ठिलक्ख ६३००००० । पोक्खरवरसमुद्दस्स विक्खंभं बत्तीसलक्खं ३२०००००, आयामं एऊणसीदिलक्खेणब्भहियेक्कोडीओ होइ

है उन सबका क्षेत्रफल राजुके वर्गको तिगुणा करके सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना और नौ सौ सैंतीस करोड़ पचास लाख योजन अधिक व एक लाख बारह हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित राजुसे हीन है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

रा.[2]×३÷१६+ यो. ९३७५०००००० – (राजु × ११२५०० यो.) ।

इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके पिण्डफलको लानेके लिये यह गाथा-सूत्र है—

इच्छित द्वीप या समुद्रके विष्कम्भ व आयाममेंसे क्रमशः एक लाख और नौ लाख कम करे । पुनः शेष (के गुणनफलमें) तीनका भाग देनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रके (जम्बूद्वीपको छोड़कर) अधस्तन द्वीप-समुद्रोंका पिण्डफल प्राप्त होता है ॥ २६८ ॥

उदाहरण— कालोदकसमुद्रका विष्कंभ ८ लाख यो.; आयाम ६३ लाख यो.; अतएव धातकीखंड और लवणसमुद्रका पिंडफल हुआ— ८ - १ = ७ लाख; ६३ – ९ = ५४ लाख । ७ ला. × ५४ ला. ÷ ३ = १२६०००००००००० ।

सातिरेकप्रमाणको लानेके लिये गाथासूत्र—

इच्छित द्वीप या समुद्रके दुगुणे विस्तारमेंसे दो लाख कम करके शेषको तीन लाखसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमेंसे जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलको कम करके शेषको तिगुणा करनेपर अतिरेकप्रमाण आता है ॥ २६९ ॥ (?)

चौदहवें पक्षमें अल्प-बहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रका विस्तार दो लाख २००००० और आयाम नौ लाख ९००००० योजन है । कालोदकसमुद्रका विस्तार आठ लाख ८००००० और आयाम तिरेसठ लाख ६३००००० योजन है । पुष्करवरसमुद्रका विस्तार बत्तीस लाख ३२००००० और आयाम दो करोड़ उन्यासी लाख २७९००००० योजन है । इस प्रकार

१ ब बारसहस्स. २ द ब ठवणा— ४९ । १६.

२७९०००००। एवं हेट्ठिमसमुद्दस्स विक्खंभादो उवरिमसमुद्दस्स [विक्खंभं चउग्गुणं, हेट्ठिमसमुद्दस्स] आयामादो उवरिमसमुद्दस्स आयामं चउग्गुणं सत्तावीसलक्खेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति। लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीसगुणं, कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलादो पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलं सत्तारसगुणं होऊण तिण्णिलक्ख-साट्ठिसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदि ३६०००००००००००। पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलादो वारुणिवरसमुद्दस्स खेत्तफलं सोलसगुणं होऊण पुणो चोत्तीसलक्ख-छप्पण्णसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदि। पमाणं ३४५६०००००-००००। एत्तो पहुदि हेट्ठिमणीररासिस्स खेत्तफलादो तदणंतरोवरिमणीररासिस्स खेत्तफलं सोलसगुणं पक्खेवभूदचोत्तीसलक्ख-छप्पण्णसहस्सकोडिजोयणाणि चउगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दं त्ति। तस्स विक्खंभायामखेत्तफलाणं अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— अहिंदवरसमुद्दस्स विक्खंभं रज्जूए सोलस-समभागं पुण अट्ठारहसहस्स-सत्तसय-पण्णासजोयणेहिं अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा— $\frac{1}{16}$ । $\frac{1}{१६}$ । धण जोयणाणि १८७५०। तस्स आयामं णव रज्जू ठविय सोलसरूवेहिं भाजिदमेत्तं पुण सत्तलक्ख-एक्कतीससहस्स बेण्णिसय पण्णासजोयणेहिं परिहीणं होदि। तस्स ठवणा— $\frac{9}{16}$ । रिण जोयणाणि ७३१२५०। सयंभूरमणसमुद्दस्स विक्खंभं एक्कसेढिं ठविय अट्ठावीसरूवेहिं भाजिदमेत्तं पुण पंचहत्तरि-

अधस्तन समुद्रके विष्कम्भसे उपरिम समुद्रका विष्कम्भ चौगुणा, तथा अधस्तन समुद्रके आयामसे उपरिम समुद्रका आयाम चौगुणा और सत्ताईस लाख योजन अधिक होकर स्वयंभूरमणसमुद्र तक चला गया है। लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे कालोदकसमुद्रका क्षेत्रफल अट्ठाईसगुणा और कालोदक-समुद्रके क्षेत्रफलसे पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल सत्तरहगुणा होकर तीन लाख साठ हजार करोड़ योजन अधिक है ३६०००००००००००। पुष्करवरसमुद्रके क्षेत्रफलसे वारुणीवरसमुद्रका क्षेत्रफल सोलहगुणा होकर चौंतीस लाख छप्पन हजार करोड़ योजन अधिक है ३४५६०० ००००००००। यहांसे आगे अधस्तन समुद्रके क्षेत्रफलसे तदनन्तर उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल स्वयंभूरमणसमुद्रपर्यन्त क्रमशः सोलहगुणा होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत चौंतीस लाख छप्पन हजार करोड़ योजनोंसे भी चौगुणा होता गया है। उनमें विस्तार, आयाम और क्षेत्रफलके अंतिम विकल्पको कहते हैं —

अहीन्द्रवरसमुद्रका विस्तार राजुका सोलहवां भाग और अठारह हजार सात सौ पचास योजन अधिक है। उसकी स्थापना इस प्रकार है— रा. $\frac{1}{16}$ + यो. १८७५०।

इस समुद्रका आयाम नौ राजुओंको रखकर सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे सात लाख इकतीस हजार दो सौ पचास योजन हीन है। उसकी स्थापना— रा. $\frac{9}{16}$ यो. ७३१२५०।

स्वयंभूरमणसमुद्रका विस्तार एक जगश्रेणीको रखकर उसमें अट्ठाईसका भाग देनेपर

सहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा $\frac{१}{२८}$ धण जोयणाणि ७५०००। तस्सेव आयामं णवसेढि तिण्णिसयवीसेहिं भजिदमेत्तं, पुणो दोण्णिलक्ख-पंचवीससहस्सजोयणेहिं परिहीणं होदि। तस्स ठवणा सेढिं $\frac{१}{२८}$ रिण जोयणाणि २२५०००। अहिंदवरसमुद्दस्स खेत्तफलं रज्जुवे कदी णवरूवेहिं गुणिय वेसदछप्पण्णरूवेहिं भजिदमेत्तं, पुणो एक्कलक्ख-चालीससहस्स-छस्सय-पंचवीसजोयणेहिं गुणिदमेत्त-रज्जुए चउत्थभागं, पुणो एक्कसहस्स-तिण्णिसय-एक्कहत्तरिकोडीओ णवलक्ख-सत्ततीससहस्स-पंचसयजोयणेहिं परिहीणं होदि $\frac{रा.^२ \times ९}{२५६} - (रा. \times १४०६२५ यो.)$। रिण रज्जु १। १३७१०९३७५००। सयंभूरमणणिण्णगरमणस्स खेत्तफलं रज्जुवे कदी णवरूवेहिं गुणिय सोलसरूवेहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्कलक्ख-बारससहस्स-पंचसयजोयणेहि [गुणिदरज्जुए] अब्भहियं पुणो एक्कसहस्स-छस्सय-सत्तासीदिकोडि-पण्णास-लक्खजोयणेहिं परिहीणं होदि। तस्स ठवणा $\frac{रा.^२ \times ९}{१६} + (रज्जु \times यो. ११२५००) - यो. १६८७५०००००$। रिण रज्जु १। ११२५०० रिण जोयणाणि १६८७५००००००००।

अदिरेयस्स पमाणमाणयणहेदुं इम गाहासुत्तं—

वारुणिवरादिदुवरिमदुच्छियरयणायरस्स रुंदत्तं। सत्तावीसं लक्खे गुणिदे अहियस्स परिमाणं ॥ २७० ॥

जो लब्ध आवे उतना और पचत्तर हजार योजन अधिक है। उसकी स्थापना— ज. $\frac{१}{२८}$ + यो. ७५००० । इसको आयाम नौ जगश्रेणियोंको रखकर अट्ठाईसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे दो लाख पच्चीस हजार योजन कम है। उसकी स्थापना— ज. $\frac{१}{२८}$ − यो. २२५००० ।

अहीन्द्रवरसमुद्रका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा कर दो सौ छप्पनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे एक लाख चालीस हजार छह सौ पच्चीस योजनसे गुणित राजुका चतुर्थ भाग और एक हजार तीन सौ इकत्तर करोड नौ लाख सैंतीस हजार पांच सौ योजन कम है।

$रा.^२ \times ९ \div २५६ - (रा. \times यो. १४०६२५ यो.) - १३७ ०९३७५००$ ।

स्वयंभूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा करके सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना होकर एक लाख बारह हजार पांचसौ योजनोंसे गुणित राजुसे अधिक और एक हजार छह सौ सत्तासी करोड़ पचास लाख योजन कम है। उसकी स्थापना इस प्रकार है—

$रा.^२ \times ९ \div १६ + (राजु \times यो. ११२५००) - यो. १६८७५०००००$ ।

अतिरेकके प्रमाणको लानेके लिये गाथासूत्र—

वारुणीवरसमुद्रको आदि लेकर उपरिम स्थित समुद्रके विस्तारको सत्ताईस लाखसे गुणा करनेपर अधिकताका प्रमाण आता है ॥ २७० ॥

उदाहरण— वारुणीवरसमुद्रका विस्तार यो. १२८ ला.। १२८ ला. × २७ ला. = ३४५६०००००००००० अतिरिक्त क्षे. फ.।

पण्णारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीसगुणं। लवणसमुद्दसहिदकालोदसमुद्दस्स खेत्तफलादो पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलं सत्तारसगुणं होऊण चउवण्णसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदि। पमाणं ५४०००००००००००। लवणकालोदगसहिदपोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलादो वारुणिवरणीरासिस्स खेत्तफलं पण्णारसगुणं होदूण पणदालसक्खचउवण्णसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदू ४५५४०००००००००००। एवं वारुणिवरणीरासिप्पहुदि हेट्ठिमणीरासीणं खेत्तफलसमूहादो उवरिमणिण्णगणाहस्स खेत्तफलं पत्तेयं पण्णारसगुणं पक्खेवभूदपणदालसक्ख-चउवण्णसहस्सकोडीओ चउग्गुणं होऊण पुणो एक्कलक्ख-बासट्ठिसहस्सकोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदू १६२०००००००००००। एवं णेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति। तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणणिण्णगाणाहस्साधो हेट्ठिमसव्वाण णीरासीणं खेत्तफलपमाणं रज्जूवे वग्गं तिगुणिय असीदिरूवेहिं भजिदमेत्तं, पुणो एक्कसहस्स-छसय-सत्तासीदिकोडिपणालक्खजोयणेहिं अब्भहियं होदि, पुणो बावण्णसहस्स-पंचसयजोयणेहिं गुणिदरज्जूहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा $\frac{रा.^{२}\times ३}{८०}$ + यो. १६८७५०००००० रिण रज्जू $\frac{रा.\times यो. ५२५००}{}$। सयंभूरमणसमुद्दस्स खेत्तफलं तप्पमाणं रज्जूवे वग्गं णवरूवेहिं गुणिय सोलसरूवेहिं भजिदमेत्तं, पुणो एक्कलक्ख बारससहस्स पंचसयजोयणेहिं

पन्द्रहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते है। वह इस प्रकार है— लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे कालोदकसमुद्रका क्षेत्रफल अट्ठाईसगुणा है। लवणसमुद्र सहित कालोदकसमुद्रके क्षेत्रफलसे पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल सत्तरहगुणा होकर चौवन हजार करोड़ योजन अधिक है। प्रमाण ५४०००००००००००। लवण व कालोदक सहित पुष्करवरसमुद्रके क्षेत्रफलसे वारुणीवरसमुद्रका क्षेत्रफल पन्द्रहगुणा होकर पैंतालीस लाख चौवन हजार करोड़ योजन अधिक है ४५५४०००००००००००। इस प्रकार वारुणीवरसमुद्रसे लेकर अधस्तन समुद्रोंके क्षेत्रफलसमूहसे उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल प्रत्येक पन्द्रहगुणा होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत पैंतालीस लाख चौवन हजार करोड़ योजनोंसे चौगुणा होकर एक लाख बासठ हजार करोड़ योजन अधिक है १६२०००००००००००। इस प्रकार यह क्रम स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त जानना चाहिये। इसमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणसमुद्रके नीचे अधस्तन सब समुद्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण राजुके वर्गको तीनसे गुणा करके अस्सीका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनेमात्र होकर एक हजार छहसौ सतासी करोड़ पचास लाख योजन अधिक और बावन हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित राजुसे हीन है। उसकी स्थापना— $\frac{रा.^{२}\times ३}{८०}$ + यो. १६८७५०००००० — (रा. × यो. ५२५००)।

स्वयंभूरमणसमुद्रका जो क्षेत्रफल है उसका प्रमाण राजुके वर्गको नौसे गुणा करके सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना होनेके अतिरिक्त एक लाख बारह हजार

१ द ब पण्णारस.

गुणिदरज्जूअब्भहियं होइ, पुणो पण्णासलक्ख-सत्तासीदिकोडिअब्भहियछसयएक्कसहस्सकोडिजोयणेहिं परिहीणं होदि । तस्स ठवणा $\frac{\text{रा.}^{2}}{\text{यो.}}$ ५०० | १६ धण ७ | ११२५०० रिण १६८७५०००००० । तव्वड्ढीणं आणयणहेदु इमं गाहासुत्तं—

तियलक्खूणं अंतिमरुंदं णवलक्खरहिदआयामो । पण्णारससाहिदेहिं संगुणं लद्धं हेट्ठिल्लसव्वउवहिफलं ॥ २७१

सादिरेयपमाणाणयणणिमित्तं गाहासुत्तं—

पांचसौ योजनोंसे गुणित राजुसे अधिक और एक हजार छहसौ सतासी करोड़ पचास लाख योजन कम है । उसकी स्थापना— रा.^{2}×५००÷१६+ (रा. × यो. ११२५००)— यो. १६८७५०००००० ।

इन वृद्धियोंके लानेके हेतु यह गाथासूत्र है—

तीन लाख कम अन्तिम विस्तार और नौ लाख कम आयामको परस्पर गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसमें पन्द्रहका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उतना अधस्तन सब समुद्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २७१ ॥

उदाहरण— (१) पुष्करवरसमुद्रका वि. यो. ३२ ला. । ३२ ला. – ३ ला. = २९ ला., आयाम २७९ ला. । २७९ ला. – ९ ला. = २७० ला.; २७० ला. × २९ ला. ÷१५ = ५२२०००००००००० लवण व कालोदका सम्मिलित क्षे. फ. ।

(२) स्वयंभूरमणसमुद्रका विस्तार = $\frac{1}{2}$ रा. + ७५००० यो. व आयाम = $\frac{1}{2}$ रा. – २२५००० यो. । अतएव स्वयंभूरमणसमुद्रसे अधस्तन समस्त समुद्रोंका क्षेत्रफल हुआ—

$$\left\{ \left(\frac{1}{2} \text{ रा.} + ७५००० \text{ यो.} - ३ \text{ लाख यो.} \right) \times \left(\frac{1}{2} \text{ रा.} - २२५००० \text{ यो.} - ९ \text{ लाख यो.} \right) \right\} \div १५$$

$$= \left\{ \left(\frac{1}{2} \text{ रा.} - २२५००० \text{ यो.} \right) \times \left(\frac{1}{2} \text{ रा.} - ११२५००० \text{ यो.} \right) \right\} \div १५$$

$$= \left(\frac{1}{4} \text{ रा.}^{2} - ७८७५०० \text{ रा. यो.} + २५३१२५ \times १०^{1} \right) \div १५$$

$$= \frac{1}{60} \text{ रा.}^{2} - ५२५०० \text{ रा. यो.} + १६८७५ \times १०^{1} \text{ ।}$$

सातिरेक प्रमाणको लानेकेलिये गाथासूत्र—

१ द ब एक्कसयकोडि.• २ [भजिदेहिं].

तिविहं सूइसमूहं वारुणिवरउवहिपहुदिउवरिल्लं । चउलक्खगुणं अहियं अट्ठरसमहस्सकोडिपरिहीणं ॥२७२

सोलसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा— धादईसंडदीवस्स विक्खंभं चत्तारिलक्खं, आयामं सत्तावीसलक्खं । पुक्खरवरदीवविक्खंभं सोलसलक्खं, आयामं पणतीसलक्खसहियएयकोडिजोयणपमाणं । वारुणिवरदीवविक्खंभं चउसट्ठिलक्खं आयामं सत्तसट्ठिलक्खसहियपंचकोडीओ । एवं हेट्ठिमविक्खंभादो उवरिमविक्खंभं चउगुणं, आयामादो आयामं चउरगुणं सत्तावीसलक्खेहिं अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति । धादईसंडदीवखेत्तफलादो पुक्खरवरदीवस्स खेत्तफलं वीसगुणं । पुक्ख-

वारुणीवरसमुद्रप्रभृति उपरिम समुद्रकी तीनों प्रकारकी सूचियोंके समूहको चार लाखसे गुणा करके प्राप्त राशिमेंसे अठारह हजार करोड़ कम करदेनेपर अधिकताका प्रमाण आता है ॥ २७२ ॥

उदाहरण — (१) वारुणीवरसमुद्रकी आदि सूची २५३ ला. + म. सू. ३८१ ला. + बा. सू. ५०९ ला. = ११४३ ला.; ११४३ ला × ४ ला. − १८००००००००००० = ४५५४०००००००००० अतिरेकप्रमाण ।

(२) स्वयंभूरमणसमुद्रकी आदि सूची = $\frac{1}{2}$ रा. − १५०००० यो.; मध्य सूची = $\frac{1}{2}$ रा. − ७५००० यो.; अन्त सूची = १ रा. । अतः इन तीनों सूचियोंका योग हुआ = $\frac{3}{2}$ रा. − २२५००० यो. । इस सूचियोंके योगसे चार लाखका गुणा करने व गुणनफलमेंसे १८ × १०^१० कम कर देनेसे प्राप्त हुआ = ९ लाख रा. यो. − २७१००० × १०^५ । यह अधस्तन समुद्रोंके क्षेत्रफलसे पन्द्रहगुणितसे अधिकका प्रमाण हुआ ।

अतः अधस्तन समुद्रोंका क्षेत्रफल — $\frac{1}{2}$ रा.^२ − ५२५०० रा. यो. + १६८७५ × १०^५ । इसका १५ गुणा हुआ = $\frac{15}{2}$ रा.^२ − ७८७५०० रा. यो. + २५३१२५ × १०^५ । इसमें उपर्युक्त सातिरेकप्रमाण जोडनेसे स्वयंभूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल हुआ — $\frac{15}{2}$ रा.^२ + ११२५०० रा. यो. − १६८७५ × १० ।

सोलहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इस प्रकार है— धातकीखण्डद्वीपका विस्तार चार लाख और आयाम सत्ताईस लाख योजन है । पुष्करवरद्वीपका विस्तार सोलह लाख और आयाम एक करोड़ पैंतीस लाख योजन है । वारुणीवरद्वीपका विस्तार चौंसठ लाख और आयाम पांच करोड़ सड़सठ लाख योजन है । इस प्रकार अधस्तन द्वीपके विस्तारसे तदनन्तर उपरिम द्वीपका विस्तार चौगुणा और आयामसे आयाम चौगुणा होनेके अतिरिक्त सत्ताईस लाख योजन अधिक होता हुआ स्वयंभूरमणद्वीप तक चला गया है ।

धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल बीसगुणा है । पुष्करवरद्वीपके

वरदीवस्स खेत्तफलादो वारुणीवरदीवस्स खेत्तफलं सोलसगुणं होऊण सत्तारसलक्ख-अट्ठावीससहस्स-कोडिजोयणेहिं अब्भहियं होदु १७२८०००००००००० । एवं हेट्ठिमदीवस्स खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स खेत्तफलं सोलसगुणं पक्खेवभूदसत्तारसलक्ख-अट्ठावीससहस्सकोडीओ चउग्गुणं होऊण गच्छदि जाव सयंभूरमणदीओ त्ति । एत्थ विक्खंभायामखेत्तफलाणं अंतिमविअप्पं वत्तइस्सामो— अहिंदवरदीवस्स विक्खंभं रज्जूए बत्तीसमभागं, पुणो णवसहस्स तिण्णिसय पंचहत्तरिजोयणेहिं अब्भहियं होदु । आयामं णव रज्जू ठविय बत्तीसरूवेहिं भागं घेत्तूण पुणो अट्ठलक्ख पण्णारस-सहस्स छसयपणवीसजोयणेहिं परिहीणं होदु । तस्स ठवणा $\frac{१}{३२}$ धण जोयणाणि ९३७५ । आयामं $\frac{९}{१}$ रिण जोयणाणि ८१५६२५ । अहिंदवर-दीवस्स खेत्तफलं रज्जूवे वग्ग णवरूवेहि गुणिय एक्कसहस्स-चउवीसरूवेहि भजिदमेत्तं, पुणो रज्जूए सोलसम-भाग ठविय तिण्णिलक्ख-पंचसट्ठिसहस्स-छसय पणवीसजोयणेहिं गुणिदमेत्त परिहीणं होदि, पुणो सत्तसय-चउसट्ठिकोडि-चउसट्ठि-कल-चउरासीदिसहस्स-तिसय पंचहत्तरिजोयणेहिं परिहीणं होदु । तस्स ठवणा $\frac{१}{१६}$ रिण रज्जूओ — $\frac{७६४६४८४३७५}{१६}$ रिण जोयणाणि ७६४६४८४३७५ । सयंभूरमणदीवस्स विक्खंभं रज्जूए अट्ठमभागं पुणो सत्तत्तीससहस्स-पंचसयजोयणेहिं अब्भहियं होदि, आयामं पुणो णवरज्जूए अट्ठमभागं पुणो पंचलक्ख बावट्ठिसहस्स पंचसयजोयणेहिं परिहीणं होदु । तस्स ठवणा

क्षेत्रफलसे वारुणीवरद्वीपका क्षेत्रफल सोलहगुणा होकर सत्तरह लाख अट्ठाईस हजार करोड़ योजन अधिक है १७२८०००००००००० । इस प्रकार स्वयंभूरमणद्वीप तक अवस्तन द्वीपके क्षेत्रफलसे तदनन्तर उपरिम द्वीपका क्षेत्रफल सोलहगुणा होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत सत्तरह लाख अट्ठाईस हजार करोड़ योजनोंसे चौगुणा होता गया है । यहां विस्तार, आयाम और क्षेत्र-फलके अन्तिम विकल्पको कहते हैं—

अहीन्द्रवरद्वीपका विस्तार राजुके बत्तीसवें भाग और नौ हजार तीन सौ पचत्तर योजन अधिक है, तथा इसका आयाम नौ राजुओंको रखकर बत्तीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे आठ लाख पन्द्रह हजार छह सौ पच्चीस योजन हीन है । उसकी स्थापना इस प्रकार है— विस्तार रा. $\frac{१}{३२}$ + यो. ९३७५ । आयाम रा. $\frac{९}{१}$ — यो. ८१५६२५ ।

अहीन्द्रवरद्वीपका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा करके एक हजार चौबीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे, राजुके सोलहवें भागको रखकर तीन लाख पैंसठ हजार छह सौ पच्चीस योजनोंसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना, कम है, पुनः सात सौ चौंसठ करोड़ चौंसठ लाख चौरासी हजार तीन सौ पचत्तर योजन कम है । उसकी स्थापना इस प्रकार है—

रा.^{२} × ९ ÷ १०२४ − (रा. $\frac{१}{१६}$ × ३६५६२५ यो.) − ७६४६४८४३७५ यो. ।

स्वयंभूरमणद्वीपका विस्तार राजुका आठवां भाग होकर सैंतीस हजार पांच सौ योजन अधिक है, और इसका आयाम नौ राजुओंके आठवें भागमेंसे पांच लाख बासठ हजार पांच सौ

$\frac{१}{७}$ | $\frac{१}{८}$ घण जोयणाणि ३७५०० । आयामं $\frac{१}{७}$ | $\frac{९}{८}$ रिण जोयणाणि ५६२५०० । पुणो खेत्तफलं रज्जूवे कदी णवरूवेहिं गुणिय चउसट्ठिरूवेहिं भजिदमेत्तं, पुणो रज्जू ठविय अट्ठावीससहस्स-एक्कसय-पंचवीसरूवेहिं गुणिदमेत्तं, पुणो पण्णाससहस्स-सत्ततीसलक्ख णवकोडिअट्ठभहियदोण्णिसहस्स-एक्कसय-कोडिजोयणं एदेहिं[1] दोहि रासीहिं परिहीणं पुविल्लरासी होदि । तस्स ठवणा $\frac{९}{६४}$ रिण रज्जू $\frac{२८१२५}{७}$ रिण जोयणाणि २१०९३७५०००० । अदिरेयस्स पमाणाणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

* सगसगमज्झिमसूई णवलक्खगुणं पुणो वि मिलिदव्वं । सत्तावीससहस्सं कोडीओ तं हुवेदि अदिरेगं ॥ २७३

योजन हीन है । उसकी स्थापना इस प्रकार है — विस्तार रा. $\frac{१}{८}$ + यो. ३७५०० । आयाम रा. $\frac{९}{८}$ − यो. ५६२५०० ।

पुनः इस द्वीपका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें चौसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे, राजुको स्थापित करके अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीसरो गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसे और दो हजार एक सौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजन, इन दो राशियोंको कम कर देनेपर अवशिष्ट पूर्वोक्त राशिप्रमाण है । उसकी स्थापना इस प्रकार है — रा.^{२} × ९ ÷ ६४ − (रा १ × २८१२५ यो.) − २१०९-३७५०००० ।

अतिरेकके प्रमाणको लानेके लिये गाथासूत्र —

अपनी अपनी मध्यम सूचीको नौ लाखसे गुणा करके उसमें सत्ताईस हजार करोड़ और मिला देनेपर वह अतिरेकप्रमाण होता है ॥ २७३ ॥

उदाहरण—(१) वारुणीवरद्वीपकी मध्य सूची १८९ ला. × ९ ला. + २७००० करोड़ = १७२८०००००००००० अतिरेकप्रमाण ।

(२) स्वयंभूरमणद्वीपकी मध्य सूची = $\frac{१}{८}$ − १८७५०० यो.

× ९००००० यो.

३३७५०० रा. यो. − १६८७५०००००० + २७००००००००० अतिरेकका प्रमाण — ३३७५०० रा. यो. + १०१२५०००००० अहीन्द्र. द्वी. का सोलह गुणित क्षे.फ. $\frac{९}{६४}$ रा.^{२} − २६५६२५ रा. यो.−१२२३४३७५०००० स्वयंभूरमणद्वीपका क्षेत्रफल— $\frac{९}{६४}$ रा.^{२} − २८१२५ रा. यो.− २१०९३७५०००० ।

१ द एदे हदाहः ब एदे हवाह.

सत्तारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— धादईसंडखेत्तफलादो पुक्खरवरदीवस्स खेत्तफलं वीसगुणं। धादईसहिदपोक्खरवरदीवखेत्तफलादो वारुणिवरखेत्तफलं सोलसगुणं। धादईपोक्खरवरदीवसहियवारुणिवरदीवखेत्तफलादो खीरवरदीवखेत्तफलं पण्णारसगुणं होऊण सीदिसहस्सभहियएक्काणउदिलक्खकोडीओ अब्भहियं होइ ९१८०००००००००००। एवं खीरवरदीवप्पहुदि अब्भंतरिमसव्वदीवखेत्तफलादो तदणंतरबाहिरभागणिविट्ठदीवखेत्तफलं पण्णारसगुणं पक्खेवभूदसीदिसहस्सकोडिसहियएक्काणवदिलक्खकोडीओ चउग्गुणं होऊण एयलक्ख-अट्ठसहस्सकोडिजोयणेहिं[1] अब्भहियं होइ १०८०००-००००००००। एवं णेदव्वं जाव सयंभूरमणदीवो त्ति। तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिमसव्वदीवाणं खेत्तफलपमाणं रज्जूवे वग्गं तिगुणिय तीसुत्तरतिण्णिसदाहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्कसहस्सं तिण्णिसयउणसट्ठिकोडीओ सत्तणीसलक्खं पण्णाससहस्सजोयणेहिं अब्भहियं होइ। पुणो एक्कतीससहस्सं अट्ठसयपंचहत्तरिजोयणेहिं गुणिदरज्जूए[2] परिहीणं होइ। तस्स ठवणा रू.°। रू.°। धणं जोयणाणि १३५९३७५००००। रिणं रज्जू रू.। ३१८७५। सयंभूरमणदीवस्स खेत्तफलं रज्जूए कदी णवरूवेहिं गुणिय चउसट्ठिरूवेहिं भजिदमेत्तं, पुणो रज्जू रूविय अट्ठावीससहस्स-एक्कसयपंचवीसरूवेहिं गुणिद-

सत्तरहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं। वह इस प्रकार है— धातकीखण्डके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल बीसगुणा है। धातकीखण्ड सहित पुष्करवरद्वीपके क्षेत्रफलसे वारुणीवरद्वीपका क्षेत्रफल सोलहगुणा है। धातकीखण्ड और पुष्करवरद्वीपसे सहित वारुणीवरद्वीपके क्षेत्रफलसे क्षीरवरद्वीपका क्षेत्रफल पन्द्रहगुणा होकर इक्यानवे लाख अस्सी हजार करोड़ योजन अधिक है ९१८०००००००००००। इस प्रकार क्षीरवरप्रभृति अभ्यन्तर सब द्वीपोंके क्षेत्रफलसे तदनंतर बाह्य भागमें स्थित द्वीपका क्षेत्रफल पन्द्रहगुणा होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत इक्यानवे लाख अस्सी हजार करोड़ चौगुणे होकर एक लाख आठ हजार करोड़ योजनोंसे अधिक है १०८०००००००००। यह क्रम स्वयंभूरमणद्वीप तक जानना चाहिये। इनमेंसे अन्तिम विकल्पको कहते हैं— स्वयंभूरमणद्वीपके अधस्तन सब द्वीपोंके क्षेत्रफलका प्रमाण राजुके वर्गको तिगुणा करके तीनसौ बीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे, एक हजार तीनसौ उनसठ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजन अधिक तथा इकतीस हजार आठसौ पचत्तर योजनोंसे गुणित राजुसे हीन है। उसकी स्थापना—

(रा.° ×३÷३२०) + यो. १३५९३७५०००० − (रा. × ३१८७५)।

स्वयंभूरमणद्वीपका क्षेत्रफल राजुके वर्गको नौसे गुणा करके चौंसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसमेंसे, राजुको स्थापित करके अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीससे गुणा करनेपर

१ द ब एयलक्ख-अट्ठारससहस्स°, अंबे-पाप्रौ ११८० आदि। २ द ब रज्जूएविं.
३ द ब पंचवीससहस्सरूवेहिं.

सेसं, पुणो पण्णारसहस्से सत्ततीसलक्ख णवकोडिअब्भहियदोण्णिसहस्स-एक्कसयकोडिजोयणं, एदेहिं दोहिं रासीहिं परिहीणं पुढविरज्जुरासी होदि। तस्स ठवणा $\frac{१}{२}$ । $\frac{१}{२}$ रिण रज्जुओ $\frac{१}{२}$। २८१२५ रिण जोयणाणि २१०९३७५०००० । अब्भंतरिमसयंभूरमणदीवसेसफलं मेलावेदूण आणयणट्ठमिमं गाहासुत्तं—

विक्खंभायामे इगि सगतीसं लक्खसवणमंतिमए। पण्णारसहिदे लद्धं इच्छादो हेट्ठिमाण संकलणं ॥ २७४

अधियपमाणेमाणेयं गहेदुमिमं गाहासुत्तं —

जो राशि उत्पन्न हो उसको, तथा दो हजार एकसौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजन, इन दो राशियोंको कम कर देनेपर अवशिष्ट पूर्वोक्त राशिप्रमाण है। उसकी स्थापना- (रा.^{२} × ९ ÷ ६४) – (रा. १ × २८१२५) – २१०९३७५०००० ।

अभ्यन्तर सब द्वीपोंके क्षेत्रफलको मिलाकर निकालनेके लिये यह गाथासूत्र है —

अन्तिम द्वीपके विष्कम्भ और आयामसे क्रमशः एक लाख और सत्ताईस लाख कम करके (शेषके गुणफलमें) पन्द्रहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना इच्छित द्वीपसे (जम्बूद्वीपको छोड़कर) अधस्तन द्वीपोंका संकलन होता है ॥ २७४ ॥

उदाहरण— (१) वारुणीवरद्वीपका विष्कम्भ ६४ लाख और आयाम ५६७ लाख योजन है। अतएव धातकीखण्ड और पुष्करद्वीपका सम्मिलित क्षेत्रफल इस प्रकार हुआ - ६४ ला.– १ ला. = ६३ ला.; ५६७ ला. – २७ ला. = ५४० ला. यो.: ६३ ला. × ५४० ला. ÷ १५– २२६८०००००००००० यो. ।

(२) स्वयंभूरमणद्वीपके अधस्तन समस्त द्वीपों (जम्बूद्वीपको छोड़कर) का प्रमाण— स्वयंभूरमणद्वीपका विष्कम्भ = $\frac{१}{२}$ रा. + ३७५०० यो.; आयाम = $\frac{१}{२}$ रा. – ५६२५०० यो.। इन दोनों राशियोंमेंसे क्रमशः १ लाख और २७ लाख घटानेसे शेष रहे—

$\frac{१}{२}$ रा. – ६२५०० यो. व $\frac{१}{२}$ रा. – ३२६२५०० यो.; इन दोनोंका परस्पर गुणा करनेपर उत्पन्न हुआ—

$\frac{१}{४}$ रा.^{२} – ४७८१२५ रा. यो. + २०३९०३२५०००० यो.; इस राशिमें १५ का भाग देनेपर उत्पन्न हुआ—

$\frac{१}{६०}$ रा.^{२} – ३१८७५ रा. यो. + १३५९३७५०००० यो.; यह स्वयंभूरमणद्वीपसे अधस्तन द्वीपोंका संकलित क्षेत्रफल हुआ ।

अधिक प्रमाणको लानेका हेतु यह गाथासूत्र है—

१ द ब पण्णारससहस्स°, अकेष्वपि २१०९३७१५०००. २ द ब हेट्ठिमाह. ३ द ब समाण°.

खीरवरदीवपहुदिं उवरिमदीवस्स दीहपरिमाणं । चउलक्खे संगुणिदे परिवड्ढी होइ उवरिं उवरिं ॥ २७५

अट्ठारसमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो— लवणोदधीए[1] आदिमसूई एक्कलक्खं, मज्झिमसूई तिण्णिलक्खं, बाहिरसूई पंचलक्खं, एदेसिं तिट्ठाणसूईणं मज्झे कमसो चउलक्कट्ठलक्खाणि मेलिदे धादईसंड-दीवस्स आदिममज्झिमबाहिरसूईओ होंति । पुणो धादईसंडदीवस्स तिट्ठाणसूईणं मज्झे पुव्विल्लपक्खेवं दुगुणिय कमसो मेलिदे कालोदगसमुद्दस्स तिट्ठाणसूईओ होंति[2] । एवं हेट्ठिमदीवस्स वा रयणायरस्स वा तिट्ठाण-सूईणं मज्झे चउलक्कट्ठलक्खाणि अब्भहियं करिय[3] उवरिमदुगुणदुगुणकमेण[4] मेलावेदव्वं जाव सयंभूरमण-

क्षीरवरद्वीपको आदि लेकर उपरिम द्वीपकी दीर्घताके प्रमाण अर्थात् आयामको चार लाखसे गुणित करनेपर ऊपर ऊपर वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २७५ ॥

उदाहरण — (१) क्षीरवरद्वीपका विस्तार = २५६ लाख यो.; आयाम २२९५ लाख यो.। अतएव २२९५ ला. × ४ ला. = ९१८० × १०[10] यो. । यह क्षीरवरद्वीपसे अधस्तन द्वीपोंके क्षेत्रफलसे पन्द्रह गुणा होकर अधिकका प्रमाण है जो क्षीरवरद्वीपमें प्राप्त होता है ।

(२) अधस्तन द्वीपोंके क्षेत्रफलसे १५ गुणा होकर जो सातिरेकप्रमाण स्वयंभूरमणद्वीपमें पाया जाता है वह इस प्रकार है— स्वयंभूरमणद्वीपका आयाम = $\frac{1}{2}$ रा. — ५६२५०० यो.; इसको चार लाखसे गुणा करनेपर प्राप्त हुआ = ४५०००० रा. यो.— २२५×१०[5] । अतः स्वयंभूरमणद्वीपका क्षेत्रफल हुआ —

$\frac{1}{2}$ रा. — ४७८१२५ रा. यो. + २०३९०६२५०००० यो.
४५०००० रा. यो. — २२५०००००००० यो.

$\frac{1}{2}$ रा. — २८१२५ रा. यो. — २१०९३७५०००० यो.

अठारहवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं— लवणसमुद्रकी आदिम सूची एक लाख, मध्यम सूची तीन लाख और बाह्य सूची पांच लाख योजन है । इन तीन सूचियोंके मध्यमें क्रमसे चार लाख, छह लाख और आठ लाख मिलानेपर धातकीखण्डकी आदिम, मध्यम और बाह्य सूची होती है । पुनः धातकीखण्डकी तीनों सूचियोंमें पूर्वोक्त प्रक्षेपको दुगुणा करके क्रमशः मिलादेनेपर कालोदकसमुद्रकी तीनों सूचियां होती हैं । इस प्रकार अधस्तन द्वीप अथवा समुद्रकी त्रिस्थान सूचियोंमें चार, छह और आठ लाख अधिक करके आगे आगे स्वयंभूरमणसमुद्र तक

१ द ब णीरद्धीए. २ द ब होंदि. ३ द ब अब्भहियं व करिय. ४ द ब उवरिमगुणदुगुण.
५ द ब ०
TP. 75

समुद्दो त्ति। तत्थ अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो। तं जहा- सयंभूरमणदीवस्स आदिमसूईमज्झे रज्जूए चाउब्भागं पुणो पंचहत्तारिसहस्सजोयणाणि संमिलिदे सयंभूरमणसमुद्दस्स आइमसूई होदि। तस्स ठवणा $\frac{-}{२\ ४}$ धण जोयणाणि ७५०००। पुणो तद्दीवस्स मज्झिमसूइम्मि तियरज्जूण अट्ठमभागं पुणो एक्कलक्ख-बारससहस्स-पंचसयजोयणाणि संमिलिदे सयंभूरमणसमुद्दस्स मज्झिमसूई होइ $\frac{-}{८}\ \frac{३}{४}$ धण जोयणाणि ११२५००। पुणो सयंभूरमणदीवस्स बाहिरसूईमज्झे रज्जूए अद्धं[1] पुणो दिवड्ढलक्खजोयणेण मेलिदे चरिमसंसमुद्दअंतिम-सूई होइ। तस्स ठवणा— $\frac{-}{१\ ४}$ धण जोयणाणि १५००००। एत्थ वड्ढीण आणयणहेदुमिमं गाहासुत्तं—

धादइसंडप्पहुदिं इच्छियदीओदहीण रुंदद्धं। दुतिचउरूवेहिं हदो तिट्ठाणे होंति परिवड्ढी ॥ २७६

दूने दूने क्रमसे मिलाने जाना चाहिये। उनमें अन्तिम विकल्पको कहते हैं। वह इस प्रकार है— स्वयंभूरमणद्वीपकी आदिम सूचीमें राजुके चतुर्थ भाग और पचत्तर हजार योजनोंको मिलानेपर स्वयंभूरमणसमुद्रकी आदिम सूची होती है। उसकी स्थापना— रा. $\frac{१}{४}$ + यो. ७५०००। पुनः इसी द्वीपकी मध्यम सूचीमें तीन राजुओंके आठवें भाग और एक लाख बारह हजार पांचसौ योजनोंको मिलानेपर स्वयंभूरमणसमुद्रकी मध्यम सूची होती है— रा. $\frac{३}{४}$ + यो. ११२५००। पुनः स्वयंभूरमणद्वीपकी बाह्य सूचीमें राजुके अर्ध भाग और डेढ़ लाख योजनोंको मिलानेपर उपरिम (स्वयंभूरमण) समुद्रकी अन्तिम सूची होती है। उसकी स्थापना— रा. $\frac{१}{२}$ + यो. १५००००।

यहां वृद्धियोंके लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

धातकीखण्डप्रभृति इच्छित द्वीप-समुद्रोंके आधे विस्तारको दो, तीन और चारसे गुणा करनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो उतनी क्रमसे तीनों स्थानोंमें वृद्धि होती है ॥ २७६ ॥

उदाहरण— (१) कालोदकसमुद्रका विस्तार आठ लाख यो. है; अतः $\frac{१}{२}$ ला. × २ = ८ ला. आदिमसूचीवृद्धि। $\frac{१}{२}$ ला. × ३ = १२ ला. म. सू. वृद्धि। $\frac{१}{२}$ ला. × ४ = १६ ला. अं. सू. वृद्धि।

(२) स्वयंभूरमणद्वीपकी आदिसूची $\frac{१}{४}$ रा. – २२५००० यो.; मध्यसूची $\frac{३}{४}$ रा. – १८७५००; अन्तसूची $\frac{१}{२}$ रा. – १५०००० यो.; स्वयंभूरमणसमुद्रका विस्तार $\frac{१}{४}$ रा. + ७५००० यो.; अतएव स्वयंभूरमणसमुद्रकी सूचियोंको लानेके लिये ($\frac{१}{४}$ रा. + ७५०००) ÷ २ को क्रमशः २, ३ व ४ से गुणा करनेपर वे ही प्रक्षेप राशियां उत्पन्न होंगी जो ऊपर बतला चुके हैं। इनको स्वयंभूरमणद्वीपकी उपर्युक्त सूचियोंमें मिलानेसे क्रमशः स्वयंभूरमणसमुद्रकी सूचियां इस प्रकार प्राप्त होती हैं —

१ द ब पिंड. २ द ब मेलिदोपरिम°.

छणवीसदिमपक्खे अप्पाबहुगं वत्तइस्सामो। तं जहा— लवणसमुद्दस्सायामं णवलक्खं, तम्मि अट्ठारसलक्खं संमेलिदे धादईसंडस्स दीवस्स आयामं होदि। धादईसंडदीवस्स आयामम्मि पक्खेवभूद-अट्ठारसलक्खं दुगुणिय मेलिदे कालोदगसमुद्दस्स आयाम होइ। एवं पक्खेवभूदअट्ठारसलक्खं दुगुणदुगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति। तत्तो अंतिमवियप्पं वत्तइस्सामो— तत्थ सयंभूरमणदीवस्स आयामादो सयंभूरमणसमुद्दस्स आयामवड्ढी णवरज्जूणं अट्ठमभागं पुणो तिण्णिलक्ख-सत्ततीससहस्स-पंच-सयजोयणेहिं अब्भहियं होइ। तस्स ठवणा $\frac{1}{8}$ रूण जोयणाणि ३३७५००। लवणसमुद्दादिइच्छिय-दीवसयणायराणं आयामवड्ढिपमाणाणयणहेदुं इमं गाहासुत्त—

स्वयंभूरमणद्वीपकी आदिसूची	$\frac{1}{4}$ रा.	– २२५००० यो.
प्रक्षेप	$\frac{1}{8}$ रा.	+ ७५००० यो.
स्वयंभूरमणसमुद्रकी आदिसूची	$\frac{1}{2}$ रा.	– १५०००० यो.
स्वयंभूरमणद्वीपकी मध्यसूची	$\frac{1}{2}$ रा.	– १८७५०० यो.
प्रक्षेप	$\frac{1}{8}$ रा.	+ ११२५०० यो.
स्वयंभूरमणसमुद्रकी मध्यसूची	$\frac{1}{8}$ रा.	– ७५००० यो.
स्वयंभूरमणद्वीपकी अंतसूची	$\frac{1}{2}$ रा.	– १५०००० यो.
प्रक्षेप	$\frac{1}{2}$ रा.	+ १५०००० यो.
स्वयंभूरमणसमुद्रकी अंतसूची	१ राजु.	

उन्नीसवें पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं — लवणसमुद्रका आयाम नौ लाख है। इसमें अठारह लाख मिलानेपर धातकीखण्डका आयाम होता है। धातकीखण्डद्वीपके आयाममें प्रक्षेपभूत अठारह लाखको दुगुणा करके मिलानेपर कालोदकसमुद्रका आयाम होता है। इस प्रकार स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त प्रक्षेपभूत अठारह लाख दुगुणे दुगुणे होते गये हैं। यहां अन्तिम विकल्पको कहते हैं — स्वयंभूरमणद्वीपके आयामसे स्वयंभूरमणसमुद्रके आयाममें नौ राजुओंके आठवें भाग तथा तीन लाख सैंतीस हजार पांचसौ योजन अधिक वृद्धि होती है। उसकी स्थापना— रा. $\frac{1}{8}$ + यो. ३३७५००।

लवणसमुद्रको आदि लेकर इच्छित द्वीप-समुद्रोंकी आयामवृद्धिके प्रमाणको लानेके लिये यह गाथासूत्र है—

---

१ द ब होंति. २ द ब °दीवे.

धादइसंडप्पहुदिं इच्छियदीवोवहीण विक्खारं । अद्धिय तं णवहि गुणं हेट्ठिमदो होदि उवरिमे वड्ढी ॥ २७७

। एवं दीउवहीणं णाणाविहखेत्तफलपरूवणं समत्तं ।

एयक्खवियलसयला बारस तिय दोण्णि होंति उत्तकमे । भूआउतेउवाऊ पत्तेकं बादरा सुहुमा ॥ २७८

साहारणपत्तेयसरीरवियप्पे वणप्फई[1] दुविहा । साहारण थूलिदरा[2] पदिट्ठिदिदरा[3] य पत्तेयं ॥ २७९


धातकीखण्डको आदि लेकर इच्छित द्वीप-समुद्रोंके विस्तारको आधा करके उसे नौसे गुणित करनेपर प्राप्त राशिप्रमाण अधस्तन द्वीप या समुद्रसे उपरिम द्वीप या समुद्रके आयाममें वृद्धि होती है । ॥ २७७ ॥

उदाहरण—(१) कालोदकसमुद्रका विस्तार यो. ८ ला.; ८ ला. ÷ २ × ९ = ३६ ला. = कालोद. ६३ ला. – धातकी. २७ ला. यो. । यह धातकीखण्डके आयामसे कालोदसमुद्रके आयाममें हुई वृद्धिका प्रमाण है ।

(२) स्वयम्भूरमणसमुद्रका विस्तार $\frac{1}{2}$ रा. + ७५००० यो. है । अतएव उक्त नियमानुसार स्वयम्भूरमणद्वीपके आयामसे उसकी आयामवृद्धिका प्रमाण इस प्रकार होगा— ($\frac{1}{2}$ रा. + ७५००० यो.) ÷ २ × ९ = $\frac{9}{4}$ रा. + ३३७५०० = (स्व. रा. आ. $\frac{1}{2}$ रा. – २२५००० यो.) – (स्व. द्वी. आ. $\frac{1}{2}$ रा. – ५६२५०० यो.) ।

इस प्रकार द्वीप-समुद्रोंके नाना प्रकारके क्षेत्रफलका प्ररूपण समाप्त हुआ ।

एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और सकलेन्द्रिय जीव उक्त क्रमसे बारह, तीन और दो भेदरूप है । इनमेंसे एकेन्द्रियोंमें पृथिवी, जल, तेज और वायु, ये प्रत्येक बादर एवं सूक्ष्म होते है । साधारणशरीर और प्रत्येकशरीरके भेदसे वनस्पतिकायिक जीव दो प्रकार है । इनमें साधारण स्थूल और सूक्ष्म, तथा प्रत्येकशरीर प्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित होते है ॥ २७८–२७९ ॥



१ द ब वणपई. २ द ब °थूलिदिरा. ३ द ब परिदिट्ठिदिरा.

विगला विदितिचउरक्खा सयला सण्णी असण्णिणो एदे। पज्जत्तेदरभेदा चोत्तीसा अह यणेयविहा ॥ २८०

पु. ४	अ. ४	ते. ४	वा ४	सा.४	प.४	बि.२	ति २	च. २	अ. २	स. २
बा सु.	बा.सु.	बा.सु.	बा.सु.	बा.सु.	प अ.	प.अ.	प. अ.	प. अ.	प अ.	प. अ


एवं जीवभेदपरूवणा गाहा[1] ।

पुढविआईभेयं[2] परूवेमो ।

एत्तो चोत्तीसविहाणं तिरिक्खाणं परिमाणं उच्चदे ।

[संपहि] सुत्तविरुद्धेण आइरियपरंपरागदोवदेसेण तेउक्काइयरासिउप्पायणविहाणं वत्तइस्सामो। तं जहा— एग घणलोगं सलागभूदं ठविय अवरेगं घणलोगं[3] विरलिय एक्केक्कस्स रूवस्स[4] घणलोगं[5] दादूण वग्गिदसंवग्गिदं करिय सलागरासीदो एगरूवमवणेयव्वं । तावे एक्का अण्णोण्णगुणगारसलागा लब्भदि । तस्सुप्पण्णरासिस्स पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्ता वग्गसलागा भवंति । तस्सद्धच्छेदणयसलागा असं-

दोइन्द्रिय, तीनइन्द्रिय और चारइन्द्रियके भेदसे विकल जीव तीन प्रकार, तथा संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे सकल जीव दो प्रकार है। ये सब जीव (१२ + ३ + २) पर्याप्त व अपर्याप्तके भेदसे चौंतीस प्रकार होते है, अथवा अनेक प्रकार है ॥ २८० ॥



इस प्रकार ये गाथायें जीवभेदोंका प्ररूपण करनेवाली है ।

अब पृथ्वी आदि जीव भेदोंकी प्ररूपणा करते है ।

यहांसे आगे चौंतीस प्रकारके तिर्यंचोंके प्रमाणको कहते है—

इस समय सूत्रसे अविरुद्ध आचार्यपरंपरागसे चले आये उपदेशके अनुसार तेजस्कायिक राशिके उत्पादन-विधानको कहते है। वह इस प्रकार है— एक घनलोकको शलाकारूपसे स्थापित कर और दूसरे घनलोकका विरलन करके एक एक रूपके प्रति घनलोकप्रमाणको देकर और वर्गितसंवर्गित करके शलाकाराशिमेंसे एक रूप कम करना चाहिये। तब एक अन्योन्यगुणकार शलाका प्राप्त होती है। इस प्रकारसे उत्पन्न हुई उस राशिकी वर्गशलाकायें पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण होती हैं। इसी राशिकी अर्धच्छेदशलाकायें असंख्यात लोकप्रमाण और

१ द ब 'भेदो. २ 'एवं जीवभेदपरूवणा गाहा' इत्येतत् प्रत्योः पुनरुक्तम्। ३ द ब पुढविआईभेयं ४ द ब पुणलोगस्स. ५ द ब पुणलोगं. ६ द ब एक्केक्कं रूवस्स.

खेज्जा लोगा, रासी वि य संखेज्जलोगमेत्तो जादो। पुणो उट्ठिदमहारासिं विरलिदूण तत्थ एक्केक्कस्स रूवस्स उट्ठिदमहारासिपमाणं दादूण वग्गिदसंवग्गिदं करिय सलागरासीदो अवरेगरूवमवणेयव्वं। तावे[1] अण्णोण्ण-गुणगारसलागा दोण्णि, वग्गसलागा अद्धच्छेदणयसलागा रासी च असंखेज्जा लोगा। एवमेदेण कमेण णेदव्वं जाव लोगमेत्तसलागरासी समत्तो त्ति। तावे अण्णोण्णगुणगारसलागपमाणं लोगो, सेसतिगमसंखेज्जा लोगा। पुणो उट्ठिदमहारासिं विरलिदूण तं चेव सलागभूदं ठविय विरलिय एक्केक्कस्स रूवस्स उप्पण्णमहारासिपमाणं दादूण वग्गिदसंवग्गिदं करिय[2] सलागरासीदो एगरूवमवणेयव्वं। तावे अण्णोण्णगुणगारसलागा लोगो रूवाहिओ, सेसतिगमसंखेज्जा लोगा। पुणो उप्पण्णरासिं विरलिय रूवं पडि उप्पण्णरासिमेव दादूण वग्गिदसंवग्गिदं करिय सलागरासीदो अण्णेगरूवमवणेदव्वं। तावे अण्णोण्णगुणगारसलागा लोगो दुरूवाहिओ, सेसतिगमसंखेज्जा लोगा। एवमेदेण कमेण दुरूवूणुक्कस्ससंखेज्जलोगमेत्तसलागासु[3] दुरूवाहिय-

यह राशि भी असंख्यात लोकप्रमाण होती है। पुनः उत्पन्न हुई इस महाराशिका विरलन करके उसमेंसे एक एक रूपके प्रति इसी महाराशिप्रमाणको देकर और वर्गितसंवर्गित करके शलाका-राशिमेंसे एक अन्य रूप कम करना चाहिये। इस समय अन्योन्यगुणकारशलाकायें दो और वर्गशलाका एवं अर्धच्छेदशलाका राशि असंख्यात लोकप्रमाण होती है। इस प्रकार जब तक लोकप्रमाण शलाकाराशि समाप्त न हो जावे तब तक इसी क्रमसे करते जाना चाहिये। उस समय अन्योन्यगुणकारशलाकाओंका प्रमाण लोक और शेष तीनों राशियां अर्थात् उस समय उत्पन्न हुई महाराशि, उसकी वर्गशलाकाओं और अर्धच्छेदशलाकाओंका प्रमाण असंख्यात लोक होता है। पुनः उत्पन्न हुई इस महाराशिका विरलन करके इसे ही शलाकारूपसे स्थापित करके विरलित राशिके एक एक रूपके प्रति उत्पन्न महाराशिप्रमाणको देकर और वर्गितसंवर्गित करके शलाकाराशिमेंसे एक रूप कम करना चाहिये। तब अन्योन्यगुणकारशलाकायें एक अधिक लोकप्रमाण और शेष तीनों असंख्यात लोकप्रमाण ही रहती हैं। पुनः उत्पन्न राशिका विरलन करके एक एक रूपके प्रति उत्पन्न राशिको ही देकर और वर्गितसंवर्गित करके शलाकाराशिमेंसे अन्य एक रूप कम करना चाहिये। तब अन्योन्यगुणकारशलाकायें दो रूप अधिक लोकप्रमाण और शेष तीनों राशियां असंख्यात लोकप्रमाण ही रहती हैं। इस प्रकार इस क्रमसे दो कम उत्कृष्ट संख्यात लोकप्रमाण अन्योन्यगुणकारशलाकाओंके दो अधिक लोकप्रमाण

---

१ द ह उट्ठिद°, ब ईट्ठिद°. २ द ब ता जह. ३ द य लोगा. ४ द ब वग्गिदकरिय. ५ द ब दुरूवाणुक्कस्ससंखेज्जलोगमेत्तलोगसलागासु.

इन इन्द्रोंमेंसे जिनके नामोंका उच्चारण पहिले किया गया है वे दक्षिणेन्द्र, और जिनके नामोंका उच्चारण अन्तमें किया गया है वे उत्तरेन्द्र है। ये सब इन्द्र प्रभावसे संयुक्त होते है ॥ ५९ ॥

उन व्यन्तर देवोंके नगर अंजनक, वज्रधातुक, सुवर्ण, मनःशिलक, वज्र, रजत, हिंगुलक और हरिताल द्वीपमें स्थित है ॥ ६० ॥

इन्द्रोंके सम भागमें पांच पांच नगर होते है। इनमेंसे अपने नामसे अंकित नगर मध्यमें और प्रभ, कान्त, आवर्त एवं मध्य, इन नामोंसे अंकित [जैसे — किन्नरप्रभ, किन्नरकान्त, किन्नरावर्त, किन्नरमध्य] नगर पूर्वादिक दिशाओंमें होते है ॥ ६१ ॥

जम्बूद्वीपके समान इन द्वीपोंमें दक्षिण-इन्द्र दक्षिण भागमें, और उत्तर-इन्द्र उत्तर भागमें निवास करते है ॥ ६२ ॥

सम चौकोणरूपसे स्थित उन पुरोंके सुवर्णमय कोट विजय देवके नगरके वर्णनमें कहे गये कोटके चतुर्थ भागप्रमाण हैं ॥ ६३ ॥

उन नगरोंके बाहिर पूर्वादिक दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें अशोक, सप्तच्छद, चम्पक तथा आम्रवृक्षोंके वनसमूह स्थित है ॥ ६४ ॥

एक लाख योजन लंबे और पचास हजार योजनप्रमाण विस्तारसे सहित वे वनसमूह बहुत प्रकारकी अनेको विभूतियोंसे सुशोभित होते हैं ॥ ६५ ॥

उन नगरोंमें सुवर्ण, चांदी एवं रत्नमय जो दिव्य प्रासाद हैं उनकी ऊंचाई आदिका उपदेश इस समय नष्ट होगया है ॥ ६६ ॥

इन नगरोंमें नाना प्रकारके परिवारसे संयुक्त व्यन्तरेन्द्र बहुत प्रकारकी विभूतियोंसे क्रीड़ा करते हैं। यहां उनके परिवारके नामोंको कहते हैं ॥ ६७ ॥

पडिइंदा सामाणिय तणुरक्खा होंति तिण्णि परिसाओ । सत्ताणीयपइण्णा अभियोगं ताण पत्तेयं ॥ ६८

एक्केक्को पडिइंदो एक्केक्काणं हवेदि इंदाणं । चत्तारि सहस्साणिं सामाणियणामदेवाणं ॥ ६९

१ । सा ४००० ।

एक्केक्कस्सिंदे तणुरक्खाणं होइ सोलसहस्सा । अट्ठदहबारसकमा तिप्परिसासुं सहस्साणिं ॥ ७०

१६००० । ८००० । १०००० । १२००० ।

करिहयपाइक्क तहा गंधव्वा णट्टआ रहा वसहा । इय सत्ताणीयाणिं पत्तेक्कं होंति इंदाणं ॥ ७१

कुंजरतुरयादीणं पुह पुह चेट्ठंति सत्त कक्खाओ । तेसुं पढमा कक्खा अट्ठावीसं सहस्साणिं ॥ ७२

२८००० ।

बिदियादीणं दुगुणा दुगुणा ते होंति कुंजरप्पहुदी । एदाणं मिलिदाणं परिमाणाइं परूवेमो ॥ ७३

पंचत्तीसं लक्खा छप्पण्णसहस्ससंजुदा ताणं । एक्केक्कस्सिं इंदे हत्थीणं होंति परिमाणं ॥ ७४

३५५६००० ।

उन इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके प्रतीन्द्र, सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक और आभियोग्य, इस प्रकार ये परिवार देव होते हैं ॥ ६८ ॥

प्रत्येक इन्द्रके एक एक प्रतीन्द्र और चार हजार सामानिक नामक देव होते हैं ॥ ६९ ॥

प्र. १ । सा. ४००० ।

एक एक इन्द्रके तनुरक्षकोंका प्रमाण सोलह हजार और तीनों पारिषद देवोंका प्रमाण क्रमशः आठ हजार, दश हजार तथा बारह हजार है ॥ ७० ॥

१६००० । ८००० । १००००० । १२००० ।

हाथी, घोड़ा, पदाति, गन्धर्व, नर्तक, रथ और बैल, इस प्रकार ये प्रत्येक इन्द्रोंके सात सेनायें होती है ॥ ७१ ॥

हाथी और घोड़े आदिकी पृथक् पृथक् सात कक्षायें स्थित हैं । इनमेंसे प्रथम कक्षाका प्रमाण अट्ठाईस हजार है ॥ ७२ ॥ २८००० ।

द्वितीयादिक कक्षाओंमें वे हाथी आदि दूने दूने है । इनके सम्मिलित प्रमाणको कहते हैं ॥ ७३ ॥

उनमेंसे प्रत्येक इन्द्रके हाथियोंका प्रमाण पैंतीस लाख और छप्पन्न हजार है ॥ ७४ ॥

३५५६००० ।

बाणउदिसहस्साणिं छक्खा सगदाल बेण्णि कोडीओ। इंदाणं पत्तेकं सत्ताणीयाण परिमाणं ॥ ७५

२४८९२०००।

भोमिंदाण पइण्णयअभिजोग्गसुरा हुवंति किब्बिसिया। ताणं पमाणहेदू उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ ७६

एवंविहपरिवारा वेंतरइंदा सुहाइ भुंजंता। णंदंति णियपुरेसुं बहुविहकेलीओ' कुणमाणा ॥ ७७

णियणियइंदपुरीणं दोसु वि पासेसु होंति णयराणिं। गणिकामहत्तियाणं वरवेदीपहुदिजुत्ताणिं ॥ ७८

चुलसीदिसहस्साणिं जोयणया तप्पुरीण वित्थारो। तेत्तियमेत्तं दीहं पत्तेकं होदि णियमेणं ॥ ७९

। ८४०००।

णीचोपपाददेवा हत्थपमाणे वसंति भूमीदो। दिग्गुत्तासिसुरायंतरणिवासिकुंभंडउप्पण्णा ॥ ८०

अणुपण्णा अ पमाणय गंधमहगंधभुजंगपीदिकया। बारसमा आयासे उववण्ण वि इंदपरिवारा ॥ ८१

उवरिं उवरिं वसंते तिण्णि वि णीचोववादट्ठाणादो। दस हत्थसहस्साइं सेसा विउणेहि पत्तेकं ॥ ८२

प्रत्येक इन्द्रोंकी सात अनीकोंका प्रमाण दो करोड़ अड़तालीस लाख बानवे हजार है ॥ ७५ ॥ २४८९२००० ।

व्यन्तरेन्द्रोंके जो प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक देव होते है, उनके प्रमाणका निरूपक उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥ ७६ ॥

इस प्रकारके परिवारसे संयुक्त होकर सुखोंको भोगनेवाले व्यन्तरेन्द्र अपने अपने पुरोंमें बहुत प्रकारकी क्रीड़ाओंको करते हुए आनन्दको प्राप्त होते है ॥ ७७ ॥

अपने अपने इन्द्रकी नगरियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें उत्तम वेदी आदिसे संयुक्त गणिका-महत्तरियोंके नगर होते हैं ॥ ७८ ॥

उन पुरियोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार चौरासी हजार योजनप्रमाण और इतनी ही नियमसे लंबाई भी है ॥ ७९ ॥ ८४००० ।

नीचोपपाद देव पृथिवीसे एक हाथप्रमाण ऊपर निवास करते हैं। इनके अतिरिक्त दिग्वासी देव, अन्तरनिवासी, कूष्माण्ड, उत्पन्न, अनुत्पन्न, प्रमाणक, गन्ध, महागन्ध, भुजंग, प्रीतिक और बारहवें आकाशोत्पन्न, ये इन्द्रके परिवार-देव क्रमसे ऊपर ऊपर निवास करते है। इनमेंसे तीन प्रकारके (दिग्वासी, अन्तरनिवासी, कूष्माण्ड) देव नीचोपपाद देवोंके स्थानसे उत्तरोत्तर दश हजार हाथोंके अन्तरसे और शेष देवोंमेंसे प्रत्येक इससे दूने अर्थात् बीस हजार हाथोंके अन्तरसे रहते हैं ॥ ८०–८२ ॥

---

१ द्र केदीओ, ब केदाओ.

ताणं विण्णासरूवसंदिट्ठी—



। दक्खिण-उत्तरइंदाणं परूवणा समत्ता ।

उक्कस्साऊ पल्लं होदि असंखो य मज्झिमो आऊ । दस वाससहस्साणिं भोमसुराणं जहण्णाऊ ॥ ८३

प १ । a[1] । १०००० ।

इंदपडिंदसमाणय पत्तेक्कं एक्कमेक्कपल्लाऊ । गणिकामहत्तियाणं पल्लद्धं सेसयाण जहजोग्गं ॥ ८४

उनकी विन्यासरूप संदृष्टि—

क्रम संख्या	देव	अन्तर
१२	आकाशोत्पन्न	२०००० ह.
११	प्रीतिक	२०००० ह.
१०	भुजंग	२०००० ह.
९	महागन्ध	२०००० ह.
८	गन्ध	२०००० ह.
७	प्रमाणक	२०००० ह.
६	अनुत्पन्न	२०००० ह.
५	उत्पन्न	२०००० ह.
४	कूष्माण्ड	१००००० ह.
३	अन्तरनिवासी	१०००० ह.
२	दिग्वासी	१०००० ह.
१	नीचोपपाद	१ हस्त

इस प्रकार दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

व्यन्तर देवोंकी उत्कृष्ट आयु एक पल्यप्रमाण, मध्यम आयु असंख्यात वर्ष, और जघन्य आयु दश हजार वर्षमात्र है ॥ ८३ ॥ प. १ । असंख्यात । १०००० ।

इन्द्र, प्रतीन्द्र व सामानिक देवोंमेंसे प्रत्येककी आयु एक एक पल्यप्रमाण, गणिका-महत्तरियोंकी अर्ध पल्य, और शेष देवोंकी आयु यथायोग्य है ॥ ८४ ॥

१ द ब ज.

दस वाससहस्साणिं आऊ णीचोपवाददेवाणं । तत्तो जाव यसीदिं तेत्तियमेत्ताए वड्ढीए ॥ ८५

अह चुलसीदी पल्लट्ठमंसपादं कमेण[1] पल्लद्धं । दिव्वासिप्पहुदीणं भणिदं आउस्स परिमाणं ॥ ८६

१०००० । २०००० । ३०००० । ४०००० । ५०००० । ६०००० । ७०००० ।

८०००० । ८४००० । $\frac{१}{८}$ । $\frac{१}{४}$ । $\frac{१}{२}$ ।

। आउपमाणा समत्ता ।

दिव्वं अमयाहारं मणेण भुंजंति किंणरप्पमुहा । देवा देवीओ तहा तेसुं कवलासणं णत्थि ॥ ८७

पल्लाउजुदे देवे कालो असणस्स पंच दिवसाणिं । दोण्णि च्चिय णादव्वो दसवाससहस्सआउम्मि ॥ ८८

। आहारपरूवणा सम्मत्ता ।

पलिदोवमाउजुत्ता पंचमुहुत्तेहिं एंदि उस्सासो । सो अजुदाउजुदे वेंतरदेवम्मि अ सत्त पाणेहिं ॥ ८९

। उस्सासपरूवणा सम्मत्ता ।

नीचोपपाद देवोंकी आयु दश हजार वर्ष है । इसके आगे दिग्वासी आदि शेष देवोंकी आयुका प्रमाण क्रमसे अस्सी हजार वर्ष तक इतनी मात्र अर्थात् दश हजार वर्षोंकी वृद्धिसे, पश्चात् चौरासी हजार वर्ष, पल्यका आठवां भाग, पल्यका एक पाद, और अर्ध पल्यप्रमाण कहा गया है ॥ ८५–८६ ॥ नीचोपपाद वर्ष १०००० । दिग्वासी २०००० । अन्तरनिवासी ३०००० । कूष्माण्ड ४०००० । उत्पन्न ५०००० । अनुत्पन्न ६०००० । प्रमाणक ७०००० । गन्ध ८०००० । महागन्ध ८४००० । भुजंग पल्य $\frac{१}{८}$ । प्रीतिक $\frac{१}{४}$ । आकाशोत्पन्न $\frac{१}{२}$ ।

आयुका प्रमाण समाप्त हुआ ।

किन्नर आदि व्यन्तर देव तथा देवियां दिव्य एवं अमृतमय आहारका मनसे ही उपभोग करती हैं, उनके कवलाहार नहीं है ॥ ८७ ॥

पल्यप्रमाण आयुसे युक्त देवोंके आहारका काल पांच दिन, और दश हजार वर्षप्रमाण आयुवाले देवोंके आहारका काल दो दिनमात्र जानना चाहिये ॥ ८८ ॥

आहारप्ररूपणा समाप्त हुई ।

व्यन्तर देवोंमें जो पल्यप्रमाण आयुसे युक्त हैं वे पांच मुहूर्तोंमें, और जो दश हजार वर्षप्रमाण आयुसे संयुक्त हैं वे सात प्राणोंमें (उच्छ्वास-निश्वासपरिमित कालविशेष) ही उच्छ्वासको प्राप्त करते है ॥ ८९ ॥

उच्छ्वासप्ररूपणा समाप्त हुई ।

---

१ द ब 'पादकमेण.

अवरा ओहिधरित्ती अणुदसजुदस्स पंचकोसाणिं । उक्किट्ठा पण्णासा हेट्ठोवरि पत्तमाणस्स ॥ ९०

। को ५ । को ५० ।

पलिदोवमाउजुत्तो वेंतरदेवो तकम्मि उवरिम्मि । अवधीए जोयणाणं एक्कं लक्खं पलोएदि ॥ ९१

१००००० ।

। ओहिणाणं समत्तं ।

दसवाससहस्साऊ एक्कसयं माणुसाण मारेदुं । पोसेदुं पि समत्थो एक्केक्को वेंतरो देवो ॥ ९२

पण्णाधियसयदंडप्पमाणविक्खंभबहलजुत्तं सो । खेत्तं णियसत्तीए उक्खणिदूणं खवेदि[1] अण्णत्थ ॥ ९३

पल्लट्ठदि[2] भाजेहिं छक्खंडाणिं पि एक्कपल्लाऊ । मारेदुं पोसेदुं तेसु समत्थो ठिदं[3] लोयं ॥ ९४

उक्कस्से रूवसदं देवो विकरेदि अणुदमेत्ताऊ । अवरे सगरूवाणिं मज्झिमयं विविहरूवाणिं ॥ ९५

नीचे व ऊपर देखनेवाले दश हजार वर्षप्रमाण आयुसे युक्त व्यन्तर देवोंके जघन्य अवधिका विषय पांच कोश और उत्कृष्ट पचास कोशमात्र है ॥ ९० ॥

जघन्य को. ५ । उत्कृष्ट को. ५० ।

पल्योपमप्रमाण आयुसे युक्त व्यन्तरदेव अवधिज्ञानसे नीचे व ऊपर एक लाख योजन-प्रमाण देखते हैं ॥ ९१ ॥ १००००० ।

अवधिज्ञानका कथन समाप्त हुआ ।

दश हजार वर्ष प्रमाण आयुका धारक प्रत्येक व्यन्तर देव एक सौ मनुष्योंको मारने व पालनेके लिये समर्थ है ॥ ९२ ॥

वह देव एक सौ पचास धनुषप्रमाण विस्तार व बाहल्यसे युक्त क्षेत्रको अपनी शक्तिसे उखाड़कर अन्यत्र फेंक सकता है ॥ ९३ ॥

एक पल्यप्रमाण आयुका धारक व्यन्तर देव अपनी भुजाओंसे छह खण्डोंको उलट सकता है और उनमें स्थित लोगोंको मारने व पालनेके लिये भी समर्थ है ॥ ९४ ॥

दश हजार वर्षमात्र आयुका धारक व्यन्तर देव उत्कृष्ट रूपसे सौ रूपोंकी और जघन्यरूपसे सात रूपोंकी विक्रिया करता है । मध्यमरूपसे वह देव सातसे ऊपर और सौसे नीचे विविध रूपोंकी विक्रिया करता है ॥ ९५ ॥

---

१ द ब खेदि. २ द पडडेदि, ब पडदि. ३ द छक्खंडेण पि, ४ द ब दिदं.

सेसा वेंतरदेवा णियणियओहीण जेत्तियं खेत्तं । पूरंति तेत्तियं पि हु पत्तेक्कं विकरणबलेणं ॥ ९६

संखेज्जजोयणाणिं संखेज्जाऊ य एक्कसमयेणं । जादि असंखेज्जाणिं ताणि असंखेज्जआऊ य ॥ ९७

। सत्तिपरूवणा सम्मत्ता ।

अट्ठाण वि पत्तेक्कं किंणरपहुदीण वेंतरसुराणं । उच्छेहो णादव्वो दसकोदंडप्पमाणेणं ॥ ९८

। उच्छेहपरूवणा सम्मत्ता ।

चउलक्खाधियतेवीसकोडिअंगुलयसूइवग्गेहिं । भजिदाए सेढीए वग्गे भोमाण परिमाणं ॥ ९९

$\frac{\overline{\text{व}}}{४}$ | ५३०८४१६०००००००००० ।

। संखा सम्मत्ता ।

संखातीदविभत्ते वितरवासम्मि लद्धपरिमाणा । उप्पज्जंता देवा मरमाणा होंति तम्मेत्ता ॥ १००

। उप्पज्जणमरणा सम्मत्ता ।

बाकीके व्यन्तर देवोंमेंसे प्रत्येक देव अपने अपने अवधिज्ञानोंका जितना क्षेत्र है उतने मात्र क्षेत्रको विक्रियाबलसे पूर्ण करते हैं ॥ ९६ ॥

संख्यात वर्षप्रमाण आयुसे युक्त व्यन्तर देव एक समयमें संख्यात योजन और असंख्यात वर्षप्रमाण आयुसे युक्त वह असंख्यात योजन जाता है ॥ ९७ ॥

शक्तिप्ररूपणा समाप्त हुई ।

किन्नर प्रभृति आठों व्यन्तर देवोंमेंसे प्रत्येककी उंचाई दश धनुषप्रमाण जानना चाहिये ॥ ९८ ॥

उत्सेधप्ररूपणा समाप्त हुई ।

तेईस करोड़ चार लाख सूच्यंगुलोंके वर्गका (अर्थात् तीन सौ योजनके वर्गका) जगश्रेणिके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना व्यन्तर देवोंका प्रमाण है ॥ ९९ ॥

संख्याका कथन समाप्त हुआ ।

व्यन्तरोंके असंख्यातका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने देव उत्पन्न होते है और उतने ही मरते हैं ॥ १०० ॥

उत्पद्यमान व म्रियमाण देवोंका कथन समाप्त हुआ ।

आउसबंधणभावं दंसणगहणाण कारणं विविहं । गुणठाणपहुदीणिं भउमाणं भावसामाणि ॥ १०१

जोयणसदत्तियकदी भजिदे पदरस्स संखभागम्मि । जं लद्धं तं माणं वेंतरलोए जिणपुराणं ॥ १०२

$\frac{३००}{४}$ | ५३०८४१६०००००००००० ।

इंदसदणमिदचलणं अणंतसुहणाणविरियदंसणया । भव्वंबुजवणभाणुं सेयंसजिणं पसादेमि[१] ॥ १०३

एवमाइरियपरंपरागयतिलोयपण्णत्तीए वेंतरलोयसरूवणिरूवणपण्णत्ती णाम
छट्ठमो महाहियारो सम्मत्तो ॥ ६ ॥

आयुके बांधनेवाले भाव, सम्यग्दर्शनग्रहणके विविध कारण और गुणस्थानादिकोंका कथन व्यन्तरोंके भवनवासियोंके समान जानना चाहिये ॥ १०१ ॥

जगप्रतरके संख्यात भागमें तीनसौ योजनोंके वर्गका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना व्यन्तरलोकमें जिनपुरोंका प्रमाण है । ॥ १०२ ॥

जिनके चरणोंमें सौ इन्द्रोंने नमस्कार किया है और जो अनन्तसुख, अनन्तज्ञान, अनन्तवीर्य व अनन्तदर्शनसे सहित हैं तथा भव्यजीवरूप कमलवनके विकसित करनेके लिये सूर्यके समान हैं ऐसे श्रेयांस जिनको मैं प्रसन्न करता हूं ॥ १०३ ॥

इस प्रकार आचार्यपरंपरागत त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें व्यन्तरलोकस्वरूपनिरूपण प्रज्ञप्ति नामक छठा महाधिकार समाप्त हुआ ।

---

१ द ब पसादम्मि.

[सत्तमो महाधियारो]

[1]अक्खलियणाणदंसणसहियं सिरिवासुपुज्जजिणसामिं । णमिऊणं वोच्छामो जोइसियजगस्स पण्णत्तिं ॥ १
जोइसियणिवासखिदी भेदो संखा तहेव विण्णासो । परिमाणं चरचारो अचरसरूवाणि आऊ य ॥ २
आहारो उस्सासो उच्छेहो ओहिणाणसत्तीओ । जीवाणं उप्पत्तीमरणाइं एक्कसमयम्मि ॥ ३
आउगबंधणभावं दंसणगहणस्स कारणं विविहं । गुणठाणादिपवण्णणमहियारा सत्तरसिमाए ॥ ४

[१७][2]

रज्जुकदी गुणिदव्वं एक्कसयदसुत्तरेहिं जोयणए । तस्सिं अगम्मदेसं[3] सोधिय सेसम्मि जोदिसिया ॥ ५

=

४९ । ११० ।

तं पि य अगम्मखेत्तं समवट्टं जंबुदीवबहुमज्झे । पणएक्कखपणदुगणवदोतिखतियएक्कजोयणंककमे ॥ ६

१३०३२९२५०१५ ।

। णिवासखेत्तं सम्मत्तं ।

अस्खलित ज्ञान-दर्शनसे सहित श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्रको नमस्कार करके ज्योतिर्लोककी प्रज्ञप्तिको कहते हैं ॥ १ ॥

[1]ज्योतिषी देवोंका निवासक्षेत्र, [2]भेद, [3]संख्या, [4]विन्यास, [5]परिमाण, [6]चर ज्योतिषियोंका संचार, [7]अचर ज्योतिषियोंका स्वरूप, [8]आयु, [9]आहार, [10]उच्छ्वास, [11]उत्सेध, [12]अवधिज्ञान, [13]शक्ति, [14]एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति व मरण, [15]आयुके बन्धक भाव, [16]सम्यग्दर्शनग्रहणके विविध कारण और [17]गुणस्थानादि वर्णन, इस प्रकार ये ज्योतिर्लोकके कथनमें सत्तरह अधिकार है ॥ २–४ ॥

राजुके वर्गको एक सौ दश योजनोंसे गुणा करनेपर जो लब्ध आवे उनमेंसे अगम्य देशको छोड़कर शेषमें ज्योतिषि देव रहते है ॥ ५ ॥ रा[2] × ११० ।

वह अगम्य क्षेत्र भी समवृत्त जम्बूद्वीपके बहुमध्य भागमें स्थित है । उसका प्रमाण अंकक्रमसे पांच, एक, शून्य, पांच, दो, नौ, दो, तीन, शून्य, तीन और एक, इन अंकोसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजनमात्र है ॥ ६ ॥ १३०३२९२५०१५ यो. ।

निवासक्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ।

---

१ अतः प्राक् द ब प्रत्योः एतत्पद्यमुपलभ्यते– पुनिकुमुदाकरंगदनुरागदिनादमरल्विनं कृशाननविरतातिसादतमसं मनुद्विये पापिनं जग । ज्जननयनोत्पलं विरिविनं सुतपोधरणीधराग्रदिं जनयिसिद सुकांतिकुलचंद्रमुनींद्रशशांकमंडलं ॥ २ द ब अवर°. ३ द ब ⅀ । १०० । ४ द अगमदेसि.

चंदा दिवायरा गहणक्खत्ताणि पइण्णताराओ । पंचविहा जोदिगणा लोयंतघणोवहिं पुट्ठा ॥ ७

णवरि विसेसो पुव्वावरदक्खिणउत्तरेसु भागेसुं । अंतरमत्थि त्ति[1] ण ते छिवंति जोइग्ग सो वाऊ ॥ ८

पुव्वावरविच्चालं एक्कसहस्सं विहत्तरी अधिया[2] । जोयणया पत्तेक्कं रूवस्सासंखभागपरिहीणं[3] ॥ ९

$$१०७२ । \text{रिण } \frac{१}{a} |$$

तद्दक्खिणुत्तरेसुं रूवस्सासंखभागअधियाओ । बारसजोयणहीणा पत्तेक्कं तिण्णि रज्जूओ ॥ १०

$$— ३ \text{ रिण जो } १२ । \frac{१}{a} |^{४}$$

। भेदो सम्मत्तो[5] ।

भजिदम्मि सेढिवग्गे वेसयछप्पण्णअंगुलकदीए । जं लद्धं सो रासी जोदिसियसुराण सव्वाणं । ११

$$= । ६५५३६ ।$$

चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारा, इस प्रकार ज्योतिषी देवोंके समूह पांच प्रकारके है । ये ज्योतिषी देव लोकके अन्तमे घनोदधि वातवलयको छूते है ॥ ७ ॥

विशेष इतना है कि पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर भागोंमें अन्तर है । इसलिये वे ज्योतिषी देव उस घनोदधि वातवलयको नही छूते (?) ॥ ८ ॥

प्रत्येक दिशामें पूर्व-पश्चिम अन्तराल एक हजार बहत्तर योजन व रूपके असंख्यातवे भागसे हीन है ॥ ९ ॥

$$\text{यो. } १०७२ - \frac{१}{\text{असं.}} ।$$

वह अन्तराल प्रत्येकके दक्षिण-उत्तर भागोंमें रूपके असंख्यातवे भागसे अधिक व बारह योजन कम तीन राजु प्रमाण है ॥ १० ॥

$$\text{रा. } ३ - \text{यो. } १२ - \frac{१}{\text{असं.}} ।$$

भेदका कथन समाप्त हुआ ।

दो सौ छप्पन अंगुलोंके वर्गका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी सम्पूर्ण ज्योतिषी देवोंकी राशि है ॥ ११ ॥ जगश्रेणी ÷ ६५५३६ ।

---

१ द ब अंतरमत्थि त. २ ब अधियाओ. ३ द ब परिमाणं ४ द ब $\frac{१}{a}$. ५ द ब सम्मत्तं.

अट्ठचउदुतितिसत्ता सत्त य ठाणेसु णवसु सुण्णाणिं। छत्तीससत्तदुणवअट्ठातिचउक्का होंति अंककमा ॥ १२

एदेहि गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदाए। सेढिकदीए लद्धं माणं चंदाण जोइसिंदाणं ॥ १३

४। ७। ४३८३८९२७३६०००००००००७७३३२४८।

तेत्तियमेत्ता रविणो हुवंति चंदाण ते पडिंद त्ति। अट्ठासीदि गहाणिं एक्केक्काणं मयंकाणं ॥ १४

४। ७। ४३८३८९२७३६०००००००००७७३३२४८।

बुहसुक्कबिहप्पइणो मंगलसणिकाललोहिदा कणओ। णीलविकाला केसो कवयवओ कणयसंठाणा ॥ १५

। १३'।

दुंदुभगो रत्तणिभो णीलब्भासो असोयसंठाणो। कंसो रूवणिभक्खो कंसयवण्णो य संखपरिणामा ॥ १६

। ८।

तिलपुप्फसंखवण्णोदयवण्णो पंचवण्णणामक्खा। उप्पायधूमकेदू तिलो य णभछाररासी य ॥ १७

। ९'।

विजयण्हसरिससंधी कलेवराभिण्णगंधिमाणवया। कालककालककेदू णियलाणयविज्जुजीहा य ॥ १८

। १२।

आठ, चार, दो, तीन, तीन, सात, सात, नौ स्थानोंमें शून्य, छत्तीस, सात, दो, नौ, आठ, तीन और चार, ये क्रमसे अंक होते हैं। इनसे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना चन्द्र ज्योतिषियोंका प्रमाण है ॥ १२–१३ ॥

ज. श्रे.[२] ÷ (सं. प्र. अं. × ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८).

इतने ही (चन्द्रोंके बराबर) सूर्य भी है। ये चन्द्रोंके प्रतीन्द्र होते हैं। प्रत्येक चन्द्रके अठासी ग्रह होते हैं ॥ १४ ॥

ज. श्रे.[२] ÷ (सं. प्र. अं. × ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८).

बुध[1], शुक्र[2], बृहस्पति[3], मंगल[4], शनि[5], काल[6], लोहित[7], कनक[8], नील[9], विकाल[10], केश[11], कवयव[12], कनकसंस्थान[13], दुंदुभक[14], रक्तनिभ[15], नीलाभास[16], अशोकसंस्थान[17], कंस[18], रूपनिभ[19], कंसकवर्ण[20], शंखपरिणाम[21], तिलपुष्प[22], शंखवर्ण[23], उदकवर्ण[24], पंचवर्ण[25], उत्पात[26], धूमकेतु[27], तिल[28], नभ[29], क्षारराशि[30], विजिष्णु[31], सदृश[32], संधि[33], कलेवर[34], अभिन्न[35], ग्रन्थि[36], मानवक[37], कालक[38], कालकेतु[39], निलय[40], अनय[41], विद्युज्जिह्व[42], सिंह[43], अलक[44], निर्दुःख[45],

१ ब १४. २ द ब कंचयवण्णो. ३ द ब १०.

सिंहालकणिदुक्खा कालमहाकालरुद्दमहरुद्दा । संताणविउलसंभवसव्वट्ठी खेमचंदो य ॥ १९

। १३[1] ।

णिम्मंतजोइमंता दिससंठियविरदवीतसोका य । णिच्चलपलंबभासुरसयंपभा विजयवइजयंते य ॥ २०

। ११[2] ।

सीमंकरावराजियैजयंतविमलाभयंकरो वियसो[3] । कट्टी वियडो[4] कज्जलि अग्गीजालो असोकयो केतू ॥ २१

। १२ ।

खीरसऽघस्सवणज्जलकेदुकेदुअंतरयएक्कसंठाणा । अस्सो य भावगहं[5] चरिमा य महग्गहा णामा ॥ २२

। १० ।

छप्पण छक्क छक्कं छण्णव सुण्णाणि होंति[6] दसठाणा । दोणवपंचयछक्कं अट्ठचउपंचअंककमे ॥ २३

एदेण गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहि भजिदूणं । सेढिकदी एक्कारसहदम्मि सव्वग्गहाण परिसंखा ॥ २४

$$= \frac{\text{ज. श्रे.}}{\text{सं. प्र. अं.} \times ५४८६५९२०००००००००९६६६५६} \times ११$$

एक्केक्कसमंकाणं अट्ठावीसा हुवंति णक्खत्ता । एदाणं णामाइं कमजुत्तीए परूवेमो ॥ २५

काल[7], महाकाल[8], रुद्र[9], महारुद्र, संतान[10], विपुल[11], संभव[12], सर्वार्थी[13], क्षेम[14], चन्द्र[15], निर्मन्त्र[16], ज्योतिष्मान्[17], दिशासंस्थित[18], विरत[19], वीतशोक[20], निश्चल[21], प्रलंब[22], भासुर[23], स्वयंप्रभ[24], विजय[25], वैजयन्त[26], सीमंकर[1], अपराजित[2], जयन्त[3], विमल[4], अभयंकर[5], विकस[6], काष्ठी[7], विकट[8], कज्जली[9], अग्निज्वाल[10], अशोक[11], केतु[12], क्षीरस[13], अघ[14], श्रवण[15], जलकेतु[16], केतु[17], अन्तरद[18], एकसंस्थान[19], अश्व[20], भावग्रह[21] और अन्तिम महाग्रह[22], इस प्रकार ये अट्ठासी ग्रहोंके नाम हैं ॥ १५-२२ ॥

छह, पांच, छह, छह, छह, नौ, दश स्थानोंमें शून्य, दो, नौ, पांच, छह, आठ, चार और पांच, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे ग्यारहसे गुणा करनेपर सम्पूर्ण ग्रहोंकी संख्या होती है ॥ २३-२४ ॥

ज. श्रे. ÷ (सं. प्र. अं. × ५४८६५९२०००००००००९६६६५६) × ११.

एक एक चन्द्रके अट्ठाईस नक्षत्र होते है । यहां क्रमयुक्तिसे उनके नामोंको कहते हैं ॥ २५ ॥

---

१ द ब १२. २ द ब १०. ३ द ब °जय°. ४ द ब विमला. ५ द ब. विमलो. ६ द ब असतो. ७ ब °भावगाह. ८ ब हुंति.

कित्तियरोहिणिमिगसिरअद्दाओ[1] पुणव्वसु तहा पुस्सो। असिलेसादी मघओ पुव्वाओ उत्तराओ य हत्थो य ॥
चित्ताओ सादीओ होंति विसाहाणुराहजेट्ठाओ। मूलं पुव्वासाढा तत्तो वि य उत्तरासाढा ॥ २७
अभिजीसवणधणिट्ठा सदभिसणामाओ पुव्वभद्दपदा। उत्तरभद्दपदा रेवदीओ तह अस्सिणी भरणी[2] ॥२८
दुगइगितियतितिणवया एक्का ठाणेसु णवसु सुण्णाणिं। चउअट्ठएक्कतियसत्तणवयगयणेक्कअंककमे[3] ॥ २९
एदेहि गुणिदसंखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदूणं। सेढिकदी सत्तहदे परिसंखा सव्वरिक्खाणं ॥ ३०

= ७
४ । ७ । १०९७३१८४०००००००००१९३३३१२ ।

एक्केक्कमयंकाणं हुवंति ताराण कोडिकोडीओ। छावट्ठिसहस्साणं णवसय पंचहत्तरिजुदाणिं ॥ ३१
तारागणसंखा ६६९७५०००००००००००० ।

संपहि कालवसेणं ताराणामाण णत्थि उवदेसो। एदाणं सव्वाणं पमाणाणिं परूवेमो ॥ ३२

---

[1]कृत्तिका, [2]रोहिणी, [3]मृगशीर्षा, [4]आर्द्रा, [5]पुनर्वसु, [6]पुष्य, [7]आश्लेषा, [8]मघा, [9]पूर्वा फाल्गुनी, [10]उत्तरा फाल्गुनी, [11]हस्त, [12]चित्रा, [13]स्वाति, [14]विशाखा, [15]अनुराधा, [16]ज्येष्ठा, [17]मूल, [18]पूर्वाषाढा, [19]उत्तराषाढा, [20]अभिजित्, [21]श्रवण [22]धनिष्ठा, [23]शतभिषा, [24]पूर्व भाद्रपदा, [25]उत्तर भाद्रपदा, [26]रेवति, [27]अश्विनी और [28]भरणी, ये उन नक्षत्रोंके नाम हैं ॥ २६–२८ ॥

दो, एक, तीन, तीन, तीन नौ, एक, नौ स्थानोंमें शून्य, चार, आठ, एक, तीन, सात, नौ, शून्य और एक, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे सातसे गुणा करनेपर सब नक्षत्रोंकी संख्या होती है ॥ २९–३० ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं. × १०९७३१८४०००००००००१९३३३१२) × ७.

एक एक चन्द्रके छयासठ हजार नौ सौ पचत्तर कोड़ाकोड़ी तारे होते हैं ॥ ३१ ॥

इस समय कालके वशसे ताराओंके नामोंका उपदेश नहीं है। इन सबके प्रमाणोंको कहते हैं ॥ ३२ ॥

---

१ द ब 'सिरे'. २ ब अद्द. ३ द ब मरणीओ. ४ द ब °कमो.

दुगसत्तचउक्काहं एक्कारसठाणएसु सुण्णाहं । णवसत्तछद्दुगाइं अंकाण कमेण एदेणं ॥ ३३

संगुणिदेहिं संखेज्जरूवपदरंगुलेहिं भजिदव्वो । सेढीवग्गो तत्तो पणसत्तियचउक्कट्ठा ॥ ३४

णवअट्ठपंचणवदुगअट्ठासत्तट्ठणवचउक्काणिं । अंककमे गुणिदव्वो परिसंखा सव्वतारांणं ॥ ३५

= ४९८७८२९५८९८४३७५

४ । ७ । २६७९०००००००००००४७२ ।

। संखा समत्ता ।

गंतूणं सीदिजुदं अट्ठसया जोयणाणि चित्ताए । उवरिम्मि मंडलाइं चंदाणं होंति गयणम्मि ॥ ३६

। ८८० ।

उत्ताणावट्ठिदगोलगद्धसरिसाणि सग्गिमणिमयाणिं । ताणं पुह पुह बारससहस्सलिस्सियरमंदकिरणाणिं ॥३७

तेसु ट्ठिदपुढविजीवा जुत्ता उज्जोवकम्मउदएणं । जम्हा तम्हा ताणिं फुरंतविसियरमंदकिरणाणिं ॥ ३८

दो, सात, चार, ग्यारह स्थानोंमें शून्य, नौ, सात, छह और दो, इन अंकोंके क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यात रूप प्रतरांगुलोंका जगश्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसको पांच, सात, तीन, चार, आठ, नौ, आठ, पांच, नौ, दो, आठ, सात, आठ, नौ और चार, इन अंकोंसे गुणा करनेपर सब ताराओंकी संख्या होती है ॥ ३३-३५ ॥

ज. श्रे.[2] ÷ (सं. प्र. अं × २६७९०००००००००४७२)

× ४९८७८२९५८९८४३७५.

इस प्रकार संख्याका कथन समाप्त हुआ ।

चित्रा पृथिवीसे ऊपर आठसौ अस्सी योजन जाकर आकाशमें चन्द्रोंके मण्डल हैं ॥ ३६ ॥ ८८० ।

उत्तान अर्थात् ऊर्ध्वमुख रूपसे अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश चन्द्रोंके मणिमय विमान हैं । उनकी पृथक् पृथक् अतिशय शीतल एवं मन्द किरणें बारह हजार प्रमाण हैं ॥ ३७ ॥

उनमें स्थित पृथिवी जीव चूंकि उद्योत नामकर्मके उदयसे संयुक्त हैं, इसीलिये वे प्रकाशमान अतिशय शीतल मन्द किरणोंसे संयुक्त होते है ॥ ३८ ॥

---

१ द ब गोलगद्ध°.

एक्कट्ठियभागकदे जोयणए ताण होदि छप्पण्णा । उवरिमतलाण रुंदं दलिदेकुबहलं पि पत्तेक्कं ॥ ३९

। ५६ । २८ ।
६१ । ६१ ।

एदाणं परिहीओ पुह पुह बे जोयणाणि अदिरेको । ताणि अकिट्टिमाणिं अणाइणिहणाणि बिंबाणिं ॥ ४०

चउगोउरसंजुत्ता तडवेदी तेसु होदि पत्तेक्कं । तम्मज्झे वरवेदीसहिदं रायंगणं रम्मं ॥ ४१

रायंगणबहुमज्झे वररयणमयाणि दिव्वकूडाणिं । कूडेसु जिणपुराणिं वेदीचउतोरणजुदाइं ॥ ४२

ते सव्वे जिणणिलया मुत्ताहलकणयदामरमणिज्जा । वरवज्जकवाडजुदा दिव्वविदाणेहिं रेहंति ॥ ४३

दिप्पंतरयणदीवा अट्ठमहामंगलेहिं परिपुण्णा । वंदणमालाचामरकिंकिणियाजालसोहिल्ला ॥ ४४

एदेसुं णट्टसभा अभिसेयसभा विचित्तरयणमई । कीडणसाला विविहा ठाणट्ठाणेसु सोहंति ॥ ४५

महलमुइंगपडहप्पहुदीहिं विविहादिव्वतूरेहिं । उवहिसरिच्छरवेहिं जिणगेहा णिच्चहलबोला ॥ ४६

एक योजनके इकसठ भाग करनेपर छप्पन भागप्रमाण उन चन्द्रविमानोंमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार व इससे आधा बाहल्य है ॥ ३९ ॥ ५६ । २८ ।

इनकी परिधियां पृथक् पृथक् दो योजनसे कुछ अधिक हैं । वे बिम्ब अकृत्रिम व अनादिनिधन हैं ॥ ४० ॥

उनमेंसे प्रत्येककी तटवेदी चार गोपुरोंसे संयुक्त होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदी सहित रमणीय राजांगण होता है ॥ ४१ ॥

राजांगणके ठीक बीचमें उत्तम रत्नमय दिव्य कूट और उन कूटोंपर वेदी व चार तोरणोंसे संयुक्त जिनपुर होते हैं ॥ ४२ ॥

वे सब जिनभवन मोती व सुवर्णकी मालाओंसे रमणीय और उत्तम वज्रमय किवाड़ोंसे संयुक्त होते हुए दिव्य चन्दोवोंसे सुशोभित रहते हैं ॥ ४३ ॥

ये जिनभवन देदीप्यमान रत्नदीपकोंसे सहित, अष्ट महामंगल द्रव्योंसे परिपूर्ण और वन्दनमाला, चंवर व क्षुद्र घंटिकाओंके समूहसे शोभायमान होते हैं ॥ ४४ ॥

इन जिनभवनोंमें स्थान स्थानपर विचित्र रत्नोंसे निर्मित नाट्यसभा, अभिषेकसभा और विविध प्रकारकी क्रीड़ाशालायें सुशोभित होती हैं ॥ ४५ ॥

वे जिनभवन समुद्रके समान गम्भीर शब्द करनेवाले मर्दल, मृदंग और पटह आदि विविध प्रकारके दिव्य वादित्रोंसे नित्य शब्दायमान रहते हैं ॥ ४६ ॥

१ द ब दलदद्ध°.

छत्तत्तयसिंहासणभामंडलचामरेहिं जुत्ताइं । जिणपडिमाओ तेसुं रयणमईओ विराजंति ॥ ४७
सिरिदेवी सुदेवी सव्वाण सणक्कुमारजक्खाणं[1] । रूवाणि मणहराणिं रेहंति जिणिंदपासेसुं ॥ ४८
जलगंधकुसुमतंदुलवरभक्खप्पदीवधूवफलपुण्णं । कुव्वंति ताण पुज्जं णिब्भरभत्तीए सव्वसुरा ॥ ४९
एदाणं कूडाणं समंतदो होंति चंदपासादा । समचउरस्सा दीहा णाणाविण्णासरमणिज्जा ॥ ५०
मरगयवण्णा केई केई कुंदेंदुहारहिमवण्णा । अण्णे सुवण्णवण्णा अवरे वि पवालणिहवण्णा ॥ ५१
उववादमंदिराइं अभिसेयपुराणि भूसणगिहाणिं । मेहुणकीडणसालाओ मंतसत्थाणसालाओ ॥ ५२
ते सव्वे पासादा वरपायारा विचित्तगोउरया । मणितोरणरमणिज्जा जुत्ता बहुचित्तभित्तीहिं[2] ॥ ५३
उववणपोक्खरणीहिं विराजमाणा विचित्तरूवाहिं । कणयमयविउलथंभा सयणासणपहुदिपुण्णाणिं ॥ ५४
सुंदरसरूवगंधप्पासेहि णिरुवमेहिं सोक्खाणिं । देंति विविहाणि दिव्वा पासादा धूवगंधड्ढा ॥ ५५

उन जिनभवनोंमें तीन छत्र, सिंहासन, भामण्डल और चामरोंसे संयुक्त रत्नमयी जिनप्रतिमायें विराजमान हैं ॥ ४७ ॥

जिनेन्द्रप्रासादोंमें श्रीदेवी, श्रुतदेवी और सर्व सनत्कुमार यक्षोंकी मनोहर मूर्तियां शोभायमान होती हैं ॥ ४८ ॥

सब देव गाढ़ भक्तिसे जल, गन्ध, फूल, तन्दुल, उत्तम भक्ष्य (नैवेद्य), दीप, धूप और फलोंसे परिपूर्ण उनकी पूजा करते हैं ॥ ४९ ॥

इन कूटोंके चारों ओर समचतुष्कोण लंबे और नाना प्रकारके विन्याससे रमणीय चन्द्रोंके प्रासाद होते हैं ॥ ५० ॥

इनमेंसे कितने ही प्रासाद मरकतवर्ण, कितने ही कुन्दपुष्प, चन्द्र, हार एवं बर्फ जैसे वर्णवाले; कोई सुवर्णके समान वर्णवाले और दूसरे मूंगेके सदृश वर्णसे सहित हैं ॥ ५१ ॥

इन भवनोंमें उपपादमन्दिर, अभिषेकपुर, भूषणगृह, मैथुनशाला, क्रीड़ाशाला, मंत्रशाला और आस्थानशालायें (सभाभवन) स्थित रहती हैं ॥ ५२ ॥

वे सब प्रासाद उत्तम कोटोंसे सहित, विचित्र गोपुरोंसे संयुक्त, मणिमय तोरणोंसे रमणीय, बहुत प्रकारके चित्रोंवाली दीवालोंसे युक्त, विचित्र रूपवाली उपवन-वापिकाओंसे विराजमान, सुवर्णमय विशाल खम्भोंसे सहित और शयनासन आदिसे परिपूर्ण हैं ॥ ५३–५४ ॥

ये दिव्य प्रासाद धूपके गन्धसे व्याप्त होते हुए अनुपम एवं शुद्ध रस, रूप, गन्ध और स्पर्शसे विविध प्रकारके सुखोंको देते हैं ॥ ५५ ॥

१ द ब रज्जाणं. २ द ब भित्तीओ.

सत्तट्ठप्पहुदीओ भूमीओ भूसिदाओ कूडेहिं । विप्फुरिदरयणकिरणावलीओ भवणेसु रेहंति ॥ ५६
तम्मंदिरमज्झेसुं चंदा सिंहासणाणमारूढा । पत्तेक्कं चंदाणं चत्तारो अग्गमहिसीओ ॥ ५७
चंदाभसुसीमाओ पहंकरा[1] अच्चिमालिणी ताणं । पत्तेक्कं परिवारा चत्तारिसहस्सदेवीओ ॥ ५८
णियणियपरिवारसमं विकिरियं दरिसियंति देवीओ । चंदाणं परिवारा अट्ठवियप्पा य पत्तेक्कं ॥ ५९
पडिइंदा सामाणियतणुरक्खा तह हवंति तिप्परिसा । सत्ताणीयपइण्णयअभियोगा किब्बिसा देवा ॥ ६०
सयलिंदाण पडिंदा एक्केक्का होंति ते वि आइच्चा । सामाणियतणुरक्खप्पहुदी संखेज्जपरिमाणा ॥ ६१
रायंगणबाहिरए परिवाराणं हवंति पासादा । विविहवररयणरइदा विचित्तविण्णासभूदीहिं ॥ ६२
सोलससहस्समेत्ता अभिजोगसुरा हवंति पत्तेक्कं । चंदाण पुरतलाइं विकिरियासाविणो णिच्चं ॥ ६३

। १६००० ।

भवनोंमें कूटोंसे विभूषित और प्रकाशमान रत्न-किरण-पंक्तिसे संयुक्त सात आठ आदि भूमियां शोभायमान होती है ॥ ५६ ॥

इन मन्दिरोंके बीचमें चन्द्र सिंहासनोंपर विराजमान रहते हैं। उनमेंसे प्रत्येक चन्द्रके चार अग्रमहिषियां (पट्ट देवियां) होती हैं ॥ ५७ ॥

चन्द्राभा, सुसीमा, प्रभंकरा और अर्चिमालिनी, ये उन अग्रदेवियोंके नाम हैं। इनमेंसे प्रत्येककी चार हजार प्रमाण परिवार देवियां होती है ॥ ५८ ॥

अग्रदेवियां अपनी अपनी परिवार देवियोंके समान अर्थात् चार हजार रूपों प्रमाण विक्रिया दिखलाती है। प्रतीन्द्र, सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विष, इस प्रकार प्रत्येक चन्द्रके परिवार देव आठ प्रकारके होते हैं ॥ ५९-६० ॥

सब इन्द्रोंके एक एक प्रतीन्द्र होते हैं। वे (प्रतीन्द्र) सूर्य ही हैं। सामानिक और तनुरक्ष प्रभृति देव संख्यात प्रमाण होते है ॥ ६१ ॥

राजांगणके बाहिर विविध प्रकारके उत्तम रत्नोंसे रचित और विचित्र विन्यासरूप विभूतिसे सहित परिवारदेवोंके प्रासाद होते हैं ॥ ६२ ॥

प्रत्येक इन्द्रके सोलह हजारप्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो नित्य ही विक्रिया धारण करते हुए चन्द्रोंके पुरतलोंको वहन करते हैं ॥ ६३ ॥ १६००० ।

१ द ब पहंकरा.

चउचउसहस्समेत्ता पुव्वादिदिसासु कुंदसंकासा । केसरिकरिवसहाणं जडिलतुरंगाण रूवधरा[1] ॥ ६४

चित्तोवरिमतलादो उवरिं गंतूण जोयणट्ठसए । दिणयरणयरतलाइं णिच्चं चेट्ठंति गयणम्मि ॥ ६५

। ८०० ।

उत्ताणायट्ठिदगोलयद्धसरिसाणि रविमणिमयाणिं । ताणं पुहु पुहु बारसमहस्सउण्हयरकिरणाणिं ॥ ६६

। १२००० ।

तेसु ठिदपुढविजीवा जुत्ता आदावकम्मउदएणं । जम्हा तम्हा ताणिं फुरंतउण्हयरकिरणाणिं ॥ ६७

इगिसट्ठिभागकदे जोयणए ताण होंति अडदालं । उवरिमतलाण रुंदं तलद्धबहलं पि पत्तेक्कं[2] ॥ ६८

| ४८ | २४ |
| ६१ | ६१ |

एदाणं परिहीओ पुह पुह बे जोयणाणि अदिरेगा । ताणिं अकट्टिमाणिं अणादिणिहणाणि बिंबाणिं ॥ ६९

पत्तेक्कं तडवेदी चउगोउरदारसुंदरा ताणं । तम्मज्झे वरवेदीपरिहिदं रायंगणं होदि ॥ ७०

इनमेंसे सिंह, हाथी, बैल और जटा युक्त घोड़ेके रूपको धारण करनेवाले तथा कुन्द-पुष्पके सदृश सफेद चार चार हजार प्रमाण देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें चन्द्रबिम्बोंको वहन करते हैं ॥ ६४ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे ऊपर आठ सौ योजन जाकर आकाशमें नित्य सूर्यनगरतल स्थित है ॥ ६५ ॥ ८०० ।

सूर्योंके मणिमय बिम्ब ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश हैं । इनकी पृथक् पृथक् बारह हजारप्रमाण उष्णतर किरणें होती हैं ॥ ६६ ॥ १२००० ।

चूंकि उनमें स्थित पृथिवी जीव आताप नामकर्मके उदयसे संयुक्त होते हैं, इसीलिये वे प्रकाशमान उष्णतर किरणोंसे युक्त होते हैं ॥ ६७ ॥

एक योजनके इकसठ भाग करनेपर अड़तालीस भागप्रमाण उनमेंसे प्रत्येक सूर्यके बिम्बके उपरिम तलोंका विस्तार और तलोंसे आधा बाहल्य भी होता है ॥ ६८ ॥ $\frac{४८}{६१}$ । $\frac{२४}{६१}$ ।

इनकी परिधियां पृथक् पृथक् दो योजनसे अधिक होती हैं । वे सूर्यबिम्ब अकृत्रिम एवं अनादिनिधन हैं ॥ ६९ ॥

उनमेंसे प्रत्येककी तटवेदी चार गोपुरद्वारोंसे सुन्दर होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त राजांगण होता है ॥ ७० ॥

---

१ द ब स रूवधरा. २ द ब गोलद्ध°. ३ द एक्कस्सट्ठिय, ब एक्करसतिय.

रायंगणस्स मज्झे वररयणमयाणि दिव्वकूडाणिं । तेसुं जिणपासादा चेट्ठंते सूरकंतमया ॥ ७१
एदाण मंदिराणं मयंकपुरकूडभवणसारिच्छं । सव्वं चिय वण्णणयं णिउणेहिं एत्थ वत्तव्वं ॥ ७२
तेसु जिणप्पडिमाओ पुव्वोदिदवण्णणप्पयाराओ । विविहच्चणदव्वेहिं ताओ पूजंति सव्वसुरा ॥ ७३
एदाणं कूडाणं होंति समंतेण सूरपासादा । ताणं पि वण्णणाओ ससिपासादेहिं सरिसाओ ॥ ७४
तण्णिलयाणं मज्झे दिवायरा दिव्वसिंघपीढेसुं । वरछत्तचमरजुत्ता चेट्ठंते दिव्वयरतेया ॥ ७५
जुदिसुदिपहंकराओ सूरपहाअच्चिमालिणीओ वि । पत्तेक्कं चत्तारो दुमणीणं अग्गदेवीओ ॥ ७६
देवीणं परिवारा पत्तेक्कं चउसहस्सदेवीओ । णियणियपरिवारसमं विकिरियं ताओ मेण्हंति ॥ ७७
सामाणियतणुरक्खा तिप्परिसाओ पइण्णयाणीया । अभियोग्ग किब्बिसिया सत्तविहा सूरपरिवारा ॥ ७८
रायंगणबाहिरए परिवाराणं हुवंति पासादा । वररयणभूसिदाणं फुरंततेयाण सव्वाणं ॥ ७९

राजांगणके मध्यमें जो उत्तम रत्नमय दिव्य कूट होते है उनमें सूर्यकान्त मणिमय जिनभवन स्थित है ॥ ७१ ॥

निपुण पुरुषोंको इन मन्दिरोंका सम्पूर्ण वर्णन चन्द्रपुरोंके कूटोंपर स्थित जिनभवनोंके सदृश यहांपर भी करना चाहिये ॥ ७२ ॥

उनमें जो जिनप्रतिमायें विराजमान है उनके वर्णनका प्रकार पूर्वोक्त वर्णनके ही समान है । समस्त देव विविध प्रकारके पूजाद्रव्योंसे उन प्रतिमाओंकी पूजा करते है ॥ ७३ ॥

इन कूटोंके चारों तरफ जो सूर्यप्रासाद हैं उनका भी वर्णन चन्द्रप्रासादोंके सदृश है ॥ ७४ ॥

उन भवनोंके मध्यमें उत्तम छत्र-चँवरोंसे संयुक्त और अतिशय दिव्य तेजको धारण करनेवाले सूर्य दिव्य सिंहासनोंपर स्थित होते है ॥ ७५ ॥

द्युतिश्रुति, प्रभंकरा, सूर्यप्रभा और अर्चिमालिनी, ये चार प्रत्येक सूर्यकी अग्रदेवियां होती है ॥ ७६ ॥

इनमेंसे प्रत्येक अग्रदेवीकी चार हजार परिवार-देवियां होती है । वे अपने अपने परिवारके समान अर्थात् चार हजार रूपोंकी विक्रिया ग्रहण करती है ॥ ७७ ॥

सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, प्रकीर्णक, अनीक, आभियोग्य और किल्विषिक, इस प्रकार सूर्योंके सात प्रकार परिवार देव होते है ॥ ७८ ॥

राजांगणके बाहिर उत्तम रत्नोंसे विभूषित और प्रकाशमान तेजको धारण करनेवाले समस्त परिवार-देवोंके प्रासाद होते है ॥ ७९ ॥

सोलससहस्समेत्ता अभिजोगसुरा हवंति पत्तेक्कं । दिणयरणयरतलाइं विकिरियाहारिणो[1] णिच्चं ॥ ८०

१६००० ।

ते पुव्वादिदिसासुं केसरिकरिवसहजडिलहयरूवा । चउचउसहस्समेत्ता कंचणवण्णा विराजंते ॥ ८१

चित्तोवरिमतलादो गंतूणं जोयणाणि अट्ठसए । अडसीदिजुदे गहगणपुरीओ दोगुणिदछक्कबहलम्मि ॥ ८२

८८८ । १२ ।

चित्तोवरिमतलादो पुव्वोदिदजोयणाणि गंतूणं । तासुं बुहगयरीओ णिच्चं चेट्ठंति गयणम्मि ॥ ८३

एदाओ सव्वाओ कणयमईओ य मंदकिरणाओ । उत्ताणावट्ठिदगोलयद्धसरिसाओ णिच्चाओ ॥ ८४

उवरिमतलाण रुंदं कोसस्सद्धं तदद्धबहलत्तं । परिही दिवड्ढकोसो सविसेसा ताण पत्तेक्कं ॥ ८५

एक्केक्काए पुरीए तडवेदी पुव्ववण्णणा होदि । तम्मज्झे वरवेदीजुत्तं रायंगणं रम्मं ॥ ८६

प्रत्येक सूर्यके सोलह हजार प्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो नित्य ही विक्रिया करके सूर्यनगरतलोंको ले जाते हैं ॥ ८० ॥ १६००० ।

सिंह, हाथी, बैल और जटायुक्त घोड़ेके रूपको धारण करनेवाले तथा सुवर्णके समान वर्णसे संयुक्त वे आभियोग्य देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें चार चार हजार प्रमाण विराजमान होते हैं ॥ ८१ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे आठ सौ अठासी योजन ऊपर जाकर दुगुणित छह अर्थात् बारह योजनमात्र बाहल्यमें ग्रहसमूहकी नगरियां हैं ॥ ८२ ॥ ८८८ । १२ ।

उनमेंसे चित्रा पृथिवीके उपरिमतलसे पूर्वोक्त आठसौ अठासी योजन ऊपर जाकर आकाशमें बुधकी नगरियां नित्य स्थित हैं ॥ ८३ ॥

ये सब नगरियां सुवर्णमयी, मन्द किरणोंसे संयुक्त, नित्य और ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध गोलकके सदृश हैं ॥ ८४ ॥

उनमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार आध कोश, बाहल्य इससे आधा, और परिधि डेढ़ कोशसे अधिक होती है ॥ ८५ ॥

हर एक पुरीकी तटवेदी पूर्वोक्त वर्णनासे युक्त होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त रमणीय राजांगण स्थित रहता है ॥ ८६ ॥

---

१ द ब °कारिणो.

तम्मज्झे वरकूडा हुवंति तेसुं जिणिंदपासादा । कूडाण समंतेणं बुहणिलया पुव्वसरिसवण्णणया ॥ ८७

दोहो सहस्समेत्ता अभियोगा हरिकरिंदवसहहया । पुव्वादिसु पत्तेक्कं कणयणिहा बुहपुराणि धारंति ॥ ८८

चित्तोवरिमतलादो णवऊणियणवसयाणि जोयणए । गंतूण णहे उवरिं सुक्काण पुराणि चेट्ठंति ॥ ८९

८९१ ।

ताणं णयरतलाणं पणसयदुसहस्समेत्तकिरणाणिं । उत्ताणगोलयद्धोवमाणि वररुप्पमइयाणिं ॥ ९०

२५०० ।

उवरिमतलविक्खंभो कोसपमाणं तदद्धबहलत्तं । ताणं अकिट्टिमाणं खचिदाणं विविहरयणेहिं ॥ ९१

को १ । को १/२

पुह पुह ताणं परिही तिकोसमेत्ता हुवेदि णवियप्पा । सेसाओ वण्णणाओ बुहणयराणं सरिच्छाओ ॥ ९२

चित्तोवरिमतलादो छक्कोणियणवसयाणि जोयणए । गंतूण णहे उवरिं चेट्ठंति गुरूण णयराणिं ॥ ९३

८९४ ।

. . . . . .

राजांगणके मध्यमें उत्तम कूट और उन कूटोंपर जिनेन्द्रप्रासाद होते हैं । कूटोंके चारों ओर पूर्व भवनोंके समान वर्णनवाले बुधोंके भवन हैं ॥ ८७ ॥

बुधके सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ेके मुखको धारण करनेवाले और सुवर्ण जैसे वर्णसे संयुक्त दो दो हजार मात्र आभियोग्य देव क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमेंसे प्रत्येकमें बुधोंके पुरोंको धारण करते हैं ॥ ८८ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौ कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें शुक्रोंके पुर स्थित हैं ॥ ८९ ॥ ८९.१ ।

ऊर्ध्व अवस्थित गोलकार्धके सदृश और उत्तम चांदीसे निर्मित उन नगरतलोंकी दो हजार पांचसौ किरणें होती हैं ॥ ९० ॥ २५०० ।

विविध प्रकारके रत्नोंसे खचित उन अकृत्रिम पुरोंके उपरिम तलका विस्तार एक कोश-प्रमाण और इससे आधा बाहल्य है ॥ ९१ ॥ को. १ । को. $\frac{१}{२}$ ।

उनकी परिधि पृथक् पृथक् तीन कोशमात्रसे अधिक है । इन नगरोंका बाकी सब वर्णन बुधनगरोंके सदृश है ॥ ९२ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे छह कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें गुरुओंके (बृहस्पतिके) नगर स्थित हैं ॥ ९३ ॥ ८९४ ।

ताणं णयरतलाणिं फलिहमयाणिं सुमंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि णिच्चस्सहावाणिं ॥ ९४
उवरिमतलविक्खंभा ताणं कोसस्स परिमभागा य । सेसा हि वण्णणाओ सुक्कपुराणं सरिच्छाओ ॥ ९५
चित्तोवरिमतलादो तियऊणियणवसयाणि जोयणए । गंतूण उवरि गयणे मंगलणयराणि चेट्ठंति ॥ ९६

८९७ ।

ताणिं णयरतलाणिं रुहिरारुणपउमरायमइयाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि सव्वाणि मंदकिरणाणिं ॥ ९७
उवरिमतलविक्खंभो कोसस्सद्धं तदद्धबहलत्तं । सेसाओ वण्णणाओ ताणं पुव्वुत्तसरिसाओ ॥ ९८
चित्तोवरिमतलादो गंतूणं णवसयाणि जोयणए । उवरिं सुवण्णमयाइं सणिणयराणिं णहे होंति ॥ ९९

९०० ।

उवरिमतलविक्खंभा[1] कोसद्धं होंति ताण पत्तेक्कं । सेसाओ वण्णणाओ पुव्वपुराणं सरिच्छाओ ॥ १०० ॥
अवसेसाण गहाणं णयरीओ उवरि चित्तभूमीओ । गंतूण बुहसणीणं विच्चाले होंति णिच्चाओ ॥ १०१ ॥

उन गुरुओंके नगरतल स्फटिकमणिसे निर्मित, सुन्दर मन्द किरणोंसे संयुक्त, ऊर्ध्वमुख स्थित गोलकार्धके सदृश और नित्य-स्वभाववाले हैं ॥ ९४ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार कोशके बहुभाग अर्थात् कुछ कम एक कोश प्रमाण है। उनका शेष वर्णन शुक्रपुरोंके सदृश है ॥ ९५ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे तीन कम नौ सौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें मंगल-नगर स्थित हैं ॥ ९६ ॥ ८९७ ।

ये सब नगरतल खूनके समान लाल वर्णवाले पद्मरागमणियोंसे निर्मित, ऊर्ध्वमुखस्थित गोलकार्धके सदृश और मन्द किरणोंसे संयुक्त होते हैं ॥ ९७ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार आधा कोश व बाहल्य इससे आधा है। इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त नगरोंके सदृश है ॥ ९८ ॥

चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौसौ योजन ऊपर जाकर आकाशमें शनियोंके सुवर्णमय नगर है ॥ ९९ ॥ ९०० ।

उनमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार आध कोशमात्र है। इनका शेष वर्णन पूर्व नगरोंके सदृश है ॥ १०० ॥

अवशिष्ट ग्रहोंकी नित्य नगरियां चित्रा पृथिवीके ऊपर जाकर बुध और शनियोंके अन्तरालमें हैं ॥ १०१ ॥

---

१ ब णयरी°. २ द ब बहलद्धं. ३ द ब विक्खंभो.

ताणिं णयरतलाणिं जहजोग्गुद्दिट्ठवासबहलाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि बहुरयणमइयाणिं ॥ १०२ ॥
सेसाओ वण्णणाओ पुव्विल्लपुराण होंति सरिसाओ । किं पारेमि भणेदुं जीहाए एक्कमेत्ताए ॥ १०३ ॥
अट्ठसयजोयणाणिं चउसीदिजुदाणि उवरि चित्तादो । गंतूण गयणमग्गे हुवंति णक्खत्तणयराणिं ॥ १०४ ॥
८८४ ।
ताणिं णयरितलाणिं बहुरयणमयाणि मंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि रम्माणि रेहंति ॥ १०५ ॥
उवरिमतलविस्थारो ताणं कोसो तद्दलबहलाणिं । सेसाओ वण्णणाओ दिणयरणयराण सरिसाओ ॥ १०६
णवरि विसेसो देवा अभियोगा सीहहत्थिवसहस्सा । ते एक्केक्कसहस्सा पुव्वदिसासु ताणि धारंति ॥ १०७
णउदिजुदसत्तजोयणसदाणि गंतूण उवरि चित्तादो । गयणयले ताराणं पुराणि बहले दहुत्तरसदम्मि ॥ १०८
ताणं पुराणि णाणावररयणमयाणि मंदकिरणाणिं । उत्ताणगोलगद्धोवमाणि पासाद दोसहसदंडा (?) ॥ १०९
२००० । (?)

ये नगरतल यथायोग्य कहे हुए विस्तार व बाहल्यसे सहित, ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश, और बहुतसे रत्नोंसे रचित है ॥ १०२ ॥

इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त पुरोंके सदृश है । एकमात्र जिह्वासे इनका विशेष कथन करते हुए क्या पार पा सकता हूं ? ॥ १०३ ॥

चित्रा पृथिवीसे आठसौ चौरासी योजन ऊपर जाकर आकाशमार्गमें नक्षत्रोंके नगर है ॥ १०४ ॥ ८८४ ।

वे सब रमणीय नगरतल बहुतसे रत्नोंसे निर्मित, मन्द किरणोंसे संयुक्त, और ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश होते हुए विराजमान होते है ॥ १०५ ॥

उनके उपरिम तलका विस्तार एक कोश और बाहल्य इससे आधा है । इनका शेष वर्णन सूर्यनगरोंके सदृश है ॥ १०६ ॥

इतना विशेष है कि सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ेके आकारको धारण करनेवाले जो चार हजार आभियोग्य देव है वे एक एक हजार प्रमाण क्रमसे पूर्वादिक दिशाओंमें उन नगरोंको धारण किया करते है ॥ १०७ ॥

चित्रा पृथिवीसे सात सौ नब्बे योजन ऊपर जाकर आकाशतलमें एकसौ दश योजनमात्र बाहल्यमें ताराओंके नगर है ॥ १०८ ॥

उन ताराओंके पुर नाना प्रकारके उत्तम रत्नोंसे निर्मित, मन्द किरणोंसे संयुक्त और ऊर्ध्वमुख गोलकार्धके सदृश है । इनमें स्थित प्रासाद.....(?) ॥ १०९ ॥

२००० । (?)

१ द ब पावेदि भणामो.

वरअवरमज्झिमाणं तिविहपयाणं हुवंति एदाणं । उवरिमतलविक्खंभा जेट्ठाणं दोसहस्सदंडाणि ॥ ११०

२००० ।

पंचसयाणि धणूणि तदियस्सं भो हुवेदि अवराणं । तिदुगुणिदावरमाणं मज्झिमयाणं दुठाणेसुं ॥ १११

५०० । १००० । १५०० ।

तेरिच्छमंतरालं जहण्णतारागकोसपत्तंसो । जोयणया पंचासा मज्झिमए सहस्समुक्कस्से । ११२

को ½ जो ५० । १००० ।

सेसाओ वण्णणाओ पुव्वपुराणं हुवंति सरिसाणि । एत्तो गुरूवइट्ठं पुरपरिमाणं परूवेमो ॥ ११३

। विण्णासं समत्तं[1] ।

णियणियरासिपमाणं एदाणं जं मयंकपहुदीणं । णियणियणयरपमाणं तेत्तियमेत्तं च कूडजिणभवणं । ११४

जोइसगणणयरीणं सव्वाणं रुंदमाणसारिच्छं । बहुलत्तं मण्णंते लोगविभायस्स आइरिया ॥ ११५

। परिमाणं समत्तं । पाठान्तरम् ।

ये उत्कृष्ट, जघन्य और मध्यम भेदसे तीन प्रकार होते है । उनमेसे उत्कृष्ट नगरोंके उपरिम तलका विस्तार दो हजार धनुषमात्र है ॥ ११० ॥ २००० ।

जघन्य नगरोंका यह विस्तार पाचसौ धनुषप्रमाण है । इस जघन्य प्रमाणको तीन और दोसे गुणा करनेपर क्रमसे दो स्थानोंमे मध्यम नगरोंका विस्तार होता है ॥ १११ ॥

५०० । १००० । १५०० ।

जघन्य तारओंका निरुद्ध अन्तराल एक कोशका सातवां भाग, मध्यम तारओंका पचास योजन, और उत्कृष्ट तारओंका एक हजार योजनप्रमाण है ॥ ११२ ॥

को. ½ । यो. ५० । १००० ।

इनका शेष वर्णन पूर्व पुरोंके सदृश है । अब यहांसे आगे गुरूपदिष्ट पुरोंके प्रमाणको कहते है ॥ ११३ ॥

इस प्रकार विन्यासका कथन समाप्त हुआ ।

इन चन्द्रादिकोंकी निज निज राशिका जो प्रमाण है उतना ही अपने अपने नगरों, कूटों और जिनभवनोंका प्रमाण है ॥ ११४ ॥

' लोकविभाग ' के आचार्य समस्त ज्योतिर्गणोंकी नगरियोंके विस्तारप्रमाणके सदृश ही उनके बाहल्यको भी मानते है ॥ ११५ ॥ पाठान्तर ।

परिमाणका कथन समाप्त हुआ ।

---

१ द ब सम्मत्ता. २ द ब पण्हाणं. ३ द जम्हयंक, ब जमयंक. ४ द ब जोइट्ठण°.

चरबिंबा मणुवाणं खेत्ते तरिंस च जंबुदीवम्मि । दोण्णि मियंका ताणं एक्के चिय होदि चारमही ॥ ११६

पंचसयजोयणाणिं दसुत्तराइं हुवेदि विक्खंभो[1] । ससहरचारमहीए दिणयरबिंबादिरित्ताणिं ॥ ११७

५१० | ४८ / ६१ |

वीसूणबेसयाणिं जंबूदीवे चरंति सीदकरा । रविमंडलादियाणिं तीसुत्तरतियसयाणि लवणम्मि ॥ ११८

पण्णरससंसहराणं वीथीओ होंति चारखेत्तम्मि । मंडलसमरुंदाओ तद्दुगबहलाओ पत्तेक्कं ॥ ११९

५६ | २८ / ६१ | ६१ |

सट्ठिजुदं तिसयाणिं मंदररुंदं च जंबुविक्खंभे । सोधिय दलिते लद्धं चंदादिमहीहिं मंदरंतरयं ॥ १२०

चउदालसहस्साणिं वीसुत्तरअडसयाणि मंदरदो । गच्छिय सव्वब्भंतरवीही[2] इंदूण परिमाणं ॥ १२१

४४८२० ।

चर अर्थात् गमनशील बिम्ब मनुष्यक्षेत्रमें ही हैं, मनुष्यक्षेत्रके भीतर भी जम्बूद्वीपमें जो दो चन्द्र हैं उनकी संचार-भूमि एक ही है ॥ ११६ ॥

चन्द्रकी संचार-भूमिका विस्तार सूर्य-बिम्बसे अतिरिक्त अर्थात् एक योजनके इकसठ भागोंमेंसे अड़तालीस भाग अधिक पांचसौ दश योजनमात्र है ॥ ११७ ॥ यो. ५१०$\frac{४८}{६१}$ ।

चन्द्रमा बीस कम दोसौ योजन जम्बूद्वीपमें और सूर्यमण्डलसे अधिक तीनसौ तीस योजनप्रमाण लवणसमुद्रमें संचार करते हैं ॥ ११८ ॥

चन्द्रोंके चारक्षेत्रमें जो पन्द्रह गलियां हैं उनमेंसे प्रत्येकका विस्तार चन्द्रमण्डलके बराबर एक योजनके इकसठ भागोंमेंसे छप्पन भागप्रमाण और बाहल्य इससे आधा है ॥ ११९ ॥

$\frac{५६}{६१}$ । $\frac{२८}{६१}$ ।

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीनसौ साठ योजन (दोनों ओरका चार-क्षेत्र) और मन्दर पर्वतके विस्तारको कम करके शेषको आधा करनेपर जो लब्ध आवे उतना चन्द्रकी आदि चारपृथिवीसे मन्दर पर्वतका अन्तर है ॥ १२० ॥

मन्दर पर्वतसे चलकर चवालीस हजार आठसौ बीस योजन चन्द्रोंकी सर्वाभ्यन्तर वीथीका प्रमाण है । अर्थात् मन्दराचल और चन्द्रकी अभ्यन्तर गलीके बीच उपर्युक्त योजनों प्रमाण अन्तराल है ॥ १२१ ॥

उदाहरण — जं. द्वी. का वि. यो. १००००० − ३६० = ९९६४०; ९९६४० − १०००० (मन्दरविष्कम्भ) = ८९६४०; ८९६४० ÷ २ = ४४८२० अन्तरप्रमाण ।

१ द ब विक्खंभा. २ गच्छेय सव्वभंतरवीही.

एक्कसट्ठीए गुणिदा पंचसया जोयणाणि दससुत्ता । ते अडदालविभिस्सा धुवरासी णाम चारमही ॥ १२२

एक्कत्तीससहस्सा अट्ठावण्णुत्तरं सदं तह य । इगिसट्ठीए भजिदे धुवरासिपमाणमुद्दिट्ठं ॥ १२३

$$\frac{३१११५८}{६१}$$

पण्णरसेहिं गुणिदं हिमकरबिंबप्पमाणमवणिज्जं । धुवरासीदो सेसं विच्चालं सयलवीहीणं ॥ १२४

$$\frac{३०३१८}{६१}$$

तं चोद्दसपविहत्तं हुवेदि एक्केक्कवीहिविच्चालं । पणुतीसजोयणाणिं अदिरेकं तस्स परिमाणं ॥ १२५

अदिरेकस्स पमाणं चोद्दसमदिरित्तविण्णिसदमंसा । सत्तावीसब्भहिया चत्तारि सया हवे हारो ॥ १२६

$$३५\frac{२१४}{४२७}$$

पांच सौ दश योजनोंको इकसठसे गुणा करनेपर जो संख्या प्राप्त हो उसमें वे अड़तालीस भाग और मिला देनेपर ध्रुवराशि नामक चार-महीका विस्तार होता है ॥ १२२ ॥

उदाहरण— ५१० × ६१ = ३१११०; ३१११० + ४८ = ३११५८ = $\frac{३१११५८}{६१}$ ध्रु. रा. चार मही ।

इकतीस हजार एक सौ अट्ठावनमें इकसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना ध्रुव-राशिका प्रमाण कहा गया है ॥ १२३ ॥ $\frac{३१११५८}{६१}$ ।

चन्द्रबिम्बके प्रमाणको पन्द्रहसे गुणा करनेपर जो कुछ प्राप्त हो उसे ध्रुवराशिमेंसे कमकर देनेपर शेष सम्पूर्ण गलियोंका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ १२४ ॥

चन्द्रबिम्बका प्रमाण $\frac{५६}{६१} \times १५ = \frac{८४०}{६१}$; ध्रुवराशि $\frac{३१११५८}{६१} - \frac{८४०}{६१} = \frac{३०३१८}{६१}$ कुल वीथी अन्तराल ।

इसमें चौदहका भाग देनेपर एक एक वीथीके अन्तरालका प्रमाण होता है । यह प्रमाण पैंतीस योजनोंसे अधिक है । इस अधिकताका जो प्रमाण है उसमें दो सौ चौदह अंश और चार सौ सत्ताईस भागहार है, अर्थात् वह प्रमाण एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे दो सौ चौदह भाग अधिक है ॥ १२५-१२६ ॥

उदाहरण— समस्त वीथियोंका अन्तराल $\frac{३०३१८}{६१}$; $\frac{३०३१८}{६१} \div १४ \left(= \frac{८५४}{६१}\right)$ = $३५\frac{४३८}{६१}$ = $३५\frac{२१४}{४२७}$ प्रत्येक वीथीका अन्तराल प्रमाण ।

पढमपहादो चंदा बाहिरमग्गस्स गमणकालम्मि । वीहिं पडि मेलिज्जं विच्चालं बिंबसंजुत्तं ॥ १२७

$$३६\left|\begin{matrix}१७९\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा अडसयाणि छप्पण्णजोयणा अधिया । उणसीदिजुदसदंसा बिदियद्धगदेंदुमेरुविच्चालं ॥

$$४४८५६\left|\begin{matrix}१७९\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा अडसयाणि बाणउदि जोयणा भागा । अडवण्णुत्तरतिसया तदियद्धगदेंदुमंदरपमाणं ॥ १२९

$$४४८९२\left|\begin{matrix}३५८\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदालसहस्सा णवसयाणि उणतीस जोयणा भागा । दसजुत्तसदं विच्चं चउत्थपहगदहिमंसुमेरूणं ॥ १३०

$$४४९२९\left|\begin{matrix}११०\\४२७\end{matrix}\right|$$

चन्द्रोंके प्रथम वीथीसे द्वितीयादि बाह्य वीथियोंकी ओर जाते समय प्रत्येक वीथीके प्रति बिम्बसंयुक्त अन्तरालको मिलाना चाहिये ॥ १२७ ॥

प्रत्येक वीथीका अन्तर $३५\frac{२१४}{४२७} + \frac{३२७}{४२७}$ ($= \frac{५६}{१}$ बिम्बविस्तार) $= ३५\frac{२७१}{४२७}$ $= ३६\frac{१७९}{४२७}$ बिम्बसंयुक्त अन्तराल प्रमाण ।

द्वितीय अध्व अर्थात् गलीको प्राप्त हुए चन्द्रमाका मेरु पर्वतसे चवालीस हजार आठ सौ छप्पन योजन और एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे एक सौ उन्यासी भागप्रमाण अन्तर है ॥ १२८ ॥

प्रथम वीथी और मेरुका अन्तर $४४८२० + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४८५६\frac{१७९}{४२७}$ मेरु और द्वितीय वीथीके मध्यका अन्तर ।

तृतीय गलीको प्राप्त हुए चन्द्र और मेरुपर्वतके बीचमें चवालीस हजार आठ सौ बानवे योजन और तीन सौ अट्ठावन भाग अधिक अन्तरप्रमाण है ॥ १२९ ॥

$$४४८५६\frac{१७९}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४८९२\frac{३५८}{४२७} ।$$

चतुर्थ पथको प्राप्त हुए चन्द्रमा और मेरुके मध्य चवालीस हजार नौ सौ उनतीस योजन और एक सौ दश भागमात्र अधिक अन्तर है ॥ १३० ॥

$$४४८९२\frac{३५८}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४४९२९\frac{११०}{४२७}$$

चउदालसहस्सा णवसयाणि पण्णट्ठि जोयणा भागा। दोण्णि सया उणणउदी पंचमपहइंदुमंदरपमाणं ॥१३१

४४९६५ | २८९ / ४२७ |

पणदालसहस्सा बेजोयणजुत्ता कलाओ इगिदालं। छट्ठपहट्ठिदहिमकरचामीयरसेलविच्चालं ॥ १३२

४५००२ | ४१ / ४२७ |

पणदालसहस्सा जोयणाणि अडतीस दुसयवीसंसा। सत्तमवीहिगदं सीदमयूखमेरुण विच्चालं ॥ १३३

४५०३८ | २२० / ४२७ |

पणदालसहस्सा चउहत्तरिअधिया कलाओ तिण्णिसया। णवणवदी विच्चालं अट्ठमवीहीगदिंदुमेरूणं ॥१३४

४५०७४ | ३९९ / ४२७ |

पणदालसहस्सा सयमेक्कारसजोयणाणि कलाण सयं। इगिवण्णा विच्चालं णवमपहे चंदमेरूणं ॥ १३५

४५१११ | १५१ / ४२७ |

पंचम पथको प्राप्त चन्द्रका मेरु पर्वतसे चवालीस हजार नौ सौ पैंसठ योजन और दो सौ नवासी भागप्रमाण अन्तर है ॥ १३१ ॥

$४४९२९\frac{११}{४२७} + ३६\frac{१७०}{४२७} = ४४९६५\frac{२८९}{४२७}$ ।

छठे पथमें स्थित चन्द्र और सुवर्णशैल (मेरु) के मध्यमें पैंतालीस हजार दो योजन और इकतालीस कलाप्रमाण अन्तर है ॥ १३२ ॥

$४४९६५\frac{२८९}{४२७} + ३६\frac{१७०}{४२७} = ४५००२\frac{४१}{४२७}$ ।

सातवीं गलीको प्राप्त चन्द्र और मेरुके मध्यमें पैंतालीस हजार अड़तीस योजन और दो सौ बीस भाग अधिक अन्तर है ॥ १३३ ॥

$४५००२\frac{४१}{४२७} + ३६\frac{१७०}{४२७} = ४५०३८\frac{२२०}{४२७}$ ।

आठवीं गलीको प्राप्त चन्द्र और मेरुके बीचमें पैंतालीस हजार चौहत्तर योजन और तीन सौ निन्यानवे कला अधिक अन्तर है ॥ १३४ ॥

$४५०३८\frac{२२०}{४२७} + ३६\frac{१७०}{४२७} = ४५०७४\frac{३९९}{४२७}$ ।

नौवें पथमें चन्द्र और मेरुके मध्यमें पैंतालीस हजार एक सौ ग्यारह योजन और एक सौ इक्यावन कलामात्र अन्तराल है ॥ १३५ ॥

$४५०७४\frac{३९९}{४२७} + ३६\frac{१७०}{४२७} = ४५१११\frac{१५१}{४२७}$ ।

पणदालसहस्सा सय सत्ततालं कलाण तिण्णि सया । तीसजुदा दसमपहे विच्चं हिमकिरणमेरूणं[1] ॥ १३६

४५१४७ | ३३० / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं चुलसीदी जोयणाणि एक्कसयं । बासीदिकला विच्चं एक्कारसपहम्मि एदाणं ॥ १३७

४५१८४ | ८२ / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं वीसुत्तरदोसयाणि जोयणया । इगिसट्ठिदुसयभागा बारसमपहम्मि तं विच्चं ॥ १३८

४५२२० | २६१ / ४२७ |

पणदालसहस्साणिं दोण्णि सया जोयणाणि सगवण्णा । तेरसकलाओ तेरसपहम्मि एदाण विच्चालं ॥ १३९

४५२५७ | १३ / ४२७ |

पणदालसहस्सा बे सयाणि तेणउदि जोयणा अधिया । अट्ठोणदुसयभागा चोद्दसमपहम्मि तं विच्चं ॥ १४०

४५२९३ | १९२ / ४२७ |

दशवें पथमें स्थित चन्द्र और मेरुका अन्तराल पैंतालीस हजार एक सौ सैंतालीस योजन और तीन सौ तीस कलाप्रमाण जानना चाहिये ॥ १३६ ॥

$४५१११\frac{१५}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५१४७\frac{३३०}{४२७}$ ।

ग्यारहवें पथमें इन दोनोंका अन्तर पैंतालीस हजार एक सौ चौरासी योजन और ब्यासी कलामात्र है ॥ १३७ ॥ $४५१४७\frac{३३०}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५१८४\frac{८२}{४२७}$ ।

बारहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ बीस योजन और दो सौ इकसठ भागमात्र है ॥ १३८ ॥ $४५१८४\frac{८२}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५२२०\frac{२६१}{४२७}$ ।

तेरहवें पथमें इन दोनोंका अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ सत्तावन योजन और तेरह कलामात्र है ॥ १३९ ॥ $४५२२०\frac{२६१}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५२५७\frac{१३}{४२७}$ ।

चौदहवें पथमें वह विस्तार पैंतालीस हजार दो सौ तेरानबे योजन और आठ कम दो सौ भाग अधिक है ॥ १४० ॥ $४५२५७\frac{१३}{४२७} + ३६\frac{१७९}{४२७} = ४५२९३\frac{१९२}{४२७}$ ।

---

१ द ब प्रत्योरियं गाथा १३४-१३५ गाथयोरन्तराले प्राप्यते, अस्मिन् स्थाने चैतत्समानार्थका निम्ना गाथोपलभ्यते— पणदालसहस्साणिं सगदाल सयं च जोयणमेयं । तीसं तिसयकलाओ दहमो पहचंद णायव्वो ।

पणदालसहस्साणिं तिण्णि सया जोयणाणि उणतीसं । इगिहत्तरितिसयकला पण्णरसपहम्मि तं विच्चं ॥१४१

४५३२९ | ३७१ / ४२७ |

बाहिरपहादु ससिणो आदिमवीहीए आगमणकाले । पुव्वपमेलिदखेदं फेलसु[1] जा चोद्दसादिपढमपहं ॥

सट्ठिजुदं तिसयाणिं सोहेज्जसु जंबुदीववासम्मि । जं सेसं आबाहं अब्भंतरमंडलिंदूणं ॥ १४३

णवणउदिसहस्साणिं छस्सयचालीसजोयणाणिं पि । चंदाणं विच्चालं अब्भंतरमंडलट्ठिदाणं ॥ १४४

९९६४० ।

गिरिससहरपहवड्ढी दोहिं गुणिदाए होदि जं लद्धं । सा याबाधावड्ढी पडिमग्गं चंदचंदाणं ॥ १४५

७२ | ३५८ / ४२७ |

पन्द्रहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार तीन सौ उनतीस योजन और तीन सौ इकहत्तर कला अधिक है ॥ १४१ ॥ ४५२९३$\frac{१९३}{४२७}$ + ३६$\frac{१९३}{४२७}$ = ४५३२९$\frac{३७१}{४२७}$ ।

बाह्य अर्थात् पन्द्रहवें पथसे चन्द्रके प्रथम वीथीकी ओर आगमनकालमें पहिले मिलाये हुए क्षेत्र (३६$\frac{१९३}{४२७}$) को उत्तरोत्तर कम करते जानेसे चौदहवीं गलीको आदि लेकर प्रथम गली तकका अन्तरालप्रमाण आता है ॥ १४२ ॥

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ योजनोंको कम कर देनेपर जो शेष रहे उतना अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित दोनों चन्द्रोंके आबाधा अर्थात् अन्तरालका प्रमाण होता है ॥ १४३ ॥

ज. द्वी. वि. १००००० − ३६० (दोनों ओरका चार क्षेत्र) = ९९६४० यो. ।

अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानबे हजार छह सौ चालीस योजन-प्रमाण है ॥ १४४ ॥

सुमेरु और चन्द्रपथोंके बीच जो अन्तरालवृद्धिका प्रमाण है उसे दोसे गुणा करनेपर जो लब्ध हो उतना प्रत्येक गलीमें चन्द्रोंके परस्पर एक दूसरेके बीचमें रहनेवाले अन्तरालकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ १४५ ॥

मेरु और चन्द्रपथोंका अन्तर ३६$\frac{१९३}{४२७}$ × २ = ७२$\frac{३५८}{४२७}$ चन्द्रोंकी अन्तरालवृद्धि ।

---

१ द फेलसु.

बारसजुदसत्तसया णवणउदिसहस्स जोयणाणिं पि । अडवण्णा तिसयकला बिदियपहे चंदचंदस्स ॥१४६

९९७१२ | ३५८/४२७ |

णवणउदिसहस्साणिं सत्तसया जोयणाणि पणसीदी । उणणउदीदुसयकला तदिए बिंबं सिदंसूणं ॥ १४७

९९७८५ | २८९/४२७ |

णवणवदिसहस्साणिं अट्ठसया जोयणाणि अडवण्णा । वीसुत्तरदुसयकला ससीण बिंबं तुरिममग्गे ॥ १४८

९९८५८ | २२०/४२७ |

णवणउदिसहस्सा णवसयाणि इगितीस जोयणाणं पि । इगिसदइगिवण्णकला बिदालं पंचमपहम्मि ॥१४९

९९९३१ | १५१/४२७ |

एक्कं जोयणलक्खं चउअब्भहियं हुवेदि सविसेसं । बासीदिकला छट्ठे पहम्मि चंदाण विच्चालं ॥ १५०

१००००४ | ८२/४२७ |

सत्ततरिसंजुत्तं जोयणलक्खं च तेरस कलाओ । सत्तममग्गे दोण्हं तुगाकिरणाण विच्चालं ॥ १५१

१०००७७ | १३/४२७ |

द्वितीय पथमें एक चन्द्रसे दूसरे चन्द्रका अन्तराल निन्यानवे हजार सात सौ बारह योजन और तीन सौ अट्ठावन कला अधिक है ॥ १४६ ॥

$९९६४० + ७२\frac{३५८}{४२७} = ९९७१२\frac{३५८}{४२७}$ ।

तृतीय पथमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार सात सौ पचासी योजन और दो सौ नवासी कालमात्र है ॥ १४७ ॥ $९९७१२\frac{३५८}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = ९९७८५\frac{२८९}{४२७}$ ।

चौथे मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार आठ सौ अट्ठावन योजन और दो सौ बीस कला अधिक है ॥ १४८ ॥ $९९७८५\frac{२८९}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = ९९८५८\frac{२२०}{४२७}$ ।

पांचवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार नौ सौ इकतीस योजन और एक सौ इक्यावन कलाप्रमाण है ॥ १४९ ॥ $९९८५८\frac{२२०}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = ९९९३१\frac{१५१}{४२७}$ ।

छठे पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख चार योजन और व्यासी कला अधिक है ॥ १५० ॥ $९९९३१\frac{१५१}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००००४\frac{८२}{४२७}$ ।

सातवें मार्गमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख सतत्तर योजन और तेरह कलामात्र है ॥ १५१ ॥ $१००००४\frac{८२}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १०००७७\frac{१३}{४२७}$ ।

इगिवण्णजुदेक्कसयं जोयणलक्खं कलाओ तिण्णिसया । एक्कत्तरी ससीणं अट्ठममग्गम्मि विच्चालं ॥ १५२

$$१००१४९\left|\begin{matrix}३७१\\४२७\end{matrix}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं बावीसजुदा बियसयाणिं । दोउत्तरतिसयकला णवमपहे ताण विच्चालं ॥ १५३

$$१००२२२\left|\begin{matrix}३०२\\४२७\end{matrix}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं पणणउदिजुदाणि दोण्णि य सयाणिं । बेसयतेत्तीसकला विच्चं दसमम्मि इंदूणं ॥१५४

$$१००२९५\left|\begin{matrix}२३३\\४२७\end{matrix}\right|$$

एक्कं जोयणलक्खं अट्ठासट्ठीजुदा य तिण्णि सया । चउसट्ठिसदकलाओ एक्करसपहम्मि तं विच्चं ॥ १५५

$$१००३६८\left|\begin{matrix}१६४\\४२७\end{matrix}\right|$$

एक्कं लक्खं चउसय इगिदाला जोयणाणि अदिरेगे । पणणउदिकला मग्गे बारसमे अंतरं ताणं ॥ १५६

$$१००४४१\left|\begin{matrix}९५\\४२७\end{matrix}\right|$$

चउदसजुदपंचसया जोयणलक्खं कलाओ छव्वीसं । तेरसपहम्मि दोण्हं विच्चालं सिसिरकिरणाणं ॥ १५७

$$१००५१४\left|\begin{matrix}२६\\४२७\end{matrix}\right|$$

आठवें मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख एक सौ उनंचास योजन और तीन सौ इकहत्तर कला अधिक है ॥ १५२ ॥ $१०००७७\frac{१३}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} - १००१४९\frac{३७१}{४२७}$ ।

नौवें मार्गमें उन चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ बाईस योजन और तीन सौ दो कला अधिक है ॥ १५३ ॥ $१००१४९\frac{३७१}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००२२२\frac{३०२}{४२७}$ ।

दशवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ पंचानबे योजन और दो सौ तेतीस कलाप्रमाण है ॥ १५४ ॥ $१००२२२\frac{३०२}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००२९५\frac{२३३}{४२७}$ ।

ग्यारहवें पथमें यह अन्तराल एक लाख तीन सौ अड़सठ योजन और एक सौ चौसठ कला अधिक है ॥ १५५ ॥ $१००२९५\frac{२३३}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००३६८\frac{१६४}{४२७}$ ।

बारहवें मार्गमें उन चन्दोंका अन्तर एक लाख चार सौ इकतालीस योजन और पंचानबे कला अधिक है ॥ १५६ ॥

$$१००३६८\frac{१६४}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००४४१\frac{९५}{४२७}$$ ।

तेरहवें पथमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पांच सौ चौदह योजन और छब्बीस कला प्रमाण है ॥ १५७ ॥ $१००४४१\frac{९५}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००५१४\frac{२६}{४२७}$ ।

लक्खं पंचसयाणिं छासीदी जोयणा कला तिसया । चउसीदी चोद्दसमे पहम्मि दिच्चं सिदकराणं[1] ॥ १५८

$$१००५८६\left|\begin{matrix}३८४\\४२७\end{matrix}\right|$$

लक्खं छच्च सयाणिं उणसट्ठी जोयणा कला तिसया । पण्णरसजुदा मग्गे पण्णरसं अंतरं ताणं ॥ १५९

$$१००६५९\left|\begin{matrix}३१५\\४२७\end{matrix}\right|$$

बाहिरपहादु ससिणो आदिममग्गम्मि आगमणकाले । पुव्वपमेलिदखेत्तं सोहसु जा चोद्दसादिपदमपहं ॥

तियजोयणलक्खाणिं पण्णरससहस्सयाणि इणणउदी । अब्भंतरवीधीए परिरयरासिस्स परिसंखा ॥ १६१

३१५०८९ ।

सेसाणं वीहीणं परिहीपरिमाणजाणणणिमित्तं[3] । परिहिक्खेवं[4] भणिमो गुरूवदेसाणुसारेणं ॥ १६२

चौदहवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पांचसौ छयासी योजन और तीन सौ चौरासी कला अधिक है ॥ १५८ ॥

$$१००५१४\frac{२६}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००५८६\frac{३८४}{४२७} ।$$

पन्द्रहवें मार्गमें उनका अन्तर एक लाख छह सौ उनसठ योजन और तीन सौ पन्द्रह कलामात्र है ॥ १५९ ॥ $१००५८६\frac{३८४}{४२७} + ७२\frac{३५८}{४२७} = १००६५९\frac{३१५}{४२७}$ ।

चन्द्रके बाह्य पथसे प्रथम पथकी ओर आते समय पूर्वमें मिलाये हुए क्षेत्रको उत्तरोत्तर कम करनेपर चौदहवें पथसे प्रथम पथ तक दोनों चन्द्रोंका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ १६० ॥

अभ्यन्तर वीथीके परिरय अर्थात् परिधिकी राशिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार नवासी योजन है ॥ १६१ ॥ ३१५०८९ ।

शेष गलियोंके परिधिप्रमाणको जाननेके लिये गुरूपदेशानुसार परिधिके प्रक्षेपको कहते हैं ॥ १६२ ॥

---

१ द ब उणसट्ठी. २ द ब सीदकराणं. ३ द ब जाणणणमित्तं. ४ ब परिहिक्खेदं.

चंदपहसूइवड्ढीदुगुणं काऊण वग्गिदूणं च । दसगुणिदे जं मूलं परिहिक्खेओ[1] स णादव्वो ॥ १६३

७२ | ३५८ / ४२७ |

तीसुत्तरबेसयजोयणाणि तेदालजुत्तसयमंसा । हारो चत्तारि सया सत्तावीसेहिं अब्भहिया ॥ १६४

२३० | १४३ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं पण्णरससहस्ससतिसयउणवीसा । तेदालजुदसदंसा बिदियपहे परिहिपरिमाणं ॥ १६५

३१५३१९ | १४३ / ४२७ |

उणवण्णा पंचसया पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । छासीदी दुसदकला सा परिही तदियवीहीए ॥१६६

३१५५४९ | २८६ / ४२७ |

चन्द्रपथोंकी सूचीवृद्धिको दुगुणा करके उसका वर्ग करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसको दश गुणा करके वर्गमूल निकालनेपर प्राप्त राशिके प्रमाण परिधिप्रक्षेप जानना चाहिये ॥ १६३ ॥

च. प. सू. वृद्धि $३६\frac{५८}{४२७}$; इसका दूना $= ७२\frac{३५८}{४२७} = \frac{३११०२}{४२७}$;
$\sqrt{\left(\frac{३११०२}{४२७}\right)^{२} \times १०} = २३०\frac{१४३}{४२७}$ परिधिप्रक्षेप ।

उपर्युक्त प्रक्षेपक प्रमाण दो सौ तीस योजन और एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे एक सौ तेतालीस भाग अधिक है ॥ १६४ ॥ $२३०\frac{१४३}{४२७}$ ।

द्वितीय पथमें परिधिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार तीन सौ उन्नीस योजन और एक सौ तेतालीस भागमात्र है ॥ १६५ ॥

$$३१५०८९ + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५३१९\frac{१४३}{४२७} ।$$

तृतीय वीथीकी वह परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार पांच सौ उनंचास योजन और दो सौ छयासी भाग मात्र है ॥ १६६ ॥

$$३१५३१९\frac{१४३}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५५४९\frac{२८६}{४२७} ।$$

---

१ ब. परिक्खेओ.

सीदी सत्तसयाणिं पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । दोण्णि कलाओ परिही चंदस्स चउत्थवीहीए ॥ १६७

३१५७८० | २ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं दहुत्तरा तह य सोलससहस्सा । पणदालजुदसयंसा सा परिही पंचमपहम्मि ॥ १६८

३१६०१० | १४५ / ४२७ |

चालीस दुसय सोलससहस्स तियलक्ख जोयणा अंसा । अट्ठासीदी दुसया छट्ठपहे होदि सा परिही ॥ १६९

३१६२४० | २८८ / ४२७ |

सोलससहस्स चउसय एक्कत्तरिअधियजोयण तिलक्खा । चत्तारि कला सत्तमपहम्मि परिही ससंकस्स[1] ॥

३१६४७१ | ४ / ४२७ |

चन्द्रकी चतुर्थ वीथीकी परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार सात सौ अस्सी योजन और दो कला अधिक है ॥ १६७ ॥

$३१५५४९\frac{२८६}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१५७८०\frac{२}{४२७}$ ।

पांचवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दश योजन और एक सौ पैंतालीस भाग अधिक है ॥ १६८ ॥

$३१५७८०\frac{२}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६०१०\frac{१४५}{४२७}$ ।

छठे पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ चालीस योजन और दो सौ अठासी भाग प्रमाण है ॥ १६९ ॥

$३१६०१०\frac{१४५}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६२४०\frac{२८८}{४२७}$

चन्द्रके सातवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार चार सौ इकत्तर योजन और चार कलामात्र है ॥ १७० ॥

$३१६२४०\frac{२८८}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६४७१\frac{४}{४२७}$ ।

---

१ ब मर्दकस्स.

सत्तसया इक्कहिया लक्खा तिण्णेव सोलससहस्सा । इक्कसयं सगतालं भागा अट्ठमपहे परिही ॥ १७१

३१६७०१ | १४७ / ४२७ |

सोलससहस्सणवसयइक्कत्तीसादिरित्ततियलक्खा । णवदीजुददुसयकला ससिस्स परिही णवममग्गे ॥ १७२

३१६९३१ | २९० / ४२७ |

बासट्ठिजुत्तइगिसयसत्तरससहस्सं जोयण तिलक्खा । छ च्चिय कलाओ परिही हिमंसुणो दसमवीहीए ॥

३१७१६२ | ६ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं सत्तरससहस्सतिसयबाणउदी । उणवण्णजुदसदंसा परिही एक्कारसपहम्मि ॥ १७४

३१७३९२ | १४९ / ४२७ |

आठवें पथमें उस परिधिका प्रमाण तीन लाख सोलह हजार सात सौ एक योजन और एक सौ सैंतालीस भाग अधिक है ॥ १७१ ॥

$$३१६४७१\frac{४}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६७०१\frac{१४७}{४२७}।$$

चन्द्रके नौवें मार्गमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार नौ सौ इकतीस योजन और दो सौ नब्बे कलाप्रमाण है ॥ १७२ ॥

$$३१६७०१\frac{१४७}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१६९३१\frac{२९०}{४२७}।$$

चन्द्रकी दशवीं वीथीकी परिधि तीन लाख सत्तरह हजार एक सौ बासठ योजन और छह कलामात्र है ॥ १७३ ॥

$$३१६९३१\frac{२९०}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७१६२\frac{६}{४२७}।$$

ग्यारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार तीन सौ बानबे योजन और एक सौ उनंचास भागप्रमाण है ॥ १७४ ॥

$$३१७१६२\frac{६}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७३९२\frac{१४९}{४२७}।$$

---

१ द ब एक्कतीसा°. २ ब सत्तरसहस्स. ३ द ब सत्तरसहस्सा°.

बारसमुत्तरछस्सय सत्तरससहस्सजोयण तिलक्खा । अट्ठेणियतिसयकला बारसमपहम्मि सा परिही ॥१७५

३१७६२२ | २९२ / ४२७ |

तेवण्णुत्तरअडसयसत्तरससहस्सजोयण तिलक्खा । अट्ठकलाओ परिही तेरसमपहम्मि सीदरुचिकिरणो ॥

३१७८५३ | ८ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाणिं अट्ठारससहस्सयाणि तेसीदी । इगिवण्णजुदसदंसा चोद्दसमपहे हवा परिही ॥ १७७

३१८०८३ | १५१ / ४२७ |

तियजोयणलक्खाइं अट्ठरससहस्सतिसयतेरसया । बेसयचउणउदिकला बाहिरमग्गम्मि सा परिही ॥ १७८

३१८३१३ | २९४ / ४२७ |

चंदसुरा[3] सिग्घगदी णिग्गच्छंता हुवंति पविसंता । मंदगदी असमाणा परिहीओ भमंति सरिसकालेणं ॥

बारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार छह सौ बाईस योजन और आठ कम तीन सौ अर्थात् दो सौ बानवे कलाप्रमाण है ॥ १७५ ॥

$३१७३९२\frac{१४९}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७६२२\frac{२९२}{४२७}$ ।

चन्द्रके तेरहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार आठ सौ तिरेपन योजन और आठ कलाप्रमाण है ॥ १७६ ॥

$३१७६२२\frac{२९२}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१७८५३\frac{८}{४२७}$ ।

चौदहवें पथमें यह परिधि तीन लाख अठारह हजार तेरासी योजन और एक सौ इक्यावन भागप्रमाण है ॥ १७७ ॥

$३१७८५३\frac{८}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१८०८३\frac{१५१}{४२७}$ ।

बाह्य मार्गमें वह परिधि तीन लाख अठारह हजार तीन सौ तेरह योजन और दो सौ चौरानवे कला अधिक है ॥ १७८ ॥

$३१८०८३\frac{१५१}{४२७} + २३०\frac{१४३}{४२७} = ३१८३१३\frac{२९४}{४२७}$ ।

चन्द्र व सूर्य बाहर निकलते हुए अर्थात् बाह्य मार्गकी ओर आते समय शीघ्रगतिवाले और अभ्यन्तर मार्गकी ओर प्रवेश करते हुए मन्द गतिसे संयुक्त होते हैं, इसीलिये वे समान कालमें ही असमान परिधियोंका भ्रमण करते हैं ॥ १७९ ॥

---

१ ब सत्तरसहस्स. २ द ब सत्तरसहस्स°. ३ ब चंदपुरा.

एक्कं जोयणलक्खं णव य सहस्साणि अडसयाणिं[1] पि । परिहीणं पत्तेक्कं ते कादव्वा गयणखंडा[2] ॥ १८०

१०९८००।

गच्छदि मुहुत्तमेक्के अडसट्ठीजुत्तसत्तरसयाणिं । णभखंडाणिं ससिणो तम्मि हिदे सव्वगयणखंडाणिं ॥१८१

१७६८।

बासट्ठिमुहुत्ताणिं भागा तेवीस सत्तहाराइं । इगिवीसाधिय विसदं लद्धं तं गयणखंडादो ॥ १८२

$$६२\left|\begin{matrix}२३\\२२१\end{matrix}\right|^{४}$$

अब्भंतरवीहीदो बाहिरपेरंत दोण्णि ससिबिंबा । कमसो परिब्भमंते बासट्ठिमुहुत्तएहिं अधिएहिं ॥ १८३

६२।[५]

अदिरेयस्स पमाणं अंसा तेवीसया[6] मुहुत्तस्स । हारो दोण्णि सयाणिं जुत्ताणिं एक्कवीसेणं ॥ १८४

$$\begin{matrix}२३\\२२१\end{matrix}\Big|$$

उन परिधियोंमेसे प्रत्येकके एक लाख नौ हजार आठ सौ योजन प्रमाण वे गगनखण्ड करना चाहिये ॥ १८० ॥ १०९८००।

चन्द्र एक मुहूर्तमें सत्तरह सौ अड़सठ गगनखण्डोंका अतिक्रमण करते हैं। इसलिये इस राशिका समस्त गगनखण्डोंमें भाग देनेपर बासठ मुहूर्त और एक मुहूर्तके दो सौ इक्कीस भागोमेसे तेईस भाग लब्ध आते है ॥ १८१–१८२ ॥

मुहूर्तमात्रमें अतिक्रमणीय खण्ड १७६८; समस्त गगनखण्ड १०९८००; १०९८००+ १७६८ = $६२\frac{२३}{२२१}$ मुहूर्त कुल गगनखण्डोंका अतिक्रमणकाल।

दोनों चन्द्रबिम्ब क्रमसे अभ्यन्तर वीथीसे बाह्य बीथी पर्यन्त बासठ मुहूर्तसे अधिक कालमें परिभ्रमण करते है ॥ १८३ ॥

इस अधिकताका प्रमाण एक मुहूर्तके तेईस भाग और दो सौ इक्कीस हार रूप अर्थात् तेईस बटे दो सौ इक्कीस है ॥ १८४ ॥ $\frac{२३}{२२१}$।

---

१ द ब अडसयाणं; ब अट्ठसयाणिं. २ ब खंडाणि. ३ ब मुहुत्तमेत्तमेक्के. ४ द ब ६२।२३। ५ २।६२। ६ द ब तेवीसमो.

सम्मेलिय बासट्ठिं इच्छियपरिहीए भागमवहरिदं। तस्सिं तस्सिं सविणो एक्कमुहुत्तम्मि गदिमाणं ॥ १८५

$\frac{१३७२५}{२२१} \Big| ३१५०८९ । १ ।$

पंचसहस्सं अधिया तेहत्तरजोयणाणि तियकोसा। लद्धं मुहुत्तगमणं पढमपहे सीदकिरणस्स ॥ १८६

५०७३ । को ३ ।

सत्तत्तरि सविसेसा पंचसहस्साणि कोसअधियाणिं। लद्धं मुहुत्तगमणं चंदस्स दुइज्जवीहीए ॥ १८७

५००७ । को १ ।

जोयणपंचसहस्सा सीदीजुत्ता य तिण्णि कोसाणिं। लद्धं मुहुत्तगमणं चंदस्स तइज्जवीहीए ॥ १८८

५०८० । को ३ ।

पंचसहस्सा जोयण चुलसीदी तह दुवे कोसा। लद्धं मुहुत्तगमणं चंदस्स चउत्थमग्गम्मि ॥ १८९

५०८४ । को २ ।

अट्ठासीदी अधिया पंचसहस्सा य जोयणा कोसो। लद्धं मुहुत्तगमणं पंचममग्गे मियंकस्स ॥ १९०

५०८८ । को १ ।

समच्छेदरूपसे बासठको मिलाकर उसका इच्छित परिधिमें भाग देनेपर उस उस वीथीमें चन्द्रका एक मुहूर्तमें गमनप्रमाण आता है ॥ १८५ ॥

मु. $६२\frac{२३}{२२१} = \frac{१३७२५}{२२१}$; परिधिप्रमाण $३१५०८९ = \frac{६९६३४६६९}{२२१}$;

$\frac{६९६३४६६९}{२२१} \div \frac{१३७२५}{२२१} = ५०७३\frac{७१४४}{१३७२५}$ = ५०७३ यो. और ३ को. से कुछ कम।

प्रथम पथमें चन्द्रका एक मुहूर्त सम्बन्धी गमन पांच हजार तिहत्तर योजन और तीन कोश प्रमाण प्राप्त होता है ॥ १८६ ॥ यो. ५०७३ को. ३।

द्वितीय वीथीमें चन्द्रका मुहूर्तकालपरिमित गमनक्षेत्र पांच हजार सतत्तर योजन और एक कोशमात्र प्राप्त होता है ॥ १८७ ॥ यो. ५००७ को. १।

तृतीय वीथीमें चन्द्रका मुहूर्तपरिमित गमनक्षेत्र पांच हजार अस्सी योजन और तीन कोशप्रमाण प्राप्त होता है ॥ १८८ ॥ यो. ५०८० को. ३।

चतुर्थ मार्गमें चन्द्रका मुहूर्तपरिमित गमन पांच हजार चौरासी योजन तथा दो कोशमात्र प्राप्त होता है ॥ १८९ ॥ यो. ५०८४ को. २।

पांचवें मार्गमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार अठासी योजन और एक कोशमात्र प्राप्त होता है ॥ १९० ॥ यो. ५०८८ को. १।

णवणउदिउत्तराणिं पंचसहस्साणि जोयणाणिं च । लद्धं मुहुत्तगमणं हिमंसुणो छट्ठमग्गम्मि ॥ १९१

५०९२ ।

पंचेव सहस्साइं पणणउदी जोयणा तिकोसा य । लद्धं मुहुत्तगमणं सीदंसुणो सत्तमपहम्मि ॥ १९२

५०९५ । को ३ ।

पणसंखसहस्साणिं णवणउदी जोयणा दुवे कोसा । लद्धं मुहुत्तगमणं अट्ठममग्गे हिमरसिस्स[1] ॥ १९३

५०९९ । को २ ।

पंचेव सहस्साणिं तिउत्तरं जोयणाणि एक्कसयं । लद्धं मुहुत्तगमणं णवमपहे तुहिणरासिस्स ॥ १९४

५१०३ ।

पंचसहस्सा छाधियमेक्कसयं जोयणा तिकोसा य । लद्धं मुहुत्तगमणं दसमपहे हिममयूखाणं ॥ १९५

५१०६ । को ३ ।

पंचसहस्सा दसजुदएक्कसया जोयणा दुवे कोसा । लद्धं मुहुत्तगमणं एक्करसपहे ससंकस्स ॥ १९६

५११० । को २ ।

छठे मार्गमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार बानवे योजन मात्र लब्ध होता है ॥ १९१ ॥ यो. ५०९२ ।

सातवें पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार पंचानवे योजन और तीन कोशमात्र प्राप्त होता है ॥ १९२ ॥ यो. ५०९५ को. ३ ।

आठवें मार्गमें हिमरश्मि अर्थात् चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार निन्यानवे योजन और दो कोशमात्र प्राप्त होता है ॥ १९३ ॥ यो. ५०९९ को. २ ।

नौवें पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ तीन योजनप्रमाण प्राप्त होता है ॥ १९४ ॥ यो. ५१०३ ।

दशवें पथमें चन्द्रोंका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ छह योजन और तीन कोश-प्रमाण पाया जाता है ॥ १९५ ॥ यो. ५१०६ को. ३ ।

ग्यारहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ दश योजन और दो कोश-प्रमाण पाया जाता है ॥ १९६ ॥ यो. ५११० को. २ ।

---

१ द ब हिमरविस्स, क हिसरसिविस.

जोयणपंचसहस्सा एक्कसयं चोद्दसुत्तरं कोसो । लद्धं मुहुत्तगमणं बारसमपहे सिदंसुस्स ॥ १९७

५११४ । को १ ।

अट्ठारसुत्तरसयं पंचसहस्साणि जोयणाणिं च । लद्धं मुहुत्तगमणं तेरसमगे हिमंसुस्स ॥ १९८

५११८ ।

पंचसहस्सा इगिसयमिगिवीसजुदं सजोयण तिकोसा । लद्धं मुहुत्तगमणं चोद्दसमपहम्मि चंदस्स ॥ १९९

५.२१ । को ३ ।

पंचसहस्सेक्कसया पणुवीसं जोयणा दुवे कोसा । लद्धं मुहुत्तगमणं सीदंसुणो बाहिरपहम्मि ॥ २००

५१२५ । को २ ।

णगहरणयरतलादो चत्तारि पमाणअंगुलाणं पि । हेट्ठा गच्छिय होंति हु राहुविमाणस्स धयदंडा ॥ २०१

ते राहुस्स विमाणा अंजणवण्णा अरिट्ठरयणमया । किंचूणं जोयणयं विक्खंभजुदा तद्दलबहलत्तं ॥ २०२

पण्णासाधियदुसया कोदंडा राहुणयरबहलत्तं । एवं लोयविणिच्छयकत्तारिओ परूवेदि ॥ २०३

पाठान्तरम् ।

. . . . . .

बारहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ चौदह योजन और एक कोश-मात्र पाया जाता है ॥ १९७ ॥ यो. ५११४ को. १ ।

तेरहवें मार्गमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ अठारह योजनप्रमाण पाया जाता है ॥ १९८ ॥ यो. ५११८ ।

चौदहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ इक्कीस योजन और तीन कोशमात्र पाया जाता है ॥ १९९ ॥ यो. ५१२१ को. ३ ।

बाह्य पथमें चन्द्रका मुहूर्तगमन पांच हजार एक सौ पच्चीस योजन और दो कोशमात्र लब्ध होता है ॥ २०० ॥ यो. ५१२५ को. २ ।

चन्द्रके नगरतलसे चार प्रमाणांगुल नीचे जाकर राहुविमानके ध्वजदण्ड होते हैं ॥ २०१ ॥

वे राहुके विमान अंजनवर्ण, अरिष्ट रत्नोंसे निर्मित, कुछ कम एक योजनमात्र विस्तारसे संयुक्त, और विस्तारसे आधे बाहल्यवाले हैं ॥ २०२ ॥

राहुनगरका बाहल्य दो सौ पचास धनुषप्रमाण है ऐसा लोकविनिश्चयकर्ता आचार्य प्ररूपण करते हैं ॥ २०३ ॥ पाठान्तर ।

चउगोउरजुत्तेसु य जिणमंदिरमंडिदेसु णयरेसुं । तेसुं बहुपरिवारा राहू णामेण होंति सुरा॥ २०४
राहूण पुरतलाणं दुविहप्पाणिं हुवंति गमणाणिं । दिणपव्वविभेदेहिं दिणराहू ससिसरिच्छगदी ॥ २०५
जस्सिं मग्गे ससहरबिंबं दिस्सेदि य तेसु परिपुण्णं । सो होदि पुण्णिमक्खो दिवसो इह माणुसे लोए ॥
तब्बीहीदो लंघिय दीवस्स हुदासमारुदिसाए । तदणंतरबीहीए एंति हु दिणराहुससिबिंबा ॥ २०७
आदे ससहरमंडलसोलसभागेसु एक्कभागस्सो । आवरमाणो दीसइ राहूलंघणविसेसेणं ॥ २०८
अणलदिसाए लंघिय ससिबिंबं एदि वीहिअद्धंसो । सेसद्धं खु ण गच्छदि अरससविभमिदहेदूदो ॥
तदणंतरमग्गाइं णिच्चं लंघंति राहुससिबिंबा । पवणग्गिदिसाहिंतो एवं सेसासु वीहीसुं ॥ २१०
ससिबिंबस्स दिणं पडि एक्केक्कपहम्मि भागमेक्केक्कं । पच्छादेदि हु राहू पण्णरसकलाओ परियंतं ॥ २११
इय एक्केक्ककलाए आवरिदाए खु राहुबिंबेणं । चंदेक्ककला सग्गे जस्सिं दिस्सेदि सो य अमवासो ॥ २१२

चार गोपुरोंसे संयुक्त और जिन मन्दिरोंसे सुशोभित उन नगरोंमें बहुत परिवारसे सहित राहु नामक देव होते हैं ॥ २०४ ॥

दिन और पर्वके भेदसे राहुओंके पुरतलोंके गमन दो प्रकार होते है । इनमेंसे दिन-राहुकी गति चन्द्रके सदृश होती है ॥ २०५ ॥

यहां मनुष्य लोकमें उनमेंसे जिस मार्गमें चन्द्रबिम्ब परिपूर्ण दिखता है वह पूर्णिमा नामक दिवस होता है ॥ २०६ ॥

उस वीथीको लांघकर दिनराहु और चन्द्रबिम्ब जम्बूद्वीपकी आग्नेय और वायव्य दिशासे तदनन्तर वीथीमें आते है ॥ २०७ ॥

द्वितीय वीथीको प्राप्त होनेपर राहुके गमन विशेषसे चन्द्रमण्डलके सोलह भागोंमेंसे एक भाग आच्छादित दिखता है ॥ २०८ ॥

पश्चात् चन्द्रबिम्ब अग्निदिशासे लांघकर वीथीके अर्ध भागमें जाता है, द्वितीय-चन्द्रसे भ्रमित होनेके कारण शेष अर्ध भागमे नहीं जाता है ॥ २०९ ॥

इसी प्रकार शेष वीथियोंमे भी राहु और चन्द्रबिम्ब वायु और अग्नि दिशासे नित्य तदनन्तर मार्गोंको लांघते है । ॥ २१० ॥

राहु प्रतिदिन एक एक पथमें पन्द्रह कला पर्यन्त चन्द्रबिम्बके एक एक भागको आच्छादित करता है ॥ २११ ॥

इस प्रकार राहुबिम्बके द्वारा एक एक करके कलाओंके आच्छादित हो जानेपर जिस मार्गमें चन्द्रकी एक ही कला दिखती है वह अमावस्या दिवस होता है ॥ २१२ ॥

एक्कत्तीसमुहुत्ता अदिरेगो चंदवासरपमाणं । तेवीसंसा हारो चउसयबादालभेत्ता य ॥ २१३

$$३१\left|\frac{२३}{४४२}\right|$$

पडिवाए वासरादो तीहिं पडि ससहरस्स सो राहू । एक्केक्ककलं मुंचदि पुण्णिमयं जाव लंघणदो ॥ २१४

अहवा ससहरबिंबं पण्णरसदिणाइं तस्सहावेणं । कसणाभं सुक्किलाभं तेत्तियमेत्ताणि परिणमदि ॥ २१५

पुह पुह ससिबिंबाणिं छम्मासेसु च पुण्णिमंतम्मि । छादंति पव्वराहू णियमेण गदिविसेसेहिं ॥ २१६

जंबूदीवम्मि दुवे दिवायरा ताण एक्कचारमही । रविबिंबाधियपणसयदहुत्तरा जोयणाणि तब्बासो ॥ २१७

$$५१०\left|\frac{४८}{६१}\right|$$

सीदीजुदमेक्कसयं जंबूदीवे चरंति मत्तंडा । तीसुत्तरतिसयाणिं दिणयरबिंबाधियाणि लवणम्मि ॥ २१८

$$१८०\ |\ ३३०\left|\frac{४८}{६१}\right|$$

चउसीदीअधियसयं दिणयरवीहीओ[1] होंति एदाणं । बिंबसमाण वासो एक्केक्काणं तदद्धबहलत्त ॥ २१९

$$१८४\left|\frac{४८}{६१}\right|\frac{२४}{६१}\left|\right.$$

चान्द्र दिवसका प्रमाण इकतीस मुहूर्त और एक मुहूर्तके चार सौ बयालीस भागोंमेंसे तेईस भाग अधिक है ॥ २१३ ॥ $३१\frac{२३}{४४२}$ ।

वह राहु प्रतिपद् दिनसे एक एक वीथीमें गमन विशेषसे पूर्णिमा तक चन्द्रकी एक एक कलाको छोड़ता है ॥ २१४ ॥

अथवा, चन्द्रबिम्ब अपने स्वभावसे ही पन्द्रह दिनों तक कृष्ण कान्ति स्वरूप और इतने ही दिनों तक शुक्ल कान्तिस्वरूप परिणमता है ॥ २१५ ॥

पर्वराहु नियमसे गतिविशेषोंके कारण छह मासोंमें पूर्णिमाके अन्तमें पृथक् पृथक् चन्द्रबिम्बोंको आच्छादित करते है ॥ २१६ ॥

जम्बूद्वीपमें दो सूर्य है । उनकी चार-पृथिवी एक ही है । इस चार-पृथिवीका विस्तार सूर्यबिम्बसे अधिक पांचसौ दश योजनप्रमाण है ॥ २१७ ॥ $५१०\frac{४८}{६१}$ ।

सूर्य एक सौ अस्सी योजन जम्बूद्वीपमें और दिनकरबिम्ब ($\frac{४८}{६१}$) से अधिक तीनसौ तीस योजन लवणसमुद्रमें गमन करते हैं ॥ २१८ ॥ $१८०\ |\ ३३०\frac{४८}{६१}$ ।

सूर्यकी गलियां एक सौ चौरासी है । इनमेंसे प्रत्येक गलीका विस्तार बिम्बके समान और बाहल्य इससे आधा है ॥ २१९ ॥ $१८४\ |\ \frac{४८}{६१}\ |\ \frac{२४}{६१}$ ।

---

१ द ब बिंबाओ, अ बीहाओ.

तेसीदीअधियसयं दिणेसवीहीण होदि विच्चालं । एक्कपहम्मि चरंते दोण्णि वि भाणुबिंबाणि ॥ २२०

सट्ठिजुदं तिसयाणिं मंदररुंदं च जंबुदीवस्स । वासे सोधिय दलिदे सूरादिमपहसुरद्दिविच्चालं ॥ २२१

३६० । ४४८२० ।

एक्कत्तीससहस्सा एक्कसयं जोयणाणि अडवण्णा । इगिसट्ठीए भजिदे धुवरासी होदि दुमणीणं ॥ २२२

३११५८
६१

दिवसयरबिंबरुंदं चउसीदीसमधियसएणं । धुवरासिस्स य मज्झे सोहेज्जसु तत्थ अवसेसं ॥ २२३

तेसीदिजुदसदेणं भजिदव्वं तम्मि होदि जं लद्धं । वीहिं पडि णादव्वं तरणीणं लंघणपमाणं ॥ २२४

तम्मेत्तं पहविच्चं तं माणं दोण्णि जोयणा होंति । तम्मि रविबिंबरुंदे पहसूचिचयो दिणिंदस्स ॥ २२५

१७०
६१

सूर्यकी एक सौ तेरासी गलियोंमें अन्तराल होता है । दोनों ही सूर्यबिंब एक पथमें गमन करते हैं ॥ २२० ॥

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीनसौ साठ योजन और मेरुके विस्तारको घटा करके शेषको आधा करनेपर सूर्यके प्रथम पथ और मेरुके मध्यका अन्तरालप्रमाण होता है ॥ २२१ ॥

जं. विस्तार यो. १००००० − ३६० = ९९६४०; ९९६४० − १०००० (मेरु विस्तार)=८९६४०; ८९६४० ÷ २ = ४४८२० प्रथम पथ और मेरुके बीचका अन्तराल ।

इकतीस हजार एक सौ अट्ठावन योजनोंमें इकसठका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना द्युमणि अर्थात् सूर्योंकी ध्रुवराशिका प्रमाण होता है ॥ २२२ ॥ $\frac{३११५८}{६१}$ ।

ध्रुवराशिके बीचमेंसे एक सौ चौरासीसे गुणित सूर्यबिम्बके विस्तारको घटा देनेपर जो शेष रहे उसमें एक सौ तेरासीका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्योंका प्रत्येक वीथीके प्रति लंघनप्रमाण अर्थात् अन्तराल जानना चाहिये ॥ २२३ । २२४ ॥

ध्रु. रा. $\frac{३११५८}{६१}$, सू बिं. $\frac{४८}{६१}$; $\frac{४८}{६१} \times १८४ = \frac{८८३२}{६१}$; $\frac{३११५८}{६१} - \frac{८८३२}{६१} = \frac{२२३२६}{६१}$; $\frac{२२३२६}{६१} ÷ १८३ = \frac{२२३२६}{६१ \times १८३} = \frac{२२३२६}{११२६३} = २$ यो. ।

उतने मात्र जो वह प्रत्येक वीथीका अन्तराल है उसका प्रमाण दो योजन है । इसमें सूर्यबिम्बके विस्तारको मिलानेपर सूर्यके पथसूचीचयका प्रमाण होता ॥ २२५ ॥

यो. २ + $\frac{४८}{६१} = \frac{१७०}{६१}$ ।

१ ब भजिदे य धुवं. २ द ब $\frac{१८३}{६१}$ ।

पढमपहादो रविणो बाहिरमग्गम्मि गमणकालम्मि । पडिमग्गमेत्तियं बिंबविसालं मंदरक्काणं ॥ २२६

अह—

रूऊणं इट्ठपहं पहसूचिचएण गुणिय मेलिज्जं । तवणादिमपहमंदरविच्चाले होदि इट्ठविच्चालं ॥ २२७

चउदालसहस्साणिं अट्ठसया जोयणाणि बीसं पि । एदं पढमपहट्ठिददिणयरकणयद्दिविच्चालं ॥ २२८

४४८२० ।

चउदालसहस्सा अडसयाणि बावीस भाणुबिंबजुदा । जोयणया बिदियपहे तिण्हंसुसुमेरुविच्चालं ॥ २२९

४४८२२ | ४८ / ६१ |

चउदालसहस्सा अडसयाणि पणुवीस जोयणाणि कला । पणतीस तइज्जपहे पतंगहेमद्दिविच्चालं ॥ २३०

४४८२५ | ३५ / ६१ |

एवमादिमज्झिमपहपरियंतं णेदव्वं ।

सूर्यके प्रथम पथसे बाह्य मार्गकी ओर जाते समय प्रत्येक मार्गमें मन्दर पर्वत और सूर्यबिम्बके बीच इतना अन्तराल होता है ॥ २२६ ॥ $\frac{१७}{६१}^{\circ}$ ।

अथवा, एक कम इष्ट पथको पथसूचीचयसे गुणा करके प्राप्त प्रमाणको सूर्यके आदि पथ और मन्दरके बीच जो अन्तराल है उसमें मिला देनेपर इष्ट अन्तरालका प्रमाण होता है ॥ २२७ ॥

उदाहरण— तृतीय पथ और मेरुका अन्तराल जाननेके लिये— इष्ट पथ ३ − १ = २; पथसूचीचय $\frac{१७}{६१}^{\circ} \times २ = \frac{३४}{६१}^{\circ} = ५\frac{३४}{६१}$; ४४८२० + $५\frac{३४}{६१} = ४४८२५\frac{३४}{६१}$ ।

प्रथम पथमें स्थित सूर्य और कनकाद्रि (मेरु) के बीच चवालीस हजार आठसौ बीस योजनप्रमाण अन्तराल है ॥ २२८ ॥ ४४८२० ।

द्वितीय पथमें सूर्य और मेरुके बीच सूर्यबिम्ब सहित चवालीस हजार आठ सौ बाईस योजनप्रमाण अन्तराल है ॥ २२९ ॥ $४४८२२\frac{४८}{६१}$ ।

तृतीय पथमें सूर्य और सुवर्णपर्वतके बीच चवालीस हजार आठ सौ पच्चीस योजन और पैंतीस कलाप्रमाण अन्तराल है ॥ २३० ॥ $४४८२५\frac{३५}{६१}$ ।

इस प्रकार आदिसे लेकर मध्यम पथ पर्यन्त जानना चाहिये ।

---

१ ब ४४८२२ ।, क ४४८२२ । ४८.

पंचत्ताळसहस्सा पणहत्तरि जोयणाणि अदिरेके । मज्झिमपहठिददिवसयरसेलविच्चालं ॥ २३१

४५०७५ ।

एवं दुचरिममग्गंतं णेदव्वं ।

पणदालसहस्साणिं तिण्णिसया तीसजोयणा अधिया । बाहिरपहठिदवासरकरकंचणसेलविच्चालं ॥ २३२

४५३३० ।

बाहिरपहादु आदिममग्गे तवणस्स आगमणकाले । पुव्वक्खेवं सोहसु दुचरिमपहपहुदि जाव पढमपहं ॥

सट्ठिजुदा तिसयाणिं सोहेज्जसु जंबुदीवरुंदम्मि । जं सेसं पढमपहे दोण्हं दुमणीण विच्चालं ॥ २३४

णवणउदिसहस्सा छस्सयाणि चालीसजोयणाणं पि । तवणाणं आबाहा अब्भंतरमंडलट्ठिदाणं ॥ २३५

९९६४० ।

विणवहपहमूचिचए दोसुं गुणिदे हुवेदि भाणूणं । आबाहाए वड्ढी जोयणया पंच पंचतीसकला ॥ २३६

$५\left|\frac{३५}{६१}\right|$

मध्यम पथमें स्थित सूर्य और सुवर्णशैलके बीच पैंतालीस हजार पचत्तर योजनसे अधिक अन्तराल है ॥ २३१ ॥ ४५०७५ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

बाह्य पथमें स्थित सूर्य और सुवर्णशैलके बीच पैंतालीस हजार तीन सौ तीस योजन-प्रमाण अन्तराल है ॥ २३२ ॥ ४५३३० ।

सूर्यके बाह्य मार्गसे आदि पथकी ओर आते समय पूर्व वृद्धिको कम करनेपर द्विचरम पथसे लेकर प्रथम पथ तकका अन्तरालप्रमाण जाना जाता है ॥ २३३ ॥

जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ योजनोंको कम करनेपर जो शेष रहे उतना प्रथम पथमें दोनों सूर्योंके बीच अन्तराल रहता है ॥ २३४ ॥

जं. वि. १००००० − ३६० = ९९६४० यो. अन्तराल ।

अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित दोनों सूर्योंका अन्तराल निन्यानवे हजार छह सौ चालीस योजनमात्र है ॥ २३५ ॥

सूर्यकी पथसूचीवृद्धिको दोसे गुणित करनेपर सूर्योंकी अन्तरालवृद्धिका प्रमाण आता है जो पांच योजन और पैंतीस कला अधिक है ॥ २३६ ॥

सूर्यपथसूची $\frac{१७०}{६१} \times २ = \frac{३४०}{६१} = ५\frac{३५}{६१}$ यो. अं. वृ. ।

रूऊणं इट्ठपहं गुणिदूणं मग्गसूइवड्ढीए । पढमाबाहागमिदं वासरणाहाण इट्ठविच्चालं ॥ २३७

णवणउदिसहस्सा छस्सयाणि पणदाल जोयणाणि कला । पणतीस दुहजपहे दोण्हं भाणूण विच्चालं ॥

$$९९६४५\left|\frac{३५}{६१}\right.$$

एवं मज्झिममग्गंतं णेदव्वं ।

एक्कं लक्खं पण्णासहियसयजोयणाणि अदिरेगो । मज्झिमपहम्मि दोण्हं विच्चालं कमलबंधूणं ॥ २३९

१००१५० ।

एवं दुचरिममग्गंतं णेदव्वं ।

एक्कं जोयणलक्खं सट्ठीजुत्ताणि छस्सयाणिं पि । बाहिरपहम्मि दोण्हं सहस्सकिरणाण विच्चालं ॥ २४०

१००६६० ।

इच्छंतो रविबिंबं सोहेज्जसु तस्स मयलविच्चालं । धुवरासिस्स य मज्झे चुलसीदीजुदसदेण भजिदव्वं ॥

$$४८\left|\frac{३११५८}{६१}\right|\frac{२२३१६}{६१}\left.\right|$$

एक कम इष्ट पथको दुगुणित मार्गसूचीवृद्धिसे गुणा करनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो उसे प्रथम अन्तरालमें मिला देनेसे सूर्योका अभीष्ट अन्तराल प्रमाण आता है ॥ २३७ ॥

उदाहरण— इष्ट पथ १८४ − १ = १८३; द्विगुणित प. सू. $\frac{३४}{६१}^{\circ}$ × १८३ = $\frac{६२२००}{६१}$ = १०२०; प्र. अं. ९९६४० + १०२० = १००६६० अन्तिम पथ अन्तराल ।

द्वितीय पथमें दोनों सूर्योका अन्तराल निन्यानवै हजार छह सौ पैंतालीस योजन और पैंतीस भागमात्र है ॥ २३८ ॥ ९९६४५$\frac{३५}{६१}$ ।

इस प्रकार मध्यम मार्ग तक लेजाना चाहिये ।

मध्यम पथमें दोनों सूर्योका अन्तराल एक लाख एक सौ पचास योजनमात्र होता है ॥ २३९ ॥ १००१५० ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक लेजाना चाहिये ।

बाह्य पथमें दोनों सूर्योका अन्तराल एक लाख छह सौ साठ योजनप्रमाण है ॥२४०॥

१००६६० ।

यदि सूर्यबिम्बके विस्तारको जाननेकी इच्छा हो तो ध्रुवराशिके बीचमेंसे उसके समस्त मार्गान्तरालको घटाकर शेषमें एक सौ चौरासीका भाग देना चाहिये । ऐसा करनेसे जो लब्ध आवे उतना ही सूर्यबिम्बका विस्तार होता है ॥ २४१ ॥

ध्रु. रा. $\frac{३११५८}{६१}$ − $\frac{२२३१६}{६१}$ = $\frac{८८३२}{६१}$; $\frac{८८३२}{६१}$ ÷ १८४ = $\frac{४८}{६१}$ सूर्यबिम्ब वि. ।

अथवा—

दिणवड्ढपहंतराणिं लोहिय धुवरासियम्मि भजिदूणं । रविबिंबेणं आणसु रविमग्गे विउणबाणउदी ॥ २४२

४८ | ८८३२ | १८४ ।[1]
६१ | ६१ |

दिणवड्ढपहसूचिचए[2] वियप्पीदीजुदसदेण संगुणिदे । होदि हु चारक्खेत्तं बिंबूणं तज्जुदं सयलं ॥ २४३

१ । १७० | १८३ । अङ्क ५१० ।
६१ |

दिणरयणिजाणणट्ठं आदवतिमिराण कालपरिमाणं । मंदरपरिहिप्पहुदिं चउणवदिमयं परूवेमो ॥ २४४

१९४ ।

एक्कत्तीससहस्सा जोयणया छस्सयाणि बावीसं । मंदरगिरिंदपरिरयरासिस्स हुवेदि परिमाणं ॥ २४५

३१६२२ ।

णभछक्कसत्तसत्ता सत्तेक्कंककमेण जोयणया । अट्ठहिदपंचभागा[3] खेमावज्झाण पणिधिपरिहि त्ति ॥२४६

१७७७६० | ५
८ |

अथवा, ध्रुवराशिमेंसे सूर्यके मार्गान्तरालोंको घटाकर शेषमें रविबिम्ब (सूर्यबिम्बविस्तार) का भाग देनेपर बानवैके दूने अर्थात् एक सौ चौरासी सूर्यमार्गोंका प्रमाण आता है ॥ २४२ ॥

ध्रु. रा. $\frac{३१५१०}{६१} - \frac{२२३२६}{६१} = \frac{८८३२}{६१}$; $\frac{८८३२}{६१} \div \frac{४८}{६१} = १८४$ मार्ग संख्या ।

सूर्यकी पथसूचीवृद्धिको एक सौ तेरासीसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उतना सूर्यका बिम्बसे रहित चार-क्षेत्र होता है । इसमें बिम्बविस्तारको मिलानेपर समस्त चारक्षेत्रका प्रमाण होता है ॥ २४३ ॥

सू. प. सूचीवृद्धि – $\frac{१७०}{६१} \times १८३ = \frac{३११११०}{६१} = ५१०$ बिम्बरहित चार क्षेत्र; $५१० + \frac{४८}{६१} = ५१०\frac{४८}{६१}$ समस्त चार क्षेत्र ।

दिन और रात्रिके जाननेके लिये आतप और तिमिरके कालप्रमाणको और मेरुपरिधि आदि एक सौ चौरानवै परिधियोंको कहते हैं ॥ २४४ ॥ १९४ ।

मन्दरपर्वतकी परिधिराशिका प्रमाण इकतीस हजार छह सौ बाईस योजनमात्र है ॥२४५॥

३१६२२ ।

क्षेमा और अवध्या नगरीके प्रणिधिभागोंमें परिधिका प्रमाण शून्य, छह, सात, सात, सात और एक, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् एक लाख सतत्तर हजार सात सौ साठ योजन और एक योजनके आठ भागोंमेंसे पांच भागमात्र है ॥ २४६ ॥ १७७७६०$\frac{५}{८}$ ।

१ द १८८ ३२ | १ । ४८ । २ द ब °सूचिविए. ३ द ब हिदा पंचमागे.
६१ |

अट्ठेक्कणवचउक्का णवेक्कअंकक्कमेण जोयणया । तिकलाओ परिहिसंखा खेमपुरीयउज्झाण मज्झपणिधीए ॥

१९४९१८ | ३/८ |

चउगयणसत्तणवणहदुगाण अंकक्कमेण जोयणया । तिकला ओ खग्गरिट्ठापुराण पणिधीए परिमाणं ॥२४८

२०९७०४ | ३/८ |

दुगछक्कअट्ठछक्का दुगदुगअंकक्कमेण जोयणया । एक्ककला परिमाणं चक्कारिट्ठाण पणिधिपरिहीए ॥२४९

२२६८६२ | १/८ |

अट्ठचउछक्कएक्का चउदुगअंकक्कमेण जोयणया । एक्ककला खग्गापराजिदाण णयरीण मज्झि परिही सा ॥

२४१६४८ | १/८ |

पंचगयणट्ठअट्ठा पंचदुगंकक्कमेण जोयणया । सत्तकलाओ मंजूसंजयंतपुरमज्झपरिही सा ॥ २५१

२५८८०५ | ७/८ |

क्षेमपुरी और अयोध्या नगरीके प्रणिधिभागमें परिधिका प्रमाण आठ, एक, नौ, चार, नौ और एक, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् एक लाख चौरानबे हजार नौ सौ अठारह योजन और तीन कला अधिक है ॥ २४७ ॥ १९४९१८$\frac{३}{८}$ ।

खड्गपुरी और अरिष्टा नगरियोंके प्रणिधिभागमें परिधिका प्रमाण चार, शून्य, सात, नौ, शून्य और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख नौ हजार सात सौ चार योजन और तीन कला अधिक है ॥ २४८ ॥ २०९७०४$\frac{३}{८}$ ।

चक्रपुरी और अरिष्टपुरीके प्रणिधिभागमें परिधिका प्रमाण दो, छह, आठ, छह, दो और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख छब्बीस हजार आठ सौ बासठ योजन और एक कलामात्र है ॥ २४९ ॥ २२६८६२$\frac{१}{८}$ ।

खड्गा और अपराजिता नगरियोंके मध्यमें उस परिधिका प्रमाण आठ, चार, छह, एक, चार और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख इकतालीस हजार छह सौ अड़तालीस योजन और एक कलामात्र है ॥ २५० ॥ २४१६४८$\frac{१}{८}$ ।

मंजूषा और जयन्त पुरोंके मध्यमें वह परिधि पांच, शून्य, आठ, आठ, पांच और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख अट्ठावन हजार आठ सौ पांच योजन और सात कला अधिक है ॥ २५१ ॥ २५८८०५$\frac{७}{८}$ ।

एक्कणवपंचतियसत्तदुगा अंककमेण जोयणया । सत्तकलाओ परिही ओसहिपुरवइजयंताणं ॥ २५२

२७३५९१ | ७/८ |

णवचउसत्तणहाइं णवयदुगा जोयणाइं अंककमे । पंचकलाओ परिही विजयपुरीपुंडरीगिणीणं पि ॥२५३

२९०७४९ | ५/८ |

तियजोयणलक्खाइं पण्णरससहस्सआणि उणणउदी । सव्वब्भंतरमग्गे परिरयरासिस्स परिमाणं ॥ २५४

३१५०८९ ।

सेसाणं मग्गाणं परिहीपरिमाणजाणणणिमित्तं । परिहिक्खेवं वोच्छं गुरूवदेसाणुसारेणं ॥ २५५

सूरपहसूहवड्ढी दुगुणं काऊण वग्गिदूणं च । दसगुणिदे जं मूलं परिहिक्खेवो इमो होइ ॥ २५६

सत्तरसजोयणाणिं अदिरेका तस्स होइ परिमाणं । अट्ठत्तीसं अंसा हारो तह एक्कसट्ठी य ॥ २५७

१७ | ३८/६१ |

ओषधीपुर और वैजयन्ती नगरीकी परिधि एक, नौ, पांच, तीन, सात, और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख तिहत्तर हजार पांच सौ इक्यानवै योजन और सात कला अधिक है ॥ २५२ ॥ २७३५९१$\frac{७}{८}$ ।

विजयपुरी और पुण्डरीकिणी नगरियोंकी परिधि नौ, चार, सात, शून्य, नौ और दो, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् दो लाख नब्बै हजार सात सौ उनंचास योजन और पांच कला अधिक है ॥ २५३ ॥ २९०७४९$\frac{५}{८}$ ।

सूर्यके सब मार्गोंमेंसे अभ्यन्तर मार्गमें परिधिराशिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार नवासी योजनमात्र है ॥ २५४ ॥ ३१५०८९ ।

शेष मार्गोंकी परिधिके प्रमाणको जाननेके निमित्त गुरूपदेशके अनुसार परिधिक्षेपको कहते हैं ॥ २५५ ॥

सूर्यपथोंकी सूचीवृद्धिको दूगुणा करके उसका वर्ग करनेके पश्चात् जो प्रमाण प्राप्त हो उसे दशसे गुणा करनेपर प्राप्त हुई राशिके वर्गमूल प्रमाण उपर्युक्त परिधिक्षेप (परिधिवृद्धि) होता है ॥ २५६ ॥

सूर्यपथसूचीवृद्धि $\frac{१७०}{६१}$; $\sqrt{\left(\frac{१७०}{६१} \times २\right)^२ \times १०} = १७\frac{३८}{६१}$ परिधिक्षेप ।

उक्त परिधिक्षेपका प्रमाण सत्तरह योजन और एक योजनके इकसठ भागोंमेंसे अड़तीस भाग अधिक है ॥ २५७ ॥ १७$\frac{३८}{६१}$ ।

तियजोयणलक्खाणं पण्णरससहस्स एक्कसय छक्का । अट्ठत्तीस कलाओ सा परिही बिदियमग्गम्मि ॥

३१५१०६ | ३८/६१ |

चउवीसजुदेक्कसयं पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । पण्णरसकला परिही परिमाणं तदियवीहीए ॥२५९

३१५१२४ | १५/६१ |

एक्कत्तालेक्कसयं पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । तेवण्णकला तुरिमे पहम्मि परिहीए परिमाणं ॥२६०

३१५१४१ | ५३/६१ |

उणसट्ठिजुदेक्कसयं पण्णरससहस्स जोयण तिलक्खा । इगिसट्ठीपविहत्ता तीसकला पंचमपहे सा ॥ २६१

३१५१५९ | ३०/६१ |

एवं पुव्वुप्पण्णे परिहिक्खेवं मेलवि माणसुयरुवरिं[1] । परिहिपमाणं जाव दुचरिमपरिहिं ति णेदव्वं[2] ॥

चोद्दसजुदतिसयाणिं अट्ठरसमहस्स जोयण तिलक्खा । सूरस्स बाहिरपहे हुवेदि परिहीए परिमाणं ॥ २६३

३१८३१४ ।

द्वितीय मार्गमें वह परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ छह योजन और अड़तीस कला अधिक है ॥ २५८ ॥ ३१५०८९ + १७$\frac{३८}{६१}$ = ३१५१०६$\frac{३८}{६१}$ ।

तृतीय वीथीमें परिधिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ चौबीस योजन और पन्द्रह कला अधिक है ॥ २५९ ॥ ३१५१०६$\frac{३८}{६१}$ + १७$\frac{१५}{६१}$ = ३१५१२४$\frac{१५}{६१}$ ।

चतुर्थ पथमें परिधिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ इकतालीस योजन और तिरेपन कला अधिक है ॥ २६० ॥ ३१५१२४$\frac{१५}{६१}$ + १७$\frac{५३}{६१}$ = ३१५१४१$\frac{५३}{६१}$ ।

पंचम पथमें वह परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार एक सौ उनसठ योजन और इकसठसे विभक्त तीस कला अधिक है ॥ २६१ ॥

३१५१४१$\frac{५३}{६१}$ + १७$\frac{३०}{६१}$ = ३१५१५९$\frac{३०}{६१}$ ।

इस प्रकार पूर्वोत्पन्न परिधिप्रमाणमें उपर्युक्त परिधिक्षेपको मिलाकर द्विचरम परिधि पर्यन्त आगे आगेका परिधिप्रमाण जानना चाहिये ॥ २६२ ॥

सूर्यके बाह्य पथमें परिधिका प्रमाण तीन लाख अठारह हजार तीन सौ चौदह योजन-मात्र है ॥ २६३ ॥ ३१८३१४ ।

१ द ब माण उवरिवरिं, क माण उवरुवरिं. २ द ब अणेदव्वं.

सत्तावीससहस्सा छादालं जोयणाणि पणलक्खा । परिही लवणमहण्णवविक्खंभच्छट्ठभागम्मि ॥ २६४

५२७०४६ ।

रविबिंबा सिग्घगदी णिग्गच्छंता हुवंति पविसंता । मंदगदी असमाणा परिही साहंति समकाले ॥ २६५

एक्क जोयणलक्खं णव य सहस्सयाणि अट्ठसयाणिं पि । परिहीणं पत्तेक्कं कादव्वा[1] गयणखंडाणिं ॥२६६

१०९८०० ।

गच्छदि मुहुत्तमेक्के तीसब्भहियाणि अट्ठरसयाणिं । णभखंडाणिं रविणो तम्मि हिदे[2] सव्वगयणखंडाणिं ॥

१८३० ।

अब्भंतरवीहीदो दुतिचदुपहुदीसु सव्ववीहीसुं । कमसो वे रविबिंबा भमंति सट्ठीमुहुत्तेहिं ॥ २६८

इच्छियपरिहिपमाणं सट्ठिमुहुत्तेहिं भाजिदे लद्धं । णेयं[3] दिवसकराणं मुहुत्तगमणस्स परिमाणं ॥ २६९

लवण महासमुद्रके विस्तारके छठे भागमें परिधिका प्रमाण पांच लाख सत्ताईस हजार छयालीस योजनमात्र है ॥ २६४ ॥ ५२७०४६ ।

सूर्यबिम्ब बाहिर निकलते हुए शीघ्रगतिवाले और प्रवेश करते हुए मन्दगतिवाले होते हैं, इसीलिये ये समान कालमें ही असमान परिधियोंको सिद्ध करते हैं ॥ २६५ ॥

इन परिधियोंमेंसे प्रत्येकके एक लाख नौ हजार आठ सौ योजनरूप गगनखण्ड करना चाहिये ॥ २६६ ॥ १०९८०० ।

सूर्य एक मुहूर्तमें अठारह सौ तीस गगन खण्डोंका अतिक्रमण करता है, इसलिये इस राशिका समस्त गगनखण्डोंमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने मुहूर्तप्रमाण सम्पूर्ण गगन-खण्डोंके अतिक्रमणका काल होगा ॥ २६७ ॥

सर्व ग. खं. १०१८०० ÷ १८३० = ६० मुहूर्त स. ग. अतिक्रमणकाल ।

अभ्यन्तर वीथीसे लेकर दो, तीन, चार इत्यादि सब वीथियोंमें क्रमसे दो सूर्यबिम्ब साठ मुहूर्तोंमें भ्रमण करते हैं ॥ २६८ ॥

इष्ट परिधिप्रमाणमें साठ मुहूर्तोंका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्योंके एक मुहूर्तकालपरिमित गमन क्षेत्रका प्रमाण जानना चाहिये ॥ २६९ ॥

इष्ट परिधिप्रमाण ३१५०८९ ÷ ६० = ५२५१$\frac{२९}{६०}$ एक मुहूर्त गमनक्षेत्र ।

---

१ द ब कालं वा. २ द ब तम्मिल्लिदे. ३ द ब सेसं.

पंचसहस्साणि दुवे सयाणि इगिवण्ण जोयणा अधिया। उणतीसकला पढमप्पहम्मि दिणयरमुहुत्तगदिमाणं॥

$$५२५१\left|\frac{२९}{६०}\right|$$

एवं दुचरिममग्गंतं णेदव्वं।

पंचसहस्सा तिसया पंच चिय जोयणाणि अदिरेगो। चोद्दसकलाओ बाहिरपहम्मि दिणयरमुहुत्तगदिमाणं॥

$$५३०५\left|\frac{१४}{६०}\right|$$

दिणयरणयरतलादो चत्तारि पमाणअंगुलाणिं च। हेट्ठा गच्छिय होंति अरिट्ठविमाणाण धयदंडा॥ २७२

४।[1]

रिट्ठाणं णयरतला अंजणवण्णा अरिट्ठरयणमया। किंचूणं जोयणयं पत्तेक्कं वाससंजुत्तं॥ २७३

पण्णाधियदुसयाणिं कोदंडाणं हुवंति पत्तेक्कं। बहुलत्तणपरिमाणं तण्णयरागं[2] सुरम्माणं॥ २७४

२५०।

प्रथम पथमें सूर्यकी एक मुहूर्तपरिमित गतिका प्रमाण पांच हजार दो सौ इक्यावन योजन और एक योजनकी साठ कलाओंमेंसे उनतीस कला अधिक है॥ २७०॥

$$५२५१\frac{२९}{६०}।$$

इस प्रकार द्विचरम अर्थात् एक सौ तेरासीवें मार्ग तक ले जाना चाहिये।

बाह्य अर्थात् एक सौ चौरासीवें मार्गमें सूर्यकी मुहूर्तपरिमित गतिका प्रमाण पांच हजार तीन सौ पांच योजन और चौदह कला अधिक है॥ २७१॥ $५३०५\frac{१४}{६०}$।

(बाह्य पथपरिधि $३१८३१४ \div ६० = ५३०५\frac{१४}{६०}$)

सूर्यके नगरतलसे चार प्रमाणांगुल नीचे जाकर अरिष्ट विमानोंके ध्वजदण्ड होते है॥ २७२॥

अरिष्ट रत्नोंसे निर्मित केतुओंके नगरतल अंजनवर्ण होते हैं। इनमेंसे प्रत्येक कुछ कम एक योजन प्रमाण विस्तारसे संयुक्त होता है॥ २७३॥

उन सुरम्य नगरोंमेंसे प्रत्येकका बाहल्यप्रमाण दो सौ पचास धनुष होता है॥ २७४॥

२५०।

१ द ब मग्गाणि; क मग्गाणि. २ द ब २५६। ३ द ब तं तं णयराणं.

चउगोउरजुत्तेसुं[1] जिणभवणभूसिदेसु रम्मेसुं । चेट्ठंते रिद्धसुरा बहुपरिवारेहिं परियरिया ॥ २७५

मत्तंडमंडलाणं गमणविसेसेण मणुवलोयम्मि । जे दिणरत्ति य[2] भजिदा जादा तेसिं परूवेमो ॥ २७६

पढमपहे दिणबड्ढी संठिदकालम्मि सव्वपरिहीसुं । अट्ठरसमुहुत्ताणिं दिवसो बारस णिसा होदि ॥ २७७

१८ । १२ ।

बाहिरमग्गे रविणो संठिदकालम्मि सव्वपरिहीसुं । अट्ठरसमुहुत्ताणिं रत्ती बारस दिणं होदि ॥ २७८

१८ । १२ ।

भूमीय मुहं[3] सोधिय रूऊणेणं पहेण भजिदव्वं । सा रत्तीए दिणादो वड्ढी दिवसस्स रत्तीदो[4] ॥ २७९

तस्स पमाणं दोण्णि य मुहुत्तया एक्कसट्ठिपविहत्ता । दोण्हं दिणरत्तीणं पडिदिवसं हाणिवड्ढीओ ॥ २८०

$\frac{२}{६१}$[5]

चार गोपुरोंसे संयुक्त, जिनभवनोंसे विभूषित, और रमणीय उन नगरतलोंमें बहुत परिवारोंसे घिरे हुए केतु देव रहते है ॥ २७५ ॥

मनुष्यलोकमें सूर्यमण्डलोंके गमनविशेषसे जो दिन व रात्रिके विभाग हुए हैं उनका निरूपण करते हैं ॥ २७६ ॥

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहते समय सब परिधियोंमें अठारह मुहूर्तका दिन और बारह मुहूर्तकी रात्रि होती है ॥ २७७ ॥ दिन १८ मु. । रात्रि १२ मु. ।

सूर्यके बाह्य मार्गमे स्थित रहते समय सब परिधियोंमें अठारह मुहूर्तकी रात्रि और बारह मुहूर्तका दिन होता है ॥ २७८ ॥ रात्रि १८ मु. । दिन १२ मु. ।

भूमिमेंसे मुखको कम करके शेषमें एक कम पथप्रमाणका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी दिनसे रात्रिमें और रात्रिसे दिनमे वृद्धि होती है ॥ २७९ ॥

भूमि मुहूर्त १८, मुख मु. १२; १८ − १२ = ६; पथ १८४ − १ = १८३; ६ ÷ १८३ = $\frac{६}{१८३}$ = $\frac{२}{६१}$ मुहूर्त वृद्धि ।

उपर्युक्त वृद्धिका प्रमाण इकसठसे विभक्त दो मुहूर्त है । इतनी प्रतिदिन दोनों दिन-रात्रियोंमें हानि-वृद्धि हुआ करती है ॥ २८० ॥ $\frac{२}{६१}$ ।

---

१ द ब चउगोउरखेत्तेसुं. २ द ब जे दिणरत्ति. ३ द ब दिणं. ४ द ब रत्तिदो.
५ द १२ $\left|\frac{०}{६१}\right|$, ब $\frac{३१}{६१}$ ते वा १७३ । १ ।

बिदियपहट्ठिदसूरे सत्तरसमुहुत्तयाणि होदि दिणं । उणसट्ठिकलब्भहियं छक्कोणिसदुसयपरिहीसुं ॥ २८१

$$१७\left|\frac{५९}{६१}\right|$$

बारसमुहुत्तयाणिं दोण्णि कलाओ णिसाए परिमाणं । बिदियपहट्ठिदसूरे तेत्तियमेत्तासु परिहीसुं ॥ २८२

$$१२\left|\frac{२}{६१}\right|$$

तदियपहट्ठिदतवणे सत्तरसमुहुत्तयाणि होदि दिणं । सत्तावण्ण कलाओ तेत्तियमेत्तासु परिहीसुं ॥ २८३

$$१७\left|\frac{५७}{६१}\right|$$

बारस मुहुत्तयाणिं चत्तारि कलाओ रत्तिपरिमाणं । तप्परिहीसुं सूरे अत्थट्ठिदे तिदियमग्गम्मि ॥ २८४

$$१२\left|\frac{४}{६१}\right|$$

सत्तरसमुहुत्ताइं पंचावण्णा कलाओ परिमाणं । दिवसस्स तुरिममग्गट्ठिदम्मि तिव्वंसुबिंबम्मि ॥ २८५

$$१७\left|\frac{५५}{६१}\right|$$

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित रहनेपर छह कम दो सौ अर्थात् एक सौ चौरानबे परिधियोंमें दिनका प्रमाण सत्तरह मुहूर्त और उनसठ कला अधिक होता है ॥ २८१ ॥ १७ $\frac{५९}{६१}$ ।

सूर्यके द्वितीय मार्गमें स्थित रहनेपर उतनी (१९४) ही परिधियोंमें रात्रिका प्रमाण बारह मुहूर्त और दो कलामात्र होता है ॥ २८२ ॥ १२ $\frac{२}{६१}$ ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित रहनेपर उतनी ही परिधियोंमें दिनका प्रमाण सत्तरह मुहूर्त और सत्तावन कला अधिक होता है ॥ २८३ ॥ १७ $\frac{५७}{६१}$ ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित रहनेपर उन परिधियोंमें रात्रिका प्रमाण बारह मुहूर्त और चार कला अधिक होता है ॥ २८४ ॥ १२ $\frac{४}{६१}$ ।

तीव्रांशुबिम्ब अर्थात् सूर्यमण्डलके चतुर्थ मार्गमें स्थित रहनेपर दिनका प्रमाण सत्तरह मुहूर्त और पचवन कला अधिक होता है ॥ २८५ ॥ १७ $\frac{५५}{६१}$ ।

---

१ द बिदिय.

बारस मुहुत्तयाणिं छक्ककलाओ वि रत्तिपरिमाणं । तुरिमपहट्ठिदपंकयबंधवबिंबम्मि परिहीसुं ॥ २८६

$$१२\left|\frac{६}{६१}\right|$$

एवं मज्झिमपहंतं णेदव्वं ।

पण्णरसमुहुत्ताइं पत्तेयं होंति दिवसरत्तीओ । पुव्वोदिदपरिहीसुं मज्झिममग्गट्ठिदे तवणे ॥ २८७

१५ ।

एवं दुचरिममग्गंतं णेदव्वं ।

अट्ठरसमुहुत्ताणिं रत्ती बारस दिणो वि दिणगाहे । बाहिरमग्गपवण्णे पुव्वोदिदसव्वपरिहीसुं ॥ २८८

१८ । १२ ।

बाहिरपहादु पत्ते मग्गं अब्भंतरं सहस्सकरे । पुव्वावण्णिदमेदं पक्खेवसु दिणप्पमाणम्मि ॥ २८९

$$\frac{२}{६१}\Big|$$

इय वासररत्तीओ एक्कस्स रविस्स गदिविसेसेणं । एदाओ दुगुणाओ हुवंति दोण्हं दिणिंदाणं ॥ २९०

। दिण-रत्तीणं भेदं समत्तं ।

सूर्यबिम्बके चतुर्थ पथमें स्थित रहनेपर सब परिधियोंमे रात्रिका प्रमाण बारह मुहूर्त और छह कलामात्र होता है ॥ २८६ ॥ $१२\frac{६}{६१}$ ।

इस प्रकार मध्यम पथ पर्यन्त ले जाना चाहिये ।

सूर्यके मध्यम पथमे स्थित रहनेपर पूर्वोक्त परिधियोंमें दिन-रात्रियोंमेंसे प्रत्येक पन्द्रह मुहूर्त प्रमाण होते हैं ॥ २८७ ॥ १५ ।

इस प्रकार द्विचरम (१८३) मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके बाह्य मार्गको प्राप्त होनेपर पूर्वोक्त सब परिधियोंमें अठारह मुहूर्त प्रमाण रात्रि और बारह मुहूर्त प्रमाण दिन होता है ॥ २८८ ॥ १८ । १२ ।

सूर्यके बाह्य पथसे अभ्यन्तर मार्गको प्राप्त होनेपर पूर्ववर्णित क्रमसे दिनप्रमाणमें उत्तरोत्तर इस वृद्धिप्रमाणको मिलाना चाहिये ॥ २८९ ॥ $\frac{२}{६१}$ ।

इस प्रकार एक सूर्यकी गतिविशेषसे उपर्युक्त प्रकार दिन-रात्रियां हुआ करती हैं । इनको दुगुणा करनेपर दोनों सूर्योंकी गतिविशेषसे होनेवाली दिन-रात्रियोंका प्रमाण होता है ॥ २९० ॥

दिन-रात्रियोंके भेदका कथन समाप्त हुआ ।

पुत्तो वासरपहुणो मग्गविसेसेण मणुवलोयम्मि । जे आदवतमखेत्ता जादा ताणि परूवेमो ॥ २९१
मंदरगिरिमज्झादो लवणोदधिछट्ठभागपरियंतं । णियदायामा आदवतमखेत्तं सकटउड्ढिणिहा ॥ २९२
तेसीदिसहस्साणिं तिण्णिसया जोयणाणि तेत्तीसं । तिभागा पत्तेक्कं आदवतिमिराण आयामो ॥ २९३

$$८३३३३\frac{१}{३}$$

इच्छं परिरयरासिं तिगुणिय दसभाजिदम्मि जं लद्धं । सा धम्मखेत्तपरिही पढमपहट्ठिदे सूरे ॥ २९४

$$\frac{३}{१०}$$

णव य सहस्सा चउसय छावीदी जोयणाणि तिण्णि कला । पंचहिदा तावखिदी मेरुगिरे पढमपहट्ठिदेक्कम्मि ॥

$$९४८६\frac{३}{५}$$

खेमक्खापणिधीए तेवण्णसहस्स तिसयअडवीसा । सोलसहिदा तियंसा तावक्खिदी पढमपहट्ठिदेक्कम्मि ॥

$$५३३२८\frac{३}{१६}$$

अब यहांसे आगे वासरप्रभु अर्थात् सूर्यके मार्गविशेषसे जो मनुष्यलोकमें आतप व तम क्षेत्र हुए हैं उनको कहते हैं ॥ २९१ ॥

मन्दर पर्वतके मध्य भागसे लेकर लवणसमुद्रके छठे भाग पर्यंत नियमित आयामवाले गाड़ीकी उद्धि (अवयवविशेष) के सदृश आतप व तमक्षेत्र है ॥ २९२ ॥

प्रत्येक आतप व तिमिरक्षेत्रोंकी लंबाई तेरासी हजार तीनसौ तेंतीस योजन और एक योजनके तृतीय भागसे सहित है ॥ २९३ ॥ ८३३३३$\frac{१}{३}$ ।

इच्छित परिधिराशिको तिगुणा करके दशका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहनेपर उस आतप क्षेत्रकी परिधिका प्रमाण होता है ॥ २९४ ॥ $\frac{३}{१०}$ ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहनेपर मेरु पर्वतके ऊपर नौ हजार चारसौ छयासी योजन और पांचसे भाजित तीन कला प्रमाण तापक्षेत्र रहता है ॥ २९५ ॥ ९४८६$\frac{३}{५}$ ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहनेपर क्षेमा नामक नगरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण तिरेपन हजार तीन सौ अट्ठाईस योजन और एक योजनके सोलह भागोंमेंसे तीन भाग अधिक होता है ॥ २९६ ॥ ५३३२८$\frac{३}{१६}$ ।

१ द अडतीसा.

खेमपुरीपणिधीए अट्ठावण्णसहस्स चउसयाणिं पि । पंचत्तरि जोयणया इगिदालकलाओ सीदिहिदा ॥

५८४७५ | ४१ / ८०

रिट्ठार पणिधीए बासट्ठिसहस्स णवसयाणिं पि । एक्कारस जोयणया सोलसहिदएगकलाओ तावखिदी ॥

६२९११ | १ / १६

अट्ठासट्ठिसहस्सा अट्ठावण्णा य जोयणा होंति । एक्कावण्ण कलाओ रिट्ठपुरीपणिधितावखिदी ॥ २९९

६८०५८ | ५१ / ८०

बाहत्तरी सहस्सा चउसया जोयणाणि चउणवदी । सोलसहिदसत्तकला खग्गपुरीपणिधितावमही ॥ ३००

७२४९४ | ७ / १६

सत्तत्तरी सहस्सा छच्च सया जोयणाणि इगिदालं । सीदिहिदा इगिसट्ठी कलाओ मंजुसपुरम्मि तावमही ॥

७७६४१ | ६१ / ८०

बासीदिसहस्साणिं सत्तत्तरि जोयणाणि णव अंसा । सोलसभजिदा ताओ ओसहिणयरस्स[1] पणिधीए ॥

८२०७७ | ९ / १६

वह तापक्षेत्र क्षेमपुरीके प्रणिधिभागमें अट्ठावन हजार चार सौ पचत्तर योजन और अस्सीसे भाजित इकतालीस कलाप्रमाण रहता है ॥ २९७ ॥ ५८४७५$\frac{४१}{८०}$ ।

वह तापक्षेत्र अरिष्टनगरीके प्रणिधिभागमें बासठ हजार नौ सौ ग्यारह योजन और सोलहसे भाजित पांच कलामात्र रहता है ॥ २९८ ॥ ६२९११$\frac{१}{१६}$ ।

यह आतपक्षेत्र अरिष्टपुरीके प्रणिधिभागमें अड़सठ हजार अट्ठावन योजन और एक योजनके अस्सी भागोंमेंसे इक्यावन कला अधिक रहता है ॥ २९९ ॥ ६८०५८$\frac{५१}{८०}$ ।

खड्गपुरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण बहत्तर हजार चार सौ चौरानवे योजन और सोलहसे भाजित सात कला अधिक है ॥ ३०० ॥ ७२४९४$\frac{७}{१६}$ ।

मंजूषपुरमें तापक्षेत्रका प्रमाण सतत्तर हजार छह सौ इकतालीस योजन और अस्सीसे भाजित इकसठ कला अधिक है ॥ ३०१ ॥ ७७६४१$\frac{६१}{८०}$ ।

औषधिनगरके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्र व्यासी हजार सतत्तर योजन और सोलहसे भाजित नौ भाग अधिक है ॥ ३०२ ॥ ८२०७७$\frac{९}{१६}$ ।

---

१ द ब होदिसणयरस्स.

सत्तासीदिसहस्सा दुसया चउवीस जोयणा अंसा । एक्कत्तरि सीदिहिदा तावखिदी पुंडरीगिणीणयरे ॥

८७२२४ | ७१ / ८०

चउगउदिसहस्सा पणुपयाणि छव्वीस जोयणा सत्त । अंसा दसेहिं भजिदा पढमपहे तावखिदिपरिही ॥

९४५२६ | ७ / १०

चउणउदिसहस्सा पणुवयाणि इगितीस जोयणा अंसा । चत्तारो पंचहिदा दिदियपहे तावखिदिपरिही ॥

९४५३१ | ४ / ५

एवं मज्झिममग्गंतं णेदव्वं ।

पंचाणउदिसहस्सा दसुत्तरा जोयणाणि तिण्णि कला । पंचविहत्ता मज्झिमपहम्मि तावस्स परिमाणं ॥

९५०१० | ३ / ५

एवं दुचरिममग्गंतं णेदव्वं ।

पणणउदिसहस्सा चउसयाणि चउणउदि जोयणा अंसा । पंचहिदा बाहिरए पढमपहे संठिदे सूरे ॥ २०७

९५४९४ | १ / ५

पुण्डरीकिणी नगरमें तापक्षेत्र सत्तासी हजार दो सौ चौबीस योजन और अस्सीसे भाजित इकहत्तर भाग अधिक है ॥ २०३ ॥ ८७२२४$\frac{७१}{८०}$ ।

प्रथम पथमें तापक्षेत्रकी परिधि चौरानवे हजार पांच सौ छब्बीस योजन और दशसे भाजित सात भाग अधिक है ॥ २०४ ॥ ९४५२६$\frac{७}{१०}$ ।

द्वितीय पथमें तापक्षेत्रकी परिधि चौरानवे हजार पांच सौ इकतीस योजन और पांचसे भाजित चार भाग अधिक है ॥ २०५ ॥ ९४५३१$\frac{४}{५}$ ।

इस प्रकार मध्यम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

मध्यम पथमें तापका प्रमाण पंचानवे हजार दश योजन और पांचसे विभक्त तीन कला अधिक है ॥ २०६ ॥ ९५०१०$\frac{३}{५}$ ।

इस प्रकार द्विचरम मार्ग तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके प्रथम पथमें स्थित रहनेपर बाह्य मार्गमें तापक्षेत्रका प्रमाण पंचानवे हजार चार सौ चौरानवे योजन और एक योजनके पांचवें भागसे अधिक है ॥ २०७ ॥ ९५४९४$\frac{१}{५}$ ।

१ द ब पुरिणी.

अट्ठावण्ण सहस्सा एक्कसयं तेरसुत्तरं लक्खं[1] । जोयणया चउअंसा पविहत्ता पंचरूवेहिं ॥ ३०८

$$१५८११३\frac{४}{५}$$

एदं होदि पमाणं लवणोदहिवासछट्ठभागस्स । परिधीए तावखेत्तं दिवसयरे पढममग्गठिदे ॥ ३०९

इट्ठं परिरयरासिं चउहत्तरि दोसएहिं गुणिदव्वं । णवसयपण्णरसहिदे तावखिदी बिदियपहट्ठिदक्कस्स ॥

$$२७४ \mid ९१५$$

णवयसहस्सा चउसय उणहत्तरि जोयणा दुसयअंसा । तेणवदीहि जुदा तह[2] मेरुणगविदियपहठिदे तवणे ॥

$$९४६९\frac{२९३}{९१५}$$

इगितिदुतिपंचकमम्मो जोयणया तह कलाओ सगतीसं । सगसयबत्तीसहिदा खेमापणिधीए तावखिदी ॥

$$५३२३१\frac{३७}{७३२}$$

अट्ठं छक्कतिअट्ठं पंचा अंककमे णवपणछत्तिय अंसा । णभछच्छत्तियभजिदा खेमपुरीपणिधितावखिदी ॥३१३

$$५८३६८\frac{३६५९}{३६६०}$$

सूर्यके प्रथम मार्गमें स्थित रहनेपर लवणोदधिके विस्तारके छठे भागकी परिधिमें यह तापक्षेत्रका प्रमाण एक लाख अट्ठावन हजार एक सौ तेरह योजन और पांच रूपोंसे विभक्त चार भाग अधिक है ॥ ३०८-३०९ ॥ १५८११३$\frac{४}{५}$ ।

इष्ट परिधिराशिको दो सौ चौहत्तरसे गुणा करके नौ सौ पन्द्रहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना द्वितीय पथमें स्थित सूर्यके तापक्षेत्रका प्रमाण होता है ॥ ३१० ॥ $\frac{२७४}{९१५}$ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित रहनेपर मेरुपर्वतके ऊपर तापक्षेत्रका प्रमाण नौ हजार चार सौ उनहत्तर योजन और दो सौ तेरानवे भाग अधिक है ॥ ३११ ॥ ९४६९$\frac{२९३}{९१५}$ ।

(मेरुपरिधि ३१६२२×२७४=८६६४४२८; ८६६४४२८÷९१५=९४६९$\frac{२९३}{९१५}$)

क्षेमा नगरीके प्रणिधि भागमें तापक्षेत्रका प्रमाण एक, तीन, दो, तीन और पांच, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् तिरेपन हजार दो सौ इकतीस योजन और सात सौ बत्तीससे भाजित सैंतीस कला अधिक है ॥ ३१२ ॥ ५३२३१$\frac{३७}{७३२}$ ।

क्षेमपुरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण आठ, छह, तीन, आठ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् अट्ठावन हजार तीन सौ अड़सठ योजन और तीन हजार छह सौ साठसे भाजित तीन हजार छह सौ उनसठ भाग अधिक है ॥ ३१३ ॥ ५८३६८$\frac{३६५९}{३६६०}$ ।

१ द ब लक्खा. २ द बासरछभाग°. ३ द ब तेणवदिजुदा तहा.

छण्णवसगदुगछक्का अंककमे पंचतियछद्दोण्णि कमे । णभछच्छक्कतियहरिदा रिट्ठापणिधीए तावखिदी ॥ ३१४

$$६२७९६\left|\frac{२६३५}{३६६०}\right.$$

चउतियणवसगछक्का अंककमे जोयणाणि अंसा य । णवचउचउक्कदुगया रिट्ठपुरीपणिधितावखिदी ॥ ३१५

$$६७९३४\left|\frac{२४४९}{३६६०}\right.$$

दुगछक्कतिदुगसत्ता अंककमे जोयणाणि अंसा य । पंचदुचउक्कदुगया खग्गपुरीपणिधितावखिदी ॥ ३१६

$$७२३६२\left|\frac{१४२५}{३६६०}\right.$$

णभणयणपंचसत्ता सत्तंककमेण जोयणा अंसा । णवतियदुगेक्कसत्ता मंजुसपुरपणिधितावखिदी ॥ ३१७

$$७७५००\left|\frac{१२३९}{३६६०}\right.$$

अट्ठदुगणेक्कअट्ठा अंककमे जोयणाणि अंसा य । पंचेक्कदुगपमाणा ओसहिपुरपणिधितावखिदी ॥ ३१८

$$८१९२८\left|\frac{२१५}{३६६०}\right.$$

अरिष्टा नगरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण छह, नौ, सात, दो और छह, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् बासठ हजार सात सौ छयानवे योजन और तीन हजार छह सौ साठसे भाजित दो हजार छह सौ पैंतीस भाग अधिक है ॥ ३१४ ॥ $६२७९६\frac{२६३५}{३६६०}$ ।

अरिष्टपुरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण चार, तीन, नौ, सात और छह, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् सड़सठ हजार नौ सौ चौंतीस योजन और दो हजार चार सौ उनंचास भाग अधिक है ॥ ३१५ ॥ $६७९३४\frac{२४४९}{३६६०}$ ।

खड्गपुरीके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण दो, छह, तीन, दो और सात, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् बहत्तर हजार तीन सौ बासठ योजन और एक हजार चार सौ पच्चीस भाग अधिक होता है ॥ ३१६ ॥ $७२३६२\frac{१४२५}{३६६०}$ ।

मंजूषपुरके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण शून्य, शून्य, पांच, सात और सात, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् सतत्तर हजार पांच सौ योजन और एक हजार दो सौ उनतालीस भागमात्र होता है ॥ ३१७ ॥ $७७५००\frac{१२३९}{३६६०}$ ।

औषधिपुरके प्रणिधिभागमें तापक्षेत्रका प्रमाण आठ, दो, नौ, एक और आठ, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् इक्यासी हजार नौ सौ अट्ठाईस योजन और दो सौ पन्द्रह भाग अधिक होता है ॥ ३१८ ॥ $८१९२८\frac{२१५}{३६६०}$ ।

छप्पंचगयणसत्ता अट्ठंकक्कमेण जोयणाणि कला । एक्कोणतीसमेत्ता तावखिदी पुंडरंगिणिए ॥ ३१९

८७०६६ | २९ / ९६०

चउपंचतिचउणवया अंककमे छक्कमत्तचउअंसा । पंचेक्कगवहिदाओ बिदियपहक्कस्स पढमपहताओ ॥ ३२०

९४३५४ | ४७६ / ९१५

चउणउदिमहस्सा तियसयाणि उगसट्ठि जोयणा अंसा । उगसट्ठी पंचसया बिदियपहक्कम्मि बिदियपहताओ ॥

९४३५९ | ५ ९ / ९१५

चउणउदिमहस्सा तियसयाणि पण्णट्ठि जोयणा अंसा । इगिरूवं होंति तदो बिदियपहक्कम्मि तदियपहताओ[1] ॥

९४३६१ | १ / ९१५

एवं मज्झिमपहस्स आइल्लपहपरियंतं णेदव्वं ।

सत्ततियअट्ठचउणवअंककक्कमेण जोयणाणि अंसा । तेणउदी चारिसया बिदियपहक्कम्मि मज्झपहताओ ॥

९४८३७ | ४९३ / ९१५

पुंडरीकिणी नगरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण छह, छह, शून्य, सात और आठ, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् सतासी हजार छयासठ योजन और उनतीस कलामात्र होता है ॥ ३१९ ॥

८७०६६ २९/९६० ।

द्वितीय पथमें स्थित सूर्यका तापक्षेत्र प्रथम पथमें चार, पांच, तीन चार और नौ, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् चौरानवे हजार तीन सौ चौवन योजन और नौ सौ पन्द्रहसे भाजित चार सौ छयत्तर भाग अधिक होता है ॥ ३२० ॥ ९४३५४ ४७६/९१५ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित रहनेपर द्वितीय पथमें तापक्षेत्रका प्रमाण चौरानवे हजार तीन सौ उनसठ योजन और पांच सौ उनसठ भाग अधिक होता है ॥ ३२१ ॥

९४३५९ ५ ९/९१५ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित रहनेपर तृतीय पथमें तापक्षेत्रका प्रमाण चौरानवे हजार तीन सौ पैंसठ योजन और एक भागमात्र अधिक होता है ॥ ३२२ ॥ ९४३६१ १/९१५ ।

इस प्रकार मध्यम पथके आदि पथ पर्यन्त ले जाना चाहिये ।

सूर्यके द्वितीय मार्गमें स्थित रहनेपर मध्यम पथमें तापका प्रमाण सात, तीन, आठ, चार और नौ, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् चौरानवे हजार आठ सौ सैंतीस योजन और चार सौ तेरानवे भाग अधिक होता है ॥ ३२३ ॥ ९४८३७ ४९३/९१५ ।

१ एषा गाथा ब पुस्तके नास्ति.

एवं बाहिरपहट्ठिमपहंतं णेदव्वं ।

पणणउदिसहस्सा तियसयाणि बीसुत्तराणि जोयणया छत्तीस दुसयभंसा बिदियपहक्कम्मि अंतरहत्ताओ ॥

$$९५३२० \left| \begin{matrix} २३६ \\ ९१५ \end{matrix} \right.$$

पंचदुगअट्ठसत्ता पंचेक्केक्कमेण जोयणया । अंसा णवदुगसत्ता बिदियपहक्कम्मि लवणछट्ठंसे ॥ ३२५

$$१५७८२५ \left| \begin{matrix} ७२९ \\ ९१५ \end{matrix} \right.$$

इट्ठं परिरयरासिं सगदालब्भहियपंचसयगुणिदं । णभतियअट्ठेक्कहिदे ताओ तवणम्मि तदियमग्गठिदे ॥

$$\begin{matrix} ५४७ \\ १८३० \end{matrix} \Big|$$

णवयसहस्सा [तिइ] चउसयाणि बावण्णजोयणाणि कला । चउहत्तरिमेत्ताओ तदियपहक्कम्मि मंदरे ताओ ॥

$$९४५१ \left| \begin{matrix} ७४ \\ १८३० \end{matrix} \right.$$

तियतियएक्कतिपंचा अंककमे पंचसत्तछदुगकला । अट्ठदुगणवदुगभजिदा ताओ खेमाए तदियपहसूरे ॥

$$५३१३३ \left| \begin{matrix} २६७५ \\ २९२८ \end{matrix} \right.$$

इस प्रकार बाह्य पथके अवस्तन पथ तक ले जाना चाहिये ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर अन्तिम पथमें तापका प्रमाण पंचानवे हजार तीन सौ बीस योजन और दो सौ छत्तीस भाग अधिक रहता है ॥ ३२४ ॥ ९५३२०$\frac{२३६}{९१५}$ ।

सूर्यके द्वितीय पथमें स्थित होनेपर लवण समुद्रके छठे भागमें तापक्षेत्रका प्रमाण पांच, दो, आठ, सात, पांच और एक, इन अंकोंके क्रमसे अर्थात् एक लाख सत्तावन हजार आठ सौ पच्चीस योजन और सात सौ उनतीस भाग अधिक रहता है ॥ ३२५ ॥ १५७८२५$\frac{७२९}{९१५}$ ।

इष्ट परिधिराशिको पांच सौ सैंतालीसगुणे गुणित करके उसमें एक हजार आठ सौ तीसका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित रहनेपर विवक्षित परिधिमें तापक्षेत्रका प्रमाण रहता है ॥ ३२६ ॥

उदाहरण—इष्ट मेरुपरिधि ३१६२२ × ५४७ = १७२९७२३४; १७२९७२३४ ÷ १८३० = ९४५२$\frac{७४}{१८३०}$ मेरुका तापक्षेत्र ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित होनेपर मन्दर पर्वतके ऊपर तापक्षेत्रका प्रमाण नौ हजार चार सौ बावन योजन और चौहत्तर कलामात्र अधिक रहता है ॥ ३२७ ॥ ९४५२$\frac{७४}{१८३०}$ ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित होनेपर क्षेमा नगरीमें तापका प्रमाण तीन, तीन, एक, तीन, और पांच, इन अंकोंके क्रमसे तिरेपन हजार एक सौ तेतीस योजन और दो हजार नौ सौ अट्ठाईससे भाजित दो हजार छह सौ पचहत्तर कला अधिक रहता है ॥ ३२८ ॥

५३१३३$\frac{२६७५}{२९२८}$ ।

दुगछदुगअट्ठपंचा अंककमे णवदुगेक्कसत्तकला। खचउछचउइगिभजिदा तदियपहक्कम्मि खेमपुरताओ ॥

५८२६२ | ७१२९ / १४६४० |

दुगअट्ठछदुगछक्का अंककमे जोयणाणि अंसा य। पंचयछअट्ठएक्का ताओ रिट्ठाय तदियपहसूरे ॥ ३३०

६२६८२ | १८६५ / १४६४० |

गयणेक्कअट्ठसत्ता छक्कं अंककक्कमेण जोयणया। अंसा णवपणदुखइगि तदियपहक्कम्मि रिट्ठपुरे ॥ ३३१

६७८१० | १०२५९ / १४६४० |

णभतियदुगदुगसत्ता अंककमे जोयणाणि अंसा य। पणणवणवचउमेत्ता ताओ खग्गाए तदियपहतवणे ॥

७२२३० | ४९९५ / १४६४० |

अट्ठपणतिदयसत्ता सत्तंककमे णवट्ठतितिण्णिक्का। होंति कलाओ ताओ तदियपहक्कम्मि मंजुसपुरीए ॥

७७३५८ | १३३८९ / १४६४० |

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित रहनेपर क्षेमपुरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण दो, छह, दो, आठ और पांच, इन अंकोंके क्रमसे अट्ठावन हजार दो सौ बासठ योजन और चौदह हजार छह सौ चालीससे भाजित सात हजार एक सौ उनतीस कला अधिक रहता है ॥ ३२९ ॥

५८२६२$\frac{७१२९}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय पथमें स्थित रहनेपर अरिष्टा नगरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण दो, आठ, छह, दो और छह, इन अंकोंके क्रमसे बासठ हजार छह सौ व्यासी योजन और एक हजार आठ सौ पैंसठ भाग अधिक रहता है ॥ ३३० ॥ ६२६८२$\frac{१८६५}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय पथमें स्थित होनेपर अरिष्टपुरमें तापक्षेत्रका प्रमाण शून्य, एक, आठ, सात और छह, इन अंकोंके क्रमसे सड़सठ हजार आठ सौ दश योजन और दश हजार दो सौ उनसठ भाग अधिक रहता है ॥ ३३१ ॥ ६७८१०$\frac{१०२५९}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित रहनेपर खड्गापुरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण शून्य, तीन, दो, दो और सात, इन अंकोंके क्रमसे बहत्तर हजार दो सौ तीस योजन और चार हजार नौ सौ पंचानवे भाग अधिक रहता है ॥ ३३२ ॥ ७२२३०$\frac{४९९५}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय मार्गमें स्थित होनेपर मंजूषापुरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण आठ, पांच, तीन, सात और सात, इन अंकोंके क्रमसे सतत्तर हजार तीन सौ अट्ठावन योजन और तेरा हजार तीन सौ नवासी कला अधिक होता है ॥ ३३३ ॥ ७७३५८$\frac{१३३८९}{१४६४०}$ ।

अट्ठसगसत्तएक्का अट्ठंककमेण पंचदुगएक्का । अट्ठ य अंसा ताओ तदियपहरुक्कम्मि ओसहपुरीए ॥ ३१४

८१७७८ | ८१२५ / १४६४०

सत्तणभणवयछक्का अट्ठंककमेण णवसगट्ठेक्का । अंसा होंदि हु ताओ तदियपहरुक्कम्मि पुंडरीगिणिए[1] ॥

८६९०७ | १८७९ / १४६४०

दुगअट्ठएक्कचउणव अंककमे तिदुगछक्क अंसा य । णभतियअट्ठेक्कहिदा तदियपहरुक्कम्मि पढमपहताओ ॥

९४१८२ | ६२३ / १८३०

चउणवदिसहस्सा इगिसयं च सगसीदि जोयणा अंसा । बाहत्तरि सत्तसया तदियपहरुक्कम्मि बिदियपहताओ ॥

९४१८७ | ७७२ / १८३०

चउणउदिसहस्सा इगिसयं च बाणउदि जोयणा अंसा । सोलससया तिरधिया तदियपहरुक्कम्मि तदियपहताओ ॥

९४१९२ | १६०३ / १८३०

सूर्यके तृतीय पथमें स्थित होनेपर ओषधीपुरीमें तापक्षेत्रका प्रमाण आठ, सात, सात, एक और आठ, इन अंकोंके क्रमसे इक्यासी हजार सात सौ अठहत्तर योजन और आठ हजार एक सौ पच्चीस भाग अधिक रहता है ॥ ३१४ ॥ ८१७७८$\frac{८१२५}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय पथमें स्थित होनेपर पुंडरीकिणी नगरीमें तापक्षेत्र सात, शून्य, नौ, छह और आठ, इन अंकोंके क्रमसे छयासी हजार नौ सौ सात योजन और एक हजार आठ सौ उन्यासी भाग प्रमाण होता है ॥ ३१५ ॥ ८६९०७$\frac{१८७९}{१४६४०}$ ।

सूर्यके तृतीय पथमें स्थित होनेपर प्रथम पथमें तापक्षेत्र दो, आठ, एक, चार और नौ, इन अंकोंके क्रमसे चौरानबै हजार एक सौ व्यासी योजन और एक हजार आठ सौ तीससे भाजित छह सौ तेईस भाग प्रमाण रहता है ॥ ३१६ ॥ ९४१८२$\frac{६२३}{१८३०}$ ।

१२०००० । ८०००० । ८०००० । ८०००० । ८०००० ।

अब्भंतरपरिसाए सोहम्मिंदाण बारससहस्सा । चेट्ठंते सुरपवरा ईसाणिंदस्स दससहस्साणि ॥ २२८

१२००० । १०००० ।

तदिए अट्ठसहस्सा माहिंदिंदस्स छस्सहस्साणि । बम्हिंदम्मि सहस्सा चत्तारो दोण्णि लंतविंदम्मि ॥ २२९

८००० । ६००० । ४००० । २००० ।

सत्तमयस्स सहस्सं पंचसयाणिं सहस्सथारिंदे । आणदइंदादिदुगे पत्तेक्कं दोसयाणि पण्णासा ॥ २३०

१००० । ५०० । २५० । २५० ।

अब्भंतरपरिसाए आरणइंदस्स अच्चुदिंदस्स । पत्तेक्कं सुरपवरा एक्कसयं पंचवीसजुदं ॥ २३१

१२५ । १२५ ।

उक्त देव ब्रह्मेन्द्रके दो लाख चालीस हजार, लांतव इन्द्रके दो लाख और महाशुक्र इन्द्रके द्विगुणित अस्सी हजार अर्थात् एक लाख साठ हजार होते हैं ॥ २२६ ॥

ब्र. २४०००० , लां. २००००० , म. १६०००० ।

उक्त देव सहस्रार इन्द्रके द्विगुणित साठ हजार और उपरिम चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके अस्सी हजार प्रमाण होते हैं ॥ २२७ ॥

सह. १२०००० , आन. ८०००० , प्रा. ८०००० , आर. ८०००० , अ. ८०००० ,

सौधर्म इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में बारह हजार और ईशान इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में दश हजार देव स्थित होते हैं ॥ २२८ ॥ सौ. १२००० , ई. १०००० ।

तृतीय इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में आठ हजार, माहेन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में छह हजार, ब्रह्मेन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में चार हजार और लांतव इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में दो हजार देव होते हैं ॥ २२९ ॥ सन. ८००० , मा. ६००० , ब्र. ४००० , लां. २००० ।

सप्तम इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में एक हजार, सहस्रार इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में पांच सौ और आनतादि दो इन्द्रोंकी अभ्यन्तर परिषद्में दो सौ पचास देव होते हैं ॥ २३० ॥

म. १००० , सह. ५०० , आन. २५० , प्रा. २५० ।

आरण इन्द्र और अच्युत इन्द्रमेंसे प्रत्येककी अभ्यन्तर परिषद्में एक सौ पच्चीस उत्तम देव होते हैं ॥ २३१ ॥ आ. १२५ , अ. १२५ ।

मज्झिमपरिसाए सुरा चोद्दसबारसदसट्ठछचउदुगा । होंति सहस्सा कमसो सोहम्मिंदादिएसु सत्तेसुं ॥

१४००० । १२००० । १०००० । ८००० । ६००० । ४००० । २००० ।

एक्कसहस्सपमाणं सहस्सयारिंदयम्मि पंचसया । उवरिमचउइंदेसुं पत्तेक्कं मज्झिमा परिसा ॥ २३३

१००० । ५०० । ५०० । ५०० । ५०० ।

सोलसचोद्दसबारसदसट्ठछच्चदुदुगेक्क य सहस्सा । बाहिरपरिसा कमसो समिदा चंदा य जडणामा[1] ॥ २३४

। बाहिरपरिसा सम्मत्ता ।

वसहतुरंगमरहगजपदातिगंधव्वणट्टयाणीया । एवं सत्ताणीया एक्केक्क हुवंति इंदाणं ॥ २३५

एदे सत्ताणीया पत्तेक्कं सत्तपत्तकक्खजुदा । तेसुं पढमाणीया णियणियसामाणियाण समा[2] ॥ २३६

तत्तो दुगुणं दुगुणं कादव्वं जाव सत्तमाणीयं । परिमाणजाणणट्ठं ताणं संखं परूवेमो ॥ २३७

सौधर्मादिक सात इन्द्रोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम परिषद्में क्रमसे चौदह, बारह, दश, आठ, छह, चार और दो हजार देव होते हैं ॥ २३२ ॥

सौ. १४०००, ई. १२०००, सन. १००००, मा. ८०००, ब्र. ६०००,
लां. ४०००, म. २०००।

सहस्रार इन्द्रकी मध्यम परिषद्में एक हजार प्रमाण और उपरिम चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम परिषद्में पांच सौ देव होते हैं ॥ २३३ ॥

सह. १०००, आन. ५००, प्रा. ५००, आ. ५००, अ. ५०० ।

उपर्युक्त इन्द्रोंके बाह्य पारिषद देव क्रमसे सोलह, चौदह, बारह, दश, आठ, छह, चार, दो और एक हजार प्रमाण होते हैं। इन तीनों परिषदोंका नाम क्रमसे समित, चन्द्रा और जतु हैं ॥ २३४ ॥

बाह्य पारिषद्का कथन समाप्त हुआ।

वृषभ, तुरंगम, रथ, गज, पदाति, गंधर्व और नर्तक अनीक, इस प्रकार एक एक इन्द्रके सात सेनायें होती हैं ॥ २३५ ॥

इन सात सेनाओंमेंसे प्रत्येक सात सात कक्षाओंसे युक्त होती है। उनमेंसे प्रथम अनीकका प्रमाण अपने अपने सामानिकोंके बराबर होता है ॥ २३६ ॥

इसके आगे सप्तम अनीक पर्यन्त उससे दूना दूना करना चाहिये। इस प्रमाणको जाननेके लिये उनकी संख्या कहते हैं ॥ २३७ ॥

---

१ द ब चंदा य जुयणाओ. २ द °सामाणियाणि समत्ता, ब °सामाणियाणि सम्मत्ता.

इगिकोडी छल्लक्खा अट्ठासट्ठीसहस्सया वसहा । सोहम्मिंदे होंति हु तुरयादी[1] तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥

१०६६८००० पिंड । ७४६७६००० ।

एक्का कोडी एक्कं लक्खं सट्ठी सहस्स वसहाणं । ईसाणिंदे होंति हु तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥ २३९

१०१६०००० । पिंड ७११२०००० ।

लक्खाणि एक्कणउदी चउदालसहस्सयाणि वसहाणं । होंति हु तदिए इंदे तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥

९१४४००० । पिंड ६४००८००० ।

अट्ठासीदीलक्खा णवदिसहस्साणि होंति वसहाणं । माहिंदिंदे तेत्तियमेत्ता तुरयादिणो वि पत्तेक्कं ॥ २४१

८८९०००० । पिंड ६२२३००००० ।

छाहत्तरिलक्खाणि बंभसहस्साणि होंति वसहाणं । बम्हिंदे पत्तेक्कं तुरयप्पहुदी वि तम्मेत्तं ॥ २४२

७६२०००० । पिंड ५३३४०००० ।

तेसट्ठीलक्खाणिं पण्णाससहस्सयाणि वसहाणि । लंतवइंदे होंति हु तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥ २४३

६३५०००० । पिंड ४४४५०००० ।

सौधर्म इन्द्रके एक करोड़ छह लाख अड़सठ हजार वृषभ होते हैं और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २३८ ॥

वृषभ १०६६८०००; १०६६८००० × ७ = ७४६७६००० प्र. क. सप्तानीक ।

ईशान इन्द्रके एक करोड़ एक लाख साठ हजार वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २३९ ॥ १०१६०००० × ७ = ७११२०००० सप्तानीक ।

तृतीय इन्द्रके इक्यानवे लाख चवालीस हजार वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४० ॥ ९१४४००० × ७ = ६४००८००० सप्तानीक ।

माहेन्द्र इन्द्रके अठासी लाख नब्बे हजार वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४१ ॥ ८८९०००० × ७ = ६२२३००००० सप्तानीक ।

ब्रह्मेन्द्रके छयत्तर लाख बीस हजार वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४२ ॥ ७६२०००० × ७ = ५३३४०००० सप्तानीक ।

लांतव इन्द्रके तिरेसठ लाख पचास हजार वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४३ ॥ ६३५०००० × ७ = ४४४५०००० सप्तानीक ।

१ ब तुरयादिय.

पण्णासं लक्खाणिं सीदिसहस्साणि होंति वसहाणिं । महसुक्किंदे होंति हु तुरियादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥
५०८०००० । पिंड ३५५६०००० ।

अट्ठत्तीसं लक्खं दस य सहस्साणि होंति वसहाणिं । तुरयादी तम्मेत्ता होंति सहस्सारइंदम्मि ॥ २४५
३८१०००० । पिंड २६६७०००० ।

पणुवीसं लक्खाणि चालीससहस्सयाणि वसहाणिं । आरणइंदादिदुगे तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥
२५४०००० । पिंड १७७८०००० ।

अलहरपडलसमुट्ठिदसरयमयंकसुजालसंकासा । वसहतुरंगादीया णियणियकक्खासु पढमकक्खठिदा ॥
उदयंतदुमणिमंडलसमाणवण्णा हवंति वसहारी । ते णियणियकक्खासुं चेट्ठंते बिदियकक्खासुं ॥ २४८
फुल्लंतकुमुदकुवलयसरिच्छवण्णा तदुज्जकक्खठिदा । ते णियणियकक्खासुं वसहस्सरहादिणो होंति ॥
मरगयमणिसमिसमणू वरविविहविभूसणेहिं सोहिल्ला । ते णियणियकक्खासुं वसहादी तुरिमकक्खठिदा ॥
पारावयमोराणं कंठसरिच्छेहि देहवण्णेहिं । ते णियणियकक्खासुं पंचमकक्खासु वसहपहुदीओ ॥ २५१

महाशुक्र इन्द्रके पचास लाख अस्सी हजार वृषभ और तुरगादिकोंमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४४ ॥ ५०८०००० × ७ = ३५५६०००० सप्तानीक ।

सहस्रार इन्द्रके अड़तीस लाख दश हजार वृषभ और तुरगादिक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४५ ॥ ३८१०००० × ७ = २६६७०००० सप्तानीक ।

आरण इन्द्रादिक दोके पचीस लाख चालीस हजार वृषभ और तुरगादिकोंमेंसे प्रत्येक भी इतने मात्र ही होते हैं ॥ २४६ ॥ २५४०००० × ७ × १७७८०००० सप्तानीक ।

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे प्रथम कक्षामें स्थित वृषभ-तुरगादिक मेघपटलसे उत्पन्न शरत्कालीन चन्द्रमाके किरणसमूहके सदृश होते हैं ॥ २४७ ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे द्वितीय कक्षामें स्थित वे वृषभादिक उदित होनेवाले सूर्यमण्डलके समान वर्णवाले होते हैं ॥ २४८ ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे तृतीय कक्षामें स्थित वे वृषभ, अश्व और रथादिक फूलते हुए कुमुद एवं कुवलयके समान निर्मल वर्णवाले होते हैं ॥ २४९ ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे चतुर्थ कक्षामें स्थित वे वृषभादिक मरकत मणिके सदृश शरीरवाले और उत्तम अनेक प्रकारके आभूषणोंसे शोभायमान होते हैं ॥ २५० ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे पंचम कक्षामें स्थित वे वृषभादिक कबूतर एवं मयूरके कण्ठके सदृश देहवर्णसे युक्त होते हैं ॥ २५१ ॥

---

१ ब होंति वसहाणि. २ द ब सरिसच्छवण्णा. ३ ब तणू विविह°.

वरपउमरायबंधूयकुसुमसंकासदेहसोहिल्ला । ते णियणियकक्खासुं वसहाई छट्ठकक्खजुदा ॥ २५२
भिण्णिंदणीलवण्णा सत्तमकक्खट्ठिदा वसहपहुदी । ते णियणियकक्खासुं वरमंडणमंडिदायारा ॥ २५३
सत्ताण अणीयाणं[1] णियणियकक्खाण होंति विच्चाले । होंति वरपडहसंखं मद्दलकाहलपहुदीण पत्तेक्कं ॥
लंबंतरयणकिंकिणिमुहदामणिकुसुमदामरमणिज्जा । घुव्वंतधयवदाया वरचामरछत्तकंतिल्ला ॥ २५५
रयणमयप्पल्लाणा वसहतुरंगा रहा य इंदाणं । बहुविहविगुव्वणाण वाहिज्जंताण सुरकुमारेहि ॥ २५६
असिमुसलकणयतोमरकोदंडप्पहुदिविविहसत्थकरा । ते सत्तसु कक्खासुं पदाहिणो दिव्वरूवधरा ॥ २५७
सज्जे रिसहं[2] गंधारमज्झिमा पंचपंचमहरस्सरं । धइवदजुदं णिसादं पुह पुह गायंति गंधव्वा ॥ २५८
वीणावेणुप्पमुहं णाणाविहतालकरणलयजुत्तं । वाइज्जंति वाइत्तं गंधव्वेहिं महुरस्सरं ॥ २५९
कंदप्परायराजाधिराजविज्जाहराण चरियाणि । णच्चंति णट्टयसुरा णिच्चं पढमाए कक्खाए ॥ २६०

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे छठी कक्षामें स्थित वृषभादिक उत्तम पद्मराग मणि अथवा बंधूक पुष्पके सदृश शरीरसे शोभायमान होते हैं ॥ २५२ ॥

अपनी अपनी कक्षाओंमेंसे सातवीं कक्षामें स्थित वृषभादिक भिन्न इन्द्रनीलमणिके सदृश वर्णवाले और उत्तम आभूषणोंसे मण्डित आकारसे युक्त होते हैं ॥ २५३ ॥

सातों अनीकोंकी अपनी अपनी कक्षाओंके अन्तरालमें उत्तम पटह, शंख, मर्दल और काहल आदिमेंसे प्रत्येक होते हैं ॥ २५४ ॥

बहुविध विक्रिया करनेवाले तथा सुरकुमारों द्वारा उठाये जानेवाले इन्द्रोंके वृषभ, तुरग और रथादिक लटकती हुई रत्नमय क्षुद्रघंटिकाओं, मणि एवं पुष्पोंकी मालाओंसे रमणीय; फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे युक्त, उत्तम चँवर व छत्रसे कान्तिमान और रत्नमय तथा सुखप्रद साजसे संयुक्त होते हैं ॥ २५५-२५६ ॥

जो असि, मूसल, कनक, तोमर और धनुष आदि विविध प्रकारके शस्त्रोंको हाथमें धारण करनेवाले हैं वे सात कक्षाओंमें दिव्य रूपके धारक पदाति होते हैं ॥ २५७ ॥

गन्धर्व देव षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद, इन मधुर स्वरोंको पृथक् पृथक् गाते हैं ॥ २५८ ॥

गन्धर्व देव नाना प्रकारकी तालक्रिया व लयसे संयुक्त और मधुर स्वरसे वीणा एवं वांसुरी आदि वादित्रोंको बजाते हैं ॥ २५९ ॥

प्रथम कक्षाके नर्तक देव नित्य ही कन्दर्प, राजा, राजाधिराज और विद्याधरोंके चरित्रोंका अभिनय करते हैं ॥ २६० ॥

१ सत्ताण य आणीया. २ द ब ल ं सद्दिलं.

पुढवीपालाणं चरियं अद्धमहादिमंडलीयाणं । बिदियाए कक्खाए णच्चंते णच्चणा देवा ॥ २६१
बलदेवाण हरीणं पडिसत्तूणं विचित्तचरिदाणि । तदियाए कक्खाए वररसभावेहिं णच्चंति ॥ २६२
चोद्दसरयणवईणं णवणिहिसामीण चक्कवट्टीणं । अच्छरियचरित्ताणिं णच्चंति चउत्थकक्खाए ॥ २६३
सक्काण सुरिंदाणं सलोयपालाण चारुचरियाइं' । ते पंचमकक्खाए णच्चंति विचित्तभंगीहिं ॥ २६४
गणहरदेवादीणं विमलमुणिंदाण विविहरिद्धीणं । चरियाइं विचित्ताइं णच्चंते छट्ठकक्खाए ॥ २६५
चोत्तीसाइसयाणं बहुविहकल्लाणपाडिहेराणं । जिणणाहाण चरित्तं सत्तमकक्खाए णच्चंति ॥ २६६
दिव्ववरदेहजुत्ते वररयणविभूसणेहि कयसोहा । ते णच्चंते णिच्चं णियणियइंदाण अग्गेसुं ॥ २६७
एदा सत्त अणीया देविंदाणं हुवंति पत्तेक्कं । अण्णा वि छत्तचामरपीढाणि य बहुविहा होंति ॥ २६८

द्वितीय कक्षाके नर्तक देव अर्द्धमण्डलीक और महामण्डलीकादि पृथिवीपालकोंके चरित्रका अभिनय करते है ॥ २६१ ॥

तृतीय कक्षाके नर्तक देव उत्तम रस एवं भावोंके साथ बलदेव, नारायण और प्रतिनारायणोंके विचित्र चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६२ ॥

चतुर्थ कक्षाके नर्तक देव चौदह रत्नोंके अधिपति और नव निधियोंके स्वामी ऐसे चक्रवर्तियोंके आश्चर्यजनक चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६३ ॥

पंचम कक्षाके वे नर्तक देव लोकपालों सहित समस्त इन्द्रोंके सुन्दर चरित्रोंका विचित्र प्रकारोंसे अभिनय करते है ॥ २६४ ॥

छठी कक्षाके नर्तक देव विविध ऋद्धियोंके धारक गणधर देवादि निर्मल मुनीन्द्रोंके विचित्र चरित्रोंका अभिनय करते है ॥ २६५ ॥

सप्तम कक्षाके नर्तक देव चौंतीस अतिशयोंसे सयुक्त और बहुत प्रकारके मंगलमय प्रातिहार्योंसे युक्त जिननाथोंके चरित्रका अभिनय करते है ॥ २६६ ॥

दिव्य एवं उत्तम देहसे सहित और उत्तम रत्नविभूषणोंसे शोभायमान वे नर्तक देव नित्य ही अपने अपने इन्द्रोंके आगे नाचते है ॥ २६७ ॥

ये सात सेनायें प्रत्येक देवेन्द्रके होती है । इसके अतिरिक्त अन्य बहुत प्रकार छत्र, चँवर और पीठ भी होते है ॥ २६८ ॥

१ द ब चरियाणं. २ द ब उच्चरिय. ३ द ब सत्त पदा णाणीए. ४ द ब देविंदाण होंति.

सव्वाणि यणीयाणि वसहाणीयस्स होंति सारिसाणि । वरविविहभूसणेहिं विभूसिदंगाणि पत्तेक्कं ॥ २६९
सव्वाणि यणीयाणि कक्खं पडि छस्सयं सहावेणं । पुव्वं व विकुव्वणाए लोयविणिच्छयमुणी भणइ[1] ॥ २७०

६०० । ४२०० । पाठान्तरम् ।

वसहाणीयादीणं पुह पुह चुलसीदिलक्खपरिमाणं । पढमाए कक्खाए सेसासुं दुगुणदुगुणकमे ॥ २७१
एवं सत्तविहाणं सत्ताणीयाण[2] होंति पत्तेक्कं । संगायणिआहरिया एवं णियमा परूवेंति ॥ २७२

पाठान्तरम् ।

सत्ताणीयाहिवई जे देवा होंति दक्खिणिंदाणं । उत्तरइंदाण तहा ताणं णामाणि वोच्छामि ॥ २७३
वसहेसु दामयट्टी तुरंगमेसुं हवेदि हरिदामो । तह मादली[3] रहेसुं गजेसु एरावदो णाम ॥ २७४
वाऊ पदातिसंघे गंधव्वेसुं अरिट्ठसंका य । णीलंजण त्ति देवी विक्खादा णट्टयाणीए ॥ २७५
पीढाणीए दोण्णं अहिवइदेओ हुवेदि हरिणामो । सेसाणधिवईणं णामेसुं णत्थि उवएसो ॥ २७६

सब अनीकोंमेंसे प्रत्येक उत्तम विविध प्रकारके भूषणोंसे विभूषित शरीरवाले होते हुए वृषभानीकके सदृश हैं ॥ २६९ ॥

प्रत्येक कक्षाकी सब सेनाये स्वभावसे छह सौ और विक्रियाकी अपेक्षा पूर्वोक्त संख्याके समान है, ऐसा लोकविनिश्चयमुनि कहते है ॥ २७० ॥ ६०० × ७ = ४२०० ।

पाठान्तर ।

प्रथम कक्षामें वृषभादिक अनीकोंका प्रमाण पृथक् पृथक् चौरासी लाख है । शेष कक्षाओंमें क्रमशः इससे दूना दूना है । इस प्रकार सात प्रकार सप्तानीकोंमें प्रत्येकके है, ऐसा संगायणि आचार्य नियमसे निरूपण करते है ॥ २७१–२७२ ॥ पाठान्तर ।

दक्षिण इन्द्रों और उत्तर इन्द्रोंकी सात अनीकोंके जो अधिपति देव है उनके नामोंको कहते है ॥ २७३ ॥

वृषभोंमें दामयष्टि, तुरंगमोंमें हरिदाम, तथा रथोंमें मातलि, गजोंमें ऐरावत नामक, पदातिसंघमें वायु, गन्धर्वोंमें अरिष्टशंका (अरिष्टयशस्क) और नर्तकानीकमें नीलांजसा (नीलांजना) देवी, इस प्रकार सात अनीकोंमें ये महत्तर देव विख्यात है ॥ २७४–२७५ ॥

दोनोंकी पीठानीक (अश्वसेना) का अधिपति हरि नामक देव होता है । शेष अनीकोंके अधिपतियोंके नामोंका उपदेश नहीं है ॥ २७६ ॥

१ द ब 'मुणि भणइ. २ द ब सव्वेदाणं सत्ताणीयाणि. ३ द संवाहणि° ४ द ब उवरिम°. ५ द ब तह मरुदली. ६ द ब णीलंजसो.

अभियोगाणं अहिवइदेवा चेट्ठंदि दक्खिणिंदेसुं । बालकणामो उत्तरइंदेसुं पुप्फदंतो य ॥ २७७
सक्कदुगम्मि य वाहणदेवा[1] एरावदणाम हत्थि कुव्वंति । विकिरियाओ लक्खं उच्छेहं जोयणा दीहं ॥
१०००००।
एदाणं बत्तीसं होंति मुहा दिव्वरयणदामजुदा । पुह पुह रुणंति किंकिणिकोलाहलसद्दकयसोहा ॥ २७९
एक्केकमुहे चंचलचंदुज्जलचमरचारुरूवम्मि । चत्तारि होंति दंता धवला वररयणभरखचिदा ॥ २८०
एक्केकम्मि विसाणे एक्केकसरोवरो विमलवारी । एक्केकसरवरम्मि य एक्केकं कमलवणसंडा ॥ २८१
एक्केककमलसंडे बत्तीस विकस्सरा महापउमा । एक्केकमहापउमे एक्केकजोयणं पमाणेणं ॥ २८२
वरकंचणकयसोहा वरपउमा सुरविकुव्वणबलेणं । एक्केकमहापउमे णाडयसाला य एक्केक्का ॥ २८३
एक्केकाए तीए बत्तीस वरच्छरा पणच्चंति । एवं सत्ताणीया णिद्दिट्ठा बारसिंदाणं ॥ २८४
पुह पुह पइण्णयाणं अभियोगसुराण किब्बिसाणं च । संखातीदपमाणं भणिदं सव्वेसु इंदाणं ॥ २८५

दक्षिण इन्द्रोंमें आभियोग देवोंका अधिपति देव बालक नामक और उत्तर इन्द्रोंमें इनका अधिपति पुष्पदन्त नामक देव होता है ॥ २७७ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके वाहन देव विक्रियासे एक लाख उत्सेध योजन प्रमाण दीर्घ ऐरावत नामक हाथीको करते हैं ॥ २७८ ॥ १००००० ।

इनके दिव्य रत्नमालाओंसे युक्त बत्तीस मुख होते हैं जो घंटिकाओंके कोलाहल शब्दसे शोभायमान होते हुए पृथक् पृथक् शब्द करते हैं ॥ २७९ ॥

चंचल एवं चन्द्रके समान उज्ज्वल चामरोंसे सुन्दर रूपवाले एक एक मुखमें रत्नोंके समूहसे खचित धवल चार दांत होते हैं ॥ २८० ॥

एक एक विषाण (हाथी दांत) पर निर्मल जलसे युक्त एक एक सरोवर होता है । एक एक सरोवरमें एक एक उत्तम कमल-वनखण्ड होता है ॥ २८१ ॥

एक एक कमलखण्डमें विकसित बत्तीस महापद्म होते हैं, और एक एक महापद्म एक एक योजन प्रमाण होता है ॥ २८२ ॥

देवोंके विक्रिया बलसे वे उत्तम पद्म उत्तम सुवर्णसे शोभायमान होते हैं । एक एक महापद्मपर एक एक नाट्यशाला होती है ॥ २८३ ॥

उस एक एक नाट्यशालामें उत्तम बत्तीस अप्सरायें नृत्य करती हैं । इस प्रकार बारह इन्द्रोंकी सात सेनायें कही गयी हैं ॥ २८४ ॥

सभी [स्वर्गों] में इन्द्रोंके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक देवोंका पृथक् पृथक् असंख्यात प्रमाण कहा गया है ॥ २८५ ॥

---

१ द ब वाहणएवा.

पडिइंदाणं सामाणियाण[1] तेत्तीससुरवराणं च । दसभेदा परिवारा णियइंदसमा य पत्तेक्कं ॥ २८६

चत्तारि सहस्साणिं सक्कादुगे दिग्गिदसामंता । एक्कं चेव सहस्सं सणक्कुमारादिदोण्हं पि ॥ २८७

४००० । १००० ।

पंचचउतियदुगाणं सयाणि बम्हिंदयादियंचउक्के । आणदपहुदिचउक्के पत्तेक्कं एक्कएक्कसयं ॥ २८८

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

पण्णास चउसयाणिं पंचसयब्भंतरादिपरिसाओ । सोमजमाणं भणिदा पत्तेक्कं सयलदक्खिणिंदेसुं ॥ २८९

५० । ४०० । ५०० ।

सट्ठी पंचसयाणिं छच्च सया ताओ तिण्णिपरिसाओ । वरुणस्स कुबेरस्स य सत्तरिया छस्सयाणि सत्तसया ॥

६० । ५०० । ६०० । ७० । ६०० । ७०० ।

चउदक्खिणइंदाणं कुबेरवरुणस्समत्तनिप्परिसा । कादव्व विवज्जासं उत्तरइंदाणं सेस पुव्वं वा ॥ २९१

५० । ४०० । ५०० । वरु ७० । ६०० । ७०० । कुबेर ६० । ५०० । ६०० ।

प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवोंमेंसे प्रत्येकके दश प्रकारके परिवार अपने इन्द्रके समान होते हैं ॥ २८६ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके लोकपालोंके सामन्त चार हजार और सनत्कुमारादि दोंके एक ही हजार होते हैं ॥ २८७ ॥ ४००० । १००० ।

ब्रह्मेन्द्रादिक चारके उक्त देव क्रमशः पांच सौ, चार सौ, तीन सौ और दो सौ तथा आनत आदि चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके एक एक सौ होते हैं ॥ २८८ ॥

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

समस्त दक्षिणेन्द्रोंमें प्रत्येकके सोम व यम लोकपालके अभ्यन्तरादि पारिषद देव क्रमसे पचास, चार सौ और पांच सौ कहे गये हैं ॥ २८९ ॥

अ. पा. ५० । म. पा. ४०० । बा. पा. ५०० ।

वे तीनों पारिषद देव वरुणके साठ, पांच सौ और छह सौ तथा कुबेरके सत्तर, छह सौ और सात सौ होते हैं ॥ २९० ॥

वरुण—अ. पा. ६०, म. पा. ५००, बा. पा. ६०० । कुबेर— अ. पा. ७०, म. पा. ६००, बा. पा. ७०० ।

चार दक्षिण इन्द्रोंके कुबेर और वरुणके तीनों पारिषद समान हैं । उत्तर इन्द्रोंके इससे विपरीत क्रम करना चाहिये । शेष पूर्वके समान समझना चाहिये (?) ॥ २९१ ॥

---

१ द ब सामाणियाणियाणं. २ द ब बम्हिंदयादिम°. ३ द ब आरण°.

सव्वेसु दिगिंदाणं सामंतसुराण तिण्णि परिसाओ। णियणियदिगिंदपरिसासरिसाओ[1] हवंति पत्तेक्कं ॥ २९२
सोमादिदिगिंदाणं सत्ताणीयाणि होंति पत्तेक्कं। अट्ठावीससहस्सा पढमं सेसेसु दुगुणकमा ॥ २९३
पंचत्तीसं लक्खा छप्पण्णसहस्सयाणि पत्तेक्कं। सोमादिदिगिंदाणं हुवेदि वसहादिपरिमाणं ॥ २९४
३५५६०००।
दोकोडीओ लक्खा अडदाल सहस्सयाणि बाणउदी। सत्ताणीयपमाणं पत्तेक्कं लोयपालाणं ॥ २९५
२४८९२०००।
जे अभियोगपइण्णयकिब्बिसिया होंति लोयपालाणं। ताण पमाणणिरूवणउवएसा संपइ पणट्ठा ॥ २९६
छल्लक्खा छासट्ठीसहस्सया छस्सयाणि छासट्ठी। सक्कस्स दिगिंदाणं विमाणसंखा य पत्तेक्कं ॥ २९७
६६६६६६।
तेसु पहाणविमाणा सयंपहारिट्ठजलपहा णामा। वग्गूपहो य कमसो सोमादियलोयपालाणं ॥ २९८
इय संखाणामाणिं सणक्कुमारिंदबम्हइंदेसुं। सोमादिदिगिंदाणं भणिदाणिं वरविमाणेसुं ॥ २९९
६६६६६६।

सब लोकपालोंके सामन्त सुरोंके तीनों पारिषदोंमेंसे प्रत्येक अपने अपने लोकपालोंके पारिषदोंके सदृश हैं (१) ॥ २९२ ॥

सोमादि लोकपालोंके जो सात सेनायें होती हैं उनमेंसे प्रत्येक प्रथम कक्षामें अट्ठाईस हजार और शेष कक्षाओंमें दुगुणित क्रमसे युक्त हैं ॥ २९३ ॥

सोमादिक लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके वृषभादिका प्रमाण पैंतीस लाख छप्पन हजार है ॥ २९४ ॥ ३५५६०००।

लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सात अनीकोंका प्रमाण दो करोड़ अड़तालीस लाख बानबे हजार है ॥ २९५ ॥ २४८९२०००।

लोकपालोंके जो आभियोग्य, प्रकीर्णक और किल्विषिक देव होते हैं उनके प्रमाणके निरूपणका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ २९६ ॥

सौधर्म इन्द्रके लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके विमानोंकी संख्या छह लाख छयासठ हजार छह सौ छयासठ है ॥ २९७ ॥ ६६६६६६।

उन विमानोंमें सोमादि लोकपालोंके क्रमसे स्वयंप्रभ, अरिष्ट, जलप्रभ और वल्गुप्रभ नामक प्रधान विमान हैं ॥ २९८ ॥

सनत्कुमार और ब्रह्मेन्द्रके सोमादि लोकपालोंके उत्तम विमानोंकी यहीं संख्या और नाम कहे गये हैं ॥ २९९ ॥ ६६६६६६।

---

१ द ब क दिगिंदपरिसाओ.

होदि हु सयंपहक्खं वरजेट्ठमयंजणाणि वग्गू य । ताण पहाणविमाणा सेसेसुं दक्खिणिंदेसुं ॥ ३००
सोमं सव्वदभद्दा सुभद्दअमिदाणि[1] सोमपहुदीणं । होंति पहाणविमाणा सव्वेसुं उत्तरिंदाणं ॥ ३०१
ताणं विमाणसंखाउवएसो णत्थि कालयवमेणं । ते सव्वे वि दिणिंदा तेसु विमाणेसु कीडंते ॥ ३०२
सोमजमा समरिद्धी दोण्णि वि ते होंति दक्खिणिंदेसुं । तेसिं अधिओ वरुणो वरुणादो होदि धणणाहो ॥
सोमजमा समरिद्धी दोण्णि वि ते होंति उत्तरिंदाणं । तेसु कुबेरो अधिओ हुवेदि वरुणो कुबेरादो ॥
इंदपडिंदादीणं देवाणं जेत्तियाओ देवीओ । चेट्ठंति तेत्तियाणिं[2] वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥ ३०५
बलणामा अच्चिणिया ताओ सव्विंदसरिसणामाओ । एक्केक्कउत्तरिंदे तम्मेत्ता जेट्ठदेवीओ ॥ ३०६
किण्हा या ये पुराइं रामावइरामरक्खिदा वसुका । वसुमित्ता वसुधम्मा वसुंधरा सव्वइंदसमणामा ॥

सौम्य दक्षिण इन्द्रोंमें स्वयंप्रभ, वरज्येष्ठ, अंजन और वल्गु, ये उन लोकपालोंके प्रधान विमान होते हैं ॥ ३०० ॥

सब उत्तर इन्द्रोंके सोमादिक लोकपालोंके सौम (सोम), सर्वतोभद्र, सुभद्र और अमित नामक प्रधान विमान होते हैं ॥ ३०१ ॥

उन विमानोंकी संख्याका उपदेश कालवश इस समय नहीं है । वे सब लोकपाल उन विमानोंमें क्रीड़ा किया करते हैं ॥ ३०२ ॥

दक्षिण इन्द्रोंके सोम और यम ये दोनों लोकपाल समान ऋद्धिवाले होते हैं । उनसे अधिक वरुण और वरुणसे अधिक कुबेर होता है ॥ ३०३ ॥

उत्तर इन्द्रोंके वे दोनों सोम और यम समान ऋद्धिवाले होते हैं । उनसे अधिक कुबेर और कुबेरसे अधिक वरुण होता है ॥ ३०४ ॥

इन्द्र और प्रतीन्द्रादिक देवोंके जितनी जितनी देवियां होती हैं उनको अनुक्रमसे कहते हैं ॥ ३०५ ॥

बलनामा अर्चिनिका ये सब इन्द्रोंके सदृश नामवाली होती है । एक एक उत्तर इन्द्रके इतनी ही ज्येष्ठ देवियां होती हैं ॥ ३०६ ॥

कृष्णा,...(?) रामापति, रामरक्षिता, वसुका, वसुमित्रा, वसुधर्मी, वसुंधरा सब इन्द्रसम नामवाली हैं ॥ ३०७ ॥

---

१ द ब °समिदाणि. २ द ब तेत्तियाणं.

सक्कदुगम्मि सहस्सा सोलस एक्केक्कगेट्ठदेवीए । चेट्ठंति चारुअणुवमरूवा[1] परिवारदेवीओ ॥ १०८

अट्ठचउदुगसहस्सा एक्कसहस्सं सणक्कुमारदुगे । बम्हम्मि लंतविंदे कमेण महसुक्कइंदम्मि ॥ १०९

पंचसया देवीओ होंति सहस्सारइंददेवीणं । अट्ठाइज्जसयाणिं आणदइंदादियचउक्के ॥ ११०

१६००० । ८००० । ४००० । २००० । १००० । ५०० । २५० ।

बत्तीसमहस्साणिं सोहम्मदुगम्मि होंति वल्लहिया । पत्तेक्कमट्ठसहस्सा सणक्कुमारिंदजुगलम्मि ॥ १११

३२००० । ३२००० । ८००० । ८००० ।

बम्हिंदे दुसहस्सा पंचसयाणिं च लंतविंदम्मि । अट्ठाइज्जसयाणिं हुवंति महसुक्कइंदम्मि ॥ ११२

२००० । ५०० । २५० ।

पणुवीसजुदेक्कसयं होंति सहस्सारइंदवल्लहिया । आणदपाणदआरणअच्चुदइंदाण तेसट्ठी ॥ ११३

१२५ । ६३ ।

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी एक एक ज्येष्ठ देवीके सुन्दर व अनुपम रूपवाली सोलह हजार परिवार देवियां होती है ॥ १०८ ॥ १६००० ।

सानत्कुमार और माहेन्द्र, ब्रह्मेन्द्र, लांतवेन्द्र और महाशुक्र इन्द्रकी एक एक ज्येष्ठ देवीके क्रमसे आठ हजार, चार हजार, दो हजार और एक हजार परिवार देवियां होती है ॥ १०९ ॥

स. मा. ८०००, ब्र. ४०००, लां. २००० , म. १००० ।

सहस्रार इन्द्रकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके पांच सौ परिवार देवियां और आनतेन्द्रादिक चारकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके अढ़ाई सौ परिवार देवियां होती है ॥ ११० ॥

सह. ५००, आनतेन्द्रादिक चार २५० ।

सौधर्मद्विकमें प्रत्येक इन्द्रके बत्तीस हजार और सनत्कुमारादि दो इन्द्रोंमें प्रत्येकके आठ हजार वल्लभा देवियां होती है ॥ १११ ॥

सौ. ३२०००, ई. ३२०००, स. ८०००, मा. ८००० ।

ब्रह्मेन्द्रके दो हजार, लांतवेन्द्रके पांच सौ, और महाशुक्र इन्द्रके अढ़ाई सौ वल्लभा देवियां होती है ॥ ११२ ॥ ब्र. २०००, लां. ५००, म. २५० ।

सहस्रार इन्द्रके एक सौ पच्चीस और आनत-प्राणत-आरण-अच्युत इन्द्रोंके तिरेसठ वल्लभायें होती हैं ॥ ११३ ॥ स. १२५, आनतादि ६३ ।

---

१ द ब 'रूवाणं. २ द ब °अट्ठ°.

परिवारवल्लभाओ सक्काओदुगस्स जेट्ठदेवीओ। णियसमविकुव्वणाओ पत्तेक्कं सोलससहस्सा ॥ ३१४

१६०००।

तत्तो दुगुणं ताओ णियणियतणुविकुव्वणकराओ। आणदइंदचउक्कं जाव कमेणं पवत्तव्वो ॥ ३१५

३२०००। ६४०००। १२८०००। २५६०००। ५१२०००। १०२४०००।

विणयासिरिकणयमालापउमाणंदासुसीमजिणदत्ता। एक्केक्कदक्खिणिंदे एक्केक्का पाणवल्लहिया ॥

एक्केक्कउत्तरिंदे एक्केक्का होदि हेममाला य। णीलुप्पलविस्सुदया णंदावइलक्खणाओ जिणदासी ॥

सयलिंदवल्लभाणं चत्तारि महत्तरीओ पत्तेक्कं। कामा कामिणिआओ पंकयगंधा यलंबुणामा य ॥३१८

पडिइंदादितियस्स य[1] णियणियइंदेहिं सरिसदेवीओ। संखाए णामेहिं विक्किरियारिद्धि चत्तारि ॥ ३१९

तप्परिवारा कमसो चउएक्कसहस्सयाणि पंचसया। अड्ढाइज्जसयाणि तहलतेसट्ठिबत्तीसं ॥ ३२०

४०००। २०००। १०००। ५००। २५०। १२५। ६३। ३२।

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी परिवारवल्लभाओं और ज्येष्ठ देवियोंमें प्रत्येक अपने समान सोलह हजार प्रमाण विक्रिया करनेमें समर्थ हैं ॥ ३१४ ॥ १६०००।

इसके आगे आनतादि चार इन्द्रों तक वे ज्येष्ठ देवियां क्रमशः इससे दूने प्रमाण अपने अपने शरीरकी विक्रिया करनेवाली हैं, ऐसा क्रमसे कहना चाहिए ॥ ३१५ ॥

स. मा. ३२०००, ब्र. ६४०००, लां. १२८०००, म. २५६०००, सह. ५१२०००, आनतादि १०२४०००।

एक एक दक्षिण इन्द्रके विनयश्री, कनकमाला, पद्मा, नंदा, सुसीमा और जिनदत्ता, इस प्रकार एक एक प्राणवल्लभा होती है ॥ ३१६ ॥

हेममाला, नीलोत्पला, विश्रुता, नन्दा, वैलक्षणा और जिनदासी, इस प्रकार एक एक उत्तर इन्द्रके एक एक प्राणवल्लभा होती है ॥ ३१७ ॥

सब इन्द्रोंकी वल्लभाओंमेंसे प्रत्येकके कामा, कामिनिका, पंकजगंधा और अलंबु (अलंबूषा) नामक चार महत्तरी (गणिका महत्तरी) होती हैं ॥ ३१८ ॥

प्रतीन्द्रादिक तीनकी देवियां संख्या, नाम, विक्रिया और ऋद्धि, इन चारमें अपने अपने इन्द्रोंके सदृश हैं ॥ ३१९ ॥

उनके परिवारका प्रमाण क्रमसे चार हजार, एक हजार, पांच सौ, अढ़ाई सौ, इसका आधा अर्थात् एक सौ पच्चीस, तिरेसठ और बत्तीस है ॥ ३२० ॥

४०००, २०००, १०००, ५००, २५०, १२५, ६३, ३२।

---

१ द ब णियसमय°. २ द ब पडिइंदातिधियस्स य.

णिरुवमलावण्णाओ वरविविहविभूषणाओ पत्तेक्कं । अड्ढकोडिमेत्ता वल्लहिया लोयपालाणं ॥ ३२१

३५०००००० ।

सामाणियदेवीओ सव्वादिगिंदाण होंति पत्तेक्कं । णियणियदिगिंददेवीसमाणसंखाओ सव्वाओ ॥ ३२२

सव्वेसुं इंदेसुं तणुरक्खसुराण होंति देवीओ । पुह छस्सयमेत्ताणिं णिरुवमलावण्णरूवाओ ॥ ३२३

६०० ।

आदिमदोजुगलेसुं बम्हादिसु चउसु आणदचउक्के । पुह पुह सव्वियदाणं अब्भंतरपरिसदेवीओ ॥ ३२४

पंचसयचउसयाणिं तिण्णा दोसयाणि एक्कसयं । पण्णासं पणुवीसं कमेण एदाण णादव्वं ॥ ३२५

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० । २५ ।

छप्पंचचउसयाणिं तिण्हदुगएक्कसयाणि पण्णासा । पुव्वोदिदठाणेसुं मज्झिमपरिसाए देवीओ ॥ ३२६

६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० ।

सत्तच्छपंचचउतियदुगएक्कसयाणि पुव्वठाणेसुं । सव्वियदाणं होंति हु बाहिरपरिसाए देवीओ ॥ ३२७

७०० । ६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

प्रत्येक लोकपालके अनुपम लावण्यसे युक्त और विविध प्रकारके भूषणोंवाली ऐसी साढ़े तीन करोड़ वल्लभायें होती हैं ॥ ३२१ ॥ ३५०००००० ।

सब लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सामानिक देवोंकी सब देवियां अपने अपने लोकपालोंकी देवियोंके समान संख्यावाली हैं ॥ ३२२ ॥

सब इन्द्रोंमें तनुरक्षक देवोंकी अनुपम लावण्यरूपवाली देवियां पृथक् पृथक् छह सौ मात्र होती हैं ॥ ३२३ ॥

आदिके दो युगल, ब्रह्मादिक चार युगल और आनतादिक चारमें सब इन्द्रोंके अभ्यन्तर पारिषद देवियां क्रमशः पृथक् पृथक् पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ, पचास और पच्चीस जानना चाहिये ॥ ३२४-३२५ ॥

सौ. ई. ५००, स. मा. ४००, ब्र. ३००, लां. २००, म. १००, सह. ५०, आनतादि चार २५ ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें मध्यम पारिषद देवियां क्रमसे छह सौ, पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ और पचास हैं ॥ ३२६ ॥

सौ. ई. ६००, स. मा. ५००, ब्र. ४००, लां. ३००, म. २००, सह. १००, आनतादिक चार ५० ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें सब इन्द्रोंके बाह्य पारिषद देवियां क्रमसे सात सौ, छह सौ, पांच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ और एक सौ हैं ॥ ३२७ ॥

सौ. ई. ७००, स. मा. ६००, ब्र. ५००, लां. ४००, म. ३००, सह. २००, आनतादि चार १०० ।

सत्ताणीयपहूणं पुह पुह देवीओ छस्सया होंति । दोण्णि सया पत्तेक्कं देवीओ आणीयदेवाणं ॥ ३२८

६०० । २०० ।

जाओ पइण्णयाणं अभियोगसुराण किब्बिसाणं च । देवीओ ताण संखा उवएसो संपइ पणट्ठो ॥ ३२९

तणुरक्खप्पहुदीणं पुह पुह एक्केक्कजेट्ठदेवीओ । एक्केक्का वल्लहिया विविहालंकारकंतिल्ला ॥ ३३०

सोहम्मीसाणेसुं उप्पज्जंते हु सव्वदेवीओ । उवरिमकप्पे ताणं उप्पत्ती णत्थि कइया वि ॥ ३३१

छल्लक्खाणि विमाणा सोहम्मे दक्खिणिंदसव्वाणं । ईसाणे चउलक्खा उत्तरइंदाण य विमाणा ॥ ३३२

६००००० । ४००००० ।

तेसुं उप्पण्णाओ देवीओ भिण्णओहिणाणेहिं । णादूणं णियकप्पे णेंति हु देवा सरागमणा ॥ ३३३

सोहम्मम्मि विमाणा सेसा छव्वीसलक्खसंखा जे । तेसुं उप्पज्जंते देवा देवीहि सम्मिस्सा ॥ ३३४

ईसाणम्मि विमाणा सेसा चउवीसलक्खसंखा जे । तेसुं उप्पज्जंते देवीओ देवमिस्साओ ॥ ३३५

सात अनीकोंके प्रभुओंके पृथक् छह सौ और प्रत्येक अनीक देवके दो सौ देवियां होती हैं ॥ ३२८ ॥ महत्तर ६००, अनीक २०० ।

प्रकीर्णक, आभियोग्य सुर और किल्विषिक देवोंके जो देवियां है उनकी संख्याका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ ३२९ ॥

तनुरक्षक आदि देवोंके पृथक् पृथक् विविध अलंकारोंसे शोभायमान एक एक ज्येष्ठ देवी और एक एक वल्लभा होती है ॥ ३३० ॥

सब देवियां सौधर्म और ईशान कल्पोंमें ही उत्पन्न होती हैं, इससे उपरिम कल्पोंमें उनकी उत्पत्ति कदापि नहीं होती ॥ ३३१ ॥

सब दक्षिण इन्द्रोंके सौधर्म कल्पमें छह लाख विमान और उत्तर इन्द्रोंके ईशान कल्पमें चार लाख विमान है ॥ ३३२ ॥ सौ. ६०००००, ई. ४०००००।

उन कल्पोंमें उत्पन्न हुई देवियोंको भिन्न अवधिज्ञानसे जानकर सराग मनवाले देव अपने कल्पमें ले जाते है ॥ ३३३ ॥

सौधर्म कल्पमें शेष जो छब्बीस लाख विमान है उनमें देवियोंसे सहित देव उत्पन्न होते है ॥ ३३४ ॥

ईशान कल्पमें जो शेष चौबीस लाख विमान हैं उनमें देवोंसे युक्त देवियां उत्पन्न होती है ॥ ३३५ ॥

सोहम्मीसाणेसुं देवा सव्वे वि कायपडिचारा । होंति हु सणक्कुमारप्पहुदी दु प्फासपडिचारा । ३३६
बम्हाभिधाणकप्पे लंतवकप्पम्मि रूवपडिचारा । कप्पम्मि महासुक्के सहस्सयारम्मि सद्दपडिचारा ॥
आणदपाणदआरणअच्चुदकप्पेसु चित्तपडिचारा । एत्तो सक्किंदाणं आवासविधिं परूवेमो ॥ ३३८
पढमादु एक्कतीसे पभणामजुदस्स दक्खिणोलीए । बत्तीसेदिबद्धे अट्ठारसमम्मि चेट्ठदे सक्को ॥ ३३९
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए बत्तीससेढिबद्धेसुं । अट्ठारसमे चेट्ठदि ईदो ईसाणणामो य ॥ ३४०
पढमादु अट्ठतीसे दक्खिणपंतीए चक्कणामस्स । पणुवीससेढिबद्धे सोलसमे तह सणक्कुमारिंदो ॥ ३४१
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए पणुवीससेढिबद्धम्मि । सोलसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि महिंदणामिंदो ॥ ३४२
बम्हुत्तरस्स दक्खिणदिसाए इगिवीससेढिबद्धेसुं । चोद्दसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि हु बम्हकप्पिंदो ॥ ३४३
लंतवइंदयदक्खिणदिसाए वीसाए सेढिबद्धेसुं । बारसमसेढिबद्धे चेट्ठेदि हु लंतविंदो वि ॥ ३४४

सौधर्म-ईशान कल्पोंमें सब ही देव कायप्रवीचारसे सहित और सानत्कुमार आदि स्पर्शप्रवीचारसे युक्त होते है ॥ ३३६ ॥

ब्रह्म नामक कल्पमें व लांतव कल्पमें रूपप्रवीचारसे युक्त तथा महाशुक्र व सहस्रार कल्पमें शब्दप्रवीचारसे युक्त होते है ॥ ३३७ ॥

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत, इन कल्पोंमें देव चित्तप्रवीचार (मनःप्रवीचार) से सहित होते है । यहांसे आगे सब इन्द्रोंकी आवासविधिको कहते है ॥ ३३८ ॥

प्रथम इकतीस इन्द्रकोंमें प्रभ नाम युक्त इन्द्रककी दक्षिण श्रेणीमें बत्तीस श्रेणीबद्धोंमेंसे अठारहवेंमें सौधर्म इन्द्र स्थित है ॥ ३३९ ॥

इसी इन्द्रककी उत्तर दिशाके बत्तीस श्रेणीबद्धोंमेंसे अठारहवेंमें ईशान नामक इन्द्र स्थित है ॥ ३४० ॥

पहिलेसे अड़तीसवें चक्र नामक इन्द्रककी दक्षिण पंक्तिमें पच्चीस श्रेणीबद्धोंमेंसे सोलहवेंमें सानत्कुमार इन्द्र स्थित है ॥ ३४१ ॥

इस इन्द्रककी उत्तर दिशामें पच्चीस श्रेणीबद्धोंमेंसे सोलहवें श्रेणीबद्धमें माहेन्द्र नामक इन्द्र स्थित है ॥ ३४२ ॥

ब्रह्मोत्तरकी दक्षिण दिशामें इक्कीस श्रेणीबद्धोंमेंसे चौदहवें श्रेणीबद्धमें ब्रह्म कल्पका इन्द्र स्थित है ॥ ३४३ ॥

लांतव इन्द्रककी दक्षिण दिशामें बीस श्रेणीबद्धोंमेंसे बारहवें श्रेणीबद्धमें लांतव इन्द्र स्थित है ॥ ३४४ ॥

महसुक्किंदयउत्तरदिसाए अट्ठरससेढिबद्धेसुं । दसमम्मि सेढिबद्धे वसइ महासुक्कणामिंदो ॥ ३४५
होदि सहस्सारुत्तरदिसाए सत्तरससेढिबद्धेसुं । अट्ठमए सेढिबद्धे वसइ सहस्सारणामिंदो ॥ ३४६
जिणदिट्ठणामइंदयदक्खिणओलीए सेढिबद्धेसुं । छट्ठमसेढीबद्धे आणदणामिंदआवासो ॥ ३४७
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए तस्सेवसेढिबद्धेसुं । छट्ठमसेढीबद्धे पाणदणामिंदआवासो ॥ ३४८
आरणइंदयदक्खिणदिसाए एक्कारससेढिबद्धम्मि । छट्ठमसेढीबद्धे [आरणइंदस्स आवासो ॥ ३४९
तस्सिंदयस्स उत्तरदिसाए एक्कारससेढिबद्धम्मि । छट्ठमसेढीबद्धे] अच्चुदइंदस्स आवासो ॥ ३५०
छज्जुगलसेसएसुं अट्ठारसमम्मि सेढिबद्धेसुं । दोहीणकमे दक्खिणउत्तरभागम्मि होंति दोविंदा ॥ ३५१
पाठान्तरम् ।
एदाणं सेढीओ पत्तेक्कमसंखजोयणपमाणा । रविमंडलसमवट्टा णाणावररयणणियरमया ॥ ३५२

महाशुक्र इन्द्रककी उत्तर दिशामें अठारह श्रेणीबद्धोंमेंसे दसवें श्रेणीबद्धमें महाशुक्र नामक इन्द्र निवास करता है ॥ ३४५ ॥

सहस्रार इन्द्रककी उत्तर दिशामें सत्तरह श्रेणीबद्धोंमेंसे आठवें श्रेणीबद्धमें सहस्रार नामक इन्द्र निवास करता है ॥ ३४६ ॥

जिन भगवान्‌से देखे गये नामवाले इन्द्रककी दक्षिणपंक्तिके श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें आनत नामक इन्द्रका निवास है ॥ ३४७ ॥

इस इन्द्रककी उत्तर दिशामें उतनी ही संख्या प्रमाण श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें प्राणत नामक इन्द्रका निवास है ॥ ३४८ ॥

आरण इन्द्रककी दक्षिण दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें आरण इन्द्रका निवास है ॥ ३४९ ॥

उस इन्द्रककी उत्तर दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें अच्युत इन्द्रका आवास है ॥ ३५० ॥

इह युगलों और शेष कल्पोंमें यथाक्रमसे प्रथम युगलमें अपने अन्तिम इन्द्रकसे सम्बद्ध अठारहवें श्रेणीबद्धमें तथा इससे आगे दो हीन क्रमसे अर्थात् सोलहवें, चौदहवें, बारहवें, दसवें, आठवें और छठे श्रेणीबद्धमें दक्षिण भागमें दक्षिण इन्द्र और उत्तर भागमें उत्तर इन्द्र स्थित है ॥ ३५१ ॥ पाठान्तर ।

सूर्यमण्डलके समान गोल और नाना उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित इनकी श्रेणियोंमेंसे प्रत्येक असंख्यात योजन प्रमाण है ॥ ३५२ ॥

१ ब °मसंखेज्जजोयण°.

तेसुं तडवेदीओ कणयमया होंति विविहधयमाला । चरियट्टालयचारू वरतोरणसुंदरदुवारा ॥ ३५३

दारोवरिमतलेसुं जिणभवणेहिं विचित्तरूवेहिं । उत्तुंगतोरणेहिं सविसेसं सोहमाणाओ ॥ ३५४

एवं पवण्णिदाणं सेढीणं होंति ताण बहुमज्झे । णियणियणामजुदाइं सक्कप्पहुदीण णयराइं ॥ ३५५

चुलसीदीओ सीदी बाहत्तरिसत्तरीओ सट्ठी य । पण्णासचालतीसा वीस सहस्साणि जोयणया ॥ ३५६

८४००० । ८०००० । ७२००० । ७०००० । ६०००० । ५०००० । ४०००० । ३०००० । २०००० ।

सोहम्मिंदादीणं अट्ठसुरिंदाण सेसइंदाणं । रायंगणस्स वासो पत्तेक्कं एस णादव्वो ॥ ३५७

रायंगणभूमीए समंतदो दिव्वकणयतडवेदी । चरियट्टालयचारू णच्चंतविचित्तधयमाला ॥ ३५८

सक्कदुगे तिण्णिसया अड्ढाइज्जासयाणि उवरिदुगे । बम्हिंदे दोण्णिसया आदिमपायारउच्छेहो ॥ ३५९

३०० । २५० । २०० ।

उनमें मार्ग व अट्टालिकाओंसे सुन्दर, उत्तम तोरणोंसे युक्त सुन्दर द्वारोंवाली, और विविध प्रकारकी ध्वजासमूहोंसे युक्त सुवर्णमय तटवेदियां है ॥ ३५३ ॥

द्वारोंके उपरिम तलोंपर उन्नत तोरणोंसे सहित और विचित्र रूपवाले ऐसे जिनभवनोंसे वे वेदियां विशेष शोभायमान हैं ॥ ३५४ ॥

इस प्रकार वर्णित उन श्रेणियोंके बहुमध्य भागमें अपने अपने नामसे युक्त सौधर्म इन्द्र आदिके नगर है ॥ ३५५ ॥

चौरासी हजार, अस्सी हजार, बहत्तर हजार, सत्तर हजार, साठ हजार, पचास हजार, चालीस हजार, तीस हजार और बीस हजार योजन; यह सौधर्मादि आठ सुरेन्द्र और शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके राजांगणका विस्तार जानना चाहिये ॥ ३५६–३५७ ॥

सौ. ८४०००, ई. ८००००, सान. ७२०००, मा. ७००००, ब्र. ६००००, लां. ५००००, म. ४००००, सह. ३००००, आनतादिक चार २००००।

राजांगण भूमिके चारों ओर दिव्य सुवर्णमय तटवेदी है। यह वेदी मार्ग व अट्टालिकाओंसे सुन्दर तथा नाचती हुई विचित्र ध्वजापंक्तियोंसे युक्त है ॥ ३५८ ॥

शक्रद्विक अर्थात् सौधर्म और ईशान इन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध तीन सौ, उपरिद्विक अर्थात् सानत्कुमार और माहेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध अढ़ाई सौ तथा ब्रह्मेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध दो सौ योजन है ॥ ३५९ ॥

सौ. ई. ३००, सान. मा. २५०, ब्र. २००।

पण्णासजुदेक्कसया वीसब्भहियं सयं सयं सुद्धं । सो लंतविंदतिदए असीदि पत्तेक्कआणदादिम्मि ॥ ३६०
१५० । १२० । १०० । ८० ।

पण्णासं पणुवीसं तस्सद्धं तद्दलं च चत्तारिं । तिण्णि य अड्ढाइज्जं जोयणया तह कमे गाढं ॥ ३६१
५० । २५ । २५/२ | २५/४ | ४ । ३ । ५/२ ।

जं गाढस्स पमाणं तं चिय बहलत्तणं मि[1] णादव्वं । आदिमपायारस्स य कमसोयं पुव्वठाणेसुं ॥ ३६२

सक्कदुगे चत्तारो तह तिण्णि सणक्कुमारइंददुगे । बम्हिंदे दोण्णि सया सयमेक्कं आणदादिइंदेसुं ॥ ३६३
[४०० । ३०० । २०० ।] १६० । १४० । १२० । १०० ।

चत्तारि तिण्णि दोण्णि य सयाणि सयमेक्क सट्ठिसंजुत्तं । चालीसजुदेक्कसयं वीसब्भहियं सयं एक्कं ॥ ३६४
४०० । ३०० । २०० । १६० । १४० । १२० । १०० ।

एदाइ जोयणाइं गोउरदाराण होइ उच्छेहो । सोहम्मप्पहुदीसुं पुव्वोदिदसत्तठाणेसुं ॥ ३६५

एक सौ पचास, एक सौ बीस और केवल सौ, यह क्रमसे लांतवेन्द्रादिक तीनके आदिम प्राकारका उत्सेधप्रमाण है । प्रत्येक आनतेन्द्रादिके राजांगणका उत्सेध अस्सी योजन है ॥ ३६० ॥ लां. १५०, म. १२०, सह. १००, आनतादि प्रत्येक ८० ।

उपर्युक्त आदिम प्राकारका अवगाढ़ क्रमशः पचास, पच्चीस, उसका आधा अर्थात् साढ़े बारह, उसका भी आधा अर्थात् सवा छह, चार, तीन और अढ़ाई योजन प्रमाण है ॥ ३६१ ॥

सौ. ई. ५०, सा. मा. २५, ब्र. १२½, लां. ६¼, म. ४, सह. ३, आनतादिक २½ योजन ।

पूर्वोक्त स्थानोंमें जो आदिम प्राकारके अवगाढ़का प्रमाण है वही क्रमसे उसका बाहल्य भी जानना चाहिये ॥ ३६२ ॥

शक्रद्विकमें चार सौ, तथा सानत्कुमार इन्द्रद्विकमें तीन सौ, ब्रह्मेन्द्रमें दो सौ [लांतव कल्पमें एक सौ साठ, महाशुक्रमें एक सौ चालीस, सहस्रारमें एक सौ बीस] और आनतादि इन्द्रोंमें एक सौ [इतने प्रत्येक दिशामें उन प्राकारोंके गोपुरद्वार हैं] ॥ ३६३ ॥

चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ साठ, एक सौ चालीस, एक सौ बीस और एक सौ, इतने योजन प्रमाण सौधर्म आदि पूर्वोक्त सात स्थानोंमें गोपुरद्वारोंका उत्सेध है ॥३६४-३६५॥

सौ. ई. ४००, सान. मा. ३००, ब्र. २००, लां. १६०, म. १४०. सह. १२०,
आनतादि १०० ।

---

१ द ब बहलत्तणम्मि. २ द ब १६१.

सदणउदिसीदिसत्तरि पण्णासं चाल तीस होंति कमा । जोयणया विस्थारा गोउरदाराण पत्तेकं ॥ ३६६
१०० । ९० । ८० । ७० । ५० । ४० । ३० ।

रायंगणबहुमज्झे एक्केक्कपहाणदिव्वपासादा । एक्केक्कासें इंदे णियणियइंदाण णामसमा ॥ ३६७

धुव्वंतधयवदाया मुत्ताहलहेमदामकमणिज्जा । वररयणमत्तवारणणाणाविहभोइसाभरणा ॥ ३६८

दिप्पंतरयणदीया वज्जकवाडेहिं सुंदरदुवारा । दिव्ववरधूवसुरही सेज्जासणपहुदिपरिपुण्णा ॥ ३६९

सत्तट्ठणवदसादियविचित्तभूमीहिं भूसिदा सव्वे । हुव्वंति रयणखचिदा सोहंते सासयसरूवा ॥ ३७०

छस्सयपंचसयाणि पण्णुत्तरचउसयाणि उच्छेहो । एदाणं सक्कदुगे दुइंदजुगलम्मि[1] बम्हिंदे[2] ॥ ३७१
६०० । ५०० । ४५० ।

चत्तारिसय पणुत्तरतिण्णिसया केवला य तिण्णि सया । सो लंतविंदतिदए आणदपहुदीसु दुसयपण्णासा ॥
४०० । ३५० । ३०० । २५० ।

उपर्युक्त स्थानोंमें गोपुरद्वारोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार क्रमसे सौ, नब्बे, अस्सी, सत्तर, पचास, चालीस और तीस योजन प्रमाण है ॥ ३६६ ।

सौ. ई. १००, सान. मा. ९०, ब्र. ८०, लां ७०, म. ५०, सह. ४०, आनतादि ३० ।

राजांगणके बहुमध्य भागमें एक एक इन्द्रका अपने अपने इन्द्रोंके नामोंके समान एक एक प्रधान दिव्य प्रासाद है ॥ ३६७ ॥

सब प्रासाद फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे सहित, मुक्ताफल एवं सुवर्णकी मालाओंसे रमणीय, उत्तम रत्नमय मत्तवारणोंसे संयुक्त, नाना प्रकारके सोलह आभरणोंवाले, चमकते हुए रत्नदीपकोंसे सुशोभित, वज्रमय कपाटोंसे सुन्दर द्वारोंवाले, दिव्य उत्तम धूपसे सुगंधित, शय्या व आसन आदिसे परिपूर्ण और सात, आठ, नौ एवं दश, इत्यादिक विचित्र भूमियोंसे भूषित हैं । शाश्वत स्वरूपसे युक्त ये प्रासाद रत्नोंसे खचित होते हुए शोभायमान है ॥३६८–३७०॥

शक्रद्विक, सानत्कुमार-माहेन्द्र युगल और ब्रह्मेन्द्रके इन प्रासादोंका उत्सेध क्रमशः छह सौ, पांच सौ और चार सौ पचास योजन प्रमाण है ॥ ३७१ ॥

सौ. ई. ६००, सान. मा. ५००, ब्र. ४५० यो. ।

वह प्रासादोंका उत्सेध लांतवेन्द्रादि तीनके क्रमसे चार सौ, तीन सौ पचास और केवल तीन सौ तथा आनतेन्द्रादिकोंके दो सौ पचास योजन प्रमाण है ॥ ३७२ ॥

लां. ४००, म. ३५०, सह. ३००, आनतादि २५० यो. ।

---

१ द ब दुइंदजुगलम्मि. २ द बम्हिंदे ब.

एदाणं वित्थारा णियणियउच्छेहपंचमविभागा । वित्थारद्धं गाढं पत्तेक्कं सव्वपासादे ॥ ३७३
पासादाणं मज्झे सपादपीढा यकट्ठिमायारा[1] । सिंहासणा विसाला वररयणमया विरायंति ॥ ३७४
सिंहासणाण सोहा जा एदाणं विचित्तरूवाणं । ण य सक्का वोत्तुं मे[2] पुण्णफलं[3] एत्थ पच्चक्खं ॥ ३७५
सिंहासणमारूढा सोलसवरभूसणेहि सोहिल्ला । सम्मत्तरयणसुद्धा सव्वे इंदा विरायंति ॥ ३७६
पुव्वज्जिदाहि सुचरिदकोडीहि संचिदाए लच्छीए . सक्कादीणं उवमा का दिज्जइ णिरुवमाणाए ॥ ३७७
देवीहिं पडिंदेहिं सामाणियपहुदिदेवसंघेहिं । सेविज्जंते णिच्चं इंदा वरछत्तचमरधारीहिं ॥ ३७८
सट्ठिसहस्सब्भहियं एक्कं लक्खं हुवंति पत्तेक्कं । सोहम्मीसाणिंदे अट्ठट्ठा अग्गदेवीओ ॥ ३७९

१६०००० । ८ ।

अग्गमहिसीओ अट्ठ माहिंदसणक्कुमारइंदाणं । बाहत्तरिं सहस्सा देवीओ होंति पत्तेक्कं ॥ ३८०

८ । ७२००० ।

इन प्रासादोंका विस्तार अपने अपने उत्सेधके पांचवें भागप्रमाण है । सब प्रासादोंमेंसे प्रत्येकका अवगाह विस्तारसे आधा है ॥ ३७३ ॥

प्रासादोंके मध्यमें पादपीठसे सहित, अकृत्रिम आकारवाले, विशाल और उत्तम रत्नमय सिंहासन विराजमान है ॥ ३७४ ॥

विचित्र रूपवाले इन सिंहासनोंकी जो शोभा है उसको कहनेके लिये मैं समर्थ नहीं हूं । यहां पुण्यका फल प्रत्यक्ष है ॥ ३७५ ॥

सिंहासनपर आरूढ, सोलह उत्तम भूषणोंसे शोभायमान, और सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे शुद्ध सब इन्द्र विराजमान है ॥ ३७६ ॥

पूर्वोपार्जित करोड़ों सुचरित्रोंसे प्राप्त हुई शक्रादिकोंकी अनुपम लक्ष्मीको कौनसी उपमा दी जाय ॥ ३७७ ॥

उत्तम छत्र व चमरोंको धारण करनेवाली देवियों, प्रतीन्द्रों और सामानिक आदि देव-समूहोंके द्वारा इन्द्रोंकी नित्य ही सेवा की जाती है ॥ ३७८ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके एक लाख साठ हजार देवियां तथा आठ आठ अग्रदेवियां होती है ॥ ३७९ ॥ देवी १६०००० अग्रदेवी ८ ।

माहेन्द्र और सानत्कुमार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्रमहिषियां तथा बहत्तर हजार देवियां होती है ॥ ३८० ॥ अग्रमहिषी ८, देवी ७२००० ।

१ द ब यकट्ठिमायाय. २ द ब गे. ३ द ब पुण्णपदं.

अग्गमहिसीओ अट्ठ य चोत्तीससहस्सयाणि देवीओ । णिरुवमलावण्णाओ सोहंते बम्हकप्पिंदे ॥ ३८१

८ । ३४००० ।

सोलससहस्सपणसयदेवीओ अट्ठ अग्गमहिसीओ । लंतवइंदम्मि पुढं णिरुवमरूवाओ रेहंति ॥ ३८२

८ । १६५०० ।

अट्ठसहस्सा दुसया पण्णं चहिया हुवंति देवीओ । अग्गमहिसीओ अट्ठ य रम्मा महसुक्कइंदम्मि ॥ ३८३

८२५० । ८ ।

चत्तारिसहस्साहं एक्कसयं पंचवीसअब्भहियं । देवीओ अट्ठ जेट्ठा होंति सहस्सारइंदम्मि ॥ ३८४

४१२५ । ८ ।

आणदपाणदआरणअच्चुदइंदेसु अट्ठ जेट्ठाओ । पत्तेक्कं दुसहस्सा तेसट्ठी होंति देवीओ ॥ ३८५

८ । २०६३ ।

सण्णहणहट्ठदुगहणिअट्ठयछस्सत्तसक्कदेवीओ । लोयविणिच्छयगंथे हुवंति सेसेसु पुव्वं व ॥ ३८६

७६८१२८००० । पाठान्तरम् ।

सगवीसं कोडीओ सोहम्मिंदेसु होंति देवीओ । पुव्वं पिव सेसेसु संगाहणियम्मि णिद्दिट्ठं ॥ ३८७

२७००००००० । पाठान्तरम् ।

ब्रह्मकल्पेन्द्रके अनुपम लावण्यवाली आठ अग्रमहिषियां और चौंतीस हजार देवियां शोभायमान है ॥ ३८१ ॥ अ. म. ८, देवी ३४००० ।

लांतवेन्द्रके अनुपम रूपवाली सोलह हजार पांच सौ देवियां और आठ अग्रमहिषियां शोभायमान है ॥ ३८२ ॥ अ. म. ८, देवी १६५०० ।

महाशुक्र इन्द्रके आठ हजार दो सौ पचास देवियां और रमणीय आठ अग्रमहिषियां होती हैं ॥ ३८३ ॥ दे. ८२५०, अ. म. ८ ।

सहस्रार इन्द्रके चार हजार एक सौ पच्चीस देवियां और आठ ज्येष्ठ देवियां होती है ॥ ३८४ ॥ दे. ४१२५, ज्ये. ८ ।

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्रमहिषियां और दो हजार तिरेसठ देवियां होती है ॥ ३८५ ॥ ज्ये. ८, दे. २०६३ ।

शून्य, शून्य, शून्य, आठ, दो, एक, आठ, छह और सात, इन अंकोंके प्रमाण सौधर्म इन्द्रके देवियां होती है । शेष इन्द्रोंमें देवियोंका प्रमाण पहिलेके ही समान है, ऐसा लोकविनिश्चय ग्रन्थमें निर्दिष्ट है ॥ ३८६ ॥ ७६८१२८००० । पाठांतर ।

सौधर्म इन्द्रके सत्ताईस करोड़ और शेष इन्द्रोंके पूर्वोक्त संख्या प्रमाण देवियां होती है, ऐसा संगाहणिमें निर्दिष्ट है ॥ ३८७ ॥ २७००००००० । पाठांतर ।

मायाविवज्जिदाओ बहुरदिकरणेसु णिउणबुद्धीओ । ओलग्गंते णिच्चं णियणियइंदाण चलणाइं ॥ ३८८
वरबरविलादसुजयकम्मंतियदासदासिपहुदीओ । अंतेउरजोग्गाओ चेट्ठंति विचित्तवेसाओ ॥ ३८९
इंदाणं अत्थाणे[1] पीढाणीयस्स अहिवई देवा । रयणासणाणि देंति हु सपादपीढाणि बहुवाणिं ॥ ३९०
जं जस्स जोग्गमुच्चं [णिच्चं] णियडं विदोरमासणयं । तं तस्स [देंति] देवा णादूणं भूमिभागाइं ॥ ३९१
वररयणदंडहत्था पडिहारा होंति इंदअट्ठाणे । परथावसपत्थावं ओलग्गंताण[2] घोसंति ॥ ३९२
अवरे वि सुरा तेसिं णाणाविहपेसणाणि कुणमाणा । इंदाण भत्तिभरिदा आणं सिरसा पडिच्छंति ॥ ३९३
पडिइंदादी देवा णिब्भरभत्तीए णियमोलग्गं । अभिमुहठिदा सभाए णियणियइंदाण कुव्वंति ॥ ३९४
पुव्वं ओलग्गसभा सक्कीसाणाण जारिसा भणिदा । तारिसया सव्वाणं णियणियणयरेसु इंदाणं ॥ ३९५

मायासे रहित और बहुत अनुरागके करनेमें निपुण बुद्धिवाली वे देवियां नित्य अपने अपने इन्द्रोंके चरणोंकी सेवा करती है ॥ ३८८ ॥

अन्तःपुरके योग्य बर्बर, किरात, कुब्जक, कर्मान्तिक और दास-दासी आदि विचित्र वेषोंसे युक्त स्थित रहते हैं ॥ ३८९ ॥

इन्द्रोके आस्थानमें पीठानीकके अधिपति देव पादपीठ सहित बहुतसे रत्नमय आसनोंको देते है ॥ ३९० ॥

जो जिसके योग्य उच्च व [नीच] एवं निकट व दूरवर्ती आसन होता है, भूमिभागोंको जानकर देव उसके लिये वह देते हैं ॥ ३९१ ॥

इन्द्रके आस्थान अर्थात् सभामें उत्तम रत्नदण्डको हाथमें लिये हुए जो द्वारपाल होते हैं वे सेवकोंके लिये प्रस्तुत व अप्रस्तुत कार्यकी घोषणा करते है ॥ ३९२ ॥

उनके नाना प्रकारके कार्योंको करनेवाले इतर देव भी इन्द्रोंकी भक्तिसे भरे हुए उनकी आज्ञाको शिरसे ग्रहण करते हैं ॥ ३९३ ॥

प्रतीन्द्रादिक देव अत्यन्त भक्तिसे सभामें अभिमुख स्थित होकर अपने अपने इन्द्रोंकी नित्य सेवा करते है ॥ ३९४ ॥

पूर्वमें सौधर्म व ईशान इन्द्रकी जैसी ओलगसभा (सेवकशाला) कही है वैसी अपने अपने नगरोंमें सब इन्द्रोंके होती है ॥ ३९५ ॥

---

१ द ब अत्थाणं २ द ब ओलगताणं त.

इंदप्पहाणपासादपुव्वदिब्भागपहुदिसंठाणा । चत्तारो पासादा पुव्वोदिदवण्णणेहिं जुदा ॥ ३९६

वेरुलियरजदसोका मिसक्कसारं च दक्खिणिंदेसुं । रुचकं मंदरसोका सत्तच्छदयं च उत्तरिंदेसुं ॥ ३९७

सक्कीसाणगिहाणं पुरदो छत्तीसजोयणुच्छेहा । जोयणबहलविखंभा[1] बारसधारा[2] हुवंति वज्जमया ॥ ३९८

पत्तेक्कं धाराणं[3] वासो एक्केक्ककोसपरिमाणं[4] । माणत्थंभसरिच्छं[5] सेसत्थंभाण वण्णणयं ॥ ३९९

भरहेरावदभूगादितित्थयरबालयाणाभरणाणं[6] । वररयणकरंडेहिं लंबंतेहिं विरायंते ॥ ४००

मूलादो उवरितले पुह पुह पणुवीसकोसपरिमाणा । गंतूणं सिहरादो तेत्तियमोदरिय होंति हु करंडा ॥ ४०१

२५ । २५ ।

पंचसयचावरुंदा पत्तेक्कं एक्ककोसदीहत्ता । ते होंति वरकरंडा णाणावररयणरासिमया ॥ ४०२

५०० । को १ ।

ते संखेज्जा सव्वे लंबंता रयणसिक्कजालेसुं । सक्कादिपूजणिज्जा अणादिणिहणा महारम्मा ॥ ४०३

इन्द्रोंके प्रधान प्रासादके पूर्वदिशाभागादिमें स्थित और पूर्वोक्त वर्णनोंसे युक्त चार प्रासाद होते हैं ॥ ३९६ ॥

दक्षिण इन्द्रोंमें वैडूर्य, रजत, अशोक और मृषत्कसार तथा उत्तर इन्द्रोंमें रुचक, मन्दर, अशोक और सप्तच्छद, ये चार प्रासाद होते हैं ॥ ३९७ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रके गृहोंके आगे छत्तीस योजन ऊंचे, एक योजन बाहल्य व विष्कम्भसे सहित बज्रमय बारह धाराओंवाले [स्तम्भ] होते हैं ॥ ३९८ ॥

उन धाराओंमें प्रत्येक धाराका व्यास एक एक कोश प्रमाण है । शेष स्तम्भोंका वर्णन मानस्तम्भोंके सदृश है ॥ ३९९ ॥

[ये स्तम्भ] भरत और ऐरावत भूमिके तीर्थंकर बालकोंके आभरणोंके लटकते हुए उत्तम रत्नमय पिटारोंसे विराजमान हैं ॥ ४०० ॥

मूलसे उपरिम तलमें पृथक् पृथक् पच्चीस कोश प्रमाण जाकर और शिखरसे इतने ही उतरकर ये करण्ड होते हैं ॥ ४०१ ॥ मूल २५, शिखर २५ ।

नाना उत्तम रत्नोंकी राशि स्वरूप उन श्रेष्ठ करण्डोंमेंसे प्रत्येक पांच सौ धनुष विस्तृत और एक कोश लम्बा होता है ॥ ४०२ ॥ विस्तार ५०० ध., दीर्घता १ को. ।

रत्नमय सींकोंके समूहोंमें लटकते हुए वे सब संख्यात करण्ड शक्रादिसे पूजनीय, अनादिनिधन और महा रमणीय होते हैं ॥ ४०३ ॥

१ द ब बहलाकंमा. २ द ब दारा. ३ द ब बाराणं. ४ द ब कोसापरिमाणं. ५ द ब माणट्ठं च सरिच्छं. ६ द ब °बालदंदाणं.

आभरणा पुव्वावरविदेहतित्थयरबालयाणं च । थंभोवरि चेट्ठंते भवणेसु सणक्कुमारजुगलस्स ॥ ४०४
सयलिंदमंदिराणं पुरदो णग्गोहपायवा होंति । एक्केक्कं पुढविमया पुव्वोदिदजंबुदुमसरिसा ॥ ४०५
तम्मूले एक्केक्का जिणिंदपडिमा य पडिदिसं होदि । सक्कादिणमिदचलणा सुमरणमेत्ते वि दुरिदहरा ॥
सक्कस्स मंदिरादो ईसाणदिसे सुधम्मणामसभा । तिसहस्सकोसउदया चउसयदीहा तदद्धवित्थारा ॥
३००० । ४०० । २००
तीए दुवारछेहो कोसा चउसट्ठि तद्दलं रुंदो । सेसाओ वण्णणाओ सक्कप्पासादसरिसाओ ॥ ४०८
६४ । ३२ ।
रम्माए सुधम्माए विविहविणोदेहि कीडदे सक्को । बहुविहपरिवारजुदो भुंजंतो विविहसोक्खाणिं ॥ ४०९
तत्थेसाणदिसाए उववादसभा हुवेदि पुव्वसमा । दिप्पंतरयणसेज्जा विण्णासविसेससोहिल्ला ॥ ४१०
तीए दिसाए चेट्ठदि वररयणमओ जिणिंदपासादो । पुव्वसरिच्छो अहवा पंडुगजिणभवणसारिच्छो ॥ ४११

सानत्कुमार युगलके भवनोंमें स्तम्भोंके ऊपर पूर्व व पश्चिम विदेह सम्बन्धी तीर्थंकर बालकोंके आभरण स्थित होते हैं ॥ ४०४ ॥

समस्त इन्द्रमन्दिरोंके आगे न्यग्रोध वृक्ष होते हैं । इनमें एक एक वृक्ष पृथिवी स्वरूप और पूर्वोक्त जम्बू वृक्षके सदृश होते हैं ॥ ४०५ ॥

इनके मूलमें प्रत्येक दिशामें एक एक जिनेन्द्रप्रतिमा होती है जिसके चरणोंमें शक्रादिक प्रणाम करते हैं तथा जो स्मरण मात्रमें ही पापको हरनेवाली है ॥ ४०६ ॥

सौधर्म इन्द्रके मन्दिरसे ईशान दिशामें तीन हजार (तीन सौ) कोश ऊंची, चार सौ कोश लंबी, और इससे आधे विस्तारवाली सुधर्मा नामक सभा है ॥ ४०७ ॥

उ. ३०००, दी. ४००, वि. २०० कोस ।

सुधर्मा सभाके द्वारोंकी उंचाई चौसठ कोश और विस्तार इससे आधा है । शेष वर्णन सौधर्म इन्द्रके प्रासादके सदृश है ॥ ४०८ ॥ उत्सेध ६४, विस्तार ३२ कोश ।

इस रमणीय सुधर्मा सभामें बहुत प्रकारके परिवारसे युक्त सौधर्म इन्द्र विविध सुखोंको भोगता हुआ अनेक विनोदोंसे क्रीड़ा करता है ॥ ४०९ ॥

वहां ईशान दिशामें पूर्वके समान उपपाद सभा है। यह सभा देदीप्यमान रत्नशय्याओंसे सहित और विन्यासविशेषसे शोभायमान है ॥ ४१० ॥

उसी दिशामें पूर्वके समान अथवा पाण्डुक वन सम्बन्धी जिनभवनके सदृश उत्तम रत्नमय जिनेन्द्रप्रासाद है ॥ ४११ ॥

---

१ द ब तिप्पंति.

अट्ठजोयणउच्चिदो तेत्तियवासो हुवंति पत्तेक्कं । सेसिंदे पासादा सेसो पुव्वं व विण्णासो ॥ ४१२

८ । ८ ।

इंदप्पासादाणं समंतदो होंति दिव्वपासादा । देवीवल्लहियाणं णाणावररयणकणयमया ॥ ४१३

देवीभवणुच्छेहा सक्कदुगे जोयणाणि पंचसया । माहिंददुगे पण्णासब्भहियाचारिसयजुत्ता ॥४१४

५०० । ४५० ।

बम्हिंदलंतविंदे महसुक्किंदे सहस्सयारिंदे । आणदपहुदिचउक्के कमसो पण्णासहीणाणिं ॥ ४१५

४०० । ३५० । ३०० । २५० । २०० ।

देवीपुरउदयादो वल्लहियामंदिराण उच्छेहो । सव्वेसुं इंदेसुं जोयणवीसाधिओ होदि ॥ ४१६

उच्छेहदसमभागे एदाणं मंदिरेसु विक्खंभा । विक्खंभदुगुणदीहं वासस्सद्धं पि गाढत्तं ॥ ४१७

सव्वेसु मंदिरेसुं उववणसंडाणि होंति दिव्वाणिं । सव्वउदुजोग्गपल्लवफलकुसुमविभूदिभरिदाणिं ॥ ४१८

पोक्खरणीवावीओ सच्छजलाओ विचित्तरूवाओ । पुप्फिदकमलवणाओ एक्केक्के मंदिरे होंतिं ॥ ४१९

शेष इन्द्रोंके प्रासादोंमेंसे प्रत्येक आठ योजन ऊंचा और इतने ही विस्तारसे सहित है । शेष विन्यास पहिलेके ही समान है ॥ ४१२ ॥ उत्सेध ८, विस्तार ८ यो. ।

इन्द्रप्रासादोंके चारों ओर देवी और वल्लभाओंके नाना उत्तम रत्न एवं सुवर्णमय दिव्य प्रासाद हैं ॥ ४१३ ॥

सौधर्म और ईशान इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी ऊंचाई पांच सौ योजन तथा माहेन्द्र व सानत्कुमार इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी ऊंचाई चार सौ पचास योजन है ॥ ४१४ ॥

ब्रह्मेन्द्र, लांतवेन्द्र, महाशुक्र इन्द्र, सहस्रार इन्द्र और आनत आदि चार इन्द्रोंकी देवियोंके भवनोंकी ऊंचाई क्रमसे पचास योजन कम है ॥ ४१५ ॥

ब्र. ४००, लां. ३५०, म. ३००, स. २५०, आनतादि २०० ।

सब इन्द्रोंमें वल्लभाओंके मंदिरोंका उत्सेध देवियोंके पुरोंके उत्सेधसे बीस योजन अधिक है ॥ ४१६ ॥

इनके मंदिरोंका विष्कम्भ उत्सेधके दशवें भागप्रमाण, दीर्घता विष्कंभसे दूनी और अवगाढ व्याससे आधा है ॥ ४१७ ॥

सब मंदिरोंमें समस्त ऋतुओंके योग्य पत्र, फूल और कुसुम रूप विभूतिसे परिपूर्ण दिव्य उपवन-खण्ड होते हैं ॥ ४१८ ॥

एक एक मंदिरमें स्वच्छ जलसे परिपूर्ण, विचित्र स्वरूपवाली और पुष्पित कमलवनोंसे संयुक्त पुष्करिणी वापियां हैं ॥ ४१९ ॥

णाणाविहतूरेहिं णाणाविहमहुरगीयसद्देहिं । ललियमयणट्टणेहिं सुरणयराइं विराजंति ॥ ४२०

आदिमपायारादो तेरसलक्खाणि जोयणे गंतुं[1] । चेट्ठेदि बिदियवेदी पढमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२१

१३००००० ।

वेदीणं विच्चाले णियणियसामीसरीररक्खा य । चेट्ठंति सपरिवारा पासादेसुं विचित्तेसुं ॥ ४२२

बिदियवेदी गया ।

तेसट्ठीलक्खाणिं पण्णाससहस्सजोयणाणि तदो । गंतूण तदियवेदी पढमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२३

६३५०००० ।

एदाणं विच्चाले तिप्परिसाणं सुरा विचित्तेसुं । चेट्ठंति मंदिरेसुं णियणियपरिवारसंजुत्ता ॥ ४२४

तदियवेदी समत्ता ।

तव्वेदीदो गच्छिय चउसट्ठिसहस्सजोयणाणिं च । चेट्ठेदि तुरिमवेदी पढिमामिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२५

देवोंके नगर नाना प्रकारके तूर्य (वादित्रों), अनेक प्रकारके मधुर गीतशब्दों और विलासमय नृत्योंसे विराजमान है ॥ ४२० ॥

सब नगरोंमें आदिम प्राकारसे तेरह लाख योजन जाकर प्रथमके समान द्वितीय वेदी स्थित है ॥ ४२१ ॥ १३००००० ।

वेदियोंके अन्तरालमें विचित्र प्रासादोंमें सपरिवार अपने अपने स्वामियोंके शरीररक्षक देव रहते है ॥ ४२२ ॥

द्वितीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

सब नगरोंमें इससे आगे तिरेसठ लाख पचास हजार योजन जाकर प्रथमके समान तृतीय वेदी है ॥ ४२३ ॥ ६३५०००० ।

इन वेदियोंके मध्यमें स्थित विचित्र मन्दिरोंमें अपने अपने परिवारसे संयुक्त तीन परिषदोंके देव स्थित होते हैं ॥ ४२४ ॥

तृतीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

इस वेदीसे चौंसठ हजार योजन आगे जाकर सब नगरोंमें प्रथम वेदीके समान चतुर्थ वेदी स्थित है ॥ ४२५ ॥

---

१ द ब अलिय°. २ द जोयणे गं द ब, ब जोयणेगे द ब.

एदाणं विच्चाले वररयणमएसु दिव्वभवणेसुं । सामाणियणामसुरा णिवसंते विविहपरिवारा ॥ ४२६

तुरिमवेदी गदा ।

चउसीदीलक्खाणिं गंतूणं जोयणाणि तुरिमादो । चेट्ठेदि पंचवेदी पदमा मिव सव्वणयरेसुं ॥ ४२७

८४००००० ।

एदाणं विच्चाले णियणियआरोहका यणीया य । अभियोगा किब्बिसिया पइण्णया तह सुरा य तेत्तीसा ॥

पंचमवेदी गदा ।

तप्परदो गंतूणं पण्णाससहस्सजोयणाणं च । होंति हु दिव्ववणाणिं इंदपुराणं चउदिसासुं ॥ ४२९

पुव्वादिसु ते कमसो असोयसत्तच्छदाण वणसंडा । चंपयचूदाण तहा पउमद्दहसरिसपरिमाणा ॥ ४३०

एक्केक्का चेत्ततरू तेसु असोयादिणामसंजुत्ता । णग्गोहतरुपरिच्छा वरचामरछत्तपहुदिजुदा ॥ ४३१

पोक्खरणीवावीहिं मणिमयभवणेहिं[1] संजुदा विउला । सव्वउडुजोग्गपल्लवकुसुमफला भांति वणसंडा ॥

इन वेदियोंके मध्यमें स्थित उत्तम रत्नमय दिव्य भवनोंमें विविध परिवारसे युक्त सामानिक नामक देव निवास करते हैं ॥ ४२६ ॥

चतुर्थ वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

चतुर्थ वेदीसे चौरासी लाख योजन आगे जाकर सब नगरोंमें पहिली वेदीके समान पंचम वेदी स्थित है ॥ ४१७ ॥ ८४००००० ।

इन वेदियोंके मध्यमें अपने अपने आरोहक अनीक, आभियोग्य, किल्विषिक, प्रकीर्णक तथा त्रायस्त्रिंश देव निवास करते है ॥ ४२८ ॥

पंचम वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

इसके आगे पचास हजार योजन जाकर इन्द्रपुरोंकी चारों दिशाओंमें दिव्य वन हैं ॥ ४२९ ॥

पूर्वादिक दिशाओंमें क्रमसे वे अशोक, सप्तच्छद, चंपक और आम्र वृक्षोंके वनखण्ड है । इन वनोंका प्रमाण पद्म द्रहके वनोंके समान है ॥ ४३० ॥

उन वनोंमें अशोकादि नामोंसे संयुक्त और उत्तम चमर-छत्रादिसे युक्त न्यग्रोध तरुके सदृश एक एक चैत्य वृक्ष है ॥ ४३१ ॥

पुष्करिणी वापियों व मणिमय भवनोंसे संयुक्त तथा सब ऋतुओंके योग्य पत्र, कुसुम एवं फलोंसे परिपूर्ण विपुल वनखण्ड शोभायमान है ॥ ४३२ ॥

---

१ द ब भवणेहिं.

संखेज्जजोयणाणिं पुह पुह गंतूण णंदणवणादो । सोहम्मादिदिगिंदाणं कीडणणयराणि चेट्ठंति ॥ ४३३

बारससहस्सजोयणदीहत्ता पणसहस्सविक्खंभा । पत्तेक्कं ते णयरा वरवेदीपहुदिकयसोहा ॥ ४३४

१२००० । ५००० ।

गणियामहत्तरीणं समचउरस्सा पुरीओ विदिसासुं । एक्कं जोयणलक्खं पत्तेक्कं दीहवासजुदा ॥ ४३५

१००००० । १००००० ।

सव्वेसुं णयरेसुं पासादा दिव्वविविहरयणमया । णच्चंतविचित्तधया णिरुवमसोहा विरायंति ॥ ४३६

जोयणसयदीहत्ता ताणं पण्णासमेत्तवित्थारा । मुहमंडवपहुदीहिं विचित्तरूवेहिं संजुत्ता ॥ ४३७

वालुगपुप्फगणामा याणविमाणाणि सक्कजुगलम्मि । सोमणसं सिरिरुक्खं सणक्कुमारिंददुदयम्मि ॥ ४३८

बम्हिंदादिचउक्के याणविमाणाणि सव्वदोभद्दा । पीदिकरम्मकणामा[1] मणोहरा होंति चत्तारि ॥ ४३९

आणदपाणदइंदे लच्छीमादिंतिणामदो होदि । आरणकप्पिंददुगे याणविमाणं विमलणामं ॥ ४४०

नन्दन वनसे पृथक् पृथक् संख्यात योजन जाकर सौधर्मादि इन्द्रोंके लोकपालोंके क्रीडा-नगर स्थित हैं ॥ ४३३ ॥

उत्तम वेदी आदिसे शोभायमान उन नगरोंमेंसे प्रत्येक बारह हजार योजन लम्बे और पांच हजार योजन प्रमाण विस्तारसे सहित हैं ॥ ४३४ ॥ दं १२०००, वि. ५००० ।

विदिशाओंमें गणिकामहत्तरियोंकी समचतुष्कोण नगरियां हैं । इनमेंसे प्रत्येक एक लाख योजन प्रमाण दीर्घता व विस्तारसे युक्त है ॥ ४३५ ॥ दी. १००००० वि. १००००० यो. ।

सब नगरोंमें नाचती हुई विचित्र ध्वजाओंसे युक्त और अनुपम शोभाके धारक दिव्य विविध रत्नमय प्रासाद विराजमान है ॥ ४३६ ॥

ये प्रासाद एक सौ योजन दीर्घ, पचास योजन प्रमाण विस्तारसे सहित, और विचित्र-रूप मुखमण्डपादिसे संयुक्त है ॥ ४३७ ॥

शक्रयुगल (सौधर्म व ईशान इन्द्र) में वालुक और पुष्पक नामक यान विमान तथा सानत्कुमारादि दो इन्द्रोंमें सौमनस और श्रीवृक्ष नामक यान विमान होते हैं ॥ ४३८ ॥

ब्रह्मेन्द्रादिक चारके सर्वतोभद्र, प्रीतिक (प्रीतिंकर), रम्यक और मनोहर नामक चार यान विमान होते हैं ॥ ४३९ ॥

आनत और प्राणत इन्द्रके लक्ष्मी मादिन्ति (?) नामक यान विमान तथा आरण कल्पेन्द्र युगलमें विमल नामक यान विमान होते हैं ॥ ४४० ॥

---

१ द ब पीदिकरम्मकणामा; लोकापुरप्रतौ तु गृहीतः पाठः।

सोहम्मादिचउक्के कमसो अवसेसकप्पजुगलेसुं । होंति हु पुव्वुत्ताइं याणविमाणाणि पत्तेक्कं ॥ ४४१
पाठान्तरम् ।

एक्कं जोयणलक्खं पत्तेक्कं दीहवाससंजुत्ता । याणविमाणा दुविहा विक्किरियाए सहावेणं ॥ ४४२
१ दर्भपुरस्थिता. २ आदर्श. ३ पद्मारव्य. ४ प्रतिवसोत्सवं. ५ भवतनुजसु°.

ज्ञात्वेति कुर्वन्तु[1] जनाः सुधर्मं सदैहिकामुष्मिकसौख्यकामाः ।
देवार्चनादानतपोव्रतादैर्धैर्य न लभ्यं कृपिमन्तरेण ॥ ११९ ॥
शास्त्रं शस्त्रं पापवैरिक्षयेऽदः शास्त्रं नेत्रं स्वन्तरार्थप्रदर्शी ।
शास्त्रं पात्रं सर्वसद्गुणाणं शास्त्रं तस्माद्यत्नतो रक्षणीयम् ॥ १२० ॥
श्रुत्वा शास्त्रं पापशत्रुं हिनास्ति श्रुत्वा शास्त्रं पुण्यमित्रं भिनोति ।
श्रुत्वा शास्त्रं सद्विवेकं दधाति तस्माद्भव्यो यत्नतस्तद्धि पाति ॥ १२१ ॥
यावत्तिष्ठति भूतले सुरनदी रत्नाकरो भूधरः कैलासः किल चक्रिकारितजगद्वन्द्यश्च चैत्यालयः ।
यावद्व्योम्नि शशाङ्कवासरमणी प्रस्फेटयन्तौ तमस्तावत्तिष्ठतु शास्त्रमेतदमलं संसेव्यमानं बुधैः ॥ १२२ ॥
सूरिश्रीजिनचन्द्राङ्घ्रिस्मरणाधीनचेतसा । प्रशस्तिर्विहिता यासौ सीहाख्येन[2] सुधीमता ॥ १२३ ॥
यत्रत्र काव्यवर्यं स्यादर्थे पाठे मयाऽऽदृतम् । तदाशोध्य बुधैर्वाच्यमनन्तः शब्दवारिधिः ॥ १२४ ॥

इति सूरिश्रीजिनचन्द्रान्तेवासिना पण्डितमेधाविना विरचिता प्रशस्ता प्रशस्तिः समाप्ता ।

संवत् १८०३ का मिती आसोजवदि १ लिखितं मया सागरश्री सवाईजयपुरनगरे ॥ श्रीरस्तु ॥ कल्याण ।

पोथी[3] त्रैलोक्यप्रज्ञप्तीकी भट्टारकजीने साधन करावीनै दीनी दूसरी प्रतिमा ती
श्रावण सुदी १३ संवत् १८५९ ।

देहली प्रतिकी लिपिकार-प्रशस्ति ।

स्वस्ति श्री सं. १५१७ वर्षे मार्गे सुदि ५ भौमवारे श्री मूलसंघे बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक श्रीपद्मनंदिदेवास्तत्पट्टे भट्टारक श्रीशुभचन्द्रदेवाः तत्पट्टालंकार भ. श्री जिनचन्द्रदेवाः । मु. श्री मदनकीर्ति तच्छिष्य ब्रह्मनरस्यंघकस्य खंडेलवालान्वये पाटणीगोत्रे सं. वी भू भार्या बहुश्री तत्पुत्र सा. लिहुणा भार्या लिहुणश्री सुपुत्रःदेवगुरुचरणकमलसंसेवनमधुकराः द्वादशव्रततप्रति-पालनतत्पराः सा. महिराजभ्रातृभ्यां राजसुपुत्रजालप । महिराज भार्या महणश्रीभ्यां राजभार्याभ्यां श्री सहिते स्वः एतद्ग्रंथं त्रैलोक्यप्रज्ञप्तिसिद्धान्तं लिखाप्य ब्र. नरस्यंघकृते कर्मक्षयनिमित्तेः प्रदत्तं ॥ छ ॥

यावज्जिनेन्द्रधर्मोऽयं लोलोकेऽस्मिन् प्रवर्तते ।
तावत्सुरनदीवाहास्तावन्नन्दतु पुस्तकः ॥ १ ॥
इदं पुस्तकं चिरं नंद्यात् ॥ छ ॥ शुभमस्तु ।
लिखितं पं. नरसिंहेन ॥ छ ॥
श्री संघणपुरे लिखितमेतत्पुस्तकम् ॥ छ ॥

---

१ कुर्वन्तितु. २ सीहाख्येन. ३ पोथी-आदि आगेका पाठ भिन्न हस्ताक्षरोंसे बादमें लिखा गया मालूम होता है ।

ॐ

अदिवसहस्सइरिय-विरइदा

तिलोयपण्णत्ती

पंचमो महाहियारो

मङ्गलाचरण

भव्व-कुमुदेक्क-चंदं, वंदित्तु-जिणवरं[1] हि पउमिदूरणं ।
भासेमि तिरिय-लोयं, सक्कमेत्तं अप्प-सत्तीए ॥१॥

अर्थ—भव्यजनरूप कुमुदोंको विकसित करने के लिए अद्वितीय चन्द्रस्वरूप पद्मप्रभ जिनेन्द्रको नमन करके मैं अपनी शक्तिके अनुसार तिर्यग्लोकका यत्किंचित् (लेशमात्र) निरूपण करता हूँ ॥ १ ॥

तिर्यग्लोक-प्रज्ञप्तिमें १६ अन्तराधिकारोंका निर्देश

थावरलोय-पमाणं, मज्झम्मि य तस्स तिरिय-तस-लोगो[2] ।
दीवोवहीण संखा, विण्णासो णाम - संजुत्तं ॥२॥
णाणाविहु - वेत्तफलं, तिरियाणं भेद - संख - आऊ य ।
आउग - बंधण - भावं, लोगो सुह - दुक्ख - सुख - पहुदी ॥३॥
सम्मत्त - गहण - हेदू, गविरायदि - लोय - बहुगमोयाहं ।
सोलसया अहियारा, पण्णत्तीए य तिरियाणं ॥४॥

अर्थ—स्थावर लोकका प्रमाण[1], उसके मध्यमें तिर्यक् त्रस-लोक[2], द्वीप-समुद्रोंकी संख्या[3], नाम सहित विन्यास[4], नानाप्रकारका क्षेत्रफल[5], तिर्यंचोंके भेद[6], संख्या[7], आयु[8], आयुबन्धके

---

१. द. ब. क. जिणवरे हि । २. द. ब. क. लोए ।

निमित्तभूत परिणाम[९], योनि[१०], सुख-दुःख[११], गुणस्थान आदिक[१२], सम्यक्त्व-ग्रहणके कारण[१३], गति-आगति[१४], अल्पबहुत्व[१५] और अवगाहना[१६], इसप्रकार तिर्यंचोंकी प्ररूपणामें ये सोलह अधिकार हैं ॥ ३-४ ॥

स्थावर-लोक का लक्षण एवं प्रमाण

जा जीव-पोग्गलाणं, [१]धम्माधम्म-प्पबंध-आयासे ।
होंति हु गदागदाणि, ताव हवे थावरो लोओ ॥५॥

=।

थावरलोयं गदं ॥१॥

अर्थ—धर्म एवं अधर्म द्रव्यसे सम्बन्धित जितने आकाशमें जीव और पुद्गलोंका आवागमन रहता है, उतना (= अर्थात् ३४३ घन राजू प्रमाण तीन लोक) स्थावर लोक है ॥ ५ ॥

स्थावर-लोकका कथन समाप्त हुआ ॥ १ ॥

तिर्यग्लोकका प्रमाण

मंदरगिरि-मूलादो, इगि-लक्खं जोयणाणि बहलम्मि ।
रज्जूअ पदर-खेत्ते, वेट्ठेदि[२] हु तिरिय-तस-लोओ ॥६॥

= । १००००० ।

तस-लोय-परूवणा गदा ॥२॥

अर्थ—मन्दरपर्वतके मूलसे एक लाख (१०००००) योजन बाहल्य (ऊंचाई) रूप राजू-प्रतर अर्थात् एक राजू लम्बे-चौड़े क्षेत्र में तिर्यक्-त्रसलोक स्थित है ॥ ६ ॥

॥ त्रस-लोक प्ररूपणा समाप्त हुई ॥ २ ॥

द्वीपों एवं सागरोंकी संख्या

पणुवीस-कोडकोडी-पमाण-उद्धार-पल्ल-रोम-सम्मा ।
दीओवहीण संखा, तस्सद्धं दीव-अवणिही कमसो ॥७॥

संखा समत्ता ॥३॥

---

१. ब. धम्मबहुदुक्खगुण पहुदी । २. द. ब. विट्ठेदि हु ।

अर्थ—पच्चीस कोड़ाकोड़ी उद्धार-पल्योंके रोमोंके प्रमाण द्वीप एवं समुद्र दोनों की संख्या है। इसकी आधी संख्या क्रमशः द्वीपोंकी और आधी समुद्रोंकी संख्या है ॥ ७ ॥

नोट—किंतु देखें इसी अधिकार की २७ वीं गाथा।

संख्या का कथन समाप्त हुआ ॥ ३ ॥

द्वीप-समुद्रोंकी अवस्थिति

सव्वे दीव-समुद्दा, संखादीदा हवंति समवट्टा।
पढमो दीओ उवही, चरिमो मज्झम्मि दीवुवही[1] ॥८॥

अर्थ—सब द्वीप-समुद्र असंख्यात हैं और समवृत्त (गोल) हैं। इनमें सबसे पहले द्वीप, सबसे अन्त में समुद्र और मध्य में द्वीप-समुद्र हैं ॥ ८ ॥

चित्तावणि बहु-मज्झे, रज्जू-परिमाण-दीह-विक्खम्भे[2]।
वेट्ठंति दीव-उवही, एक्केक्कं वेदिऊण हु परिदो[3] ॥९॥

अर्थ—चित्रा पृथिवीके (ऊपर) बहु मध्यभागमें एक राजू लम्बे-चौड़े क्षेत्रके भीतर एक-एकको चारों ओरसे घेरे हुए द्वीप एवं समुद्र स्थित हैं ॥ ९ ॥

सव्वे वि बाहिणीसा, चित्तखिदिं खंडिदूण वेट्ठंति।
वज्ज-खिदीए उवरिं, दीवा वि हु उवरि चित्ताए ॥१०॥

अर्थ—सब समुद्र चित्रा पृथिवीको खण्डितकर वज्रापृथिवीके ऊपर और सब द्वीप चित्रा पृथिवीके ऊपर स्थित हैं ॥१०॥

विशेषार्थ—चित्रापृथिवीकी मोटाई १००० योजन है और सब समुद्र १००० योजन गहराई वाले हैं। अर्थात् समुद्रोंका तल भाग चित्राको भेदकर वज्रापृथिवीके ऊपर स्थित है।

आदि-अन्तके द्वीप-समुद्रोंके नाम

आदो जंबूदीवो, हवेदि दीवाण तत्थ सयलाणं।
अंते सयंभुरमणो, णामेणं विस्सुदो दीवो ॥११॥

अर्थ—उन सब द्वीपोंके आदिमें जम्बूद्वीप और अन्तमें स्वयम्भूरमण नामसे प्रसिद्ध द्वीप है ॥ ११ ॥

---

१. ब. क. दीवउवही। २. द. ब. क. ब. विक्खंभो। ३. द. ब. क. ब. परिदो।

आदी लवण-समुद्दो[1], सव्वाण हवेदि सव्वअब्भंतरो ।
अंते सयंभुरमणो, णामेणं विस्सुदो उवहो ॥१२॥

अर्थ—सब समुद्रोंमें आदि लवणसमुद्र और अन्तिम स्वयम्भूरमण नामसे प्रसिद्ध समुद्र है ॥ १२ ॥

अभ्यन्तरभाग (प्रारम्भ) में स्थित ३२ द्वीप-समुद्रों के नाम

पढमो जंबूदीवो, तप्परदो होदि लवण-जलरासी ।
तत्तो धादइसंडो, दीवो उवहो य कालोदो ॥१३॥

पोक्खरवरो त्ति दीवो, पोक्खरवर[2]-वारिही तदो होदि ।
वारुणिवरक्ख-दीवो, वारुणिवर-खीरवो[3] त्ति तप्परदो ॥१४॥

तत्तो खीरवरक्खो, खीरवरो होदि खीररासी य ।
पच्छा घदवर-दीवो, घदवर-जलही य परो तस्स ॥१५॥

खोदवरक्खो दीवो, खोदवरो णाम वारिही होदि ।
णंदीसर-वर दीवो, णंदीसर - खीररासी य ॥१६॥

अरुणवर-णाम-दीवो, अरुणवरो णाम वारिणीवाहो ।
अरुणब्भासो दीवो, अरुणब्भासो पयोरासी ॥१७॥

कुंडलवरो त्ति दीवो, कुंडलवर-णाम-रयणरासी य ।
संखवरक्खो दीवो, संखवरो होदि मयरहरो ॥१८॥

रुचगवर-णाम-दीवो, रुचगवरक्खो तरंगिणी-रमणो[4] ।
भुजगवर-णाम-दीवो, भुजगवरो अब्भओ होदि ॥१९॥

कुसवर-णामो दीवो, कुसवर-णामो य सिन्धुगा-वाहो ।
कुंचवर-णाम-दीवो, कुंचवरो-णाम-आयरा-कंतो ॥२०॥

अब्भंतर-णामाओ, एदे बत्तीसे-दीव-वारिणिहो ।
बाहिरओ एक्कमं, साहेमि इमाणि णामाणि ॥२१॥

---

१. द. ब. क. ब. समुद्दं । २. द. ब. क. ब. पोक्खरवरा । ३. द. ब. ब. ब. दीवि ।
४. द. ब. रमणओ ।

अर्थ—प्रथम जम्बूद्वीप, उसके परे (आगे) लवणसमुद्र फिर धातकीखण्डद्वीप और उसके पश्चात् कालोदसमुद्र है। तत्पश्चात् पुष्करवर द्वीप एवं पुष्करवर वारिधि और फिर वारुणीवरद्वीप तथा वारुणीवरसमुद्र है। उसके पश्चात् क्रमशः क्षीरवरद्वीप, क्षीरवरसमुद्र और तत्पश्चात् घृतवरद्वीप और घृतवर समुद्र है। पुनः क्षौद्रवरद्वीप, क्षौद्रवर समुद्र और तत्पश्चात् नन्दीश्वरद्वीप तथा नन्दीश्वर समुद्र है। इसके पश्चात् अरुणवरद्वीप, अरुणवरसमुद्र, अरुणाभासद्वीप और अरुणाभाससमुद्र है। पश्चात् कुण्डलवरद्वीप, कुण्डलवरसमुद्र, शंखवरद्वीप और शंखवरसमुद्र है। पुनः रुचकवर नामक द्वीप, रुचकवरसमुद्र, भुजगवर नामक द्वीप और भुजगवरसमुद्र है। तत्पश्चात् कुशवर नामक द्वीप, कुशवरसमुद्र, क्रौंचवर नामक द्वीप और क्रौंचवर समुद्र है। ये बत्तीस द्वीप-समुद्र अभ्यन्तर भाग से हैं। अब बाह्यभागमें द्वीप-समुद्रोंके नाम कहता हूँ जो इस प्रकार हैं—॥ १३ – २१ ॥

बाह्यभागमें स्थित द्वीप-समुद्रोंके नाम

उवही सयंभुरमणो, अंते दीवो सयंभुरमणो त्ति ।
आइल्लो णायव्वो, अहिवइ - उवहि - दीवा य ॥२२॥

देववरोवहि - दीवा, जक्खवरक्खो समुद्द-दीवा य ।
भुवगवरण्णव - दीवा, समुद्द - दीवा त्ति णागवरा ॥२३॥

वेडुरिय-अवहि-दीवा, वज्जवरा बाहिणीरमण-दीवा ।
कंचण-अवधिहि-दीवा, रूप्पवरा सत्तिसणिहि - दीवा ॥२४॥

हिंगुल-पयोहि-दीवा, अंजणवर-णिम्मलहिवइ[1]-दीवा ।
सामंभोणिहि - दीवा, सिंदूर - समुद्द - दीवा य ॥२५॥

हरिवाल-सिंधु-दीवा, मणिसिल-खल्लोलिणीरमण-दीवा ।
एस समुद्दा - दीवा, बाहिरदो होंति बत्तीसं ॥२६॥

अर्थ—अन्तसे प्रारम्भ करने पर स्वयम्भूरमण समुद्र पश्चात् स्वयम्भूरमण द्वीप आदिमें है ऐसा जानना चाहिये। इसके पश्चात् अहीन्द्रवर समुद्र, अहीन्द्रवर द्वीप, देववर समुद्र, देववर द्वीप, यक्षवर समुद्र, यक्षवर द्वीप, भूतवर समुद्र, भूतवरद्वीप, नागवर समुद्र, नागवर द्वीप, वैडूर्यसमुद्र, वैडूर्यद्वीप, वज्रवरसमुद्र, वज्रवरद्वीप, कांचनसमुद्र, कांचनद्वीप,

---

१. ब. क. णिम्मलवहिद, ज. ठ. णिहिणवइद।

रूप्यवरसमुद्र, रूप्यवरद्वीप, हिंगुलसमुद्र, हिंगुलद्वीप, अंजनवरसिम्नसाक्षिप, अंजनवर द्वीप, श्यामसमुद्र, श्यामद्वीप, सिंदूरसमुद्र, सिंदूरद्वीप, हरितालसमुद्र, हरितालद्वीप तथा मनःशिलसमुद्र और मनःशिलद्वीप, ये बत्तीस समुद्र और द्वीप बाह्यभागमें अवस्थित हैं ॥ २२-२६ ॥

समस्त द्वीप-समुद्रोंका प्रमाण

छउसट्ठी-परिवज्जिय-अड्ढाइज्जंबु-रासि-रोम-समा ।
सेसंभोधिहि-दीवा, सुह-णामा एक्क-णाम बहुवण्णं ॥२७॥

अर्थ—चौंसठ कम अढ़ाई उद्धार-सागरोंके रोमों प्रमाण अवशिष्ट शुभ-नाम-धारक द्वीप-समुद्र हैं। इनमेंसे बहुतोंका एक ही नाम है ॥ २७ ॥

विशेषार्थ—त्रिलोकसार गाथा ३५९ और उसकी टीकामें अर्ध द्वीपसागरों की संख्या इस प्रकार दर्शाई गयी है—

जघन्य श्रेणीके अर्धच्छेद = $\left(\frac{\text{प० जे०}}{\text{असं०}} \times \text{साधिक प० जे}^2 \times 3\right)$

जघन्य श्रेणीके इन अर्धच्छेदोंमेंसे ३ अर्धच्छेद घटा देनेपर राजूके अर्धच्छेद प्राप्त होते हैं। यथा—

राजूके अर्धच्छेद = $\left[\left(\frac{\text{प० जे०}}{\text{असं०}} \times \text{साधिक प० जे}^2 \times 3\right) - 3\right]$

राजूके इन अर्धच्छेदोंमेंसे जम्बूद्वीपके साधिक प० जे^{2} कम कर देनेपर $\left[\left(\frac{\text{प० जे०}}{\text{असं०}} \times \text{प० जे}^2 \times 3 - 3\right) - \text{साधिक प० जे}^2\right]$ जो अवशेष रहे उतने प्रमाण ही द्वीप-समुद्र हैं। इनमेंसे आदि-अन्तके ३२ द्वीपों और ३२ समुद्रों (६४) के नाम कह दिये गये हैं। शेष द्वीप-समुद्र भी शुभ नाम वाले हैं और इनमें बहुतसे द्वीप-समुद्र (एक) समान नाम वाले ही हैं, क्योंकि शब्द संख्यात हैं और द्वीप-समुद्र असंख्यात हैं।

समुद्रोंके नामोंका निर्देश

जंबूदीवे भवचो, उवही कालो त्ति धादईसंडे ।
अवसेसा पारिच्छी, वत्तव्वा दीव-सम-णामा ॥२८॥

अर्थ—जम्बूद्वीपमें लवणोदधि और धातकीखण्डमें कालोद नामक समुद्र हैं। शेष समुद्रों के नाम द्वीपोंके नामोंके सदृश ही कहने चाहिए ।। २८ ।।

समुद्रस्थित जलके स्वादोंका निर्देश

पत्तेयरसा जलही, चत्तारो होंति तिण्णि उदय-रसा ।
सेसं[1] खोदक्खु-रसा, तदिय-समुद्दम्मिमधु-सलिलं ।।२९।।

अर्थ—चार समुद्र प्रत्येक रस (अर्थात् अपने-अपने नामके अनुसार रसवाले), तीन समुद्र उदक (जलके स्वाभाविक स्वाद सदृश) रस और शेष समुद्र ईख रस सदृश हैं। तीसरे समुद्रमें मधु (के स्वाद) सदृश जल है ।। २९ ।।

पत्तेयक-रसा वारुणि-लवणद्धि-घदवरो य खीरवरो ।
उदक-रसा कालोदो, पोक्खरणामो सयंभुरमणो य ।।३०।।

अर्थ—वारुणीवर, लवणाब्धि, घृतवर और क्षीरवर, ये चार समुद्र प्रत्येक रस (अपने-अपने नामानुसार रस) वाले तथा कालोद, पुष्करवर और स्वयम्भूरमण, ये तीन समुद्र उदक रस (जल रसके स्वाभाविक स्वाद) वाले हैं ।। ३० ।।

समुद्रों में जलचर जीवों के सद्भाव और अभाव का दिग्दर्शन

लवणोदे कालोदे, जीवा अंतिम-सयंभुरमणम्मि ।
कम्म-मही-संबद्धे, जलयरया होंति ण हु सेसे ।।३१।।

अर्थ—कर्मभूमिसे सम्बद्ध लवणोद, कालोद और अन्तिम स्वयम्भूरमण समुद्रमें ही जलचर जीव हैं। शेष समुद्रोंमें नहीं हैं ।। ३१ ।।

द्वीप–समुद्रोंका विस्तार

जंबू जोयण-लक्खं, पमाण-वासा दु दुगुण-दुगुणाणि ।
विक्खंभ - पमाणाणि, लवणादि - सयंभुरमणंतं ।।३२।।

१००००० । २००००० । ४००००० । ८००००० । १६००००० । ३२००००० ।

---

१. द. सेसदिम, ब, सेसद्दी ।

अर्थ—जम्बूद्वीपका विस्तार एक लाख योजन प्रमाण है। इसके आगे लवणसमुद्र से लेकर स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त द्वीप-समुद्रोंके विस्तार प्रमाण क्रमशः दुगुने-दुगुने हैं ॥३२॥

विशेषार्थ—प्रत्येक द्वीप-समुद्रका विस्तार इसप्रकार है—

क्र०	नाम	विस्तार	क्र०	नाम	विस्तार
१.	जम्बूद्वीप	१ लाख योजन	७.	वारुणीवर द्वीप	६४ लाख योजन
२.	लवणसमुद्र	२ लाख योजन	८.	वारुणीवर समुद्र	१२८ लाख योजन
३.	धातकी खण्ड	४ लाख योजन	९.	क्षीरवर द्वीप	२५६ लाख योजन
४.	कालोदधि	८ लाख योजन	१०.	क्षीरवर समुद्र	५१२ लाख योजन
५.	पुष्करवरद्वीप	१६ लाख योजन	११.	घृतवर द्वीप	१०२४ लाख योजन
६.	पुष्करवर समुद्र	३२ लाख योजन	१२.	घृतवर समुद्र	२०४८ लाख योजन

एवं घृतवरसायर-परियंतं दट्ठव्वं । तस्सोवरिमखेत्तक्खवर दीवस्स वित्थारो ॥ $\frac{३२}{३२}$ धण जोयणाणि $\frac{३२}{३२}$ ॥ खक्खवर - समुद्द - वित्थारो ॥ $\frac{६४}{६४}$ धण जोयणाणि $\frac{३२}{३२}$ ॥ देवदर - दीव ॥ $\frac{१२८}{१२८}$ धण $\frac{३२}{३२}$ ॥ देववर समुद्द ॥ $\frac{२५६}{२५६}$ धण $\frac{३२}{३२}$ ॥ अहिंदवरदीव ॥ $\frac{५१२}{५१२}$ धण ९३७५ ॥ अहिंदवरसमुद्द $\frac{१०२४}{१०२४}$ धण १८७५० ॥ सयंभुवरदीव $\frac{२०४८}{२०४८}$ धण ३७५०० ॥ सयंभूरमणसमुद्द $\frac{४०९६}{४०९६}$ धण ७५००० ।

अर्थ—इसप्रकार घृतवर-सागर पर्यन्त ले जाना चाहिए। उसके ऊपर—

यक्षवर द्वीपका विस्तार [जगच्छ्रेणी ÷ ३५८४ = $\frac{१}{३५८४}$ राजू] + $\frac{३२}{३२}$ यो० ।
यक्षवर समुद्रका विस्तार [ज० श्रे० ÷ १७९२ = $\frac{१}{१७९२}$ राजू] + $\frac{६४}{६४}$ यो० ।
देववर द्वीप का विस्तार [ज० श्रे० ÷ ८९६ = $\frac{१}{८९६}$ राजू] + $\frac{१२८}{१२८}$ यो० ।
देववर समुद्र का विस्तार [ज० श्रे० ÷ ४४८ = $\frac{१}{४४८}$ राजू] + $\frac{२५६}{२५६}$ यो० ।
अहीन्द्रवर द्वीप का विस्तार [ज० श्रे० ÷ २२४ = $\frac{१}{२२४}$ राजू] + ९३७५ यो० ।
अहीन्द्रवर समुद्र का विस्तार [ज० श्रे० ÷ ११२ = $\frac{१}{११२}$ राजू] + १८७५० यो० ।
स्वयम्भूरमणद्वीप का विस्तार [ज० श्रे० ÷ ५६ = $\frac{१}{५६}$ राजू] + ३७५०० योजन ।
स्वयम्भूरमणसमुद्र का विस्तार [ज० श्रे० ÷ २८ = $\frac{१}{२८}$ राजू] + ७५००० योजन है ।

विवक्षित द्वीप-समुद्रका वलय-व्यास प्राप्त करनेकी विधि

बाहिर-सूई-मज्झे, लक्ख-तयं मेलिदूण चउ-भजिदे ।
इच्छिय-दीवड्ढोयं, वित्थारो होदि वलयाणं ॥३३॥

अर्थ—विवक्षित द्वीप-समुद्रके बाह्य-सूची-व्यासके प्रमाणमें तीन-लाख जोड़कर चारका भाग देनेपर वलय-व्यासका प्रमाण प्राप्त होता है ॥३३॥

विशेषार्थ—यहाँ कालोदधि समुद्र विवक्षित है। इसका सूची-व्यास २९ लाख योजन है। इसमें तीन लाख जोड़कर ४ का भाग देनेपर कालोदधिके वलय व्यासका प्रमाण (२९००००० + ३०००००) ÷ ४ = ८ लाख योजन प्राप्त होता है।

आदिम, मध्य और बाह्य-सूची प्राप्त करनेकी विधि

लवणादीणं रुंदं, दु-ति-चउ-गुणिदं कमा ति-लक्खूणं ।
आदिम-मज्झिम-बाहिर-सूईणं होदि परिमाणं ॥३४॥

लव १००००० । ३००००० । ५००००० ॥ आदि ५००००० । ९००००० । १३००००० । कालो १३००००० । २१००००० । २९००००० । एवं देववर-समुद्दत्ति वट्टव्वं । तस्सु-वरिमाहिवर[1]-दोवस्स $\overline{\text{११२}}$ रिण जोयणाणि २८१२५०[2] । मज्झिम $\overline{\text{२२४}}$ । रिण २७१८७५[3] । बाहिर $\overline{\text{२८}}$ । रिण २६२५०० ॥ अहिदेवर-समुद्दं । $\overline{\text{२८}}$ रिण २६२५०० । मज्झिम $\overline{\text{११३}}$ । रिण २४३७५० । बाहिर $\overline{\text{२८}}$ । रिण २२५००० ॥ सयंभूरमणदीव । $\overline{\text{२८}}$ रिण २२५००० । मज्झिम $\overline{\text{११३}}$ । रिण १८७५०० । बाहिर $\overline{\text{१४}}$ रिण १५०००० ॥ सयंभूरमणसमुद्द । $\overline{\text{१४}}$ रिण १५०००० । मज्झिम $\overline{\text{७३}}$ । रिण ७५००० । बाहिर $\overline{\text{०}}$ ॥

अर्थ—लवणसमुद्रादिकके विस्तारको क्रमशः दो, तीन और चारसे गुणाकर प्राप्त लब्ध-राशिमेंसे तीन लाख कम करनेपर क्रमशः आदिम, मध्यम और बाह्य सूचीका प्रमाण प्राप्त होता है ॥३४॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रादिमेंसे विवक्षित जिस द्वीप-समुद्रका अभ्यन्तर सूची-व्यास ज्ञात करना इष्ट हो उसके वलय-व्यासको दो से गुणित कर प्राप्त लब्धराशिमेंसे तीन लाख घटाने पर अभ्यन्तर सूची-व्यासका प्रमाण प्राप्त होता है।

---

१. ब. क. ज. सिस्सुवरिवरिम । २. ब. ४८१२५० । ३. ब. ज. २२१४ २७१८७५ ।

विवक्षित वलय-व्यासके प्रमाणको तीनसे गुणित कर तीन लाख घटाने पर मध्यम सूची-व्यासका प्रमाण प्राप्त होता है।

विवक्षित वलय-व्यासको चारसे गुणितकर तीन लाख घटा देनेपर बाह्य सूची-व्यासका प्रमाण प्राप्त होता है। यथा—

लवणसमुद्रका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = (२००००० × २) — ३ लाख = १००००० यो०।

मध्यम सूची-व्यास = (२००००० × ३) — ३ लाख = ३००००० यो०।

बाह्य सूची-व्यास = (२००००० × ४) — ३ लाख = ५००००० यो०।

धातकीखण्डका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = (४००००० × २) — ३ लाख = ५००००० यो०।

मध्यम सूची-व्यास = (४००००० × ३) — ३ लाख = ९००००० यो०।

बाह्य सूची-व्यास = (४००००० × ४) — ३ लाख = १३००००० यो०।

कालोदसमुद्रका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = (८००००० × २) — ३ लाख = १३००००० यो०।

मध्यम सूची-व्यास = (८००००० × ३) — ३ लाख = २१००००० यो०।

बाह्य सूची-व्यास = (८००००० × ४) — ३ लाख = २९००००० यो०।

गच्छ का अर्थ—इसीप्रकार देववर समुद्र पर्यन्त ले जाना चाहिए। इसके बाद अहीन्द्रवर द्वीपका—

अभ्यन्तर सूची-व्यास = ($\sqrt{१६४}$ + ९३७५) × (२) — ३ लाख = $\sqrt{१६४}$ — २८१२५० यो०।

मध्यम सूची-व्यास = ($\sqrt{१६४}$ + ९३७५) × (३) — ३ लाख = $\sqrt{१६४}$ — २७१८७५ योजन

बाह्य सूची-व्यास = ($\sqrt{१६४}$ + ९३७५) × (४) — ३ लाख = $\sqrt{६४}$ — २६२५०० योजन

अहीन्द्रवर समुद्रका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = ($\sqrt{१६२}$ + १८७५०) × (२) — ३ लाख = $\sqrt{६४}$ — २६२५००।

मध्यम सूची-व्यास = ($\sqrt{१६२}$ + १८७५०) × (३) — ३ लाख = $\sqrt{१६२}$ — २४३७५०।

बाह्य सूची-व्यास = ($\sqrt{१६२}$ + १८७५०) × (४) — ३ लाख = $\sqrt{६४}$ — २२५०००।

स्वयम्भूरमणद्वीपका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = ($\overline{५८}$ + ३७५००) × (२) − २ लाख = $\overline{२८}$ − २२५००० ।

मध्यम सूची-व्यास = ($\overline{५८}$ + ३७५००) × (३) − ३ लाख = $\overline{५२}$ − ६८७५०० ।

बाह्य सूची-व्यास = ($\overline{५८}$ + ३७५००) × (४) − ३ लाख = $\overline{७४}$ − १५००००० ।

स्वयम्भूरमण समुद्रका

अभ्यन्तर सूची-व्यास = ($\overline{२८}$ + ७५००००) × (२) − २ लाख = $\overline{७४}$ − ६५००००० ।

मध्यम सूची-व्यास = ($\overline{२८}$ + ७५००००) × (३) − ३ लाख = $\overline{२२}$ − ७५००००० ।

बाह्य सूची-व्यास = ($\overline{२८}$ + ७५००००) × (४) − ३ लाख = $\overline{७}$ या १ राजू है ।

विवक्षित द्वीप-समुद्रकी परिधिका प्रमाण

प्राप्त करनेकी विधि

जंबू-परिही-जुगलं, इच्छिय-दीवंबु-रासि-सूइ-हदं ।
जंबू-वास-विहत्तं, इच्छिय-दीवद्धि -परिहि त्ति ।।३५।।

अर्थ—जम्बूद्वीपके परिधि-युगल (स्थूल और सूक्ष्म) को अभीष्ट द्वीप एवं समुद्र की (बाह्य) सूचीसे गुणा करके उसमें जम्बूद्वीपके विस्तारका भाग देनेपर इच्छित द्वीप तथा समुद्रकी (स्थूल एवं सूक्ष्म) परिधिका प्रमाण प्राप्त होता है ।।३५।।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपकी स्थूल-परिधि ३ लाख योजन और सूक्ष्म-परिधि ३१६२२७ योजन, ३ कोस, १२८ धनुष और साधिक १३½ अंगुल है ।

लवणसमुद्र, धातकीखण्ड और कालोद समुद्र विवक्षित समुद्र एवं द्वीपादि हैं ।

$$\text{लवण स० की परिधि} = \frac{\text{जंबू० की परिधि} \times \text{ल० स० का बाह्य सूची व्यास}}{१०००००}$$

$$\text{लवण स० की स्थूल परिधि} = \frac{३ \text{ लाख} \times ५ \text{ लाख}}{१ \text{ लाख}}$$

= १५ लाख योजन स्थूल परिधि ।

$$\text{लवण स० की सूक्ष्म प०} = \frac{(३१६२२७ \text{ यो०, } ३ \text{ कोस, } १२८ \text{ ध०, } १३½ \text{ अंगुल}) \times ५ \text{ लाख}}{१०००००}$$

= १५८११३८ यो० ३ कोस, ६४० धनुष, २ हाथ और १९½ अंगुल लवणसमुद्रकी सूक्ष्म परिधिका प्रमाण है ।

धातकी खण्डकी स्थूल परिधि $= \frac{३ \text{ लाख} \times १३ \text{ लाख}}{१ \text{ लाख}}$

$= ३९$ लाख योजन स्थूल परिधि ।

कालोदधिकी स्थूल परिधि $= \frac{३ \text{ लाख} \times २९ \text{ लाख}}{१ \text{ लाख}}$

$= ८७$ लाख योजन स्थूल परिधि ।

द्वीप-समुद्रादिकोंके जम्बूद्वीप प्रमाण खण्ड प्राप्त करने हेतु करण-सूत्र

बाहिर - सूई - वग्गो, अब्भंतर-सूइ-वग्ग-परिहीणो ।
लक्खस्स वग्गहिम्मि हिदे, इच्छिय-दीवुवहि-खंड-परिमाणं ॥३६॥

२४ । १४४ । ६७२ । एवं सयंभुरमण-परियंतं वड्ढव्वं ।

अर्थ—बाह्य सूची-व्यासके वर्गमेंसे अभ्यन्तर सूची-व्यासका वर्ग घटानेपर जो प्राप्त हो उसमें एक लाख (जम्बूद्वीपके व्यास) के वर्गका भाग देनेपर इच्छित द्वीप-समुद्रोंके खण्डोंका प्रमाण (निकल) आता है ॥३६॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीप बराबर खण्ड $= \frac{\text{बाह्य सूची व्यास}^२ - \text{अभ्य० सूची व्यास}^२}{१०००००^२}$

लवणसमुद्रके जम्बूद्वीप बराबर खण्ड $= \frac{५ \text{ लाख}^२ - १ \text{ लाख}^२}{१ \text{ लाख}^२}$

$= २४$ खण्ड होते हैं ।

धातकी० के जम्बूद्वीप बराबर खण्ड $= \frac{१३ \text{ लाख}^२ - ५ \text{ लाख}^२}{१ \text{ लाख}^२}$

$= \frac{१६९ \text{ ला ला} - २५ \text{ ला ला}}{१ \text{ ला ला}}$

$= १४४$ खण्ड होते हैं ।

कालोद के जम्बूद्वीप बराबर खण्ड $= \frac{२९ \text{ लाख}^२ - १३ \text{ लाख}^२}{१ \text{ लाख}^२}$

$= \frac{८४१ \text{ ला ला} - १६९ \text{ ला ला}}{१ \text{ ला ला}}$

$= ६७२$ खण्ड होते हैं ।

इसप्रकार स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त जानना चाहिए।

जम्बूद्वीपको आदि लेकर नौ द्वीपों और लवणसमुद्र को आदि लेकर नौ समुद्रोंके अधिपति देवोंके नाम निर्देश

अंबू-लवणादीणं, दीवुवहीणं च अहिवई दोण्णि ।
पत्तेक्कं वेंतरया, तांणं णामाणि [1]साहेमि ॥३७॥

अर्थ—जम्बूद्वीप एवं लवणसमुद्रादिकोंमेंसे प्रत्येकके अधिपति जो (दो-दो) व्यन्तरदेव हैं, उनके नाम कहता हूँ ॥ ३७ ॥

आदर-अणादरक्खा, अंबूदीवस्स अहिवई होंति ।
तह य पभासो पियदंसणो य लवणंबुरासिम्मि ॥३८॥

अर्थ—जम्बूद्वीपके अधिपति देव आदर और अनादर हैं तथा लवणसमुद्रके प्रभास और प्रियदर्शन हैं ॥ ३८ ॥

भुंजेवि पिय-णामा, वंसण-णामा य धादईसंडे ।
कालोदयस्स पहुणो, काल-महाकाल-णामा य ॥३९॥

अर्थ—प्रिय और दर्शन नामक दो देव धातकीखण्ड द्वीपका उपभोग करते हैं तथा काल और महाकाल नामक दो देव कालोदक-समुद्रके प्रभु हैं ॥ ३९ ॥

पउमो पुंडरियक्खो, दीवं भुंजंति पोक्खरवरक्खं
वरुण-सुवरुण पहुणो, होंति य माणुसुत्तर-गिरिस्स ॥४०॥

अर्थ—पद्म और पुण्डरीक नामक दो देव पुष्करवरद्वीपको भोगते हैं। वरुण और सुवरुण नामक दो देव मानुषोत्तर पर्वतके प्रभु हैं ॥ ४० ॥

सिरिपह[2]-सिरिधर-णामा, देवा पालंति पोक्खर-समुहं ।
वरुणो वरुण - पहक्खो, भुंजंते वारुणी - दीवं ॥४१॥

अर्थ—श्रीप्रभ और श्रीधर नामक दो देव पुष्कर-समुद्रका तथा वरुण और वरुणप्रभ नामक दो देव वारुणीवर द्वीपका रक्षण करते हैं ॥ ४१ ॥

---

१. द. साहिमि, ब. क. ज. साहिम्मि। २. द. ब. क. ज. सिरिपह।

वारुणिवर-जलहि-पहू, मज्झिम-मज्झिमा देवा ।
पंडुरय[1] - पुप्फवंता, दीवं भुंजंति खीरवरं ॥४२॥

अर्थ—मध्य और मध्यम नामक दो देव वारुणीवर-समुद्रके प्रभु हैं। पाण्डुर और पुष्पदन्त नामक दो देव क्षीरवर-द्वीपकी रक्षा करते हैं ॥ ४२ ॥

विमल-पहवखो विमलो, खीरवरंभोणिहस्स अहिवइणो ।
सुप्पह - घयवर - देवा, घयवर - दीवस्स अहिलाहा ॥४३॥

अर्थ :—विमलप्रभ और विमल नामक दो देव क्षीरवर-समुद्रके तथा सुप्रभ और घृतवर नामक दो देव घृतवर द्वीपके अधिपति हैं ॥ ४३ ॥

उत्तर-महप्पहक्खा, देवा रक्खंति घयवरंबुणिहिं ।
कणय-कणयाभ-णामा, दीवं पालंति खोदवरं[2] ॥४४॥

अर्थ—उत्तर और महाप्रभ नामक दो देव घृतवर-समुद्रकी तथा कनक और कनकाभ नामक दो देव क्षौद्रवर-द्वीपकी रक्षा करते हैं ॥ ४४ ॥

पुण्णं पुण्ण-पहक्खा, देवा रक्खंति खोदवर-सिंधुं ।
णंदीसरम्मि दीवे, गंध - महागंधया पहुणो ॥४५॥

अर्थ पूर्ण और पूर्णप्रभ नामक दो देव क्षौद्रवर-समुद्रकी रक्षा करते हैं। गंध और महा-गंध नामक दो देव नन्दीश्वर द्वीपके प्रभु हैं ॥ ४५ ॥

णंदीसर-वारिणिहिं, रक्खंते[3] णंदि-णंदिपह-णामा ।
भद्द - सुभद्दा देवा, भुंजंते अरुणवर - दीवं ॥४६॥

अर्थ—नन्दि और नन्दिप्रभ नामक दो देव नन्दीश्वर-समुद्रकी तथा भद्र और सुभद्र नामक दो देव अरुणवर-द्वीपकी रक्षा करते हैं ॥ ४६ ॥

अरुणवर-वारिरासिं, रक्खंते अरुण-अरुणपह-णामा ।
अरुणब्भासं दीवं, भुंजंति सुगंध-सव्वगंध-सुरा ॥४७॥

अर्थ—अरुण और अरुणप्रभ नामक (व्यन्तर) देव अरुणवर समुद्रकी तथा सुगन्ध और सर्वगन्ध नामक देव अरुणाभास-द्वीपकी रक्षा करते हैं ॥ ४७ ॥

---

१. ब. ब. क. ज. पंदरय । २. ब. ब. क. ज. खुरवरं । ३. ब. क. रक्खंतं, ब. रक्खंतसि ।

शेष द्वीप-समुद्रोंके अधिपति देवोंका निर्देश

सेसाणं दीवाणं, वारि-णिहीणं[1] च अहिवई देवा ।
जे केइ तेसि णामं, सुवएसो संपहि पणिट्ठो ॥४८॥

अर्थ—शेष द्वीप-समुद्रोंके जो कोई भी अधिपति देव हैं, उनके नामोंका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥ ४८ ॥

उत्तर-दक्षिण अधिपति देवोंका निर्देश

पढम-पवण्णिद-देवा, दक्खिण-भागम्मि दीव-उवहीणं ।
चरिमुच्चारिद - देवा, चेट्ठंते उत्तरे भाए ॥४९॥

अर्थ—इन देवों (युगलों) में से पहले कहे हुए देव द्वीप-समुद्रोंके दक्षिणभागमें तथा अन्तमें कहे हुए देव उत्तरभागमें स्थित हैं ॥ ४९ ॥

णिय-णिय-दीउवहीणं, णिय-णिय-तल-सट्ठिदेसु णयरेसुं ।
बहुविह - परिवार - जुदा, कीडंते बहु - विणोदेण ॥५०॥

अर्थ—ये देव अपने-अपने द्वीप-समुद्रोंमें स्थित अपने-अपने नगर-तलोंमें बहुत प्रकारके परिवारसे युक्त होकर बहुत विनोदपूर्वक क्रीड़ा करते हैं ॥ ५० ॥

उपर्युक्त देवोंकी आयु एवं उत्सेधादिका वर्णन

एक्क-पलिदोवमाऊ, पत्तेक्कं दस-धणूणि उत्तुंगा ।
भुंजंते विविह - सुहं, समचउरस्संग - संठाणा ॥५१॥

अर्थ—इनमेंसे प्रत्येककी आयु एक पल्योपम है एवं ऊँचाई दस-धनुष प्रमाण है। ये सब समचतुरस्रसंस्थानसे युक्त होते हुए अनेक प्रकारके सुख भोगते हैं ॥ ५१ ॥

नन्दीश्वरद्वीपकी अवस्थिति एवं व्यास

जंबू-दीवादीदो, अट्ठमओ होदि भुवण-विक्खादो ।
णंदीसरो त्ति दीओ, णंदीसर-जलहि-परिखित्तो ॥५२॥

अर्थ—भुवन-विख्यात एवं नन्दीश्वर-समुद्रसे वेष्टित जम्बूद्वीपसे आठवाँ द्वीप 'नन्दीश्वर' है ॥ ५२ ॥

---

१. ब. ब. क. ज. णिहि ।

एक्क-सया तेसट्ठी, कोडीओ जोयणाणि लक्खाणि ।
चुलसीदी तद्दोवे, विक्खंभो वलयवासेणं ॥५३॥

१६३८४००००० ।

अर्थ—इस द्वीपका मण्डलाकार विस्तार एक सौ तिरेसठ करोड़ चौरासी लाख (१६३८४०००००) योजन प्रमाण है ॥ ५३ ॥

विशेषार्थ—इष्ट गच्छके प्रमाणमेंसे एक कम करके जो प्राप्त हो उतनी बार दो-दोका परस्पर गुणाकर लब्धको एक लाखसे गुणित करनेपर वलय-व्यास प्राप्त होता है ।

जैसे—यहाँ द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित गणनामें १५ वाँ नन्दीश्वरद्वीप इष्ट है । उपर्युक्त करणसूत्रानुसार इसमेंसे १ घटाकर जो (१५—१=१४) शेष बचे उतनी (१४) बार दो का संवर्गन कर लब्धमें एक लाख का गुणा करना चाहिए । यथा $२^{१४} \times १००००० = १६३८४००००० $ योजन नन्दीश्वरद्वीपका विस्तार है ।

नन्दीश्वरद्वीपकी बाह्य-सूचीका प्रमाण

पणवण्णाहिय छस्सय, कोडीओ जोयणाणि तेवीसा ।
लक्खाणि तस्स बाहिर - सूचीए होदि परिमाणं ॥५४॥

६५५२३००००० ।

अर्थ—उस नन्दीश्वरद्वीपकी बाह्य-सूचीका प्रमाण छहसौ पचपन करोड़ तेईस लाख (६५५२३०००००) योजन है ॥ ५४ ॥

विशेषार्थ—इसी अधिकारकी गाथा ३४ के नियमानुसार नन्दीश्वर द्वीपकी सूचियोंका प्रमाण इसप्रकार है—

नन्दीश्वरद्वीपकी अभ्यन्तर सूची = (१६३८४००००० × २) — ३ लाख = ३२७६५००००० योजन है ।

इसी द्वीपकी मध्यम सूची=(१६३८४००००० × ३) — ३ लाख=४९१४६००००० योजन प्रमाण है ।

इसी द्वीपकी बाह्य सूची=(१६३८४००००० × ४) — ३ लाख =६५५२३००००० योजन प्रमाण है ।

नन्दीश्वरद्वीपकी अभ्यन्तर और बाह्य-परिधिका प्रमाण

तिदय-पण-सत्त-दु-ख-दो-एक्कछत्तिय-सुण्ण-एक्क-अंक-कमे[1] ।
जोयणया णंदीसर - अब्भंतर - परिहि - परिमाणं ॥५५॥

१०३६१२०२७५३ ।

बाहत्तरि-जुद-दु-सहस्स-कोडी-तेत्तीस-लक्ख-जोयणया ।
चउवण्ण-सहस्साइं, इगि-सय-णउदी य बाहिरे परिही ॥५६॥

२०७२३३५४१९० ।

अर्थ—नन्दीश्वर द्वीप की अभ्यन्तर परिधिका प्रमाण अंक-क्रमसे तीन, पांच, सात, दो, शून्य, दो, एक, छह, तीन, शून्य और एक, इन अंकोंसे जो संख्या उत्पन्न हो उतने (१०३६१२०२७५३) योजन है ॥ ५५ ॥

इसकी बाह्य परिधि दो हजार बहत्तर करोड़ तेंतीस लाख चउवन हजार एक सौ नब्बे (२०७२३३५४१९०) योजन प्रमाण है ॥ ५६ ॥

विशेषार्थ—चतुर्थाधिकार गाथा ९ के नियमानुसार नन्दीश्वरद्वीपकी अभ्यन्तर, मध्यम और बाह्य परिधि इसप्रकार है—

नन्दीश्वर द्वीपकी अभ्यन्तर परिधि = $\sqrt{(३२७६५००००००)^२ \times १०} =$ १०३६१२०२७५३ योजन, २ कोस, २३७ धनुष, ३ हाथ और साधिक १२ अंगुल प्रमाण है।

इसी द्वीपकी मध्यम परिधि— $\sqrt{(४६१४९००००००)^२ \times १०}$ = १५५४२२७८४७१ योजन, ३ कोस, १६९२ धनुष, २ हाथ और साधिक ४ अंगुल प्रमाण है।

इसी द्वीप की बाह्य परिधि = $\sqrt{(६५४३३००००००)^२ \times १०}$ = २०७२३३५४१९० यो० १ कोस, १०५१ धनुष, २ हाथ और साधिक २ अंगुल प्रमाण है।

अंजनगिरि पर्वतोंका कथन—

णंदीसर - बहुमज्झे, पुव्व - दिसाए हवेदि सेलवरो ।
अंजणगिरि त्ति णामो, णिम्मल - वर - इंदणीलमओ ॥५७॥

---

१. द. ब. क. ज. कमो ।

अर्थ—नन्दीश्वर द्वीपके बहुमध्यभागमें पूर्व-दिशाकी ओर अञ्जनगिरि नामसे प्रसिद्ध, निर्मल, उत्तम-इन्द्रनीलमणिमय श्रेष्ठ पर्वत है ॥ ५७ ॥

जोयण-सहस्स-गाढो, चुलसीदि-सहस्समेत्त-उच्छेहो ।
सव्वेस्सिं चुलसीदी-सहस्स-कंदो अ सम-वट्टो ॥५८॥

१००० । ८४००० । ८४००० ।

अर्थ—यह पर्वत एक हजार (१०००) योजन गहरा, चौरासी हजार (८४०००) योजन ऊँचा और सब जगह चौरासी हजार (८४०००) योजन प्रमाण विस्तार युक्त समवृत्त है ॥ ५८ ॥

मूलम्मि उवरिमतले, तड-वेदीओ विचित्त-वण-संडा ।
वर-वेदीओ तस्स य, पुव्वोदित-वण्णणा होंति[1] ॥५९॥

अर्थ—उस (अंजनगिरि) के मूल एवं उपरिम-भागमें तट-वेदियाँ तथा अनुपम वन-खण्ड स्थित हैं। उसकी उत्तम वेदियोंका वर्णन पूर्वोक्त वेदियोंके ही सदृश है ॥ ५९ ॥

चार द्रहोंका कथन

चउसु विसा-भागेसुं, चत्तारि दहा हवंति तग्गिरिणो ।
पत्तेक्कमेक्क-जोयण-लक्ख-पमाणा य चउरस्सा ॥६०॥

१००००० ।

अर्थ—उस पर्वतके चारों ओर चार दिशाओंमें चौकोण चार द्रह हैं। इनमेंसे प्रत्येक द्रह एक लाख (१०००००) योजन विस्तार वाला एवं चतुष्कोण है ॥ ६० ॥

जोयण-सहस्स-गाढा, टंकुक्किण्णा य जलयर-विमुक्का ।
फुल्लंत-कमल-कुवलय-कुमुद - वण्ण - गंध - सोहिल्ला ॥६१॥

१०००।

अर्थ—फूले हुए कमल, कुवलय और कुमुदवनोंकी सुगन्धसे सुशोभित ये द्रह एक हजार (१०००) योजन गहरे, टंकोत्कीर्ण एवं जलचर जीवोंसे रहित हैं ॥ ६१ ॥

पूर्व दिशागत-वापिकाओंका प्ररूपण

वंदा - खंडवदीओ, अंजुत्तर - अंकिवोस - णामा य ।
एवाओ वावीओ, पुव्वादि - पदाहिण - कमेणं ॥६२॥

---

१. द. ब. क. ज. होंदि ।

अर्थ—नन्दा, नन्दवती, नन्दोत्तरा और नन्दिघोषा नामक ये वापिकायें पूर्वादिक दिशाओं में प्रदक्षिणा रूपसे अवस्थित हैं ।। ६२ ।।

वापिकाओंके वन-खण्डोंका वर्णन

बावीस असोय-वणं, सत्तच्छद-चंपयाणि विविहाणि ।
चूदवणं पत्तेक्कं, पुव्वादि - दिसासु चत्तारि ।।६३।।

अर्थ—उन वापिकाओंकी पूर्वादि चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें क्रमशः अशोक वन, सप्तच्छद, चम्पक और आम्रवन हैं ।। ६३ ।।

जोयण-लक्खायामा, तदद्ध-वासा हवंति वण-संडा ।
पत्तेक्कं चेत्त-दुमा, वण-णाम-जुदा वि एदाणं ।।६४।।

१००००० । ५००००० ।

अर्थ—ये वन-खण्ड, एक लाख (१०००००) योजन लम्बे और इससे अर्ध (५०००० योजन) विस्तार सहित हैं । इनमेंसे प्रत्येक वनमें, वनके नामसे संयुक्त चैत्यवृक्ष हैं ।। ६४ ।।

दधिमुख नामक पर्वतोंका निरूपण

बावीसं बहु-मज्झे, वहिमुह-णामा हवंति वहिवण्णा ।
एक्केक्का वर-गिरिणो, पत्तेक्कं अयुद-जोयणुच्छेहो ।।६५।।

१००००

अर्थ—वापियोंके बहु-मध्यभागमें दहीके सदृश वर्ण वाला एक-एक दधिमुख नामक उत्तम पर्वत है । प्रत्येक पर्वतकी ऊँचाई दस हजार (१००००) योजन प्रमाण है ।। ६५ ।।

तम्मेत्त-वास-जुत्ता, सहस्स-गाढम्मि वज्जमय-बहुला ।
ताहोवरिम-तडेसुं, तड-वेदी-वर-वणाणि विविहाणि ।।६६।।

१०००० । १००० ।

अर्थ—उतने (१०००० योजन) प्रमाण विस्तार सहित उक्त पर्वत एक हजार (१०००) योजन गहराईमें वज्रमय एवं गोल हैं । इनके तटोंपर तट-वेदियाँ और विविध प्रकारके वन हैं ।।६६।।

रतिकर पर्वतोंका कथन

बावीसं बाहिरए, दीसुं कोणेसु वीसु पत्तेक्कं ।
रतिकर-णामा गिरिणो, कणयमया वहिमुह-सरिच्छा ।।६७।।

अर्थ—वापियोंके दोनों बाह्य कोनोंमेंसे प्रत्येकमें स्वर्णमय रतिकर नामक दो पर्वत दधि-मुखोंके आकार सदृश हैं ॥ ६७ ॥

जोयण-सहस्स-वासा, तेत्तिय-मेत्तोदया य पत्तेक्कं ।
अद्दाइज्ज-सयाइं य, अवगाढा रतिकरा[1] गिरिणो[2] ॥६८॥

१००० । १००० । २५० ।

अर्थ—प्रत्येक रतिकर पर्वतका विस्तार एक हजार (१०००) योजन, इतनी (१००० यो०) ही ऊँचाई और अढ़ाई सौ (२५०) योजन प्रमाण अवगाह (नींव) है ॥ ६८ ॥

ते सव्व-चउ-कोणेसुं, एक्केक्क-दहस्स होंति चत्तारि ।
लोयविणिच्छय - कत्ता, एवं णियमा परूवेंति ॥६९॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ – वे रतिकर पर्वत प्रत्येक द्रहके चारों कोनोंमें चार होते हैं, इसप्रकार लोक विनिश्चय कर्ता नियमसे निरूपण करते हैं ॥ ६९ ॥

पाठान्तर ।

नन्दीश्वरद्वीपकी प्रत्येक दिशामें तेरह-तेरह जिनालयों की अवस्थिति

एक्क-जव-चउ-अंजण-दहिमुह-रइयर-गिरीण सिहरम्मि ।
वेदुदि[3] वर - रयणमओ, एक्केक्क-जिणिंद-पासादो ॥७०॥

अर्थ– एक भव्यजनविरि, चार दधिमुख और आठ रतिकर पर्वतोंके शिखरों पर उत्तम रत्नमय एक-एक जिनेन्द्र मन्दिर स्थित हैं ॥ ७० ॥

नन्दीश्वरद्वीप स्थित जिनालयोंकी ऊँचाई आदिका प्रमाण

जं महसाल-वण-जिण-घराण उत्तेह-पहुदि-उवइट्ठं ।
तेरस - जिण - भवणाणं, तं एदाणं पि वत्तव्वं ॥७१॥

अर्थ—महशाल वनके जिन-गृहोंकी जो ऊँचाई आदि बतलाई है, वही इन तेरह जिन-भवनों की भी कहना चाहिए ॥ ७१ ॥

विशेषार्थ—चतुर्थाधिकार गाथा २०२९ में महशालवन स्थित जिनालयोंकी लम्बाई-चौड़ाई आदि पाण्डुकवन स्थित जिनालयोंकी लम्बाई-चौड़ाई आदिसे चौगुनी कही गई है और इसी

---

१. द. ब. रतिकर। २. ब. गिरिणा। ३. द. ब. क. ब. वेदुदि ।

अधिकारकी गाथा १८७९-१८८० में पाण्डुकवन स्थित जिनालयोंकी लम्बाई १०० कोस, चौड़ाई ५० कोस, ऊँचाई ७५ कोस और नींव ¼ कोस कही गई है अतः भद्रशालवन एवं नन्दीश्वरद्वीप स्थित जिनालयोंका प्रमाण इससे चौगुना अर्थात् १०० योजन लम्बाई, ५० यो० चौड़ाई, ७५ यो० ऊँचाई और २ यो० की नींव जानना चाहिए।

पूजा, नृत्य और गानों द्वारा भक्ति प्रदर्शन

जल-गंध-कुसुम-तंदुल-चरु-वर-फल-दीव-धूव-पहुदीहिं ।
अच्चंते पुण-णामा, विविध-पडिमाओ देवा[1] य ॥ ७२ ॥

अर्थ—इन मन्दिरों में देव जल, गन्ध, पुष्प, तन्दुल, उत्तम नैवेद्य, फल, दीप और धूपादिक द्रव्योंसे जिनेन्द्र प्रतिमाओंकी स्तुति-पूर्वक पूजा करते हैं ॥ ७२ ॥

जोइसिय-वाणवेंतर-भावण-सुर-कप्पवासि-देवीओ ।
णच्चंति य गायंति य, जिण-भवणेसुं विचित्त-भंगीहिं ॥७३॥

अर्थ—ज्योतिषी, वानव्यन्तर, भवनवासी और कल्पवासी देवोंकी देवियाँ इन जिन-भवनोंमें अद्भुत रीतिसे नाचती और गाती हैं ॥ ७३ ॥

भेरी-महल-संटा-पहुदीणि विविह-दिव्व-वज्जाणि
वायंते देवयरा[2], जिणवर - भवणेसु अतीए ॥ ७४ ॥

अर्थ—जिनेन्द्र-भवनोंमें उत्तम देव भक्ति-पूर्वक भेरी, महल और घण्टा आदि अनेक प्रकार के दिव्य बाजे बजाते हैं ॥ ७४ ॥

दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशा स्थित वापिकाओंके नाम

एवं दक्खिण-पच्छिम-उत्तर-भागेसु होंति दिव्व-दहा ।
णवरि विसेसो णामा, पढमम्मि-संठाण अण्णाणि ॥७५॥

अर्थ—इसीप्रकार (पूर्व दिशाके सदृश ही) दक्षिण, पश्चिम और उत्तर भागोंमें भी दिव्य द्रह हैं। विशेष इतना है कि इन विभागोंमें स्थित कमल युक्त वापियोंके नाम भिन्न-भिन्न हैं ॥ ७५ ॥

पुव्वादीसुं अरुणा, वरुणाभासो य कुंडलो वि ।
दक्खिण - अंजण - तेसे, चत्तारो पढमसिलसंठा ॥७६॥

---

१. द. ब. क. ज. देवाहि । २. द. ब. क. ज. देवरो ।

अर्थ—दक्षिण अञ्जनगिरिकी पूर्वादिक दिशाओंमें अरजा, विरजा, अशोका और वीत-शोका नामक चार वापिकाएँ हैं ।। ७६ ।।

विजया त्ति वइजयंती, जयंति णामापराजिदा तुरिमा ।
पच्छिम - अंजण - सेले[1], चत्तारो कमलिणीसंडा ।।७७।।

अर्थ—पश्चिम अञ्जनगिरिकी चारों दिशाओंमें विजया, वैजयन्ती, जयन्ती और चौथी अपराजिता, इसप्रकार ये चार वापिकाएँ हैं ।। ७७ ।।

रम्मा-रमणीयाओ, सुप्पह - णामा य सव्वदो - भद्दा ।
उत्तर - अंजण - सेले, पुव्वादिसु कमलिणीसंडा ।।७८।।

अर्थ—उत्तर अञ्जनगिरिकी पूर्वादिक दिशाओंमें रम्या, रमणीया, सुप्रभा और सर्वतो-भद्रा नामक चार वापिकाएँ हैं ।। ७८ ।।

वनोंमें अवस्थित प्रासाद और उनमें रहनेवाले देवोंका कथन

एक्केक्का[2] पासादा, चउसट्ठि-वणेसु अंजणगिरीणं ।
धुव्वंत-धय-वडाया, हवंति वर-रयण-कणयमया[3] ।।७९।।

अर्थ—अञ्जनगिरियोंके चौंसठ वनोंमें फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे संयुक्त उत्तम रत्न एवं स्वर्णमय एक-एक प्रासाद है ।। ७९ ।।

विशेषार्थ—नन्दीश्वरद्वीपकी चारों दिशाओंमें एक-एक अञ्जनगिरि पर्वत है। प्रत्येक अंजनगिरिकी चारों दिशाओंमें एक-एक वापिका है और प्रत्येक वापिकाकी प्रत्येक दिशामें एक-एक वन है।

इसप्रकार एक दिशामें एक अञ्जनगिरिकी चार वापिकाओं सम्बन्धी १६ वन हैं। चारों दिशाओंके ६४ वन हैं और प्रत्येक वनमें एक-एक प्रासाद है।

बासट्ठि जोयणाणि, उदओ इगितीस ताण वित्थारो ।
वित्थार-समो दीहो, वेदिय-वण-गोउरेहि परिवारिओ ।।८०।।

अर्थ—इन (प्रासादों) की ऊँचाई बासठ योजन और विस्तार इकतीस योजन प्रमाण है। इनकी लम्बाई भी विस्तारके सदृश इकतीस योजन प्रमाण ही है। ये सब प्रासाद वेदियों और वन-गोपुरोंसे व्याप्त हैं ।। ८० ।।


---

१. द. ब. क ज. सेमा। २. द. ब. एक्केक्क। ३. ब. कणयमया।

वण-संड-णाम-जुत्ता[1], वेंतर - देवा वसंति एवेसुं ।
मणिमय-पासादेसुं, बहुविह-परिवार-परियरिया ॥८१॥

अर्थ—इन मणिमय प्रासादोंमें वन-खण्डोंके नामोंसे संयुक्त व्यन्तर देव बहुत प्रकारके परिवारसे व्याप्त होकर रहते हैं ॥ ८१ ॥

नोट—नन्दीश्वरद्वीपकी चारों दिशा सम्बन्धी ५२ जिनालयोंका चित्रण इसप्रकार है—



१. ब. ब. क. ब. जुत्तो ।

णंदीसर-विदिसासुं, अंजण-सेला हवंति चत्तारि ।
रइकर - णाम[1] - सरिच्छा, केई एवं परूवेंति ॥८२॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—नन्दीश्वरद्वीपकी विदिशाओंमें रतिकर पर्वतोंके सदृश परिमाणवाले चार अञ्जन-शैल हैं। इसप्रकार भी कोई आचार्य निरूपण करते हैं ॥ ८२ ॥

पाठान्तर ।

नन्दीश्वर द्वीपमें विशिष्ट पूजनके समयका निर्धारण

वरिसे-वरिसे चउ-विह-देवा णंदीसरम्मि दीवम्मि ।
आसाढ - कत्तिएसुं, फग्गुण - मासे समायंति ॥८३॥

अर्थ—चारों प्रकारके देव नन्दीश्वर द्वीपमें प्रत्येक वर्ष आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मासमें आते हैं ॥ ८३ ॥

नन्दीश्वरद्वीपमें सौधर्म आदि १६ इन्द्रोंका पूजनके लिए आगमन

एरावणमारूढो, दिव्व - विभूदीए भूसिदो रम्मो ।
कालियर - पुण्ण - पाणी, सोहम्मो एदि भत्तीए ॥८४॥

अर्थ—इससमय ऐरावत हाथीपर आरूढ़ और दिव्य विभूतिसे विभूषित, रमणीय सौधर्म इन्द्र हाथमें पवित्र नारियल लिए हुए भक्तिसे यहाँ आता है ॥ ८४ ॥

वर - वारणमारूढो, वर-रयण-विभूषणेहि सोहंतो ।
पूग - फल - गोच्छ - हत्थो, ईसाणिंदो वि भत्तीए ॥८५॥

अर्थ—उत्तम हाथीपर आरूढ़ और उत्कृष्ट रत्न-विभूषणोंसे सुशोभित ईशान इन्द्र भी हाथमें सुपारी फलोंके गुच्छे लिये हुए भक्तिसे यहाँ आता है ॥ ८५ ॥

वर-केसरिमारूढो[2], णव-रवि-सारिच्छ-कुंडलाभरणो ।
पूव-फल-गोच्छ-हत्थो, सणक्कुमारो वि भत्ति - जुदो ॥८६॥

अर्थ उत्तम सिंहपर चढ़कर, नवीन सूर्यके सदृश कुण्डलोंसे विभूषित और हाथमें आम्र-फलोंके गुच्छे लिये हुए सनत्कुमार इन्द्र भी भक्तिसे युक्त होता हुआ यहाँ आता है ॥ ८६ ॥

---

१. द. ब. क. ज. णाम । २. द. ज. इसर ।

आरूढो वर-तुरयं, वर-भूसण-भूसिदो विविह-सोहो ।
कदली - फल - लंबि - हत्थो, माहिंदो एदि भत्तीए ॥८७॥

अर्थ—श्रेष्ठ घोड़ेपर चढ़कर, उत्तम भूषणोंसे विभूषित और विविध प्रकारकी शोभाको प्राप्त माहेन्द्र इन्द्र लटकते हुए केले हाथमें लेकर भक्तिसे यहाँ आता है ॥ ८७ ॥

हंसम्मि चंद - धवले, आरूढो विमल-देह-सोहिल्लो ।
वर-केई-कुसुम-करो, भत्ति - जुदो एदि बम्हिंदो ॥८८॥

अर्थ - चन्द्र सदृश धवल हंसपर आरूढ़, निर्मल शरीरसे सुशोभित और भक्तिसे युक्त ब्रह्मेन्द्र उत्तम केतकी पुष्पको हाथमें लेकर आता है ॥ ८८ ॥

कोंच-विहंगारूढो, वर-चामर-विविह-छत्त-सोहंतो ।
पप्फुल्ल-कमल-हत्थो, एदि हु बम्हुत्तरिंदो वि ॥८९॥

अर्थ—क्रौंच पक्षीपर आरूढ़, उत्तम चँवर एवं विविध छत्रसे सुशोभित और खिला हुआ कमल हाथमें लेकर ब्रह्मोत्तर इन्द्र भी यहाँ आता है ॥ ८९ ॥

नोट—ऐसा ज्ञात होता है कि शायद यहाँ लांतव और कापिष्ठ इन्द्रकी भक्तिको प्रदर्शित करनेवाली दो गाथाएँ छूट गई हैं ।

वर - चक्कवायरूढो, कुंडल-केयूर-पहुदि-दिप्पंतो ।
सयवंती-कुसुम-करो, सुक्किंदो भत्ति-भरिद-मणो ॥९०॥

अर्थ—उत्तम चक्रवाकपर आरूढ़ कुण्डल और केयूर आदि आभरणोंसे देदीप्यमान एवं भक्तिसे पूर्ण मन-वाला शुक्रेन्द्र सेवन्ती पुष्प हाथमें लिये हुए यहाँ आता है ॥ ९० ॥

कीर - विहंगारूढो, महसुक्किंदो वि एदि भत्तीए ।
दिव्व-विभूदि-विभूसिय-देहो वर-विविह-कुसुम-दाम करो ॥९१॥

अर्थ—तोता पक्षीपर चढ़कर, दिव्य विभूतिसे विभूषित शरीरको धारण करनेवाला तथा उत्तम एवं विविध प्रकारके फूलोंकी माला हाथमें लिये हुए महाशुक्रेन्द्र भी भक्ति वश यहाँ आता है ॥ ९१ ॥

णीलुप्पल-कुसुम-करो, कोइल-वाहण-विमाणमारूढो ।
वर - रयण - भूसिदंगो, [1]सदरिंदो एदि भत्तीए ॥९२॥

---

१. ब. ब. क. ज. सदारिंदो ।

अर्थ—कोयल-वाहन विमानपर आरूढ, उत्तम रत्नोंसे अलंकृत शरीरसे संयुक्त और नील-कमलपुष्प हाथमें धारण करनेवाला शतार इन्द्र भक्तिसे प्रेरित होकर यहाँ आता है ।। ९२ ।।

गरुड-विमाणारूढो, दाडिम-फल-लुंचि-सोहमाण-करो ।
जिण-चरण-भत्ति-जुत्तो, एदि सहस्सार - इंदो वि ।।९३।।

अर्थ—गरुडविमान पर आरूढ, अनार फलोंके गुच्छेसे शोभायमान हाथवाला और जिन-चरणोंकी भक्तिमें अनुरक्त हुआ सहस्रार इन्द्र भी आता है ।। ९३ ।।

विहगाहिव-मारूढो, पणस-फल-लुंचि-लंबमाण-करो ।
वर-दिव्व - विभूदीए, आगच्छदि आणदिंदो वि ।।९४।।

अर्थ—विहगाधिप अर्थात् गरुडपर आरूढ और पनस अर्थात् कटहल फलके गुच्छेको हाथमें लिये हुए आनतेन्द्र भी उत्तम एवं दिव्य विभूतिके साथ यहाँ आता है ।। ९४ ।।

पउम-विमाणारूढो, पाणव-इंदो वि एदि भत्तीए ।
तुंबुरु-फल-लुंचि-करो, वर - मंडल - मंडियायारो ।।९५।।

अर्थ—पद्म विमानपर आरूढ उत्तम आभरणोंसे मण्डित आकृतिसे संयुक्त और तुम्बुरु फलके गुच्छेको हाथमें लिये हुए प्राणतेन्द्र भी भक्तिवश होकर यहाँ आता है ।। ९५ ।।

परिपक्क[1]-उच्छु-हत्थो, कुमुद-विमाणं विचित्तमारूढो ।
विविहालंकार - धरो, [2]आगच्छइ आरणिंदो वि ।।९६।।

अर्थ—अद्भुत कुमुद-विमानपर आरूढ, पके हुए गन्नेको हाथमें धारण करनेवाला आरणेन्द्र भी विविध-प्रकारके अलंकार धारण करके यहाँ आता है ।। ९६ ।।

आरूढो वर-मोरं, वलयंगद - मउड - हार-सोहंतो[3] ।
ससि-धवल-चमर-हत्थो, आगच्छइ अच्चुदाहिवई ।।९७।।

अर्थ—उत्तम मयूरपर चढ़कर, कटक, अंगद, मुकुट एवं हारसे सुशोभित और चन्द्र सदृश धवल चँवरको हाथमें लिये हुए अच्युतेन्द्र यहाँ आता है ।। ९७ ।।

सपरिवार देवोंका पूजाके लिये आगमन

जाणाविह-वाहणया, पाणा-फल-कुसुम-वाम-भरिद-करा ।
णाणा-विभूदि-सहिदा, जोइस-वण-भवण एंति भत्ति-जुदा ।।९८।।

---

१. द. ज. परिपिक्क । २. द. ब. क. ज. आगच्छिय । ३. द. ब. क. ज. संहतो ।

अर्थ—नाना प्रकारके वाहनोंपर आरूढ, नाना-प्रकारकी विभूति सहित, अनेक फल एवं पुष्पमालाएँ हाथोंमें लिये हुए ज्योतिषी, व्यन्तर तथा भवनवासी देव भी भक्तिसे संयुक्त होकर यहाँ आते हैं ॥ ९८ ॥

आगच्छिय णंदीसर-वर-दीव-जिणिंद-दिव्व[1]-भवणाइं ।
बहुविह - थुदि - मुहल - मुहा, पदाहिणाहिं पकुव्वंति ॥९९॥

अर्थ—इसप्रकार ये देव नन्दीश्वर द्वीपके दिव्य जिनेन्द्र भवनोंमें आकर नाना प्रकारकी स्तुतियोंसे वाचाल-मुख होते हुए प्रदक्षिणाएँ करते हैं ॥ ९९ ॥

पूजन प्रारम्भ करते समय दिशाओंका विभाजन

पुव्वाए कप्पवासी, भवणसुरा दक्खिणाए वेंतरया[2] ।
पच्छिम - दिसाए तेसुं, जोइसिया उत्तर - दिसाए ॥१००॥
णिय-णिय-विभूदि-जोग्गं, महिमं कुव्वंति थोत्त-बहुल-मुहा ।
णंदीसर - जिणमंदिर - अत्तासुं विउल - भत्ति - जुदा ॥१०१॥

अर्थ—नन्दीश्वरद्वीपस्थ जिन-मन्दिरोंकी यात्रामें प्रचुर भक्तिसे युक्त कल्पवासी देव पूर्व-दिशामें, भवनवासी दक्षिणमें, व्यन्तर पश्चिममें और ज्योतिषी देव उत्तर दिशामें (स्थित होकर) मुखसे बहुत स्तोत्रोंका उच्चारण करते हुए अपनी-अपनी विभूतिके योग्य महिमाको करते हैं ॥ १००-१०१ ॥

प्रत्येक दिशामें प्रत्येक इन्द्रकी पूजाके लिए समयका विभाजन

पुव्वण्हे अवरण्हे, पुव्वाणिसाए वि पच्छिम-णिसाए ।
पहराणि दोण्णि दोण्णिं, णिब्भर[3]-भत्ती पसत्त-मणा ॥१०२॥
कमसो पदाहिणेणं, पुण्णिमयं[4] जाव अट्ठमीदु तदो ।
देवा विविहं पूजं, जिणिंद - पडिमाण कुव्वंति ॥१०३॥

अर्थ—ये देव आसक्त चित्त होकर अष्टमीसे लेकर पूर्णिमा पर्यन्त पूर्वाह्न, अपराह्न, पूर्वरात्रि और पश्चिमरात्रिमें दो-दो प्रहर तक उत्तम भक्ति-पूर्वक प्रदक्षिण-क्रमसे जिनेन्द्र-प्रतिमाओं की विविध प्रकारसे पूजा करते हैं ॥ १०२-१०३ ॥

---

१. ब. दव्व । २. क. वेंतरिया । ३. ब. क. ज. अरमलीए । ४. ब. ब. क. ज. पुण्णमयं जाव अट्ठमीदु ।

विशेषार्थ—नन्दीश्वर द्वीपकी चारों दिशाओंमें ५२ जिनालय अवस्थित हैं। आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन मासके शुक्ल पक्षकी अष्टमीके पूर्वाह्न में सर्व कल्पवासी देवोंसे युक्त सौधर्मेन्द्र पूर्व दिशामें, भवनवासी देवोंसे युक्त असुरेन्द्र दक्षिण दिशामें, व्यन्तर देवोंसे युक्त किम्पुरुष इन्द्र पश्चिम दिशामें और ज्योतिषी देवोंसे युक्त चन्द्र इन्द्र उत्तर दिशामें पूजा प्रारम्भ करते हैं। दो प्रहर बाद अपराह्नमें कल्पवासी दक्षिणमें, भवनवासी पश्चिममें, व्यन्तरदेव उत्तरमें और ज्योतिषी देव पूर्वमें आ जाते हैं। फिर दो प्रहर बाद पूर्व रात्रिको ये देव प्रदक्षिणा क्रमसे पुनः दिशा परिवर्तन करते हैं। इसके बाद दो प्रहर व्यतीत हो जाने पर अपर रात्रि को उसी प्रकार पुनः दिशा परिवर्तन करते हैं। इसप्रकार अहोरात्रिके ८ प्रहर पूर्णकर नवमी तिथिको प्रातःकाल कल्पवासी आदि चारों निकायों के देव पूर्व आदि दिशाओं में क्रमशः दो-दो प्रहर तक पूजन करते हैं इसी क्रमसे पूर्णिमा पर्यन्त अर्थात् आठ दिन तक चारों निकायोंके देवों द्वारा अनवरत महापूजा होती है।

नन्दीश्वरद्वीप स्थित जिन-प्रतिमाओंके अभिषेक, विलेपन और पूजा आदिका कथन

कुव्वंते अभिसेयं, महाविभूदीहि ताण देविंदा।
कंचण-कलस-गदेहिं, विउल - जलेहिं सुगंधेहिं ॥१०४॥

अर्थ—देवेन्द्र, महान् विभूतिके साथ उन जिन प्रतिमाओंका सुवर्ण-कलशोंमें भरे हुए विपुल सुगन्धित जलसे अभिषेक करते हैं ॥ १०४ ॥

कुंकुम - कप्पूरेहिं, चंदण - कालागरूहि अण्णेहिं।
ताणं विलेवणाइं[1], ते कुव्वंते सुगंध - गंधेहिं ॥१०५॥

अर्थ—वे इन्द्र कुंकुम, कर्पूर, चन्दन, कालागरु और अन्य सुगन्धित द्रव्योंसे उन प्रतिमाओंका विलेपन करते हैं ॥ १०५ ॥

कुंदेंदु - सुंदरेहिं, कोमल - विमलेहिं सुरहि - गंधेहिं।
वर - कलम - तंदुलेहिं[2], पूजंति जिणिंद - पडिमाओ[3] ॥१०६॥

अर्थ—वे देव, कुन्दपुष्प एवं चन्द्र सदृश सुन्दर, कोमल, निर्मल और सुगन्धित उत्तम कलम-धान्यके तन्दुलोंसे जिनेन्द्र-प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥ १०६ ॥

सयवंतराय चंपय-माला पुण्णाग - णाग - पहुदीहिं।
अच्चंति ताओ देवा, सुरहीहिं कुसुम - मालाहिं ॥१०७॥

अर्थ—वे देव सेवन्तीराज, चम्पकमाला, पुन्नाग और नाग आदि सुगन्धित पुष्प-मालाओंसे उन प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥ १०७ ॥

---

१. द. विलेवणाइं, ब. विलेदणाइं। २. द. तंदुलेहि। ३. ब. द. पडिमाए।

बहुविह - रसवंतेहिं, वर - भक्खेहिं विचित्त-रूवेहिं ।
अमय-सरिच्छेहिं सुरा, जिणिंद - पडिमाओ महयंति ॥१०८॥

अर्थ—वे देवगण, बहुत प्रकारके रसोंसे संयुक्त, अद्भुत रूपवाले और अमृत सदृश उत्तम भोज्य-पदार्थोंसे (नैवेद्यसे) जिनेन्द्र-प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥ १०८ ॥

विप्फुरिद-किरण-मंडल-मंडिद-भवणेहि[1] रयण-दीवेहिं ।
णिक्कज्जल - कलुसेहिं, पूजंति जिणिंद - पडिमाओ ॥१०९॥

अर्थ—देदीप्यमान किरण-समूहसे जिन-भवनोंको विभूषित करनेवाले, कज्जल एवं कालुष्य रहित (ऐसे) रत्न-दीपकोंसे इन प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥ १०९ ॥

वासिद - दिसंतरेहिं, कालागरु-पमुह-विविध-धूवेहिं ।
परिमलिद - मंदिरेहिं, महयंति जिणिंद - बिंबाणि ॥११०॥

अर्थ—देवगण मन्दिर एवं दिग्-मण्डलको सुगन्धित करनेवाले कालागरु आदि अनेक प्रकारके धूपोंसे जिनेन्द्र-बिम्बोंकी पूजा करते हैं ॥ ११० ॥

दक्खा-दाडिम-कदली - णारंगय - मादुलिंग-चूवेहिं[2] ।
अण्णेहिं पक्केहिं, फलेहिं पूजंति जिणणाहं ॥१११॥

अर्थ—दाख, अनार, केला, नारंगी, मातुलिंग, आम तथा अन्य भी पके हुए फलोंसे वे देव जिननाथकी पूजा करते हैं ॥ १११ ॥

अच्चंत-चमर-किंकिणि, विविह-वितारादियाहि [3]वत्थाहिं ।
ओलंबिद - हारेहिं, अच्चंति जिणेसरं देवा ॥११२॥

अर्थ—वे देव विस्तीर्ण एवं लटकते हुए हारोंसे संयुक्त तथा नाचते हुए चँवर एवं किंकिणियों सहित अनेक प्रकारके चँदोवा आदिसे जिनेश्वरकी पूजा करते हैं ॥ ११२ ॥

महल-मुइंग[4]-भेरी-पडह-प्पहुदीणि विविह - वज्जाणि ।
वायंति जिणवराणं, देवा पूजासु[5] भत्तीए ॥११३॥

अर्थ—देवगण पूजाके समय भक्तिसे मर्दल, मृदङ्ग, भेरी और पटहादि विविध बाजे बजाते हैं ॥ ११३ ॥

---

१. ब. सवणेहि । २. धूवेहि । ३. क. ब. वित्थाहि । ४. ब. मुरिंग । ५. क. ब. पूजाय ।

नृत्य, गान एवं नाटक आदिके द्वारा भक्ति प्रदर्शन

विविहाइ णच्चणाइं, वर-रयण-विभूसिदाओ दिव्वाओ ।
कुव्वंते [1]कण्णाओ, गायंति जिणिंद - चरिदाणि ॥११४॥

अर्थ—उत्तम रत्नोंसे विभूषित दिव्य कन्यायें विविध नृत्य करती हैं और जिनेन्द्रके चरितोंको गाती हैं ॥ ११४ ॥

जिण-चरिय-णाडयं ते, चउ-विहाभिणय-भंग-सोहिल्लं ।
आणंदेणं देवा, बहु - रस - भावं पकुव्वंति ॥११५॥

अर्थ—वे चार प्रकारके देव आनन्दके साथ अभिनयके प्रकारोंसे शोभायमान बहुत प्रकार के रस-भाववाले जिनचरित्र सम्बन्धी नाटक करते हैं ॥ ११५ ॥

एवं जेत्तियमेत्ता, जिणिंद - णिलया विचित्त-पूजाओ ।
कुव्वंति तेत्तिएसुं, णिब्भर - भत्तीसु सुर - संघा[2] ॥११६॥

अर्थ—इसप्रकार नन्दीश्वरद्वीपमें जितने जिनेन्द्र-मन्दिर हैं, उन सबमें गाढ़ भक्ति युक्त देवगण अद्भुत रीतिसे पूजाएँ करते हैं ॥ ११६ ॥

कुण्डलपर्वतकी अवस्थिति एवं उसका विस्तार आदि

एक्कारसमो कुण्डल-णामो बीओ हवेदि रमणिज्जो ।
एदस्स य बहु - मज्झे, अत्थि गिरी कुंडलो णाम ॥११७॥

अर्थ—ग्यारहवाँ कुण्डल नामा रमणीक द्वीप है। इस द्वीपके बहुमध्य भागमें कुण्डल नामक पर्वत है ॥ ११७ ॥

पण्णत्तरी सहस्सा, उच्छेहो ओयणाणि तस्सरिसो ।
एक्क - सहस्सं गाढं, णाणाविह - रयण - भरिदस्स ॥११८॥

७५००० । १०००

अर्थ—नाना प्रकारके रत्नोंसे भरे हुए इस पर्वतकी ऊँचाई पचहत्तर हजार (७५०००) योजन और अवगाह (नींव) एक हजार (१०००) योजन प्रमाण है ॥ ११८ ॥

---

१. ब. क. ज. कण्णाहो, द. कण्णाया । २. ब. क. ज. संघा ।

कडसो वि माणुसुत्तर-सेलादो दस-गुण-प्पमाणेणं ।
तग्गिरिणो मूलोवरि, तड - वेदी - प्पहुदि-जुत्तस्स ॥११९ ।

मूल १०२२० । मध्य ७२३० । शिखर ४२४० ।

अर्थ – तटवेदी आदिसे संयुक्त इस पर्वतका मूल एवं उपरिम विस्तार मानुषोत्तर पर्वतके विस्तार-प्रमाणसे दसगुना है ॥ ११९ ॥

विशेषार्थ – चतुर्थाधिकार गाथा २७९४ में मानुषोत्तर पर्वतका मूल वि० १०२२ योजन, मध्य वि० ७२३ यो० और शिखर वि० ४२४ यो० कहा गया है । कुण्डलगिरिका विस्तार इससे दस गुना है अतः उसका मूल विस्तार १०२२० योजन, मध्य विस्तार ७२३० योजन और शिखर विस्तार ४२४० योजन प्रमाण है ।

कुण्डलगिरिपर स्थित कूटोंका निरूपण

उवरिं कुण्डलगिरिणो, दिव्वाणि हवंति तीस कूडाणि ।
एदाणं विण्णासं[1], भासेमो[2] आणुपुव्वीए ॥१२०॥

अर्थ – कुण्डलगिरिके ऊपर जो दिव्य कूट हैं, उनका विन्यास अनुक्रमसे कहता हूँ ॥ १२० ॥

पुव्वादि-चउ-दिसासुं[3], चउ-चउ कूडाणि होंति पत्तेक्कं ।
ताणब्भंतर - भागे, एक्केक्को सिद्धवर - कूडो ॥१२१॥

अर्थ – पूर्वादिक चार दिशाओंमेंसे प्रत्येकमें चार-चार कूट हैं और उनके अभ्यन्तर-भागमें एक-एक सिद्धवर कूट है ॥ १२१ ॥

वज्जं वज्जपहक्खं, कणयं कणयप्पहं च पुव्वाए ।
दक्खिण-दिसाए रजदं, रजदप्पह-रुप्पहा महप्पहयं ॥१२२॥
अंकं अंकपहं मणिकूडं पच्छिम-दिसाए मणिपहयं ।
उत्तर-दिसाए रुचकं, रुचकाभं हेमवंत[3] - मंदरया ॥१२३॥

अर्थ – वज्र, वज्रप्रभ, कनक और कनकप्रभ, ये चार कूट पूर्व-दिशामें; रजत, रजतप्रभ, रूप्यप्रभ और महाप्रभ, ये चार दक्षिण-दिशामें; अंक, अंकप्रभ, मणिकूट और मणिप्रभ, ये चार पश्चिम दिशामें तथा रुचक, रुचकाभ, हिमवान् और मन्दर, ये चार कूट उत्तर-दिशामें स्थित हैं ॥ १२२-१२३ ॥

---

१. ब. विण्णासे । २. ब. भासेमो । ३. ब. अ. हेमवयं, ब. हेमवरयं ।

एदे सोलस कूडा, णंदणवणे वण्णिदाण कूडाणं ।
उच्चेहादि[1] - समाणा, पासादेहिं विचित्तेहिं ॥१२४॥

अर्थ—ये सोलह कूट नन्दनवनमें कहे हुए कूटोंकी ऊँचाई आदि तथा अद्भुत प्रासादोंसे समान हैं ॥ १२४ ॥

विशेषार्थ—चतुर्थाधिकार गा० १९९६ में सौमनसके कूटोंका उत्सेध २५० योजन, मूल विस्तार २५० योजन और शिखर विस्तार १२५ योजन कहा गया है तथा गाथा २०२३-२०२४ में नन्दनवनके कूटोंका विस्तार सौमनस के कूट विस्तारसे दुगुना कहा है और यहाँ कुण्डलगिरिके कूटोंका विस्तार नन्दनवनके कूट विस्तार सदृश कहा है। अर्थात् कुण्डलगिरिके कूटोंका उत्सेध ५०० योजन, मूल विस्तार ५०० योजन और शिखर विस्तार २५० योजन प्रमाण है।

एदेसुं कूडेसुं, जिणभवण - विभूसिएसु[2] रम्मेसुं ।
णिवसंति वेंतर-सुरा, णिय-णिय-कूडेहिं सम - णामा ॥१२५॥

अर्थ—जिन-भवनसे विभूषित इन रमणीय कूटोंपर अपने-अपने कूटोंके सदृश नामवाले व्यन्तरदेव निवास करते हैं ॥ १२५ ॥

एक्क - पलिदोवमाऊ, बहु-परिवारा हवंति ते सव्वे ।
एदाणं णयरीओ, विचित्त - भवणाओ तेसु कूडेसु ॥१२६॥

अर्थ—वे सब देव एक पल्योपम-प्रमाण आयु और बहुत प्रकारके परिवार सहित होते हैं। उपर्युक्त कूटोंपर अद्भुत भवनोंसे संयुक्त इन देवोंकी नगरियाँ हैं ॥ १२६ ॥

चत्तारि सिद्ध-कूडा, चउ-जिण-भवणेसु ते पभासंते ।
णिसहगिरि-कूड-सरिसा-विक्खंभ-घर-सम-वास-पहुदीहिं ॥१२७॥

अर्थ—ये चार सिद्धकूट निषध पर्वतके सिद्धकूट पर कहे हुए जिनपुरके सदृश विस्तार एवं ऊँचाई आदि सहित ऐसे चार जिन-भवनोंसे शोभायमान होते हैं ॥ १२७ ॥

विशेषार्थ—चतुर्थाधिकार गाथा १५५ में कहे गये निषधपर्वतके सिद्धकूटपर स्थित जिन भवन के व्यासादिके सदृश यहाँ सिद्धकूटोंपर स्थित प्रत्येक जिनभवनका आयाम एक कोस, विष्कम्भ अर्ध-कोस और उत्सेध पौन (¾) कोस प्रमाण है।

---

१. ब. उच्चेहादि। २. ब. ब. क. क विभूसिदासु।

नोट—कुण्डलवर द्वीप, उसके मध्य स्थित कुण्डलगिरि पर्वत, इसपर स्थित जिनेन्द्रकूट एवं अन्य १६ कूट और इन कूटोंके स्वामियोंके नाम आदि इस चित्रमें चित्रित हैं—



मतान्तरसे कुण्डलगिरि पर्वतका निरूपण

तग्गिरि-वरस्स होंति हु, दिसि विदिसासुं जिणिंद-कूडाणि।
एक्केक्कं एक्केक्के, केई एवं परूवेंति ॥१२८॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—इस श्रेष्ठ पर्वतकी दिशाओं एवं विदिशाओंमेंसे प्रत्येकमें एक-एक जिनेन्द्रकूट है, इसप्रकार भी कोई आचार्य बतलाते हैं ॥ १२८ ॥

पाठान्तर ।

लोयविणिच्छय-कत्ता, कुंडलसेलस्स वण्णण-पयारं ।
अवरेण सरूवेणं, वण्णदि तं पवक्खेमो ॥१२९॥

अर्थ – लोकविनिश्चय-कर्ता कुण्डल पर्वतके वर्णन-प्रकारका जो दूसरी तरहसे व्याख्यान करते हैं, उसका यहाँ निरूपण किया जाता है ॥ १२९ ॥

मणुसुत्तर-सम-वासो, बादाल-सहस्स-जोयणुच्छेहो ।
कुंडलगिरी सहस्सं, गाढो बहु-रयण-कय-सोहो ॥१३०॥

अर्थ - बहु-रत्न-कृत शोभा युक्त वह कुण्डलपर्वत मानुषोत्तर-पर्वत सदृश विस्तार-वाला, बयालीस हजार योजन ऊँचा और एक हजार योजनप्रमाण अवगाह सहित है ।। १३० ।।

कूडाणं ताइं चिय, णामाणं माणुसुत्तर-गिरिस्स ।
कूडेहिं, सरिच्छाणं, णवरि सुराणं इमे णामा ।।१३१।।

पुव्व-दिसाए विसिट्ठो, पंचसिरो महसिरो महाबाहू ।
पउमो पउमुत्तर-महपउमो दक्खिण-दिसाए वासुगिओ ।।१३२।।

थिरहिदय-महाहिदया, सिरिवच्छो[1] सत्थिओ य पच्छिमदो ।
सुन्दर - विसालणेत्तो, [2]पांडुर - पुंडरय उत्तरए ।।१३३।।

अर्थ—मानुषोत्तर पर्वतके कूटोंके सदृश इस पर्वतपर स्थित कूटोंके नाम तो वही हैं किन्तु देवोंके नाम इसप्रकार हैं—पूर्व दिशामें विशिष्ट (विशिर), पंचशिर, महाशिर और महाबाहु; दक्षिण-दिशामें पद्म, पद्मोत्तर, महापद्म और वासुकि; पश्चिममें स्थिरहृदय, महाहृदय, श्रीवृक्ष और स्वस्तिक तथा उत्तरमें सुन्दर, विशालनेत्र, पाण्डुर और पुण्डरक, ये सोलह देव उपर्युक्त क्रमसे उन कूटोंपर स्थित हैं ।। १३१-१३३ ।।

एक्क-पलिदोवमाऊ, वर-रयण-विभूसियंग-रमणिज्जा ।
बहु - परिवारेहि जुदा, ते देवा होंति णागिंदा ।।१३४।।

अर्थ—एक पल्यप्रमाण आयुवाले वे नागेन्द्रदेव उत्तम रत्नोंसे विभूषित शरीरसे रमणीय और बहुत परिवारोंसे युक्त होते हैं ।। १३४ ।।

बहुविह-देवीहि जुदा, कूडोवरिमेसु तेसु भवणेसु ।
णिय-णिय-विभूदि-जोग्गं, सोक्खं भुंजंति बहु-भेयं ।।१३५।।

अर्थ—ये देव बहुत प्रकारकी देवियोंसे युक्त होकर कूटोपर स्थित उन भवनोंमें अपनी-अपनी विभूतिके योग्य बहुत प्रकारके सुख भोगते हैं ।। १३५ ।।

पुव्वावर-दिग्भायं, ठिदाण कूडाण अग्ग-भूमीए ।
एक्केक्का वर-कूडा, तड-वेदी-पहुदि-परियरिया ।।१३६।।

अर्थ—पूर्वापर दिग्भागमें स्थित कूटोंकी अग्रभूमिमें तट-वेदी आदिकसे व्याप्त एक-एक श्रेष्ठ कूट है ।। १३६ ।।

---

१. ब. क. ज. सिरिवंसो वच्छिओ । २. ब. क. ज. इरपंडुरय ।

जोयण-सहस्स-तुंगा, पुह-पुह तम्मेत्त-मूल-वित्थारा ।
पंच-सय-सिहर-वंदा, सग-सय-पण्णास-मज्झ-वित्थारा ।।१३७।।

१००० । ५०० । ७५० ।

अर्थ—ये कूट पृथक्-पृथक् एक हजार (१०००) योजन ऊँचे, इतने-मात्र (१००० यो०) मूल विस्तार सहित, पाँच सौ (५००) योजन प्रमाण शिखर विस्तारवाले और सात सौ पचास (७५०) योजन प्रमाण मध्य विस्तारसे युक्त हैं ।। १३७ ।।

ताणोवरिम-घरेसुं, कुंडल-दीवस्स अहिवई देवा ।
वेंतरया[1] णिय-जोग्गं, बहु-परिवारा[2] विराजंति[3] ।।१३८।।

अर्थ—इन कूटोंके ऊपर स्थित भवनोंमें कुण्डलद्वीपके अधिपति व्यन्तर देव अपने योग्य बहुत परिवारसे संयुक्त होकर निवास करते हैं ।। १३८ ।।

अब्भंतर-भागेसुं, एक्काणि जिणिंद-दिव्व-कूडाणि ।
एक्केक्काणं अंजणगिरि-जिण-मंदिर-समाणाणि ।।१३९।।

अर्थ– इन सभी कूटोंके अभ्यन्तर भागोंमें अंजनपर्वतस्थ जिन मन्दिरोंके सदृश दिव्य जिनेन्द्र कूट हैं ।। १३९ ।।

एक्केक्का जिण-कूडा, चेट्ठंते दक्खिणुत्तर-दिसासुं ।
ताणि अंजण-पव्वय - जिणिंद - पासाद - सारिच्छा ।।१४०।।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—उनके उत्तर-दक्षिण भागोंमें अञ्जनपर्वतस्थ जिनेन्द्रप्रासादोंके सदृश एक-एक जिन-कूट स्थित है ।। १४० ।।

पाठान्तर[1]।

रुचकवर द्वीपके मध्य रुचकवर पर्वतका अवस्थान एवं उसके विस्तार आदिका विवेचन

तेरसमो रुचकवरो, दीवो चेट्ठेदि तस्स बहु-मज्झे ।
अत्थि गिरी रुचकवरो, कणयमओ चक्कवालेणं ।।१४१।।

अर्थ—तेरहवाँ द्वीप रुचकवर है । इसके बहु-मध्यभागमें गोलाकारसे स्वर्णमय रुचकवर पर्वत स्थित है ।। १४१ ।।

---

१. द. ब. क. ज. वितरया । २. द. ब. क. ज. परिवारेहिं । ३. द. ब. क. ज. संजुत्तं ।

सव्वत्थ तस्स रुंदो, चउसीदि-सहस्स-जोयण-पमाणा ।
तम्मेत्तो उच्छेहो, एक्क - सहस्सं पि मादस्सं ॥१४२॥

८४००० । १००० ।

अर्थ—उस पर्वतका विस्तार सर्वत्र चौरासी हजार (८४०००) योजन, इतनी ही ऊँचाई और एक हजार (१०००) योजन प्रमाण अवगाह है ॥ १४२ ॥

मूलोवरिम्मि भागे, तड-वेदी उववणाइ रेहंति ।
तग्गिरिणो वण-वेदि-प्पहुदीहिं अहिय-रम्माणि ॥१४३॥

अर्थ—उस पर्वतके मूल और उपरिम भागमें वन-वेदी आदिकसे अधिक रमणीय तट-वेदियाँ एवं उपवन स्थित हैं ॥ १४३ ॥

रुचक पर्वतके ऊपर स्थित कूट, उनका विस्तार आदि, उनमें निवास करने वाली देवांगनाएँ और जन्माभिषेकमें उन देवांगनाओंके कार्य

तग्गिरि-उवरिम-भागे, चोदालो होंति दिव्व-कूडाणि ।
एदाणं विण्णासं, भासेमो आणुपुव्वीए ॥१४४॥

अर्थ - इस (रुचक) पर्वतके उपरिम भागमें जो चवालीस दिव्य कूट हैं, उनका विन्यास अनुक्रमसे कहता हूँ ॥ १४४ ॥

कणयं कंचण-कूडं, तवणं सत्तिय[1]-दिसासु-भद्दाणि ।
अंजणमूलं[2] अंजणणामं[3] कूडाणि [4]अट्ठ पुव्वाए ॥१४५॥

अर्थ—कनक, कांचनकूट, तपन, स्वस्तिकदिशा, सुभद्र, अंजनमूल, अंजन और वज्र, ये आठ कूट पूर्व दिशामें हैं ॥ १४५ ॥

पंच-सय-जोयणाइं, तुंगा तम्मेत्त-मूल-विक्खंभा ।
तद्दल-उवरिम-रुंदा, ते कूडा वेदि - वज्ज - जुत्ता ॥१४६॥

५०० । ५०० । २५० ।

अर्थ—वेदी एवं वनोंसे संयुक्त ये कूट पाँच सौ (५००) योजन ऊँचे और इतने ही ५०० यो०) प्रमाण मूल-विस्तार तथा इससे आधे (२५० यो०) उपरिम विस्तार सहित हैं ॥ १४६ ॥

---

१. ब. क. ज. सत्तिय । २. द. ब. क. अंजमूलं, ब. वजमूल । ३ द. ब. क. जणणामं, ब. संजणण्णं । ४. क. अट्ठ ।

तत्तोवरि भवणाणि, गोदम-देवस्स मेरु-तरिसाणि ।
जिण - भवण - भूसिदाइं, विचित्त - रूवाणि रेहंति ॥१४७॥

अर्थ—उन कूटोंपर जिन-भवनोंसे भूषित और विचित्र रूपवाले गौतम देवके मेरु सदृश भवन विराजमान हैं ॥ १४७ ॥

एदेसु दिसा-कण्णा, वसंते णिरुवमेहि रूवेहिं ।
विजया य वैजयंता, जयंत-णामा अपराजिदया ॥१४८॥

णंदा-णंदवदीओ, णंदुत्तरया य णंदिसेण त्ति ।
णियय-णाणोहो, ताओ जिण-जम्मकल्लाणे ॥१४९॥

अर्थ—इन भवनोंमें अनुपम-रूपसे संयुक्त विजया, वैजयन्ता, जयन्ता, अपराजिता, नन्दा, नन्दवती, नन्दोत्तरा और नन्दिषेणा नामक दिक्-कन्याएँ निवास करती हैं। ये जिन-भगवान्के जन्म-कल्याणकमें झारी धारण किया करती हैं ॥ १४८-१४९ ॥

दक्खिण-दिसाए कूडेसु, रजदं कुमुदं च णलिण-पउमाणि ।
वंभवदं सेदमणं, सेदणियं होंति कूडाणि ॥१५०॥

अर्थ—स्फटिक, रजत, कुमुद, नलिन, पद्म, वज्र, वैश्रवण और वैडूर्य, ये आठ कूट दक्षिण दिशामें स्थित हैं ॥ १५० ॥

उच्छेह-प्पहुदीहिं, ते कूडा होंति पुव्व-कूडो व्व ।
एदेसु दिसा-कण्णा, वसंति इच्छा - समाहारा ॥१५१॥

सुप्पइण्णा जसधरया, लच्छी-सेसवदि-चित्तगुत्ता ।
तह चेव वसुंधरा दव्वय - णामाओ ॥१५२॥

अर्थ—ये सब कूट ऊँचाई आदिकमें पूर्व कूटोंके सदृश ही हैं। इनके ऊपर इच्छा, समाहारा, सुप्रकीर्णा, यशोधरा, लक्ष्मी, शेषवती, चित्रगुप्ता और वसुन्धरा नामकी आठ दिक्कन्याएँ निवास करती हैं। ये सब जिन-जन्म कल्याणकमें दर्पण धारण किया करती हैं ॥ १५१-१५२ ॥

होंति अमोघं सत्तिय-मंदर-हेमवद-रजद-णामाणि ।
रुचगुत्तम-मंदर-सुदंसणाणि[1] पच्छिम-दिसाए कूडाणि ॥१५३॥

---

१. ब. क. ब. सुदंसणाणी, ब. सुदंसुणाणी ।

अर्थ—अमोघ, स्वस्तिक, मन्दर, हैमवत, राज्य, राज्योत्तम, चन्द्र और सुदर्शन, ये आठ कूट पश्चिम-दिशामें स्थित हैं ।। १५३ ।।

पुव्वोदिद-कूडाणं, वास-प्पहुदीहि होंति सारिच्छा ।
एदेसुं कूडेसुं, कुणंति वासं दिसा - कण्णा ।।१५४।।

इल-णामा सुरदेवी, पुदवी[1] पउमावी[2] एक्कणासा य ।
णवमी सीदा भद्दा, जिण-जण्णमी छत्त-धारीओ ।।१५५।।

अर्थ—ये कूट विस्तारादिकमें पूर्वोक्त कूटोंके ही सदृश हैं । इनके ऊपर इला, सुरदेवी, पृथिवी, पद्मा, एकनासा, नवमी, सीता और भद्रा नामक दिक्कन्याएँ निवास करती हैं । ये दिक्कन्याएँ जिन-जन्म कल्याणकमें जिन-माताके ऊपर छत्र धारण किया करती हैं ।। १५४-१५५ ।।

विजयं च वइजयंतं, जयंतमपराजियं च कुंडलयं ।
रुजगक्क-रयण-कूडाणि सव्वरयण त्ति उत्तर-दिसाए ।।१५६।।

अर्थ—विजय, वैजयंत, जयंत, अपराजित, कुण्डलक, रुचक, रत्नकूट और सर्वरत्न, ये आठ कूट उत्तर दिशामें स्थित हैं ।। १५६ ।।

एदे वि अट्ठ कूडा, सारिच्छा होंति पुव्व-कूडाणं ।
तेसुं पि दिसा-कण्णा, अलंबुसा - मिस्सकेसीओ ।।१५७।।

तह पुंडरीकिणी वारुणि त्ति आसा य सव्व-सत्ता य ।
हिरिया सिरिया देवी, एदाओ [3]अमर - धारीओ ।।१५८।।

अर्थ—ये आठ कूट भी पूर्व कूटोंके सदृश ही हैं । इनके ऊपर भी अलंबूषा, मिश्रकेशी, पुण्डरीकिणी, वारुणी, आशा, सत्या, ह्री और श्री नामकी आठ दिक्कन्याएँ निवास करती हैं । जिन-जन्मकल्याणकमें ये सब चँवर धारण किया करती हैं ।। १५७-१५८ ।।

एदाणं देवीणं, कूडाणब्भंतरे चउ - दिसासु ।
चत्तारि महाकूडा, चेट्ठंते पुव्व - कूड - समा ।।१५९।।

णिच्चुज्जोवं विमलं, णिच्चालोकं सयंपहं कूडं ।
उत्तर-पुव्व-दिसासुं, वसिकरण-पच्छिम-दिसासु रुजगा ।।१६०।।

---

१. ब. ब. क. पुधि, ब. पृथ्वि । २. ब. क. पउमाव य । ३. ब. चरव ।

अर्थ—पूर्वोक्त कूटोंके ही सदृश चार महाकूट इन देवियोंके कूटोंके अभ्यन्तर भागमें चार दिशाओंमें स्थित हैं। ये नित्योद्योत, विमल, नित्यालोक और स्वयंप्रभ नामक चारों कूट क्रमशः उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम दिशामें स्थित हैं ।। १५९-१६० ।।

सोदामिणि त्ति कणया, सदहृव-देवी य कणय-चित्ते त्ति ।
उज्जोवकारिणीओ, दिसासु जिण - जम्मकल्लाणे ।।१६१।।

अर्थ—इन कूटोंपर स्थित होती हुई सौदामिनी, कनका, शतह्रदा और कनकचित्रा, ये चार देवियाँ जिन-जन्मकल्याणकमें दिशाओंको निर्मल किया करती हैं ।। १६१ ।।

तक्कूडब्भंतरए, कूडा पुव्वुत्त-कूड - सारिच्छा ।
वेरुलिय-रुचक-मणि-रुचजुत्तमा[1] पुव्व-पहुदीसुं ।।१६२।।

अर्थ—इन कूटोंके अभ्यन्तरभागमें पूर्वोक्त कूटोंके सदृश वैडूर्य, रुचक मणि और रत्नोत्तम नामक चार कूट पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित हैं ।। १६२ ।।

तेसुं पि दिसाकण्णा, वसंति रुचका तहा रुचककित्ती ।
रुचकादी-कंत-पहा, कुर्वंति जिण - जातकम्माणि ।।१६३।।

अर्थ—इन कूटोंपर भी रुचका, रुचककीर्ति, रुचककान्ता और रुचकप्रभा, ये चार दिक्कन्याएँ निवास करती हैं। ये कन्याएँ जिन-भगवान्का जातकर्म करती हैं ।। १६३ ।।

पल्ल-पमाणाउ-ठिदी, पत्तेक्कं होदि सयल-देवीणं ।
सिरि-देवीए सरिच्छा, परिवारा ताण णादव्वा ।।१६४।।

अर्थ—उन सब देवियोंमेंसे प्रत्येककी आयु एक पल्य-प्रमाण होती है। उनके परिवार श्रीदेवीके परिवार सदृश जानने चाहिए ।। १६४ ।।

सिद्धकूटोंका अवस्थान

तक्कूडब्भंतरए, चत्तारि हुवंति सिद्ध - कूडाणि ।
पुव्व-समाणं णिसह-ट्ठिद-जिण[2]-घर-सरिस-जिण णिकेदाणि ।।१६५।।

अर्थ—इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें चार सिद्ध-कूट हैं, जिनपर पहलेके सदृश निषध-पर्वतस्थ जिन-भवनोंके समान जिन-मन्दिर विद्यमान हैं ।। १६५ ।।

---

१. द. ब. क. ज. रुचजुत्तमपहुदीसु । २. ब. ब. क. ज. पुरजिण ।

मतान्तरसे सिद्धकूटोंका अवस्थान

दिस-विदिसं तब्भागे, चउ-चउ अट्ठाणि सिद्ध-कूडाणि ।
उच्छेह - पहुदीए, णिसह - सभा[1] केइ इच्छंति ॥१६६॥

अर्थ—कोई आचार्य ऊँचाई आदिकमें निषध पर्वतके सदृश (ऐसे) दिशाओंमें चार और विदिशाओंमें चार इसप्रकार आठ सिद्ध कूट स्वीकार करते हैं ॥ १६६ ॥

नोट—रुचकवर पर्वत पर स्थित कूटोंका प्रमाण, नाम, उनपर स्थित देवियाँ और उन देवियोंके कार्य आदिका चित्रण इसप्रकार है—



मतान्तरसे रुचकगिरि-पर्वतका निरूपण

लोयविणिच्छय-कत्ता, रुचकवरद्दिस्स वण्णण-पयारं ।
अण्णेस्स सव्वेसं, वक्खाणइ तं पयासेमि ॥१६७॥

अर्थ—लोकविनिश्चय-कर्ता रुचकवर पर्वतके वर्णन-प्रकारका जो अन्य-प्रकारसे व्याख्यान करते हैं, उसको यहाँ दिखाता हूँ ॥ १६७ ॥

---

१. ब. क. ज. ठ. इसो ।

होदि गिरि रुचकवरो, रुंदो अंजणगिरिंद-सम-उदयो ।
बादाल-सहस्साणि, वासो सव्वत्थ दस-ओगाढो ॥१६८॥

८४००० । ४२००० । १००० ।

अर्थ—रुचकवर पर्वत अञ्जनगिरिके सदृश (८४००० योजन) ऊँचा, बयालीस हजार (४२०००) योजन विस्तारवाला और सर्वत्र दसके घन (१००० यो०) प्रमाण अवगाहसे युक्त है ॥ १६८ ॥

कूडा णंदावत्तो, सत्थिय-सिरिवच्छ-वड्ढमाणक्खा ।
तग्गिरि-पुव्वादि-दिसे, सहस्स-रुंदं तदद्ध-उच्छेहो ॥१६९॥

अर्थ—इस पर्वतकी पूर्व दिशासे क्रमशः नन्द्यावर्त, स्वस्तिक, श्रीवृक्ष और वर्धमान नामक चार कूट हैं । इन कूटोंका विस्तार एक हजार (१०००) योजन और ऊँचाई इससे आधी (५०० यो०) है ॥ १६९ ॥

एदेसु [1]दिग्गजिंदा, देवा णिवसंति एक्क-पल्लाऊ ।
आमेहि पउमुत्तर - सुभद्द - णीलंजण - गिरीओ ॥१७०॥

अर्थ—इन कूटोंपर एक पल्य प्रमाण आयु के धारक पद्मोत्तर, सुभद्र, नील और अञ्जन-गिरि नामक चार दिग्गजेन्द्र देव निवास करते हैं ॥ १७० ॥

तग्गकूडब्भंतरए, वर-कूडा चउ-दिसासु अट्ठट्ठा ।
वेट्ठंति दिव्व-रूपा, सहस्स-रुंदा तदद्ध-उच्छेहा ॥१७१॥

वि १००० । उ ५०० ।

अर्थ—इन कूटोंके अभ्यन्तर भागमें एक हजार (१०००) योजन विस्तारवाले और इससे अर्ध (५०० योजन) प्रमाण ऊँचे चारों दिशाओंमें आठ-आठ दिव्य-रूपवाले उत्तम कूट स्थित हैं ॥ १७१ ॥

पुव्वोदिद-णाम-जुदा, एदे बत्तीस रुचक-वर-कूडा ।
तेसुं च दिसाकण्णा, तद्दं दिव्व ताव णामाणि ॥१७२॥

अर्थ—ये बत्तीस रुचकवर कूट पूर्वोक्त नामोंसे युक्त हैं । इनपर जो दिक्कन्याएँ रहती हैं, उनके नाम भी वे (पूर्वोक्त) ही हैं ॥ १७२ ॥

---

१. द. क. ज. दिग्गदिंदा, ब. दिग्गादिंदा ।

होंति हु [1]'ईसाणादिसु, विदिसासुं दोण्णि-दोण्णि वर-कूडा ।
वेरुलिय[2] - मणी[3] - णामा, रुचका रयणप्पहा णामा ॥१७३॥

रयणं च सव्व-रयणा, रुचकुत्तम-रयणउच्चका[4] कूडा ।
एदे पदाहिणेणं, पुव्वोदिद - कूड - सारिच्छा ॥१७४॥

अर्थ—वैडूर्य, मणिप्रभ, रुचक, रत्नप्रभ, रत्न, सर्वरत्न, रुचकोत्तम और रत्नोच्चय इन पूर्वोक्त कूटोंके सदृश कूटोंमें दो-दो उत्तम कूट प्रदक्षिण-क्रमसे ईशानादि विदिशाओंमें स्थित हैं ॥ १७३-१७४ ॥

तेसु दिसाकण्णाणं, महत्तरीओ कमेण णिवसंति ।
रुचका विजया [5]रुचकाभा सइअमंति रुचककंता ॥१७५॥
तह य अयंती रुचकुत्तमा य अपराजिदा जिणिंदस्स ।
कुव्वंति जाव - कम्मं, एदाओ परम - भत्तीए ॥१७६॥

अर्थ—इन कूटोंपर क्रमशः रुचका, विजया, रुचकाभा, सइअमन्ती, रुचककान्ता, जयन्ती, रुचकोत्तमा और अपराजिता, ये दिक्कन्याओंकी महत्तरियाँ (प्रधान) निवास करती हैं। ये सब उत्कृष्ट भक्तिसे जिनेन्द्र-भगवान् का जातकर्म किया करती हैं ॥१७५-१७६ ॥

विमलो णिच्चालोको, सयंपहो तह य णिच्चउज्जोवो ।
चत्तारो वर - कूडो, पुव्वादि - पदाहिणा होंति ॥१७७॥

अर्थ—विमल, नित्यालोक, स्वयंप्रभ तथा नित्योद्योत, ये चार उत्तम कूट पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणा रूपसे स्थित हैं ॥ १७७ ॥

तेसुं पि दिसाकण्णा, वसंति सोदामिणी तहा कणया ।
सदहद-देवी कंचणचित्ता ताओ कुणंति उज्जोवं ॥१७८॥

अर्थ—उन कूटोंपर क्रमशः सौदामिनी, कनका, शतह्रद देवी और कञ्चनचित्रा ये चार दिक्कन्याएँ रहती हैं जो दिशाओंको प्रकाशित करती हैं ॥ १७८ ॥

तक्कूडब्भंतरए, चत्तारि हवंति सिद्ध - वर - कूडा ।
पुव्वादिसु पुव्व-समा, अंजण-गिरि-गेह-सरिस-जिण-गेहा ॥१७९॥

पाठान्तरम् ।

---

१. द. ब. क. ज. ईसाणादिसा । २. द. ज. वेलुरिय । ३. द. ब. क. ज. पयणि । ४. द. ब. क. ज. उच्चुका । ५. द. ब. क. ज. रुचकाव ।

अर्थ—इन कूटोंके अभ्यन्तर-भागमें चार सिद्धवर कूट हैं, जिनके ऊपर पहलेके ही सदृश अंजन-पर्वतस्थ जिन-भवनोंके सदृश जिनालय स्थित हैं ।। १७९ ।।

पाठान्तर ।

द्वितीय जम्बूद्वीपका अवस्थान

जंबूदीवादितो, संखेज्जाणि पयोहि - दीवाणि ।
गंतूण अत्थि अण्णो, जंबूदीओ परम - रम्मो ॥१८०॥

अर्थ—जम्बूद्वीपसे आगे संख्यात समुद्र एवं द्वीपोंके पश्चात् अतिशय रमणीय दूसरा जम्बू-द्वीप है ।। १८० ।।

वहाँ विजय आदि देवोंकी नगरियोंका अवस्थान और उनका विस्तार

तत्थ हि विजय-प्पहुविसु हवंति देवाण दिव्व-णयरीओ[1] ।
उवरिं[2] वज्ज-खिदीए, चित्ता-मज्झम्मि पुव्व-पहुदीसुं ॥१८१॥

अर्थ—(जहाँ दूसरा जम्बूद्वीप स्थित है) वहाँ पर भी वज्रा पृथिवीके ऊपर चित्राके मध्यमें पूर्वादिक दिशाओंमें विजय-आदि देवोंकी दिव्य नगरियाँ हैं ।। १८१ ।।

उच्छेह - जोयणेणं, पुरिओ बारस-सहस्स-रुंदाओ ।
जिण-भवण-भूसियाओ, उववण - वेदीहि जुत्ताओ ॥१८२॥

१२००० ।

अर्थ—ये नगरियाँ उत्सेध योजनसे बारह हजार (१२०००) योजन-प्रमाण विस्तार सहित, जिन-भवनोंसे विभूषित और उपवन-वेदियों से संयुक्त हैं ।। १८२ ।।

नगरियोंके प्राकारोंका उत्सेध आदि

पण्णत्तरि-दल-तुंगा, पायारा जोयणद्ध-मवगाढा ।
सव्वाणं णयरीणं, णाणंत-विचित्त-धय-माला ॥१८३॥

७५ । ½ ।

अर्थ—इन सब नगरियोंके प्राकार पचहत्तरके आधे (३७½) योजन ऊँचे, अर्ध (½) योजन-प्रमाण अवगाह सहित और फहराती हुई नाना प्रकारकी ध्वजाओंके समूहसे संयुक्त है ।।१८३।।

कंचण-पायाराणं, वर-रयण-विणिम्मियाण भू-वासो ।
जोयण-पणुवीस-दलं, तच्चउ-भागो य मुह-वासो ॥१८४॥

२५ । ६¼ ।

---

१. ब. णयरी । २. द. उवरिम ।

अर्थ—उत्तम रत्नोंसे निर्मित इन स्वर्ण-प्राकारोंका भू-विस्तार पच्चीसके आधे (१२½) योजन और मुख-विस्तार पच्चीसके चतुर्थ भाग (६¼ योजन) प्रमाण है ॥ १८४ ॥

नगरियोंकी प्रत्येक दिशामें स्थित गोपुरद्वार

एक्केक्काए दिसाए, पुरीए पणुवीस-गोउर-दुवारा ।
जंबूणद-णिम्मविदा, मणि-तोरण-खंभ-रमणिज्जा ॥१८५॥

अर्थ—इन नगरियोंकी एक-एक दिशामें सुवर्णसे निर्मित और मणिमय तोरण-स्तम्भोंसे रमणीय पच्चीस गोपुरद्वार हैं ॥ १८५ ॥

नगरियोंमें स्थित भवनोंका निरूपण

बासट्ठि जोयणाणि, बे कोसा गोउरोवरि-घराणं ।
उदओ[1] तद्दलमेत्तो, रुंदो गाढो दुवे कोसा[2] ॥१८६॥

६२ । को २ ॥ ३१ । को १ ॥ को २ ॥

अर्थ—उन गोपुरद्वारोंके ऊपर भवन स्थित हैं। उन भवनोंकी ऊँचाई बासठ (६२) योजन, दो (२) कोस, विस्तार इससे आधा (३१ योजन, १ कोस) और अवगाह (नींव) दो (२) कोस प्रमाण है ॥ १८६ ॥

ते गोउर-पासादा, संछण्णा बहु-विहेहि रयणेहिं ।
सत्तरस-भूमि-जुत्ता, विमाण सरिसा विराजंति ॥१८७॥

अर्थ—वे गोपुर-प्रासाद अनेक प्रकारके रत्नोंसे आच्छन्न हैं और सत्रह भूमियों से युक्त विमान सदृश शोभायमान होते हैं ॥ १८७ ॥

राजाङ्गणका अवस्थान एवं प्रमाण आदि

पायाराणं मज्झे, चेट्ठदि रायंगणं परम - रम्मं ।
जोयण-सयाणि बारस, वास-जुदं एक्क-कोस-उच्छेहो ॥१८८॥

१२०० । को १ ।

---

१. द. ब. क. क. उदए । २. द. ब. क. क. कोसो ।

अर्थ—प्राकारके मध्यमें अतिशय रमणीय, बारह सौ (१२००) योजन-प्रमाण विस्तार सहित और एक कोस ऊँचा राजाङ्गण स्थित है ॥ १८८ ॥

तस्स य बलस्स उवरि, समंतदो बोद्धिण कोस उच्छेहं ।
पंच-सय - चाव - रुंदं, चउ - गोउर - संजुदं वेदी ॥१८९॥

को २ । दंड ५०० ।

अर्थ—इस स्थलके ऊपर चारों ओर दो (२) कोस ऊँची, पाँचसौ (५००) धनुष विस्तीर्ण और चार गोपुरोंसे युक्त वेदी स्थित है ॥ १८९ ॥

राजाङ्गण स्थित प्रासादका विस्तारादि

रायंगण-बहु-मज्झे, कोस - सयं पंचवीसमब्भहियं ।
विक्खंभो तद्दुगुणो, उदओ गाढं[1] दुवे कोसा ॥१९०॥

१२५ । २५० । को २ ।

पासादो मणि - तोरण - संपुण्णो बहु-ओयणुच्छेहो ।
चउ-वित्थारो दारो[2], वज्ज - कवाडेहि सोहिल्लो ॥१९१॥

८ । ४ ।

अर्थ—राजाङ्गणके बहु-मध्य-भागमें एक सौ पच्चीस (१२५) कोस विस्तारवाला, इससे दूना (२५० कोस) ऊँचा, दो (२) कोस-प्रमाण अवगाह सहित और मणिमय तोरणोंसे परिपूर्ण प्रासाद है। वज्रमय कपाटोंसे सुशोभित इसका द्वार आठ (८) योजन ऊँचा और चार (४) योजन प्रमाण विस्तार सहित है ॥ १९०-१९१ ॥

पूर्वोक्त प्रासादकी चारों दिशाओंमें स्थित प्रासाद

एवस्स चउ-दिसासुं, चत्तारो होंति दिव्व-पासादा ।
उप्पल्लुप्पल्लाणं, चउ चउ वड्ढंति जाव छक्कंतं ॥१९२॥

अर्थ—इस (राजाङ्गणके बहुमध्यभागमें स्थित) प्रासादकी चारों दिशाओंमें चार दिव्य प्रासाद हैं। इसके आगे छठे मण्डल पर्यन्त ये प्रासाद उत्तरोत्तर चार-चार गुणे बढ़ते जाते हैं ॥ १९२ ॥

---

१. ब. उदयगाढं । २. द. दारा ।

प्रत्येक मण्डलके प्रासादोंका प्रमाण

एत्तो[1] पासादाणं, परिमाणं मंडलं पडि भणामो ।
एक्को हवेदि मुक्खो, चत्तारो मंडलम्मि पढमम्मि ॥१९३॥

। १ । ४ ।

अर्थ—यहाँसे प्रत्येक मण्डलके प्रासादोंका प्रमाण कहता हूँ । मध्यका प्रासाद मुख्य है । प्रथम मण्डलमें चार प्रासाद हैं ॥ १९३ ॥

सोलस बिदिए तदिए, चउसट्ठी बे-सदं च छप्पण्णं ।
तुरिमे तं चउगुणिदं, पंचमए मंडलम्मि पासादा ॥१९४॥

१६ । ६४ । २५६ । १०२४ ।

अर्थ—द्वितीय मण्डलमें सोलह (१६), तृतीयमें चौंसठ (६४), चतुर्थमें दो सौ छप्पन (२५६) और पाँचवें मण्डलमें इससे चौगुने (१०२४) प्रासाद हैं ॥ १९४ ॥

चत्तारि सहस्साणि, छप्पण्णउदि-जुदाणि होंति छट्ठीए ।
एसो पासादाणं, उच्छेहादिं परूवेमो ॥१९५॥

४०९६ ।

अर्थ—छठे मण्डलमें चार हजार छयानवे (४०९६) प्रासाद हैं । अब यहाँसे आगे भवनोंकी ऊँचाई आदि का निरूपण किया जाता है ॥ १९५ ॥

मण्डल स्थित प्रासादोंकी ऊँचाई आदि का कथन

सव्वब्भंतर - मुक्खं, पासादुस्सेह - वास-गाढ-समा ।
आदिम-दुग[2]-मंडलए, तस्स दलं तदिय-तुरियम्मि ॥१९६॥
पंचमए छट्ठीए, तद्दलमेत्तं हवेदि उदयादी ।
एक्केक्के पासादे, एक्केक्का वेदिया विचित्तयरा ॥१९७॥

अर्थ—आदिके दो मण्डलोंमें स्थित प्रासादोंकी ऊँचाई, विस्तार और अवगाह सबके मध्य स्थित प्रमुख प्रासादकी ऊँचाई, विस्तार और अवगाहके सदृश है । तृतीय और चतुर्थ मण्डल के प्रासादों की ऊँचाई आदि उससे अर्ध है । इससे भी आधी पञ्चम और छठे मण्डल के प्रासादों की ऊँचाई आदिक है । प्रत्येक प्रासादकी एक-एक विचित्रतर वेदिका है ॥ १९६-१९७ ॥

---

१. ब. क. ज. एक्को २. ब. दुग ।

विशेषार्थ—

प्रासाद	विस्तार	ऊँचाई	नींव
राजांगणके मध्य स्थित प्रमुख प्रासाद का	१२५ कोस	२५० कोस	२ कोस
१ले, २ रे मण्डलोंमें स्थित प्रासादों का	१२५ कोस	२५० कोस	२ कोस
३ रे, ४ थे मण्डलोंमें स्थित प्रासादों का	६२½ कोस	१२५ कोस	१ कोस
५ वें, ६ ठे मण्डलोंमें स्थित प्रासादों का	३१¼ कोस	६२½ कोस	½ कोस

प्रासादोंके आश्रित स्थित वेदियों की ऊँचाई आदि

बे-कोसुच्छेहाओ, पंच-सयाणि धणूणि विस्थिण्णा ।
आदिल्लय - पासावे, पढमे विदियम्मि तस्सेसा ॥१९८॥

अर्थ—प्रमुख प्रासाद के आश्रित जो वेदी है वह दो कोस ऊँची और पाँचसौ (५००) धनुष विस्तीर्ण है । प्रथम और द्वितीय मण्डलमें स्थित प्रासादोंकी वेदियाँ भी इतनी ही ऊँचाई आदि सहित (२ कोस ऊँची और ५०० धनुष विस्तीर्ण) हैं ॥ १९८ ॥

पुव्विल्ल-वेदि-अद्धं, तदिए तुरियम्मि होंति मंडलए ।
पंचमए छट्ठीए, तस्सद्ध - पमाण - वेदीओ ॥१९९॥

अर्थ—तृतीय और चतुर्थ मण्डल के प्रासादों की वेदिका की ऊँचाई एवं विस्तार का प्रमाण पूर्वोक्त वेदियों के प्रमाण से आधा अर्थात् ऊँचाई १ कोस तथा विस्तार २५० धनुष है और इससे भी आधा अर्थात् ऊँचाई ½ कोस और विस्तार १२५ धनुष प्रमाण पाँचवें तथा छठे मण्डलके प्रासादो की वेदिकाओं का है ॥ १९९ ॥

सर्व भवनोंका एकत्र प्रमाण

गुण-संकलण[1]-सरिसं, ठविदाण भवणाण होदि परिसंखा ।
पंच - सहस्सा [2]चउ - सय - संजुत्ता एक्क-सट्ठी य ॥२००॥

५४६१ ।

अर्थ—गुणित-क्रमसे स्थित इन सब भवनोंकी संख्या—पाँच हजार चार सौ इकसठ (१+४+१६+६४+२५६+१०२४+४०९६=५४६१) है ॥ २०० ॥

सुधर्म-सभाकी अवस्थिति और उसका विस्तार आदि

आदिम-पासादादो[3], उत्तर-भागे ठिदा सुधम्म-सभा ।
वलिद-पणुवीस - जोयण - बोहा तस्सद्ध - वित्थारा ॥२०१॥

२५ । १२½ ।

१. द. ब. क. ज. संकरण । २. ब. चउस्सय । ३. द. पासादो ।

अर्थ—प्रथम प्रासादके उत्तर-भागमें पच्चीस योजन के आधे (१२½) योजन लम्बी और इससे आधे (६½ यो०) विस्तार वाली सुधर्म-सभा स्थित है ।। २०१ ।।

णव-जोयण-उच्छेहा[1], गाउव-गाढा सुवण्ण-रयणमई ।
तीए उत्तर - भागे, जिण - भवणं होदि तम्मेत्तं ।।२०२।।

९ । को १ ।

अर्थ—सुवर्ण और रत्नमयी यह सभा नौ (९) योजन ऊँची और एक गव्यूति (१ कोस) अवगाह सहित है । इसके उत्तर-भागमें इतने ही प्रमाणसे संयुक्त जिन-भवन है ।। २०२ ।।

उपपाद आदि छह सभाओं (भवनों) की अवस्थिति आदि

पवण-विसाए पढमं, पासादादो जिणिंद-पासादा ।
चेट्ठदि उववाद-सभा, कंचण-वर-रयण-णिवहमई ।।२०३।।

½५ । ½५ । यो ९ । को १ ।

अर्थ—प्रथम प्रासादमें वायव्य-दिशामें जिनेन्द्रभवन सदृश (१२½ योजन लम्बी, ६½ यो० चौड़ी, ९ यो० ऊँची और १ कोस अवगाह वाली) स्वर्ण एवं उत्तम रत्न-समूहोंसे निर्मित उपपाद सभा स्थित है ।। २०३ ।।

पुव्व-दिसाए पढमं, पासादादो विचित्त-विण्णासा ।
चेट्ठदि अभिसेय-सभा, उववाद-सभेहि-सारिच्छा ।।२०४।।

अर्थ—प्रथम प्रासादके पूर्वमें उपपाद सभाके सदृश विचित्र रचना संयुक्त अभिषेक-सभा (भवन) स्थित है ।। २०४ ।।

तत्थ वि दिस विभाए, अभिसेयसभा-सरिच्छ-पासादो ।
होदि अलंकार-सभा, मणि-तोरणदार-रमणिज्जा ।।२०५।।

अर्थ—इसी दिशा-भागमें अभिषेक सभाके सदृश विस्तारादि सहित और मणिमय तोरण-द्वारोंसे रमणीय अलंकार-सभा (भवन) है ।। २०५ ।।

तस्सि दिस विभाए, पुव्व-सभा-सरिस-उदय-विस्थारा ।
मंत - सभा वामीयर - रयणमई सुन्दर - दुवारा ।।२०६।।

---

१. ब. ब. क. ज. उच्छेहो ।

अर्थ—इसी दिशा-भागमें पूर्व सभाके सदृश ऊँचाई एवं विस्तार सहित स्वर्ण एवं रत्नोंसे निर्मित और सुन्दर द्वारोंसे संयुक्त मन्त्र-सभा (भवन) है ॥ २०६ ॥

एवे छप्पासादा, पुव्वेहिं मंदिरेहि मेलविदा ।
पंच सहस्सा चउ-सय-अब्भहिया सत्त-सट्ठीहिं ॥२०७॥

५४६७ ।

अर्थ—इन छह प्रासादोंको पूर्व प्रासादोंमें मिला देनेपर प्रासादों (भवनों) की समस्त संख्या पाँच हजार चार सौ सड़सठ (५४६१ + ६ = ५४६७) होती है ॥ २०७ ॥

भवनोंकी विशेषताएँ

ते सव्वे पासादा, चउ-दिम्मुह[1]-विप्फुरंत-किरणेहिं ।
वर-रयण-पईवेहिं, णिच्चं चिय णिब्भरुज्जोवा ॥२०८॥

अर्थ—वे सब भवन चारों दिशाओंमें प्रकाशमान् किरणोंसे युक्त उत्तम रत्नमयी प्रदीपोंसे नित्य अचित और नित्य उद्योतित रहते हैं ॥ २०८ ॥

पोक्खरणी-रम्मेहिं, उववण-संडेहिं[2] विविह-रुक्खेहिं ।
कुसुमफल-सोहिदेहिं, सुर - मिहुण जुवेहिं सोहंति ॥२०९॥

अर्थ—वे प्रासाद पुष्करिणियोंसे रमणीय, फल-फूलोंसे सुशोभित, अनेक प्रकारके वृक्षों सहित और देव-युगलोंसे संयुक्त उपवनखण्डोंसे शोभायमान होते हैं ॥ २०९ ॥

विद्दुम-वण्णा केई, केई कप्पूर-कुंद-संकासा ।
कंचण - वण्णा केई, केई [3]अज्जिज-णील-णिहा ॥२१०॥

अर्थ—(इनमेंसे) कितने ही (भवन) मूंगा सदृश वर्णवाले, कितने ही कपूर और कुन्द-पुष्प सदृश, कितने ही स्वर्ण वर्ण सदृश और कितने ही वज्र एवं इन्द्रनीलमणि सदृश वर्ण वाले हैं ॥ २१० ॥

तेसुं पासादेसुं, विजओ देवो - सहस्स - सोहिल्लो ।
णिच्च - जुवाणा देवा, वर-रयण-विभूसिद-सरीरा ॥२११॥

लक्खण-वंजण-जुत्ता, मायु-विहीणा य आहि-परिचत्ता ।
विविह - सुहेसुं सदा, कीडंते बहु - विणोदेण ॥२१२॥

---

१. ब. क. विसुमुह । २. द. ब. ज. ज. संडा । ३. ब. द. क. ज. अंजिद ।

अर्थ—उन भवनोंमें हजारों देवियोंसे सुशोभित, विजय नामक देव शोभायमान है और वहाँ उत्तम रत्नोंसे विभूषित शरीर वाले लक्षण एवं व्यञ्जनों सहित, (सप्त) धातुओंसे विहीन, व्याधिसे रहित तथा विविध प्रकारके सुखोंमें आसक्त नित्य-युवा, देव बहुत विनोद पूर्वक क्रीडा करते हैं ।। २११-२१२ ।।

सयणाणि आसणाणि, रयणमयाणि हवंति भवणेसुं ।
मउवाणि णिम्मलाणि, मण-णयणाणंद-जणणाणि ॥२१३॥

अर्थ—इन भवनोंमें मृदुल, निर्मल और मन तथा नेत्रोंको आनन्ददायक रत्नमय शय्यायें एवं आसन विद्यमान है ।। २१३ ।।

आदिम-पासादस्स य, बहु-मज्झे होदि कणय-रयणमयं ।
सिंहासणं विसालं, सपाद - पीढं परम - रम्मं ॥२१४॥

अर्थ—प्रथम प्रासादके बहु-मध्य-भागमें अतिशय रमणीय और पादपीठ सहित सुवर्ण एवं रत्नमय विशाल सिंहासन है ।। २१४ ।।

सिंहासणमारूढो, विजओ णामेण अहिवई तत्थ ।
पुव्व - मुहे पासादे, अच्छदि देवि लीलाए ॥२१५॥

अर्थ—वहाँ पूर्व-मुख प्रासादमें सिंहासन पर आरूढ विजय नामक अधिपति देव लीलासे आनन्दको प्राप्त होता है ।। २१५ ।।

विजयदेव के परिवार का अवस्थान एवं प्रमाण

तस्स य सामाणीया, चेट्ठंते छस्सहस्स-परिमाणा ।
उत्तर-दिसा-विभागे, विदिसाए विजय - पीढादो ॥२१६॥

अर्थ—विजयदेवके सिंहासनसे उत्तर-दिशा और विदिशामें उसके छह हजार प्रमाण सामानिक देव स्थित रहते हैं ।। २१६ ।।

चेट्ठंति णिरुवमाओ[1], छस्सिय विजयस्स अग्ग-देवीओ ।
ताणं पीढा रम्मा, सिंहासण - पुव्व - दिब्भाए ॥२१७॥

अर्थ—मुख्य सिंहासनके पूर्व-दिशा-भागमें विजयदेवकी अनुपम छहों अग्र-देवियाँ स्थित रहती हैं । उनके सिंहासन रमणीय हैं ।। २१७ ।।

परिवारा देवीओ, तिण्णि सहस्सा हवंति पत्तेक्कं ।
साहिय-पल्लं आऊ, णिय-णिय-ठाणम्मि चेट्ठंति ॥२१८॥

---

१. द. क. ज. णिरुवमाओ ।

अर्थ—इनमेंसे प्रत्येक अग्र-देवीकी परिवार-देवियाँ तीन हजार हैं, जिनकी आयु एक पल्यसे अधिक होती है। ये परिवार देवियाँ अपने-अपने स्थानमें स्थित रहती हैं ॥ २१८ ॥

बारस देव-सहस्सा, बाहिर-परिसाए विजयदेवस्स ।
अइरिवि-दिसाए ताणं, पीढाणि सामि - पीढादो ॥२१९॥

१२००० ।

अर्थ—विजय देवकी बाह्य परिषद्में बारह हजार (१२०००) देव हैं। उनके सिंहासन, स्वामीके सिंहासनसे नैऋत्य-दिशा-भागमें स्थित है ॥ २१९ ॥

दसदस-सहस्साणि, मज्झिम-परिसाए होंति विजयस्स ।
दक्खिण-दिसा-विभागे, तप्पीढा साहु - पीढादो ॥२२०॥

१०००० ।

अर्थ—विजयदेवकी मध्यम परिषद्में दस हजार (१००००) देव होते हैं। उनके सिंहासन, स्वामीके सिंहासनसे दक्षिण-दिशा-भागमें स्थित रहते हैं ॥ २२० ॥

अब्भंतर - परिसाए, अट्ठ सहस्साणि विजयदेवस्स ।
अग्गि - दिसाए होंति हु, तप्पीढा साहु - पीढादो ॥२२१॥

८००० ।

अर्थ—विजयदेवकी अभ्यन्तर परिषद्में जो आठ हजार (८०००) देव रहते हैं उनके सिंहासन स्वामीके सिंहासनसे अग्नि-दिशामें स्थित रहते हैं ॥ २२१ ॥

सेणा - महत्तराणं, सयाणं होंति दिव्व - पीढाणि ।
सिंहासण - पच्छिमदो, वर - कंचण-रयण-रइदाइं ॥२२२॥

अर्थ—सात सेना-महत्तरोंके उत्तम स्वर्ण एवं रत्नोंसे रचित दिव्य पीठ मुख्य सिंहासनके पश्चिममें होते हैं ॥ २२२ ॥

तणुरक्खा अट्ठारस - सहस्स - संखा हवंति पत्तेक्कं ।
ताणं चउसु दिसासुं, चेट्ठंते सह - पीढाणि ॥२२३॥

१८००० । १८००० । १८००० । १८००० ।

अर्थ—विजयदेवके अंगरक्षक देवोंके भद्रपीठ चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें अठारह हजार (पूर्वमें १८०००, दक्षिणमें १८०००, पश्चिममें १८००० और उत्तरमें १८०००) प्रमाण स्थित हैं ॥ २२३ ॥

सत्त-सर-महुर-गीयं, गायंता पडह-वंस-पहुदीहिं ।
वायंता णच्चंता[1], विजयं रञ्जंति तत्थ सुरा ॥२२४॥

अर्थ—वहाँ देव सात स्वरोंसे परिपूर्ण मधुर गीत गाते हैं और पटह एवं बांसुरी आदिक बाजे बजाते एवं नाचते हुए विजयदेवका मनोरंजन करते हैं ॥ २२४ ॥

रायंगणस्स बाहिं, परिवार-सुराण होंति पासादा ।
धिक्कुरिय-धय - वडाया, वर-रयणुज्जोह-अहिरामा ॥२२५॥

अर्थ—परिवार-देवोंके प्रासाद राजाङ्गणसे बाहर फहराती हुई ध्वजा-पताकाओं सहित और उत्तम रत्नोंकी ज्योतिसे अधिक रमणीय हैं ॥ २२५ ॥

बहुविह-रति-करणेहिं, कुसलाओ णिच्च-जोव्वण-जुदाओ ।
णाणा - विगुव्वणाओ, माया - लोहादि - रहिदाओ ॥२२६॥
उल्लसिद - विब्भमाओ, [2]छत्त - सहावेण पेम्मवंताओ ।
सव्वाओ देवीओ, ओलग्गंते विजयदेवं ॥२२७॥

अर्थ—बहुत प्रकारकी रति करनेमें कुशल, नित्य यौवन युक्त, नानाप्रकारकी विक्रिया करने वाली, माया एवं लोभादिसे रहित, उल्लास युक्त विलास सहित और छत्र[3]-योगके स्वभाव सदृश प्रेम करने वाली समस्त देवियाँ विजयदेवकी सेवा करती हैं ॥ २२६-२२७ ॥

णिय-णिय-ठाण णिविट्ठा, देवा सव्वे वि विजय-संपुण्णा ।
णिब्भर - भत्ति - पसत्ता, सेवंते विजयमणवरतं ॥२२८॥

अर्थ—अपने-अपने स्थान पर रहते हुए भी सब देव विनयसे परिपूर्ण होकर और अतिशय भक्तिमें आसक्त होकर निरन्तर विजयदेवकी सेवा करते हैं ॥ २२८ ॥

विजयदेवके नगरके बाहर स्थित वन-खण्डोंका निरूपण

तप्पुरीए बाहिं, गंतूणं जोयणाणि पणवीसं ।
चत्तारो वणसंडा, पत्तेक्कं चेत्त - तरु - जुत्ता ॥२२९॥

---

१. द. ब. ज. णं चित्ता, क. णं चत्ता । २. ब. ज. क. ठ. छित्त । ३. ज्योतिषमें छत्र योग दो प्रकारसे कहे गये हैं । (१) जन्मकुण्डलीमें सप्तम भावसे आगेके छहों स्थानोंमें समस्त ग्रह स्थित हों तो छत्र योग होता है । यह योग जातकको अपूर्व सुख-शान्ति देता है । (२) रविवारको पू० फा०, सोमवारको स्वाति, मंगलको मूल, बुधवारको अश्वि०, गुरुवारको उत्तरा षा०, शुक्रवारको कृत्तिका और शनिवारको पुनर्वसु नक्षत्र हो तो छत्र योग बनता है । इस योगमें किया हुआ कार्य पूर्ण फलदायी होता है ।

अर्थ—उस नगरीके बाहर पच्चीस (२५) योजन जाकर चार वन-खण्ड स्थित हैं। प्रत्येक वनखण्ड चैत्यवृक्षोंसे संयुक्त है ॥ २२९ ॥

होंति हु तरणि[1] वणाणि, दिव्वाणि असोव-सत्त-वण्णाणं ।
चंपय - चूद - वणा तह, पुव्वादि - पदाहिणि - कमेणं ॥२३०॥

अर्थ—अशोक, सप्तपर्ण, चम्पक और आम्र वृक्षोंके ये वन पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिणा क्रमसे हैं ॥ २३० ॥

बारस-सहस्स-जोयण-दीहा ते होंति पंच-सय-रुंदा ।
पत्तेक्कं वणसंडा, बहुविह रुक्खेहि परिपुण्णा ॥२३१॥

१२००० । ५०० ।

अर्थ—बहुत प्रकारके वृक्षोंसे परिपूर्ण वे प्रत्येक वन-खण्ड बारह हजार (१२०००) योजन लम्बे और पाँच सौ (५००) योजन चौड़े हैं ॥ २३१ ॥

चैत्य-वृक्ष

एदेसुं चेत्त-दुमा, भवण-चेत्त-दुमा व सारिच्छा ।
ताणं चउसु दिसासुं, चउ-चउ-जिण-णाह-पडिमाओ ॥२३२॥

अर्थ—इन वनोंमें भवनलोकके चैत्यवृक्षोंके सदृश जो चैत्यवृक्ष स्थित हैं, उनकी चारों दिशाओंमें चार जिनेन्द्र प्रतिमाएँ हैं ॥ २३२ ॥

देवासुर-महिदाओ, सपाडिहेराओ[2] रयण-मइयाओ ।
पल्लंक - आसणाओ, जिणिंद - पडिमाओ विजयंते ॥२३३॥

अर्थ—देव एवं असुरोंसे पूजित, प्रातिहार्यों सहित और पद्मासन स्थित वे रत्नमय जिनेन्द्र प्रतिमाएँ जयवंत हैं ॥ २३३ ॥

अशोकदेवके प्रासादका सविस्तार वर्णन

चेत्तदुम[3] - ईसाणे, आगे चेट्ठेदि दिव्व - पासादो ।
इगितीस - जोयणाणि, कोसब्भहियाणि वित्थिण्णो ॥२३४॥

३१ । को १ ।

---

१. ब. ब. क. क. तरुणं । २. द. ब. सपाडिहेराओ रयणमइयाओ, क. ब. सपाडिहेराओ रयणमइयाओ । ३. द. ब. क. ब. चेत्तदुमीसाणे आगे चेट्ठेदि हु होदि दिव्वपासादो ।

अर्थ—प्रत्येक चैत्यवृक्षके ईशान-दिशा-भागमें एक कोस अधिक इकतीस योजन प्रमाण विस्तारवाला दिव्य प्रासाद स्थित है ।। २३४ ।।

तासद्धिं बुगुण-उदओ, वु-कोस गाढो विचित्त-मणि-संगो ।
चउ - अट्ठ - जोयणाणि, [1]दंदुच्छेधालो तद्दारे ।।२३५।।

६२।२ को । को २ । ४ । ८

अर्थ– अनुपम मणिमय खम्भोंसे संयुक्त इस प्रासादकी ऊंचाई विस्तारसे दुगुनी (६२½ योजन) और अवगाह दो कोस प्रमाण है । उसके द्वारका विस्तार चार (४) योजन और ऊँचाई आठ (८) योजन है ।। २३५ ।।

पज्जलंत-रयण-दीवा, विचित्त - सयणासणेहि परिपुण्णा ।
सद्द - रस - रूव - गंध[2] - प्फासेहि जय[3]-मणाणंदो ।।२३६।।
कणयमय-कुड्ड[4]-विरचिद-विचित्त-चित्त-प्पबंध-रमणिज्जो ।
अच्छरिय-जणण-रूवो, किं बहुणा सो णिरुवमाणो ।।२३७।।

अर्थ—उपर्युक्त प्रासाद देदीप्यमान रत्नदीपकों सहित, अनुपम शय्याओं एवं आसनोंसे परिपूर्ण और शब्द, रस, रूप, गन्ध तथा स्पर्शसे इन्द्रिय एवं मनको आनन्दजनक, सुवर्णमय भीतों पर रचे गये अद्भुत चित्रोंके सम्बन्धसे रमणीय और आश्चर्यजनक स्वरूपसे संयुक्त हैं। बहुत कहनेसे क्या ? वह प्रासाद अनुपम है ।। २३६-२३७ ।।

तस्सि असोयदेवो, रमेदि देवी - सहस्स - संजुत्तो ।
वर-रयण-मउडधारी, चमरं छत्तादि - सोहिल्लो ।।२३८।।

अर्थ—उस प्रासादमें उत्तम रत्न-मुकुटको धारण करने वाला और चमर तथा छत्रादिसे सुशोभित वह अशोक देव हजारों देवियोंसे युक्त होकर रमण करता है ।। २३८ ।।

सेसम्मि वइजयंत-पिदए विजयं व[5] अण्णहं सयलं ।
दक्खिण-पच्छिम-उत्तर-दिसासु ताणं पि णयराणि ।।२३९।।

[6]जंबूदीव-पण्णत्ती समत्ता ।

अर्थ– शेष वैजयन्तादि तीन देवोंका सम्पूर्ण वर्णन विजय देवके ही सदृश है । इनके भी नगर क्रमशः दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशामें स्थित हैं ।। २३९ ।।

इस प्रकार (द्वितीय) जम्बूद्वीपका वर्णन समाप्त हुआ ।

---

१. द. ब. दंदं छेदालो, क. दंदं छेदालो । २. द. ब. गंधे । ३. द. ब. कुसमणाणंदो, क. कुसंमणाणंदो, ज. कुसमणसस्संदो । ४. ब. कुंड्य । ५. द. ब. क. ज. णि । ६. ब. जंबूदीव ।

स्वयम्प्रभ-पर्वत का वर्णन

दीवो[1] सयंभुरमणो, चरिमो सो होदि सयल-दीवाणं[2] ।
चेट्ठेदि तस्स मज्झे, वलएण सयंपहो सेलो ॥२४०॥

अर्थ—सब द्वीपोंमें अन्तिम वह स्वयम्भूरमणद्वीप है। उसके मध्य-भागमें वलयाकार स्वयंप्रभ शैल स्थित है ॥ २४० ॥

जोयण-सहस्समेक्कं, गाढो तर-विविह-रयण-दिप्पंतो ।
मूलोवरि-भाएसुं[3], तड - वेदी - उववणादि - जुदो ॥२४१॥

अर्थ—यह पर्वत एक हजार (१०००) योजन प्रमाण अवगाह सहित, उत्तम अनेक प्रकारके रत्नोंसे देदीप्यमान और मूल एवं उपरिम भागोंमें तट-वेदी तथा उपवनादिसे संयुक्त है ॥ २४१ ॥

तग्गिरिणो उच्छेहे[4], वासे कूडेसु जेत्तियं माणं ।
तस्सि काल - वसेणं,[5] उवएसो संपइ पणट्ठो ॥२४२॥

एवं विण्णासो समत्तो ॥४॥

अर्थ—इस पर्वतकी ऊँचाई, विस्तार और कूटोंका जितना प्रमाण है, उसका उपदेश इस समय कालवश नष्ट हो चुका है ॥ २४२ ॥

इसप्रकार विन्यास समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

वृत्ताकार क्षेत्रका स्थूल क्षेत्रफल प्राप्त करनेकी विधि

एत्तो खेत्त[6]-रयणायराणं बादर-खेत्तफलं वत्तइस्सामो । तत्थ जंबूदीवमादिं कादूण वट्टसरूवावट्ठिद-खेत्ताणं खेत्तफल-पमाणाणयणट्ठमिमा[7] सुत्त-गाहा—

अर्थ—अब यहाँसे आगे द्वीप-समुद्रोंके स्थूल क्षेत्रफलको कहते हैं। उनमेंसे जम्बूद्वीप को आदि करके गोलाकारसे अवस्थित क्षेत्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण लानेके लिए यह सूत्र-गाथा है—

ति-गुणिय-वासा परिही, तीए[8] विक्खंभ-पाद-गुणिदाए ।
जं लद्धं तं बादर - खेत्तफलं सरिस - वट्टाणं[9] ॥२४३॥

---

१. द. क. ज. आदीओ । २. द. देवाणं । ३. ट. ब. क. ज. उच्छेहो । ४. ब. ब क. ज. वसेसा । ५. द. ब. क. ज. दीवरयणायराणं बादरमेवत्तफलं । ६. द. ब. क. ज. मिस्सा । ७. द. ब. क. ज. परिहीए । ८. द. ब क. ज. वट्टाणं ।

अर्थ—गोल क्षेत्रके विस्तारसे तिगुनी उसकी बादर परिधि होती है, इस परिधिको विस्तारके चतुर्थ भागसे गुणा करने पर जो राशि प्राप्त हो उतना समान-गोल-क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४३ ॥

उदाहरण—जम्बूद्वीपका विस्तार १००००० योजन है। १००००० × ३ = ३००००० योजन स्थूल परिधि। ३००००० × $\frac{१}{४}$ × $\frac{१}{४}$ = ७५०००००००० वर्ग योजन बादर क्षेत्रफल।

वलयाकार क्षेत्रका आयाम एवं स्थूल क्षेत्रफल प्राप्त करनेकी विधियाँ

लवणसमुद्दमादिं कादूण उवरि वलय-सरूवेण ठिवदीव-समुद्दाणं खेत्तफलमाणयणट्ठं एदा वि सुत्त-गाहाओ—

अर्थ—लवणसमुद्रको आदि करके आगे वलयाकारसे स्थित द्वीप-समुद्रोंका क्षेत्रफल लानेके लिए ये सूत्र-गाथाएँ हैं—

सयलेणूणं दंवं, णवहि गुणं इच्छियस्स आयामो ।
तं दंवेण य गुणिदं, खेत्तफलं दीव - उवहीणं ॥२४४॥

अर्थ—इच्छित क्षेत्रके विस्तारमेंसे एक लाख कम करके शेष को नौसे गुणा करने पर इच्छित द्वीप या समुद्रका आयाम होता है। पुनः इस आयामको विस्तारसे गुणा करने पर द्वीप-समुद्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २४४ ॥

उदाहरण—लवणसमुद्रका विस्तार २ लाख यो० है।

ल० स० का आयाम = (२ ला० — १ ला०) × ९ = ९०००० योजन।

" " " बादर क्षेत्रफल = ९ ला० आयाम × २ ला० वि० = १८०००००००००० वर्ग योजन।

अहवा आदिम-मज्झिम-बाहिर-सूईण मेलिदं माणं ।
विक्खंभ - हदे इच्छिय - वलयाणं बादरं खेत्तं ॥२४५॥

अर्थ—अथवा—आदि, मध्य एवं बाह्य सूचियोंके प्रमाणको मिलाकर विस्तारसे गुणित करने पर इच्छित वलयाकार क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४५ ॥

उदाहरण—लवण समुद्रकी आदि सूची १ ला० यो० + मध्य सूची ३ ला० यो० + बाह्य सूची ५ ला० यो० = ९ लाख योजन। ल० स० का बादर क्षेत्रफल = ९ लाख × २ लाख विस्तार = १८००००००००००० वर्ग योजन।

अहवा ति-गुणिय-मज्झिम-सूई आणेज्ज इट्ठ-वलयाणं ।
तह य पमाणं तं चिय, दंव - हदे वलय - खेत्तफलं ॥२४६॥

अर्थ—अथवा-तिगुनी मध्य-सूचीका इष्ट वलय-क्षेत्रोंका पूर्वोक्त अर्थात् आदि, मध्यम और बाह्य सूचियोंका सम्मिलित प्रमाण जानना चाहिए। इसे विस्तारसे गुणित करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना उन वलय-क्षेत्रोंका बादर क्षेत्रफल होता है ॥ २४६ ॥

उदाहरण लवण समुद्रकी तीनों सूचियोंका योग (१ ल० + ३ ल० + ५ ल० =) ९ लाख होता है और मध्यम सूची ३ लाख को ३ से गुणित करनेपर भी (३ लाख × ३ =) ९ लाख होता है।

ल० स० का बादर क्षेत्रफल = ९ लाख × २ लाख विस्तार = १८०००००००००० वर्ग योजन।

द्वीप-समुद्रोंके बादर क्षेत्रफलका प्रमाण

जंबूदीवस्स बादर - खेत्तफलं सत्त - सय - पण्णास - कोडि-जोयण-पमाणं—७५०००००००० । लवणसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठारस-सहस्स-कोडि-जोयण-पमाणं—१८०००००००००० । धादइसंड-दीवस्स बादर-खेत्त-फलं अट्ठ-सहस्स-कोडि-अब्भहिय-एक्क-लक्ख-कोडि-जोयण-पमाणं—१०८०००००००००० । कालोवग - समुद्दस्स बादर-खेत्तफलं चत्तारि - सहस्स - कोडि - अब्भहिय - पंच - लक्ख - कोडि - जोयण-पमाणं—५०४०००००००००० । पोक्खरवर - दीवस्स खेत्तफलं सट्ठि-सहस्स-कोडि-अब्भहिय[1]-एक्क-बीस-लक्ख-कोडि-जोयण-पमाणं—२१६०००००००००० । पोक्खरवर - समुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीस - सहस्स - कोडि - अब्भहिय - उणणउदि-लक्ख-कोडि-जोयण-पमाणं—८९२८०००००००००० ।

अर्थ—जम्बूद्वीपका बादर क्षेत्रफल सात सौ पचास करोड़ (७५००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है। लवणसमुद्र का बादर क्षेत्रफल अठारह हजार करोड़ (१८००००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है। धातकी खण्डद्वीपका बादर क्षेत्रफल एक लाख आठ हजार करोड़ (१०८००००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है। कालोदसमुद्रका बादर क्षेत्रफल पाँच लाख चार हजार करोड़ (५०४००००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है। पुष्करवरद्वीपका बादर क्षेत्रफल इक्कीस लाख साठ हजार करोड़ (२१६००००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है और पुष्करवर समुद्रका बादर क्षेत्रफल नवासी लाख अट्ठाईस हजार करोड़ (८९२८००००००००) वर्ग योजन प्रमाण है।

---

१. द. अब्भहिएक्क।

विशेषार्थ—

क्र०	नाम	(विस्तार-१ लाख) × ९=आयाम	आयाम × वि० = बादर क्षेत्रफल
१.	लवण समुद्र	(२ ला०—१ ला०) × ९=९ ला०यो०	९ला० × २ला०=१८०००करोड़वर्ग यो०
२.	धातकी खण्ड	(४ ला०—२ला०) × ९= २७ला०यो०	२७ला० × ४ला०=१०८००० क० ,, ,,
३.	कालोद स०	(८ला०—१ला०) × ९=६३ ला०यो०	६३ला० × ८ला०=५०४००० क० ,, ,,
४.	पुष्कर० द्वीप	(१६ला०-१ला०) × ९=१३५ला०यो०	१३५ला० × १६ला०=२१६०००० ,, ,,
५.	पुष्कर० समुद्र	(३२ला०-१ला०) × ९=२७९ ला०यो०	२७९ला० × ३२ला०=८९२८००० ,, ,,

जघन्य-परीतासंख्यातवें क्रमवाले द्वीप या समुद्रका बादर क्षेत्रफल

एवं जंबूदीव-प्पहुदि-जहण्ण-परित्तासंखेज्जयस्स [1]रूवाहियच्छेदणयमेत्तट्ठाणं[2] गंतूण दुवे-[3]जीवस्स खेत्तफलं जहण्ण-परित्तासंखेज्जयं रूऊण-जहण्ण-परित्तासंखेज्जएण गुणिय-पुणो णव-सहस्स-कोडि-जोयणेहि गुणिदमेत्तं[4] खेत्तफलं होदि। तच्चेदं—१६। १६। ९०००००००००००।

अर्थ—इसप्रकार जम्बूद्वीपको आदि लेकर जघन्य-परीतासंख्यातके एक अधिक अर्धच्छेद प्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल जघन्य-परीतासंख्यातको एक कम जघन्य-परीतासंख्यातसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना है। वह प्रमाण यह है—१६×(१६ — १)×९०००००००००००।

(संदृष्टिमें ग्रहण किया गया १६, जघन्यपरीतासंख्यातका कल्पित मान है)।

पल्योपमके एक अधिक अर्धच्छेद स्थानपर स्थित द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल

पुणो जंबूदीव-प्पहुदि-पलिदोवमस्स रूवाहियच्छेदणय-मेत्तं ठाणं गंतूण दुवे-जीवस्स खेत्तफलं पलिदोवमं रूऊण-पलिदोवमेण गुणिय पुणो णव-सहस्स-कोडि-जोयणेहि गुणिदमेत्तं होदि। तच्चेदं पमाणं—प। प १। ९०००००००००००। एवं णाणिसूण[5] णेदव्वं जाव सयंभूरमण-समुद्दोत्ति।

---

१ द. ज. क रूवाहिय, ब. रूवोय। २. ब. क. मेत्तठाणं। ३. ब. जीवस्स। ४. ब. ज. गुणिद खेत्तं होदि। ५. द. ज. णाणिसूण, ब. णाणरूवूण।

अर्थ—पश्चात् जम्बूद्वीपको आदि लेकर पल्योपमके एक अधिक अर्धच्छेदप्रमाण स्थान जाकर जो द्वीप स्थित है उसका क्षेत्रफल पल्योपमको एक कम पल्योपमसे गुणा करके फिर नौ हजार करोड़ योजनोंसे भी गुणा करनेपर प्राप्त हुई राशिके प्रमाण है। वह प्रमाण यह है—पल्य × (पल्य—१) × ९०००००००००० यो०। इसप्रकार जानकर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त क्षेत्रफल ले जाना चाहिए।

स्वयम्भूरमण समुद्रका बादर क्षेत्रफल

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो-सयंभूरमण-समुद्दस्स खेत्तफलं जगसेढीए वग्गं णव-कवेहि गुणिय सत्त-सय-चउसीदि-रूवेहि भजिदमेत्तं पुणो एक्क - लक्ख बारस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि गुणिद-रज्जूए अब्भहियं होदि। पुणो एक्क-सहस्स-छस्सय-सत्तासीदि-कोडीओ पण्णास-लक्ख-जोयणेहि पुव्विल्ल-वोण्णि-रासीहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा $=\frac{९}{७८४}$ **घण रज्जू** $\overline{\text{ज}}$ । ११२५०० **रिण जोयणाणि १६८७५०००००००।**

अर्थ—इनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—

जगच्छ्रेणीके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें सात सौ चौरासीका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमें फिर एक लाख बारह हजार पाँच सौ योजनोंसे गुणित राजूको जोड़कर पुनः एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजनोंसे पूर्वोक्त दोनों राशियोंको कम करनेपर जो शेष रहे उतना स्वयम्भूरमण समुद्रका क्षेत्रफल है। उसकी स्थापना—{(७ × ७ × ९) ÷ (७८४)} + (१ राजू × ११२५००) — १६८७५०००००० योजन।

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका बादर-क्षेत्रफल निकालनेके लिए इसी अधिकारकी गाथा २४४ का उपयोग किया गया है। स्वयम्भूरमण समुद्रके बादर-क्षेत्रफलकी प्राप्ति हेतु सूत्र—स्वयं० का बा० क्षे० = (स्वयं० समुद्रका व्यास) × ९ × (स्वयं० सं० का व्यास—१ ला० यो०)

नोट—स्वयम्भूरमण समुद्रका व्यास $\frac{\text{जग०}}{२८}$ + ७५००० योजन है।

बादर क्षेत्रफल = $\left(\frac{\text{जग०}}{२८} + ७५०००\text{यो०}\right) \times ९ \times \left(\frac{\text{जग०}}{२८} + ७५०००\text{यो०} - १००००० \text{ यो०}\right)$

$= \left(\frac{१}{२८}\text{ जगच्छ्रेणी} + ६७५००० \text{ यो०}\right) \times \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \text{ यो०}\right)$

क्षेत्रफल = $\frac{९\,(\text{जगच्छ्रेणी})^२}{७८४} + \text{जग०}\left[\frac{१}{२८} \times (-२५००० \text{ यो०}) + \frac{६७५००० \text{ यो०}}{२८}\right] -$

$(२५००० \text{ यो०} \times ६७५००० \text{ यो०})$

$= \frac{3}{4}$ (जगच्छ्रेणी)^2 + (११२५०० वर्ग यो० × १ राजू) — १६८७५०००००० वर्ग योजन बादर क्षेत्रफल है ।

नोट—(२८)^2 = ७८४ होता है और जगच्छ्रेणी = ७ राजू है ।

उन्नीस विकल्पों द्वारा द्वीप-समुद्रोंका अल्पबहुत्व

एत्तो दीव-रयणायराणं एऊणवीस-वियप्पं अप्पबहुअं वत्तइस्सामो । तं जहा—

पढम-पक्खे जंबूदीव-सयल-रुंदादो लवणजलीर-रासिस्स एय-दिस-रुंदम्मि बड्ढी-गदे सिज्झइ । जंबूदीव-लवणसमुद्दादो धादइ-संडस्स । एवं सव्वब्भंतरिम-दीव-रयणायराणं एय-दिस-रुंदादो तदणंतर-बाहिर-णिविट्ठ-दीवस्स वा तरंगिणी-रमणस्स वा एस-दिस-रुंद-बड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—अब यहांसे उन्नीस विकल्पों द्वारा द्वीप-समुद्रोंके अल्पबहुत्वको कहते हैं । वह इसप्रकार है—

प्रथम पक्षमें जम्बूद्वीपके सम्पूर्ण विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डके विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण ज्ञात किया जाता है । इसप्रकार समस्त अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर बाह्य-भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिके प्रमाणकी सिद्धि ज्ञात की जाती है ।।

बिदिय-पक्खे जंबूदीवस्सद्धादो लवण-सिण्णगाणाहस्स एय-दिस-रुंदम्मि बड्ढी गदे सिज्झइ । तदो जंबूदीवस्सद्धम्मि सम्मिलिद-लवणसमुद्दादो धादइसंडस्स । एवं सव्वब्भंतरिम-दीव-उवहीणं एय-दिस-रुंदादो तदणंतर-बाहिर-णिविट्ठ-दीवस्स वा तरंगिणी रमणस्स वा एय-दिस-रुंदम्मि बड्ढी-गदे-सिज्झइ ।।

अर्थ—द्वितीय-पक्षमें जम्बूद्वीपके अर्ध-विस्तारसे लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है । पश्चात् जम्बूद्वीपके अर्ध-विस्तारसे लवणसमुद्रके विस्तारको मिलाकर इस सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपके विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है । इसप्रकार संपूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशा संबन्धी विस्तारसे उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशा संबन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

तदिय-पक्खे इच्छिय-सलिलरासिस्स एय-दिस-रुंदादो तदणंतर-तरंगिणी-णाहस्स एय-दिस-रुंदम्मि बड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—तृतीय-पक्षमें अभीष्ट समुद्रके एक दिशा संबन्धी विस्तारसे उसके अनन्तर स्थित समुद्रके एक दिशासंबन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

तुरिम-पक्खे अब्भंतरिम-गोरधीणं एय-दिस-विक्खम्भादो तदणंतर-तरंगिणी-णाहस्स एय-दिस-विक्खम्भि वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—चतुर्थ-पक्षमें अभ्यन्तर समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक-दिशासम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी खोज की जाती है ।।

पंचम-पक्खे इच्छिय-दीवस्स एय-दिस-रुंदादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स एय-दिस-रुंदम्मि वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—पंचम-पक्षमें इच्छित द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारसे तदनन्तर उपरिम द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

छट्ठम-पक्खे अब्भंतरिम-सव्व-दीवाणं एय-दिस-रुंदादो तदणंतोवरिम-दीवस्स एय-दिस-रुंदम्मि वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—छठे पक्षमें अभ्यन्तर सब द्वीपोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीपके एकदिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

सत्तम-पक्खे अब्भंतरिमस्स दीवाणं दोण्णि-दिस रुंदादो तदणंतर-बाहिर-ट्ठिविट्ठ दीवस्स एय-दिस-रुंदम्मि वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—सातवें पक्षमें अभ्यन्तर द्वीपोंके दोनों दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर बाह्य स्थित द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

अट्ठम-पक्खे हेट्ठिम-सयल-मयरहराणं दोण्णि दिस-रुंदादो तदणंतर-बाहिरणी-रमणस्स एय-दिस-रुंदम्मि वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—आठवें पक्षमें अधस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

णवम-पक्खे जंबूदीव-बादर-सुहुम-खेत्तफलप्पमाणेण उवरिमापमाणंत-दीवाणं खेत्तफलस्स खंड[1]-सलागं कादूण वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

---

१. द. ब. क. ज. खंद ।

अर्थ—नवमपक्षमें जम्बूद्वीपके बादर और सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे आगेके समुद्र और द्वीपोंके क्षेत्रफलकी खण्ड-शलाकाएँ करके वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

दसम-पक्खे जंबूदीवादो लवणसमुद्दस्स लवणसमुद्दादो धादईसंडस्स एवं दीवादो उवहिस्स उवहीदो दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—दसवें पक्षमें जम्बूद्वीपसे लवणसमुद्रकी और लवणसमुद्रसे धातकीखण्डद्वीपको इसप्रकार द्वीपसे समुद्रकी अथवा समुद्रसे द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिके प्रमाणकी सिद्धि की जाती है ।।

एक्कारसम-पक्खे अब्भंतर-कल्लोलिणी-रमण-दीवाणं खंडसलागाणं समूहादो बाहिर-ल्लिविट्ठ-णीररासिस्स वा दीवस्स वा खंडसलागाणं वड्ढी-गदे-सिज्झइ ।।

अर्थ—ग्यारहवें-पक्षमें अभ्यन्तरसमुद्र एवं द्वीपोंकी खण्डशलाकाओंके समूहसे बाह्य भागमें स्थित समुद्र अथवा द्वीपकी खण्डशलाकाओंकी वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

बारसम पक्खे इच्छिय-सायरादो दीवस्स दीवादो णीररासिस्स खेत्तफलस्स वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—बारहवें-पक्षमें इच्छित समुद्रसे द्वीपके और द्वीपसे समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

तेरसम-पक्खे अब्भंतरिम-दीव-पयोहीणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स वा तरंगिणी-णाहस्स वा खेत्तफलस्स वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—तेरहवें-पक्षमें अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

चोद्दसम-पक्खे लवणसमुद्दादि-इच्छिय-समुद्दादो तदणंतर-तरंगिणी-रासिस्स खेत्तफलस्स वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—चौदहवें-पक्षमें लवणसमुद्रको आदि लेकर इच्छित समुद्रके क्षेत्रफलसे उससे अनन्तर स्थित समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

पण्णारसम - पक्खे सव्वब्भंतरिम-मयरहराणं खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-विण्णाणा-णाहस्स [खेत्तफलस्स] वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—पन्द्रहवें-पक्षमें समस्त अभ्यन्तर समुद्रोंके क्षेत्रफलसे उनके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके क्षेत्रफलकी वृद्धिकी सिद्धि की जाती है ।।

सोलसम-पक्खे धादइसंडादि-इच्छिय-दीवादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स खेत्त-फलस्स वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—सोलहवें-पक्षमें धातकीखण्डादि इच्छित द्वीपसे उसके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके क्षेत्रफलकी वृद्धि सिद्ध की जाती है ।।

सत्तरसम-पक्खे धादइसंड-पहुदि अब्भंतरिम-दीवाणं खेत्तफलादो तदणंतर-बाहिर-ट्ठिविट्ठ-दीवस्स खेत्तफलस्स वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—सत्तरहवें-पक्षमें धातकीखण्डादि अभ्यन्तर द्वीपोंके क्षेत्रफलसे उनके अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीपके क्षेत्रफलमें होनेवाली वृद्धि सिद्ध की जाती है ।।

अट्ठारसम-पक्खे इच्छिय-दीवस्स वा तरंगिणी-णाहस्स वा आदिम-मज्झिम-बाहिर-सूईणं परिमाणादो तदणंतर-बाहिर-ट्ठिविट्ठ-दीवस्स वा तरंगिणी-णाहस्स वा आदिम-मज्झिम-बाहिर-सूईणं पत्तेक्कं वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—अठारहवें-पक्षमें इच्छित द्वीप अथवा इच्छित समुद्रकी आदि-मध्य और बाह्य-सूचीके प्रमाणसे उसके अभ्यन्तर बाह्य-भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रकी आदि-मध्य एवं बाह्य सूचियोंमेंसे प्रत्येककी वृद्धि सिद्ध की जाती है ।।

एऊणवीसदिम-पक्खे इच्छिय-दीव-सिण्णगा-णाहाणं आयामादो तदणंतर-बाहिर-ट्ठिविट्ठ-दीवस्स वा णीररासिस्स वा आयाम-वड्ढी-गदे सिज्झइ ।।

अर्थ—उन्नीसवें-पक्षमें इच्छित द्वीप-समुद्रोंके आयामसे उनके अनन्तर-बाह्य-भागमें स्थित द्वीप अथवा समुद्रके आयामकी वृद्धि सिद्ध की जाती है ।।

प्रथम-पक्ष

पूर्वोक्त उन्नीस विकल्पोंमेंसे प्रथमपक्ष द्वारा दो सिद्धान्त कहते हैं—

(१) अपरवर्ती द्वीप-समुद्रके सम्मिलित एक दिशा सम्बन्धी विस्तारसे पूर्ववर्ती द्वीप या समुद्रका विस्तार १ लाख यो० अधिक होता है—

तत्थ पढम-पक्खे अप्पबहुसं वत्तइस्सामो । तं जहा-जंबूदीवस्स सयल-विक्खंभादो लवणसमुद्दस्स एय-दिस-रुंदं एक्क-लक्खेणब्भहियं होइ । जंबूदीवेणब्भहिय-लवणसमुद्दस्स एय-दिस-रुंदादो धादइसंडस्स एय-दिस-रुंदं एक्क-लक्खेणब्भहियं होइ । एवं जंबूदीव-सयल-रुंदेणब्भहियं अब्भंतरिम रयणायर-दीवाणं एय-दिस-रुंदादो तदणंतर बाहिर-

णिविट्ठ-दीवस्स वा तरंगिणी-रमणस्स वा एय-दिस-रूंदं एक्क-लक्खेणब्भहियं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ।

अर्थ—उपर्युक्त उन्नीस विकल्पोंमेंसे प्रथम पक्षमें अल्पबहुत्वको कहते हैं वह इसप्रकार है—

जम्बूद्वीपके समस्त विस्तारकी अपेक्षा लवण समुद्रका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है। जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है। इसप्रकार जम्बूद्वीपके समस्त विस्तार सहित अभ्यन्तर समुद्र एवं द्वीपोंके सम्मिलित एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके आगे (बाहर) स्थित द्वीप अथवा समुद्रका विस्तार एक-एक लाख योजन अधिक है। इसप्रकार स्वयम्भूरमण समुद्र-पर्यन्त ले जाना चाहिए।

विशेषार्थ—यहां जम्बूद्वीपसे लेकर इष्ट द्वीप या समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी सम्मिलित विस्तारसे उनके आगे स्थित द्वीप या समुद्रका विस्तार निकाला जाता है। इस तुलनामें वह एक-एक लाख योजन अधिक रहता है। यथा—जम्बूद्वीपके पूर्ण विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्रका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार एक लाख योजन अधिक है।

पुनः जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रका विस्तार यदि एक दिशामें सम्मिलित किया जाय तो ३ लाख योजन होगा, जिसकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार ४ लाख योजन होनेसे (४ लाख — ३ लाख =) १ लाख योजन अधिक है।

सव्वट्ठो-आगमण-हेदुं इमा सुत्त-गाहा—

इच्छिय-दीवुवहीणं[1], चउ-गुण-रूंदम्मि पढम-सूइ-जुदं ।
तिय-भजिदं तं सोहसु, दुगुणिद-रूंदम्मि सा हवे वड्ढी ॥२४७॥

अर्थ—इस वृद्धि-प्रमाणको प्राप्त करनेके लिए यह गाथा सूत्र है—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके चौगुने विस्तारमें आदि सूचीके प्रमाणको मिलाकर तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे विवक्षित द्वीप-समुद्रके दुगुने विस्तारमेंसे कम कर देनेपर शेष वृद्धिका प्रमाण होता है ॥२४७॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त गाथामें शेष वृद्धिका प्रमाण प्राप्त करनेकी विधि बताई गई है। जिसका सूत्र इसप्रकार है—

---

१. ब. ब. क. ज. दीवोवहीणं।

शेषवृद्धि = २ (इष्ट द्वीप या समुद्रका व्यास) − $\left(\frac{४ \times \text{इष्ट द्वीप या समुद्रका व्यास} + \text{उसकी आदि सूची}}{३}\right)$

= $\frac{२ \times (\text{इष्टद्वीप या समुद्रका व्यास}) - (\text{उसकी आदि सूची})}{३}$

उदाहरण—यहाँ पुष्करवरद्वीप विवक्षित है अतः उसकी विस्तार वृद्धिका प्रमाण निकालना है। पुष्करवरद्वीपका व्यास १६ लाख योजन तथा उसकी आदि सूची २६ लाख योजन है, अतएव यहाँ—

शेषवृद्धि = $\left(२ \times १६ \text{ लाख यो०}\right) - \left(\frac{४ \times १६ \text{ ला० यो०} + २६ \text{ ला० यो० आदि सूची}}{३}\right)$

= ३२ लाख यो० − $\frac{६३ \text{ ला० यो०}}{३}$

= ३२ लाख यो० − ३१ लाख यो० = १ लाख योजन शेष वृद्धि।

(२) इष्ट द्वीप या समुद्रकी अर्ध आदिम सूची प्राप्त करनेकी विधि—

इट्ठस्स दीवस्स वा सायरस्स वा आदिम-सूइस्सद्धं
लक्खद्ध-संजुदस्स आणयण-हेदुमिमा सुत्त-गाहा—
इच्छिय-दीवुवहीणं,[1] रुंदं दो-लक्ख-विरहिदं मिलिदं।
बाहिर-सूइम्मि तदो, पंच-हिदं तत्थ जं लद्धं ॥२४८॥
आदिम-सूइस्सद्धं, लक्खद्ध-जुदं हवेदि इट्ठस्स।
एवं लवणसमुद्द - प्पहुदिं आणेज्ज अंतो त्ति ॥२४९॥

अर्थ—विवक्षित द्वीप अथवा समुद्रकी अर्ध-लाख योजनोंसे संयुक्त अर्ध आदिम सूची प्राप्त करने हेतु ये सूत्र-गाथाएँ हैं—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंके विस्तारमेंसे दो लाख कम करके शेषको बाह्य सूचीमें मिलाकर पाँचका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो, उतना अर्ध-लाख सहित इष्ट द्वीप अथवा समुद्रकी अर्ध-आदिम सूचीका प्रमाण होता है। इसीप्रकार लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र पर्यन्त (सूची प्रमाणको) लाना चाहिए ॥ २४८-२४९ ॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त गाथासे सम्बन्धित सूत्र इसप्रकार है—अर्ध लाख यो० + इष्ट द्वीप समुद्रकी अर्ध आदि सूची = ५०००० योजन + $\frac{\text{आदिम सूची}}{२}$

---

१. ब. दीवमहीणं, ब. क. ज. दीवोवहीणं।

$$= \frac{\text{उसकी बाह्य सूची} + (\text{उसका व्यास} - २०००००\ \text{यो०})}{५}$$

उदाहरण—मानलो—धातकीखण्डद्वीपकी अर्धलाख योजन सहित आदिम सूची प्राप्त करना है। धातकीखण्डका व्यास ४ लाख योजन, आदिम सूची व्यास ५ लाख योजन और बाह्य सूची व्यास १३ लाख योजन प्रमाण है। इसकी अर्धलाख (५००००) यो० सहित अर्ध आदि (५ लाख ÷ २ = २५०००० यो०) सूची प्राप्त करनेके लिए—

$$= \frac{१३\ \text{लाख यो०} + (४\ \text{लाख यो०} - २\ \text{लाख यो०})}{५}$$

$$= \frac{१३\ \text{ला० यो०} + २\ \text{लाख यो०}}{५}$$

$$= \frac{१५\ \text{ला० यो०}}{५} = ३\ \text{लाख योजन}$$

$$= ५०००० \text{ यो०} + २५०००० \text{ योजन}।$$

द्वितीय-पक्ष

उन्नीस विकल्पोंमेंसे द्वितीय पक्षमें दो सिद्धान्त कहते हैं

(१) विवक्षित सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा अग्रिम द्वीप या समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें १½ लाख यो० की वृद्धि होती है—

बिदिय - पक्खे अप्पबहुलं [1]अवहरसामो - जंबूदीवस्सद्धस्स विक्खंभादो लवण-समुद्दस्स एय-दिस-रुंदं विसेसब्भहियं होदि। जंबूदीवस्सद्धस्स विक्खंभेण सि बद्धेणब्भहिय-लवणसमुद्दस्स एय-दिस-रुंदादो तदणंतर-उवरिम-दीवस्स वा सायरस्स वा एय-दिस-रुंद-वड्ढी विसेसब्भहियं होऊण गच्छदि जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ॥

अर्थ— द्वितीय-पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—जम्बूद्वीपके अर्ध-विस्तारकी अपेक्षा लवणसमुद्र का एक-दिशा-सम्बन्धी विस्तार डेढ़ लाख योजन अधिक है।

जम्बूद्वीपके अर्धविस्तार सहित लवणसमुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डद्वीपका एक दिशा-सम्बन्धी विस्तार भी डेढ़ लाख योजन अधिक है।

---

१. ब. ज. अप्पहस्सामो, ब. अवेदस्सामो।

इसीप्रकार सम्पूर्ण अभ्यन्तर द्वीप-समुद्रोंके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीप अथवा समुद्रके एक दिशा विस्तारमें स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त डेढ़ लाख योजन वृद्धि होती गई है ।।

तम्बड्ढी-आणयण-हेदुमिमा सुत्त-गाहा—

इच्छिय-दीवुवहीणं,[1] बाहिर-सूइस्स अद्धमेत्तम्मि ।
आदिम - सूई सोहसु, अं[2] सेसं तं च परिवड्ढी ।।२५०।।

अर्थ—इस वृद्धि-प्रमाणको प्राप्त करने हेतु ये सूत्र-गाथाएँ हैं—

इच्छित द्वीप-समुद्रोंकी बाह्य सूचीके अर्ध-प्रमाणमेंसे आदिम सूचीका प्रमाण घटा देनेपर जो शेष रहे उतना उस वृद्धि का प्रमाण है ।। २५० ।।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपके अर्ध-विस्तार सहित इष्ट द्वीप या समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा उससे अग्रिम द्वीप या समुद्रका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार १½ लाख योजन अधिक होता है। इस वृद्धिका प्रमाण प्राप्त करने हेतु इष्ट द्वीप या समुद्रकी बाह्य सूचीके अर्ध प्रमाणमेंसे उसीकी आदि सूचीका प्रमाण घटा देना चाहिए। उसका सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या समुद्रके विस्तारमें उपर्युक्त वृद्धि --

=[½ (इष्टद्वीप या समुद्रकी बाह्यसूची) — (उसकी आदि सूची)]= १½ ला० यो० ।

उदाहरण—यहाँ इष्ट कालोदक समुद्र है। इसके विस्तारमें उपर्युक्त वृद्धि प्राप्त करना है। कालोदक समुद्रका विस्तार ८ लाख यो०, बाह्य सूची २९ लाख योजन और आदि सूचीका प्रमाण १३ लाख योजन है। तदनुसार—

कालोदकसमुद्रके विस्तारमें उपर्युक्त वृद्धि—

$=\frac{२९०००००}{२}-१३०००००$ योजन ।

$=१४५००००-१३०००००$ योजन ।

=१५००००० या १½ लाख योजन वृद्धि ।

(२) इष्ट द्वीप या समुद्रसे अभ्यन्तर द्वीप या समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार अपनी आदि सूचीके अर्ध-बाह्य-प्रमाण होता है—

---

१. द. दीवोवहीणं । २. द. ब. क. ज. तं जेसं तत्थ ।

इच्छिय-दीवुवहीओ,[1] हेट्ठिम-दीवोवहीण[2] सं मिलिदं ।
सग-सग - आदिम - सुइस्सद्धं लवणादि - चरिमंतं ॥२५१॥

अर्थ—लवणसमुद्रसे लेकर अन्तिम समुद्र पर्यन्त इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन (पहिलेके) द्वीप-समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार अपनी-अपनी आदिम सूचीके अर्ध-भाग-प्रमाण होता है ॥ २५१ ॥

विशेषार्थ—मानलो-पुष्करवरद्वीप इष्ट है । इसका विस्तार १६ लाख यो० और आदि सूची २९ लाख यो० है । इस आदि सूचीका अर्ध भाग (२९ लाख ÷ २ =) १४५०००० योजन होता है । जो जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्ड और कालोद समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी सम्मिलित विस्तार (१ ला० + २ ला० + ४ ला० + ८ लाख =) १४५०००० योजनके बराबर है । इसकी सिद्धिका सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप या समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार = अपनी-आदि सूची ÷ २ ।

उदाहरण—मानलो- इष्ट द्वीप पुष्करवरद्वीप है । उसके पहले स्थित द्वीप-समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार—

$$= \frac{\text{पुष्करवर द्वीपकी आदि सूची}}{२}$$

$$= \frac{२९ \text{ लाख यो०}}{२} = १४५०००० \text{ योजन} ।$$

तृतीय-पक्ष

विवक्षित समुद्रके विस्तारकी अपेक्षा उससे अग्रिम समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें उत्तरोत्तर चौगुनी वृद्धि होती है—

तदिय-पक्खे अप्पबहुगं वत्तइस्सामो—

लवणसमुद्दस्स एय-दिस-खंडादो कालोदय-समुद्दस्स एय-दिस-खंड-वड्ढि ह्रस्स-संखेज्जगुणहियं होदि । कालोदग-समुद्दस्स एय-दिस-खंडादो पोक्खरवर समुद्दस्स एय-दिस-खंड - वड्ढी चउदोस - संखेज्जगुणहियं होदि । एवं कालोदय - समुद्दप्पहुदि विवक्खिद-

---

१. ब. क. ज. दीवउवहीओ, ब. दीवोवहीओ । २. ब. दीवाउवहीण ।

तदियविचारस्स-सलाहावो तदणंतरोवरिम-खोररासिस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी चउ-गुणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ।।

अर्थ—तृतीय-पदमें अल्पबहुत्व कहते हैं—

लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोदकसमुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि छह लाख योजन अधिक है। कालोदकसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर समुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि चौबीस लाख योजन अधिक है। इसप्रकार कालोदक-समुद्रसे स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त विवक्षित समुद्रके विस्तारकी अपेक्षा उसके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें उत्तरोत्तर चौगुनी वृद्धि होती गई है।।

विशेषार्थ—लवणसमुद्रका एक दिशाका विस्तार दो लाख योजन है। उसकी अपेक्षा कालोद समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी ८ लाख योजन विस्तारकी वृद्धि (८ लाख यो० — २ लाख यो० =) ६ लाख योजन है। कालोदके एक दिशा सम्बन्धी ८ लाख यो० विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी ३२ लाख यो० विस्तारकी वृद्धि (३२ लाख यो० — ८ लाख यो० = २४ लाख योजन अधिक है। पुष्करवर समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी ३२ लाख योजन विस्तार की अपेक्षा वारुणीवरसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी १२८ लाख यो० की वृद्धि (१२८ लाख यो० — ३२ लाख यो० =) ९६ लाख योजन है, जो पुष्करवर समुद्रकी वृद्धिसे (२४ × ४ = ९६) चौगुनी है। इसप्रकार स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त ले जाना चाहिए।

अन्तिम स्वयम्भूरमणसमुद्रकी वृद्धि

तस्स अंतिम - वियप्पं वत्तइस्सामो—अहिंदवर-सायरस्स एय-दिस-रुंदादो सयंभूरमण - समुद्दस्स एय - दिस - रुंद-वड्ढी बारसुत्तर - सएण भजिद-ति-गुण-सेढीओ पुणो छप्पण्ण-सहस्स-दु-सद-पण्णास-जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा—$\frac{रू}{११२}$। एवस्स चए जोयणाणि १६२५०।

अर्थ—उसका अन्तिम विकल्प कहते हैं—अहीन्द्रवर-समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तार की अपेक्षा स्वयम्भूरमण-समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें एकसौ बारहसे भाजित तिगुनी जगच्छ्रेणियाँ और छप्पन हजार दो सौ पचास योजन-प्रमाण वृद्धि हुई है।

उसकी स्थापना इसप्रकार है—$\frac{\text{जगच्छ्रेणी} \times ३}{११२}$ + १६२५० यो०।

उपर्युक्त वृद्धि प्राप्त करनेकी विधि

तब्बड्ढीणं आणयण-सुत्त-गाहा—

इच्छिय-जलणिहि-रुंदं, ति-गुणं वलिदूण तिण्णि-सयसूणं ।
ति-सयसूण-ति-गुण-वासे सोहिय वलिदम्मि सा हवे वड्ढी ।।२५२।।

अर्थ—इन वृद्धियोंको लानेके लिए यह सूत्र गाथा है—

इच्छित समुद्रके विस्तारको आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम कर देनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करने पर वह वृद्धि-प्रमाण आता है ॥ २५२ ॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त गाथासे सम्बन्धित सूत्र इसप्रकार है —

इष्ट समुद्रके विस्तारमें वर्णित वृद्धि—

$$=\frac{(३\times \text{इष्ट समुद्रका व्यास}-३००००० \text{यो०})-\left(\frac{३\times \text{इष्ट समुद्रका व्यास}}{२}-३००००० \text{यो०}\right)}{२}$$

उदाहरण—मानलो-कालोद समुद्रकी अपेक्षा पुष्करवर समुद्रके विस्तारमें हुई वृद्धिका प्रमाण ज्ञात करना है।

सूत्रानुसार—

$$\text{वर्णित वृद्धि}=\frac{(३\times ३२ \text{ ला० यो०}-३००००० \text{ यो०})-\left(\frac{३\times ३२ \text{ला० यो०}}{२}-३००००० \text{यो०}\right)}{२}$$

$$=\frac{९३००००० \text{ यो०}-४५००००० \text{ यो०}}{२}$$

$$=\frac{४८००००० \text{ यो०}}{२}=२४००००० \text{ यो० वृद्धि।}$$

अब यहाँ गाथा-सूत्रानुसार अन्तिम विकल्पमें (अहीन्द्रवर-समुद्रकी अपेक्षा स्वयम्भूरमण समुद्रके विस्तारमें) वर्णित वृद्धि कहते हैं—

वर्णित वृद्धि=

$$=\frac{\{३\times(\text{घन०}+७५००० \text{ यो०})-३००००० \text{ यो०}\}-\{३\times(\text{घन०}+७५००० \text{ यो० })-३ \text{ ला० यो०}\}}{२}$$

$$=\frac{३\times(\text{घन०}+७५०००)-३००००० \text{ यो०}-\{३(\text{घन०}+७५०००)-३००००० \text{ यो० }\}}{२}$$

$$=\frac{३(\text{घन०}+७५०००)}{४}$$

$$=\frac{३\ \text{घन०}}{२\times२\times२८}+\frac{३\times७५०००}{४} \text{ यो०}$$

$= \frac{३ \text{ जगच्छ्रेणी}}{११२} + ५६२५०$ योजन।

चतुर्थ-पक्ष

चतुर्थपक्षके अल्पबहुत्वमें दो सिद्धान्त कहते हैं।

(१) अधस्तन समुद्र-समूहसे उसके आगे स्थित समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें दो लाख कम चौगुनी वृद्धि होती है—

चउत्थ-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामो—लवणणीर-रासिस्स एय-दिस-रुंदादो कालोदग-समुद्दस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी छल्लक्खेणब्भहियं होइ। लवण-समुद्द-संमिलिद-कालोदग-समुद्दादो पोक्खरवर-समुद्दस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी बावीस - लक्खेण अब्भहियं होदि। एवं हेट्ठिम-सायराणं समूहादो तदणंतरोवरिम-णीररासिस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी चउ-गुणं दो-लक्खेहि रहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति॥

अर्थ—चतुर्थ-पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा कालोद समुद्रका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार छह लाख योजन अधिक है। लवणसमुद्र सहित कालोदसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरसमुद्रकी एक दिशा सम्बन्धी विस्तार-वृद्धि बाईस लाख योजन अधिक है। इसप्रकार अधस्तन समुद्र-समूहसे उसके अनन्तर स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें दो लाख कम चौगुनी वृद्धि स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त होती गई है॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी २ लाख यो० विस्तारकी अपेक्षा कालोदक-समुद्रका एक दिशा सम्बन्धी ८ लाख यो० विस्तार (८ ला० यो० — २ ला० यो० =) ६ लाख यो० अधिक है। लवणसमुद्र सहित कालोदकके एक दिशा सम्बन्धी (२ ला० यो० + ८ ला० यो० =) १० लाख योजन विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर समुद्रकी एक दिशा सम्बन्धी ३२ ला० यो० विस्तारमें वृद्धिका-प्रमाण (३२ लाख यो० — १० लाख यो० =) २२ लाख यो० है।

इसप्रकार अधस्तन समुद्र समूहसे उस समुद्रके बादमें (अनन्तर) स्थित अग्रिम समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें २ लाख योजन कम ४ गुनी वृद्धि स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त होती गई है। अर्थात् (६ लाख × ४)—२ लाख = २२ लाख योजनोंकी वृद्धि होती गयी है॥

स्वयम्भूरमणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धिका प्रमाण

तस्स अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो-सयंभूरमणसमुद्दस्स हेट्ठिम-सयल-सायराणं एय-दिस-रुंद-समूहादो सयंभूरमण-समुद्दस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी छ-क्खेहि भजिद-रज्जू

पुणो तिदय-हिद तिण्णि-लक्ख-पण्णास-सहस्स-जोयणाणि अब्भहियं होदि— ४½ अब्भ-जोयणाणि ३५०,००० ।

अर्थ—उसका अन्तिम विकल्प कहते हैं - स्वयम्भूरमण-समुद्रके अधस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तार-समूहकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणसमुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें सह-स्रपोंसे भाजित एक राजू और तीनसे भाजित तीन लाख पचास हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है। इसकी स्थापना (१ या ½ राजू) + ३५००० योजन ।

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमण समुद्रके पहलेके सभी समुद्रोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तार-समूहकी अपेक्षा अन्तिम समुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें ½ राजू + ३५००० योजनोंकी वृद्धि होती है।

तव्वड्ढी-आगमण-हेदुमिमं गाहा-सुत्तं—

अड-लक्ख-हीण-इच्छिय-वासं बारसहि भजिदे लद्धं ।
सोहसु ति-चरण-भागेणाहव वासम्मि सं हवे वड्ढी ॥२५३॥

अर्थ—इस वृद्धिको प्राप्त करने हेतु यह गाथा—सूत्र कहते हैं—इच्छित समुद्रके विस्तारमेंसे आठ लाख कम करके शेषमें बारहका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे विस्तारके तीन चतुर्थ भागोंमेंसे घटा देनेपर जो अवशिष्ट रहे उतनी विवक्षितसमुद्रके विस्तारमें वृद्धि होती है ॥२५३॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{3}{4} \times (\text{इष्ट समुद्रका व्यास}) - \left(\frac{\text{उसका व्यास} - ८००००० \text{ यो०}}{१२}\right)$$

उदाहरण—मानलो-इष्ट समुद्र वारुणीवरसमुद्र है। इसका विस्तार १२८ लाख योजन है। तदनुसार उसमें—

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{3}{4} \times (१२८०००००\ \text{यो०}) - \left(\frac{१२८०००००-८०००००}{१२}\ \text{यो०}\right)$$
$$= ९६०००००\ \text{यो०} - १०००००० = ८६००००० \text{ योजन वृद्धि।}$$

स्वयम्भूरमणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारका प्रमाण $\frac{\text{जग०}}{२८} + ३५०००$ यो० है। अतः इसकी—

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{3}{4} \times \left[\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{२८} + ३५०००\ \text{यो०}\right] - \left[\frac{\text{जग०}}{२८} + ३५००० - ८००००० \text{ यो०}\right]$$
$$= \frac{3}{११२}\ \text{जगच्छ्रेणी} - \frac{1}{११२}\ \text{जग०} + \frac{3}{4} \times ३५००० - \frac{३५०००}{१२} + ८००००००$$
$$= \frac{९\ \text{जग०}}{३३६} - \frac{१\ \text{जग०}}{३३६} + ३५००० \left(३ - \frac{१}{३}\right) + २००००००$$

$= \frac{८ \text{ जग०}}{३३^{२}} + \left(\frac{७५०००}{१} \times \frac{६}{१} + \frac{२०००००}{१} \right)$ यो०

$= \frac{\text{जग०}}{६६} + \left(\frac{१५००००}{१} + \frac{२०००००}{१} \right)$ यो०

$= \frac{\text{जग०}}{४९} + \frac{३५००००}{१}$ योजन ।

(२) इच्छित वृद्धिसे अधस्तन समस्त समुद्रों-सम्बन्धी एक दिशाका विस्तार प्राप्त करनेकी विधि—

इच्छिय-वड्ढीदो हेट्ठिम-सयल-सायराणं एय-दिस-रुंद-समासाणं आणयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

सग-सग-वड्ढि-पमाणे, दो-लक्खं अवणिदूण अद्ध-कदे ।
इच्छिय - वड्ढीदो तदो हेट्ठिम - उवहीण - संखं ॥२५४॥

अर्थ—इच्छित वृद्धिसे अधस्तन समस्त समुद्रों-सम्बन्धी एक दिशाके विस्तार-योगोंको प्राप्त करने हेतु यह गाथा सूत्र है—

अपनी-अपनी वृद्धिके प्रमाणमेंसे दो लाख कम करके शेषको आधा करनेपर इच्छित वृद्धि-वाले समुद्रसे पहलेके समस्त समुद्रों सम्बन्धी विस्तारका प्रमाण प्राप्त होता है ॥ २५४ ॥

विशेषार्थ—गाथा २५३ की प्रक्रियासे इस गाथाकी प्रक्रियाका फल विपरीत है। यहाँ इच्छित समुद्रकी वृद्धि द्वारा उस समुद्रसे पहलेके (अधस्तन) समुद्रों-सम्बन्धी एक दिशाके विस्तार योगोंको प्राप्त करनेकी विधि दर्शाई गयी है।

इष्ट वृद्धिवाले समुद्रके पहलेके समस्त समुद्रों सम्बन्धी विस्तारका प्रमाण प्राप्त करने हेतु सूत्र इसप्रकार है—इष्ट समुद्रसे पहलेका समस्त समुद्रों सम्बन्धी विस्तार—

$= \frac{\text{वर्णित वृद्धि} - २००००० \text{ यो०}}{२}$

उदाहरण—मानलो-बारहवीं समुद्रकी वृद्धि इष्ट है। इस समुद्रकी वृद्धिका प्रमाण ८६ लाख योजन है अतः इसके पहलेके समस्त समुद्रोंका विस्तार (लवणसमुद्र २ लाख+कालोदका ८ लाख+पुष्करवर समुद्रका ३२ लाख=) ४२ लाख योजन है। यथा—

अधस्तन समुद्रोंका सम्मिलित विस्तार $= \frac{८६०००० - २००००}{२}$

$= ४२००००$ योजन ।

पंचम-पक्ष

इष्ट द्वीपके विस्तारमें उसके आगे स्थित द्वीपके विस्तारमें तिगुनी वृद्धि होती है—

पंचम-पक्खे अप्पबहुत्तं वत्तइस्सामो—सयल-जम्बूदीवस्स रुंदादो धादइसंडस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी तिय-लक्खेणब्भहियं होदि । धादईसंडस्स एय-दिस-रुंदादो पोक्खरवर-दीवस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी बारस-लक्खेणब्भहियं होदि । एवं तदणंतर-हेट्ठिम-दीवादो अणंतरोवरिम-दीवस्स वास-वड्ढी ति-गुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति ।।

अर्थ—पाँचवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—जम्बूद्वीपके सम्पूर्ण विस्तारसे धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है। धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारसे पुष्करवर द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है। इसप्रकार स्वयम्भूरमणद्वीप पर्यन्त अनन्तर अधस्तनद्वीपसे उसके आगे स्थित द्वीपके विस्तारमें तिगुनी वृद्धि होती गई है ।।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपके पूर्ण (१ लाख यो०) विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी ४ लाख यो० विस्तारमें (४ — १=) ३ लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है। धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी ४ लाख यो० विस्तारसे पुष्करवरद्वीपके एक दिशा सम्बन्धी १६ लाख यो० विस्तारमें (१६ लाख — ४ लाख =) १२ लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है।

इसप्रकार यहां सभी अधस्तनद्वीपोंसे स्वयम्भूरमणद्वीप पर्यन्त आगे-आगे स्थित द्वीपके विस्तारमें (१२ लाख — ३ लाख = ९ लाख यो० अर्थात्) ३ गुनी वृद्धि होती है।

अहीन्द्रवरद्वीपसे अन्तिम स्वयम्भूरमणद्वीपके विस्तारमें होनेवाली वृद्धिका प्रमाण—

तस्स अंतिम-विअप्पं वत्तइस्सामो-दुचरिम-अहिंदवर-दीवादो अंतिम-सयंभूरमण-दीवस्स वड्ढि-पमाणं तिय-रज्जूओ बत्तीस-हरेहि अवहरिद-पमाणं पुणो अट्ठावीस-सहस्स-एक्क-सय-पणुवीस-जोयणेहि अब्भहियं होइ । ३ । ३२ । अध्व जोयण २८१२५ ।।

अर्थ—उसका अन्तिम विकल्प कहते हैं—द्विचरम अहीन्द्रवर-द्वीपसे अन्तिम स्वयम्भूरमण-द्वीपके विस्तारमें होने वाली वृद्धिका प्रमाण बत्तीससे भाजित तीन राजू और अट्ठाईस हजार एकसौ पच्चीस योजन अधिक है। अर्थात् राजू $\frac{3}{32}$ + २८१२५ योजन है ।।

विशेषार्थ—द्विचरम अहीन्द्रवरद्वीपसे अन्तिम स्वयम्भूरमण द्वीपके विस्तारमें अधिक वृद्धि का प्रमाण ३२ से भाजित ३ राजू तथा २८१२५ योजन है।

तम्मद्दीणं आणयणे गाहा-सुत्तं—

इच्छिय-दीवे रुंदं, ति-गुणं वलिदूण तिण्णि-लक्खूणं ।
ति-लक्खूण-ति-गुण-वासे, सोहिय वलिदे हुवे वड्ढी ॥२५५॥

अर्थ—इस वृद्धि प्रमाणको लानेके लिए यह गाथा सूत्र है—इच्छित द्वीपके तिगुने विस्तार-को आधा करके उसमेंसे तीन लाख कम कर देनेपर जो शेष रहे उसे तीन लाख कम तिगुने विस्तारमेंसे घटाकर शेषको आधा करनेपर वृद्धिका प्रमाण होता है ॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{(३ \times \text{इष्ट द्वीपका व्यास} - ३०००००) - (३ \times \text{उसका विस्तार} - ३०००००)}{२}$$

उदाहरण—मानलो—इष्टद्वीप पुष्करवरद्वीप है। जिसका विस्तार १६ लाख योजन है। उसकी

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{(३ \times १६०००००) - ३०००००) - (३ \times \frac{१६०००००}{२} - ३०००००)}{२}$$

$$= \frac{४८०००००}{२} - \frac{२१०००००}{२} = १२००००० \text{ योजन वृद्धि।}$$

इसीप्रकार अन्तिम विकल्पमें इष्टद्वीप स्वयम्भूरमण द्वीप है। जिसका विस्तार $\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}}$ योजन है। इसलिए उसकी

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{[३ \times (\frac{\text{जग०}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}}) - ३०००००] - [३ \times \frac{१}{२} \times (\frac{\text{जग०}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}}) - ३०००००]}{२}$$

$$= \frac{३ (\frac{\text{जग०}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}}) - ३०००००ं - \frac{३}{२} (\frac{\text{जग०}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}}) + ३०००००}{२}$$

$$= \frac{\frac{३}{२} (\frac{\text{जग०}}{\text{राजू}} + \frac{\text{पल्य}}{\text{संख्यात}})}{२}$$

$$= \frac{३ \text{ जग०}}{२ \times २ \times २ \times ४ \times ७} + \frac{३ \times ७२०००}{२ \times २ \times २} = \frac{३ \text{ राजू}}{३२} + २०१२५ \text{ योजन।}$$



षष्ठम-पक्ष

छठे पक्षके अल्पबहुत्वमें दो सिद्धान्त कहते हैं—

(१) इच्छित द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा अग्रिम द्वीपके विस्तारमें २½ लाख कम चौगुनी वृद्धि होती है—

छट्ठम-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामो । तं जहा—जंबूदीवस्स अद्ध-रुंदादो धादइसंडस्स एग-दिस-रुंदं आहट्ठ-लक्खेणब्भहियं होदि ३५०००० । जंबूदीवस्स अद्धं च सम्मिलिदे धादईसंडस्स एग-दिस-रुंदादो पोक्खरवर-दीवस्स एग-दिस-रुंद-वड्ढी एयारस-लक्ख-पण्णास-सहस्स-जोयणेहि अब्भहियं होइ ११५०००० । एवं धादईसंड-प्पहुदि-इच्छिय-दीवस्स एग-दिस-रुंद-वड्ढीदो तदणंतर-उवरिम-दीवस्स वड्ढी चउ-गुणं अड्ढाइज्ज-लक्खेणूणं होदूण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीवो त्ति ॥

अर्थ—छठे पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है—जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशा-सम्बन्धी विस्तार साढ़े तीन लाख योजन अधिक है—३५०००० । जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तार सहित धातकीखण्डके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि ग्यारह लाख पचास-हजार योजन अधिक है—११५०००० । इसप्रकार धातकीखण्ड-प्रभृति इच्छित द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा तदनन्तर अग्रिम द्वीपके विस्तारमें अढ़ाई लाख कम चौगुनी वृद्धि स्वयम्भूरमण द्वीप तक होती चली गई है ।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तारकी अपेक्षा धातकीखण्डका एक दिशा सम्बन्धी विस्तार (४ लाख यो० — ½ लाख यो०=) ३½ लाख योजन अधिक है। पुनः जम्बूद्वीपके अर्ध विस्तार सहित धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि (१६ — ४½ लाख यो०)=११५०००० योजन है ।

इसप्रकार धातकीखण्ड आदि इष्ट द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा बादमें आगे आनेवाले द्वीपके विस्तारमें २½ लाख यो० कम ४ गुनी वृद्धि अन्तिम द्वीप तक चली गई है ।

अधस्तन द्वीपोंके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणद्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि

तत्थ अंतिम-विकप्पं वत्तइस्सामो—[सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिम-सयल-दीवाणं एग-दिस-रुंद-समूहादो सयंभूरमणदीवस्स एग-दिस-रुंद-वड्ढी] अउरासीदि - रूवेहिं

भजिद-सेढी पुणो तिय-छिव-तिण्णि-लक्ख-पणुवीस-सहस्स-जोयणेहि अब्भहियं होइ । तस्स ठवणा ८४ लक्ख-जोयण ३२५००० ।

अर्थ—इनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयम्भूरमण-द्वीपसे पहलेके समस्त द्वीपोंके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणद्वीपके एक-दिशा सम्बन्धी विस्तारमें चौरासी रूपोंसे भाजित जगच्छ्रेणी और तीनसे भाजित तीन लाख पच्चीस हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है । उसकी स्थापना इसप्रकार है—(जगच्छ्रेणी ÷ ८४) + ३२५००० ।

तब्बड्ढीणं आणयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

अंतिम-रंद-पमाणं, लक्खूणं तीहि भाजिदं दुगुणं ।
दलिद-तिय-लक्ख-जुत्तं, परिवड्ढी होदि दीवाणं ॥२५६॥

अर्थ—उन वृद्धियोंको प्राप्त करने हेतु गाथा-सूत्र—

एक लाख कम अन्तिम विस्तार-प्रमाणमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे दुगुना करके अर्धित तीन लाख (३०००००) और मिला देनेपर द्वीपोंकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५६ ॥

उदाहरण—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{\text{इष्ट द्वीपका व्यास} - १००००० }{३} \times २ + \frac{३००००० }{२}$$

उदाहरण—मानलो—पुष्करवरद्वीपकी वर्णित-वृद्धि निकालना है जिसका व्यास १६००००० यो० है । सूत्रानुसार

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{१६००००० - १००००० }{३} \times २ + \frac{३००००० }{२}$$

$$= (५००००० \times २) + १५००००० = ११५००००ॐ \text{ योजन} ।$$

इसीप्रकार स्वयम्भूरमणद्वीपकी

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \left(\frac{\text{जग०}}{२८×८४} + \frac{३२५००० - १००००० }{३} \right) \times २ + \frac{३००००० }{२}$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८×८४} \times २ \right) + \left(\frac{३२५००० }{३} \times २ \right) - \left(\frac{१००००० }{३} \times २ \right) + \frac{३००००० }{२}$$

$$= \frac{\text{जग०}}{८४} + \left(\frac{३२५००० }{३} - \frac{१००००० }{३} + \frac{१५००००० }{२} \right) \text{ यो०}$$

$$= \frac{\text{जग०}}{८४} + \frac{७५०००० - २००००० + ४५००००० }{३} \text{ यो०}$$

$= \frac{\text{अग्र०}}{२५} + ११५००० \text{ योजन} ।$

(२) इष्टद्वीपसे पहलेके द्वीपोंके विस्तार समूहको
प्राप्त करनेकी विधि

इच्छिय-दीवादो हेट्ठिम-दीवाणं रुंद-समासाणं आणयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

चउ-भजिद-इट्ठ-रुंदं, [1]हेट्ठं च ट्ठविदूण तत्थेक्कं ।
लक्खूणे तिय-भजिदे, उवरिम-रासिम्मि सम्मिलिदे ॥२५७॥

लक्खद्ध हीण-कदे, जंबूदीवस्स अद्ध - पहुदि तदो ।
इट्ठस्स दुचरिमंतं, दीवाणं मेलणं होदि ॥२५८॥

अर्थ—इच्छित द्वीपसे पहलेके द्वीपोंके विस्तार-समूहको प्राप्त करने हेतु गाथा-सूत्र—

चारसे भाजित इष्ट द्वीपके विस्तारको अलग रखकर इच्छित द्वीपसे पहले द्वीपका जो विस्तार हो उसमेंसे एक लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे उपरिम राशिमें मिलाकर आधा लाख कम करनेपर अर्ध जम्बूद्वीपसे लेकर इच्छित द्विचरम (उपान्तिम) द्वीप तक उन द्वीपोंका सम्मिलित विस्तार होता है ॥ २५७-२५८ ॥

विशेषार्थ—अर्धजम्बूद्वीपसे इष्ट द्वीप पर्यन्तके द्वीपोंका सम्मिलित विस्तार प्राप्त करने हेतु दोनों गाथाओंके अनुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{सम्मिलित विस्तार} = \frac{\text{इष्ट द्वीपका विस्तार}}{४} + \frac{\text{इष्ट द्वीपसे पहलेके द्वीपका व्यास} - १००००}{३} - \frac{१००००}{२}$$

उदाहरण—इस सूत्रसे अर्धजम्बूद्वीप सहित पुष्करवर द्वीप तकका विस्तार योग प्राप्त करने हेतु उससे आगेके वारुणीवर-द्वीपका विस्तार ६४ लाख योजन और पुष्करवर का विस्तार १६ लाख योजन प्रमाण है । तदनुसार—

$$\text{उपर्युक्त सम्मिलित विस्तार} = \frac{६४०००००}{४} + \frac{१६०००००-१००००००}{३} - \frac{१००००००}{२}$$

$$= १६००००० + ५००००० - ५०००० \text{ योजन} ।$$

$$= २०५०००० \text{ योजन} ।$$

---

१. द. ब. क. ज. चेट्ठाहे ट्ठाविदूण तत्थेक्कं ।

सप्तम-पक्ष

सातवें पक्षके अल्पबहुत्वमें दो सिद्धान्त कहते हैं -

(१) इच्छित द्वीपोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारमें पाँच लाख कम चौगुनी वृद्धि प्राप्त होती है।

सत्तम-पक्खे अप्पबहुसं वत्तइस्सामो—सयल-जंबूदीव-रुंदादो धादईसंडस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी तिण्णि-लक्खेणब्भहियं होइ ३००००० । जंबूदीव-सम्मिलिद-धादई-संड-दोवस्स दोण्णि-दिस-रुंदादो पोक्खरवर-दीवस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी सत्त-लक्खेहि अब्भहियं होइ ७००००० । एवं धादईसंड-प्पहुदि-इच्छिय-दीवाणं दोण्णि-दिस-रुंदादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स एय-दिस रुंद-वड्ढी चउ-गुणं पंच-लक्खेणूणं होदूण गच्छदि जाव सयंभूरमणदीवो त्ति ॥

अर्थ—सातवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—जम्बूद्वीपके सम्पूर्ण विस्तारसे धातकीखण्डके एक-दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें तीन लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है—३००००० । जम्बूद्वीप सहित धातकीखण्डके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें सात लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है—७००००० । इसप्रकार धातकीखण्ड आदि इच्छित द्वीपोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके अनन्तर स्थित अग्रिम द्वीपके एक-दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें पाँच लाख कम चौगुनी वृद्धि स्वयम्भूरमणद्वीप पर्यन्त होती चली गई है ॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपके १ लाख यो० विस्तारमें धातकीखण्डके एक दिशा सम्बन्धी ४ लाख यो० विस्तारमें (४००००० — १००००० यो० =) ३००००० यो० अधिक वृद्धि हुई है। जम्बूद्वीप के (१ लाख यो०) सहित धातकीखण्डके दोनों दिशाओं सम्बन्धी (४ ला० + ४ ला० = ८ लाख योजन) विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर-द्वीपके एक दिशा सम्बन्धी (१६००००० यो०) विस्तारमें (१६००००० — ९००००० =) ७००००० योजनकी अधिक वृद्धि हुई है। इसप्रकार धातकीखण्ड आदि इष्ट द्वीपोंके दोनों दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उनके बाद (अनन्तर) स्थित आगेके द्वीपके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें (३ लाख × ४ = १२ लाख । १२ लाख — ७ लाख =) ५००००० कम चौगुनी वृद्धि स्वयम्भूरमणद्वीप पर्यन्त चली गई है।

अधस्तन समस्त द्वीपोंके दोनों दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणद्वीपके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि—

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—सयंभूरमण-दीवस्स हेट्ठिम-सयल-दीवाणं दोण्णि-दिस-रुंद-समूहादो सयंभूरमण-दीवस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी चउवीस-लक्खेहि भजिद-

रज्जू पुणो तिय-हिद-पंच-लक्ख-सत्ततीस-सहस्स-पंच-सय जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा $\frac{रा}{३}$ । २४ पंच जोयणाणि ५३०५०० ।

अर्थ—इनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयम्भूरमण-द्वीपसे अधस्तन सम्पूर्ण द्वीपोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणद्वीपके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें चौबीससे भाजित एक राजू और तीनसे भाजित पाँच लाख सैंतीस हजार पाँचसौ योजन अधिक वृद्धि हुई है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—राजू $\frac{१}{२४}+\frac{५३७५००}{३}$ यो० ।

तब्बड्ढीणं आगयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

सग-सग-वास-पमाणं, लक्खूणं तिय-हिदं दु-लक्ख-जुदं ।
अहवा पण-लक्खाहिय-वास-ति-भागं तु परिवड्ढी ॥२५९॥

अर्थ—उन वृद्धियोंको प्राप्त करने हेतु गाथा-सूत्र—

एक लाख कम अपने-अपने विस्तार-प्रमाणमें तीनका भाग देकर दो लाख और मिलानेपर उस वृद्धिका प्रमाण होता है। अथवा पाँच लाख अधिक विस्तारमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना उक्त वृद्धिका प्रमाण होता है ॥ २५९ ॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णितवृद्धि}=\frac{\text{विस्तार}-१००००}{३}+२००००\ \text{यो०}\ ।$$

$$\text{अथवा}=\frac{\text{विस्तार}+५००००\ \text{यो०}}{३}$$

उदाहरण—मानलो-अष्ट-द्वीप पुष्करवर है। तदनुसार—

$$\text{वर्णितवृद्धि (प्रथम सूत्र से)}=\frac{१६००००००-१००००}{३}+२००००\ \text{यो०}\ ।$$

$$=७००००० \text{ योजन वृद्धि}\ ।$$

$$\text{अथवा, वर्णितवृद्धि (द्वितीय सूत्रसे)}=\frac{१६००००००+५००००}{३}$$

$$=७००००० \text{ योजन वृद्धि}\ ।$$

इसीप्रकार स्वयम्भूरमणद्वीपकी

$$\text{वर्णित वृद्धि} = \frac{\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{५६} + ३७५०० - १००००० \text{ यो०}}{३} + २००००० \text{ यो०}$$

$$= \frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{७ \times ८ \times ३} + \frac{३७५००}{३} - \frac{१००००}{३} + २००००० \text{ यो०}$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{७} \times \frac{१}{२४} \right) + \left(\frac{३७५०० - १००००० + ६००००}{३} \right) \text{ यो०}$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{७} \times \frac{१}{२४} \right) + \frac{५३७५००}{३} \text{ योजन वृद्धि ।}$$

(२) इष्ट द्वीपसे अधस्तन समस्त द्वीपोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारके योगका प्रमाण—

पुणो इच्छिय-दीवादो हेट्ठिम-सयल-दीवाणं दोण्णि-दिस-रुंदस्स समासो वि एक्क-लक्खादि-चउ-गुणं पंच-लक्खेहि अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदवरदीवो त्ति ॥

अर्थ—पुनः इच्छित द्वीपसे अधस्तन समस्त द्वीपोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारका योग भी एक लाखको आदि लेकर चौगुना और पांच लाख अधिक होकर अहीन्द्रवर-द्वीप तक चला जाता है ।।

तब्बड्ढीणं आणयण-हेदुं [1]इमं गाहा-सुत्तं—

दु-गुणिय-सय-सग-वासे, पण-लक्खं अवणिदूण तिय-भजिदे ।
हेट्ठिम-दीवाण पुढं, दो-दिस-रुंदम्मि होदि [2]णिद्द-फलं ॥२६०॥

अर्थ—उस वृद्धिको प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

अपने-अपने दुगुने विस्तारमेंसे पांच लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना अधस्तन द्वीपोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारका योगफल होता है ।। २६० ।।

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित विस्तार योगफल} = \frac{२ \times \text{व्यास} - ५००००}{३}$$

---

१. द. ब. क. ज. इमा । २. द. ज. णिद्दफलं, ब. तिदफलं, क. णिदुफलं ।

मानलो —पुष्करवरद्वीप इष्ट है। उसका व्यास १६००००० योजन है। अतएव उसके अधस्तन द्वीपोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी द्वीपोंका —

विस्तार योगफल = $\frac{२ \times १६०००००}{२} - ५०००००$ यो०

= १००००० योजन।

अष्टम-पक्ष

आठवें पक्षके अल्पबहुत्वमें दो सिद्धान्त कहते हैं।

(१) इच्छित समुद्रोंकी एक दिशा सम्बन्धी विस्तार-वृद्धि अधस्तन सब समुद्रोंकी दोनों दिशा-सम्बन्धी विस्तार वृद्धिसे ४ लाख यो० कम चौगुनी होती है—

अट्ठम-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामो-लवणसमुद्दस्स दोण्णि-दिस-रुंदादो कालोदग-समुद्दस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी चउ-लक्खेणब्भहियं होदि ४००००० । लवण-कालोदग-समुद्दाणं दोण्णि-दिस-रुंदादो पोक्खरवर-समुद्दस्स एय-दिस-रुंद-वड्ढी बारस-लक्खेणब्भहियं होदि १२००००० । एवं कालोदग-समुद्दप्पहुदि तत्तो उवरिम-तदणंतर-इच्छिय-रयणायराणं एय-दिस-रुंद-वड्ढी हेट्ठिम-सव्व-णीरासीणं दोण्णि-दिस-रुंद-वड्ढीदो चउ-गुणं चउ-लक्ख-विहीणं होऊण[1] गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ॥

अर्थ—आठवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—लवणसमुद्रके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तार की अपेक्षा कालोद-समुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें चार लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है—४००००० यो०। लवण और कालोद समुद्रके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी सम्मिलित विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर-समुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें बारह लाख योजन अधिक वृद्धि हुई है—१२००००० यो०। इसप्रकार कालोद समुद्रसे लेकर उपरिम तदनन्तर इच्छित समुद्रोंकी एक दिशा-सम्बन्धी विस्तार-वृद्धि अधस्तन सब समुद्रोंकी दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारवृद्धिसे चार लाख कम चौगुनी होकर स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त चली गई है॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रके दोनों दिशाओं सम्बन्धी (२ लाख + २ लाख = ४ लाख यो०) विस्तारकी अपेक्षा कालोद-समुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी (८ लाख यो०,) विस्तारमें (८ लाख − ४ लाख यो० =) ४००००० योजन अधिक वृद्धि होती है। लवण और कालोद समुद्रके दोनों

१. द. ब. क. ज. होदिऊण।

दिशाओं सम्बन्धी सम्मिलित [(२+२)+(८+८)=२० लाख यो०] विस्तारकी अपेक्षा पुष्करवर समुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी (३२ लाख यो०) विस्तारमें (३२ लाख यो० — २० लाख यो०=) १२००००० योजन अधिक वृद्धि होती है।

इसप्रकार कालोदसमुद्रसे लेकर उससे उपरिम तदनन्तर इष्ट समुद्रोंकी एक दिशा-सम्बन्धी विस्तार-वृद्धि अधस्तन समस्त समुद्रोंकी दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तार-वृद्धिसे ४००००० कम ४ गुनी होकर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त चली जाती है।

अधस्तन समस्त समुद्रोंके दोनों दिशा सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणसमुद्रके एक दिशा सम्बन्धी विस्तारकी वृद्धि—

तत्थ अंतिम - वियप्पं वत्तइस्सामो—सयंभूरमणस्स हेट्ठिम-सव्व-सायराणं दोण्णि-दिस-रूंदादो सयंभूरमण-समुद्दस्स एय-दिस-रूंद-वड्ढी रज्जूए बारस-भागो पुणो तिय-हिद-चउ-लक्ख-पंचहत्तरि-सहस्स-जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा— $\overline{\text{उ}}$ । १२ । पञ्च जोयणाणि $\frac{४००००}{३}$ ।

अर्थ—उनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयम्भूरमण-समुद्रके अधस्तन सम्पूर्ण समुद्रोंके दोनों दिशा-सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा स्वयम्भूरमणसमुद्रके एक दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें राजूका बारहवाँ भाग और तीनसे भाजित चार-लाख पचहत्तर हजार योजन अधिक वृद्धि हुई है। उसकी स्थापना इसप्रकार है— राजू $\frac{१}{१२}+\frac{४००००}{३}$ यो०।

तब्बड्ढीयं आणयण-हेदुं इमं[1] गाहा-सुत्तं—

इट्ठोवहि-विक्खंभे, चउ-लक्खं मेलिदूण तिय-भजिदे।
तोद-रयणायराणं, दो-दिस-रूंदादु उवरिमेय-दिसं ॥२६१॥

अर्थ—उस वृद्धिको प्राप्त करने हेतु यह गाथा सूत्र है—

इष्ट समुद्रके विस्तारमें चार लाख मिलाकर तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतनी अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उपरिम समुद्रके एक-दिशा-सम्बन्धी विस्तारमें वृद्धि होती है ॥ २६१ ॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

वर्णितवृद्धि= $\frac{\text{इष्ट समुद्रका विस्तार} + ४००००}{३}$

---

१. ब. म. क. ज. इमा।

उदाहरण—मानलो—इष्ट समुद्र वारुणीवर है। उसका विस्तार १२८ लाख योजन है। तदनुसार—

वारुणीवर समुद्रके अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारकी अपेक्षा उपरिम समुद्रकी एक दिशा सम्बन्धी—

$$\text{विस्तार वृद्धि} = \frac{१२८०००००+४००००००}{२}$$

$$= ४४००००० \text{ योजन}।$$

इसीप्रकार स्वयम्भूरमण समुद्रकी

$$\text{वांछित वृद्धि} = \frac{\text{जग०}}{२८} + ७५००० + ४००००००$$

$$= \frac{\text{जग०}}{७\times४\times२} + \frac{४७५०००}{२}$$

$$= \frac{१}{४} \text{ राजू} + ४७५००० \text{ योजन}।$$

(२) अभ्यन्तर समुद्रोंके दोनों दिशाओं सम्बन्धी विस्तारसे तदनन्तर स्थित उपरिम समुद्रकी दोनों दिशा-सम्बन्धी विस्तारवृद्धि चौगुनी और चार लाख अधिक है—

हेट्ठिम-समासो वि-हट्ठस्स-कालोवग-समुद्दादो हेट्ठिमेक्कस्स समुद्दस्स दोण्णि-दिस-खंड-समासं उत्त-सरिसं होदि ४००००० । पोक्खरवर-समुद्दादो हेट्ठिम-दोण्णि-समुद्दाणं दोण्णि-दिस-खंड-समासं वीस-लक्ख-जोयण-पमाणं होदि २००००००। एवमब्भंतरिम-तोरासीणं दोण्णि-दिस-खंड-समासादो तदणंतरोवरिम-समुद्दस्स एय-दिस-खंड-वड्ढी चउगुणं उत्त-सरिसेणब्भहियं होऊण गच्छइ जाव अहिंदवर-समुद्दो त्ति ॥

अर्थ—अधस्तन तीन की—इष्ट कालोद समुद्रसे अधस्तन (केवल) एक लवणसमुद्रका दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तार-समास चार लाख है—४००००० यो०। पुष्करवर-समुद्रसे अधस्तन दोनों समुद्रोंका दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तार-समास बीस लाख—२००००००० योजन-प्रमाण है। इसप्रकार अभ्यन्तर समुद्रोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारसमाससे तदनन्तर स्थित उपरिम समुद्रकी दोनों दिशा-सम्बन्धी विस्तार-वृद्धि चौगुनी और चार लाख अधिक होकर अहीन्द्रवर-समुद्र पर्यन्त चली गई है ॥

तब्बड्ढीणं आणयण-हेदुं इमं गाहा-सुत्तं—

बु-गुणिय-सग-सग-वासे, चउ-लक्खे अवणिदूण तिय-भजिदे ।
तीद - रयणायराणं, दो - दिस - भायम्मि पिंड - फलं ॥२६२॥

अर्थ—उस वृद्धिको प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

अपने-अपने दुगुने विस्तारमेंसे चार लाख कम करके शेषमें तीनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी विस्तारका योग होता है ॥ २६२ ॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{अभीष्ट विस्तार} = \frac{(\text{इष्ट द्वीपका विस्तार} \times 2) - ४००००० }{३}$$

उदाहरण—मानसी—यहाँ पुष्करवरद्वीप इष्ट है और उसका विस्तार ३२ लाख यो० है ।

अतीत समुद्रोंके दोनों दिशाओं-सम्बन्धी (लवण और कालोद समुद्रका) सम्मिलित विस्तार योग = $\frac{(३२०००००\times२)-४००००० }{३}$ यो० ।

$=२०००००$ योजन ।

नवम-पक्ष

इष्ट द्वीप या समुद्रमें जम्बूद्वीपके समान खण्डोंकी संख्या प्राप्त करनेकी विधि—

णवम - पक्खे अप्पबहुगं वत्तइस्सामो—जंबूदीवस्स बादर-सुहुम-खेत्तफलस्स पमाणेण लवण-समुद्दस्स खेत्तफलं किण्णंतं[1] चउवीस-गुणं होदि २४ । जंबूदीवस्स खेत्तफलादो धादईसंडस्स खेत्तफलं चउवासीसन्भहियं एक्क-सयमेत्तं होदि १४४ । एवं णादूण खेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ॥

अर्थ—नवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—जम्बूद्वीपके बादर एवं सूक्ष्म क्षेत्रफलके प्रमाणसे लवणसमुद्रका क्षेत्रफल करनेपर चौबीस-गुणा होता है २४ । जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डका क्षेत्रफल एक सौ चवालीस गुणा है १४४ । इसप्रकार जानकर स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त ले जाना चाहिए ॥

---

१. द. ब. क. ज. किण्णत्तं ।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका बादर क्षेत्रफल $३ \times (\frac{१०००००}{४})^२$ अथवा $३ \times (२५०००००००००)$ वर्ग योजन है और उसका सूक्ष्मक्षेत्रफल $\sqrt{१०} \times (२५०००००००००)$ वर्ग यो० है।

इसीप्रकार लवणसमुद्रका बादर क्षेत्रफल—

$$३ \times [(\frac{५००००००}{४})^२ - (\frac{१०००००}{४})^२]$$

अथवा $३ \times [६२५०००००००० - २५००००००००]$ वर्ग यो०

अथवा $३ \times [६०००००००००००]$ वर्ग योजन है। और उसका सूक्ष्म-क्षेत्रफल—

$\sqrt{१०} \times [६०००००००००००]$ वर्ग योजन है।

लवणसमुद्रका बादर एवं सूक्ष्म (प्रत्येक) क्षेत्रफल जम्बूद्वीपके बादर एवं सूक्ष्म (प्रत्येक) क्षेत्रफलसे २४ गुणा है। यथा—लवणसमुद्रका बादर क्षेत्रफल = (जम्बूद्वीपका बादर क्षेत्र० × २४)

$= ३ \times (२५०००००००० \times २४)$

$= ३ \times (६००००००००००)$ वर्ग यो०।

लवणसमुद्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल = (जम्बूद्वीपका सूक्ष्म क्षेत्र० × २४)

$= \sqrt{१०} \times (२५०००००००० \times २४)$

$= \sqrt{१०} \times (६००००००००००)$ वर्ग योजन।

इसीप्रकार जम्बूद्वीपके बादर एवं सूक्ष्म क्षेत्रफलसे धातकीखण्डके बादर एवं सूक्ष्म क्षेत्रफल प्रत्येक १४४ गुणे हैं।

धातकीखण्डका बादर क्षेत्रफल = $३ \times [(\frac{१०००००००}{४})^२ - (\frac{५००००००}{४})^२]$

अथवा $३ \times [३६००००००००००]$ वर्ग योजन है।

उसीका सूक्ष्मक्षेत्रफल = $\sqrt{१०} \times [३६००००००००००]$ वर्ग योजन है। जो जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे क्रमशः १४४ गुने है।

जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे स्वयम्भूरमण समुद्रका क्षेत्रफल कितना गुणा है ? उसका कथन—

तत्थ अंतिम-विक्खंभं बत्तइस्सामो-अगसेढीए वग्गं ति-गुणिय एक्क-लक्ख-सत्तट्ठि-सहस्स-कोडि-रूवेहिं भजिदमेत्तं पुरतो ति गुणिद-सेढि चोद्दस-लक्ख-रूवेहिं भजिद-मेत्तेहिं अब्भहियं होदि पुणो णव-कोडीहिं परिहीणं। तस्स ठवणा—

=३ —३

१९६०००००००००० घण खेत्तं १४००००० रिण कोसाणि ६ ।।

अर्थ– उनमेंसे अन्तिम-विकल्प कहते हैं—जगच्छ्रेणीके वर्गको तिगुना करके उसमें एक लाख छ्यानवे हजार करोड़ रूपोंका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना और तिगुनी जगच्छ्रेणीमें चौदह लाखका भाग देनेपर प्राप्त हुए लब्ध प्रमाणसे अधिक तथा नौ कोस कम है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

[(जग० × जग० × ३) ÷ १९६००००००००००] + [((जग० × ३) ÷ १४०००००)—९ को०]

तत्तवड्ढीणं आणयण-हेदुं इमं गाहा-सुत्तं—

लक्खूण-इट्ठ-रुंदं, ति-गुणं चउ-गुणिद-इट्ठ-वास-गुणं ।
लक्खस्स कदिम्मि हिदे, जंबूदीवोवमा खंडा ।।२६३।।

अर्थ—उस वृद्धिको प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

एक लाख कम इष्ट द्वीप या समुद्रके विस्तारको तिगुना करके फिर उसे चौगुने अपने विस्तारसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमें एक लाखके वर्गका भाग देनेपर जम्बूद्वीप सदृश खण्डोंकी संख्या प्राप्त होती है ।। २६३ ।।

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

इष्टद्वीप या समुद्रमें जम्बूद्वीप सदृश खण्डोंकी संख्या अथवा

वर्णित क्षेत्रफलमें वृद्धिका प्रमाण—

$$= \frac{३ \times (\text{इष्ट द्वीप या समुद्रका विस्तार} - १०००००) \times ४ \times (\text{उसका विस्तार})}{(१०००००)^२}$$

उदाहरण—मानलो—यहाँ वारुणीवर समुद्र इष्ट है और उसका विस्तार १२८ लाख योजन है, इसमें जम्बूद्वीप सदृश खण्डोंकी संख्या—

$$= \frac{३ \times (१२८००००० - १०००००) \times ४ \times (१२८०००००)}{(१०००००)^२}$$

$$= \frac{३ \times १२७००००० \times ४ \times १२८००००० }{१००००० \times १००००० }$$

=१२×१२७×१२८=१९२०७२ खण्ड होते हैं ।

इसीप्रकार [उपर्युक्त सूत्रानुसार] स्वयम्भूरमणसमुद्रमें—

$$\text{वर्णित-खण्ड-वृद्धि} = \frac{३ \times \left(\frac{\text{जग०}}{२^{८}} + ७५००० - १००००० \right) \times ४ \times \left(\frac{\text{जग०}}{२^{८}} + ७५००० \right)}{(१०००००)^{२}}$$

$$= \frac{३ \times \text{जग०} \times ४\left(\frac{\text{जग०}}{२^{८}} + ७५०००\right) + ३ \times (-२५०००) \times ४\left(\frac{\text{जग०}}{२^{८}} + ७५०००\right)}{(१०)^{१०}}$$

$$= \frac{३\ (\text{जग०} \times \text{जग०})}{१९६ \times (१०)^{१०}} + \frac{३\ \text{जग०} \times ७५०००}{७ \times (१०)^{१०}} - \frac{३\ \text{जग०} \times २५०००}{७ \times (१०)^{१०}} - ३ \times २५००० \times \frac{४ \times ७५०००}{(१०)^{१०}}$$

$$= \frac{३\ (\text{जग०} \times \text{जग०})}{१९६ \times (१०)^{१०}} + \frac{३\ \text{जग०}}{७ \times (१०)^{१०}} (७५००० - २५०००) - \frac{३ \times ४ \times २५००० \times ७५०००}{१००००० \times १००००}$$

$$= \frac{३\ (\text{जग०} \times \text{जग०})}{१९६ \times (१००००)^{२}} + \frac{३\ \text{जग०} \times ५००००}{७ \times (१००००) \times (१००००)} - \frac{९}{४} \text{ योजन ।}$$

$$= \frac{३\ (\text{जग०} \times \text{जग०})}{१९६०००००००००} + \frac{३\ \text{जगच्छ्रेणी}}{१४०००००} - ९ \text{ कोस ।}$$

$$= \frac{३ \times \text{जग०}^{२}}{१९६०००००००००} + \frac{३\ \text{जग०}}{१४०००००} - ९ \text{ कोस ।}$$

दसवाँ-पक्ष

अधस्तन द्वीप या समुद्रसे उपरिम द्वीप या समुद्रकी खण्ड-शलाकाएँ चौगुनी हैं और प्रक्षेपभूत ९६ उत्तरोत्तर दुगने-दुगने होते गये हैं—

दसम-पक्खे अप्पबहुत्तं वत्तइस्सामो । तं जहा—जंबूदीवस्स बादर-सुहुम-खेत्त-फल-प्पमाणेण लवणसमुद्दस्स खेत्तफलं किंचूणं चउवीस-गुण-प्पमाणं होदि २४ । लवण-समुद्दस्स खंड-सलागाणं संखादो धादइसंडस्स खंड-सलागा दुगुणं होदि । धादइसंडस्स-खंड-सलागादो कालोवग-समुद्दस्स खंड-सलागा चउ-गुणं होऊण[1] छण्णउदि-रूवेणब्भहियं होदि तत्तो उवरिम-तदणंतर-हेट्ठिम-दीव-उवहीदो अणंतरोवरिम-दीवस्स उवहिस्स वा खंड-सलागा चउग्गुणं-चउग्गुणं पक्खेव-रूव-छण्णउदी दुगुण-दुगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभू-रमण-समुद्दो त्ति ॥

---

१. द. होदिऊण ।

अर्थ—दसवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है—जम्बूद्वीपके बादर एवं सूक्ष्म क्षेत्रफलके बराबर लवण-समुद्रका क्षेत्रफल करनेपर वह उससे चौबीस-गुणा होता है २४। लवण-समुद्र सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओंकी संख्यासे धातकीखण्डकी खण्ड-शलाकाएँ छह-गुणी हैं धातकीखण्ड-द्वीपकी खण्डशलाकाओंसे कालोद-समुद्रकी खण्डशलाकाएँ चार-गुणी होकर छयानवें रूपोंसे अधिक हैं। पुनः इससे ऊपर तदनन्तर अधस्तन द्वीप या समुद्रसे अनन्तर उपरिम द्वीप या समुद्रकी खण्ड-शलाकाएँ चौगुनी हैं और इनके प्रक्षेपभूत छयानवें उत्तरोत्तर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त दुगने-दुगने होते गये हैं।

विशेषार्थ—धातकीखण्डका बादर क्षेत्रफल—

$$३\left[\left(\frac{१३०१५०००}{२}\right)^{२}-\left(\frac{५०३०००}{२}\right)^{२}\right]$$

अथवा ३×६०००००००००० वर्ग योजन।

उसीका सूक्ष्म क्षेत्रफल—

$$\sqrt{१०}\left[\left(\frac{१३०१५०००}{२}\right)^{२}-\left(\frac{५०३०००}{२}\right)^{२}\right]$$

$$=\sqrt{१०}\times३६००००००००००\text{ वर्ग योजन।}$$

कालोदकका बादर क्षेत्रफल—

$$=३(१०)^{८}\left[\left(\frac{३६१}{२}\right)^{२}-\left(\frac{३३०}{२}\right)^{२}\right]$$

$$=३\times(१०)^{८}\times१६८००\text{ वर्ग योजन।}$$

उसीका सूक्ष्म क्षेत्रफल—

$$=\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\left[\left(\frac{३६०}{२}\right)^{२}-\left(\frac{३३०}{२}\right)^{२}\right]$$

$$=\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\times१६८००\text{ वर्ग योजन।}$$

पुष्करवर द्वीपका बादर क्षेत्रफल—

$$=३(१०)^{८}\left[\left(\frac{७३०}{२}\right)^{२}-\left(\frac{३६०}{२}\right)^{२}\right]$$

$$=३\times७२००००००००००\text{ वर्ग योजन।}$$

उसीका सूक्ष्मक्षेत्रफल—

$$=\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\left[\left(\frac{७३०}{२}\right)^{२}-\left(\frac{७२०}{२}\right)^{२}\right]$$

$$=\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\left[७२०००\right]\text{ वर्ग योजन।}$$

जम्बूद्वीपके सूक्ष्म क्षेत्रफल $\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\times(२५)$ वर्ग योजनसे लवणसमुद्रका सूक्ष्म-क्षेत्रफल $\sqrt{१०}\times(१०)^{८}\times(६००)$ वर्ग योजन २४ गुणा है।

उसी (जम्बूद्वीप) के सूक्ष्म क्षेत्रफलसे धातकीखण्डद्वीपका सूक्ष्म-क्षेत्रफल $\sqrt{१०} \times (१०)^{८} \times$ (३६००) वर्ग योजन १४४ गुणा है। उसीके सूक्ष्मक्षेत्रफलसे कालोदक समुद्रका सूक्ष्म क्षेत्रफल $\sqrt{१०} \times (१०)^{८} \times$ (१६८००) वर्ग योजन ६७२ गुणा है।

उसी (जम्बूद्वीप) के सूक्ष्मक्षेत्रफलसे पुष्करवर द्वीपका $\sqrt{१०} \times (१०)^{८} \times (७२०००)$ वर्ग योजन सूक्ष्म क्षेत्रफल २८८० गुणा है।

खण्डशलाकाएं—धातकीखण्ड द्वीपकी १४४ खण्ड शलाकाओंसे कालोदधिसमुद्रकी ६७२ खण्डशलाकाएं ४ गुणी होकर ९६ अधिक हैं।

यथा - $६७२ = (१४४ \times ४) + ९६$।

कालोदधि समुद्रकी ६७२ खण्डशलाकाओंसे पुष्करवरद्वीपकी २८८० खण्डशलाकाएं ४ गुणी होकर ९६ × २ अधिक है।

यथा—$२८८० = (६७२ \times ४) + (९६ \times २)$। इत्यादि।

इसीप्रकार $\sqrt{१०}$ के स्थान पर ३ रख देनेपर उपर्युक्त समस्त द्वीप-समुद्रोंके बादर क्षेत्रफल के लिए घटित हो जावेगा।

उपर्युक्त गणित-प्रक्रियासे स्पष्ट हो जाता है कि अग्रस्तन द्वीप या समुद्रकी खण्डशलाकाओंसे अनन्तर उपरिम द्वीप या समुद्रकी खण्डशलाकाएं चौगुनी हैं और इनके प्रक्षेप-भूत ९६ उत्तरोत्तर दुगुने-दुगुने होते गये हैं। इसीप्रकार स्वयम्भूरमण पर्यन्त जानना चाहिए।

स्वयम्भूरमणद्वीपकी खण्डशलाकाओंसे स्वयम्भूरमण-समुद्रकी खण्डशलाकाएँ
कितनी अधिक हैं? उन्हें कहते हैं—

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—[सयंभूरमणदीव-खंड-सलागादो सयंभूरमणसमुद्दस्स खंड-सलागा] तिण्णि-सेढीओ सत्त-लक्ख-जोयणेहि भजिदाओ पुणो णव-जोयणेहि अब्भहियाओ होंदि। तस्स ठवणा— $\frac{३}{७०००००}$ घण जोयणाणि ९ ॥

अर्थ—इनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—(स्वयम्भूरमणद्वीपकी खण्ड-शलाकाओंसे स्वयम्भूरमणसमुद्रकी खण्डशलाकाएं) सात लाख योजनोंसे भाजित तीन जगच्छ्रेणी और नौ योजनोंसे अधिक हैं। उसकी स्थापना इसप्रकार है—जगच्छ्रेणी ३ ÷ ७००००० यो० + ९ यो०।

तत्थ अविरेगस्स पमाणाणयणट्ठं इमा सुत्त-गाहा—

सयलेण भजिद-सग-सग-वासं इगि-रूव-विरहिदं तेण।
सग-सग-खंड-सलागं, भजिदे अविरेग - परिमाणं ॥२६४॥

अर्थ—उनमें (बोगुनीसे) अतिरिक्त प्रमाण लानेके लिए यह गाथा-सूत्र है—

एक लाखसे भाजित अपने-अपने विस्तारमेंसे एक रूप कम करके शेषका अपनी-अपनी खण्ड-शलाकाओंमें भाग देनेपर अतिरिक्त संख्याका प्रमाण आता है ।। २६४ ।।

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

अतिरिक्त खण्ड-शलाकाएँ अथवा प्रक्षेप

$$= \frac{\text{क्षेत्रकी निज खण्ड-शलाकाएँ}}{\frac{\text{निज विस्तार}}{१००००० - १}}$$

उदाहरण—मानलो—कालोद समुद्रकी ४ गुणित खण्ड-शलाकाओंसे अतिरिक्त खण्ड-शलाकाओं (प्रक्षेप) का प्रमाण ज्ञात करना है । कालोद समुद्रका विस्तार ८ लाख यो० है । इसमें १ लाखका भाग देनेपर ८ प्राप्त होते हैं । ८ मेंसे एक घटाकर जो शेष बचे उसका कालोदकी खण्ड-शलाकाओंके प्रमाणमें भाग देनेपर प्रक्षेपका प्रमाण प्राप्त होता है । यथा—

$$\text{प्रक्षेप} = \frac{६७२}{\frac{८०००००}{१००००० - १}} = \frac{६७२}{७} = ९६$$ प्रक्षेप अथवा अतिरिक्त प्रमाण प्राप्त हो जाता है ।

स्वयम्भूरमणद्वीपके क्षेत्रफलमें जम्बूद्वीप सदृश खण्डोंकी संख्या ।

अथवा जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे स्वयम्भूरमणद्वीप का क्षेत्रफल कितना गुना है ? उसका प्रमाण ।

गाथा २६३ से सम्बन्धित सूत्रानुसार ।

स्वयम्भूरमणद्वीपका आदर क्षेत्रफल $= ३ \times \frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० \text{ यो०}$ ।

$$\text{वर्गित वृद्धि} = \frac{३ \times \left(\frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० - १००००० \right) \times ४ \times \left(\frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० \right)}{(१००००)^२}$$

$$= \frac{१}{(१०)^{१०}} \left[३ \times ४ \left\{ \frac{\text{जग०}}{५६} \times \left(\frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० \right) - ६२५०० \times \left(\frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० \right) \right\} \right]$$

$$= \frac{१}{(१०)^{१०}} \left[३ \times ४ \left\{ \frac{\text{जग०} \times \text{जग०}}{५६ \times ५६} + \frac{\text{ज०} \times ३७५००}{५६} - \frac{\text{ज०} \times ६२५००}{५६} - ६२५०० \times ३७५०० \right\} \right]$$

$$= \frac{१}{(१०)^{१०}} [३ \times ४ \{ \frac{जे० \times जे०}{३१३६} + \frac{जग०}{४६} (३७५०० - ६२५००) - ६२५०० \times ३७५०० \}]$$

$$= \frac{१}{(१०)^{१०}} [३ \times ४ \{ \frac{जे० \times जे०}{३१३६} - (\frac{जग०}{४६} \times २५०००) - ६२५०० \times ३७५०० \}]$$

$$= \frac{१}{(१०)^{१०}} \times \frac{१२ \times जे० \times जे०}{३१३६} - (\frac{१२ \times जे० \times २५०००}{४६ \times (१०)^{१०}}) - (\frac{१२}{(१०)^{१०}} \times ६२५०० \times ३७५००) \text{यो.}$$

$$= \frac{३}{७८४} \times \frac{जग० \times जग०}{(१०)^{१०}} - \frac{३ \times ४ \times जग० \times २५०००}{१४ \times ४ \times (१०००००) \times १००००००} - \frac{३ \times ४ \times ६२५०० \times ३७५००}{(१०००००) \times (१०००००)} \text{यो.}$$

$$= ३ \times (\frac{जग० \times जग०}{७८४ \times (१०)^{१०}}) - \frac{३ जग०}{५६०००००} - \frac{४५}{१६} \text{ योजन ।}$$

इन खण्डशलाकाओंको ४ से गुणित करके स्वयम्भूरमण-समुद्र की खण्ड-शलाकाओंमेंसे घटा देनेपर स्वयम्भूरमणसमुद्र की प्रक्षेपभूत (अतिरिक्त) संख्या का प्रमाण प्राप्त होता है । यथा—

स्वयम्भूरमणसमुद्रकी खण्ड-शलाकाएँ—

$$= [(\frac{३ \times जग० \times जग०}{१९६ \times (१०)^{१०}}) + (\frac{३ जग०}{१४०००००}) - (\frac{९}{४} \text{ यो०})] - \{ \text{स्वयम्भूरमण- द्वीप की}$$

खण्ड शलाकाएँ $\times ४ = (\frac{३ \times जे० \times जे० \times ४}{७८४ \times (१०)^{१०}}) - \frac{३ जे० \times ४}{५६०००००} - \frac{४५ \times ४}{१६}]$

$$= (\frac{३ जग०}{१४०००००} + \frac{३ जग०}{१४०००००}) - (\frac{९}{४} \text{ यो० } - \frac{४५}{४} \text{ यो० })$$

$$= \frac{३ जग०}{७०००००} + ९ \text{ योजन । अथवा } \frac{३}{७०,०००} \text{ घन जोयणाणि ९ ।}$$

ग्यारहवाँ—पक्ष

ग्यारहवें-पक्षके अल्पबहुत्वमें दो सिद्धान्त कहते हैं—

(१) अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी शलाकाओंसे उपरिम द्वीप या समुद्र की शलाका-वृद्धि चौगुनी से २४ अधिक है—

एक्कारसम-पक्खे अप्पबहुअं वत्तइस्सामो । तं जहा-सयंभूरमणसमुद्दस्स खंड-सलागाणं संखादो धादईसंड-दीवस्स खंड-सलागाणं चउग्गो चोद्दुत्तर-एक्क-सएणब्भहियं होदि १२० । सयंभूरमणसमुद्दस्स-खंड-सलागाणं सम्मिलिद-धादईसंड-दीवस्स खंड-सलागाणं संखादो कालो-

एत्थ समुद्दस्स खंड-सलागाणं वड्ढी चउरुत्तर-पंच-सएणब्भहियं होदि ५०४ । एवं धादई-संडस्स वड्ढि[1]-पहुदि हेट्ठिम-दीव-उवहीणं समूहादो अणंतरोवरिम-दीवस्स वा रयणा-यरस्स वा खंड[2]-सलागाणं वड्ढी चउग्गुणं चउवीस-रूवेहि अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ।।

अर्थ—ग्यारहवें-पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है—लवणसमुद्र-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओं की संख्या से धातकीखण्ड-द्वीपकी खण्ड-शलाकाओं की वृद्धि का प्रमाण एक सौ बीस है १२० । लवणसमुद्र की खण्ड-शलाकाओं को मिलाकर धातकीखण्ड द्वीप-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओं की संख्यासे कालोदकसमुद्र-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओंकी वृद्धि का प्रमाण पाँच सौ चार है ५०४ । इसप्रकार धातकीखण्डद्वीप-सम्बन्धी शलाका-वृद्धिसे प्रारम्भ कर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त अधस्तन द्वीप-समुद्रों के शलाका-समूह से अनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्र की खण्ड-शलाकाओं की वृद्धि चौगुनी और चौबीस संख्या से अधिक होती गई है ।

विशेषार्थ—लवणसमुद्र सम्बन्धी २४ खण्डशलाकाओं से धातकीखण्ड-द्वीप की १४४ खण्ड-शलाकाओं में वृद्धि का प्रमाण (१४४—२४=) १२० है । लवणसमुद्र और धातकीखण्ड द्वीप की सम्मिलित (२४ + १४४=) १६८ खण्डशलाकाओं से कालोद समुद्र सम्बन्धी ६७२ खण्डशलाकाओं में वृद्धिका प्रमाण (६७२—१६८=) ५०४ है । जो ४ गुनी होकर २४ अधिक हैं । यथा—
५०४=(१२० × ४) + २४ ।

इसप्रकार धातकी खण्डद्वीप सम्बन्धी शलाका वृद्धि से प्रारम्भ कर स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त अधस्तन द्वीप-समुद्रों के शलाका-समूह से उपरिम द्वीप या समुद्र की शलाकाओं की वृद्धि ४ गुनी और २४ से अधिक होती गई है । यथा—पुष्करवर द्वीप की २८८० खण्ड - शलाकाओं में वृद्धि का प्रमाण २०४० = [{ (५०४) × ४ } + २४] है ।

अधस्तन द्वीप-समुद्रों के शलाका समूह से स्वयम्भूरमण समुद्र की शलाकाओं में वृद्धि का प्रमाण कितना है ?

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो-सयंभूरमण-समुद्दादो हेट्ठिम-सव्व-दीव-रयणा-यराणं खंड-सलागाण-समूहं सयंभूरमण-समुद्दस्स खंड-सलागम्मि अवणिदे वड्ढि-पमाणं केत्तियमिदि भणिदे अणंतेहोए वग्गं अट्ठाणउदि-सहस्स-कोडि-जोयणेहि भजिदं पुणो सत्त-सयस्स-जोयणेहि भजिद-तिण्णि-जय-सेढी-अब्भहियं पुणो सोहस-कोसेहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा— $\frac{(\text{अनन्त})^2}{\text{९८००००००७००}}$ चय जोयणाणि $\frac{\text{३}}{\text{७००}}$ रिण कोस १४ ।

---

१. ब. ब. क. ब. वड्ढि गुणी । २. ब. ब. धादइसंडसलागाणं ।

अर्थ—स्वयम्भूरमण समुद्र से अधस्तन समस्त द्वीप-समुद्रोंके खण्ड-शलाका-समूहको स्वयम्भूरमणसमुद्रकी खण्ड-शलाकाओंमेंसे घटा देनेपर वृद्धिका प्रमाण कितना है ? ऐसा कहनेपर अट्ठानवें हजार करोड़ योजनोंसे भाजित जगच्छ्रेणीके वर्गसे अतिरिक्त सात लाख योजनोंसे भाजित तीन जगच्छ्रेणी अधिक तथा १४ कोस कम है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$$=\frac{\text{जग०}\times\text{जग०}}{९८\times(१०)^{१२}}+\frac{३\ \text{जग०}}{७०००००\ \text{यो०}}\ -१४\ \text{कोस}।$$

तव्वड्ढी-आणयण-हेदुमिमं गाहा-सुत्तं—

लक्खेण भजिद-अंतिम-वासस्स[1] कदीए एग-रूवूणं।
अट्ठ[2]-गुणं हिट्ठाणं, संकलणादो दु उवरिमे वड्ढी ॥२६५॥

अर्थ—इस वृद्धि-प्रमाणको प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

एक लाखसे भाजित अन्तिम विस्तारका जो वर्ग हो उसमेंसे एक कम करके शेषको आठसे गुणा करने पर अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके शलाका-समूहसे उपरिम द्वीप एवं समुद्रकी खण्ड-शलाकाओंकी वृद्धिका प्रमाण आता है ॥२६५॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित खण्ड-शलाका वृद्धि}=\left[\left(\frac{\text{अन्तिम विस्तार}}{१००००}\right)^{२}-१\right]\times ८$$

उदाहरण—मानलो—यहाँ वारुणीवर समुद्र इष्ट है। उसका विस्तार १२८ लाख योजन है।

वारुणीवर समुद्रकी वर्णित खण्ड-शलाका वृद्धि—

$$=\left[\left(\frac{१२८०००००}{१००००}\right)^{२}-१\right]\times ८$$

$$=(१६३८४-१)\times ८$$

$$=१३१०६४\ \text{योजन}।$$

इसीप्रकार स्वयम्भूरमण समुद्र-सम्बन्धी—

$$\text{वर्णित खण्ड-शलाका वृद्धि}=\left[\left(\frac{\frac{\text{जग०}}{२८}+७५०००\ \text{यो०}}{१००००}\right)^{२}-१\right]\times ८$$

---

१. द. वास; ब. वासस। २. द. ब. क. ज. अट्ठं गुणहिट्ठाणं।

$$= \left[\left(\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{२८०००००} + \frac{३}{४} \right)^२ - १ \right] \times ८$$

$$= \left(\frac{\text{जग०} \times \text{जग०}}{२८०००००० \times २८००००००} \times ८ \right) + \left(\frac{९}{१६} \times ८ \right) + \left(\frac{२ \times ३ \text{ जग०}}{२८००००० \times ४} \times ८ \right) - ८$$

$$= \frac{\text{जग०} \times \text{जग०}}{७००००० \times १४००००००} + \frac{९}{२} - ८ + \frac{३ \text{ जग०}}{७००००० \text{ यो०}}$$

$$= \frac{\text{जग०} \times \text{जग०}}{९८०००००००००००० \text{ यो०}} + \frac{३ \text{ जग०}}{७००००० \text{ यो०}} - १ \text{ कोस} ।$$

(२) इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-शलाकाओंका पिंड-फल प्राप्त करनेकी विधि—

पुणो इट्ठस्स दीवस्स वा समुद्दस्स वा हेट्ठिम-दीव-रयणायराणं मेलावणं भण्णमाणे[1] लवणसमुद्दस्स खंड-सलागादो लवणसमुद्द-संमिलित-धादईसंड-दीवस्स खंड-सलागाओ[2] सत्त - गुणं होदि । लवण-णीररासि-खंड-सलाग-संमिलिद-धादईसंड-खंड-सलागादो कालोदग-समुद्द-खंड-सलाग-संमिलिद-हेट्ठिम-खंड-सलागाओ पंच-गुणं होदि । कालोदग-समुद्दस्स खंड-सलाग-संमिलिद-हेट्ठिम-दीवोवहीणं खंड-सलागादो पोक्खरवर-दीव-खंड-सलाग-संमिलिद-हेट्ठिम-दीव-रयणायराणं खंड-सलागा चउग्गुणं होऊण तिण्णि-सय-सट्ठि - रूवेहि अब्भहियं होदि । पोक्खरवरदीव खंड-सलाग-संमिलिद-हेट्ठिम-दीव-रयणायराणं खंड-सलागादो पोक्खरवर-समुद्दस्स संमिलिद-हेट्ठिम-दीवोवहीणं खंड-सलागा चउग्गुणं होऊण सत्त-सय-चउवास-रूवेहि अब्भहियं होदि । एत्तो उवरिम-चउग्गुणं चउग्गुणं पक्खेव-भूद-सत्त-सय-चउवालं दुगुण-दुगुणं होऊण चउवीस-रूवेहि अब्भहियं होऊण गच्छह जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ।।

अर्थ— पुनः इष्ट द्वीप अथवा समुद्रके अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-शलाकाओंका मिश्रित कथन करने पर लवण-समुद्रकी खण्ड-शलाकाओं से लवणसमुद्र-सम्मिलित धातकीखण्ड द्वीपकी खण्ड-शलाकाएँ सात-गुणी हैं। लवणसमुद्रकी खण्ड-शलाकाओंसे सम्मिलित धातकीखण्डद्वीप-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओंकी अपेक्षा कालोदसमुद्रकी खण्डशलाकाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-शलाकाएँ पाँच-गुणी हैं। कालोदसमुद्रकी खण्ड-शलाका-सम्मिलित अधस्तन द्वीप-समुद्रों-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओंकी अपेक्षा पुष्करवरद्वीपकी खण्डशलाकाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-

---

१. द. ब. क. ज. अण्णमाणे। २. द. ब. क. ज. सलागादो।

शलाकाएँ चौगुनी होकर तीन सौ साठ अधिक हैं। पुष्करवरद्वीप की खण्ड-शलाकाओं सहित अधस्तन द्वीप-समुद्रों-सम्बन्धी खण्ड-शलाकाओंकी अपेक्षा पुष्करवर-समुद्र-सम्मिलित अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्डशलाकाएँ चौगुनी होकर सात सौ चवालीस अधिक हैं। इससे ऊपर स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त चौगुनी-चौगुनी होनेके अतिरिक्त प्रक्षेप-भूत सात सौ चवालीस दुगुने-दुगुने और चौबीस अधिक होते गये हैं॥

विशेषार्थ—इष्ट द्वीप अथवा समुद्रके अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी खण्ड-शलाकाओंका मिश्रित कथन किया जाता है। लवणसमुद्रकी खण्डशलाकाओं (२४) से लवणसमुद्र सहित धातकीखण्ड द्वीपकी खण्डशलाकाएँ (२४+१४४=१६८) सात गुनी (२४×७=१६८) हैं।

लवणसमुद्र और धातकी खण्ड द्वीप सम्बन्धी सम्मिलित १६८ खण्ड-शलाकाओं में कालोद-समुद्रकी ६७२ खण्ड शलाकाएँ मिला देनेपर (२४+१४४+६७२=) ८४० खण्ड-शलाकाएँ प्राप्त होती हैं। जो लवणसमुद्र और धातकीखण्ड की सम्मिलित (२४+१४४=) १६८ खण्ड-शलाकाओं से ५ गुनी (१६८×५=८४०) हैं।

पुष्करवरद्वीपमें अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित (२४+१४४+६७२=) ८४० खण्ड-शलाकाओं में पुष्करवर द्वीप की २८८० खण्ड-शलाकाओं में मिला देनेपर (८४०+२८८०) =३७२० खण्ड-शलाकाएँ होती हैं; जो अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित ८४० खण्ड-शलाकाओं की अपेक्षा ३६० अधिक ४ गुनी हैं। यथा—(८४०×४)+३६०=३७२०।

पुष्करवर समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रों की सम्मिलित (२४+१४४+६७२+२८८०=) ३७२० खण्ड-शलाकाओंमें पुष्करवरसमुद्रकी ११९०४ खण्ड-शलाकाएँ मिला देनेपर पुष्करवरसमुद्र पर्यन्तकी सम्मिलित खण्ड-शलाकाएँ (३७२०+११९०४=) १५६२४ हैं। जो अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित ३७२० खण्डशलाकाओंकी अपेक्षा ७४४ अधिक ४ गुनी हैं। यथा—(३७२०×४) +७४४=१५६२४।

इससे ऊपर स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त ४ गुना-४ गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत खण्ड-शलाकाएँ २४ अधिक ७४४ की दुगुनी-दुगुनी होती चली गई हैं। यथा—

वारुणीवर द्वीपसे अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित (२४+१४४+६७२+२८८०+ ११९०४=) १५६२४ खण्ड-शलाकाओंमें वारुणीवर द्वीपकी ४८३८४ खण्डशलाकाएँ मिला देनेपर वारुणीवरद्वीप पर्यन्त की सम्मिलित खण्डशलाकाएँ (१५६२४+४८३८४=) ६४००८ हैं। जो अधस्तन द्वीप-समुद्रोंकी सम्मिलित १५६२४ खण्डशलाकाओंकी अपेक्षा ४ गुनी होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत शलाकाएँ २४ अधिक ७४४ की दुगुनी हैं। यथा—

६४०००८=[(१५६२४×४)+(७४८×२)+२४]

तब्बड्ढी-आणयण-हेदुमिमं गाहा-सुत्तं—

अंतिम-विक्खंभद्धं, लक्खूणं लक्ख-हीण-वास-गुणं ।
पण-सय-कोडीहि हिदं, इट्ठाओ हेट्ठिमाण पिंड-फलं ॥२६६॥

अर्थ—इस वृद्धि को प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

अन्तिम विस्तारके अर्ध भागमेंसे एक लाख कम करके शेष को एक लाख कम विस्तार से गुणा करके प्राप्त राशिमें पाँचके घन अर्थात् एक सौ पच्चीस करोड का भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रों का पिण्डफल होता है ॥२६६॥

गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रका पिण्डफल—

$$= \left(\frac{\text{अन्तिम विस्तार}}{२} - १००००० \right) \times \left(\frac{\text{अन्तिम विस्तार} - १००००० }{१२५०००००००} \right)$$

उदाहरण—मानलो—यहाँ क्षीरवर द्वीप इष्ट है। जिसका विस्तार २५६ लाख योजन प्रमाण है।

क्षीरवर द्वीपसे अधस्तन (जम्बूद्वीपसे वारुणीवर समुद्र पर्यन्त) द्वीप - समुद्रका पिण्डफल—

$$\text{पिण्डफल} = \left(\frac{२५६०००००}{२} - १००००० \right) \times \left(\frac{२५६००००० - १००००० }{१२५०००००००} \right)$$

$$= \frac{१२७००००० \times २५५००००० }{१२५०००००००} = २५६०८० \text{ योजन}।$$

सादिरेय-पमाणाणयणट्ठं इमं गाहा-सुत्तं—

दो-लक्खेहि विभाजिद-सग-सग-वासम्मि लद्ध-कदेहिं ।
सग-सग-खंडसलागं, भजिदे अदिरेग - परिमाणं ॥२६७॥

अर्थ :—अतिरिक्त प्रमाण प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

अपने-अपने विस्तारमें दो लाखका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसका अपनी-अपनी खण्डशलाकाओं में भाग देनेपर अतिरेकका प्रमाण आता है ॥ २६७ ॥

विशेषार्थ :—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{वर्णित अतिरेक} = \frac{\frac{\text{निज खण्डशलाकाएँ}}{\text{निज विस्तार}}}{२०००००}$$

उदाहरण—मानलो—यहाँ क्षीरवर द्वीप इष्ट है। जिसका विस्तार २५६००००० योजन है और खण्डशलाकाएँ ७८३३६० हैं।

$$\text{वर्णित अतिरेक} = \frac{\frac{७८३३६०}{२५६०००००}}{२०००००}$$

$$= \frac{७८३३६०}{१२८} = ६१२०।$$

बारहवाँ—पक्ष

जम्बूद्वीपको छोड़कर समुद्रसे द्वीप और द्वीपसे समुद्रका विष्कम्भ
दुगुना एवं आयाम दुगुनेसे ९ लाख योजन अधिक है—

आरसम-पक्खे अप्पबहुसं वत्तइस्सामो। तं जहा-जाव जंबूदीवमवणिज्ज लवण-समुद्दस्स विक्खंभं वेण्णि-लक्खं आयामं णव-लक्खं, धादईसंड-दीवस्स विक्खंभं चत्तारि-लक्खं आयामं सत्तावीस-लक्खं, कालोदगसमुद्दस्स विक्खंभं अट्ठ-लक्खं आयामं तेसट्ठि-लक्खं, एवं समुद्दादो दीवस्स दीवादो समुद्दस्स विक्खंभादो विक्खंभं दुगुणं आयामादो आयामं दुगुणं णव-लक्खेहि अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति॥

अर्थ—बारहवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है—जम्बूद्वीपको छोड़कर लवणसमुद्र का विस्तार दो लाख यो० और आयाम नौ लाख योजन है। धातकीखण्डका विस्तार चार लाख यो० और आयाम सत्ताईस लाख योजन है। कालोदसमुद्र का विस्तार आठ लाख यो० और आयाम तिरेसठ लाख योजन है। इसप्रकार समुद्रसे द्वीपका और द्वीपसे समुद्रका विस्तार दुगुना तथा आयामसे आयाम दुगुना और नौ लाख अधिक होकर स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त चला गया है॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपको छोड़कर लवणसमुद्रका विस्तार २ लाख योजन है और आयाम ९००००० योजन है।

इसी अधिकारकी गाथा २४४ के अनुसार—

आयाम निकालनेकी विधि :—इच्छित क्षेत्रके विस्तारमेंसे एक लाख कम करके शेषको नौसे गुणा करने पर इच्छित द्वीप या समुद्रका आयाम होता है। तदनुसार लवणसमुद्रका आयाम (२ लाख — १ लाख) × ९ = ९ लाख योजन है।

धातकीखण्डद्वीपका विस्तार ४ लाख योजन है और आयाम (४ लाख यो० — १ लाख) × ९ = २७ लाख योजन है।

कालोद समुद्र का विस्तार ८ लाख योजन है और आयाम (८ लाख यो० — १ लाख) × ९ = ६३ लाख यो० है।

इसीप्रकार समुद्रसे द्वीपका और द्वीपसे समुद्रका विस्तार दुगुना तथा आयाम से आयाम दुगुना और ९ लाख योजन अधिक होकर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त चला जाता है।

अवस्तन द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल चौगुना तथा प्रक्षेप ७२००० करोड़ योजन है—

लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो धादईसंडस्स खेत्तफलं छग्गुणं, धादईसंडदीवस्स खेत्तफलादो कालोदयसमुद्दस्स खेत्तफलं चउग्गुणं बाहत्तरि-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि। खेत्तफलं ७२०००००००००० । एवं हेट्ठिम-दीवस्स वा सीररासिस्स वा खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स वा रयणायरस्स वा खेत्तफलं चउग्गुणं पक्खेवभूद-बाहत्तरि-सहस्स-कोडि-जोयणाणं वग्ग-दुगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति ॥

अर्थ—लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डका क्षेत्रफल छह-गुणा और धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे कालोदसमुद्रका क्षेत्रफल चौगुना एवं बहत्तर हजार करोड़ योजन अधिक है—७२०००००-००००० । इसप्रकार अवस्तन द्वीप अथवा समुद्रके क्षेत्रफलसे तदनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्र का क्षेत्रफल चौगुना और प्रक्षेपभूत बहत्तर हजार करोड़ योजन स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त दुगुने होते गये हैं ॥

विशेषार्थ—गा० २४३ के अनुसार जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल ३ × (१००००)² या ७९०००००००० वर्ग योजन है अतः अन्य द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलमें जम्बूद्वीप सदृश जो खण्ड हुए हैं उनमेंसे प्रत्येक खण्डका प्रमाण ७९० करोड़ वर्ग योजन है।

लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डद्वीपका क्षेत्रफल ६ गुना अर्थात् (लवण० की खंड-शलाकाएँ २४ हैं अतः) २४ × ६ = १४४ है। धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे कालोदक-समुद्रका क्षेत्रफल ९६ से अधिक ४ गुना है। अर्थात् ६७२ = (१४४ × ४) + ९६ खण्डशलाकाएँ हैं।

अब एक खण्डशलाका का प्रमाण ७५० करोड़ वर्ग योजन है तब ९६ खण्डशलाकाओंका क्या प्रमाण होगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर उपर्युक्त (७५० करोड़ × ९६ =) ७२००० करोड़ वर्ग योजन अतिरेक रूपमें प्राप्त होते हैं।

इसप्रकार अनन्तर द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलसे तदनन्तर उपरिम द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल ४ गुना और प्रक्षेपभूत ७२००००००००००० वर्ग योजन दुगुना-दुगुना होता हुआ स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त चला गया है।

स्वयम्भूरमण द्वीप का विस्तार, आयाम एवं क्षेत्रफल—

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो-सयंभूरमण-दीवस्स विक्खंभं छप्पण्ण-रूवेहि भजिद-अगसेढी पुणो सत्त-तीस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा— $\frac{\text{अग०}}{५६}$ । अण जोयणाणि ३७५००।

आयामं पुण छप्पण्ण-रूवेहि हिद-णव-अगसेढीओ पुणो पंच-लक्ख-बासट्ठि-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा $\frac{९}{५६}$। रिण जोयणाणि ५६२५००।

पुणो विक्खंभायामं परोप्पर-गुणिदे खेत्तफलं रज्जूवे कदि णव-रूवेहि गुणिय चउसट्ठि-रूवेहि भजिदमेत्तं किंचूणं होदि। तस्स किंचूणं पमाणं रज्जू ठविय अट्ठावीस-सहस्स-एक्क-सय-पंच-बीस-रूवेहि गुणिदमेत्तं पुणो पण्णास-सहस्स-सत्त[1]-तीस-लक्ख-णव-कोडि-अब्भहिय-बोण्णि-सहस्स-एक्क-सय-कोडि-जोयणमेत्तं होदि। तस्स ठवणा[2] $\frac{\text{रज्जू}}{६४}$। $\frac{९}{६४}$ रिण $\frac{\text{रज्जू}}{७}$। २८१२५ रिण जोयणाणि २१०६३७५०००० ॥

अर्थ—इनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयम्भूरमण-द्वीपका विस्तार छप्पनसे भाजित जगच्छ्रेणी प्रमाण और सैंतीस हजार पाँच सौ योजन अधिक है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$\frac{\text{अग०}}{५६}$ + ३७५०० योजन।

स्वयम्भूरमणद्वीपका आयाम छप्पनसे भाजित नौ जगच्छ्रेणियोंमेंसे पाँच लाख बासठ हजार पाँचसौ योजन कम है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$\frac{\text{अग०}\ ९}{५६}$ — ५६२५०० योजन।

---

१. ब. तेतीस। २. ब. ब. ठवणा ४। ६। ६४।

इस विस्तार और आयामको परस्पर गुणित करने पर स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल राजूके वर्गको नौसे गुणा करके चौंसठका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उससे कुछ कम होता है। इस किंचित् कमका प्रमाण राजूको स्थापित करके पचहत्तर हजार एक सौ पच्चीससे गुणा करने पर जो राशि उत्पन्न हो उतना और दो हजार एकसौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार वर्ग योजन प्रमाण है। इसकी स्थापना इसप्रकार है—

$$\text{राजू} \times \text{राजू} \times \frac{९}{६४} - (१ \text{ राजू} \times २८१२५ \text{ यो०} + २१०९३७५००००) \text{ ।।}$$

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमणद्वीपका विस्तार $= \frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० \text{ योजन}$

अर्थात् $\frac{१}{२}$ राजू + ३७५०० योजन है।

स्वयम्भूरमण द्वीपका आयाम =

$= ($ द्वीपका विस्तार $- १०००००) \times ९$

$= \left(\frac{\text{जग०}}{५६} + ३७५०० - १००००० \right) \times ९$

$= \left(\frac{\text{जग०} \times ९}{५६} \right) - ५६२५०० \text{ योजन या } \frac{९}{६४} \text{ राजू} - ५६२५०० \text{ यो०}$ ।

स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल—

इस द्वीपके विस्तार और आयाम को परस्पर गुणित करनेसे स्वयम्भूरमण द्वीपका क्षेत्रफल राजूके वर्गको ९ से गुणित कर ६४ का भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उससे कुछ कम होता है। यथा—

कुछ कम स्वयं० द्वीपका क्षेत्रफल = विस्तार × आयाम।

$= \left(\frac{१}{२} \text{ राजू} + ३७५०० \text{ यो०} \right) \times \left(\frac{९}{६४} \text{ राजू} - ५६२५०० \text{ यो०} \right)$

$= \frac{९}{६४} \times (\text{राजू})^२ + \text{राजू} \left(- \frac{५६२५००}{२} + \frac{९ \times ३७५००}{६४} \right) - ३७५०० \times ५६२५००$

$= \frac{९}{६४} (\text{राजू})^२ - \frac{१९६८७५}{२} \text{ राजू} - २१०९३७५०००० \text{ वर्ग योजन}$।

स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल $\frac{९}{६४} (\text{राजू})^२$ से कुछ कम कहा गया है। इस किञ्चित् कमका प्रमाण—

$- २८१२५ \text{ राजू} - २१०९३७५०००० \text{ वर्ग योजन है।}$

इसकी स्थापना इसप्रकार है—

$\frac{९}{६४}$ । $\frac{९}{६४}$ । रिण $\frac{१}{०}$ । २८१२५ रिण जोयणाणि २१०९३७५०००० ।

स्वयम्भूरमणसमुद्रके विष्कम्भ, आयाम और क्षेत्रफलका प्रमाण—

सयंभूरमणसमुद्दस्स विक्खंभं अट्ठावीस-रूवेहिं भजिद-जगसेढी पुणो पंचहत्तरि-सहस्स-जोयणेहिं अब्भहियं होदि। आयामं अट्ठवीस-रूवेहिं भजिद-णव-जगसेढी पुणो दोण्णि-सयस-पंचवीस-सहस्स-जोयणेहिं परिहीणं होदि। तस्स ठवणा—$\frac{\text{ज}}{२८}$ धण ७५००० । आयाम $\frac{\text{ज}}{२८}$ रिण २२५००० ।

खेत्तफलं रज्जूए कदी चय-रूवेहिं गुणिय सोलस-रूवेहिं भजिदमेत्तं पुणो रज्जू ठविय एक्क-सयस-बारस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहिं गुणिद-किंचूणिय-कदिमेत्तेहिं अब्भहियं होदि। तं किंचूण-पमाणं पण्णास-सयस-सत्तासीदि-कोडि-अब्भहिय-छस्सय-एक्क-सहस्स-कोडि-जोयणमेत्तं होदि।

तस्स ठवणा— $\frac{\text{क}}{\text{ख}}$ । $\frac{\text{ग}}{\text{घ}}$ । घण $\frac{\text{च}}{\text{छ}}$ । ११२५०० । रिण १६८७५०००००० ।

अर्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका विस्तार अट्ठाईससे भाजित जगच्छ्रेणी और पचहत्तर हजार योजन अधिक है तथा आयाम अट्ठाईससे भाजित नौ जगच्छ्रेणीमेंसे दो लाख पच्चीस हजार योजन कम है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—विस्तार = $\frac{\text{जग०}}{२८}$ +७५००० योजन।

आयाम = $\frac{\text{जग०} \times ९}{२८}$ —२२५००० योजन।

स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल राजूके वर्गको सौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना और राजूको स्थापित करके एक लाख बारह हजार पाँच सौ योजनसे गुणित लब्धमेंसे कुछ कम करके जो शेष रहे उससे अधिक है। इस किञ्चित् कमका प्रमाण एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजन है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$[(\text{राजू})^२ \times ९ \div १६] + (\text{राजू} \times ११२५०० \text{ यो०}) - १६८७५०००००$ ।

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमण समुद्रका विस्तार = $\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{२८}$ +७५००० योजन।

= $\frac{१}{४}$ राजू +७५००० योजन।

स्वयम्भूरमणसमुद्रका आयाम = (विस्तार — १०००००) × ९

= $\left(\frac{१}{४} \text{ राजू} + ७५००० - १००००० \right) \times ९$

= $\frac{९}{४}$ राजू — २२५००० योजन।

---

१. ब. ज. ठवणा ४६ । १६ ।

स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल = (विस्तार × आयाम)

= ($\frac{1}{2}$ राजू + ७५००० यो०) × ($\frac{1}{2}$ राजू — २२५००० योजन ।

= $\frac{1}{64}$ (राजू)^2 + राजू [$\frac{1}{2}$ × (—२२५०००) + ($\frac{1}{2}$ × ७५०००)] —७५००० × २२५००० यो० ।

= $\frac{1}{64}$ × (राजू)^2 + राजू (—५६२५० + १६८७५०) — १६८७५००००० ।

= $\frac{1}{64}$ × (राजू)^2 + (११२५००) राजू — १६८७५००००००० वर्ग योजन ।

गोलाकार क्षेत्रका क्षेत्रफल प्राप्त करनेकी विधि—

एवं दीवोदहीणं विक्खंभायाम-खेत्तफलं च परूवण-हेदुमिमं गाहा-सुत्तं—

लक्ख-विहीणं रूंदं, णवहि गुणं इच्छियस्स दीहत्तं ।
तं चेव य रूंद - गुणं, खेत्तफलं होदि वलयाणं[1] ॥२६८॥

अर्थ—इसप्रकार द्वीप-समुद्रके विस्तार, आयाम और क्षेत्रफलके निरूपण हेतु यह गाथा सूत्र है—

एक लाख कम विस्तारको नौसे गुणा करनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रकी लम्बाई होती है। इस लम्बाईको विस्तारसे गुणा करनेपर गोलाकार क्षेत्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥ २६८ ॥

उदाहरण—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या समुद्रका आयाम (लम्बाई) = (विस्तार—१०००००) × ९

इष्ट द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल = लम्बाई (आयाम) × विस्तार

मानलो—यहाँ नन्दीश्वर द्वीप इष्ट है, जिसका विस्तार १६३८४००००० योजन है।

नन्दीश्वरद्वीपका आयाम = (१६३८४००००० — १०००००) × ९

= १४७४५६००००० योजन ।

नन्दीश्वरद्वीपका क्षेत्रफल = १४७४५६००००० × १६३८४००००० ।

= २४१५७७१६४८०००००००००० वर्ग योजन ।

---

१. ब. लयाणं ।

अधस्तन द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलकी
सातिरेकताका प्रमाण—

हेट्ठिम-दीवस्स वा रयणायरस्स वा खेत्तफलादो उवरिम-दीवस्स वा तरंगिणी-णाहस्स वा खेत्तफलस्स सादिरेयत्त-परूवण-हेदुममा गाहा-सुत्तं—

कालोवगोवहीदो, उवरिम-दीवोवहीण पत्तेक्कं ।
रुंदं णव-लक्ख-गुणं, परिवड्ढी होदि उवरुवरि ॥२६९॥

अर्थ—अधस्तन द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलकी सातिरेकता के निरूपण हेतु यह गाथा-सूत्र है—

कालोदसमुद्रसे उपरिम द्वीप-समुद्रोंमेंसे प्रत्येकके विस्तारको नौ लाखसे गुणा करनेपर ऊपर-ऊपर वृद्धिका प्रमाण प्राप्त होता है ॥ २६९ ॥

विशेषार्थ—कालोद समुद्रके बाद अधस्तन द्वीप या समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल चार-चार गुना होता गया है और प्रक्षेप (७२००० करोड़) दूना-दूना होता गया है। उपर्युक्त गाथा द्वारा प्रक्षेप (सातिरेक) का प्रमाण प्राप्त करनेकी विधि दर्शाई गई है। यथा—

गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

वर्णित ऊपर-ऊपर वृद्धि = (कालोदसे ऊपर इष्ट द्वीप या स० का विस्तार) × ९

मानलो—नन्दीश्वर समुद्रके प्रक्षेप (सातिरेक) का प्रमाण इष्ट है। इससे अधस्तन स्थित नन्दीश्वर द्वीपका विस्तार १६३८४ लाख योजन है अतः—

१६३८४०००००×९०००००० = १४७४५६०००००००००० योजन है जो ७२००० करोड़ योजनोंका दूना होता हुआ २०४८ गुना है

यथा—७२००० करोड़ × २०४८ = १४७४५६०००००००००० ।

तेरहवाँ—पक्ष

अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके विष्कम्भ एवं प्रक्षेपभूत क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रका
क्षेत्रफल कितना होता है ? उसे कहते हैं—

तेरसम-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामोजंबूदीवस्स खेत्तफलादो लवणजोरधिस्स खेत्तफलं चउवीस[1]-गुणं । जंबूदीव-सहिद-लवणसमुद्दस्सखेत्तफलादो धादईसंडदीवस्स खेत्त-

---

१. ब. चउवीस ।

फलं पंच-गुणं होऊण चोद्दस-सहस्स बे-सय-पण्णास-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि १४२५०००००००० । जंबूदीव-लवणसमुद्द-सहिय-धादईसंडदीवस्स खेत्तफलादो कालोदग-समुद्दस्स खेत्तफलं तिगुणं होऊण एय-लक्ख-तेवीस-सहस्स-सत्तसय-पण्णास-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि । तस्स ठवणा—१२३७५०००००००० । एवं कालोदग-समुद्द-प्पहुदि-हेट्ठिम-दीव-रयणायराणं पिंड-फलादो उवरिम-दीवस्स वा रयणायरस्स वा खेत्तफलं पत्तेयं तिगुणं पक्खेवभूद-एय-लक्ख-तेवीस-सहस्स-सत्तसय-पण्णास-कोडि-जोयणाणि कमसो दुगुण-दुगुणं होऊण वीस-सहस्स-दु-सय-पण्णास-कोडि-जोयणेहि पमाणं २०२५०००००००० अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ॥

अर्थ—तेरहवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलसे लवणसमुद्रका क्षेत्रफल चौबीस (२४) गुना है। जम्बूद्वीप सहित लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे धातकीखण्डद्वीपका क्षेत्रफल पाँच-गुना होकर चौदह हजार दो सौ पचास करोड़ योजन अधिक है—१४२५०००००००० । जम्बूद्वीप और लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे युक्त धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे कालोदसमुद्रका क्षेत्रफल तिगुना होकर एक-लाख तेईस हजार सात सौ पचास करोड़ योजन अधिक है। उसकी स्थापना—१२३७५०००००००० । इसप्रकार कालोदसमुद्र आदि अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके पिण्डफलसे उपरिम द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल प्रत्येक तिगुना होनेके साथ प्रक्षेपभूत एक लाख तेईस हजार सात सौ पचास करोड़ योजन क्रमसे दुगुने-दुगुने होकर बीस हजार दो सौ पचास करोड़ योजन २०२५०००००००० अधिक होता हुआ स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त चला गया है ॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल १ खण्ड-शलाका और लवणसमुद्रका क्षेत्रफल २४ खण्ड शलाका स्वरूप है। जम्बूद्वीप सहित लवणसमुद्रके (१+२४=२५ खंडशलाका स्वरूप) क्षेत्रफलसे धातकीखण्डद्वीपका (१४४ खण्डशलाका स्वरूप) क्षेत्रफल ५ गुना होकर १९ खण्ड-शलाका प्रमाण वर्ग योजनसे अधिक है। यथा—

$$(२५ \times ५) + १९ = १४४ ।$$

एक खण्डशलाका $३ \times (५००००)^२$ अथवा $७५ \times (१०)^८$ वर्ग योजन प्रमाण होती है अतः १९ खण्डशलाकाओंके [$१९ \times ३ (५००००)^२$ या $५७ \times २५ \times (१०)^८ =$] १४२५०००००००० वर्ग योजन प्राप्त हुए।

धातकी खण्डका प्रक्षेपभूत (अधिक धनका) यही प्रमाण ऊपर कहा गया है।

जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र और धातकीखण्डके सम्मिलित (१ + २४ + १४४ = १६९ खण्ड-शलाका स्वरूप) क्षेत्रफलसे कालोदका (६७२ खण्डशलाका स्वरूप) क्षेत्रफल ३ गुना (१६९ × ३ = ५०७) होकर (६७२ — ५०७ =) १६५ खण्डशलाका प्रमाण वर्ग योजनसे अधिक है।

यथा :- ६७२ = (१६९ × ३) + १६५ ।

एक खण्डशलाका ७५ × (१०)^{८} वर्ग योजन प्रमाण है अतः १६५ खण्डशलाकाओंका प्रमाण १६५ × ७५ × (१०)^{८} = १२३७५०००००००० वर्ग योजन है। कालोदधिका प्रक्षेपभूत (अधिक धनका) यही प्रमाण ऊपर कहा गया है।

इसप्रकार अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके पिण्डफलसे कालोदका क्षेत्रफल = ६७२ खण्ड० = (१ + २४ + १४४) × ३ खंडश० + १२३७५०००००००० वर्ग यो० है।

मानलो—यहाँ पुष्करवरद्वीपकी प्रक्षेप वृद्धि प्राप्त करना इष्ट है। जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्डद्वीप और कालोदसमुद्रके सम्मिलित (१ + २४ + १४४ + ६७२ = ८४१ खण्डशलाका स्वरूप) क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका (२८८० खण्डशलाका स्वरूप) क्षेत्रफल तिगुना (८४१ × ३ = २५२३) होकर (२८८० — २५२३ =) ३५७ खण्डशलाका प्रमाण वर्ग योजनोंसे अधिक है। यथा :-

२८८० = (८४१ × ३) + ३५७ ।

एक खण्डशलाका ७५ × (१०)^{८} वर्ग योजन प्रमाण है अतः ३५७ खण्डशलाकाओंका प्रमाण (३५७ × ७५ × (१०)^{८}) = २६७७५०००००००० वर्ग योजन प्राप्त होता है। यही पुष्करवर द्वीपका प्रक्षेपभूत (अधिक घन) क्षेत्र है। जो कालोदधिके प्रक्षेपभूत क्षेत्रके दुगुनेसे २०२५०००००००० वर्ग यो० अधिक है। इसका सूत्र पु० द्वीपका प्रक्षेप० क्षेत्र = (कालोदधिका प्रक्षेप × २) + २०२५ × (१०)^{८}। २६७७५ × (१०)^{८} = (१२३७५०००००००० × २) + २०२५०००००००० ।

कालोदधि समुद्रके ऊपर द्वीप या समुद्रका क्षेत्रफल प्राप्त करनेकी विधिमें दो नियम निर्णीत हैं—

१. अधस्तन द्वीप-समुद्रके पिण्डफल क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप-समुद्रका पिण्डफल क्षेत्रफल नियमसे तिगुना होता हुआ अन्त-पर्यन्त जाता है।

२. अधस्तन द्वीप या समुद्रके प्रक्षेप [१२३७५ × (१०)^{८}] से उपरिम द्वीप या समुद्रका प्रक्षेप नियमसे दुगुना होता हुआ अन्त पर्यन्त जाता है।

अब यहाँ प्रक्षेपके ऊपर जो २०२५ $(१०)^{८}$ अधिक धन कहा गया है वह ऊपर-ऊपर किस विधिसे प्राप्त होता है ? उसे दर्शाते हैं—

कालोद समुद्रके प्रक्षेपसे पुष्करवर द्वीपका प्रक्षेपभूत दुगनेमें २०२५ $(१०)^{८}$ वर्ग योजन अधिक है। इस २०२५ × $(१०)^{८}$ वर्ग योजन अधिकको १ शलाका मानकर उपरिम द्वीप या समुद्रका यह अधिक धन अधस्तन द्वीप-समुद्रकी शलाकासे १ अधिक दुगुना है। इसका सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या स० का अधिक धन = [(अधस्तन द्वीप या स० की खण्ड ग० × २) + १] × २०२५ × $(१०)^{८}$ ।

पुष्करवर समुद्रका अधिक धन = [(१ × २) + १] × २०२५००००००००० ।

= ३ × [२०२५ × $(१०)^{८}$ = ६०७५००००००००० वर्ग योजन है ।

अर्थात् पु० स० का अधिक धन = (प्रक्षेप युक्त अधिक धन) — (प्रक्षेप × ४)

पु० समुद्रका अ० धन ६०७५ × $(१०)^{८}$ = [५५५७५ × $(१०)^{८}$] — [१२३७५ × $(१०)^{८}$ × ४]

वारुणीवर द्वीपका अधिक धन = [(३ × २) + १] × २०२५ × $(१०)^{८}$

= १४१७५००००००००० = [७ × २०२५०००००००००] वर्ग योजन ।

इसीप्रकार आगे भी जानना चाहिए।

जम्बूद्वीप और स्वयम्भूरमणसमुद्रके मध्य स्थित समस्त द्वीप-समुद्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण—

तत्थ अंतिम-विकप्पं वत्तइस्सामो—सयंभूरमण-समुद्दस्स हेट्ठिम-दोण्ण-उवहीओ सव्वाओ जंबूदीव-विरहिदाओ ताणं खेत्तफलं रज्जूवे कदी ति-गुणिय सोलसेहिं भजिदमेत्तं, पुणो सय-सय-सत्तदोस-कोडि-पण्णास-सयल-जोयणेहिं अब्भहियं होदि । पुणो एक्क-सयल-बारस[1]-सहस्स पंच-सय-जोयणेहिं गुणिद-रज्जूए हीणं होदि । तस्स ठवणा—

$^{५}\frac{१}{१६}$ । $^{१}\frac{१}{१६}$ घण जोयणाणि ६३७५००००००० रिण-रज्जूओ $\overline{७}$ । ११२५०० ।

अर्थ— इसमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयम्भूरमण-समुद्रके नीचे जम्बूद्वीपको छोड़कर जितने द्वीप-समुद्र हैं उन सबका क्षेत्रफल राजूके वर्गको तिगुना करके सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध

---

१. ब. बारसहस्स । २ द. ब. ठवणा—४६ । १६ ।

प्राप्त हो उतना और नौ सौ सैंतीस करोड़ पचास लाख योजन अधिक एवं एक लाख बारह हजार पांच सौ योजनोंसे गुणित राजूसे हीन है। उसकी स्थापना इस प्रकार है—

$$\left(\frac{३\times(\text{राज})^{२}}{१६}\right)+९३७५००००००\ \text{वर्ग यो०})-\text{राजू}\times ११२५००\ \text{यो०}\ )$$

इट्ठादो हेट्ठिम-दीवोवहीणं पिंडफलमाणयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

इच्छिय-दीवुवहीए, विक्खंभायामयम्मि अवणेज्जं।
इगि-णव-लक्खं सेसं, ति-हिदं इच्छादु हेट्ठिमाणफलं ॥२७०॥

अर्थ—इच्छित द्वीप या समुद्रसे अधस्तन द्वीप-समुद्रोंके पिण्डफलको प्राप्त करने हेतु यह गाथा सूत्र है—

इच्छित द्वीप या समुद्रके विष्कम्भ एवं आयाममेंसे क्रमशः एक लाख और नौ लाख कम करे। पुनः शेष (के गुणनफल) में तीनका भाग देनेपर इच्छित द्वीप या समुद्रके (जम्बूद्वीपको छोड़कर) अधस्तन द्वीप-समुद्रोंका पिण्डफल प्राप्त होता है ॥ २७० ॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट द्वीप या समुद्रमें अधस्तन द्वीप-समुद्रोंका सम्मिलित पिण्डफल

= (इष्ट द्वीप या स० का विस्तार — १०००००) × [{ (इष्ट द्वीप या स० का विस्तार — १०००००) × ९ } — ९०००००] ÷ ३।

उदाहरण—मानलो—यहाँ नन्दीश्वर द्वीप इष्ट है। जिसका विस्तार १६३८४००००० योजन है और आयाम [(१६३८४००००० — १०००००) × ९ =] १४७४४६००००० योजन है। अतः लवणसमुद्रसे क्षीरवरसमुद्रका पिण्डफल—

क्षेत्रफल = (१६३८४००००० — १०००००) × (१४७४४६००००० — ९ ला०) ÷ ३

$$=\frac{१६३८३००००० \times १४७४३८००००००}{३}$$

= ८०१५८९१८०००००००००००० वर्ग योजन।

इसीप्रकार जम्बूद्वीप और स्वयम्भूरमण समुद्रके मध्यवर्ती समस्त द्वीप-समुद्रोंका—

क्षेत्रफल =

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} + ७५००० - १००००० \right) \times \left[\left(\frac{\text{जग०}}{२८} + ७५००० - १००००० \right) \times ९ - ९००००० \right] \div ३$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times \left[\left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times ९ - ९००००० \right] \div ३$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times \left[\left(\frac{९ \text{ जग०}}{२८} - २२५००० \right) - ९००००० \right] \div ३$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times \left(\frac{९ \text{ जग०}}{२८} - ११२५००० \right) \div ३$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times \left(\frac{९ \text{ जग०}}{३ \times २८} - \frac{११२५०००}{३} \right)$$

$$= \left(\frac{\text{जग०}}{२८} - २५००० \right) \times \left(\frac{३ \text{ जग०}}{२८} - ३७५००० \right) .$$

$$= \frac{३ \times (\text{जग०})^२}{(२८)^२} - \frac{\text{जग०}}{२८} \times (३७५००० + ७५०००) \text{ यो० } + २५००० \times$$

३७५००० वर्ग योजन ।

$$= \frac{३ \times (\text{जग०})^२}{(२८)^२} - \frac{\text{जग०}}{७ \times ४} \times (४५०००० \text{ यो० } + ९३७५०००००० \text{ वर्ग यो० } ।$$

$$= \frac{३ \text{ जग०}}{७ \times ४} \times \frac{\text{जग०}}{७ \times ४} - \frac{\text{जग०}}{७} \times (११२५००) \text{ यो० } + ९३७५०००००० \text{ वर्ग यो० } ।$$

$$= \frac{३ (\text{राजू०})^२}{१६} + (९३७५०००००० \text{ वर्ग यो० } - (\text{राजू} \times ११२५०० \text{ यो० }) ।$$

$$= \frac{३}{१६} \times \frac{१}{१६} + ९३७५०००००० - ७ \times ११२५०० ।$$

सादिरेयस्स आणयणट्ठं गाहा-सुत्तं—

इच्छिय-वासं दुगुणं, वी-लक्खूणं ति-लक्ख-संगुणियं ।
जंबूदीव - फलूणं, सेसं तिगुणं हवेदि आदिरेयं ।।२७१।।

अर्थ—सातिरेकका प्रमाण प्राप्त करने हेतु यह गाथा सूत्र है- -

इच्छित द्वीप या समुद्रके दुगुने विस्तारमेंसे दो लाख कम करके शेष को तीन लाखसे गुणा करने पर जो राशि उत्पन्न हो उसमेंसे जम्बूद्वीपके क्षेत्रफलको कम करके शेषको तिगुना करने पर अतिरेक (प्रक्षेपभूत) का प्रमाण प्राप्त होता है ॥ २७१ ॥

गाथानुसार सूत्र इस प्रकार है—

अभीष्ट अतिरेक प्रमाण = ३ [{ २ × इष्ट द्वीप या स० का विस्तार—२००००० } × (३०००००) — २ × ($\frac{१०^{५}}{२}$)^{२}]

उदाहरण—मानलो—यहाँ पुष्करवर समुद्र इष्ट है । जिसका विस्तार ३२००००० लाख योजन है । इसका प्रक्षेपभूत—

अतिरेक प्रमाण = ३ [{ २ × ३२००००० — २००००० } × ३००००० — ३ × २५००००००]

= ३[६२००००० × ३००००० — ७५००००००]

= ३ × [१८५=५००००००००] = ५५५७५०००००००० वर्ग योजन ।

अर्थात् पुष्करवर द्वीपके क्षेत्रफलको तिगुनाकर ५५५७५ × (१०)^{१२} जोड़ देनेसे पुष्करवर समुद्रका क्षेत्रफल प्राप्त होता है ।

चौवहवाँ—पक्ष

अधस्तन समुद्रके विष्कम्भ और आयामसे उपरिम समुद्रका विष्कम्भ और आयाम कितना अधिक होता हुआ गया है ? उसे कहते हैं—

चोद्दसम-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामो—लवणसमुद्दस्स विक्खंभं वेण्णि-लक्खं २०००००, आयामं णव-लक्खं ९००००० । कालोदगसमुद्द-विक्खंभं अट्ठ-लक्खं ८०००००, आयामं तेसट्ठि - लक्खं ६३००००० । पोक्खरवरसमुद्दस्स विक्खंभं बत्तीस - लक्खं ३२०००००, आयामं एक्कसीदि-लक्खेणब्भहिय-बे-कोडीओ होइ २८१००००० । एवं हेट्ठिम-समुद्द-विक्खंभादो उवरिम-समुद्दस्स विक्खंभं चउग्गुणं, आयामादो आयामं चउग्गुणं सत्तावीस-लक्खेहि अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ॥

अर्थ—चौदहवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं—लवणसमुद्रका विस्तार दो लाख योजन और आयाम नौ लाख योजन है। कालोदक समुद्रका विस्तार आठ लाख योजन और आयाम तिरेसठ लाख ६३००००० योजन है। पुष्करवरसमुद्रका विस्तार ३२ लाख योजन और आयाम दो करोड़ उन्यासी लाख २७९००००० योजन है। इसप्रकार अधस्तन समुद्रके विष्कम्भसे उपरिम समुद्रका विष्कम्भ चौगुना तथा आयामसे आयाम चौगुना और २७ लाख योजन अधिक होकर स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त चला गया है।

विशेषार्थ—अधस्तन समुद्रकी अपेक्षा उपरिम समुद्रका विस्तार चार गुना होता हुआ जाता है। यथा—

कालो० स० का वि० ८००००० यो० = (ल० स० का वि० २०००००) × ४।

पुष्कर० स० का वि० ३२००००० यो० = (का० स० का वि० ८०००००) × ४।

वारुणी स० का वि० १२८००००० यो० = (पु० स० का वि० ३२०००००) × ४ आदि।

अधस्तन समुद्रकी अपेक्षा उपरिम समुद्रका आयाम चौगुना और २७००००० योजन अधिक होता हुआ जाता है। यथा—

कालोद समुद्रका आयाम ६३००००० यो० = (९ लाख × ४) + २७ लाख।

पुष्कर० स० का आयाम २७९००००० यो० = (६३००००० × ४) + २७००००० यो०।

वारुणी स० का आयाम ११४७००००० यो० = (२७९ लाख × ४) + २७००००० यो०।

अधस्तन समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल—

लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो कालोदक समुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीस-गुणं, कालोदकसमुद्दस्स खेत्तफलादो पोक्खरवर-समुद्दस्स खेत्तफलं सत्तारस-गुणं होऊण तिण्णि-लक्ख-सट्ठि-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि ३६०००००००००००० । पोक्खरवर-समुद्दस्स खेत्तफलादो वारुणिवर समुद्दस्स खेत्तफलं सोलस-गुणं होऊण पुणो चोत्तीस-लक्ख-छप्पण्ण-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि ३४५६०००००००००० । एसो पहुदि हेट्ठिम-जोररासिस्स खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-जोररासिस्स खेत्तफलं सोलस-गुणं पक्खेव-भूद-चोत्तीस-लक्ख-छप्पण्ण-सहस्स-कोडि-जोयणाणि च उग्गुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभू-रमणसमुद्दो त्ति ॥

अर्थ—लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे कालोदकका क्षेत्रफल अट्ठाईस-गुना और कालोदक-समुद्र के क्षेत्रफलसे पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल सत्तरह-गुना होकर तीन लाख साठ हजार करोड़ योजन अधिक है ३६०००००००००००० । पुष्करवरसमुद्रके क्षेत्रफलसे वारुणीवरसमुद्रका क्षेत्रफल सोलह-गुना होकर चौंतीस लाख छप्पन हजार करोड़ योजन अधिक है ३४५६०००००००००० । यहाँसे आगे अधस्तन समुद्रके क्षेत्रफलसे अनन्तर उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल स्वयम्भूरमणसमुद्र पर्यन्त क्रमशः सोलह-गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत चौंतीस लाख छप्पन हजार करोड़ योजनोंसे भी चौगुना होता गया है।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल $३ \times (५०००)^२$ वर्ग योजन है। जिसका मान १ खण्ड शलाका है। इसप्रकार लवणसमुद्रकी २४, कालोदककी ६७२, पुष्करवरसमुद्रकी ११९०४ और वारुणीवरसमुद्रकी १९५०७२ खण्ड-शलाकाएँ हैं।

लवणसमुद्रके (२४ खं० प्र० स्वरूप) क्षेत्रफलसे कालोदक-समुद्रका क्षेत्रफल २८ गुना है। यथा—

कालोदकका क्षेत्रफल ६७२ खं० श० प्रमाण = (२४ खं० श० × २८)

कालोदकके क्षेत्रफलसे पुष्करवरसमुद्रका (११९०४ खण्डशलाका स्वरूप) क्षेत्रफल १७ गुनेसे $३६ \times (१०)^{११}$ वर्ग योजन अधिक है। जो ११९०४—(६७२ × १७) = ४८० खं० श० प्रमाण है। यथा—

११९०४ = (६७२ × १७ खं० श०) + [४८० × ३ $(५०००)^२$]

= (६७२ × १७ खं० श०) + ४८० × ७५०००००००० वर्ग यो०।

= ६७२ × १७ खं० श० + ३६०००००००००० वर्ग योजन।

पुष्करवर समुद्रके क्षेत्रफलसे वारुणीवरसमुद्रका (१९५०७२ खण्ड शलाका स्वरूप) क्षेत्रफल १६ गुनेसे $३४५६ \times (१०)^{१०}$ वर्गयोजन अधिक है। जो १९५०७२—(११९०४ × १६) = ४६०८ खण्डशलाका प्रमाण है। यथा—

१९५०७२ = (११९०४ × १६ खं० प्र०) + [४६०८ × ३ $(५०००)^२$]

= (११९०४ × १६ खं० श०) + ४६०८ × ७५०००००००० वर्ग यो०

= ११९०४ × १६ खं० श० + ३४५६०००००००००० वर्ग योजन।

इससे आगे अधस्तन समुद्रके क्षेत्रफलसे उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल अन्तिम समुद्र पर्यन्त क्रमशः १६ गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत $३४५६ \times (१०)^{१०}$ वर्ग योजनोंसे भी चौगुना होता गया है। यथा—

मानलो—क्षीरवरसमुद्र इष्ट है। इसका विस्तार ५१२००००० यो० और खण्डशलाकाएँ ३११९५८४ हैं।

३११९५८४—(१९५०७२ × १६ खं० श०)=१८४३२ खं० श० वारुणी० समुद्र से अधिक हैं।

३११९५८४=(१९५०७२ × १६ खं० श०)+[१८४३२ × ३ (५००००)²]

=(१९५०७२ × १६ खं० श०)+ १३८२२४०००००००००० वर्ग यो० है।

क्षीरवर समुद्रका यह १३८२२४ × (१०)¹⁰ वर्ग योजन प्रक्षेप वारुणीवर समुद्रके ३४५६ × (१०)¹⁰ वर्ग योजनसे ४ गुना है।

तत्थ विक्खंभायाम-खेत्तफलाणं अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—

अर्थ—उनमें विस्तार, आयाम और क्षेत्रफलके अन्तिम विकल्पको कहते हैं—

अहीन्द्रवर समुद्रका विस्तार और आयाम—

अहिंदवरसमुद्दस्स विक्खंभे रज्जूए सोलस-भागं पुणो अट्ठारस-सहस्स सत्तसय-पण्णास-जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा रा/१६ + १८७५०। अद्ध जोयणाणि १८७५०।

तस्स आयाम णव रज्जू ठविय सोलस-रूवेहि भजिदमेत्तं पुणो सत्त-लक्ख-एक्कतीस-सहस्स बेण्णि-सय-पण्णास जोयणेहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा— रा/९ − ७३१२५०॥

अर्थ—अहीन्द्रवर समुद्रका विस्तार राजूका सोलहवाँ भाग और अठारह हजार सात सौ पचास योजन अधिक है। उसकी स्थापना इसप्रकार है:—राजू/१६ + १८७५० यो०।

इस समुद्रका आयाम नौ राजुओंको रखकर सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे सात लाख इकतीस हजार दो सौ पचास योजन हीन है। उसकी स्थापना—९/१६ राजू — ७३१२५० योजन॥

विशेषार्थ—अहीन्द्रवरसमुद्रका विस्तार=राजू × १/१६ + १८७५० योजन है।

इसी समुद्रका आयाम= (राजू/१६ + १८७५० — १०००००) × ९

= ९/१६ राजू — (८१२५० × ९)

= ९/१६ राजू — ७३१२५० योजन।

स्वयम्भूरमणसमुद्रका विस्तार और आयाम—

सयंभूरमणसमुद्दस्स विक्खंभं एक्क-सेढिं ठविय अट्ठावीस-रूवेहि भजिदमेत्तं पुणो पंचहत्तरि-सहस्स-जोयणेहि अब्भहियं होदि। तस्स ठवणा—$\frac{\text{जग०}}{२८}$ + ७५००० जोयणाणि ७५०००। तस्सेव आयामं णव-सेढिं ठविय अट्ठावीसेहि भजिदमेत्तं, पुणो दोण्णि-लक्ख-पंचवीस-सहस्स-जोयणेहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा— $\frac{\text{जग०}}{२८}$। रिण जोयणाणि २२५०००।

अर्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका विस्तार एक जगच्छ्रेणीको रखकर उसमें अट्ठाईसका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना और पचहत्तर हजार योजन अधिक है। उसकी स्थापना—जग० $\frac{१}{२८}$—७५००० योजन।

उसका आयाम नौ जगच्छ्रेणियोंको रखकर अट्ठाईसका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमें दो लाख पच्चीस हजार योजन कम है।

उसकी स्थापना—जग० $\frac{९}{२८}$ — २२५००० योजन।

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमण समुद्रका विस्तार= $\frac{\text{जग०}}{२८}$ + ७५००० योजन।

स्वयम्भूरमण समुद्रका आयाम= $\left(\frac{\text{जग०}}{२८} + ७५००० - १००००\right) \times ९$

$= \frac{९ \text{ जग०}}{२८} - २२५००$ योजन।

अहीन्द्रवर समुद्रका क्षेत्रफल—

अहिंदवरसमुद्दस्स खेत्तफलं रज्जूए कदी णव-रूवेहि गुणिय वेसय-छप्पण्ण-रूवेहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्क-लक्ख-चालीस-सहस्स-छस्सय-पंचवीस-जोयणेहि गुणिद-मेत्तं रज्जूए चउब्भागं, पुणो एक्क-सहस्स-तिण्णि-सय-एक्कहत्तरि-कोडीओ णव-लक्ख-सत्ततीस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि-परिहीणं होदि। तस्स ठवणा—$\frac{\text{रू}}{२५६}$। $\frac{\text{ज}^{२}}{४}$। रिण रज्जू $\frac{१}{४}$। १४०६२५ रिण जोयणाणि १३७१०९३७५००।

अर्थ—अहीन्द्रवरसमुद्रका क्षेत्रफल राजूके वर्गको नौसे गुणाकर दो सौ छप्पनका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे एक लाख चालीस हजार छह सौ पच्चीस योजनोंसे गुणित राजू का चतुर्थ भाग और एक हजार तीन सौ इकहत्तर करोड़ नौ लाख सैंतीस हजार पांचसौ योजन कम है। स्थापना इसप्रकार है—

$$= \frac{९ \cdot रा^२}{२५६} - (राजू \frac{१}{२} \times १४०६२५) - १३७१०९३७५०० ।$$

विशेषार्थ—महीन्द्रवरसमुद्रका क्षेत्रफल = आयाम × विस्तार

$$= (\frac{१}{१६} राजू - ७३१२५०) \times (\frac{१}{१६} राजू + १८७५०)$$

$$= ९ \frac{(राजू)}{२५६} + [राजू \{ \frac{१}{१६} \times १८७५० - \frac{१}{१६} \times ७३१२५० \}] - ७३१२५० \times १८७५०$$

$$= ९ \frac{(राजू)^२}{२५६} + [राजू \times (^{४६८७५०} - ^{४६८७५०})] - १३७१०९३७५०० ।$$

$$= ९ \frac{(राजू)^२}{२५६} - (राजू \times १४०६२५) - १३७१०९३७५०० वर्ग यो० ।$$

स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल—

सयंभूरमण-णिण्णग-रमणस्स खेत्तफलं रज्जूए कदी णव-रूवेहि गुणिय सोलस-रूवेहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्क-लक्ख-बारस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि (गुणिद-रज्जूए) अब्भहियं, पुणो एक्क-सहस्स-छस्सय-सत्तासीदि-कोडि-पण्णास-लक्ख-जोयणेहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा—$\frac{९}{१६}$ । $\frac{१}{१६}$ घण रज्जू $\bar{७}$ । ११२५०० रिण जोयणाणि १६८७५००००००० ॥

अर्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल राजूके वर्गको नौसे गुणा करके सोलहका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना होकर एक लाख बारह हजार पाँचसौ योजनोंसे गुणित राजूसे अधिक और एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजन कम है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$$\frac{९ \cdot राजू^२}{१६} + (राजू \times ११२५०० यो०) - १६८७५०००००० ।$$

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल = आयाम × विस्तार

$$= (\frac{९ \cdot जग०}{१६} - २२५००० यो०) \times (\frac{जग०}{४} + ७५००० यो०)$$

$$= \frac{९(जग०)^२}{(८)^२} + जग० [(\frac{१}{८} \times ७५०००) - (\frac{१}{२} \times २२५०००)] - २२५००० \times ७५००० ।$$

$$= \frac{९(जग०)^२}{(७)^२ \times (४)^२} + \frac{जग०}{७} \times [१६८७५० - ५६२५०] - २२५००० \times ७५००० यो० ।$$

$$= \frac{९(राजू)^२}{१६} + राजू \times ११२५०० यो० - १६८७५००००००० वर्ग योजन ।$$

अतिरेयस्स पमाणं आणयण-हेदुं इमं गाहा-सुत्तं—

वारुणिवरादि-उवरिम-इच्छिद-रयणायरस्स वित्थारं ।
सत्तावीसं लक्खे गुणिदे, अहियस्स परिमाणं ॥२७२॥

अर्थ—अतिरेकका प्रमाण प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

वारुणीवर समुद्रको आदि लेकर उपरिम इच्छित समुद्रके विस्तारको सत्ताईस लाखसे गुणा करने पर अधिकताका प्रमाण प्राप्त होता है ॥२७२॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

वर्णित अतिरेक घन = (उपरिम इच्छित समुद्रका विस्तार) × २७००००० ।

उदाहरण—मानलो—यहाँ क्षीरवरसमुद्रका अतिरेक घन प्राप्त करना इष्ट है । जिसका विस्तार ५१२००००० योजन है अतः क्षीर० स० का अतिरेक घन = ५१२००००० × २७००००० ।
= १३८२४०१०००००००० योजन ।

पन्द्रहवाँ-पक्ष

अवस्तनसमुद्रके (पिण्डफल + प्रक्षेपभूत) क्षेत्रफलसे उपरिम समुद्रका
क्षेत्रफल कितना होता है ?

पण्णारस-पक्खे पण्णट्ठसुत्तं वत्तइस्सामो—तं जहा—लवणसमुद्दस्स खेत्तफलादो कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलं अट्ठावीस-गुणं । लवणसमुद्द-सहिद-कालोदगसमुद्दस्स खेत्तफलादो पोक्खरवरसमुद्दस्स खेत्तफलं सत्तारस-गुणं होऊण चउवण्ण-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि ५४०००००००००० । लवण-कालोदय-सहिद-पोक्खरवर-समुद्दस्स खेत्तफलादो वारुणिवर-खीररासिस्स खेत्तफलं पण्णारस-गुणं होऊण पणयाल-सय-चउवण्ण-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होइ ४५५४०००००००००० । एवं वारुणिवरखीर-रासिप्पहुदि-हेट्ठिम-खीररासीणं खेत्तफल-समूहादो उवरिम-णिच्चणसमुद्दस्स खेत्तफलं पत्तेयं पण्णारस-गुणं पत्तेयमुद्द-पयदाल-सय-चउवण्ण-सहस्स-कोडीओ अवणिदं होऊण पुणो एक्क-सय-बासट्ठि-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होइ १६२०००००००००० । एवं णेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ।

अर्थ—पन्द्रहवें पदमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इस प्रकार है—लवणसमुद्रके क्षेत्रफल से कालोदकसमुद्रका क्षेत्रफल अट्ठाईस-गुणा है। लवणसमुद्र सहित कालोदक समुद्रके क्षेत्रफलसे पुष्करवरसमुद्रका क्षेत्रफल सत्तरह-गुणा होकर चौवन हजार करोड़ योजन अधिक है ५४०००००००००० । लवण एवं कालोद सहित पुष्करवरसमुद्रके क्षेत्रफलसे वारुणीवर-समुद्रका क्षेत्रफल पन्द्रह गुना होकर पैंतालीस लाख चौवन हजार करोड़ योजन अधिक है ४५५४०००००००००० । इसप्रकार वारुणीवरसमुद्रसे सब अधस्तन समुद्रोंके क्षेत्रफल समूहसे उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल प्रत्येक पन्द्रह-गुणा होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत पैंतालीस-लाख चौवन हजार करोड़ योजनोंसे चौगुना होकर एक लाख बासठ हजार करोड़ योजन अधिक है १६२०००००००००० । इसप्रकार यह क्रम स्वयम्भूरमण-समुद्र पर्यन्त जानना चाहिए ।।

विशेषार्थ—लवणसमुद्रके क्षेत्रफलसे कालोदकका क्षेत्रफल २८ गुना है। यथा—

=६७२=२४×२८ खण्डशलाका स्वरूप है।

लवणसमुद्र और कालोदकके (२४+६७२=६९६ खण्डशलाकारूप) क्षेत्रफलसे पुष्करवर समुद्रका (११९०४ खं० श० रूप) क्षेत्रफल १७ गुना होकर [११९०४—(६९६×१७)=७२ खं० श० रूप] ५४×(१०)^१० वर्ग योजन अधिक है। यथा—

वृद्धि सहित क्षेत्रफल ११९०४=(६९६×१७ खं० श०)+(७२×७५००००००००)

=(६९६×१७ खं० श०)+५४०००००००००० वर्ग योजन।

लवणसमुद्र, कालोदक और पुष्करवरसमुद्रके (२४+६७२+११९०४=१२६०० खं० श० रूप) क्षेत्रफलसे वारुणीवर समुद्रका (१९५०७२ खं० श० रूप) क्षेत्रफल १५ गुना होकर [१९५०७२—(१२६०० × १५)=६०७२ । खं० श० रूप)] ४५५४×(१०)^१० वर्ग योजन अधिक है। यथा—

वृद्धि सहित क्षेत्रफल १९५०७२ खं० श० रूप—(१२६०० × १५ खं० श०)+[६०७२ खं० श०×७५×(१०)^८]

=(१२६०० × १५ खं० श०)+४५५४०००००००००० वर्ग यो० ।

इसप्रकार वारुणीवर समुद्रसे लेकर सर्व अधस्तन समुद्रोंके क्षेत्रफल समूहसे उपरिम समुद्रका क्षेत्रफल प्रत्येक १५ गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत ४५५४×(१०)^१० से ४ गुना होकर १६२×(१०)^१० वर्ग योजन अधिक है। यथा—

वारुणीवरसमुद्रसे उपरिम क्षीरवर समुद्रका विस्तार ५१२ लाख योजन है और इसकी खं० श० ३१३९५८४ है। जो लवणसमुद्र, कालोदकसमुद्र, पुष्करवरसमुद्र और वारुणीवर समुद्रकी

(२४+६७२+११९०४+१६५०७२)=२०७६७२ सम्मिलित अक्षसंख्याकाओंसे १५ गुणा होकर [३१३९५८४—(२०७६७२×१५)+२४५०४ अन्य सं० रूप] ४५५४×(१०)[१७] वर्ग योजनका ४ गुणा होते हुए १६२×(१०)[१७] वर्ग योजन अधिक है। यथा—

क्षी० स० का क्षेत्र० ३१३९५८४ अं० सं० रूप=(२०७६७२ अं० गा०×१५) +(२४५०४ अं० गा०) है।

अथवा

२०७६७२×१५=३११५०८० अं० गा० रूप क्षेत्रफल+[४५५४×(१०)[१७]×४= १८२१६×(१०)[१७]]+१६२०००००००००० वर्ग यो० है।

अधिक धन प्राप्त करनेकी दूसरी विधि—

क्षीरवर समुद्रके क्षेत्रफलमें अधिक धनका प्रमाण १६२०००००००००० वर्ग योजन प्रमाण है। इस अधिक धनकी एक शलाका मानकर उपरिम समुद्रका अधिक धन अवस्तन समुद्रकी शलाकासे ४ अधिक ४ गुना होता है। इसका सूत्र इसप्रकार है—

इष्ट स० का अधिक धन=[(अवस्तन स० की शलाका×४)+१]×१६२×(१०)[१७]

घृतवरसमुद्रका अधिक धन=[(१×४)+१]×१६२×(१०)[१७]

=५×१६२×(१०)[१७]=८१०००००००००० वर्ग योजन है।

स्वयंभूरमणसमुद्रसे अर्द्धेन्द्रवरसमुद्र पर्यन्तके सब समुद्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण—

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—सयंभूरमण-विण्हुवर-जाहाणो हेट्ठिम-सव्व-सोररासीणं खेत्तफल-पमाणं रज्जूए वग्गं ति-गुणिय असीदि-कदेहि अहिदसेसं, पुणो एक्क-सहस्स-छस्सय-सत्ततीदि-कोडि-पण्णास[1]-लक्ख-जोयणेहि अब्भहियं होदि पुणो बावण्ण-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि गुणिद-रज्जूहि परिहीणं होदि। तस्स ठवणा—$\frac{\overline{\text{असी}}}{\text{रू}^{3}}$। ५२५००। अस्य जोयणाणि १६८७५००००००० किंचि रज्जूओ ऊ ५२५००।

अर्थ—इसमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—

स्वयम्भूरमणसमुद्रके नीचे अवस्तन सब समुद्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण राजूके वर्गको तीनसे गुणा करके अस्सीका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतने प्रमाण होकर एक हजार छह सौ सत्तासी

---

१. द. ब. क. ज. पण्णास।

करोड़ पचास लाख योजन अधिक और बावन हजार पाँच सौ योजनोंसे गुणित राजूसे हीन है। उसकी स्थापना—

$$\left(\frac{(\text{राजू})^2 \times 3}{८०}\right) + १६८७५०००००० \text{ वर्ग योजन} — \text{राजू} \times ५२५०० \text{ वर्ग यो०}$$

स्वयम्भूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल -

सयंभूरमणसमुद्दस्स खेत्तफलं रज्जूए वग्गं णव-रूवेहि गुणिय सोलस-रूवेहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्क-लक्खं बारस-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि गुणिद-रज्जू-घणभहियं होइ, पुणो पण्णास-लक्ख-सत्तासीदि-कोडि-अब्भहिय-छस्सय-एक्क-सहस्स - कोडि - जोयणेहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा — $\frac{९}{१६}$ । ५ । यण $\overline{७}$ । ११२५०० रिण १६८७५०००००० ।

अर्थ—स्वयम्भूरमणसमुद्रका जो क्षेत्रफल है उसका प्रमाण राजूके वर्गको नौसे गुणा करके सोलहका भाग देनेपर जो प्राप्त हो उतना होनेके अतिरिक्त एक लाख बारह हजार पाँच सौ योजनोंसे गुणित राजूसे अधिक और एक हजार छह सौ सतासी करोड़ पचास लाख योजन कम है। उसकी स्थापना—

$$= \frac{(\text{राजू})^2 \times ९}{१६} + (\text{ राजू} \times ११२५०० \text{ वर्ग यो० }) — १६८७५०००००० \text{ वर्ग यो०}$$

तत्थट्ठीणं आगमण-हेदुमिमं गाहा-सुत्तं—

तिय-रूवूणं अंतिम-दंडं णव-लक्ख-रहिद-आयामो ।
पण्णरस-हिदे संगुण-सव्वं हेट्ठिठमस्स-सव्व-उवहि-फलं ॥२७३॥

अर्थ—इन वृद्धियोंको प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

तीन लाख कम अन्तिम विस्तार और नौ लाख कम आयामको परस्पर गुणित करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसमें पन्द्रहका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना अधस्तन सब समुद्रोंका क्षेत्रफल होता है ॥२७३॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\left.\begin{array}{l}\text{अधस्तन समस्त}\\ \text{समुद्रोंका क्षेत्रफल}\end{array}\right\} = \frac{(\text{इष्ट समुद्रका विस्तार} — ३००००) \times (\text{आयाम} — ९००००)}{१५}$$

उदाहरण—१. पुष्करवर समुद्रका विस्तार ३२००००० योजन और आयाम २७९००००० योजन है।

$$\text{वर्णित क्षेत्रफल} = \frac{(32000000-3000000)\times(279000000-9000000)}{15}$$

$$= \frac{29000000\times 270000000}{15} = 522000000000000 \text{ वर्ग योजन।}$$

यह पुष्करवर समुद्रके पूर्व स्थित लवण और कालोदसमुद्रका सम्मिलित क्षे० फल है।

२. स्वयम्भूरमणसमुद्रसे अधस्तन समस्त समुद्रोंका क्षे० फल—

$$\text{स्वयम्भूरमणसमुद्रका विस्तार} = \frac{\text{राजू}}{4} + 75000 \text{ योजन।}$$

$$\text{स्वयम्भूरमणसमुद्रका आयाम} = \frac{9 \text{ राजू}}{4} - 225000 \text{ योजन।}$$

$$\left.\begin{array}{l}\text{स्वयं० समुद्रसे अधस्तन}\\ \text{समुद्रों का क्षे० फल}\end{array}\right\} = \frac{\left[\frac{\text{राजू}}{4}+75000-3000000\right]\times\left[\frac{9\text{राजू}}{4}-225000\text{यो०}-9000000\right]}{15}$$

$$= \frac{\left[\frac{\text{राजू}}{4}-225000\right]\times\left[\frac{9\text{राजू}}{4}-1125000\right]}{15}$$

$$= \frac{9 \text{ राजू}^2}{15\times 4\times 4} - \frac{\text{राजू}}{4}[4\times 225000\times 1125000 \text{ यो०}] + (225000\times 1125000 \text{ यो०})$$

$$= \frac{3(\text{राजू})^2}{16\times 5} - \frac{7875000 \text{ राजू यो०}}{15} + \frac{253125\times(10)^8}{15} \text{ वर्ग योजन।}$$

$$= \frac{3(\text{राजू})^2}{80} - 525000 \text{ राजू यो०} + 1687500\times 10^8 \text{ वर्ग योजन।}$$

यहां राजू × योजन का अर्थ है राजुओंका योजनोंके साथ गुणा करना।

सातिरेय-पमाणमाणयण-णिमित्तं गाहा-सुत्तं—

तिण्णिहं सूइ-समूहं, बारुणिवर-उवहि-पहुदि-उवरिल्लं।
चउ-लक्ख-गुणं अहियं, अट्ठरस-सहस्स-कोडि-परिहीणं ॥२७४॥

अर्थ—सातिरेक प्रमाण प्राप्त करने हेतु यह गाथा सूत्र है—

वारुणीवरसमुद्र आदि उपरिम समुद्रकी तीनों प्रकारकी सूचियोंके समूहको चार लाखसे गुणा करके प्राप्त राशिमेंसे अठारह हजार करोड़ कम कर देनेपर अधिकताका प्रमाण आता है ॥२७४॥

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

गणित सातिरेकता = (समुद्रकी तीनों सूचियोंका योग) × ४००००० − १८ × $(१०)^{१०}$

उदाहरण—

कालोदधि समुद्र सम्बन्धी सातिरेकता } = (२५३००००० + ३८१००००० + ५०९०००००) × ४००००० − १८०००००००००० ।

= ४५५४०००००००००० वर्ग योजन ।

स्वयम्भूरमणसमुद्रकी अभ्यन्तर सूची $\frac{१}{२}$ राजू − १५००००० योजन है, मध्यम सूची $\frac{३}{४}$ राजू − ७५००० यो० और बाह्य सूची १ राजू प्रमाण है। इन सूचियोंके सम्बन्धसे उक्त—

समुद्र सम्बन्धी सातिरेकता } = [($\frac{१}{२}$ रा० − १५०००००) + ($\frac{३}{४}$ रा० − ७५००० यो०) + (१ राजू)] × ४००००० − १८ × $(१०)^{१०}$ यो० ।

= [$\frac{१}{२}$ रा० + $\frac{३}{४}$ रा० + १ रा०) − २२५००० यो०] × ४००००० − १८०००००००००० यो० ।

= $\frac{५}{४}$ राजू × ४०००००) − ९०००००००००० − १८०००००००००० योजन ।

= ९००००० राजू − २७ × $(१०)^{१०}$ यो० ।

अधस्तन समुद्रोंके क्षेत्रफलका प्रमाण—

= [$\frac{३}{४}$ × $(\text{राजू})^{२}$ − ५२५०० रा० × यो० + १६८७५ × $(१०)^{९}$ वर्ग यो०] है।

इसमें १५ का गुणाकर उपर्युक्त सातिरेकताका प्रमाण जोड़ देनेपर स्वयंभूरमणसमुद्रका क्षेत्रफल प्राप्त होता है। यथा—

स्वयं० स० का क्षेत्र० = [$\frac{३}{४}$ राजू^{२} − ५२५०० रा० × यो० + १६८७५ × $(१०)^{९}$] × १५ + ९००००० रा० − २७ × $(१०)^{१०}$ वर्ग योजन

$= \frac{1}{\text{ }}$ राजू^{3} — (५२५०० रा० यो० × १५ — १००००० राजू) + [१६८७५ × १५ × $(१०)^{५}$ — २७ × $(१०)^{१०}$] वर्ग यो०

$= \frac{1}{\text{ }}$ राजू^{3} — (७८७५०० — १०००००) रा० यो० + (२५३१२५०००००० — २७००००००००००)

$= \frac{1}{\text{ }}$ राजू^{3} + ११२५०० राजू × यो० — १६८७५००००००० वर्ग योजन ।

सोलहवाँ-पक्ष

अधस्तन द्वीपके विष्कम्भ और आयामसे उपरिम द्वीपका विष्कम्भ और आयाम कितना अधिक होता हुआ गया है ? उसे कहते हैं—

सोलसम-पक्खे अप्पबहुलं वत्तइस्सामो । तं जहा—धादईसंडदीवस्स विक्खंभं चत्तारि-लक्खं, आयामं सत्तावीस-लक्खं । पोक्खरवरदीव-विक्खंभं सोलस-लक्खं, आयामं पणतीस-लक्ख-सहिय-एय-कोडि-जोयण-पमाणं । वारुणिवरदीव-विक्खंभं चउसट्ठि-लक्खं, आयामं सत्तसट्ठि-लक्ख-सहिय-पंच-कोडीओ । एवं हेट्ठिम-विक्खंभादो उवरिम-विक्खंभं चउग्गुणं, आयामादो आयामं चउग्गुणं सत्तावीस-लक्खेहि अब्भहियं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति ।।

अर्थ—सोलहवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं । वह इसप्रकार है—धातकीखण्डद्वीपका विस्तार चार लाख और आयाम सत्ताईस लाख योजन है । पुष्करवरद्वीपका विस्तार सोलह लाख और आयाम एक करोड़ पैंतीस लाख योजन है । वारुणीवरद्वीपका विस्तार चौंसठ लाख और आयाम पाँच करोड़ सड़सठ लाख योजन है । इसप्रकार अधस्तन द्वीपके विस्तारसे तदनन्तर उपरिम द्वीपका विस्तार चौगुना और आयामसे आयाम चौगुना होनेके अतिरिक्त सत्ताईस लाख योजन अधिक होता हुआ स्वयम्भूरमण-द्वीप पर्यन्त चला गया है ।

विशेषार्थ—अधस्तन द्वीपकी अपेक्षा उपरिम द्वीपका विस्तार ४ गुना होता हुआ जाता है । यथा—

धातकी० द्वीपका वि० ४००००० यो० = (जम्बूद्वीपका वि० १०००००) × ४

पुष्कर० द्वीपका वि० १६००००० यो० = (धातकी०का विस्तार ४०००००) × ४

वारुणी० द्वीपका वि० ६४००००० यो०=(पुष्कर० का विस्तार १६०००००)×४ आदि

अधस्तन द्वीपके आयामकी अपेक्षा उपरिम द्वीपका आयाम चौगुना होनेके अतिरिक्त २७००००० योजन अधिक होता हुआ जाता है। यथा—

धातकी० द्वीपका आयाम २७००००० यो०=(४००००० — १०००००)×९

पुष्कर० द्वीपका आयाम १३५००००० यो०=(२७०००००×४)+२७००००० यो०।

वारुणी० द्वीपका आयाम ५६७००००० यो०=(१३५००००००×४)+२७००००० यो० आदि।

अधस्तनद्वीपके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीपका क्षेत्रफल—

धादईसंडदीव-खेत्तफलादो पोक्खरवरदीवस्स खेत्तफलं वीस-गुणं। पुक्खरवर-दीवस्स खेत्तफलादो वारुणीवरदीवस्स खेत्तफलं सोलस-गुणं होऊण सत्तारस-लक्ख-अट्ठावीस-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होइ १७२८०००००००००००। एवं हेट्ठिम-दीवस्स खेत्तफलादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स खेत्तफलं सोलस-गुणं पक्खेवभूद-सत्तारस-लक्ख-अट्ठावीस-सहस्स-कोडीओ चउग्गुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमणदीओ त्ति॥

अर्थ—धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल बीस-गुना है। पुष्करवर-द्वीपके क्षेत्रफलसे वारुणीवर द्वीपका क्षेत्रफल सोलह गुना होकर सत्तरह लाख अट्ठाईस हजार करोड़ वर्ग योजन अधिक है १७२८०००००००००००। इसप्रकार स्वयम्भूरमण-द्वीप पर्यन्त अधस्तन द्वीपके क्षेत्रफलसे अनन्तर उपरिम द्वीपका क्षेत्रफल सोलह गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत सत्तरह लाख अट्ठाईस हजार करोड़ योजनोंसे चौगुना होता गया है॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका क्षेत्रफल ७५×(१०)^९ वर्ग योजन है। इसकी एक शलाका मानी गई है। इसी मापके अनुसार धातकी खण्डकी १४४, पु० द्वीपकी २८८० और वारुणी० द्वीपकी ४८३८४ खण्डशलाकाएँ हैं।

धातकीखण्डद्वीपके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल २० गुना है। यथा—

पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल २८८० खं० श० प्रमाण=१४४×२०।

पुष्करवरद्वीपके क्षेत्रफलसे वारुणीवरद्वीपका क्षेत्रफल १६ गुना होकर १७२८×(१०)^१० वर्ग यो० अधिक है। जो ४८३८४ — (२८८० × १६ खं० श०)=२३०४ खंड श० प्रमाण है। यथा—

४८३८४=(२८८० × १६ खं० ग०)+[२३०४ खं० ग० × ७५ × (१०)^८]

=२८८० × १६+१७२८०००००००००० वर्ग योजन।

इससे आगे अष्टस्तन द्वीपके क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीपका क्षेत्रफल अन्तिम द्वीप पर्यन्त क्रमशः १६ गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत १७२८ × (१०)^१० वर्ग योजनोंसे भी चौगुना होता गया है। यथा—

मानलो—क्षीरवरद्वीप इष्ट है। इसका विस्तार २५६ लाख योजन और खण्डशलाकाएँ ७८३३६० हैं—

७८३३६० खं० ग० — (४८३८४ × १६ खं० ग०)=६२१६ खं० ग० वारुणी० द्वीपसे अधिक है

७८३३६०=(४८३८४ × १६ खं० ग०)+(६२१६ × ७५ × (१०)^८

=(४८३८४ × १६ खं० ग०)+६९१२०००००००००० वर्ग योजन।

क्षीरवरद्वीपका यह ६९१२ × (१०)^१० वर्ग योजन प्रक्षेप वारुणीवरद्वीपके १७२८ × (१०)^१० वर्ग योजनसे ४ गुना है।

एत्थ विक्खंभायाम-खेत्तफलाणं अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—

अर्थ—उनमें विस्तार, आयाम और क्षेत्रफलका अन्तिम विकल्प कहते हैं—

अहीन्द्रवरद्वीपका विस्तार और आयाम—

अहिंदवरदीवस्स विक्खंभं रज्जूए बत्तीसम-भागं, पुणो णव-सहस्स-तिण्णि-सय-पंचहत्तरि-जोयणेहि अब्भहियं होदि। आयामं णव-रज्जू ठविय बत्तीस-रूवेहि भागं घेत्तूण पुणो अट्ठ-लक्ख-पण्णारस-सहस्स-छस्सय-पणवीस-जोयणेहि परिहीणं होइ। तस्स ठवणा— $\overline{७}$। ३२ लब्ध जोयणाणि ९३७५। आयामं $\overline{७}$। $\frac{९}{३२}$। रिण जोयणाणि ८१५६२५।

अर्थ—अहीन्द्रवरद्वीपका विस्तार राजूके बत्तीसवें भाग और नौ हजार तीन सौ पचहत्तर योजन अधिक है तथा इसका आयाम नौ राजुओंको रखकर बत्तीसका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे आठ लाख पन्द्रह हजार छह सौ पच्चीस योजन हीन है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—

विस्तार=राजू $\frac{१}{३२}$ + ९३७५ यो०। आयाम=राजू $\frac{९}{३२}$ — ८१५६२५ यो०।

विशेषार्थ—अहीन्द्रवरद्वीपका विस्तार=राजू × $\frac{१}{३२}$ + ९३७५ योजन।

इसी द्वीपका आयाम=(राजू × $\frac{९}{३२}$ + ९३७५ — १०००००) × ९

=$\frac{९ \text{ राजू}}{३२}$ — (९०६२५ × ९)=$\frac{९ \text{ राजू}}{३२}$ — ८१५६२५ योजन।

अहीन्द्रवर द्वीपका क्षेत्रफल—

अहिंदवरदीवस्स खेत्तफलं रज्जूए वग्गं णव-हवेहि गुणिय एक्क-सहस्स-चउवीस हवेहि भजिदमेत्तं, पुणो रज्जूए सोलसम-भागं ठविय तिण्ण-लक्ख-पंच-सट्ठि-सहस्स-छस्सय-पण्णवीस-जोयणेहि गुणिदमेत्तं परिहीणं होदि, पुणो सत्तसय-चउसट्ठि-कोडि-चउसट्ठि-लक्ख-चउसीदि-सहस्स-ति-सय-पंचहत्तरि-जोयणेहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा—$\frac{९}{१०२४}$ रिण रज्जूओ $\overline{७}$ । ^{३६५६३५} रिण जोयणाणि ७६४६४८४३७५ ।

अर्थ—अहीन्द्रवरद्वीपका क्षेत्रफल राजूके वर्गको नौसे गुणा करके एक हजार चौबीसका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे, राजूके सोलहवें भागको रखकर तीन लाख पैंसठ हजार छह सौ पच्चीस योजनोंसे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उतना कम है, पुनः सातसौ चौंसठ करोड़ चौंसठ लाख चौरासी हजार तीन सौ पचहत्तर योजन कम हैं । उसकी स्थापना इसप्रकार है—

$\frac{९ \text{ राजू}^२}{१०२४}$—(रा० $\frac{१}{१६}$ × ३६५६३५ यो०)—७६४६४८४३७५ ।

विशेषार्थ—अहीन्द्रवरद्वीपका क्षेत्रफल = विस्तार × आयाम ।

= $\left(\frac{\text{राजू}}{३२}+९३७५\right)\times\left(\frac{९ \text{ राजू}}{३२}-८१५६२५ \text{ यो०}\right)$

= $\frac{९(\text{राजू})^२}{(३२)^२}+\frac{\text{राजू}}{३२}\times[(९३७५\times९)-८१५६२५ \text{ यो०}]$—९३७५ × ८१५६२५ वर्ग यो० ।

= $\frac{९ \text{ राजू}^२}{(३२)^२}-\frac{\text{राजू}}{३२}\times७३१२५० \text{ यो०}$ — ७६४६४८४३७५ वर्ग यो० ।

= $\frac{९ \text{ राजू}^२}{(३२)^२}-\frac{\text{राजू}}{१६}\times२६५६२५ \text{ यो०}$ — ७६४६४८४३७५ वर्ग योजन ।

स्वयम्भूरमणद्वीपका विस्तार एवं आयाम—

सयंभूरमणदीवस्स विक्खंभं रज्जूए अट्ठम-भागं पुणो सत्तत्तीस-सहस्स-पंचसय-जोयणेहि अब्भहियं होदि, आयामं पुणो णव-रज्जूए अट्ठम-भागं पुणो पंच-लक्ख-बासट्ठि-सहस्स-पंच-सय-जोयणेहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा—$\overline{७}$ । $\frac{१}{८}$ रूऊण जोयणाणि ३७५०० । आयाम $\overline{७}$ । $\frac{१}{८}$ रिण जोयणाणि ५६२५०० ॥

अर्थ—स्वयम्भूरमणद्वीपका विस्तार राजूका आठवाँ भाग होकर सैंतीस हजार पाँच सौ योजन अधिक है और इसका आयाम नौ राजुओंके आठवें भागमेंसे पाँच लाख बासठ हजार पाँच सौ योजन हीन है । उसकी स्थापना इसप्रकार है—

वि० = $\frac{१}{८}$ राजू + ३७५०० यो० । आयाम = $\frac{९}{८}$ राजू—५६२५०० यो० ॥

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमणद्वीपका विस्तार $= \frac{\text{राजू}}{८} + ३७५००$ योजन।

स्वयम्भूरमणद्वीपका आयाम $= \left(\frac{\text{राजू}}{८} + ३७५०० - १००००० \right) \times ९$

$= \frac{९ \text{ रा०}}{८} - ५६२५०० \text{ योजन है।}$

स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल—

पुणो खेत्तफलं रज्जूए कदी णव-रूवेहि गुणिय चउसट्ठि-रूवेहि भजिदमेत्तम्मि-पुणो रज्जू ठविय अट्ठावीस-सहस्स-एकसय-पंचवीस-रूवेहि गुणिदमेत्तं, पुणो पण्णास-सहस्स-सत्तत्तीस-लक्ख-णव-कोडि-अब्भहिय-दोण्णि-सहस्स-एकसय-कोडि-जोयणं एवेहि[1] वोहि रासीहि परिहीणं पुव्विल्ल-रासी होदि। तस्स ठवणा—$\frac{९}{८}$। $\frac{९}{८}$ रिण रज्जूओ $\overline{७}$। २८१२५ रिण जोयणाणि २१०९३७५०००० ॥

अर्थ—पुनः इस (स्वयम्भूरमण) द्वीपका क्षेत्रफल राजूके वर्गको नौसे गुणा करके प्राप्त राशिमें चौंसठका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे, राजूको स्थापित करके अट्ठाईस हजार एक सौ पच्चीससे गुणा करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसे और दो हजार एकसौ नौ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजन, इन दो राशियोंको कम कर देनेपर अवशिष्ट पूर्वोक्त राशि प्रमाण है। उसकी स्थापना इसप्रकार है—$\frac{९}{८}$ राजू^{२} — (रा० १ × २८१२५ यो०) — २१०९३७५०००० ॥

विशेषार्थ—स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल = विस्तार × आयाम इस द्वीपका विस्तार = $\frac{\text{राजू}}{८}$ + ३७५०० योजन है और आयाम = $\frac{९ \text{ राजू}}{८}$ — ५६२५०० यो० है।

इस द्वीपका क्षेत्रफल $= \left(\frac{\text{राजू}}{८} + ३७५०० \text{ यो०} \right) \times \left(\frac{९ \text{ रा०}}{८} - ५६२५०० \text{ यो०} \right)$

$= \frac{९ \text{ राजू}^२}{६४} + \frac{\text{राजू}}{८} [९ \times ३७५०० - ५६२५०० \text{ यो०}] - ३७५०० \times ५६२५००]$

$= \frac{९ \text{ राजू}^२}{६४} + (\text{राजू} \times २८१२५ \text{ यो०}) - २१०९३७५०००० \text{ वर्ग यो०}।$

$= \frac{९}{६४} \text{ राजू}^२ - २८१२५ \text{ राजू यो०} - २१०९३७५०००० \text{ वर्ग योजन}।$

---

१. ब. एवे हवाह, ब. एदे हवाह।

अदिरेयस्स पमाणाणयण-हेदुमिमा सुत्त-गाहा—

सग-सग-मज्झिम-सूई, णव-लक्ख-गुणं पुणो वि मिलिदव्वं ।
सत्तावीस - सहस्सं, कोडीओ तं हवेदि अदिरेगं ।।२७५।।

अर्थ—अतिरेकका प्रमाण प्राप्त करने हेतु यह गाथा-सूत्र है—

अपनी-अपनी मध्यम-सूचीको नौ लाखसे गुणा करके उसमें सत्ताईस हजार करोड़ और मिला देनेपर वह अतिरेक-प्रमाण होता है ।।२७५।।

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

अतिरेक का प्रमाण = (निज मध्यम सूची × ९०००००) + २७ × (१०)^१० वर्ग योजन ।

उदाहरण—(१) वारुणीवरद्वीपकी मध्यम सूचीका प्रमाण १८९ ला० योजन है ।

वारुणी० द्वीप सम्बन्धी अतिरेक-प्रमाण = (१८९००००० × ९०००००) + २७०००००००००० वर्ग योजन ।

= १७२८००००००००००० वर्ग योजन है ।

(२) स्वयम्भूरमणद्वीपकी मध्यम सूचीका प्रमाण (½ रा० — १८७५०० यो०) है ।

इसके अतिरेक प्रमाण = [(½ रा० — १८७५०० यो०) × ९०००००] + २७ × (१०)^१० वर्ग यो०

= (½ रा० × ९००००० यो०) — (१८७५०० × ९०००००) + २७०००००००००० वर्ग योजन

= ¹³⁵⁰⁰⁰⁰ रा० यो० — १६८७५००००००० + २७०००००००००० वर्ग यो०

= ३३७५०० रा० यो० + १०१२५००००००० वर्ग योजन है ।

इस अतिरेकके प्रमाणमें अहीन्द्रवरद्वीपका १६ गुना क्षेत्रफल जोड़ देनेपर स्वयम्भूरमण-द्वीपका क्षेत्रफल प्राप्त हो जाता है । यथा—

(अहीन्द्रवर द्वीपका १६ गुना क्षेत्रफल = $\frac{१}{२^{६}}$ राजू² = ३६५६२५ रा० यो० — १२२३४३७५०००० वर्ग यो०) + (अतिरेकका प्रमाण = ३३७५०० रा० यो० + १०१२५०००००० वर्ग यो०) ।

$=\frac{5}{49}$ राजू[1]—२८१२५ रा० यो०—२१०९३७५०००० वर्ग योजन स्वयम्भूरमण द्वीपका क्षेत्रफल है।

सत्तरहवाँ-पक्ष

अधस्तन द्वीपके (पिण्डफल+प्रक्षेपभूत) क्षेत्रफलसे उपरिम द्वीप का क्षेत्रफल कितना होता है ?

सत्तारसम-पक्खे अप्पबहुत्तं वत्तइस्सामो। तं जहा—धादईसंड-खेत्तफलादो पुक्खरवरदीवस्स खेत्तफलं वीस-गुणं। धादईसंड - सहिद - पोक्खरवरदीव - खेत्तफलादो वारुणिवर-खेत्तफलं सोलस-गुणं। धादईसंड-पोक्खरवरदीव-सहिय-वारुणिवरदीव-खेत्त-फलादो खीरवरदीव-खेत्तफलं पण्णारस-गुणं होऊण सीदि-सहस्स-सहिय-एक्काणउदि-लक्ख-कोडीहिं अब्भहियं होदि ९१८०००००००००००। एवं खीरवर-दीव-प्पहुदि अब्भंतरिम-सव्व-दीव गउदि-लक्ख-कोडीहिं चउगुणं होऊण एयलक्ख-अट्ठ[1]-सहस्स-कोडि-जोयणेहि अब्भहियं होदि १०८०००००००००००। एवं णेयव्वं जाव सयंभूरमण-दीवो त्ति॥

अर्थ—सत्तरहवें पक्षमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है—धातकीखण्डके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल बीस गुना है। धातकीखण्ड सहित पुष्करवरद्वीपके क्षेत्रफलसे वारुणीवर-द्वीपका क्षेत्रफल सोलह गुना है। धातकीखण्ड और पुष्करवरद्वीप सहित वारुणीवरद्वीपके क्षेत्रफलसे क्षीरवरद्वीपका क्षेत्रफल पन्द्रह गुना होकर इक्यानवें लाख अस्सी हजार करोड़ योजन अधिक है ९१८०००००००००००। इसप्रकार क्षीरवर आदि अभ्यन्तर सब द्वीपोंके क्षेत्रफलसे अनन्तर बाह्य भागमें स्थित द्वीपका क्षेत्रफल पन्द्रह गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपभूत इक्यानवें लाख अस्सी हजार करोड़ चौगुने होकर एक लाख आठ हजार करोड़ योजनोंसे अधिक है १०८०००००००००००। यह क्रम स्वयम्भूरमणद्वीप पर्यन्त जानना चाहिए।

विशेषार्थ—धातकीखण्डके क्षेत्रफलसे पुष्करवरद्वीपका क्षेत्रफल २० गुना है। यथा—

पु० द्वीपकी खं० श० २८८०=(धा० की खं० श० १४४)×२०।

---

१. ब. ब. अट्ठारस।

धातकीखण्ड और पुष्करवरद्वीपके (१४४ + २८८० = ३०२४ खं० ग० रूप) क्षेत्रफलसे वारुणीवरद्वीपका (४८३८४ खण्डशलाका रूप) क्षेत्रफल १६ गुना है। यथा—

वारुणीवर द्वीपकी खं० ग० ४८३८४ = (३०२४ खं० श०) × १६।

धातकीखण्ड, पुष्करवरद्वीप और वारुणीवरद्वीपके (१४४ + २८८० + ४८३८४ = ५१४०८ खं० श० रूप) क्षेत्रफलसे क्षीरवरद्वीपका (७८३३६० खं० श० रूप) क्षेत्रफल १५ गुना होकर [७८३३६० खं० श० — (५१४०८ खं० ग० × १५) = १२२४० खं० ग० रूप] ९१८ × (१०)^{११} वर्ग योजन अधिक है। यथा—

वृद्धि सहित क्षेत्रफल ७८३३६० खं० श० रूप = (५१४०८ × १५ खं० श०) + १२२४० खं० श० × ७५ × (१०)^{८}

= (५१४०८ × १५ खं० श०) + ९१८०००००००००० वर्ग यो०

इसप्रकार क्षीरवर आदि अभ्यन्तर सब द्वीपोंके क्षेत्रफलसमूहसे उपरिम द्वीपका क्षेत्रफल प्रत्येक १५ गुना होनेके अतिरिक्त प्रक्षेपसूत्र ९१८ × (१०)^{११} से ४ गुना होकर ०८ × (१०)^{१०} वर्ग योजन अधिक है। यथा—

क्षीरवरद्वीपसे ऊपर घृतवरद्वीप है। जिसका विस्तार १०२४ लाख योजन और आयाम [(१०२४ लाख) × (१०२४ ला० — १ ला०) × ०] योजन है। इस द्वीपकी खण्ड ग० १२५७०६२४ हैं। जो धातकी खण्ड, पुष्करवरद्वीप, वारुणीवरद्वीप और क्षीरवरद्वीपकी (१४४ + २८८० + ४८३८४ + ७८३३६० =) ८३४७६८ सम्मिलित खण्ड शलाकाओंसे १५ गुना होकर [१२५७०६२४ — (८३४७६८ × १५) + ४९१०४ खं० ग० रूप] ९१८ × (१०)^{११} वर्ग योजन का ४ गुना होते हुए १०८ × (१०)^{१०} वर्ग योजन अधिक है। यथा—

घृत० द्वीपका क्षेत्र० १२५७०६२४ खं० श० रूप = (८३४७६८ खं० ग० × १५) + (४९१०४ खं० श०) अथवा ८३४७६८ × १५ = १२५२१५२० खं० श० रूप क्षेत्र० + [९१८ × (१०)^{११} × ४ = ३६७२००००००००००] + १०८०००००००००० वर्ग योजन है।

स्वयम्भूरमणद्वीपके अवस्तन सर्व-द्वीपोंके क्षेत्रफलका प्रमाण—

तत्थ अंतिम-विक्खंभं वत्तइस्सामो—सयंभूरमणदीवस्स हेट्ठिम-सव्व-दीवाणं खेत्तफल-पमाणं रज्जूए वग्गं ति-वुत्तिय दोसुत्तर-तिय-सदेहि भजिदमेत्तं, पुणो एक्क-सहस्सं तिण्णि-सय-उणसट्ठि—कोडीओ सत्ततीस-लक्खं पण्णास-सहस्स-जोयणेहि अब्भहियं होइ। पुणो एक्कतीस-सहस्सं अट्ठ-सय-पंचहत्तरि-जोयणेहि वुत्तिद-रज्जूए[1] परिहीणं होइ।

---

१. द. ब. रज्जूएवि।

तस्स ठवणा—$\frac{३}{३२०}$ । ३ । घण जोयणाणि १३५९३७५०००० । रिण रज्जू $\frac{७}{}$ । ३१८७५ ।

अर्थ—स्वयम्भूरमणद्वीपके मध्यतन सब द्वीपोंके क्षेत्रफलका प्रमाण राजूके वर्गको तिगुना करके तीनसौ बीसका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमें एक हजार तीन सौ छनसठ करोड़ सैंतीस लाख पचास हजार योजन अधिक तथा इकतीस हजार आठ सौ पचहत्तर योजनोंसे गुणित राजूसे हीन है। उसकी स्थापना—

$\left(\frac{३ \text{ रा}^२}{३२०}\right)$ + १३५९३७५०००० यो० — (रा० × ३१८७५) ।

स्वयम्भूरमणद्वीपका क्षेत्रफल—

$$\frac{1}{\text{असं}} \left[\left(\frac{1}{\text{असं}} \times \frac{1}{\text{असं}} \times \frac{1}{\text{असं}} \times \frac{\text{असं}}{\text{असं}} \right) + \frac{1}{\text{असं}} \left(\frac{\text{असं}}{\text{असं}} \times \frac{\text{असं}}{\text{असं}} \times \frac{1}{\text{असं}} \right) \right]$$

$$\text{या} \quad \frac{1}{\text{असं}} \frac{(\text{असं} \times \text{असं} \times \text{असं}) + 1}{\text{असं} \times \text{असं}}$$

$$\text{या} \quad \frac{1}{\text{असं}} \frac{\text{असं}^3 + 1}{\text{असं}^2} \text{ या } \frac{1}{\text{असं}} \text{असं}$$

पर्याप्त द्वीन्द्रियादि जीवोंका प्रमाण—

क्र०	नाम	समभाग +	देयभाग—	प्रमाण
१.	पर्याप्त तेन्द्रिय जीवों का प्रमाण	$\frac{1}{\text{असं}}$	$\frac{\text{असं}}{1}$	$\frac{1}{\text{असं}}$
२.	पर्याप्त द्वीन्द्रिय जीवों का प्रमाण	$\frac{1}{\text{असं}}$	$\frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1}$	$\frac{1}{\text{असं}}$
३.	पर्याप्त पञ्चेन्द्रियों का प्रमाण	$\frac{1}{\text{असं}}$	$\frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1}$	$\frac{1}{\text{असं}}$
४.	पर्याप्त चतुरिन्द्रियों का प्रमाण	$\frac{1}{\text{असं}}$	$\frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1} \times \frac{\text{असं}}{1}$	$\frac{1}{\text{असं}}$

अपर्याप्त द्वीन्द्रियादि जीवोंका प्रमाण—

पुणो [1]'पुव्वुत्त-बोइंदियादि-सामण्ण-रासिम्मि सग-सग-पज्जत्त-रासिम्मवणिदे सग-सग-अपज्जत्त-रासि-पमाणं होदि । तं जहा—

कि	ती	च	पं
५ । ६१२० ।	५ । ८४२४	५ । ५८३६	५ । ५८६४ ।
=८४२४ । रि ।	=६१२० । रि ।	=५८६४ । रि ।	=५८३६ । रि ।
४ । ४ । ६५६१ ।	४ । ४ । ६५६१	४ । ४ । ६५६१ ।	४ । ४ । ६५६१ ।

अर्थ—पुनः पूर्वोक्त दोइन्द्रियादि सामान्य राशिमेंसे अपनी-अपनी पर्याप्त राशिको घटा देनेपर शेष अपनी-अपनी अपर्याप्त राशिका प्रमाण होता है ।। यथा—

अपर्याप्त द्वीन्द्रियादि जीवोंका प्रमाण—

क्र०	नाम	सामान्य जीवराशि =	पर्याप्त जीवराशि =	अपर्याप्त जीव-राशि
१.	द्वीन्द्रिय जीव	$= \frac{२}{रि}$ ६५५५ —	$= \frac{३}{रि}$ ६५५५ =	$= \frac{१}{४ \mid ४ \mid ६५६१}$ $[\frac{५}{रि}(८४२४)-५(६१२०)]$
२.	तेइन्द्रिय जीव	$= \frac{२}{रि}$ ६५५५ —	$= \frac{३}{रि}$ ६५५५ =	$= \frac{१}{४ \mid ४ \mid ६५६१}$ $[\frac{५}{रि}(६१२०)-५(८४२४)]$
३.	चतुरिन्द्रिय	$= \frac{२}{रि}$ ६५५५—	$= \frac{३}{रि}$ ६५५५ =	$= \frac{१}{४ \mid ४ \mid ६५६१}$ $[\frac{५}{रि}(५८६४)-५(५८३६)]$
४.	पंचेन्द्रिय	$= \frac{२}{रि}$ ६५५५—	$= \frac{३}{रि}$ ६५५५ =	$= \frac{१}{१४ \mid ४ \mid ६५६१}$ $[\frac{५}{रि}(५८३६)-५(५८६४)]$

१. ब पुव्वुत्तर, क पुव्वत्तर ।

तिर्यञ्च असंज्ञी पर्याप्त जीवोंका प्रमाण—

पुणो पंचेन्द्रिय - पज्जत्तापज्जत्त - रासीणं मज्झे देव-णेरइय-मणुस-देवरासि-संखेज्जविभागमुद-तिरिक्ख-सण्णि-रासिमवणिदे अवसेसा तिरिक्ख - असण्णि - पज्जत्ता-पज्जत्ता होंति । तं चेदं पज्जत्त ।

$$\frac{-२}{५}\ ३५५५ \text{ रिण राशि} = \frac{}{४ \mid ६५५३६}\ ^{1} \text{ —२ मू} \mid \frac{८ \quad ८}{१ \mid ३ \text{ मू०}} = \frac{}{४ \mid ६५५३६ \mid ७ \mid ७ \mid ५}\ ^{१}\ \mid$$

अर्थ—पुनः पंचेन्द्रिय पर्याप्त-अपर्याप्त राशियोंके मध्यमेंसे देव, नारकी, मनुष्य तथा देव-राशिके संख्यातवें भाग प्रमाण तिर्यञ्च संज्ञी जीवोंकी राशिको घटा देनेपर शेष तिर्यञ्च असंज्ञी पर्याप्त जीवोंका प्रमाण होता है ।

विशेषार्थ—सम्पूर्ण पंचेन्द्रिय पर्याप्त राशिका प्रमाण $\frac{}{५} \mid ३ \mid ३५५५$ है। और देव राशिका प्रमाण $\frac{}{४} \mid ६५५३६$ । नरक राशिका — २ मू । पर्याप्त मनुष्य राशि का $\frac{८ \quad ८}{१ \mid ३ \text{ मू}}$ तथा तिर्यंच संज्ञी राशिका प्रमाण $\frac{}{४} \mid ६५५३६ \mid ७ \mid ७ \mid ५$ है। उपर्युक्त पंचेन्द्रिय पर्याप्त राशिमेंसे देव, नारकी, पर्याप्त मनुष्य और संज्ञी तिर्यंच, इन चारों राशियों को घटा देनेपर जो शेष बचता है वही असंज्ञी पर्याप्त जीवोंका प्रमाण होता है । जो स्थापना मूलमें की गई है उसका स्पष्टीकरण इसप्रकार है — —जगत्प्रतर और ४ घनरांगुलका प्रतीक है । —२ मू का अर्थ है, जगच्छ्रेणीका दूसरा वर्गमूल । $\frac{८ \quad ८}{१ \mid ३ \mid \text{मू}}$ का अर्थ है, सूच्यंगुलके प्रथम एवं तृतीय मूल का परस्पर गुणा करने पर जो लब्ध प्राप्त हो उससे जगच्छ्रेणीको भाजित कर १ घटा देना चाहिए । पश्चात् जो अवशेष रहे वह पर्याप्त मनुष्यकी संख्याका प्रमाण होता है ।

तिर्यंञ्च संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त-अपर्याप्त जीवराशिका प्रमाण—

पुणो पुव्वं अवणिद-तिरिक्ख-सण्णि-रासीणं तप्पाओग्ग-संखेज्ज-रूवेहि खंडिदे तत्थ बहुभागा तिरिक्ख-सण्णि-पंचेंदिय-पज्जत्त-रासी होदि, सेसेयभागं सण्णि-पंचेंदिय-अपज्जत्त-रासि-पमाणं होदि । तं चेदं $\frac{}{४} \mid ६५८ \mid ७ \mid ७ \mid ५$ । $\frac{}{४} \mid ६५८ \mid ७ \mid ७ \mid २$ ।

एवं संज्ञा-पञ्चना समत्ता ॥७॥

अर्थ—पुनः पूर्वमें अपनीत तिर्यञ्च संज्ञी राशिको अपने योग्य संख्यात रूपोंसे खण्डित करने पर उसमेंसे बहुभाग तिर्यञ्च संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवराशि होती है और शेष एक भाग (तिर्यञ्च) संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्त जीवराशिका प्रमाण होता है ॥

विशेषार्थ—तिर्यञ्च पंचेन्द्रिय पर्याप्त राशिका प्रमाण देवराशि ($\frac{६५५३६}{७}$ । ७) के संख्यातवें भाग प्रमाण अर्थात् $\frac{६५५३६}{७}$ । ७ । ७ होता है। अथवा $\frac{६५५३६}{७}$ । ७ । ७ । होती है। यहाँ—अमलतर, ४ प्रतरांगुल, ६५५३६ अर्थात् ६५५३६ तथा ७ संख्यातका प्रतीक है। इसलिए इस राशि को तत्प्रायोग्य संख्यात (५) से अभिहत करनेपर बहुभाग मात्र संज्ञी और पर्याप्त तिर्यंच पंचेन्द्रिय जीवराशि $\frac{६५५३६}{७}$ । ७ । ७ प्रमाण होती है। तथा शेष एक भाग संज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीव राशि $\frac{६५५३६}{७}$ । ७ । ७ । १ प्रमाण होती है।

इसप्रकार संख्या-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥७॥

स्थावर जीवोंकी उत्कृष्टायु—

सुद्ध-खर-पु-जलाणं, बारस बाबीस सत्त य सहस्सा।
तेउ-तिय दिवस-तियं, वरिसं ति-सहस्स दस य जेट्ठाऊ ॥२८३॥

१२००० । २२००० । ७००० । दि ३ । व ३००० । व १००००।

अर्थ—शुद्ध पृथिवीकायिक जीवोंकी उत्कृष्ट आयु बारह हजार (१२०००) वर्ष, खर पृथिवीकायिक की बाईस हजार (२२०००) वर्ष, जलकायिक की सात हजार (७०००) वर्ष, तेजस्कायिक की तीन दिन, वायुकायिककी तीन हजार (३०००) वर्ष और वनस्पतिकायिक जीवोंकी दस हजार (१००००) वर्ष प्रमाण है ॥२८३॥

विकलेन्द्रियों और सरीसृपोंकी उत्कृष्टायु—

बास-दिण-मास-बारसपुव्वंगं छक्क दिवस-जेट्ठाऊ।
णव - पुव्वंग - पमाणं, उक्कस्साऊ सरिसवाणं[1] ॥२८४॥

ब १२ । दि ४९ । मा ६ । पुव्वांग ९ ।

अर्थ—विकलेन्द्रियोंमें दोइन्द्रियोंकी उत्कृष्टायु बारह (१२) वर्ष, तीन इन्द्रियोंकी उनंचास दिन और चारइन्द्रियोंकी छह (६) मास प्रमाण है। (पंचेन्द्रियोंमें) सरीसृपोंकी उत्कृष्टायु नौ पूर्वांगप्रमाण होती है ॥२८४॥

पक्षियों, सर्पों और शेष तिर्यंचोंकी उत्कृष्टायु—

बाहत्तरि बादालं, बास-सहस्साणि पक्खि-उरगाणं।
थलचेरा - तिरियाणं, उक्कस्सं पुव्व - कोडीओ ॥२८५॥

७२००० । ४२००० । पूर्वकोटि १ ।

---

१. ब. ब. सरिसवं।

अर्थ—पल्लियोंकी उत्कृष्ट आयु बहत्तर हजार (७२०००) वर्ष और सर्पोंकी बयालीस हजार (४२०००) वर्ष प्रमाण होती है। शेष तिर्यंचोंकी उत्कृष्ट आयु एक पूर्वकोटि प्रमाण है ॥२८५॥

तिर्यञ्चोंके यह उत्कृष्ट आयु कहाँ-कहाँ और कब प्राप्त होती है—

एवे उक्कसाऊ, पुव्वावर-विदेह-जाद[1]-तिरियाणं ।
कम्मावणि-पडिबद्धे, बाहिरभागे सयंपह-गिरीदो[2] ॥२८६॥

तत्थेव सव्वकालं, केई जीवाण भरह - एरवदे ।
तुरिमस्स पढमभागे, एदारसं होदि उक्कस्सं ॥२८७॥

अर्थ—उपर्युक्त उत्कृष्ट आयु पूर्वापर विदेह क्षेत्रोंमें उत्पन्न हुए तिर्यञ्चोंके तथा स्वयम्प्रभ पर्वतके बाह्य कर्मभूमि-भागमें उत्पन्न हुए तिर्यञ्चोंके ही सर्वकाल पायी जाती है। भरत और ऐरावत क्षेत्रके भीतर चतुर्थकालके प्रथम भागमें भी किन्हीं तिर्यंचोंके उक्त उत्कृष्ट आयु पायी जाती है ॥ २८६-२८७ ॥

कर्मभूमिज तिर्यंचोंकी जघन्य आयु—

उस्सासस्स - द्वारस - भागं एइंदिए जहण्णाऊ ।
वियल - सयलिंदियाणं, तत्तो संखेज्ज - संगुणिदे ॥२८८॥

अर्थ—एकेन्द्रिय जीवोंकी जघन्य आयु उच्छ्वासके अठारहवें भाग प्रमाण और विकलेन्द्रिय एवं सकलेन्द्रिय जीवोंकी क्रमशः इससे उत्तरोत्तर संख्यात-गुणी है ॥२८८॥

भोगभूमिज तिर्यंचोंकी आयु—

वर-मज्झिम-अवर-भोगज-तिरियाणं तिय-दुगेक्क-पल्लाऊ ।
अवरे वरम्मि तत्तिय - भविणस्सर - भोगभूवाणं ॥२८९॥

प ३ । प २ । प १ ।

अर्थ—उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य भोगभूमिज तिर्यंचोंकी आयु क्रमशः तीन पल्य, दो पल्य और एक पल्य प्रमाण है। अविनश्वर भोगभूमियोंमें जघन्य एवं उत्कृष्ट आयु उक्त तीन प्रकार ही है ॥ २८९ ॥

---

१. ब. अदि। २. ब. क. ज. विरिदो।

समय-जुद-पुव्व-कोडी, जहण्ण-भोगज-जहण्णयं आऊ ।
उक्कस्ससेक - पल्लं, मज्झिम - भेयं अणेयविहं ॥२९०॥

अर्थ—जघन्य भोगभूमिजोंकी जघन्य आयु एक समय अधिक पूर्वकोटि और उत्कृष्ट आयु एक पल्य-प्रमाण है । मध्यम आयुके अनेक प्रकार हैं ॥२९०॥

समय-जुद-पल्लमेक्कं, जहण्णयं मज्झिमम्मि अवराऊ ।
उक्कस्सं दो - पल्लं, मज्झिम - भेयं अणेय - विहं ॥२९१॥

अर्थ—मध्यम भोगभूमिमें जघन्य आयु एक समय अधिक एक पल्य और उत्कृष्ट आयु दो पल्य प्रमाण है । मध्यम आयुके अनेक प्रकार हैं ॥२९१॥

समय-जुद-दोण्णि-पल्लं, जहण्णयं तिण्णि-पल्लमुक्कस्सं ।
उक्कस्सिय - भोयभूए, मज्झिम - भेयं अणेय - विहं ॥२९२॥

आऊ समत्ता ॥८॥

अर्थ—उत्कृष्ट भोगभूमिमें जघन्य आयु एक समय अधिक दो पल्य और उत्कृष्ट तीन पल्य—प्रमाण है । मध्यम आयुके अनेक भेद हैं ॥२९२॥

आयुका वर्णन समाप्त हुआ ॥८॥

तिर्यञ्च आयुके बन्धक भाव—

आउग-बंधण-काले[1], मू - मेंढ्रो - [2]उरब्भवत्थिगा ।
चक्क-मसो च्च कसाया, छल्लेस्सा - मज्झिमंसेहिं ॥२९३॥

जे जुत्ता णर-तिरिया, सग-सग-जोगेहिं लेस्स-संजुत्ता ।
णारइ - देवा केई, णिय-जोग-तिरिक्खमाउ बंधंति ॥२९४॥

आउग-बंधग-भावं समत्तं ॥९॥

अर्थ—आयुके बन्धकालमें चूरेका, हड्डी, मेंढ़ेके सींग और पहियेके मल (खोंयन) सदृश क्रोधादि कषायोंसे संयुक्त जो मनुष्य और तिर्यंच जीव अपने-अपने योग्य छह लेश्याओंके मध्यम अंशों सहित होते हैं तथा अपने-अपने योग्य लेश्याओं सहित कोई-कोई नारकी एवं देव भी अपने-अपने योग्य तिर्यंच आयुका बन्ध करते हैं ॥२९३-२९४॥

आयु-बन्धक भावोंका कथन समाप्त हुआ ॥९॥

---

१ द. ब. क. ज. कालो । २. उरब्भवत्थिया ।

तिर्यंचोंकी उत्पत्ति योग्य योनियाँ—

उप्पत्ती तिरियाणं, गब्भज-संमुच्छिमो त्ति पत्तेक्कं ।
सचित्त-सीद-संवद-सेदर-मिस्सा य जह - जोग्गं ॥२९५॥

अर्थ—तिर्यञ्चोंकी उत्पत्ति गर्भ और सम्मूर्च्छन जन्मसे होती है। इनमेंसे प्रत्येक जन्मको सचित्त, शीत, संवृत तथा इनसे विपरीत अचित्त, उष्ण, विवृत और मिश्र (सचित्ताचित्त, शीतोष्ण और संवृतविवृत), ये यथायोग्य योनियाँ होती हैं ॥२९५॥

गब्भुब्भव[1]-जीवाणं, मिस्सं सचित्त - णामधेयस्स ।
सीदं उण्हं मिस्सं, संवद - जोणिम्मि मिस्सा य ॥२९६॥

अर्थ—गर्भसे उत्पन्न होनेवाले जीवोंके सचित्त नामक योनिमेंसे मिश्र (सचित्ताचित्त), शीत, उष्ण, मिश्र (शीतोष्ण) और संवृत योनिमेंसे मिश्र (संवृत-विवृत) योनि होती है ॥२९६॥

संमुच्छिम-जीवाणं, सचित्ताचित्त-मिस्स-सीदुसिणा ।
मिस्सं संवद - विवुदं, णव-जोणीओ हु सामण्णा ॥२९७॥

अर्थ—सम्मूर्च्छन जीवोंके सचित्त, अचित्त, मिश्र, शीत, उष्ण, मिश्र, संवृत, विवृत और संवृत-विवृत, ये साधारणरूपसे नौ ही योनियाँ होती हैं ॥२९७॥

तिर्यंचोंकी योनियोंका प्रमाण—

पुढवी-आइ[2]-चउक्के, णिच्चिदरे सत्त-सत्त परोक्कं ।
दस तरुणा रुक्खाणं, छल्लक्खा विगल-जोणाणं ॥२९८॥

पंचक्खे चउ-लक्खा, एवं बासट्ठि-लक्ख-परिमाणं ।
णाणाविह - तिरियाणं, होंति हु जोणी विसेसेणं ॥२९९॥

एवं जोणी समत्ता ॥१०॥

अर्थ—पृथिवी आदिक चार तथा नित्यनिगोद एवं इतरनिगोद इनमें प्रत्येकके सात लाख, वृक्षोंके दस लाख, विकल-जीवोंके छह लाख और पंचेन्द्रियोंके चार लाख, इसप्रकार विशेष रूपसे नाना प्रकारके तिर्यंचोंके ये बासठ लाख प्रमाण योनियाँ होती हैं ॥२९८-२९९॥

इसप्रकार योनियोंका कथन समाप्त हुआ ॥१०॥

---

१. ब. ब. गब्भुब्भव । २. ब. ब. क. ब. आद ।

तिर्यंचोंमें सुख-दुःखकी परिकल्पना—

सव्वे भोगभुवाणं, संकप्पवसेण होइ सुहमेक्कं ।
कम्मावणि-तिरियाणं, सोक्खं दुक्खं च संकप्पो ॥३००॥

सुह-दुक्खं समत्तं ॥११॥

अर्थ—सब भोगभूमिज तिर्यंचोंके संकल्पवश केवल एक ही (मात्र) सुख होता है और कर्मभूमिज तिर्यंच जीवोंके सुख एवं दुःख दोनोंकी कल्पना होती है ॥३००॥

सुख-दुःखका वर्णन समाप्त हुआ ॥११॥

तिर्यंचोंके गुणस्थानोंका कथन—

तेत्तीस-भेद-संजुद-तिरिक्ख-जीवाण सव्व-कालम्मि ।
मिच्छत्त - गुणट्ठाणं, जीवट्ठं सण्णिणं तं माणं ॥३०१॥

अर्थ—संज्ञी (पर्याप्त) जीवोंको छोड़कर शेष तेतीस प्रकारके भेदोंसे युक्त तिर्यंच जीवोंके सब कालमें एक मिथ्यात्व गुणस्थान रहता है। अब संज्ञी जीवोंके गुणस्थान-प्रमाणका कथन करते हैं ॥३०१॥

पण-पण अज्जाखंडे, भरहेरावदम्मि मिच्छ-गुणठाणं ।
अवरे वरम्मि पण गुणठाणाणि कयाइ दीसंति ॥३०२॥

अर्थ—भरत और ऐरावत क्षेत्र स्थित पाँच-पाँच आर्यखण्डोंमें जघन्य रूपसे एक मिथ्यात्व गुणस्थान और उत्कृष्ट रूपसे कदाचित् पाँच गुणस्थान भी देखे जाते हैं ॥३०२॥

पंच-विदेहे सट्ठी, समधिय-सय-अज्जखंडए तत्तो ।
विज्जाहर - सेढीए, बाहिरभागे सयंपह - गिरीदो ॥३०३॥

सासण-मिस्स-विहीणा, ति-गुणट्ठाणाणि थोव-कालम्मि ।
अवरे वरम्मि पण गुणठाणाइ कयाइ दीसंति ॥३०४॥

अर्थ—पाँच विदेहक्षेत्रोंके एक सौ साठ आर्य-खण्डोंमें, विद्याधर श्रेणियोंमें और स्वयम्प्रभ-पर्वतके बाह्य भागमें सासादन एवं मिश्र गुणस्थानको छोड़ तीन गुणस्थान जघन्यरूपसे स्तोक कालके होते हैं। उत्कृष्टरूपसे पाँच गुणस्थान भी कदाचित् देखे जाते हैं ॥३०३-३०४॥

सव्वेसु वि भोगभुवे, दो गुणठाणाणि थोवकालम्मि ।
दीसंति चउ-वियप्पं, सव्व-मिलिच्छम्मि[1] मिच्छत्तं ॥३०५॥

अर्थ—सर्व भोगभूमियोंमें दो (मिथ्यात्व और अविरत स०) गुणस्थान और स्तोक-कालके लिए चार गुणस्थान देखे जाते हैं। सब म्लेच्छ खण्डोंमें एक मिथ्यात्व गुणस्थान ही रहता है ॥३०५॥

जीवसमास आदिका वर्णन—

पज्जत्तापज्जत्ता, जीवसमासाणि सयल-जीवाणं ।
पज्जत्ति - अपज्जत्ती, पाणाओ होंति णिस्सेसा ॥३०६॥

अर्थ—सम्पूर्ण जीवोंके पर्याप्त और अपर्याप्त दोनों जीव-समास, पर्याप्ति एवं अपर्याप्ति तथा सब ही प्राण होते हैं ॥३०६॥

चउ-सण्णा तिरिय-गदी, सयलाओ इंदियाओ छक्काया ।
एक्कारस जोगा तिय - वेदा कोहादिय - कसाया ॥३०७॥

छण्णाणा दो संजम, तिय-दंसण [2]दव्व-भावदो लेस्सा ।
छच्चेव य भविय - दुगं छस्सम्मत्तेहि संजुत्ता ॥३०८॥

सण्णि-असण्णी होंति हु, ते आहारा तहा अणाहारा ।
साकारणायार - दंसण - उवजोग - जुदाणि ते सव्वे ॥३०९॥

एवं गुणठाणादि-समत्ता ॥१२॥

अर्थ—सब तिर्यंच जीवोंके चारों संज्ञाएँ, तिर्यंचगति, समस्त इन्द्रियाँ, छहों काय, ग्यारह योग (वैक्रियिक, वैक्रियिकमिश्र, आहारक और आहारक मिश्रको छोड़कर), तीनों वेद, क्रोधादिक चारों कषाय, छह ज्ञान (३ ज्ञान, ३ अज्ञान), दो संयम (असंयम एवं देशसंयम), केवलदर्शनको छोड़कर शेष तीन दर्शन, द्रव्य और भावरूपसे छहों लेश्याएँ, भव्यत्व-अभव्यत्व और छहों सम्यक्त्व होते हैं। वे सब तिर्यंच संज्ञी एवं असंज्ञी, आहारक एवं अनाहारक तथा ज्ञान एवं दर्शनरूप दोनों उपयोगों सहित होते हैं ॥३०७-३०९॥

इसप्रकार गुणस्थानादिका कथन समाप्त हुआ ॥१२॥

---

१. ब. क. मेलच्छम्मि । २. ब. सव्व ।

तिर्यंचोंमें सम्यक्त्व ग्रहणके कारण—

केइ पडिबोहणेण य, केइ सहावेण तासु भूमीसुं ।
दट्ठूणं सुह - दुक्खं, केइ तिरिक्खा बहु-पयारा ॥३१०॥

जादि-भरणेण केई, केइ जिणिंदस्स महिम-दंसणदो ।
जिणबिंब-दंसणेण य, पडमुवसमं[1] वेदगं च गेण्हंति ॥३११॥

सम्मत्त-गहणं गदं ॥१३॥

अर्थ—उन भूमियोंमें कितने ही तिर्यंच जीव प्रतिबोधसे और कितने ही स्वभावसे भी प्रथमोपशम एवं वेदक सम्यक्त्वको ग्रहण करते हैं। इसके अतिरिक्त बहुत प्रकारके तिर्यंचोंमेंसे कितने ही सुख-दुःखको देखकर, कितने ही जातिस्मरणसे, कितने ही जिनेन्द्र महिमाके दर्शनसे और कितने ही जिनबिम्बके दर्शनसे प्रथमोपशम एवं वेदक सम्यक्त्वको ग्रहण करते हैं ॥३१०-३११॥

इसप्रकार सम्यक्त्व ग्रहणका कथन समाप्त हुआ ॥१३॥

तिर्यंच जीवोंकी गति-आगति—

पुढवि-प्पहुदि-वणप्फदि-अंतं विगला य कम्म-भर-तिरिए ।
ण लहंति तेउ - वाउ, मणुवाउ अणंतरे जम्मे ॥३१२॥

अर्थ—पृथिवीको आदि लेकर वनस्पतिकायिक पर्यन्त स्थावर और विकलेन्द्रिय जीव कर्म-भूमिज मनुष्य एवं तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते हैं। परन्तु विशेष इतना है कि तेजस्कायिक और वायुकायिक जीव अनन्तर जन्ममें मनुष्यायु नहीं पाते हैं ॥३१२॥

बत्तीस-भेद-तिरिया, ण होंति कइयाइ भोग-सुर-णिरए ।
सेढिघणमेत्त - लोए, सव्वे अक्खेसु जायंति ॥३१३॥

अर्थ—बत्तीस प्रकारके तिर्यंच जीव, भोगभूमिमें तथा देव और नारकियोंमें कदापि उत्पन्न नहीं होते। शेष जीव श्रेणीके घनप्रमाण लोकमें सर्वत्र (कहीं भी) उत्पन्न होते हैं ॥३१३॥

विशेषार्थ—गाथा २८२ में तिर्यंच जीवोंके ३४ भेद कहे हैं इनमेंसे संज्ञी पर्याप्त और असंज्ञी पर्याप्त (दोनों) को छोड़कर शेष ३२ प्रकारके तिर्यंच जीव भोगभूमिमें तथा देव और नारकियोंमें कदापि उत्पन्न नहीं होते।

---

१. द. ब. क. ज. पडमुवसमे।

पढम-चरंतमसण्णी, भवणतिए सयल-कम्म-णर-तिरिए ।
सेढिघणमेत्त - लोए, सव्वे अक्खेसु जायंति ॥३१४॥

अर्थ—असंज्ञीजीव प्रथम पृथिवीके नरकोंमें, भवनत्रिकमें और समस्त कर्मभूमियोंके मनुष्यों एवं तिर्यंचोंमें उत्पन्न होते हैं। ये सब श्रेणीके घनप्रमाण लोकमें कहीं भी पैदा होते हैं ॥३१४॥

संखेज्जाउव-सण्णी, सहर-सहस्सारओ त्ति जायंति ।
णर-तिरिए णिरएसु, वि संखातीदाउ आव ईसाणं ॥३१५॥

अर्थ—संख्यातवर्षकी आयुवाले संज्ञी तिर्यंच जीव शतार-सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त (देवोंमें) तथा मनुष्य, तिर्यंच और नारकियोंमें भी उत्पन्न होते हैं। परन्तु असंख्यातवर्ष की आयुवाले संज्ञी जीव ईशान कल्प पर्यन्त ही उत्पन्न होते हैं ॥३१५॥

चोत्तीस-भेद-संजुद-तिरिया हु अणंतरम्मि जम्मम्मि ।
ण हुंति सलाग - णरा, भजणिज्जा सिद्धिगइ-पवेसे ॥३१६॥

एवं संकमणं गदं ॥१४॥

अर्थ—चौंतीस भेदोंसे संयुक्त तिर्यंच जीव निश्चय ही अनन्तर जन्ममें शलाका-पुरुष नहीं होते। परन्तु मुक्ति-प्रवेशमें ये भजनीय हैं। अर्थात् अनन्तर जन्ममें ये कदाचित् मुक्ति भी प्राप्त कर सकते हैं ॥३१६॥

इसप्रकार संक्रमणका कथन समाप्त हुआ ॥१४॥

तिर्यंच जीवोंके प्रमाणका चौंतीस पदोंमें अल्पबहुत्व—

एत्तो चोत्तीस-पदमप्पबहुगं वत्तइस्सामो । तं जहा—सव्वत्थोवा तेउक्काइय-बादर-पज्जत्ता । ति । पंचेंदिय - तिरिक्ख - सण्णि - अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा $\frac{आ}{४}$ । ४ । ६५५३६ । ७ । ७ । २ । सण्णि-पज्जत्ता संखेज्जगुणा $\frac{आ}{४}$ । ४ । ६५५३६ । ७ । ७ । ४ । चउरिंदिय-पज्जत्ता संखेज्जगुणा $\frac{आ}{२}$ । २५५ । पंचेंदिय-तिरिक्खा असण्णि-पज्जत्ता विसेसाहिया $\frac{आ}{२}$ । २५५ । रिण रासि $\frac{आ}{४}$ । ६५५३६ ।

— २ मू । $\frac{आ \times ३}{१ \times ३ \times मू}$ । $\frac{आ}{४}$ । ६५५३६ । ५ ।

तीइंदिय-पज्जत्ता विसेसाहिया $\frac{आ}{२}$ । ६५३५ ।

तीइंदिय-पज्जत्ता विसेसाहि $\frac{आ}{२}$ । ६५३५ ।

चउरिंदिय-असण्णि-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा

$$\frac{५ \mid ५८६४}{४ \mid ३ \mid ६५६१} \cdot \text{रि} \Big| \text{रिण} \frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; \Big| \; \frac{१}{६५३२६ \mid ७ \mid ७ \mid ५} \Big|$$

चउरिंदिय-अपज्जत्ता विसेसाहिया $\frac{५ \mid ५८३६ \mid}{४ \mid ४ \mid ६५६१ \mid} = \mid ५८६४ \mid \text{रि} \mid$

तीइंदिय-अपज्जत्ता विसेसाहिया $\frac{५ \mid ८४२४}{४ \mid ४ \mid ६५६१ \mid} = \mid ६१२० \mid \text{रि} \mid$

बीइंदिय-अपज्जत्ता विसेसाहिया $\frac{५ \mid ६१२० \mid}{४ \mid ४ \mid ६५६१ \mid} = \mid ८४२४ \mid \text{रि} \mid$

अपदिट्ठिद-पज्जत्ता असंखेज्जगुणा $\frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; ९ \; ९ \; ९ \mid$

पदिट्ठिद-पज्जत्ता असंखेज्जगुणा $\frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; ९ \; ९ \mid$

पुढवि-बादर-पज्जत्ता-असंखेज्जगुणा $\frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; ९ \mid$

आउ-बादर-पज्जत्ता असंखेज्जगुणा $\frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; \Big|$

वाउ-बादर-पज्जत्ता असंखेज्जगुणा $= ७ \mid$

अपदिट्ठिद-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा $= \text{रि} \; \text{रिण} \; \frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; ९ \mid ९ \mid ९ \mid ९ \mid$

पदिट्ठिद-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा $= \text{रि} = \text{रि} \; \text{रिण} \; \frac{=}{४} \; \frac{}{\text{प}} \; \frac{}{\text{रि}} \; ९ \mid ९ \mid ९ \mid$

तेउ-बादर-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा = रि $\frac{1}{2}$ रिण $\frac{\text{प}}{\text{रि}}$ ।

पुढवि-बादर-अपज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ रिण $\frac{\text{प}}{\text{रि}}$ । ६ ।

आउ-बादर-अपज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ रिण $\frac{\text{प}}{\text{रि}}$ ।

वाउ[1]-बादर-अपज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ रिण $\frac{\text{प}}{\text{रि}}$ ।

तेउ-सुहुम-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा = रि $\frac{1}{2}$ ।

पुढवि-सुहुम-अपज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

आउ-सुहुम-अपज्जत्ता[2] विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

वाउ-सुहुम-अपज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

तेउकाय-सुहुम-पज्जत्ता संखेज्जगुणा = रि $\frac{1}{2}$ ।

पुढवि-सुहुम-पज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

आउ-सुहुम-पज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

वाउ-सुहुम-पज्जत्ता विसेसाहिया = रि $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ ।

साहारण-बादर-पज्जत्ता-अणंतगुणा १३ = $\frac{1}{3}$ ।

साहारण-बादर-अपज्जत्ता असंखेज्जगुणा १३ = $\frac{1}{4}$ ।

साहारण-सुहुम-अपज्जत्ता[3] असंखेज्जगुणा १३ = $\frac{1}{5}$ ।

साहारण-सुहुम-पज्जत्ता असंखेज्जगुणा १३ = $\frac{1}{6}$ ।

एवमप्पबहुगं समत्तं ॥१५॥

---

१. ब. ब. आउबादरपज्जत्ता । २. क. ब. पज्जत्ता । ३. ब. ब. पज्जत्ता ।

अर्थ—अब यहाँसे आगे चौंतीस प्रकारके तिर्यंचोंमें अल्पबहुत्व कहते हैं। वह इसप्रकार है :—

(१) बादर तेजस्कायिक पर्याप्त जीव सबसे थोड़े हैं।
(२) इनसे असंख्यातगुणे पंचेन्द्रिय तिर्यंच संज्ञी अपर्याप्त हैं।
(३) इनसे संख्यातगुणे संज्ञी पर्याप्त हैं।
(४) इनसे संख्यातगुणे चार इन्द्रिय पर्याप्त हैं।
(५) इनसे विशेष अधिक पञ्चेन्द्रिय तिर्यंच असंज्ञी पर्याप्त हैं।
(६) इनसे विशेष अधिक दो इन्द्रिय पर्याप्त हैं।
(७) इनसे विशेष अधिक तीन इन्द्रिय पर्याप्त हैं।
(८) इनसे असंख्यात गुणे असंज्ञी अपर्याप्त हैं।
(९) इनसे विशेष अधिक चार इन्द्रिय अपर्याप्त हैं।
(१०) इनसे विशेष अधिक तीन इन्द्रिय अपर्याप्त हैं।
(११) इनसे विशेष अधिक दो इन्द्रिय अपर्याप्त हैं।
(१२) इनसे असंख्यातगुणे अप्रतिष्ठित पर्याप्त प्रत्येक हैं।
(१३) इनसे असंख्यातगुणे प्रतिष्ठित पर्याप्त प्रत्येक जीव हैं।
(१४) इनसे असंख्यातगुणे पृथिवीकायिक बादर पर्याप्त जीव हैं।
(१५) इनसे असंख्यातगुणे बादर जलकायिक पर्याप्त जीव हैं।
(१६) इनसे असंख्यातगुणे बादर वायुकायिक पर्याप्त जीव हैं।
(१७) इनसे असंख्यातगुणे अप्रतिष्ठित अपर्याप्त हैं।
(१८) इनसे असंख्यातगुणे प्रतिष्ठित अपर्याप्त हैं।
(१९) इनसे असंख्यातगुणे तेजस्कायिक बादर अपर्याप्त हैं।
(२०) इनसे विशेष अधिक पृथिवीकायिक बादर अपर्याप्त जीव हैं।
(२१) इनसे विशेष अधिक जलकायिक बादर अपर्याप्त जीव हैं।
(२२) इनसे विशेष अधिक वायुकायिक बादर अपर्याप्त जीव हैं।
(२३) इनसे असंख्यातगुणे तेजस्कायिक सूक्ष्म अपर्याप्त हैं।
(२४) इनसे विशेष अधिक पृथिवीकायिक सूक्ष्म अपर्याप्त हैं।

(२५) इनसे विशेष अधिक त्रसकायिक सूक्ष्म अपर्याप्त हैं।

(२६) इनसे विशेष अधिक वायुकायिक सूक्ष्म अपर्याप्त हैं।

(२७) इनसे संख्यातगुणे तेजस्कायिक सूक्ष्म पर्याप्त हैं।

(२८) इनसे विशेष अधिक पृथिवीकायिक सूक्ष्म पर्याप्त हैं।

(२९) इनसे विशेष अधिक जलकायिक सूक्ष्म अपर्याप्त हैं।

(३०) इनसे विशेष अधिक वायुकायिक सूक्ष्म पर्याप्त हैं।

(३१) इनसे अनन्तगुणे साधारण बादर पर्याप्त हैं।

(३२) इनसे असंख्यातगुणे साधारण बादर अपर्याप्त हैं।

(३३) इनसे असंख्यातगुणे साधारण सूक्ष्म अपर्याप्त हैं। और

(३४) इनसे संख्यातगुणे साधारण सूक्ष्म पर्याप्त हैं।

इसप्रकार अल्पबहुत्वका कथन समाप्त हुआ ॥१५॥

सर्व जघन्य अवगाहनाका स्वामी—

ओगाहणं तु अवरं, सुहुम-णिगोदस्सपुण्ण-लद्धिस्स ।
अंगुल - असंखभागं, आदस्स य तदिय-समयम्मि ॥३१७॥

अर्थ—सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तकके उत्पन्न होनेके तीसरे समयमें अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण जघन्य अवगाहना पायी जाती है ॥३१७॥

सर्वोत्कृष्ट अवगाहनाका प्रमाण—

तत्तो पदेस-वड्ढी, जाव य दीहं तु जोयण-सहस्सं ।
तस्स दलं विक्खंभं, तस्सद्धं बहलमुक्कस्सं ॥३१८॥

अर्थ—तत्पश्चात् एक हजार योजन लम्बे, इससे आधे अर्थात् पाँच सौ योजन चौड़े और इससे आधे अर्थात् ढाईसौ योजन मोटे शरीरकी उत्कृष्ट अवगाहना पर्यन्त प्रदेश-वृद्धि होती गई है ॥३१८॥

एकेन्द्रियसे पंचेन्द्रिय पर्यन्त उत्कृष्ट अवगाहनाका प्रमाण—

जोयण-सहस्समहियं, बारस कोसूणमेक्कमेक्कं च ।
दोह-सहस्सं पम्मे, वियले सम्मुच्छिमे महामच्छे ॥३१९॥

१००० । १२ । ३/४ । १ । १००० ।

अर्थ—कुछ अधिक एक हजार (१०००) योजन, बारह योजन, एक कोस कम एक योजन, एक योजन और एक हजार (१०००) योजन यह क्रमशः पद्म, विकलेन्द्रिय जीव और सम्मूर्च्छन महामत्स्यकी अवगाहनाका प्रमाण है ॥३१९॥

पर्याप्त त्रस जीवोंमें जघन्य अवगाहनाके स्वामी—

बि-ति-चउ-पुण्ण-जहण्णे, अणुद्धरी - कुंथु-काण-मच्छीसु ।
सित्थय - मच्छोगाहं, विदंगुल-संख-संख-गुणिद-कमा ॥३२०॥

६	६	६	६
७७७७	७७७	७७	७

अर्थ—दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय और चार इन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें क्रमशः अनुन्धरी, कुन्थु और कानमक्षिका तथा पंचेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें सिक्थक-मत्स्यके जघन्य अवगाहना होती है। इनमेंसे अनुन्धरीकी अवगाहना घनांगुलके संख्यातवेंभागप्रमाण और शेष तीनकी उत्तरोत्तर क्रमशः संख्यातगुणी है ॥३२०॥

विशेषार्थ—पर्याप्त दो इन्द्रिय अनुन्धरीकी जघन्य अवगाहना चार बार संख्यातसे भाजित घनांगुल प्रमाण अर्थात् $\frac{घ.अं.}{७७७७}$ है। पर्याप्त तीन इन्द्रिय कुन्थुकी जघन्य अवगाहना तीन बार संख्यातसे भाजित घनांगुल ($\frac{घ.अं.}{७७७}$) प्रमाण है। पर्याप्त चार इन्द्रिय कानमक्षिकाकी जघन्य अवगाहना दो बार संख्यातसे भाजित घनांगुल ($\frac{घ.अं.}{७७}$) प्रमाण है और पर्याप्त पंचेन्द्रिय तन्दुल मत्स्यकी जघन्य अवगाहना एक बार संख्यातसे भाजित घनांगुल ($\frac{घ.अं.}{७}$) प्रमाण है।

नोट—संदृष्टिमें ६ का अंक घनांगुलके और ७ का अंक संख्यातके स्थानीय है।

अवगाहनाके विकल्पोंका क्रम—

एत्थ ओगाहण-वियप्पं वत्तइस्सामो । तं जहा—सुहुम-णिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स तदिय-समयतब्भवत्थस्स एगमुस्सेह - घणंगुलं ठविय तप्पाओग्ग - पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण भागे हिदे बहुगं एदिस्से सव्व-जहण्णोगाहणा-पमाणं होदि ॥

अर्थ—अब यहाँ अवगाहनाके विकल्प कहते हैं। वे इसप्रकार हैं—उत्पन्न होनेके तीसरे समयमें उस भवमें स्थित सूक्ष्मनिगोदिया(१)-लब्ध्यपर्याप्त जीवकी सर्व जघन्य अवगाहनाका प्रमाण, एक उत्सेध-घनांगुल रखकर उसके योग्य पल्योपमके असंख्यातवें भागसे भाजित करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना है ॥

एदस्स उवरि एग-पदेसं वड्ढिदे सुहुम-णिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स मज्झिम-ओगाहण-वियप्पं होदि। तदो दु-पदेसुत्तर-ति-पदेसुत्तर-चदु-पदेसुत्तर-जाव सुहुम-णिगोद-लद्धि - अपज्जत्तयस्स सव्व - जहण्णोगाहणा - त्ति उवरि जहण्णोगाहणा कज्जणावलियाए असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदव्वा' त्ति। ताधे सुहुम-वाउकाइय-लद्धि-'अपज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—इसके ऊपर एक प्रदेशकी वृद्धि होनेपर सूक्ष्म-निगोदिया-लब्ध्यपर्याप्तकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प होता है। इसके पश्चात् दो प्रदेशोत्तर, तीन प्रदेशोत्तर एवं चार प्रदेशोत्तर क्रमशः सूक्ष्मनिगोदिया-लब्ध्यपर्याप्तकी सर्व-जघन्य अवगाहनाके ऊपर, यह जघन्य अवगाहना एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणा करनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो, उतनी बढ़ जाती है। उस समय सूक्ष्म वायुकायिक(२) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

एवमेवं सुहुमणिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स मज्झिमोगाहियाण वियप्पं होदि। तदो इमा ओगाहणा पदेसुत्तर-कमेण वड्ढावेदव्वा। तदणंतरोगाहणा कज्जणावलियाए असंखेज्जविभागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-तेउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तस्स-सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—यह भी सूक्ष्म-निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तककी मध्यम अवगाहनाका विकल्प है। तत्पश्चात् इस अवगाहनाके ऊपर प्रदेशोत्तर क्रमसे वृद्धि करना चाहिए। इसप्रकार वृद्धिके होनेपर वह अनन्तर अवगाहना एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र वृद्धिको प्राप्त हो जाती है। तब सूक्ष्म तेजस्कायिक(३) लब्ध्यपर्याप्तकका सर्वजघन्य अवगाहना स्थान प्राप्त होता है ॥

एवमेवं पुढविस्स-दोण्णं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं होदि। पुणो एवस्सुवरिम-पदेसुत्तर-कमेण इमा ओगाहणा कज्जणावलियाए असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम - आउक्काइय - लद्धि'- अपज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

---

१. ब. ब, क. ब. वड्ढीदो त्ति। २. ब. ब. पज्जत्तस्स। ३. ब. ब. लद्धिपज्जत्तयस्स।

अर्थ—यह भी पूर्वोक्त दो जीवोंकी मध्यम अवगाहना का ही विकल्प होता है। पुनः इसके ऊपर प्रदेशोत्तर-क्रमसे वृद्धि होनेपर यह अवगाहना एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र वृद्धिको प्राप्त हो जाती है। तब सूक्ष्म जलकायिक(४)-लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना प्राप्त होती है ॥

एवमादि वुड्ढिस्स-तिण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं होदि। तदो पदेसुत्तर-कमेण चउण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वट्टदि जाव इमा ओगाहणा रूवूणावलियाए असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-पुढविकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—यह भी पूर्वोक्त तीन जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प है। पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे चार जीवोंकी मध्यम अवगाहना चालू रहती है। जब यह अवगाहना एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र वृद्धिको प्राप्त होती है, तब सूक्ष्म-पृथिवीकायिक(५) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना ज्ञात होती है ॥

तदो बहुदि पदेसुत्तर-कमेण पंचण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वट्टदि। इमा ओगाहणा रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-वाउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—यहाँसे लेकर प्रदेशोत्तर क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहना चालू रहती है। यह अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र वृद्धि प्राप्त हो जाती है। तब बादर वायुकायिक(६) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व-जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो उवरि पदेसुत्तर-कमेण छण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वट्टदि जाव इमा ओगाहणा रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-तेउकाइय-अपज्जत्तस्स सव्व-जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—इसके ऊपर प्रदेशोत्तर क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प प्रारम्भ रहता है। जब यह अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र वृद्धिको प्राप्त होती है, तब बादर तेजस्कायिक(७)-अपर्याप्तककी सर्व-जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहणा-वियप्पं वड्ढदि जाव इमा ओगाहणमुवरि [1]ऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिद-तदणंतरोगाहण-पमाणं वड्ढिदो त्ति । तावे बादर-आउ-सद्धि-अपज्जत्तयस्स बहुप्पोगाहणं होदि ।।

अर्थ - पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चालू रहता है जब इस अवगाहनाके ऊपर एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित उस अनन्तर अवगाहना का प्रमाण बढ़ जाता है, तब बादर अप्कायिक(८) लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण अट्ठण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि जाव तदणंतरोगाहणा ऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तावे बादर-पुढवि-सद्धि-अपज्जत्तयस्स बहुप्पोगाहणं होदि ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चालू रहता है । जब तदनन्तर अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (इस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त होती है, तब बादर पृथिवीकायिक(९) लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण णवण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि जाव तदणंतरोगाहणा ऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तावे बादर-णिगोद-जीव-सद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व बहुप्पोगाहणा होदि ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उपर्युक्त नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है । जब तदनन्तर अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (इस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त होती है, तब बादर निगोद(१०)-लब्ध्यपर्याप्तक जीवकी सर्व जघन्य अवगाहना होती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि एदिस्से ओगाहणाए उवरि इमा ओगाहणा ऊण - पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं वड्ढिदो त्ति । तावे णिगोद-पदिट्ठिद-सद्धि-अपज्जत्तयस्स बहुप्पोगाहणा होदि ।।

---

१. द. ब. ऊणया ।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे उक्त दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है, जब इस अवगाहनाके ऊपर यह अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित-मात्र वृद्धिको प्राप्त हो चुकती है, तब त्रिगोदप्रतिष्ठित(११) लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण एक्कारस-जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि जाव इमा ओगाहणा-मुवरि रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिद-तदणंतरोगाहणमेत्तं वड्ढिदो[1] त्ति । ताहे[2] बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेय-सरीर-लद्धि-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे उक्त ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है, जब इस अवगाहनाके ऊपर एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित तदनन्तर अवगाहना प्रमाण वृद्धि हो चुकती है, तब बादर वनस्पतिकायिक(१२)-प्रत्येक शरीर लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण बारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणा रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताहे बीइंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उक्त बारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है जब तदनन्तर अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (उस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त हो चुकती है, तब दो इन्द्रिय(१३) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पहुदि पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि जाव तदणंतरोगाहण-रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदो तीइंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् यहाँसे आगे प्रदेशोत्तर-क्रमसे उक्त तेरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है जब तदनन्तर अवगाहना-विकल्प एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (उस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त हो चुकती है, तब तीन इन्द्रिय(१४) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

---

१. द. ब. वड्ढिदो । २. द. ब. तम्हे ।

तदो पदेसुत्तर - कमेण चोद्दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे चउरिंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स सव्व जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—इसके पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उक्त चौदह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है जब तदनन्तर अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (उस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त हो चुकती है, तब चार-इन्द्रिय(१५) लब्ध्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण पण्णारसण्हं जीवाण मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे[1] पंचेंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—इसके पश्चात् प्रदेशोत्तर क्रमसे उक्त पन्द्रह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है जब तदनन्तर अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (इस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त कर लेती है, तब पंचेन्द्रिय(१६)-लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण सोलसण्हं [जीवाण] मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-वड्ढिदो त्ति । तदो सुहुम-णिगोद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स सव्व जहण्णा ओगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उक्त सोलह [जीवोंकी] मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है, जब तक इसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि प्राप्त होती है। पश्चात् सूक्ष्म-निगोद(१७)-निर्वृत्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं होदि जाव तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे सुहुम-णिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर - क्रमसे उक्त सत्तरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प होता है जब इसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि हो जाती है। तब सूक्ष्मनिगोद(१८)-लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।

---

१. द. तदे ।

तदुवरि णत्थि[1] सुहुम-णिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स ओगाहण-वियप्पं, सव्वुक्कस्सोगाहणं [2]पत्तत्तादो। तदुवरि सुहुम-वाउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तय-प्पहुदि सोलसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि, तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसपूरण-पंचेंदिय-लद्धि-अपज्जत्तय-जहण्णोगाहणा कज्जमाणवलियाए असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—इसके ऊपर सूक्ष्म निगोद लब्ध्यपर्याप्तककी अवगाहनाका विकल्प नहीं रहता, क्योंकि वह उत्कृष्ट अवगाहनाको प्राप्त हो चुका है, इसलिए इसके आगे सूक्ष्मवायुकायिक-लब्ध्यपर्याप्तकको आदि लेकर उक्त सोलह जीवोंकी ही मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता है। जब इसके योग्य असंख्यात प्रदेश कम पंचेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र (इस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त होती है, तब सूक्ष्मनिगोद(१९) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पहुदि पदेसुत्तर-कमेण सत्तारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेगभागमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-णिगोद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—फिर यहाँसे आगे प्रदेशोत्तर-क्रमसे तदनन्तर अवगाहनाके आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र (इस)के ऊपर बढ़ जाने तक उक्त सत्तरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है, तब सूक्ष्मनिगोद(२०) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो उवरि णत्थि तस्स ओगाहण-वियप्पा। तं कस्स होदि? से काले पज्जत्तो होदि त्ति ठिदस्स। तदो पहुदि पदेसुत्तर-कमेण सोलसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि जाव इमा ओगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेग-खंडमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स ओगाहण-वियप्पं पत्तदि, सव्व-उक्कस्सोग्गाहण[3]-परत्तादो। तदो पदेसुत्तर-कमेण पण्णारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-वाउकाइय-णिव्वत्ति अपज्जत्तयस्स सव्व जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

---

१. द. ब. क. ज. वड्ढिद। २. द. ब. क. ज. पत्तं तादो। ३. ब. ज. चाहणं पत्तं तदो।

अर्थ—इसके आगे उस सूक्ष्म निगोद निर्वृत्यपर्याप्तककी अवगाहनाके विकल्प नहीं रहते। यह अवगाहना किसके होती है ? अनन्तरकालमें पर्याप्त होनेवालेके उक्त अवगाहना होती है। यहाँसे आगे प्रदेशोत्तर-क्रमसे अवगाहनाके आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र (उस)के ऊपर बढ़ जाने तक उक्त सोलह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता जाता है। इस समय सूक्ष्म-निगोद(२१) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी अवगाहनाका विकल्प स्थगित हो जाता है, क्योंकि वह सर्वोत्कृष्ट अवगाहनाको प्राप्त हो चुका है। पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि होनेतक पन्द्रह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता है। तदनन्तर सूक्ष्म-वायुकायिक(२२) निर्वृत्यपर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण सोलसण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-वाउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स ओगाहण[1]-वियप्पं थक्कदि, समुदकस्सोगाहण-पत्तादो। तादे पदेसुत्तर - कमेण पण्णारसण्हं पि मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि। केत्तियमेत्तेण ? सुहुम-णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्तस्स उक्कस्सोगाहणं रूऊणावलियाए असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं हेट्ठिम तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसेणूणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम-वाउकाइय-णिव्वत्ति - पज्जत्तयस्स जहण्णो गाहणा होदि ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक सोलह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता है। तब सूक्ष्मवायुकायिक(२३) लब्ध्यपर्याप्तककी अवगाहनाका विकल्प स्थगित हो जाता है, क्योंकि वह उत्कृष्ट अवगाहनाको पा चुका है। तब प्रदेशोत्तर-क्रमसे पन्द्रह जीवोंके समान मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता रहता है। कितने मात्रसे ? सूक्ष्मनिगोद निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाको एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणित-मात्र अधस्तन उसके योग्य असंख्यात प्रदेश कम उसके ऊपर वृद्धि होने तक। तब सूक्ष्म-वायुकायिक(२४) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है।

तदो पदेसुत्तर - कमेण सोलसण्हं ओगाहण - वियप्पं वड्ढदि एसा ओगाहणा आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेग - खंडं वड्ढिदो त्ति। तादे सुहुम - वाउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सोलह जीवोंकी अवगाहनाका विकल्प तब तक चालू रहता है, जब तक ये अवगाहनायें आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भाग प्रमाण वृद्धिको

---

१. ब. ब. ओगाहणं।

प्राप्त न हो जाये। उस समय सूक्ष्म-वायुकायिक(२५) निर्वृत्ति-अपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण पण्णारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडिदेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तावे सुहुम-वाउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि। तदो पदेसुत्तर-कमेण चोद्दसण्हं ओगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तावे सुहुम-तेउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पन्द्रह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक कि तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक खण्ड-प्रमाण इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो चुके। उस समय सूक्ष्म-वायुकायिक(२६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना होती है। तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चौदह जीवोंकी अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक बढ़ता जाता है। उस समय सूक्ष्म तेजस्कायिक(२७) निर्वृत्ति-अपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण पण्णारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तावे सुहुम-तेउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स ओगाहण-वियप्पं वच्चदि, ण उक्कस्सोगाहणं पत्तघादो। तदो पदेसुत्तर-कमेण चोद्दसण्हं ओगाहण-वियप्पं वच्चदि। केत्तियमेत्तेण ? सुहुम-वाउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा रूऊणावलियाए असंखेज्जदि - भागेण गुणिदं तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसेणूणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तावे सुहुम - तेउकाइय - णिव्वत्ति पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक पन्द्रह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता है। उस समय सूक्ष्मतेजस्कायिक(२८)-लब्ध्यपर्याप्तककी अवगाहनाका विकल्प विश्रान्त हो जाता है, क्योंकि वह उत्कृष्ट अवगाहनाको प्राप्त हो चुका है। तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चौदह जीवोंकी अवगाहनाका विकल्प चलता रहता है। कितने मात्रसे ? सूक्ष्मवायुकायिक-निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाको एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणित इसके योग्य असंख्यात प्रदेश कम (उस)के ऊपर वृद्धिके होने तक। तब सूक्ष्मतेजस्कायिक(२९)-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण पण्णारसण्हं जीवाणं जहण्णोगाहण-वियप्पं गच्छदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेय-खंडं वड्ढिदो त्ति । तावे सुहुम-तेउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पन्द्रह जीवोंकी अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागप्रमाण वृद्धिको प्राप्त न हो जावे । उस समय सूक्ष्म - तेजस्कायिक(३०) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण चोद्दसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए संखेज्जदि-भागेण खंडिदेय-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तावे सुहुम-तेउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ । एतियमेत्ताणि चेव तेउकाइय जीवस्स ओगाहण-वियप्पा । कुदो ? लद्धुक्कस्सोगाहण-वियप्पं पत्तं ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चौदह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक कि तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र (इस)के ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो जावे, तब सूक्ष्म-तेजस्कायिक(३१) निर्वृत्ति पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है । इतने मात्र ही तेजस्कायिक जीवकी अवगाहनाके विकल्प हैं, क्योंकि वह उत्कृष्ट अवगाहनाको प्राप्त हो चुका है ।

तावे पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पा-ओग्ग असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तावे सुहुम-आउकाइय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—इसके पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तेरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चालू रहता है जब तक कि उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि न हो चुके, तब फिर सूक्ष्म-अप्कायिक(३२)-निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।

तदो पदेसुत्तर-कमेण चोद्दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पा-ओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताहे सुहुम-आउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्क-स्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चौदह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। इस समय सूक्ष्म-जलकायिक(३३) लब्ध्य-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि। केत्तिय-मेत्तेण ? सुहुम-तेउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तुक्कस्सोगाहणं रूऊणावलियाए असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तेरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता रहता है। कितने मात्रसे ? सूक्ष्मतेजस्कायिक निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र पुनः उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंसे रहित इसके ऊपर वृद्धि होने तक। तब सूक्ष्मजलकायिक(३४)-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण चोद्दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणा[1] आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेग-खंडमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-आउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चौदह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक कि तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो चुके। तब सूक्ष्म-जलकायिक(३५)-निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेग-खंडमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि। एत्तियमेत्ता आउकाइय-जीवाणं ओगाहण-वियप्पा[2]। कुदो ? सव्वोक्कस्सोगाहणं पडिभागादो[3] ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तेरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो चुके। उस समय सूक्ष्मजलकायिक(३६)-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट

---

१. ब. ब. तदणंतरोगाहणा। २. द. ब. वियप्पं। ३. द. ब. क. ज. पत्तं तादो।

अवगाहना होती है। इतने मात्र ही जलकायिक जीवोंकी अवगाहनाके विकल्प हैं, क्योंकि सर्वोत्कृष्ट अवगाहना प्राप्त हो चुकी है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण बारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे सुहुम-पुढविकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे बारह-जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चालू रहता है। तब सूक्ष्मपृथिवीकायिक(२७)-निर्वृत्य-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पहुदि पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे सुहुम-पुढवि-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—यहाँसे आदि लेकर प्रदेशोत्तर-क्रमसे तेरह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब सूक्ष्म-पृथिवीकायिक(२८)-लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो[1] पदेसुत्तर - कमेण बारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि। केत्तियमेत्तेण ? सुहुम-आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं कऊणावलियाए असंखेज्जदिभागेण गुणिदमेत्तं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसेणूणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-पुढविकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे बारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प बढ़ता रहता है। कितने मात्रसे ? सूक्ष्म-जलकायिक-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके एक कम आवलीके असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र पुनः उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंसे कम उसके ऊपर वृद्धि होने तक। उस समय सूक्ष्म-पृथिवीकायिक(२९) निर्वृत्तिपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण तेरसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेय-खंडमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे सुहुम-पुढवि-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ।।

---

१. ध. ४. ६. ३. ३१।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तेरह-जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है, जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो जाए। तब सूक्ष्म-पृथिवीकायिक(४०) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो[1] पदेसुत्तर-कमेण बारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-भागं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तदो सुहुम-पुढवि-काइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ। तदोवरि सुहुम-पुढविकाइयस्स ओगाहण-वियप्पं णत्थि ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे बारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके उसमेंसे एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धि होने तक चलता रहता है। तत्पश्चात् सूक्ष्म-पृथिवीकायिक(४१)-निर्वृत्तिपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। इसके आगे सूक्ष्म-पृथिवीकायिकको अवगाहनाका विकल्प नहीं है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण एक्कारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-वायुकायिक(४२) निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण बारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-आउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे बारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक बढ़ता रहता है। उस समय बादर वायुकायिक(४३) लब्ध्यपर्याप्तक की उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

---

१. ब. तदो।

तदो पदेसुत्तर-कमेण एक्कारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि । तं केत्तिय-मेत्तेण ? इदि उत्ते सुहुम-पुढविकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा रूऊण-पलिदोवमसंखेज्जदि-भागेण गुणिदं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तादे बादर - आउकाइय - णिव्वत्ति - पज्जत्तयस्स जहण्णिया ओगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता रहता है। यह कितने मात्रसे ? इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि सूक्ष्म-पृथिवीकायिक निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाके एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित पुनः उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंसे हीन उसके ऊपर वृद्धि होने तक। उस समय बादर वायुकायिक(४४) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण बारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडियमेत्तं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तादे बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे बारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक कि तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित मात्र इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त होती है। तब बादर वायुकायिक(४५) निर्वृत्य पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण एक्कारसण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तादे बादर-आउकाइय-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ । तदुवरि तस्स ओगाहण-वियप्पा णत्थि, सव्वुक्कस्सं पत्तत्तादो ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चालू रहता है, जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त होती है। तब बादर वायुकायिक(४६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है।

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पा-ओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तादे बादर - तेउकाइय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर तेजस्कायिक(४७)-निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण-एक्कारसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्जदि-पदेसं वड्ढिदो[1] त्ति। तादे बादर-तेउकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-तेजस्कायिक(४८)-लब्ध्य-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिय पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-तेउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक बादर वायुकायिक-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाको एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणा करके पुनः इसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंसे रहित उसके ऊपर वृद्धि होती है। तब बादर-तेजस्कायिक(४९) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण एक्कारसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-तेउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे ग्यारह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके उसमेंसे एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धि न हो जावे। तब बादर-तेजस्कायिक(५०) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

---

१. ब. ब. वड्ढिदि।

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तदेगभागं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे[1] बादर-तेउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ। [तदुवरि तस्स ओगाहण-वियप्पं णत्थि, उक्कस्सोगाहणं पत्तत्तादो।]

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक तदनन्तर अवगाहनाको आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके उसमेंसे एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धि हो चुकती है। तब बादर-तेजस्कायिक(५१) निर्वृत्ति-पर्याप्तकको उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। [इसके आगे उसकी अवगाहनाके विकल्प नहीं हैं, क्योंकि वह उत्कृष्ट अवगाहनाको प्राप्त कर चुका है।]

तदो पदेसुत्तर - कमेण णवण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं दीसइ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। इस समय बादर अप्कायिक(५२)-निर्वृत्य-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पा-ओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-आउ-लद्धि-अपज्जत्तयस्स[2] उक्कस्सो-गाहणा दीसइ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-अप्कायिक(५३) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण णवण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि रूऊण-पलिदोव-मस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिद-तेउकाइय-णिव्वत्ति पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। तादे बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ॥

---

१. ब. ब. क. ब. तादे। २. द. ब. पज्जत्तयस्स।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणित तेजस्कायिक निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना पुनः उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंसे होन इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती। तब बादर जलकायिक(५४) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे बादर-आउकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यात भागसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती। तब बादर जलकायिक(५५) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि भागेण खंडिदेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति। ताधे बादर आउकाइय - णिव्वत्ति - पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ। तदोवरि णत्थि एदस्स ओगाहण-वियप्पं ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भाग प्रमाण इसके ऊपर नहीं बढ़ जाती। तब बादर जलकायिक(५६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। इसके आगे उसकी अवगाहनाके विकल्प नहीं हैं ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो[1] त्ति। ताधे बादर-पुढविकाइय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-पृथिवीकायिक(५७) निर्वृत्यपर्याप्तक की जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

---

१. द. ब. क. ज. वड्ढदि।

तदो पदेसुत्तर - कमेण अवरुद्धं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-पुढविकाइय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प इसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर पृथिवीकायिक(५८) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि । बादर आउकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं कमेण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागेण गुणिदमेत्तं तप्पाओग्ग असंखेज्ज-पदेसं परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर पुढविकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक बादर जलकायिक-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाको एक कम पल्योपम के असंख्यातवें भागसे गुणितमात्र उसके योग्य असंख्यातप्रदेशोंसे रहित उसके ऊपर वृद्धि होती है। तब बादर पृथिवीकायिक(५९) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण अवरुद्धं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-पुढवि-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहण दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है, जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित कर एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो चुके। तब बादर-पृथिवीकायिक(६०)-निर्वृत्ति-अपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणा आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण-खंडिदेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-पुढवि काइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—तब प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करके उसमेंसे एक खण्ड प्रमाण

उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती। तब बादर-पृथिवीकायिक(६१) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-णिगोद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-निगोद(६२) निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-णिगोद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर निगोद(६३) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि एक्कम-पलिदोव-मस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिद-बादर-पुढविकाइय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर - णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक एक कम पल्योपम असंख्यातवें भागसे गुणित बादर-पृथिवीकायिक-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंसे हीन होकर इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती। तब बादर निगोद(६४)-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि - भागेण खंडिदेग - खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-णिगोद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प चलता है। जब तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित एक भागमात्र उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त हो जाती है तब बादर-निगोद(६५) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं बच्चदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित कर उसमेंसे एक भाग प्रमाण इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त न हो जावे । तब बादर-निगोद(६६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण छण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब बादर-निगोद(६७)प्रतिष्ठित-निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चालू रहता है । तब बादर-निगोद (६८) प्रतिष्ठित लब्ध्यपर्याप्तक की उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण छण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि बादर-णिगोद-णिव्वत्ति-पज्जत्त-उक्कस्सोगाहणं रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि - भागेण वुड्ढिय पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसेणूणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चालू रहता है जब तक बादर-निगोद-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे वृद्धिंत होकर पुनः उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंसे रहित इसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती है । तब बादर-निगोद(६९) प्रतिष्ठित-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिदेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित करनेपर एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो चुकती । तब बादरनिगोद(७०) प्रतिष्ठित-निर्वृत्य-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण छण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं आवलियाए असंखेज्जदि-भागेण खंडिय तत्थेग-खंडं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चालू रहता है जब तक तदनन्तर अवगाहना आवलीके असंख्यातवें भागसे खण्डित कर उसमेंसे एक भाग प्रमाण उसके ऊपर वृद्धिको प्राप्त नहीं हो जाती । तब बादरनिगोद(७१) प्रतिष्ठित-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर - कमेण पंचण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पो वड्ढदि तप्पा-ओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा होदि ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है । तब बादर-वनस्पतिकायिक(७२)-प्रत्येकशरीर-निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण छण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । ताधे बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेय-सरीर-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्क-स्सोगाहणा होदि ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है । तब बादर वनस्पतिकायिक (७३) प्रत्येकशरीर लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण पंचण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि एक्क-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि - भागेण गुणिद-बादर-णिगोद-पदिट्ठिद-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स

उक्कस्सोगाहणं पुणो तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेस-परिहीणं तदुवरि वड्ढिदो त्ति । तदे बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं होदि ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता रहता है जब तक बादर-निगोद-प्रतिष्ठित-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहनाको एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणा करके पुनः उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंसे रहित उसके ऊपर वृद्धि नहीं हो जाती। तब बादर-वनस्पतिकायिक(७४) प्रत्येकशरीर-निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण छण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तावे बीइंदिय - लद्धि - अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात-प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब दो-इन्द्रिय(७५) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण पंचण्हं जीवाणं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तावे तीइंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब तीन-इन्द्रिय(७६) लब्ध्य-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण चउण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तावे चउरिंदिय-लद्धि-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा होदि ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चार जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब चार-इन्द्रिय(७७) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण तिण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं[1] वड्ढिदो त्ति । तावे पंचिंदिय - लद्धि - अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा

---

१. द. ब. क. पदेस पंचवड्ढिदो ।

होदूण । तदो एवमवि घणंगुलस्स असंखेज्जदि[1]-भागो । एत्तो उवरि ओगाहणा घणंगुलस्स संखेज्ज - भागो कत्थ वि घणंगुलो, कत्थ वि संखेज्ज - घणंगुलो त्ति घेत्तव्वं ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तीन जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चालू रहता है। तब पंचेन्द्रिय(७८) लब्ध्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। तब यह भी घनांगुलके असंख्यातवें भागसे है। इससे आगे अवगाहना घनांगुलके संख्यातवें भाग, कहीं पर घनांगुल प्रमाण और कहींपर संख्यात घनांगुल-प्रमाण ग्रहण करनी चाहिए ।।

तदो एदेसुत्तर - कमेण दोण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तादे तीइंदिय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा होदि ।।

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दो जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता रहता है। तब तीनइन्द्रिय(७९) इन्द्रिय निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो एदेसुत्तर-कमेण तिण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तादे चउरिंदिय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा होदि ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तीन जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता है। तब चार-इन्द्रिय(८०) निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो एदेसुत्तर - कमेण चउण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वड्ढदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति । तादे पंचिंदिय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा होदि ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चार जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता है। तब पंचेन्द्रिय(८१) निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

---

१. द ब. असंखेज्जदिभागेण ।

तदो पदेसुत्तर - कमेण पंचण्हं मज्झिमोगाहण - वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज-पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे पंचेंदिय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ - पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता है। तब पंचेन्द्रिय(८२) निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण छण्णं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तप्पाओग्ग-असंखेज्ज पदेसं वड्ढिदो त्ति। तादे बीइंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—तत्पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प उसके योग्य असंख्यात प्रदेशोंकी वृद्धि होने तक चलता है। तब दो इन्द्रिय(८३) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

ताव एदाणं गुणगार-रूवं विचारेमो-बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहण-पहुदि बीइंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्त-जहण्णोगाहणमवसाणं जाव एदस्मिं अंतराले[1] जादाणं सव्वाणं मिलिदे किंसिया इदि उत्ते बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणं रूऊण-पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागेण गुणिदमेत्तं तहुवरि वड्ढिदो त्ति घेत्तव्वं। तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं तप्पाओग्ग-संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। तादे तीइंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स सव्व-जहण्णोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—अब इनको गुणकार संख्याका विचार करते हैं—बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक-शरीर निर्वृत्यपर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको लेकर दोइन्द्रिय निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना तक इनके अन्तरालमें उत्पन्न सबके सम्मिलित करनेपर 'कितनी है' इसप्रकार पूछने पर बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहनाको एक कम पल्योपमके असंख्यातवें भागसे गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उतनी इसके ऊपर वृद्धि होती है, इसप्रकार ग्रहण करना चाहिए। पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना उसके योग्य संख्यातगुणी प्राप्त न हो जावे। तब तीन इन्द्रिय (८४) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी सर्व जघन्य अवगाहना दिखती है ॥

---

१. द. ब. क. ज. अन्तराणो।

तदो पदेसुत्तर-कमेण अट्ठण्हं ओगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहण - वियप्पं तप्पाओग्ग-संखेज्ज गुणं पत्तो[1] त्ति । तादे चउरिंदिय - णिव्वत्ति - पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तब तक चलता है जब तक तदनन्तर अवगाहना-विकल्प उसके योग्य संख्यात-गुणा प्राप्त न हो जावे। तब चार इन्द्रिय (८५) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर - कमेण णवण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति । तादे पंचेंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स जहण्णोगाहणा दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है। तब पंचेन्द्रिय(८६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी जघन्य अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण दसण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। तादे तीइंदिय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दस जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है। तब तीनइन्द्रिय(८७) निर्वृत्यपर्याप्तक की उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण णवण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज - गुणं पत्तो त्ति। तादे चउरिंदिय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ।।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे नौ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणी प्राप्त होने तक चलता है। तब चारइन्द्रिय(८८) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ।।

तदो पदेसुत्तर-कमेण अट्ठण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज - गुणं पत्तो त्ति। तादे बेइंदिय - णिव्वत्ति - अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ।।

---

१. द. ब. क. ज. पज्जत्तो ।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे आठ जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यात-गुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है। तब तीइन्द्रिय(८९) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण सत्तण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। तादे बादर वणप्फदिकाइय-पत्तेयसरीर-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स[1] उक्कस्सोगाहणा दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे सात जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणी प्राप्त होने तक चलता है। तब बादर-वनस्पतिकायिक(९०) प्रत्येकशरीर निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

तदो पदेसुत्तर-कमेण छण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। तादे पंचेंदिय-णिव्वत्ति-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे छह जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यात-गुणी प्राप्त होने तक चलता है। तब पंचेन्द्रिय(९१) निर्वृत्यपर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है ॥

त्रीन्द्रिय जीव (गोम्ही) की उत्कृष्ट अवगाहना—

तदो पदेसुत्तर-कमेण पंचण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वच्चदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। [तादे तीइंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं दीसइ।] तं [2]कस्स होदि त्ति भणिदे तीइंदियस्स-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणा वट्टमाणस्स सव्वपहाचल-परभाग-ट्ठिय-खेत्तं उप्पण्ण-गोहीए उक्कस्सोगाहणं कस्सइ जीवस्स दीसइ। तं केत्तिया इदि उत्ते उस्सेह-जोयणस्स तिण्णि-चउब्भागो आयामो [3]तदद्ध-भागो विक्खंभो विक्खंभद्ध[4]-बहलं। एवे तिण्णि वि परोप्परं गुणिय पमाण-घणंगुले कदे [5]एक्क-कोडि-उणणउदि-सदसत्त[6]-सेढीण-सहस्स-णव-सय-छत्तीस कदेहिं गुणिदे - घणंगुला होंति। ६। ११९४३९३६।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पाँच जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यात-गुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है। [तब तीनइन्द्रिय(९२) निर्वृत्ति-

---

१. द. ब. पज्जत्तयस्स। २. ब. द. क. ज. अंतं-उक्कस्स। ३. द. ब. क. ज. तदद्धभागो। ४. द. ब. क. विक्खंभद्ध। ५. द. क. एक्कस्सकोडीए, ब. एक्केकोडीए, ज. एक्कोकोडी। ६. द. ब. सत्तसा।

पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है।] यह अवगाहना किस जीवके होती है ? ऐसा पूछने पर उत्तर देते हैं कि स्वयम्प्रभाचलके बाह्य भागमें स्थित क्षेत्रमें उत्पन्न और उत्कृष्ट अवगाहनामें वर्तमान किसी गोम्हीके वह उत्कृष्ट अवगाहना होती है, यह उत्तर है। वह कितने प्रमाण है ? इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि उसका एक उत्सेध योजनके चार भागोंमेंसे तीन भाग प्रमाण आयाम, इसके आठवें भाग प्रमाण विस्तार और विस्तारसे आधा बाहल्य है। इन तीनोंका परस्पर गुणा करके प्रमाण घनांगुल करनेपर एक करोड़ उन्नीस लाख तैंतालीस हजार नौ सौ छत्तीस रूपोंसे गुणित घनांगुल होते हैं।

विशेषार्थ—असंख्यात द्वीपोंमें स्वयम्भूरमण अन्तिम द्वीप है, इस द्वीपके बलयव्यासके बीचों-बीच एक स्वयम्प्रभ नामक पर्वत है। इस पर्वतके बाह्य भागमें कर्मभूमिकी रचना है। उत्कृष्ट अवगाहना वाले दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय और चार इन्द्रिय (त्रस) जीव वहीं पाये जाते हैं। यहाँ स्थित चौइन्द्रिय जीव गोम्ही (चींटी) का व्यास उत्सेध (व्यवहार) योजनसे $\frac{1}{2}$ योजन (६ मील), लम्बाई $\frac{1}{2}$ योजन ($\frac{3}{4}$ मील) और ऊँचाई $\frac{1}{2}$ योजन ($\frac{3}{4}$ मील) है। जिसका घनफल ($\frac{1}{2}$ यो० × $\frac{1}{2}$ यो० × $\frac{1}{2}$ यो० =) $\frac{1}{8}$ उत्सेध घन योजन प्राप्त होता है।

अर्थात् एक योजनके ७६८००० अंगुल होते हैं तब $\frac{1}{8}$ घन योजनके कितने अंगुल होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर $\frac{1}{8} \times ७६८००० \times ७६८००० \times ७६८०००$ घनांगुल होते हैं। ये उत्सेध घनांगुल हैं। ५०० उत्सेध घनांगुलोंका एक प्रमाणांगुल होता है अतः उपर्युक्त उत्सेधांगुलोंके प्रमाणांगुल बनाने हेतु उन्हें ५०० के घनसे भाजित करनेपर $\frac{७६८००० \times ७६८००० \times ७६८०००}{५०० \times ५०० \times ५००}$ = ३६२३८७८६२६ होते हैं। इनका गोम्हीके शरीरके $\frac{1}{8}$ उत्सेध घन योजनोंमें गुणा कर देनेपर ($\frac{1}{8} \times ३६२३८७८६२६ =$) सवयात घनांगुल (६) प्राप्त होते हैं। यहाँ घनांगुलका चिन्ह ६ है।

अथवा—$\frac{1}{8} \times ३६२३८७८६२६ = ११९४३९२६$ प्रमाण घनांगुल गोम्हीकी अवगाहनाका घनफल है।

चतुरिन्द्रिय जीव (भ्रमर) की उत्कृष्ट अवगाहना—

तदो पदेसुत्तर-कमेण चदुण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढावि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं कस्सो त्ति। तादे चउरिंदिय-भिंभलि-पज्जत्तयस्स-उक्कस्सोगाहणं होदूण। तं कस्स होदि त्ति भणिदे सयंपहाचल-परभाग-ट्ठिय-खेत्ते उप्पण्ण-भमरस्स उक्कस्सोगाहणं कस्सइ होदूण। तं केत्तिया इदि उत्ते उस्सेह-जोयणायामं अद्धं जोयणुस्सेहं जोयणद्ध-परिहि-विक्खंभं ठविय विक्खंभद्धमुस्सेह-गुणमायामेण गुणिदे उस्सेह - जोयणस्स तिण्णि

अट्ठभागा हवंति । तं चेदं ३ । ते पमाण-घणंगुला कीरमाणे एक्कसय[1]-पंचतीस-कोडीए तह्यसउदि-लक्ख-सत्ताणव-सहस्स-चउ-सय-छण्णउदि-रूवेहिं गुणिद - घणंगुलाणि हवंति । तं चेदं । ६ । १३५८९५४४९६ ।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे चार जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यात-गुणी होने तक चलता रहता है। तब चारइन्द्रिय(९३) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। वह किस जीवके होती है, इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि स्वयम्प्रभाचलके बाह्य भागस्थ क्षेत्रमें उत्पन्न किसी भ्रमरके उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। वह कितने मात्र है, इसप्रकार कहने पर उत्तर देते हैं कि उत्सेध योजनसे एक योजन प्रमाण आयाम, आधा योजन ऊँचाई और अर्ध योजनकी परिधि प्रमाण विष्कम्भ को रखकर विष्कम्भके आधेको ऊँचाईसे गुणा करके फिर आयामसे गुणा करनेपर एक उत्सेध योजनके आठ भागोंमेंसे तीन भाग होते हैं। इनके प्रमाणांगुल करनेपर एक सौ पैंतीस करोड़ नवासी लाख चौपन हजार चारसौ छयानवें रूपोंसे गुणित घनांगुल होते हैं। वह इसप्रकार है। ६ । १३५८९५४४९६ ।

विशेषार्थ—चतुरिन्द्रिय जीव भ्रमरके शरीरकी अवगाहनाका प्रमाण उत्सेध योजनोंसे १ योजन लम्बा, ½ योजन ऊँचा और (½ × ½ =) ¼ योजन चौड़ा है। उपर्युक्त कथनानुसार अर्ध योजन ऊँचाईकी परिधि (½ यो०) के प्रमाण स्वरूप विष्कम्भके अर्धभाग (½ ÷ २) = ¼ यो० को ऊँचाई और आयामसे गुणित करनेपर उत्सेध योजनोंमें (½ × ¼ × १ =) ⅛ घन यो० घनफल प्राप्त होता है। इसके प्रमाणांगुल बनानेके लिए = ($\frac{७६८००० \times ७६८००० \times ७६८०००}{५०० \times ५०० \times ५००}$ =) ३६२३८७८६५६ से गुणा करना चाहिए। यथा — ⅛ × ३६२३८७८६५६ = संख्यात घनांगुल (६) अथवा १३५८९५४४९६ घनांगुल भ्रमरकी अवगाहनाका घनफल है।

द्वीन्द्रिय जीव (शंख) की उत्कृष्ट अवगाहना—

तदो पदेसुत्तर-कमेण तिण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं बच्चदि तक्कंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति । [2]ताहे बीइंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं होइ । तं कम्हि होइ त्ति भणिदे सयंपहाचल-परभाग-ट्ठिद-खेत्ते उप्पण्ण - बीइंदियस्स (संखस्स) उक्कस्सोगाहणा कस्सइ दीसइ । तं केत्तिया इदि उत्ते बारस-जोयणायाम-चउ-जोयण-बहल्ल-खेत्तफलं—

---

१. ब क. एक्कसयपंचतीसकोडीए, ब. क. एक्कसयमंचतीसेद य । २. ब. क. ताधे ।

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे तीन जीवोंकी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यात-गुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है। तब दोइन्द्रिय(९४) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना होती है। यह कहाँ होती है ? इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि स्वयम्प्रभाचलके बाह्य भागमें स्थित क्षेत्रमें उत्पन्न किसी दोइन्द्रिय (शंख) की उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। वह कितने प्रमाण है ? ऐसा कहनेपर उत्तर देते हैं कि बारह योजन लम्बे और चार योजन मुखवाले (शंखका) क्षेत्रफल—

व्यासं[1] तावत् कृत्वा, वदन-वलोनं मुखार्ध-वर्ग-युतम् ।
त्रिगुणं चतुर्विभक्तं, सनाभिकेऽस्मिन् गणितमाहुः ॥३२१॥

एवेण सुत्तेण खेत्तफलमाणिदे [2]तेहत्तरि-उस्सेह-जोयणाणि हवंति ॥७३॥

अर्थ—विस्तारको उतनी बार करके अर्थात् विस्तारको विस्तारसे गुणा करनेपर जो राशि प्राप्त हो उसमेंसे मुखके आधे प्रमाणको कम करके शेषमें मुखके आधे प्रमाणके वर्गको जोड़ देनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो उसे दूना करके चारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे शंखक्षेत्रका गणित कहते हैं ॥३२१॥

इस सूत्रसे क्षेत्रफलके लानेपर तिहत्तर (७३) उत्सेध वर्ग योजन होते हैं।

विशेषार्थ—शंखका आयाम १२ योजन और मुख ४ यो० प्रमाण है। क्षेत्रफल प्राप्त करने हेतु गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{शंखका क्षेत्र०} = \frac{२ \times [\ (\text{आयाम} \times \text{आ०}) - (\text{मुख व्यास} \div २) + (\text{अर्ध मुख व्यास}^२)\ ]}{४}$$

यथा—

$$\text{शंखका क्षेत्रफल} = \frac{२ \times [\ (१२ \times १२) - (४ \div २) + (२ \times २)\ ]}{४}$$

$$= \frac{२ [\ १४४ - २ + ४\ ]}{४} = ७३ \text{ वर्ग योजन।}$$

शंखका बाहल्य—

आयामे मुह-सोहिय, पुणरवि आयाम-सहिद-मुह-भजिदं ।
बाहल्लं णायव्वं, संखायारट्ठिए खेत्ते ॥३२२॥

---

१. यह श्लोक संस्कृतमें है किन्तु इस पर भी गाथा सं० दिया गया है।
२ ब. म. तेहत्तर।

एवेण सुत्तेण बाहल्ले आणिदे पंच-जोयण-पमाणं होदि ।५।

अर्थ—आयाममेंसे मुख कम करके शेषमें फिर आयामको मिलाकर मुखका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना शंखके आकारसे स्थित क्षेत्रका बाहल्य जानना चाहिए ।।३२२।।

इस सूत्र बाहल्यको लानेपर उसका प्रमाण पाँच योजन होता है ।

विशेषार्थ—गाथानुसार सूत्र इसप्रकार है—

$$\text{शंखका बाहल्य} = \frac{(\text{आयाम} - \text{मुख})}{\text{मुख}} + \text{आयाम}$$

$$= \frac{(१२-४)}{४} + १२ = ५ \text{ यो० बाहल्य ।}$$

पुव्वमाणीद-तेहत्तरि-वग्ग-खेत्तफलं पंच-जोयण-बाहल्लेण गुणिदे तिण्ण-जोयणा तिण्णि-सय-पण्णट्ठी होंति । ३६५ । एवं घण-पमाणंगुलाणि कदे एक्क-लक्ख-बत्तीस-सहस्स दोण्णि-सय-एक्कहत्तरी-कोडीओ सत्तावण्ण - लक्ख णव-सहस्स-चउ-सय-चालीस-रूवेहि गुणिद-घणंगुलमेदं होदि । तं चेदं । ६ । १३२२७१५७०९४४० ।।

अर्थ—पूर्वमें लाये हुए तिहत्तर वर्ग योजन प्रमाण क्षेत्रफलको पाँच योजन प्रमाण बाहल्यसे गुणा करनेपर तीनसौ पैंसठ (३६५) घन योजन होते हैं । इसके घन-प्रमाणांगुल करनेपर एक लाख बत्तीस हजार दोसौ इकहत्तर करोड़ सत्तावन लाख नौ हजार चार सौ चालीस (१३२२७१५७०९४४०) रूपोंसे गुणित घनांगुलप्रमाण होता है ।।

विशेषार्थ—पूर्वोक्त ७३ उत्सेध वर्ग योजनोंको ५ योजन बाहल्यसे गुणित कर देनेपर (७३ × ५ =) ३६५ उत्सेध घन योजन प्राप्त होते हैं । इनके प्रमाणांगुल बनानेके लिए $\frac{७६८०००\times७६८०००\times७६८०००}{५००\times५००\times५००}$ का गुणा करना चाहिए यथा—

३६५ × ३६२३८७८६५६ = १३२२७१५७०९४४० घनांगुल शंखकी अवगाहनाका घनफल है ।

बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर निर्वृत्ति-पर्याप्तक (कमल) की
उत्कृष्ट अवगाहना—

तदो पदेसुत्तर - कमेण दोण्हं मज्झिमोगाहण-वियप्पं वड्ढदि तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं जत्तो त्ति । ताधे बादर-वणप्फदिकाइय-पत्तेय-सरीर-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स

उक्कस्सोगाहणं दीसइ । कम्हि खेत्ते कस्स वि जीवस्स कम्मि ओगाहणे बहुमाणस्स होदि त्ति भणिदे सयंपहाचल-परभाग-ट्ठिद-खेत्त-उप्पण्ण-पउमस्स उक्कस्सोगाहणा कस्सइ दीसइ । तं केत्तिया इदि उत्ते उस्सेह-जोयणेण कोसाहिय-एक्क-सहस्सं उस्सेहं एक्क-जोयण-बहलं समवट्टं । तं पमाणं जोयण-फल ७५० । को १ । घणंगुले कदे दोण्णि-लक्ख-एक्कहत्तरि-सहस्स-अट्ठसय-अट्ठावण्ण-कोडि-चउरासीदि-लक्ख-ऊणहत्तरि - सहस्स-दु-सय-अट्ठसाल-रूवेहि गुणिद-पमाणंगुलाणि होदि । तं चेदं ॥१।६।२७१८५८८४६९२४८ ॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे दो जीवोंकी मध्यम-अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणी प्राप्त होने तक चलता रहता है । तब बादर-वनस्पतिकायिक(९५) प्रत्येक शरीर निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है । किस क्षेत्र और कौनसी अवगाहनामें वर्तमान किस जीवके यह उत्कृष्ट अवगाहना होती है, इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि स्वयम्प्रभाचलके बाह्य भागमें स्थित क्षेत्रमें उत्पन्न किसी पद्म (कमल) के उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है । वह कितने प्रमाण है ? इसप्रकार पूछनेपर उत्तर देते हैं कि उत्सेध योजनसे एक कोस अधिक एक हजार योजन ऊँचा और एक योजन मोटा समवृत्त कमल है । उसकी इस अवगाहनाका घनफल योजनोंमें सातसो पचास योजन और एक कोस प्रमाण है । इसके प्रमाण-घनांगुल करनेपर दो लाख इकहत्तर-हजार आठ सौ अट्ठावन करोड़ चौरासी लाख उनहत्तर हजार दो सौ अड़तालीस (२७१८५८८४६९२४८) रूपोंसे गुणित प्रमाण-घनांगुल होते हैं ॥

विशेषार्थ—कमलकी ऊँचाई १०००½ योजन और बाहल्य १ योजन है ।

वासो तिगुणो परिही, वास-चउत्था-हदो दु खेत्तफलं ।
खेत्तफलं वेह - गुणं, खातफलं होइ सव्वत्थ ॥

इस गाथानुसार घनफल प्राप्त करनेका सूत्र एवं घनफलका प्रमाण इसप्रकार है—

कमलका घनफल = $\left(\text{व्यास} \times 3 \times \frac{\text{व्यास}}{4} \times \text{ऊँचाई} \right)$

यथा—

$= \frac{1 \times 3 \times 1}{4} \times \frac{4001}{4} = \frac{12003}{16}$ या $750\frac{3}{16}$ घन योजन ।

इन $750\frac{3}{16}$ उत्सेध घन योजनोंके प्रमाणांगुल बनानेके लिये इनमें $\frac{76800000 \times 76800000 \times 76800000}{500 \times 500 \times 500}$ का गुणा करना चाहिए । यथा—

७५०$\frac{1}{2}$ या $\frac{1500^3}{2}$ × ३६२३८७८६५६ = २७१९५८८४६९२४८ घनांगुल कमल की अवगाहनाका घनफल है।

पंचेन्द्रिय जीव (महामत्स्य) की सर्वोत्कृष्ट अवगाहना—

तदो पदेसुत्तर - कमेण पंचेंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स मज्झिमोगाहण-वियप्पं बच्चदि जाव तदणंतरोगाहणं संखेज्ज-गुणं पत्तो त्ति। [ताव पंचेंदिय-णिव्वत्ति-पज्जत्तयस्स उक्कस्सोगाहणं वीसइ।] तं कम्मि खेत्ते कस्स जीवस्स होदि त्ति उत्ते सयंपहाचल-परभागट्ठिए खेत्ते उप्पण्ण-संमुच्छिम-महामच्छस्स सव्वोक्कस्सोगाहणं कस्सइ वीसइ। तं केत्तिया इदि उत्ते उस्सेह-जोयणेण एक्क-सहस्सायामं पंच-सय-विक्खंभं तद्दल-उस्सेहं। तं पमाणंगुले कीरमाणे चउ-सहस्स-पंच-सय-एऊणतीस-कोडीओ चुलसीदि-लक्ख-तेसीदि-सहस्स - दु - सय - कोडि - रूवेहि गुणिद - पमाण - घणंगुलाणि हवंति। तं चेदं। ६। ४५२९८४८३२०००००००००० ॥

। एवं ओगाहण-वियप्पं समत्तं ॥१६॥

अर्थ—पश्चात् प्रदेशोत्तर-क्रमसे पंचेन्द्रिय निर्वृत्ति-पर्याप्तककी मध्यम अवगाहनाका विकल्प तदनन्तर अवगाहनाके संख्यातगुणे प्राप्त होने तक चलता है। [तब पंचेन्द्रिय(९६) निर्वृत्ति-पर्याप्तककी उत्कृष्ट अवगाहना दिखती है।] यह अवगाहना किस क्षेत्रमें और किस जीवके होती है? इसप्रकार पूछनेपर उत्तर देते हैं कि स्वयम्प्रभाचलके बाह्य-भाग स्थित क्षेत्रमें उत्पन्न किसी सम्मूर्छन महामत्स्यके सर्वोत्कृष्ट अवगाहना दिखती है। वह कितने प्रमाण है? इसप्रकार कहनेपर उत्तर देते हैं कि उसकी अवगाहना उत्सेध योजनसे एक हजार योजन लम्बी, पाँचसौ योजन विस्तारवाली और इससे आधी अर्थात् ढाई सौ योजन प्रमाण ऊँचाई वाली है। इसके प्रमाणांगुल करनेपर चार हजार पाँच सौ उनतीस करोड़ चौरासी लाख तेरासी हजार दो सौ करोड़ रूपोंसे गुणित प्रमाण-घनांगुल होते हैं।

विशेषार्थ—महामत्स्यकी लम्बाई १००० उत्सेध यो०, विस्तार ५०० उत्सेध यो० और ऊँचाई २५० उ० यो० है।

मत्स्यका घनफल = लम्बाई × विस्तार × ऊँचाई

= १००० यो० × ५०० यो० × २५० यो० = १२५००००००० उत्सेध घन योजन।

इन उत्सेध घनयोजनोंके प्रमाणांगुल बनानेके लिए $\frac{७६८००० \times ७६८००० \times ७६८०००}{५०० \times ५०० \times ५००}$ का गुणा करना चाहिए।

यथा— १२५००००००० × ३६२३८७८६५६ = ४५२९८४८३२०००००००००० घनांगुल महामत्स्यके शरीरकी अवगाहनाका घनफल है।

इसप्रकार अवगाहना-भेदोंका कथन समाप्त हुआ ॥१६॥

समस्त प्रकार के स्थावर एवं त्रस जीवोंकी

जघन्य अव० वाले सूक्ष्म लब्ध्यपर्याप्त जीव स्थान–५		जघन्य अवगाहना वाले सूक्ष्म-निर्वृत्यपर्याप्तक जीव स्थान–५		जघन्य अवगा० वाले सूक्ष्म निर्वृत्ति पर्याप्तक जीव स्थान–५		जघन्य अव० वाले बादर लब्ध्यपर्याप्त जीव स्थान–७	
१	निगोद	१७	निगोद	१९	निगोद	६	वायुकायिक
२	वायुकायिक	२२	वायुकायिक	२४	वायुकायिक	७	तेजस्कायिक
३	तेजस्कायिक	२७	तेजस्कायिक	२९	तेजस्कायिक	८	जलकायिक
४	जलकायिक	३२	जलकायिक	३४	जलकायिक	९	पृथिवीकायिक
५	पृथिवीकायिक	३७	पृथिवीकायिक	३९	पृथिवीकायिक	१०	निगोद
						११	निगोद प्रतिष्ठित
						१२	वनस्पति-प्रत्येक शरीर

जघन्य-उत्कृष्ट अवगाहनाका क्रम

जघन्य अवगाहना वाले बादर निर्वृत्य पर्याप्त जीव स्थान-७		जघन्य अव० वाले बादर निर्वृत्ति-पर्याप्तक जीव स्थान-७		जघन्य अव० वाले त्रस लब्ध्यपर्याप्त जीव स्थान-४		जघन्य अव० वाले त्रस निर्वृत्ति-अपर्याप्तक जीव स्थान-४		जघन्य अव० वाले त्रस निर्वृत्ति पर्याप्तक जीव स्थान-४	
४२	वायुकायिक	४४	वायुकायिक	१३	द्वीन्द्रिय	७९	तेइन्द्रिय	८३	द्वीन्द्रिय
४७	तेजस्कायिक	४९	तेजस्कायिक	१४	तेइन्द्रिय	८०	चतुरिन्द्रिय	८४	तेइन्द्रिय
५२	जलकायिक	५४	जलकायिक	१५	चतुरिन्द्रिय	८१	द्वीन्द्रिय	८५	चतुरिन्द्रिय
५७	पृथिवी-कायिक	५९	पृथिवीकायिक	१६	पंचेन्द्रिय	८२	पंचेन्द्रिय	८६	पंचेन्द्रिय
६२	निगोद	६४	निगोद						
६७	निगोद प्रतिष्ठित	६९	निगोद प्रतिष्ठित						
७२	वनस्पति प्रत्येक शरीर	७४	वनस्पति प्रत्येक शरीर						

उत्कृष्ट अव० वाले सूक्ष्म लब्ध्यपर्याप्तक जीव स्थान–५		उत्कृष्ट अव० वाले सूक्ष्म निर्वृत्ति अपर्याप्तक जीव स्थान–५		उत्कृष्ट अव० वाले सूक्ष्म निर्वृत्ति पर्याप्तक जीव स्थान–५		उत्कृष्ट अव० वाले बादर लब्ध्यपर्या० जीव स्थान–७	
१८	निगोद	२०	निगोद	२१	निगोद	४३	वायुकायिक
२३	वायुकायिक	२५	वायुकायिक	२६	वायुकायिक	४८	तेजस्कायिक
२८	तेजस्कायिक	३०	तेजस्कायिक	३१	तेजस्कायिक	५३	जलकायिक
३३	जलकायिक	३५	जलकायिक	३६	जलकायिक	५८	पृथिवीकायिक
३८	पृथिवीकायिक	४०	पृथिवीकायिक	४१	पृथिवीकायिक	६३	निगोद
						६८	निगोद प्रति०
						७३	वनस्पति प्रत्येक शरीर

उत्कृष्ट अव० वाले बादर निर्वृत्ति-अपर्याप्तक जीव		उत्कृष्ट अव० वाले बादर निर्वृत्ति पर्याप्तक जीव		उत्कृष्ट अव० वाले त्रस लब्ध्यपर्याप्तक जीव		उत्कृष्ट अव० वाले निर्वृत्ति अपर्याप्तक जीव		उत्कृष्ट अव० वाले निर्वृत्ति पर्याप्तक जीव	
स्थान-७		स्थान-७		स्थान-४		स्थान-४		स्थान-४	
४५	वायुकायिक	४६	वायुकायिक	७५	द्वीन्द्रिय	८७	तेइन्द्रिय	९२	तेइन्द्रिय
५०	तेजस्कायिक	५१	तेजस्कायिक	७६	तेइन्द्रिय	८८	चतुरिन्द्रिय	९३	चतुरिन्द्रिय
५५	जलकायिक	५६	जलकायिक	७७	चतुरिन्द्रिय	८९	द्वीन्द्रिय	९४	द्वीन्द्रिय
६०	पृथिवीकायिक	६१	पृथिवीकायिक	७८	पंचेन्द्रिय	९१	पंचेन्द्रिय	९६	पंचेन्द्रिय
६५	निगोद	६६	निगोद						
७०	निगोद प्रति०	७१	निगोद प्रति०						
९०	वनस्पति प्रत्येक शरीर	९५	वनस्पति प्रत्येक शरीर						

अधिकारान्त मङ्गल—

णं णाण[1]-रयण-दीवो, लोयालोय-प्पयासण-समत्थो ।
पणमामि पुप्फयंतं, सुमइकरं भव्व - संघस्स ॥३२३॥

एवमाइरिय-परंपरागय-तिलोयपण्णत्तीए तिरिय-लोय-सरूव-विण्णयण-पण्णत्तो णाम पंचमो महाहियारो समत्तो ॥५॥

अर्थ—जिनका ज्ञानरूपी रत्नदीपक लोक एवं अलोकको प्रकाशित करनेमें समर्थ है और जो भव्य-समूहको सुमति प्रदान करनेवाले हैं ऐसे पुष्पदन्त जिनेन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ ॥३२३॥

इसप्रकार आचार्य-परम्परागत त्रिलोक-प्रज्ञप्तिमें तिर्यग्लोक स्वरूप
निरूपण प्रज्ञप्ति नामक
पाँचवाँ महाधिकार
समाप्त हुआ ॥५॥



---

१. ब. क. ज. णाणरयण । ब. णरयण ।



तिलोयपण्णत्ती

छट्ठो महाहियारो

मङ्गलाचरण—

चोत्तीसादिसएहिं[1], विम्हय-जणणं सुरिंद-महणीणं ।
णमिऊण सीयल - जिणं, वेंतरलोयं णिरूवेमो ॥१॥

अर्थ—चौंतीस अतिशयोंसे देवेन्द्र आदिको आश्चर्य उत्पन्न करनेवाले शीतल जिनेन्द्रको नमस्कार करके व्यन्तरलोकका निरूपण करता हूँ ॥१॥

व्यन्तराधिकारोंका निरूपण—

वेंतर-णिवासखेत्तं, भेदा एदाण विविह-विण्हाणि ।
कुलभेदो आवासं, भेदविही दक्खिणुत्तरिंदाणं ॥२॥

आऊणि आहारो, उस्सासो ओहिणाण-सत्तीओ ।
उस्सेहो संखाणि, जम्मण-मरणाणि एक्क-समयम्मि ॥३॥

आउग-बंधण-भावो, वेंतर-गहणस्स कारणं विविहं ।
गुणठाणादि - विसेसा, सत्तरस हवंति अहियारा ॥४॥

[१७]

---

१. द. चउत्तीसा ।

अर्थ—व्यन्तर देवोंका निवास-क्षेत्र१, उनके भेद२, विविध चिन्ह३, कुलभेद४, नाम५, दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंके भेद६, आयु७, आहार८, उच्छ्वास९, अवधिज्ञान१०, शक्ति११, ऊँचाई१२, संख्या१३, एक समयमें जन्म-मरण१४, आयुके बन्धक भाव१५, सम्यक्त्वग्रहणके विविध कारण१६ और गुणस्थानादि-विकल्प१७, ये सत्तरह (अन्तर) अधिकार होते हैं ॥२-४॥

व्यन्तरदेवोंके निवासक्षेत्रका निरूपण—

रज्जु-कदी गुणिदव्वा, अवणउदि-सहस्स-अहिय-लक्खेणं ।
तम्मज्झे ति - वियप्पा, वेंतरदेवाण होंति पुरा ॥५॥

$\frac{रा}{वर्ग}$ । १९९०००।

अर्थ—राजूके वर्गको एक लाख निन्यानवें हजार (१९९०००) योजनसे गुणा करनेपर जो प्राप्त हो उसके मध्यमें व्यन्तर देवोंके तीन प्रकारके पुर होते हैं ॥५॥

विशेषार्थ—"जगसेढि-सत्त भागो रज्जू" इस गाथा-सूत्रानुसार जगच्छ्रेणीके सातवें भाग को राजू कहते हैं। संदृष्टिके $\frac{रा}{वर्ग}$ का अर्थ एक वर्ग राजू है। क्योंकि जगच्छ्रेणी (—) के वर्ग (▭) में ७ के वर्ग (४९) का भाग देने पर जो एक वर्ग राजू का प्रमाण प्राप्त होता है वही तिर्यग्लोकका विस्तार है अर्थात् तिर्यग्लोक एक राजू लम्बा और एक राजू चौड़ा (१ × १ = १ वर्ग राजू) है।

रत्नप्रभा पृथिवी १८०००० हजार योजन मोटी है। इसके तीन भाग हैं। अन्तिम अब्बहुल-भाग ८०,००० योजन मोटा है, जिसमें नारकियोंका वास है। अवशेष एक लाख योजन रहा। सुमेरु पर्वत एक लाख योजन ऊँचा है जिसमेंसे १००० यो० की उसकी नींव उपर्युक्त एक लाखमें गर्भित है अतः चित्रा पृथिवीके ऊपर मेरुकी ऊँचाई ९९ हजार योजन है। इसप्रकार पंकभागसे मेरुपर्वतकी पूर्ण ऊँचाई पर्यन्तका क्षेत्र (१८०००० + ९९००० =) १९९००० यो० होता है। इसीलिए गाथामें राजूके वर्ग को एक लाख निन्यानवें हजार योजनसे गुणा करने को कहा गया है।

व्यन्तर देवोंके निवास, भेद, उनके स्थान और प्रमाण आदिका निरूपण—

भवणं[1] भवणपुराणि, आवासा इय हवंति ति-वियप्पा[2] ।
जिण - मुहकमल - विणिग्गय-वेंतर-पण्णत्ति णामाए ॥६॥

रयणप्पह-पुढवीए, भवणाणि [3]बोल-उवहि-उवरिम्मि ।
भवणपुराणि दह - गिरि - पहुदीणं उवरि आवासा ॥७॥

---

१. द. ब. भवणि। २. द. ब. ज. तिविहप्पा। ३. द. बोलओहि।

अर्थ—जिनेन्द्र भगवान्‌के मुखरूपी कमलसे निकले हुए व्यन्तर-प्रज्ञप्ति नामक महाधिकारमें भवन, भवनपुर और आवास इसप्रकार तीन प्रकारके निवास कहे गये हैं। इनमेंसे रत्नप्रभा पृथिवीमें भवन, द्वीप-समुद्रोंके ऊपर भवनपुर और द्रह (तालाब) एवं पर्वतादिकोंके ऊपर आवास होते हैं ॥६-७॥

बारस-सहस्स-जोयण-परिमाणं होदि जेट्ठ-भवणाणं ।
पत्तेक्कं विक्खंभो, तिण्णि सयाणि च बहलत्तं ॥८॥

१२००० । ब ३०० ।

अर्थ—उत्कृष्ट भवनोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार बारह हजार (१२०००) योजन और बाहल्य तीनसौ (३००) योजन प्रमाण है ॥८॥

पणुवीस जोयणाणि, रुंद-पमाणं जहण्ण-भवणाणं ।
पत्तेक्कं बहलत्तं, ति - चउभाग - प्पमाणं च ॥९॥

अर्थ—जघन्य (लघु) भवनोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार पच्चीस योजन और बाहल्य एक योजनके चार भागोंमेंसे तीन भाग (¾ यो०) प्रमाण है ॥९॥

अहवा रुंद-पमाणं, पुह-पुह कोसा जहण्ण-भवणाणं ।
तव्वेदी उच्छेहो, कोदंडाणि पि पणुवीसं ॥१०॥

को १ । दं २५ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—अथवा जघन्य भवनोंके विस्तारका प्रमाण पृथक्-पृथक् एक कोस और उनकी वेदी की ऊँचाई पच्चीस (२५) धनुष प्रमाण है ॥१०॥

कूट एवं जिनेन्द्र भवनोंका निरूपण—

बहल-ति-भाग-पमाणा, कूडा भवणाण होंति बहुमज्झे ।
वेदी चउ - वण - तोरण - दुवार - पहुदीहि रमणिज्जा ॥११॥

अर्थ—भवनोंके बहुमध्य भागमें वेदी, चार वन और तोरण-द्वारादिकोंसे रमणीय ऐसे बाहल्यके तीसरे भाग [(३०० × ⅓) अर्थात् १०० योजन] प्रमाण ऊँचे कूट होते हैं ॥११॥

कूडाण उवरि भागे, जेट्ठ'ते जिणवरिंद-पासादा ।
कणयमया रयणमया, रयणमया विविह-विण्णासा ॥१२॥

अर्थ—इन कूटोंके उपरिम भागपर अनेक-प्रकारके विन्याससे संयुक्त सुवर्णमय, रजतमय और रत्नमय जिनेन्द्र-प्रासाद हैं ॥१२॥

भिंगार-कलस-दप्पण-धय-चामर-वियण-छत्त-सुपइट्ठा ।
इय अट्ठुत्तर - सय-वर - मंगल - जुत्ता य पत्तेक्कं ॥१३॥

अर्थ—प्रत्येक जिनेन्द्र प्रासाद झारी, कलश, दर्पण, ध्वजा, चंवर, बीजना, छत्र और ठौना, इन एक सौ आठ-एकसौ आठ उत्तम मंगल द्रव्योंसे संयुक्त है ॥१३॥

दुंदुहि-मयंग-मद्दल - जयघंटा - पडह - कंसतालाणं ।
वीणा - वंसाईणं, [1]सद्देहिं णिच्च - हलबोला ॥१४॥

अर्थ—(वे) जिनेन्द्र प्रासाद दुन्दुभी, मृदङ्ग, मर्दल, जयघण्टा, भेरी, झांझ, वीणा और बांसुरी आदि वादित्रोंके शब्दोंसे सदा मुखरित रहते हैं ॥१४॥

अकृत्रिम जिनेन्द्र-प्रतिमाएँ एवं उनकी पूजा—

सिंहासणादि-सहिदा, चामर-कर-णाव-जक्ख-मिहुण-जुदा ।
तेसुं अकिट्टिमाओ, जिणिंद - पडिमाओ विरायंते ॥१५॥

अर्थ—उन जिनेन्द्र-भवनोंमें सिंहासनादि प्रातिहार्यों सहित और हाथमें चामर लिए हुए नागयक्ष देव-युगलोंसे संयुक्त अकृत्रिम जिनेन्द्र-प्रतिमाएँ जयवन्त होती हैं ॥१५॥

कम्मक्खवण-णिमित्तं, णिब्भर-भत्तीय विविह-दव्वेहिं ।
सम्माइट्ठी देवा, जिणिंद - पडिमाओ पूजंति ॥१६॥

अर्थ—सम्यग्दृष्टि देव कर्मक्षयके निमित्त गाढ़ भक्तिसे विविध द्रव्यों द्वारा उन जिनेन्द्र-प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥१६॥

एदे कुलदेवा इय, मण्णंता देव - मोहण - वसेण ।
मिच्छाइट्ठी देवा, पूजंति जिणिंद - पडिमाओ ॥१७॥

अर्थ—अन्य देवोंके उपदेशवश मिथ्यादृष्टि देव भी 'ये कुलदेवता हैं' ऐसा मानकर उन जिनेन्द्र-प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥१७॥

---

१. ब, क, ज. सद्देहिं ।

व्यन्तर प्रासादों (भवनों) की अवस्थिति एवं उनकी संख्या—

एदाणं कूडाणं, समंतदो वंतराण पासादा ।
सत्तट्ठ-पहुदि-भूमी, विण्णास - विचित्त - संठाणा ॥१८॥

अर्थ—इन जिनेन्द्र कूटोंके चारों ओर व्यन्तरदेवोंके सात-आठ आदि भूमियोंके विन्यास और अद्भुत रचनाओं वाले प्रासाद हैं ॥१८॥

लंबंत-रयणमाला, वर-तोरण-रइय-सुंदर-दुवारा ।
णिम्मल-विचित्त-मणिमय-सयणासण-णिवह-परिपुण्णा ॥१९॥

अर्थ—ये प्रासाद लटकती हुई रत्नमालाओं सहित, उत्तम तोरणोंसे रचित सुन्दर द्वारों वाले हैं और निर्मल एवं अद्भुत मणिमय शय्याओं तथा आसनोंके समूहसे परिपूर्ण हैं ॥१९॥

एवं बिहु-लक्खाणि, तीस-सहस्साणि होंति भवणाणि ।
पुव्वोदिद-भवणामर - भवण - समं वण्णणं सयलं ॥२०॥

भवणा समत्ता ॥१॥

अर्थ—इसप्रकारके स्वरूपवाले ये प्रासाद तीस हजार (३००००) प्रमाण हैं। इनका सम्पूर्ण वर्णन पूर्वमें कहे हुए भवनवासी देवोंके भवनोंके सदृश है ॥२०॥

भवनोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

भवनपुरोंका निरूपण—

वट्टादि[1] - सरूवाणं, भवण - पुराणं हवेदि जेट्ठाणं ।
जोयण - लक्खं एंदो, जोयणमेक्कं जहण्णाणं ॥२१॥

१००००० जो. । १ ॥

अर्थ—वृत्तादि स्वरूपवाले उत्कृष्ट भवनपुरोंका विस्तार एक लाख (१०००००) योजन और जघन्य भवनपुरोंका विस्तार एक योजन प्रमाण है ॥२१॥

कूडा जिणिंद-भवणा, पासादा वेदिया मध-प्पहुदी ।
भवण - सरिच्छं सव्वं, भवणपुरेसुं पि वट्टव्वं ॥२२॥

भवणपुरं ।

---

१. ब. वट्टादि ।

अर्थ—कूट, जिनेन्द्र-भवन, प्रासाद, वेदिका और वन आदि सब (की स्थिति) भवनोंके सदृश ही भवनपुरोंमें भी जाननी चाहिए ॥२२॥

भवनपुरोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

आवासोंका निरूपण—

बारस-सहस्स-बे-सय-जोयण-वासा य जेट्ठ-आवासा ।
होंति जहण्णावासा, ति-कोस-परिमाण-वित्थारा ॥२३॥

जो १२२०० । को ३ ।

अर्थ—व्यन्तरदेवोंके ज्येष्ठ आवास बारह हजार दो सौ (१२२००) योजन प्रमाण और जघन्य आवास तीन (३) कोस प्रमाण विस्तारवाले हैं ॥२३॥

कूडा जिणिंद-भवणा पासादा वेदिया वण-प्पहुदी[1] ।
भवण - पुराण सरिच्छं, आवासाणं पि जाणेज्जा ॥२४॥

आवास समत्ता ।

णिवास-खेत्तं समत्तं ॥१॥

अर्थ—कूट, जिनेन्द्र-भवन, प्रासाद, वेदिका और वन आदि भवनपुरोंके सदृश ही आवासों के भी जानने चाहिए ॥२४॥

आवासोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

इसप्रकार निवास क्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ॥१॥

व्यन्तरदेवोंके (कुल—) भेद एवं (कुल) भेदोंकी अपेक्षा भवनोंके प्रमाणका निरूपण—

किंणर-किंपुरुस-महोरगा य गंधव्व-जक्ख-रक्खसया ।
भूद - पिसाचा एवं, अट्ठ - विहा वेंतरा होंति ॥२५॥

अर्थ—किन्नर, किम्पुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच, इसप्रकार व्यन्तरदेव आठ प्रकारके होते हैं ॥२५॥

चोद्दस-सहस्स-मेत्ता, भवणा भूदाण रक्खसाणं पि ।
सोलस - सहस्स - संखा, सेसाणं संति भवणाणि ॥२६॥

१४००० । १६००० ।

वेंतरभेदा समत्ता ॥२॥

---

१. द. क. ज. पहुदि ।

अर्थ—भूतोंके चौदह हजार (१४०००) प्रमाण और राक्षसोंके सोलह हजार (१६०००) प्रमाण भवन हैं। शेष व्यन्तर देवोंके भवन नहीं होते हैं ॥२६॥

विशेषार्थ—रत्नप्रभा पृथिवीके खरभागमें भूत-व्यन्तरदेवोंके १४००० भवन हैं तथा पङ्क-भागमें राक्षसोंके १६००० भवन हैं। शेष किन्नरादि छह कुलोंके भवन नहीं होते हैं।

व्यन्तरदेवोंके भेदोंका कथन समाप्त हुआ ॥२॥

चैत्य-वृक्षोंका निर्देश—

किंणर-किंपुरुसादिय-वेंतर-देवाण अट्ठ - भेयाणं ।
ति-वियप्प-णिलय-पुरदो, चेत्त-दुमा होंति एक्केक्का ॥२७॥

अर्थ—किन्नर-किम्पुरुषादिक आठ प्रकारके व्यन्तर देवों सम्बन्धी तीनों प्रकारके (भवन, भवनपुर, आवास) भवनोंके सामने एक-एक चैत्य-वृक्ष है ॥२७॥

कमसो असोय-चंपय-णागद्दुम-तुंबुरू य जक्खोधो ।
कंटय - रुक्खो तुलसी, कदंब विडओ त्ति ते अट्ठ ॥२८॥

अर्थ—अशोक, चम्पक, नागद्रुम, तुम्बुरु, न्यग्रोध (वट) कण्टकवृक्ष, तुलसी और कदम्ब वृक्ष, इसप्रकार क्रमशः ये चैत्यवृक्ष आठ प्रकारके हैं ॥२८॥

ते सव्वे चेत्त-तरू, भावण-सुर-चेत्त-रुक्ख-सारिच्छा ।
जीवुप्पत्ति - लयाणं, हेदू पुढवी - सरूवा य ॥२९॥

अर्थ—ये सब चैत्यवृक्ष भवनवासी देवोंके चैत्यवृक्षोंके सदृश (पृथिवीकायिक) जीवोंकी उत्पत्ति एवं विनाशके कारण हैं और पृथिवीस्वरूप हैं ॥२९॥

विशेषार्थ—चैत्यवृक्ष अनादि-निधन हैं अतः उनका कभी उत्पत्ति या विनाश नहीं होता है किन्तु उनके आश्रित रहने वाले पृथिवीकायिक जीवों का अपनी-अपनी आयु के अनुसार जन्म-मरण होता रहता है। इसीलिये चैत्यवृक्षोंको जीवोंकी उत्पत्ति और विनाश का कारण कहा है।

जिनेन्द्र प्रतिमाओंका निरूपण—

मूलम्मि चउ-दिसासुं, चेत्त-तरूणं जिणिंद-पडिमाओ ।
चत्तारो चत्तारो, चउ - तोरण - सोहमाणाओ ॥३०॥

अर्थ—चैत्यवृक्षोंके मूलमें चारों ओर चार तोरणोंसे शोभायमान चार-चार जिनेन्द्र-प्रतिमाएँ विराजमान हैं ॥३०॥

पल्लंक-आसणाओ, सपाडिहेराओ रयण-मइयाओ ।
वंसणमेत्त - णिवारिद - दुरिताओ देंतु वो मोक्खं ॥३१॥

चिन्हाणि समत्ताणि ॥३॥

अर्थ—पल्यङ्कासनसे स्थित, प्रातिहार्यों सहित और दर्शनमात्रसे ही पापको दूर करनेवाली ये रत्नमयी जिनेन्द्र-प्रतिमाएँ आप लोगोंको मोक्ष प्रदान करें ॥३१॥

इसप्रकार चिन्होंका कथन समाप्त हुआ ॥३॥

व्यन्तरदेवोंके कुल-भेद, उनके इन्द्र और देवियोंका निरूपण—

किण्णर-पहुदि-चउक्कं, दस-दस-भेदं हवेदि पत्तेक्कं ।
अक्खा बारस-भेदा, सत्त-वियप्पाणि रक्खसया ॥३२॥

भूदाणि तेत्तियाणिं, पिसाच-णामा चउद्दस-वियप्पा ।
दो दो इंदा दो दो, देवीओ दो-सहस्स-वल्लहिया ॥३३॥

कि १०, किपु १०, म १०, गं १०, अ १२, रा ७, भू ७, पि १४ । २ । २ । २०००।

कुल-भेदा समत्ता ॥४॥

अर्थ—किन्नर आदि चार प्रकारके व्यन्तर देवोंमेंसे प्रत्येकके दस-दस, यक्षोंके बारह, राक्षसों के सात, भूतोंके सात और पिशाचोंके चौदह भेद हैं। इनमें दो-दो इन्द्र और उनके दो-दो (अग्र) देवियाँ होती हैं। ये देवियाँ दो हजार वल्लभिकाओं सहित (अर्थात् प्रत्येक अग्रदेवीकी एक-एक हजार वल्लभिका देवियाँ) होती हैं ॥३२-३३॥

कुल-भेदोंका वर्णन समाप्त हुआ ॥४॥

किन्नर जातिके दस भेद, उनके इन्द्र और उनकी देवियोंके नाम—

ते किंपुरिसा किंणर-हिदयंगम-रूवपालि-किंणरया ।
किंणरकिंणिव णामा, मणरम्मा किण्णरुत्तमया ॥३४॥

रतिपिय-जेट्ठा ताणं, किंपुरिसा किंणरा वुवे इंदा ।
अवतंसा केतुमदी, रतिसेणा-रतिप्पियाओ देवीओ ॥३५॥

किंणरा गदा ।

अर्थ—किम्पुरुष, किन्नर, हृदयङ्गम, रूपपाली, किन्नरकिन्नर, अनिन्दित, मनोरम, किन्नरोत्तम, रतिप्रिय और ज्येष्ठ, ये दस प्रकारके किन्नर जातिके देव होते हैं। इनके किम्पुरुष और किन्नर नामक दो इन्द्र तथा इन इन्द्रोंके अवतंसा, केतुमती, रतिसेना एवं रतिप्रिया नामक (दो-दो) देवियाँ होती हैं ।।३४-३५।।

किन्नरोंका कथन समाप्त हुआ।

किम्पुरुषोंके भेद आदि—

पुरुसा पुरुसुत्तम-सप्पुरुस-महापुरुस-पुरुसपभ-णामा ।
अतिपुरुसा तह मरुजो[1], मरुदेव-मरुप्पहा जसोवंता ।।३६।।

इय किंपुरुसा-इंदा[2], सप्पुरुसो ताण तह महापुरुसो ।
रोहिणी-णवमी हिरिया, पुप्फवदीओ वि देवीओ ।।३७।।

किंपुरुसा गदा ।

अर्थ—पुरुष, पुरुषोत्तम, सत्पुरुष, महापुरुष, पुरुषप्रभ, अतिपुरुष, मरु, मरुदेव, मरुत्प्रभ और यशस्वान्, इसप्रकार ये किम्पुरुष जातिके (देवोंके) दस भेद हैं। इनके सत्पुरुष और महापुरुष नामक दो इन्द्र तथा इन इन्द्रोंके रोहिणी, नवमी, ह्री एवं पुष्पवती नामक (दो-दो) देवियाँ होती हैं ।।३६-३७।।

। किम्पुरुषोंका कथन समाप्त हुआ।

महोरगदेवोंके भेद आदि—

भुजगा भुजंगसाली, महतणु-अतिकाय-खंधसाली य ।
मणहर-असणिजव-महसर, गहिरं पियदंसणा महोरगया ।।३८।।

महकाओ अतिकाओ, इंदा एदाण होंति देवीओ ।
भोगा भोगवदीओ, अणिंदिदा पुप्फगंधीओ ।।३९।।

महोरगा गदा ।

अर्थ—भुजग, भुजंगशाली, महातनु, अतिकाय, स्कन्धशाली, मनोहर, असनिजव, महेश्वर, गम्भीर और प्रियदर्शन, ये महोरग जातिके देवोंके दस भेद हैं। इनके महाकाय और अतिकाय नामक

---

१. ब. ब. क. ज. मरुत। २ ब. क. क. ज. इंद।

इन्द्र तथा इन इन्द्रोंके भोगा, भोगवती, अनिन्दिता और पुष्पगन्धी नामक (दो-दो) देवियाँ होती हैं ।।३८-३९।।

महोरग जातिके देवोंका कथन समाप्त हुआ ।

गन्धर्वदेवोंके भेद आदि—

हाहा-हूहू-णारव-तुंबुर-वासव-कदंब - महसरया ।
गीदरदी - गीदयसा, वइरवतो होंति गंधव्वा ।।४०।।

गीदरदी गीदयसा, इंदा ताणं पि होंति देवीओ ।
सरसह-सरसेणाओ, णंदिणि-पियदंसणाओ वि ।।४१।।

गंधव्वा गदा ।

अर्थ—हाहा, हूहू, नारद, तुम्बुरु, वासव, कदम्ब, महास्वर, गीतरति, गीतयश और वज्रवान्, ये दस भेद गन्धर्वोंके हैं । इनके गीतरति और गीतयश नामक इन्द्र और इन इन्द्रोंके सरस्वती, स्वरसेना, नन्दिनी और प्रियदर्शना नामक (दो-दो) देवियाँ हैं ।।४०-४१।।

गन्धर्वजातिके देवोंका कथन समाप्त हुआ ।

यक्षदेवोंके भेद आदि—

माणि-पुण्ण-सेल-मणो-भद्दा भद्दका सुभद्दा य ।
तह सव्वभद्द-माणुस-धणपाल-सरूव - जक्खक्खा ।।४२।।

जक्खुत्तम-मणहरणा, ताणं वे माणि-पुण्ण-भद्दिंदा ।
कुंदा - बहुपुत्ताओ, तारा तह उत्तमाओ देवीओ ।।४३।।

जक्खा गदा ।

अर्थ—माणिभद्र, पूर्णभद्र, शैलभद्र, मनोभद्र, भद्रक, सुभद्र, सर्वभद्र, मानुष, धनपाल, स्वरूपयक्ष, यक्षोत्तम और मनोहरण, ये बारह भेद यक्षोंके हैं । इनके माणिभद्र और पूर्णभद्र नामक दो इन्द्र हैं और उन इन्द्रोंके कुन्दा, बहुपुत्रा, तारा तथा उत्तमा नामक (दो-दो) देवियाँ हैं ।।४२-४३।।

यक्षोंका कथन समाप्त हुआ ।

राक्षसोंके भेद आदि—

भीम-महाभीम-विग्घा[1]-विणायका उदक-रक्खसा तह य ।
रक्खस - रक्खस - णामा, सत्तमया बम्हरक्खसया ।।४४।।

---

१. द. क. ज. विप्पु, ब. भीप्पु ।

रक्खस-इंदा भीमो, [1]महभीमो ताण होंति वेवीओ ।
पउमा - वसुमित्ताओ, [2]रयणाढ्ढा - कंचणपहाओ ॥४५॥

रक्खसा गदा ।

अर्थ—भीम, महाभीम, विघ्न-विनायक, उदक, राक्षस, राक्षसराक्षस और सातवाँ ब्रह्म-राक्षस, इसप्रकार ये सात भेद राक्षस देवोंके हैं । इन राक्षसोंके भीम तथा महाभीम नामक इन्द्र और इन इन्द्रोंके पद्मा, वसुमित्रा, रत्नाढ्या तथा कञ्चनप्रभा नामक (दो-दो) देवियाँ हैं ॥४४-४५॥

राक्षसोंका कथन समाप्त हुआ ।

भूतदेवोंके भेद आदि—

भूदा हवे सुरूवा, पडिरूवा भूदउत्तमा होंति ।
पडिभूद - महाभूदा, पडिछण्णाकासभूद त्ति ॥४६॥
भूदिंदा य सरूवो, पडिरूवो ताण होंति वेवीओ ।
रूववदी बहुरूवा, सुमुहो णामा सुसीमा य ॥४७॥

भूदा गदा ।

अर्थ—स्वरूप, प्रतिरूप, भूतोत्तम, प्रतिभूत, महाभूत, प्रतिच्छन्न और आकाशभूत, इस-प्रकार ये सात भेद भूतदेवोंके हैं । उन भूतोंके इन्द्र स्वरूप एवं प्रतिरूप हैं और उन इन्द्रोंके रूपवती, बहुरूपा, सुमुखी तथा सुसीमा नामक देवियाँ हैं ॥४६-४७॥

भूतोंका कथन समाप्त हुआ ।

पिशाचदेवोंके भेद आदि—

कुंभंड-जक्ख-रक्खस-संमोहा तारगा अशोचक्खा ।
काल-महकाल-चोक्खा, सतालया देह - महदेहा ॥४८॥
तुण्हिय-पवयण-णामा, पिसाच-इंदा य काल-महकाला ।
कमला - कमलपहुप्पल - सुदंसणा ताण वेवीओ ॥४९॥

पिसाचा गदा ।

अर्थ—कुष्माण्ड, यक्ष, राक्षस, संमोह, तारक, अशुचि (नामक), काल, महाकाल, सुचोक्ष, सतालक, देह, महादेह, तूष्णीक और प्रवचन, इसप्रकार पिशाचोंके ये चौदह भेद हैं । काल और महा-

---

१. ब, क, ज, महा । २. क ज, ट, रयणेवा ।

काल, ये पिशाचोंके इन्द्र हैं तथा इन इन्द्रोंके कमला, कमलप्रभा, उत्पला एवं सुदर्शना नामक (दो-दो) देवियाँ हैं ॥४८-४९॥

पिशाचोंका कथन समाप्त हुआ।

गणिका महत्तरियोंका निरूपण—

सोलस- भोम्मिंदाणं, किंणर-पहुदीण होंति पत्तेक्कं।
गणिका महड्ढियाओ[1], दुवे दुवे रूववतीओ ॥५०॥

अर्थ—किन्नर आदि सोलह व्यन्तरेन्द्रोंमेंसे प्रत्येक इन्द्रके दो-दो रूपवती गणिकामहत्तरी होती हैं ॥५०॥

महुरा महुरालावा, सुस्सर-मिदुभासिणीओ णामेहिं।
पुरिसप्पिय-पुरिसकंता, सोमाओ पुरिसदंसिणिया[2] ॥५१॥

भोगा - भोगवदीओ, भुजगा भुजगप्पिया य णामेणं।
विमला सुघोस - णामा अणिंदिदा सुस्सरक्खा य ॥५२॥

तह य सुभद्दा भद्दाओ मालिणी पम्ममालिणीओ वि।
सव्वसिरि - सव्वसेणा, रुद्दावइ रुद्द - णामा य ॥५३॥

भूदा य भूदकंता, महबाहू भूदरत्त - णामा य।
अंबा य कला णामा, रस-सुलसा तह सुदरिसणया ॥५४॥

अर्थ—मधुरा, मधुरालापा, सुस्वरा, मृदुभाषिणी, पुरुषप्रिया, पुरुषकान्ता, सौम्या, पुरुषदर्शिनी, भोगा, भोगवती, भुजगा, भुजगप्रिया, विमला, सुघोषा, अनिन्दिता, सुस्वरा, सुभद्रा, भद्रा, मालिनी, पद्ममालिनी, सर्वश्री, सर्वसेना, रुद्रा, रुद्रवती, भूता, भूतकान्ता, महाबाहु, भूतरक्ता, अम्बा, कला, रस-सुरसा और सुदर्शनिका, ये उन गणिका-महत्तरियोंके नाम हैं ॥५१-५४॥

व्यन्तरोंके शरीर-वर्णका निर्देश—

किंणरदेवा, सव्वे, पियंगु - सामेहि देह - वण्णेहिं।
उब्भासंते कंचण - सारिच्छेहिं पि किंपुरुसा ॥५५॥

अर्थ—सब किन्नर देव प्रियंगु सदृश देह वर्णसे और सब किम्पुरुषदेव सुवर्ण सदृश देह-वर्णसे शोभायमान होते हैं ॥५५॥

कालस्सामल-वण्णा, महोरगा अरुण[3] कंचण-सवण्णा।
गंधव्वा जक्खा तह, कालस्सामा विराजंति ॥५६॥

---

१. द. ब. क. ज. महड्ढियाओ। २. द. ब. क. ज. देसिणिया। ३. द. ब. क. ज. अंब।

अर्थ—महोरगदेव काल-श्यामल वर्णवाले, गन्धर्वदेव शुद्ध सुवर्ण सदृश तथा यक्ष देव काल-श्यामल वर्णसे युक्त होकर शोभायमान होते हैं ।।५६।।

सुद्ध-स्सामा रक्खस-देवा भूदा वि कालसामलया ।
सव्वे पिसाचदेवा, कज्जल - इंगाल - सरिस - तणू ।।५७।।

अर्थ—राक्षसदेव शुद्ध-श्यामवर्ण, भूत कालश्यामल और समस्त पिशाचदेव कज्जल एवं इंगाल अर्थात् कोयले सदृश कृष्ण शरीर वाले होते हैं ।।५७।।

किण्णर-पहुदी वेंतरदेवा सव्वे वि सुंदरा होंति ।
सुभगा विलास - जुत्ता, सालंकारा महातेजा ।।५८।।

एवं णामा समत्ता ।।५।।

अर्थ—किन्नर आदि सब ही व्यन्तरदेव सुन्दर, सुभग, विलासयुक्त, अलङ्कारों सहित और महान् तेजके धारक होते हैं ।।५८।।

इसप्रकार नामोंका कथन समाप्त हुआ ।।५।।

दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंका निर्देश—

पढमुच्चारिद-णामा, दक्खिण-इंदा हवंति एदेसुं ।
चरिमुच्चारिद-णामा, उत्तर - इंदा पभाव-जुदा ।।५९।।

अर्थ—इन इन्द्रोंमें प्रथम उच्चारणवाले दक्षिणेन्द्र और अन्तमें (पीछे) उच्चारण नामवाले उत्तरेन्द्र हैं। ये सब इन्द्र प्रभावशाली होते हैं ।।५९।।

[तालिका पृष्ठ २२८ पर देखिये]

क्र.	कुल-नाम	चैत्यवृक्ष	शरीरवर्ण	इन्द्रोंके नाम	दक्षिणोत्तरेन्द्र	अग्र-देवियोंके नाम	देवियोंकी आयु (पल्य)	गणिका-महत्तरी
१.	किन्नर	प्रशोक	प्रियंगु-सदृश	किम्पुरुष	दक्षिणेन्द्र	सतसेना, केतुमती	२०००	मधुरा
				किन्नर	उत्तरेन्द्र	रतिसेना, रतिप्रिया	२०००	मधुरालापा सुस्वरा मृदुभाषिणी
२.	किम्पुरुष	चम्पक	स्वर्ण-सदृश	सत्पुरुष	दक्षिणेन्द्र	रोहिणी, नवमी	२०००	पुरुषप्रिया
				महापुरुष	उत्तरेन्द्र	ह्री पुष्पवती	२०००	पुरुषकान्ता सौम्या पुरुषदर्शिनी
३.	महोरग	नागद्रुम	कालश्यामल	महाकाय	दक्षिणेन्द्र	भोगा, भोगवती	२०००	भोगा
				अतिकाय	उत्तरेन्द्र	अनिन्दिता, पुष्पवं	२०००	भोगवती भुजगा भुजगप्रिया
४.	गन्धर्व	तुम्बुरु	शुद्ध स्वर्ण	गीतरति	दक्षिणेन्द्र	सरस्वती, स्वरसेना	२०००	विमला
				गीतयश	उत्तरेन्द्र	नंदिनी, प्रियदर्शना	२०००	सुघोषा अनिन्दिता सुस्वरा
५.	यक्ष	वट	कालश्यामल	मणिभद्र	दक्षिणेन्द्र	कुन्दा, बहुपुत्रा	२०००	सुभद्रा
				पूर्णभद्र	उत्तरेन्द्र	तारा, उत्तमा	२०००	कहा मालिनी पद्ममालिनी
६.	राक्षस	कंटक-वृक्ष	श्यामवर्ण	भीम	दक्षिणेन्द्र	लया, वसुमित्रा	२०००	सर्वश्री
				महाभीम	उत्तरेन्द्र	रत्नाढया कंचनप्रभा	२०००	सर्वसेना रुहा रुक्मवती
७.	भूत	तुलसी	कालश्यामल	स्वरूप	दक्षिणेन्द्र	रूपवती, बहुरूपा	२०००	भूता
				प्रतिरूप	उत्तरेन्द्र	सुमुखी, सुसीमा	२०००	भूतकान्ता महाबाहु भूतरक्षा
८.	पिशाच	कदम्ब	कज्जल-सदृश	काल	दक्षिणेन्द्र	कमला, कमलप्रभा	२०००	अम्बा
				महाकाल	उत्तरेन्द्र	उत्पला, सुदर्शना	२०००	कला रस-सुरसा सुदर्शनिका

व्यन्तरदेवोंके नगरोंके आश्रयरूप द्वीपोंका निरूपण—

ताव णयराणि अंजणक-वज्जधातुक-सुवण्ण-मणिसिलका ।
दीवे वज्जे रजदे, हिंगुलके होंति हरिवाले ॥६०॥

अर्थ—इन व्यन्तरदेवोंके नगर अंजनक, वज्रधातुक, सुवर्ण मनःशिलक, वज्र, रजत, हिंगुलक और हरिताल द्वीपमें स्थित हैं ॥६०॥

नगरोंके नाम एवं उनका अवस्थान—

णिय-णामंकं मज्झे, पह-कंताणव-भव्व-णामाणि ।
पुव्वादिसु इंदाणं, सम-भागे पंच पंच णयराणि ॥६१॥

अर्थ—सम-भागमें इन्द्रोंके पाँच-पाँच नगर होते हैं। उनमें अपने नामसे अंकित नगर मध्यमें और प्रभ, कान्त, आवर्त एवं भव्य, इन नामोंसे अंकित नगर पूर्वादिक दिशाओंमें होते हैं ॥६१॥

विशेषार्थ—व्यन्तरदेवोंके नगर समतल भूमिपर बने हुए हैं; भूमिके नीचे या पर्वत आदिके ऊपर नहीं हैं। प्रत्येक इन्द्रके पाँच-पाँच नगर होते हैं। मध्यका नगर इन्द्रके नामवाला ही होता है तथा पूर्वादि दिशाओंके नगरोंके नाम इन्द्रके नामके आगे क्रमशः प्रभ, कान्त, आवर्त और भव्य जुड़कर बनते हैं। यथा—

क्र०	इन्द्र-नाम	मध्य-नगर	पूर्वदिशामें	दक्षिण दिशामें	पश्चिम दिशामें	उत्तर दिशामें
१.	किम्पुरुष	किम्पुरुषनगर	किम्पुरुषप्रभ	किम्पुरुषकान्त	किम्पुरुषावर्त	किम्पुरुषभव्य
२.	किन्नर	किन्नरनगर	किन्नरप्रभ	किन्नरकान्त	किन्नरावर्त	किन्नरभव्य
३.	सत्पुरुष	सत्पुरुषनगर	सत्पुरुषप्रभ	सत्पुरुषकान्त	सत्पुरुषावर्त	सत्पुरुषभव्य
४.	महापुरुष	महापुरुषनगर	महापुरुषप्रभ	महापुरुषकान्त	महापुरुषावर्त	महापुरुषभव्य

इसीप्रकार शेष बारह इन्द्रोंके नगर भी जानने चाहिए।

आठों द्वीपोंमें इन्द्रोंका निवास-विभाग—

जंबूदीव-सरिच्छा, दक्खिण-इंदा य दक्खिणे भागे ।
उत्तर - भागे उत्तर - इंदा पं तेसु दीवेसुं ॥६२॥

अर्थ—जम्बूद्वीप सदृश उन द्वीपोंमें दक्षिण-इन्द्र दक्षिण भागमें और उत्तर इन्द्र उत्तर भागमें निवास करते हैं ॥६२॥

विशेषार्थ—

अञ्जनकद्वीपकी दक्षिण दिशामें किम्पुरुष और उत्तर दिशामें किन्नर इन्द्र रहता है।
वज्रधातुकद्वीपकी दक्षिणदिशामें सत्पुरुष और उत्तर दिशामें महापुरुष इन्द्र रहता है।
सुवर्णद्वीपकी दक्षिण दिशामें महाकाय और उत्तरदिशामें अतिकाय इन्द्र रहता है।
मनःशिलकद्वीपकी दक्षिण दिशामें गीतरति और उत्तरदिशामें गीतयश इन्द्र रहता है।
वज्रद्वीपकी दक्षिण दिशामें माणिभद्र और उत्तर दिशामें पूर्णभद्र इन्द्र रहता है।
रजतद्वीपकी दक्षिण दिशामें भीम और उत्तरदिशामें महाभीम इन्द्र रहता है।
हिंगुलकद्वीपकी दक्षिण दिशामें स्वरूप और उत्तर दिशामें प्रतिरूप इन्द्र रहता है।
हरितालद्वीपकी दक्षिण दिशामें काल और उत्तरदिशामें महाकाल इन्द्र रहता है।

व्यन्तरदेवोंके नगरोंका वर्णन—

समचउरस्स ठिदीणं, पायारा तप्पुराण कणयमया।
विजयसुर-णयर-वण्णिय-पायार-उदयत्थ-भाग-समा ॥६३॥

अर्थ—समचतुष्कोणसे स्थित उन पुरोंके स्वर्णमय कोट विजयदेवके नगरके वर्णनमें कहे गये कोटके चतुर्थ भाग प्रमाण है ॥६३॥

विशेषार्थ—अधिकार ५ गाथा १८३-१८४ में विजयदेवके नगर-कोटका प्रमाण ३७½ योजन ऊँचा, ½ योजन अवगाह, १२½ योजन मूविस्तार और ६½ योजन मुख विस्तार कहा गया है। यहाँ व्यन्तरदेवोंके नगर-कोटोंका प्रमाण इसका चतुर्थभाग है। अर्थात् वे कोट ९½ यो० ऊँचे, ½ योजन अवगाह, ३½ यो० भूविस्तार और १½ यो० मुख-विस्तारवाले हैं।

ते णयराणं बाहिर, असोय-सत्तच्छदाय चंपय - चूदाय[1] तहा, पुव्वादि - दिसासु पत्तेक्कं ॥६४॥

अर्थ—उन नगरोंके बाहर पूर्वादिक दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें अशोक, सप्तच्छद, चम्पक तथा आम्र-वृक्षोंके वनसमूह स्थित हैं ॥६४॥

जोयण-लक्खायामा, पण्णास-सहस्स-वंद-संजुत्ता।
ते वणसंडा असुहिह - विबह - विमूदोहि रेहंति ॥६५॥

---

१. ब. क. ज. चूदाय।

अर्थ—एक लाख योजन लम्बे और पचास हजार योजन प्रमाण विस्तार युक्त वे वन-समूह बहुत प्रकारकी विटप (वृक्ष) विभूतिसे सुशोभित होते हैं अर्थात् अनेकानेक प्रकारके वृक्ष वहाँ और भी हैं ।।६५।।

णयरेसु तेसु दिव्वा, पासादा कणय-रजद-रयणमया ।
उच्छेहादिसु तेसुं, उवएसो संपइ पणट्ठो ।।६६।।

अर्थ—उन नगरोंमें सुवर्ण, चांदी एवं रत्नमय जो दिव्य प्रासाद हैं। उनकी ऊँचाई आदिका उपदेश इससमय नष्ट हो गया है ।।६६।।

व्यन्तरेन्द्रोंके परिवार देवोंकी प्ररूपणा—

एदेसु वेंतरिंदा, कीडंते बहु - विभूदि - भंगीहि ।
णाणा-परिवार-जुदा, भणिमो परिवार-णामाइं ।।६७।।

अर्थ—इन नगरोंमें नाना परिवारसे संयुक्त व्यन्तरेन्द्र प्रचुर ऐश्वर्य पूर्वक क्रीड़ा करते हैं। (अब) उनके परिवारके नाम कहता हूँ ।।६७।।

पडिइंदा सामाणिय, तणुरक्खा होंति तिण्णि परिसाओ ।
सत्ताणीय - पइण्णा, अभियोगा ताण पत्तेयं ।।६८।।

अर्थ—उन इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके प्रतीन्द्र, सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक और आभियोग्य, इसप्रकार ये परिवार देव होते हैं ।।६८।।

प्रतीन्द्र एवं सामानिकादि देवोंके प्रमाण—

एक्केक्को पडिइंदो, एक्केक्काणं हवेदि इंदाणं ।
चत्तारि सहस्साणि, सामाणिय - णाम - देवाणं ।।६९।।

१ । सा ४००० ।

अर्थ—प्रत्येक इन्द्रके एक-एक प्रतीन्द्र और चार-चार हजार (४००० — ४०००) सामानिक देव होते हैं ।।६९।।

एक्केक्कस्स इंदे, तणुरक्खाणं पि सोलस-सहस्सा ।
अट्ठ-दह - बारस - कमा, तिप्परिसासुं सहस्साणि ।।७०।।

१६००० । ८००० । १०००० । १२००० ।

अर्थ—एक-एक इन्द्रके तनुरक्षकोंका प्रमाण सोलह हजार (१६०००) और तीनों पारिषद देवोंका प्रमाण क्रमशः आठ हजार (८०००), दस हजार (१००००) तथा बारह हजार (१२०००) है ॥७०॥

सप्त अनीक सेनाओंके नाम एवं प्रमाण—

करि-हय-पाइक्क तहा, गंधव्वा णट्टआ रहा वसहा ।
इय सत्तसेण्णाणि, पत्तेक्कं होंति इंदाणं ॥७१॥

अर्थ—हाथी, घोड़ा, पदाति, गन्धर्व, नर्तक, रथ और बैल, इसप्रकार प्रत्येक इन्द्रके ये सात-सात सेनाएँ होती हैं ॥७१॥

कुंजर-तुरयाणीणं पुह पुह चेट्ठंति सत्त कक्खाओ ।
तेसुं पढमा कक्खा, अट्ठावीसं सहस्साणि ॥७२॥

२८०००।

अर्थ—हाथी और घोड़े आदिकी पृथक्-पृथक् सात कक्षाएँ स्थित हैं। इनमेंसे प्रथम कक्षाका प्रमाण अट्ठाईस हजार (२८०००) है ॥७२॥

बिदियादीणं दुगुणा, दुगुणा से होंति कुंजर-प्पहुदी ।
एदाणं मिलिदाणं परिमाणाहूँ पवक्खेमो ॥७३॥

अर्थ—द्वितीयादिक कक्षाओंमें ये हाथी आदि दूने-दूने हैं। इनका सम्मिलित प्रमाण कहते हैं ॥७३॥

पंचसीदं लक्खा, छप्पण्ण-सहस्स-संजुदा साहं ।
एक्केक्कस्सि इंदे, हत्थीणं होंति परिमाणं ॥७४॥

३५५६०००।

अर्थ—उनमेंसे प्रत्येक इन्द्रके हाथियोंका (हाथी, घोड़ा, पदाति आदि सातों सेनाओंका पृथक्-पृथक्) प्रमाण पैंतीस लाख और छप्पन हजार (३५५६०००) है ॥७४॥

बावण्णदि-सहस्साणि, लक्खा पणवाल तेत्तिय कोडीओ ।
इंदाणं पत्तेक्कं, सत्ताणीयाण परिमाणं ॥७५॥

२४८९२०००।

अर्थ—प्रत्येक इन्द्रकी सात अनीकोंका प्रमाण दो करोड़ अड़तालीस लाख बानवे हजार (३५५६००० × ७ = २४८९२०००) है ॥७५॥

विशेषार्थ—पदका जितना प्रमाण हो उतने स्थानमें २ का अङ्क रखकर परस्पर गुणा करें। जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे एक घटाकर शेषमें एक कम गुणकारका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, उसका मुखमें गुणाकर देनेसे सङ्कलित धनका प्रमाण प्राप्त होता है। इस नियमानुसार सङ्कलित धन—यहाँ पद प्रमाण ७ और मुख प्रमाण २८००० है अतः —

२८००० × [{(२×२×२×२×२×२×२) − १} ÷ (२ − १)] = ३५५६००० एक अनीककी सात कक्षाओंका प्रमाण और ३५५६००० × ७ = २४८९२००० सातों अनीकोंका कुल एकत्रित प्रमाण है।

अथवा—

कक्षाएँ	हाथी	घोड़ा	पदाति	रथ	गन्धर्व	नर्तक	बैल
प्रथम	२८०००	२८०००	२८०००	२८०००	२८०००	२८०००	२८०००
द्वितीय	५६०००	५६०००	५६०००	५६०००	५६०००	५६०००	५६०००
तृतीय	११२०००	११२०००	११२०००	११२०००	११२०००	११२०००	११२०००
चतुर्थ	२२४०००	२२४०००	२२४०००	२२४०००	२२४०००	२२४०००	२२४०००
पञ्चम	४४८०००	४४८०००	४४८०००	४४८०००	४४८०००	४४८०००	४४८०००
षष्ठ	८९६०००	८९६०००	८९६०००	८९६०००	८९६०००	८९६०००	८९६०००
सप्तम	१७९२०००	१७९२०००	१७९२०००	१७९२०००	१७९२०००	१७९२०००	१७९२०००
योग	३५५६००० +	३५५६००० +	३५५६००० +	३५५६००० +	३५५६००० +	३५५६००० +	३५५६००० =
							२४८९२०००

कुल इन्द्र १६ हैं और सभी समान अनीक-धनके स्वामी हैं अतः २४८९२००० × १६ = १९८२७२००० सम्पूर्ण अभ्यन्तरदेवोंकी सेनाका सर्वधन है।

प्रकीर्णकादि अभ्यन्तरदेवोंका प्रमाण—

भोमिंदाण पइण्णय-अभिओग्ग-सुरा हवंति जे केई।
ताणं पमाण - हेदू उवएसो संपइ पणट्ठो ॥७६॥

अर्थ—व्यन्तरेन्द्रोंके जो कोई प्रकीर्णक और आभियोग्य आदि देव होते हैं, उनके प्रमाणका निरूपक उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥७६॥

एक्केक्कइंद - परिवारा, वेंतर - इंदा सुहाइ भुंजंता ।
णंदंति णिय - पुरेसुं, बहुविह कीडाओ[1] कुडमाणा ॥७७॥

अर्थ—इसप्रकारके परिवारसे संयुक्त होकर सुखोंका उपभोग करनेवाले व्यन्तरेन्द्र अपने-अपने पुरोंमें बहुत प्रकारकी क्रीडाएं करते हुए आनन्दको प्राप्त होते हैं ॥७७॥

गणिकामहत्तरियोंके नगरोंका अवस्थान एवं प्रमाण—

णिय-णिय-इंदपुरीणं, दोसु वि पासेसु होंति णयराणि ।
गणिकामहल्लियाणं, वर - वेदी - पहुदि - जुत्ताणि ॥७८॥

अर्थ—अपने-अपने इन्द्रकी नगरियोंके दोनों पार्श्वभागोंमें उत्तम वेदी आदि सहित गणिका-महत्तरियोंके नगर होते हैं ॥७८॥

चुलसीदि-सहस्साणि, जोयणया तप्पुरीण वित्थारो ।
तेत्तियमेत्तं दीहं, पत्तेक्कं होदि णियमेण ॥७९॥

८४००० ।

अर्थ—उन नगरियोंमेंसे प्रत्येक नगरीका विस्तार चौरासी हजार (८४०००) योजन प्रमाण और लम्बाई भी नियमसे इतनी (८४००० यो०) ही है ॥७९॥

नीचोपपाद व्यन्तरदेवोंके निवास-क्षेत्रका निरूपण—

णीचोववाद - देवा, हत्थ - पमाणे वसंति भूमीदो ।
विगुवासि-सुरा - अंतरणिवासि - कुंभंड - उव्वण्णा ॥८०॥
अणुपण्णा य पमाणय, गंध-महागंध-मुजंग-पोदिकया ।
बारसमा आयासे, उवसण्ण वि इंद - परिवारा ॥८१॥
उवरिं उवरिं वसंते, तिण्णि वि णीचोववाद-ठाणादो ।
दस हत्थ - सहस्साइं, सेसा विउणेहि पत्तेक्कं ॥८२॥
ताणं विण्णास कम संविट्ठो—

---

१. द. केलीओ, ब. क. ज. केलाओ ।

२०००*
२०००
२०००
२०००
२०००
२०००
२०००
२०००
१००००
१००००
१००००
१

दक्षिण-उत्तर-इंदाणं पवण्णणा समत्ता ॥६॥

अर्थ—नीचोपपाद देव पृथिवीसे एक हाथ प्रमाण ऊपर निवास करते हैं। उनके ऊपर दिग्वासी, अन्तरनिवासी, कूष्माण्ड, उत्पन्न, अनुत्पन्न, प्रमाणक, गन्ध, महागन्ध, भुजंग, प्रीतिक और बारहवें आकाशोत्पन्न, इन्द्रके ये परिवार-देव क्रमशः ऊपर-ऊपर निवास करते हैं। इनमेंसे प्रारम्भके तीन प्रकारके देव नीचोपपाद देवोंके स्थानसे उत्तरोत्तर दस-दस हजार हस्त प्रमाण अन्तरसे तथा शेष देव बीस-बीस हजार हस्तप्रमाण अन्तरसे निवास करते हैं ॥८०-८२॥

विशेषार्थ—चित्रा पृथिवीसे एक हाथ ऊपर नीचोपपादिक देव स्थित हैं। इनसे १०००० हाथ ऊपर दिग्वासी देव हैं। इनसे १०००० हाथ ऊपर अन्तरवासी और इनसे १०००० हाथ ऊपर कूष्माण्ड देव निवास करते हैं। इनसे २०००० हाथ ऊपर उत्पन्न इनसे २०००० हाथ ऊपर अनुत्पन्न, इनसे २०००० हाथ ऊपर प्रमाणक, इनसे २०००० हाथ ऊपर गन्ध, इनसे २०००० हाथ ऊपर महागन्ध, इनसे २०००० हाथ ऊपर भृंगभृङ्ग, इनसे २०००० हाथ ऊपर प्रीतिक और इनसे २०००० हाथ ऊपर आकाशोत्पन्न व्यन्तरदेव निवास करते हैं।

यही इनकी विन्यासरूप संदृष्टि है।

इसप्रकार दक्षिण-उत्तर इन्द्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ॥६॥

अन्तरदेवोंकी आयुका निर्देश—

उक्कस्साऊ पल्लं, होदि असंखो य मज्झिमो आऊ।
दस वास - सहस्साणि, जोग्ग - पुराणं जहण्णाऊ ॥८३॥

प १। रि। १००००।

अर्थ—व्यन्तरदेवोंकी उत्कृष्ट आयु एक पल्य प्रमाण, मध्यम आयु असंख्यात वर्ष प्रमाण और जघन्य आयु दस हजार (१००००) वर्ष प्रमाण है ॥८३॥

इंद-पडिइंद-सामाणियाण - पल्लेक्कमेक्क - पल्लाऊ ।
गणिका-महत्तरियाणं, पल्लद्धं सेसयाण जह-जोग्गं ॥८४॥

अर्थ—इन्द्र, प्रतीन्द्र एवं सामानिक देवोंमेंसे प्रत्येककी आयु क्रमशः एक-एक पल्य है। गणिकामहत्तरियोंकी आयु अर्धपल्य और शेष देवोंकी आयु यथायोग्य है ॥८४॥

दस वास-सहस्साणि, आऊ णीचोवयाद - देवाणं ।
तत्तो आव असीदि, तेसिमणेत्ताए वड्ढीए ॥८५॥
अट्ठ चुलसीदी पल्लट्ठमंस - पादं[1] कमेण पल्लद्धं ।
दिव्वासि - पहुदीणं, भणिदं आउस्स परिमाणं ॥८६॥

१०००० । २०००० । ३०००० । ४०००० । ५०००० । ६०००० ।

७०००० । ८०००० । ८४००० | ५/८ | ५/४ | ५/२ |

आऊ परूवणा समत्ता ॥७॥

अर्थ—नीचोपपाद देवोंकी आयु दस हजार वर्ष है। पश्चात् दिग्वासी आदि शेष (७) देवोंकी आयु क्रमशः दस-दस हजार वर्ष बढ़ाते हुए अस्सी हजार वर्ष पर्यन्त है। शेष चार देवोंकी आयु क्रमशः चौरासी हजार वर्ष, पल्यका आठवाँ भाग, पल्यका एक पाद (चतुर्थ भाग) और अर्ध-पल्य प्रमाण कही गई है ॥८५-८६॥

विशेषार्थ—नीचोपपाद व्यन्तर देवोंकी आयुका प्रमाण १०००० वर्ष, दिग्वासीका २०००० वर्ष, अन्तरवासीका ३०००० वर्ष, कूष्माण्डका ४०००० वर्ष, उत्पन्न का ५०००० वर्ष, अनुत्पन्नका ६०००० वर्ष, प्रमाणकका ७०००० वर्ष, गन्धका ८०००० वर्ष, महागन्धका ८४००० वर्ष, भुजङ्ग देवोंका पल्यके आठवें भाग, प्रीतिकका पल्यके चतुर्थभाग और आकाशोत्पन्न देवोंकी आयु का प्रमाण पल्यके अर्धभाग प्रमाण है।

। इसप्रकार आयु-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥७॥

व्यन्तर देवोंके आहारका निरूपण—

दिव्वं अमयाहारं, मणेण मुंजंति किंणर-प्पमुहा ।
देवा देवीओ तहा, तेसुं कवलासणं णत्थि ॥८७॥

---

१. ब. क. पादक्कमेण, क, पादकमे ।

अर्थ—किन्नर आदि व्यन्तर देव तथा देवियाँ दिव्य एवं अमृतमय आहारका उपभोग मनसे ही करते हैं, उनके कवलाहार नहीं होता ॥८७॥

पल्लाउ-जुदे देवे, काओ असणस्स पंच दिवसाणि ।
दोण्णि दिवस आवव्वो, दस-वास-सहस्स-आउम्मि ॥८८॥

आहार-पहवणा समत्ता ॥८॥

अर्थ—पल्यप्रमाण आयुसे युक्त देवोंके आहारका काल पाँच दिन (बाद) और दस हजार वर्ष प्रमाण आयुवाले देवोंके आहारका काल दो दिन (बाद) जानना चाहिए ॥८८॥

आहार-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥८॥

उच्छ्वास निरूपण—

पलिदोवमाउ-जुत्तो, पंच-मुहुत्तेहि एदि उस्सासो ।
सो अजुदाउ-जुदे वेंतर - देवम्मि अ सत्त पाणेहि ॥८९॥

उस्सास-पहवणा समत्ता ॥९॥

अर्थ—व्यन्तर देवोंमें जो पल्यप्रमाण आयुसे युक्त हैं वे पाँच मुहूर्तों (के बाद) में और जो दस हजार वर्ष प्रमाण आयुसे संयुक्त हैं वे सात प्राणों (उच्छ्वास-निश्वास परिमित काल विशेषके बाद) में ही उच्छ्वासको प्राप्त करते हैं ॥८९॥

। उच्छ्वास-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥९॥

व्यन्तरदेवोंके अवधिज्ञानका क्षेत्र—

अवरा ओहि-धरिसी, अजुदाउ-जुदस्स पंच-कोसाणि ।
उक्किट्ठा पण्णासा, हेट्ठोवरि परसमाणस्स ॥९०॥

को ५ । को ५० ।

अर्थ—दस हजार वर्ष प्रमाण आयुवाले व्यन्तर देवोंके अवधिज्ञानका विषय ऊपर और नीचे जघन्य पाँच (५) कोस तथा उत्कृष्ट पचास (५०) कोस प्रमाण है ॥९०॥

पलिदोवमाउ-जुत्तो, वेंतरदेवो तलम्मि उवरिम्मि ।
अवहीए ओवधाणि, एक्कं लक्खं पलोएदि ॥९१॥

१००००

ओहि-णाणं समत्तं ॥१०॥

अर्थ—पल्योपम प्रमाण आयुवाले व्यन्तरदेव अवधिज्ञानसे नीचे और ऊपर एक-एक लाख (१०००००) योजन प्रमाण देखते हैं ॥९१॥

अवधिज्ञानका कथन समाप्त हुआ ॥१०॥

व्यन्तरदेवोंकी शक्तिका निरूपण—

दस-वास-सहस्साऊ, एक्क-समं माणुसाण मारेदुं ।
पोसेदुं पि समत्थो, एक्केक्को वेंतरो देवो ॥९२॥

अर्थ—दस हजार वर्ष प्रमाण आयुवाला प्रत्येक व्यन्तरदेव एकसौ मनुष्योंको मारने एवं पालन करनेमें समर्थ होता है ॥९२॥

पण्णाधिय-सय-दंडं, पमाण-विक्खंभ-बहल-जुत्तं सो ।
खेत्तं णिय-सत्तीए, उक्खणिदूणं [1]ठवेदि अण्णत्थ ॥९३॥

अर्थ—वह देव अपनी शक्तिसे एकसौ पचास धनुषप्रमाण विस्तार एवं बाहल्यसे युक्त क्षेत्र को उखाड़ (उठा) कर अन्यत्र रख सकता है ॥९३॥

पल्लट्ठं वि[2] भुजेहिं, [3]छक्खंडाणि पि एक्क-पल्लाऊ ।
मारेदुं पोसेदुं, तेसु समत्थो ठिदं[4] लोयं ॥९४॥

अर्थ—एक पल्य प्रमाण आयुवाला व्यन्तरदेव अपनी भुजाओंसे छहखण्डोंको उखाड़ने में समर्थ है और उनमें स्थित मनुष्योंको मारने तथा पालनेमें भी समर्थ है ॥९४॥

उक्कस्से रूव - सयं, देवो विकरेदि अजुदमेत्ताऊ ।
अवरे सग-रूवाणि, मज्झिमयं विविह - रूवाणि ॥९५॥

अर्थ—दस हजार वर्षकी आयुवाला व्यन्तरदेव उत्कृष्ट रूपसे सौ रूपोंकी, जघन्यरूपसे सात रूपोंकी और मध्यमरूपसे विविध रूपोंकी अर्थात् सातसे अधिक और सौसे कम रूपोंकी विक्रिया करता है ॥९५॥

सेसा वेंतरदेवा, णिय-णिय-ओहीण जेत्तियं खेत्तं ।
पूरंति तेत्तियं पि हु, पत्तेक्कं विकरण-बलेण ॥९६॥

अर्थ—शेष व्यन्तरदेवोंमेंसे प्रत्येक देव अपने-अपने अवधिज्ञानका जितना क्षेत्र है, उतने प्रमाण क्षेत्रको विक्रिया-बलसे पूर्ण करते हैं ॥९६॥

---

१. द. ठवेदि । २. द. पल्लट्ठेहि, ब. क. ज. पल्लट्ठदि । ३. द. छक्खंडेण पि, ब. छक्खंड पि पि । ४. ब. क. ज. ठिदं ।

संखेज्ज - जोयणाणि, संखेज्जाऊ य एक्क-समयेणं ।
जादि असंखेज्जाणि, ताणि असंखेज्ज - आऊ य ॥९७॥

। सत्ति-परूवणा समत्ता ॥११॥

अर्थ—संख्यात वर्ष प्रमाण आयुवाला व्यन्तरदेव एक समयमें संख्यात योजन और असंख्यात वर्ष प्रमाण आयुवाला वह देव असंख्यात योजन जाता है ॥९७॥

शक्ति-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥११॥

व्यन्तरदेवोंके उत्सेधका कथन—

अट्ठण्ह वि पत्तेक्कं, किण्णर-पहुदीण वेंतर-सुराणं ।
उच्छेहो णादव्वो, दस - कोदंडं पमाणेणं ॥९८॥

उच्छेह-परूवणा समत्ता ॥१२॥

अर्थ—किन्नर आदि आठों व्यन्तरदेवोंमेंसे प्रत्येककी ऊँचाई दस धनुष प्रमाण जानना चाहिए ॥९८॥

उत्सेध-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥१२॥

व्यन्तरदेवोंकी संख्याका निरूपण—

छद्द-लक्खाधिय-तेवीस-कोडि-अंगुलय-सूइ-वग्गेहिं ।
भजिदाए सेढीए, वग्गे भोमाण परिमाणं ॥९९॥

$\frac{\text{ज}}{\text{ज}^{\frac{2}{2}}}$ (५३०८४१६००००००००००)

संखा समत्ता ॥१३॥

अर्थ—तेईस करोड़ चार लाख सूच्यंगुलोंके वर्गका जगच्छ्रेणीके वर्गमें अर्थात् ६५५३६ × ८१ × १० शून्य रूप प्रतरांगुलोंका जगत्प्रतरमें ($\frac{\text{ज}}{\text{ज}^{\frac{2}{2}}}$) भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना व्यन्तरदेवोंका प्रमाण है ॥९९॥

विशेषार्थ—जगच्छ्रेणीका चिह्न ज और जगत्प्रतरका चिह्न ज$^{\frac{2}{2}}$ है तथा एक सूच्यंगुलका चिह्न २ और सूच्यंगुलके वर्गका चिह्न (२ × २ = ४) होता है, अतः संदृष्टिके $\frac{\text{ज}}{\text{ज}^{\frac{2}{2}}}$ चिह्नका अर्थ है जगत्प्रतर में ५३०८४१६०००००००००० प्रतरांगुलोंका भाग देना ।

एक योजनमें ७६८००० अंगुल होते हैं अतः ३०० योजनोंमें (७६८००० × ३०० =) २३०४००००० अंगुल हुए । इसका वर्ग करनेपर (२३०४०००००)^2 = ५३०८४१६०००००००००

प्रतरांगुल प्राप्त होते हैं। जगत्प्रतरमें इन्हीं प्रतरांगुलोंका भाग देनेपर व्यन्तर देवोंका प्रमाण प्राप्त होता है।

संख्याका कथन समाप्त हुआ ॥१३॥

एक समयमें जन्म-मरणका प्रमाण —

संखातीद-विभत्ते, वेंतर-वासम्मि खद्ध-परिमाणा।
उप्पज्जंता जीवा, मर - माणा होंति तम्मेत्ता ॥१००॥

। उत्पद्यमान-मरणा समत्ता ॥१४॥

अर्थ—व्यन्तरदेवोंके प्रमाणमें असंख्यातका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो वहाँ उतने जीव (प्रति समय) उत्पन्न होते हैं और उतने ही मरते हैं ॥१००॥

उत्पद्यमान और म्रियमाण (व्यन्तर देवोंके) प्रमाणका कथन समाप्त हुआ ॥१४॥

आयु बन्धक भाव आदि—

आउस-बंधण-भावं, दंसण-गहणस्स कारणं विविहं।
गुणठाण - पहुदीणि, भवणाणं भावण - समाणि ॥१०१॥

अर्थ—व्यन्तरोंके आयु बन्धक परिणाम, सम्यग्दर्शन ग्रहणके विविध कारण और गुण-स्थानादिकोंका कथन भवनवासियोंके सदृश ही जानना चाहिए ॥१०१॥

आयुबंधके परिणाम, सम्यक्त्व-ग्रहणकी विधि और गुणस्थानादिकों का
कथन करने वाले तीन अधिकार पूर्ण हुए ॥१५-१६-१७॥

व्यन्तरदेव-सम्बन्धी जिनभवनोंका प्रमाण—

जोयण-सद-तिदय-कदी, भजिदे पदरस्स संखभागम्मि।
जं खद्धं तं माणं, वेंतर - लोए जिण - घराणं ॥१०२॥

$\frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{संख्यात} \times (३००)^२}$ × ५३०८४१६०००००००००।

अर्थ—जगत्प्रतरके संख्यात भागमें तीनसौ योजनोंके वर्गका भाग देनेपर जो लब्ध आवे, जिनमन्दिरोंका उतना प्रमाण व्यन्तरलोकमें है ॥१०२॥

विशेषार्थ—व्यन्तरलोकके जिनभवन= $\frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{संख्यात} \times (३००)^२}$

अथवा= $\frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{संख्यात} \times ५३०८४१६०००००००००}$

अधिकारान्त मङ्गलाचरण—

इंद-सद-णमिद-चलणं, अणंत-सुह-णाण-विरिय-दंसणया ।
भव्वंबुज - वण - भाणुं, सेयंस - जिणं [1]धर्मसामि ॥१०३॥

एवमाइरिय-परंपरागय-तिलोयपण्णत्तीए वेंतरलोय-सरूव-पण्णत्तो णाम छट्ठमो महाहियारो समत्तो ॥६॥

अर्थ—सौ इन्द्रोंसे नमस्करणीय चरणोंवाले, अनन्त सुख, अनन्तज्ञान, अनन्तवीर्य एवं अनन्तदर्शनवाले तथा भव्यजीवरूप कमलवनको विकसित करनेके लिए सूर्य-सदृश श्रेयांस जिनेन्द्रको (मैं) नमस्कार करता हूँ ॥१०३॥

इसप्रकार आचार्य-परंपरागत त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें व्यन्तरलोक-स्वरूप-प्रज्ञप्ति नामक छठा महाधिकार समाप्त हुआ ।

❖

१. द. ब. क. ज. पठावीम्म ।



तिलोयपण्णत्ती

सत्तमो महाहियारो

मङ्गलाचरण—

अक्खलिय-णाण-दंसण-सहियं सिरि-वासुपुज्ज-जिणसामिं ।
णमिऊणं वोच्छामो, जोइसिय - जगस्स पण्णत्तिं ॥१॥

अर्थ—अस्खलित ज्ञान-दर्शनसे युक्त श्रीवासुपूज्य जिनेन्द्रको नमस्कार करके ज्योतिर्लोककी प्रज्ञप्ति कहता हूँ ॥१॥

सत्तरह अन्तराधिकारोंका निर्देश—

जोइसिय-णिवासखिदी, भेदो संखा तहेव विण्णासो ।
परिमाणं चर - चारो, अचर - सरूवाणि आऊ य ॥२॥
आहारो उस्सासो, उच्छेहो ओहिणाण - सत्तीओ ।
जीवाणं उप्पत्ती - मरणाइं एक्क - समयम्मि ॥३॥
आउग-बंधण-भावं, दंसण-गहणस्स कारणं विविहं ।
गुणठाणादि - पवण्णणमहियारा सत्तरसिमाए ॥४॥

(१७)

अर्थ—ज्योतिषी देवोंका १निवासक्षेत्र, २भेद, ३संख्या, ४विन्यास, ५परिमाण, ६चर ज्योतिषियोंका संचार, ७अचर ज्योतिषियोंका स्वरूप, ८आयु, ९आहार, १०उच्छ्वास, ११उत्सेध, १२अवधिज्ञान, १३शक्ति, १४एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति एवं मरण, १५आयुके बन्धक भाव, १६सम्य-

मनुष्य पर्वतके विविध कारण और उनके स्वामियोंका वर्णन, इसप्रकार ये ज्योतिर्लोकके कथनमें सत्तरह अधिकार हैं ॥२-४॥

ज्योतिष्कदेवोंका निवासक्षेत्र—

रज्जु-कदी गणिदव्वं, एक्क-सय-दसुत्तरेहि जोयणए ।
तस्सि अगम्म - देसं[1], सोहिय सेसम्मि जोइसया ॥५॥

७ । ११० ।

अर्थ—राजूके वर्गको एक सौ दस योजनोंसे गुणा (राजू² × ११०) करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे अगम्य देशको छोड़कर शेषमें ज्योतिषी देव रहते हैं ॥५॥

अगम्य क्षेत्रका प्रमाण—

तं पि य अगम्म - खेत्तं, समवट्टं जंबुदीव - बहुमज्झे ।
पण-एक्क-ख-पण-दुग-पण-दो-ति-ख-तिय-एक्क-जोयणंक कमे ॥६॥

१३०१२९२५०१५ ।

विक्खंभ-खेत्तं समत्तं ॥१॥

अर्थ—यह अगम्य क्षेत्र भी समवृत्त जम्बूद्वीपके बहुमध्य-भागमें स्थित है। उसका प्रमाण पाँच, एक, शून्य, पाँच, दो, नौ, दो, तीन, शून्य, तीन और एक इस अंकक्रमसे जो संख्या निर्मित हो उतने योजन प्रमाण है ॥६॥

विशेषार्थ—त्रिलोकसार गाथा ३४५ में कहा गया है कि "ज्योतिर्लोक सुमेरु पर्वतको ११२१ योजन छोड़कर गमन करते हैं"। ज्योतिर्देवोंके संचारसे रहित सुमेरुके दोनों पार्श्वभागोंका यह प्रमाण (११२१ × २) = २२४२ योजन होता है। भूमिपर सुमेरुका विस्तार १०००० योजन है। इन दोनों को जोड़ देनेपर ज्योतिर्देवों के अगम्य क्षेत्रका सूची-व्यास (१०००० + २२४२ =) १२२४२ योजन प्राप्त होता है।

इसी ग्रन्थ के चतुर्थाधिकार की गाथा ९ के नियमानुसार उक्त सूची-व्यासका सूक्ष्म परिधि प्रमाण एवं क्षेत्रफल प्राप्त होता है। यथा— $\sqrt{१२२४२^२ \times १०} = ३८७१३$ योजन परिधि। (वर्गमूल निकालने पर ३८७१२ यो० ही आते हैं। किन्तु शेष बची राशि आधे से अधिक है। अतः ३८७१३ योजन ग्रहण किये गये हैं।) (परिधि ३८७१३) × ($\frac{१}{४}$ व्यास का चतुर्थांश) =

---

१. द. अगम्मदेसं।

क्षेत्रफल प्राप्त हुआ। "खेत्तफलं वेह-गुणं बाहफलं होइ सव्वत्थ" ॥१७॥ त्रि० सार के नियमानुसार क्षेत्रफलको ऊँचाईसे गुणित करनेपर अगम्य क्षेत्रका प्रमाण ($^{१}\frac{१}{२}^{२} \times १३\frac{३}{४}^{२} \times १\frac{१}{२}^{१}$) = १३०३२९२५०१५ घन योजन प्राप्त होता है।

गाथा ६ में घन-योजन न कहकर मात्र योजन कहे गये हैं, जो विचारणीय है।

॥ निवासक्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ॥१॥

ज्योतिषदेवोंके भेद एवं वातवलयसे उनका अन्तराल—

चंदा दिवायरा गह-णक्खत्ताणि पइण्ण-ताराओ।
पंच - विहा जोदि - गणा, लोयंत घणोदहिं पुट्ठा ॥७॥

॥ ⁼ प्र $\frac{३}{४}$, फ $\frac{३}{४}$ २। इ ११००। ल १०८४ ॥

अर्थ—चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारा, इसप्रकार ज्योतिषी देवोंके समूह पाँच प्रकारके हैं। ये देव लोकके अन्तमें घनोदधि वातवलयको स्पर्श करते हैं ॥७॥

विशेषार्थ—संदृष्टिका स्पष्ट विवरण—

⁼ जगत्प्रतर का चिह्न है।

प्र प्रमाण है। यहाँ प्रमाण राशि ३$\frac{३}{४}$ रज्जू है।

$\frac{३}{४}$ यह रज्जू शब्द का चिह्न है और $\frac{३}{४}$ ये ३$\frac{३}{४}$ रज्जू हैं।

फ फल है। यहाँ फल राशि $\frac{३}{४}$ २ अर्थात् २ रज्जू है।

इ इच्छा है। जो ११०० योजन है। अर्थात् चित्रा पृथिवी एक हजार योजन मोटी है और ज्योतिषी देवोंकी अधिकतम ऊँचाई चित्राके उपरिम तलसे ९०० योजन की ऊँचाई पर्यन्त है अतः (१०००+९००)=११०० योजन इच्छा है।

ल लब्ध है। जो १०८४ योजन है।

शंका—१०८४ योजन लब्ध कैसे प्राप्त होता है?

समाधान—ऊर्ध्वलोक, मध्यलोकके समीप एक राजू चौड़ा है और ३$\frac{३}{४}$ राजूकी ऊँचाई पर ब्रह्मलोकके समीप ५ राजू चौड़ा है। एक राजू चौड़ी त्रस नाली छोड़ देनेपर लोकके एक पार्श्वभागमें (३$\frac{३}{४}$ राजूपर) दो राजूका अन्तराल प्राप्त होता है। ज्योतिषी देव मध्यलोकसे प्रारम्भकर ११०० योजनकी ऊँचाई पर्यन्त ही हैं अतः जबकि $\frac{३}{४}$ राजू की ऊँचाई पर (एक पार्श्वभागमें) २ राजू

अन्तराल है तब १९०० की ऊँचाई पर कितना अन्तराल प्राप्त होगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर $\frac{\text{फल} \times \text{इच्छा}}{\text{प्रमाण}}$ = लब्ध । अर्थात् $\frac{२ \times १९०० \times २}{७} = ५४२\frac{६}{७}$ यो० अर्थात् १०८५$\frac{३}{७}$ यो० प्राप्त होता है । जो लब्धराशि १०८४ से १$\frac{३}{७}$ यो० अधिक है ।

सब ग्रहोंमें शनि ग्रह सर्वाधिक मन्दगतिवाला है, यदि इसकी तीन योजन ऊँचाई गौण करके मंगलग्रहकी ऊँचाई पर्यन्त इच्छा राशि (१०००+७९०+१०+८०+४+४+३+३+३) −१८९७ यो० ग्रहण की जाय तो लब्धराशि ($^{९४३}\frac{६}{७}$) = १०८४ योजन प्राप्त हो जाती है । (यह विषय विद्वानों द्वारा विचारणीय है) ।

णवरि विसेसो पुव्वावर-दक्खिण-उत्तरेसु भागेसुं ।
अंतरभत्थि त्ति ण ते, छिवंति जोइग्गणा वाऊ ॥८॥

अर्थ—विशेष इतना है कि पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर भागोंमें अन्तर है । इसलिए ज्योतिषी देव उस घनोदधि वातवलयको नहीं छूते हैं ॥८॥

विशेषार्थ—गाथा ७ में कहा गया है कि ज्योतिषी देव लोकके अन्तमें घनोदधि वातवलय का स्पर्श करते हैं और गाथा ८ में स्पर्शका निषेध किया गया है । इसका स्पष्टीकरण यह है कि लोक दक्षिण-उत्तर सर्वत्र ७ राजू चौड़ा है अतः इन दोनों दिशाओंमें तो इन देवों द्वारा वातवलयका स्पर्श हो ही नहीं सकता । इसका विवेचन गा० १० में किया जा रहा है । पूर्व-पश्चिम स्पर्शका विषय भी इसप्रकार है कि मध्यलोकमें लोककी पूर्व-पश्चिम चौड़ाई एक राजू है वहाँ ये देव घनोदधि वातवलयका स्पर्श करते हैं, क्योंकि गाथा ५ में इनका निवासक्षेत्र, अगम्यक्षेत्रसे रहित राजू × राजू × ११० घन योजन प्रमाण कहा गया है । किन्तु जो ज्योतिषी-देव चित्राके उपरिम तलसे ऊपर-ऊपर हैं वे पूर्व-पश्चिम दिशाओंमें भी वातवलयका स्पर्श नहीं करते । इसे ही गाथा ९ में दर्शाया जा रहा है ।

पूर्व-पश्चिम दिशामें अन्तरालका प्रमाण—

पुव्वावर-बिंबाणं, एक्क-सहस्सं बिहत्तरब्भहियं ।
जोयणया पत्तेक्कं, कच्चस्सासंखभाग - परिहीणं ॥९॥

१०७२ । रिण $\frac{१}{रि}$ ।

अर्थ—पूर्व-पश्चिम दिशाओंमें प्रत्येक ज्योतिषी-बिम्बका यह अन्तराल एक योजनके असंख्यातवें भाग हीन एक हजार बहत्तर (१०७२) योजन प्रमाण है ॥९॥

विशेषार्थ—मध्यलोक पूर्व-पश्चिम एक राजू है। यहाँ वातवलयोंका बाहल्य-प्रमाण १२ योजन है। उपर्युक्त गाथा ८ में जो सूच्यंगुलरूप १०८४ योजन अन्तराल आया है। उसमेंसे वातवलयके १२ योजन घटा देनेपर (१०८४- १२)=१०७२ योजन शेष रहते हैं। यही वातवलय क्रमशः वृद्धिगत होते हुए ब्रह्मलोकके समीप (७+५+४)=१६ योजन हैं। इसप्रकार ३½ राजूकी ऊँचाई पर वातवलयोंकी वृद्धि (१६—१२)=४ योजन है, यह १९०० यो० की ऊँचाई पर आकर बढ़ते-बढ़ते असंख्यातवें भाग प्रमाण हो जाएगी। अतएव ग्रन्थकारने संदृष्टिमें १०७२ योजनोंमेंसे रूप (एक अंक) का असंख्यातवाँ भाग घटाया है।

दक्षिण-उत्तर दिशामें अन्तरालका प्रमाण—

तद्दक्खिणुत्तरेसुं, रज्जुस्सासंख - भाग - अहियाओ।
बारस - जोयण - हीणा, पत्तेक्कं तिण्णि रज्जूओ ॥१०॥

३ । रिण जो १२ । १ ।
रि

भेदो समत्तो ॥२॥

अर्थ—दक्षिण-उत्तर दिशाओंमें प्रत्येक ज्योतिषी-बिम्ब का यह अन्तराल रूपके असंख्यातवें भागसे अधिक एवं १२ योजन कम तीन राजू प्रमाण है ॥१०॥

विशेषार्थ—लोक दक्षिणोत्तर ७ राजू विस्तृत (मोटा) है और इसके मध्यमें त्रस नाली मात्र एक राजू प्रमाण मोटी है, अतः इन दिशाओंमें ज्योतिषीदेवोंका स्पर्श वातवलयोंसे नहीं होता अर्थात् त्रस नालीसे वातवलय ३ राजू दूर हैं। पूर्वोक्त गाथानुसार तीन राजूमेंसे वातवलय सम्बन्धी १२ योजन और रूपका असंख्यातवाँ भाग घटाया गया है। संदृष्टिमें ३ का यह चिह्न राजूका है और $\frac{१}{रि}$ एक घटा असंख्यातवाँ भागका चिह्न है। अर्थात् ३ राजू — $(१२ + \frac{१}{असं०})$ अन्तर है।

भेदका कथन समाप्त हुआ ॥२॥

ज्योतिष देवोंकी संख्याका निर्देश—

अहिदम्मि सेढि-वग्गे, बे-सय-छप्पण्ण-अंगुल-कदीए।
जं लद्धं सो राशी, जोइसिय - सुराण संखाणं ॥११॥

$\frac{२}{७}$ । ६५५३६ ।

अर्थ—दो सौ छप्पन अंगुलोंके वर्ग (२५६×२५६=६५५३६ प्रतरांगुलों) का जगच्छ्रेणी के वर्ग (जगत्प्रतर) में भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतनी सम्पूर्ण ज्योतिषीदेवोंकी (जगच्छ्रेणी^{२} ÷ ६५५३६) राशि है ॥११॥

इन्द्र स्वरूप चन्द्र ज्योतिषी देवोंका प्रमाण—

अट्ठ-चउ-दु-ति-ति-सत्ता सत्त य ठाणेसु णवसु सुण्णाणि ।
छत्तीस-सत्त-दु-णव-अट्ठा-ति-चउक्का होंति अंक-कमा ॥१२॥

= । ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८ ।

एदेहि गुणिद-संखेज्ज-कद-पदरंगुलेहिं भजिदाए ।
सेढि - कदीए लद्धं, माणं चंदाण जोइसिंदाणं ॥१३॥

अर्थ – आठ, चार, दो, तीन, तीन, सात, सात, नौ स्थानोंमें शून्य, छत्तीस, सात, दो, नौ, आठ, तीन और चार ये अंक क्रमशः होते हैं। चन्द्र ज्योतिषी देवोंके इन्द्र हैं और इनका प्रमाण उपर्युक्त अंकोंसे गुणित संख्यात रूप प्रतरांगुलोंका जगच्छ्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना [जगच्छ्रेणी^{2} ÷ { (संख्यात प्रतरांगुल) × (४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८) }] है ॥१२-१३॥

प्रतीन्द्र स्वरूप सूर्य ज्योतिषी देवोंका प्रमाण—

तेत्तियमेत्ता रविणो, हवंति चंदाण ते पडिंदा त्ति ।
अट्ठासीदि गहाणि, एक्केक्काणं मयंकाणं ॥१४॥

= । ४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८ ।

अर्थ—सूर्य, चन्द्रोंके प्रतीन्द्र होते हैं। इन (सूर्यों) का प्रमाण भी उतना [जगच्छ्रेणी^{2} ÷ { (संख्यात प्रतरांगुल) × (४३८९२७३६०००००००००७७३३२४८) }] ही है। प्रत्येक चन्द्रके अठासी ग्रह होते हैं ॥१४॥

अठासी ग्रहोंके नाम—

बुह-सुक्क-बिहप्पइणो, मंगल-सणि-काल-लोहिदा कणओ ।
चोल - विकाला केसी, कवयवहो कवय - संठाणा ॥१५॥

(१३[1]) ।

दुंदुभिगो रत्तणिभो, णीलवभासो असोय - संठाणो ।
कंसो कवयिभक्खो, [2]कंसवण्णो य संखपरिणामा ॥१६॥

(८) ।

---

१. ब. क. ज. १४ । २. द. ब. क. ज. क. कंसयवण्णो ।

तिलपुप्फ-संखवण्णोदय-वण्णो पंचवण्ण-णामधया ।
उप्पाय - धूमकेदू, तिलो य णभ - खाररासी य ॥१७॥

। ९[1] ।

घोरघर-सरिस-संधी, कलेवराभिण्ण-गंधि-माणवया ।
कालक-कालककेदू, णियड-अणय-विज्जुजोहा य ॥१८॥

। १२ ।

सिंहालक-णिद्दुक्खा, काल-महाकाल-रुद्द-महरुद्दा ।
संताण - विउल - संभव - सव्वट्ठी सेम - चंदो य ॥१९॥

। १३[2] ।

णिम्मंत-मोहमंता, विससंठिय-विरद-वीतसोका य ।
णिक्कल-पसंत-भासुर-सयंपभा विजय-वइजयंते य ॥२०॥

। ११[3] ।

सीमंकरावराजिय[4]-अयंत-विमलाभयंकरो विजसो[5] ।
कहुो विमहो[6] कज्जलि, अग्गीजालो असोकधो केदू ॥२१॥

। १२ ।

खीरसधस्सवण-उज्जलकेदु-केदु-अंतरय-एवकसंठाणा ।
अस्सो य अवावग्गह, चरिमा य महग्गहा णामा ॥२२॥

। १० ।

अर्थ—१बुध, २शुक्र, ३बृहस्पति, ४मंगल, ५शनि, ६काल, ७लोहित, ८कनक, ९नील, १०विकाल, ११केतु, १२कवयव, १३कनकसंस्थान, १४दुंदुभिक, १५रक्तनिभ, १६नीलाभास, १७अशोकसंस्थान, १८कंस, १९रूपनिभ, २०कंसकवर्ण, २१संखपरिणाम, २२तिलपुष्प, २३संखवर्ण, २४उदकवर्ण, २५पंचवर्ण, २६उत्पात, २७धूमकेतु, २८तिल, २९नभ, ३०क्षाररासि, ३१विजिष्णु, ३२सहित, ३३संधि, ३४कलेवर, ३५अभिन्न, ३६ग्रंथि, ३७मानवक, ३८कालक, ३९कालकेतु ४०निलय, ४१अनय, ४२विद्युज्जिह्व, ४३सिंह, ४४अलक, ४५निर्दुःख, ४६काल, ४७महाकाल, ४८रुद्र, ४९ महारुद्र, ५०सन्तान, ५१विपुल, ५२सम्भव, ५३सर्वार्थी, ५४क्षेम, ५५चन्द्र, ५६निर्मन्त्र, ५७ज्योतिष्मान्,

---

१. ब. अ. १०। २. ट. ब. क. ज, १२। ३. ब. अ. क. ज, १०। ४. ब. ब. क. क, ब, जय। ५. ब. ब. क. ज. विमला। ६. ब. ब. क. ब. विमलो।

५८विसंसंस्थित, ५९विरत, ६०वीतशोक, ६१निश्चल, ६२प्रलम्ब, ६३भासुर, ६४स्वयंप्रभ, ६५विजय, ६६वैजयन्त, ६७सोमङ्कर, ६८अपराजित, ६९जयन्त, ७०विमल, ७१अभयंकर, ७२विकस, ७३काष्ठी, ७४विकट, ७५कज्जली, ७६अग्निज्वाल, ७७अशोक, ७८केतु, ७९क्षीरस, ८०अघ, ८१श्रवण, ८२जलकेतु, ८३केतु, ८४अन्तरद, ८५एकसंस्थान, ८६अश्व, ८७भावग्रह और अन्तिम ८८महाग्रह, इसप्रकार ये अठासी ग्रह हैं ॥१५-२२॥

सम्पूर्ण ग्रहोंकी संख्याका प्रमाण—

छप्पण छक्कं छक्कं, छण्णव सुण्णाणि होंति[1] दस-ठाणा ।
दो - णव - पंचय - छक्कं, अट्ठ-चऊ-पंच-अंक-कमे ॥२३॥

एदेण गुणिद - संखेज्ज - रूव - पदरंगुलेहि भजिदूणं ।
सेढि-कदी एक्कारस-हदम्मि सव्वग्गहाण परिमाणं ॥२४॥

= [११ ५४८६५९२०००००००००९६६६५६ ।

अर्थ—छह, पांच, छह, छह, छह, नौ, दस स्थानोंमें शून्य, दो, नौ, पांच, छह, आठ, चार और पांच, इस अङ्क-क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगच्छ्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे ग्यारहसे गुणित करनेपर सम्पूर्ण ग्रहोंका प्रमाण [{ ज० श्रे०[2] ÷ (सं० प्रतरांगुल) × (५४८६५९२०००००००००९६६६५६) } × ११] होता है ॥२३-२४॥

नोट—गाथा ११ से १४ और २३-२४ में सदृष्टि रूपसे स्थापित चन्द्र-सूर्यादि ज्योतिषी देवोंका यह प्रमाण कैसे प्राप्त किया गया है ? इसे जाननेका एक मात्र साधन त्रिलोकसार गा० ३६१ की टीका है, अतः वहांसे जानना चाहिए ।

एक-एक चन्द्रके नक्षत्रोंका प्रमाण एवं उनके नाम—

एक्केक्क - ससंकाणं, अट्ठावीसा हुवंति णक्खत्ता ।
एदाणं णामाइं, कम - जुत्तीए परूवेमो ॥२५॥

अर्थ—एक-एक चन्द्रके अट्ठाईस-अट्ठाईस नक्षत्र होते हैं । यहाँ उनके नाम क्रम-युक्तिसे अर्थात् क्रमशः कहते हैं ॥२५॥

कित्तिय-रोहिणि-मिगसिर[3]-अद्दाओ[4] पुणव्वसु तहा पुस्सो ।
असिलेसादी मघओ, पुव्वाओ उत्तराओ हत्थो य ॥२६॥

---

१. ब. क. हुंति । २ ब. क. मिगसिरे । ३. ब. अद्दउ ।

विदाओ सादीओ, होंति विसाहाणुराह - जेट्ठाओ ।
मूलं पुव्वासाढा, तत्तो वि य उत्तरासाढा ॥२७॥

अभिजी-सवण-धणिट्ठा, सदभिस-णामाओ पुव्वभद्दपदा ।
उत्तरभद्दपदा रेवदीओ तह अस्सिणी भरणी ॥२८॥

अर्थ—१कृत्तिका, २रोहिणी, ३मृगशीर्षा, ४आर्द्रा, ५पुनर्वसु, ६ पुष्य, ७आश्लेषा, ८मघा, ९पूर्वाफाल्गुनी, १०उत्तराफाल्गुनी, ११हस्त, १२चित्रा, १३स्वाति, १४विशाखा, १५अनुराधा, १६ज्येष्ठा, १७मूल, १८पूर्वाषाढ़ा, १९उत्तराषाढ़ा, २०अभिजित्, २१श्रवण, २२धनिष्ठा, २३शतभिषा, २४पूर्वभाद्रपदा, २५उत्तराभाद्रपदा, २६रेवती, २७अश्विनी और २८भरणी ये उन नक्षत्रोंके नाम हैं ॥२६-२८॥

समस्त नक्षत्रोंका प्रमाण—

दुग-इगि-तिय-ति-ति-णवया, एक्का ठाणेसु णवसु सुण्णाणि ।
चउ-अट्ठ-एक्क-तिय-सत्त - णवय - गयणेक्क अंक - कमे ॥२९॥

एदेहि गुणिद - संखेज्ज - रूव - पदरंगुलेहि भजिदूणं ।
सेढि - कदी सत्त - हदे, परिसंखा सव्व - रिक्खाणं ॥३०॥

२ १ ३ । १०९७३१८४०००००००००१९३३३१२ ।

अर्थ—दो, एक, तीन, तीन, तीन, नौ, एक, नौ स्थानोंमें शून्य, चार, आठ, एक, तीन, सात, नौ, शून्य और एक, इस अंक क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यात रूप प्रतरांगुलोंका जगच्छ्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे सातसे गुणा करनेपर सब नक्षत्रोंकी संख्याका प्रमाण [{ जगच्छ्रेणी^{2} ÷ (संख्यात प्रतरांगुल) × (१०९७३१८४०००००००००१९३३३१२) } × ७] होता है ॥२९-३०॥

एक चन्द्र सम्बन्धी ताराओंका प्रमाण—

एक्केक्क - मयंकाणं, हवंति तारागण कोडिकोडीओ ।
छावट्ठि-सहस्साणं, णव - सया पंचहत्तरि - जुदाणि ॥३१॥

६६९७५०००००००००००० ।

अर्थ—एक एक चन्द्रके छयासठ हजार नौ सौ पचहत्तर-कोड़ाकोड़ी तारागण होते हैं ॥३१॥

ताराओंके नामोंके उपदेशका अभाव—

संपहि काल-वसेणं, तारा-णामाण णत्थि उवएसो ।
एदाणं संखाणं, परमाणाणि परूवेमो ॥३२॥

अर्थ—इस समय कालके वशसे ताराओंके नामोंका उपदेश नहीं है। इन सबका प्रमाण कहता हूँ ॥३२॥

समस्त ताराओंका प्रमाण—

दुग-सत्त-चउक्काइं, एक्कारस - ठाणएसु सुण्णाइं ।
णव - सत्त - छ्व्दुगाइं, अंकाण कमेण एदेसिं ॥३३॥
संगुणिदेहिं संखेज्जरूव - पदरंगुलेहि भजिदव्वो ।
सेढी-वग्गो तत्तो, पण-सत्त - त्तिय - चउक्कट्ठा ॥३४॥
णव-अट्ठ-पंच-णव-दुग-अट्ठा-सत्तट्ठ-णह-चउक्काणि ।
अंक - कमे गुणिदव्वो, परिसंखा सव्व - ताराणं ॥३५॥

=४०८७८२९५८९८४३७५

४ । ७ । २६७९०००००००००००४७२ ।

एवं संखा समत्ता ॥३॥

अर्थ—दो, सात, चार, ग्यारह स्थानोंमें शून्य, नौ, सात, छह और दो, इस अंक क्रमसे जो संख्या उत्पन्न हो उससे गुणित संख्यातरूप प्रतरांगुलोंका जगच्छ्रेणीके वर्गमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसको पाँच, सात, तीन, चार, आठ, नौ, आठ, पाँच, नौ, दो, आठ, सात, आठ, शून्य और चार, इन अंकोंसे गुणा करनेपर समस्त ताराओंका प्रमाण [{ जगच्छ्रेणी^{2} ÷ (संख्यात प्रतरांगुल) × (२६७९०००००००००००४७२) } × (४०८७८२९५८९८४३७५)] होता है ॥३३-३५॥

इसप्रकार संख्याका कथन समाप्त हुआ ॥३॥

चन्द्र-मण्डलोंकी प्ररूपणा—

गंतूणं तीवि - जुदं, अट्ठसया जोयणाणि चित्ताए ।
उवरिम्मि मंडलाइं, संदाणं होंति गयणम्मि ॥३६॥

। ८८० ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीसे आठ सौ अस्सी (८८०) योजन ऊपर जाकर आकाशमें चन्द्रोंके मण्डल (विमान) हैं ॥३६॥

उत्ताणद्धट्ठिद-गोलकद्ध[1] सरिसाणि ससि-मणिमयाणि ।
ताणं पुह पुह बारस-सहस्स-सिसिरतर-मंद-किरणाणि ॥३७॥

। १२००० ।

अर्थ—चन्द्रोंके मणिमय विमान उत्तानमुख अर्थात् ऊर्ध्वमुखरूपसे अवस्थित अर्ध-गोलक सदृश हैं। उनकी पृथक्-पृथक् बारह (१२०००) हजार प्रमाण किरणें अतिशय शीतल एवं मन्द हैं ॥३७॥

विशेषार्थ—जिसप्रकार एक गोले (गेंद) के दो खण्ड करके उन्हें ऊर्ध्वमुख रखा जावे तो चौड़ाईका भाग ऊपर और गोलाईवाला सँकरा भाग नीचे रहता है। उसीप्रकार ऊर्ध्वमुख अर्ध-गोलेके सदृश चन्द्र विमान स्थित हैं। सभी ज्योतिषी देवोंके विमान इसीप्रकार उत्तानमुख अवस्थित हैं ॥

तेसु ठिद-पुढवि-जीवा, जुत्ता उज्जोव-कम्म उदएणं ।
अम्हा तम्हा ताणि, फुरंत-सिसिरयर-मंद-किरणाणि ॥३८॥

अर्थ—उन (चन्द्रविमानों) में विद्यमान पृथिवीकायिक जीव उद्योत नामकर्मके उदयसे संयुक्त हैं अतः वे प्रकाशमान् अतिशय शीतल और मन्द किरणोंसे संयुक्त होते हैं ॥३८॥

एक्कट्ठी-भाग-कदे, ओयणए ताण होदि छप्पण्णा ।
उवरिम-तलाण रुंदं, तदद्ध[2] - बहलं पि पत्तेक्कं ॥३९॥

। ५६ । ३९ ।

अर्थ:—एक योजनके इकसठ भाग करने पर उनमें से छप्पन भागोंका जितना प्रमाण है, उतना विस्तार इन चन्द्र-विमानोंमेंसे प्रत्येक चन्द्र विमानके उपरिम तलका है और बाहल्य इससे आधा है ॥३९॥

एक्काणं परिहीओ, पुह पुह दो ओयणाणि अधिरेको ।
ताणि अकिट्टिमाणि, अणाइणिहणाणि बिंबाणि ॥४०॥

अर्थ:—इनकी परिधियाँ पृथक्-पृथक् दो योजनसे कुछ अधिक हैं। ये चन्द्र बिम्ब अकृत्रिम एवं अनादिनिधन हैं ॥४०॥

विशेषार्थ:—प्रत्येक चन्द्र विमान का व्यास २$\frac{८}{६१}$ योजन और परिधि २ योजन ३ कोस, कुछ कम १२२५ धनुष प्रमाण है।

---

१. द. ब. गोलगकद्ध। २. द. ब. क. ज. दलद्ध।

चउ-गोउर-संजुत्ता, तड-वेदी तेसु होदि पत्तेक्कं ।
तम्मज्झे वर - वेदी - सहिदं रायंगणं रम्मं ॥४१॥

अर्थ :—उनमेंसे प्रत्येक विमानकी तट-वेदी चार गोपुरोंसे संयुक्त होती है। उसके बीचमें उत्तम वेदी सहित रमणीय राजाङ्गण होता है ॥४१॥

रायंगण-बहु-मज्झे, वर-रयणमयाणि दिव्व-कूडाणि ।
कूडेसु जिण - घराणि, वेदी चउ - तोरण जुदाणि ॥४२॥

अर्थ :- राजाङ्गणके ठीक बीचमें उत्तम रत्नमय दिव्य कूट और उन कूटोंपर वेदी एवं चार तोरणोंसे संयुक्त जिन-मन्दिर अवस्थित हैं ॥४२॥

ते सव्वे जिण-भवणा, मुत्तावलि-कणय-दाम-कमणिज्जा ।
वर-वज्ज-कवाड-जुदा, दिव्व - विदाणेहिं रेहंति ॥४३॥

अर्थ :- वे सब जिन-मन्दिर मोती एवं स्वर्णकी मालाओंसे रमणीक और उत्तम वज्रमय किवाड़ोंसे संयुक्त होते हुए दिव्य चन्दोवोंसे सुशोभित रहते हैं ॥४३॥

दिप्पंत-रयण-दीवा, अट्ठ-महामंगलेहि परिपुण्णा ।
वंदणमाला-चामर - किंकिणिया - जाल - सोहिल्ला ॥४४॥

अर्थ—वे जिन-भवन देदीप्यमान रत्नदीपकों एवं अष्ट महामंगल द्रव्योंसे परिपूर्ण और वन्दनमाला, चंवर तथा क्षुद्र घण्टिकाओंके समूहसे शोभायमान होते हैं ॥४४॥

एदेसुं भट्टसभा, अभिसेय - सभा विचित्त-रयणमई ।
कीडण - साला विविहा, ठाण - ट्ठाणेसु सोहंति ॥४५॥

अर्थ—इन जिन-भवनोंमें स्थान-स्थान पर विचित्र रत्नोंसे निर्मित नाट्य सभा, अभिषेक सभा और विविध क्रीड़ा-शालाएं सुशोभित होती हैं ॥४५॥

महल-मुइंग-पटह-प्पहुदीहि विविह दिव्व - तूरेहिं ।
उदहि-सरिच्छ-रवेहिं, जिण-गेहा णिच्च-हलबोला ॥४६॥

अर्थ—वे जिन-भवन समुद्र सदृश गम्भीर शब्द करने वाले मर्दल, मृदंग और पटह आदि विविध दिव्य वादित्रोंसे नित्य शब्दायमान रहते हैं ॥४६॥

छत्त-त्तय - सिंहासण - भामंडल - चामरेहि जुत्ताइं ।
जिण - पडिमाओ तेसुं, रयणमईओ विराजंति ॥४७॥

अर्थ—उन जिन-भवनोंमें तीन छत्र, सिंहासन, भामण्डल और चामरोंसे संयुक्त रत्नमयी जिन-प्रतिमाएँ विराजमान हैं ॥४७॥

सिरिदेवी सुददेवी, सव्वाण सणक्कुमार-जक्खाणं[1] ।
रूवाणि अण - हराणि, रेहंति जिणिंद - पासेसुं ॥४८॥

अर्थ—जिनेन्द्र बिम्बके पार्श्वमें श्रीदेवी, श्रुतदेवी, सर्वाण्हयक्ष और सनत्कुमार यक्षकी मनोहर मूर्तियाँ शोभायमान होती हैं ॥४८॥

जल-गंध-कुसुम-तंदुल-वर-भक्ख-पदीव-धूव-फल-पुण्णं ।
कुव्वंति ताण पुज्जं, णिब्भर - भत्तीए सव्व - सुरा ॥४९॥

अर्थ—सब चन्द्रदेव गाढ़ भक्तिसे उन जिनेन्द्र प्रतिमाओं की जल, गन्ध, तन्दुल, पुष्प, उत्तम नैवेद्य, दीप, धूप और फलोंसे पूजा करते हैं ॥४९॥

चन्द्र-प्रासादोंका वर्णन—

एदाणं कूडाणं, समंतदो होंति चंद - पासादा ।
समचउरस्सा दीहा, णाणा - विण्णास - रमणिज्जा ॥५०॥

अर्थ—इन कूटोंके चारों ओर समचतुष्कोण लम्बे और अनेक प्रकारके विन्यासोंसे रमणीय चन्द्रोंके प्रासाद होते हैं ॥५०॥

मरगय-वण्णा केई, केई कुंदेंदु-हार-हिम-वण्णा ।
अण्णे सुवण्ण-वण्णा, अवरे वि पवाल-सिंह-वण्णा ॥५१॥

अर्थ—इनमेंसे कितने ही प्रासाद मरकतवर्ण वाले, कितने ही कुन्दपुष्प, चन्द्र, हार एवं बर्फ जैसे वर्णवाले; कोई स्वर्ण सदृश वर्णवाले; और दूसरे (कोई) मूँगे सदृश वर्णवाले हैं ॥५१॥

उववाद-मंदिराइं, अभिसेय-पुराणि भूसण-गिहाणि ।
मेहुण-कीडण-सालाओ मंत - अत्थाण - सालाओ ॥५२॥

अर्थ—इन भवनोंमें उपपाद मन्दिर, अभिषेकपुर, भूषणगृह, मैथुनशाला, क्रीड़ाशाला, मन्त्रशाला और आस्थान-शालाएँ (सभाभवन) स्थित हैं ॥५२॥

ते सव्वे पासादा, वर-पायारा विचित्त-गोउरया ।
मणि-तोरण-रमणिज्जा, जुत्ता बहुविध-विण्णासेहिं[2] ॥५३॥

---

१. द. क. रूवाणं । २. द. ब. क. ज. विसेसो ।

उववण-पोक्खरणीहिं, विराजमाणा विचित्त-रूवाहिं ।
कणयमय-विउल-खंभा, सयणासण-पहुदि-पुण्णाणि ॥५४॥

अर्थ—वे सब प्रासाद उत्तम कोटों तथा विचित्र गोपुरोंसे संयुक्त, मणिमय तोरणोंसे रमणीय, नाना प्रकारके चित्रोंवाली दीवालोंसे युक्त, विचित्र रूपवाली उपवन-वापिकाओंसे सुशोभित और स्वर्णमय विशाल खम्भोंसे युक्त हैं तथा शयनासनों आदिसे परिपूर्ण हैं ॥५३-५४॥

सद्द-रस-रूव-गंधं, पासेहि जिरूवमेहि सोक्खाणि ।
देंति विविहाणि दिव्वा, पासादा धूव - गंधड्ढा ॥५५॥

अर्थ—धूपकी सुगन्धसे व्याप्त ये दिव्य प्रासाद शब्द, रस, रूप, गन्ध और स्पर्शसे विविध अनुपम सुख प्रदान करते हैं ॥५५॥

सत्तट्ठ - पहुदीओ, भूमीओ भूसिदाओ कूडेहिं ।
विप्फुरिद-रयण-किरणावलीओ भवणेसु रेहंति ॥५६॥

अर्थ—(उन) भवनोंमें कूटोंसे विभूषित और प्रकाशमान रत्न-किरण-पंक्तियोंसे संयुक्त सात-आठ आदि भूमियाँ शोभायमान होती हैं ॥५६॥

चन्द्रके परिवार देव-देवियोंका निरूपण—

तम्मंदिर - मज्झेसुं, चंदा सिंहासणस्समारूढा ।
पत्तेक्कं चंदाणं, चत्तारो अग्ग - महिसीओ ॥५७॥

[४]

अर्थ—इन मन्दिरोंके बीचमें चन्द्रदेव सिंहासनोंपर विराजमान रहते हैं। उनमेंसे प्रत्येक चन्द्रके चार-चार अग्रमहिषियाँ (पट्टदेवियाँ) होती हैं ॥५७॥

चंदाभ-सुसीमाओ, पहंकरा[1] अच्चिमालिणी ताणं ।
पत्तेक्कं परिवारा, चत्तारि - सहस्स - देवीओ ॥५८॥

णिय-णिय-परिवार-समं, विकिरियं करिसियंति देवीओ ।
चंदाणं परिवारा, अट्ठ - विहप्पा य पत्तेक्कं ॥५९॥

पडिइंदा सामाणिय-तणुरक्खा तह हवंति तिप्परिसा ।
सत्ताणीय - पइण्णय - अभियोगा किब्बिसा देवा ॥६०॥

---

१. द. ब. क. ज. णहंकरा ।

अर्थ—चन्द्राभा, सुसीमा, प्रभङ्करा और अर्चिमालिनी, ये उन अग्र-देवियों के नाम हैं। इनमेंसे प्रत्येक की चार-चार हजार प्रमाण परिवार देवियाँ होती हैं। अग्रदेवियाँ अपनी-अपनी परिवार देवियोंके सदृश अर्थात् चार हजार रूपों प्रमाण विक्रिया दिखलाती हैं। प्रतीन्द्र, सामानिक, तनुरक्ष, तीनों पारिषद, सात अनीक, प्रकीर्णक, अभियोग्य और किल्बिष, इसप्रकार प्रत्येक चन्द्रके आठ प्रकारके परिवार देव होते हैं ॥५८-६०॥

सयलिंदाण पडिंदा, एक्केक्का होंति ते वि आइच्चा ।
सामाणिय - तणुरक्ख - प्पहुदी संखेज्ज - परिमाणा ॥६१॥

अर्थ—सब चन्द्र इन्द्रोंके एक-एक प्रतीन्द्र होता है। वे (प्रतीन्द्र) सूर्य ही हैं। सामानिक और तनुरक्ष आदि देव संख्यात प्रमाण होते हैं ॥६१॥

रायंगण - बाहिरए, परिवाराणं हवंति पासादा ।
विविह-वर-रयण-रइदा, विचित्त-विण्णास-भूदीहिं ॥६२॥

अर्थ—राजाङ्गणके बाहर विविध उत्तम रत्नोंसे रचित और अद्भुत विन्यासरूप विभूति सहित परिवार-देवोंके प्रासाद होते हैं ॥६२॥

चन्द्र विमानके वाहक देवोंके आकार एवं उनकी संख्या—

सोलस-सहस्समेत्ता, अभिओग-सुरा हवंति पत्तेक्कं ।
संदाण घरतलाइं, विकिरिया - साविणो णिच्चं ॥६३॥

। १६००० ।

अर्थ—प्रत्येक (चन्द्र) इन्द्रके सोलह हजार प्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो चन्द्रोंके गृहतलों (विमानों) को नित्य ही विक्रिया धारण करते हुए वहन करते हैं ॥६३॥

चउ-चउ-सहस्समेत्ता, पुव्वादि-दिसासु कुंद-संकासा ।
केसरि-करि-वसहाणं, जडिल - तुरंगाण [1] रूवधरा ॥६४॥


अर्थ—सिंह, हाथी, बैल और जटा युक्त घोड़ोंको धारण करने वाले तथा कुन्द-पुष्प सदृश सफेद चार-चार हजार प्रमाण देव (क्रमशः) पूर्वादिक दिशाओंमें (चन्द्र-विमानोंको वहन करते) हैं ॥६४॥

चन्द्र-विमान का चित्र अगले पृष्ठ पर देखिये।

---

१. ब. अ. क. प. रूववरा।

चन्द्र विमान



सूर्य-मण्डलोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, उवरिं गंतूण जोयणट्ठ-सदं ।
दिवयर-चयर-तलाइं, चिट्ठंति णयणम्मि ॥६५॥

। ८०० ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीके उपरिमतलसे ऊपर आठ सौ (८००) योजन जाकर आकाशमें दिवस (आयत) नगरतल स्थित हैं ॥६५॥

उत्ताहत्थबहुल-जोयणया[1] परिहाणि रवि-ससिमयाणि ।
ताणं पुह पुह बारस-सहस्स-उच्छेह-किरणाणि ॥६६॥

। १२००० ।

अर्थ—सूर्योंके वलिमय विमान ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध-योजन बाहल्य हैं। उनकी पृथक्-पृथक् बारह हजार (१२०००) किरणें उच्छेधरूप होती हैं ॥६६॥

---

१. द. ब. क. ज. योयणया ।

तेसु ठिद-पुढवि-जीवा, उत्ता आदाव-कम्म-उदएणं ।
जम्हा तम्हा तेणिं, फुरंत उण्हयर - किरणाणि ॥६७॥

अर्थ—क्योंकि उन (सूर्य विमानों) में स्थित पृथिवीकायिक जीव आताप नामकर्मके उदयसे संयुक्त होते हैं अतः वे प्रकाशमान उष्णतर किरणोंसे युक्त होते हैं ॥६७॥

[1]एक्कट्ठी-भाग-कदे, जोयणए ताण होंति अडवालं ।
सव्वरिम - तलाण रुंदं, तावद्ध - बहुलं पि पत्तेक्कं ॥६८॥

[४८/६१]

अर्थ—एक योजनके इकसठ (६१) भाग करनेपर उनमेंसे अड़तालीस (४८) भागोंका जितना प्रमाण है उतना विस्तार उन सूर्य विमानोंमेंसे प्रत्येक सूर्य बिम्बके उपरिमतलका है और बाहल्य इससे आधा होता है ॥६८॥

एदाणं परिहीओ, पुह पुह बे जोयणाणि अदिरेगा ।
ताणि अकिट्टिमाणि, अणादिणिहणाणि बिंबाणि ॥६९॥

अर्थ—इनकी परिधियाँ पृथक्-पृथक् दो योजनोंसे अधिक हैं। वे सूर्य-बिम्ब अकृत्रिम एवं अनादिनिधन हैं ॥६९॥

विशेषार्थ—प्रत्येक सूर्य विमानका व्यास $\frac{४८}{६१}$ योजन और परिधि २ योजन १ कोस, कुछ कम १९०७ धनुष प्रमाण है।

पत्तेक्कं तड - वेदी, चउ-गोउर-दार-सुंदरा ताणं ।
तम्मज्झे वर - वेदी - सहिदं रायंगणं होदि ॥७०॥

अर्थ—उनमेंसे प्रत्येक सूर्य-विमानकी तट-वेदी चार गोपुरद्वारों से सुन्दर होती है। उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त राजाङ्गण होता है ॥७०॥

रायंगणस्स मज्झे, वर-रयणमयाणि दिव्व-कूडाणि ।
तेसुं जिण - पासादा, वेट्ठंते सूरकंतमया ॥७१॥

अर्थ—राजाङ्गणके मध्यमें जो उत्तम रत्नमय दिव्य कूट होते हैं उनमें सूर्यकान्त मणिमय जिन-भवन स्थित हैं ॥७१॥

एदाणं मंदिराणं, सयंकपुर - कूड - भवण-सारिच्छं ।
सव्वं विय वण्णणयं, णिद्दणेहिं एत्थ वत्तव्वं ॥७२॥

---

१. ब. क. ज. एक्कसट्ठिय, ब. एक्कसट्ठिय ।

अर्थ—निपुण पुरुषोंको इन मन्दिरोंका सम्पूर्ण वर्णन चन्द्रपुरोंके कूटोंपर स्थित जिन-भवनोंके सदृश यहाँ भी करना चाहिए ॥७२॥

तेसु जिण-पडिमाओ, पुव्वोदिद-वण्णणा पयाराओ ।
विविहच्चण - वव्वेहिं, ताओ पूजंति सव्व - सुरा ॥७३॥

अर्थ—उनमें जो जिन-प्रतिमाएँ विराजमान हैं उनके वर्णनका प्रकार पूर्वोक्त के ही सदृश है। समस्त देव अनेक प्रकारके पूजा-द्रव्योंसे उन प्रतिमाओंकी पूजा करते हैं ॥७३॥

एदाणं कूडाणं, होदि समंतेण सूर - पासादा ।
ताणं पि वण्णणाओ, ससि - पासादेहि सरिसाओ ॥७४॥

अर्थ—इन कूटोंके चारों ओर जो सूर्य-प्रासाद हैं उनका भी वर्णन चन्द्र-प्रासादोंके सदृश है ॥७४॥

तण्णिलयाणं मज्झे, विवायरा दिव्व-सिंह-पीढेसु ।
वर - छत्त - चमर - जुत्ता, धेट्ठंते दिव्वयर - तेया ॥७५॥

अर्थ—उन भवनोंके मध्यमें उत्तम छत्र-चँवरोंसे संयुक्त और अतिशय दिव्य तेजको धारण करने वाले सूर्य देव दिव्य सिंहासनों पर स्थित होते हैं ॥७५॥

सूर्यके परिवार देव-देवियोंका निरूपण—

जुदिसुदि-पहंकराओ, सूरपहा-अच्चिमालिणीओ वि ।
पत्तेक्कं अग्गाओ, चु - मणीयं अग्ग - देवीओ ॥७६॥

अर्थ—प्रत्येक सूर्यकी द्युतिश्री, प्रभंकरा, सूर्यप्रभा और अर्चिमालिनी, ये चार अग्र-देवियाँ होती हैं ॥७६॥

देवीणं परिवारा, पत्तेक्कं चउ - सहस्स - देवीओ ।
णिय-णिय-परिवार-समं, विकिरियं ताओ गेण्हंति ॥७७॥

अर्थ—इनमेंसे प्रत्येक अग्र-देवीकी चार हजार परिवार-देवियाँ होती हैं। वे अपने-अपने परिवार सदृश अर्थात् चार-चार हजार रूपोंकी विक्रिया ग्रहण करती हैं ॥७७॥

सामाणिय-तणुरक्खा; ति-परिसाओ सत्तअणीया ।
अभियोगा किब्बिसिया, सत्त-विहा सूर-परिवारा ॥७८॥

अर्थ—सामानिक, तनुरक्षक, तीनों पारिषद, प्रकीर्णक, अनीक, अभियोग्य और किल्बिषिक, इसप्रकार सूर्य देवोंके सात प्रकारके परिवार देव होते हैं ॥७८॥

रायंगण बाहिरए, परिवाराणं हवंति पासादा ।
वर - रयण - भूसिदाणं, फुरंत - तेयाण सव्वाणं ॥७९॥

अर्थ—उत्तम रत्नोंसे विभूषित और प्रकाशमान तेज को धारण करने वाले समस्त परिवार-देवों के प्रासाद राजाङ्गणके बाहर होते हैं ॥७९॥


सूर्यविमानके वाहक देवोंके आकार एवं उनकी संख्या—

सोलस-सहस्समेत्ता, अभिओग-सुरा हवंति पत्तेक्कं ।
दिणयर-णयर-तलाइं, विकिरिया-हारिणो[1] णिच्चं ॥८०॥

। १६००० ।

अर्थ—प्रत्येक सूर्यके सोलह (१६०००) हजार प्रमाण आभियोग्य देव होते हैं जो नित्य ही विक्रिया करके सूर्य-नगरतलोंको ले जाते हैं ॥८०॥

ते पुव्वादि-दिसासुं, केसरि-करि-वसह-जडिल-हय-रूवा ।
चउ चउ - सहस्समेत्ता, कंचण - वण्णा विराजंते ॥८१॥



१. द. ब. क. कारिणो ।

अर्थ—सिंह, हाथी, बैल और जटा-युक्त घोड़ेके रूपको धारण करनेवाले तथा स्वर्ण सदृश वर्ण संयुक्त वे आभियोग्य देव क्रमशः पूर्वादिक दिशाओंमें चार-चार हजार प्रमाण विराजमान होते हैं ॥८१॥

ग्रहोंका अवस्थान—

चित्तोवरिम - तलादो, गंतूणं जोयणाणि अट्ठ-सए ।
अडसीदि-जुदे गह-गण-पुरीओ दो-गुणिद-छक्क-बहलम्मि ॥८२॥

। ८८८ । १२ ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे आठ सौ अठासी (८८८) योजन ऊपर जाकर बारह (१२) योजन प्रमाण बाहल्य में ग्रह-समूह की नगरियाँ हैं ॥८२॥

बुध-नगरोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, पुव्वोदिद-जोयणाणि गंतूणं ।
तासुं बुह-णयरीओ, णिच्चं चेट्ठंति गयणम्मि ॥८३॥

अर्थ—उनमें से चित्रा पृथिवीके उपरिम-तलसे पूर्वोक्त आठ सौ अठासी योजन ऊपर जाकर आकाश में बुधकी नगरियाँ नित्य स्थित हैं ॥८३॥

एदाओ सव्वाओ, कणयमईओ य मंद-किरणाओ ।
उत्ताणावट्ठिद - गोलकद्ध - सरिसाओ णिच्चाओ ॥८४॥

अर्थ—ये सब नगरियाँ स्वर्णमयी, मन्द किरणोंसे संयुक्त, नित्य और ऊर्ध्व अवस्थित अर्ध-गोलक सदृश हैं ॥८४॥

उवरिम - तलाण मंदो, कोसस्सद्धं तदद्ध-बहलत्तं ।
परिही विक्खंभ - कोसो, सविसेसा ताण पत्तेक्कं ॥८५॥

अर्थ—उनमेंसे प्रत्येकके उपरिम तलका विस्तार अर्ध कोस, बाहल्य इससे आधा और परिधि एक कोससे कुछ अधिक है ॥८५॥

एक्केक्काए पुरीए, तड-वेदी पुव्व-वण्णणा होदि ।
तम्मज्झे वर - वेदी - जुत्तं रायंगणं रम्मं ॥८६॥

अर्थ—प्रत्येक पुरीकी तट-वेदी पूर्वोक्त वर्णनासे युक्त होती है । उसके बीचमें उत्तम वेदीसे संयुक्त रमणीय राजाङ्गण स्थित रहता है ॥८६॥

तम्मज्झे वर-कूडा, हवंति तेसुं जिणिंद - पासादा ।
कूडाण-समंतेणं, बुह णिलया पुव्व सरिस-वण्णणया ॥८७॥

अर्थ—राजाङ्गणके मध्यमें उत्तम तट और उन तटोंपर जिनेन्द्र-प्रासाद होते हैं। कूटोंके चारों ओर पूर्व भवनों सदृश वर्णन वाले बुध-ग्रहके भवन हैं ॥८७॥

दो-दो सहस्समेत्ता, अभियोगा-हरि-करिंद-वसह-हया ।
पुव्वादिसु पत्तेक्कं, कणय-णिहा वुह-पुराणि धारंति ॥८८॥

अर्थ—सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ोंके रूपको धारण करनेवाले तथा स्वर्ण सदृश वर्ण संयुक्त दो-दो हजार प्रमाण आभियोग्य देव क्रमशः पूर्वादिक दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें बुधोंके पुरोंको धारण करते हैं ॥८८॥

शुक्रग्रहके नगरोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, णव-ऊणिय-णव-सयाणि जोयणया ।
गंतूण गहे उवरिं, सुक्काणि पुराणि चेट्ठंते ॥८९॥

। ८९१ ।

अर्थ - चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौ कम नौ सौ (८९१) योजन प्रमाण ऊपर जाकर आकाशमें शुक्रोंके नगर स्थित हैं ॥८९॥

ताणं णयर-तलाणं, पण-सय-दु-सहस्समेत्त-किरणाणि ।
उत्ताण - गोलकद्धोवमाणि वर - रुप्प - मइयाणि ॥९०॥

। २५०० ।

अर्थ - ऊर्ध्व अवस्थित गोलकार्धके सदृश और उत्तम चांदीसे निर्मित उन शुक्र-नगरतलोंमेंसे प्रत्येककी दो हजार पांच सौ (२५००) किरणें होती हैं ॥९०॥

उवरिम-तल-विक्खंभो, कोस-पमाणं तदद्ध-बहलत्तं ।
ताणं अकट्टिमाणं, विविह - रयणेहिं ॥९१॥

। को १ । को ½ ।

अर्थ—विविध रत्नोंसे खचित उन अकृत्रिम पुरोंके उपरिम तलका विस्तार एक कोस और बाहल्य इससे आधा अर्थात् अर्ध कोस प्रमाण है ॥९१॥

पुह पुह ताणं परिहो, ति-कोसमेत्ता हवेदि सविसेसा ।
सेसाओ वण्णणाओ, बुह - णयराणं सरिच्छाओ ॥९२॥

अर्थ—इनकी परिधि पृथक्-पृथक् तीन कोससे कुछ अधिक है। इन नगरोंका शेष सब वर्णन बुध नगरोंके सदृश है ।।९२।।

गुरु-ग्रहके नगरोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, छक्कोविय-णव-सएण जोयणए।
गंतूण गहे उवरिं, चेट्ठंति गुरूण णयराणि ।।९३।।

। ८९४ ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे छह कम नौ सौ (८९४) योजन ऊपर जाकर आकाशमें गुरु (बृहस्पति) ग्रहोंके नगर स्थित हैं ।।९३।।

ताणि [1]णयर-तलाणिं, फलिह-मयाणि सुमंद-किरणाणि।
उत्ताण - गोलकद्धोवमाणि णिच्चं सहावाणि ।।९४।।

अर्थ—स्फटिकमणिसे निर्मित, उन गुरु-ग्रहोंके नगर-तल सुन्दर मन्द किरणोंसे संयुक्त, ऊर्ध्वमुख स्थित गोलकार्धके सदृश और नित्य-स्वभाव वाले हैं ।।९४।।

उवरिम-तल-विक्खंभा तिण्णं कोसस्स परिम-भागा य।
सेसाओ वण्णणाओ, सुक्क - पुराणं सरिच्छाओ ।।९५।।

अर्थ—उनके उपरिम तलका विस्तार कोस के बहुभाग अर्थात् कुछ कम एक कोस प्रमाण है। उनका शेष वर्णन शुक्रपुरों के सदृश है ।।९५।।

मंगल ग्रहके नगरोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, तिय-ऊणिय-णव-सयाणि ओयणए।
गंतूण उवरिं गयणे, अंगल - णयराणि चेट्ठंति ।।९६।।

। ८९७ ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे तीन कम नौ सौ (८९७) योजन ऊपर जाकर आकाशमें मङ्गलनगर स्थित हैं ।।९६।।

ताणि णयर-तलाणिं, रुहिरायस-पउमराय-मइयाणि।
उत्ताण-गोलकद्धोवमाणि सव्वाणि मंद-किरणाणि ।।९७।।

अर्थ—वे सब नगर-तल रुधिर सदृश लाल वर्णवाले पद्मराग-मणियोंसे निर्मित, ऊर्ध्वमुख स्थित गोलकार्ध सदृश और मन्द-किरणोंसे संयुक्त होते हैं ।।९७।।

---

१. ब. उवरि ।

उवरिम-तल-विक्खंभा, कोसद्धं तावद्ध-बहलत्तं[1] ।
सेसाओ वण्णणाओ, ताणं पुव्वुत्त - सरिसाओ ॥९८॥

अर्थ—उनके उपरिम तलका विस्तार अर्ध कोस एवं बाहल्य इससे आधा अर्थात् पाव कोस प्रमाण है। इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त नगरोंके सदृश है ॥९८॥

शनि-ग्रहके नगरोंकी प्ररूपणा—

चित्तोवरिम-तलादो, णंतूणं णव-सयाणि जोयणए ।
उवरिं सुवण्ण-मयाणि, सणि-णयराणि जहे होंति ॥९९॥

। ९०० ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीके उपरिम तलसे नौ सौ (९००) योजन ऊपर जाकर आकाशमें शनि-ग्रहोंके स्वर्णमय नगर हैं ॥९९॥

उवरिम-तल-विक्खंभा[1], कोसद्धं होंति ताण णयरेक्कं ।
सेसाओ वण्णणाओ, पुव्व - पुराणं सरिच्छाओ ॥१००॥

अर्थ—उनमेंसे प्रत्येक शनि नगरके उपरिम तलका विस्तार अर्ध कोस प्रमाण है। इनका शेष वर्णन पूर्वोक्त नगरोंके सदृश ही है ॥१००॥

अवशेष ८३ ग्रहोंकी प्ररूपणा—

अवसेसाण गहाणं, णयरीओ उवरि चित्त-भूमीदो ।
णंतूण बुह - सणीणं, विच्चाले होंति विच्चाओ ॥१०१॥

अर्थ—अवशिष्ट (८३) ग्रहोंकी नित्य (शाश्वत) नगरियाँ चित्रा पृथिवीके ऊपर जाकर बुध ग्रहों और शनि ग्रहों के अन्तरालमें अवस्थित हैं ॥१०१॥

विशेषार्थ—गाथा १५ से २२ तक अर्थात् आठ गाथाओंमें बुधको आदि लेकर ८८ ग्रहोंके नाम बतलाये गये हैं। इनमेंसे बुध, शुक्र, गुरु, मंगल और शनि ग्रहोंका वर्णन ऊपर किया जा चुका है। शेष ८३ ग्रहोंका अवस्थान चित्रा पृथिवीसे ऊपर जाकर बुध और शनि ग्रहोंके अन्तराल अर्थात् ८८८ योजनसे ९०० योजनके बीचमें है।

ताणि णयर-तलाणि, अट्ठ जोयणाणि बाल-बहलाणि ।
रयणाण - गोउरट्टालयाणि बहु - रयण - पउराणि ॥१०२॥

---

१. द. ब. बहलत्तं ।

अर्थ—ये (८३) नगर तल यथा-योग्य कहे हुए विस्तार एवं बाहल्यसे संयुक्त, ऊर्ध्वमुख गोलकार्ध सदृश और बहुत रत्नोंसे रचित हैं ॥१०२॥

सेसाओ वण्णणाओ, पुव्विल्ल-पुराण होंति सरिसाओ ।
किं वारेमि[1] भणेदुं, जोहाए एक्कमेत्ताए ॥१०३॥

अर्थ—इन नगरोंका शेष वर्णन पूर्वोक्त पुरोंके सदृश है । मात्र एक जिह्वासे इनका विशेष कथन करते हुए क्या पार पा सकता हूँ ? ॥१०३॥

नक्षत्र नगरियोंकी प्ररूपणा—

भट्ठ-सय-जोयणाणि, चउसीदि-जुदाणि उवरि-चित्तादो ।
गंतूण गयण - मग्गे, हवंति णक्खत्त - णयराणि ॥१०४॥

। ८८४ ।

अर्थ—चित्रा पृथिवीसे आठसौ चौरासी (८८४) योजन ऊपर जाकर आकाश-मार्गमें नक्षत्रोंके नगर हैं ॥१०४॥

ताणि णयर-तलाणि, बहु-रयण-मयाणि मंद-किरणाणि ।
उत्ताण - गोलकद्धोवमाणि रम्माणि रेहंति ॥१०५॥

अर्थ—वे सब (नक्षत्रोंके) रमणीय नगरतल बहुत रत्नोंसे निर्मित, मन्द किरणोंसे युक्त और ऊर्ध्वमुख गोलकार्ध सदृश होते हुए विराजमान होते हैं ॥१०५॥

उवरिम-तल-वित्थारो, ताणं कोसो तदद्ध-बहलाणि ।
सेसाओ वण्णणाओ, दिणयर-णयराण सरिसाओ ॥१०६॥

अर्थ—उनके उपरिम तलका विस्तार एक कोस और बाहल्य इससे आधा है । इनका शेष वर्णन सूर्य-नगरोंके सदृश है ॥१०६॥

णवरि विसेसो देवा, अभियोगा सीह-हत्थि-वसहस्सा ।
ते एक्केक्क - सहस्सा, पुव्व-दिसासु ताणि धारंति ॥१०७॥

अर्थ—इतना विशेष है कि सिंह, हाथी, बैल एवं घोड़ेके आकारको धारण करने वाले एक-एक हजार प्रमाण आभियोग्य देव क्रमशः पूर्वादिक दिशाओंमें उन नक्षत्र नगरोंको धारण किया करते हैं ॥१०७॥

---

१. द. ब. वारेमि वण्णणो ।

ताराओंके नगरियोंकी प्ररूपणा—

सत्तसि-जुद सत्त-जोयण-सदाणि गंतूण उवरि विचादो ।
गयण-तले ताराणं, पुराणि बहले दहुत्तर-सदम्मि ॥१०८॥

अर्थ—चित्रा पृथिवीसे सात सौ सत्तर (७९०) योजन ऊपर जाकर आकाश तलमें एक सौ दस (११०) योजन प्रमाण बाहल्यमें ताराओंके नगर हैं ॥१०८॥

ताणं पुराणि णाणा-वर-रयण-मयाणि मंद-किरणाणि ।
उत्ताण - गोलकद्धोवमाणि सासद - सरूवाणि ॥१०९॥

अर्थ—उन ताराओंके पुर नाना प्रकारके उत्तम रत्नोंसे निर्मित, मन्द किरणोंसे संयुक्त, ऊर्ध्वमुख स्थित गोलकार्ध सदृश और नित्य-स्वभाव वाले हैं ॥१०९॥

ताराओंके भेद और उनके विस्तारका प्रमाण—

वर-अवर-मज्झिमाणि, ति-पियप्पाणि हवंति एदाणि ।
उवरिम - तल - विक्खंभा, जेट्ठाणं दो-सहस्स-दंडाणि ॥११०॥

। २००० ।

अर्थ—ये उत्कृष्ट, जघन्य और मध्यम तीन प्रकारके होते हैं। इनमेंसे उत्कृष्ट नगरोंके उपरिम तलका विस्तार दो हजार (२०००) धनुष प्रमाण है ॥११०॥

पंच - सयाणि धणूणि, तं विक्खंभा हवेदि अवराणं ।
दु-ति-गुणिदावर-माणं, मज्झिम - मयाणं दु-ठाणेसुं ॥१११॥

। ५०० । १००० । १५०० ।

अर्थ—जघन्य नगरोंका (यह) विस्तार पाँच सौ (५००) धनुष प्रमाण है। इस जघन्य प्रमाणको दो और तीनसे गुणा करनेपर क्रमशः दो स्थानोंमें मध्यम नगरोंका विस्तार क्रमशः (५०० × २ =) १००० धनुष एवं (५०० × ३ =) १५०० धनुष है ॥१११॥

ताराओंका अन्तराल एवं अन्य वर्णन—

तेरिच्छमंतरालं, जहण्ण - ताराण कोस - तदंसो ।
जोयणया पण्णासा, मज्झिमए सहस्सयुक्कस्से ॥११२॥

को ½ । को ५० । १०००।

अर्थ—जघन्य ताराओं का तिर्यग् अन्तराल एक कोस का सातवाँ भाग अथवा $\frac{1}{7}$ कोस, मध्यम ताराओंका यही अन्तराल ५० योजन और उत्कृष्ट ताराओंका तिर्यग् अन्तराल एक हजार (१०००) योजन प्रमाण है ॥११२॥

सेसाओ वण्णणाओ, पुव्व-पुराणं हवंति सरिसाणि ।
एत्तो गुरुवइट्ठं पुर - परिमाणं पवक्खेमो ॥११३॥

। एवं विण्णासं समत्तं[1] ॥४॥

अर्थ—इन ताराओंका शेष वर्णन पूर्व पुरोंके सदृश है । अब यहाँसे आगे गुरु द्वारा उपदिष्ट पुरों (नगरों) का प्रमाण कहते हैं ॥११३॥

॥ इसप्रकार विन्यासका कथन समाप्त हुआ ॥४॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिये]

---

१. ब. क. ज. ठ. समत्ता ।

चन्द्रादि ग्रहोंके अवस्थान, विस्तार, बाहल्य एवं वाहन देवोंका प्रमाण—

क्र.	ग्रह	चित्रा पृ० से ऊँचाई		विस्तार (मोटाई)		बाहल्य (गहराई)		वाहन देवोंका आकार और प्रमाण				योग
		योजनों में	मीलों में	योजनों में	मीलों में	योजनों में	मीलों में	पूर्व दिशामें सिंह	दक्षिण में हाथी	पश्चिम में बैल	उत्तरमें घोड़े	
१.	चन्द्र	८८०	३५२००००	$\frac{५६}{६१}$ यो०	३६७२$\frac{४८}{६१}$	$\frac{२८}{६१}$ यो०	१८३६$\frac{२४}{६१}$	४०००+	४०००+	४०००+	४०००=	१६०००
२.	सूर्य	८००	३२००००००	$\frac{४८}{६१}$ यो०	३१४७$\frac{३४}{६१}$	$\frac{२४}{६१}$ यो०	१५७३$\frac{१२}{६१}$	४०००+	४०००+	४०००+	४०००=	१६०००
३.	बुध	८८८	३५५२०००	$\frac{१}{२}$ को०	५०० मी०	$\frac{१}{४}$ को०	२५०	२०००+	२०००+	२०००+	२०००=	८०००
४.	शुक्र	८९१	३५६४०००	१ कोस	१००० मी०	$\frac{१}{२}$ को०	५००	२०००+	२०००+	२०००+	२०००=	८०००
५.	गुरु	८९४	३५७६०००	कुछ कम १ कोस	कुछ कम १००० मी०	कुछ कम $\frac{१}{२}$ को०	कुछ कम ५००	२०००+	२०००+	२०००+	२०००=	८०००
६.	मंगल	८९७	३५८८०००	$\frac{१}{२}$ को०	५०० मी०	$\frac{१}{४}$ को०	२५०	२०००+	२०००+	२०००+	२०००=	८०००
७.	शनि	९००	३६०००००	$\frac{१}{२}$ को०	५०० मी०	$\frac{१}{४}$ को०	२५०	२०००+	२०००+	२०००+	२०००=	८०००
८.	नक्षत्र	८८४	३५३६०००	१ कोस	१००० मी०		५००	१०००+	१०००+	१०००+	१०००=	४०००
९.	उ० तारा	७९०	३१६००००	२००० धनुष	१००० मी०							
	म० तारा			$\left(\frac{२८०}{१०००}\right)$ घ ५०० घ.	$\left(\frac{५००}{१०००}\right)$ मी० २५० मी०			५००+	५००+	५००+	५००=	२०००
	ज० तारा											

चन्द्र आदि देवोंके नगरों आदिका प्रमाण—

णिय-णिय-रासि-पमाणं, [1]एवाणं जं [2]मयंक-पहुदीणं ।
णिय-णिय-णयर-पमाणं, तेत्तियमेत्तं च कूड-जिणभवणं ॥११४॥

अर्थ—इन चन्द्र आदि देवोंकी निज-निज राशिका जो प्रमाण है, उतना ही प्रमाण अपने-अपने नगरों, कूटों और जिन-भवनोंका है ॥११४॥

विशेषार्थ—गाथा ११ से ३५ पर्यन्त चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारामों को निज-निज राशिका अलग-अलग जो प्रमाण कहा गया है, वही प्रमाण उनके नगरों, कूटों और जिन-भवनोंका है ।

लोकविभागानुसार ज्योतिष-नगरोंका बाहल्य—

जोइसणं[3]- णयरीणं, सव्वाणं रुंद-माण-सारिच्छं ।
बहलत्तं मण्णंते, लोयविभायस्स आइरिया ॥११५॥

पाठान्तरम् ।

॥ एवं परिमाणं समत्तं ॥५॥

अर्थ:—'लोकविभाग' के आचार्य समस्त ज्योतिर्गणोंकी नगरियों के विस्तार प्रमाण के सदृश ही उनके बाहल्यको भी मानते हैं ॥११५॥

इसप्रकार परिमाणका कथन समाप्त हुआ ॥५॥

चन्द्र विमानोंकी संचार-भूमि—

चर-बिंबा मणुवाणं, खेत्ते तीसे च जंबु-दीवम्मि ।
दोण्णि मियंका सव्वं, एक्कं चिय होदि चारमही ॥११६॥

अर्थ—चर अर्थात् गमनशील ज्योतिष बिम्ब मनुष्य क्षेत्रमें ही हैं, मनुष्य क्षेत्रके मध्य स्थित जम्बूद्वीपमें जो दो चन्द्र हैं उनकी संचार-भूमि एक ही है ॥११६॥

पंच-सय-जोयणाणि, बसुसराइं हवेवि [4]विक्खंभो ।
ससहर - चारमहीए, विणयर - बिंबादिरित्ताणि ॥११७॥

। ५१० । ३६ ।

---

१. ब. ज. क. ब. पण्णरसं । २. ब. क. ज. अमयंक, ब. अमयंक । ३. ब. ज. क. ज. जोइट्ठाणं । ४. ब. ज. क. ज. विक्खंभा ।

अर्थ—चन्द्रकी संचार-भूमिका विस्तार सूर्य-बिम्बके विस्तारसे अतिरिक्त अर्थात् $\frac{६}{६१}$ योजनसे अधिक पाँच सौ दस (५१०) अर्थात् ५१०$\frac{६}{६१}$ योजन प्रमाण है ॥११७॥

जोइस - बे - सयाणि, जंबूदीवे चरंति सोदकरा ।
रवि-मंडलाधियाणि, तीसुत्तर-तिय-सयाणि लवणम्मि ॥११८॥

। १८० । ३३० । $\frac{६}{६१}$ ।

अर्थ—चन्द्रमा, बीस कम दो सौ (१८०) योजन जम्बूद्वीपमें और सूर्यमण्डलसे अधिक तीन सौ तीस (३३०$\frac{६}{६१}$) योजन प्रमाण लवणसमुद्रमें संचार करते हैं ॥११८॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीप सम्बन्धी दोनों चन्द्रोंके संचार क्षेत्र का प्रमाण ५१०$\frac{६}{६१}$ योजन प्रमाण है। इसमेंसे दोनों चन्द्र जम्बूद्वीपमें १८० योजन क्षेत्र में और अवशेष (५१०$\frac{६}{६१}$ — १८० =) ३३०$\frac{६}{६१}$ योजन लवणसमुद्रमें विचरण करते हैं।

चन्द्र गलीके विस्तार आदिका प्रमाण—

पण्णरस - ससहराणं, वीहीओ होंति चारखेत्तम्मि ।
मंडल - सम - दंडाओ, तदद्ध - बहलाओ पत्तेक्कं ॥११९॥

। $\frac{६}{६१}$ । $\frac{३}{६१}$ ।

अर्थ—चन्द्र बिम्बोंके चार क्षेत्र (५१०$\frac{६}{६१}$ यो०) में पन्द्रह गलियाँ हैं। उनमेंसे प्रत्येक गलीका विस्तार चन्द्रमण्डलके बराबर $\frac{६}{६१}$ योजन और बाहल्य इससे आधा ($\frac{३}{६१}$ योजन) है ॥११९॥

सुमेरुपर्वतसे चन्द्र की अभ्यन्तर वीथीका अन्तर-प्रमाण—

सहि-जुदं ति-सयाणि, मंदर-रुंदं च अंबु-विक्खंभे ।
सोहिय दलिते लद्धं, चंदादि-महीहि-मंदरंतरयं ॥१२०॥

चउवाल-सहस्साणि, वीसुत्तर-अट्ठ-सयाणि मंदरदो ।
गच्छिय सव्वब्भंतर - वीही इंदूण परिमाणं ॥१२१॥

। ४४८२० ।

अर्थ—जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ योजन और सुमेरुपर्वतका विस्तार कम करके शेषको आधा करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना चन्द्रकी प्रथम (अभ्यन्तर) संचार भूमिकी (वीथी) से सुमेरुपर्वतका अन्तर है। (अर्थात्) सुमेरुपर्वतसे चवालीस हजार आठ सौ बीस (४४८२०) योजन प्रमाण आगे आकर चन्द्रकी सर्वाभ्यन्तर (प्रथम) वीथी प्राप्त होती है ॥१२०-१२१॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका विस्तार एक लाख योजन है। जम्बूद्वीपके दोनों पार्श्वभागोंमें चन्द्रके चार क्षेत्रका प्रमाण ((८०×२)=३६० योजन है और सुमेरुपर्वतका भू-विस्तार १०००० योजन है। अतः १००००० — ३६०=९९६४० योजन जम्बूद्वीपकी प्रथम (अभ्यन्तर) वीथी में स्थित दोनों चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर है और इसमेंसे सुमेरुका भू-विस्तार घटाकर शेषकी आधा करने पर ($\frac{९९६४०-१००००}{२}$)=४४८२० योजन सुमेरुसे अभ्यन्तर (प्रथम) वीथीमें स्थित चन्द्रके अन्तरका प्रमाण प्राप्त होता है ॥

चन्द्रकी ध्रुवराशिका प्रमाण—

एक्क-सहोए गुणिदा, पंच-सया जोयणाणि छस-भुत्ता।
ते अडदाल - विमिस्सा, ध्रुवरासी णाम चारखेत्तो ॥१२२॥

अर्थ—पांचसौ दस योजनको इकसठसे गुणा करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमें बे अड़तालीस भाग और मिला देनेपर ध्रुवराशि नामक चारक्षेत्रका विस्तार होता है ॥१२२॥

विशेषार्थ—चन्द्रोंके संचार क्षेत्रका नाम चारक्षेत्र है। जिसका प्रमाण ५१०$\frac{४८}{६१}$ योजन है। गाथामें इसी प्रमाण को समान छेद करने (भिन्न तोड़ने) पर जो राशि उत्पन्न हो उसे ध्रुवराशि स्वरूप चारक्षेत्र कहा है। यथा—५१०×६१=३१११०, ३१११०+४८=३११५८ अर्थात् ५१०$\frac{४८}{६१}$ यो० ध्रुवराशि स्वरूप चारमही का प्रमाण है। गाथा १२३ में इन्हीं ३११५८ को ६१ से भाजितकर प्राप्त राशि ५१०$\frac{४८}{६१}$ को ध्रुवराशि कहा है।

एक्कत्तीस - सहस्सा, अट्ठावण्णुत्तरं सदं तह य।
इगिसट्ठीए भजिदे, धुवरासि - पमाणमुद्दिट्ठं ॥१२३॥

$\frac{३११५८}{६१}$।

अर्थ—इकतीस हजार एक सौ अट्ठावन (३११५८) में इकसठ (६१) का भाग देनेपर जो (५१०$\frac{४८}{६१}$ यो०) लब्ध आवे उतना ध्रुव राशिका प्रमाण कहा गया है ॥

चन्द्रकी सम्पूर्ण वीथियोंके अन्तरालका प्रमाण—

पण्णरसेहिं गुणिदं, दिणयर-बिंब-प्पमाणजोयणयं।
धुवरासीदो सेसं, विच्चालं समद - वीहीणं ॥१२४॥

$\frac{३११५८}{६१}$।

अर्थ—चन्द्रबिम्बके प्रमाणको पन्द्रहसे गुणा करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे ध्रुवराशिमेंसे कम कर देनेपर जो अवशेष रहे वही सम्पूर्ण वीथियोंका अन्तराल प्रमाण होता है ॥१२४॥

विशेषार्थ :—चन्द्रकी एक वीथीका विस्तार $2\frac{1}{2}$ योजन है तो, १५ वीथियोंका विस्तार कितना होगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर ($2\frac{1}{2} \times 15$) $= \frac{510}{2}$ योजन गलियोंका विस्तार हुआ। इसे चार क्षेत्रके विस्तार ५१०$\frac{1}{2}$ यो० में से घटा देनेपर ($510\frac{1}{2} - \frac{510}{2} =$) $\frac{510}{2}$ योजन १५ गलियोंका अन्तराल प्रमाण प्राप्त होता है।

चन्द्रकी प्रत्येक वीथीका अन्तराल प्रमाण—

तं चोद्दस-पविहत्तं, हवेदि एक्केक्क-वीहि-विच्चालं।
पणतीस - जोयणाणि, अदिरेकं तस्स परिमाणं ॥१२५॥

अदिरेकस्स पमाणं, चोद्दसभजिदम्मि-सत्तसंसा।
सत्ताधीसब्भहिया, चत्तारि सया हवे हारो ॥१२६॥

३५ । $\frac{214}{427}$ ।

अर्थ :—इस ($\frac{510}{2}$) में चौदहका भाग देनेपर एक-एक वीथीके अन्तरालका प्रमाण होता है। जो पैंतीस योजनों से अधिक है। इस अधिकताका जो प्रमाण है उसमें दो सौ चौदह (२१४) अंश और चार सौ सत्ताईस (४२७) भागहार है ॥१२५-१२६॥

विशेषार्थ—चन्द्रमा की गलियां १५ हैं किन्तु १५ गलियोंके अन्तर १४ ही होंगे, अतः सम्पूर्ण गलियोंके अन्तराल प्रमाणमें १४ का भाग देनेपर प्रत्येक गलीके अन्तरालका प्रमाण ($\frac{510}{2} \div$ १४) $= 35\frac{214}{427}$ योजन प्राप्त होता है।

चन्द्रके प्रतिदिन गमन-क्षेत्रका प्रमाण—

पढम-पहावो चंदो, बाहिर-मग्गस्स गमण-कालम्मि।
वीहि पडि मेलिज्जं, विच्चालं बिंब - संजुत्तं ॥१२७॥

३६ । $\frac{315}{427}$ ।

अर्थ—चन्द्रोंके प्रथम वीथीसे द्वितीयादि बाह्य वीथियोंकी ओर जाते समय प्रत्येक वीथीके प्रति, बिम्ब संयुक्त अन्तराल मिलाना चाहिए ॥१२७॥

विशेषार्थ—चन्द्रकी प्रत्येक गलीका विस्तार $2\frac{1}{2}$ योजन है और प्रत्येक गलीका अन्तर प्रमाण $35\frac{214}{427}$ योजन है। इस अन्तरप्रमाणमें गलीका विस्तार मिला देनेपर ($35\frac{214}{427} + 2\frac{1}{2} =$) $36\frac{315}{427}$ योजन प्राप्त होते हैं। चन्द्रको प्रतिदिन एक गली पारकर दूसरी गलीमें प्रवेश करने तक $36\frac{315}{427}$ यो० प्रमाण गमन करना पड़ता है।

द्वितीयादि वीथियोंमें स्थित चन्द्रोंका सुमेरु पर्वतसे अन्तर—

छउदाल-सहस्सा अड-सयाणि छप्पण्ण-जोयणा अहिया ।
उणसीदि-भुव-सयंसा, बिदियद्ध-गवेसु-मेरु - विक्खालं ॥१२८॥

४४८५६ । $\frac{१८१}{२२०}$ ।

अर्थ—द्वितीय पथ (गली) को प्राप्त हुए चन्द्रमाका मेरु पर्वतसे चवालीस हजार आठ सौ छप्पन योजन और (एक योजनके बारसौ सत्ताईस भागोंमेंसे) एक सौ उन्यासी भाग-प्रमाण अन्तर है ॥१२८॥

विशेषार्थ :- मेरु पर्वतसे चन्द्रकी प्रथम वीथीका अन्तर गाथा १२१ में ४४८२० योजन कहा गया है। उसमें चन्द्रकी प्रतिदिनकी गति का प्रमाण जोड़ देनेपर सुमेरुसे द्वितीय वीथी स्थित चन्द्र का अन्तर (४४८२० + $३६\frac{१८१}{२२०}$)=$४४८५६\frac{१८१}{२२०}$ योजन प्रमाण है। यही प्रक्रिया आगे भी कही गई है।

छउदाल-सहस्सा अड-सयाणि बाणउदि जोयणा भागा ।
अडवण्णुत्तर-ति-सया, तदियद्ध-गवेसु-मंदर-पमाणं ॥१२९॥

४४८९२ । $\frac{३५६}{२२०}$ ।

अर्थ -तृतीय गलीको प्राप्त हुए चन्द्र और मेरु-पर्वतके बीचमें चवालीस हजार आठ सौ बानवे योजन और तीन सौ अट्ठावन भाग अधिक अन्तर-प्रमाण है ॥१२९॥

गया—४४८५६$\frac{१८१}{२२०}$ यो० + ३६$\frac{१७५}{२२०}$ यो०=४४८९२$\frac{३५६}{२२०}$ यो० ।

छउदाल-सहस्सा णव-सयाणि उणतीस जोयणा भागा ।
दस-जुत्त-सयं विदियं, चउत्थ-पह-णव-हिमंसु-मेरुस्सं ॥१३०॥

४४९२९ । $\frac{११०}{२२०}$ ।

अर्थ—चतुर्थ पथको प्राप्त हुए चन्द्रमा और मेरुके मध्य चवालीस हजार नौ सौ उनतीस योजन और एक सौ दस भाग प्रमाण अधिक अन्तर है ॥१३०॥

४४८९२$\frac{३५६}{२२०}$ + ३६$\frac{१७५}{२२०}$=४४९२९$\frac{१११}{२२०}$ योजन ।

छउदाल-सहस्सा णव-सयाणि पण्णट्ठि जोयणा भागा ।
दोण्णि सया उणवण्णा, पंचम-पह-इंदु-मंदर-पमाणं ॥१३१॥

४४९६५ । $\frac{२५९}{२२०}$ ।

अर्थ—पंचम पथको प्राप्त चन्द्रका मेरु पर्वतसे चवालीस-हजार नौ सौ बेसठ योजन और दो सौ नवासी भाग (४४९६३$\frac{२८९}{६६०}$ यो०) प्रमाण अन्तर है ॥१३१॥

४४९२९$\frac{३३९}{६६०}$ + ३६$\frac{३३०}{६६०}$ = ४४९६३$\frac{२८९}{६६०}$ यो० ।

एयदाल-सहस्सा बे-जोयण-चुदा कलाओ इगिवालं ।
छद्दु-पह-ट्ठिद-हिमकर-चामीयर - सेल - विच्चालं ॥१३२॥

४५००२ । $\frac{४१}{६६०}$ ।

अर्थ—छठे पथमें स्थित चन्द्र और मेरु पर्वतके मध्य पैंतालीस हजार दो योजन और इकतालीस कला (४५००२$\frac{४१}{६६०}$ यो०) प्रमाण अन्तर है ॥१३२॥

४४९६३$\frac{२८९}{६६०}$ + ३६$\frac{३३०}{६६०}$ = ४५००२$\frac{४१}{६६०}$ यो० ।

पणदाल-सहस्सा जोयणाणि अडतीस दु-सय-बीसंसा ।
सत्तम-बीहि-ट्ठदं ससि - मयूह - मेरुण विच्चालं ॥१३३॥

४५०३८ । $\frac{२२०}{६६०}$ ।

अर्थ—सातवीं गली को प्राप्त चन्द्र और मेरुके मध्य पैंतालीस हजार अड़तीस योजन और दो सौ बीस भाग—(४५०३८$\frac{२२०}{६६०}$ यो०) प्रमाण अन्तर है ॥१३३॥

४५००२$\frac{४१}{६६०}$ + ३६$\frac{३३०}{६६०}$ = ४५०३८$\frac{२२०}{६६०}$ यो० ।

पणदाल-सहस्सा चउहत्तरि-अहिया कलाओ तिण्णि-सया ।
अवभवदो विच्चालं, छट्ठम - बीही - गदिंदु - मेरुणं ॥१३४॥

४५०७४ । $\frac{३११}{६६०}$ ।

अर्थ—आठवीं गलीको प्राप्त चन्द्र और मेरुके बीच पैंतालीस-हजार चौहत्तर योजन और तीन सौ निन्यानवे कला (४५०७४$\frac{३११}{६६०}$ यो०) प्रमाण अन्तर है ॥१३४॥

४५०३८$\frac{२२०}{६६०}$ + ३६$\frac{३३०}{६६०}$ = ४५०७४$\frac{३११}{६६०}$ यो० ।

पणदाल-सहस्सा सयमेक्कारस-जोयणाणि कलाओ छच्चं ।
इगिसट्ठा विच्चालं, णवम - पहे चंद - मेरुणं ॥१३५॥

४५१११ । $\frac{६१}{६६०}$ ।

अर्थ—नौवें पथमें चन्द्र और मेरुके मध्यमें पैंतालीस हजार एक सौ ग्यारह योजन और एक सौ इकसठ कला (४५१११$\frac{६१}{६६०}$ यो०) प्रमाण अन्तराल है ॥१३५॥

४५०७४$\frac{३११}{६६०}$ + ३६$\frac{३३०}{६६०}$ = ४५१११$\frac{६१}{६६०}$ यो० ।

पणवाल-सहस्सा सय, सत्तत्तालं कलाओ तिण्णि तहा।
तीस - जुदा बसय-पहे, बिच्चं हिमकिरण - मेरुच्चं ॥१३६॥

४५१४७ । $\frac{३३०}{६१}$ ।

अर्थ—दसवें पथमें स्थित चन्द्र और मेरुका अन्तराल पैंतालीस हजार एक सौ सैंतालीस योजन और तीन सौ तीस कला (४५१४७$\frac{३३०}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१३६॥

४५१११$\frac{१२३}{६१}$ + ३६$\frac{३३०}{६१}$ = ४५१४७$\frac{३३०}{६१}$ यो० ।

पणवाल-सहस्साणि, चुलसीदी जोयणाणि एक्क-सयं ।
बासीदि-कला बिच्चं, एक्करस - पहम्मि एवाणं ॥१३७॥

४५१८४ । $\frac{८२}{६१}$ ।

अर्थ—ग्यारहवें पथमें इन दोनोंका अन्तर पैंतालीस हजार एक सौ चौरासी योजन और बयासी कला (४५१८४$\frac{८२}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१३७॥

४५१४७$\frac{३३०}{६१}$ + ३६$\frac{३३०}{६१}$ = ४५१८४$\frac{८२}{६१}$ यो० ।

पणवाल-सहस्साणि, दोसुत्तर-दो-सयाणि जोयणया ।
इगिसट्ठि-हु-सय-भागा, बारसम - पहम्मि तं बिच्चं ॥१३८॥

४५२२० । $\frac{२२१}{६१}$ ।

अर्थ—बारहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ बीस योजन और दो सौ इकसठ भाग (४५२२०$\frac{२२१}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१३८॥

४५१८४$\frac{८२}{६१}$ + ३६$\frac{३३०}{६१}$ = ४५२२०$\frac{२२१}{६१}$ यो० ।

पणवाल-सहस्साणि, बेण्णि सया ओयणाणि सगवण्णा ।
तेरस - कलाओ तेरस - पहम्मि एदाण बिच्चालं ॥१३९॥

४५२५७ । $\frac{१३}{६१}$ ।

अर्थ—तेरहवें पथमें इन दोनोंका अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ सत्तावन योजन और तेरह कला (४५२५७$\frac{१३}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१३९॥

४५२२०$\frac{२२१}{६१}$ + ३६$\frac{३३०}{६१}$ = ४५२५७$\frac{१३}{६१}$ यो० ।

पणवाल-सहस्सा बे, सयाणि ते-अडवि जोयणा अहिया ।
अट्ठोल-हु-सय-भागा, चोद्दसम - पहम्मि तं बिच्चं ॥१४०॥

४५२९३ । $\frac{१९३}{६१}$ ।

अर्थ—चौदहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार दो सौ तेरानवे योजन और आठ कम दो सौ भाग अधिक अर्थात् (४५२९३$\frac{१९३}{६१}$ यो०) है ॥

४५२५७$\frac{१३}{६१}$ + ३६$\frac{३३०}{६१}$ = ४५२९३$\frac{१९३}{६१}$ यो० ।

पणदाल-सहस्साणि, तिण्णि सया ओयणाणि उणतीसं ।
इगिहत्तरि-सि-सय-कला, पण्णरस-पहम्मि तं बिम्बं ॥१४१॥

४५३२९ ।

अर्थ—पन्द्रहवें पथमें वह अन्तराल पैंतालीस हजार तीन सौ उनतीस योजन और तीन सौ इकहत्तर कला (४५३२९$\frac{३७१}{६२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१४१॥

विशेषार्थ—४५२९३$\frac{४३}{६२५}$ + ३६$\frac{३२८}{६२५}$ = ४५३२९$\frac{३७१}{६२५}$ योजन ।

यह ४५३२९$\frac{३७१}{६२५}$ योजन (१८१३१९४७५$\frac{३७१}{६२५}$ मील) मेरु पर्वतसे बाह्य वीथी में स्थित चन्द्र का अन्तर है ।

बाहिर-पहादु ससिणो, आदिम-वीहीए आगमण-काले ।
पुव्वप-मेलिद-खेत्तं, [1]फेलसु आ चोद्दसादि-पदम-पहं ॥१४२॥

अर्थ—बाह्य (पन्द्रहवें) पथसे चन्द्रके प्रथम वीथीको और आगमनकालमें पहिले मिलाए हुए क्षेत्र (३६$\frac{३२८}{६२५}$ यो०) को उत्तरोत्तर कम करते जानेसे चौदहवीं गलीको आदि लेकर प्रथम गली तकका अन्तराल प्रमाण आता है ॥१४२॥

प्रथम वीथीमें स्थित दोनों चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर—

सट्ठि-जुदं ति-सयाणि, सोहेज्जसु जंबुदीव-वासम्मि ।
जं सेसं आबाहं, अब्भंतर - मंडलेंदूणं ॥१४३॥

णवणउदि-सहस्साणि, छस्सय-चालीस-ओयणाणि पि ।
चंदाणं विच्चालं अब्भंतर - मंडल - ठिदाणं ॥१४४॥

९९६४० ।

अर्थ—जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ योजन कम कर देनेपर जो शेष रहे उतना अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित दोनों चन्द्रोंके आबाधा अर्थात् अन्तरालका प्रमाण है । अर्थात् अभ्यन्तर मण्डलमें स्थित दोनों चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार छह सौ चालीस (९९६४०) योजन प्रमाण है ॥१४३-१४४॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका व्यास एक लाख योजन है । जम्बूद्वीपके दोनों पार्श्वभागोंमें चन्द्रमाके चार क्षेत्रका प्रमाण (१८० × २) = ३६० योजन है । इसे जम्बूद्वीपके व्यासमेंसे घटा देने पर (१००००० — ३६० =) ९९६४० योजन शेष बचते हैं । यही ९९६४० योजन प्रथम वीथीमें स्थित दोनों चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर है ।

---

१. द. फेलसु ।

चन्द्रोंकी अन्तराल वृद्धिका प्रमाण—

ससहर-पह-सूचि-वड्ढी, दोहिं गुणिदाए होदि अं लद्धं ।
सा आवाधा - वड्ढी, पडिमग्गं चंद - चंदाणं ॥१४५॥

७२ । $\frac{३५}{६१}$ ।

अर्थ—चन्द्रकी पथ-सूची वृद्धिका जो (३६$\frac{३५}{६१}$ यो०) प्रमाण है, उसे दो से गुणा करने पर जो (३६$\frac{३५}{६१}$ × २=७२$\frac{७०}{६१}$ यो०) लब्ध प्राप्त हो उतना प्रत्येक गलीमें दोनों चन्द्रोंके परस्पर एक दूसरेके बीचमें रहने वाले अन्तरालकी वृद्धिका प्रमाण होता है ॥१४५॥

प्रत्येक पथमें दोनों चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर—

बारस-जुद-सत्त-सया, णवणउदि-सहस्स जोयणाणं पि ।
अडवण्णा ति-सय-कला, बिदिय - पहे चंद - चंदस्स ॥१४६॥

९९७१२ । $\frac{३५४}{६१}$ ।

अर्थ—द्वितीय पथमें एक चन्द्र से दूसरे चन्द्रका अन्तराल निन्यानवे हजार सात सौ बारह योजन और तीन सौ अट्ठावन कला (९९७१२$\frac{३५४}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१४६॥

विशेषार्थ—॥गा १४३ में प्रथम वीथी स्थित दोनों चन्द्रोंके अन्तरका प्रमाण ९९६४० योजन कहा गया है। इसमें अन्तरालवृद्धिका (७२$\frac{७०}{६१}$ यो०) प्रमाण जोड़ देनेपर द्वितीय वीथी स्थित दोनों चन्द्रोंका अन्तराल प्रमाण (९९६४०+७२$\frac{७०}{६१}$=) ९९७१२$\frac{३५४}{६१}$ योजन प्राप्त होता है। अन्य वीथियोंका अन्तराल भी इसी प्रकार निकाला गया है।

णवसयउदि-सहस्साणि, सत्त-सया जोयणाणि पणसीदी ।
उणगउवी - दु - सय - कला, तदिए बिच्चं ससंकसूरं ॥१४७॥

९९७८५ । $\frac{२९९}{६१}$ ।

अर्थ—तृतीय पथमें चन्द्रोंका (पारस्परिक) अन्तराल निन्यानवे हजार सात सौ पचासी योजन और दो सौ बीस कला (९९७८५$\frac{२९९}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१४७॥

९९७१२$\frac{३५४}{६१}$+७२$\frac{७०}{६१}$=९९७८५$\frac{२९९}{६१}$ यो० ।

णवणउदि-सहस्साणि, अट्ठ-सया जोयणाणि अडवण्णा ।
बोसुत्तर-दु-सय-कला, ससोय - बिच्चं तुरिम - मग्गे ॥१४८॥

९९८५८ । $\frac{२३८}{६१}$ ।

अर्थ—चतुर्थ मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार आठ सौ अट्ठावन योजन और दो सौ बीस कला (९९८५८$\frac{२२०}{२२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१४८॥

९९७८५$\frac{३१५}{२२५}$ + ७२$\frac{५}{२२५}$ = ९९८५८$\frac{२२०}{२२५}$ यो० ।

णवणउदि-सहस्सा-णव-सयाणि इगितीस जोयणाणं पि ।
इगि-सय-इगि-सत्तरि-कला, विच्चालं पंचम - पहम्मि ॥१४९॥

९९९३१ । $\frac{१७१}{२२५}$ ।

अर्थ—पाँचवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल निन्यानवे हजार नौ सौ इकतीस योजन और एक सौ इकहत्तर कला (९९९३१$\frac{१७१}{२२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१४९॥

९९८५८$\frac{२२०}{२२५}$ + ७२$\frac{५}{२२५}$ = ९९९३१$\frac{१७५}{२२५}$ यो० ।

एक्कं जोयण-लक्खं, चउ-अब्भहियं हवेदि सविसेसं ।
बासीदि - कला - छेदे, पहम्मि छंदाण विच्चालं ॥१५०॥

१००००४ । $\frac{८३}{२२५}$ ।

अर्थ—छठे पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख चार योजन और बयासी कला (१००००४$\frac{८३}{२२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१५०॥

९९९३१$\frac{१७५}{२२५}$ + ७२$\frac{५}{२२५}$ = ९९९३१$\frac{१७९}{२२५}$ यो० ।

सत्तत्तरि-संजुत्तं, जोयण - लक्खं च तेरस कलाओ ।
सत्तम - मग्गे दोण्हं, पुसारकिरणाण विच्चालं ॥१५१॥

१०००७७ । $\frac{१३}{२२५}$ ।

अर्थ—सातवें मार्गमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख सतत्तर योजन और तेरह कला (१०००७७$\frac{१३}{२२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१५१॥

१००००४$\frac{८३}{२२५}$ + ७२$\frac{१४२}{२२५}$ = १०००७७$\frac{२२५}{२२५}$ यो० ।

उणवण्ण-सहेक्क-सयं, जोयण-लक्खं कलाओ तिण्णि-सया ।
एक्कत्तरी सलोणं, अट्ठम - मग्गम्मि विच्चालं ॥१५२॥

१००१४९ । $\frac{३७१}{२२५}$ ।

अर्थ—आठवें मार्गमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख एक सौ उनचास योजन और तीन सौ इकहत्तर कला (१००१४९$\frac{३७१}{२२५}$ यो०) प्रमाण है ॥१५२॥

१०००७७$\frac{१३}{२२५}$ + ७२$\frac{१५८}{२२५}$ = १००१४९$\frac{३७१}{२२५}$ यो० ।

एक्कं जोयण-लक्खं, बावीस-जुदाणि दोण्णि य सयाणि ।
दो-उत्तर-ति-सय-कला, अवण - पहे ताण विच्चालं ॥११३॥

१००२२२ । $\frac{३२३}{३६०}$ ।

अर्थ—नौवें मार्गमें उन चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ बाईस योजन और तीन सौ दो कला (१००२२२$\frac{३२३}{३६०}$ यो०) प्रमाण है ॥११३॥

१००१४९$\frac{३३३}{३६०}$ + ७२$\frac{३२६}{३६०}$ = १००२२२$\frac{३२९}{३६०}$ यो० ।

एक्कं जोयण-लक्खं, पंचाणउदि-जुदाणि दोण्णि य सयाणि ।
बे - सय - तेत्तीस - कला, विच्चं दसमम्मि इंदूणं ॥११४॥

१००२९५ । $\frac{२३३}{३६०}$ ।

अर्थ—दसवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख दो सौ पंचानवे योजन और दो सौ तैंतीस कला (१००२९५$\frac{२३३}{३६०}$ यो०) प्रमाण है ॥११४॥

१००२२२$\frac{३२३}{३६०}$ + ७२$\frac{३२६}{३६०}$ = १००२९५$\frac{२३९}{३६०}$ यो० है ।

एक्कं जोयण-लक्खं, अट्ठा-सट्ठी-जुदा य तिण्णि सया ।
छउ-सट्ठि-सय-कलाओ, एक्करस-पहम्मि तं विच्चं ॥११५॥

१००३६८ । $\frac{१६४}{३६०}$ ।

अर्थ—ग्यारहवें मार्गमें यह अन्तराल एक लाख तीन सौ अड़सठ योजन और एक सौ चौंसठ कला—(१००३६८$\frac{१६४}{३६०}$ यो०) प्रमाण है ॥

१००२९५$\frac{२३३}{३६०}$ + ७२$\frac{३२६}{३६०}$ = १००३६८$\frac{१६४}{३६०}$ यो० ।

एक्कं लक्खं छउ-सय, इगिदाला जोयणाणि अहिरेगे ।
पणवण्णदि - कला सत्ते, बारसमे अंतरं ताणं ॥११६॥

१००४४१ । $\frac{१९५}{३६०}$ ।

अर्थ—बारहवें मार्गमें उन चन्द्रोंका अन्तर एक लाख चार सौ इकतालीस योजन पंचानवे कला (१००४४१$\frac{१९५}{३६०}$ यो०) प्रमाण है ॥११६॥

१००३६८$\frac{१६४}{३६०}$ + ७२$\frac{३२६}{३६०}$ = १००४४१$\frac{१९५}{३६०}$ यो० ।

छउलक्ख-दुग-पंच-सया, जोयण-लक्खं कलाओ छत्तीसं ।
तेरस - पहम्मि जोहूं, विच्चालं सिसिरकिरणाणं ॥११७॥

१००५१४ । $\frac{३५}{३६०}$ ।

अर्थ—तेरहवें पथमें दोनों चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पाँच सौ चौदह योजन और छत्तीस कला (१००५१४$\frac{३६}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१५७॥

१००४४१$\frac{३६}{६१}$ + ७२$\frac{३६}{६१}$ = १००५१४$\frac{३६}{६१}$ यो० ।

सक्कं पंच-सयाणि, [1]छासीदी जोयणा कला ति-सया ।
बउसीदी चोद्दसमे, पहम्मि दिव्वं सिवकराणं[2] ॥१५८॥

१००५८६ । $\frac{३}{६१}$ ।

अर्थ—चौदहवें पथमें चन्द्रोंका अन्तराल एक लाख पाँच सौ छयासी योजन और तीन सौ चौरासी कला (१००५८६$\frac{३८४}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१५८॥

१००५१४$\frac{३६}{६१}$ + ७२$\frac{३६}{६१}$ = १००५८६$\frac{३८४}{६१}$ यो० ।

सक्कं छक्क सयाणि, उसट्ठी जोयणा कला ति-सया ।
पण्णरस - बुदा मग्गे, पण्णरसं अंतरं ताणं ॥१५९॥

१००६५९ । $\frac{३१५}{६१}$ ।

अर्थ –पन्द्रहवें मार्गमें उनका अन्तर एक लाख छह सौ उनसठ योजन और तीन सौ पन्द्रह कला (१००६५९$\frac{३१५}{६१}$ यो०) प्रमाण है ॥१५९॥

१००५८६$\frac{३८४}{६१}$ + ७२$\frac{३६}{६१}$ = १००६५९$\frac{३१५}{६१}$ यो० ।

बाहिर-पहादु-ससिणो, आविम-मग्गम्मि आयमण-काले ।
पुव्वप-सेसिद-खेत्तं, सोहेदु का चोद्दसावि-पहम-पहं ॥१६०॥

अर्थ—चन्द्रके बाह्य पथसे प्रथम पथकी ओर आते समय पूर्वमें मिलाए हुए क्षेत्रको उत्तरोत्तर कम करने पर चौदहवें पथसे प्रथम पथ तक दोनों चन्द्रोंका अन्तराल प्रमाण होता है ॥१६०॥

चन्द्रपथकी अभ्यन्तर वीथीकी परिधिका प्रमाण—

तिय-जोयण-लक्खाणि, पण्णरस-सहस्सयाणि उक्कस्सं ।
अब्भंतर - वीहीए, परिरय - रासिस्स परिसंखा ॥१६१॥

३१५०८९ ।

अर्थ—अभ्यन्तर वीथीके परिरय अर्थात् परिधिकी राशिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार नवासी (३१५०८९) योजन है ॥१६१॥

---

१. ब. उक्कट्ठी । २. ब. अ. क. ज. सीयकराणं ।

विशेषार्थ :- गाथा १२१ में मेरु पर्वतसे चन्द्रकी अभ्यन्तर वीथीका जो अन्तर प्रमाण ४४८२० योजन कहा गया है वह एक पार्श्वभागका है। दोनों पार्श्वभागोंका अन्तर अर्थात् चन्द्रकी अभ्यन्तर वीथीका व्यास और सुमेरुका मूल विस्तार [(४४८२० × २) + १००००] = ९९६४० योजन है। इसकी परिधिका प्रमाण $\sqrt{९९६४०^2 \times १०} = ३१५०८९$ योजन प्राप्त हुआ। जो शेष बचे वे छोड़ दिये गये हैं।

परिधिके प्रक्षेपका प्रमाण—

सेसाणं वीहीणं, परिही-परिमाण-जाणण-निमित्तं[1]।
परिहि[2] खेवं भणिमो, गुरुवदेसानुसारेणं ॥१६२॥

अर्थ :—शेष वीथियोंके परिधि-प्रमाणको जाननेके लिए गुरुके उपदेशानुसार परिधिका प्रक्षेप कहते हैं ॥१६२॥

चंद - पह - सूइ-वड्ढी - दुगुणं काऊण वग्गिदूणं च।
दस - गुणिदे जं मूलं, [3]परिहि खेवो स लाद्धव्वो ॥१६३॥

७२ । $\frac{३१५}{४८०}$ ।

अर्थ—चन्द्रपथोंकी सूची-वृद्धिको दुगुना करके उसका वर्ग करनेपर जो राशि उत्पन्न हो उसे दससे गुणा करके वर्गमूल निकालनेपर प्राप्त राशिके प्रमाण परिधिप्रक्षेप जानना चाहिए ॥१६३॥

तीसुत्तर-बे-सय-जोयणाणि तेवाल - चुद्द - सयभंसा।
हारो चत्तारि सया, सत्ताबीसेहि अब्भहिया ॥१६४॥

२३० । $\frac{१४३}{४२७}$ ।

अर्थ—प्रक्षेपकका प्रमाण दो सौ तीस योजन और एक योजनके चार सौ सत्ताईस भागोंमेंसे एक सौ तेंतालीस भाग अधिक (२३०$\frac{१४३}{४२७}$ यो०) है ॥१६४॥

विशेषार्थ—चन्द्रपथ सूची-वृद्धिके प्रमाणका दूना (३६$\frac{१५}{४८०}$ × २) = $\frac{१७३५}{४८०}$ यो० होता है, अतः $\sqrt{(\frac{१७३५}{४८०})^2 \times १०} = \frac{५९२१}{४८०}$ योजन प्राप्त हुए और ५३४३१ अवशेष बचे जो छोड़ दिए गये हैं। इसप्रकार $\frac{५९२१}{४८०}$ = २३०$\frac{१४३}{४२७}$ योजन परिधि प्रक्षेप का प्रमाण प्राप्त हुआ।

चन्द्रकी द्वितीय आदि पथोंकी परिधियोंका प्रमाण—

तिय-जोयण-सयछक्कं, पण्णरस-सहस्स-ति-सय-उणवीसा।
तेदाल - चुद्द - सयभंसा, विदिय - पहे परिहि - परिमाणं ॥१६५॥

३१५३१९ । $\frac{१४३}{४२७}$ ।

---

१. द. ब. चमित्तं। २. द. ब. परिहिखेवं। ३. द. ब. क. ज. परिक्खेवो।

अर्थ—द्वितीय पथमें परिधिका प्रमाण तीन लाख पन्द्रह हजार तीन सौ उन्नीस योजन और एक सौ तैंतालीस भाग (३१५३१९$\frac{१४३}{३५५}$ यो०) प्रमाण है ॥१६५॥

विशेषार्थ—गाथा १६१ में प्रथम पथ की परिधिका प्रमाण ३१५०८९ योजन कहा गया है। इसमें परिधि प्रक्षेपका प्रमाण मिला देनेपर (३१५०८९+२३०$\frac{१४३}{३५५}$) = ३१५३१९$\frac{३४३}{३५५}$ यो० द्वितीय पथकी परिधिका प्रमाण होता है। यही प्रक्रिया सर्वत्र जाननी चाहिए।

उणवण्णा पंच-सया, पण्णरस-सहस्स जोयण-ति-लक्खा।
छासीदी दु-सय-कला, सा परिही तदिय - वीहीए ॥१६६॥

३१५५४९ । $\frac{३४३}{३५५}$ ।

अर्थ—तृतीय वीथीकी वह परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार पांच सौ उनंचास योजन और दो सौ छयासी भाग-प्रमाण है ॥१६६॥

३१५३१९$\frac{३४३}{३५५}$ + २३०$\frac{१४३}{३५५}$ = ३१५५४९$\frac{३४३}{३५५}$ यो० है।

सीदी सत्त-सयाणि, पण्णरस-सहस्स जोयण-ति-लक्खा।
दोण्हि कलाओ परिही, चंदस्स चउत्थ - वीहीए ॥१६७॥

३१५७८० । $\frac{२}{५}$ ।

अर्थ- चन्द्रकी चतुर्थ वीथीकी परिधि तीन लाख पन्द्रह हजार सात सौ अस्सी योजन और दो कला है ॥१६७॥

३१५४९$\frac{३४३}{३५५}$ + २३०$\frac{१४३}{३५५}$ = ३१५७८०$\frac{२}{५}$ यो० ।

तिय-जोयण-लक्खाणि, बहुत्तरा तह य सोलस-सहस्सा।
पणदाल - जुद - सयंसा, सा परिही पंचम - पहम्मि ॥१६८॥

३१६०१० । $\frac{१४३}{३५५}$ ।

अर्थ—पांचवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दस योजन और एक सौ पैंतालीस भाग है ॥१६८॥

३१५७८०$\frac{२}{५}$ + २३०$\frac{१४३}{३५५}$ = ३१६०१०$\frac{१४३}{३५५}$ यो० ।

चालीस दु-सय सोलस-सहस्स तिय-लक्ख जोयणा अंसा।
अट्ठासीदी दु - सया, छक्क - पहे होदि सा परिही ॥१६९॥

३१६२४० । $\frac{३४३}{३५५}$ ।

अर्थ—छठे पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ चालीस योजन और दो सौ अठासी भाग प्रमाण है ॥१६९॥

३१६०१०$\frac{१४९}{३३}$ + २३०$\frac{१४३}{३३}$ = ३१६२४०$\frac{३६६}{३३}$ यो० ।

सोलस-सहस्स छउ-सय, एक्कत्तरि-अहिय-जोयण ति-लक्खा ।
चत्तारि कला सत्तम - पहम्मि परिही ससंकस्स ॥१७०॥

३१६४७१ । $\frac{४}{७}$ ।

अर्थ—चन्द्रके सातवें पथमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार चार सौ इकहत्तर योजन और चार कला अधिक है ॥१७०॥

३१६२४०$\frac{१४९}{३३}$ + २३०$\frac{१४३}{३३}$ = ३१६४७१$\frac{४}{७}$ यो० ।

सोलस-सहस्स सग-सय, एक्कभहिया य जोयण-ति-लक्खा ।
इक्कसयं सगतीसा, भागा अट्ठम - पहे परिही ॥१७१॥

३१६७०१ । $\frac{१४९}{३३}$ ।

अर्थ—आठवें पथमें उस परिधिका प्रमाण तीन लाख सोलह हजार सात सौ एक योजन और एक सौ सैंतालीस भाग अधिक है ॥१७१॥

३१६४७१$\frac{४}{७}$ + २३०$\frac{१४३}{३३}$ = ३१६७०१$\frac{१४७}{३३}$ यो० ।

सोलस-सहस्स-णव-सय-एक्कतीसादिरित्त-तिय-लक्खा ।
णवमी-बुध-बु-सय-कला, ससिस्स परिही णवम - मग्गे ॥१७२॥

३१६९३१ । $\frac{२}{३३}$ ।

अर्थ—चन्द्रके नौवें मार्गमें वह परिधि तीन लाख सोलह हजार नौ सौ इकतीस योजन और दो सौ बत्तीस कला प्रमाण है ॥१७२॥

३१६७०१$\frac{१४७}{३३}$ + २३०$\frac{१४३}{३३}$ = ३१६९३१$\frac{२}{३३}$ यो० ।

बासट्ठि-जुत्त-इगि-सय-[1]सत्तरस-सहस्स जोयण ति-लक्खा ।
छ च्चिय कलाओ परिही, हिमंसुणो दसम - वीहीए ॥१७३॥

३१७१६२ । $\frac{६}{७}$ ।

---

१. ब. क. ज. सत्तर ।

अर्थ—चन्द्रकी दसवीं वीथीकी परिधि तीन लाख सत्तरह हजार एक सौ बासठ योजन और छह कला प्रमाण है ॥१७३॥

३१६९३१$\frac{३३०}{३६३}$ + २३०$\frac{१४३}{३६३}$ = ३१७१६२$\frac{४}{६}$ यो० ।

तिय-जोयण-लक्खाणि, सत्तरस[1]-सहस्स-ति-सय-बाणउदी ।
उणवण्ण - जुद - सयंसा, परिही एक्कारस - पहम्मि ॥१७४॥

३१७३९२ । $\frac{१५१}{३६३}$ ।

अर्थ—ग्यारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार तीन सौ बानवें योजन और एक सौ उनंचास भाग प्रमाण है ॥१७४॥

३१७१६२$\frac{४}{६}$ + २३०$\frac{१४३}{३६३}$ = ३१७३९२$\frac{५४}{६६}$ यो० ।

बावीसुत्तर-छस्सय, [1]सत्तरस-सहस्स-जोयण-ति-सक्खा ।
अट्ठोणिय-ति-सय-कला बारसम - पहम्मि सा परिही ॥१७५॥

३१७६२२ । $\frac{३१३}{३६३}$ ।

अर्थ—बारहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार छह सौ बाईस योजन और आठ कम तीन सौ अर्थात् दो सौ बानवें कला प्रमाण है ॥१७५॥

३१७३९२$\frac{५४}{६६}$ + २३०$\frac{१४३}{३६३}$ = ३१७६२२$\frac{३१३}{३६३}$ यो० ।

तेवण्णुत्तर-अड-सय-सत्तरस[2]-सहस्स-जोयण-ति-सक्खा ।
अट्ठ-कलाओ परिही, तेरसम - पहम्मि सिद - रुचिणो ॥१७६॥

३१७८५३ । $\frac{८}{३६३}$ ।

अर्थ—चन्द्रके तेरहवें पथमें वह परिधि तीन लाख सत्तरह हजार आठ सौ तिरेपन योजन और आठ कला प्रमाण है ॥१७६॥

३१७६२२$\frac{३१३}{३६३}$ + २३०$\frac{१४३}{३६३}$ = ३१७८५३$\frac{८}{६}$ यो० ।

तिय-जोयण-लक्खाणि, अट्ठरस-सहस्सयाणि तेसीदी ।
इगिवण्ण-जुद-सयंसा, चोद्दसम - पहे इमा परिही ॥१७७॥

३१८०८३ । $\frac{१५१}{३६३}$ ।

---

१. ब. ब. क. ज. सत्ता । २. द. ब. सत्तर । ३. द. ब. सत्तर ।

अर्थ—चौदहवें पथमें वह परिधि तीन लाख अठारह हजार तेरासी योजन और एक सौ इक्यावन भाग प्रमाण है ॥१७७॥

३१७८५३$\frac{१५१}{१७६}$ + २३०$\frac{३}{१७६}$ = ३१८०८३$\frac{१५४}{१७६}$ यो० ।

तिय-ओयण-लक्खाणि, अट्ठरस-सहस्स-ति-सय-तेरसघा ।
बे-सय-चउणउदि-कला, बाहिर - मग्गम्मि सा परिही ॥१७८॥

३१८३१३ । $\frac{३९४}{५}$ ।

अर्थ—बाह्य (पन्द्रहवें) मार्गमें वह परिधि तीन लाख अठारह हजार तीन सौ तेरह योजन और दो सौ चौरानवे कला प्रमाण है ॥१७८॥

३१८०८३$\frac{१५१}{१७६}$ + २३०$\frac{१४९}{१७६}$ = ३१८३१३$\frac{३९४}{५}$ यो० ।

समानकालमें असमान परिधियोंके परिभ्रमण कर सकनेका कारण—

चंदपुरा सिग्घगदी, णिग्गच्छंता हवंति पविसंता ।
मंदगदी असमाणा, परिहीओ भमंति सरिस-कालेसं ॥१७९॥

अर्थ—चन्द्र विमान बाहर निकलते हुए (बाह्यमार्गोंकी ओर आते समय) शीघ्र-गतिवाले और (अभ्यन्तर मार्गकी ओर) प्रवेश करते हुए मन्दगतिवाले होते हैं, इसलिए वे समान कालमें ही असमान परिधियोंका भ्रमण करते हैं ॥१७९॥

चन्द्रके नगनखण्ड एवं उनका अतिक्रमण-काल—

एक्कं चेव य लक्खं, णवय सहस्साणि अट्ठ-सयाणं पि ।
परिहीणं हिमंसुणो, ते कादव्वा णयणखंडा ॥१८०॥

। १०९८०० ।

अर्थ—उन परिधियोंमें दो चन्द्रोंके कुल नयनखण्ड एक लाख नौ हजार आठ सौ (१०९८००) प्रमाण हैं ॥१८०॥

चन्द्रके वीथी-परिभ्रमणका काल—

गच्छदि [1]मुहुत्तमेक्के, अडसट्ठि-जुद-सत्तरस-सयाणि ।
णभ-खंडाणि ससिणो, तम्मि हिदे सव्व-णयण-खंडाणि ॥१८१॥

१७६८ ।

---

१. ब. मुहुत्तमेत्तमेक्के ।

बासट्ठि - मुहुत्ताणि, भागा तेवीस तस्स हाराइं ।
इगिवीसाहिय बिसयं, लद्धं तं गयण - खंडाणो ॥१८२॥

६२ । $\frac{२३}{२२१}$ ।[1]

अर्थ—चन्द्र एक मुहूर्तमें एक हजार सात सौ अड़सठ गगनखण्डों पर जाता है। इसलिए इस राशिका समस्त गगनखण्डोंमें भाग देने पर उन गगनखण्डोंको पार करने का प्रमाण बासठ मुहूर्त और तेईस भाग प्राप्त होता है। इस तेईस अंशका भागहार दो सौ इक्कीस है ॥१८१-१८२॥

विशेषार्थ :- एक परिधि को दो चन्द्र पूरा करते हैं। दोनों चन्द्र सम्बन्धी सम्पूर्ण गगनखण्ड १०९८०० हैं। दोनों चन्द्र एक मुहूर्त में १७६८ गगनखण्डों पर भ्रमण करते हैं, अतः १०९८०० गगनखण्डोंका भ्रमणकाल प्राप्त करने हेतु सम्पूर्ण गगनखण्डोंमें १७६८ का भाग देनेपर (१०९८००÷१७६८) = ६२$\frac{२३}{२२१}$ मुहूर्त प्राप्त होते हैं।

चन्द्रके वीथी-परिभ्रमणका काल—

अब्भंतर-वीहीदो, बाहिर-पेरंत दीहिल ससि-बिंबा ।
कमसो परिभमंते, बासट्ठि - मुहुत्तएहि अहिएहि ॥१८३॥

६२ ।

अदिरेयस्स पमाणं, अंसा तेवीसया मुहुत्तस्स ।
हारो दोण्णि सयाणि, जुत्ताणि एक्कवीसेणं ॥१८४॥

$\frac{२३}{२२१}$ ।

अर्थ—दोनों चन्द्रबिम्ब क्रमशः अभ्यन्तर वीथीसे बाह्य-वीथी पर्यन्त बासठ मुहूर्तसे कुछ अधिक कालमें परिभ्रमण (पूरा) करते हैं। इस अधिकता का प्रमाण एक मुहूर्तके तेईस भाग और दो सौ इक्कीस हार रूप अर्थात् $\frac{२३}{२२१}$ मुहूर्त है ॥१८३-१८४॥

प्रत्येक वीथीमें चन्द्रके एक मुहूर्त-परिमित गमनक्षेत्रका प्रमाण—

सम्मेलिय बासट्ठिं, इच्छिय - परिहीए भागमवहरिदं ।
तस्सि तस्सि ससिणो, एक्क - मुहुत्तम्मि गदिमाणं ॥१८५॥

$\frac{१३७२३}{२२१}$ । ३१५०८९ । १ ।

अर्थ—समच्छेदरूपसे बासठको मिलाकर उसका इच्छित परिधिमें भाग देनेपर उस-उस वीथीमें चन्द्रका एक मुहूर्तमें गमन प्रमाण आता है ॥१८५॥

---

१. ब. ब. ६२/२३ ।

विशेषार्थ—६२$\frac{३१}{१८३}$ मुहूर्तों को समच्छेद विधानसे मिलाने पर अर्थात् मिश्र तोड़नेपर $\frac{११४५}{१८३}$ मुहूर्त होते हैं। इसका चन्द्रकी प्रथम वीथीकी परिधिके प्रमाणमें भाग देनेपर—

$\left(३१५०८७ \div \frac{११४५}{१८३}\right) = ५०७३\frac{३३३३}{११४५}$ योजन अर्थात् २०२९४२५६$\frac{६६}{११४५}$ मील प्राप्त होते हैं।

चन्द्रका यह गमन क्षेत्र एक मुहूर्त अर्थात् ४८ मिनिट का है। इसी गमन क्षेत्र में ४८ का भाग देने से चन्द्र का एक मिनिट का गमन क्षेत्र $(२०२९४२५६\frac{६६}{११४५} \div ४८) = ४२२७९७$$\frac{६६}{५४९६०}$ मील होता है। अर्थात् प्रथम मार्गमें स्थित चन्द्र एक मिनिटमें ४२२७९७$\frac{११}{९१६०}$ मील गमन करता है।

पंच-सहस्सं अहिया, तेहत्तरि-जोयणाणि तिय-कोसा।
लद्धं[1] मुहुत्त - गमणं, पढम - पहे सोयकिरणस्स ॥१८६॥

५०७३। को ३।

अर्थ—प्रथम पथमें चन्द्रके एक मुहूर्त (४८ मिनिट) के गमन क्षेत्रका प्रमाण पाँच हजार तिहत्तर योजन और तीन कोस प्राप्त होता है ॥१८६॥

विशेषार्थ—चन्द्रका प्रथम वीथीका गमनक्षेत्र गाथामें जो ५०७३ यो० और ३ कोस कहा गया है। वह स्थूलतासे कहा है। यथार्थ में इसका प्रमाण [$३१५०८७ \div \frac{११४५}{१८३}$] ५०७३ योजन, २ कोस, ५१३ धनुष, ३ हाथ और कुछ अधिक ५ अंगुल है।

सत्तत्तरि सविसेसा, पंच-सहस्साणि जोयणा कोसा।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, चंदस्स बुइज्ज - वीहीए ॥१८७॥

५०७७। को १।

अर्थ—द्वितीय वीथीमें चन्द्रका मुहूर्तकाल-परिमित गमनक्षेत्र पाँच हजार सत्तत्तर (५०७७) योजन और एक कोस प्राप्त होता है ॥१८७॥

विशेषार्थ—द्वितीय वीथीमें चन्द्रका एक मुहूर्तका गमनक्षेत्र [$३१५३१९\frac{३३}{१८३} \div \frac{११४५}{१८३}$] ५०७७ योजन, १ कोस, १८४ धनुष, २ हाथ और कुछ कम १३ अंगुल प्रमाण है।

जोयण-पंच-सहस्सा, सोदी-जुत्ता य तिण्णि कोसाणि।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, चंदस्स तदज्ज - वीहीए ॥१८८॥

५०८०। को ३।

अर्थ—तृतीय वीथीमें चन्द्रका मुहूर्त-परिमित गमनक्षेत्र पाँच हजार अस्सी (५०८०) योजन और तीन कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१८८॥

---

१. ब. ज. लद्धं।

विशेषार्थ—तृतीय पथमें चन्द्रका एक मुहूर्तका गमन क्षेत्र [$३१५४४९\frac{३}{६१}\div\frac{३१}{६१}$] ५०८० योजन, ३ कोस, १८५४ धनुष, ३ हाथ और कुछ अधिक १० अंगुल प्रमाण है ॥

पंच-सहस्सा जोयण, चुलसीदी तह य बुवेहिया-कोसा ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, चंदस्स चउत्थ - मग्गम्मि ॥१८९॥

५०८४ । को २ ।

अर्थ—चतुर्थ मार्गमें चन्द्रका मुहूर्त-परिमित गमन पांच हजार चौरासी (५०८४) योजन तथा दो कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१८९॥

विशेषार्थ—चतुर्थ पथमें चन्द्रका एक मुहूर्तका गमनक्षेत्र [$३१५७८०\frac{३}{६१}\div\frac{३१}{६१}$] ५०८४ योजन, २ कोस, १५२६ धनुष, १ हाथ और कुछ अधिक ३ अंगुल है ।

अट्ठासीदी अहिया, पंच-सहस्सा य जोयणा कोसो ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, पंचम - मग्गे मियंकस्स ॥१९०॥

५०८८ । को १ ।

अर्थ—पांचवें मार्गमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार अठासी (५०८८) योजन और एक कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९०॥

विशेषार्थ—पांचवें मार्गमें चन्द्रका एक मुहूर्तका गमनक्षेत्र [$३१६०१०\frac{३}{६१}\div\frac{३१}{६१}$] ५०८८ योजन, १ कोस, ११९७ धनुष, ० हाथ और कुछ अधिक १० अंगुल प्रमाण प्राप्त होता है ।

बाणउदि-उत्तराणि, पंच-सहस्साणि जोयणाणि च ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं हिमंसुणो छट्ठ - मग्गम्मि ॥१९१॥

५०९२ ।

अर्थ—छठे मार्गमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार बानवें (५०९२) योजन प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९१॥

विशेषार्थ—छठे मार्गमें गमन क्षेत्रका प्रमाण [$३१६२४०\frac{३}{६१}\div\frac{३१}{६१}$] ५०९२ योजन, ० कोस, ३ हाथ और कुछ अधिक १८ अंगुल है ।

पंचेव सहस्साइं, पंचाणउदी जोयणा ति-कोसा य ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, सोमंसुणो सत्तम - पहम्मि ॥१९२॥

५०९५ । को ३ ।

अर्थ—सातवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार पंचानवें योजन और तीन कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९२॥

विशेषार्थ—सातवें पथमें चन्द्रका एक मुहूर्तका गमन क्षेत्र [$३१६४७१\frac{५}{६१}\div\frac{३१}{६१}$] ५०९५ योजन, ३ कोस, ५३८ धनुष, ३ हाथ और कुछ अधिक १ अंगुल है ॥

पण-संख-सहस्साणि, णवणउदी जोयणा दुवे कोसा ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, अट्ठम - मग्गे [1]हिमरहिस्स ॥१९३॥

५०९९ । को २ ।

अर्थ—आठवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त गमन पाँच हजार निन्यानबे योजन और दो कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९३॥

विशेषार्थ—आठवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्त में [३१६७०$\frac{१३१}{२१९}$ ÷ $\frac{३१}{२१९}$] ५०९९ योजन, २ कोस, २०९ धनुष, २ हाथ और कुछ कम ९ अंगुल गमन करता है ।

पंचेव सहस्साणि, ति-उत्तरं जोयणाणि एक्क-सट्ठं ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, णवम - पहे तुहिणरासिस्स ॥१९४॥

। ५१०३ ।

अर्थ—नौवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पाँच हजार एक सौ तीन योजन प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९४॥

विशेषार्थ—नौवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्त (४८ मिनिट) में [३१६९३१$\frac{३१}{२१९}$ ÷ $\frac{३१}{२१९}$] ५१०३ योजन, ० कोस, १८८० धनुष, १ हाथ और कुछ अधिक १६ अंगुल गमन करता है ।

पंच-सहस्सा छाहियमेक्क-सयं जोयणा ति-कोसा य ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, दसम - पहे हिमगयूखस्स ॥१९५॥

५१०६ । को ३ ।

अर्थ—दसवें पथमें चन्द्रमाका मुहूर्त-गमन पाँच हजार एक सौ छह योजन और तीन कोस प्रमाण पाया जाता है ॥१९५॥

विशेषार्थ—दसवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१७१६२$\frac{१}{२}$० ÷ $\frac{३१}{२१९}$] ५१०६ योजन, ३ कोस, १५२१ धनुष और कुछ कम १ हाथ गमन करता है ।

पंच-सहस्सा वस-जुद-एक्क-सया जोयणा दुवे कोसा ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, एक्करस - पहे ससंकस्स ॥१९६॥

५११० । को २ ।

अर्थ—ग्यारहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पाँच हजार एक सौ दस योजन और दो कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९६॥

---

१. ब. हिमरहिस्स, म हिमरहिमिस ।

विशेषार्थ—ग्यारहवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१७३९२$\frac{३१}{६६}$÷$\frac{३१}{३३}$] ५११० योजन, २ कोस, १२२२ धनुष, ० हाथ और कुछ कम ७ अंगुल प्रमाण गमन करता है।

जोयण-पंच-सहस्सा, एक्क-सयं चोद्दसुत्तरं कोसो ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, बारसम - पहे सिदंसुस्स ॥१९७॥

५११४ । को १ ।

अर्थ—बारहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार एक सौ चौदह योजन और एक कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९७॥

विशेषार्थ—बारहवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१७६२२$\frac{३३}{६६}$÷$\frac{३१}{३३}$] ५११४ योजन, १ कोस, ८९२ धनुष, ३ हाथ और कुछ अधिक १४ अंगुल प्रमाण गमन करता है ॥

अट्ठारसुत्तर - सयं, पंच - सहस्साणि जोयणाणि च ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, तेरस - मग्गे हिमंसुस्स ॥१९८॥

५११८ ।

अर्थ—तेरहवें मार्गमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार एक सौ अठारह योजन प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९८॥

विशेषार्थ—तेरहवें पथमें चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१७८५३९$\frac{६३}{६६}$÷$\frac{३१}{३३}$] ५११८ योजन, ० कोस, ५६३ धनुष, २ हाथ और कुछ अधिक २१ अंगुल प्रमाण गमन करता है।

पंच-सहस्सा इगिसय-मिगिवीस-जुदं च जोयणं ति-कोसा ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, चोद्दसम - पहम्मि चंदस्स ॥१९९॥

५१२१ । को ३ ।

अर्थ—चौदहवें पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन क्षेत्र पांच हजार एक सौ इक्कीस योजन और तीन कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥१९९॥

विशेषार्थ—चौदहवें मार्ग में चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१८०८३$\frac{३३}{६६}$÷$\frac{३१}{३३}$] ५१२१ योजन, ३ कोस, २३४ धनुष, २ हाथ और कुछ अधिक ४ अंगुल प्रमाण गमन करता है।

पंच-सहस्सेक्क-सया, पणुवीसं जोयणा दुवे कोसा ।
लद्धं मुहुत्त - गमणं, सोलसुत्तो बाहिर - पहम्मि ॥२००॥

५१२५ । को २ ।

अर्थ—बाह्य पथमें चन्द्रका मुहूर्त-गमन पांच हजार एक सौ पच्चीस योजन और दो कोस प्रमाण प्राप्त होता है ॥२००॥

विशेषार्थ—बाह्य (पन्द्रहवें) मार्गमें चन्द्र एक मुहूर्तमें [३१८३१३$\frac{३३}{६६}$÷$\frac{३१}{३३}$] ५१२५ योजन, १ कोस, १८९१ धनुष, २ हाथ और कुछ कम २२ अंगुल प्रमाण गमन करता है।

चन्द्रके अन्तर-प्रमाण आदिका विवरण—

वीथी संख्या	प्रत्येक वीथीमें		चन्द्रकी प्रत्येक वीथीकी परिधि का प्रमाण (योजनोंमें)	प्रत्येक वीथीमें चन्द्रका एक मुहूर्त (४८ मिनिट) का गमन-क्षेत्र				
	मेरुसे चन्द्रका अन्तर (योजनोंमें)	चन्द्रका चन्द्रसे अन्तर (योजनोंमें)		योजन	कोस	धनुष	हाथ	अंगुल
१.	४४८२० यो०	२१६४० यो०	३१५०८९ यो०	५०७३	२	५१३	३	कुछ अ० ५
२.	४४८५६$\frac{१५}{६१}$,,	९९७१२$\frac{३५}{६१}$,,	३१४३१९$\frac{३५}{६१}$,,	५०७७	१	१८४	२	कुछ कम १२
३.	४४८९२$\frac{३०}{६१}$,,	९९७८५$\frac{३०}{६१}$,,	३१५४४९$\frac{३०}{६१}$,,	५०८०	३	१८५४	३	कुछ अ. १०
४.	४४९२९$\frac{३०}{६१}$,,	९९८५८$\frac{३०}{६१}$,,	३१५७८०$\frac{३०}{६१}$,,	५०८४	२	१५२३	१	कु० अ० ३
५.	४४९६५$\frac{३०}{६१}$,,	९९९३१$\frac{३०}{६१}$,,	३१६०१०$\frac{३०}{६१}$,,	५०८८	१	११९७	०	कु० अ० १०
६.	४५००२$\frac{३०}{६१}$,,	१०००४$\frac{३०}{६१}$,,	३१६२८०$\frac{३०}{६१}$,,	५०९२	०	०	३	कु० अ० १८
७.	४५०२८$\frac{३०}{६१}$,,	१०००७$\frac{३०}{६१}$,,	३१६४७१$\frac{३०}{६१}$,,	५०९५	३	५३८	३	कु० अ० १
८.	४५०७४$\frac{३०}{६१}$,,	१००१४९$\frac{३०}{६१}$,,	३१६७०१$\frac{३०}{६१}$,,	५०९९	२	२०९	२	कुछ कम ९
९.	४५११$\frac{३०}{६१}$,,	१००२२६$\frac{३०}{६१}$,,	३१६९३१$\frac{३०}{६१}$,,	५१०३	०	१८८०	१	कु० अ० १६
१०.	४५१४७$\frac{३०}{६१}$,,	१००२९५$\frac{३०}{६१}$,,	३१७१६२$\frac{३०}{६१}$,,	५१०६	३	१५५१	१	कु० कम ०
११.	४५१८४$\frac{३०}{६१}$,,	१००३६८$\frac{३०}{६१}$,,	३१७३९२$\frac{३०}{६१}$,,	५११०	२	१२२२	०	कु० कम ७
१२.	४५२२०$\frac{३०}{६१}$,,	१००४४१$\frac{३०}{६१}$,,	३१७६२२$\frac{३०}{६१}$,,	५११४	१	८९२	३	कु. अ. १४
१३.	४५२५७$\frac{३०}{६१}$,,	१००५१४$\frac{३०}{६१}$,,	३१७८५३$\frac{३०}{६१}$,,	५११८	०	५६३	२	कु. अ. २१
१४.	४५२९३$\frac{३०}{६१}$,,	१००५८६$\frac{३०}{६१}$,,	३१८०८३$\frac{३०}{६१}$,,	५१२१	३	२३४	२	कु. अ. ४
१५.	४५३२९$\frac{३०}{६१}$,,	१००६५९$\frac{३०}{६१}$,,	३१८३१३$\frac{३०}{६१}$,,	५१२५	१	१८९१	२	कु० कम २०

राहु विमानका वर्णन—

ससहर-णयर-तलादो, चत्तारि पमाण-अंगुलाणं पि ।
हेट्ठा गच्छिय होंति हु, राहु विमाणस्स धयदंडा ॥२०१॥

अर्थ—चन्द्रके नगरतलसे चार प्रमाणांगुल नीचे जाकर राहु-विमानके ध्वज-दण्ड होते हैं ॥२०१॥

विशेषार्थ—एक प्रमाणांगुल ५०० उत्सेधांगुलों के बराबर होता है। (ति० प० प्रथम अ० गाथा १०७-१०८ के) इस नियमके अनुसार ४ प्रमाणांगुलोंके धनुष आदि बनाने पर ($\frac{४\times५००}{४\times२४}$) = २० धनुष, ३ हाथ और ८ अंगुल प्राप्त होते हैं। चन्द्र-विमान तलसे राहु विमान का ध्वज दण्ड २० धनुष, ३ हाथ और ८ अंगुल नीचे है।

ते राहुस्स विमाणा, अंजणवण्णा अरिट्ठ-रयणमया ।
किंचूणं जोयणयं, विक्खंभ - जुदा तदद्ध - बहलत्तं ॥२०२॥

अर्थ—अरिष्ट रत्नोंसे निर्मित अंजनवर्णवाले राहुके वे विमान कुछ कम एक योजन प्रमाण विस्तारसे संयुक्त और विस्तारसे अर्ध बाहल्यवाले हैं ॥२०२॥

पण्णासाहिय-दु-सया, कोदंडा राहु-णयर-बहलत्तं ।
एवं लोय - विणिच्छय - कत्तारिओ परूवेंति ॥२०३॥

पाठान्तर ।

अर्थ—राहु-नगरका बाहल्य दो सौ पचास धनुष-प्रमाण है; ऐसा लोकविनिश्चय-कर्ता आचार्य प्ररूपण करते हैं ॥२०३॥

पाठान्तर ।

चउ-गोउर-जुत्तेसु य, जिणमंदिर-मंडिदेसु णयरेसुं ।
तेसुं बहु - परिवारा, राहू णामेण होंति सुरा ॥२०४॥

अर्थ—चार गोपुरोंसे संयुक्त और जिनमन्दिरोंसे सुशोभित उन नगरोंमें बहुत परिवार सहित राहु नामक देव होते हैं ॥२०४॥

राहुओंके भेद—

राहूण पुर-तलाणं, दु-वियप्पाणि हवंति गमणाणि ।
दिण-पव्व-वियप्पेहिं, दिणराहू ससि-सरिच्छ-गई ॥२०५॥

अर्थ—दिन और पर्वके भेदसे राहुओंके पुरतलोंके गमन दो प्रकार होते हैं। इनमेंसे दिन-राहुकी गति चन्द्रके सदृश होती है ॥२०५॥

पूर्णिमाकी पहिचान—

जस्सिं मग्गे ससहर-बिंबं दिसेदि य सेसु परिपुण्णं ।
सो होदि पुण्णिमवक्खो, दिवसो इह माणुसे लोए ॥२०६॥

अर्थ—उनमेंसे जिस मार्गमें चन्द्र-बिम्ब परिपूर्ण दिखता है, यहाँ मनुष्य लोकमें वह पूर्णिमा नामक दिवस होता है ॥२०६॥

कृष्ण-पक्ष होनेका कारण—

तव्वीहीदो संघिय, वीवस्स भारुद-हुदास-दिसाहो ।
तदणंतर - वीहीए, एंति हु दिणराहु-ससि-बिंबा ॥२०७॥

अर्थ—उस (अभ्यन्तर) वीथीको लांघकर दिनराहु और चन्द्र-बिम्ब जम्बूद्वीपकी वायव्य और आग्नेय दिशासे तदनन्तर (द्वितीय) वीथीमें आते हैं ॥२०७॥

ताधे ससहर-मंडल-सोलस-भागेसु एक्क - भागंसो ।
आवरमाणो दीसदि, राहू - संघण - विसेसेणं ॥२०८॥

अर्थ—द्वितीय वीथीको प्राप्त होनेपर राहुके गमन विशेषसे चन्द्रमण्डलके सोलह भागोंमेंसे एक भाग आच्छादित दिखता है ॥२०८॥

अणल-दिसाए संघिय, ससिबिंबं एवि वीहि-अद्धंसो ।
सेसद्धं खु ण गच्छदि, अवर-ससि-भमिद-हेदूदो ॥२०९॥

अर्थ—पश्चात् चन्द्रबिम्ब आग्नेय दिशासे लांघकर वीथीके अर्ध भागमें जाता है, द्वितीय चन्द्रसे भ्रमित होनेके कारण शेष अर्ध-भागमें नहीं जाता है (क्योंकि दो चन्द्र मिलकर एक परिधि को पूरा करते हैं) ॥२०९॥

तदणंतर-मग्गाइं, णिच्चं लंघंति राहु-ससि-बिंबा ।
पवणग्गि - दिसाहिंतो, एवं सेसासु वीहीसुं ॥२१०॥

अर्थ—इसीप्रकार शेष वीथियोंमें भी राहु और चन्द्रबिम्ब वायव्य एवं आग्नेय दिशासे नित्य तदनन्तर मार्गोंको लांघते हैं ॥२१०॥

ससि-बिंबस्स दिणं पडि, एक्केक्क-पहम्मि भागमेक्केक्कं ।
पच्छादेदि हु राहू, पण्णरस - कलाउ परियंतं ॥२११॥

अर्थ—राहु प्रतिदिन एक-एक पथमें पन्द्रह कला पर्यन्त चन्द्र-बिम्बके एक-एक भागको आच्छादित करता है ॥२११॥

अमावस्याकी पहिचान—

इय एक्केक्क-कलाए, आवरिदाए दु राहु - बिंबेणं ।
चंदेक्क-कला मग्गे, जस्सि दिस्सेदि सो य अमवस्सा ॥२१२॥

अर्थ—इसप्रकार राहु-बिम्बके द्वारा एक-एक करके कलाओंके आच्छादित हो जानेपर जिस मार्गमें चन्द्रकी एक ही कला दिखती है वह अमावस्या दिवस होता है ॥२१२॥

चान्द्र-दिवसका प्रमाण—

एक्कत्तीस - मुहुत्ता, अविरेगो चंद-वासर-पमाणं ।
तेवीसंसा हारो, चउ - सय - बादाल - भेत्ता य ॥२१३॥

३१ । $\frac{२३}{४४२}$ ।

अर्थ—चान्द्र दिवसका प्रमाण इकतीस मुहूर्त और एक मुहूर्त के चार सौ बयालीस भागों-मेंसे तेईस भाग अधिक है ॥२१३॥

विशेषार्थ—चन्द्रकी अभ्यन्तर वीथीकी परिधि ३१५०८९ योजन है, जिसे दो चन्द्र ६२$\frac{३३}{४४}$ मुहूर्तमें पूर्ण करते हैं अतः एक चन्द्रका दिवस प्रमाण (६२$\frac{३३}{४४}$ ÷ २ =) ३१$\frac{२३}{४४}$ मुहूर्त होता है।

अथवा

एक चन्द्रके कुल गगनखण्ड ५४९०० हैं और चन्द्र एक मुहूर्तमें १७६८ गगनखण्डोंपर भ्रमण करता है अतः सम्पूर्ण गगनखण्डोंपर भ्रमण करनेमें उसे (५४९०० ÷ १७६८ =) ३१$\frac{२३}{४४}$ मुहूर्त लगेंगे। यही उसका दिवस प्रमाण है।

१५ दिन पर्यन्त चन्द्र कलाकी प्रतिदिनकी हानिका प्रमाण—

पडिवाए वासरादो, वीहिं पडि ससहरस्स सो राहू ।
एक्केक्क - कलं मुंचदि, पुण्णिमयं जाव संघट्टो ॥२१४॥

अर्थ—वह राहु प्रतिपद् दिनसे एक-एक वीथीमें गमन विशेष द्वारा पूर्णिमा पर्यन्त चन्द्रकी एक-एक कला को छोड़ता है ॥२१४॥

विशेषार्थ—चन्द्र विमानका विस्तार $\frac{५६}{६१}$ योजन है और उसके भाग १६ हैं, अतः जब १६ भागोंका विस्तार $\frac{५६}{६१}$ यो० है तब एक भागका विस्तार ($\frac{५६}{६१}$ ÷ १६ =) $\frac{१}{६१}$ योजन होता है अर्थात् राहु प्रतिदिन प्रत्येक परिधिमें $\frac{१}{६१}$ यो० (२२९$\frac{१}{२}$ मील) व्यास वाली एक-एक कला को छोड़ता है।

मतान्तरसे कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष होनेके कारण—

अहवा ससहर-बिंबं, पण्णरस-दिणाइ तस्सहावेणं ।
कसणाभं सुक्लाभं, तेत्तियमेत्ताणि परिणमदि ॥२१५॥

अर्थ—अथवा, चन्द्र-बिम्ब अपने स्वभावसे ही पन्द्रह दिनोंतक कृष्ण कान्ति स्वरूप और इतने ही दिनों तक शुक्ल कान्ति स्वरूप परिणमता है ॥२१५॥

चन्द्र ग्रहणका कारण एवं काल—

पुह पुह ससि-बिंबाणि, छम्मासेसु च पुण्णिमंतम्मि ।
छादंति पव्व - राहू, णियमेणं गदि - विसेसेहिं ॥२१६॥

अर्थ – पर्व-राहु नियमसे गति-विशेषके कारण छह मासोंमें पूर्णिमाके अन्तमें पृथक्-पृथक् चन्द्र-बिम्बोंको आच्छादित करते हैं ॥२१६॥

विशेषार्थ—कुछ कम एक योजन विस्तारवाले राहु विमान चन्द्र विमानसे चार प्रमाणांगुल (२० धनुष, ३ हाथ और ८ अंगुल) नीचे हैं। इनमेंसे पर्वराहु अपनी गति विशेषके कारण पूर्णिमाके अन्तमें जो चन्द्र विमानोंको आच्छादित करते हैं तब चन्द्र ग्रहण होता है।

सूर्यकी संचार भूमि का प्रमाण एवं अवस्थान—

जंबूदीवम्मि दुवे, दिवायरा तास एक्क - चारमही ।
रविबिंबादहिय-पण-सय-बहुत्त रा जोयणाणि तव्वासो ॥२१७॥

५१० । $\frac{४७}{६१}$ ।

अर्थ—जम्बूद्वीपमें दो सूर्य हैं। उनकी चार-पृथिवी एक ही है। इस चार-पृथिवीका विस्तार सूर्य बिम्बके विस्तार ($\frac{४७}{६१}$ यो०) से अधिक पांच सौ दस (५१०$\frac{४७}{६१}$) योजन प्रमाण है ॥२१७॥

सोदी - जुगमेक्क - सयं, जंबूदीवे चरंति मत्तंडा ।
तीसुत्तर-ति-सयाणि, दिणयर-बिंबादियाणि लवणम्मि ॥२१८॥

१८० । ३३० । $\frac{४७}{६१}$ ।

अर्थ—सूर्य एक सौ अस्सी (१८०) योजन जम्बूद्वीपमें और दिनकर बिम्ब (के विस्तार $\frac{४७}{६१}$ यो०) से अधिक तीनसौ तीस (३३०) योजन लवणसमुद्रमें गमन करते हैं ॥२१८॥

सूर्य-वीथियोंका प्रमाण, विस्तार आदि और अन्तरालका वर्णन—

चउसीदी-अहिय-सयं, दिणयर-मग्गाओ[1] होंति एदाणं।
बिंब - समाणा वासा, एक्केक्काणं तदद्ध - बहलत्तं ॥२१९॥

१८४ । $\frac{३९}{४८१}$ । $\frac{३५}{४८१}$ ।

अर्थ—सूर्यकी गलियां एक सौ चौरासी (१८४) हैं। इनमेंसे प्रत्येक गलीका विस्तार बिम्ब-विस्तार सदृश $\frac{३९}{४८१}$ योजन और बाहल्य इससे आधा ($\frac{३५}{४८१}$ योजन) है ॥२१९॥

तेसीदी-अहिय-सयं, दिणेस-वीहीण होदि विच्चालं।
एक्क-पहम्मि चरंते, दोण्णि पि य भाणु-बिंबाणि ॥२२०॥

अर्थ—सूर्यकी (१८४) गलियोंमें एक सौ तेरासी (१८३) अन्तराल होते हैं। दोनों ही सूर्य-बिम्ब एक पथमें गमन करते हैं ॥२२०॥

सूर्यकी प्रथम वीथीका और मेरुके बीच अन्तर-प्रमाण—

सट्ठि-जुदं ति-सयाणि, मंदर-रुंदं च जंबुदीवस्स।
वासे सोहिय अद्धिदे, सूरादिम-पह-सुरट्ठि-विच्चालं ॥२२१॥

३६० । ४४८२० ।

अर्थ—जम्बूद्वीपके विस्तारमेंसे तीन सौ साठ (३६०) योजन और मेरुके विस्तारको घटाकर शेषको आधा करनेपर सूर्यके प्रथम पथ एवं मेरुके मध्यका अन्तरालप्रमाण प्राप्त होता है ॥२२१॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका वि० १००००० यो० — (१८० × २) = ९९६४० यो०। ९९६४० — १०००० मेरु वि० = ८९६४०; ८९६४० ÷ २ = ४४८२० यो० प्रथम पथ और मेरुके बीचका अन्तराल। विशेषके लिए इसी प० की गाथा १२१ का विशेषार्थ द्रष्टव्य है।

सूर्यकी ध्रुव राशिका प्रमाण—

एक्कत्तीस-सहस्सा, एक्क-सयं जोयणाणि अडवण्णा।
इगिसट्ठीए अवहिदे, धुव - रासी होदि दुमणीणं ॥२२२॥

$३११५८\frac{४}{६१}$ ।

अर्थ—इकतीस हजार एक सौ अट्ठावन योजनोंमें इकसठका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना ($३११५८\frac{४}{६१}$ या ५१०$\frac{४}{६१}$ यो०) सूर्योंकी ध्रुवराशिका प्रमाण होता है ॥२२२॥

---

१. ब विवाओ, क. वीहीओ।

सूर्य-पथोंके बीच अन्तरका प्रमाण—

विक्खंभयर - बिंब - हदं, चउसीदीसमहिय - सएणं ।
धुवरासिस्स य मज्झे, सोहेज्जसु तत्थ अवसेसं ॥२२३॥

तेसीदि-धुव-सदेणं, भजिदव्वं तम्मि होदि जं लद्धं ।
वीहिं पडि णादव्वं, तरणीणं लंघण - पमाणं ॥२२४॥

२ ।

अर्थ—ध्रुवराशिमेंसे एक सौ चौरासी (१८४) से गुणित सूर्य-बिम्बका विस्तार घटा देनेपर जो शेष रहे उसमें एक सौ तेरासीका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो, उतना सूर्योंका प्रत्येक वीथीके प्रति लंघनका प्रमाण अर्थात् एक वीथीसे दूसरी वीथीके बीचका अन्तराल जानना चाहिए ॥२२३-२२४॥

विशेषार्थ—ध्रुवराशिका प्रमाण $३१५०८\frac{१२}{१९}$ (५१०$\frac{४}{९}$) योजन, सूर्य-बिम्बका विस्तार $\frac{४८}{६१}$ योजन, सूर्यकी वीथियाँ १८४ और वीथियोंके अन्तराल १८३ हैं। सूर्यकी एक वीथीका विस्तार $\frac{४८}{६१}$ यो० है तब १८४ वीथियोंका विस्तार कितना होगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर $\frac{४८}{६१} \times \frac{१८४}{१} = \frac{८८३२}{६१}$ योजन प्राप्त हुए। इसे ध्रुवराशि (चारक्षेत्र) के प्रमाणमेंसे घटा देनेपर $\left(३१५०८\frac{१२}{१९} - \frac{८८३२}{६१}\right) = ३१५२५\frac{३१}{६१}$ योजन १८४ गलियोंका अन्तराल प्राप्त होता है। १८४ गलियोंके अन्तराल १८३ ही होते हैं अतः सम्पूर्ण गलियोंके अन्तर-प्रमाणमें १८३ का भाग देनेपर एक गलीसे दूसरी गलीके बीचका अन्तर $\left(३१५२५\frac{३१}{६१} \div १८३\right) = २$ योजन प्राप्त होता है।

सूर्यके प्रतिदिन गमनक्षेत्रका प्रमाण—

तम्मेत्तं पह-विक्खं, तं मायं दोण्णि जोयणा होंति ।
तस्सि रवि - बिंब - जुदे, पह - सूचीओ दिणेसस्स ॥२२५॥

$२\frac{१७}{६१}$ ।[१]

अर्थ—प्रत्येक वीथीके उतने अन्तरालका प्रमाण दो योजन है। जिसमें सूर्यबिम्बका विस्तार ($\frac{४८}{६१}$ यो०) मिला देनेपर सूर्यके पथ-सूचीका प्रमाण $२\frac{४८}{६१}$ योजन अथवा $\frac{१७०}{६१}$ योजन होता है अर्थात् सूर्यको प्रतिदिन एक गली पार कर दूसरी गलीमें प्रवेश करने तक $२\frac{४८}{६१}$ योजन प्रमाण गमन करना पड़ता है ॥२२५॥

---

१. ति. प. ४. ४६३ ।

मेरुसे बीथियोंका अन्तर प्राप्त करनेका विधान—

पढम-पहादो रविणो, बाहिर-मग्गम्मि गमण-कालम्मि ।
पडि - मग्ग - मेलियं खिव - विच्चालं मंदरक्कंतं ॥२२६॥

अर्थ—सूर्यके प्रथम पथसे (द्वितीयादि) बाह्य बीथियोंकी ओर जाते समय प्रत्येक मार्ग में इतना ($\frac{१}{६२}$ यो०) मिलाते जाने पर मेरु और सूर्यके बीचका अन्तर प्राप्त होता है ॥२२६॥

अथवा—

रूऊणं इट्ठ - पहं, पह-सूचि-चएण गुणिय मेलज्जं ।
तवणाबिंब-पह-मंदर-विच्चाले होदि इट्ठ - विच्चालं ॥२२७॥

अथवा, एक कम इष्ट पथको पथसूची चयसे गुणा करके प्राप्त प्रमाणको सूर्यके आदि (प्रथम) पथ और मेरुके बीच जो अन्तराल है उसमें मिला देनेपर इष्ट अन्तरालका प्रमाण होता है ॥२२७॥

विशेषार्थ—यथा – मेरुसे पाँचवें पथका अन्तराल प्राप्त करनेके लिए—

अर्थ—अवरूप आदिक नौ स्थानोंमें पूर्वोक्त रत्नसंचय पुरादिक नौ स्थानोंके सदृश ही पूर्व रात्रि एवं अपराह्णकाल होते हैं ॥४४५॥

भरत-ऐरावतमें मध्याह्न होनेपर विदेहमें रात्रिका प्रमाण—

किंचूण-छम्मुहुत्ता, रत्ती जा पुंडरिगिणी - णयरे ।
तह होदि वीदसोके, भरहेरावद-खिदीसु मज्झण्णे ॥४४६॥

अर्थ—भरत और ऐरावत क्षेत्रमें मध्याह्न होनेपर जिसप्रकार पुण्डरीकिणी नगरमें कुछ कम छह मुहूर्त रात्रि होती है, उसीप्रकार वीतशोका नगरीमें भी कुछ कम छह मुहूर्त प्रमाण रात्रि होती है ॥४४६॥

नीलपर्वत पर सूर्यका उदय अस्त—

ताहे णिसह-गिरिंदे, उदयत्थमणाणि होंति भाणुस्स ।
णील - गिरिंदेसु तहा, एक्क - खणे दोसु पासेसुं ॥४४७॥

अर्थ—उससमय जिसप्रकार निषधपर्वत पर सूर्यका उदय एवं अस्तगमन होता है, उसीप्रकार एक ही क्षणमें नील-पर्वतके ऊपर भी दोनों पार्श्वभागोंमें (द्वितीय) सूर्यका उदय एवं अस्तगमन होता है ॥४४७॥

भरत-ऐरावत क्षेत्र स्थित चक्रवर्तियों द्वारा अदृश्यमान सूर्यका प्रमाण—

पंच-सहस्सा [तह] पण-सयाणि चउहत्तरी य अहिरेगो ।
तेत्तीस - बे - सयंसा, हारो सोदी - जुदा ति-सया ॥४४८॥

५५७४ ३३३/३२० ।

एत्तियमेत्ताहु परं उवरिं णिसहस्स पढम - मग्गम्मि ।
भरहक्खेत्ते चक्की, दिणयर - बिंबं ण देक्खंति ॥४४९॥

अर्थ—भरतक्षेत्रमें चक्रवर्ती पाँच हजार पाँच सौ चौहत्तर योजन और एक योजनके तीन सौ अस्सी भागोंमेंसे दो सौ तेंतीस भाग अधिक, इतने (५५७४३३३/३२० यो०) से आगे निषधपर्वतके ऊपर प्रथम मार्गमें सूर्य-बिम्बको नहीं देखते हैं ॥४४८-४४९॥

उवरिम्मि णीलगिरिणो, ते परिमाणादु पढम-मग्गम्मि ।
एरावदम्मि चक्की, इदर - दिणेसं ण देक्खंति ॥४५०॥

अर्थ—ऐरावतक्षेत्रमें स्थित चक्रवर्ती नीलपर्वतके ऊपर इस प्रमाण (५३०४$\frac{33}{61}$ यो०) से अधिक-दूर प्रथम मार्ग स्थित दूसरे सूर्यको नहीं देखते हैं ॥४५०॥

दोनों सूर्योंके प्रथम मार्गसे द्वितीयमार्गमें प्रविष्ट होनेकी दिशाएँ—

सिहि-पवण-दिसाहिंतो, जंबूदीवस्स दोण्णि रवि-बिंबा ।
दो जोयणाणि पुह-पुह, आदिम-मग्गादु बिदिय-पहे ॥४५१॥

अर्थ— जम्बूद्वीपके दोनों सूर्य-बिम्ब आग्नेय तथा वायव्य दिशासे पृथक्-पृथक् दो-दो योजन लांघकर प्रथम मार्गसे द्वितीय मार्ग (पथ) में प्रवेश करते हैं ॥४५१॥

सूर्यके प्रथम और बाह्य मार्गमें स्थित रहते दिन-रात्रिका प्रमाण—

लंघंता[1] आणाणं, भरहेरावद - खिदीसु पविसंति ।
ताधो पुव्वुत्ताइं, रत्ती - दिवसाणि जायंते ॥४५२॥

अर्थ—जिस समय दोनों सूर्य प्रथममार्गमें प्रवेश करते हुए क्रमशः भरत और ऐरावत क्षेत्र में प्रविष्ट होते हैं, उसी समय पूर्वोक्त (१८ मुहूर्तका दिन और १२ मुहूर्तकी रात्रि) दिन-रात्रियाँ होती हैं ॥४५२॥

एवं सव्व - पहेसुं, उदयत्थमयाणि ताणि णादूणं ।
पडि-वीहिं दिवस-णिसा, बाहिर-[2]मग्गंतमाणेज्जं ॥४५३॥

अर्थ—इसप्रकार सर्व पथोंमें उदय एवं अस्तगमनोंको जानकर सूर्यके बाह्य मार्गमें स्थित प्रत्येक वीथीमें दिन और रात्रिका प्रमाण ज्ञात कर लेना चाहिए ॥४५३॥

सव्व-परिहीसु बाहिर-मग्ग-ठिदे दिवहणाह-बिंबम्मि ।
बिण - रत्तीओ बारस, अट्ठरस - मुहुत्तमेत्ताओ ॥४५४॥

अर्थ—सूर्य-बिम्बके बाह्य पथमें स्थित होनेपर सर्व परिधियोंमें बारह मुहूर्त प्रमाण दिन और अठारह मुहूर्त प्रमाण रात्रि होती है ॥४५४॥

---

१ द. संघंतकाले । २ द. ब. मग्गत्थमाणेज्ज ।

बाहिर-पहादु आदिम-पहम्मि दुमणिस्स आगमण-काले ।
पुव्वुत्त - दिण - णिसाओ, हवंति अहियाओ ऊणाओ ॥४५५॥

अर्थ—सूर्यके बाह्य पथसे आदि पथकी ओर आते समय पूर्वोक्त दिन एवं रात्रि क्रमशः उत्तरोत्तर अधिक और कम अर्थात् उत्तरोत्तर दिन अधिक तथा रात्रि कम होती है ॥४५५॥

सूर्यके उदय-स्थानोंका निरूपण—

मत्तंड-दिण-गदीए, एक्कं चिय लब्भदे उदय-ठाणं ।
एवं दीवे वेदी - लवणसमुद्देसु आणेज्ज ॥४५६॥

$\frac{१}{१८४}$ । १ । १७६ । $\frac{१}{१८४}$ । १ । ४ । $\frac{१}{१८४}$ । १ । $\frac{१}{१८४}$ ।

अर्थ—सूर्यकी दिनगतिमें एक ही उदयस्थान लब्ध होता है। इसप्रकार द्वीप, वेदी और लवण समुद्रमें उदय-स्थानोंके प्रमाणको ले आना चाहिए ॥४५६॥

ते दीवे तेसट्ठी, छव्वीसंसा य - सत्त - एक्क-हिया ।
एक्को चिय वेदीए, कलाओ चउहत्तरी होंति ॥४५७॥

६३ । $\frac{३३}{१००}$ । १ । $\frac{७४}{१००}$ ।[1]

अर्थ—वे उदय स्थान एक सौ सत्तरसे भाजित छब्बीस भाग अधिक तिरेसठ (६३$\frac{३३}{१००}$) जम्बूद्वीपमें और चौहत्तरकला अधिक केवल एक (१$\frac{७४}{१००}$) उदयस्थान उसकी वेदीके ऊपर है ॥४५७॥

अट्ठारसुत्तर-सयं, लवणसमुद्दम्मि तेत्तिय-कलाओ ।
एदे मिलिदा उदया, तेसीदि-सयाणि अट्ठतास-कला ॥४५८॥

११८ । $\frac{११८}{१००}$ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें उतनी (११८) ही कलाओंसे अधिक एक सौ अठारह (११८) उदयस्थान हैं। ये सब उदयस्थान मिलकर अड़तालीस कलाओंसे अधिक एक सौ तेरासी (१८३) हैं ॥४५८॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपमें सूर्यके चार क्षेत्रका प्रमाण १८० योजन है। जम्बूद्वीपकी वेदीका व्यास ४ योजन है और लवण-समुद्रके चार क्षेत्रका प्रमाण ३३०$\frac{४८}{६१}$=$\frac{२०१३०}{६१}$ योजन है। सूर्यवीथीका प्रमाण $\frac{४८}{६१}$ योजन है और एक वीथीसे दूसरी वीथीके अन्तरालका प्रमाण २ योजन है। यह २+$\frac{४८}{६१}$ अर्थात् $\frac{१७०}{६१}$ योजन सूर्यके प्रतिदिनका गमनक्षेत्र है।

---

१. ब. २१ । $\frac{४८}{१८४}$ ।, ब. ६३ । $\frac{३३}{१००}$ ।

गाथा ४५६ की संदृष्टिके प्रारम्भमें जो $\frac{१}{१६^{२}}$ । १ । १७६ दिये गये हैं उनका अर्थ यह है—

जबकि $\frac{१}{१६^{२}}$ योजन दिनगतिमें १ उदयस्थान होता है तब वेदिकाके व्याससे रहित जम्बूद्वीपके (१८० — ४) १७६ योजनमें कितने उदय स्थान प्राप्त होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर $\frac{१७६}{१}=\frac{१७६}{१}=१७६$ उदय अंश प्राप्त हुए। जिनकी संदृष्टि गाथा ४५७ के नीचे है। गा० ४५६ की संदृष्टिका दूसरा अंश $\frac{१}{१६^{२}}$ । १ । ४ । है। अर्थात् जबकि $\frac{१}{१६^{२}}$ योजन क्षेत्रमें एक उदय स्थान प्राप्त होता है, तब वेदी-व्यास के ४ योजनोंमें कितने उदय स्थान होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर $\frac{४}{१}=\frac{४}{१}$ अर्थात् $१६^{२}$ उदय अंश प्राप्त होते हैं; जिनकी संदृष्टि भी गाथा ४५७ के नीचे है।

गाथा ४५६ की संदृष्टिका अन्तिम अंश $\frac{१}{१६^{२}}$ । १ । $\frac{३०}{१६^{२}}$ । है। अर्थात् जबकि $\frac{१}{१६^{२}}$ योजन क्षेत्रका १ उदय स्थान है तब लवणसमुद्रके चारक्षेत्र $\frac{३३०}{१६^{२}}$ ($३३०\frac{१६}{१६}$) योजन क्षेत्रमें कितने उदयस्थान होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर $\frac{१\times३३०\times१६}{१६\times१६}=\frac{३०}{१६^{२}}$ अर्थात् $११८\frac{१६}{१६}$ उदय अंश प्राप्त हुए; जिनकी संदृष्टि गाथा ४५८ के नीचे दी गई है।

उपर्युक्त तीनों राशियोंको जोड़नेपर $(६३\frac{१६}{१६}+१\frac{०}{१६}+११८\frac{१६}{१६})=१८२$ उदयस्थान और $\frac{१६}{१६}$ उदय अंश प्राप्त होते हैं। अबकि १ उदय स्थानका $\frac{१}{१६^{२}}$ योजन क्षेत्र होता है तब $\frac{१६}{१६}$ उदय अंशोंका कितना क्षेत्र होगा ? इसप्रकार $(\frac{१\times१६}{१६\times१६})=\frac{१}{१६}$ योजन क्षेत्र प्राप्त होता है। इस क्षेत्रके उदय स्थान निकालने पर $(\frac{१}{१६}\times\frac{१६}{१६}=\frac{१}{१६})$ अर्थात् $१६^{२}$ उदयस्थान प्राप्त होते हैं। इन्हें उपर्युक्त उदय-स्थानोंमें जोड़ देनेपर $(१८२+१६^{२})=१८३\frac{१}{१६}$ अर्थात् ४८ कला अधिक १८३ उदय स्थान प्राप्त होते हैं।

उदय स्थानोंका विशद विवेचन त्रिलोकसार गाथा ३९६ की टीकासे ज्ञातव्य है।

ग्रहोंका निरूपण—

अट्ठासीदि-महाणं, एक्कं चिय होदि एत्थ चारखिदी।
तच्चीगो बीहीओ, पडिवीहिं होंति परिहीओ ॥४५९॥

अर्थ—यहाँ अठासी ग्रहोंका एक ही चारक्षेत्र है, जहाँ प्रत्येक वीथीमें उसके योग्य वीथियाँ और परिधियाँ हैं ॥४५९॥

परिहीसु ते चरंते, तारं कत्तियाजलस्स णिस्सासं।
अण्णं पि पुव्व-भणिदं, काल-वसादो पणट्ठसुत्तएसं ॥४६०॥

गहाणं परूवणा समत्ता।

अर्थ—वे ग्रह इन परिधियोंमें संचार करते हैं। इनका मेरु-पर्वतसे अन्तराल तथा और भी जो पूर्वमें कहा जा चुका है उसका उपदेश कालवश नष्ट हो चुका है ॥४६०॥

ग्रहोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

चन्द्रके पन्द्रह पथोंमेंसे किस-किस पथमें कौन-कौन नक्षत्र संचार करते हैं ?
उनका विवेचन-

ससिणो पण्णरसाणं, वीहीणं ताण होंति मज्झम्मि ।
अट्ठ चिय वीहीओ, अट्ठावीसाण रिक्खाणं ॥४६१॥

अर्थ—चन्द्रकी पन्द्रह गलियोंके मध्यमें अट्ठाईस नक्षत्रोंका आठ ही गलियाँ होती हैं ॥४६१॥

अज अभिजिप्पहुदीणं, साही पुव्वाओ उत्तराओ वि ।
इय बारस रिक्खाणि, चंदस्स चरंति पढम - पहे ॥४६२॥

अर्थ—अभिजित् आदि सात, स्वाति, पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी ये बारह नक्षत्र चन्द्रके प्रथम पथमें संचार करते हैं ॥४६२॥

तदिए पुणव्वसू मघ, सत्तमए रोहणी य चित्ताओ ।
छट्ठम्मि कित्तियाओ, तह य विसाहाओ अट्ठमओ ॥४६३॥

अर्थ—चन्द्रके तृतीय पथमें पुनर्वसु और मघा, सातवेंमें रोहिणी और चित्रा, छठेमें कृत्तिका तथा आठवें पथमें विशाखा नक्षत्र संचार करता है ॥४६३॥


णवमे अणुराहाओ, जेट्ठा एक्कारसम्मि पण्णरसे ।
हत्थो मूलादि - तियं, मिगसिर-दुग-पुस्स-अस्सिलेसा ॥४६४॥

अर्थ—नवमें पथमें अनुराधा, ग्यारहवेंमें ज्येष्ठा तथा पन्द्रहवें मार्गमें हस्त, मूलादि तीन (मूल, पूर्वाषाढ़ा और उत्तराषाढ़ा), मृगशीर्षा, आर्द्रा, पुष्य और आश्लेषा ये आठ नक्षत्र संचार करते हैं ॥४६४॥

विशेषार्थ—चन्द्रकी १५ गलियाँ हैं। उनमेंसे ८ गलियोंमें २८ नक्षत्र संचार करते हैं। यथा—

(१) चन्द्रकी प्रथम वीथीमें-अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती, अश्विनी, भरणी, स्वाति, पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी। (२) तृतीय वीथीमें—

पुनर्वसु और पुष्य। (३) छठी वीथीमें-आश्लेषा। (४) सातवीं वीथीमें—मघा और चित्रा। (५) आठवींमें—विशाखा। (६) नवमींमें अनुराधा। (७) ग्यारहवींमें—ज्येष्ठा तथा (८) पन्द्रहवीं (अन्तिम) वीथीमें—हस्त, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुष्य और आश्लेषा ये आठ नक्षत्र संचार करते हैं। यथा—



प्रत्येक नक्षत्रके ताराओंकी संख्या—

ताराओ कित्तियादिसु, छ-पंच-ति-एक्क-छक्क-तिय-छक्का ।
अउ-बुग-बुग - पंचेक्का, एक्क-अउ-छ-ति-अय-अट्ठक्का य ॥४६५॥

छउ-तिय-तिय-पंचा तह, एक्कारस-बुदं तयं दुग - दुगाणि ।
बत्तीस पंच तिण्णि य, कमेण णिद्दिट्ठ - संखाओ ॥४६६॥

६ । ५ । ३ । १ । ६ । ३ । ६ । ४ । २ । २ । ५ । १ । १ । ४ । ६ । ३ ।
१ । ४ । ४ । ३ । ३ । ५ । १११ । २ । २ । ३२ । ५ । ३ ।

अर्थ—छह, पाँच, तीन, एक, छह, तीन, छह, चार, दो, दो, पाँच, एक, एक, चार, छह, तीन, नौ, चार, चार, तीन, तीन, पाँच, एक सौ ग्यारह, दो, दो, बत्तीस, पाँच और तीन, यह क्रमशः उन कृत्तिकादिक नक्षत्रोंके ताराओंकी संख्या कही गई है ॥४६५-४६६॥

प्रत्येक ताराका आकार—

जोयणय-सयलउड्ढो, कुरंगसिर-दीव-तोरणाणं च ।
आदवधारण - हम्मिय - जोमुत्तं सरजुगाणं च ॥४६७॥

हत्थुप्पल-दीवाणं, अहियरणं हार-वीण-सिंगा य ।
विच्छुय-दुक्कयवावी, केसरि - गयसीस आगारा ॥४६८॥

मुरयं पतंतपक्खी, सेणा गय-पुव्व-अवर-भत्ता य ।
आसा हयसिर-सरिसा, णं चुल्लसी कित्तियादीणं ॥४६९॥

अर्थ—कृत्तिका आदि नक्षत्रों (ताराओं) के आकार क्रमशः १बोजना, २आधोकी उष्ट्रिका, ३हिरणका सिर, ४दीप, ५तोरण, ६आतपधारण (छत्र), ७बल्मीक, ८जोमुत्र, ९सरयुग, १०हस्त, ११अत्पल, १२दीप, १३अधिकरण, १४हार, १५वीणा, १६सींग, १७बिच्छू, १८दुष्कृतवापी, १९सिंहका सिर, २०हाथीका सिर, २१मुरज, २२पतत्पक्षी, २३सेना, २४हाथीका पूर्व शरीर, २५हाथीका अपर शरीर, २६नौका, २७घोड़ेका सिर और २८चूल्हाके सदृश हैं ॥४६७-४६९॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

नक्षत्रोंके नाम, ताराओंकी संख्या एवं आकार—

क्रमांक	नक्षत्र	ताराओंकी संख्या	ताराओंके आकार	क्रमांक	नक्षत्र	ताराओंकी संख्या	ताराओंके आकार
१.	कृत्तिका	६	बीजना सदृश	१५.	अनुराधा	६	बीणा सदृश
२.	रोहिणी	५	गाड़ीकी उद्धिका	१६.	ज्येष्ठा	३	सींग सदृश
३.	मृगशीर्षा	३	हिरणके सिर सदृश	१७.	मूल	६	बिच्छू सदृश
४.	आर्द्रा	१	दीप सदृश	१८.	पूर्वाषाढ़ा	४	दुष्कृत वापी सदृश
५.	पुनर्वसु	६	तोरण सदृश	१९.	उत्तराषाढ़ा	४	सिंहके सिर सदृश
६.	पुष्य	३	छत्र सदृश	२०.	अभिजित्	३	हाथीके सिर सदृश
७.	आश्लेषा	६	वल्मीक (बांबी) ,,	२१.	श्रवण	३	मृदङ्ग (मृदङ्ग) ,,
८.	मघा	४	गोमूत्र सदृश	२२.	धनिष्ठा	५	गिरते हुए पक्षी ,,
९.	पूर्वा फाल्गुनी	२	सरयुग ,,	२३.	शतभिषा	१११	सेना सदृश
१०.	उत्तरा ,,	२	हाथ ,,	२४.	पूर्वाभाद्रपद	२	हाथीके पूर्व शरीर ,,
११.	हस्त	५	उत्पल (नीलकमल) ,,	२५.	उत्तराभाद्रपद	२	हाथीके अपर शरीर ,,
१२.	चित्रा	१	दीप सदृश	२६.	रेवती	३२	नौका सदृश
१३.	स्वाति	१	अधिकरण ,,	२७.	अश्विनी	५	घोड़ेके सिर सदृश
१४.	विशाखा	५	हार ,,	२८.	भरणी	३	चूल्हेके सदृश

कृत्तिका आदि नक्षत्रोंकी परिवार ताराएँ और सकल ताराएँ—

छिय तिय तारा-संखा, छव्वारसं ठाविदूण रिक्खाणं ।
पत्तेक्कं वुच्चिदव्वं, एक्करस - सवेहि एक्करसे ॥४७०॥

१११११ ।

होंति परिवार-तारा, मूलं मिस्साओ सयल-ताराओ ।
तिविहाइं रिक्खाइं, मज्झिम - वर - अवर-भेदेहिं ॥४७१॥

६६६६ । ५५५५ । ३३३३ । ११११ । ६६६६ । ३३३३ । ६६६६ । ४४४४ ।
२२२२ । २२२२ । ५५५५ । ११११ । ११११ । ४४४४ । ६६६६ ।
३३३३ । ९९९९ । ४४४४ । ४४४४ । ३३३३ । ३३३३ ।
५५५५ । १२३३२१ । २२२२ । २२२२ ।
३५५५२ । ५५५५ । ३३३३ ।
६६७२ । ५५६० । ३३३६ । १११२ । ६६७२ । ३३३६ । ६६७२ । ४४४८ ।
२२२४ । २२२४ । ५५६० । १११२ । १११२ । ४४४८ । ६६७२ ।
३३३६ । १०००८ । ४४४८ । ४४४८ । ३३३६ । ३३३६ ।
५५६० । १२३४३२ । २२२४ । २२२४ ।
३५५८४ । ५५६० । ३३३६ ।

अर्थ—अपने-अपने सब ताराओंकी संख्याको रखकर उसे ग्यारह सौ ग्यारह (१११) से गुणा करनेपर प्रत्येक नक्षत्रके परिवार-ताराओंका प्रमाण प्राप्त होता है। इसमें मूल ताराओंका प्रमाण मिला देनेपर समस्त ताराओंका प्रमाण होता है। मध्यम, उत्कृष्ट और जघन्यके भेदसे नक्षत्र तीन प्रकारके होते हैं ॥४७०-४७१॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

ताराओं का प्रमाण—

क्रमांक	नक्षत्र	परिवार ताराओं की संख्या	मूल ताराओं की संख्या	प्रत्येक नक्षत्र की सम्पूर्ण ताराएं	क्रमांक	नक्षत्र	परिवार ताराओं की संख्या	मूल ताराओं की संख्या	प्रत्येक नक्षत्र की सम्पूर्ण ताराएं
१.	कृत्तिका	१११११×६=६६६६+	६=	६६७२	१५.	अनुराधा	१११११×६=६६६६+	६=	६६७२
२.	रोहिणी	१११११×५=५५५५+	५=	५५६०	१६.	ज्येष्ठा	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६
३.	मृग०	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६	१७.	मूल	१११११×९=९९९९+	९=	१०००
४.	आर्द्रा	११११११×१=१११११+	१=	११११२	१८.	पूर्वाषाढा	१११११×४=४४४४+	४=	४४४८
५.	पुनर्वसु	१११११×६=६६६६+	६=	६६७२	१९.	उ० षाढा	१११११×४=४४४४+	४=	४४४८
६.	पुष्य	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६	२०.	अभि०	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६
७.	आश्लेषा	१११११×६=६६६६+	६=	६६७२	२१.	श्रवण	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६
८.	मघा	१११११×४=४४४४+	४=	४४४८	२२.	धनिष्ठा	१११११×५=५५५५+	५=	५५६०
९.	पू० फा०	१११११×२=२२२२+	२=	२२२४	२३.	शतभि०	१११११×१११११= १२३४२१+	१११=	१२३४३२
१०.	उ० फा०	१११११×२=२२२२+	२=	२२२४	२४.	पू० भा०	१११११×२=२२२२+	२=	२२२४
११.	हस्त	१११११×५=५५५५+	५=	५५६०	२५.	उ० भा०	१११११×२=२२२२+	२=	२२२४
१२.	चित्रा	१११११×१=११११+	१=	११११२	२६.	रेवती	१११११×३२=३५५५२+	३२=	३५५८४
१३.	स्वाति	१११११×१=११११+	१=	११११२	२७.	अश्विनी	१११११×५=५५५५+	५=	५५६०
१४.	विशाखा	१११११×४=४४४४+	४=	४४४८	२८.	भरणी	१११११×३=३३३३+	३=	३३३६

जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम नक्षत्रोंके नाम तथा इन तीनोंके गगन-खण्डोंका प्रमाण—

अवराओ जेट्ठद्दा, सदभिस-भरणीओ सादि-असिलेस्सा ।
होंति वराओ पुणव्वसु ति-उत्तरा रोहणि-विसाहाओ ॥४७२॥

सेसाओ मज्झिमाओ, जहण्ण-भे पंच-उत्तर-सहस्सं ।
तं चिय दुगुणं तिगुणं, मज्झिम-वर-भेसु णभ-खण्डा ॥४७३॥

१००५ । २०१० । ३०१५ ।

अर्थ—ज्येष्ठा, आर्द्रा, शतभिषक्, भरणी, स्वाति और आश्लेषा, ये छह जघन्य; पुनर्वसु, तीन उत्तरा (उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा और उत्तरा भाद्रपद), रोहिणी और विशाखा ये उत्कृष्ट; एवं शेष (अश्विनी, कृत्तिका, मृगशीर्षा, पुष्य, मघा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, पूर्वा फा०, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वा भाद्रपद, मूल, श्रवण, धनिष्ठा और रेवती ये) नक्षत्र मध्यम हैं। इनमेंसे (प्रत्येक) जघन्य नक्षत्रके एक हजार पाँच (१००५), (प्रत्येक) मध्यम नक्षत्रके इससे दुगुने (१००५×२= २०१०) और प्रत्येक उत्कृष्ट नक्षत्रके इससे तिगुने (१००५×३ = ३०१५) गगनखण्ड होते हैं ॥४७२-४७३॥

अभिजित् नक्षत्रके गगनखण्ड—

अभिजिस्स छस्सयाणि, तीस-जुदाणि हवंति णभ-खंडा ।
एवं णक्खत्ताणं, सीम - विभागं वियाणेहि ॥४७४॥

६३० ।

अर्थ—अभिजित् नक्षत्रके छह सौ तीस (६३०) गगनखण्ड होते हैं। इसप्रकार नभ-खण्डोंसे इन नक्षत्रोंकी सीमाका विभाग जानना चाहिए ॥४७४॥

एक मुहूर्तके गगनखण्ड—

पत्तेक्कं रिक्खाणि, सव्वाणि मुहुत्तमेत्त - कालेणं ।
संघंति गयणखंडे, पणतीसत्तारस - सयाणि ॥४७५॥

१८३५ ।

अर्थ—(सब नक्षत्रोंमेंसे) प्रत्येक नक्षत्र एक मुहूर्त कालमें अठारह सौ पैंतीस (१८३५) गगनखण्ड साधता है ॥४७५॥

सर्व गगनखण्डोंका प्रमाण और उनका आकार—

दो-ससि-गयखत्ताणं, परिमाणं भणमि गयणखंडेसु ।
लक्खं णव य सहस्सा, अट्ठ - सया काहलायारा ॥४७६॥

अर्थ—दो चन्द्रों सम्बन्धी नक्षत्रोंके गगनखण्डोंका प्रमाण कहता हूँ । ये गगनखण्ड काहला (वाद्यविशेष) के आकारवाले हैं । इनका कुल प्रमाण एक लाख नौ हजार आठ सौ है ॥४७६॥

विशेषार्थ—अवन्य नक्षत्र ६ और प्रत्येकके गगनखण्ड १००५ हैं अतः १००५×६= ६०३० । मध्यम नक्षत्र १५ और प्रत्येक के गगनखण्ड २०१० हैं अतः २०१०×१५=३०१५० । उत्तम नक्षत्र ६ और प्रत्येकके गगनखण्ड ३०१५ हैं अतः ३०१५×६=१८०९० । अभिजित् नक्षत्रके ग० खं० ६३० हैं । इसप्रकार एक चन्द्र सम्बन्धी सर्व गगनखण्ड (६०३०+३०१५०+१८०९०+ ६३०)=५४९०० है । तथा दो चन्द्रों सम्बन्धी सर्व गगनखण्डोंका प्रमाण (५४९००×२) =१०९८०० है ।

सर्व गगनखण्डोंका अतिक्रमण काल—

रिक्खाण मुहुत्त-गदी, होदि पमाणं फलं मुहुत्तं च ।
इच्छा णिस्सेसाइं, मिलिदाइं गयणखंडाणि ॥४७७॥

१८३५ । १०९८००० ।

तेरासियम्मि लद्धं, णिय णिय परिहीसु सो भमण-कालो ।
तम्माणं उणसट्ठी, होंति मुहुत्ताणि अदिरेगो ॥४७८॥

५९ ।

अदिरेगस्स पमाणं, तिण्णि सयाणि हवंति सत्त-कला ।
तिसएहि सत्तसट्ठी - संजुत्तेहिं विभत्ताणि ॥४७९॥

$\frac{300}{367}$ ।

अर्थ—[जबकि नक्षत्रोंको १८३५ गगनखण्डोंके भ्रमणमें एक मुहूर्त लगता है, तब १०९८०० ग० खं० के भ्रमणमें कितना काल लगेगा ? इसप्रकार करनेपर] नक्षत्रोंकी मुहूर्त काल-परिमित गति (१८३५) प्रमाण-राशि, एक मुहूर्त फल-राशि और सब मिलकर (१०९८००) गगन-खण्ड इच्छाराशि होती है । इसप्रकार त्रैराशिक करने पर जो लब्ध प्राप्त हो उतना अपनी-अपनी परिधियों का भ्रमण-काल है । उसका प्रमाण यहाँ कुछ अधिक उनसठ (५९) मुहूर्त है । इस अधिक का प्रमाण तीन सौ सड़सठसे विभक्त तीन सौ सात कला ($\frac{300}{367}$) है ॥४७७-४७९॥

विशेषार्थ—प्रत्येक परिधिमें १०९८०० गगनखण्डों पर भ्रमण करनेमें नक्षत्रों को ($\frac{१८३१५०८९ \times ६२}{१०९८००}$ =) $५९\frac{३२९}{३४३}$ मुहूर्त लगते हैं।

चन्द्रकी प्रथम वीथी में स्थित १२ नक्षत्रोंका एक मुहूर्तका गमन क्षेत्र—

सवणादि-अट्ठ-भाणि, अभिजिस्सादीओ उत्तरा-पुव्वा ।
वच्चंति मुहुत्तेणं, बावण्ण-सयाणि अहिय-पणसट्ठी ॥४८०॥

५२६५ ।

अहिय-पमाणमेसा, अट्ठारस-सहस्स-दु-सय-तेसट्ठी ।
इगिवीस-सहस्साणि, णव - सय - सट्ठी हरे हारो ॥४८१॥

$\frac{१८२६३}{२१९६०}$ ।

अर्थ - श्रवणादिक आठ, अभिजित्, स्वाति, पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र एक मुहूर्तमें पाँच हजार दो सौ पैंसठ योजन से अधिक गमन करते हैं। यहाँ अधिकता का प्रमाण इक्कीस हजार नौ सौ साठ भागोंमेंसे अठारह हजार दो सौ तिरेसठ भाग प्रमाण है ॥४८०-४८१॥

विशेषार्थ - चन्द्रकी प्रथम वीथीमें श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पू० भा०, उ० भा०, रेवती, अश्विनी, भरणी, अभिजित्, स्वाति, पू० फा० और उ० फा० ये १२ नक्षत्र संचार करते हैं। प्रथम वीथी की परिधि का प्रमाण ३१५०८९ योजन है। जबकि नक्षत्र $५९\frac{३२९}{३४३} = \frac{२०२६०}{३४३}$ मुहूर्तोंमें ३१५०८९ योजन संचार करते हैं, तब एक मुहूर्तमें कितने योजन गमन करेंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर $\left(\frac{३१५०८९ \times ३४३}{२०२६०}\right) = ५२६५\frac{३२९}{२०२६०}$ योजन प्राप्त होते हैं। यही चन्द्र की प्रथम वीथी में नक्षत्रों के एक मुहूर्त के गमन क्षेत्र का प्रमाण है।

चन्द्र की तीसरी वीथी स्थित नक्षत्रों का गमन क्षेत्र—

वच्चंति मुहुत्तेणं, पुणव्वसु[1]-मघा ति-सत्त-दुग-पंचा ।
अंक-कमे जोयणया, तिय-णभ-चउ-एक्क-एक्क-कला ॥४८२॥

५२७३ । $\frac{११४०३}{२१९६०}$ ।

अर्थ—पुनर्वसु और मघा नक्षत्र अंक-क्रमसे तीन, सात, दो और पाँच अर्थात् पाँच हजार दो सौ तिहत्तर योजन और ग्यारह हजार चार सौ तीन भाग अधिक एक मुहूर्तमें गमन करते हैं ॥४८२॥

---

१. द. ब. क. ज. पुव्वाउ ।

विशेषार्थ—पुनर्वसु और मघा नक्षत्र चन्द्रकी तृतीय वीथीमें भ्रमण करते हैं। इस वीथीकी परिधिका प्रमाण ३१५५४६$\frac{६}{६१}$ योजन है। किन्तु पुनर्वसु और मघाका एक मुहूर्त का गमन क्षेत्र निकालते समय अधिकका प्रमाण ($\frac{३}{६१}$) छोड़कर त्रैराशिक किया गया है।

जिसका प्रमाण ($\frac{३१५५४६ \times २ \times ६२}{३६६}$) = ५२७$\frac{३३}{६१}$ योजन प्राप्त होता है।

नोट—आगे शेष छह गलियोंकी परिधिके प्रमाणमें से भी अधिक का प्रमाण छोड़ कर गमन क्षेत्र प्राप्त किया गया है।

कृत्तिका नक्षत्रका एक मुहूर्तका गमन-क्षेत्र—

बावण्ण - सया पणसीदि - उत्तरा सत्ततीस अंसा य।
चउणउदि[1]-पण-सय-हिदा, जादि मुहुत्तेण कित्तिया रिक्खा ॥४८३॥

५२८५ । $\frac{३७}{५९१}$ ।

अर्थ—कृत्तिका नक्षत्र एक मुहूर्तमें पाँच हजार दो सौ पचासी योजन और पाँच सौ चौरानबेसे भाजित सैंतीस भाग अधिक गमन करता है ॥४८३॥

विशेषार्थ—कृत्तिका नक्षत्र चन्द्रकी छठी वीथीमें भ्रमण करता है। इस वीथीकी परिधि का प्रमाण ३१६२४०$\frac{६}{६१}$ योजन है। इसमें कृत्तिका का एक मुहूर्तका गमनक्षेत्र ($\frac{३१६२४० \times २ \times ६२}{३६६}$) = ५२८५८$\frac{३७}{५९१}$ योजन प्राप्त होता है।

चित्रा और रोहिणीका एक मुहूर्तका गमन-क्षेत्र—

पंच-सहस्सा दु - सया, अट्ठासीदी य जोयणा अहिया।
चित्ताओ रोहिणीओ, जंति मुहुत्तेण पत्तेक्कं ॥४८४॥

अहिरेगस्स पमाणं, कलाओ सग-सत्त-ति-णह-दुगमेत्ता।
अंक - कमे ताह हारो, छ-छक्क-एक्क-एक्क-दुग-माओ ॥४८५॥

५२८८ । $\frac{२११२}{२११६}$ ।

अर्थ—चित्रा और रोहिणीमेंसे प्रत्येक नक्षत्र एक मुहूर्तमें पाँच हजार दो सौ अठासी योजनसे अधिक जाता है। यहाँ अधिकताका प्रमाण अंक-क्रमसे शून्य, छह, नौ, एक और दो अर्थात् इक्कीस हजार नौ सौ साठसे भाजित बीस हजार तीन सौ सत्तर कला है ॥४८४-४८५॥

---

१. द. ब. क. ज. चउणउदीपमय।

विशेषार्थ—चित्रा और रोहिणी नक्षत्र चन्द्रके सातवें पथमें भ्रमण करते हैं। इस पथ की परिधिका प्रमाण ३१६४७१$\frac{१२}{६६}$ योजन है। इसमें प्रत्येकका एक मुहूर्तका गमन क्षेत्र ($\frac{३१६४७१\frac{१२}{६६}}{१८३०}$) =५२८८$\frac{३०}{६६}$ योजन प्राप्त होता है।

विशाखा नक्षत्रका एक मुहूर्तका गमन-क्षेत्र—

बावण्ण-सया बाणउदि जोयणा वच्चदे विसाहा य।
सोलस-सहस्स-णव-सय - सगदाल - कला मुहुत्तेणं ॥४८६॥

५२९२ । $\frac{१६९४७}{२१९६०}$।

अर्थ—विशाखा नक्षत्र एक मुहूर्तमें पांच हजार दो सौ बानवें योजन और सोलह हजार नो सौ सैंतालीस कला अधिक गमन करता है ॥४८६॥

विशेषार्थ—विशाखा नक्षत्र चन्द्रके आठवें पथमें भ्रमण करता है। इस पथकी परिधिका प्रमाण ३१६७०१$\frac{३०}{६६}$ योजन है। इस परिधिमें विशाखाके एक मुहूर्तके गमन-क्षेत्रका प्रमाण ($\frac{३१६७०१\frac{३०}{६६}}{१८३०}$)=५२९२$\frac{१४७}{२१९६०}$ योजन प्राप्त होता है।

अनुराधा नक्षत्रका एक मुहूर्तका गमन क्षेत्र—

तेवण्ण-सयाणि जोयणाणि वच्चदि मुहुत्तमेत्ताणि।
चउवण्ण चउ-सया दस-सहस्स अंसा य अणुराहा ॥४८७॥

५३०० । $\frac{१०४००}{२१९६०}$।

अर्थ—अनुराधा नक्षत्र एक मुहूर्तमें पांच हजार तीन सौ योजन और दस हजार चार सौ चौवन भाग अधिक गमन करता है ॥४८७॥

विशेषार्थ—अनुराधा नक्षत्र चन्द्रके दसवें पथमें भ्रमण करता है। इस पथकी परिधिका प्रमाण ३१७१६२$\frac{१२}{६६}$ योजन है। इस परिधिमें अनुराधाके एक मुहूर्तके गमन-क्षेत्रका प्रमाण ($\frac{३१७१६२\frac{१२}{६६}}{१८३०}$)=५३००$\frac{१०४००}{२१९६०}$ योजन प्राप्त होता है।

ज्येष्ठा नक्षत्रका एक मुहूर्तका गमन-क्षेत्र—

तेवण्ण-सयाणि जोयणाणि चत्तारि वच्चदि जेट्ठा।
अंसा सत्त - सहस्सा, चउवीस - जुदा मुहुत्तेणं ॥४८८॥

५३०४ । $\frac{७०२४}{२१९६०}$।

अर्थ—ज्येष्ठा नक्षत्र एक मुहूर्तमें पांच हजार तीन सौ चार योजन और सात हजार चौबीस भाग अधिक गमन करता है ॥४८८॥

विशेषार्थ—ज्येष्ठा नक्षत्र चन्द्रके ग्यारहवें पथमें भ्रमण करता है। इस पथकी परिधिका प्रमाण ३१७३९२$\frac{१}{६}$ योजन है। इस परिधिमें ज्येष्ठाके एक मुहूर्तके गमन-क्षेत्रका प्रमाण $\left(\frac{३१७३९२\frac{१}{६}}{१८३०}\right)$ = ५३०४$\frac{२०३५}{३६६०}$ योजन प्राप्त होता है।

पुष्यादि ८ नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येकके गमन-क्षेत्रका प्रमाण—

पुस्सो अस्सिलेसाओ, पुव्वासाढाओ उत्तरासढा।
हत्थो मिगसिर - मूला, अद्दाओ अट्ठ पत्तेक्कं ॥४८९॥
तेवण्ण-सया उणवीस[1]-जोयणा अंति इगि-मुहुत्तेणं।
अट्ठारसउदी सत्त-सय, पण्णरस - सहस्स अंसा य ॥४९०॥

५३१९ । $\frac{१७९८}{१९८३}$ ।

अर्थ—पुष्य, आश्लेषा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, हस्त, मृगशीर्षा, मूल और आर्द्रा, इन आठ नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येक एक मुहूर्तमें पाँच हजार तीन सौ उन्नीस योजन और पन्द्रह हजार सौ अट्ठानवें भाग अधिक गमन करते हैं ॥४८९–४९०॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त आठों नक्षत्र चन्द्रके पन्द्रहवें (अन्तिम) पथमें भ्रमण करते हैं। इस बाह्य पथकी परिधिका प्रमाण ३१८३१३$\frac{१}{६}$ योजन है। इस परिधिमें पुष्य आदि प्रत्येक नक्षत्रके एक मुहूर्तके गमन-क्षेत्रका प्रमाण $\left(\frac{३१८३१३\frac{१}{६}}{१८३०}\right)$ = ५३१९$\frac{१७९८}{१९८३}$ योजन है, किन्तु गाथामें ५३१९$\frac{२७}{३६६०}$ योजन दर्शाया गया है।

नक्षत्रोंके मण्डल क्षेत्रोंका प्रमाण—

मंडल-खेत्त-पमाणं, अहण्ण-मे तीस जोयणा होंति।
तं चिय दुगुणं तिगुणं, मज्झिम-वर-भेसु पत्तेक्कं ॥४९१॥

३० । ६० । ९० ।

अर्थ—अघन्य नक्षत्रोंके मण्डलक्षेत्रका प्रमाण तीस (३०) योजन और इससे दूना एवं तिगुना यही प्रमाण क्रमशः मध्यम (नक्षत्रोंका ६०) और उत्कृष्ट (का ९० यो०) नक्षत्रोंमेंसे प्रत्येकका है ॥४९१॥

अट्ठारस जोयणया, हवेदि अभिजिस्स मंडलं खेत्तं।
सट्ठिय-सह-भेत्ताओ, चिय-चिय-ताराण मंडल-विदीओ ॥४९२॥

१८ ।

---

१. द. उणुवण्णसय जोयणा, ब. उण जोयणा।

अर्थ—अभिजित् नक्षत्रका मण्डल क्षेत्र अठारह योजन प्रमाण है और अपने-अपने ताराओं का मण्डलक्षेत्र स्व-स्थित आकाश प्रमाण ही है ॥४९२॥

स्वाति आदि पाँच नक्षत्रोंकी अवस्थिति—

उड्ढाओ दक्खिणाए, उत्तर-मज्झेसु सादि-भरणीओ ।
मूलं अभिजी-कित्तिय-रिक्खाओ चरंति णिय-मग्गे ॥४९३॥

अर्थ—स्वाति, भरणी, मूल, अभिजित् और कृत्तिका, ये पाँच नक्षत्र अपने मार्गमें क्रमशः ऊर्ध्व, अधः, दक्षिण, उत्तर और मध्यमें संचार करते हैं ॥४९३॥

विशेषार्थ—चन्द्रके प्रथम पथमें स्थित स्वाति एवं भरणी नक्षत्र क्रमशः अपनी वीथीके ऊर्ध्व और अधोभागमें, पन्द्रहवें पथमें स्थित मूल नक्षत्र दक्षिण दिशामें प्रथम पथमें स्थित अभिजित् नक्षत्र उत्तर दिशामें और छठे पथमें स्थित कृत्तिका नक्षत्र अपने पथके मध्यभागमें संचार करते हैं ।

एदाणि रिक्खाणि, णिय-णिय-मग्गेसु पुव्व-भणिदेसुं ।
णिच्चं चरंति मंदर - सेलस्स पदाहिण - कमेणं ॥४९४॥

अर्थ—ये नक्षत्र मन्दर-पर्वतके प्रदक्षिण क्रमसे अपने-अपने पूर्वोक्त मार्गोंमें नित्य ही संचार करते हैं ॥४९४॥

कृत्तिका आदि नक्षत्रोंके अस्त एवं उदय आदिकी स्थिति—

एवं मघा मज्झण्हे, कित्तिय-रिक्खस्स अत्थमण-समए ।
उवए अणुराहाओ, एवं जाणेज्ज सेसाणि ॥४९५॥

एवं णक्खत्ताणं परूवणा समत्ता ।

अर्थ—कृत्तिका नक्षत्रके अस्तमन कालमें मघा मध्याह्नको और अनुराधा उदयको प्राप्त होता है । इसीप्रकार शेष नक्षत्रोंके उदयादिकको भी जानना चाहिए ॥४९५॥

विशेषार्थ—गाथामें कृत्तिकाके अस्त होते मघाका मध्याह्न और अनुराधाका उदय होना कहा है । कृत्तिकासे मघा ८ वाँ नक्षत्र है और मघासे अनुराधा ८ वाँ है । इससे यह ध्वनित होता है कि जिस समय कोई विवक्षित नक्षत्र अस्त होगा, उस समय उससे आठवाँ नक्षत्र मध्य को और उससे भी ८ वाँ नक्षत्र उदयको प्राप्त होगा । शेष नक्षत्रोंके उदय-अस्तादि की व्यवस्था भी इसीप्रकार जानने को कही गयी है । जो इसप्रकार है—

जब कृत्तिकाका अस्त तब मघा का मध्याह्न और अनु० का उदय।
" रोहिणीका " " पू० फा० " " ज्येष्ठा " ।
" मृगशिराका " " उ० फा० " " मूल " ।
" आर्द्रिका " " हस्त " " पू० षा० " ।
" पुनर्वसुका " " चित्रा " " उ० षा० " ।
" पुष्यका " " स्वाति " " अभिजित् " ।
" आश्लेषाका " " विशाखा " " श्रवण " ।
" मघाका " " अनुराधा " " धनिष्ठा " ।
" पू० फा०का " " ज्येष्ठा " " शत० " ।
" उ० फा०का " " मूल " " पू० भा० " ।
" हस्तका " " पू० षा० " " उ० भा० " ।
" चित्राका " " उ० षा० " " रेवती " ।
" स्वातिका " " अभिजित् " " अश्विनी " ।
" विशाखाका " " श्रवण " " भरणी " ।

इत्यादि—

इसप्रकार नक्षत्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

जम्बूद्वीपस्थ चर एवं अचर (ध्रुव) ताराओंका निरूपण—

दुविहा जरअचराओ, पइण्ण-ताराओ ताण चर-संखा।
कोडाकोडी - लक्खं, तेत्तीस-सहस्स-णव-सया पण्णं ॥४९६॥

१३३९५०००००००००००००० ।

अर्थ—प्रकीर्णक तारे चर और अचर रूपसे दो प्रकारके होते हैं। इनमें चर ताराओंकी संख्या एक लाख तेंतीस हजार नौ सौ पचास (१३३९५०) कोड़ाकोड़ी है ॥४९६॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपस्थ क्षेत्र-कुलाचलादिकी कुल शलाकाएँ (१, २, ४, ८, १६, ३२, ६४, ३२, १६, ८, ४, २, १=) १९० हैं। जम्बूद्वीपस्थ दो चन्द्रोंसे सम्बन्धित १३३९५० कोड़ाकोड़ी ताराओंमें १९० का भाग देनेपर ($\frac{१३३९५० \text{ कोड़ाकोड़ी}}{१९०}$) =७०५ कोड़ाकोड़ी लब्ध प्राप्त होता है। इसको अपनी-अपनी शलाकाओंसे गुणा करनेपर तत् तत् क्षेत्र एवं पर्वत सम्बन्धी ताराओंका प्रमाण प्राप्त होता है। यथा—

क्र०	क्षेत्र और पर्वत के नाम	दोनों चन्द्र सम्बन्धी ताराओंकी संख्या	क्र०	क्षेत्र और पर्वत के नाम	दोनों चन्द्र सम्बन्धी ताराओंकी संख्या
१.	भरतक्षेत्र	७०५ कोड़ाकोड़ी	८.	नील पर्वत	२२५६० कोड़ाकोड़ी
२.	हिमवत् पर्वत	१४१० ,,	९.	रम्यक क्षेत्र	११२८० ,,
३.	हैमवत क्षेत्र	२८२० ,,	१०.	रुक्मि पर्वत	५६४० ,,
४.	महाहिमवत् प०	५६४० ,,	११.	हैरण्यवत क्षेत्र	२८२० ,,
५.	हरिक्षेत्र	११२८० ,,	१२.	शिखरिन् प०	१४१० ,,
६.	निषध पर्वत	२२५६० ,,	१३.	ऐरावत क्षेत्र	७०५ ,,
७.	विदेह क्षेत्र	४५१२० ,,			

छत्तीस अवर - तारा, जंबूवीवस्स चउ-दिसा-भाए ।
एवाओ दो - ससिणो, परिवारा अद्धमेक्कम्मि ॥४९७॥

३६ । ६६९७५०००००००००००००० ।

अर्थ—जम्बूद्वीपके चारों दिशा-भागोंमें छत्तीस अवर (ध्रुव) तारा स्थित हैं। ये (१३३९५० कोड़ाकोड़ी) दो चन्द्रोंके परिवार-तारे हैं। इनसे आधे (६६९७५ कोड़ाकोड़ी) एक चन्द्रके परिवार-तारे समझना चाहिए ॥४९७॥

चन्द्रसे तारा पर्यंत ज्योतिषी देवोंके गमन-विशेष—

रिक्ख-गमणादु अहियं, गमणं जाणेज्ज सयल-ताराणं ।
तण्णं णाम - प्पहुदिसु, उवएसो संपइ पणट्ठो ॥४९८॥

अर्थ—सब ताराओंका गमन नक्षत्रोंके गमनसे अधिक जानना चाहिए। इनके नामादिकका उपदेश इस समय नष्ट हो चुका है ॥४९८॥

अंकावो मत्तंडो, मत्तंडादो गहा गहादिंतो ।
रिक्खा रिक्खादिंतो, ताराओ होंति सिग्घ - गदी ॥४९९॥

१ एवं ताराणं पण्णवणं समत्तं ।

अर्थ—चन्द्रसे सूर्य, सूर्यसे ग्रह, ग्रहोंसे नक्षत्र और नक्षत्रोंसे भी तारा शीघ्र गमन करनेवाले होते हैं ॥४९९॥

इस प्रकार ताराओंका कथन समाप्त हुआ।

सूर्य एवं चन्द्रके अयन और उनमें दिन-रात्रियोंकी संख्या—

अयणाणि य रवि-ससिणो, सग[1]-सग-खेत्ते गहा य के[2] चारी।
णत्थि अयणाणि भणिदे, णियमा ताराण एमेव ॥५००॥

अर्थ—सूर्य, चन्द्र और जो अपने-अपने क्षेत्रमें संचार करने वाले ग्रह हैं उनके अयन होते हैं। नक्षत्र-समूह और ताराओं के इसप्रकार अयनोंका नियम नहीं है ॥५००॥

रवि-अयणे एक्केक्कं, तेसीदि-सया हवंति दिण-रत्ती।
तेरस विया वि चंदे, सत्तट्ठी - भाग - चउचालं ॥५०१॥

१८३। १३। ४४।

अर्थ—सूर्यके प्रत्येक अयनमें एक सौ तेरासी (१८३) दिन-रात्रियाँ और चन्द्रके अयनमें सड़सठ भागोंमेंसे चवालीस भाग अधिक तेरह (१३४४) दिन (और रात्रियाँ) होते हैं ॥५०१॥

दक्खिण-अयणं आदो, पज्जवसाणं तु उत्तरं अयणं।
सव्वेसिं सूराणं, विवरीदं होदि चंदाणं ॥५०२॥

अर्थ—सब सूर्योंका दक्षिण अयन आदिमें और उत्तर अयन अन्तमें होता है। चन्द्रोंके अयनोंका क्रम इससे विपरीत है ॥५०२॥

अभिजित् नक्षत्रके गगनखण्ड—

छच्चेव सया तीसं, भागाणं अभिजि-रिक्ख-विक्खंभा।
दिट्ठा सव्वं वरिसिहिं, सव्वेहिं अणंत - णाणेणं ॥५०३॥

६३०।

अर्थ—अभिजित् नक्षत्रके विस्तार स्वरूप उसके गगन-खण्डोंका प्रमाण छह सौ तीस (६३०) है। उसे सभी सर्व-दर्शियोंने अनन्त ज्ञानसे देखा है ॥५०३॥

---

१. ब. ब. क. ज. सगसगखेत्ते। २. ब. क. ज.

सदभिस-भरणी अद्दा, सादी तह अस्सिलेस-जेट्ठा य ।
पंचुत्तरं सहस्सा, भगणाणं सीम - विक्खंभा ॥५०४॥

१००५ ।

अर्थ—शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा और ज्येष्ठा इन नक्षत्र-गणोंके सीमा-विष्कम्भ अर्थात् गगनखण्ड एक हजार पांच (१००५) हैं ॥५०४॥

एवं चेव य तिगुणं, पुणव्वसू रोहिणी विसाहा य ।
तिण्णेव उत्तराओ, अवसेसाणं हवे दुगुणं ॥५०५॥

अर्थ—पुनर्वसु, रोहिणी, विशाखा और तीनों उत्तरा (उत्तरा-फाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद), इनके गगनखण्ड इससे तिगुने (१००५×३=३०१५) हैं तथा शेष (१५) नक्षत्रोंके दूने (१००५×२=२०१०) हैं ॥५०५॥

चउवण्णं च सहस्सा, णव य सया होंति सव्व-रिक्खाणं ।
दुगुणिय - गयणक्खंडा, दो - चंदाणं पि णादव्वं ॥५०६॥

५४९०० ।

अर्थ—सब नक्षत्रोंके गगनखण्ड चौवन हजार नौ सौ (५४९००) हैं । दोनों चन्द्रोंके गगनखण्ड इससे दूने समझने चाहिए ॥५०६॥

एवं च सय-सहस्सा, अट्ठाणउदी-सया य परिपुण्णा ।
एसो मंडल - छेदो, भगणाणं सीम - विक्खंभो ॥५०७॥

१०९८०० ।

अर्थ—इसप्रकार एक लाख नौ हजार आठ सौ (१०९८००) गगनखण्डोंसे परिपूर्ण यह मण्डल-विभाग नक्षत्रोंकी सीमाके विस्तार स्वरूप है ॥५०७॥

नक्षत्र, चन्द्र एवं सूर्य द्वारा एक मुहूर्तमें लांघने योग्य
गगनखण्डोंका प्रमाण—

अट्ठारस - भाग - सया, पणतीसं गयणखंड मुहुत्तेण ।
चंदो अडसट्ठी सय, सत्तरसं सीम - खेत्तस्स ॥५०८॥

१८३५ । १ । १७६८ ।

अर्थ—नक्षत्र एक मुहूर्तमें अठारह सौ पैंतीस (१८३५) गगनखण्ड रूप सीमा क्षेत्रमें जाता है और चन्द्र (उसी एक मुहूर्तमें) सत्तरह सौ अड़सठ (१७६८) नभखण्ड रूप सीमा क्षेत्रमें जाता है ॥५०८॥

अट्ठारस-भाग-सया, तीसं गच्छदि रवी[1] मुहुत्तेणं ।
णक्खत्त - सीम - खेत्तो, ते चरइ[2] इमेण बोद्धव्वा ॥५०९॥

१८३० ।

अर्थ—सूर्य एक मुहूर्तमें अठारह सौ तीस (१८३०) नभखण्डरूप सीमा क्षेत्रमें जाता है। नक्षत्रोंके सीमा क्षेत्रसे सूर्य और चन्द्रका गमन इसी प्रकार जानना चाहिए ॥५०९॥

सूर्यकी अपेक्षा चन्द्र एवं नक्षत्रके अधिक गगनखण्ड—

सत्तरसट्ठुत्तीणि तु, चंदे सूरे [3]विसट्ठि-अहियं च ।
सट्ठी वि य भगणा, चरइ मुहुत्तेण भागाणं ॥५१०॥

१७६८ । १८३० । १८३५ ।

अर्थ—चन्द्र एक मुहूर्तमें सत्तरह सौ अड़सठ गगनखण्ड सांधता है। इसकी अपेक्षा सूर्य बासठ गगनखण्ड अधिक और नक्षत्रगण सड़सठ गगनखण्ड अधिक सांधते हैं ॥५१०॥

विशेषार्थ—एक मुहूर्तके गमनकी अपेक्षा चन्द्रके नभखण्ड १७६८, सूर्यके १८३० और नक्षत्रके १८३५ हैं। चन्द्रके गगनखण्डोंसे सूर्यके गगनखण्ड (१८३० — १७६८)=६२ और नक्षत्रके (१८३५ — १७६८)=६७ गगनखण्ड अधिक हैं। एक ही साथ चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र ने गमन करना प्रारम्भ किया और तीनोंने अपने-अपने गगनखण्डोंको समाप्त कर दिया। अर्थात् एक मुहूर्तमें चन्द्रने १७६८ गगनखण्डोंका भ्रमण किया, जबकि सूर्यने १८३० और नक्षत्रने १८३५ का किया, अतः चन्द्र सूर्यसे ६२ और नक्षत्रसे ६७ गगनखण्ड पीछे रहा।

सूर्यके तीस मुहूर्तोंके गगनखण्डोंका प्रमाण—

चंद-रवि-गयणखंडे, अण्णोण्ण-विसुद्ध-सेस-बासट्ठी ।
एय-मुहुत्त - पमाणं, बासट्ठि - कलिज्जया तीसा ॥५११॥

१ । ६२ । ३० ।

---

१. द. ब. क. ज. रवे । २. द. क. ज. चेदूए । ३. ब. विस ट्ठि ।

अर्थ—चन्द्र और सूर्यके गगनखण्डोंको परस्पर घटाने पर बासठ शेष रहते हैं। जब सूर्य एक मुहूर्तमें (चन्द्रकी अपेक्षा) बासठ गगनखण्ड अधिक जाता है तब वह तीस मुहूर्तमें कितने गगन-खण्ड अधिक जायेगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर यहाँ एक मुहूर्त प्रमाण राशि, बासठ फलराशि और तीस मुहूर्त इच्छा-राशि ($१\frac{३१}{६२}°$) होती है ॥५११॥

त्रैराशिक द्वारा प्राप्त १८६० नभखण्डोंके गमन-मुहूर्तका काल—

एयट्ठ-तिण्णि-सुण्णं, गयणक्खंडेण लब्भदि मुहुत्तं ।
अट्ठरसट्ठी य तहा, गयणक्खंडेण किं लद्धं ॥५१२॥

१८३० । १८६० । १ ।

चंदादो सिग्घ-गदी, दिवस-मुहुत्तेण चरदि खलु सूरो ।
एक्कं चेव मुहुत्तं, एक्कं एयट्ठि - भागं च ॥५१३॥

१ । $\frac{१}{६१}$ ।

अर्थ—जब एक, आठ, तीन और शून्य अर्थात् १८३० गगनखण्डोंके अतिक्रमणमें एक मुहूर्त प्राप्त होता है, तब अठारह सौ साठ (१८६०) नभखण्डोंके अतिक्रमणमें क्या प्राप्त होगा ? सूर्य, चन्द्रकी अपेक्षा दिनमुहूर्त अर्थात् तीस मुहूर्तोंमें एक मुहूर्त और एक मुहूर्तके इकसठवें भाग अधिक शीघ्र गमन करता है। अर्थात् १८६० नभखण्डोंके अतिक्रमणका काल ($१\frac{३१}{६२}° = \frac{६३}{६२}° =$) $१\frac{१}{६१}$ मुहूर्त प्राप्त होगा ॥५१२-५१३॥

नक्षत्रके तीस मुहूर्तोंके अधिक नभखण्ड—

रवि-रिक्ख-गगणखंडे, अण्णोण्णं सोहिऊण जं सेसं ।
एय - मुहुत्त - पमाणं, फल पण इच्छा तहा तीसं ॥५१४॥

१ । ५ । ३० ।

अर्थ—सूर्य और नक्षत्रोंके गगनखण्डोंको परस्पर घटाकर जो शेष रहे उसे ग्रहण करनेपर यहाँ एक मुहूर्त प्रमाण राशि, पाँच (नक्षत्र) फलराशि और तीस मुहूर्त इच्छाराशि है ॥५१४॥

विशेषार्थ—नक्षत्रके ग० खं० १८३५ — १८३० सूर्यके ग० खं०=५ अवशेष। जब नक्षत्र (सूर्य की अपेक्षा) एक मुहूर्तमें ५ खण्ड अधिक जाता है, तब तीस मुहूर्तमें कितने खण्ड जावेगा ? इस प्रकार त्रैराशिक करने पर ($\frac{३०\times५}{१}=$) १५० गगनखण्ड प्राप्त होते हैं।

तीस० द्वारा प्राप्त १५० नभखण्डोंका अतिक्रमण काल—

तीसट्ठारसया खलु, मुहुत्त-कालेण कमइ जइ सूरो ।
तो केत्तिय - कालेणं, सय - पंचासं कमे इत्ति ॥५१५॥

१८३० । १ । १५० ।

सूरादो णक्खत्तं, दिवस - मुहुत्तेण जइणतरमाहु ।
एक्कस्स मुहुत्तस्स य, भागं एक्कट्ठिमे पंच ॥५१६॥

५ ।

अर्थ—जब सूर्य अठारह सौ तीस गगनखण्डोंको एक मुहूर्तमें लांघता है, तब वह एक सौ पचास (१५०) गगनखण्डोंको कितने समयमें लांघेगा ? सूर्यकी अपेक्षा नक्षत्र एक दिन मुहूर्तों (३० मुहूर्तों) में एक मुहूर्तके इकसठ भागोंमेंसे पाँच भाग अधिक 'जविनतर अर्थात् अतिशय वेग वाला है। अर्थात् १५० नभखण्डोंके अतिक्रमणका काल ($\frac{१५०}{१८३०}$)=$\frac{५}{६१}$ मुहूर्त प्राप्त होता है ॥५१५-५१६॥

सूर्य और चन्द्रको नक्षत्र मुक्तिका विधान—

णक्खत्त-सीम-भागं, भजिदे दिवसस्स जइण- णेहिं ।
लद्धं तु होइ रवि - ससि - णक्खत्ताणं तु ॥५१७॥

अर्थ—सूर्य और चन्द्र एक दिनमें नक्षत्रोंकी अपेक्षा जितने गगनखण्ड पीछे रहते हैं, उनका नक्षत्रोंके गगनखण्डोंमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतने समय तक सूर्य एवं चन्द्रका नक्षत्रोंके साथ संयोग रहता है ॥५१७॥

सूर्यके साथ अभिजित् नक्षत्रका मुक्तिकाल—

ति-सय-वल-गगणखंडे, कमेइ जइ दिणयरो दिणिक्कमेणं ।
तउ रिक्खाणं भिय-भिए, णहखंड-गमण को कालो ? ॥५१८॥

१५० । १ । ६३० ।

अभिजो-छच्च मुहुत्ते, चत्तारि य केवलो अहोरत्ते ।
सूरेण समं गच्छदि, एत्तो सेसाणि वोच्छामि ॥५१९॥

दि ४ मु ६ ।

अर्थ—यदि सूर्य एक दिनमें तीन सौ के आधे (१५०) नभखण्ड पीछे रहता है तो नक्षत्रोंके अपने-अपने गगनखण्डोंके गमनमें कितना काल लगेगा ? इसप्रकार अभिजित् नक्षत्र चार अहोरात्र और छह मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ गमन करता है। शेष नक्षत्रोंका कथन यहाँसे आगे करता है ॥५१८-५१९॥

विशेषार्थ—अभिजित् नक्षत्रके ६३० नभखण्ड हैं। सूर्य अभिजित् नक्षत्रके ऊपर है। जब १५० नभखण्ड छोड़नेमें सूर्यको एक दिन लगता है तब ६३० खण्ड छोड़नेमें कितना समय लगेगा ? इस त्रैराशिकसे सूर्य द्वारा अभिजित्की भुक्तिका काल ($\frac{१ \times ६३०}{१५०}$)=४ दिन ६ मुहूर्त प्राप्त होता है।

सूर्यके साथ जघन्य नक्षत्रोंका भुक्तिकाल—

सदभिस-भरणी-अद्दा, सादी तह अस्सिलेस जेट्ठा य ।
छच्चेव अहोरत्ते, एक्कावीसा मुहुत्तेयं ॥५२०॥

दि ६ । मु २१ ।

अर्थ—शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा और ज्येष्ठा ये छह नक्षत्र छह अहोरात्र और इक्कीस मुहूर्त तक सूर्य के साथ रहते हैं ॥५२०॥

विशेषार्थ—जघन्य नक्षत्र ६ हैं और प्रत्येकके गगनखण्ड १००५ हैं। सूर्य इनके ऊपर है। जब १५० खण्ड छोड़नेमें सूर्यको १ दिन लगता है तब १००५ गगनखण्ड छोड़नेमें कितना समय लगेगा ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर ($\frac{१ \times १००५}{१५०}$)=६ दिन २१ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। एक ज० न० को भोगनेमें ६ दिन २१ मु० लगते हैं तब ६ नक्षत्रोंको भोगनेमें कितना समय लगेगा ? इस प्रकार त्रैरा० करनेपर (६ दिन २१ मु० × ६)=४० दिन ६ मु० होते हैं। अर्थात् सूर्यको ६ ज० नक्षत्रों को भोगनेमें कुल समय ४० दिन ६ मुहूर्त लगता है।

सूर्यके साथ उत्कृष्ट नक्षत्रोंका भुक्तिकाल—

तिण्णेव उत्तराओ, पुणव्वसू रोहिणी विसाहा य ।
वीसं च अहोरत्ते तिण्णेव य होंति मुहुत्ता ॥५२१॥

दि २० । मु ३ ।

अर्थ—तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, रोहिणी और विशाखा, ये छह उत्कृष्ट नक्षत्र बीस अहोरात्र और तीन मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ गमन करते हैं ॥५२१॥

विशेषार्थ—उत्कृष्ट नक्षत्र ६ हैं। प्रत्येकके नभखण्ड ३०१५ हैं। सूर्य इनके ऊपर है। सूर्य को जब १५० ग० क्षे० छोड़नेमें १ दिन लगता है तब ३०१५ नक्षत्र छोड़नेमें कितना समय लगेगा ? इसप्रकार त्रैरा० करनेपर ($\frac{३०१५ \times १}{१५०}$) = २० दिन ३ मुहूर्त प्राप्त होते हैं। एक उत्कृष्ट न० को भोगनेमें $\frac{३६०}{६}$ दिन लगते हैं तब ६ उत्कृष्ट नक्षत्रों को भोगनेमें कितना समय लगेगा ? इसप्रकार त्रैरा० करने पर ($\frac{३६० \times ६}{६}$) = १२० दिन १८ मुहूर्तका समय लगेगा।

सूर्यके साथ मध्यम नक्षत्रोंका भुक्तिकाल—

अवसेसा पक्खंता, पण्णारस वि सूर-सह-गदा होंति ।
बारस चेव मुहुत्ता, तेरस य समे अहोरत्ते ॥५२२॥

दि १३ । मु १२ ।

अर्थ—शेष पन्द्रह ही मध्यम नक्षत्र तेरह अहोरात्र और बारह मुहूर्त काल तक सूर्यके साथ गमन करते रहते हैं ॥५२२॥

विशेषार्थ—मध्यम न० १५ हैं और प्रत्येकके नभखण्ड २०१० हैं। सूर्य इनके ऊपर है। पूर्वोक्त प्रकार त्रैराशिक करनेपर प्रत्येक नक्षत्रका भुक्ति काल ($\frac{३६० \times १}{१५}$) = $\frac{४८}{२}$ = १३ दिन १२ मु० प्राप्त होता है। एक मध्यम न० का भोग $\frac{३६०}{१५}$ दिनमें होता है तब १५ नक्षत्रोंका कितने दिनमें होगा ? इसप्रकार त्रैरा० करनेपर ($\frac{३६० \times १५}{१५}$) = २०१ दिन सर्व मध्यम नक्षत्रोंका भुक्ति काल है।

दक्षिण और उत्तरके भेदसे सूर्यके दो अयन होते हैं। प्रत्येक अयनमें सूर्य १८३-१८३ दिन भ्रमण करता है। इस भ्रमणमें सूर्य अभिजित् न० को ४ दिन ६ मुहूर्त, ६ जघन्य नक्षत्रों को ४० दिन ६ मुहूर्त, १५ मध्यम नक्षत्रोंको २०१ दिन और ६ उत्कृष्ट नक्षत्रों को १२० दिन १८ मु० भोगता है। इन २८ नक्षत्रोंका सर्व-काल (४ दि० ६ मु० + ४० दि० ६ मु० + २०१ दिन + १२० दिन १८ मु०) = ३६६ दिन होता है। इसीलिए दोनों अयनोंके (१८३ × २) = ३६६ दिन होते हैं।

चन्द्रके साथ अभिजित्का भुक्तिकाल—

सत्तट्ठि - गगणखंडे, मुहुत्तमेक्केग कमइ अह चंदो ।
भगणाण गगणखंडे, को कालो होदि गमणम्मि ॥५२३॥

६७ । १ । ६३० ।

अभिजिस्स चंद - जोगो[1], सत्तट्ठी खंडिदे मुहुत्तेगे ।
भागो य सत्तवीसा, ते पुण अहिया गद - मुहुत्ते ॥५२४॥

९ । ३९ ।[2]

अर्थ—जब चन्द्र एक मुहूर्तमें नक्षत्रके गगनखण्डसे (१८३५ — १७६८) सड़सठ (६७) गगनखण्ड पीछे रह जाता है तब उन (नक्षत्रों) के गगनखण्डों तक साथ गमन करनेमें कितना समय लगेगा ? अभिजित् नक्षत्रके (३३०) गगनखण्डोंमें सड़सठका भाग देनेपर एक मुहूर्तके सड़सठ भागोंमेंसे सत्ताईस भाग अधिक नौ मुहूर्त ($\frac{५३०}{६७}$ =९$\frac{२७}{६७}$ मु०) लब्ध आता है। अर्थात् चन्द्रका अभिजित् नक्षत्रके साथ गमन करनेका काल ९$\frac{२७}{६७}$ मुहूर्त प्रमाण है ॥५२३-५२४॥

चन्द्रके साथ जघन्य नक्षत्रोंका भुक्ति काल —

सदभिस-भरणी-अद्दा, सादी तह अस्सलेस-जेट्ठा य ।
एदे छण्णक्खत्ता, पण्णरस - मुहुत्त - संजुत्ता ॥५२५॥

१५ ।

अर्थ—शतभिषक्, भरणी, आर्द्रा, स्वाति, आश्लेषा और ज्येष्ठा, ये छह नक्षत्र चन्द्रके साथ पन्द्रह मुहूर्त पर्यन्त रहते हैं ॥५२५॥

विशेषार्थ—पूर्वोक्त प्रक्रियानुसार प्रत्येक ज० न० के साथ चन्द्रका योग (१००५÷६७) =१५ मुहूर्त और सर्व ज० नक्षत्रोंके साथ (१५ मु०× ६)=३ दिन पर्यन्त रहता है।

चन्द्रके साथ मध्यम नक्षत्रोंका योग—

अवसेसा णक्खत्ता, पण्णरसाए तिसंवि मुहुत्ता य ।
चंदम्मि एस जोगो, णक्खत्ताणं समक्खादं ॥५२६॥

३० ।

अर्थ—अवशेष पन्द्रह (मध्यम) नक्षत्र चन्द्रमाके साथ तीस मुहूर्त तक रहते हैं। यह उन नक्षत्रोंका योग कहा है ॥५२६॥

विशेषार्थ—पूर्वोक्त प्रक्रियानुसार प्रत्येक म० न० के साथ चन्द्रका योग (२०१०÷६७) =३० मुहूर्त और सर्व म० नक्षत्रोंके साथ (३० मु०×१५)=१५ दिन पर्यन्त रहता है।

---

१. ब. ज. क. ण. तारो । २. द. ब. $\frac{२७}{६७}$ ।

चन्द्रके साथ उत्कृष्ट नक्षत्रोंका योग—

तिण्णेव उत्तराओ, पुणव्वसू रोहिणी विसाहा य ।
एदे छण्णक्खत्ता, पणदाल - मुहुत्त - संजुत्ता ॥५२७॥

४५ ।

अर्थ - तीनों उत्तरा, पुनर्वसु, रोहिणी और विशाखा, ये छह (उत्कृष्ट) नक्षत्र पैंतालीस (४५) मुहूर्त तक चन्द्रके साथ संयुक्त रहते हैं ॥५२७॥

विशेषार्थ—पूर्वोक्त प्रक्रियानुसार प्रत्येक उत्कृष्ट न० के साथ चन्द्रका योग (३०१५÷६७) =४५ मुहूर्त और सर्व उ० नक्षत्रोंके साथ (४५ मु० × ६)=९ दिन पर्यन्त रहता है ।

दक्षिण और उत्तरके भेदसे चन्द्रके भी दो अयन होते हैं । इन अयनोंके भ्रमणमें चन्द्र अभिजित् नक्षत्रको ९$\frac{३}{६७}$ मुहूर्त+ज० नक्षत्रोंको ३ दिन+मध्यम न० को १५ दिन+और उत्कृष्ट नक्षत्रोंको ९ दिन=२७ दिन ६$\frac{३}{६७}$ मुहूर्तोंमें २८ नक्षत्रोंका भोग करता है ।

सूर्य सम्बन्धी अयन—

दुमणिस्स एक्क-अयणे, दिवसा तेसीदि-अहिय-एक्क-सयं ।
दक्खिण - अयणं आदी, उत्तर - अयणं च अवसाणं ॥५२८॥

१८३ ।

अर्थ—सूर्यके एक अयनमें एक सौ तेरासी दिन होते हैं । इन अयनोंमेंसे दक्षिण अयन आदि (प्रारम्भ) में और उत्तर अयन अन्तमें होता है ॥५२८॥

विशेषार्थ—सूर्य भ्रमणकी १८४ वीथियाँ हैं । इनमेंसे जब सूर्य प्रथम वीथीमें स्थित होता है तब दक्षिणायनका और जब अन्तिम वीथीमें स्थित होता है तब उत्तरायणका प्रारम्भ होता है ।

दक्षिण एवं उत्तर अयनोंमें आवृत्ति-संख्या—

एक्काहि-दु-उत्तरियं, दक्खिण-आउट्टियाए पंच पदा ।
दो-आदि-दु-उत्तरयं, उत्तर-आउट्टियाए पंच पदा ॥५२९॥

अर्थ—(सूर्यकी) दक्षिणावृत्ति एकको आदि लेकर दो-दो की वृद्धि प्रमाण (१, ३, ५, ७, ९) होती है । इसमें पञ्च पाँच हैं । उत्तरावृत्ति भी दो को आदि लेकर दो-दो की वृद्धि प्रमाण (२, ४, ६, ८, १०) होती है । इसमें भी पञ्च पाँच हैं ॥५२९॥

विशेषार्थ—पूर्व अयनकी समाप्ति और नवीन अयनके प्रारम्भको आवृत्ति कहते हैं। पंच-वर्षात्मक एक युगमें ये आवृत्तियाँ दस बार होती हैं, इसीलिए इनका गच्छ पाँच-पाँच कहा गया है। इनमें १, ३, ५, ७ और ९ की आवृत्ति दक्षिणायन सम्बन्धी और २, ४, ६, ८ तथा १० वीं आवृत्ति उत्तरायण-सम्बन्धी है।

एक युगके विषुवोंकी संख्या—

तिब्भव-दु-खेत्तरयं, दस-पव-परित्त-दो हि अवहरिदं।
उसुपस्स य होदि पदं, वोच्छं आउट्टि-उसुपदिण-रिक्खं ॥५३०॥

अर्थ—एक वर्षमें दो अयन होते हैं। प्रत्येक अयनके तीन माह व्यतीत होनेपर एक विषुव होता है। इसप्रकार एक युगमें दस विषुव होते हैं। इन्हें दो से भाजित करनेपर एक-एक युगमें विभिन्न अयन सम्बन्धी पाँच-पाँच विषुव होते हैं। अब यहाँ आवृत्ति और विषुव सम्बन्धी दिनके नक्षत्र निकालनेकी विधि कहूँगा ॥५३०॥

तिथि, पक्ष और पर्व निकालनेकी विधि—

रूऊणंकं छग्गुणमेग-जुदं उसुपो त्ति तिथि - माणं।
तब्भार - गुणं पव्वं, सम-विसम-किण्ह-सुक्कं च ॥५३१॥

अर्थ—एक कम आवृत्तिके पदको छहसे गुणित कर उसमें एक जोड़नेपर आवृत्तिकी तिथि और उसी लब्धमें तीन जोड़नेपर विषुवकी तिथिका प्रमाण प्राप्त होता है। तिथि संख्याके विषम होनेपर कृष्णपक्ष और सम होनेपर शुक्ल पक्ष होता है। तथा तिथि संख्याको द्विगुणित करनेपर पर्वका प्रमाण प्राप्त होता है ॥५३१॥

विशेषार्थ—जो आवृत्ति विवक्षित हो उसमेंसे एक घटाकर लब्धको छहसे गुणा करके एकका अंक जोड़नेसे आवृत्तिकी तिथि और उसी लब्धमें तीनका अंक जोड़नेसे विषुवकी तिथि संख्या प्राप्त होती है। यथा—

तृतीय आवृत्ति विवक्षित है अतः (३ — १) × ६ = १२। १२ + १ = १३ तिथि। तृतीय आवृत्ति कृष्णपक्षकी त्रयोदशीको होगी। इसीप्रकार (३ — १) × ६ = १२। १२ + ३ = १५ तिथि। यहाँ भी तृतीय विषुव कृष्णपक्षकी अमावस्याको होगा। दोनों तिथियोंके अंक विषम हैं अतः कृष्णपक्ष ग्रहण किया गया है। दूसरा विषुव ९ वीं तिथिको होता है। इसे दुगुना (९ × २) करनेपर दूसरे विषुवके १८ पर्व प्राप्त होते हैं।

आवृत्ति और विषुपके नक्षत्र प्राप्त करनेकी विधि—

सत्त-गुणे ऊणंकं, दस-हिद-सेसेसु अयणदिवस-गुणं ।
सत्तट्ठि - हिदे लद्धं, अभिजादीदे हवे रिक्खं ॥५३३॥

अर्थ—एक कम विवक्षित आवृत्तिको सातसे गुणित करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे दससे भाजित कर शेषको अयन-दिवस (१८४) से गुणित कर सड़सठ (६७) का भाग देना चाहिए। जो लब्ध प्राप्त हो उसे अभिजित् नक्षत्रसे गिननेपर गत नक्षत्र प्राप्त होता है, अतः उसमे आगेका नक्षत्र आवृत्तिका नक्षत्र होता है ॥५३३॥

विशेषार्थ—यहाँ ८ वीं आवृत्ति विवक्षित है। इसका मूल नक्षत्र है। (८ — १) × ७=४९। ४९÷१०=४, शेष रहे ९। (९×१८४)÷६७=२४, यहाँ शेष आधेसे अधिक हैं अतः (२४+१)=२५ प्राप्त हुए। अभिजित् नक्षत्रसे गिननेपर २५ वाँ ज्येष्ठा नक्षत्र गत और उससे आगेका मूल न० ८ वीं आवृत्तिका नक्षत्र प्राप्त होता है।

युगकी पूर्णता एवं उसके प्रारम्भकी तिथि और दिन आदि—

आसाढ-पुण्णमीए, जुग-णिप्पत्ती दु सावणे किण्हे ।
अभिजिम्मि चंद-जोगे, पाडिव-दिवसम्मि पारंभो ॥५३३॥

अर्थ—आषाढ़ मासकी पूर्णिमाके दिन (अपराह्न में) पञ्चवर्षात्मक युगकी समाप्ति होती है और श्रावण कृष्णा प्रतिपद्के दिन अभिजित् नक्षत्रके साथ चन्द्रका योग होनेपर उस युगका प्रारम्भ होता है। (दक्षिणायन सूर्यकी प्रथम आवृत्तिका प्रारम्भ भी यही है) ॥५३३॥

दक्षिणायन सूर्यकी द्वितीय और तृतीय-आवृत्ति—

सावण-किण्हे तेरसि, मियसिर-रिक्खम्मि विदिय-आउट्टी ।
तदिया विसाह - रिक्खे, दसमीए सुक्कपक्खम्मि तम्मासे ॥५३४॥

अर्थ—श्रावण कृष्णा त्रयोदशीके दिन मृगशीर्षा नक्षत्रका योग होनेपर द्वितीय और इसी मासमें शुक्लपक्षकी दसमीके दिन विशाखा नक्षत्रका योग होनेपर तृतीय आवृत्ति होती है ॥५३४॥

चतुर्थ और पंचम आवृत्ति—

सावण-किण्हे सत्तमि, रेवदि रिक्खे चउट्ठियाविट्ठी ।
बोत्तीए पंचमिया, सुक्के रिक्खाए पुव्वफग्गुणिए ॥५३५॥

अर्थ—श्रावण कृष्णा अमावसको रेवती नक्षत्रका योग होनेपर चतुर्थ और श्रावण शुक्ला चतुर्थीको पुष्यनक्षत्रके योगमें पंचम आवृत्ति होती है ॥५३५॥

पंचसु वरिसे एदे, सावण - मासम्मि उत्तरे कट्ठे ।
आविट्ठी दुमणीणं, पंचेव य होंति णियमेणं ॥५३६॥

अर्थ- सूर्यके उत्तर दिशाको प्राप्त होनेपर पाँच वर्षोंके भीतर श्रावण मासमें नियमसे ये पाँच ही आवृत्तियाँ होती हैं ॥५३६॥

विशेषार्थ—एक युग पाँच वर्षका होता है। प्रत्येक श्रावण मासमें सूर्य उत्तर दिशामें ही स्थित रहता है तथा उपर्युक्त तिथि-नक्षत्रोंके योगमें दक्षिणकी ओर प्रस्थान करता है, इसलिए पाँच वर्षों तक प्रत्येक श्रावण मासमें दक्षिणायन सम्बन्धी एक-एक आवृत्ति होती है। इसप्रकार पाँच वर्षोंमें पाँच आवृत्तियाँ होती हैं।

सूर्य सम्बन्धी पाँच उत्तरावृत्तियाँ—

माघस्स किण्ह - पक्खे, सत्तमिए रुद्द-णाम-मुहुत्ते ।
हत्थम्मि ट्ठिद-दुमणी, दक्खिणदो एदि उत्तराभिमुहो ॥५३७॥

अर्थ—हस्त नक्षत्रपर स्थित सूर्य माघ मासके कृष्ण-पक्षमें सप्तमीके दिन रुद्र नामक मुहूर्तके होते दक्षिणसे उत्तराभिमुख होता है ॥५३७॥

बोत्तीए सदभिसए, सुक्के बिदिया तहज्जयं किण्हे ।
पक्खे पुस्से रिक्खे, पडिवाए होदि तम्मासे ॥५३८॥

अर्थ—इसी मासमें शतभिषक् नक्षत्रके रहते शुक्ल पक्षकी चतुर्थीके दिन द्वितीय और इसी मासके कृष्ण पक्षकी प्रतिपदाको पुष्य-नक्षत्रके रहते तृतीय आवृत्ति होती है ॥५३८॥

किण्हे तयोदसीए, मूले रिक्खम्मि तुरिम-आविट्ठी ।
सुक्के पक्खे दसमी, कित्तिय-रिक्खम्मि पंचमिया ॥५३९॥

अर्थ—कृष्ण पक्षकी त्रयोदशीके दिन मूल नक्षत्रके योगमें चतुर्थ और इसी मासके शुक्ल पक्षकी दसमी तिथिको कृत्तिका नक्षत्रके रहते पंचम आवृत्ति होती है ॥५३९॥

पंचसु वरिसे एदे, माघे मासम्मि दक्खिणे कट्ठे ।
आविट्ठी दुमणीणं, पंचेव य होंति णियमेणं ॥५४०॥

अर्थ—पाँच वर्षोंके भीतर माघ मासमें दक्षिण अयनके होनेपर सूर्यकी ये पाँच आवृत्तियाँ नियमसे होती हैं ॥५४०॥

विशेषार्थ—प्रत्येक माघ मासमें सूर्य दक्षिण दिशामें स्थित रहता है और उपर्युक्त तिथि-नक्षत्रोंके योगमें उत्तरकी ओर प्रस्थान करता है, इसलिए पाँच वर्षोंतक प्रत्येक माघ मासमें उत्तरायण सम्बन्धी एक आवृत्ति होती है। इसप्रकार पाँच वर्षोंमें पाँच आवृत्तियाँ होती हैं। यथा—

दक्षिणायन-सूर्य						उत्तरायण-सूर्य					
आवृत्ति क्रम	वर्ष	मास	पक्ष	तिथि	नक्षत्र	आवृत्ति क्रम	वर्ष	मास	पक्ष	तिथि	नक्षत्र
१ ली	प्रथम	श्रावण	कृष्ण	प्रतिपदा	अभिजित्	२ री	प्रथम	माघ	कृ०	सप्तमी	हस्त
३ री	द्वितीय	श्रावण	कृष्ण	त्रयोदशी	मृग०	४ थी	द्वितीय	माघ	शु०	चतुर्थी	मघ०
५ वीं	तृतीय	श्रावण	शुक्ल	दसमी	विशाखा	६ ठी	तृतीय	माघ	कृ०	प्रतिपदा	पुष्य
७ वीं	चतुर्थ	श्रावण	कृष्ण	सप्तमी	रेवती	८ वीं	चतुर्थ	माघ	कृ०	त्रयोदशी	मूल
९ वीं	पंचम	श्रावण	शुक्ल	चतुर्थी	पूर्वाफा०	१०वीं	पंचम	माघ	शु०	दसमी	कृत्तिका

उपर्युक्त पाँच वर्षोंमें युग समाप्त हो जाता है। छठे वर्षसे पूर्वोक्त व्यवस्था पुनः प्रारम्भ हो जाती है। दक्षिणायनका प्रारम्भ सदा प्रथम वीथीसे और उत्तरायणका प्रारम्भ अन्तिम वीथीसे ही होता है।

युगके दस अयनोंमें विषुवोंके पर्व, तिथि और नक्षत्र—

होदि हु पढमं विसुवं, [1]कत्तिय-मासम्मि किण्ह-तदियाए।
छस्सु पव्वसु वीदेसु, वि रोहिणी - णामम्मि रिक्खम्मि ॥५४१॥

अर्थ—यह प्रथम विषुव छह पर्वोंके (पूर्णमासी और अमावस्या) बीतनेपर कार्तिक मासके कृष्ण पक्षकी तृतीया तिथिमें रोहिणी नक्षत्रके रहते होता है ॥५४१॥

विशेषार्थ—शुक्ल और कृष्ण पक्षके पूर्ण होनेपर जो पूर्णिमा और अमावस्या होती है। उसका नाम पर्व है। सूर्यका एक अयन छह मासका होता है। एक अयनके अर्धभागको प्राप्त होनेपर जिस कालमें दिन और रात्रिका प्रमाण बराबर होता है उस कालको विषुव कहते हैं। अर्थात् दिन-

१. ब. कित्तिय।

रात्रिके प्रमाणका बराबर होना विषुप है। पाँच विषुप दक्षिणायनके अर्धकालमें और पाँच उत्तरायणके अर्धकालमें इसप्रकार एक युगमें दस विषुप होते हैं। युगके प्रारम्भमें दक्षिणायन सम्बन्धी प्रथम विषुप आरम्भके ६ पर्व (३ माह) व्यतीत होनेपर कार्तिक मासके कृष्ण पक्षकी तृतीया तिथिको चन्द्र द्वारा, रोहिणी नक्षत्रके भुक्तिकालमें होता है।

बहसाह[1]-किण्ह-पक्खे, णवमीए धणिट्ठ-णाम-णक्खत्ते ।
आदीदो अट्ठारस, पव्वमदीदे बुहज्जयं उसुपं ॥५४२॥

अर्थ—दूसरा विषुप आदिसे अठारह पर्व बीतनेपर वैशाख मासके कृष्ण पक्षकी नवमीको धनिष्ठा नक्षत्रके रहते होता है ॥५४२॥

कत्तिय-मासे पुण्णिमि-दिवसे इगितीस-पव्वमादीदो ।
तीदाए साधीए, रिक्खे होदि हु तइज्जयं विसुपं ॥५४३॥

अर्थ—आदिसे इकतीस पर्व बीत जानेपर कार्तिक मासकी पूर्णिमाके दिन स्वाति नक्षत्रके रहते तीसरा विषुप होता है ॥५४३॥

बहसाह-सुक्क-पक्खे, छट्ठीए पुणव्वसुम्मि णक्खत्ते ।
तेदाल - गदे पव्वमवीदेसु चउत्थयं विसुपं ॥५४४॥

अर्थ—आदिसे तेंतालीस पर्वोंके व्यतीत हो जानेपर वैशाख मासमें शुक्ल पक्षकी षष्ठी तिथिको पुनर्वसु नक्षत्रके रहते चौथा विषुप होता है ॥५४४॥

कत्तिय-मासे सुविकल-बारसिए पंच-वण्ण-परिसंते ।
पव्वमदीदे उसुपं, उत्तरभद्दपदे पंचमं होदि ॥५४५॥

अर्थ—आदिसे पचपन पर्व व्यतीत होनेपर कार्तिक मासमें शुक्ल पक्षकी द्वादशीको उत्तराभाद्रपदा नक्षत्रके रहते पाँचवाँ विषुप होता है ॥५४५॥

बहसाह-किण्ह-तइए, अणुराहे अट्ठसट्ठि - परिसंते ।
पव्वमदीदे उसुपं, छट्ठमयं होदि णियमेणं ॥५४६॥

अर्थ—आदिसे अड़सठ पर्व व्यतीत हो जानेपर वैशाख मासमें कृष्ण पक्षकी तृतीयाके दिन अनुराधा नक्षत्रके रहते छठा विषुप होता है ॥५४६॥

कत्तिय-मासे किण्हे, णवमी-दिवसे महाए णक्खत्ते ।
सोदी - पव्वमदीदे, होदि पुढं सत्तमं उसुपं ॥५४७॥

---

१. ब. ब. क. ज. बहसम्मि ।

अर्थ—आदिसे अस्सी पर्व व्यतीत हो जानेपर कार्तिक मासमें कृष्ण पक्षकी नवमीके दिन मघा नक्षत्रके रहते सातवाँ विषुप होता है ।।५४७।।

वइसाय-पुण्णिमीए, अस्सिणि-रिक्खे जुगस्स पक्खमाणे ।
तेरणउदी पव्वेसु वि, होदि पुढं अट्ठमं उसुयं ।।५४८।।

अर्थ—युगकी आदिसे तेरानवें पर्व व्यतीत हो जानेपर वैशाखमासकी पूर्णिमाके दिन अश्विनी नक्षत्रके रहते आठवाँ विषुप होता है ।।५४८।।

कत्तिय - मासे सुक्किल, छट्ठीए तह य उत्तरासाढे ।
पंचुत्तर - एक्क - सयं, पव्वमदीदेसु णवमयं उसुयं ।।५४९।।

अर्थ—(युगकी आदिसे) एक सौ पाँच पर्वोंके व्यतीत हो जानेपर कार्तिक मासमें शुक्ल पक्षकी षष्ठीके दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्रके रहते नौवाँ विषुप होता है ।।५४९।।

वइसाय-सुक्क-बारसि, उत्तरपुव्वम्हि फग्गुणी-रिक्खे ।
सत्तारस-एक्क-सयं, पव्वमदीदेसु दसमयं उसुयं ।।५५०।।

अर्थ—(युगकी आदिसे) एक सौ सत्तरह (११७) पर्व व्यतीत हो जानेपर वैशाखमासमें शुक्ल पक्षकी द्वादशीके दिन 'उत्तर' पद जिसके पूर्वमें है ऐसे फाल्गुनी (उत्तराफाल्गुनी) नक्षत्रके रहते दसवाँ विषुप होता है ।।५५०।।

उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी कालोंके दोनों अयनों का एवं विषुपोंका प्रमाण—

पण - वरिसे दुमणीणं, दक्खिणउत्तरायणं उसुयं ।
अय आणेज्जो उस्सप्पिणि-पढम-आदि - चरिमंतं ।।५५१।।

अर्थ—इस प्रकार उत्सर्पिणीके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय पर्यन्त पाँच वर्ष परिमित युगोंमें सूर्योंके दक्षिण और उत्तर अयन तथा विषुप जानकर लाने चाहिए ।।५५१।।

पल्लस्स-संख-भागं, दक्खिण-अयणस्स होदि परिमाणं ।
तेत्तियमेत्तं उत्तर - अयणं उसुयं च तद्दुगुणं ।।५५२।।

दक्षि प १ । उत्त प १ । उसुप प २ ।

अर्थ—संख्यात पल्यके (एक-एक अर्ध रूप) जितने भाग होते हैं उतना प्रमाण उत्सर्पिणीगत दक्षिणायनका है और उतना ही प्रमाण उत्तरायणका है, तथा विषुपोंका प्रमाण (दो में से) किसी एक अयनके समस्त प्रमाणसे दुगुना होता है ।।५५२।।

विशेषार्थ—एक उत्सर्पिणी अथवा अवसर्पिणीकाल १० कोड़ाकोड़ी सागरका होता है और एक सागर १० कोड़ाकोड़ी पल्यका होता है। जबकि एक सागरमें १० कोड़ाकोड़ी पल्य होते हैं तब १० कोड़ाकोड़ी सागरमें कितने पल्य होंगे ? ऐसा त्रैराशिक करनेपर एक उत्सर्पिणी अथवा अवसर्पिणी कालके $(१०)^{१८}$ अर्थात् एकके अंकके आगे १८ शून्य रखनेपर जो २९ अंक प्रमाण संख्या प्राप्त होती है वही एक कोड़ाकोड़ी सागरके पल्योंका प्रमाण है।

कालका प्रमाण अद्धापल्य द्वारा मापा जाता है। जबकि एक अद्धा पल्यमें असंख्यात वर्ष होते हैं तब $(१०)^{१८}$ अद्धापल्योंमें कितने वर्ष होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर वर्षोंका जो प्रमाण प्राप्त होता है उससे दुगुना प्रमाण अयनोंका होता है, इसीलिए संदृष्टिमें दक्षिणायन अथवा उत्तरायण अयनोंका प्रमाण संख्यात पल्य दिया है। दक्षिणायन अथवा उत्तरायणके अयन प्रमाणसे दुगुना प्रमाण विषुपोंका होता है। अर्थात् एक अयनमें एक विषुप होता है इसलिए अयनोंके प्रमाण बराबर ही विषुपोंका प्रमाण होता है।

गाथामें जो दुगुण शब्द आया है वह दक्षिणायन अथवा उत्तरायण का जितना प्रमाण है उससे दुगुने विषुपोंके लिए आया है। संदृष्टिमें संख्यात पल्यका द्विगुणित शब्द भी इसी अर्थका द्योतक है।

अवसप्पिणीए एवं, अवसव्वा तारो रहट्ट-घडिएवं।
होंति अणंताणंता पुव्वं वा दुगुण - परिवत्तं ॥५५३॥

अर्थ—इसीप्रकार (उत्सर्पिणीके सदृश) अवसर्पिणीकालमें भी रहंट की घटिकाओं सदृश दक्षिण-उत्तर अयन और विषुप कहने चाहिए। सूर्यके परिवर्तन पूर्ववत् अनन्तानन्त होते हैं ॥५५३॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिये]

विषुप सम्बन्धी विशेष विवरण इसप्रकार है—

वर्ष संख्या	विषुप संख्या	गत-पर्व-संख्या	मास	पक्ष	तिथि	नक्षत्र
प्रथम वर्ष	१ ला	६ पर्व व्यतीत होनेपर	कार्तिक	कृष्ण	तृतीया	रोहिणी के योग में
	२ रा	१८ ,, ,,	वैशाख	कृष्ण	नवमी	धनिष्ठा ,, ,,
द्वितीय वर्ष	३ रा	३१ ,, ,,	कार्तिक	शुक्ल	पूर्णिमा	स्वाति ,, ,,
	४ था	४३ ,, ,,	वैशाख	शुक्ल	षष्ठी	पुनर्वसु ,, ,,
तृतीय वर्ष	५ वाँ	५५ ,, ,,	कार्तिक	शुक्ल	द्वादशी	उ० भाद्र० ,, ,,
	६ ठा	६८ ,, ,,	वैशाख	कृष्ण	तृतीया	अनुराधा ,, ,,
चतुर्थ वर्ष	७ वाँ	८० ,, ,,	कार्तिक	कृष्ण	नवमी	मघा ,, ,,
	८ वाँ	९३ ,, ,,	वैशाख	शुक्ल	पूर्णिमा	अश्विनी ,, ,,
पञ्चम वर्ष	९ वाँ	१०५ ,, ,,	कार्तिक	शुक्ल	षष्ठी	उ० षाढ़ा ,, ,,
	१०वाँ	११७ ,, ,,	वैशाख	शुक्ल	द्वादशी	उ० फा० ,, ,,

लवणसमुद्रसे पुष्करार्ध पर्यन्तके चन्द्र-बिम्बों का विवेचन—

चत्तारो लवण-जले, बादइ-दीवम्मि बारस मिदंका ।
बादाल काल - सलिले, बाहत्तरि पोक्खरद्धम्मि ॥५५४॥

४ । १२ । ४२ । ७२ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें चार, धातकीखण्डमें बारह, कालोदसमुद्रमें बयालीस और पुष्करार्द्ध द्वीपमें बहत्तर चन्द्र हैं ॥५५४॥

णिय-णिय-ससीण अद्धं, दीव-समुद्दाण एक्क-भागम्मि ।
अवरे भागं अद्धं, चरंति पंति - क्कमेणं च ॥५५५॥

अर्थ—द्वीप एवं समुद्रोंके अपने-अपने चन्द्रोंमेंसे आधे एक भागमें और (शेष) आधे दूसरे भागमें पंक्तिक्रमसे सञ्चार करते हैं ॥५५५॥

एक्केक्क-चारखेत्तं, दो-दो-चंदाण होदि तव्वासो ।
पंच-सया दस-सहिदा, विणयर-बिंबादि - रित्ता य ॥५५६॥

अर्थ—दो-दो चन्द्रोंका एक-एक चारक्षेत्र है और उसका विस्तार सूर्यबिम्ब (½ यो०) से अधिक पांच सौ दस (५१०½) योजन प्रमाण है ॥५५६॥

पुह-पुह चारखेत्ते, पण्णारस हवंति चंद-वीहीओ ।
तव्वासो छप्पण्णा, जोयणया एक्क-सट्ठि-हिदा ॥५५७॥

५५ । ६१ ।

अर्थ—पृथक्-पृथक् चारक्षेत्रमें जो पन्द्रह-पन्द्रह चन्द्र-वीथियां होती हैं। उनका विस्तार इकसठसे भाजित छप्पन (५६/६१) योजन प्रमाण है ॥५५७॥

चन्द्रके अभ्यन्तर पथमें स्थित होनेपर प्रथम पथ व द्वीप-समुद्रजगतीके बीच अन्तराल—

णिय-णिय-चंद-पमाणं, भजिदूणं एक्क-सट्ठि-रूवेहिं ।
अट्ठवीसेहिं गुणिदं, सोहिय णिय-उवहि-वीच-वासम्मि ॥५५८॥
ससि-संखाए विहत्तं, सव्वब्भंतर-वीहि-ट्ठिदिदूणं ।
दीवाणं उवहीणं, आदिम-पह-जगदि-विच्चालं ॥५५९॥

अर्थ—अपने-अपने चन्द्रोंके प्रमाणमें इकसठ (६१) रूपोंका भाग देकर अट्ठाईस (२८) से गुणा करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे अपने द्वीप या समुद्रके विस्तारमेंसे घटाकर चन्द्र संख्यासे विभक्त करे। जो लब्ध प्राप्त हो उतना सर्व-अभ्यन्तर वीथीमें स्थित चन्द्रोंके आदिम पथ और द्वीप अथवा समुद्रकी जगतीके बीच अन्तराल होता है ॥५५८-५५९॥

लवणसमुद्रमें अभ्यन्तर वीथी और जगतीके अन्तरालका प्रमाण—

उणलक्ख-सहस्सा णव-सय-णवणउदि-जोयणा य तेत्तीसा ।
अंसा लवणसमुद्दे, अब्भंतर - वीहि - जगदि - विच्चालं ॥५६०॥

९९९९९ । ३३ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें अभ्यन्तर वीथी और जगतीके बीच उनंचास हजार नौ सौ निन्यानवें योजन और एक योजनके इकसठ भागोंमेंसे तैंतीस भाग प्रमाण अन्तराल है ॥५६०॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रका विस्तार दो लाख योजन है और इसमें चन्द्र ४ हैं। उपर्युक्त विधिके अनुसार प्रथम वीथी स्थित चन्द्र और लवणसमुद्रकी जगतीके मध्यका अन्तर प्रमाण इसप्रकार है—

$(४ \div ६१) \times २८ = \frac{११२}{६१}$

$\left(\frac{१२९६२०}{६१} - \frac{३१३}{६१}\right) \div ४ = \frac{१२३३२८८}{६१ \times ६१}$

$= \frac{१२३३२८८}{६१ \times ६१} = ४६६६६\frac{६}{६१}$ योजन अन्तराल।

धातकीखण्ड द्वीपमें बत्तीसे प्रथम वीथीका अन्तराल—

दुग-तिग-तिग-तिग-तिण्णि य, विच्चालं धादइम्मि वीथम्मि।
गज - छक्क - एक्क - अंसा, तेसीदि - सदेहिं अवहरिदा ॥५६१॥

३३३३२। $\frac{१२०}{१६३}$।

अर्थ—धातकीखण्ड द्वीपमें यह अन्तराल दो, तीन, तीन, तीन और तीन अर्थात् तैंतीस हजार तीन सौ बत्तीस योजन और एक सौ तेरासीसे भाजित एक सौ साठ भाग प्रमाण है ॥५६१॥

विशेषार्थ—$(१२ \div ६१) \times २८ = \frac{१३६}{६१}$

$\left(\frac{५२९६२०}{६१} - \frac{३१३}{६१}\right) \div १२ = \frac{५३३२८८}{६१ \times ६१}$

$= \frac{३२३३२८८}{६१ \times ६१} = ३३३३२\frac{१२०}{१६३}$ योजन अन्तराल।

कालोदधिमें बत्तीसे प्रथम वीथीगत चन्द्रका अन्तराल—

सग-चउ-णहु-गय-एक्का, अंक-कमे पण-सय-दोण्णि अंसा य।
इगि-अट्ठ-दु-एक्क-हिदा, कालोदय - अगदि - विच्चालं ॥५६२॥

१६०४७। $\frac{२०५}{११८५}$।

अर्थ—कालोदधिसमुद्रकी बत्तीसी और (प्रथम) वीथीके मध्यका अन्तराल सात, चार, शून्य, नौ और एक इन अंकोंके क्रमसे उन्नीस हजार सैंतालीस योजन और बारह सौ इक्यासीसे भाजित दो सौ पांच भाग अधिक है ॥५६२॥

विशेषार्थ—$(४२ \div ६१) \times २८ = \frac{११६}{६१}$

$\left(\frac{७०९६२०}{६१} - \frac{११९१}{६१}\right) \div ४२ = \frac{५९०९८८}{६१ \times ६१}$

$= \frac{५९०९८८}{६१ \times ६१} = १६०४७\frac{२०५}{११८५}$ योजन अन्तराल।

पुष्करार्द्धद्वीपमें बत्तीसे प्रथम वीथीगत चन्द्रका अन्तराल—

सुण्णं चउ-ठाणेक्का, अंक-कमे छट्ठ-पंच-तिण्णि कला।
चय - चउ - पंच - विहत्ता, विच्चालं पुक्खरद्धम्मि ॥५६३॥

११११०। $\frac{३५६}{४५}$।

अर्थ—पुष्करार्धद्वीपमें यह अन्तराल शून्य और चार स्थानोंमें एक, इन अंकोंके क्रमसे ग्यारह हजार एक सौ दस योजन और पाँचसौ उनंचाससे भाजित तीन सौ अट्ठावन कला प्रमाण है ॥५६३॥

विशेषार्थ—$(७२ \div ६१) \times २८ = \frac{२०१५}{६१}$

$\left(\frac{८०००००}{२}\right) - \left(\frac{३१३५}{६१}\right) \div ७२ = \frac{४८९९९१८४}{६१ \times ६१}$

$= \frac{१०११७१८}{३७२१} = ११११०\frac{३५६}{३७२१}$ योजन अन्तराल।

एदाणि अंतराणि, पढम - पह - संठिदाण चंदाणं।
बिदियादीण पहाणं, अहिया अब्भंतरे बाहिं ऊणा ॥५६४॥

अर्थ—प्रथम पथमें स्थित चन्द्रोंके ये उपर्युक्त अन्तर अभ्यन्तरमें द्वितीयादिक पथोंसे अधिक और बाह्यमें उनसे रहित हैं ॥५६४॥

दो चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर प्राप्त करनेकी विधि—

लवणादि-चउक्काणं, वास-पमाणम्मि णिय-ससि-दलाणं।
बिबाणि केलिसा, तत्तो णिय - चंद - संख - अद्धेणं ॥५६५॥

भजिदूणं जं लद्धं, तं पत्तेक्कं ससीण विच्चालं।
एवं सव्व - पहाणं, अंतरमेदम्मि णिद्दिट्ठं ॥५६६॥

अर्थ—लवणसमुद्रादिक चारोंके विस्तार प्रमाणमेंसे अपने-अपने चन्द्रोंके अर्ध बिम्बोंको घटाकर शेषमें निज चन्द्र-संख्याके अर्धभागका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना प्रत्येक चन्द्रका अन्तराल प्रमाण होता है। इसप्रकार यहाँपर सब पथोंका अन्तराल निर्दिष्ट किया गया है ॥५६५-५६६॥

लवण समुद्रगत चन्द्रोंका अन्तराल प्रमाण—

णवणउदि-सहस्सा णव-सय-णवणउदि जोयणा य पंच कला।
लवणजलहिम्मि चोद्दस, तुसारकिरणाण विच्चालं ॥५६७॥

९९९९९ । ५ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें दो चन्द्रोंके बीच निन्यानवें हजार नौ सौ निन्यानवें योजन और पाँच कला अधिक अन्तराल है ॥५६७॥

विशेषार्थ—ल० समुद्रका विस्तार दो लाख योजन, चन्द्र संख्या चार और इन चारोंका बिम्ब विस्तार $\left(\frac{३५}{६१} \times ४\right) = \frac{१४०}{६१}$ योजन है। समुद्र विस्तारमेंसे अर्ध चन्द्रबिम्बोंका विस्तार

($\frac{53}{54}$ ÷ २ = $\frac{53}{108}$ यो०) घटाकर शेषमें अर्ध चन्द्र संख्या (४ ÷ २ = २) का भाग देनेपर दो चन्द्रों का पारस्परिक अन्तर प्रमाण प्राप्त होता है। यथा—

($\frac{1000000}{1}$ − $\frac{53}{54}$) ÷ २ = $\frac{53999946}{108}$

= ९९९९९९$\frac{1}{2}$ योजन दोनों चन्द्रोंका अन्तराल।

धातकीखण्डस्थ चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर प्रमाण—

पंच चउ-ठाण-छक्का, अंक-कमे सग-ति-एक्क अंसा य।
तिय - अट्ठ एक्क - विहत्ता, अंतरमिणुणं धादईसंडे ॥५६८॥

६६६६५। $\frac{133}{173}$।

अर्थ—धातकीखण्डद्वीपमें चन्द्रोंके बीच पांच और चार स्थानोंमें छह इन अंकोंके क्रमसे छयासठ हजार छह सौ पैंसठ योजन और एक सौ तेरासीसे विभक्त एक सौ सैंतीस कला प्रमाण अन्तर है ॥५६८॥

विशेषार्थ—धातकीखण्डका विस्तार ४ लाख यो०, चन्द्र संख्या १२ और इनका बिम्ब विस्तार ($\frac{56}{61}$ × $\frac{53}{54}$) = $\frac{2968}{3294}$ योजन है। उपर्युक्त नियमानुसार दो चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर प्रमाण इसप्रकार है—

($\frac{1000000}{1}$ − $\frac{2968}{3294}$) ÷ $\frac{53}{54}$ = $\frac{1199999}{1}$

= ६६६६५$\frac{133}{173}$ योजन अन्तराल है।

कालोदधि-स्थित चन्द्रोंका अन्तर-प्रमाण—

चउसीद-णवसुण्ण-तिया, अंक कमे सुण्ण-एक्क-चारि कला।
इगि - अट्ठ - दुग - इगि - अहिदा, अंतरमिणुणं कालोदे ॥५६९॥

३८०९४। $\frac{410}{1128}$।

अर्थ—कालोदधि समुद्रमें चन्द्रोंके बीच चार, नौ, शून्य, आठ और तीन इन अंकोंके क्रमसे अड़तीस हजार चौरानवे योजन और बारह सौ इक्यासीसे भाजित चार सौ दस कला अधिक अन्तर है ॥५६९॥

विशेषार्थ—कालोदधिका वि० ८ लाख यो०, चन्द्र संख्या ४२ और इनका बिम्ब विस्तार ($\frac{56}{61}$ × $\frac{53}{54}$) = $\frac{1148}{1281}$ योजन है। उपर्युक्त नियमानुसार यहांके दो चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर प्रमाण इसप्रकार है—

$$\left(\frac{^{\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ}} - \frac{^{\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ}}\right) \div \frac{^{\circ\circ}}{^{\circ\circ}} = \frac{^{\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ}}$$

$= ३८०९४\frac{^{\circ\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ\circ}}$ योजन अन्तराल है।

पुष्करार्ध-स्थित चन्द्रोंका अन्तर-प्रमाण—

एक्क-चउ-ट्ठाण-सुगा, अंक-कमे सत्त-छक्क-एक्क कला।
सय-चउ-पंच - विहत्ता, अंतरमिंदूण पोक्खरद्धम्मि ॥५७०॥

२२२२१ । $\frac{^{\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ}}$ ।

अर्थ—पुष्करार्द्ध द्वीपमें चन्द्रोंके मध्य एक और चार स्थानोंमें दो इन अंकोंके क्रमसे बाईस हजार दो सौ इकतीस योजन और पांच सौ उनंचाससे विभक्त एक सौ सड़सठ कला अधिक अन्तर है ॥५७०॥

विशेषार्थ—पुष्करार्धद्वीपका विस्तार ८ लाख यो० है। चन्द्र संख्या ७२ और इनका बिम्ब विस्तार $\left(\frac{^{\circ\circ}}{^{\circ\circ}} \times \frac{^{\circ\circ}}{^{\circ\circ}}\right) = \frac{^{\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ}}$ योजन है। उपर्युक्त नियमानुसार यहांके दो चन्द्रोंका पारस्परिक अन्तर प्रमाण इसप्रकार है—

$$\left(\frac{^{\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ}} - \frac{^{\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ}}\right) \div \frac{^{\circ\circ}}{^{\circ\circ}} = \frac{^{\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ\circ}}$$

$= २२२२१\frac{^{\circ\circ\circ}}{^{\circ\circ\circ}}$ योजन अन्तराल है।

चन्द्रकिरणोंकी गति—

णिय-णिय-पढम-पहाणं, अमदीणं अंतर-प्पमाण-समं।
णिय-णिय-लेस्सगदीओ, सव्व - मियंकाण पत्तेक्कं ॥५७१॥

अर्थ—अपने-अपने प्रथम पथ और अमतिवोंके अन्तर-प्रमाणके बराबर सब चन्द्रोंमेंसे प्रत्येकको अपनी-अपनी किरणोंकी गतियां होती हैं ॥५७१॥

लवणसमुद्रादिमें चन्द्र-वीथियोंका प्रमाण—

तीसं अडवी ति-सया, पण्णरस-जुदा य जाल पंच-सया।
लवण - ण्हवंबि - चउक्के, चंदाणं होंति वीहीओ ॥५७२॥

३० । १८० । ३१५ । ५४० ।

अर्थ—लवणसमुद्रादि चारमें चन्द्रोंकी क्रमशः तीस, एकसौ अस्सी, तीन सौ पन्द्रह और पांच सौ चालीस वीथियां हैं ॥५७२॥

विशेषार्थ—५१०$\frac{५}{६१}$ योजन प्रमाणवाली एक संचार भूमिमें १५ वीथियाँ होती हैं, जिसे दो चन्द्र पूरा करते हैं। लवणोदधि आदिमें क्रमशः ४, १२, ४२ और ७२ चन्द्र हैं। जब दो चन्द्रोंके प्रति १५ वीथियाँ हैं, तब ४, १२, ४२ और ७२ चन्द्रोंके प्रति कितनी वीथियाँ होंगी? इसप्रकार त्रैराशिक करनेपर वीथियोंका क्रमशः पृथक्-पृथक् प्रमाण लवणोदधिमें ($\frac{१५ \times ४}{२}$) = ३०, धा० खण्डमें ($\frac{१५ \times १२}{२}$) = ९०, कालोदधिमें ($\frac{१५ \times ४२}{२}$) = ३१५ और पुष्करार्धद्वीपमें ($\frac{१५ \times ७२}{२}$) = ५४० प्राप्त होता है।

लवणोदधि आदिमें चन्द्रकी मुहूर्त-परिमित गतिका प्रमाण प्राप्त करनेकी विधि—

णिय-पह-परिहि-पमाणे, पुह-पुह दु-सएक्क-बीस-संगुणिदे ।
तेरस-सहस्स-सग-सय-पणुवीस-हिदे मुहुत्त[1] - गदिमाणं ॥५७३॥

$\frac{१३७२५}{}$ ।

अर्थ—अपने-अपने पथोंकी परिधिके प्रमाणको पृथक्-पृथक् दो सौ इक्कीस (२२१) से गुणाकर लब्धमें तेरह हजार सात सौ पच्चीसका भाग देनेपर मुहूर्तकाल परिमित गतिका प्रमाण आता है ॥५७३॥

लवणसमुद्रादिमें चन्द्रोंकी शेष प्ररूपणा—

सेसाओ वण्णणाओ, जंबूदीवम्मि जाओ चंदाणं ।
ताओ लवणे धादइसंडे कालोद - पुक्खरद्धेसुं ॥५७४॥

एवं चंदाणं परूवणा समत्ता ।

अर्थ—लवणोदधि, धातकीखण्ड, कालोदधि और पुष्करार्ध द्वीपमें स्थित चन्द्रोंका शेष वर्णन जम्बूद्वीपके चन्द्रोंके वर्णन सदृश जानना चाहिए ॥५७४॥

इसप्रकार चन्द्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

लवणसमुद्रादिमें सूर्योंका प्रमाण—

चत्तारि होंति लवणे, बारस सूरा य धादईसंडे ।
बादाला कालोवे, बावत्तरि पुक्खरद्धम्मि ॥५७५॥

४ । १२ । ४२ । ७२ ।

---

१. ब. मुहुत्तगदि, ब. मुहुत्तं ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें चार, धातकीखण्डमें बारह, कालोदधिमें बयालीस और पुष्करार्ध-द्वीपमें बहत्तर सूर्य स्थित हैं ॥५७५॥

उपर्युक्त सूर्योंका अवस्थान, प्रत्येकका चारक्षेत्र और
चारक्षेत्रका विस्तार—

णिय-णिय-रवीण अद्ध, बीव-समुद्दाण एक्क-भागम्मि ।
अवरे भागे अद्धं, चरेदि पंति - क्कमेणेव ॥५७६॥

अर्थ—अपने-अपने सूर्योंका अर्ध भाग द्वीप-समुद्रोंके एक भागमें और अर्धभाग दूसरे भागमें पंक्ति क्रमसे संचार करता है ॥५७६॥

एक्केक्क-चारखेत्तं, दो-दो हुमणीण होदि सव्वासो ।
पंच-सया दस - सहिदा, विक्खंभ - विसादिरित्ता य ॥५७७॥

५१० । ४९ ।

अर्थ—दो-दो सूर्योंका एक-एक चारक्षेत्र होता है। इस चारक्षेत्रका विस्तार सूर्यबिम्बके विस्तारसे अधिक पाँच सौ दस (५१०$\frac{४९}{६१}$) योजन-प्रमाण है ॥५७७॥

वीथियोंका प्रमाण एवं विस्तार—

एक्केक्क-चारखेत्ते, चउसीदि-जुद-सदेक्क-वीहीओ ।
सव्वासो अडदालं, जोयणया एक्क - सट्ठि - हिदा ॥५७८॥

१८४ । ४९ ।

अर्थ—एक-एक चारक्षेत्रमें एक सौ चौरासी (१८४) वीथियाँ होती हैं। इनका विस्तार इकसठसे भाजित अड़तालीस ($\frac{४८}{६१}$) योजन है ॥५७८॥

लवणसमुद्रादिमें प्रत्येक सूर्यके बीच तथा प्रथम पथ एवं जगतीके मध्यका
अन्तर प्राप्त करनेकी विधि—

लवणादि-चउक्काणं, आस-पमाणम्मि णिय-रवि-दलाणं ।
विक्खंभे पेलित्ता, तत्तो णिय—
भजिदूणं जं लद्धं, तं पत्तेक्कं रवीण विच्चालं ।
तस्स य अद्ध - पमाणं, जगदी-आसण्ण-मग्गाणं ॥५८०॥

अर्थ—लवणोदधि आदि चारोंके विस्तार-प्रमाणमेंसे अपने आधे सूर्य-बिम्बोंको घटाकर शेषमें अर्ध-सूर्य-संख्याका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना प्रत्येक सूर्यका और इससे आधा जगती एवं आसन्न (प्रथम) मार्गके बीचका अन्तराल प्रमाण होता है ।। ५७९-५८०।।

लवणसमुद्रमें प्रत्येक सूर्यका और जगतीसे प्रथम पथका अन्तराल—

लवणउदि-सहस्साणि, णव-सय-लवणउदि जोयणाणि पि ।
तेरसभेत्त - कलाओ, भजिदव्वा एक्कसट्ठीए ।।५८१।।

९९९९९ । $\frac{१३}{६१}$ ।

एत्तियमेत्त - पमाणं, पत्तेक्कं दिणयराण विच्चालं ।
लवणोवे तस्सद्धं, जगदीदो जियय - पढम - मग्गाणं[1] ।।५८२।।

अर्थ—निन्यानवें हजार नौ सौ निन्यानवें योजन और इकसठसे भाजित तेरह कला, इतना लवणसमुद्रमें प्रत्येक सूर्यके अन्तरालका प्रमाण है और इससे आधा जगती एवं निज प्रथम मार्गके बीच अन्तर है ।।५८१-५८२।।

विशेषार्थ—लवणसमुद्रका विस्तार दो लाख योजन, सूर्य संख्या ४ और इनका बिम्ब विस्तार ($\frac{६}{६१} \times ४$) = $\frac{२४}{६१}$ यो० है। उपर्युक्त नियमानुसार दो सूर्योंका पारस्परिक अन्तर इसप्रकार है—$\frac{२०००००}{४} - \left(\frac{२४}{६१} \times \frac{१}{२}\right) \div \frac{१}{२} = \frac{१००००}{१} - \frac{१२}{६१} = ९९९९९\frac{१३}{६१}$ योजन है। तथा प्रथम पथसे जगतीका अन्तर $\frac{२०००००}{४} - \frac{१००००}{१} = ९९९९९ - \frac{१२}{६१} = ४९९९९\frac{४९}{६१}$ योजन प्रमाण है।

धातकीखण्डस्थ सूर्य आदिके अन्तर प्रमाण—

छावट्ठि-सहस्साणि, छस्सय-पण्णट्ठि जोयणाणि कला ।
इगिसट्ठी - भत्त - सयं, तेसीदि - जुद - सयं हारो ।।५८३।।

६६६६५ । $\frac{१११}{६१}$ ।

एवं अंतरमाणं, एक्केक्क - रवीण चारईसंडे ।
लेस्सागदी तदद्धं, तस्सरिसा उवहि - आबाहा ।।५८४।।

अर्थ—छयासठ हजार छह सौ पैंसठ योजन और एक सौ तेरासीसे भाजित एक सौ इकसठ कला, इतना धातकीखण्डमें प्रत्येक सूर्यका अन्तराल प्रमाण है। इससे आधी किरणोंकी गति और उसके सदृश ही समुद्रका अन्तराल भी है ।।५८४।।

---

१. द. ब. क. ज. मग्गा ।

विशेषार्थ—धा० खण्ड का विस्तार ४ लाख योजन, सूर्य १२ और इनका बिम्ब विस्तार $(\frac{४८}{६१} \times \frac{१२}{१})=\frac{५७६}{६१}$ योजन है। यहाँ दो सूर्योंका पारस्परिक अन्तर $^{४००००}-(\frac{४८}{६१}\times\frac{१२}{१})\div\frac{१२}{१}=^{१९९९९}\frac{५६५}{६१}=६६६६\frac{१५}{६१}$ योजन है।

किरणोंकी गति $(^{१९९९९}\frac{५६५}{६१}\times\frac{१}{२})=३३३२\frac{१९३}{१२२}$ योजन और प्रथम पथसे द्वीपकी जगती का अन्तर भी $३३३२\frac{१९३}{१२२}$ योजन ही है।

कालोदधिमें स्थित सूर्य आदिके अन्तर प्रमाण—

अट्ठत्तीस-सहस्सा, चउणउदी जोयणाणि पंच सया।
अट्ठाहत्तरि हारो, बारसय - सयाणि इगिसीदी ॥५८५॥

$३८०९४\frac{५७८}{१२८१}$।

एवं अंतरमाणं, एक्केक्क-रवीण काल-सलिलम्मि।
तेस्सागदी तदद्धं, तस्सरिसं उवहि - आबाहा ॥५८६॥

अर्थ—अड़तीस हजार चौरानवें योजन और बारह सौ इक्यासीसे भाजित पाँच सौ अठत्तर भाग, यह कालोदसमुद्रमें एक-एक सूर्यका अन्तराल प्रमाण है। इससे आधी किरणोंकी गति और उसके ही बराबर समुद्रका अन्तर भी है ॥५८५-५८६॥

विशेषार्थ—कालोदधिका विस्तार ८ लाख योजन, सूर्य ४२ और इनका बिम्ब विस्तार $(\frac{४८}{६१}\times\frac{१२}{१})=\frac{५७६}{६१}$ योजन है। $(^{८००००}-\frac{५७६}{६१})\div\frac{१२}{१}=^{९९९९}\frac{५६५}{६१}\div\frac{१२}{१}=३८०९४\frac{५७८}{१२८१}$ योजन दो सूर्योंका पारस्परिक अन्तर है।

किरणोंकी गति $^{१९९९९}\frac{५६५}{६१}\times\frac{१}{२}=१९०४७\frac{१९३}{१२२}$ योजन और प्रथम पथसे समुद्रकी जगतीका अन्तर भी $१९०४७\frac{१९३}{१२२}$ योजन है।

पुष्करार्धगत सूर्यादिके अन्तर-प्रमाण—

बाणउदि-सहस्साणि, बे-सय-इगिवीस जोयणा अंसा।
दोण्हि-सया उणवण्णं, हारो उणवण्ण-पंच-सया ॥५८७॥

$९२२२१\frac{२५१}{५५१}$।

एवं अंतरमाणं, एक्केक्क - रवीण पोक्खरद्धम्मि।
तेस्सागदी तदद्धं, तस्सरिसा उदहि - आबाहा ॥५८८॥

अर्थ—बाईस हजार दो सौ इक्कीस योजन और पाँच सौ उनंचाससे भाजित दो सौ उनतालीस भाग, यह पुष्करार्धद्वीपमें एक-एक सूर्यका अन्तराल-प्रमाण है। इससे आधी किरणोंकी गति और उसके बराबर ही समुद्रका अन्तर भी है ॥५८७-५८८॥

विशेषार्थ—पुष्करार्धद्वीपका विस्तार ८ लाख यो०, सूर्य संख्या ७२ और इनका बिम्ब विस्तार ($\frac{४८}{६१} \times \frac{२१}{६१}$) = $\frac{१००८}{३७२१}$ योजन है। पूर्व नियमानुसार यहाँके दो सूर्योंका पारस्परिक अन्तर प्रमाण इसप्रकार है—

($\frac{८०००००}{७२} - \frac{१००८}{३७२१}$) ÷ $\frac{२१}{६१}$ = $\frac{१३५६५५१८}{३७२१}$

= २२२२१$\frac{३३३}{३७२१}$ योजन अन्तराल है। किरणोंकी गति = $\frac{१३५६५५१८}{१२२१}$ = १११०$\frac{५५४}{३७२१}$ योजन प्रमाण है और प्रथम पथसे द्वीपकी जगतीका अन्तर भी इतना ही है।

ताओ आबाहाओ, दोसुं पासेसु संठिद - रवीणं।
चारक्खेत्तब्भहिया, अब्भंतरए बहिं ऊणा ॥५८९॥

अर्थ—दो पार्श्वभागोंमें स्थित सूर्योंके ये अन्तर अभ्यन्तरमें चारक्षेत्रसे अधिक और बाह्यमें चारक्षेत्रसे रहित हैं ॥५८९॥

जम्बूद्वीपमें अन्तिम मार्गसे अभ्यन्तरमें किरणोंकी गतिका प्रमाण—

जंबूयंके दोण्हं, लेस्सा वच्चंति चरिम - मग्गादो।
अब्भंतरए णभ-तिय-तिय-सुण्णा पंच ओयणया ॥५९०॥

५०३३०।

अर्थ—जम्बूद्वीपमें अन्तिम मार्गसे अभ्यन्तरमें दोनों चन्द्र-सूर्योंकी किरणें शून्य, तीन, तीन, शून्य और पाँच इस अंक क्रमसे पचास हजार तीन सौ तीस (५०३३०) योजन प्रमाण जाती हैं ॥५९०॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपका मेरु पर्वत पर्यन्त व्यास ५० हजार योजन है। गाथा ५८९ के नियमानुसार इसमें लवणसमुद्र सम्बन्धी ३३० योजन चारक्षेत्रका प्रमाण जोड़ देनेपर जम्बूद्वीपमें अन्तिम मार्गसे अभ्यन्तरमें किरणोंका प्रसार (५००००+३३०) = ५०३३० योजन पर्यन्त होता है।

लवणसमुद्रमें जम्बूद्वीपस्थ चन्द्रादिकी किरणोंकी गतिका प्रमाण—

चरिम-पहादो बाहिं, लवणे बो-णभ-ख-ति-तिय-जोयणया।
वच्चइ लेस्सा अंसा, सयं च हारा तिसोधि-अहिय-सया ॥५९१॥

३३००२। $\frac{१००}{३३}$।

अर्थ—लवणसमुद्रमें अन्तिम पथसे बाह्यमें दो, शून्य, शून्य, तीन और तीन, इस अंक क्रमसे तेंतीस हजार दो योजन और एक सौ तेरासी भागोंमेंसे सौ भाग प्रमाण किरणें जाती हैं ॥५९१॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रके छटे भागका प्रमाण ($\frac{१००००००}{६}$) = ३३३३३$\frac{२}{३}$ यो० है। गाथा ५८९ के नियमानुसार इसमेंसे लवणसमुद्र सम्बन्धी चारक्षेत्रका प्रमाण घटा देनेपर (३३३३३$\frac{२}{३}$ — ३३०$\frac{१६}{१८३}$) = ३३००२$\frac{१००}{१८३}$ योजन शेष रहते हैं। अर्थात् लवणसमुद्रमें अन्तिम पथसे बाह्यमें किरणोंकी गति ३३००२$\frac{१००}{१८३}$ यो० पर्यन्त होती है।

जम्बूद्वीपस्थ अभ्यन्तर और बाह्य पथ स्थित सूर्यकी
किरणोंकी गतिका प्रमाण—

पढम-पह-संठियाणं, सेस्स-गदी णभ-दु-अट्ठ-णव-चउरो।
अंक - कमे जोयणया, अब्भंतरए समुद्दिट्ठं ॥५९२॥

४९८२०।

अर्थ—प्रथम पथ स्थित सूर्यकी किरणोंकी गति अभ्यन्तर पथमें शून्य, दो, आठ, नौ और चार, इन अंकोंके क्रमसे उनंचास हजार आठ सौ बीस योजन पर्यन्त फैलती है। ऐसा जिनेन्द्र-देवने कहा है ॥५९२॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपके अर्ध व्यासमेंसे द्वीप सम्बन्धी चारक्षेत्रका प्रमाण १८० योजन घटा देनेपर (५००००—१८०) = ४९८२० योजन शेष रहा। यही मेरु पर्वतके मध्यभागसे लगाकर अभ्यन्तर वीथी पर्यन्त सूर्यकी किरणोंकी गतिका प्रमाण है।

बाहिर-भागे सेस्सा, वड्ढंति ति-एक्क-पण-ति-तिय-कमसो।
जोयणया तिय - भागं, सेस - पहे हाणि - वड्ढीओ ॥५९३॥

३३५१३।$\frac{१}{३}$।

अर्थ—बाह्यभागमें सूर्यकी किरणें तीन, एक, पाँच, तीन और तीन इस अंक क्रमसे तेंतीस हजार पाँच सौ तेरह योजन और एक योजनके तीन भागोंमेंसे एक भाग पर्यन्त फैलती हैं। शेष पथोंमें किरणोंकी क्रमशः हानि और वृद्धि होती है ॥५९३॥

विशेषार्थ—लवणसमुद्रके व्यासका छठा भाग ($\frac{१००००००}{६}$) = ३३३३३$\frac{२}{३}$ योजन होता है। इसमें द्वीप सम्बन्धी चारक्षेत्रका प्रमाण १८० योजन मिलानेपर (३३३३३$\frac{२}{३}$ + १८०) = ३३५१३$\frac{१}{३}$ योजन होता है। अर्थात् अभ्यन्तर पथमें स्थित सूर्यकी किरणें लवणसमुद्रके छटे भाग (३३५१३$\frac{१}{३}$ योजन) पर्यन्त फैलती हैं।

लवणसमुद्रादिमें किरणोंका फैलाव—

लवण-प्पहुदि-चउक्के, णिय-णिय-खेत्तेसु दिणयर-मयंका।
चरंति ताव लेस्सा, अण्णक्खेत्तं ण कइया वि ॥५६४॥

अर्थ—लवणसमुद्र आदि चारमें जो सूर्य एवं चन्द्र हैं उनकी किरणें अपने-अपने क्षेत्रोंमें ही जाती हैं, अन्य क्षेत्रमें कदापि नहीं जाती ॥५६४॥

लवणसमुद्रादिमें सूर्य-वीथियोंकी संख्या—

अट्ठासट्ठी ति-सया, लवणम्मि हवंति भाणु-वीहीओ।
चउदसर - एक्कारस - सयमेत्ता धायईसंडे ॥५६५॥

३६८ । ११०४ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें सूर्य-वीथियाँ तीन सौ अड़सठ हैं और धातकीखण्डमें ग्यारह सौ चार हैं ॥५६५॥

चउसट्ठी अट्ठ-सया, तिण्णि सहस्साणि कालसलिलम्मि।
चउवीसुत्तर-छ-सया, छच्च सहस्साणि पोक्खरद्धम्मि ॥५६६॥

३८६४ । ६६२४ ।

अर्थ—कालोदधिमें सूर्य-वीथियाँ तीन हजार आठ सौ चौंसठ और पुष्करार्ध द्वीपमें छह हजार छह सौ चौबीस हैं ॥५६६॥

विशेषार्थ—दो सूर्य सम्बन्धी १८४ वीथियाँ होती हैं अतः लवण—समुद्रगत ४ सूर्योंकी ($१८\frac{४}{२}$) = ३६८, धातकीखण्डगत १२ सूर्योंकी ($१८\frac{१२}{२}$) = ११०४, कालोदधिगत ($१८\frac{३५}{२}$) = ३८६४ और पुष्करार्धद्वीपगत ($१८\frac{७२}{२}$) = ६६२४ वीथियाँ हैं।

प्रत्येक सूर्यकी मुहूर्त-परिमित गतिका प्रमाण—

णिय-णिय-परिहि-पमाणे, सट्ठि-मुहुत्तेहि अवहिदे लद्धं।
पत्तेक्कं भाणूणं, मुहुत्त - गमणस्स परिमाणं ॥५६७॥

अर्थ—अपने-अपने परिधि-प्रमाणमें साठ मुहूर्तोंका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना प्रत्येक सूर्यकी मुहूर्तगतिका प्रमाण होता है ॥५६७॥

लवणसमुद्रादिमें सूर्योकी शेष प्ररूपणा—

सेसाओ वण्णणाओ, जंबूदीवम्मि जाओ सुमणीणं ।
ताओ लवणे धादइसंडे कालोद - पुक्खरद्धेसुं ॥५९८॥

सूरप्पहवणा ।

अर्थ—जम्बूद्वीप स्थित सूर्योका जो शेष वर्णन है, वही लवणसमुद्र, धातकीखण्ड, कालोद और पुष्करार्धके सूर्योका भी समझना चाहिए ॥५९८॥

इसप्रकार सूर्य-प्ररूपणा समाप्त हुई ।

लवणसमुद्रादिमें ग्रह संख्या—

बावण्णा तिण्णि-सया, होंति गहाणं च लवणजलहिम्मि ।
छप्पण्णा अब्भहियं, सहस्समेक्कं च धादईसंडे ॥५९९॥

३५२ । १०५६ ।

तिण्णि सहस्सा छस्सय, छण्णउदी होंति कालउवहिम्मि ।
छत्तीसब्भहियाणि, तेसट्ठि - सयाणि पुक्खरद्धम्मि ॥६००॥

३६९६ । ६३३६ ।

एवं गहाण परूवणा समत्ता ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें तीन सौ बावन और धातकीखण्डमें एक हजार छप्पन ग्रह हैं। कालोदधिमें तीन हजार छह सौ छयानवे और पुष्करार्धद्वीपमें छह हजार तीन सौ छत्तीस ग्रह हैं ॥५९९-६००॥

विशेषार्थ—एक चन्द्र सम्बन्धी ८८ ग्रह हैं, अतः लवणसमुद्रमें (८८×४)=३५२, धा० खण्डमें (८८×१२) = १०५६, कालोदधिमें (८८×४२) = ३६९६ और पुष्करार्धद्वीपमें (८८×७२)=६३३६ ग्रह हैं ।

इसप्रकार ग्रहोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

लवणसमुद्रादिमें नक्षत्र संख्या—

लवणम्मि बारसुत्तर-सयमेत्ताणि हवंति रिक्खाणि ।
छत्तीसेहि अहिया, तिण्णि - सया धादईसंडे ॥६०१॥

११२ । ३३६ ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें एक सौ बारह और धातकीखण्डमें तीन सौ छत्तीस नक्षत्र हैं ॥६०१॥

छाहत्तरि-जुत्ताइं, एक्करस-सयाणि कालसलिलम्मि ।
सोलुत्तर - दो - सहस्सा, दीव - वरे पोक्खरद्धम्मि ॥६०२॥

११७६ । २०१६ ।

अर्थ—कालोद समुद्रमें ग्यारह सौ छिहत्तर और पुष्करार्धद्वीपमें दो हजार सोलह नक्षत्र हैं ॥६०२॥

विशेषार्थ—एक चन्द्र सम्बन्धी २८ नक्षत्र हैं, इसलिए ४, १२, ४२ और ७२ चन्द्र सम्बन्धी नक्षत्र क्रमशः ११२, ३३६, ११७६ और २०१६ हैं।

नक्षत्रोंका शेष कथन—

सेसाओ वण्णणाओ, जंबूदीवम्मि जाओ रिक्खाणं ।
ताओ सयले धादइसंडे कालोद - पोक्खरद्धे सुं ॥६०३॥

एवं णक्खत्ताण पवणणा समत्ता ।

अर्थ—नक्षत्रोंका शेष वर्णन जैसा जम्बूद्वीपमें किया गया है उसी प्रकार लवणसमुद्र, धातकीखण्ड द्वीप, कालोद समुद्र और पुष्करार्धद्वीपमें समझना चाहिए ॥६०३॥

इसप्रकार नक्षत्रोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

लवणसमुद्रादि चारोंकी ताराओंका प्रमाण—

दोण्हि किंचय लक्खाणि, सत्तट्ठी-सहस्स णव-सयाणि च ।
होंति हु लवणसमुद्दे, ताराणं कोडिकोडीओ ॥६०४॥

२६७९०००००००००००००० ।

अर्थ—लवणसमुद्रमें दो लाख सड़सठ हजार नौ सौ कोड़ाकोड़ी तारे हैं ॥६०४॥

अट्ठ किंचय लक्खाणि, तिण्णि सहस्साणि सग-सयाणि पि ।
होंति हु धादइसंडे, ताराणं कोडकोडीओ ॥६०५॥

८०३७०००००००००००००० ।

अर्थ—धातकीखण्ड द्वीपमें आठ लाख तीन हजार सात सौ कोड़ाकोड़ी तारे हैं ॥६०५॥

अट्ठावीसं लक्खा, कोडीकोडीण बारस-सहस्सा ।
पण्णासुत्तर - णव - सय - मुत्ता तारागि कालोदे ॥६०६॥

२८१२९५०००००००००००००००।

अर्थ—कालोद समुद्रमें अट्ठाईस लाख बारह हजार नौ सौ पचास कोड़ाकोड़ी तारे हैं ॥६०६॥

अट्ठत्तालं लक्खा, बावीस - सहस्स बे-सयाणि च ।
होंति हु पोक्खरदीवे, ताराणं कोडकोडीओ ॥६०७॥

४८२२२०००००००००००००००।

अर्थ—पुष्करार्ध द्वीपमें अड़तालीस लाख बाईस हजार दो सौ कोड़ाकोड़ी तारे हैं ॥६०७॥

विशेषार्थ—एक चन्द्र सम्बन्धी ६६९७५ कोड़ाकोड़ी तारागण हैं इसलिए लवणसमुद्र आदि चारोंमें ४, १२, ४२ और ७२ चन्द्र सम्बन्धी ताराओंका प्रमाण क्रमशः (६६९७५ कोड़ाकोड़ी × ४ =) २६७९०० कोड़ाकोड़ी, ८०३७०० कोड़ाकोड़ी, २८१२९५० कोड़ाकोड़ी और ४८२२२०० कोड़ाकोड़ी है।

ताराओंका शेष निरूपण—

सेसाओ वण्णणाओ, जंबूदीवस्स वण्णण - समाओ ।
णवरि विसेसो संखा, पण्णत्ता सोल - ताराणं ॥६०८॥

अर्थ—इनका शेष वर्णन जम्बूद्वीपके वर्णन सदृश है। विशेषता केवल यह है कि स्थिर ताराओंकी संख्या भिन्न-भिन्न है ॥६०८॥

लवणसमुद्रादि चारोंकी स्थिर ताराओंका प्रमाण—

एक्क-सयं उणवालं, लवणसमुद्दम्मि सोल-ताराओ ।
दस - उत्तरं सहस्सा, धीवम्मि य धादईसंडे ॥६०९॥

१३९। १०१०।

अर्थ—लवणसमुद्रमें एक सौ उनतालीस और धातकीखण्डमें एक हजार दस स्थिर तारे हैं ॥६०९॥

एक्कत्ताल-सहस्सा, बीसुत्तरमिगि-सयं च कालोवे ।
तेवण्ण-सहस्सा बे - सयाणि तीसं च पुक्खरद्धम्मि ॥६१०॥

४१११० । ५३२३० ।

अर्थ—कालोद समुद्रमें इकतालीस हजार एक सौ बीस और पुष्करार्धद्वीपमें तिरेपन हजार दो सौ तीस स्थिर तारे हैं ॥६१०॥

मनुष्यलोक स्थित सूर्य-चन्द्रोंका विभाग—

माणुसखेत्ते सविसो, छासट्ठो होंति एक्क-पासम्मि ।
दो - पासेसुं कुणुवा, तेत्तियमेत्ताणि ससंका ॥६११॥

६६ । ११२ ।

अर्थ—मनुष्य लोक के भीतर एक पार्श्व भागमें छयासठ और दोनों पार्श्वभागोंमें इससे दूने चन्द्र तथा इतने प्रमाण ही सूर्य हैं ॥६११॥

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपसे पुष्करार्धद्वीप पर्यन्त क्रमशः २+४+१२+४२+७२=(१३२) चन्द्र एवं इतने ही सूर्य हैं । इनका अर्धभाग अर्थात् (१३२÷२=) ६६ चन्द्र तथा ६६ सूर्य एक पार्श्वभागमें और इतने ही दूसरे पार्श्वभागमें संचार करते हैं ।

मनुष्यलोक स्थित सर्व ग्रह, नक्षत्र और अस्थिर-स्थिर
ताराओंका प्रमाण—

एक्करस-सहस्साणि, होंति गहा सोलसुत्तरा छ-सया ।
रिक्खा तिण्णि सहस्सा, छस्सय-छण्णउदि-अविरिसा ॥६१२॥

११६१६ । ३६९६ ।

अर्थ—मनुष्य लोकमें ग्यारह हजार छह सौ सोलह (११६१६) ग्रह और तीन हजार छह सौ छयानवें (३६९६) नक्षत्र हैं ॥६१२॥

अट्ठासीदी लक्खा, चालीस-सहस्स-सग-सयाणि पि ।
होंति हु माणुसखेत्ते, तारापं कोडकोडीओ ॥६१३॥

८८४०७०००००००००००००००० ।

अर्थ—मनुष्य क्षेत्रमें अठासी लाख चालीस हजार सात सौ कोड़ाकोड़ी अस्थिर तारे हैं ॥६१३॥

पंचाणउदि-सहस्सा, पंच-सया पंचतीस-अब्भहिया ।
खेत्तम्मि माणुसाणं, चेट्ठंते थोल - ताराओ ॥६१४॥

९५५३५ ।

अर्थ—मनुष्य क्षेत्रमें पंचानबे हजार पांच सौ पैंतीस स्थिर तारा स्थित हैं ॥६१४॥

मनुष्यलोकके ज्योतिषीदेवोंका एकत्रित प्रमाण—

	द्वीप-समुद्रोंके नाम	चन्द्र	सूर्य	ग्रह	नक्षत्र	तारा	
						अस्थिर तारा	स्थिर तारा
१.	जम्बूद्वीप	२	२	१७६	५६	१३३९५० कोड़ाकोड़ी	३६
२.	लवणसमुद्र	४	४	३५२	११२	२६७९०० ,,	१३६
३.	धातकीखण्ड	१२	१२	१०५६	३३६	८०३७०० ,,	२०१०
४.	कालोदसमुद्र	४२	४२	३६९६	११७६	२८१२९५० ,,	४११२०
५.	पुष्करार्धद्वीप	७२	७२	६३३६	२०१६	४८२१२०० ,,	५३२३०
योग		१३२	१३२	११६१६	३६९६	८८४०७०० कोड़ा-कोड़ी	९५५३५

ग्रहों की संचरण विधि—

सव्वे ससिणो सूरा, णक्खत्ताणि गहा य ताराणि ।
णिय-णिय-पह-पणिधीसुं पंतीए चरंति णभखंडे ॥६१५॥

अर्थ—चन्द्र, सूर्य, नक्षत्र, ग्रह और तारा, ये सब अपने-अपने पथोंकी प्रणिधियोंके नभ-खण्डोंपर पंक्तिरूपसे संचार करते हैं ॥६१५॥

ज्योतिष देवोंकी मेरु प्रदक्षिणाका निरूपण—

सव्वे कुणंति मेरुं, पयाहिणं जंबुदीव-जोदि-गणा ।
अड - वमाणा धावइखंडे तह पोक्खरद्धम्मि ॥६१६॥

एवं चर-गिहाणं चारो समत्तो ।

अर्थ—जम्बूद्वीपमें सब ज्योतिषी देवोंके समूह मेरुकी प्रदक्षिणा करते हैं, तथा धातकीखण्ड और पुष्करार्धद्वीपमें आधे ज्योतिषी देव मेरुकी प्रदक्षिणा करते हैं ॥६१६॥

इसप्रकार चर ग्रहोंका चार समाप्त हुआ ।

अढ़ाई द्वीपके बाहर अचर ज्योतिषोंकी प्ररूपणा—

मणुसुत्तरादु परदो, सयंभुरमणो त्ति दीव-उदहीणं ।
अचर - सरूव - ठिदाणं, जोइ - गणाणं परूवेमो ॥६१७॥

अर्थ—मानुषोत्तर पर्वतसे आगे स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त द्वीप-समुद्रोंमें अचर स्वरूपसे स्थित ज्योतिषी देवोंके समूहोंका निरूपण करता हूँ ॥६१७॥

मानुषोत्तरसे स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त स्थित चन्द्र-सूर्योंकी
विन्यास विधि—

एत्तो मणुसुत्तर-गिरिंद-पहुदि जाव सयंभुरमण-समुद्दो त्ति संठिद-चंदाइच्चाणं विण्णास-विहिं वत्तइस्सामो ।

अर्थ—यहाँसे आगे मानुषोत्तर पर्वतसे लेकर स्वयंभूरमण-समुद्र पर्यन्त स्थित चन्द्र-सूर्योंकी विन्यास-विधि कहता हूँ—

तं जहा—माणुसुत्तर-गिरिंदादो पण्णास-सहस्स-जोयणाणि गंतूण पढम-वलयं[1] होदि । तत्तो परं पत्तेक्कमेक्क-सयल-जोयणाणि गंतूण विदियादि-वलयाणि होंति जाव सयंभुरमण-समुद्दो त्ति । णवरि सयंभुरमण-समुद्दस्स वेदीए पण्णास-सहस्स-जोयणाणिमपाविय तम्मि पदेसे[2] चरिम-वलयं होदि । एवं सव्व-वलयाणि केत्तिया होंति त्ति उत्ते सोदस-सयल-जोयणेहि भजिद-जगसेढी पुणो तेवीस-वलएहि परिहीणं होदि । तस्स ठवणा १४०००० रि २३ ।

अर्थ—वह इसप्रकार है—मानुषोत्तर पर्वतसे पचास हजार योजन आगे जाकर प्रथम वलय है । इसके आगे स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त प्रत्येक एक सौ योजन आगे जाकर द्वितीयादिक वलय हैं । विशेष इतना है कि स्वयंभूरमण समुद्रकी वेदीसे पचास हजार योजनोंको न पाकर अर्थात् स्वयंभूरमण समुद्रकी वेदीसे पचास हजार योजन इधर ही उस प्रदेशमें अन्तिम वलय है । इसप्रकार सर्व

---

१. द. ब. क. वलयं । २. द. ब. क. ज. पदेसं ।

वलय कितने होते हैं ? ऐसा कहनेपर उत्तर देते हैं कि जगच्छ्रेणीमें चौदह लाख योजनोंका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसमेंसे तेईस कम करनेपर समस्त वलयोंका प्रमाण होता है। उसकी स्थापना— (जगच्छ्रेणी ÷ १४००००० यो०)-२३ है।

उपर्युक्त वलयोंमें स्थित चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण—

एवाणं वलयाणं संठिद-चंदाइच्च-पमाणं वत्तइस्सामो - पोक्खरवर - दीवट्ठस्स पढम-वलए संठिद-चंदाइच्चा पत्तेक्कं चउदालब्भहिय - एक्क - सयं होदि ।१४४।१४४। पुक्खरवर-णीररासिस्स पढम-वलए संठिद-चंदाइच्चा पत्तेक्कं अट्ठासीदि-अब्भहिय-दोण्णि-सयमेत्तं होदि ।

हेट्ठिम-दीवस्स वा रयणायरस्स वा पढम-वलए संठिद-चंदाइच्चादो तदणंतरोवरिम-दीवस्स वा णीररासिस्स वा पढम - वलए संठिद - चंदाइच्चा पत्तेक्कं दुगुण-दुगुणं होऊण गच्छइ जाव सयंभूरमण-समुद्दो त्ति । तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—

अर्थ—इन वलयोंमें स्थित चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण कहते हैं—पुष्करार्धद्वीपके प्रथम वलयमें स्थित चन्द्र तथा सूर्य प्रत्येक एक सौ चवालीस (१४४ — १४४) हैं। पुष्करवर समुद्रके प्रथम वलयमें स्थित चन्द्र एवं सूर्य प्रत्येक दो सौ अठासी (२८८ — २८८) प्रमाण हैं। इसप्रकार अधस्तन द्वीप अथवा समुद्रके प्रथम वलयमें स्थित चन्द्र-सूर्योंकी अपेक्षा तदनन्तर उपरिम द्वीप अथवा समुद्रके प्रथम वलयमें स्थित चन्द्र और सूर्य प्रत्येक स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त दुगुने-दुगुने होते चले गये हैं। उनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—

अन्तिम समुद्रके प्रथम-वलय स्थित चन्द्र-
सूर्योंका प्रमाण—

सयंभूरमणसमुद्दस्स पढम-वलए संठिद - चंदाइच्चा अट्ठावीस-लक्खेण भाजिद-जग-सेढीओ पुणो चउ-रूव-हिद-सत्तावीस-रूवेहि अब्भहियं होदि । तच्चेदं । $\frac{१_{२८०००००}}{२^{७}}$ ।

अर्थ—स्वयंभूरमण समुद्रके प्रथम वलयमें स्थित चन्द्र और सूर्य प्रत्येक अट्ठाईस लाखसे भाजित नौ जगच्छ्रेणी और चार रूपोंसे भाजित सत्ताईस रूपोंसे अधिक हैं। वह यह है— (जगच्छ्रेणी ९÷२८ लाख) + $\frac{२७}{४}$ ।

---

१. ध. पु. ३, २८०००००। $\frac{२७}{४}$ ।

प्रत्येक द्वीप-समुद्रके प्रथम-वलयके चन्द्र-सूर्य प्राप्त करनेकी विधि—

पोक्खरवरदीवद्ध-पहुदि जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति पत्तेक्क-दीवस्स वा उवहिस्स वा पढम-वलय-संठिद-चंदाइच्चाणं आणयण-हेदु इमा सुत्त-गाहा—

पोक्खरवरबहि-पहुदि, उवरिम-दीओवहीण विक्खंभं ।
लक्ख-हिदं सय-गुणिदं, सग-सग-दीउवहि-पढम-वलय-फलं ॥६१८॥

अर्थ—पुष्करार्धद्वीपसे लेकर स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त प्रत्येक द्वीप अथवा समुद्रके प्रथम-वलयमें स्थित चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण लानेके लिए यह गाथा-सूत्र है—

पुष्करवर समुद्र आदि उपरिम द्वीप समुद्रोंके विस्तारमें एक लाखका भाग देकर जो लब्ध प्राप्त हो उसे सौसे गुणा करनेपर अपने-अपने द्वीप-समुद्रोंके प्रथम-वलयमें स्थित चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण प्राप्त होता है ॥६१८॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त नियमानुसार तीसरे समुद्र, चतुर्थ द्वीप एवं स्वयंभूरमणसमुद्रके प्रथम वलय स्थित चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण इसप्रकार है—

(१) तृतीय पुष्करवरसमुद्रका विस्तार ३२ लाख योजन है। इसके प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण $\left(\frac{३२०००००\times १००}{१०००००}\right)=२८८$ — २८८ है।

(२) वारुणीवर नामक चतुर्थ द्वीपका विस्तार ६४ लाख योजन है। इसके प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण $\left(\frac{६४०००००\times १००}{१०००००}\right)=५७६$ — ५७६ है।

(३) स्वयंभूरमण समुद्रका विस्तार $=\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{१}+७५०००$ है। इसके प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्योंका पृथक्-पृथक् प्रमाण $\left[\frac{\text{जगच्छ्रेणी}}{१}+७५०००\right]\times \frac{१००}{१०००००}$।

$$=\frac{१\ \text{जगच्छ्रेणी}}{२८०००००}+\frac{७५०००\times १}{१००००००}=\frac{१\ \text{जगच्छ्रेणी}}{२८०००००}+\frac{२७}{४}\ \text{है।}$$

प्रत्येक वलयमें चयका प्रमाण—

विजयं पुण पडिवलयं पडि पत्तेक्कं चउत्तर - कमेण गच्छह जाव सयंभूरमण-समुद्दं त्ति। णवरि दीवस्स वा उवहिस्स वा दुगुण-आदि-पढम-वलय-दुगं मोत्तूण सव्वत्थ चउत्तर-कमं वत्तव्वं।

अर्थ—यहाँ पर चय प्रत्येक वलयके प्रत्येक स्थानमें चार-चार उत्तर क्रमसे स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त चला गया है। विशेष इतना है कि द्वीप अथवा समुद्रके प्रथम वलय पर जहाँ राशि दुगुनी होती है, उसे छोड़कर सर्वत्र वृद्धिका क्रम चार-चार जानना चाहिए।

विशेषार्थ— जैसे—मानुषोत्तर पर्वतसे बाहर जो पुष्करार्ध द्वीप है, उसके प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्यकी संख्या १४४-१४४ है। उसके दूसरे, तीसरे आदि वलयोंमें चार-चारकी वृद्धि होते हुए क्रमशः १४८, १५२, १५६, १६०, १६४, १६८, १७२, १७६, १८० .... है। इसप्रकार यह वृद्धि पुष्करार्ध द्वीपके अन्तिम वलय पर्यन्त होगी और इस द्वीपके आगे पुष्करवरसमुद्रके प्रथम वलयमें राशि दुगुनी अर्थात् (१४४ × २ =) २८८ हो जायगी। यह राशि प्रत्येक द्वीप-समुद्रके प्रथम वलयमें दुगुनी होती है इसीलिए चय-वृद्धिके क्रममें इस प्रथम वलयको छोड़ दिया गया है।

मानुषोत्तर पर्वतके आगे प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्योंके अन्तरालका प्रमाण—

माणुसुत्तरगिरिदादो पण्णास-सहस्स-जोयणाणि गंतूण पढम-वलयम्मि ठिद-चंदाइच्चाणं विच्चालं सत्ततीस-सहस्स-णव-सय-चोद्दस-जोयणाणि पुणो छहत्तरि-भाव-सदंसा तेसीदि-हद-एक्क-सय-छेदेहि भजिदमेत्तं होदि। तं चेदं ४७९१४$\frac{७६}{१८३}$।

अर्थ—मानुषोत्तर पर्वतसे आगे पचास हजार योजन जाकर प्रथम-वलयमें चन्द-सूर्योंका अन्तराल सैंतालीस हजार नौ सौ चौदह योजन और एक सौ तेरासीसे भाजित एक सौ छयत्तर भाग प्रमाण अधिक है। वह यह है—४७९१४$\frac{७६}{१८३}$।

विशेषार्थ—मानुषोत्तरपर्वतसे ५० हजार योजन आगे जाकर प्रथम-वलय है। जिसमें १४४ चन्द्र और १४४ सूर्य स्थित हैं। मानुषोत्तर पर्वतका सूची-व्यास ४५ लाख योजन है। इसमें दोनों पार्श्वभागोंका ५०-५० हजार (१ लाख) योजन वलय-व्यास मिला देनेपर (४५ लाख + १ लाख) = ४६ लाख योजन सूची-व्यास होता है। इसकी बादर परिधि (४६०००००×३)=१३८००००० लाख है। इसमें वलय-व्यास सम्बन्धी चन्द्र-सूर्योंके प्रमाण (१४४+१४४)=२८८ का भाग देकर दोनोंके बिम्ब विस्तारका प्रमाण घटा देनेपर चन्द्रसे चन्द्रका और सूर्यसे सूर्यका अन्तर प्रमाण प्राप्त होता है। यथा—

$\frac{१३८०००००}{२८८}$ — $\frac{१०५}{६१}$ = $\frac{१४१०१३१४}{१८३}$ = ४७९१४$\frac{७६}{१८३}$ योजन अन्तर प्रमाण है।

विद्वानों द्वारा विचारणीय—

ग्रन्थकारने चन्द्र-सूर्यके बिम्ब व्यास को एक साथ जोड़कर ($\frac{५६}{६१}$ + $\frac{४९}{६१}$) = $\frac{१०५}{६१}$ योजन घटाकर अन्तर-प्रमाण निकाला है किन्तु चन्द्र एवं सूर्य बिम्बोंका व्यास एक सदृश नहीं है, अतः जितना अन्तर अग्रका चन्द्रसे है उतना ही सूर्यका सूर्यसे नहीं हो सकता है। यथा—

$\left(\frac{१३५०००००}{१४४}=\frac{५३१२५००}{}\right)-\frac{३५}{६६}=९५८२४$ योजन प्रथम वलयमें चन्द्रसे चन्द्रका अन्तर है और $\frac{५३१२५००}{}-\frac{३५}{६६}=९५८२५\frac{३}{४}$ योजन वहींके एक सूर्यसे दूसरे सूर्यका अन्तर प्रमाण है।

मानुषोत्तरके आगे द्वितीय वलय स्थित चन्द्र-सूर्योंके
अन्तरका प्रमाण—

विदिय - वलए चंदाइच्चाणमंतरं अडतील-सहस्स-छ सय-छावाला जोयणाणि पुणो इगि-सय-तीस-अदाणं बोण्णि सहस्सा कसाओ होदि दोण्णि-सय-सत्तावण्ण-रूवेणब्भहिय-दोण्णि-सहस्सेण हरिदमेत्तं होदि। तं चेदं। ४८६४६। $\frac{३१३०}{२२५०}$। एवं णेदव्वं जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति।

अर्थ—द्वितीय वलयमें चन्द्र-सूर्योंका अन्तर अड़तालीस हजार छह सौ छयालीस योजन और दो हजार दो सौ सत्तावनसे भाजित दो हजार एक सौ तीस कला अधिक है। वह यह है—४८६४६$\frac{३१३०}{२२५०}$। इसप्रकार स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त ले जाना चाहिए।

विशेषार्थ—प्रत्येक वलयमें चन्द्र-सूर्योंका वृद्धि-चय ४ — ४ है, अतः द्वितीय वलयमें इनका प्रमाण (१४८+१४८)=२९६ है। प्रथम वलयसे यह दूसरा वलय एक लाख योजन आगे जाकर है। वहाँ प्रत्येक पार्श्वभागका वलय व्यास एक-एक लाख योजन है अतः दूसरे वलयका सूची-व्यास (४६ लाख+२ लाख)=४८ लाख योजन है। पूर्वोक्त नियमानुसार यहां चन्द्र-सूर्यके अन्तरका प्रमाण इसप्रकार है—

$\left(\frac{४८०००००\times२}{१९९}=\frac{९६०००००}{१९९}\right)-\frac{३५}{६६}=\frac{१०१७६४१३}{२१८९}=४८६४६\frac{३१३०}{२२५०}$ योजन।

स्वयंभूरमणसमुद्रके प्रथम वलयमें चन्द्र-सूर्यके अन्तरका प्रमाण—

तत्थ अंतिम-वियप्पं वत्तइस्सामो—सयंभूरमण-समुद्दस्स-पढम-वलए एक्केक्क-चंदाइच्चाणमंतरं तेत्तीस-सहस्स-ति-सय-इगितीस-जोयणाणि अंसा पुण पण्णारस-छेदेक्क-सयं हारो तेसीदि-छेदेक-सय-रूवमेत्तेणब्भहियं होदि, पुणो रूवस्स असंखेज्जभागेणब्भहियं होदि। तं चेदं ३३३३१। भा $\frac{१५}{१३}$। एवं सयंभूरमणसमुद्दस्स विदिय - पह - पहुदि - दुचरिम-पहंतं विसेसाहिय पक्केण आणिय वत्तव्वं।

अर्थ—उनमेंसे अन्तिम विकल्प कहते हैं—स्वयंभूरमण—समुद्रके प्रथम वलयमें प्रत्येक चन्द्र-सूर्यका अन्तर तैंतीस हजार तीन सौ इकतीस योजन और एक सौ तेरासीसे भाजित एक सौ पन्द्रह भाग अधिक तथा असंख्यातसे भाजित एक रूप अधिक है। वह यह है—३३३३१$\frac{१५}{१३}$।

इसप्रकार स्वयंभूरमणसमुद्रके द्वितीय पथसे लेकर द्विचरम पथ पर्यन्त विशेष अधिक रूपसे होता गया है जिसे जानकर कहना चाहिए।

विशेषार्थ—स्वयंभूरमणसमुद्रके प्रथम वलयका सूचीव्यास ($\frac{ज}{६४}$ — १५००००) है और इस वलयकी स्थूल-परिधिका प्रमाण ३ ($\frac{ज}{६४}$ — १५०००० + १०००००) है। इस वलयके चन्द्रोंका प्रमाण ($\frac{ज\ ९}{२८\ लाख}$ + $\frac{२७}{४}$) है। सूर्योंका प्रमाण भी इतना ही है अतः इसे दुगुना करने पर २ ($\frac{ज\ ९}{२८\ लाख}$ + $\frac{२७}{४}$) प्राप्त होता है। चन्द्र-सूर्यके बिम्ब विस्तारका प्रमाण ($\frac{१}{६१}$ + $\frac{१}{६१}$) = $\frac{१०४}{६१}$ योजन है। यहाँ पूर्वोक्त नियमानुसार चन्द्र-सूर्यके अन्तरका प्रमाण इसप्रकार है—

$$\frac{३\left(\frac{ज}{१४}-१५०००+१००००\right)}{२\left(\frac{ज\ ९}{२८०००००}+\frac{२७}{४}\right)}-\frac{१०४}{६१}$$

या $\left(\frac{३\ ज}{१४}\times\frac{१४\ लाख}{९\ ज}\right)-\frac{१०४}{६१}$

या $\left(\frac{१}{३}\times१००००००\right)-\frac{१०४}{६१}=३३३३३३\frac{४३}{६१}$ योजन।

यहाँ ज से ज का, ३ से ९ का और २ से २८ लाखका अपवर्तन हुआ है। असंख्यात संख्या रूप जगच्छ्रेणीकी तुलनामें १५०००, १ लाख और $\frac{१}{३}$ नगण्य हैं अतः छोड़ दिए गये हैं।

स्वयंभूरमणसमुद्रके अन्तिम वलयमें चन्द्र-सूर्यके
अन्तरका प्रमाण—

एवं सयंभूरमणसमुद्दस्स चरिम - वलयम्मि चंदाइच्चाणं विच्चालं भण्णमाणे छायाल-सहस्स-एक्क-सय-बावण्ण-जोयण-पमाणं होदि पुणो बारसाहिय-एक्क-सय-कलाओ-हारो तेणउदि—कलेणब्भहिय-सत्त-सयमेत्तं होदि। तं चेदं ४६१५२ ११३ ७९३ ।

एवं अवर-जोइसिय-पव्वज्जा समत्ता।

अर्थ—इसप्रकार स्वयंभूरमणसमुद्रके अन्तिम वलयमें चन्द्र-सूर्योंका अन्तराल कहनेपर छयालीस हजार एक सौ बावन योजन प्रमाण और सातसौ तेरानवेसे भाजित एक सौ बारह कला अधिक है। वह यह है—४६१५२ ११३/७९३।

विशेषार्थ—स्वयंभूरमणसमुद्रका बाह्य सूचीव्यास एक राजू अर्थात् $\frac{ज}{ज}$ है। इसमें १ लाख जोड़कर ३ से गुणित करनेपर वहाँकी स्थूल परिधिका प्रमाण होता है। यथा—

३ ($\frac{ज}{ज}$ + १०००००)। असंख्यात द्वीप समुद्रोंमें चन्द्र-सूर्योंके समस्त वलयोंका प्रमाण ($\frac{ज}{१४ \text{ लाख}}$ − २३) है और इन समस्त वलयोंका $\frac{1}{2}$ भाग अर्थात् ($\frac{ज}{२८ \text{ लाख}} - \frac{२३}{२}$) प्रमाण स्वयंभूरमण समुद्रके वलयोंका है। यहाँके चन्द्र-सूर्योंमें प्रत्येकका प्रमाण २ ($\frac{ज \, ९}{२८ \text{ लाख}}$ + $\frac{२७}{४}$) है।

यहाँके अन्तिम वलयमें चन्द्र-सूर्योंका प्रमाण प्राप्त करनेका सूत्र है—आदि + (वलय-संख्या − १) × चय।

अर्थात् २ ($\frac{ज \, ९}{२८०००००} + \frac{२७}{४}$) + ($\frac{ज}{२८०००००} - \frac{२३}{२} - \frac{१}{१}$) × ४

या २ ($\frac{९ \, ज}{२८ \text{ लाख}} + \frac{२७}{४}$) + ($\frac{ज}{२८ \text{ लाख}} - \frac{२५}{२}$) × ४

या २ ($\frac{६ \, ज}{२८ \text{ लाख}} + \frac{२७}{४}$) + ($\frac{४ \, ज}{२८ \text{ लाख}} - ५०$)

या ($\frac{६ \, ज}{१४०००००} + \frac{२७}{४}$) + ($\frac{४ \, ज}{१४०००००} - ५०$)

या $\frac{१३ \, ज}{१४०००००}$ यह अन्तिम वलयके समस्त चन्द्र-सूर्योंका प्रत्येकका प्रमाण है। इस प्रमाण का स्वयंभूरमणसमुद्रकी स्थूल परिधिमें भाग देकर $\frac{१०४}{६१}$ यो० घटा देनेसे अन्तिम वलयमें चन्द्र-सूर्योंके अन्तरका प्रमाण प्राप्त हो जाता है। यथा—

$$\frac{३ \left(\frac{ज}{७} + १००००० \right) - \frac{१०४}{६१} \text{ या } \frac{३ \, ज}{७} \times \frac{१४०००००}{१३ \, ज} - \frac{१०४}{६१} \text{ यो०}}{\frac{१३ \, ज}{१४०००००}}$$

या $\frac{३}{१} \times \frac{२ \text{ लाख}}{१३} - \frac{१०४}{६१}$ या $\frac{६०००००}{१३} - \frac{१०४}{६१}$ यो०

$= ४६१४२\frac{३१३}{७९३}$ योजन अन्तराल प्रमाण है।

इसप्रकार चर ज्योतिर्लोककी प्ररूपणा समाप्त हुई।

विशेष ज्ञातव्य

सपरिवार चन्द्रोंके प्राप्त करनेकी प्रक्रियाका दिग्दर्शन—

असंख्यात द्वीप-समुद्रमें चन्द्रादि ज्योतिष बिम्ब राशियोंको प्राप्त करने हेतु सर्व प्रथम असंख्यात द्वीप-समुद्रोंकी संख्या निकाली जाती है। यह संख्या गच्छका प्रमाण प्राप्त करनेमें कारण भूत है और गच्छ चन्द्रादिक राशियोंका प्रमाण निकालनेके लिए उपयोगी है।

असंख्यात द्वीप-समुद्रोंकी संख्याका प्रमाण—

द्वीप-समुद्रोंकी संख्या निकालनेके लिए रज्जुके अर्धच्छेद प्राप्त करना आवश्यक है। इसका कारण यह है कि ६ अधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेदोंसे हीन रज्जुके अर्धच्छेदोंका जितना प्रमाण है उतना ही प्रमाण द्वीप-समुद्रोंका है।

राजूके अर्धच्छेद निकालनेकी प्रक्रिया—

सुमेरु पर्वतके मध्यसे प्रारम्भकर स्वयंभूरमण समुद्रके एक पार्श्वभाग पर्यन्तका क्षेत्र अर्ध-राजू प्रमाण है, इसलिए राजूका प्रथमवार आधा करनेपर प्रथम अर्धच्छेद जम्बूद्वीपके मध्य (केन्द्र) में मेरु पर पड़ता है। इस अर्ध राजूका भी अर्धभाग अर्थात् दूसरी बार आधा किया हुआ राजू स्वयंभूरमण द्वीपकी परिधिसे ७५००० योजन आगे जाकर स्वयंभूरमण समुद्रमें पड़ता है। तीसरी बार आधा किये हुए राजूका प्रमाण स्वयंभूरमण द्वीपमें अभ्यन्तर परिधिसे मेरुकी दिशामें कुछ विशेष आगे आकर प्राप्त होता है। इसप्रकार उत्तरोत्तर अर्धच्छेद क्रमशः मेरुकी ओर द्वीप-समुद्रोंमें अर्ध-अर्धरूपसे पतित होता हुआ लवणसमुद्र पर्यन्त पहुँचता है। जहाँ राजूके दो अर्धच्छेद पड़ते हैं।

(देखिए त्रिलोकसार गा० ३५८)

जम्बूद्वीपकी वेदीसे मेरुके मध्य पर्यन्त ५००००, योजन और उसी वेदीसे लवणसमुद्रमें द्वितीय अर्धच्छेद तक ५० हजार योजन अर्थात् जम्बूद्वीपसे अभ्यन्तरकी ओर के ५० हजार योजन और बाह्यके ५० हजार योजन ये दोनों मिलकर १ लाख योजन होते हैं जिनको उत्तरोत्तर १७ बार अर्ध-अर्ध करनेके पश्चात् एक योजन अवशेष रहता है। इस १ योजनके ७६८००० अंगुल होते हैं। जिन्हें उत्तरोत्तर १७ बार अर्ध-अर्ध करनेपर एक अंगुल प्राप्त होता है। एक अंगुलके अर्धच्छेद पल्यके अर्धच्छेदोंके वर्गके बराबर होते हैं। इसप्रकार जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद (१७+१९+१)=३७ अधिक पल्यके अर्धच्छेदोंके वर्ग अथवा संख्यात अधिक पल्यके अर्धच्छेदोंके वर्गके सदृश होते हैं।

(त्रिलोकसार गाथा ६८)

तिलोयपण्णत्ती गाथा १ । १३१ तथा त्रिलोकसार गाथा १०८ की टीकानुसार जगच्छ्रेणी (७ राजू) के अर्धच्छेदोंकी संख्या इसप्रकार है—

$\frac{\text{पल्यके अर्ध०}}{\text{असंख्यात}}$ × साधिक पल्यके अर्धच्छेद × पल्यके अर्धच्छेद × ३ ।

जगच्छ्रेणी ७ राजू लम्बी है जिसमें समस्त द्वीप-समुद्रोंको अपने गर्भमें धारण करने वाले तिर्यग्लोकका आयाम एक राजू है । ७ राजूका उत्तरोत्तर तीन बार अर्ध-अर्ध करनेपर एक राजू प्राप्त होता है अतः जगच्छ्रेणीके उपर्युक्त अर्धच्छेदोंमेंसे ये ३ अर्धच्छेद घटा देनेपर एक रज्जुके अर्धच्छेदोंका प्रमाण इसप्रकार प्राप्त होता है—

$\left\{\frac{\text{पल्यके अर्धच्छेद}}{\text{असंख्यात}} \times (\text{पल्यके अर्धच्छेद})^2 \times 3\right\} - 3$ ।

द्वीप-समुद्रोंकी संख्याका प्रमाण—

एक राजूके उपर्युक्त अर्धच्छेदोंके प्रमाणमेंसे जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद (अर्थात् संख्यात अधिक पल्यके अर्धच्छेदोंका वर्ग) कम कर देनेपर द्वीप-समुद्रोंकी संख्या प्राप्त हो जाती है । यथा—

$\left(\frac{\text{प० छे०}}{\text{असं०}} \times \text{प० छे०}^2 \times 3 - 3\right)$—संख्यात (अर्थात् ६) अधिक प० छे०^2=द्वीप और सागरोंका प्रमाण—

गच्छका प्रमाण—

उपर्युक्त संख्यावाले द्वीप-समुद्रोंमें ज्योतिष्कोंका विन्यास ज्ञातकर उन ज्योतिषी देवोंकी संख्या प्राप्त की जाती है, इसलिए जम्बूद्वीपके अर्धच्छेदोंमें ६ अर्धच्छेद मिलानेपर जो लब्ध प्राप्त हो उसे रज्जुके अर्धच्छेदोंमेंसे घटा देनेपर जो शेष रहता है वही प्रमाण ज्योतिषी-बिम्बोंकी संख्या निकालने हेतु गच्छका प्रमाण कहलाता है ।

तृतीय समुद्रको आदि लेकर स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त गच्छ-प्रमाण—

एत्तो चंदाण सपरिवाराणमाणयण - विहाणं वत्तइस्सामो । तं जहा—जंबूदीवादि-पंच-दीव-समुद्दं मोत्तूण तदिय-समुद्दादि कादूण जाव—सयंभूरमण-समुद्दो त्ति एदाण-माणयण किरियं ताव उच्चयदे—तदिय-समुद्दम्मि गच्छो बत्तीस, चउत्थ-दीवे गच्छो चउसट्ठी, उवरिम-समुद्दे गच्छो अट्ठावीसुत्तर-सयं । एवं दुगुण-दुगुण-कमेण गच्छा गच्छंति जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ।

अर्थ—यहाँसे आगे चन्द्रोंको सपरिवार लानेका विधान कहता हूँ। वह इसप्रकार है—जम्बूद्वीपादिक पाँच द्वीप-समुद्रोंको छोड़कर तीसरे समुद्रको आदि करके स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त इनके लानेकी प्रक्रिया कहते हैं—तृतीय समुद्रमें बत्तीस गच्छ, चतुर्थ द्वीपमें चौंसठ गच्छ, और इससे आगेके समुद्रमें एकसौ अट्ठाईस गच्छ, इसप्रकार स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त गच्छ दूने-दूने क्रमसे चले जाते हैं।

विशेषार्थ—जम्बूद्वीपादि तीन द्वीप और लवणसमुद्रादि दो समुद्र इन पाँच द्वीप-समुद्रोंके चन्द्र प्रमाणका निरूपण किया जा चुका है अतः इनको छोड़कर शेष द्वीप-समुद्रोंका गच्छ इसप्रकार है—

क्रमांक	समुद्र एवं द्वीप	गच्छ प्रमाण
३ रा	पुष्करवर समुद्र	३२
४ था	वारुणिवर द्वीप	६४
५ वाँ	वारुणिवर समुद्र	१२८
६ ठा	क्षीरवर द्वीप	२५६
७ वाँ	क्षीरवर समुद्र	५१२

तदनुसार गच्छकी संख्या दूने-दूने क्रमसे स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त वृद्धिगत होती जाती है।

तृतीय समुद्रसे अन्तिम समुद्र पर्यन्तकी गुण्यमान राशियाँ—

संपहि एवेहि गच्छेहि पुध-पुध गुणिज्जमाण-रासि-पदरणा कीरदे—तदिय-समुद्दे बे-सयमट्ठासीदि-उवरिम-दीवे तत्तो दुगुणं, एवं दुगुण-दुगुण-कमेण गुणिज्जमाण-रासीओ गच्छंति जाव सयंभूरमणसमुद्दं पत्ताओ त्ति। संपहि अट्ठासीदि-विसदेहि[1] गुणिज्जमाण-रासीओ ओवट्टिय[2] लद्धेण सग-सग-गच्छे गुणिय अट्ठासीदि-बे-सदमेत्त सव्व-गच्छाणं गुणिज्जमाणं कादव्वं। एवं कदे सव्व-गच्छा अण्णोण्णं पेक्खिदूण चउगुण-कमेण आवट्टी जादा। संपहि चत्तारि-कवमादिं कादूण [3]चदुरुत्तर-कमेण गच्छ-संकलणाए आणयणे कीरमाणे पुव्विल्ल-गच्छेहिंतो संपहिय-गच्छा चउरूवा होंति, दुगुण-जाव-दुगे चत्तारि-रूव-

---

१. ब. ब. क. क. वीसदे। २. द. ब. क. ज. विवट्टिय। ३. ब. ब. क. ज. चदुत्तर।

बहुदोए अभावादो । एदेहि गच्छेहि गुणिज्जमाण-मज्झिम-धणाणि चउसट्ठि—रूवमादि कादूण दुगुण-दुगुण-कमेण गच्छंति जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति ।

अर्थ—अब इन गच्छोंसे पृथक्-पृथक् गुण्यमान राशियोंकी प्ररूपणा की जाती है। इनमेंसे तृतीय समुद्रमें दो सौ अठासी और आगेके द्वीपमें इससे दुगुनी गुण्यमान राशि है, इसप्रकार स्वयंभूरमण समुद्र पर्यन्त गुण्यमान राशियाँ दुगुने-दुगुने क्रमसे चली जाती हैं। अब दो सौ अठासीसे गुण्यमान राशियोंका अपवर्तन करके लब्ध राशिसे अपने-अपने गच्छोंको गुणा करके सब गच्छोंकी दो सौ अठासी ही गुण्यमान राशि करना चाहिए। इसप्रकार करनेपर सब गच्छ परस्परकी अपेक्षा चौगुने क्रमसे अवस्थित हो जाते हैं। इस समय चारको आदि करके चार-चार उत्तर क्रमसे गत संकलनाके लाते समय पूर्वोक्त गच्छोंमें सांप्रतिक गच्छ एक कम होते हैं, क्योंकि दुगुने हुए स्थानमें चार रूपोंकी वृद्धिका अभाव है। इन गच्छोंसे गुण्यमान मध्यम धन चौसठ रूपको आदि करके स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त दुगुने-दुगुने होते गये हैं।

विशेषार्थ—पद या स्थानको गच्छ कहते हैं। जिस द्वीप या समुद्रमें चन्द्र-सूर्यके जितने वलय होते हैं, वही उनकी गच्छ-राशि होती है। आदि, मुख या प्रभव ये एकार्थ वाची हैं। यहाँ मुख (प्रत्येक द्वीप या समुद्रके प्रथम वलयके चन्द्र प्रमाण) को ही गुण्यमान राशि कहा गया है। जैसे तृतीय (पुष्करवर) समुद्रमें ३२ वलय हैं अतः वहाँका गच्छ ३२ है। इस समुद्रके प्रथम वलयमें २८८ चन्द्र हैं अतः यहाँ गुण्यमान राशि २८८ है। इसीप्रकार चतुर्थ द्वीपमें वलय ६४ और प्रथमवलयमें चन्द्र प्रमाण ५७६ है अतः यहाँका गच्छ ६४ और गुण्यमान राशि ५७६ है। तृतीय समुद्रके गच्छ और गुण्यमान राशिसे चतुर्थ द्वीपकी गच्छ राशि एवं गुण्यमान राशिका प्रमाण दूना है। यही क्रम अन्तिम समुद्र पर्यन्त जानना चाहिए।

अब आचार्य सभी गच्छोंको परस्परकी अपेक्षासे चतुर्गुण क्रमसे स्थापित करना चाहते हैं। इसके लिए सभी गुण्यमान राशियोंको २८८ से ही अपवर्तित कर जो लब्ध प्राप्त हो उससे अपने-अपने गच्छोंको गुणित करने पर सब गच्छ परस्परकी अपेक्षा चौगुने क्रमसे अवस्थित हो जाते हैं। जैसे चतुर्थ द्वीपकी गुण्यमान राशि ५७६ है। इसे २८८ से अपवर्तित करनेपर $\left(\frac{५७६}{२८८}\right)=२$ लब्ध प्राप्त हुआ। इससे इसी द्वीपके गच्छको गुणित करनेपर (६४ × २) = १२८ प्राप्त हुए जो तृतीय समुद्रके गच्छसे चौगुना (३२ × ४ = १२८) है।

इसीप्रकार अन्त-पर्यन्त जानना चाहिए। यथा—

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

क्र०	समुद्र एवं द्वीप	गुण्यमानराशि ÷ भाजक-राशि =	लब्ध	लब्धराशि × गच्छ =	परस्परमें दोगुना गच्छ
३ रा	पुष्करवर स०	२८८ ÷ २८८ =	१	१ × ३२ =	३२
४ था	वारुणिवर-द्वीप	५७६ ÷ २८८ =	२	२ × ६४ =	१२८
५ वाँ	वारुणि० समुद्र	११५२ ÷ २८८ =	४	४ × १२८ =	५१२
६ ठा	क्षीरवर द्वीप	२३०४ ÷ २८८ =	८	८ × २५६ =	२०४८
७ वाँ	क्षीरवर समुद्र	४६०८ ÷ २८८ =	१६	१६ × ५१२ =	८१९२

पदोंमें होनेवाली समान वृद्धि या हानिको प्रचय कहते हैं। यथा—तृतीय समुद्रमें ३२ वलय हैं और उसके प्रथम वलयमें २८८ चंद्र हैं। चय वृद्धि द्वारा दूसरे वलयमें २९२, तीसरे में २९६ इत्यादि, वृद्धि होते-होते अन्तिम वलयमें चन्द्र संख्या ५७२ प्राप्त होगी और चतुर्थ द्वीपके प्रथम वलयमें यह संख्या (२८८ की दूनी) ५७६ हो जायगी। किन्तु इससमय यहाँ गच्छ ३२ न होकर ३१ ही होगा। क्योंकि दुगुने हुए स्थानमें प्रचय वृद्धिका अभाव है।

मध्यमधन—संकलन सम्बन्धी गच्छकी मध्य संख्यापर वृद्धिका जो प्रमाण आता है वह मध्यमधन कहलाता है। गच्छोंके उत्तरोत्तर दुगने रूपसे बढ़ते जानेपर यह मध्यमधन भी द्विगुणित होता जाता है। यथा—

तृतीय समुद्रका गच्छ ३२ होनेसे उसका मध्यमधन सोलहवें स्थान (पद) पर रहता है क्योंकि प्रथममें कोई वृद्धि नहीं है, अतएव ३१ पद बचते हैं। इनमें १६ वाँ मध्य पद हो जानेसे उसकी वृद्धि (१६ × ४) = ६४ होती है। जिसकी सारणी इसप्रकार है—

[सारणी अगले पृष्ठ पर देखिए]

गच्छ पद संख्या	—	गच्छका मान	पद संख्या	—	मान
१		४	१७		६८
२		८	१८		७२
३		१२	१९		७६
४		१६	२०		८०
५		२०	२१		८४
६		२४	२२		८८
७		२८	२३		९२
८		३२	२४		९६
९		३६	२५		१००
१०		४०	२६		१०४
११		४४	२७		१०८
१२		४८	२८		११२
१३		५२	२९		११६
१४		५६	३०		१२०
१५		६०	३१		१२४

१६	६४	मध्यमधन—१६ वें पदपर वृद्धिका प्रमाण

उपर्युक्त उदाहरणसे स्पष्ट है कि तृतीय समुद्रमें गच्छ ३२ होनेपर मध्यम धन ६४ होता है। चतुर्थ द्वीपमें गच्छ ६४ है अतः वहाँ ३२ वें पद पर मध्यमधन स्वरूप यह वृद्धिका प्रमाण १२८ होता है। यह १२८ मध्यमधन, पूर्ववर्ती ६४ मध्यम धनसे दुगुना है। इसीप्रकार परवर्ती प्रत्येक समुद्र-द्वीपादिके मध्यमधन उत्तरोत्तर द्विगुणित प्रमाणसे वृद्धिगत होते जाते हैं।

ऋणराशि—

पुणो गच्छ-समीकरणट्ठं सव्व-गच्छेसु एगेण - ऊव - पक्खेवो[1] कादव्वो। एवं कादूण अउसट्ठि-रूवेहि मज्झिम-धणाणिमोवट्टिय[2] लद्धेण सग-सग-गच्छे गुणिय सव्व-गच्छाणि अउसट्ठि-रूवाणि गुणिज्जमाणत्तणेण ठवेदव्वाणि। एवं कदे सव्व-गच्छा संपहि

---

१. द. ब. क. ज. पक्खेव। २. द. ब. क. धणाणीमोवट्टीय।

रिण-रासिस्स पमाणं उच्चदु—एग-रूवमादिं कादूण गच्छं पडि दुगुण-दुगुण-कमेण जाव सयंभूरमणसमुद्दो त्ति गद-रिण-रासि होदि ।

अर्थ—पुनः गच्छोंके समीकरणके लिए सब गच्छोंमें एक-एक रूपका प्रक्षेप करना चाहिए। ऐसा करनेके पश्चात् मध्यमधनोंका चौंसठसे अपवर्तन करनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उससे अपने-अपने गच्छोंको गुणा करके सब गच्छोंकी गुण्यमान राशिके रूपमें चौंसठ रूपोंको रखना चाहिए। ऐसा करनेपर अब सर्व गच्छोंकी ऋण-राशिका प्रमाण कहता हूँ—

एक रूपको आदि करके गच्छके प्रति (प्रत्येक गच्छमें) दूने-दूने क्रमसे स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्त ऋण राशि गई है।

विशेषार्थ— समीकरण—समीकरणका तात्पर्य है दो या दो से अधिक राशियोंमें सम्बन्ध दर्शानेवाला पद अथवा सूत्र—

यहाँ गच्छोंके समीकरणके लिए सब गच्छोंमें एक-एक रूपका प्रक्षेप करना है। उसका अर्थ इसप्रकार है—पुष्करार्ध द्वीपके प्रथम वलयमें १४४ चन्द्र हैं और इससे दूने (१४४ × २) चन्द्र तृतीय समुद्रके प्रथम वलयमें, इससे दूने (१४४ × २ × २) चन्द्र चतुर्थद्वीपके प्रथम वलयमें हैं।

विवक्षित द्वीप-समुद्रके प्रथम वलयकी चन्द्र संख्या प्राप्त करनेके लिए विवक्षित द्वीप-समुद्रकी संख्याका मान 'क' मान लिया गया है अतः इसका सूत्र इसप्रकार होगा—

विवक्षित द्वीप-समुद्रके प्रथम वलयकी चन्द्र संख्या = $१४४ \times २^{(क-२)}$

यथा—१० वाँ द्वीप विवक्षित है—क = १०

१० वें द्वीपके प्रथम वलयमें चन्द्र संख्या = $१४४ \times २^{(१०-२)}$

$= १४४ \times २^{८}$।

गच्छ, प्रचय एवं आदिधन आदिके लक्षण—

गच्छ—श्रेणीके पदोंकी संख्याको अथवा जितने स्थानोंमें अधिक-अधिक होता जाय उन सब स्थानोंको पद या गच्छ कहते हैं। जैसे—तृतीय समुद्रकी गच्छ संख्या ३२ है।

प्रचय—श्रेणीके अनुगामी पदोंमें होनेवाली वृद्धि या हानिको अथवा प्रत्येक स्थानमें जितना-जितना अधिक होता है उस अधिकके प्रमाणको प्रचय कहते हैं। जैसे—तृतीय समुद्रके प्रत्येक वलयमें ४-४ की वृद्धि हुई है।

आदिधन—वृद्धिके प्रमाणके बिना आदि स्थानके प्रमाणके सहश जो धन सर्व स्थानमें होता है, उसके जोड़को आदिधन कहते हैं। जैसे—तृतीय समुद्रके प्रत्येक वलयमें वृद्धिके बिना चन्द्रों-की संख्या २८८ है, अतः (२८८ × ३२) = ९२१६ आदिधन है।

उत्तरधन—आदि धनके बिना सर्व स्थानोंमें वृद्धिका जो प्रमाण है, उसके योगको उत्तरधन कहते हैं। जैसे—तृतीयसमुद्रका उत्तरधन (३१ × ६४) = १९४८ है।

सर्वधन—आदिधन और उत्तरके योगको सर्वधन या उभयधन कहते हैं। जैसे—९२१६ + १९४८ = ११२०० है।

ऋणराशि—तृतीय समुद्रकी ऋणराशि ६४ मानी गई है। यहाँके उत्तर धन (१९४८) में यदि ६४ जोड़ दिए जाएँ और ६४ ही घटा दिये जाएँ तो उत्तर धन ज्योंका त्यों रहेगा। किन्तु ऋणराशि बना लेनेसे आगामी द्वीप-समुद्रोंके चन्द्रोंका प्रमाण प्राप्त करनेमें सुविधा हो जायगी। यह ऋणराशि भी उत्तरोत्तर दुगुनी-दुगुनी होती जाती है।

प्रत्येक द्वीप-समुद्रके सर्व चन्द्र-बिम्बोंका प्रमाण निकालनेके लिये सूत्र—

सर्वधन = आदिधन + उत्तरधन

$$(\text{मुख} \times \text{गच्छ}) + \left(\frac{\text{गच्छ}}{2} - 1\right) \times \text{चय} \times \text{गच्छ}।$$

बाह्य पुष्करार्धद्वीपके आदि वलयमें १४४ चन्द्र हैं और उससे दुगुने (१४४ × २) चन्द्र पुष्करवर नामक तृतीय समुद्रके आदि वलयमें हैं। इस समुद्रका व्यास ३२ लाख योजन है अतः इसमें ३२ वलय (गच्छ) हैं। प्रत्येक वलयमें चार-चार चन्द्र-बिम्बोंकी वृद्धि होती है। इसप्रकार मुख १४४ × २ और गच्छ ३२ का परस्पर गुणा करनेसे तृतीय समुद्रके ३२ वलयोंका आदिधन (१४४ × २ × ३२) या (१४४ × ६४) = ९२१६ प्राप्त होता है।

एक कम गच्छ (३२ − १ = ३१) का आधा कर ($\frac{३१}{२}$) चयके प्रमाण (४) से गुणित करे, जो ($\frac{३१}{२} \times ४ = ३१ \times २$) प्राप्त हो उसका गच्छ (३२) से गुणा करनेपर (३१ × २ × ३२ = ३१ × ६४) उत्तरधन प्राप्त हो जाता है। यदि उत्तरधन (३१ × ६४) में ६४ जोड़ दिये जायें और ६४ ही घटा दिए जायँ तो उत्तरधन ज्यों का त्यों रहेगा, किन्तु आगामी द्वीप-समुद्रोंके चन्द्रोंका प्रमाण प्राप्त करनेमें सुविधा हो जायगी।

३१ × ६४ + १ × ६४ − ६४ या ३२ × ६४ − ६४ यह उत्तरधनका प्रमाण है। इसे आदि-धन (१४४ × ६४) में जोड़ देनेसे तृतीय समुद्रके उभय या सर्वधनका प्रमाण १४४ × ६४ + ३२ × ६४ − (६४) अथवा १७६ × ६४ − (६४) अथवा ११२०० होता है। अर्थात् तृतीय समुद्रमें कुल चन्द्र ११२०० हैं। इसीप्रकार वारुणीवर नामक चतुर्थद्वीपके—

आदिधन १४४×६४×४+उत्तरधन (३२×६४×४ ऋण ६४×२) को जोड़नेसे १७६×६४×४ ऋण ६४×२ होता है; जो पुष्करवर समुद्रके धन १७६×६४ से चौगुना और ऋण ६४ से दुगुना है।

इसीप्रकार आगे-आगे प्रत्येक द्वीप-समुद्रमें धनराशि चौगुनी और ऋणराशि दुगुनी होती गई है।

गच्छ प्राप्त करनेके लिए परम्परा-सूत्रका औचित्य—

संपहि एवं रासीणं ठिद-संकलणाणमाणयण उच्चदे-छ-रूवाहिय-अंबूदीव छेदणएहि परिहीण-रज्जु छेदणाओ गच्छं काढूण जदि संकलणा आणिज्जदि तो जोदिसिय-जीव-रासी ण उप्पज्जदि, जगपदरस्स वे-छप्पण्णंगुल-सद-वग्गभाग-हाराणुवलंभादो। तेण रज्जु छेदणासु अण्णेसि पि तप्पाओग्गाणं संखेज्ज - रूवाणं हाणिं काऊण गच्छो ठवेयव्वो। एवं कदे तदिय - समुद्दो आदी ण होदि त्ति णासंकणिज्जं; सो चेव आदी होदि, सयंभूरमणसमुद्दस्स परभाग - समुप्पण्ण - रज्जु - छेदणय - सलागाणमाणयण-कारणादो।

अर्थ—अब इसप्रकार अवस्थित राशिके संकलन निकालनेका प्रकार कहते हैं—छह रूप अधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेदोंसे परिहीन राजूके अर्धच्छेदोंको गच्छ राशि बनाकर यदि संकलन राशि निकाली जाती है तो ज्योतिष्क - जीवराशि उत्पन्न नहीं होती है, क्योंकि (ऐसा करनेपर) जगत्प्रतरका दो सौ छप्पन अंगुलों (सूच्यंगुलों) के वर्ग-प्रमाण भागहार उत्पन्न नहीं होता है। अतएव राजूके अर्धच्छेदोंमेंसे तत् प्रायोग्य अन्य भी संख्यात रूपोंकी हानि (कमी) करके गच्छ स्थापित करना चाहिए।

ऐसा करनेपर तृतीय समुद्र आदि नहीं होता है, ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह तृतीय-समुद्र ही आदि होता है। इसका कारण स्वयंभूरमण-समुद्रके परभागमें उत्पन्न होनेवाली राजूकी अर्धच्छेद-शलाकाओंका आना है।

सयंभूरमणसमुद्दस्स परदो रज्जुच्छेदणया अत्थि त्ति कुदो णव्वदे ? वे-छप्पण्णंगुल-सद-वग्ग-सुत्तादो।

अर्थ—(शंका)—स्वयंभूरमणसमुद्रके परभागमें राजूके अर्धच्छेद होते हैं, यह कैसे जाना ?

(समाधान) :—ज्योतिषीदेवोंका प्रमाण निकालनेके लिए दो सौ छप्पन सूच्यंगुल के वर्गप्रमाण जगत्प्रतरका भागहार बतानेवाले सूत्रसे जाना जाता है।

'अत्तियाणि दीव - सायर - रूवाणि जंबूदीव - छेदणाणि च - रूवाहियाणि तत्तियाणि रज्जु-च्छेदणाणि' त्ति परिकम्मेणं एवं वक्खाणं किं ण विरुज्झदे ? एदेण सह विरुज्झदे, किंतु सुत्तेण सह ण विरुज्झदि । तेणेदस्स वक्खाणस्स गहणं कायव्वं, ण परियम्मसुत्तस्स; सुत्त-विरुद्धत्तादो । ण सुत्त-विरुद्धं वक्खाणं होदि, अदिप्पसंगादो । तत्थ जोइसिया णत्थि त्ति कुदो णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो ।

अर्थ—शंका—'जितनी द्वीप और समुद्रोंकी संख्या है, तथा जितने जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद होते हैं, उससे अधिक उतने ही राजूके अर्धच्छेद होते हैं' इसप्रकारके परिकर्म-सूत्रके साथ यह व्याख्यान क्यों न विरोधको प्राप्त होगा ?

समाधान—यह व्याख्यान परिकर्मसूत्रके साथ विरोधको प्राप्त होगा, किन्तु (प्रस्तुत) सूत्रके साथ तो विरोधको प्राप्त नहीं होता है । इसलिए इस व्याख्यानको ग्रहण करना चाहिए, परिकर्मके सूत्रको नहीं । क्योंकि वह सूत्रके विरुद्ध है, और जो सूत्र-विरुद्ध हो, वह व्याख्यान नहीं माना जा सकता है, अन्यथा अतिप्रसंग दोष प्राप्त होता है ।

शंका—यहाँ (स्वयंभूरमणसमुद्रके परभागमें) ज्योतिषी देव नहीं है, यह कैसे जाना ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है ।

एसा तप्पाओग्ग-संखेज्ज-रूवाहिय 'जंबूदीव-छेदणय-सहिद-दीव-सायर-रूवमेत्त-रज्जुच्छेद-पमाण-परिक्खा-विही[1] ण अब्भाइरिय[2] - उवदेस - परंपराणुसारिणी, केवलं तु तिलोयपण्णत्ति-सुत्ताणुसारिणी[3], ओविसियदेव-आगहार-पडुप्पाइय-सुत्तावलंबि-बुत्ति-अणेण पयद-गच्छ-साहणट्ठमेसा परूवणा परूविदा । तदो ण एत्थ 'इदमित्थमेवेत्ति एवंत-परिग्गहेण[4] असग्गहो कायव्वो, परमगुरु-परंपरागओवएसस्स बुद्धि - बलेण 'विहडावेदुमसक्कियत्तादो, अविदिएसु पदत्थेसु छदुमत्थ-वियप्पाणमविसंवाद-णियमाभावादो । 'तम्हा पुव्वाइरिय-वक्खाणापरिच्चाएण[5] एसा वि दिसा[6] हेदु-वादाणुसारि-उप्पण्ण-सिस्साणुरोहेण अउप्पण्ण-अत्थ-उप्पायणट्ठं च दरिसेदव्वा । तदो ण एत्थ [7]संपदाय - विरोहासंका कायव्वा त्ति ।

---

१. ब. ब. दीवसोयण । २. द. ब. क. बीही । ३. द. ब. क. अब्भाइरियाणवदेसपरंपरासुसारिणे । ४. द. ब. सुत्ताणुसारि । ५. द. ब. क. ब. इदमेत्थमेवेत्ति । ६. ब. ब. क. ब. परिग्गहो च । ७. द. ब. क. ब. विहडावेदु । ८. द. ब. क. तहा । ९. द. ब. क. ब. वक्खाणुपरिच्चाएण । १०. द. क. ब. विसेसा । ११. ब. ब. क. ब. संपदाए विरोधो ।

अर्थ—तत्प्रायोग्य संख्यात रूपाधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेदों सहित द्वीप-सागरोंकी संख्या प्रमाण राजू सम्बन्धी अर्धच्छेदोंके प्रमाणकी परीक्षा-विधि अन्य आचार्योंके उपदेशकी परम्पराका अनुसरण करनेवाली नहीं है। यह तो केवल त्रिलोकप्रज्ञप्तिके सूत्रका अनुसरण करनेवाली है। ज्योतिषी देवोंके भागहारका प्रत्युत्पादन (उत्पन्न) करनेवाले सूत्रका आलम्बन करनेवाली युक्तिके बलसे प्रकृत अर्थको सिद्ध करनेके लिए यह प्ररूपणा की गई है। अतएव यहाँ 'यह ऐसा ही है' इस-प्रकारके एकान्तको ग्रहण करके कदाग्रह नहीं करना चाहिए। क्योंकि परमगुरुओंकी परम्परासे आये हुए उपदेशको इसप्रकार युक्तिके बलसे विघटित करना अशक्य है। इसके अतिरिक्त अतीन्द्रिय पदार्थोंके विषयमें अल्पज्ञोंके द्वारा किये गये विकल्पोंके अविसंवादी होनेका नियम भी नहीं है। इसलिए पूर्वाचार्योंके व्याख्यानका परित्याग न कर हेतुवाद (तर्कवाद) का अनुसरण करनेवाले व्युत्पन्न शिष्योंके अनुरोधसे तथा अव्युत्पन्न शिष्य-जनोंके व्युत्पादनके लिए इस दिशाका दिखाना योग्य ही है, अतएव यहाँ पर सम्प्रदायके विरोधकी आशंका नहीं करनी चाहिए।

विशेषार्थ—ज्योतिषी देवोंकी संख्या निकालनेके लिए द्वीप-सागरोंकी संख्या निकालना आवश्यक है। परिकर्मके सूत्रानुसार द्वीप-समुद्रोंकी संख्या उतनी है जितने सूच्यंगुल अधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद कम राजूके अर्धच्छेद होते हैं। (मेरु एवं जम्बूद्वीपादि पाँच द्वीप-समुद्रोंमें जो राजूके अर्धच्छेद पड़ते हैं वे यहाँ सम्मिलित नहीं किये गये हैं, क्योंकि इन द्वीप-समुद्रोंकी चन्द्र संख्या पूर्वमें कही जा चुकी है)। किन्तु तिलोयपण्णत्तीके सूत्रकारका कहना है कि (२५६)[२] के भागहारमें ज्योतिषी देवोंका जो प्रमाण प्राप्त होता है यदि वही प्रमाण इष्ट है तो राजूके अर्धच्छेदोंमेंसे जम्बू-द्वीपके अर्धच्छेदोंके अतिरिक्त छह ही नहीं किन्तु छहसे अधिक संख्यात अंक और कम करना चाहिए। इतना कम करनेके बाद ही द्वीप-सागरोंकी वह संख्या प्राप्त हो सकेगी जिसके द्वारा ज्योतिषी देवोंका प्रमाण (२५६)[१] भागहारके बराबर होगा।

छह अर्धच्छेदोंके अतिरिक्त संख्यात अंक और कम करनेका कारण यह दर्शाया गया है कि स्वयंभूरमणसमुद्रकी बाह्य वेदीके आगे भी पृथिवीका अस्तित्व है; वहाँ राजूके अर्धच्छेद उपलब्ध होते हैं, किन्तु वहाँ ज्योतिषी देवोंके विमान नहीं हैं।

इसप्रकार युक्तिबलसे सिद्ध कर देनेके पश्चात् श्री ग्रन्थकारकी परम निरपेक्षता एवं पूर्ववर्ती आचार्योंके प्रति दृढ़ श्रद्धा दर्शनीय है। वे लिखते हैं कि—'यह ऐसा ही है' इसप्रकार एकान्त हठ पकड़कर ————यह दिशा भी दिखानी चाहिए।

एदेण विहाणेण पक्खित्त-गच्छं विरलिय दुगं पडि चत्तारि रूवाणि दादूण अण्णोण्णब्भत्थे[1] कदे तिण्णिया आवा इदि वुत्ते संखेज्ज-रूव-गुणिय[1]- जोयण - लक्खस्स

---

१. ब. क. ज. ब. घणे। २. ब. ब. क. ब. दुगदे।

वग्गं पुणो सत्त-कयस्स कदिए गुणिय चउसट्ठि-रूव-वग्गेहिं पुणो वि गुणिय अवणयणे आये हिवे तत्थ लद्धमेत्ता होंदि । $\frac{\pi}{0}$ । ७ । ६४ । ६४ । १०° । ७ ।

अर्थ—इस उपर्युक्त विधानके अनुसार पूर्वोक्त गच्छका विरलन कर एक-एक रूपके प्रति चार-चार रूपोंको देकर परस्पर गुणा करनेपर कितने हुए ? इसप्रकार पूछनेपर एक लाख योजनके वर्गको संख्यात-रूपोंसे गुणित करके पुनः सात रूपोंकी कृति से गुणा करके पुनरपि चौंसठ रूपोंके वर्गसे गुणा करके अवतारमें भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो, उतने प्रमाण होते हैं ।

विशेषार्थ—उपर्युक्त विधानानुसार स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्तके सभी द्वीप-समुद्रोंमें स्थित वलयोंके चन्द्र-बिम्बोंकी राशि प्राप्त करने हेतु धन-राशि तथा ऋण राशि अलग-अलग स्थापित की जाती है और राजूके अर्धच्छेदोंकी सहायतासे प्राप्त स्वयंभूरमणसमुद्र पर्यन्तकी समस्त धनय-संख्या गच्छ रूपमें स्थापित की जाती है ।

यहाँ सर्व प्रथम धन रूप राशि प्राप्त करना है । इसके लिए तीन संकलन आवश्यक हैं । जो इसप्रकार हैं– (१) आदि १७६×६४ (२) मुखकार प्रचय ४ और (३) गच्छ । यहाँ गच्छका प्रमाण (१ राजूके अर्धच्छेद)—(६ अधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद) हैं । अथवा—(जगच्छ्रेणीके अर्धच्छेद) — (३) — (६) — (जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद) हैं । इस गच्छमेंसे ऋण राशि (—३—६—जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद) को अलग स्थापित कर देनेपर गच्छ जगच्छ्रेणीके अर्धच्छेद प्रमाण रह जाता है ।

'सव्व-गच्छा अण्णोण्णं पेक्खिदूण चदुगुण-कमेण अवट्ठिदा' अर्थात् सब गच्छ परस्परकी अपेक्षा चौगुने क्रमसे अवस्थित हैं । पूर्व कथित इस नियमके अनुसार गुणकार ४ अर्थात् २×२ है ।

यहाँ धनरूप जगच्छ्रेणीके अर्धच्छेद गच्छ है । इसका विरलनकर प्रत्येक एक-एकके प्रति २ को देय देकर परस्पर गुणा करनेपर जगच्छ्रेणी प्राप्त होती है और इन्हीं जगच्छ्रेणीके अर्धच्छेदों का विरलनकर प्रत्येकके प्रति ४ अर्थात् २×२ देय देकर परस्पर गुणित करनेपर अवतार प्राप्त होता है । यह राशि धनात्मक होनेसे अंक रूप रहेगी ।

अब यहाँ पृथक् स्थापित ऋणरूप गच्छका विश्लेषण किया जाता है—

—(३)—(६) और जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद रूपसे ऋण राशियाँ तीन हैं । इनमेंसे सर्वप्रथम जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद कहते हैं—

जम्बूद्वीप १ लाख योजन विस्तारवाला है। इस एकलाखको उत्तरोत्तर अर्ध-अर्ध करनेपर १७ अर्धच्छेद प्राप्त होते हैं और एक योजन शेष रहता है।

इन १७ अर्धच्छेदोंका विरलन कर प्रत्येक पर २×२ देय देकर परस्पर गुणा करनेसे १ लाख × १ लाख प्राप्त होते हैं। अवशेष रहे एक योजनके ७६८००० अंगुल होते हैं। इन्हें उत्तरोत्तर अर्ध-अर्ध करनेपर १९ अर्धच्छेद प्राप्त होते हैं और १ अंगुल शेष रहता है। इन १९ अर्धच्छेदोंका विरलनकर प्रत्येक अंक पर २ × २ देय देकर परस्पर गुणा करनेसे ७६८००० × ७६८००० होते हैं। शेष एक अंगुलके अर्धच्छेद प्रमाण २×२ को परस्पर गुणित करनेपर अंगुल × अंगुल अर्थात् प्रतरांगुल प्राप्त होता है। इसप्रकार ऋणात्मक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेदों की राशिका प्रमाण १ लाख × १ लाख × ७६८००० × ७६८००० × प्रतरांगुल है।

६ के अर्धच्छेद—जम्बूद्वीपादि पांच द्वीप और समुद्रोंके पांच और एक मेरु पर्वत का। इसप्रकार ये ६ अर्धच्छेद अनुपयोगी होनेसे घटा दिये गये हैं। इन ६ का विरलन कर प्रत्येकके प्रति २ × २ देय देकर परस्पर गुणा करनेसे ६४×६४ प्राप्त होते हैं।

—७ के अर्धच्छेद—जगच्छ्रेणी ७ राजू प्रमाण है। इन ७ राजुओंका उत्तरोत्तर अर्धा-अर्ध करनेपर ३ अर्धच्छेद प्राप्त होते हैं। इन ३ अर्धच्छेदोंका विरलनकर प्रत्येकके प्रति २ × २ देय देकर आपसमें गुणा करनेसे ७ × ७ प्राप्त होते हैं।

इसप्रकार ऋणराशिका संकलित प्रमाण—

१ लाख × १ लाख × ७६८००० × ७६८००० × प्रतरांगुल × ६४ × ६४ × ७ × ७ है। यह राशि ऋणात्मक होनेसे भागहार रूप रहेगी पूर्वोक्त अंक रूप जगत्प्रतरमें भागहार रूप इस राशिका भाग देनेपर लब्ध इसप्रकार प्राप्त होता है—

$$\frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{१ लाख} \times \text{१ लाख} \times ७६८००० \times ७६८००० \times \text{प्रत०} \times ६४ \times ६४ \times ७ \times ७}$$

उपर्युक्त गद्यमें आचार्यश्री ने यही कहा है कि—गच्छका विरलनकर प्रत्येक रूप पर ४-४ देय देकर परस्पर गुणा करनेसे १ लाख योजनके वर्ग (१ ला० × १ ला०) को संख्यात रूपों (७६८००० × ७६८००० × प्रतरांगुल) से गुणित करनेपर पुनः सात रूपोंकी कृति (७ × ७) से गुणा करके पुनरपि चौंसठ रूपोंके वर्ग (६४ × ६४) से गुणाकर जगत्प्रतरमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे तत्प्रमाण है।

सूत्रमें जो संदृष्टि दी गई है, उसका अर्थ इसप्रकार है—

=जगप्रतर, ७ । ७ का अर्थ है ७×७। आगे ६४ × ६४। १०⁷ का अर्थ है १०००००×१०००००० और ७ का अर्थ संख्यात है।

पुणो एवं दुट्ठाणे ठविय एक्क-रासिं बे-सय-अट्ठासीदि-रूवेहि गुणिदे सव्व-आदि-धण-पमाणं होदि । २८८ । $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{७}}$ । ७ । ६४ । ६४ । १०⁷ । ७ । अवर-रासिं चउसट्ठि-रूवेहि गुणिदे सव्व-पचय-धणं होदि । ६४ । $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{७}}$ । ७ । ६४ । ६४ । १०⁷ । ७ । एवे दो रासीओ मेलिय[1] रिण-रासिमवणिय गुणगार[2]-भागहार-रूवाणिमोवट्टाविय-भागहार-भूद-संखेज्ज-रूव-गुणिद-जोयण-लक्ख-वग्गं पदरंगुले कदे संखेज्ज - रूवेहि गुणिद - पण्णट्ठि-सहस्स पंच-सय-छत्तीस-रूवमेत्त-पदरंगुलेहि जगपदरमवहरिदमेत्तं सव्व-जोइसिय-बिंब-पमाणं होदि । तं चेवं— $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{६५५३६}}$ । ७ ।

पुणो एक्कम्मि बिंबम्मि तप्पाउग्ग-संखेज्ज-जीवा अत्थि त्ति तं संखेज्ज-रूवेहि गुणिदेसिं सव्व-जोइसिय-जीव-रासि-परिमाणं होदि । तं चेवं— $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{६५५३६}}$ । ६५५३६ ।

अर्थ—पुनः इसे दो स्थानोंमें रखकर एक राशिको दो सौ अठासी से गुणा करनेपर सब आदि-धन होता है; और अवर-राशिको चौंसठ रूपोंसे गुणा करनेपर सर्व प्रचय-धनका प्रमाण होता है। इन दो राशियोंको मिलाकर ऋण-राशिको कम करते हुए गुणकार एवं भागहार रूपोंको अपवर्तित करके भागहार-भूत संख्यात-रूपोंसे गुणित एक लाख योजनके वर्गके प्रतरांगुल करनेपर संख्यातरूपोंसे गुणित पैंसठ हजार पांच सौ छत्तीस रूपमात्र प्रतरांगुलोंसे भाजित जगप्रतर-प्रमाण सब ज्योतिषी बिम्बोंका प्रमाण होता है। वह यह है— $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{६५५३६}}$ । ६५५३६ । ७ ।

पुनः एक बिम्बमें तत्प्रायोग्य संख्यात जीव विद्यमान रहते हैं, इसलिए उसे संख्यात-रूपोंसे गुणा करनेपर सर्व ज्योतिषी जीव-राशिका प्रमाण होता है। वह यह है— $\frac{\overline{\text{जग}}}{\text{६५५३६}}$ । ६५५३६ ।

विशेषार्थ—उपर्युक्त सूत्रमें प्राप्त राशिको दो स्थानों पर स्थापित कर पृथक्-पृथक् २८८ और ६४ से गुणित कर प्राप्त हुए आदिधन और प्रचयधन को सम्मिलित करने के लिए कहा गया है। जो इसप्रकार है :—

$$\text{प्राप्त राशि} = \frac{\text{जगप्रतर}}{\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ लाख} \times \text{१ लाख} \times \text{संख्यात} \times ६४ \times ६४ \times ७ \times ७}$$

$$\text{आदिधन} = \frac{२८८ \text{ जगप्रतर}}{\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ लाख} \times \text{१ लाख} \times \text{संख्यात} \times ६४ \times ६४ \times ७ \times ७}$$

---

१. ब. ब. मेलि । २. द. ह. क. ब. गुणहार ।

$$\text{प्रचयधन} = \frac{\text{६४ जगत्प्रतर}}{\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{७}}$$

$$\frac{\text{२८८ जगत्प्रतर}}{[\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०} \times \text{सं०} \times \text{६४} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{७}]} +$$

$$\frac{\text{६४ जगत्प्रतर}}{[\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{७}]}$$

$$\text{आदिधन} + \text{प्रचयधन} = \frac{\text{३५२ जगत्प्रतर}}{[\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{७}]}$$

इस आदिधन और प्रचयधनकी सम्मिलित राशिमेंसे ऋणराशि घटानेको कहा गया है। जो इसप्रकार है—

यहाँ ऋणराशिका संकलन करने हेतु आदि ६४ है, प्रचय २ है और गच्छ—जगच्छ्रेणीके अर्धच्छेदोंमेंसे साधिक जम्बूद्वीपके अर्धच्छेद घटा देनेपर जो अवशेष रहे वह है।

तदनुसार इसका संकलन $\frac{\text{६४ जगच्छ्रेणी}}{\text{सूच्यंगुल} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{१ ला०}}$ होता है। इसे पूर्वोक्त आदि एवं प्रचयधनकी सम्मिलित राशिमेंसे घटाना है। यथा :—

$$\frac{\text{३५२ जगत्प्रतर}}{\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०} \times \text{सं०} \times \text{६४} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{७}} -$$

$$\frac{\text{६४ जगच्छ्रेणी}}{\text{सूच्यं०} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{१ ला०}}$$

$$= \frac{\text{३५२ जगत्प्रतर} - \text{६४ जगच्छ्रेणी} \left(\frac{\text{सूच्यं०} \times \text{संख्यात} \times \text{६४} \times \text{७} \times \text{१ ला०}}{\text{संख्यात} \times \text{१६} \times \text{७} \times \text{७} \times \text{६४} \times \text{६४}} \right)}{[\text{प्रतरांगुल} \times \text{१ ला०} \times \text{१ ला०}]}$$

$$= \frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{प्रतरांगुल} \times \text{६५५३६} \times \text{७}} \text{ या } \frac{1}{\text{६५५३६}} \times \text{७ यह सर्व ज्योतिषी बिम्बोंका प्रमाण}$$

प्राप्त हुआ।

एक ज्योतिषी बिम्बमें संख्यात जीव रहते हैं अतः उपर्युक्त प्राप्त हुए ज्योतिष-बिम्बोंके प्रमाणमें संख्यात (७) का गुणा करनेसे सर्व ज्योतिषी देवोंका प्रमाण प्राप्त होता है। यथा—

$= \frac{\text{जगत्प्रतर} \times \text{संख्यात}\ (७)}{\text{प्रतरांगुल} \times ६५५३६ \times ७} = \frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{प्र०} \times ६५५३६}$ या $\frac{\text{जगत्प्रतर}}{\text{प्र०}}$ । ६५५३६ सर्व ज्योतिषीदेवोंका प्रमाण है।

नोट—ज्योतिषी देवोंके बिम्बोंका प्रमाण निकालते समय आचार्य देवने संक्षिप्त करने हेतु यहाँ कुछ संख्याओंका अन्तर्भाव संख्यातमें कर दिया है। इसका विशेष विवरण सन् १९७६ में प्रकाशित त्रिलोकसार गाथा ३६१ की टीकामें द्रष्टव्य है।

ज्योतिषी देवोंकी आयुका निरूपण—

चंदस्स सद - सहस्सं, रविणो सहं च सुक्कस्स।
बासाधिएहि पल्लं, तं[1] पुण्णं बिसय - णामस्स ॥६१९॥

सेसाणं तु गहाणं, पल्लद्धं आउगं मुणेदव्वं।
ताराणं तु जहण्णं, पादद्धं पादमुक्कस्सं ॥६२०॥

प १ । ब १००००० । प १ । १००० । प १ ब १०० । प १ । प ½ । प ¼ । प ⅛ ।

आऊ समत्ता ॥८॥

अर्थ—चन्द्रकी उत्कृष्टायु एक लाख वर्ष अधिक एक पल्य (१ पल्य + १००००० वर्ष), सूर्यकी एक हजार वर्ष अधिक एक पल्य (१ पल्य + १०००), शुक्र ग्रहकी १०० वर्ष अधिक एक पल्य (१ पल्य + १०० वर्ष) और गुरुकी उत्कृष्टायु एक पल्य-प्रमाण है। शेष ग्रहोंकी—उत्कृष्टायु अर्ध-पल्य प्रमाण है और तारामोंकी उत्कृष्टायु पल्यके चतुर्थभाग (¼ पल्य) प्रमाण है तथा सर्व ज्योतिषी देवोंकी जघन्यायुका प्रमाण पल्यके आठवें भाग (⅛ पल्य) है ॥६१९-६२०॥

इसप्रकार आयुका कथन समाप्त हुआ ॥८॥

आहार आदि प्ररूपणाओंका निर्देश—

आहारो उस्सासो, उप्पत्तीओ ओहिणाण - सत्तीओ।
ओधाणं उप्पत्ती - मरणाइं एक्क - समयम्मि ॥६२१॥

आऊ-बंधण-भावं, बंधग - गहणस्स कारणं विविहं।
पुणठाणादि - पवण्णण, भावणलोगो व वत्तव्वं ॥६२२॥

---

१. द. क. ज. ठ. पुट्ठ परिसद्धामस्स, ब. से पुट्ठपरिसद्धामस्स।

अर्थ—आहार, उच्छ्वास, उन्मेष, अवधिज्ञान, शक्ति, एक समयमें जीवोंकी उत्पत्ति एवं मरण, आयुके बन्धक भाव, सम्यग्दर्शन ग्रहणके विविध कारण और गुणस्थानादिका वर्णन भावन-लोकके सदृश कहना चाहिए ॥६२१-६२२॥

शरीरके उत्सेध आदिका निर्देश—

जवरि य जोइसियाणं, उच्छेहो सत्त-दंड-परिमाणं ।
ओही असंख-गुणिदं, सेसाओ होंति भवण - जोग्गं ॥६२३॥

अर्थ—विशेष यह है कि ज्योतिषी देवोंके शरीरकी ऊँचाई सात धनुष प्रमाण और अवधि-ज्ञानका विषय असंख्यातगुणा है ॥६२३॥

अधिकारान्त मंगलाचरण—

इंद-सय-वंदिद-चलणं, अणंत-सुह-णाण-विरिय-दंसणयं ।
भव्व - कुमुदेक्क - चंदं, विमल - जिणिंदं णमस्सामि ॥६२४॥

एवमाइरिय-परंपरा-गय-तिलोयपण्णत्तीए
जोइसिय-लोय-सरूव-णिरूवण-पण्णत्ती णाम
सत्तमो महाहियारो समत्तो ॥

अर्थ—जिनके चरणोंमें सहस्रों इन्द्रोंने नमस्कार किया है और जो अनन्त सुख, ज्ञान, वीर्य एवं दर्शनसे संयुक्त तथा भव्यजनरूपी कुमुदोंको विकसित करनेके लिए अद्वितीय चन्द्रस्वरूप हैं ऐसे विमलनाथ जिनेन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ ॥६२४॥

इसप्रकार आचार्य-परम्परासे प्राप्त हुई त्रिलोक प्रज्ञप्तिमें
ज्योतिर्लोक-स्वरूप-निरूपण-प्रज्ञप्ति नामक
सातवाँ महाधिकार समाप्त हुआ ।





तिलोयपण्णत्ती

अट्ठमो महाहियारो

मङ्गलाचरण—

कम्म-कलंक-विमुक्कं, केवलणाणे हि दिट्ठ-सयलट्ठं ।
णमिऊण अणंत-जिणं, भणामि सुरलोय-पण्णत्तिं ॥१॥

अर्थ—कर्मरूपी कलङ्कसे रहित, केवलज्ञानमें सम्पूर्ण पदार्थोंको देखने वाले अनन्तनाथ जिनको नमस्कार कर मैं सुरलोक-प्रज्ञप्तिका कथन करता हूँ ॥१॥

इक्कीस अन्तराधिकारोंका निर्देश—

सुरलोय-णिवास-ठिदि, विण्णासो भेद-णाम-सीमाओ ।
संखा इंदविभूवो, आऊ उप्पत्ति - मरण - अंतरयं ॥२॥
आहारो उस्सासो, उच्चेहो तह य वेद - लोयम्मि ।
आउग - बंधण - भावो, देवा सोयंतियाण तहा ॥३॥
गुणठाणादि-सहियं, दंसण - गहणस्स कारणं विविहं ।
आगमणमोहिणाणं, सुराण[1] संखं च सत्तीओ ॥४॥
जोओ इदि इगिवीसं, अहियारा विमल-बोह-जणणीए ।
जिण-मुहकमल-विणिग्गय-सुर-जग-पण्णत्ति-णामाए ॥५॥

---

१ ब. सुराओ, ब. प्र. म. ठ. सुरस्स ।

अर्थ—सुरलोक निवास क्षेत्र १, विन्यास २, भेद ३, नाम ४, सीमा ५, संख्या ६, इन्द्र-विभूति ७, आयु ८, उत्पत्ति एवं मरणका अन्तर ९, आहार १०, उच्छ्वास ११, उत्सेध १२, देवलोक सम्बन्धी आयुके बन्धक भाव १३, लौकान्तिक देवोंका स्वरूप १४, गुणस्थानादिकका स्वरूप १५, दर्शन-ग्रहणके विविध कारण १६, आगमन १७, अवधिज्ञान १८, देवोंकी संख्या १९, शक्ति २० और योनि २१ इसप्रकार निर्मल बोधको उत्पन्न करनेवाले जिनेन्द्रके मुखसे निकले हुए सुरलोक-प्रज्ञप्ति नामक महाधिकारमें ये इक्कीस अधिकार हैं ॥२-५॥

देवोंका निवासक्षेत्र—

उत्तरकुरु-मणुवाणं, [1]एक्केणूणेण तह य बालेण ।
पणवीसुत्तर - चउ - सय - कोदंडेहिं विहीणेण ॥६॥
इगिसट्ठी - अहिएणं, लक्खेणं जोयणेण ऊणाओ ।
रज्जूओ सत्त गयणे, [2]उड्ढुड्ढं णाक - पडलाणि ॥७॥

उ ७ रिणं १०००६१ रिणस्स रिणं ऊणं ४२५ रिण । बा १ ।

। णिवासखेत्तं गदं ॥१॥

अर्थ—उत्तरकुरुमें स्थित मनुष्योंके एक बाल, चार सौ पच्चीस धनुष और एक लाख इकसठ योजनोंसे रहित सात राजू प्रमाण आकाशमें ऊर्ध्व-ऊर्ध्व (ऊपर-ऊपर) स्वर्ग-पटल स्थित हैं ॥६-७॥

विशेषार्थ—ऊर्ध्वलोक मेरुतलसे सिद्धलोक पर्यन्त है, जिसका प्रमाण ७ राजू है। इसमेंसे मेरुप्रमाण अर्थात् १०००४० योजनका मध्यलोक है। मेरुकी चूलिकासे उत्तम भोगभूमिज मनुष्यके एक बाल ऊपर स्वर्गका प्रारम्भ है। लोकके अन्तमें १५७५ धनुष प्रमाण तनुवातवलय, १ कोस प्रमाण घनवातवलय और २ कोस प्रमाण घनोदधिवातवलय है। अर्थात् ४२५ धनुष कम १ योजन क्षेत्रमें उपरिम वातवलय है। इसके नीचे सिद्धशिला है जो मध्यभागमें ८ योजन मोटी है और सिद्ध-शिलासे १२ योजन नीचे सर्वार्थसिद्धि विमानका ध्वजदण्ड है। इसप्रकार लोकान्तसे [(१२+८)+ (१ यो० — ४२५ धनुष =)] ४२५ धनुष कम २१ योजन नीचे और मेरुतलसे १०००४० यो०+ १ बाल ऊपर अर्थात्—

७ राजू— [(१०००४०+१ बाल)+(२१ योजन — ४२५ धनुष)] बराबर क्षेत्रमें स्वर्गलोककी अवस्थिति कही गई है।

निवास क्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ॥१॥

---

१. ब. एक्कं गुणं, क. ज. ज. एक्कं गुणेण । २. द. ब. क. ज. ज. एवमेव उड्ढुड्ढं ।

स्वर्ग पटलोंकी स्थिति एवं इन्द्रक विमानोंका पारस्परिक अन्तराल—

कणयद्दि-चूलि-उवरि, उत्तरकुरु-मणुव-एक्क-बालस्स ।
परिमाणे - अंतरिओ, चेट्ठदि हु इंदओ पढमो ॥८॥

अर्थ—कनकाद्रि अर्थात् मेरुकी चूलिकाके ऊपर उत्तरकुरुवर्ती मनुष्यके एक बाल प्रमाणके अन्तरसे (ऋजु नामक) प्रथम इन्द्रक स्थित है ॥८॥

लोय-सिहरावु हेट्ठा, चउ-सय-पणवीस चाव-हीणाणि ।
इगिवीस - जोयणाणि, गंतूणं इदओ चरिमो ॥९॥

यो २१ । रूण दंडा ४२५ ।

अर्थ—लोकशिखरके नीचे चारसौ पच्चीस (४२५) धनुष कम इक्कीस योजन प्रमाण जाकर अन्तिम इन्द्रक स्थित है ॥९॥

सेसा य एक्कसट्ठी, एदाणं इंदयाण विच्चाले ।
सव्वे अणाइ-णिहणा, रयण - मया इंदया होंति ॥१०॥

अर्थ—शेष इकसठ इन्द्रक इन दोनों इन्द्रकोंके बीचमें हैं । ये सब रत्नमय इन्द्रक विमान अनादि-निधन हैं ॥१०॥

एक्केक्क-इंदयस्स य, [1]विच्चालमसंख-जोयणाण-समा ।
एदाणं णामाणि, वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥११॥

अर्थ—एक-एक इन्द्रकका अन्तराल असंख्यात योजन प्रमाण है । अब इनके नाम अनुक्रमसे कहते हैं ॥११॥

६३ इन्द्रक विमानोंके नाम—

उडु-विमल-चंद-णामा, वग्गू वीरारुणा य णंदणया ।
णलिणं कंचण - रहिरं, [2]चंचं मरुदं च रिद्धिसयं ॥१२॥

१३ ।

वेरुलिय-रुचक-रुचिरंक-फलिह-तवणीय-मेघ-अब्भाइं ।
हारिद्द - पउम - णामा, लोहिव - वज्जाभिहाणेणं ॥१३॥

१२ ।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. विच्चालं संखजोयणाण समा । २ द. ब. क. ज. ठ. चंचं मरुदं चरिट्ठसयं ।

अंजावत्त-पहंकर-पिडुक-गज-मित्त-पह य अंजणए[1] ।
वणमाल-णाग-गरुडा, लंगल-बलभद्द[2]-चक्करिट्ठाणि ॥१४॥

१४ ।

सुरसमिदी-बम्हाइं, बम्हुत्तर-बम्हहिदय-लंतवया ।
महसुक्क-सहस्सारा, आणद-पाणद य-पुप्फकया ॥१५॥

१० ।

सायंकरारणच्चुद - सुदंसणामोघ - सुप्पबुद्धा य ।
जसहर-सुभद्द-सुविसाल-सुमणसा तह य सोमणसो ॥१६॥

११ ।

पीदिंकर-आइच्चं, चरिमो सव्वट्ठ-सिद्धि-णामो त्ति ।
तेसट्ठी समवट्टा, णाणावर - रयण - णियर - मया ॥१७॥

६३ ।

अर्थ—ऋतु १, विमल २, चन्द्र ३, वल्गु ४, वीर ५, अरुण ६, नन्दन ७, नलिन ८, कंचन ९, रुधिर १० (रोहित), चंचत् ११, मरुत् १२, ऋद्धीश १३, वैडूर्य १४, रुचक १५, रुचिर १६, अंक १७, स्फटिक १८, तपनीय १९, मेघ २०, अभ्र २१, हारिद्र २२, पद्म २३, लोहित २४, वज्र २५, नंद्यावर्त २६, प्रभंकर २७, पृष्ठक २८, गज २९, मित्र ३०, प्रभ ३१, अंजन ३२, वनमाल ३३, नाग ३४, गरुड़ ३५, लांगल ३६, बलभद्र ३७, चक्र ३८, अरिष्ट ३९, सुरसमिति ४०, ब्रह्म ४१, ब्रह्मोत्तर ४२, ब्रह्महृदय ४३, लांतव ४४, महाशुक्र ४५, सहस्रार ४६, आनत ४७, प्राणत ४८, पुष्पक ४९, शातंकर ५०, आरण ५१, अच्युत ५२, सुदर्शन ५३, अमोघ ५४, सुप्रबुद्ध ५५, यशोधर ५६ सुभद्र ५७, सुविशाल ५८, सुमनस ५९, सौमनस ६०, प्रीतिंकर ६१, आदित्य ६२ और अन्तिम सर्वार्थसिद्धि ६३, इसप्रकार ये समान गोल और नाना उत्तम रत्नसमूहोंसे रचे गये तिरेसठ (६३) इन्द्रक विमान हैं ॥१२-१७॥

प्रथम और अन्तिम इन्द्रक विमानोंके विस्तारका प्रमाण—

पंचत्तालं लक्खं, जोयणया इंदओ उडू [4]पढमो ।
एक्कं जोयण - लक्खं, चरिमो सव्वट्ठसिद्धो य ॥१८॥

४५००००० । १००००० ।

---

१. द. ब. ब. ठ. अंजणमो, क. अंजणमणामो । २. द. ब. क. ज. ठ. मद्द । ३. ब. ब. क. ज. ठ. ६३ । ४. ब. पढमे ।

अर्थ—प्रथम ऋतु नामक इन्द्रक विमान पैंतालीस लाख (४५०००००) योजन और अन्तिम सर्वार्थसिद्धि इन्द्रक विमान एक लाख (१०००००) योजन प्रमाण विस्तार युक्त है ।।१८।।

इन्द्रक विमानोंकी हानि-वृद्धिका प्रमाण एवं उसके प्राप्त करनेकी विधि—

पढमे चरिमं सोहिय, रूवो णिय-ह्रंदय-प्पमाणेणं ।
भजिदूणं जं लद्धं, ताओ इह हाणि - वड्ढीओ ।।१९।।

ते राशि ६२ । ४४००००० । १ ।

अर्थ—प्रथम इन्द्रकके विस्तारमेंसे अन्तिम इन्द्रकके विस्तारको घटाकर शेषमें एक कम इन्द्रक-प्रमाणका भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना यहाँ हानि-वृद्धिका प्रमाण समझना चाहिए ।।१९।।

सत्तरि-सहस्स-णव-सय-सगसट्ठी-जोयणाणि तेवीसं ।
अंसा इगितीस-हिदा, हाणी पढमादु चरिमदो[1] वड्ढी ।।२०।।

७०९६७ । $\frac{२३}{३१}$ ।

अर्थ—सत्तर हजार नौ सौ सड़सठ योजन और एक योजनके इकतीस भागोंमेंसे तेईस भाग अधिक (७०९६७$\frac{२३}{३१}$ यो०) प्रथम इन्द्रककी अपेक्षा उत्तरोत्तर हानि और इतनी ही अन्तिम इन्द्रककी अपेक्षा उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई है ।।२०।।

विशेषार्थ—प्रथम पटलके प्रथम ऋजु विमानका विस्तार मनुष्यक्षेत्र सदृश ४५ लाख योजन प्रमाण है और अन्तिम पटलके सर्वार्थसिद्धि नामक अन्तिम विमानका विस्तार जम्बूद्वीप सदृश एक लाख योजन प्रमाण है । इन दोनोंका शोधन करनेपर (४५००००० — १०००००) = ४४००००० योजन अवशेष रहे । इनमें एक कम इन्द्रकों (६३ — १ = ६२) का भाग देनेपर (४४०००००÷ ६२) = ७०९६७$\frac{२३}{३१}$ योजन हानि और वृद्धिका प्रमाण प्राप्त होता है ।

इन्द्रक विमानोंका पृथक्-पृथक् विस्तार—

चउदाल-लक्ख-जोयण, उणतीस-सहस्सयाणि बत्तीसं ।
इगितीस-हिदा अट्ठय, कलाओ विमलिंदयस्स वित्थारो ।।२१।।

४४२९०३२ । $\frac{८}{३१}$ ।

अर्थ—चवालीस लाख उनतीस हजार बत्तीस योजन और इकतीससे भाजित आठ कला अधिक (४४२९०३२$\frac{८}{३१}$ योजन) विमल इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण कहा गया है ।।२१।।

---

१. ब. चरिमचुओ ।

तेदाल-लक्ख-जोयण-अट्ठावण्णा-सहस्स - चउसट्ठी ।
सोलस - कलाओ सहिदा, चंदिवय-रुंद-परिमाणं ॥२२॥

४३५८०६४ । $\frac{१६}{११}$ ।

अर्थ—तैंतालीस लाख अट्ठावन हजार चौंसठ योजन और सोलह कलाओं सहित (४३५८०६४$\frac{१६}{११}$ योजन) चन्द्र इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण है ॥२२॥

बादाल-लक्ख-जोयण, सगसीदि-सहस्सयाणि छण्णउदी ।
चउवीस - कला रुंदो, वण्णु - विमाणस्स णादव्वं ॥२३॥

४२८७०९६ । $\frac{२४}{११}$ ।

अर्थ—बियालीस लाख सतासी हजार छ्यानवें योजन और चौबीस कला अधिक (४२८७०९६$\frac{२४}{११}$ योजन) वल्गु विमानका विस्तार जानना चाहिए ॥२३॥

बादाल-लक्ख-सोलस-सहस्स-एकसय-जोयणाणि च ।
उणतीसब्भहियाणि, एक्क-कला वीर-इंदए रुंदो ॥२४॥

४२१६१२९ । $\frac{३}{११}$ ।

अर्थ—वीर इन्द्रकका विस्तार बयालीस लाख सोलह हजार एक सौ उनतीस योजन और एक कला अधिक (४२१६१२९$\frac{३}{११}$ यो०) है ॥२४॥

एक्कत्तालं लक्खं, पणदाल-सहस्स-जोयणेक्क-सया ।
इगिसट्ठी अब्भहिया, गद अंसा अरुण[1] - इंदम्मि ॥२५॥

४१४५१६१ । $\frac{९}{११}$ ।

अर्थ—अरुण इन्द्रकका विस्तार इकतालीस लाख पैंतालीस हजार एक सौ इकसठ योजन और नौ भाग अधिक (४१४५१६१$\frac{९}{११}$ यो०) है ॥२५॥

चउहत्तरि सहस्सा, तेरणउदि-समधिदं च एक्क-सयं ।
चालं जोयण-लक्खा, सत्तरस कलाओ णंदणे वासो ॥२६॥

४०७४१९३ । $\frac{१७}{११}$ ।

अर्थ—नन्दन इन्द्रकका विस्तार चालीस लाख चौहत्तर हजार एक सौ तेरानवें योजन और सत्रह कला अधिक (४०७४१९३$\frac{१७}{११}$ योजन) है ॥२६॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. वरुण ।

चालं जोयण-लक्खं, ति-सहस्सा दो सयाणि पणुवीसं ।
पणवीस-कला[1]-एसा, [2]विक्खारो [3]णलिण - इंदस्स ॥२७॥

४००३२२५ । $\frac{२५}{२६}$ ।

अर्थ—नलिन इन्द्रकका विस्तार चालीस लाख तीन हजार दो सौ पच्चीस योजन और पच्चीस कला अधिक (४००३२२५$\frac{२५}{२६}$ योजन) जानना चाहिए ॥२७॥

उणतालं-लक्ख-जोयण-बत्तीस-सहस्स-दो-सयाणि पि ।
अट्ठावण्णा दु - कला, कंचण - णामस्स विक्खारो ॥२८॥

३९३२२५८ । $\frac{२}{२६}$ ।

अर्थ—कञ्चन नामक इन्द्रकका विस्तार उनतालीस लाख बत्तीस हजार दो सौ अट्ठावन योजन और दो कला (३९३२२५८$\frac{२}{२६}$ यो०) प्रमाण है ॥२८॥

अडतीस-लक्ख-जोयण, इगिसट्ठि-सहस्स-दो-सयाणि पि ।
णउदि - जुदाणि दसंसा, रोहिद - णामस्स विक्खारो ॥२९॥

३८६१२९० । $\frac{१०}{२६}$ ।

अर्थ—रोहित नामक इन्द्रकका विस्तार अड़तीस लाख इकसठ हजार दो सौ नब्बे योजन और दस भाग अधिक (३८६१२९०$\frac{१०}{२६}$ योजन) है ॥२९॥

सगतीस-लक्ख-जोयण, णउदि-सहस्साणि ति-सय-बावीसा ।
अट्ठारसा कलाओ, [4]चंचा - णामस्स विक्खंभो ॥३०॥

३७९०३२२ । $\frac{१८}{२६}$ ।

अर्थ—चंचत् नामक इन्द्रकका विस्तार सैंतीस लाख नब्बे हजार तीन सौ बाईस योजन और अठारह कला अधिक (३७९०३२२$\frac{१८}{२६}$ योजन) है ॥३०॥

सत्ततीसं लक्खा, उणवीस-सहस्स-ति-सय-जोयणया ।
अडवण्णा छब्बीसा, कलाओ मरुवस्स विक्खंभो ॥३१॥

३७१९३५४ । $\frac{२३}{२६}$ ।

---

१. द. ब. क. कलाए सहिय, ब. ड. कलाए सा । २. द. ब. क. विस्तारे । ३. द. ब. क. ब. ड. णलिणं इंदस्स विण्णेयो । ४. द. ब. क. ब. ड. चंचा ।

अर्थ—मरुत् इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण सैंतीस लाख उन्नीस हजार तीन सौ चौवन योजन और छब्बीस कला अधिक (३७१९३५४$\frac{२६}{३१}$ योजन) है ॥३१॥

छत्तीसं लक्खाणि, अडदाल-सहस्स-ति-सय-जोयणया ।
सत्तासीदो तिण्णि-कला, रिट्ठिस[1]-इंदस्स परिसंखा ॥३२॥

३६४८३८७ । $\frac{३}{३१}$ ।

अर्थ—ऋद्वीश इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण छत्तीस लाख अड़तालीस हजार तीन सौ सत्तासी योजन और तीन कला अधिक (३६४८३८७$\frac{३}{३१}$ योजन) है ॥३२॥

सत्तत्तरि सहस्सा, चउस्सया पंचतीस - लक्खाणि ।
उणवीस-जोयणाणि, एक्करस-कलाओ वेरुलिय-इंदं ॥३३॥

३५७७४१९ । $\frac{११}{३१}$ ।

अर्थ—वैडूर्य इन्द्रकका विस्तार पैंतीस लाख सतत्तर हजार चार सौ उन्नीस योजन और ग्यारह कला अधिक (३५७७४१९$\frac{११}{३१}$ योजन) है ॥३३॥

पंचत्तीसं लक्खा, छ-सहस्सा चउ-सयाणि इगिवण्णा ।
जोयणया उणवीसा, कलाओ रुजगस्स वित्थारो ॥३४॥

३५०६४५१ । $\frac{१९}{३१}$ ।

अर्थ—रुचक इन्द्रकका विस्तार पैंतीस लाख छह हजार चार सौ इक्यावन योजन और उन्नीस कला अधिक (३५०६४५१$\frac{१९}{३१}$ यो०) है ॥३४॥

चउतीसं लक्खाणि, पणतीस-सहस्स-चउसयाणि पि ।
तेसीदि जोयणाणि, सगवीस-कलाओ रुचिर-वित्थारो ॥३५॥

३४३५४८३ । $\frac{२७}{३१}$ ।

अर्थ—रुचिर इन्द्रकका विस्तार चौंतीस लाख पैंतीस हजार चार सौ तेरासी योजन और सत्ताईस कला अधिक (३४३५४८३$\frac{२७}{३१}$ योजन) है ॥३५॥

तेत्तीसं लक्खाणि, चउसट्ठि-सहस्स-पण-सयाणि पि ।
सोलस य जोयणाणि, चत्तारि कलाओ अंक-वित्थारो ॥३६॥

३३६४५१६ । $\frac{४}{३१}$ ।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. रिट्ठस ।

अर्थ—अंक इन्द्रकका विस्तार तैंतीस लाख चौंसठ हजार पाँच सौ सोलह योजन और चार कला अधिक (३३६४५१६$\frac{४}{१०}$ योजन) है ॥३६॥

बत्तीसं चिय लक्खा, तेरसउदि-सहस्स-पण-सयाणि पि ।
अडदाल-जोयणाणि, बारस-भागा कलिहू - इंदो ॥३७॥

३२९३५४८ । $\frac{३}{११}$ ।

अर्थ—स्फटिक इन्द्रकका विस्तार बत्तीस लाख तेरानवें हजार पाँच सौ अड़तालीस योजन और बारह भाग अधिक (३२९३५४८$\frac{३}{११}$ योजन) है ॥३७॥

बत्तीस-लक्ख-जोयण, बावीस-सहस्स-पण्ण-सया तीवी ।
अंसा य बीसमेत्ता, इंदो तवणिज्ज - णामस्स ॥३८॥

३२२२५८० । $\frac{२०}{२१}$ ।

अर्थ—तपनीय नामक इन्द्रकका विस्तार बत्तीस लाख बाईस हजार पाँच सौ अस्सी योजन और बीस भाग प्रमाण अधिक (३२२२५८०$\frac{२०}{२१}$ योजन) है ॥३८॥

इगितीस-लक्ख-जोयण, इगिवण्ण-सहस्स-छ-सय-बारं च ।
अंसा [1]अट्ठावीसं, विच्चारो मेघ - णामस्स ॥३९॥

३१५१६१२ । $\frac{२८}{२९}$ ।

अर्थ—मेघ नामक इन्द्रकका विस्तार इकतीस लाख इक्यावन हजार छह सौ बारह योजन और अट्ठाईस भाग अधिक (३१५१६१२$\frac{२८}{२९}$ योजन) है ॥३९॥

तीसं चिय लक्खाणि, सीदि-सहस्साणि छस्सयाणि च ।
पण्णास-जोयणाणि, पंच कला अयल - इंदए भासी ॥४०॥

३०८०६४५ । $\frac{५}{९}$ ।

अर्थ—अचल इन्द्रकका विस्तार तीस लाख अस्सी हजार छह सौ पैंतालीस योजन और पाँच कला अधिक (३०८०६४५$\frac{५}{९}$ यो०) है ॥४०॥

सत्तत्तरि-जुद-छ-सया, लक्ख य सहस्साणि तीस-लक्खाणि ।
जोयणया तह तेरस, कलाओ हारिद्द - विक्खंभो ॥४१॥

३००५६७७ । $\frac{१३}{१७}$ ।

---

१. ब. क. अट्ठतीसा ।

अर्थ—हारिद्र नामक इन्द्रकका विस्तार तीस लाख नौ हजार छह सौ सतत्तर योजन और तेरह कला अधिक (३००९६७७$\frac{१३}{२१}$ योजन) है ॥४१॥

एक्कोणतीस-लक्खा, अडतीस-सहस्स-सग-सयाणि च ।
णव जोयणाणि अंसा, इक्कियीसं कमेण - वित्थारो ॥४२॥

२९३८७०९ । $\frac{२१}{२१}$ ।

अर्थ—पद्म इन्द्रकका विस्तार उनतीस लाख अड़तीस हजार सात सौ नौ योजन और इक्कीस भाग अधिक (२९३८७०९$\frac{२१}{२१}$ योजन) है ॥४२॥

अट्ठावीसं लक्खा, छप्पण्ण-सहस्स-सग-सयाणि पि ।
इगिदाल-जोयणाणि, कलाओ उणतीस लोहिदे भासो ॥४३॥

२८६७७४१ । $\frac{२९}{३१}$ ।

अर्थ—लोहित इन्द्रकका विस्तार अट्ठाईस लाख छप्पन हजार सात सौ इकतालीस योजन और उनतीस कला अधिक (२८६७७४१$\frac{२९}{३१}$ योजन) है ॥४३॥

सत्तावीसं लक्खा, छण्णउदि-सहस्स-सग-सयाणि पि ।
चउहत्तरि-जोयणया, छ-कलाओ वज्ज - विक्खंभो ॥४४॥

२७९६७७४ । $\frac{६}{३१}$ ।

अर्थ—वज्र इन्द्रकका विस्तार सत्ताईस लाख छयानवें हजार सात सौ चौहत्तर योजन और छह कला अधिक (२७९६७७४$\frac{६}{३१}$ योजन) है ॥४४॥

सगवीस-लक्ख-जोयण, पणुवीस-सहस्स अट्ठसयं छक्का ।
चोद्दस कलाओ कहिदा, णंदावट्टस्स विक्खंभो ॥४५॥

२७२५८०६ । $\frac{१४}{३१}$ ।

अर्थ—नन्द्यावर्त इन्द्रकका विस्तार सत्ताईस लाख पच्चीस हजार आठ सौ छह योजन और चौदह कला अधिक (२७२५८०६$\frac{१४}{३१}$ योजन) कहा गया है ॥४५॥

छव्वीसं चिय लक्खा, चउवण्ण-सहस्स-अट्ठ-सयाणि पि ।
अडतीस - जोयणाणि, बावीस - कला पहंकरे कंदं ॥४६॥

२६५४८३८ । $\frac{२२}{३१}$ ।

अर्थ—प्रभंकर इन्द्रकका विस्तार छब्बीस लाख चौवन हजार आठ सौ अड़तीस योजन और बाईस कला प्रमाण (२६५४८३८$\frac{२२}{३१}$ योजन) है ॥४६॥

पणुवीसं सक्खाणि, तेसीदि-सहस्स-अट्ठ-सयाणि पि ।
सत्तरि य [1]जोयणाणि, तीस - कला विट्ठके वासो ॥४७॥

२५८३८७० । $\frac{३०}{६०}$ ।

अर्थ—वृष्टक इन्द्रकका विस्तार पच्चीस लाख तेरासी हजार आठ सौ सत्तर योजन और तीस कला प्रमाण (२५८३८७०$\frac{३०}{६०}$ योजन) है ॥४७॥

बारस-सहस्स-णव-सय-ति-उत्तरा पंचवीस-सक्खाणि ।
जोयणए सत्तंसा, गजाभिधाणस्स विक्खंभो ॥४८॥

२५१२९०३ । $\frac{७}{९}$ ।

अर्थ—गज नामक इन्द्रकका विस्तार पच्चीस लाख बारह हजार नौ सौ तीन योजन और सात भाग अधिक (२५१२९०३$\frac{७}{९}$ योजन) है ॥४८॥

चउवीसं सक्खाणि, इगिदाल-सहस्स-णव-सयाणि पि ।
पंचतीस-जोयणाणि, पण्णरस-कलाओ [2]मिस्स-वित्थारो ॥४९॥

२४४१९३५ । $\frac{१५}{६२}$ ।

अर्थ—मिश्र इन्द्रकका विस्तार चौबीस लाख इकतालीस हजार नौ सौ पैंतीस योजन और पन्द्रह कला अधिक (२४४१९३५$\frac{१५}{६२}$ योजन) है ॥४९॥

तेवीसं सक्खाणि, णव-सय-छत्ताणि सत्तरि-सहस्सा ।
सत्तट्ठि-जोयणाणि, तेवीस-कलाओ पहव-वित्थारो ॥५०॥

२३७०९६७ । $\frac{२३}{३१}$ ।

अर्थ—प्रभ इन्द्रकका विस्तार तेईस लाख सत्तर हजार नौ सौ सड़सठ योजन और तेईस कला अधिक (२३७०९६७$\frac{२३}{३१}$) है ॥५०॥

तेवीस-सक्खा दोण्णि, अंकक्कमए जोयणाणि वणमाले ।
दुग-तिय-गह-णव-दुग-दुग-दुअंक-कमसो[3] कला अट्ठ ॥५१॥

२३००००० । २२२९०३२ । $\frac{८}{३१}$ ।

अर्थ—अञ्जन इन्द्रकका विस्तार तेईस लाख (२३०००००) योजन और वनमाल इन्द्रकका विस्तार दो, तीन, शून्य, नौ, दो, दो और दो इस अंक क्रमसे बाईस लाख उनतीस हजार बत्तीस योजन तथा आठ कला अधिक (२२२९०३२$\frac{८}{३१}$ योजन) है ॥५१॥

---

१. द. ब. क. जोयणाणि बत्तीस । २. ब. मिस्सं । ३. द. दुगदुगंकक्कमसकमसो ।

इगिवीसं लक्खाणि, अट्ठावण्णा सहस्स जोयणया ।
चउसट्ठी-संजुत्ता, सोलस अंसा य णाग-वित्थारो ॥५२॥

२१५८०६४ । $\frac{१६}{३८}$ ।

अर्थ—नाग इन्द्रकका विस्तार इक्कीस लाख अट्ठावन हजार चौंसठ योजन और सोलह भाग अधिक (२१५८०६४$\frac{१६}{३८}$ योजन) है ॥५२॥

जोयणया छण्णउदी, सयसीदि-सहस्स-वीस-लक्खाणि ।
चउवीस - कला एदं, गरुडिंदय - दंड - परिमाणं ॥५३॥

२०८७०९६ । $\frac{२४}{३८}$ ।

अर्थ—गरुड इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण बीस लाख सत्तासी हजार छयानवे योजन और चौबीस कला अधिक (२०८७०९६$\frac{२४}{३८}$ यो०) है ॥५३॥

सोलस-सहस्स-इगिसय-उणवीसं वीस-लक्ख-जोयणया ।
एक्क - कला विक्खंभो, लंगल - णामस्स णादव्वो ॥५४॥

२०१६१२९ । $\frac{१}{३८}$ ।

अर्थ—लांगल नामक इन्द्रकका विस्तार बीस लाख सोलह हजार एक सौ उनतीस योजन और एक कला अधिक (२०१६१२९$\frac{१}{३८}$ योजन) जानना चाहिए ॥५४॥

एक्कोणवीस-लक्खा, पणदाल-सहस्स इगिसयाणि च ।
इगिसट्ठि-जोयणा णव, कलाओ वलभद्द - वित्थारो ॥५५॥

१९४५१६१ । $\frac{९}{३८}$ ।

अर्थ—वलभद्र इन्द्रकका विस्तार उन्नीस लाख पैंतालीस हजार एक सौ इकसठ योजन और नौ कला अधिक (१९४५१६१$\frac{९}{३८}$ योजन) है ॥५५॥

चउहत्तरि सहस्सा, इगिसय-तेणउदि अट्ठरस-लक्खा ।
जोयणया सत्तरसं, कलाओ चक्कस्स वित्थारो ॥५६॥

१८७४१९३ । $\frac{१७}{३८}$ ।

अर्थ—चक्र इन्द्रकका विस्तार अठारह लाख चौहत्तर हजार एक सौ तेरानवे योजन और सत्तरह कला अधिक (१८७४१९३$\frac{१७}{३८}$ योजन) है ॥५६॥

अट्ठारस-लक्खाणि, ति-सहस्सा पंचवीस-जुद-चु-सया ।
जोयणया पचुवीसा, कलाओ रिट्ठस्स विक्खंभो ॥५७॥

१८०३२२५ । $\frac{२५}{३८}$ ।

अर्थ—अरिष्ट इन्द्रकका विस्तार अठारह लाख तीन हजार दो सौ पच्चीस योजन और पच्चीस कला अधिक (१८०३२२५$\frac{२५}{३१}$ योजन) है ॥५७॥

अट्ठावण्णा दु-सया, बत्तीस-सहस्स सत्तरस-लक्खा ।
जोयणया दोण्णि कला, वासो सुरसमिदि-णामस्स ॥५८॥

१७३२२५८ । $\frac{२}{३१}$ ।

अर्थ—सुरसमिति नामक इन्द्रकका विस्तार सत्तरह लाख बत्तीस हजार दो सौ अट्ठावन योजन और दो कला अधिक (१७३२२५८$\frac{२}{३१}$ योजन) है ॥५८॥

सोलस-जोयण-लक्खा, इगिसट्ठि-सहस्स दु-सय-णउदीओ ।
दस - मेत्ताओ कलाओ, बम्हिंदय - इंद - परिमाणं ॥५९॥

१६६१२९० । $\frac{१०}{३१}$ ।

अर्थ—ब्रह्म इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण सोलह लाख इकसठ हजार दो सौ नब्बे योजन और दस कला अधिक (१६६१२९०$\frac{१०}{३१}$ योजन) है ॥५९॥

बावीस-ति-सय-जोयण, णउदि-सहस्साणि पण्णरस-लक्खा ।
अट्ठारसा कलाओ, बम्हुत्तर - इंदए वासो ॥६०॥

१५९०३२२ । $\frac{१८}{३१}$ ।

अर्थ—ब्रह्मोत्तर इन्द्रकका विस्तार पन्द्रह लाख नब्बे हजार तीन सौबाईस योजन और अठारह कला अधिक (१५९०३२२$\frac{१८}{३१}$ योजन) है ॥६०॥

चउवण्ण-ति-सय-जोयण, उणवीस-सहस्स पण्णरस-लक्खा ।
छव्वीसं च कलाओ, वित्थारो बम्हहिदयस्स ॥६१॥

१५१९३५४ । $\frac{२६}{३१}$ ।

अर्थ—ब्रह्महृदय इन्द्रकका विस्तार पन्द्रह लाख उन्नीस हजार तीन सौ चौवन योजन और छब्बीस कला अधिक (१५१९३५४$\frac{२६}{३१}$ योजन) है ॥६१॥

चोद्दस-जोयण-लक्खं, अडवाल-सहस्स-ति-सय-सगसीदी ।
तिण्णि कलाओ लंतव - इंदस्स इंदस्स परिमाणं ॥६२॥

१४४८३८७ । $\frac{३}{३१}$ ।

अर्थ—लान्तव इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण चौदह लाख अड़तालीस हजार तीन सौ सत्तासी योजन और तीन कला अधिक (१४४८३८७$\frac{३}{३१}$ योजन) है ॥६२॥

तेरस-जोयण-लक्खा, चउ-सय सत्ततरी-सहस्साणि ।
उणवीसं एक्कारस, कलाओ महसुक्क - विक्खंभो ॥६३॥

१३७७४१९ । ११ ।

अर्थ – महाशुक्र इन्द्रकका विस्तार तेरह लाख सतत्तर हजार चार सौ उन्नीस योजन और ग्यारह कला अधिक (१३७७४१९११ यो०) है ॥६३॥

तेरस-जोयण-लक्खा, चउसट्ठि-सयाणि एक्कवण्णा य ।
एक्कोणवीस - अंसा, होंदि सहस्सार - वित्थारो ॥६४॥

१३०६४५१ । १९ ।

अर्थ—सहस्रार इन्द्रकका विस्तार तेरह लाख छह हजार चार सौ इक्यावन योजन और उन्नीस भाग अधिक (१३०६४५११९ यो०) है ॥६४॥

लक्खाणि बारसं चिय, पणतीस-सहस्स-चउ-सयाणि पि ।
तेसीदि जोयणाइं, सगवीस - कलाओ आणवे रूंदं ॥६५॥

१२३५४८३ । २७ ।

अर्थ—आनत इन्द्रकका विस्तार बारह लाख पैंतीस हजार चार सौ तेरासी योजन और सत्ताईस कला अधिक (१२३५४८३२७ योजन) है ॥६५॥

एक्कारस-लक्खाणि, चउसट्ठि-सहस्स पंचसयाणि पि ।
सोलस य जोयणाणि, चत्तारि कलाओ पाणवे रूंदं ॥६६॥

११६४५१६ । ४ ।

अर्थ—प्राणत इन्द्रकका विस्तार ग्यारह लाख चौंसठ हजार पाँच सौ सोलह योजन और चार कला अधिक (११६४५१६४ योजन) है ॥६६॥

लक्खं दस-प्पमाणं, तेचउवि-सहस्स पण-सयाणि च ।
अडयाल - जोयणाइं, बारस - अंसा य पुप्फवे रूंदं ॥६७॥

१०९३५४८ । १२ ।

अर्थ—पुष्पक इन्द्रकका विस्तार दस लाख तेरानवे हजार पाँच सौ अड़तालीस योजन और बारह भाग अधिक (१०९३५४८१२ योजन) है ॥६७॥

दस-जोयण-लक्खाणि, बावीस-सहस्स पंचसया सीदी ।
वीस-कलाओ रुंदं, सायंकर[1]- इंदयस्स णादव्वं ॥६८॥

१०२२५८० । $\frac{२०}{६१}$ ।

अर्थ—शातंकर इन्द्रकका विस्तार दस लाख बाईस हजार पाँच सौ अस्सी योजन और बीस कला अधिक (१०२२५८०$\frac{२०}{६१}$ योजन) जानना चाहिए ॥६८॥

णव-जोयण-लक्खाणि, इगिवण्ण-सहस्स छ-सय बारसया ।
अट्ठावीस कलाओ, आरण - णामस्स वित्थारो ॥६९॥

९५१६१२ । $\frac{२८}{६१}$ ।

अर्थ—आरण इन्द्रकके विस्तारका प्रमाण अंक-क्रमसे नौ लाख इक्यावन हजार छह सौ बारह योजन और अट्ठाईस कला (९५१६१२$\frac{२८}{६१}$ योजन) जानना चाहिए ॥६९॥

अट्ठ चिय लक्खाणि, सोवि-सहस्साणि [2]छस्सयाणि च ।
पणदाल - जोयणाणि, पंच - कला अच्चुदे रुंदं ॥७०॥

८८०६४५ । $\frac{५}{६१}$ ।

अर्थ—अच्युत इन्द्रकका विस्तार आठ लाख अस्सी हजार छह सौ पैंतालीस योजन और पाँच कला अधिक (८८०६४५$\frac{५}{६१}$ यो०) है ॥७०॥

अट्ठ चिय लक्खाणि, अव य सहस्साणि छस्सयाणि च ।
सत्तत्तरि जोयणया, तेरस - अंसा सुदंसणे रुंदं ॥७१॥

८०९६७७ । $\frac{१३}{६१}$ ।

अर्थ—सुदर्शन इन्द्रकका विस्तार आठ लाख नौ हजार छह सौ सतत्तर योजन और तेरह भाग अधिक (८०९६७७$\frac{१३}{६१}$ यो०) है ॥७१॥

णव-जोयण सत्त-सया, [3]अडतीस-सहस्स सत्त-लक्खाणि ।
इगिवीस कला रुंदं, अमोघ - णामम्मि इंदए होदि ॥७२॥

७३८७०९ । $\frac{२१}{६१}$ ।

अर्थ—अमोघ नामक इन्द्रकका विस्तार सात लाख अड़तीस हजार सात सौ नौ योजन और इक्कीस कला अधिक (७३८७०९$\frac{२१}{६१}$ योजन) है ॥७२॥

---

१. द. ब. ठ. सयंकरा, क. सयंकर । २. द. ब. क. छस्सयाणं । ३. द. ब. अडतीसं ।

इगिवासुत्तर-सग-सय, सत्तट्ठि-सहस्स-जोयण छ-लक्खा ।
उणतीस - कला कहिदो, वित्थारो सुप्पबुद्धस्स ॥७३॥

६६७७४१ । $\frac{३१}{३२}$ ।

अर्थ—सुप्रबुद्ध इन्द्रकका विस्तार छह लाख सड़सठ हजार सात सौ इकतालीस योजन और उनतीस कला अधिक (६६७७४१$\frac{२९}{३२}$ यो०) कहा गया है ॥७३॥

चउहत्तरि-जुद-सग-सय, छण्णउदि-सहस्स पंच-लक्खाणि ।
जोयणया छच्च कला, जसहर - णामस्स विक्खंभो ॥७४॥

५९६७७४ । $\frac{६}{१६}$ ।

अर्थ—यशोधर नामक इन्द्रकका विस्तार पाँच लाख छयानवें हजार सात सौ चोहत्तर योजन और छह कला अधिक (५९६७७४$\frac{६}{१६}$ योजन) है ॥७४॥

छज्जोयण अट्ठ-सया, पणुवीस-सहस्स पंच-लक्खाणि ।
चोद्दस-कलाओ वासो, सुभद्द - णामस्स [1]परिमाणं ॥७५॥

५२५८०६ । $\frac{१४}{१६}$ ।

अर्थ—सुभद्र नामक इन्द्रकका विस्तार पाँच लाख पच्चीस हजार आठ सौ छह योजन और चौदह कला अधिक (५२५८०६$\frac{१४}{१६}$ यो०) है ॥७५॥

अट्ठ-सया अडतीसा, लक्खा चउरो सहस्स चउवण्णा ।
जोयणया बावीसं, अंसा सुविसाल विक्खंभो ॥७६॥

४५४८३८ । $\frac{२२}{३२}$ ।

अर्थ—सुविशाल इन्द्रकका विस्तार चार लाख चौवन हजार आठ सौ अड़तीस योजन और बाईस भाग (४५४८३८$\frac{२२}{३२}$ यो०) प्रमाण है ॥७६॥

सत्तरि-जुद-अट्ठ-सया, तेसीदि-सहस्स जोयण-ति-लक्खा ।
तीस - कलाओ सुमणस - णामस्स हवेदि वित्थारो ॥७७॥

३८३८७० । $\frac{३०}{३२}$ ।

अर्थ—सुमनस नामक इन्द्रकका विस्तार तीन लाख तेरासी हजार आठ सौ सत्तर योजन और तीस कला (३८३८७०$\frac{३०}{३२}$ यो०) प्रमाण है ॥७७॥

---

१. ब. ज. क. ज. ठ. णादव्वो ।

बारस-सहस्स णव-सय, ति-उत्तरा जोयणाणि तिय-लक्खा ।
सत्त - कलाओ वासो, सोमणसे इंदए भणिदो ॥७८॥

३१२९०३ । $\frac{७}{१६}$ ।

अर्थ—सौमनस इन्द्रकका विस्तार तीन लाख बारह हजार नौ सौ तीन योजन और सात कला (३१२९०३$\frac{७}{१६}$ योजन) प्रमाण कहा गया है ॥७८॥

पणतीसुत्तर-णव-सय, इगिवाल-सहस्स जोयण-दु-लक्खा ।
पण्णरस - कला रुंदं, पीदिंकर - इंदए कहियो ॥७९॥

२४१९३५ । $\frac{१५}{१६}$ ।

अर्थ—प्रीतिङ्कर इन्द्रकका विस्तार दो लाख इकतालीस हजार नौ सौ पैंतीस योजन और पन्द्रह कला (२४१९३५$\frac{१५}{१६}$ यो०) प्रमाण कहा गया है ॥७९॥

सत्तरि-सहस्स णव-सय, सत्तट्ठी-जोयणाणि इगि-लक्खा ।
तेवीससंसा वासो, आइच्चे इंदए होदी ॥८०॥

१७०९६७ । $\frac{२३}{६४}$ ।

अर्थ—आदित्य इन्द्रकका विस्तार एक लाख सत्तर हजार नौ सौ सड़सठ योजन और तेईस कला (१७०९६७$\frac{२३}{६४}$ योजन) प्रमाण है ॥८०॥

एक्कं जोयण - लक्खं, वासो सव्वट्ठसिद्धि-णामस्स ।
एवं तेसट्ठीणं, वासो सिट्ठो सिसूण जोहट्ठं ॥८१॥

१००००० । ६३ ।

अर्थ—सर्वार्थसिद्धि नामक इन्द्रकका विस्तार एक लाख (१०००००) योजन प्रमाण है। इसप्रकार तिरेसठ (६३) इन्द्रकोंका विस्तार शिष्योंके बोधनार्थ कहा गया है ॥८१॥

समस्त इन्द्रक विमानोंका एकत्रित विस्तार इस प्रकार है—

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

इन्द्रक विमानोंका विस्तार—

क्र.	इन्द्रकोंके नाम	इन्द्रक विमानोंका विस्तार	क्र.	इन्द्रकोंके नाम	इन्द्रक विमानोंका विस्तार	क्र.	इन्द्रकोंके नाम	इन्द्रक विमानोंका विस्तार
१.	ऋतु	४५०००००० यो०	२२.	हारिद्र	३००९६७७३$\frac{१}{३}$ यो०	४३.	वह्नहृदय	१५१९३५४$\frac{३}{११}$ यो०
२.	विमल	४४२६०३२$\frac{५}{६}$	२३.	पद्म	२६३८७०९$\frac{३}{६}$	४४.	लान्तव	१४४८३८७$\frac{३}{६}$
३.	चन्द्र	४३५८०६४$\frac{३}{६}$	२४.	लोहित	२८६७७४१$\frac{३}{६}$	४५.	महाशुक्र	१३७७४१९$\frac{३}{६}$
४.	वल्गु	४२८७०९६$\frac{३}{६}$	२५.	वज्र	२७९६७७४$\frac{५}{६}$	४६.	सहस्रार	१३०६४५१$\frac{३}{६}$
५.	वीर	४२१६१२९$\frac{१}{६}$	२६.	नन्द्या०	२७२५८०६$\frac{३}{६}$	४७	आनत	१२३५४८३$\frac{३}{६}$
६.	अरुण	४१४५१६१$\frac{५}{६}$	२७.	प्रभङ्कर	२६५४३३८$\frac{३}{६}$	४८.	प्राणत	११६४५१६$\frac{५}{६}$
७.	नन्दन	४०७४१९३$\frac{५}{६}$	२८	पृष्ठक	२५८३८७०$\frac{३}{६}$	४९	पुष्पक	१०९३५४८$\frac{३}{६}$
८	नलिन	४००३२२५$\frac{३}{६}$	२९.	गज	२५१२९०$\frac{५}{६}$	५०.	शातंकर	१०२२५८०$\frac{३}{६}$
९.	कञ्चन	३९३२२५८$\frac{३}{६}$	३०.	मित्र	२४४१६३५$\frac{३}{६}$	५१.	आरण	९५१६१२$\frac{३}{६}$
१०.	रोहित	३८६१२९०$\frac{५}{६}$	३१.	प्रभ	२३७०९६७$\frac{३}{६}$	५२	अच्युत	८८०६४५$\frac{३}{६}$
११.	चञ्चत्	३७९०३२२$\frac{३}{६}$	३२.	अञ्जन	२३०००००० यो०	५३.	सुदर्शन	८०९६७७$\frac{३}{६}$
१२.	मरुत्	३७१९३५४$\frac{३}{६}$	३३.	वनमाल	२२२९०३२$\frac{५}{६}$	५४.	अमोघ	७३८७०९$\frac{३}{६}$
१३.	ऋद्धीश	३६४८३८७$\frac{३}{६}$	३४.	नाग	२१५८०६४$\frac{३}{६}$	५५.	सुप्रबुद्ध	६६७४१$\frac{३}{६}$
१४	वैडूर्य	३५७७४१९$\frac{३}{६}$	३५.	गरुड	२०८७०९६$\frac{३}{६}$	५६.	यशोधर	५९६७४$\frac{५}{६}$
१५.	रुचक	३५०६४१$\frac{३}{६}$	३६.	लांगल	२०१६१२९$\frac{३}{६}$	५७.	सुभद्र	५२५८०६$\frac{३}{६}$
१६.	रुचिर	३४३५४८३$\frac{३}{६}$	३७.	बलभद्र	१९४५१६१$\frac{५}{६}$	५८.	सुविशाल	४५४८३८$\frac{३}{६}$
१७.	अङ्क	३३६४५१६$\frac{५}{६}$	३८.	चक्र	१८७४१९३$\frac{३}{६}$	५९.	सुमनस्	३८३८७०$\frac{३}{६}$
१८.	स्फटिक	३२९३५४८$\frac{३}{६}$	३९	अरिष्ट	१८०३२२५$\frac{३}{६}$	६०.	सौमनस्	३१२९०३$\frac{५}{६}$
१९.	तपनीय	३२२२५८०$\frac{३}{६}$	४०	सुरसमिति	१७३२२५८$\frac{३}{६}$	६१.	प्रीतिङ्कर	२४१९३५$\frac{३}{६}$
२०.	मेघ	३१५१६१२$\frac{५}{६}$	४१	ब्रह्म	१६६१२९०$\frac{३}{६}$	६२.	आदित्य	१७०९६७$\frac{३}{६}$
२१.	अभ्र	३०८०६४५$\frac{३}{६}$	४२.	ब्रह्मोत्तर	१५९०३२२$\frac{५}{६}$	६३	सर्वार्थसिद्धि	१००००० यो०

ऋतु इन्द्रकादिके श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम एवं उनका विन्यास क्रम—

सव्वाण इंदयाणं, चउसु दिसासुं पि सेढि-बद्धाणि ।
चत्तारि वि विदिसासुं, होंदि पइण्णय-विमाणाओ ॥८२॥

अर्थ—सब इन्द्रक विमानोंकी चारों दिशाओंमें श्रेणीबद्ध और चारों ही विदिशाओंमें प्रकीर्णक विमान होते हैं ॥८२॥

उडु-णामे पत्तेक्कं, सेढि-गदा चउ-दिसासु बासट्ठी ।
एक्केक्कूणा सेसे, पढिविसमाइच्च[1] - परियंतं ॥८३॥

अर्थ—ऋतु नामक विमानकी चारों दिशाओंमेंसे प्रत्येक दिशामें बासठ श्रेणीबद्ध हैं। इसके आगे आदित्य इन्द्रक पर्यन्त शेष इन्द्रकोंकी प्रत्येक दिशामें एक-एक कम होता गया है ॥८३॥

उडु-णामे सेढिगया, एक्केक्क-दिसाए होंदि तेसट्ठी ।
एक्केक्कूणा सेसे, जाव य सव्वट्ठसिद्धि त्ति ॥८४॥

(पाठान्तरम्)

अर्थ—ऋतु नामक इन्द्रक विमानके आश्रित एक-एक दिशामें तिरेसठ श्रेणीबद्ध विमान हैं। इसके आगे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त शेष विमानोंमें एक-एक कम होता गया है ॥८४॥

(पाठान्तर)

बासट्ठी सेढिगया, पभासिदा जेहिं ताण उवएसे ।
सव्वट्ठे वि चउद्दिसमेक्केक्कं सेढि - बद्धा य ॥८५॥

अर्थ—जिन आचार्योंने (ऋतु विमानके आश्रित प्रत्येक दिशामें) बासठ श्रेणीबद्ध विमानोंका निरूपण किया है उनके उपदेशानुसार सर्वार्थसिद्धि विमानके आश्रित भी चारों दिशाओंमें एक-एक श्रेणीबद्ध विमान है ॥८५॥

पढमिंदय-पहुवीदो, पीदिकर - णाम - इंदयं जाव ।
तेसुं चउसु दिसासुं, सेढि - गदाणं इमे णामा ॥८६॥

अर्थ—प्रथम इन्द्रकसे लेकर प्रीतिङ्कर नामक (६१ वें) इन्द्रक पर्यन्त चारों दिशाओंमें उनके आश्रित रहनेवाले श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम ये हैं ॥८६॥

---

१. द. ब. ज. ठ. माइच्चस्स ।

उडुपह-उडुमज्झिम-उडु-आवत्तय-उडु-विसिट्ठ-णामेहिं ।
उडु - इंदयस्स एदे, पुव्वादि - पदाहिणा[1] होंदि ॥८७॥

अर्थ—ऋतुप्रभ, ऋतुमध्यम, ऋतु-आवर्त और ऋतु-विशिष्ट, ये चार श्रेणीबद्ध विमान ऋतु इन्द्रकके समीप पूर्वादिक दिशाओंमें प्रदक्षिण-क्रमसे हैं ॥८७॥

विमलपह-विमल-मज्झिम, विमलावत्तं खु विमल-णामम्मि ।
विमल - विसिट्ठो तुरिमो, पुव्वादि - पदाहिणा[2] होंदि ॥८८॥

अर्थ—विमलप्रभ, विमलमध्यम, विमलावर्त और चतुर्थ विमलविशिष्ट, ये चार श्रेणीबद्ध विमान विमल नामक (दूसरे) इन्द्रकके आश्रित पूर्वादिक प्रदक्षिण-क्रमसे हैं ॥८८॥

एवं [3]चंदादीणं, णिय-णिय-णामाणि सेढिबद्धेसुं ।
पढमेसुं पह - मज्झिम - आवत्त-विसिट्ठ-जुत्ताणि ॥८९॥

अर्थ—इसीप्रकार चन्द्रादिक इन्द्रकोंके आश्रित रहनेवाले प्रथम श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम प्रभ, मध्यम, आवर्त और विशिष्ट इन पदोंसे युक्त अपने-अपने नामोंके अनुसार ही हैं ॥८९॥

उडु - इंदय - पुव्वादी, सेढिगया जे हवंति बासट्ठी ।
तेसिं विदियादीणं, एक्क-दिसाए भणामो णामाइं ॥९०॥

अर्थ—ऋतु इन्द्रककी पूर्वादिक दिशाओंमें जो बासठ श्रेणीबद्ध हैं उनके द्वितीयादिकोंके एक दिशाके नाम कहते हैं ॥९०॥

संठिय-णामा सिरिवच्छ-वट्ट-णामा य कुसुम-आयारा ।
सुत्तंकण - कलसा[4] वसह-सीह-सुर-असुर-मणहरणा ॥९१॥

१३ ।

भद्दं सव्वदोभद्दं, दिवसोत्तिय अंबिसाभिधाणं च ।
विजु-वड्ढमाण-पुरजं, [5]अब्भय - इंदो महिंदो य ॥९२॥

९ ।

तह य उवड्ढं कमलं, कोकणदं चक्कसुप्पलं कुमुदं ।
पुंडरिय-सोमणाणि, तिमिसंक - सरंत पासं च ॥९३॥

१२ ।

१-२. ब. ब. क. ज. ठ. पदाहिणो । ३. ब. ब. क. ब. ठ. चउवादीणं । ४. ब. ब. क. ब. ब. ब. कलसा । ५. ब. ब. क. ब. ठ. अभ ।

गगणं सुव्वं सोमं, कंचण-णक्खत्त-चंदणा अमसं ।
विमलं णंदण-सोमणस-सायरा उदिय-समुदिया णामा ॥९४॥

१३ ।

धम्मधरं वेसमणं, कण्णं कणयं तहा य भूदहिदं ।
णामेण लोयकंतं, गंदीसरयं अमोघपासं च ॥९५॥

८ ।

जलकंतं रोहिदयं, अमदब्भासं तहेव सिद्धंतं ।
कुंडल - सोमा एवं, इंगिसट्ठी सेढि - बद्धाणि ॥९६॥

६ ।

अर्थ– संस्थित नामक १, श्रीवत्स २, वृत्त ३, कुसुम ४, चाप ५, क्षेत्र ६, अञ्जन ७, कलश ८, वृषभ ९, सिंह १०, सुर ११, असुर १२, मनोहर १३, भद्र १४, सर्वतोभद्र १५, दिक्स्वस्तिक १६, अंदिश १७, दिगु १८, वर्द्धमान १९, पुरव २०, अभयेन्द्र २१, माहेन्द्र २२, उपार्ध २३, कमल २४, कोकनद २५, चक्र २६, उत्पल २७, कुमुद २८, पुण्डरीक २९, सौमक ३०, तिमिस्रा ३१, अंक ३२, स्फटिक ३३, पास ३४, गगन ३५, सूर्य ३६, सोम ३७, कंचन ३८, नक्षत्र ३९, चन्दन ४०, अमल ४१, विमल ४२, नन्दन ४३, सौमनस ४४, सागर ४५, उदित ४६, समुदित ४७, धर्मधर ४८, वैश्रवण ४९, कर्ण ५०, कनक ५१ तथा भूतहित ५२, लोककान्त ५३, सरय ५४, अमोघदर्शी ५५, जलकान्त ५६, रोहितक ५७, अमितभास ५८ तथा सिद्धान्त ५९, कुण्डल ६० और सौम्य ६१ इसप्रकार (ऋतु इन्द्रककी पूर्व दिशा सम्बन्धी) ये इकसठ श्रेणीबद्ध विमान हैं ॥९१-९६॥

ऋतु इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम—

पुरिमादलो-पवण्णिद - संठिय-पहुदीसु तेसु पत्तेक्कं ।
णिय-णामेसुं मज्झिम-आवत्त-विसिट्ठ-आइ जोएज्ज ॥९७॥

अर्थ—पूर्व पंक्तिमें वर्णित उन संस्थित आदि श्रेणीबद्ध विमानोंमेंसे प्रत्येकके अपने-अपने नामसे मध्यम, आवर्त और विशिष्ट आदि जोड़ना चाहिए ॥९७॥

विशेषार्थ—ऋतु इन्द्रक विमान मध्यमें है । इसकी पूर्वादि दिशाओंमें ६२-६२ श्रेणीबद्ध विमान हैं । जिनके क्रमशः नाम इसप्रकार हैं—

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

श्रेणीबद्ध विमानोंकी क्रम संख्या	ऋतु इन्द्रक विमान को—			
	पूर्व दिशामें	दक्षिण में	पश्चिम में	उत्तरमें
१	ऋतुप्रभ	ऋतुमध्यम	ऋतु आवर्त	ऋतुविशिष्ट
२	संस्थितप्रभ	संस्थितमध्यम	संस्थितावर्त	संस्थितविशिष्ट
३	श्रीवत्सप्रभ	श्रीवत्समध्यम	श्रीवत्सावर्त	श्रीवत्सविशिष्ट
४	वृत्तप्रभ	वृत्तमध्यम	वृत्तावर्त	वृत्तविशिष्ट
५	कुसुमप्रभ	कुसुममध्यम	कुसुमावर्त	कुसुमविशिष्ट
६	चापप्रभ	चापमध्यम	चापावर्त	चापविशिष्ट
७	छत्रप्रभ	छत्रमध्यम	छत्रावर्त	छत्रविशिष्ट
८	अंजनप्रभ	अंजनमध्यम	अंजनावर्त	अंजनविशिष्ट
९	कलशप्रभ	कलशमध्यम	कलशावर्त	कलशविशिष्ट
१०	वृषभप्रभ	वृषभमध्यम	वृषभावर्त	वृषभविशिष्ट इत्यादि

प्रत्येक इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम—

एवं [illegible] णामेसुं दक्खिणआदिय-दिसासु ।
[illegible] पीदिकर - इंदया जाव ॥९८॥

अर्थ—[illegible] दिशाओंमें प्रीतिंकर नामक (६१ वें) इन्द्रक पर्यंत श्रेणीबद्ध विमानोंके [illegible]

नोट:— [illegible] अधिकार की गाथा ८९ द्रष्टव्य है ।

आइच्च-इंदयस्स य, पुव्वादिसु लच्छि-लच्छिमालिणिया ।
वइरा - वइरावणिया, चत्तारो वर - विमाणाणि ॥९९॥

अर्थ—आदित्य इन्द्रककी पूर्वादिक दिशाओंमें लक्ष्मी, लक्ष्मीमालिनी, वज्र और वज्रावलि, ये चार उत्तम विमान हैं ॥९९॥

विजयंत - वइजयंतं, जयंतमपराजिदं च चत्तारो ।
पुव्वादि - दिसाभागेसु, [1]ठिदाणि सव्वट्ठसिद्धिस्स ॥१००॥

अर्थ—विजयन्त, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित, ये चार विमान सर्वार्थसिद्धिकी पूर्वादिक दिशाओंमें स्थित हैं ॥१००॥

श्रेणीबद्ध विमानोंकी अवस्थिति—

उडु-सेढीबद्धाणं, सयंभुरमणंबु-रासि-पणिधिम्मि गदं ।
सेसा[2] आइल्लेसुं, तिसु दीवेसुं तिसुं समुद्देसुं ॥१०१॥

३१ । १५ । ८ । ४ । २ । १ । १ ।

अर्थ—ऋतु इन्द्रकके अर्ध श्रेणीबद्ध स्वयम्भूरमण समुद्रके प्रणिधि भागमें स्थित हैं। शेष श्रेणीबद्ध विमान आदिके अर्थात् स्वयम्भूरमण समुद्रसे पूर्वके तीन द्वीप और तीन समुद्रोंपर स्थित हैं ॥१०१॥

एवं मिच्चिवंतं, विण्णासो होदि सेढिबद्धाणं ।
कमसो आइल्लेसुं, तिसु दीवेसुं ति - जलहीसुं ॥१०२॥

अर्थ—इसप्रकार मित्र इन्द्रक पर्यन्त श्रेणीबद्धोंका विन्यास क्रमशः आदिके तीन द्वीपों और तीन समुद्रोंके ऊपर है ॥१०२॥

पभ-पत्थलादि-परदो, आव सहस्सार-पत्थलंतो त्ति ।
आइल्ल - तिण्णि - दीवे, दोण्णि-समुद्दम्मि सेसाओ ॥१०३॥

अर्थ—प्रभ प्रस्तारसे आगे सहस्रार प्रस्तार पर्यन्त शेष, आदिके तीन द्वीपों और दो समुद्रों पर स्थित हैं ॥१०३॥

तत्तो आणद-पहुवी, आव अमोघो त्ति सेढिबद्धाणं ।
आदिल्ल-दोण्णि-दीवे, दोण्णि - समुद्दम्मि सेसाओ ॥१०४॥

अर्थ—इसके आगे आनत पटलसे लेकर अमोघ पटल पर्यन्त शेष श्रेणीबद्धोंका विन्यास आदिके दो द्वीपों और दो समुद्रोंके ऊपर है ॥१०४॥

तह सुप्पबुद्ध-पहुवी, आव य सुविसालओ त्ति सेढिगया ।
आदिल्ल - एक्क - दीवे, दोण्णि समुद्दम्मि सेसाओ ॥१०५॥

---

१. ब. ब. क. च. ठ. ठिदाण । २. ब. सेसुं, ब. क. च. ठ. सेसं ।

अर्थ—तथा सुप्रबुद्ध पटलसे लेकर सुविशाल पटल पर्यन्त शेष श्रेणीबद्ध, आदिके एक द्वीप और दो समुद्रोंके ऊपर स्थित हैं ।।१०५।।

सुमणस सोमणसाए, आइल्लय-एक्क-दीव-उवहिम्मि ।
पीदिकराए दिव्वं आइच्चे चरिम - वीहम्मि ।।१०६।।

अर्थ—सुमनस और सौमनस पटलके श्रेणीबद्ध विमान आदिके एक द्वीप तथा एक समुद्रके ऊपर स्थित हैं। इसीप्रकार दिव्य प्रीतिङ्कर पटलके भी श्रेणीबद्धोंका विन्यास समझना चाहिए। अन्तिम आदित्य पटलके श्रेणीबद्ध द्वीपके ऊपर स्थित हैं ।।१०६।।

विशेषार्थ :—ऋतु इन्द्रक सम्बन्धी ६२ श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास—

स्वयम्भूरमण समुद्रके ऊपर—ऋतुप्रभसे सौमक पर्यन्त ३१ श्रेणीबद्ध विमान स्थित हैं।

स्वयम्भूरमणद्वीपके ऊपर—तिमिस्रासे सागर पर्यन्त १५ विमान।

अहीन्द्रवर समुद्रके ऊपर—अर्चितसे लोककान्त तक ८ विमान।

अहीन्द्रवर द्वीपके ऊपर—सरयसे रोहितक पर्यन्त ४ विमान।

देववर समुद्रके ऊपर—अमितवाह और सिद्धान्त २ विमान।

देववर द्वीपके ऊपर—कुण्डल नामक १ विमान और

यक्षवर समुद्रके ऊपर—सौम्य नामक (६२ वाँ) १ विमान है।

विमल इन्द्रकसे मित्र इन्द्रक पर्यन्तके २९ इन्द्रक विमानोंसे सम्बन्धित सर्व श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास क्रमशः यक्षवर द्वीप, भूतवर समुद्र, भूतवर द्वीप, नागवर समुद्र, नागवर द्वीप और वैडूर्यवर समुद्र, इन तीन द्वीपों और तीन समुद्रोंके ऊपर है।

प्रभ इन्द्रकसे सहस्रार इन्द्रक पर्यन्तके १६ इन्द्रक विमानोंसे सम्बन्धित सर्व श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास क्रमशः वैडूर्यवर द्वीप, वज्रवर समुद्र, वज्रवर द्वीप, काञ्चनवर समुद्र और काञ्चनवर द्वीप, इन तीन द्वीपों और दो समुद्रोंके ऊपर है।

आनत इन्द्रकसे अमोघ इन्द्रक पर्यन्तके ८ इन्द्रक विमानोंसे सम्बन्धित सर्व श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास क्रमशः रूप्यवर समुद्र, रूप्यवर द्वीप, हिंगुलवर-समुद्र और हिंगुलवर द्वीप, इन दो समुद्रों और दो द्वीपोंके ऊपर है।

सुप्रबुद्ध इन्द्रकसे सुविशाल इन्द्रक पर्यन्त ४ इन्द्रक सम्बन्धित श्रेणीबद्ध विमानों का विन्यास क्रमशः अञ्जनवर समुद्र, अञ्जनवर द्वीप और श्यामवर समुद्र, इन दो समुद्रों और एक द्वीप पर है।

सुमनस और सौमनस इन २ इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास क्रमशः श्यामवर द्वीप और सिन्दूरवर समुद्रके ऊपर है।

प्रीतिङ्कर इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमानों का विन्यास सिन्दूरवर द्वीप और हरिसिन्दूर समुद्रके ऊपर है।

६२ वें आदित्य इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध विमानोंका विन्यास हरिसिन्दूर द्वीप पर है।

श्रेणीबद्ध विमानोंके तिर्यक् अन्तराल और विस्तारका प्रमाण—

होदि [1]असंखेज्जाणि, एदाणं जोयणाणि विच्चालं।
तिरियेणं सव्वाणं, तेत्तियमेत्तं च वित्थारं ॥१०७॥

अर्थ—इन सब विमानोंका तिर्यग्रूपसे असंख्यात योजनप्रमाण अन्तराल है और इनका विस्तार भी इतना (असंख्यात योजन प्रमाण) ही है ॥१०७॥

शेष द्वीप-समुद्रोंपर श्रेणीबद्धोंके विन्यासका नियम—

एवं [2]चउव्विहेसुं, सेढीबद्धाण होदि उत्त - कमे।
अवसेस - दीव - उवहीसु णत्थि सेढीण विण्णासो ॥१०८॥

अर्थ—इसप्रकार उक्त क्रमसे श्रेणीबद्धोंका विन्यास [3]चतुर्विध (चतुर्दिक्) रूपमें (१) है। अवशेष द्वीप-समुद्रोंमें श्रेणीबद्धोंका विन्यास नहीं है ॥१०८॥

विशेषार्थ—प्रथम ऋतु इन्द्रकसे आदित्य पर्यन्त ६२ इन्द्रक सम्बन्धी सर्व श्रेणीबद्ध विमानों का विन्यास अन्तिम स्वयम्भूरमण समुद्रसे प्रारम्भ होकर पूर्वके हरिसिन्दूर द्वीप पर्यन्त अर्थात् १५ समुद्र और १४ द्वीपों (२९ द्वीप-समुद्रों) के ऊपर चारों दिशाओं में है।

श्रेणीबद्ध विमानोंकी आकृति आदि—

सेढीबद्धे सव्वे, समचट्टा विविह-दिव्व-रयणमया।
उल्लसिद-धय-पडाया, णिरुवमरूवा विराजंति ॥१०९॥

अर्थ—सर्व श्रेणीबद्ध विमान समान गोल, विविध दिव्य रत्नोंसे निर्मित, ध्वजा-पताकाओं से उल्लसित और अनुपम रूपसे युक्त होते हुए शोभित हैं ॥१०९॥

प्रकीर्णक विमानोंका अवस्थान आदि—

एदाणं विच्चाले, पइण्ण-कुसुमोवयार-संठाणा[4]।
होंदि पइण्णय-णामा, रयणमया विविसे वर-विमाणा ॥११०॥

---

१. ब. ब. क. ब. ठ. असंखेज्जाणं। २. ब. चउदिसेसुं। ३. अर्थ स्पष्ट नहीं हुआ। ४. द ब. क. ब. ठ. विमाणाणि।

अर्थ—इनके (श्रेणीबद्धोंके) अन्तरालमें विदिशाओंमें प्रकीर्णक अर्थात् बिखरे हुए पुष्पोंके सदृश स्थित, रत्नमय, प्रकीर्णक नामक उत्तम विमान हैं ॥११०॥

संखेज्जासंखेज्जं, सगसग-ओगाण-पमाण-विक्खंभो ।
सव्वे पइण्णयाणं, विच्चालं तेत्तियं तेसुं ॥१११॥

अर्थ—सब प्रकीर्णकोंका विस्तार संख्यात एवं असंख्यात योजन प्रमाण है और इतना ही उनमें अन्तराल भी है ॥१११॥

तटवेदी—

इंदय-सेढीबद्ध-पइण्णयाणं पि वर - विमाणाणं[1] ।
उवरिम-तलेसु रम्मा, एक्केक्का होदि तड-वेदी ॥११२॥

अर्थ—इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक, इन उत्तम विमानोंके उपरिम एवं तल भागोंमें एक-एक रमणीय तट-वेदी है ॥११२॥

अरियट्टालिय-चारु, वर-गोउरदार-तोरणाभरणा ।
धुव्वंत-धय-पडाया, अच्छरिय - विसेसकर - रूवा ॥११३॥

विण्णासो समत्तो ॥२॥

अर्थ—यह वेदी भागों एवं अट्टालिकाओंसे सुन्दर, उत्तम गोपुरद्वारों तथा तोरणोंसे सुशोभित, फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे युक्त और आश्चर्य-विशेषको करनेवाले रूपसे संयुक्त है ॥११३॥

विन्यास समाप्त हुआ ॥२॥

कल्प और कल्पातीतका विभाग—

कप्पा-कप्पातीदा, इदि दुविहा होंति[2] भावण-पडला ते ।
भावण - कप्प - पडला, कप्पातीदा य[3] एक्कारसं ॥११४॥

५२ । ११ ।

अर्थ—स्वर्गमें कल्प और कल्पातीतके भेदसे पटल दो प्रकारके हैं । इनमेंसे भावन कल्प पटल और ग्यारह कल्पातीत (कुल ५२+११=६३) पटल हैं ॥११४॥

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. विमाणाणि । २. ब. क. क. ब, ठ. होंति । ३. ब. ब. एव ।

बारस कप्पा केई, केई सोलस वदंति आइरिया ।
तिण्हाणि भासिदाणि, कप्पातीदाणि पडलाणि ॥११५॥

अर्थ—कोई आचार्य कल्पोंकी संख्या बारह और कोई सोलह बतलाते हैं । कल्पातीत पटल तीन प्रकारसे कहे गये हैं ॥११५॥

हेट्ठिम मज्झे उवरि, पत्तेक्कं ताण होंति चत्तारि ।
एवं बारस - कप्पा, सोलस उड्डुदुमट्ठ जुगलाणि ॥११६॥

अर्थ—जो (आचार्य) बारह कल्प स्वीकार करते हैं उनके मतानुसार अधोभाग, मध्य-भाग और उपरिम भागमेंसे प्रत्येकमें चार-चार कल्प हैं । इसप्रकार सब बारह कल्प होते हैं । सोलह कल्पोंकी मान्यतानुसार ऊपर-ऊपर आठ युगलोंमें सोलह कल्प हैं ॥११६॥

गेवेज्जमणुद्दिसयं, अणुत्तरं इय हवंति तिवियप्पा ।
कप्पातीदा पडला, गेवेज्जं णव - विहं तेसुं ॥११७॥

अर्थ—ग्रैवेयक, अनुदिश और अनुत्तर, इसप्रकार कल्पातीत पटल तीन प्रकारके हैं । इनमेंसे ग्रैवेयक पटल नौ प्रकारके हैं ॥११७॥

कल्प और कल्पातीत विमानोंका अवस्थान—

मेरु-तलादो उवरिं, दिवड्ढ-रज्जूए आदिमं जुगलं ।
तत्तो हवेदि बिदियं, तेत्तियमेत्ताए रज्जूए ॥११८॥

तत्तो छज्जुगलाणि, पत्तेक्कं अद्ध - अद्ध - रज्जूए ।
एवं कप्पा कमसो, कप्पातीदा य ऊण - रज्जूए ॥११९॥

$\frac{-३}{१४}\left|\frac{-३}{१४}\right|\frac{-}{१४}\left|\frac{-}{१४}\right|\frac{-}{१४}\left|\frac{-}{१४}\right|\frac{-}{१४}\left|\frac{-}{१४}\right|\frac{-}{७}$

एवं भेद-परूवणा समत्ता ॥३॥

अर्थ—मेरुतलसे ऊपर डेढ़ राजूमें प्रथम युगल और इसके आगे इतने ही राजूमें अर्थात् डेढ़ राजूमें द्वितीय युगल है । इसके आगे छह युगलोंमेंसे प्रत्येक आधे-आधे राजूमें है । इसप्रकार कल्पोंकी स्थिति बतलाई गई है । कल्पातीत विमान ऊन अर्थात् कुछ कम एक राजूमें हैं ॥११८-११९॥

इसप्रकार भेद-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥३॥

बारह कल्प एवं कल्पातीत विमानोंके नाम—

सोहम्मीसाण-सणक्कुमार-माहिंद - बम्ह - लंतवया ।
महसुक्क-सहस्सारा, आणद-पाणवय-आरणच्चुदका ॥१२०॥

एवं बारस कप्पा, कप्पातीदेसु णव य गेवेज्जा ।
हेट्ठिम-हेट्ठिम-णामो, हेट्ठिम-मज्झिल्ल हेट्ठिमोवरिमो ॥१२१॥

मज्झिम-हेट्ठिम-णामो, मज्झिम-मज्झिम य मज्झिमोवरिमो ।
उवरिम-हेट्ठिम-णामो, उवरिम-मज्झिम य उवरिमोवरिमो ॥१२२॥

अर्थ—सौधर्म, ईशान, सानत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्म, लान्तव, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत, इसप्रकार ये बारह कल्प हैं। कल्पातीतोंमें अधस्तन-अधस्तन, अधस्तन-मध्यम, अधस्तन-उपरिम, मध्यम-अधस्तन, मध्यम-मध्यम, मध्यम-उपरिम, उपरिम-अधस्तन, उपरिम-मध्यम और उपरिम-उपरिम, ये नौ ग्रैवेयक विमान हैं ॥१२०-१२२॥

आदित्य इन्द्रकके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंके नाम—

आइच्च-इंदयस्स य, पुव्वादिसु लच्छि-लच्छिमालिणिया ।
वइरो वइरोचणिया, चत्तारो वर - विमाणाणि ॥१२३॥

अण्ण - दिसा - विदिसासुं, सोमक्खं सोमरूव-अंकाइं ।
पडिहं पइण्णयाणि य, चत्तारो तस्स णादव्वा ॥१२४॥

अर्थ—आदित्य (६२ वें) इन्द्रक विमानकी पूर्वादिक दिशाओंमें लक्ष्मी, लक्ष्मीमालिनी, वज्र और वैरोचिनी, ये चार उत्तम श्रेणीबद्ध विमान तथा अन्य दिशा-विदिशाओंमें सोमार्य, सोमरूप, अंक और स्फटिक, ये चार उसके प्रकीर्णक विमान जानने चाहिए ॥१२३-१२४॥



सर्वार्थसिद्धि इन्द्रकके श्रेणीबद्ध विमानोंके नाम—

विजयंत - वइजयंतं, जयंत-अपराजिदं विमाणाणि ।
सव्वट्ठ-सिद्धि-णामा, पुव्वावर-दक्खिणुत्तर-दिसासं ॥१२५॥

अर्थ—सर्वार्थसिद्धि नामक इन्द्रककी पूर्व, पश्चिम, दक्षिण और उत्तर दिशामें विजयन्त, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित नामक विमान हैं ॥१२५॥

सव्वट्ठ-सिद्धि-णामे, पुव्वादि-पदाहिणेण विजयादी ।
ते होंति वर - विमाणा, एवं केई पकप्पेंति ॥१२६॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—सर्वार्थसिद्धि नामक इन्द्रककी पूर्वादि दिशाओंमें प्रदक्षिण रूप से विजयादिक उत्तम विमान हैं। कोई आचार्य इसप्रकार भी प्ररूपण करते हैं ॥१२६॥

पाठान्तर ।

सोहम्मो ईसाणो, सणक्कुमारो तहेव माहिंदो ।
बम्हो बम्हुत्तरयं, लंतव-काविट्ठ - सुक्क - महसुक्का ॥१२७॥
सदर-सहस्सारादव-पाणद-आरणय[1]-अच्चुदा णामा ।
इय सोलस कप्पाणि, भणंते केइ आइरिया ॥१२८॥

पाठान्तरम् ।

एवं णाम-परूवणा समत्ता ॥४॥

अर्थ—सौधर्म, ईशान, सानत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ट, शुक्र, महाशुक्र, शतार, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत नामक ये सोलह कल्प हैं। कोई आचार्य ऐसा भी मानते हैं ॥१२७-१२८॥

इसप्रकार नाम प्ररूपणा समाप्त हुई ॥४॥

कल्प एवं कल्पातीत विमानोंकी स्थिति और उनकी सीमाका निर्देश—

कणयद्दि-चूल-उवरिं, किंचूणा-विरहद-रज्जु-बहलम्मि ।
सोहम्मीसाणक्खं, कप्प - जुगं होदि रमणिज्जं ॥१२९॥

$\frac{१}{१६}$

---

१ ब. ब. क. ज. ठ. आरणया । २. ब. ब. क. ज. ठ. १४१ ।

अर्थ—कनकाद्रि (मेरु) पर्वतकी चूलिकाके ऊपर कुछ कम डेढ़ राजूके बाहल्यमें रमणीय सौधर्म-ईशान नामक कल्प-युगल है ।।१२९।।

ऊणस्स य परिमाणं, बाल-सुदं जोयणाणि इगि-लक्खं ।
उत्तरकुरु - मणुवाणं, बालग्गादिरित्तयं ।।१३०।।

१०००४० ।

अर्थ – इस कुछ कमका प्रमाण उत्तरकुरुके मनुष्योंके बालाग्रसे अधिक एक लाख चालीस (१०००४०) योजन है ।।१३०।।

सोहम्मीसाणाणं, चरिमिंदय - केदुदंड - सिहरादो ।
उड्ढं असंख-कोडी-जोयण-विरहिद-विवड्ढ-रज्जूए ।।१३१।।

बिट्ठेवि कप्प-जुगलं, णामेहि सणक्कुमार-माहिंदा ।
तच्चरिमिंदय - केदण - दंडाद असंख - जोयणूणेणं ।।१३२।।

रज्जूए अद्धेणं, कप्पो बेट्ठेवि तत्थ बम्हक्खो ।
तम्मेत्ते पत्तेक्कं, लंतव - महसुक्कया[1] सहस्सारो ।।१३३।।

आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-कप्पा हवंति उवरुवरिं ।
तत्तो असंख - जोयण - कोडीओ उवरि अंतरिदा ।।१३४।।


कप्पातीदा पडला, एक्करसा होंति ऊण - रज्जूए ।
पढमाए अंतरादो, उवरुवरिं होंति अधियाओ ।।१३५।।

अर्थ—सौधर्म-ईशान सम्बन्धी अन्तिम इन्द्रकके ध्वज-दण्डके शिखरसे ऊपर असंख्यात करोड़ योजनोंसे रहित डेढ़ ($1\frac{1}{2}$) राजूमें सनत्कुमार-माहेन्द्र नामक कल्प-युगल स्थित है। इसके अन्तिम इन्द्रक सम्बन्धी ध्वज-दण्डके ऊपर असंख्यात योजनोंसे कम अर्धराजूमें ब्रह्म नामक कल्प स्थित है। इसके आगे इतने मात्र अर्थात् अर्ध-अर्ध राजूमें ऊपर-ऊपर लान्तव, महाशुक्र, सहस्रार, आनत-प्राणत और आरण-अच्युत कल्पोंमेंसे प्रत्येक है। इसके आगे असंख्यात-करोड़ योजनोंके अन्तरसे ऊपर कुछ कम एक राजूमें शेष ग्यारह कल्पातीत पटल हैं। इनमें प्रथमके अन्तरसे ऊपर-ऊपरका अन्तर अधिक है ।।१३१-१३५।।

[चित्र अगले पृष्ठ पर देखिए]

---

१. द. ब. क. ज. ठ. सुक्कय ।


ऊर्ध्व लोक
पूर्व
ब्रह्म
लान्तव
महाशुक्र
सहस्रार
आनत
प्राणत
आरण
अच्युत
नव ग्रैवेयक
नव अनुदिश
पंच अनुत्तर
क्रमनाली में ऊपर की ओर से देखने पर
१ राजू
१ राजू
१ राजू
७ राजू

कप्पाणं सीमाओ, णिय-णिय-चरिमिंदयाण धय-दंडा ।
किंचूणय - लोयंतो, कप्पातीदाण अवसाणं ॥१३६॥

एवं सीमा-परूवणा समत्ता ॥५॥

अर्थ—कल्पोंकी सीमाएँ अपने-अपने अन्तिम इन्द्रकोंके ध्वज-दण्ड हैं और कुछ कम लोकका अन्त कल्पातीतोंका अन्त है ॥१३६॥


इसप्रकार सीमाकी प्ररूपणा समाप्त हुई ॥५॥

सौधर्म आदि कल्पोंके आश्रित श्रेणीबद्ध एवं प्रकीर्णक विमानोंका निर्देश—

उडु-पहुदि-एक्कतीसं, एदेसुं पुव्व-अवर-दक्खिणदो ।
सेढीबद्धा णइरदि-अणल-दिसा-ठिद - पइण्णा य ॥१३७॥

सोहम्मकप्प-णामा, तेसुं उत्तर - दिसाए सेढिगया ।
मरुद - ईसाण - दिस - ट्ठिद - पइण्णया होंति ईसाणे ॥१३८॥

अर्थ—ऋतु आदि इकतीस इन्द्रक एवं उनमें पूर्व, पश्चिम और दक्षिणके श्रेणीबद्ध; तथा नैर्ऋत्य एवं आग्नेय दिशामें स्थित प्रकीर्णक, इन्हींका नाम सौधर्मकल्प है। उपर्युक्त (उन) विमानों की उत्तर दिशामें स्थित श्रेणीबद्ध और वायव्य एवं ईशान दिशामें स्थित प्रकीर्णक, ये ईशान कल्पमें हैं ॥१३७-१३८॥



अंजण-पहुदी सत्त य, एवेसि पुव्व-अवर-दक्खिणदो ।
सेढीबद्धा णइरदि - अणल[1]-दिस - ट्ठिद-पइण्णा य ॥१३९॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. अनिल ।

णामे सणक्कुमारो, तेसुं उत्तर - दिसाए सेढिगया ।
पवणीसाणे[1] संठिद - पइण्णया होंति माहिंदे ॥१४०॥

अर्थ—अञ्जन आदि सात इन्द्रक एवं उनके पूर्व, दक्षिण और पश्चिमके श्रेणीबद्ध तथा नैऋत्य एवं आग्नेय दिशामें स्थित प्रकीर्णक, इनका नाम सनत्कुमार कल्प है। इन्हींकी उत्तर दिशामें स्थित श्रेणीबद्ध और पवन एवं ईशान दिशामें स्थित प्रकीर्णक, ये माहेन्द्र कल्पमें हैं ॥१३९-१४०॥

रिट्ठादी चत्तारो, एदाणं चउ - दिसासु सेढिगया ।
विदिसा-पइण्णयाणि[2], ते कप्पा बम्ह - णामेणं ॥१४१॥

अर्थ—अरिष्टादिक चार इन्द्रकों तथा इनकी चारों दिशाओंके श्रेणीबद्ध और विदिशाओंके प्रकीर्णकोंका नाम ब्रह्म कल्प है ॥१४१॥

बम्हहिदयादिदुइयं, एदाणं चउ - दिसासु सेढिगया ।
विदिसा - पइण्णयाइं, णामेणं संतवो कप्पो ॥१४२॥

अर्थ—ब्रह्महृदयादिक दो इन्द्रकों और इनकी चारों दिशाओंमें स्थित श्रेणीबद्ध तथा विदिशाओंके प्रकीर्णकोंका नाम लान्तव कल्प है ॥१४२॥

महसुक्क-इंदओ तह, एदस्स य चउ-दिसासु सेढिगया ।
विदिसा - पइण्णयाइं, कप्पो महसुक्क - णामेणं ॥१४३॥

अर्थ—महाशुक्र इन्द्रक तथा इसकी चारों दिशाओंमें स्थित श्रेणीबद्ध और विदिशाओंके प्रकीर्णकोंका नाम महाशुक्र कल्प है ॥१४३॥

इंदय-सहस्सयारो, एदस्स चउ - दिसासु सेढिगया ।
विदिसा - पइण्णयाइं, होंति सहस्सार - णामेणं ॥१४४॥

अर्थ—सहस्रार इन्द्रक और उसकी चारों दिशाओंमें स्थित श्रेणीबद्ध एवं विदिशाओंके प्रकीर्णकोंका नाम सहस्रार कल्प है ॥१४४॥

आणद-पहुदी छक्कं, एदस्स य पुव्व-अवर-दक्खिणदो ।
सेढीबद्धा णइरदि-अणल[3]-दिस - दुग - पइण्णाणि ॥१४५॥

आणद-आरण-णामा, दो कप्पा होंति बारसिंदसमा ।
उत्तर-दिस-सेढिगया, सगसगसोलाण-दिस-पइण्णा य ॥१४६॥

---

१. द. ब. पवणीसाणं संठिद, क. ज. ठ. पवणीसाण संठिद। २. द. ब. पइण्णयाणं, ज. ठ. पइण्णयाइं। ३. द. ब. क. ज. ठ. अणिल।

अर्थ—आनत आदि छह इन्द्रकों और इनकी पूर्व, पश्चिम एवं दक्षिण दिशामें स्थित श्रेणीबद्ध तथा नैऋत्य एवं आग्नेय दिशामें स्थित प्रकीर्णकोंका नाम आनत और आरण दो कल्परूप है। इन्हीं इन्द्रकोंकी उत्तर-दिशामें स्थित श्रेणीबद्ध तथा वायव्य एवं ईशान दिशाके प्रकीर्णकोंका नाम प्राणत और अच्युत कल्प है ॥१४५-१४६॥

हेट्ठिम-हेट्ठिम-पमुहे, एक्केक्क सुदंसणादओ पडलाणि ।
होंति हु एवं कमसो, कप्पातीदा ठिदा सव्वे ॥१४७॥

अर्थ—अधस्तन-अधस्तन आदि एक-एकमें सुदर्शनादिक पटल हैं। इसप्रकार क्रमशः सब कल्पातीत स्थित हैं ॥१४७॥

जे सोलस कप्पाणि, केई इच्छंति ताण उवएसे ।
बम्हादि - चउ - दुगेसुं, सोहम्म-दुगं व [1]दिसभेदो ॥१४८॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—जो कोई आचार्य सोलह कल्प मानते हैं, उनके उपदेशानुसार ब्रह्मादिक चार युगलों में सौधर्म-युगलके सदृश दिशा-भेद है ॥१४८॥

पाठान्तर ।

सौधर्मादि कल्पोंमें एवं कल्पातीतोंमें स्थित समस्त विमानोंकी संख्याका निर्देश—

बत्तीसट्ठावीसं, बारस अट्ठं कमेण लक्खाणि ।
सोहम्मादि चउक्के, होंति विमाणाणि विविहाणि ॥१४९॥

३२००००० । २८००००० । १२००००० । ८००००० ।

अर्थ—सौधर्मादि चार कल्पोंमें तीनों प्रकारके विमान क्रमशः बत्तीस लाख (३२०००००), अट्ठाईसलाख (२८०००००), बारह लाख (१२०००००) और आठ लाख (८०००००) हैं ॥१४९॥

चउ-लक्खाणि बम्हे, पण्णास-सहस्सयाणि लंतवए ।
चालीस - सहस्साणि, कप्पे महसुक्क - णामम्मि ॥१५०॥

४००००० । ५०००० । ४०००० ।

---

१. द. ब. वदि भेदो, क. ज. ठ. वहि भेदो ।

अर्थ—इन्द्रकादिक तीनों प्रकारके विमान ब्रह्म कल्पमें चार लाख (४०००००), लान्तव-कल्पमें पचास हजार (५००००) और महाशुक्र नामक कल्पमें चालीस हजार (४००००) हैं ॥१५०॥

सत्तेव सहस्साणि, होंति सहस्सार-कप्प-णामम्मि ।
सत्त-सयाणि विमाणा, कप्प-चउक्कम्मि आणव-प्पमुहे ॥१५१॥

६००० । ७०० ।

अर्थ—उक्त विमान सहस्रार नामक कल्पमें छह हजार (६०००) और आनत प्रमुख चार कल्पोंमें सात सौ (७००) हैं ॥१५१॥

सं-गयण-सत्त-छण्णव-चउ-अट्ठंक-कमेण इंदयादि-तिए ।
परिसंखा णादव्वा, बावण्णा - कप्प - पडलेसुं ॥१५२॥

८४९६७०० ।

अर्थ—शून्य, शून्य, सात, छह, नौ, चार और आठ, इस अङ्क क्रमसे अर्थात् चौरासी लाख छयानवें हजार सात सौ (८४९६७००), यह बावन (५२) कल्प-पटलोंमें इन्द्रादिक तीन प्रकारके विमानोंकी (कुल) संख्या है ॥१५२॥

एक्कारसुत्तर-सयं, हेट्ठिम-गेवेज्ज-तिज-विमाणाणि ।
मज्झिम - गेवेज्ज - तिए, सत्तब्भहियं सयं होदि ॥१५३॥

१११ । १०७ ।

अर्थ—अधस्तन तीन ग्रैवेयकोंके विमान एक सौ ग्यारह (१११) और मध्यम तीन ग्रैवेयकोंमें एक सौ सात (१०७) विमान हैं ॥१५३॥

एक्कणउदिब्भहिया णवदी, उवरिम-गेवेज्ज-तिय-विमाणाणि ।
णव - पंच - विमाणाणि, अणुदिसाणुत्तरेसु कमा ॥१५४॥

९१ । ९ । ५ ।

अर्थ—उपरिम तीन ग्रैवेयकोंके विमान इक्यानवें (९१) और अनुदिश एवं अनुत्तरोंमें क्रमशः नौ और पाँच ही विमान हैं ॥१५४॥

विशेषार्थ—कल्प पटलोंमें स्थित इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंकी कुल संख्या ८४९६७०० है। इसमें नव-ग्रैवेयकोंके (१११ + १०७ + ९१ =) ३०९ विमान तथा अनुदिशोंके ९ और अनुत्तरोंके ५ विमान और मिला देने पर विमानोंका कुल प्रमाण ८४९७०२३ होता है। जिसकी संदृष्टि इसप्रकार है—

क्रमांक	स्वर्गों के नाम	विमानों की संख्या	क्रमांक	स्वर्गों के नाम	विमानों का संख्या
१	सौधर्म कल्प	३२००००० लाख	९	आनत, प्राणत, आरण, अच्युत	७००
२	ऐशान ,,	२८००००० ,,			
३	सानत्कुमार ,,	१२००००० ,,	१०	अधस्तन ग्रैवे०	१११
४	माहेन्द्र ,,	८००००० ,,	११	मध्यम ,,	१०७
५	ब्रह्म ,,	४००००० ,,	१२	उपरिम ,,	९१
६	लान्तव ,,	५०००० हजार	१३	अनुदिश	९
७	महाशुक्र ,,	४०००० ,,		अनुत्तर	५
८	सहस्रार ,,	६००० ,,			
				योग = ८४९७०२३	

सौधर्मादि कल्प स्थित श्रेणीबद्ध विमानों की संख्या प्राप्त करने हेतु मुख एवं गच्छका प्रमाण—

छासीदी-अधिय-सयं, बासट्ठी सत्त-विरहिदेक्क-सयं ।
इगितीसं छप्पणदी, सोदी बाहत्तरी य अडसट्ठी ॥१५५॥

अडसट्ठी चालीसं, अट्ठत्तीसं सोलसं च चउ चउरो ।
सोहम्मादी - अट्ठसु, आणव - पहुदीसु चउसु कमा ॥१५६॥

हेट्ठिम-मज्झिम-उवरिम-गेवेज्जेसुं अणुद्दिसादि-दुगे ।
सेढीबद्ध - पमाणं - पयास - चटुं इमे पभवा ॥१५७॥

१८६ । ६२ । ९३ । ३१ । ९६ । ८० । ७२ । ६८ । ६४ । ४० । २८ । १६ । ४ । ४ ।

अर्थ—सौधर्मादिक आठ, आनत आदि चार तथा अधस्तन, मध्यम एवं उपरिम ग्रैवेयक और अनुदिशादिक दो में श्रेणीबद्धोंका प्रमाण लानेके लिए क्रमशः एक सौ छियासी, बासठ, सात कम एक सौ (९३), इकतीस, छयानवे, अस्सी, बहत्तर, अड़सठ, चौंसठ, चालीस, अट्ठाईस, सोलह, चार और चार, यह प्रभव (मुख) का प्रमाण है ॥१५५-१५७॥

सोहम्मादि-चउक्के, तिय-एक्क-तियेक्कयाणि रिणय-सण्णो ।
सेसेसुं कप्पेसुं, चउ - चउ - रूवाणि णादव्वा ॥१५८॥

३ । १ । ३ । १ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ । ४ ।

अर्थ—सौधर्मादिक चार कल्पोंमें तीन, एक, तीन और एक हानि चय है। शेष कल्पोंमें चार-चार रूप जानना चाहिए ॥१५८॥

इगितीस-सत्त-चउ-दुग-एक्केक्क-छ-ति-ति-तिय-एक्केक्का ।
ताणं कमेण गच्छा, बारस - ठाणेसु ठविदव्वा ॥१५९॥

३१ । ७ । ४ । २ । १ । १ । ६ । ३ । ३ । ३ । १ । १ ।

अर्थ—इकतीस, सात, चार, दो, एक, एक, छह, तीन, तीन, तीन, एक और एक, इन बारह स्थानोंमें गच्छ रखना चाहिए ॥१५९॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त गाथा १५९ में जो गच्छ संख्या दर्शाई गई है वही प्रत्येक युगलके पटलोंकी अर्थात् इन्द्रक विमानोंकी संख्या है। यथा—सौधर्म युगलमें ३१ इन्द्रक, सानत्कुमार युगलमें ७, ब्रह्म कल्प में ४, लान्तव कल्पमें २, महाशुक्र कल्पमें १, सहस्रार कल्पमें १, आनतादि चार कल्पोंमें ६, अधस्तन तीन ग्रैवेयकोंमें ३, मध्यम तीन ग्रैवेयकोंमें ३, उपरिम तीन ग्रैवेयकोंमें ३, नौ अनुदिशोंमें १ तथा पाँच अनुत्तरोंमें १ इन्द्रक विमान हैं। अपने-अपने युगलके गच्छका भी यही प्रमाण है।

सौधर्म कल्पमें एक दिशा सम्बन्धी श्रेणीबद्धोंका प्रमाण ६२ है, इनमेंसे स्व-गच्छ (३१) घटा देनेपर (६२ — ३१) = ३१ शेष रहे। यही सानत्कुमार युगलके प्रथम पटलमें एक दिशा सम्बन्धी श्रेणीबद्धोंका प्रमाण है। इसीप्रकार पूर्व-पूर्व युगलके प्रथम पटलके एक दिशा सम्बन्धी श्रेणीबद्धोंके प्रमाणमेंसे अपने-अपने पटल प्रमाण गच्छ घटानेपर उत्तरोत्तर कल्पोंके प्रथम पटलके एक दिशा सम्बन्धी श्रेणीबद्धोंका प्रमाण प्राप्त होता है।

यथा—सौधर्मैशानमें ६२, सानत्कुमार - माहेन्द्रमें (६२ — ३१) = ३१, ब्रह्मकल्पमें (३१ — ७) = २४, लान्तव कल्पमें (२४ — ४) = २०, महाशुक्रमें (२० — २) = १८, सहस्रारमें (१८ — १) = १७, आनतादि चार कल्पोंमें (१७ — १) = १६, अधोग्रैवेयकमें (१६ — ६) = १०, मध्यम ग्रैवेयकमें (१० — ३) = ७, उपरिम ग्रैवेयकमें (७ — ३) = ४ और अनुदिशोंमें (४ — ३) = १ श्रेणीबद्ध विमान एक दिशा सम्बन्धी है।

पूर्व, पश्चिम और दक्षिण, इन तीन दिशाओंमें स्थित श्रेणीबद्ध दक्षिणेन्द्रके और उत्तर दिशा स्थित श्रेणीबद्ध उत्तरेन्द्रके आधीन होते हैं अतः उपर्युक्त श्रेणीबद्ध विमानोंके प्रमाणको

दक्षिणेन्द्र अपेक्षा ३ से और उत्तरेन्द्र अपेक्षा एकसे गुणा करनेपर तथा जहाँ दक्षिणेन्द्र-उत्तरेन्द्रकी कल्पना नहीं है वहाँ चारसे गुणा करनेपर गाथा १५५-१५७ में कहे हुए आदिधन (मुख) का प्रमाण प्राप्त होता है। यही ३, १ और ४ उत्तरधन है। इन्हींको हानिचय भी कहते हैं (गाथा १५८), क्योंकि प्रत्येक पटलमें उपर्युक्त क्रमसे ही श्रेणीबद्ध घटते हैं।

गा० १५५ — १५७ में कहे हुए आदिधन (मुख) का प्रमाण—

सौधर्मकल्पमें (६२×३=) १८६, ईशानकल्पमें (६२×१=) ६२, सानत्कुमारमें (३१×३=) ९३, माहेन्द्रमें (३१×१=) ३१, ब्रह्मकल्पमें (२४×४=) ९६, लान्तव कल्पमें (२०×४=) ८०, महाशुक्रमें (१८×४=) ७२, सह० में (१७×४=) ६८, आनतादि चारमें (१६×४=) ६४, अधोग्रैवे० में (१०×४=) ४०, मध्यम ग्रैवे० में (७×४=) २८, उपरिम ग्रैवेयक में (४×४=) १६ और नव अनुदिशोंमें (१×४=) ४ आदिधनों (मुखों) का प्रमाण है।

गाथा १५९ में कहे हुए गच्छका प्रमाण अपने-अपने पटल (३१, ७, ४, २, १, १, ६, ३, २, २ और १) प्रमाण होता है।

इसप्रकार आदिधन (हानिचय), उत्तरधन और गच्छका ज्ञान हो जानेपर दक्षिणेन्द्र और उत्तरेन्द्रके श्रेणीबद्धोंका सर्व-संकलित धन प्राप्त करनेकी विधि बताते हैं।

संकलित धन प्राप्त करनेकी विधि—

मुहं चएण गुणिदं, दुगुणिद-मुह-मेलिदं चय-विहीणं।
गच्छद्धे अप्प - हदे, संकलिदं एत्थ आदव्वं ॥१६०॥

अर्थ—दुगुणित मुखमें चय जोड़कर उसमेंसे चय गुणित गच्छ घटा देनेपर जो शेष रहे उसे गच्छके अर्धभागसे गुणित करने पर जो लब्ध प्राप्त हो वह यहाँ संकलित धन जानना चाहिए ॥१६०॥

विशेषार्थ—दक्षिणेन्द्र और उत्तरेन्द्रके श्रेणीबद्धोंका सर्व संकलित धन प्राप्त करनेके लिए गाथा सूत्र इसप्रकार है—

प्रत्येक कल्पके श्रेणीबद्ध= $[(\text{मुख} \times २ + \text{चय}) - (\text{गच्छ} \times \text{चय})] \times \frac{\text{गच्छ}}{२}$

सभी कल्पाकल्पोंके अपने-अपने श्रेणीबद्ध विमान इसी सूत्रानुसार प्राप्त होंगे।

सभी कल्पाकल्पोंके पृथक्-पृथक् श्रेणीबद्ध और इन्द्रक विमानोंका प्रमाण—

तेदालीस-सयाणि, इगिहत्तरि - उत्तराणि सेढिगया ।
सोहम्म - णाम - कप्पे, इगितीसं इंदया होंति ॥१६१॥

४३७१ । ३१ ।

अर्थ—सौधर्मनामक कल्पमें तेंतालीस सौ इकहत्तर श्रेणीबद्ध विमान और इकतीस (३१) इन्द्रक विमान हैं ॥१६१॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त गाथा-सूत्रानुसार सौधर्मकल्पके श्रेणीबद्ध=[(१८६×२+३) — (३१×३)]×$\frac{३}{२}$=४३७१ हैं ।

सत्तावण्णा चोद्दस - सयाणि सेढिगवाणि ईसाणे ।
पंच - सया अडसीदी, सेढिगया सत्त इंदया तदिए ॥१६२॥

१४५७ । ५८८ । ७ ।

अर्थ—ईशानकल्पमें चौदह सौ सत्तावन श्रेणीबद्ध हैं। तृतीय (सानत्कुमार) कल्पमें पाँचसौ अठासी श्रेणीबद्ध और सात (७) इन्द्रक विमान हैं ॥१६२॥

विशेषार्थ—उपर्युक्त ३१ इन्द्रक विमानोंके केवल उत्तर दिशागत श्रेणीबद्ध विमान ही इस कल्पके आधीन हैं, अतएव यहाँके मुखका प्रमाण ६२, चय १ और गच्छ ३१ है। गा० १६० के सूत्रानुसार ईशानकल्पके श्रेणीबद्ध=[(६२×२+१) — (३१ × १)]×$\frac{३१}{२}$=१४५७ हैं ।

सानत्कुमारके श्रेणीबद्ध=[(९३×२+३) — (७×३)]×$\frac{७}{२}$=५८८ हैं ।

माहिंदे सेढिगया, छण्णउदी - जुद-सयं च बम्हम्मि ।
सट्ठी - जुद - ति - सयाइं, सेढिगया इंदय - चउक्कं ॥१६३॥

१९६ । ३६० । ४ ।

अर्थ—माहेन्द्रकल्पमें एक सौ छयानवे श्रेणीबद्ध हैं। ब्रह्मकल्पमें तीन सौ साठ श्रेणीबद्ध और चार इन्द्रक विमान हैं ॥१६३॥

माहेन्द्रके श्रेणीबद्ध=[(३१×२+१) — (७×१)]×$\frac{७}{२}$=१९६

ब्रह्मकल्पके श्रेणी०=[(९६×२+४) — (४×४)]×$\frac{५}{२}$=३६०

छण्णवजुदमहिय - सयं, सेढिगया इंदया दुवे छट्ठे ।
महसुक्के बाहत्तरि, सेढिगया इंदओ एक्को ॥१६४॥

१५६ । २ । ७२ । १ ।

अर्थ—छठे (लान्तव) कल्पमें एक सौ छप्पन श्रेणीबद्ध और दो इन्द्रक हैं तथा महाशुक्र-कल्पमें बहत्तर श्रेणीबद्ध और एक इन्द्रक है ॥१६४॥

लान्तवकल्पमें श्रेणीबद्ध=[(८०×२+४) — (२×४)]×$\frac{१}{२}$=१५६ हैं।

महाशुक्रकल्पमें श्रेणीबद्ध=[(७२×२+४) — (१×४)]×$\frac{१}{२}$=७२ हैं।

अडसट्ठी सेढिगया, एक्को विय इंदयं सहस्सारे ।
अडवीसुत्तर-ति-सया, छ-इंदया आणदादिय-चउक्के ॥१६५॥

६८ । १ । ३२४ । ६ ।

अर्थ—सहस्रारमें अड़सठ श्रेणीबद्ध और एक इन्द्रक है तथा आनतादिक चारमें तीन सौ चौबीस श्रेणीबद्ध और छह इन्द्रक हैं ॥१६५॥

सह० कल्पमें श्रेणीबद्ध=[(६८×२+४) — (१×४)]×$\frac{१}{२}$=६८ हैं।

आनतादि चारमें श्रेणीबद्ध=[(६४×२+४) — (६×४)]×$\frac{१}{२}$=३२४ हैं।

हेट्ठिम-मज्झिम-उवरिम-गेवेज्जाणं च सेढिगय-संखा ।
अट्ठत्तरि-एक्क-सयं, कमसो बाहत्तरी य छत्तीसं ॥१६६॥

१०८ । ७२ । ३६ ।

अर्थ—अधस्तन, मध्यम और उपरिम ग्रैवेयकोंके श्रेणीबद्ध विमानोंकी संख्या क्रमशः एक सौ आठ, बहत्तर और छत्तीस है ॥१६६॥

अधस्तन ग्रै० के श्रेणीबद्ध=[(४०×२+४) — (३×४)]×$\frac{१}{२}$=१०८ हैं।

मध्यम ग्रै० के श्रेणीबद्ध=[(२८×२+४) — (३×४)]×$\frac{१}{२}$=७२ हैं।

उपरिम ग्रै० के श्रेणीबद्ध=[(१६×२+४) — (३×४)]×$\frac{१}{२}$=३६ हैं।

ताणं गेवेज्जाणं, पत्तेक्कं तिण्णि इंदया चउरो ।
सेढिगदाण अणुद्दिस - अणुत्तरे इंदया हु एक्केक्का ॥१६७॥

अर्थ—उन ग्रैवेयकोंमेंसे प्रत्येकमें तीन इन्द्रक विमान हैं। अनुदिश और अनुत्तरमें चार (चार) श्रेणीबद्ध और एक-एक इन्द्रक विमान हैं ॥१६७॥

अनुदिशोंमें श्रेणीबद्ध=[(४×२+४) — (१×४)]×$\frac{१}{२}$=४ हैं।

प्रकीर्णक विमानोंका अवस्थान और उनकी पृथक्-पृथक् संख्या—

सेढीणं विच्चाले, पइण्ण - कुसुमोवमाण[1] - संठाणा ।
होंति पइण्णय - णामा, सेढिंदय-हीण-रासि-समा ॥१६८॥

अर्थ—श्रेणीबद्ध विमानोंके बीचमें बिखरे हुए कुसुमोंके सदृश आकारवाले प्रकीर्णक नामक विमान होते हैं। इनकी संख्या श्रेणीबद्ध और इन्द्रकोंसे हीन अपनी-अपनी राशिके समान है ॥१६८॥

इगितीसं लक्खाणि, पंचाणउदि-सहस्स पण-सयाणि पि ।
अट्ठाणउदि - जुदाणि, पइण्णया होंति सोहम्मे ॥१६९॥

३१९५५९८ ।

अर्थ—सौधर्मकल्पमें इकतीस लाख पंचानवें हजार पाँच सौ अट्ठानवें (३१९५५९८) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१६९॥

सत्ताबीसं लक्खा, अट्ठगउदि-सहस्स पण-सयाणि पि ।
तेवाल - उत्तराइं[2], पइण्णया होंति ईसाणे ॥१७०॥

२७९८५४३ ।

अर्थ—ईशानकल्पमें सत्ताईस लाख अट्ठानवें हजार पाँच सौ तैंतालीस (२७९८५४३) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७०॥

एक्कारस-लक्खाणि, णवणउदि-सहस्स चउ-सयाणि पि ।
पंचुत्तराइ कप्पे, सणक्कुमारे पइण्णया होंति ॥१७१॥

११९९४०५ ।

अर्थ—सानत्कुमार कल्पमें ग्यारह लाख निन्यानवें हजार चार सौ पाँच (११९९४०५) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७१॥

सत्त णियय लक्खाणि, णवणउदि-सहस्स अडसयाणं पि ।
चउरुत्तराइ[3] कप्पे, माहिंदे पइण्णया होंति ॥१७२॥

७९९८०४ ।

अर्थ—माहेन्द्रकल्पमें सात लाख निन्यानवें हजार आठ सौ चार (७९९८०४) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७२॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. कुसुमवमाण । २. ब. ज. ठ. पंचुत्तर ।

छत्तीसुत्तर-छ-सया, णवणउदि-सहस्सयाणि तिय-सक्खा ।
एदाणि बम्ह - कप्पे, होंति पइण्णय - विमाणाणि ॥१७३॥

३९९६३६ ।

अर्थ—ब्रह्मकल्पमें तीन लाख निन्यानवे हजार छह सौ छत्तीस (३९९६३६) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७३॥

उणवण्ण-सहस्सा अड-सयाणि बादाल ताणि संतवए ।
उणवाल - सहस्सा णव-सयाणि सगवीस महसुक्के ॥१७४॥

४९८४२ । ३९९२७ ।

अर्थ—लान्तव कल्पमें उनंचास हजार आठ सौ बयालीस (४९८४२) और महाशुक्रमें उनतालीस हजार नौ सौ सत्ताईस (३९९२७) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७४॥

उणसट्ठि-सया इगितीस-उत्तरा होंति ते सहस्सारे ।
सत्तरि-जुद-ति-सयाणि, कप्प-चउक्के पइण्णया सेसे ॥१७५॥

५९३१ । ३७० ।

अर्थ—वे प्रकीर्णक विमान सहस्रार कल्पमें पाँच हजार नौ सौ इकतीस (५९३१) और शेष चार कल्पोंमें तीन सौ सत्तर (३७०) हैं ॥१७५॥


अह हेट्ठिम-गेवेज्जे, ण होंति तेसिं पइण्णय-विमाणा ।
बत्तीसं मज्झिमए, उवरिमए होंति बावण्णा ॥१७६॥

० । ३२ । ५२ ।

अर्थ—अधस्तन ग्रैवेयकमें उनके प्रकीर्णक विमान नहीं हैं । मध्यम ग्रैवेयकमें बत्तीस (३२) और उपरिम ग्रैवेयकमें बावन (५२) प्रकीर्णक विमान हैं ॥१७६॥

(गाथा १६६ और १७६ से सम्बन्धित चित्र इसप्रकार है)

[चित्र अगले पृष्ठ पर देखिए]



तत्तो अणुदिसाए, अत्तारि पइण्णया वर - विमाणा ।
तेसट्ठि - अहिएणए, पइण्णया णत्थि अत्थि सेढिगया ॥१७७॥

अर्थ—इसके आगे अनुदिशोंमें चार उत्तम प्रकीर्णक विमान हैं । तिरेसठवें पटलमें प्रकीर्णक नहीं हैं । श्रेणीबद्ध विमान हैं ॥१७७॥

विशेषार्थ—श्रेणीबद्ध विमानोंके अन्तरालमें पंक्ति हीन, बिखरे हुए पुष्पोंके सदृश यत्र तत्र स्थित विमानोंको प्रकीर्णक विमान कहते हैं । प्रत्येक स्वर्गमें विमानों की जो सम्पूर्ण संख्या है, उसमेंसे अपने-अपने पटलोंके इन्द्रक और श्रेणीबद्ध विमानों की संख्या कम करने पर जो अवशेष रहे वही प्रकीर्णकोंका प्रमाण है । यथा—

कल्प-नाम	सर्व विमान संख्या—	इन्द्रक + श्रेणीबद्ध =	प्रकीर्णक
सौधर्म कल्प	३२०००००	(३१+४३७१)=	३१९५६९८
ऐशान ,,	२८०००००	(०+१४५७)=	२७९८५४३
सानत्कुमार	१२०००००	(७+५८८)=	११९९४०५
माहेन्द्रकल्प	८०००००	(०+१९९)=	७९९८०४
ब्रह्म-कल्प	४०००००	(४+३६०)=	३९९६३६
लान्तव कल्प	५००००	(२+१५६)=	४९८४२
महाशुक्र	४००००	(१+७२)=	३९९२७
सहस्रार	६०००	(१+६८)=	५९३१
आनतादि ४	७००	(६+३२४)=	३७०
अधोग्रैवेयक	१११	(३+१०८)=	०
मध्यम ,,	१०७	(३+७२)=	३२
उपरिम ,,	९१	(३+३६)=	५२
अनुदिश	९	(१+४)=	४
अनुत्तर	५	(१+४)=	०

प्रकारान्तरसे विमान संख्या—

जे सोलस - कप्पाइं, केई इच्छंति ताण उवएसे ।
तस्सि तस्सि वोच्छं, परिमाणाणि विमाणाणं ॥१७८॥

अर्थ—जो कोई सोलह कल्प मानते हैं उनके उपदेशानुसार उन-उन कल्पोंमें विमानोंका प्रमाण कहते हैं ॥१७८॥

बत्तीसट्ठावीसं[1], बारस अट्ठं कमेण लक्खाणि ।
सोहम्मादि - चउक्के, होंति विमाणाणि विविहाणि ॥१७९॥

३२००००० । २८००००० । १२००००० । ८००००० ।

अर्थ—सौधर्मादि चार कल्पोंमें क्रमशः बत्तीस लाख (३२०००००), अट्ठाईस लाख (२८०००००), बारह लाख (१२०००००) और आठ लाख (८०००००) प्रमाण विविध प्रकारके विमान हैं ॥१७९॥

छण्णउदि - सहस्साणि, वो-लक्खाणि हवंति बम्हम्मि ।
बम्हुत्तरम्मि लक्खा, दो चि य छण्णउदि-परिहीणा ॥१८०॥

२०००९६ । १९९९०४ ।

अर्थ—ब्रह्मकल्पमें दो लाख छ्यानवे (२०००९६) और ब्रह्मोत्तर कल्पमें छ्यानवे कम दो लाख (१९९९०४) विमान हैं ॥१८०॥

पणुवीस-सहस्साइं, बादाल-जुदा य होंति लंतवए ।
चउवीस-सहस्साणि, णव - सय - अडवण्ण कापिट्ठे ॥१८१॥

२५०४२ । २४९५८ ।

अर्थ—लान्तव कल्पमें पच्चीस हजार बयालीस (२५०४२) और कापिष्ठ कल्पमें चौबीस हजार नौ सौ अट्ठावन (२४९५८) विमान हैं ॥१८१॥

वीसुत्तराणि होंति हु, वीस-सहस्साणि सुक्क-कप्पम्मि ।
ताइं चिय [2]महसुक्के, वीसूणाणि विमाणाणि ॥१८२॥

२००२० । १९९८० ।

---

१. ब. बत्तीसट्ठवीसं । २. द. ब. क. ज. ठ महसुक्क ।

अर्थ—शुक्र कल्पमें बीस अधिक बीस हजार (२००२०) और महाशुक्र कल्पमें बीस कम बीस हजार (१९९८०) विमान हैं ॥१८२॥

उणवीस-उत्तराणि, तिण्णि-सहस्साणि सयर-कप्पम्मि ।
कप्पम्मि सहस्सारे, उणतीस - सयाणि इगिसीदी ॥१८३॥

३०१९ । २९८१ ।

अर्थ—शतार कल्पमें तीन हजार उन्नीस (३०१९) और सहस्रार कल्पमें दो हजार नौ सौ इक्यासी (२९८१) विमान हैं ॥१८३॥

आणद-पाणद-कप्पे, पंच-सया सट्ठि-विरहिदा होंति ।
आरण-अच्चुद-कप्पे, दु - सयाणि सट्ठि - जुत्ताणि ॥१८४॥

४४० । २६० ।

अर्थ—आनत-प्राणत कल्पमें साठ कम पाँच सौ (४४०) और आरण-अच्युत कल्पमें दो सौ साठ (२६०) विमान हैं ॥१८४॥

अहवा आणद-जुगले, चत्तारि सयाणि वर-विमाणाणि ।
आरण - अच्चुद - कप्पे, सयाणि तिण्णि य हवंति ॥१८५॥

पाठान्तरम् ।

४०० । ३०० ।

अर्थ—अथवा, आनत युगलमें चार सौ (४००) और आरण-अच्युत कल्पमें तीन सौ (३००) उत्तम विमान हैं ॥१८५॥

संख्यात योजन विस्तारवाले विमानोंकी संख्या—

कप्पेसुं संखेज्जो, विक्खंभो रासि-पंचम-विभागो ।
णिय-णिय-संखेज्जूणा, णिय-णिय-रासी असंखेज्जो ॥१८६॥

अर्थ—कल्पोंमें राशिके पाँचवें भाग प्रमाण विमान संख्यात योजन विस्तारवाले हैं और अपने-अपने संख्यात योजन विस्तारवाले विमानोंकी राशिसे कम अपनी-अपनी राशि प्रमाण असंख्यात योजन विस्तारवाले हैं ॥१८६॥

संखेज्जो विक्खंभो, चालीस-सहस्सयाणि जुल्लक्खा ।
सोहम्मे ईसाणे, जाल - सहस्सूण - जुल्लक्खा ॥१८७॥

६४०००० । ५६०००० ।

अर्थ—सौधर्म कल्पमें संख्यात योजन विस्तार वाले विमान छह लाख चालीस हजार (६४००००) और ईशान कल्पमें चालीस हजार कम छह लाख (५६००००) हैं ॥१८७॥

चालीस-सहस्साणिं, दो-लक्खाणि सणक्कुमारम्मि ।
सट्ठि - सहस्सब्भहियं, माहिंदे एक्क - लक्खाणिं ॥१८८॥

२४०००० । १६०००० ।

अर्थ—सानत्कुमार कल्पमें संख्यात योजन विस्तारवाले विमान दो लाख चालीस हजार (२४००००) हैं और माहेन्द्रकल्पमें एक लाख साठ हजार (१६०००० विमान) हैं ॥१८८॥

बम्हे[1] सोधि-सहस्सा, संतव-कप्पम्मि दस-सहस्साणिं ।
अट्ठ सहस्सा बारस - सयाणि महसुक्कए सहस्सारे ॥१८९॥

८०००० । १०००० । ८००० । १२०० ।

अर्थ—ब्रह्म कल्पमें संख्यात योजन विस्तारवाले विमान अस्सी हजार (८००००), लान्तव कल्पमें दस हजार (१००००), महाशुक्रमें आठ हजार (८०००) और सहस्रार कल्पमें बारह सौ (१२००) हैं ॥१८९॥

आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-णामेसु चउसु कप्पेसुं ।
संखेज्ज - वित्थरा, आवलअब्भहियं सयं होदि ॥१९०॥

१४० ।

अर्थ—आनत, प्राणत, आरण और अच्युत नामक चार कल्पोंमें संख्यात योजन विस्तार वाले विमानोंकी संख्या एक सौ चालीस (१४०) है ॥१९०॥

तिय-अट्ठारस-सत्तरस-एक्क-एक्काणि तस्स परिमाणं ।
हेट्ठिम-मज्झिम-उवरिम-गेवेज्जेसुं अणुदिसादि-जुगे ॥१९१॥

३ । १८ । १७ । १ । १ ।

अर्थ—अधस्तन, मध्यम और उपरिम ग्रैवेयक तथा अनुदिशादि युगलमें संख्यात योजन विस्तार वाले विमानोंका प्रमाण क्रमशः तीन, अठारह, सत्तरह एक और एक है ॥१९१॥

---

१. ब. ब. क. बम्हो ।

असंख्यात योजन विस्तारवाले विमानोंका प्रमाण—

पणुवीसं लक्खाणि, सट्ठि-सहस्साणि सो असंखेज्जो ।
सोहम्मे ईसाणे, लक्खा बावीस चालय - सहस्सा ॥१९२॥

२५६०००० । २२४०००० ।

अर्थ—असंख्यात योजन विस्तारवाले वे विमान सौधर्म कल्पमें पच्चीस लाख साठ हजार (२५६००००) और ईशान कल्पमें बाईस लाख चालीस हजार (२२४००००) हैं ॥१९२॥

सट्ठि-सहस्स-जुदाणि, णव-लक्खाणि सणक्कुमारम्मि ।
चालीस - सहस्साणि, माहिंदे छच्च लक्खाणि ॥१९३॥

९६०००० । ६४०००० ।

अर्थ—असंख्यात योजन विस्तार वाले वे विमान सनत्कुमार कल्पमें नौ लाख साठ हजार (९६००००) और माहेन्द्रकल्पमें छह लाख चालीस हजार (६४००००) हैं ॥१९३॥

वीस-सहस्स ति-लक्खा, चाल-सहस्साणि बम्ह-संतवए ।
बत्तीस - सहस्साणि, महसुक्के[1] सो असंखेज्जो ॥१९४॥

३२०००० । ४०००० । ३२००० ।

अर्थ—वे असंख्यात योजन विस्तारवाले विमान ब्रह्म कल्पमें तीन लाख बीस हजार (३२००००), लान्तव कल्पमें चालीस हजार (४००००) और महाशुक्रमें बत्तीस हजार (३२०००) हैं ॥१९४॥

चत्तारि सहस्साणि, अट्ठ-सयाणि तहा सहस्सारे ।
आणद-पहुदि-चउक्के, पंच - सया सट्ठि - संजुत्ता ॥१९५॥

४८०० । ५६० ।

अर्थ—वे विमान सहस्रार कल्पमें चार हजार आठ सौ (४८००) तथा आनतादि चार कल्पोंमें पांच सौ साठ (५६०) हैं ॥१९५॥

अट्ठुत्तरमेक्क-सयं, उणणउदी सत्तरी य चउ-अहिया ।
हेट्ठिम - मज्झिम - उवरिम - गेवेज्जेसुं असंखेज्जो ॥१९६॥

१०८ । ८९ । ७४ ।

---

१. ब. क. ज. महसुक्केसु सो असंखेज्जा ।

अर्थ—असंख्यात योजन विस्तारवाले विमान अधस्तन, मध्यम और उपरिम ग्रैवेयकमें क्रमशः एक सौ आठ, नवासी और सत्तर हैं ।।१९६।।

बहु अणुदिस-णामे, बहु-रयणमयाणि उत्तर-विमाणाणि ।
अट्ठारि अणुत्तरए, होंति, असंखेज्ज - वित्थारा ।।१९७।।

८ । ४ ।

अर्थ—असंख्यात विस्तारवाले बहुत रत्नमय उत्तम विमान अनुदिश नामक पटलमें आठ और अनुत्तरोंमें चार हैं ।।१९७।।

विमान तलोंके बाहल्यका प्रमाण—

एक्कारस-सया इगिवीस-उत्तरा जोयणाणि पत्तेक्कं ।
सोहम्मीसाणेसुं, विमाण - तल - बहल - परिमाणं ।।१९८।।

११२१ ।

अर्थ—सौधर्म और ईशानकल्पमेंसे प्रत्येकमें विमानतलके बाहल्यका प्रमाण ग्यारह सौ इक्कीस (११२१) योजन है ।।१९८।।

बावीस - जुद - सहस्सं[1], माहिंद-सणक्कुमार-कप्पेसुं ।
तेवीस - उत्तराणिं, सयाणि भव बम्ह - कप्पम्मि ।।१९९।।

१०२२ । ९२३ ।

अर्थ—विमानतल-बाहल्यका प्रमाण सनत्कुमार-माहेन्द्रकल्पमें एक हजार बाईस (१०२२) और ब्रह्म कल्पमें नौ सौ तेईस (९२३) योजन है ।।१९९।।

अट्ठसोस-जुदट्ठ-सया, लंतवए पंचवीस सत्त - सया ।
महसुक्के छव्वीसं, छच्च - सयाणि सहस्सारे ।।२००।।

८२४ । ७२५ । ६२६ ।

अर्थ—विमानतल बाहल्य लान्तव कल्पमें आठ सौ चौबीस (८२४), महाशुक्रमें सात सौ पच्चीस (७२५) और सहस्रारमें छह सौ छब्बीस (६२६) योजन है ।।२००।।

आणद-पहुदि-[2]अट्ठसु, पंच-सया सत्तवीस-अब्भहिया ।
अट्ठवीस अउ - सयाणि, हेट्ठिम - गेवेज्जए होंति ।।२०१।।

५२७ । ४२८ ।

---

१ ब. क. ज. ठ बुद्धसा । २. ब. क. ज. ठ. चउसु ।

अर्थ—विमानतल-बाहल्य आनतादि चार कल्पोंमें पाँच सौ सत्ताईस (५२७) और अधस्तन ग्रैवेयकमें चार सौ अट्ठाईस (४२८) योजन है ॥२०१॥

उणतीसं तिण्णि-सया, मज्झिमए तीस-अहिय-दु-सयाणि ।
उवरिमए एक्क - सयं, इगितीस अणुद्दिसादि - दुगे ॥२०२॥

३२९ । २३० । १३१ ।

अर्थ—विमानतल बाहल्य मध्यम ग्रैवेयकमें तीन सौ उनतीस (३२९), उपरिम ग्रैवेयकमें दो सौ तीस (२३०) और अनुदिशादि दो (अनुदिश और अनुत्तर) में एक सौ इकतीस (१३१) योजन है ॥२०२॥

उपर्युक्त विमानोंका प्रमाण और तल-भागके बाहल्य प्रमाण की तालिका इसप्रकार है—

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

क्रमांक	नाम	संख्यात यो० विस्तार वालों का प्रमाण+ गा० १८७-१९१	असंख्यात यो० वि० वालों का प्रमाण= गा० १९२-१९७	विमानोंका कुल प्रमाण गा. १४९-१५४	विमान तल का बाहल्य गा० १९८-२०२
१	सौधर्म कल्प	६४०००० +	२५६०००० =	३२०००००	११२१ यो०
२	ऐशान कल्प	५६०००० +	२२४०००० =	२८०००००	११२१ यो०
३	सनत्कुमार कल्प	२४०००० +	९६०००० =	१२०००००	१०२२ यो०
४	माहेन्द्र कल्प	१६०००० +	६४०००० =	८०००००	१०२२ यो०
५	ब्रह्म कल्प	८०००० +	३२०००० =	४०००००	९२३ यो०
६	लान्तव कल्प	१०००० +	४०००० =	५००००	८२४ यो०
७	महाशुक्र कल्प	८००० +	३२००० =	४००००	७२५ यो०
८	सहस्रार कल्प	१२०० +	४८०० =	६०००	६२६ यो०
९	आनतादि ४	१४० +	५६० =	७००	५२७ यो०
१०	अधो ग्रैवे०	३ +	१०८ =	१११	४२८ यो०
११	मध्यम ,,	१८ +	८१ =	१०७	३२९ यो०
१२	उपरिम ,,	१७ +	७४ =	९१	२३० यो०
१३	अनुदिश	१ +	८ =	९	१३१ यो०
१४	अनुत्तर	१ +	४ =	५	१३१ यो०

स्वर्ग विमानोंका वर्ण—

सोहम्मीसाणाणं, सव्व - विमाणेसु पंच - वण्णाणि ।
कसणेण वज्जिदाणि, सणक्कुमाराणि - जुगलम्मि ॥२०३॥

अर्थ—सौधर्म और ईशान कल्पके सब विमान पाँचों वर्ण वाले तथा सनत्कुमारादि युगलमें कृष्ण वर्णसे रहित शेष चार वर्णवाले हैं ॥२०३॥

चोद्दसेण वज्जिदाणि, बम्हे संतवए णाम कप्पेसुं ।
रत्तेण विरहिदाणि, महसुक्के तह सहस्सारे ॥२०४॥

अर्थ—ब्रह्म और लान्तव नामक कल्पोंमें कृष्ण एवं नीलसे रहित तीन वर्णवाले तथा महाशुक्र और सहस्रारकल्पमें रक्त वर्णसे भी रहित शेष दो वर्ण वाले विमान हैं ।।२०४।।

आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-गेवेज्जयादिय-विमाणा ।
ते सव्वे मुत्ताहल - मयंक - कुंदुज्जला होंति ।।२०५।।

अर्थ—आनत, प्राणत, आरण, अच्युत और ग्रैवेयकादिके वे सब विमान मुक्ताफल, मृगांक अथवा कुन्द पुष्प सदृश उज्ज्वल हैं ।।२०५।।

विशेषार्थ—सौधर्मशान कल्पोंके विमान पांच वर्णवाले हैं। सनत्कुमार-माहेन्द्र कल्पोंके विमान कृष्ण बिना शेष चार वर्ण वाले हैं। ब्रह्म और लान्तव कल्पोंके विमान कृष्ण एवं नील बिना तीन वर्ण वाले हैं। महाशुक्र और सहस्रार कल्पोंके विमान कृष्ण, नील एवं रक्त वर्णसे रहित दो वर्णवाले हैं और आनतादिसे लेकर अनुत्तर पर्यन्तके सभी विमान कृष्ण, नील, लाल एवं पीत वर्णसे रहित मात्र शुक्ल वर्णके होते हैं।

विमानोंके आधारका कथन—

सोहम्म-दुग-विमाणा, घणस्स-रूवस्स उवरि संठिदस्स ।
चेट्ठंते पवणोवरि, माहिंद - सणक्कुमाराणि ।।२०६।।

अर्थ—सौधर्म युगलके विमान घनस्वरूप जलके ऊपर तथा माहेन्द्र एवं सनत्कुमार कल्पके विमान पवनके ऊपर स्थित हैं ।।२०६।।

बम्हादी चत्तारो, कप्पा चेट्ठंति सलिल - वाऊणं ।
आणद - पाणद - पहुदी, सेसा सुद्धम्मि गयणयले ।।२०७।।

अर्थ—ब्रह्मादिक चार कल्पोंके विमान जल एवं वायु दोनोंके ऊपर तथा आनत-प्राणतादि शेष विमान शुद्ध आकाशतलमें स्थित हैं ।।२०७।।

इन्द्रकादि विमानोंके ऊपर स्थित प्रासाद—

उवरिम्मि इंदयाणं, सेढिगयाणं पइण्णयाणं च ।
समचउरस्सा वीहा, चेट्ठंते विविह - पासादा ।।२०८।।

अर्थ—इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंके ऊपर समचतुष्कोण एवं दीर्घ विविध प्रासाद स्थित हैं ।।२०८।।

कणयमया फलिहमया, मरगय-माणिक्क-इंदणीलमया ।
विद्दुममया विचित्ता, वर - तोरण - सुंदर-दुवारा ।।२०९।।

सत्तट्ठ-गब्भ-दसादिय-विचित्त-भूमीहि भूसिदा सव्वे ।
वर - रयण - भूसणेहि, बहुविह - अंतेहि रमणिज्जा ॥२१०॥

विप्पंत - रयण - दीवा, कालागरु-पहुदि-धूव-गंधड्ढा ।
आसण-णाडय-कीडण - साला - पहुदीहि कयसोहा ॥२११॥

सीह-करि-मयर-सिहि-सुक-मयाल-गरुडासणादि-परिपुण्णा ।
बहुविह-विचित्त-मणिमय-सेज्जा - विण्णास - कमणिज्जा ॥२१२॥

णिच्चं विमल-सरूवा, पउण्ण-वर-दीव-कुसुम-कंतिल्ला ।
सव्वे अणाइणिहणा, अकट्टिमा ते विरायंति ॥२१३॥

एवं संखा-परूवणा-समत्ता ॥६॥

अर्थ—(ये सब प्रासाद) सुवर्णमय, स्फटिकमणिमय, मरकत-मारिणक्य एवं इन्द्रनील मणियोंसे निर्मित, भूँगासे निर्मित, विचित्र, उत्तम तोरणोंसे सुन्दर द्वारवाले, सात-आठ-नौ-दस इत्यादि विचित्र भूमियोंसे भूषित, उत्तर रत्नोंसे भूषित, बहुत प्रकारके यन्त्रोंसे रमणीय, चमकते हुए रत्न-दीपकों सहित, कालागरु आदि धूपोंके गन्धसे व्याप्त; आसनशाला, नाट्यशाला एवं क्रीड़नशाला आदिकोंसे शोभायमान; सिंहासन, गजासन, मकरासन, मयूरासन, शुकासन, व्यालासन एवं गरुड़ासनादिसे परिपूर्ण; बहुत प्रकारकी विचित्र मणिमय शय्याओंके विन्याससे कमनीय, नित्य, विमल-स्वरूपवाले, विपुल उत्तम दीपों एवं कुसुमोंसे कान्तिमान्, अनादि-निधन और अकृत्रिम विराजमान हैं ॥२०६-२१३॥

इसप्रकार संख्या प्ररूपणा समाप्त हुई ॥६॥

इन्द्रोंके दस-विध परिवार देवोंके नाम और पद—

बारस-विह-कप्पाणं, बारस इंदा हवंति वर - रूवा ।
दस-विह-परिवार-जुदा, पुव्वज्जिज-पुण्ण - पाकादो ॥२१४॥

अर्थ—बारह प्रकारके कल्पोंके बारह इन्द्र पूर्वोपार्जित पुण्यके परिपाकसे उत्तम रूपके धारक होते हैं और दस प्रकारके परिवारसे युक्त होते हैं ॥२१४॥

पडिइंदा सामाणिय-तेत्तीस-सुरा तिगिंद - तणुरक्खा ।
परिसाणीय-पइण्णय-अभियोगा होंति किब्बिसिया ॥२१५॥

अर्थ—प्रतीन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंशदेव, त्रिगिन्द्र, तनुरक्ष, पारिषद, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक, ये दस प्रकारके परिवार देव हैं ॥२१५॥

जुवराय - कलत्ताणं, पुत्ताणं तह य तंतरायाणं ।
अंगु-रक्खा - कोवाणं, वर-मज्झिम-अवर-सहस्साणं ॥२१६॥

सेणाण पुरजणाणं, परिचाराणं तहेव पावाणं ।
कमसो ते सारिच्छा, [1]पडिइंद - प्पहुदिओ होंति ॥२१७॥

अर्थ—वे प्रतीन्द्र आदि क्रमशः युवराज, कलत्र, पुत्र तथा तन्त्ररक्षक, कृपाणधारी अंगरक्षक, उत्तम, मध्यम एवं जघन्य परिषद्में बैठने योग्य (सभासद), सेना, पुरजन, परिचारक और पापडालके सदृश होते हैं ॥२१६-२१७॥

प्रतीन्द्र—

एक्केक्का पडिइंदा, एक्केक्काणं हवंति इंदाणं ।
ते जुवराय - रिणोए, अच्छंते आउ - परियंतं ॥२१८॥

अर्थ—एक-एक इन्द्रके जो एक-एक प्रतीन्द्र होते हैं वे आयु पर्यन्त युवराजकी ऋद्धिसे युक्त रहते हैं ॥२१८॥

सामानिक देवोंका प्रमाण—

चउसीदि-सहस्साणि, सोहम्मिंदस्स होंति सुर-पवरा ।
सामाणिया सहस्सा, सीदी ईसाण - इंदस्स ॥२१९॥

८४००० । ८०००० ।

अर्थ—सामानिक जातिके उत्कृष्ट देव सौधर्म इन्द्रके चौरासी हजार (८४०००) और ईशान इन्द्रके अस्सी हजार (८००००) होते हैं ॥२१९॥

बाहत्तरी - सहस्सा, ते चेट्ठंते सणक्कुमारिंदे ।
सत्तरि - सहस्स - मेत्ता, तहेव माहिंद - इंदस्स ॥२२०॥

७२००० । ७०००० ।

अर्थ—वे सामानिक देव सनत्कुमार इन्द्रके बहत्तर हजार (७२०००) और माहेन्द्र इन्द्रके सत्तर हजार (७००००) प्रमाण होते हैं ॥२२०॥

बम्हिंदम्मि सहस्सा, सट्ठी पण्णास लंतविंदम्मि ।
चालं महसुक्किंदे, तीस सहस्सार - इंदम्मि ॥२२१॥

६०००० । ५०००० । ४०००० । ३०००० ।

---

१. ब. परिइंद ।

अर्थ—सामानिक देव ब्रह्मेन्द्रके साठ हजार (६००००), लान्तवेन्द्रके पचास हजार (५००००), महाशुक्र इन्द्रके चालीस हजार (४००००) और सहस्रार इन्द्रके तीस हजार (३००००) होते हैं ॥२२१॥

आणद-पाणद-इंदे, वीसं सामाणिया सहस्साणि ।
वीस सहस्साणि पुढं, पत्तेक्कं आरणच्चुदिंदेसुं ॥२२२॥

२०००० । २०००० । २०००० । २०००० ।

अर्थ—सामानिकदेव आनत-प्राणत इन्द्रके बीस हजार (२००००) और आरण-अच्युत इन्द्रके पृथक्-पृथक् बीस हजार (२००००) होते हैं ॥२२२॥

त्रायस्त्रिंश और लोकपाल देव—

तेत्तीस सुरप्पवरा, एक्केक्काणं हवंति इंदाणं ।
चत्तारि लोयपाला, सोम-जमा - वरुण - धणवा य ॥२२३॥

अर्थ—एक-एक इन्द्रके तेंतीस त्रायस्त्रिंश देव और सोम, यम, वरुण तथा धनद, ये चार लोकपाल होते हैं ॥२२३॥

तनुरक्षक देव—

तिण्णि विसय लक्खाणि, छत्तीस-सहस्सयाणि तणुरक्खा ।
सोहम्मिंदे विदिए, [1]ताणि सोलस - सहस्स - होणाणि ॥२२४॥

३३६००० । ३२०००० ।

अर्थ—तनुरक्षक देव सौधर्म इन्द्रके तीन लाख छत्तीस हजार (३३६०००) और द्वितीय इन्द्रके इनसे सोलह हजार कम (३२००००) होते हैं ॥२२४॥

अट्ठासीदि - सहस्सा, दो-लक्खाणि सणक्कुमारिंदे ।
माहिंदिंदे लक्खा, दोण्णि य सीदी - सहस्साणि ॥२२५॥

२८८००० । २८०००० ।

अर्थ—तनुरक्षक देव सनत्कुमार इन्द्रके दो लाख अठासी हजार (२८८०००) और माहेन्द्र इन्द्रके दो लाख अस्सी हजार (२८००००) होते हैं ॥२२५॥

---

१. ब. क. ज. ठ. ताणं ।

बम्हिंदे चालीसं, सहस्स-अब्भहिय दुवे लक्खा ।
संतवए दो-लक्खं, वि-गुणिय-सीदी-सहस्स-महसुक्के ॥२२६॥

२४०००। २००००। १६००००।

अर्थ—तनुरक्षक देव ब्रह्मेन्द्रके दो लाख चालीस हजार (२४००००), लान्तव इन्द्रके दो लाख (२०००००) और महाशुक्र इन्द्रके द्विगुणित अस्सी हजार अर्थात् एक लाख साठ हजार (१६००००) होते हैं ॥२२६॥

वि-गुणिय-सट्ठि-सहस्सं, सहस्सयारिंदयम्मि पत्तेक्कं ।
सीदि - सहस्स - पमाणं, उवरिम-चत्तारि-इंदम्मि ॥२२७॥

१२०००। ८०००। ८०००। ८०००। ८०००।

अर्थ—तनुरक्षक देव सहस्रार इन्द्रके द्विगुणित साठ हजार (१२००००) और उपरितन चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके अस्सी हजार (८००००) प्रमाण होते हैं ॥२२७॥

अभ्यन्तर-मध्यम और बाह्य परिषदके देव—

अब्भंतर-परिसाए, सोहम्मिंदाण बारस - सहस्सा ।
ईसाणिंदस्स दस - सहस्साणि ॥२२८॥

१२०००। १००००।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में बारह हजार (१२०००) और ईशान इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद्में दस हजार (१००००) देव स्थित होते हैं ॥२२८॥

तदिए अट्ठ - सहस्सा, माहिंदिंदस्स छस्सहस्साणि ।
बम्हिंदम्मि सहस्सा, चत्तारो बोण्णि संतविंदम्मि ॥२२९॥

८०००। ६०००। ४०००। २०००।

अर्थ—तृतीय (सनत्कुमार इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद) में आठ हजार (८०००), माहेन्द्रकी (अभ्यन्तर परिषद) में छह हजार (६०००), ब्रह्मेन्द्र की (अभ्यन्तर परिषद) में चार हजार (४०००) और लान्तव (इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद) में दो हजार (२०००) देव होते हैं ॥२२९॥

सत्तमयस्स सहस्सं, पंच - सयाणि सहस्सयारिंदे ।
आणद-इंदादि-चुगे, पत्तेक्कं दो - सयाणि पण्णासा ॥२३०॥

१०००। ५००। २५०। २५०।

अर्थ—सप्तम (महाशुक्र इन्द्रकी अभ्यन्तर परिषद) में एक हजार (१०००), सहस्रार (इन्द्रकी अ० परिषद) में पाँच सौ (५००) और आनतादि (आनत-प्राणत) दो इन्द्रोंकी (अभ्यन्तर परिषद) में दो सौ पचास-दो सौ पचास (२५० — २५०) देव होते हैं ॥२३०॥

अब्भंतर - परिसाए, आरण - इंदस्स अच्चुदिंदस्स ।
पत्तेक्कं सुर - पवरा, एक्क - सयं पंचवीस - जुदं ॥२३१॥

१२५ । १२५ ।

अर्थ—आरण इन्द्र और अच्युत इन्द्रमेंसे प्रत्येक (की अभ्यन्तर परिषद) में एक सौ पच्चीस-एक सौ पच्चीस (१२५-१२५) उत्तम देव होते हैं ॥२३१॥

मज्झिम-परिसाय सुरा, चोद्दस-बारस-दसट्ठ-छ-चउ-दुगा ।
होंति सहस्सा कमसो, सोहम्मिंदादिएसु सत्तेसुं ॥२३२॥

१४००० । १२००० । १०००० । ८००० । ६००० । ४००० । २००० ।

अर्थ—सौधर्मादिक सात इन्द्रोंमें से प्रत्येककी मध्यम परिषद्में क्रमशः चौदह हजार, बारह हजार, दस हजार, आठ हजार, छह हजार, चार हजार और दो हजार देव होते हैं ॥२३२॥

एक्क-सहस्स-पमाणं, सहस्सबारिंदयम्मि पंच - सया ।
उवरिम - चउ - इंदेसुं, पत्तेक्कं मज्झिमा परिसा ॥२३३॥

१००० । ५०० । ५०० । ५०० । ५००

अर्थ—सहस्रार इन्द्रकी मध्यम परिषद्में एक हजार (१०००) प्रमाण और उपरितन चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येककी मध्यम परिषद्में पाँच सौ (५००) देव होते हैं ॥२३३॥

सोलस-चोद्दस-बारस-दसट्ठ-छच्चदु-दुगेक्क य सहस्सा ।
बाहिर-परिसा कमसो, समिदा चंदा य [1]अउ-णामा ॥२३४॥

परिसा समत्ता ॥

अर्थ—उपर्युक्त इन्द्रोंके बाह्य पारिषद देव क्रमशः सोलह, चौदह, बारह, दस, आठ, छह, चार, दो और एक हजार प्रमाण होते हैं । इन तीनों परिषदोंका नाम क्रमशः समित्, चन्द्रा और जतु है ॥२३४॥

परिषद्का कथन समाप्त हुआ ।

---

१. ब. अ. क. ज. ठ. दुअणामो ।

अनीक देवोंका प्रमाण—

वसह-तुरंगम-रह-गज-पदाति-गंधव्व-णट्टयाणीया ।
एवं सत्ताणीया, एक्केक्क हवंति इंदाणं ॥२३५॥

अर्थ—वृषभ, तुरङ्ग, रथ, गज, पदाति, गन्धर्व और नर्तक अनीक, इसप्रकार एक-एक इन्द्रकी सात सेनायें होती हैं ॥२३५॥

एदे सत्ताणीया, पत्तेक्कं सत्त-सत्त-कक्ख-जुदा ।
तेसुं पढमाणीया, णिय-णिय - सामाणियाण[1] समा ॥२३६॥

अर्थ—इन सात सेनाओंमेंसे प्रत्येक सात-सात कक्षाओंसे युक्त होती हैं। इनमेंसे प्रथम अनीकका प्रमाण अपने-अपने सामानिकोंके बराबर होता है ॥२३६॥

तत्तो दुगुणं दुगुणं, कादव्वं जाव सत्तमाणीयं ।
परिमाण - जाणणट्ठं, ताणं संखं पवक्खेमो ॥२३७॥

अर्थ—इसके आगे सप्तम अनीक पर्यन्त उससे दूना-दूना करना चाहिए। इस प्रमाणको जाननेके लिए उनकी संख्या कहते हैं ॥२३७॥

इगि-कोडी छल्लक्खा, अट्ठासट्ठी - सहस्सया वसहा ।
सोहम्मिंदे होंति हु, [2]तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२३८॥

१०६६८००० । पिंड ७४६७६०००।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके एक करोड़ छह लाख अड़सठ हजार (१०६६८०००) वृषभ होते हैं और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२३८॥

विशेषार्थ—सौधर्म इन्द्रकी प्रथम कक्षामें वृषभ संख्या सामानिक देवोंके सदृश ८४००० प्रमाण है। इस प्रथम कक्षकी संख्यासे सातों कक्षाओंकी संख्या १२७ गुणी होती है अतः प्रथम अनीक की सातों कक्षाओंमें कुल संख्या (८४००० × १२७) = १०६६८००० है। प्रथम अनीककी संख्या १०६६८००० है अतः सातों अनीकोंकी पिण्ड रूप संख्या (१०६६८००० × ७) = ७४६७६००० है। इसीप्रकार सर्वत्र जानना चाहिए ।

एक्का कोडी एक्कं, लक्खं सट्ठी सहस्स वसहाणिं ।
ईसाणिंदे होंति हु, तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२३९॥

१०१६०००। पिंड ७११२०००।

---

१. ब. क. ज. ठ. सामाणियाणि संमता, ब. सामाणियाणि सम्मत्ता । २. ब. तुरयादिय ।

अर्थ—ईशान इन्द्रके एक करोड़ एक लाख साठ हजार वृषभ और तुरंगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२३९॥

विशेषार्थ—प्रथम अनीकको प्रथम कक्षमें ८०००० वृषभ हैं अतः ८०००० × १२७= १०१६०००० । १०१६०००० × ७ = ७११२०००० ।

सक्खाणि एक्कणउदी, बत्तदाल-सहस्सयाणि वसहाणि ।
होंति हु तदिए इंदे, तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२४०॥

९१४४००० । पिंड ६४००८००० ।

अर्थ—तृतीय (सनत्कुमार) इन्द्रके इक्यानवें लाख चवालीस हजार (७२००० × १२७= ९१४४०००) वृषभ और तुरंगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४०॥

९१४४००० × ७ = ६४००८००० ।

अट्ठासीदी-लक्खा, णउदि-सहस्साणि होंति वसहाणि ।
माहिंदिदे तेत्तियमेत्ता तुरयाविसो वि पत्तेक्कं ॥२४१॥

८८९०००० । पिंड ६२२३०००० ।

अर्थ—माहेन्द्र इन्द्रके अठासी लाख नब्बे हजार (७०००० × १२७ = ८८९००००) वृषभ और तुरंगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४१॥

८८९०००० × ७ = ६२२३०००० ।

छाहत्तरि-लक्खाणि, वीस-सहस्साणि होंति वसहाणि ।
बम्हिंदे पत्तेक्कं, तुरय - प्पहुदी वि तम्मेत्तं ॥२४२॥

७६२०००० । पिंड ५३३४०००० ।

अर्थ—ब्रह्मेन्द्रके छिहत्तर लाख बीस हजार (६०००० × १२७ = ७६२००००) वृषभ और तुरंगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४२॥

७६२०००० × ७ = ५३३४०००० ।

तेसट्ठी-लक्खाणि, पण्णास - सहस्सयाणि वसहाणि ।
लंतव - इंदे होंति हु, तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२४३॥

६३५०००० । पिंड ४४४५०००० ।

अर्थ—सानत्कुमार इन्द्रके तिरेसठ लाख पचास हजार (६००००×१२७=६३५००००) वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४३॥

६३५०००० × ७ = ४४४५०००० ।

पण्णासं लक्खाणि, तीवि-सहस्साणि होंति वसहाणि ।
महसुक्किन्दे होंति हु, तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२४४॥

५०८०००० । पिंड ३५५६०००० ।

अर्थ—महाशुक्र इन्द्रके पचास लाख आठ हजार (५०००००×१२७=५०८००००) वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४४॥

५०८०००० × ७ = ३५५६०००० ।

अट्ठत्तीसं लक्खं, दस य सहस्साणि होंति वसहाणि ।
तुरयादी तम्मेत्ता, होंति सहस्सार - इंदम्मि ॥२४५॥

३८१०००० । पिंड २६६७०००० ।

अर्थ—सहस्रार इन्द्रके अड़तीस लाख दस हजार (३००००×१२७=३८१००००) वृषभ और तुरगादिक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४५॥

३८१०००० × ७ = २६६७०००० ।

पणुवीसं लक्खाणि, चालीस-सहस्सयाणि [1]वसहाणि ।
आरण-इंदादि-दुगे, तुरयादी तेत्तिया वि पत्तेक्कं ॥२४६॥

२५४०००० । पिंड १७७८०००० ।

अर्थ—आरण इन्द्रादिक दोके पच्चीस लाख चालीस हजार (२०००×१२७= २५४००००) वृषभ और तुरगादिकमेंसे प्रत्येक भी इतने प्रमाण ही होते हैं ॥२४६॥

२५४०००० × ७ = १७७८०००० ।

नोट—गाथामें आनतादि चारोंके अनीकों का प्रमाण कहा जाना चाहिए था किन्तु आरण आदि दो का ही कहा गया है, दो का नहीं । क्यों ?

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

---

१. ब. होंति वसहाणि ।

क्रमांक	इन्द्र नाम	इन्द्र	आयु सा०	आहार पक्ष	शरीर हाथ	तनुरक्षक	पारिषदोंका प्रमाण			अनीक सेनाओंका प्रमाण		
							अभ्यन्तर परिषद्	मध्यम परि०	बाह्य परि०	प्रथम कक्षा	एक अनीककी सम्पूर्ण संख्या [प्रथम कक्षाकी सं० से १२७ गुणी है।]	सातों अनीकोंकी सम्पूर्ण संख्या
१	सौधर्मेन्द्र	१	८४०००	२½	५	३३६०००	१२०००	१४०००	१६०००	८४००००	१०४६५०००	७४२७६००००
२	ऐशानेन्द्र	१	८०००	२¼	५	३२००००	१०००००	१२००००	१४०००	८०००००	१०१५००००	७११२००००
३	सनत्कुमारेन्द्र	१	७२०००	२½	५	२८८००००	८०००००	१०००००	१२०००	७२००००	९१४४००००	६४००८००००
४	माहेन्द्र	१	७००००	२¾	५	२८००००	६००००	८००००	१०००००	७०००००	८८९००००	६२२३००००
५	ब्रह्मेन्द्र	२	६०००००	३	५	२४००००	४००००	६००००	८००००	६०००००	७६२००००	५३३४००००
६	लान्तवेन्द्र	२	५००००	३¼	५	२०००००	२००००	४००००	६००००	५०००००	६३५००००	४४४५००००
७	महाशुक्रेन्द्र	२	४०००००	३½	५	१६००००	१००००	२००००	४००००	४०००००	५०८००००	३५५६००००
८	सहस्रारेन्द्र	२	३०००००	३¾	५	१२००००	५०००	१००००	२००००	३०००००	३८१००००	२६६७००००
९	आनतादि ४	२	२०००००	४	५	८००००	२५०	५००	१०००	२०००००	२५४००००	१७७८००००

सातों अनीकोंकी अपनी-अपनी प्रथमादि कक्षाओंमें स्थित वृषभादिकोंके वर्णका वर्णन—

जलहर-पडल-समुट्ठिद-सरय-मयंक-मुजाल-संकासा ।
वसह-तुरंगादीया, णिय-णिय-कक्खासु पढम-कक्ख-ठिदी ॥२४७॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे प्रथम कक्षामें स्थित वृषभ-तुरंगादिक मेघ-पटलसे उत्पन्न शरत्कालीन चन्द्रमाके किरण-समूहके सदृश (वर्ण वाले) होते हैं ॥२४७॥

उदयंत-दुमणि-मंडल-समाण-वण्णा हवंति वसहादी ।
ते णिय-णिय-कक्खासुं, बीदुसे विदिय - कक्खासुं ॥२४८॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे द्वितीय कक्षामें स्थित वे वृषभादिक उदित होते हुए सूर्य-मण्डलके सदृश वर्णवाले होते हैं ॥२४८॥

फुल्लंत-णीलकुवलय-सरिच्छ[1]-वण्णा तइज्ज-कक्ख-ठिदा ।
ते णिय - णिय - कक्खासुं, वसहस्स रहादिणो होंति ॥२४९॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे तृतीय कक्षामें स्थित वे वृषभ, अश्व और रथादिक फूलते हुए नीलकमलके सदृश निर्मल वर्णवाले होते हैं ॥२४९॥

मरगय-मणि-सरिस-तणू, [2]वर-विविह-विभूसणेहि सोहिल्ला ।
ते णिय-णिय-कक्खासुं, वसहादी तुरिम - कक्ख - ठिदा ॥२५०॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे चतुर्थ कक्षामें स्थित वे वृषभादिक मरकत मणिके सदृश शरीरवाले और अनेक प्रकारके उत्तम आभूषणोंसे शोभायमान होते हैं ॥२५०॥

पारावय - मोराणं, कंठ - सरिच्छेहि देह - वण्णेहिं ।
ते णिय-णिय-कक्खासुं, पंचम-कक्खासु वसह-पहुदीओ ॥२५१॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे पंचम कक्षामें स्थित वे वृषभादिक कबूतर एवं मयूरके कण्ठके सदृश देह-वर्णसे युक्त होते हैं ॥२५१॥

वर-पउमराय-बंधूय-कुसुम-संकास - देह - सोहिल्ला ।
ते णिय-णिय-कक्खासुं, वसहादिं छट्ठ-कक्ख-ठिदा ॥२५२॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे छठी कक्षामें स्थित वृषभादिक उत्तम पद्मराग मणि अथवा बन्धूक पुष्पके वर्ण सदृश शरीरसे शोभायमान होते हैं ॥२५२॥

---

१. ब. सरिच्छ । २. ब. तणू विविह ।

भिण्णिंदणील-वण्णा, सत्तम-कक्खट्ठिदा वसह-पहुदी ।
ते णिय-णिय-कक्खासुं, वर - मंडण - मंडिदायारा ॥२५३॥

अर्थ—अपनी-अपनी कक्षाओंमेंसे सप्तम कक्षामें स्थित वृषभादिक भिन्न इन्द्रनीलमणिके सदृश वर्ण वाले और उत्तम आभूषणोंसे मण्डित आकारसे युक्त होते हैं ॥२५३॥

प्रत्येक कक्षाके अन्तरालमें बजने वाले वादित्र—

सत्ताण[1] अणीयाणं, णिय-णिय-कक्खाण होंति विच्चाले ।
वर-पडह - संख - महस - काहल - पहुदीण पत्तेक्कं ॥२५४॥

अर्थ—सातों अनीकोंकी अपनी-अपनी कक्षाओंके अन्तरालमें उत्तम पटह, शङ्ख, मर्दल और काहल आदिमेंसे प्रत्येक होते हैं ॥२५४॥

वृषभादि सेनाओंकी शोभाका वर्णन—

संजंत-रयण-किंकिणि-मुहरा-मणि-कुसुम-दाम-रमणिज्जा ।
धुव्वंत - धय - पडाया, वर - चामर - छत्त-कंतिल्ला ॥२५५॥
रयणमया पत्तेक्का, वसह - तुरंगा रहा य हंवाणं ।
बहुविह - विगुव्वणाणं, वाहिज्जंताण सुर - कुमारेहिं ॥२५६॥

अर्थ—बहुविध विक्रिया करने वाले तथा सुर-कुमारों द्वारा चलाये जाते हुए वृषभ, तुरंग और रथादिक लटकती हुई रत्नमय क्षुद्र-घण्टिकाओं, मणियों एवं पुष्पोंकी मालाओंसे रमणीय; फहराती हुई ध्वजा-पताकाओंसे युक्त, उत्तम चँवर एवं छत्रसे कान्तिमान् और रत्नमय तथा सुखप्रद साजसे संयुक्त होते हैं ॥२५५-२५६॥

असि-मुसल-कणय-तोमर-कोदंड-प्पहुदि-विविह-सत्थकरा ।
ते सत्तसु कक्खासुं, पयादिणो दिव्व - रूवधरा ॥२५७॥

अर्थ—जो असि, मूसल, कनक, तोमर और धनुष आदि विविध शस्त्रोंको हाथमें धारण करने वाले हैं, वे सात कक्षाओंमें दिव्य रूपके धारक पदाति होते हैं ॥२५७॥

सव्वं[2] रिसहं संचार - सण्णिहा पंच-पंच-महुर-सरं ।
बहुवण्ण - चुवं णिसादं, पुह पुह गायंति गंधव्वा ॥२५८॥

---

१. द. क. ब. ठ सत्ताण य आणीया । २. ब. क. सं सहिसहं, ब. ब. ठ. सं वहिसहं ।

अर्थ—गन्धर्वदेव षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद, इन मधुर स्वरोंको पृथक्-पृथक् गाते हैं ॥२५८॥

वीणा-वेणु-रवमुहं, णाणाविह-ताल-करण-लय-जुत्तं ।
वाइज्जवि वादित्ते, गंधव्वेहिं मधुर - सद्दं ॥२५९॥

अर्थ—गन्धर्व देव नाना प्रकारकी ताल-क्रिया एवं लयसे संयुक्त (होकर) मधुर स्वरसे वीणा एवं बांसुरी आदि वादित्रोंको बजाते हैं ॥२५९॥

प्रत्येक कक्षाके नर्तक-देवोंके कार्य—

कंदप्प-राज - राजाहिराज-विज्जाहराण चरियाणं ।
णच्चंति णट्टुम - सुरा, णिच्चं पढमाए कक्खाए ॥२६०॥

अर्थ—प्रथम कक्षाके नर्तक देव नित्य ही कन्दर्प, (कामदेव) राजा, राजाधिराज और विद्याधरोंके चरित्रोंका अभिनय करते हैं ॥२६०॥

पुढवीपालाणं चरियं, सयलद्ध-महादि-मंडलीयाणं ।
बिदियाए कक्खाए, णच्चंते णच्चणा देवा ॥२६१॥

अर्थ—द्वितीय कक्षाके नर्तक देव अर्धमण्डलीक और महामण्डलीकादि पृथिवीपालकोंके चरित्रका अभिनय करते हैं ॥२६१॥

बलदेवाण हरीणं, पडिसत्तूणं विचित्त - चरिदाणि ।
तदियाए कक्खाए, वर - रस - भावेहिं णच्चंति ॥२६२॥

अर्थ—तृतीय कक्षाके नर्तक देव उत्तम रस एवं भावोंके साथ बलदेव, नारायण और प्रति-नारायणोंके अद्भुत चरित्रोंका अभिनय करते हैं ॥२६२॥

चोद्दस-रयण-णवणिं, णव-णिहि-सामीण चक्कवट्टीणं ।
अच्चरिय - चरिदाणि, णच्चंति चउत्थ - कक्खाए ॥२६३॥

अर्थ—चतुर्थ कक्षाके नर्तक देव चौदह रत्नोंके अधिपति और नव निधियोंके स्वामी ऐसे चक्रवर्तियोंके आश्चर्य-जनक चरित्रोंका अभिनय करते हैं ॥२६३॥

सव्वाण सुरिंदाणं, सलोयपालाण चारु - चरियाइं[1] ।
ते पंचम - कक्खाए, णच्चंति विचित्त - भंगीहिं ॥२६४॥

---

१. ब. क. चरियाणं ।

अर्थ—पंचम कक्षाके नर्तक देव लोकपालों सहित समस्त इन्द्रोंके सुन्दर चरित्रोंका विचित्र भंगिमाओंसे अभिनय करते हैं ॥२६४॥

गणहर-देवादीणं, विमल-गुणिंदाण विविह-रिद्धीणं ।
चरियाइं[1] विचित्ताइं, णच्चंते छट्ठ - कक्खाए ॥२६५॥

अर्थ—छठी कक्षाके नर्तकदेव विविध ऋद्धियोंके धारक गणधर आदि निर्मल मुनीन्द्रोंके अद्भुत चरित्रोंका अभिनय करते हैं ॥२६५॥

चोत्तीसाइ - सयाणं, बहुविह-कल्लाण-पाडिहेराणं ।
जिण - णाहाण चरित्तं, सत्तम - कक्खाए णच्चंति ॥२६६॥

अर्थ—सप्तम कक्षाके नर्तक देव चौंतीस अतिशयोंसे युक्त और बहुत प्रकारके मंगलमय प्रातिहार्योंसे संयुक्त जिननाथोंके चरित्रका अभिनय करते हैं ॥२६६॥

दिव्व-वर-देह-जुत्ता, वर-रयण-विभूसणेहि कयसोहा ।
ते णच्चंते णिच्चं, णिय - णिय - इंदाण अग्गेसुं ॥२६७॥

अर्थ—दिव्य एवं उत्तम देह सहित और उत्तम रत्न-विभूषणोंसे शोभायमान वे नर्तक देव नित्य ही अपने-अपने इन्द्रोंके आगे नाचते हैं ॥२६७॥

सत्तपदाणीयाओ, एदे इंदाण होंति पत्तेक्कं ।
अण्णा वि छत्त-चामर, पीढाणि य बहुविहा होंति ॥२६८॥

अर्थ—इसप्रकार प्रत्येक इन्द्रके सात-सात कक्षाओं वाली सेनाएँ होती हैं । इसके अतिरिक्त अन्य भी बहुत प्रकार छत्र, चँवर और पीठ (सिंहासन) होते हैं ॥२६८॥

सव्वाणि अणीयाणि, वसहाणीयस्स होंति सरिसाणि ।
वर - विविह - भूसणेहिं, विभूसिदंगाणि पत्तेक्कं ॥२६९॥

अर्थ—सब अनीकोंमेंसे प्रत्येक उत्तम विविध भूषणोंसे विभूषित शरीरवाले होते हुए वृषभानीकके सदृश हैं ॥२६९॥

सव्वाणि अणीयाणि, कक्खं पडि छत्तसं सहावेणं ।
पुव्वं व विकुव्वणए, सोयविणिच्छय-मुणी[2] भणइ ॥२७०॥

६०० । ४२०० । पाठान्तरम् ।

---

१. द. ब. उच्चरियं । २ द. ब. क. ज. ठ मुणि भणइं ।

अर्थ—प्रत्येक कक्षाको सब अनीकें स्वभावसे छह सौ (६००) और विक्रियाकी अपेक्षा पूर्वोक्त (६००×७=४२००) संख्याके समान हैं, ऐसा लोक विनिश्चय मुनि कहते हैं ॥२७०॥

पाठान्तर ।

वसहाणीयादीणं, पुह पुह चुलसीदि-लक्ख-परिमाणं ।
पढमाए कक्खाए, सेसासुं दुगुण - दुगुण - कमा ॥२७१॥
एवं सत्त - विहाणं, सत्ताणीयाण[1] होंति पत्तेक्कं ।
संगायणि[2] - आइरिया, एवं णियमा परूवेंति ॥२७२॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—प्रथम कक्षामें वृषभादिक अनीकोंका प्रमाण पृथक्-पृथक् चौरासी लाख है। शेष कक्षाओंमें क्रमशः इससे दूना-दूना है। इसप्रकार सातों अनीकोंमें प्रत्येकके सात-सात प्रकार हैं। ऐसा संगायणि-आचार्य नियमसे निरूपण करते हैं ॥२७१-२७२॥

सप्त अनीकोंके अधिपति देव—

सत्ताणीयाहिवई, जे देवा होंति दक्खिणिंदाणं ।
उत्तर[3] - इंदाण तहा, ताणं णामाणि वोच्छामि ॥२७३॥

अर्थ—दक्षिणेन्द्रों और उत्तरेन्द्रोंकी सात अनीकोंके जो अधिपति देव हैं उनके नाम कहते हैं ॥२७३॥

वसहेसु दामयट्ठी, तुरंगमेसुं हवेदि हरिदामो ।
तह मादली[4] रहेसुं, गजेसु एरावदो णाम ॥२७४॥
पाऊ पदाति - संघे, गंधव्वेसुं अरिट्ठसंका य ।
णीलंजस[5] त्ति देवी, णिक्खादा अट्ठमाणीया ॥२७५॥

अर्थ—वृषभोंमें दामयष्टि, तुरगोंमें हरिदाम, रथोंमें मातलि, गजोंमें ऐरावत, पदाति संघमें वायु, गन्धर्वोंमें अरिष्टशंका (अरिष्टयशस्क) और नर्तक अनीकमें नीलञ्जसा (नीलांजना) देवी, इसप्रकार सात अनीकोंमें ये महत्तर (प्रधान) देव विख्यात हैं ॥२७४-२७५॥

पीढाणीए वोच्छं, अहिवइ - देओ हवेदि हरिणामो ।
सेसाणीयवईणं, णामेसुं णत्थि उवएसो ॥२७६॥[6]

---

१. द. ब. क. ज. ठ. सत्ताधिवाण सत्ताणीयाणि । २. द. संगाइणि । ३. द. ब. क. ज. ठ. उत्तरिम । ४. ब. द. क. ज. ठ. मरुदली । ५. द. ब. क. नीलंजसो, ज. ठ. णलंजसो । ६. यह गाथा पाठान्तर प्रतीत होती है ।

अर्थ—दोनों (दक्षिणेन्द्र और उत्तरेन्द्र) की पीठानीक (अश्वसेना) का अधिपति हरि नामक देव होता है। शेष अनीकोंके अधिपतियोंके नामोंका उपदेश नहीं है ॥२७६॥

अभियोगाणं अहिवइ - देवो चेट्ठेदि दक्खिणिंदेसुं ।
वालक - णामो उत्तर - इंदेसुं पुप्फवंतो य ॥२७७॥

अर्थ—दक्षिणेन्द्रोंमें अभियोग देवोंका अधिपति बालक नामक देव और उत्तरेन्द्रोंमें इनका अधिपति पुष्पवन्त नामक देव होता है ॥२७७॥

वाहन देवगत ऐरावत हाथीका विवेचन—

सक्क-दुगम्मि य वाहण-देवा एरावद-णाम हत्थीणं ।
कुव्वंति विकिरियाओ, लक्खं उच्छेह-जोयणा दीहं ॥२७८॥

१००००० ।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रके वाहन देव विक्रियासे एक लाख (१०००००) उत्सेध योजन प्रमाण दीर्घ ऐरावत नामक हाथीकी रचना करते हैं ॥२७८॥

एदाणं बत्तीसं, होंति मुहा दिव्व-रयण-दाम-जुदा ।
पुह पुह घंटंत किंकिणि-कोलाहल-सद्द-कयसोहा ॥२७९॥

अर्थ—इनके दिव्य रत्न-मालाओंसे युक्त बत्तीस मुख होते हैं, जो घण्टिकाओंके कोलाहल शब्दसे शोभायमान होते हुए पृथक्-पृथक् शब्द करते हैं ॥२७९॥

एक्केक्क - मुहे चंचल-चंदुज्जल-चमर-चारु-रूवम्मि ।
चत्तारि होंति दंता, धवला वर-रयण-भर-खचिदा ॥२८०॥

अर्थ—चञ्चल एवं चन्द्रके सदृश उज्ज्वल चामरोंसे सुन्दर रूपवाले एक-एक मुखमें रत्नोंके समूहसे खचित धवल चार-चार दाँत होते हैं ॥२८०॥

एक्केक्कम्मि विसाणे, एक्केक्क-सरोवरे विमल-वारी ।
एक्केक्क - सरवरम्मि य, एक्केक्कं कमल-वर-संडा ॥२८१॥

अर्थ—एक-एक विषाण (हाथी दांत) पर निर्मल जलसे युक्त एक-एक सरोवर होता है। एक-एक सरोवरमें एक-एक उत्तम कमल-खण्ड (कमल उत्पन्न होनेका क्षेत्र) होता है ॥२८१॥

एक्केक्क-कमल-संडे, बत्तीस-विकस्सरा महापउमा ।
एक्केक्क - महापउमे, एक्केक्क - जोयण - पमाणेण ॥२८२॥

अर्थ—एक-एक कमल-खण्डमें विकसित बत्तीस महापद्म होते हैं और एक-एक महापद्म एक-एक योजन प्रमाण होता है ॥२८२॥

वर-कंचण-कयसोहा, वर-पउमा सुर-विकुव्वण-बलेणं ।
एक्केक्क - महापउमे, णाडय - साला य एक्केक्का ॥२८३॥

अर्थ—देवोंके विक्रिया-बलसे वे उत्तम पद्म उत्तम स्वर्णसे शोभायमान होते हैं। एक-एक महापद्मपर एक-एक नाटकशाला होती है ॥२८३॥

एक्केक्काए तीए, बत्तीस वरच्छरा पणच्चंति ।
एवं सत्ताणीया, णिद्दिट्ठा बारसिंदाणं ॥२८४॥

अर्थ—उस एक-एक नाटकशालामें उत्तम बत्तीस अप्सरायें नृत्य करती हैं। इसप्रकार बारह इन्द्रोंकी सात अनीकें (सेनाएं) कही गयी हैं ॥२८४॥

इन्द्रके परिवार देवोंके परिवार देवोंका प्रमाण—

पुह-पुह पइण्णयाणं, अभियोग-सुराण किब्बिसाणं च ।
संखातीद - पमाणं, भणिदं सव्वेसु इंदाणं ॥२८५॥

अर्थ—सभी (स्वर्गों) में इन्द्रोंके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषिक देवोंका पृथक्-पृथक् असंख्यात प्रमाण कहा गया है ॥२८५॥

पडिइंदाणं[1] सामाणियाण तेत्तीस - सुर-वराणं च ।
दस-भेदा परिवारा, णिय - इंद - समाण पत्तेक्कं ॥२८६॥

अर्थ—प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवोंमेंसे प्रत्येकके दस प्रकारके परिवार अपने इन्द्रके सदृश होते हैं ॥२८६॥

लोकपालोंके सामन्त देवोंका प्रमाण—

चत्तारि सहस्साणि, सक्कादि - दुगे विगिंद-सामंता ।
एक्कं चेव सहस्सं, सणक्कुमारादि - दोण्हं पि ॥२८७॥

४००० । १००० ।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रके लोकपालोंके चार हजार सामन्त (४०००) और सनत्कुमारादि दो के सामन्त देव एक-एक हजार ही होते हैं ॥२८७॥

---

१. प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवोंके दस-दस भेद कैसे सम्भव हो सकते हैं ?

पंच-चउ-तिय-दुगाणं, सयाणि [1]बम्हिंदवादिय-चउक्के ।
आणद[2] - पहुदि - चउक्के, पत्तेक्कं एक्क-एक्क-सयं ॥२८८॥

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

अर्थ—ब्रह्मेन्द्रादिक चारके सामन्त देव क्रमशः पाँच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ तथा आनतादिक चार इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके एक-एक सौ होते हैं ॥२८८॥

दक्षिणेन्द्रोंके लोकपालोंके पारिषद देवोंका प्रमाण—

एक्कास चउ-सयाणि, पंच-सयब्भंतरादि-परिसाओ ।
सोम-जमाणं भणिदा, पत्तेक्कं सयल-दक्खिणिंदेसु ॥२८९॥

५० । ४०० । ५०० ।

अर्थ—समस्त दक्षिणेन्द्रोंमें प्रत्येकके सोम एवं यम लोकपालके अभ्यन्तर पारिषद देव पचास (५०), मध्यम पारिषद देव चारसौ (४००) और बाह्य पारिषद देव पाँच सौ (५००) कहे गये हैं ॥२८९॥

सट्ठी पंच-सयाणि, छच्च सया साओ तिण्णि-परिसाओ ।
वरुणस्स कुबेरस्स य, सत्तरिया छस्सयाणि सत्त-सया ॥२९०॥

६० । ५०० । ६०० । ७० । ६०० । ७०० ।

अर्थ—वे तीनों पारिषद देव वरुणके साठ (६०), पाँच सौ (५००) और छह सौ (६००) तथा कुबेरके सत्तर (७०), छह सौ (६००) और सात सौ (७००) होते हैं ॥२९०॥

उत्तरेन्द्रोंके लोकपालोंके पारिषद देवोंका प्रमाण—

जा दक्खिणा-इंदाणं, कुबेर-वरुणस्स उत्थ तिण्णिसभा ।
कादव्व विवज्जासं, उत्तर - इंदाण सेस पुव्व वा ॥२९१॥

५० । ४०० । ५०० ॥ वरु ७० । ६०० । ७०० ॥ कुबे ६० । ५०० । ६०० ।

अर्थ—उन दक्षिणेन्द्रोंके कुबेर और वरुणके तीनों पारिषदोंका जो प्रमाण कहा है उससे उत्तरेन्द्रों (के कुबेर और वरुणके पारिषद देवोंके प्रमाण) का क्रम विपरीत है । शेष पूर्व के समान समझना चाहिए ॥२९१॥

---

१. द ब. क. ज. ठ. बम्हिंदवादिय । २. द. ब. क. ज. ठ. आरण ।

लोकपालोंके सामन्त देवोंके तीनों पारिषदोंका प्रमाण—

सव्वेसु दिगिंदाणं, सामंत-सुराण तिण्णि परिसाओ ।
णिय-णिय-दिगिंद-परिसा-सरिसाओ हवंति पत्तेक्कं ।।२९२।।

अर्थ—सब लोकपालोंके सामन्त देवोंके तीनों पारिषदोंमेंसे प्रत्येक अपने-अपने लोकपालके पारिषदोंके (प्रमाण) बराबर है ।।२९२।।

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

लोकपालोंके सामन्तोंका और देवोंके परिवार देवोंका प्रमाण—गा० २८७ से २९२

देवेन्द्र	कल्पों के नाम	लोकपालों के सामन्तों का प्रमाण गा० २८७-२८८	सोम लोकपाल एवं सोमके सामन्तों के			यम लोकपाल एवं यम के सामन्तों के			वरुण लोकपाल एवं वरुणके सामन्तों के			कुबेर लोकपाल एवं कुबेरके सामन्तों के		
			अभ्यन्तर पारिषद	मध्यम पा०	बाह्य पा०	अभ्यन्तर पा०	मध्यम पा०	बाह्य पा०	अभ्य. पा०	मध्यम पा०	बाह्य पा०	अभ्य. पा०	मध्यम पा०	बाह्य पा०
			४ पारिषद देव ५०-५० होते हैं।			४ पारिषद देव ५०-५० होते हैं।			४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।			४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।		
			देवियोंका उत्पत्तिके प्रथम अन्तर्मुहूर्तके भीतर अपने योग्य रूपादि होता है।			देवियोंका उत्पत्तिके प्रथम अन्तर्मुहूर्तके भीतर अपने योग्य रूपादि होता है।			देवियोंका उत्पत्तिके प्रथम अन्तर्मुहूर्तके भीतर अपने योग्य रूपादि होता है।				
			४ पारिषद देव ५०-५० होते हैं।	४ पारिषद देव ५००-५०० होते हैं।	४ पारिषद देव ५००-५०० होते हैं।	४ पारिषद देव ५०-५० होते हैं।	४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।	४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।	४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।			४ पारिषद ५००-५०० होते हैं।		
१	सौधर्म कल्प	४०००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
२	ईशान कल्प	४०००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
३	सनत्कुमार कल्प	२०००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
४	माहेन्द्र कल्प	१०००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
५	ब्रह्म कल्प	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
६	लान्तव कल्प	२५०	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
७	महाशुक्र कल्प	१२५	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
८	सहस्रार कल्प	६२	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
९	आनत कल्प	३१	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
१०	प्राणत कल्प	१५	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
११	आरण कल्प	७	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००
१२	अच्युत कल्प	३	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००	५०	५००	५००

लोकपालोंके अनीकादि परिवार देव—

सोमादि-दिग्गिदाणं, सत्ताणीयाणि होंति पत्तेक्कं ।
अट्ठावीस - सहस्सा, पढमे सेसेसु दुगुण - कमा ॥२९३॥

अर्थ—सोमादि लोकपालोंकी जो सात सेनाएँ होती हैं उनमें से प्रत्येक (सेनाको) प्रथम कक्षामें अट्ठाईस हजार (वृषभादि) हैं और शेष कक्षाओंमें द्विगुणित क्रम है ॥२९३॥

पंचत्तीसं सक्का, छप्पण्ण - सहस्सयाणि पत्तेक्कं ।
सोमादि - दिग्गिणाणं, हवेदि वसहादि - परिमाणं ॥२९४॥

३५५६००० ।

अर्थ—सोमादि लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके वृषभादिका प्रमाण पैंतीस लाख छप्पन हजार (२८०००×१२७=३५५६०००) है ॥२९४॥

दो-कोडीओ सत्तसा, अट्ठदाल सहस्सयाणि बावट्ठी ।
सत्ताणीय - पमाणं, पत्तेक्कं लोयपालाणं ॥२९५॥

२४८९२००० ।

अर्थ—लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सात अनीकोंका प्रमाण दो करोड़ अट्ठासीस लाख बानवें हजार (३५५६०००×७=२४८९२०००) है ॥२९५॥

जे अभियोग-पइण्णय-किब्बिसिया होंति लोयपालाणं ।
ताण पमाण - णिरूवण - उवएसा संपइ पणट्ठो ॥२९६॥

अर्थ—लोकपालोंके जो आभियोग्य, प्रकीर्णक और किल्बिषिक देव होते हैं उनके प्रमाणके निरूपणका उपदेश इससमय नष्ट हो गया है ॥२९६॥

लोकपालोंके विमानोंका प्रमाण—

छल्लक्खा छासट्ठी - सहस्सया छस्सयाणि छावट्ठी ।
सक्कस्स दिग्गिदाणं, विमाण - संखा य पत्तेक्कं ॥२९७॥

६६६६६६ ।

अर्थ—सौधर्मेन्द्रके लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके विमानोंकी संख्या छह लाख छयासठ हजार छह सौ छयासठ (६६६६६६) है ॥२९७॥

सेसु पहाण-विमाणा, सयंपहारिट्ठ - जलपहा णामा ।
वग्गूपहो य कमसो, सोमादिय - लोयपालाणं ॥२९८॥

अर्थ—उन विमानोंमें सोमादि लोकपालोंके क्रमशः स्वयंप्रभ, अरिष्ट, जलप्रभ और वल्गुप्रभ नामक प्रधान विमान हैं ॥२९८॥

इय-संखा-णामाणि, सणक्कुमारिंद - बम्ह - इंदेसुं ।
सोमादि - दिगिंदाणं, भणिदाणि वर - विमाणेसुं ॥२९९॥

६६६६६६ ।

अर्थ—सनत्कुमार और ब्रह्मेन्द्रके सोमादि लोकपालोंके उत्तम विमानोंकी भी यही (६६६६६६) संख्या और ये ही नाम कहे गये हैं ॥२९९॥

होदि हु सयंपहक्खं, वरजेट्ठसु - अंजणाणि वग्गू य ।
ताण पहाण - विमाणा, सेसेसुं दक्खिणिंदेसुं ॥३००॥

अर्थ—शेष दक्षिण इन्द्रोंमें स्वयम्प्रभ, वरज्येष्ठ, प्रञ्जन और वल्गु, ये उन लोकपालोंके प्रधान विमान होते हैं ॥३००॥

सोमं सव्वदभद्दा, सुभद्द-अमिदाणि[1] सोम-पहुदीणं ।
होंति पहाण - विमाणा, सव्वेसुं उत्तरिंदाणं ॥३०१॥

अर्थ—सब उत्तरेन्द्रोंके सोमादिक लोकपालोंके सोम (सम), सर्वतोभद्र, सुभद्र और अमित नामक प्रधान विमान होते हैं ॥३०१॥

ताणं विमाण-संखा-उवएसो अत्थि कालदोसेण ।
ते सव्वे वि दिगिंदा, तेसु विमाणेसु कीडंते ॥३०२॥

अर्थ—उन विमानोंकी संख्याका उपदेश कालवश इससमय नहीं है । ये सब लोकपाल उन विमानोंमें क्रीड़ा किया करते हैं ॥३०२॥

सोम-जमा सम-रिद्धी, वरुणो वि ते होंति दक्खिणिंदेसुं ।
तेसुं अहिओ वरुणो, वरुणादो होदि धणणाहो ॥३०३॥

अर्थ—दक्षिणेन्द्रोंके सोम और यम ये दोनों लोकपाल समान ऋद्धिवाले होते हैं । उनसे अधिक (ऋद्धि-सम्पन्न) वरुण और वरुणसे अधिक (ऋद्धि सम्पन्न) कुबेर होता है ॥३०३॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. अमिदाणि ।

सोम-जमा सम-रिद्धी, वोत्तिण्ण वि ते होंति उत्तरिंदाणं ।
तेसु कुबेरो अहिओ, हवेदि वरुणो कुबेरादो ॥३०४॥

अर्थ—उत्तरेन्द्रोंके वे दोनों सोम और यम समान ऋद्धिवाले होते हैं। उनसे अधिक ऋद्धि सम्पन्न कुबेर और कुबेरसे अधिक ऋद्धि सम्पन्न वरुण होता है ॥३०४॥

इन्द्रादिकी ज्येष्ठ एवं परिवार देवियां—

इंद - पडिंदादीणं, देवाणं जेट्ठियाओ देवीओ ।
जेट्ठंति तेत्तियाओ[1], वोच्छामो आणुपुव्वीए ॥३०५॥

अर्थ—इन्द्र और प्रतीन्द्रादिक देवोंके जितनी-जितनी देवियां होती हैं उनको अनुक्रमसे कहते हैं ॥३०५॥

एक्केक्क - दक्खिणिंदे, अट्ठट्ठ - हवंति जेट्ठ-देवीओ ।
पउमा-सिवा-सचीओ, अंजुकया - रोहिणी - नवमी ॥३०६॥
वल-णामा अच्चिणिया, ताओ सद्दिस-सरिस-णामाओ ।
एक्केक्क - उत्तरिंदे, तम्मेत्ता जेट्ठ - देवीओ ॥३०७॥
किण्हा य मेघराई, रामाणह-रामरक्खिदा वसुका ।
वसुमित्ता वसुधम्मा, वसुंधरा सव्व-इंद-सम-णामा ॥३०८॥

अर्थ—पद्मा, शिवा, शची, अञ्जुका, रोहिणी, नवमी, बलनामा और अर्चिनिका ये आठ ज्येष्ठ देवियां प्रत्येक दक्षिण इन्द्रके होती हैं। ये सब इन्द्रोंके सदृश नामवाली होती हैं। एक-एक उत्तर इन्द्रके भी इतनी (आठ) ही ज्येष्ठ देवियां होती हैं। (उनके नाम) कृष्णा, मेघराजी, रामापति, रामरक्षिता, वसुका, वसुमित्रा, वसुधर्मा और वसुन्धरा हैं। ये सब इन्द्रोंके, समान नामवाली होती हैं (अर्थात् सब इन्द्रों की देवियों के नाम यही हैं।) ॥३०६-३०८॥

सक्क-दुगम्मि सहस्सा, सोलस एक्केक्क-जेट्ठ-देवीओ ।
जेट्ठंति चारु - णिरुवम - रूवा[2] परिवार - देवीओ ॥३०९॥

१६०००।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रकी एक-एक ज्येष्ठ देवीके सुन्दर एवं निरुपम रूपवाली सोलह हजार (१६०००) परिवार-देवियां होती हैं ॥३०९॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. तेत्तियाणं। २. द. ब. क. ज. ठ. रूवाणं।

अट्ठ-चउ-दुग-सहस्सा, एक्क-सहस्सं सणक्कुमार-दुगे ।
बम्हम्मि लंतविदे, कमेण महसुक्क - इंदम्मि ॥३१०॥

८००० । ४००० । २००० । १००० ।

अर्थ—सनत्कुमार और माहेन्द्र, ब्रह्मेन्द्र, लान्तवेन्द्र तथा महाशुक्रेन्द्रकी एक-एक ज्येष्ठ देवीके क्रमशः आठ हजार, चार हजार, दो हजार और एक हजार परिवार-देवियाँ होती हैं ॥३१०॥

पंच - सया देवीओ, होंति सहस्सार - इंद - देवीणं ।
अड्ढाइज्ज - सयाणि, आणद - इंदादिय - चउक्के ॥३११॥

५०० । २५० ।

अर्थ—सहस्रार इन्द्रकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके पाँच सौ (५००) परिवार-देवियाँ और आनतेन्द्र आदिक चारकी प्रत्येक ज्येष्ठ देवीके अढ़ाई सौ (२५०) परिवार-देवियाँ होती हैं ॥३११॥

इन्द्रोंकी वल्लभा और परिवार-वल्लभा देवियाँ—

बत्तीस-सहस्साणि, सोहम्म-दुगम्मि होंति वल्लहिया ।
पत्तेक्कमड[1] - सहस्सा, सणक्कुमारिंद - दुगलम्मि ॥३१२॥

३२००० । ३२००० । ८००० । ८००० ।

अर्थ—सौधर्मद्विक (सौधर्म और ईशान) में प्रत्येक इन्द्रके बत्तीस हजार (३२०००) और सनत्कुमार आदि दो (सनत्कुमार और माहेन्द्र इन दो) इन्द्रोंमें प्रत्येकके आठ (आठ) हजार वल्लभा देवियाँ होती हैं ॥३१२॥

बम्हिंदे दु - सहस्सा, पंच - सयाणि च लंतविंदम्मि ।
अड्ढाइज्ज - सयाणि, हवंति महसुक्क - इंदम्मि ॥३१३॥

२००० । ५०० । २५० ।

अर्थ—ब्रह्मेन्द्रके दो हजार (२०००), लान्तवेन्द्रके पाँच सौ (५००) और महाशुक्रेन्द्रके अढ़ाई सौ (२५०) वल्लभा-देवियाँ होती हैं ॥३१३॥

पणुवीस-जुदेक्क-सयं, होंति सहस्सार-इंद-वल्लहिया ।
आणद - पाणद - आरण - अच्चुद - इंदाण तेसट्ठी ॥३१४॥

१२५ । ६३ ।

---

१. ब. ज. क. ब. ठ. मट्ठ ।

अर्थ—सहस्रार इन्द्रके एक सौ पच्चीस (१२५) और आनत-प्राणत-आरण-अच्युत इन्द्रोंके तिरेसठ (६३-६३) वल्लभा देवियाँ होती हैं ॥३१४॥

परिवार-वल्लभाओ, सक्काओ दुगस्स जेट्ठ-देवीओ ।
णिय-सम[1]-विकुव्वणाओ, पत्तेक्कं सोलस - सहस्सा ॥३१५॥

१६००० ।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रकी परिवार-वल्लभाओं और ज्येष्ठ देवियोंमें प्रत्येक अपने समान सोलह हजार (१६०००) प्रमाण विक्रिया करनेमें समर्थ है ॥३१५॥

तत्तो दुगुणं दुगुणं, ताओ णिय-तणु-विकुव्वणकराओ ।
आणद - इंद - चउक्कं, आव कमेणं पवत्तव्वो ॥३१६॥

३२००० । ६४००० । १२८००० । २५६००० । ५१२००० । १०२४००० ।

अर्थ—इसके आगे आनत आदि चार इन्द्रों पर्यन्त वे ज्येष्ठ देवियाँ क्रमशः इससे दूने प्रमाण अपने-अपने शरीरकी विक्रिया करनेवाली हैं, ऐसा क्रमशः कहना चाहिए ॥३१६॥

सब इन्द्रोंकी प्राणवल्लभाओंके नाम—

विणयसिरि-कणयमाला-पउमा-गंदा-सुसीम-जिणदत्ता ।
एक्केक्क - दक्खिणिंदे, एक्केक्का पाण - वल्लहिया ॥३१७॥

अर्थ—एक-एक दक्षिणेन्द्रके विनयश्री, कनकमाला, पद्मा, नन्दा, सुसीमा और जिनदत्ता, इसप्रकार एक-एक प्राणवल्लभा होती है ॥३१७॥

एक्केक्क - उत्तरिंदे, एक्केक्का होदि हेममाला य ।
णीलुप्पल-विस्सुदया, णंदा-वंदलक्खणाओ जिणदासी ॥३१८॥

अर्थ—हेममाला, नीलोत्पला, विश्रुता, नन्दा, वंशलक्षणा और जिनदासी, इसप्रकार एक-एक उत्तरेन्द्रके एक-एक प्राणवल्लभा होती है ॥३१८॥

सयलिंद - वल्लभाणं, चत्तारि महत्तरीओ पत्तेक्कं ।
कामा कामिणिआओ, पंकयगंधा अलंबुसा - णामा ॥३१९॥

अर्थ—सब इन्द्रोंकी वल्लभाओंमेंसे प्रत्येकके कामा, कामिनिका, पंकजगन्धा और अलंबूषा नामक चार महत्तरी (गणिका महत्तरी) होती हैं ॥३१९॥

---

१. ब. समय ।

इन्द्रों की देवियों का प्रमाण—

क्रमांक	इन्द्रों के नाम	ज्येष्ठ देवियों गा० ३०६-३०८	ज्येष्ठ देवियों की विक्रिया का प्रमाण गा० ३१५-३१६	ज्येष्ठ देवियों को परिवार देवियां गा० ३०९-३११	वल्लभाएँ गा० ३१२-३१४	वल्लभा देवियों की विक्रिया का प्रमाण गा० ३१५-३१६	प्राण वल्लभा गा० ३१७-३१८	महत्तरी देवियाँ गा० ३१९	योगफल
१	सौधर्म	८	१२८०००	१२८०००	३२०००	५१२०००००	१	४	५१२२८८०१२
२	ईशान	८	१२८०००	१२८०००	३२०००	५१२०००००	१	४	५१२२८८०१२
३	सनत्कु०	८	२५६०००	६४०००	८०००	२५६०००००	१	४	२५६३२८०१२
४	माहेन्द्र	८	२५६०००	६४०००	८०००	२५६०००००	१	४	२५६३२८०१३
५	ब्रह्म	८	५१२०००	३२०००	२०००	१२८०००००	१	४	१२८५४६०१३
६	लान्तव	८	१०२४०००	१६०००	५००	६४०००००	१	४	६५०४०५१३
७	महाशुक्र	८	२०४८०००	८०००	२५०	६४०००००	१	४	६६०५६२६३
८	सहस्रार	८	४०९६०००	४०००	१२५	६४०००००	१	४	६८१००१३८
९	आनत	८	८१९२०००	२०००	६३	६४५१२०००	१	४	७२७०६०७६
१०	प्राणत	८	८१९२०००	२०००	६३	६४५१२०००	१	४	७२७०६०७६
११	आरण	८	८१९२०००	२०००	६३	६४५१२०००	१	४	७२७०६०७६
१२	अच्युत	८	८१९२०००	२०००	६३	६४५१२०००	१	४	७२७०६०७६

प्रतीन्द्रादिक तीन की देवियाँ—

पडिइंदादि[1]-तियस्स य, णिय-णिय इंदेहि सरिस-देवीओ।
संखाए णामेहिं, विकिरिया - रिद्धि चत्तारि ॥३२०॥

अर्थ—प्रतीन्द्रादिक तीन (प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश) की देवियाँ संख्या, नाम, विक्रिया और ऋद्धि, इन चार (बातों) में अपने-अपने इन्द्र (की देवियों) के सदृश हैं ॥३२०॥

लोकपालोंकी देवियाँ—

आदिम-दो-जुगलेसुं, बम्हादिसु चउसु आणद-चउक्के।
विण्णिद - जेट्ठ - देवीओ होंति चत्तारि चत्तारि ॥३२१॥

अर्थ—आदिके दो युगल, ब्रह्मादिक चार युगल और आनत आदि चारमें लोकपालोंकी ज्येष्ठ देवियाँ चार-चार होती हैं ॥३२१॥

तप्परिवारा कमसो, चउ-एक्क-सहस्समाणि पंच-सया।
अड्ढाइज्ज - सयाणि, तद्दल - तेसट्ठि - बत्तीसं ॥३२२॥

४००० । १००० । ५०० । २५० । १२५ । ६३ । ३२ ।

अर्थ—उनके परिवारका प्रमाण क्रमसः चार हजार, एक हजार, पाँच सौ, अढ़ाई सौ, इसका आधा अर्थात् एक सौ पच्चीस, तिरेसठ और बत्तीस है ॥३२२॥

विब्बम-लावण्णाओ, वर-विविह-विभूसणाओ पत्तेक्कं।
अड्ढाइज्ज - कोडिमेत्ता, वल्लहिया लोयपालाणं ॥३२३॥

२५०००००० ।

अर्थ—प्रत्येक लोकपालके अनुपम लावण्यसे युक्त और विविध भूषणोंवाली ऐसी साढ़े तीन करोड़ (३५०००००) वल्लभाएँ होती हैं ॥३२३॥

लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सामानिक देवोंकी देवियाँ—

सामाणिय-देवीओ, सव्व - दिगिंदाण होंति पत्तेक्कं।
णिय-णिय-दिगिंद-देवी, समाण - संखाओ सव्वाओ ॥३२४॥

अर्थ—सब लोकपालोंमेंसे प्रत्येकके सामानिक देवोंकी सब देवियाँ अपने-अपने लोकपालोंकी देवियोंके सदृश संख्यावाली हैं ॥३२४॥

---

१. ब. ज. प, ब, म, क. पडिइंदातितियस्स य।

इन्द्रोंमें तनुरक्षक और पारिषद देवोंकी देवियाँ—

सव्वेसुं इंदेसुं, तणुरक्ख - सुराण होंति देवीओ ।
पुह छस्सयमेत्ताणि, णिरुवम - लावण्ण - रूवाओ ॥३२५॥

६०० ।

अर्थ—सब इन्द्रोंमें तनुरक्षकदेवोंकी अनुपम लावण्यरूपवाली देवियाँ पृथक्-पृथक् छह सौ (६००) प्रमाण होती हैं ॥३२५॥

आदिम-दो-जुगलेसुं, बम्हादिसु चउसु आणद-चउक्के ।
पुह - पुह सब्भिंतराणं, अब्भंतर - परिस - देवीओ ॥३२६॥
पंच-सय-चउ-सयाणि, ति-सया दो-सयाणि एक्क-सयं ।
पण्णासं पणुवीसं, कमेण एदाण णादव्वा ॥३२७॥

५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० । २५ ।

अर्थ—आदिके दो युगल, ब्रह्मादिक चार युगल और आनतादिक चारमें सब इन्द्रोंके अभ्यन्तर पारिषद-देवियाँ क्रमशः पृथक्-पृथक् पाँच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ, पचास और पच्चीस जानना चाहिए ॥३२६-३२७॥

छप्पंच-चउ-सयाणि, तिग-दुग-एक्क-सयाणि पण्णासा ।
पुव्वोदिद - ठाणेसुं, मज्झिम - परिसाए देवीओ ॥३२८॥

६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० । ५० ।

अर्थ—पूर्वोक्त स्थानोंमें मध्यम पारिषद देवियाँ क्रमशः छह सौ, पाँच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ और पचास हैं ॥३२८॥

सत्त-छ-पंच-चउ-तिय-दुग-एक्क-सयाणि पुव्व-ठाणेसुं ।
सब्भिंतराणं होंति हु, बाहिर - परिसाए देवीओ ॥३२९॥

७०० । ६०० । ५०० । ४०० । ३०० । २०० । १०० ।

अर्थ—पूर्वोक्त स्थानोंमें सब इन्द्रोंके बाह्य-पारिषद देवियाँ क्रमशः सात सौ, छह सौ, पाँच सौ, चार सौ, तीन सौ, दो सौ और एक सौ हैं ॥३२९॥

अनीक देवोंकी देवियाँ—

सत्ताणीय - पहूणं, पुह पुह देवीओ छस्सया होंति ।
दोण्णि सया पत्तेक्कं, देवीओ अणीय - देवाणं ॥३३०॥

६०० । २०० ।

अर्थ—सात अनीकोंके प्रभुओंके पृथक्-पृथक् छह सौ (६००) और प्रत्येक अनीकदेवके दो सौ (२००) देवियाँ होती हैं ॥३३०॥

आभो पइण्णयाणं, अभियोग-सुराण किब्बिसाणं च ।
देवीओ ताण संखा, उवएसो संपह पणट्ठो ॥३३१॥

अर्थ—प्रकीर्णक, आभियोग्य देव और किल्विषिक देवोंकी जो देवियाँ हैं उनकी संख्याका उपदेश इससमय नष्ट हो गया है ॥३३१॥

तणुरक्ख-प्पहुदीणं, पुह - पुह एक्केक्क-जेट्ठ-देवीओ ।
एक्केक्का वल्लहिया, विविहालंकार - कंतिल्ला ॥३३२॥

अर्थ—तनुरक्षक आदि देवोंके पृथक्-पृथक् विविध अलङ्कारोंसे शोभायमान एक-एक ज्येष्ठ देवी और एक-एक वल्लभा होती है ॥३३२॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

वैमानिक इन्द्रोंके परिवार देवोंकी देवियोंका प्रमाण—

क्रमांक	परिवार देव	देवी का पद	— कल्प इन्द्रों के नाम —											
			सौधर्म	ईशान	सनत्कु०	माहेन्द्र	ब्रह्म	लान्तव	महाशुक्र	सहस्रार	आनत	प्राणत	आरण	अच्युत
१	प्रतीन्द्र	—	—	→	अपने	इन्द्र	की	देवियों	सदृश	देवियाँ हैं	—	→	—	—
२	सामानिक	—	—	→	—	,,	,,	,,	,,	,,	—	→	—	—
३	त्रायस्त्रिंश	—	—	→	-	,,	,,	,,	,,	,,	—	→	—	—
४	प्रत्येक लोकपाल के	ज्येष्ठ	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
		परिवार	४०००	४०००	१०००	१०००	५००	२५०	१२५	६३	३२	३२	३२	३२
		वल्लभा	—	—	→	प्रत्येक	लोक	पाल की	३५०००	०००	देवियाँ	हैं	—	—
५	सब लोकपालोंके सामा० देवोंकी	—	—	—	अपने	अपने	लोक	पाल की	देवियों	प्रमाण	—	—	—	—
६	इन्द्रोंके प्रत्येक तनुरक्षकके	परिवार	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००
		ज्येष्ठ	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१
		वल्ल०	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१
७	अभ्यन्तर पारिषद	×	६००	६००	५००	५००	४००	३००	२००	१५०	२५	२५	२५	२५
८	मध्यम पारिषद	×	६००	६००	५००	५००	४००	३००	२००	१००	५०	५०	५०	५०
९	बाह्य पारिषद	×	७००	७००	६००	६००	५००	४००	३००	२००	१००	१००	१००	१००
१०	प्रधान अनीक की	×	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००	६००
११	साधारण अनीक की	×	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००	२००
१२	प्रकीर्णकों की	—	—	—	→	उपदेश		नष्ट	—	—	→	—	—	—
१३	आभियोग्यों की	—	—	—	→	,,		,,	—	—	→	—	—	—
१४	किल्बिषिकों की	—	—	—	→	,,		,,	—	—	→	—	—	—

देवियोंकी उत्पत्तिका विधान—

सोहम्मीसाणेसुं, उप्पज्जंते हु सव्व - देवीओ ।
उवरिम - कप्पे ताणं, उप्पत्ती णत्थि कइया वि ॥२३३॥

अर्थ—सब देवियाँ सौधर्म और ईशान कल्पोंमें ही उत्पन्न होती हैं, इससे उपरिम कल्पोंमें उनकी उत्पत्ति कदापि नहीं होती ॥२३३॥

छल्लक्खाणि विमाणा, सोहम्मे दक्खिणिंद-सव्वाणं ।
ईसाणे चउ - लक्खा, उत्तर - इंदाण य विमाणा ॥२३४॥

६००००० । ४००००० ।

अर्थ—सब दक्षिणेन्द्रोंके सौधर्मकल्पमें छह लाख (६०००००) विमान और उत्तरेन्द्रोंके ईशानकल्पमें चार लाख (४०००००) विमान हैं ॥२३४॥

तेसुं उप्पण्णाओ, देवीओ चिन्ह - ओहिणाणेहिं ।
आदूणं णिय-कप्पे, णेंति हु देवा सराग - मणा ॥२३५॥

अर्थ—उन कल्पोंमें उत्पन्न हुई देवियोंके चिह्न अवधिज्ञानसे जानकर सराग मनवाले देव अपने-अपने कल्पमें ले आते हैं ॥२३५॥

सोहम्मम्मि विमाणा, सेसा छव्वीस-लक्ख-संखा जे ।
तेसुं उप्पज्जंते, देवा देवीहि सम्मिस्सा ॥२३६॥

अर्थ—सौधर्मकल्पमें जो शेष छब्बीस लाख विमान हैं, उनमें देवियों सहित देव उत्पन्न होते हैं ॥२३६॥

ईसाणम्मि विमाणा, सेसा चउवीस-लक्ख-संखा जे ।
तेसुं उप्पज्जंते, देवीओ देव - मिस्साओ ॥२३७॥

अर्थ—ईशानकल्पमें जो शेष चौबीस लाख विमान हैं, उनमें देवोंसे युक्त देवियाँ उत्पन्न होती हैं ॥२३७॥

विशेषार्थ—आरण (१६ वें) स्वर्ग पर्यन्त दक्षिण कल्पोंकी समस्त देवांगनाएँ सौधर्म कल्पमें उत्पन्न होती हैं और अच्युत (१६ वें) कल्प पर्यन्त उत्तर कल्पोंकी समस्त देवांगनाएँ ईशान कल्पमें ही उत्पन्न होती हैं। उत्पत्तिके बाद उपरिम कल्पोंके देव अवधिज्ञान द्वारा उनके चिह्नोंको जानकर अपनी-अपनी नियोगिनी देवांगनाओंको अपने-अपने स्थान पर ले जाते हैं। सौधर्मकल्पमें कुल ३२ लाख विमान हैं, जिसमेंसे ६००००० (छह लाख) में मात्र देवांगनाओंकी उत्पत्ति होती है और शेष

२६ लाख विमानोंमें संमिश्र अर्थात् देव और देवियाँ दोनों उत्पन्न होते हैं। इसीप्रकार ईशान कल्पके २८ लाख विमानोंमेंसे ४००००० विमानोंमें मात्र देवांगनाओंको और शेष २४ लाख विमानोंमें दोनों की उत्पत्ति होती है।

सौधर्मादि कल्पोंमें प्रवीचारका विधान—

सोहम्मीसाणेसुं, देवा सव्वे वि काय - पडिचारा।
होंति हु सणक्कुमार-प्पहुदि-दुगे फास - पडिचारा ॥३३८॥

अर्थ - सौधर्म और ईशान कल्पोंमें सब ही देव काय-प्रवीचार सहित और सनत्कुमार आदि दो (सनत्कुमार-माहेन्द्र) कल्पोंमें स्पर्श-प्रवीचार युक्त होते हैं ॥३३८॥

बम्हाहिधाण-कप्पे, संतव-कप्पम्मि रूव - पडिचारा।
कप्पम्मि महासुक्के, सहस्सयारम्मि सद्द-पडिचारा ॥३३९॥

अर्थ—ब्रह्म नामक कल्पमें तथा लान्तव कल्पमें रूप प्रवीचार युक्त और महाशुक्र एवं सहस्रार कल्पमें शब्द-प्रवीचार युक्त होते हैं ॥३३९॥

आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-कप्पेसु चित्त-पडिचारा।
एत्तो सव्विंदाणं, आवास - विहिं परूवेमो ॥३४०॥

अर्थ—आनत, प्राणत, आरण और अच्युत, इन कल्पोंमें देव चित्त-प्रवीचार युक्त होते हैं। यहाँसे आगे सब इन्द्रोंको आवास-विधि कहते हैं ॥३४०॥

विशेषार्थ—काम सेवन को प्रवीचार कहते हैं। सौधर्मैशान कल्पोंके देव अपनी देवांगनाओं के साथ मनुष्योंके सदृश कामसेवन करके अपनी इच्छा शान्त करते हैं। सनत्कुमार-माहेन्द्र कल्पोंके देव देवांगनाओंके स्पर्श मात्रसे अपनी काम पीड़ा शान्त करते हैं। ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर और लान्तव-कापिष्ठ कल्पोंके देव देवांगनाओंके रूपावलोकन मात्रसे अपनी काम पीड़ा शान्त करते हैं। इसीप्रकार महाशुक्र और सहस्रार कल्पोंके देव देवांगनाओंके गीतादि शब्दोंको सुनकर तथा आनतादि चार कल्पोंके देव चित्तमें देवांगनाका विचार करते ही काम वेदनासे रहित हो जाते हैं। इससे ऊपरके सब देव प्रवीचार रहित हैं।


इन्द्रोंके निवास-स्थानोंका निर्देश—

पढमादु एक्कतीसे, पभ-णाम-अवत्त दक्खिणोसीए।
बत्तीस - सेढिबद्धे, अट्ठारसमम्मि सोहवे सक्को ॥३४१॥

अर्थ—प्रथमसे इकतीसवें प्रभ-नामक इन्द्रककी दक्षिण श्रेणीमें बत्तीस श्रेणीबद्धोंमेंसे अठारहवें श्रेणीबद्ध विमानमें सौधर्म इन्द्र स्थित है ॥३४१॥

तस्सिंदयस्स उत्तर - दिसाए बत्तीस - सेढिबद्धेसुं ।
अट्ठारसमे सेढ्ठवि, इंदो ईसाण - णामो य ॥३४२॥

अर्थ—इसी इन्द्रककी उत्तर दिशाके बत्तीस श्रेणीबद्धोंमेंसे अठारहवें श्रेणीबद्ध विमानमें ईशान नामक इन्द्र स्थित है (चित्र इसप्रकार है) ॥३४२॥



पढमादु अट्ठतीसे, दक्खिण-पंतीए चक्क - णामस्स ।
पणुवीस - सेढिबद्धे, सोलसमे तह सणक्कुमारिंदो ॥३४३॥

अर्थ—पहलेसे अड़तीसवें चक्र नामक इन्द्रककी दक्षिण पंक्तिमें पच्चीस श्रेणीबद्धोंमेंसे सोलहवें श्रेणीबद्ध विमानमें सानत्कुमार इन्द्र स्थित है ॥३४३॥

तस्सिंदयस्स उत्तर - दिसाए पणुवीस-सेढिबद्धम्मि ।
सोलसम - सेढिबद्धे, चेट्ठेदि माहिंद - णामिंदो ॥३४४॥

अर्थ—इस इन्द्रककी उत्तरदिशामें पच्चीस श्रेणीबद्धोंमेंसे सोलहवें श्रेणीबद्धमें माहेन्द्र नामक इन्द्र स्थित है ॥३४४॥

बम्हुत्तरस्स दक्खिण-दिसाए इगिवीस - सेढिबद्धेसुं ।
चोद्दसम - सेढिबद्धे, चेट्ठेदि हु बम्ह - कप्पिंदो ॥३४५॥

अर्थ—(पहलेसे बियालीसवें) ब्रह्मोत्तर नामक इन्द्रक की दक्षिण दिशामें इक्कीस श्रेणीबद्धोंमेंसे चौदहवें श्रेणीबद्ध विमानमें ब्रह्म कल्पका इन्द्र स्थित है ॥३४५॥

लंतव-इंदय-दक्खिण-दिसाए बीसाए[1] सेढीबद्धेसुं ।
बारसम - सेढिबद्धे, चेट्ठदि हु लंतवदिवो वि ॥३४६॥

अर्थ—(पहलेसे चवालीसवें) लान्तव नामक इन्द्रककी दक्षिण दिशामें बीस श्रेणीबद्धोंमेंसे बारहवें श्रेणीबद्ध विमानमें लान्तव इन्द्र स्थित है ॥३४६॥

महसुक्किंदय-उत्तर-दिसाए अट्ठरस - सेढिबद्धेसुं ।
दसमम्मि सेढिबद्धे, वसइ महासुक्क - णामिंदो ॥३४७॥

अर्थ—(पहलेसे पैंतालीसवें) महाशुक्र नामक इन्द्रककी उत्तर दिशामें अठारह श्रेणीबद्धों मेंसे दसवें श्रेणीबद्ध विमानमें महाशुक्र नामक इन्द्र निवास करता है ॥३४७॥

होदि सहस्सारुत्तर - दिसाए सत्तरस - सेढिबद्धेसुं ।
अट्ठमए सेढिबद्धे, वसइ सहस्सार - णामिंदो ॥३४८॥

अर्थ—(पहलेसे सैंतालीसवें) सहस्रार नामक इन्द्रककी उत्तर दिशामें सत्तरह श्रेणीबद्धों मेंसे आठवें श्रेणीबद्ध विमानमें सहस्रार नामक इन्द्र निवास करता है ॥३४८॥

जिणदिट्ठ-णाम-इंदय-दक्खिण-पंतीए सेढिबद्धेसुं ।
छट्ठम - सेढीबद्धे, आणद - णामिंद - आवासो ॥३४९॥

अर्थ—जिनेन्द्र द्वारा देखे गये नामवाले इन्द्रककी दक्षिण-पंक्तिके श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें आनत नामक इन्द्रका निवास है ॥३४९॥

तस्सिंदयस्स उत्तर - दिसाए तस्संख - सेढिबद्धेसुं ।
छट्ठम - सेढीबद्धे, पाणद - णामिंद - आवासो ॥३५०॥

अर्थ—इस इन्द्रककी उत्तर दिशामें उतनी ही संख्या प्रमाण श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्धमें प्राणत नामक इन्द्रका निवास है ॥३५०॥

आरण-इंदय-दक्खिण-दिसाए एक्करस-सेढिबद्धेसुं ।
छट्ठम - सेढीबद्धे, आरण - इंदस्स आवासो ॥३५१॥

अर्थ—आरण इन्द्रककी दक्षिण दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्ध विमानमें आरण इन्द्रका आवास है ॥३५१॥

---

१. बीस के स्थान पर १९ श्रेणीबद्धोंमेंसे होना चाहिए ।

अच्चुद-इंदय-उत्तर-दिसाए एक्कारस - सेढिबद्धेसुं ।
छट्ठम - सेढीबद्धे, अच्चुद - इंदस्स आवासो ॥३५२॥

अर्थ—अच्युत इन्द्रककी उत्तर दिशाके ग्यारह श्रेणीबद्धोंमेंसे छठे श्रेणीबद्ध विमानमें अच्युत इन्द्रका निवास है ॥३५२॥

विशेषार्थ—प्रथम ऋतुविमानकी प्रत्येक दिशामें ६२ श्रेणीबद्ध विमान हैं, प्रत्येक इन्द्रक प्रति प्रत्येक दिशामें एक-एक श्रेणीबद्ध विमान हीन होता है। प्रथम इन्द्रकमें हानि नहीं है अतः प्रथम कल्पके अन्तिम प्रभ इन्द्रककी एक दिशामें ३२ श्रेणीबद्ध विमान प्राप्त होंगे उनमेंसे १८ वें श्रेणीबद्ध विमानमें अर्थात् सौधर्म-ईशान कल्पके अंतिम इन्द्रक सम्बन्धी दक्षिण दिशागत श्रेणीबद्ध विमानोंमेंसे १८ वें श्रेणीबद्धमें सौधर्मेन्द्र और उत्तर दिशा सम्बन्धी ३२ श्रेणीबद्धोंमेंसे १८ वें श्रेणीबद्धमें ईशानेन्द्र निवास करते हैं। इसीप्रकार आगे भी जानना चाहिए। यथा—

क्रम	कल्प नाम	इन्द्रक संख्या	एक दिशागत श्रेणीबद्ध	प्रत्येक इन्द्रक प्रति हीन होते हुए श्रेणीबद्ध विमानों की संख्या	अन्तिम इन्द्रक सम्बन्धी श्रेणीबद्ध	इन्द्रके निवास सम्बन्धी श्रेणीबद्धों की संख्या
१	सौधर्म कल्प	३१	६२	६१,६०,५९,५८,५७,५६,५५ ...१४,१३	३२ मेंसे	१८ वें में
२	ईशान कल्प	०	६२	— ,, — ,, — ,, —	३२ मेंसे	१८ वें में
३	सनत्कुमार	७	३१	३०, २९, २८, २७, २६	२५ मेंसे	१६ वें में
४	माहेन्द्र	०	३१	— ,, — ,, —	,, - ,,	१६ वें में
५	ब्रह्म	४	२४	२३ २२	२१ मेंसे	१४ वें में
६	लान्तव	२	२०	[गा० ३४६ में २० मेंसे लिया है]	१९ ,,	१२ वें में
७	महाशुक्र	१	१८		१८ ,,	१० वें में
८	सहस्रार	१	१७		१७ ,,	८ वें में
९	आनत	—	—	गा० ३४९-५० में इन दोनों कल्पों संख्या आदि नहीं कही गई है।	—	६ वें में
१०	प्राणत					६ वें में
११	आरण		१६	१५ — १४ — १३ — १२	११ ,,	६ वें में
१२	अच्युत		१६		११ ,,	६ वें में

सम्बुगल - सेसएसुं, अट्ठारसमम्मि सेढिबद्धेसुं ।
दो-हीण-कमं दक्खिण-उत्तर-भागेसु होंति वेविदा ॥३५३॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ— छह युगलों और शेष कल्पोंमें यथाक्रमसे प्रथम युगलमें अपने अन्तिम इन्द्रकसे सम्बद्ध अठारहवें श्रेणीबद्धमें तथा इससे आगे दो हीन क्रमसे अर्थात् सोलहवें, चौदहवें, बारहवें, दसवें, आठवें और छठे श्रेणीबद्धमें दक्षिण भागमें दक्षिण इन्द्र और उत्तर भागमें उत्तर इन्द्र स्थित हैं ॥३५३॥

पाठान्तर ।

श्रेणियों एवं उनके मध्य स्थित नगरोंके प्रमाण आदिका निर्देश—

एदाणं सेढीओ, [1]पत्तेक्कमसंख - जोयण - पमाणा ।
रविमंडल-सम-वट्टा, णाणावर - रयण - णियरमया ॥३५४॥

अर्थ—सूर्यमण्डलके सदृश गोल और नाना उत्तम रत्नसमूहोंसे निर्मित इनकी श्रेणियोंमेंसे प्रत्येक (श्रेणी) असंख्यात योजन प्रमाण है ॥३५४॥

तेसुं तड-वेदीओ, कणयमया होंति विविह-धय-माला ।
चरिवट्टालय-चारु, वर - तोरण - सुंदर - दुवारा ॥३५५॥

अर्थ—उनमें मार्गों एवं अट्टालिकाओंसे सुन्दर, उत्तम तोरणोंसे युक्त सुन्दर द्वारोंवाली और विविध ध्वजा-समूहोंसे युक्त स्वर्णमय तट-वेदियाँ हैं ॥३५५॥

दारोवरिम-तलेसुं, जिणभवणेहिं विचित्त - रूवेहिं ।
उत्तुंग - तोरणेहिं, सविसेसं सोहमाणाओ ॥३५६॥

अर्थ—द्वारोंके उपरिम तलोंपर उन्नत तोरणों सहित और अद्भुत रूपवाले जिन-भवनोंसे ये वेदियाँ विशेष शोभायमान हैं ॥३५६॥

एवं वण्णिदवासं, सेढीणं होंति तास बहुमज्झे ।
णिय-णिय-णाम-जुदाइं, सक्क - पहुदीण णयराइं ॥३५७॥

अर्थ—इसप्रकार वर्णित उन श्रेणियोंके बहुमध्य भागमें अपने-अपने नामसे युक्त सौधर्म इन्द्र आदिके नगर हैं ॥३५७॥

---

१. द. ब. क. ठ. पत्तेक्कसंखेज्ज ।

चुलसीदी-सीदीओ, बाहत्तरि - सत्तरीओ सट्ठी य ।
पण्णास-चाल-तीसा, बीस सहस्साणि जोयणया ॥३५८॥

८४००० । ८००० । ७२००० । ७०००० । ६०००० । ५०००० ।
४०००० । ३०००० । २०००० ।

सोहम्मिंदादीणं, अट्ठ - सुरिंदाण सेस - इंदाणं ।
रायंगणस्स बासो, पत्तेक्कं एस भावव्वो ॥३५९॥

अर्थ—सौधर्मादि आठ सुरेन्द्रों और शेष इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके राजाङ्गणका यह विस्तार क्रमशः चौरासी हजार (८४०००), अस्सी हजार (८००००), बहत्तर हजार (७२०००), सत्तर हजार (७००००), साठ हजार (६००००), पचास हजार (५००००), चालीस हजार (४००००), तीस हजार (३००००) और बीस हजार (२००००) जानना चाहिए ॥३५८-३५९॥

रायंगण - भूमीए, समंतदो दिव्व-कणय-तड-वेदी ।
वरियट्टालय-बाह, अणेग - विचित्त - रयणमाला ॥३६०॥

अर्थ—राजाङ्गण भूमिके चारों ओर दिव्य सुवर्णमय तट-वेदी है । यह वेदी मार्ग एवं अट्टालिकाओंसे सुन्दर तथा नाचती हुई विचित्र रत्नमालाओंसे युक्त है ॥३६०॥

प्राकारका उत्सेध आदि—

सक्क-दुगे तिण्णि-सया, पढमाइच्चा-सयाणि उवरि-दुगे ।
अंतिमये दोण्णि - सया, आदिम - पायार - उच्चेहो ॥३६१॥

३०० । २५० । २०० ।

अर्थ—शक्र-द्विक अर्थात् सौधर्म और ईशान इन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध तीन सौ (३००), उपरि-द्विक अर्थात् सानत्कुमार और माहेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध अढ़ाई सौ (२५०) तथा ब्रह्मेन्द्रके आदिम प्राकारका उत्सेध दो सौ (२००) योजन है ॥३६१॥

पण्णास-अधेक्क-सया, बीसब्भहियं सयं सयं मुद्धं ।
सो संतविंद-तिदए, असीदि पत्तेक्क-आणदादिम्मि ॥३६२॥

१५० । १२० । १०० । ८० ।

अर्थ—सान्तवेन्द्रादिक तीन (सान्तवेन्द्र, महाशुक्रेन्द्र और सहस्रारेन्द्र) के आदिम प्राकारोंका उत्सेध-प्रमाण क्रमशः एक सौ पचास (१५०), एक सौ बीस (१२०) और केवल सौ (१००) योजन है । प्रत्येक आनतेन्द्रादिके राजाङ्गणका उत्सेध अस्सी (८०) योजन प्रमाण है ॥३६२॥

पण्णासं पणुवीसं, तस्सद्धं तद्दलं च चत्तारि ।
तिण्णि य अद्धट्ठाइज्जं, ओयणया तह कमे गाढं ॥३६३॥

५० । २५ $\frac{1}{2}$ । १२ $\frac{1}{2}$ । ६ $\frac{1}{4}$ । ४ । ३ । २ $\frac{1}{2}$ ।

अर्थ—उपर्युक्त आदिम प्राकारका अवगाढ (नींव) क्रमशः पचास, पच्चीस, उसका आधा (१२$\frac{1}{2}$ यो०), उसका भी आधा (६$\frac{1}{4}$ यो०), चार, तीन और अढ़ाई (२$\frac{1}{2}$) योजन प्रमाण है ॥३६३॥

जं गाढस्स पमाणं, तं चिय बहलत्तणं पि णादव्वं ।
आदिम - पायारस्स य, कमसोयं पुव्व - ठाणेसुं ॥३६४॥

अर्थ—पूर्वोक्त स्थानोंमें जो आदिम प्राकारके अवगाढका प्रमाण है, वही क्रमशः उसका बाहल्य भी जानना चाहिए ॥३६४॥

गोपुर द्वारोंका प्रमाण आदि—

सक्क-दुगे चत्तारो, तह तिण्णि सणक्कुमार-इंद-दुगे ।
बम्हिंदे दोण्णि सया, आदिम-पायार-गोउर-दुवारं ॥३६५॥

४०० । ३०० । २००

इगिसट्ठी अहिय-सयं, चालीसुत्तर-सयं सयं वीसं ।
ते लंतवादि - तिये, सयमेक्कं आणदादि - इंदेसु ॥३६६॥

[1]१६१ । १४० । १२० । १०० ।

अर्थ—आदिम प्राकारोंके गोपुर-द्वार सौधर्मैशानमें चार-चार सौ (४००), सानत्कुमार-माहेन्द्रमें तीन-तीन सौ (३००), ब्रह्मकल्पमें दो सौ (२००), लान्तवकल्पमें एक सौ इकसठ (१६१), महाशुक्रमें एक सौ चालीस (१४०), सहस्रारमें एक सौ बीस (१२०) और आनत आदि इन्द्रोंमें एक-एक सौ (१००-१००) हैं ॥३६५-३६६॥

चत्तारि तिण्णि दोण्णि य, सयाणि सयमेक्क सट्ठि-संजुत्तं ।
चालीस - जुदेक्क - सयं, वीसब्भहियं सयं एक्कं ॥३६७॥

४०० । ३०० । २०० । १६० । १४० । १२० । १०० ।

नोट—गा० ३६७ के अनुसार गा० ३६६ में १६१ के स्थान पर प्रमाण १६० ही होना चाहिए।

एवाह जोयणाइं, गोउर-दाराण होइ उच्छेहो ।
सोहम्म - प्पहुदीसुं, पुव्वोदिद - सत्त - ठाणेसुं ॥३६८॥

अर्थ—सौधर्मादि पूर्वोक्त सात स्थानोंमें गोपुर-द्वारोंका उत्सेध क्रमशः चार सौ, तीन सौ, दो सौ, एक सौ साठ, एक सौ चालीस, एक सौ बीस और एक सौ योजन प्रमाण है ॥३६७-३६८॥

एक्क-सय-गाउदि-सीदी-सत्तरि-पण्णास-चास-तीस-कमा ।
जोयणया वित्थारो, गोउर - दाराण पत्तेक्कं ॥३६९॥

१०० । ९० । ८० । ७० । ५० । ४० । ३० ।

अर्थ—उपर्युक्त स्थानोंमें गोपुर-द्वारोंमेंसे प्रत्येकका विस्तार क्रमशः एकसौ, नब्बे, अस्सी, सत्तर, पचास, चालीस और तीस योजन प्रमाण है ॥३६९॥

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

क्रमांक	स्थानोंके नाम	राजांगणोंका (नगरों का) विस्तार गा० ३५८-३५९	प्राकारों (कोट) का विवरण			गोपुर द्वारोंका प्रमाणादि		
			उत्सेध गा. ३६१-३६२	अवगाढ़ (नींव) गा० ३६३	बाहल्य गा० ३६४	प्रमाण गा० ३६५-३६६	उत्सेध गा० ३६७-३६८	विस्तार गा० ३६९
१	सौधर्म	८४०००० योजन	३०० यो०	५० योजन	५० योजन	४००	४०० योजन	१०० यो०
२	ईशान	८०००० ,,	३०० ,,	५० ,,	५० ,,	४००	४०० ,,	१०० ,,
३	सानत्कुमार	७२०००० ,,	२५० ,,	२५ ,,	२५ ,,	३००	३०० ,,	९० ,,
४	माहेन्द्र	७०००० ,,	२५० ,,	२५ ,,	२५ ,,	३००	३०० ,,	९० ,,
५	ब्रह्म	६०००० ,,	२०० ,,	१२½ ,,	१२½ ,,	२००	२०० ,,	८० ,,
६	लान्तव	५०००० ,,	१५० ,,	६¼ ,,	६¼ ,,	१६१	१६० ,,	७० ,,
७	महाशुक्र	४०००० ,,	१२० ,,	४ ,,	४ ,,	१४०	१४० ,,	५० ,,
८	सहस्रार	३०००० ,,	१०० ,,	३ ,,	३ ,,	१२०	१२० ,,	४० ,,
९	आनतादि ४	२०००० ,,	८० ,,	२½ ,,	२½ ,,	१००	१०० ,,	३० ,,

राजांगणके मध्य स्थित प्रासादोंका विवेचन—

रायंगण - बहुमज्झे, एक्केक्क-पहाण-दिव्व-पासादा ।
एक्केक्कस्सि इंदे, णिय-णिय-इंदाण णाम - समा ॥३७०॥

अर्थ—राजांगणके बहुमध्य भागमें एक-एक इन्द्रका अपने-अपने नामके सदृश एक-एक प्रधान दिव्य प्रासाद है ॥३७०॥

झुव्वंत-धय-वडाया, मुत्ताहल-हेम-दाम-कमणिज्जा ।
वर-रयण-मत्तवारण-णाणाविह-सालभंजियाभरणा ॥३७१॥
विप्पंत-रयण-दीवा, वज्ज-कवाडेहिं सुंदर-दुवारा ।
दिव्व-वर-धूव-सुरही, सेज्जासण-पहुदि-परिपुण्णा ॥३७२॥
सत्तट्ठ-णव-दसविध-विचित्त-भूमीहिं भूसिदा सव्वे ।
बहुरयण - रयण - खचिदा, सोहंते सासय - सरूवा ॥३७३॥

अर्थ—सब प्रासाद फहराती हुई ध्वजा पताकाओं सहित मुक्ताफलों एवं सुवर्णकी मालाओंसे रमणीक, उत्तम रत्नमय मत्तवारणोंसे संयुक्त, आभरण युक्त नाना प्रकारकी पुतलियों सहित, चमकते हुए रत्न-दीपकोंसे सुशोभित, वज्रमय कपाटोंसे, सुन्दर द्वारोंवाले, दिव्य उत्तम धूपसे सुगन्धित, शय्या एवं आसन आदिसे परिपूर्ण और सात, आठ, नौ तथा दस आदि अद्भुत भूमियोंसे भूषित हैं। शाश्वत स्वरूपसे युक्त ये प्रासाद नाना रत्नोंसे खचित होते हुए शोभायमान हैं ॥३७१-३७३॥

प्रासादोंके उत्सेधादिका कथन—

छस्सय-पंच-सयाणि, पणुत्तर-अउ-सयाणि उच्छेहो ।
एदाणं सक्क - दुगे, दु[1]-इंद-जुगलम्मि बम्हिंदे[2] ॥३७४॥

६०० । ५०० । ४००

चत्तारि-सय पणुत्तर-तिण्णि-सया केवला य तिण्णि सया ।
सो संतंबिंद-तिदए, आणद - पहुदीसु दु-सय-पण्णासा ॥३७५॥

४०० । ३५० । ३०० । २५० ।

अर्थ—सौधर्मेशान (सौधर्म और ऐशान), सानत्कुमार-माहेन्द्र युगल और ब्रह्मेन्द्रके इन प्रासादोंका उत्सेध क्रमशः छह सौ (६००), पाँच सौ (५००) और चार सौ पचास (४५०) योजन प्रमाण

---

१. द. ब. ब. ठ. दुइंदजुगलम्मि, क. दुदजुगलम्मि । २. द. बम्हिंदे वा ।

है। वह प्रासादोंका उत्सेध लान्तवेन्द्र आदि तीनके क्रमशः चार सौ (४००) तीन सौ पचास (३५०) और केवल तीन सौ (३००) तथा आनतेन्द्र आदिकोंके दो सौ पचास (२५०) योजन प्रमाण है ॥३७४-३७५॥

एदाणं वित्थारा, णिय-णिय-उच्छेह-पंचम-विभागा।
वित्थारद्धं बाहं, पत्तेक्कं सव्व - पासादे ॥३७६॥

अर्थ—इन प्रासादोंका विस्तार अपने-अपने उत्सेधके पाँचवें भाग (१२०, १०० ९०, ८०, ७०, ६० और ५० योजन) प्रमाण है तथा प्रत्येक प्रासादका अवगाह विस्तारसे आधा (६०, ५०, ४५, ४०, ३५, ३० और २५ योजन प्रमाण) है ॥३७६॥

सिंहासन एवं इन्द्रोंका कथन—

पासादाणं मज्झे, सपाद - पीढा [1]अकट्टिमायारा।
सिंहासणा विसाला, वर - रयणमया विरायंति ॥३७७॥

अर्थ—प्रासादोंके मध्यमें पादपीठ सहित, अकृत्रिम, विशाल आकारवाले और उत्तम रत्नमय सिंहासन विराजमान हैं ॥३७७॥

सिंहासणाण सोहा, जा एदाणं विचित्त - रूवाणं।
ण य सक्का वोत्तुं [2]मे, पुण्ण-फलं[3] एत्थ पच्चक्खं ॥३७८॥

अर्थ—अद्भुत रूपवाले इन सिंहासनोंकी जो शोभा है, उसका कथन करनेमें मैं समर्थ नहीं हूँ। यहाँ पुण्यका फल प्रत्यक्ष है ॥३७८॥

सिंहासणमारूढा, सोलस-वर - भूसणेहि सोहिल्ला।
सम्मत्त - रयण - सुद्धा, सव्वे इंदा विरायंति ॥३७९॥

अर्थ—सिंहासनपर आरूढ, सोलह उत्तम आभूषणोंसे शोभायमान और सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे शुद्ध सब इन्द्र विराजमान हैं ॥३७९॥

पुव्वज्जिदाहि सुचरिद - कोडीहि संचिदाए लच्छीए।
सक्कादीणं उवमा, का दिज्जइ विदियमाणाए ॥३८०॥

अर्थ—पूर्वोपार्जित करोड़ों सुचरित्रोंसे प्राप्त हुई शक्रादिकोंकी अनुपम लक्ष्मीको कौन सी उपमा दी जाय ? ॥३८०॥

---

१. ब. अ. क. ज. ठ. अकट्टिमायार। २. द. क. क. ज. ठ. मे। ३. द. य. क. ज. ठ पदं।

देवीहिं परिवेहि, सामाणिय - पहुदि-देव - संघेहि ।
सेविज्जंते णिच्चं, इंदा वर - छत्त - चमर-धारीहि ॥३८१॥

अर्थ—उत्तम छत्रों एवं चमरोंको धारण करनेवाली देवियों, प्रतीन्द्रों और सामानिक आदि देव-समूहोंके द्वारा इन्द्रोंकी नित्य ही सेवा की जाती है ॥३८१॥

प्रत्येक इन्द्रकी समस्त देवियोंका प्रमाण—

सट्ठि-सहस्सब्भहियं, एक्कं लक्खं हवंति पत्तेक्कं ।
सोहम्मीसाणिंदे, अट्ठट्ठगा अग्ग - देवीओ ॥३८२॥

१६०००।८।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके एक लाख साठ हजार (१६००००) देवियाँ तथा आठ अग्र-देवियाँ होती हैं ॥३८२॥

विशेषार्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रोंमेंसे प्रत्येक इन्द्रकी अग्र देवियाँ ८ हैं और वल्लभा ३२००० हैं तथा प्रत्येक अग्र देवीकी १६००० परिवार देवियाँ होती हैं। इसप्रकार सौधर्म अथवा ईशान इन्द्रकी समस्त देवियाँ—१६००००=(८ × १६०००) + ३२००० हैं।

इसीप्रकार सर्वत्र जानना चाहिए।

अग्ग-महिसीओ अट्ठं माहिंद-सणक्कुमार-इंदाणं ।
बाहत्तरि सहस्सा, देवीओ होंति पत्तेक्कं ॥३८३॥

८।७२०००।

अर्थ—सानत्कुमार और माहेन्द्र इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्र-महिषियाँ तथा बहत्तर हजार (७२०००) देवियाँ होती हैं ॥३८३॥

७२०००=(अग्र० ८ × ८००० परिवार देवियाँ) + ८००० वल्लभा।

अग्ग-महिसीओ अट्ठ य, चोत्तीस-सहस्सयाणि देवीओ ।
णिरुवम - लावण्णाओ, सोहंते बम्ह - कप्पिंदे ॥३८४॥

८।३४०००।

अर्थ—ब्रह्मकल्पेन्द्रके अनुपम लावण्यवाली आठ अग्र-महिषियाँ और चौंतीस हजार (३४०००) देवियाँ शोभायमान हैं ॥३८४॥

३४०००=(अग्र० ८ × ४००० परिवार देवियाँ) + २००० वल्लभा।

सोलस-सहस्स-पण-सय-देवीओ अट्ठ अग्ग-महिसीओ ।
लंतव - इंदम्मि पुढं, णिरुवम - रूवाओ रेहंति ॥३८५॥

८ । १६५०० ।

अर्थ – लान्तवेन्द्रके अनुपम रूपवाली सोलह हजार पाँच सौ (१६५००) देवियाँ और आठ अग्र-महिषियाँ शोभायमान हैं ॥३८५॥

१६५००=(अग्र० ८ × २००० परिवार देवियाँ) + ५०० वल्लभा ।

अट्ठ-सहस्सा दु-सया, पण्णब्भहिया हुवंति देवीओ ।
अग्ग-महिसीओ अट्ठ य, रूवसा महसुक्क - इंदम्मि ॥३८६॥

८ । ८२५० ।

अर्थ—महाशुक्र इन्द्रके आठ हजार दो सौ पचास (८२५०) देवियाँ और आठ अग्र महिषियाँ होती हैं ॥३८६॥

८२५०=(अग्र० ८ × १००० परिवार देवियाँ)+२५० वल्लभा ।

चत्तारि-सहस्साइं, एक्क-सयं पंचवीस - अब्भहियं ।
देवीओ अट्ठ जेट्ठा, होंति सहस्सार - इंदम्मि ॥३८७॥

८ । ४१२५ ।

अर्थ – सहस्रार इन्द्रके चार हजार एक सौ पच्चीस (४१२५) देवियाँ और आठ ज्येष्ठ देवियाँ होती हैं ॥३८७॥

४१२५=(अग्र० ८ × ५०० परिवार देवियाँ)+१२५ वल्लभा ।

आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-इंदेसु अट्ठ जेट्ठाओ ।
पत्तेक्कं दु - सहस्सा, तेसट्ठी होंति देवीओ ॥३८८॥

८ । २०६३ ।

अर्थ—आनत, प्राणत, आरण और अच्युत इन्द्रोंमेंसे प्रत्येकके आठ अग्र-महिषियाँ और दो हजार तिरेसठ (२०६३) देवियाँ होती हैं ॥३८८॥

२०६३=(अग्र० ८ × २५० परिवार देवियाँ)+६३ वल्लभा ।

मतान्तरसे सौधर्मेन्द्रकी देवियोंका प्रमाण—

छं-अट्ठ-महट्ठ-चुग-दुगि-अट्ठय-छस्सत्त-सचक - देवीओ ।
लोयविणिच्छि - अंथे, हुवंति सेसेसु पुव्वं व ॥३८९॥

७६८१२८००० ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—शून्य, शून्य, शून्य, आठ, दो, एक, आठ, छह और सात, इन अंकोंके प्रमाण सौधर्म इन्द्रके (७६८१२८०००) देवियाँ होती हैं। शेष इन्द्रोंमें देवियोंका प्रमाण पहलेके ही सदृश है, ऐसा लोकविनिश्चय ग्रन्थमें निर्दिष्ट है ॥३८९॥

पाठान्तर।

मतान्तरसे सौधर्मेन्द्रकी देवियोंका प्रमाण—

सगवीसं कोडीओ, सोहम्मिंदेसु होंति देवीओ।
पुव्वं पि च सेसेसुं, संगाहणियम्मि णिद्दिट्ठं ॥३९०॥

पाठान्तरम्।

२७०००००००।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके सत्तावीस करोड़ (२७००००००००) और शेष इन्द्रोंके पूर्वोक्त संख्या प्रमाण देवियाँ होती हैं, ऐसा संग्रहणिमें निर्दिष्ट है ॥३९०॥

इन्द्रोंकी सेवा-विधि—

माया-विवज्जिदाओ, बहु-रदि-करणेसु णिउण-बुद्धीओ।
ओसग्गंते णिच्चं, णिय - णिय - इंदाण चलणाइं ॥३९१॥

अर्थ—मायासे रहित और बहुत अनुराग करनेमें निपुण बुद्धिवाली वे देवियाँ नित्य अपने-अपने इन्द्रोंके चरणोंकी सेवा करती हैं ॥३९१॥

अब्भंतर-चिलाद-खुज्जय-कम्मंतिय-दास-दासि-पहुदीओ।
अंतउर - जोग्गाओ, चेट्ठंति विचित्त - वेसाओ ॥३९२॥

अर्थ—अन्तःपुरके योग्य बर्बर, किरात, कुब्जक, कर्मान्तिक और दास-दासी आदि अनेक प्रकारके (विचित्र) वेषों से युक्त स्थित रहते हैं ॥३९२॥

इंदाणं [1]अत्थाणे, पीढाणीयस्स अहिवई देवा।
रयणासणाणि देंति हु, सपाद - पीढाणि बहुगाणि ॥३९३॥

अर्थ— -इन्द्रों के आस्थान में पीठानीक के अधिपति देव पादपीठ सहित बहुत से रत्नमय आसन देते हैं ॥३९३॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. अत्थाणं।

जं जस्स ओग्गमुच्चं, णिच्चं णियडं विदूरभासणयं ।
तं[1] तस्स देंति देवा, आसूणं सू - विभागाइं ॥३९४॥

अर्थ— —स्थान के विभागों को जानकर जो जिसके योग्य होता है, देव उसे वैसा ही ऊँचा या नीचा तथा निकटवर्ती अथवा दूरवर्ती आसन देते हैं ॥३९४॥

वर-रयण-दंड-हत्था, पडिहारा होंति इंद-अट्ठाणे ।
पत्थावमपत्थावं, [2]ओलग्गंताण घोसंति ॥३९५॥

अर्थ—इन्द्रके आस्थान (सभा) में उत्तम रत्नदण्डको हाथमें लिए हुए जो द्वारपाल होते हैं वे सेवकोंके लिए प्रस्तुत एवं अप्रस्तुत कार्यकी घोषणा करते हैं ॥३९५॥

अवरे वि सुरा सेसि, णाणाविह-पेसणाणि कुव्वमाणा ।
इंदाण भत्ति - भरिदा, आणं सिरसा पडिच्छंति ॥३९६॥

अर्थ—उनके नानाप्रकारके कार्योंको करनेवाले भक्तिसे भरे हुए इतर देव भी उन इन्द्रोंकी आज्ञाको शिरसे ग्रहण करते हैं ॥३९६॥

पडिइंदादी देवा, णिब्भर - भत्तीए णिच्चमोलग्गं ।
अभिमुह - ठिदा सभाए, णिय-णिय-इंदाण कुव्वंति ॥३९७॥

अर्थ—प्रतीन्द्रादिक देव अत्यन्त भक्तिसे सभामें अभिमुख स्थित होकर अपने-अपने इन्द्रोंकी नित्य सेवा करते हैं ॥३९७॥

पुव्वं ओलग्ग-सभा, सक्कीसाण जारिसा भणिदा ।
तारिसया सव्वाणं, णिय - णिय - णयरेसु इंदाणं ॥३९८॥

अर्थ—पूर्वमें सौधर्म और ईशान इन्द्रकी जैसी ओलग्गसभा (सेवकशाला) कही है, वैसी अपने-अपने नगरोंमें सब इन्द्रोंके होती है ॥३९८॥

प्रधान प्रासादके अतिरिक्त इन्द्रोंके अन्य चार प्रासाद—

इंद-प्पहाण-पासाद-पुव्व-विभाग-पहुवि - संठाणा ।
चत्तारो पासादा, पुव्वोदिद - वण्णणोहि जुदा ॥३९९॥

अर्थ—इन्द्रोंके प्रधान प्रासादके पूर्व-दिशाभाग-आदिमें स्थित और पूर्वोक्त वर्णनोंसे युक्त चार प्रासाद (और) होते हैं ॥३९९॥

---

१ क. तं तस्स देवाणा काडूणं । २. द. ब. क. ज. ठ. ओलग्गताणं ठ ।

वेरुलिय-रजद-लोका, मिसयकसारं च दक्खिणिंदेसुं ।
रुचकं मंदर - लोका, सत्तच्छदयं च उत्तरिंदेसुं ॥४००॥

अर्थ—दक्षिण इन्द्रोंमें वैडूर्य, रजत, प्रलोक और मृषत्कसार तथा उत्तर इन्द्रोंमें रुचक, मन्दर प्रलोक और सप्तच्छद, ये चार प्रासाद होते हैं ॥४००॥

इन्द्र-प्रासादोंके आगे स्थित स्तम्भोंका वर्णन—

सक्कीसाण-गिहाणं, पुरदो छत्तीस - जोयणुच्छेहा ।
जोयण-बहला-खंभा,[1] बारस-धारा[2] हुवंति वज्जमया ॥४०१॥

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रके प्रासादोंके आगे छत्तीस योजन ऊँचे और एक योजन बाहल्य सहित वज्रमय बारह धाराओंवाले खम्भा (स्तम्भ) होते हैं ॥४०१॥

पत्तेक्क धाराणं,[3] वासो एक्केक्क - कोस[4]-परिमाणं ।
माणत्थंभ[5] - सरिच्छं, सेसत्थंभाण वण्णणयं ॥४०२॥

अर्थ—उन धाराओंमें प्रत्येक धाराका व्यास एक-एक कोस प्रमाण है। स्तम्भोंका शेष वर्णन मानस्तम्भोंके सदृश है ॥४०२॥

भरहेरावद-मूगद - तित्थयर - बालयाणाभरणाणं[6] ।
वर - रयण - करंडेहिं, लंबंतेहिं विरायंते ॥४०३॥

अर्थ—(ये स्तम्भ) भरत और ऐरावत भूमिके तीर्थंकर बालकोंके आभरणोंके लटकते हुए उत्तम रत्नमय पिटारोंसे विराजमान हैं ॥४०३॥

मूलाबो उवरि-तले, पुह पुह पणुवीस-कोस-परिमाणा ।
गंतूणं सिहराबो, तेत्तियमोदरिय होंति हु करंडा ॥४०४॥

२५ । २५ ।

अर्थ—(स्तम्भोंके) मूलसे उपरिम तलमें पृथक्-पृथक् पच्चीस कोस (६¼ यो०) प्रमाण जाकर और शिखरसे इतने (२५ कोस) ही उतर कर ये करण्ड (पिटारे) होते हैं ॥४०४॥

पंच-सय-चाव-तुंगा, पत्तेक्कं एक्क-कोस-वीहल्ला ।
ते होंति वर - करंडा, णाणा-वर-रयण-रासिमया ॥४०५॥

---

१. द. क्रमा। २. द. ब. क. ज. ठ. धारा। ३. द. ब. क. ज. ठ. धाराणं। ४. ब. कोसा। ५. द ब. क. ज. ठ. माणत्थं भ। ६. द. ब. क. ज ठ बालयाणाभरणाणं।

५०० । को १ ।

अर्थ—अनेक उत्तम रत्नोंकी राशि स्वरूप उन श्रेष्ठ करण्डोंमेंसे प्रत्येक पाँच सौ (५००) धनुष विस्तृत और एक कोस लम्बा होता है ॥४०५॥

ते संकेज्जा सव्वे, लंबंता रयण - सिक्क - जालेसुं ।
सक्कादि-पूजणिज्जा, अणादिणिहणा महा - रम्मा ॥४०६॥

अर्थ—रत्नमय सींकोंके समूहोंमें लटकते हुए वे सब संख्यात करण्ड शक्रादिसे पूजनीय, अनादि-निधन और महा रमणीय होते हैं ॥४०६॥

आभरणा पुव्वावर-विदेह-तित्थयर-बालयाणं च ।
थंभोवरि चेट्ठंते, भवणेसु सणक्कुमार - जुगलस्स ॥४०७॥

अर्थ—सनत्कुमार और माहेन्द्रके भवनोंमें स्तम्भों पर पूर्व एवं पश्चिम विदेह सम्बंधी तीर्थंकर बालकोंके आभरण स्थित होते हैं ॥४०७॥

विशेषार्थ—स्तम्भोंकी ऊँचाई ३६ योजन है। इनमें मूलसे ६½ योजन पर्यन्त उपरिम भागमें और शिखरसे ६½ यो० नीचेके भागमें करण्ड नहीं हैं। प्रत्येक करण्ड २००० धनुष (१ कोस) विस्तृत और ५०० धनुष (¼ कोस) लम्बा है। ये रत्नमयी सींकोंपर लटकते हैं। सौधर्मकल्पमें स्थित स्तम्भ पर स्थापित करण्डोंके आभरण भरतक्षेत्र सम्बन्धी बाल तीर्थंकरोंके लिए हैं। ईशान कल्प स्थित स्तम्भपर स्थापित करण्डोंके आभरण ऐरावतक्षेत्र सम्बंधी बाल तीर्थंकरोंके लिए हैं। इसीप्रकार सानत्कुमार कल्पगत पूर्वविदेह क्षेत्र सम्बन्धी बाल-तीर्थंकरों के लिये और माहेन्द्र कल्पगत करण्डोंके आभरण पश्चिम विदेह क्षेत्र सम्बंधी बाल-तीर्थंकरोंके लिए होते हैं।

इन्द्र-भवनोंके सामने न्यग्रोध वृक्ष—

सयलिंद - मंदिराणं, पुरदो णग्गोह - पायवा होंति ।
एक्केक्कं पुढविमया, पुव्वोदिद-जंबु - दुम - सरिसा ॥४०८॥

अर्थ—समस्त इन्द्र-प्रासादों (या भवनों) के आगे न्यग्रोध वृक्ष होते हैं। इनमें एक-एक वृक्ष पृथिवी स्वरूप और पूर्वोक्त जम्बू वृक्षके सदृश होता है ॥४०८॥

तम्मूले एक्केक्का, जिणिंद-पडिमा य पडिदिसं होंति ।
सक्कादि-णमिद-चलणा, सुमरण-मेत्ते वि दुरिद-हरा ॥४०९॥

अर्थ—इसके मूलमें प्रत्येक दिशामें एक-एक जिनेन्द्र-प्रतिमा होती है। जिसके चरणोंमें इन्द्र आदिक प्रणाम करते हैं तथा जो स्मरण मात्रसे ही पापको हरनेवाली है ॥४०९॥

सुधर्मा सभा—

सक्कस्स मंदिरादो, ईसाण-दिसे सुधम्म-णाम-सभा ।
ति-सहस्स-कोस-उदया, चउ-सय-दीहा तदद्ध-वित्थारा ॥४१०॥

३००० । ४०० । २०० ।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके भवनसे ईशान दिशामें तीन हजार (३०००) कोस ऊँची, चार सौ (४००) कोस लम्बी और इससे आधे अर्थात् २०० कोस विस्तारवाली सुधर्मा नामक सभा है ॥४१०॥

नोट—सुधर्मासभाकी ऊँचाई ३०० कोस होनी चाहिए, क्योंकि अकृत्रिम मापोंमें ऊँचाई का प्रमाण प्रायः लम्बाई+चौड़ाई होता है ।
२

तिये दुवारुच्छेहा, कोसा चउसट्ठि तद्दलं रुंदो ।
सेसाओ वण्णणाओ, सक्क - प्पासाद - सरिसाओ ॥४११॥

६४ । ३२ ।

अर्थ—सुधर्मा सभाके द्वारोंकी ऊँचाई चौंसठ (६४) कोस और विस्तार इससे आधा अर्थात् ३२ कोस है । शेष वर्णन सौधर्म इन्द्रके प्रासाद सदृश है ॥४११॥

रम्माए सुधम्माए, विविह-विणोदेहि कीडदे सक्को ।
बहुविह-परिवार-जुदो, भुंजंतो विविह-सोक्खाणि ॥४१२॥

अर्थ—इस रमणीय सुधर्मा सभामें बहुत प्रकारके परिवारसे युक्त सौधर्म इन्द्र विविध सुखोंको भोगता हुआ अनेक विनोदोंसे क्रीड़ा करता है ॥४१२॥

उपपाद सभा—

तत्थेसाण-दिसाए, उववाद-सभा हुवेदि पुव्व-समा ।
दिप्पंत[1]-रयण - सेज्जा, विण्णास-विसेस-सोहिल्ला ॥४१३॥

अर्थ—वहाँ ईशान दिशामें पूर्वके सदृश उपपाद सभा है । यह सभा देदीप्यमान रत्न-शय्याओं सहित विन्यास-विशेषसे शोभायमान है ॥४१३॥

जिनेन्द्र-प्रासाद—

तीए दिसाए चेट्ठदि, वर-रयणमओ जिणिंद-पासादो ।
पुव्व-सरिच्छो महवा, पंडुग - जिणभवण - सारिच्छो ॥४१४॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. दिप्पंत ।

अर्थ—उसी दिशामें पूर्वके सदृश अथवा पाण्डुक वन सम्बंधी जिनभवनके सदृश उत्तम रत्नमय जिनेन्द्र-प्रासाद हैं ॥४१४॥

अड-जोयण-उच्चिट्ठो, तेत्तिय-वासो हवंति पत्तेक्कं ।
सेसिंदे पासादा, सेसो पुव्वं व विण्णासो ॥४१५॥

८ । ८ ।

अर्थ—शेष इन्द्रोंके प्रासादोंमेंसे प्रत्येक आठ (८) योजन ऊँचा और इतने (८ यो०) ही विस्तार सहित है । शेष विन्यास पहलेके ही सदृश है ॥४१५॥

देवियों और वल्लभाओंके भवनोंका विवेचन—

इंद - पासादाणं, समंतदो होंति दिव्व - पासादा ।
देवी - वल्लहियाणं, णाणावर - रयण - कणयमया ॥४१६॥

अर्थ—इन्द्र-प्रासादोंके चारों ओर देवियों और वल्लभाओंके नाना उत्तम रत्नमय एवं स्वर्णमय दिव्य प्रासाद हैं ॥४१६॥

देवी-भवणुच्छेहा, सक्क-दुगे जोयणाणि पंच-सया ।
माहिंद - दुगे पण्णभहियाणि चउ - सयाणि पि ॥४१७॥

५०० । ४५० ।

अर्थ—सौधर्म और ईशान इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी ऊँचाई पाँच सौ (५००) योजन तथा सानत्कुमार एवं माहेन्द्र इन्द्रकी देवियोंके भवनोंकी ऊँचाई चार सौ पचास (४५०) योजन है ॥४१७॥

बम्हिद - लंतविंदे, महसुक्किंदे सहस्सयारिंदे ।
आणद-पहुदि-चउक्के, कमसो पण्णास - हीणाणि ॥४१८॥

४०० । ३५० । ३०० । २५० । २०० ।

अर्थ—ब्रह्मेन्द्र, लान्तवेन्द्र, महाशुक्रेन्द्र, सहस्रारेन्द्र और आनत आदि चार इन्द्रोंकी देवियोंके भवनोंकी ऊँचाई क्रमशः पचास-पचास योजन कम है । अर्थात् क्रमशः ४०० यो०, ३५० यो०, ३०० यो०, २५० यो० और २०० योजन है ॥४१८॥

देवी - पुर-उवयारो, वल्लभिया-मंदिराण-उच्छेहो ।
सव्वेसुं इंदेसुं, जोयण - बीसाहिओ होदि ॥४१९॥

अर्थ – सब इन्द्रोंमें अग्रमाओंके मन्दिरोंका उत्सेध देवियोंके पुरोंके उत्सेधसे बीस योजन अधिक है ।।४१९।।

उच्छेह - दसम - भागे, एवाणं मंदिरेसु विक्खंभा ।
विक्खंभ - दुगुण - दीहं, वासद्धं पि गाढत्तं ।।४२०।।

अर्थ—इनके मन्दिरोंका विष्कम्भ उत्सेधके दसवें भाग प्रमाण, दीर्घता विष्कम्भसे दूनी और अवगाढ़ व्याससे आधा है ।।४२०।।

सव्वेसु मंदिरेसुं, उववण - संडाणि होंति दिव्वाणि ।
सव्व-उडु-जोग-पल्लव-फल-कुसुम-विभूदि-भरिदाणि ।।४२१।।

अर्थ—सब मन्दिरोंमें समस्त ऋतुओंके योग्य पत्र, फूल और कुसुमरूप विभूतिसे परिपूर्ण दिव्य उपवन खण्ड होते हैं ।।४२१।।

पोक्खरणी-वावीओ, सच्छ-जलाओ विचित्त-रूवाओ ।
पुप्फिद - कमल - वणाओ, एक्केक्के मंदिरे होंति ।।४२२।।

अर्थ—एक-एक मन्दिरमें स्वच्छ जलसे परिपूर्ण, विचित्ररूपवाली और पुष्पित कमलवनोंसे संयुक्त पुष्करिणी वापियाँ हैं ।।४२२।।

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

क्रमांक	इन्द्र-नाम	देविवोंके भवनोंकी				रत्नप्रभाके भवनोंकी			
		ऊँचाई गा० ४१७-४१८	विस्तार	लम्बाई	नींव	ऊँचाई गा. ४१९	चौड़ाई	लम्बाई	नींव
१	सौधर्मेन्द्र	५०० यो०	५० यो०	१०० यो०	२५ यो०	३२० यो०	३२ यो०	१०४ यो०	२६ यो०
२	ईशानेन्द्र	५०० ,,	५० ,,	१०० ,,	२५ ,,	३२० ,,	३२ ,,	१०४ ,,	२६ ,,
३	सानत्कुमारेन्द्र	४५० ,,	४५ ,,	९० ,,	२२½ ,,	४७० ,,	४७ ,,	९४ ,,	२३½ ,,
४	माहेन्द्र	४५० ,,	४५ ,,	९० ,,	२२½ ,,	४७० ,,	४७ ,,	९४ ,,	२३½ ,,
५	ब्रह्मेन्द्र	४०० ,,	४० ,,	८० ,,	२० ,,	४२० ,,	४२ ,,	८४ ,,	२१ ,,
६	लान्तवेन्द्र	३५० ,,	३५ ,,	७० ,,	१७½ ,,	३७० ,,	३७ ,,	७४ ,,	१८½ ,,
७	महाशुक्रेन्द्र	३०० ,,	३० ,,	६० ,,	१५ ,,	३२० ,,	३२ ,,	६४ ,,	१६ ,,
८	सहस्रारेन्द्र	२५० ,,	२५ ,,	५० ,,	१२½ ,,	२७० ,,	२७ ,,	५४ ,,	१३½ ,,
९	आनतादि ४	२०० ,,	२० ,,	४० ,,	१० ,,	२२० ,,	२२ ,,	४४ ,,	११ ,,

णाणाविह - तूरेहिं, णाणाविह-महुर-गीय-सद्देहिं ।
ललियमय[1]- णच्चणेहिं, सुर - णयराइं विराजंति ॥४२३॥

अर्थ—देवोंके नगर नाना प्रकारके तूर्यों (वादित्रों), अनेक प्रकारके मधुर गीत-शब्दों और विलासमय नृत्योंसे विराजमान हैं ॥४२३॥

द्वितीयादि वेदियोंका कथन—

आदिम-पायाराओ, तेरस - लक्खाणि जोयणे गंतुं[2] ।
चेट्ठेदि विदिय-वेदी, पढमा मिव सव्व - णयरेसुं ॥४२४॥

१३००००० ।

अर्थ—सब नगरोंमें आदिम प्राकार (कोट) से तेरह लाख (१३०००००) योजन जाकर प्रथम (कोट) के सदृश द्वितीय वेदी स्थित है ॥४२४॥

वेदीणं विच्चाले, णिय-णिय-सामी-सरीर-रक्खा य ।
चेट्ठंति सपरिवारा, पासादेसुं विचित्तेसुं ॥४२५॥

विदिय-वेदी गदा ।

अर्थ—वेदियोंके अन्तरालमें अद्भुत प्रासादोंमें सपरिवार अपने-अपने स्वामियोंके शरीर-रक्षक देव रहते हैं ॥४२५॥

द्वितीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

तेसट्ठी-लक्खाणि, पण्णास-सहस्स-जोयणाणि तदो ।
गंतूण तदिय - वेदी, पढमा मिव सव्व - णयरेसुं ॥४२६॥

६३५०००० ।

अर्थ—सब नगरोंमें इस (दूसरी वेदी) से आगे तिरेसठ लाख पचास हजार (६३५००००) योजन जाकर प्रथम (कोट) के सदृश तृतीय वेदी है ॥४२६॥

एदाणं विच्चाले, तिप्परिसाणं सुरा विचित्तेसुं ।
चेट्ठंति मंदिरेसुं, णिय - णिय - परिवार - संजुत्ता ॥४२७॥

तेदिय-वेदी गदा ।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. अलिय । २. द. ब. क. ज. ठ. जोयणे पंचु य, म. जोयणेपंचु य ।

अर्थ—इन वेदियोंके मध्य स्थित अद्भुत भवनोंमें अपने-अपने परिवारसे संयुक्त तीन परिषदोंके देव रहते हैं ।।४२७।।

तृतीय वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

सव्वेसोदो गच्छिय, चउसट्ठि-सहस्स-जोयणाणि च ।
चेट्ठेदि तुरिम-वेदी, पढमा - मिव सव्व - णयरेसुं ।।४२८।।

६४०००।

अर्थ—इस वेदीसे चौंसठ हजार (६४०००) योजन आगे जाकर सब नगरोंमें प्रथम वेदीके सदृश चतुर्थ वेदी स्थित है ।।४२८।।

एदाणं विच्चाले, वर-रयणमएसु दिव्व - भवणेसुं ।
सामाणिय-णाम सुरा, णिवसंते विविह् - परिवारा ।।४२९।।

तुरिम-वेदी गदा ।

अर्थ—इन वेदियोंके मध्यमें स्थित उत्तम रत्नमय दिव्य-भवनोंमें विविध परिवार सहित सामानिक नामक देव निवास करते हैं ।।४२९।।

चतुर्थ वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

चउसीदी - लक्खाणि, गंतूणं जोयणाणि तुरिमादो ।
चेट्ठेदि पंच - वेदी, पढमा मिव सव्व - णयरेसुं ।।४३०।।

८४००००० ।

अर्थ—चतुर्थ वेदीसे चौरासी लाख (८४०००००) योजन आगे जाकर सब नगरोंमें प्रथम वेदीके सदृश पंचम वेदी स्थित है ।।४३०।।

एदाणं विच्चाले, णिय-णिय-आरोहका अणीया य ।
अभियोगा किब्बिसिया, पइण्णया तह सुरा य तेत्तीसा ।।४३१।।

पंचम-वेदी गदा ।

अर्थ—इन वेदियोंके मध्यमें अपने-अपने आरोहक अनीक, आभियोग्य, किल्बिषिक, प्रकीर्णक तथा त्रायस्त्रिंश देव निवास करते हैं ।।४३१।।

पंचम वेदीका कथन समाप्त हुआ ।

उपवन-प्ररूपणा—

तप्परदो गंतूणं, पण्णास - सहस्स - जोयणाणं च ।
होंति हु दिव्व-वणाणि, इंद-पुराणं चउ - दिसासुं ॥४३२॥

अर्थ—इसके आगे पचास हजार (५००००) योजन जाकर इन्द्रोंमें नगरोंकी चारों दिशाओंमें दिव्य वन हैं ॥४३२॥

पुव्वादिसु ते कमसो, असोय-सत्तच्छदाण वण-संडा ।
चंपय-चूदाण तहा, पउम - दह - सरिस - परिमाणा ॥४३३॥

अर्थ—पूर्वादिक दिशाओंमें वे क्रमशः अशोक, सप्तच्छद, चम्पक और आम्र वृक्षोंके वन-खण्ड हैं ॥४३३॥

एक्केक्का चेत्त - तरू, तेसु असोयादि-णाम-संजुत्ता ।
जग्गोह-तरु-सरिच्छा, वर-चामर-छत्त-पहुदि-जुदा ॥४३४॥

अर्थ—उन वनोंमें अशोकादि नामोंसे संयुक्त और उत्तम चमर-छत्रादिसे युक्त न्यग्रोधतरुके सदृश एक-एक चैत्य-वृक्ष है ॥४३४॥

पोक्खरणी-वावीहिं, मणिमय-भवणेहिं[1] संजुदा विउला ।
सव्व-उदु-जोग्ग-पल्लव-कुसुम-फला भांति वण - संडा ॥४३५॥

अर्थ—पुष्करिणी, वापियों एवं मणिमय भवनोंसे संयुक्त तथा सब ऋतुओंके योग्य पत्र, कुसुम एवं फलोंसे परिपूर्ण (वे) विपुल वन-खण्ड शोभायमान हैं ॥४३५॥

लोकपालोंके क्रीड़ा-नगर—

संखेज्ज-जोयणाणि, पुह पुह गंतूण णंदण - वणादो ।
सोहम्मादि - दिणिंदाणं कीडण - णयराणि चेट्ठंति ॥४३६॥

अर्थ—नन्दन वनसे पृथक्-पृथक् संख्यात योजन जाकर सौधर्मादि इन्द्रोंके लोकपालोंके क्रीड़ा-नगर स्थित हैं ॥४३६॥

---

१. द. क. ज. ठ. भवणेहि ।

बारस-सहस्स-जोयण-बोहत्ता पण-सहस्स-विक्खंभा ।
पत्तेक्कं ते णयरा, वर - वेदी - पहुदि - कयसोहा ॥४३७॥

१२००० । ५००० ।

अर्थ—उत्तम वेदी आदिसे शोभायमान उन नगरोंमेंसे प्रत्येक बारह हजार (१२०००) योजन लम्बे और पांच हजार (५०००) योजन प्रमाण विस्तार सहित है ॥४३७॥

गणिका-महत्तरियोंके नगर—

गणिया-महत्तरीणं, समचउरस्सा पुरीओ विदिसासुं ।
एक्कं जोयण - लक्खं, पत्तेक्कं दीह - वास - जुदा ॥४३८॥

१००००० । १००००० ।

अर्थ—विदिशाओंमें गणिका-महत्तरियोंकी समचतुष्कोण नगरियां हैं । इनमेंसे प्रत्येक एक-एक लाख (१००००० , १०००००) योजन प्रमाण दीर्घता तथा विस्तारसे युक्त है ॥४३८॥

सव्वेसुं णयरेसुं, पासादा दिव्व-विविह-रयणमया ।
णच्चंत विचित्त-धया, विरुवम - सोहा विरायंति ॥४३९॥

अर्थ—सब नगरोंमें नाचती हुई विचित्र ध्वजाओंसे युक्त और अनुपम शोभाके धारक दिव्य विविध रत्नमय प्रासाद विराजमान हैं ॥४३९॥

जोयण-सय-बोहत्ता, ताणं पण्णास-मेत्त-वित्थारा ।
मुह - मंडव - पहुदीहिं, विविध - रूवेहिं संजुत्ता ॥४४०॥

अर्थ—ये प्रासाद एक सौ (१००) योजन दीर्घ, पचास (५०) योजन प्रमाण विस्तार सहित और विविध-रूप मुख-मण्डप आदिसे संयुक्त हैं ॥४४०॥

सौधर्मेन्द्र आदिके यान-विमानोंका विवरण—

वासुग-पुप्फग-णामा, याण-विमाणाणि सक्क-जुगलम्मि ।
सोमणसं सिरिवच्छं, सणक्कुमारिंद - जुगलम्मि ॥४४१॥

अर्थ—शक्र-युगल (सौधर्म एवं ईशान इन्द्र) के वालुग और पुष्पक नामक यान-विमान तथा सानत्कुमार आदि दो इन्द्रोंके सौमनस एवं श्रीवृक्ष नामक यान-विमान हैं ॥४४१॥

सव्वदोभद्दा ।
पीदिक[1]- रम्मक - णामा, मणोहरा होंति चत्तारि ॥४४२॥

अर्थ—ब्रह्मेन्द्र आदि चार इन्द्रोंके क्रमशः सर्वतोभद्र, प्रीतिक (प्रीतिंकर), रम्यक और मनोहर नामक चार यान-विमान होते हैं ॥४४२॥

आणद-पाणद-इंदे, लच्छी-मालिनि - णामओ होदि ।
आरण-कप्पिद-जुगे, याण - विमाणं विमल - णामं ॥४४३॥

अर्थ—आनत और प्राणत इन्द्रके लक्ष्मी-मालती नामक यान-विमान तथा आरण कल्पेन्द्र युगलमें विमल नामक यान-विमान होते हैं ॥४४३॥

सोहम्मादि-चउक्के, कमसो अवसेस-कप्प[2]-जुगलेसुं ।
होंति हु पुव्वुत्ताइं, याण - विमाणाणि पत्तेक्कं ॥४४४॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—सौधर्मादि चारमें और शेष कल्प-युगलोंमें क्रमशः प्रत्येकके पूर्वोक्त यान-विमान होते हैं ॥४४४॥

पाठान्तर ।

एक्कं जोयण - लक्खं, पत्तेक्कं दीह-वास-संजुत्ता ।
याण - विमाणा दुविहा, विकिरियाए सहावेणं ॥४४५॥

अर्थ—इनमेंसे प्रत्येक विमान एक लाख (१०००००) योजन प्रमाण दीर्घता एवं व्याससे संयुक्त हैं । ये विमान दो प्रकारके हैं, एक विक्रियासे उत्पन्न हुए और दूसरे स्वभावसे ॥४४५॥

ते विकिरिया-जादा, याणविमाणा विणासिणो होंति ।
अविणासिणो य णिच्चं, सहाव - जादा परम-रम्मा ॥४४६॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. पीदिकर । २. ब. क. ज. ठ. युग्म ।

अर्थ—विक्रियासे उत्पन्न हुए वे यान-विमान विनश्वर और स्वभावसे उत्पन्न हुए वे परम-रम्य यान-विमान नित्य एवं अविनश्वर होते हैं ।।४४६।।

पुव्वंत-सय-वडायाः विविहासण-सयण-पहुदि-परिपुण्णा ।
धूव - घडेहिं जुत्ता, चामर - घंटादि - कयसोहा ।।४४७।।

वंदण - माला - रम्मा, मुत्ताहल-हेम-दाम-रमणिज्जा ।
सुंदर - दुवार - सहिदा, वज्ज-कवाडुज्जला विरायंति ।।४४८।।

अर्थ—उपर्युक्त यान-विमान फहराती हुई ध्वजा-पताकाओं सहित, विविध आसन एवं शय्या आदिसे परिपूर्ण, धूप-घटोंसे युक्त, चामर एवं घण्टादिकसे शोभायमान, वन्दन-मालाओंसे रमणीक, मुक्ताफल एवं सुवर्णकी मालाओंसे मनोहर, सुन्दर द्वारों सहित और वज्रमय कपाटोंसे उज्ज्वल होते हुए सुशोभित होते हैं ।।४४७-४४८।।

सव्वाइं भायणाइं, वत्थाभरणाइ - आइ दुविहाइं ।
होंति हु यान - विमाणे, विविकरियाए सहावेणं ।।४४९।।

अर्थ—यान-विमानमें सर्व भाजन (बर्तन), वस्त्र और आभरण आदिक (सो) विक्रिया तथा स्वभावसे दो प्रकारके होते हैं ।।४४९।।

विविकरिया जणिदाइं, विणास-कयाइं होंति सव्वाइं ।
वत्थाभरणादीया, सहाव - आदाणि णिच्चाणि ।।४५०।।

अर्थ—विक्रियासे उत्पन्न सब वस्त्राभरणादिक विनश्वर और स्वभावसे उत्पन्न हुए वे सभी नित्य होते हैं ।।४५०।।

इन्द्रोंके मुकुट-चिह्न—

सोहम्मादिसु अट्ठसु, आणव - पहुदीसु चउसु इंदाणं ।
सुअर-हरिणो-महिसा, [1]मच्छा भेकाहि-छगल-वसहा य ।।४५१।।

कप्प-तरु गयवेसु, सिंहाणि णय कमेण मणिवाहिं ।
एदेहिं ते इंदा, लक्खिज्जंते सुराण सव्वम्मि ।।४५२।।

---

१. ब. ब. मच्छो ।

अर्थ—सौधर्मादिक आठ और आनत आदि चार (८ + १ = ९) कल्पोंमें इन्द्रोंके मुकुटोंमें क्रमशः सूकर, हरिणी, महिष, मत्स्य, मेंढक, सर्प, छगल, वृषभ और कल्पतरु, ये नौ चिह्न कहे गये हैं। इन चिह्नोंसे देवोंके मध्यमें ये इन्द्र पहिचाने जाते हैं ॥४५१-४५२॥

इंदाणं चिण्हाणि, पत्तेक्कं ताव आ[1] सहस्सारं ।
आणद-आरण - जुवले, चोद्दस - ठाणेसु वोच्छामि ॥४५३॥

सूयर-हरिणी-महिसा, मच्छो कुम्मो य मेंढ-हय-हत्थी ।
चंदाहि-णवय-छगला, वसह-कप्पतरू[2] मउड-मज्झेसुं ॥४५४॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—सहस्रारकल्प पर्यन्त प्रत्येक इन्द्रके तथा आनत और आरण युगलमें इसप्रकार चौदह स्थानोंके चिह्न कहते हैं। सूकर, हरिणी, महिष, मत्स्य, कूर्म, मेंढक, अश्व, हाथी, चन्द्र, सर्प, नवय, छगल वृषभ और कल्पतरु ये चौदह चिह्न मुकुटोंके मध्यमें होते हैं ॥४५३-४५४॥

पाठान्तर ।

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिए]

१. ब. आव । २. ब. ब. क. ज. ठ. इसके स्थान पर द्वितीयचरण संदृष्ट ।

क्रमांक	इन्द्रोंके नाम	यान-विमानोंके नाम				इन्द्रोंके मुकुट-चिह्न					
		मूलसे गा० ४४१-४४३	स्थान १०	पाठान्तर गा० ४४४	स्थान १०	मूलसे गा० ४५१-४५३	स्थान ९	पाठान्तरसे क्रमांक	इन्द्र-नाम गा० ४५३	चिह्न गा० ४५४	स्थान १४
१	सौधर्मेन्द्र	बालुग	१	बालुग	१	शूकर	१	१	सौधर्मेन्द्र	शूकर	१
२	ईशानेन्द्र	पुष्पक	२	बालुग		हरिणी	२	२	ईशानेन्द्र	हरिणी	२
३	सानत्कुमारेन्द्र	सौमनस	३	पुष्पक	२	महिष	३	३	सानत्कुमार	महिष	३
४	माहेन्द्र	श्रीवृक्ष	४	पुष्पक		मत्स्य	४	४	माहेन्द्र	मत्स्य	४
५	ब्रह्मेन्द्र	सर्वतोभद्र	५	सौमनस	३	भेंढक	५	५	ब्रह्मेन्द्र	कूर्म	५
६	लान्तवेन्द्र	प्रीतिक	६	श्रीवृक्ष	४	सर्प	६	६	ब्रह्मोत्तरेन्द्र	भेंढक	६
७	महाशुक्रेन्द्र	रम्यक	७	सर्वतोभद्र	५	छगल	७	७	लान्तवेन्द्र	अश्व	७
८	सहस्रारेन्द्र	मनोहर	८	प्रीतिक	६	बैल	८	८	कापिष्टेन्द्र	हाथी	८
९	आनतेन्द्र	लक्ष्मीमा०	९	रम्यक	७	कल्पतरु	९	९	शुक्रेन्द्र	चन्द	९
१०	प्राणतेन्द्र	लक्ष्मीमा०		मनोहर	८	,,		१०	महाशुक्रेन्द्र	सर्प	१०
११	आरणेन्द्र	विमल	१०	लक्ष्मीमा०	९	,,		११	शतारेन्द्र	गरुड	११
१२	अच्युतेन्द्र	विमल		विमल	१०	,,		१२	सहस्रारेन्द्र	छगल	१२
								१३	आनतेंद्र-प्राणतेन्द्र	वृषभ	१३
								१४	आरणेंद्र-अच्युतेन्द्र	कल्पतरु	१४

अहमिन्द्रोंकी विशेषता —

इंदाणं परिवारा, पडिंद - पहुदी ण होंति कइया वि ।
अहमिंदाणं सप्पडिवाराहितो अणंत - सोक्खाणं ॥४५५॥

अर्थ—इन्द्रोंके प्रतीन्द्र आदि परिवार होते हैं। किन्तु सपरिवार इन्द्रोंकी अपेक्षा अनन्त सुखसे युक्त अहमिन्द्रोंके परिवार कदापि नहीं होते ॥४५५॥

उववाद-सभा विविहा, कप्पातीदाण होंति सव्वाणं ।
जिण-भवणा पासादा, णाणाविह-दिव्व-रयणमया ॥४५६॥
अभिसेय-सभा संगीय-पहुदि-सालाओ चित्त-रुक्खा य ।
देवीओ ण दीसंति, कप्पातीदेसु कइया वि[1] ॥४५७॥

अर्थ—सब कल्पातीतोंके विविध प्रकारकी उपपाद-सभायें, जिन-भवन, नाना प्रकारके दिव्य रत्नोंसे निर्मित प्रासाद, अभिषेक सभा, संगीत आदि शालायें और चैत्यवृक्ष भी होते हैं, परन्तु कल्पातीतोंके देवियां कदापि नहीं दीखतीं ॥४५६-४५७॥

गेहुच्छेहो दु - सया, पण्णट्ठभहियं सयं सयं सुद्धं ।
हेट्ठिम-मज्झिम - उवरिम - गेवेज्जेसुं कमा होंति ॥४५८॥

२०० । १५० । १०० ।

अर्थ– अधस्तन, मध्यम और उपरिम ग्रैवेयकोंमें प्रासादोंकी ऊँचाई क्रमशः दो सौ (२००), एक सौ पचास (१५०) और केवल सौ (१००) योजन है ॥४५८॥

भवणुच्छेह - पमाणं, अणुदिसणुत्तराभिधाणेसुं ।
पण्णासा जोयणया, कमसो पणुवीसमेत्ताणि ॥४५९॥

५० । २५ ।

अर्थ—अनुदिश और अनुत्तर नामक विमानोंमें भवनोंकी ऊँचाईका प्रमाण क्रमशः पचास (५०) और पच्चीस योजन है ॥४५९॥

उदयस्स पंचमंसा, वोहत्थं तद्दलं च वित्थारो ।
परोक्कं णादव्वा, कप्पातीदाण भवणेसुं ॥४६०॥

एवं इंद-विभूदि-पवण्णणा समत्ता ॥७॥

---

१. ब. क. आदि ।

अर्थ—कल्पातीतोंके भवनोंमें प्रत्येककी दीर्घता ऊँचाईके पाँचवें भाग और विस्तार उससे आधा समझना चाहिए ।।

इसप्रकार इन्द्र-विभूतिकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।।७।।

प्रत्येक पटलमें देवोंकी आयुका कथन—

पढमे बिदिए जुगले, बम्हादिसु चउसु आणव-जुगम्मि ।
आरण - दुगे सुदंसण - पहुदिसु एक्कारसेसु कमे ।।४६१।।

दुग-सत्त-दसं चोद्दस-सोलस-अट्ठरस-वीस-बावीसा ।
तत्तो एक्केक्क-जुदा, उक्कस्साऊ समुद्द - उवमाणा ।।४६२।।

२ । ७ । १० । १४ । १६ । १८ । २० । २२ । २३ । २४ । २५ । २६ । २७ । २८ ।
२९ । ३० । ३१ । ३२ । ३३ ।

अर्थ—प्रथम एवं द्वितीय युगल, ब्रह्मादिक चार युगल, आनत युगल, आरणयुगल और सुदर्शन आदि ग्यारह में उत्कृष्ट आयु क्रमशः दो, सात, दस, चौदह, सोलह, अठारह, बीस, बाईस, इसके ऊपर एक-एक अधिक अर्थात् तेवीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस, इकतीस, बत्तीस और तेंतीस सागरोपम प्रमाण है ।।४६१-४६२।।

एसो उक्कस्साऊ, इंद - पडुदीण होदि हु पउण्णं ।
सेस-सुराणं आऊ, मज्झिमस्स - जहण्ण - परिमाणा ।।४६३।।

अर्थ—यह उत्कृष्ट आयु इन्द्र आदि चारकी है । शेष देवोंकी आयु मध्यम एवं जघन्य प्रमाण सहित है ।।४६३।।

छासट्ठि-कोडि-लक्खा, कोडि-सहस्साणि तेत्तियाणि पि ।
कोडि-सया छव्वीसं च, छासट्ठी - कोडि - अहियाणि ।।४६४।।

छासट्ठी-सक्खाणि, तेत्तियमेत्ताणि तह सहस्साणि ।
छस्सय-छासट्ठीओ, दोण्णि कला तिय[1] - विहत्ताओ ।।४६५।।

एवाणि[2] पल्लाइं, आऊ उडु - विदयम्मि उक्कस्से ।
तं तेत्तीसब्भाहं, पढमणयाणं च णादव्वं ।।४६६।।

६६६६६६६६६६६६६ । ⅔

---

१. ब. ब. तिहविहारायो । २. ब. ब. एदाणं ।

अर्थ—छयासठ लाख करोड़, छयासठ हजार करोड़, छह सौ छयासठ करोड़ अधिक छयासठ लाख छयासठ हजार छह सौ छयासठ और तीनसे विभक्त दो कला (६६६६६६६६६६६६६६३), इतने पल्य प्रमाण ऋतु इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है। यही आयु उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंकी भी जानना चाहिए ॥४६५-४६६॥

उडु-पडलुक्कस्साऊ, इच्छिय-पडल-प्पमाण - रूवेहिं ।
गुणिदूणं आणेज्जं, तस्सि भेडुच्च - परिमाणं ॥४६७॥

अर्थ—ऋतु पटलकी उत्कृष्ट आयुको इच्छित पटल प्रमाण रूपोंसे गुणित कर उसमें उत्कृष्ट आयुके प्रमाणको ले आना चाहिए ॥४६७॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, एक्कं अंककमेण पल्लाणि ।
एक्क - कला उक्कस्से, आऊ विमलिंदयम्मि पुढं ॥४६८॥

१३३३३३३३३३३३३३३ । ३ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन और एक, इतने पल्य और एक कला प्रमाण विमल इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४६८॥

विशेषार्थ—ऋतु पटलकी उत्कृष्ट आयुके प्रमाण को इच्छित पटल संख्यासे गुणित करने पर उस पटलमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण प्राप्त हो जाता है। यथा ऋतु विमान की उत्कृष्ट आयु ६६६६६६६६६६६६६६३ × २ = १३३३३३३३३३३३३३३ पल्य विमल नामक दूसरे इन्द्रकमें आयु का उत्कृष्ट प्रमाण है।

चोद्दस-ठाणे सुण्णं, दुगं च अंक - कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ चंदिंदयम्मि सेढी - पइण्णएसुं च ॥४६९॥

२०००००००००००००० ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और दो [६६६६६६६६६६६६६६३ × ३ = २००००००००००००००] इतने पल्य प्रमाण चन्द्र इन्द्रक तथा उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४६९॥

चोद्दस-ठाणे छक्का, दुगं च अंक-कमेण पल्लाणि ।
तीण्णि कला उक्कस्से, आऊ वरणुम्मि णायव्वो ॥४७०॥

२६६६६६६६६६६६६६६ । ३ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह और दो इतने पल्य एवं दो कला [६६६६६६६६६६६६६½×४=२६६६६६६६६६६६६६½ पल्य] प्रमाण वलभु इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७०॥

पण्णरस-ट्ठाणेसुं, तियाणि अंक - क्कमेण पल्लाणि ।
एक्क - कला उक्कस्से, आऊ वीरिंदय - समूहे[1] ॥४७१॥

३३३३३३३३३३३३३३३ । ½ ।

अर्थ—अंक क्रमसे पन्द्रह स्थानोंमें तीन, इतने पल्य और एक कला [६६६६६६६६६६६६६६½ ×५=३३३३३३३३३३३३३३३½ पल्य] प्रमाण वीर इन्द्रक तथा उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकों में उत्कृष्ट आयु है ॥४७१॥

सोहस - ट्ठाणे सुण्णं, चउक्कमंक-क्कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्सा अवणिवयम्मि सेढी - पहण्णएसुं च ॥४७२॥

४०००००००००००००० ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और चार इतने (४००००००००००००००) पल्य प्रमाण अवनि इन्द्रक तथा उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७२॥

सोहस-ट्ठाणे छक्का, चउक्कमंक - क्कमेण पल्लाणि ।
दोण्णि कलाओ णंदण - णामे आउस्स उक्कस्सो ॥४७३॥

४६६६६६६६६६६६६६६ । ½ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह और चार, इतने पल्य एवं दो कला (४६६६६६६६६६६६६६६½ पल्य) प्रमाण नन्दन नामक पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७३॥

सोहस-ट्ठाणेसु तिया, पंचक-कमेण होंति पल्लाणि ।
एक्क-कला णलिणिंदय - णामे आउस्स उक्कस्सो ॥४७४॥

३३३३३३३३३३३३३३३ । ½ ।

अर्थ—अनुक्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन और पांच, इतने पल्य एवं दो कला (३३३३३३३३३३३३३३३½ पल्य) प्रमाण नलिन नामक इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७४॥

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. समूहे ।

चोद्दस-ठाणे सुण्णं, छक्कं अंक - कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ कंचण - णामे सेढी - पइण्णएसुं पि ॥४७५॥

६०००००००००००००।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और छह, इतने (६०००००००००००००) पल्य प्रमाण कञ्चन नामक इन्द्रक और उसके श्रेणीबद्ध तथा प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७५॥

पण्णारस - ट्ठाणेसुं, छक्का अंककमेण पल्लाणि ।
दोण्णि कलाओ रोहिद - णामे आउस्स उक्कस्सो ॥४७६॥

६६६६६६६६६६६६६६६।$\frac{1}{2}$।

अर्थ—अंक क्रमसे पन्द्रह स्थानोंमें छह, इतने पल्य और दो कला (६६६६६६६६६६६६६६६$\frac{1}{2}$ पल्य) प्रमाण रोहित नामक पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७६॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, सत्तंक - कमेण होंति पल्लाणि ।
एक्क - कल त्ति य संखिदयम्मि आउस्स उक्कस्सो ॥४७७॥

७३३३३३३३३३३३३३३।$\frac{1}{2}$।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन और सात, इतने पल्य तथा एक कला (७३३३३३३३३३३३३३३$\frac{1}{2}$ पल्य) प्रमाण चंचत् (चन्द्र) इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७७॥

चोद्दस-ठाणे सुण्णं, अट्ठंक-कमेण होंति पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ मरुविंदयम्मि सेढी - पइण्णएसुं च ॥४७८॥

८०००००००००००००।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य और आठ, इतने पल्य प्रमाण मरुत् इन्द्रक तथा उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७८॥

चोद्दस-ठाणे छक्का, अट्ठंक-कमेण होंति पल्लाणि ।
दु-कलाओ 'रिट्ठिसए, उक्कस्साऊ समप्पम्मि ॥४७९॥

८६६६६६६६६६६६६६।$\frac{1}{2}$।

---

१. ब. ब. क. ब. ठ. रिट्ठिसए ।

अर्थ—अंक-क्रमसे चौदह-स्थानोंमें छह और आठ, इतने पल्य तथा दो कला (८६६६६६६६६६६६६६½ पल्य) प्रमाण समस्त ऋद्धीश पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४७९॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, णवंक कमसो हुवंति पल्लाणि ।
एक्क - कला - वेदलिए, उक्कस्साऊ सपदरम्मि ॥४८०॥

९३३३३३३३३३३३३३३ । ½ ।

अर्थ—अंक-क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन और नौ, इतने पल्य एवं एक कला (९३३३३३३३३३३३३३½ पल्य) प्रमाण वैडूर्य पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८०॥

पण्णरस[1] - ट्ठाणेसुं, णहमेक्कंक - कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ रुचकिंदयम्मि सेढी - पइण्णएसुं पि ॥४८१॥

१०००००००००००००० ।

अर्थ—अंक क्रमसे पन्द्रह स्थानोंमें शून्य और एक, इतने (१००००००००००००००) पल्य प्रमाण रुचक इन्द्रक एवं उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८१॥

चोद्दस-ठाणे छक्का, णहमेक्कंक - कमेण पल्लाणि ।
दोण्णि कलाओ रुचिरिंदयम्मि आउस्स उक्कस्सो ॥४८२॥

१०६६६६६६६६६६६६६ । ½ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह, शून्य और एक, इतने पल्य और दो कला (१०६६६६६६६६६६६६६½ पल्य) प्रमाण रुचिर इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८२॥

चोद्दस-ठाणेसु [2]तिया, एक्केक्क-कमेण होंति पल्लाणि ।
एक्क-कला - विजय अंकिंदयम्मि आउस्स उक्कस्सो ॥४८३॥

११३३३३३३३३३३३३३ । ½ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन, एक और एक, इतने पल्य और एक कला (११३३३३३३३३३३३३३½ पल्य) प्रमाण अङ्क इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८३॥

चोद्दस - ठाणे सुण्णं, दुगमेक्कंक-कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ पडिहिंदयम्मि सेढी - पइण्णएसुं पि ॥४८४॥

१२०००००००००००००० ।

---

१. ब. चोद्दस । २. ब. ब. ति ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य दो और एक, इतने (१२०००००००००००००) पल्य प्रमाण स्फटिक इन्द्रक एवं उसके श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु होती है ॥४८४॥

चोद्दस-ठाणे छक्का, दुगमेक्कंक - क्कमेण पल्लाणि ।
दोण्णि कलाओ तवणिय - इंदए आउ उक्कस्सा ॥४८५॥

१२६६६६६६६६६६६६ । ३ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह, दो और एक, इतने पल्य एवं दो कला (१२६६६६६६६६६६६६३ पल्य) प्रमाण तपनीय इन्द्रक एवं उसके श्रेणीबद्धादिकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८५॥

पण्णरस - ट्ठाणेसुं तियाणि एक्कं कमेण पल्लाणि ।
एक्का कला य मेघिंदयम्मि आउस्स उक्कस्सा ॥४८६॥

१३३३३३३३३३३३३३३ । ३ ।

अर्थ—क्रमशः पन्द्रह स्थानोंमें तीन और एक इतने पल्य एवं कला (१३३३३३३३३३३३३३३३ पल्य) प्रमाण मेघ इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८६॥

चोद्दस-ठाणे सुण्णं, चउ-एक्कंक-क्कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ अभिंदयम्मि सेढी - पइण्णएसुं च ॥४८७॥

१४०००००००००००० ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य, चार और एक, इतने (१४००००००००००००) पल्य प्रमाण अभ्रइन्द्रक तथा श्रेणीबद्ध तथा प्रकीर्णक विमानोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८७॥

चोद्दस-ठाणे छक्का, चउ-एक्कंक-क्कमेण पल्लाणि ।
दोण्णि कला हारिद्दयम्मि आउस्स उक्कस्सो ॥४८८॥

१४६६६६६६६६६६६६ । ३ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह, चार और एक, इतने पल्य और दो कला (१४६६६६६६६६६६६६३ पल्य) प्रमाण हारिद्र इन्द्रकमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८८॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, पंचेक्कंक - क्कमेण पल्लाणि ।
एक्का कला य आऊ, उक्कस्से पढम - पडलम्मि ॥४८९॥

१३३३३३३३३३३३३३३ । ३ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन, पाँच और एक, इतने पल्य तथा एक कला (१३३३३३३३३३३३३३३ पल्य) प्रमाण प्रथम पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४८९॥

चोद्दस-ठाणे सुण्णं, छक्केक्कंक - क्कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साऊ लोहिद - सेढी - बद्ध - प्पइण्णएसुं पि ॥४९०॥

१६०००००००००००० ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानों पर शून्य, छह और एक, इतने (१६०००००००००००० पल्य) प्रमाण लोहित इन्द्रक, श्रेणीबद्ध और प्रकीर्णकोंमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९०॥

पण्णरस - ट्ठाणेसुं, छक्कं एक्कं कमेण पल्लाइं ।
दोण्णि कलाओ आऊ, उक्कस्से बम्ह - पडलम्मि ॥४९१॥

१६६६६६६६६६६६६६ । २ ।

अर्थ—अंक क्रमसे पन्द्रह स्थानोंमें छह और एक, इतने पल्य एवं दो कला (१६६६६६६६६६६६६६२ पल्य) प्रमाण ब्रह्म पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९१॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, सत्तेक्कंक - क्कमेण पल्लाणि ।
एक्क - कला उक्कस्सो, बंभाबट्ठम्मि आउस्सं ॥४९२॥

१७३३३३३३३३३३३३३ । १ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन, सात और एक, इतने पल्य एवं एक कला (१७३३३३३३३३३३३३३१ पल्य) प्रमाण ब्रह्मोत्तर पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९२॥

चोद्दस - ठाणे सुण्णं, अट्ठेक्कंक - क्कमेण पल्लाणि ।
उक्कस्साउ - पमाणं, पढलम्मि पहंकरे होदि[1] ॥४९३॥

१८०००००००००००० ।

---

१. ब. होंदि ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें शून्य, आठ और एक, इतने (१८००००००००००००) पल्य प्रमाण प्रभङ्कर पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९३॥

चोद्दस-ठाणे-छक्का, अट्ठेक्क कमेण होंति पल्लाणि ।
दोण्णि कलाओ [1]पिट्ठुक - पडले आउस्स उक्कस्सो ॥४९४॥

१८६६६६६६६६६६६६ । ½ ।

अर्थ—क्रमसे चौदह स्थानोंमें छह, आठ और एक, इतने पल्य एवं दो कला (१८६६६६६६६६६६६६½ पल्य) प्रमाण पृष्ठक पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९४॥

चोद्दस-ठाणेसु तिया, सुण्णेक्क-अंक-कमेण पल्लाणि ।
एक्क - कला भज-खाभे, पडले आउस्स उक्कस्सो ॥४९५॥

१९३३३३३३३३३३३३ । ½ ।

अर्थ—अंक क्रमसे चौदह स्थानोंमें तीन, नौ और एक, इतने पल्य एवं एक कला (१९३३३३३३३३३३३३½ पल्य) प्रमाण गज नामक पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९५॥

दोण्णि पयोधिहि-उवमा, उक्कस्साऊ हुवेदि पडलम्मि ।
चरिम - दुगण - णिविट्ठे, सोहम्मीसाण - जुगलम्मि ॥४९६॥

सा २ ।

अर्थ—सौधर्मैशान युगलके भीतर अन्तिम स्थानमें निविष्ट पटलमें दो सागर प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥४९६॥

उक्कस्साऊ-पमाणं, सणक्कुमारस्स पढम-पडलम्मि ।
दोण्णि पयोधिहि-उवमा, पंच-कला सत्त-पविहत्ता ॥४९७॥

सा २ । ⅖ ।

अर्थ—सानत्कुमारके प्रथम पटलमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण दो सागरोपम और सातसे भाजित पाँच कला (२⅖ सागर) है ॥४९७॥

तिण्णि महण्णव-उवमा, तिण्णि कला इंदयम्मि बंभम्मि ।
चत्तारि उवहि - उवमा, एक्क-कला णाम - पडलम्मि ॥४९८॥

सा ३ । क ⅗ । सा ४ । ⅕ ।

---

१. ब. पिट्ठ ।

अर्थ—तीन सागरोपम एवं तीन कला (३$\frac{3}{4}$ सा०) प्रमाण वनमाल इन्द्रकमें तथा चार सागरोपम और एक कला (४$\frac{1}{4}$ सा०) प्रमाण नाग-पटलमें उत्कृष्ट आयु है ॥४९८॥

चत्तारि सिंधु-उवमा, तुरिय कला गरुड-णाम-पडलम्मि ।
पंचण्णव - उवमाणा, चत्तारि कलाओ लंगलए[1] ॥४९९॥

सा ४ । $\frac{1}{4}$ । सा ५ । $\frac{1}{4}$ ।

अर्थ—गरुड़ नामक पटलमें चार सागरोपम और तीन कला (४$\frac{3}{4}$ सा०) तथा लाङ्गल पटलमें पाँच सागरोपम एवं चार कला (५$\frac{1}{4}$ सा०) प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥४९९॥

छद्धोवहि-उवमाणा, दोण्णि कला इंदयम्मि बलभद्दे ।
सत्त-सरिरमण-उवमा, माहिंद-जुगस्स चरिम-पडलम्मि ॥५००॥

सा ६ । $\frac{2}{4}$ । सा ७ ।

अर्थ—बलभद्र इन्द्रकमें छह सागरोपम और दो कला (६$\frac{2}{4}$ सा०) तथा माहेन्द्र युगलके अन्तिम (चक्र नामक) पटलमें सात (७) सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५००॥

सत्तंबुरासि-उवमा, तिण्णि कलाओ चउत्थ-पविहत्ता ।
उक्कस्साउ - पमाणं, पढमं पडलम्मि बम्ह-कप्पस्स ॥५०१॥

सा ७ । $\frac{3}{4}$ ।

अर्थ—ब्रह्म कल्पके प्रथम पटलमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण सात सागरोपम और चार विभक्त तीन कला (७$\frac{3}{4}$ सा०) है ॥५०१॥

अट्ठण्णव-उवमाणा, दु-कला सुरसमिदि-णाम-पडलम्मि ।
णव-रयणायर-उवमा, एक्क - कला बम्ह - पडलम्हि ॥५०२॥

सा ८ । $\frac{2}{4}$ । सा ९ । $\frac{1}{4}$ ।

अर्थ—सुरसमिति नामक पटलमें आठ सागरोपम और दो कला (८$\frac{2}{4}$ सा०) तथा ब्रह्म पटलमें नौ सागरोपम और एक कला (९$\frac{1}{4}$ सा०) प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०२॥

बम्हुत्तरमिंधाणे, चरिमे पडलम्मि बम्ह - कप्पस्स ।
उक्कस्साउ-पमाणं, दस सरि - रमणाय उवमाणा ॥५०३॥

१० ।

---

१ द. ब. क. ज. ठ. लिंगलए ।

अर्थ—ब्रह्म कल्पके ब्रह्मोत्तर नामक अन्तिम पटलमें उत्कृष्ट आयुका प्रमाण (१०) सागरोपम है ॥५०३॥

बम्हहिदयम्मि[1] पढले, बारस-कल्लोलिणीस-उवमाणं ।
चोद्दस-णीरहि-उवमा, [2]उवकस्साऊ हवंति संतवए ॥५०४॥

१२ । १४ ।

अर्थ—ब्रह्महृदय पटलमें बारह सागरोपम और लान्तव पटलमें चौदह सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०४॥

महसुक्क-णाम-पढले, सोलस-सरियाहिणाह-उवमाणा ।
अट्ठरस - सहस्सारे, तरंगिणीरमण - उवमाणा ॥५०५॥

१६ । १८ ।

अर्थ—महाशुक्र नामक पटलमें सोलह सागरोपम और सहस्रार पटलमें अठारह सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०५॥

आणद-णामे पढले, अट्ठारस सलिलरासि-उवमाणा ।
उवकस्साउ - पमाणं, चत्तारि कलाओ छक्क-हिदा ॥५०६॥

१८ । ४ ।

अर्थ—आनत नामक पटलमें अठारह सागरोपम और छहसे भाजित चार कला (१८$\frac{४}{६}$ सा०) प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०६॥

एक्कोणवीस वारिहि-उवमा दु-कलाओ पाणदे पढले ।
पुप्फाए वीसं चिय, तरंगिणीकंत - उवमाणा ॥५०७॥

सा १९ । क २ । सा २० ।

अर्थ—प्राणत पटलमें उन्नीस सागरोपम और दो कला (१९$\frac{२}{६}$ सा०) तथा पुष्पक पटलमें बीस सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०७॥

वीसंबुरासि-उवमा, चत्तारि कलाओ सादगे पढले ।
इगिवीस जलहि-उवमा, आरण-णामम्मि वीस्सि कला ॥५०८॥

सा २० । क ४ । सा २१ । $\frac{४}{६}$ ।

---

१. द. ब. बम्हिदयम्हि । २. द. ब. क. ज. ठ. कप्पस्साऊ ।

अर्थ—आनत पटलमें बीस सागरोपम और चार कला (२०$\frac{४}{९}$ सा०) तथा आरण नामक पटलमें इक्कीस सागरोपम और दो कला (२१$\frac{२}{९}$ सा०) प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०८॥

अच्चुद-णामे पडले, बावीस तरंगिणीरमण-उवमाणा[1] ।
तेवीस सुदंसणए, अमोघ - पडलम्मि चउवीसं ॥५०९॥

२२ । २३ । २४ ।

अर्थ—अच्युत नामक पटलमें बाईस सागरोपम, सुदर्शन पटलमें तेईस सागरोपम और अमोघ पटलमें चौबीस (२४) सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५०९॥

पणुवीस [2]सुप्पबुद्धे, जसहर-पडलम्मि होंति छव्वीसं ।
सत्तावीस सुभद्दे, सुविसाले अट्ठवीसं च ॥५१०॥

२५ । २६ । २७ । २८ ।

अर्थ—सुप्रबुद्ध पटलमें पच्चीस (२५), यशोधर पटलमें छब्बीस (२६), सुभद्र पटलमें सत्ताईस (२७) और सुविशाल पटलमें अट्ठाईस (२८) सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५१०॥

सुमणस-णामे उणतीस तीस[3] सोमणस-णाम-पडलम्मि ।
एक्कत्तीसं पीदिंकरम्मि बत्तीस आइच्चे ॥५११॥

२९ । ३० । ३१ । ३२ ।

अर्थ—सुमनस नामक पटलमें उनतीस (२९), सौमनस नामक पटलमें तीस (३०), प्रीतिङ्कर पटलमें इकतीस (३१) और आदित्य पटलमें बत्तीस सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति है ॥५११॥

सव्वट्ठ-सिद्धि-णामे, तेत्तीसं वाहिणीस - उवमाणा ।
उक्कस्स जहण्णम्मि य, णिद्दिट्ठं वीयरागेहिं ॥५१२॥

३३ ।

अर्थ—वीतराग भगवान्‌ने सर्वार्थसिद्धि नामक पटलमें उत्कृष्ट एवं जघन्य आयुका प्रमाण तेंतीस (३३) सागरोपम कहा है ॥५१२॥

---

१. ब. ज. क. ज. ठ. उवमा । २. ब. ज. क. ज. ठ. सुप्पबुद्धे । ३. ब. ज. सोम ।

देवोंकी जघन्य-आयु—

उडु-पहुदि-इंदयाणं, हेट्ठिम-उक्कस्स-आउ-परिमाणं ।
एक्क - समएण अहियं, उवरिम - पडले जहण्णआऊ ॥५१३॥

अर्थ—ऋतु आदि इन्द्रकोंमें अधस्तन इन्द्रक सम्बन्धी उत्कृष्ट आयुके प्रमाणमें एक समय मिलाने पर उपरिम पटलमें जघन्य आयुका प्रमाण होता है ॥५१३॥

तेत्तीस उवहि-उवमा, पल्लासंखेज्ज-भाग-परिहीणा ।
सव्वट्ठ - सिद्धि - णामे, मण्णंते केइ अवराऊ ॥५१४॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—कोई आचार्य सर्वार्थसिद्धि नामक पटलमें पल्यके असंख्यातवें भागसे रहित तेंतीस सागरोपम प्रमाण जघन्य आयु मानते हैं ॥५१४॥

पाठान्तर ।

सोहम्म-कप्प-पढमिंदयम्मि परिदोवमं हुवे एक्कं ।
सव्व - सिगिट्ठ - सुराणं, जहण्ण-आउस्स परिमाणं ॥५१५॥

५ १ ।

अर्थ—सौधर्म कल्पके प्रथम इन्द्रकमें सब निकृष्ट देवोंकी जघन्य आयुका प्रमाण एक पल्योपम है ॥५१५॥

इन्द्रोंके परिवार देवों की आयु—

अड्ढाइज्जं पल्ला, आऊ सोमे जमे य पत्तेक्कं ।
तिण्णि कुबेरे वरुणे, किंचूणा सक्क - दिप्पाले ॥५१६॥

२ । २ । ३ । ३ ।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके दिक्पालोंमें सोम और यमकी अढ़ाई (२½) पल्योपम, कुबेरकी तीन (३) पल्योपम और वरुणकी तीन (३) पल्योपमसे किञ्चित् ऊन आयु होती है ॥५१६॥

सक्कादो सेसेसुं, दक्खिण - इंदेसु लोयपालाणं ।
एक्केक्क-पल्ल-अहिओ, आऊ सोमादियाण पत्तेक्कं ॥५१७॥

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके अतिरिक्त शेष दक्षिण इन्द्रोंके सोमादिक लोकपालोंमेंसे प्रत्येकको आयु एक-एक पल्य अधिक है ॥५१७॥

ईसाणिंद - विणिंदे, आऊ सोमे[1] जमे ति - पल्लाइं ।
किंचूणाणि कुबेरे, वरुणम्मि य सादिरेयाणि ॥५१८॥

३ । ३ । ३ । ३ ।

अर्थ—ईशान इन्द्रके लोकपालोंमें सोम और यमकी आयु तीन तीन पल्य, कुबेरकी तीन पल्यसे कुछ कम तथा वरुणकी कुछ अधिक तीन पल्य है ॥५१८॥

ईसाणादो सेसय - उत्तर - इंदेसु लोयपालाणं ।
एक्केक्क-पल्ल-अहिओ, आऊ सोमादियाण पत्तेक्कं ॥५१९॥

अर्थ—ईशानेन्द्रके अतिरिक्त शेष उत्तर इन्द्रोंके सोम-आदिक लोकपालोंमें प्रत्येककी आयु एक-एक पल्य अधिक है ॥५१९॥

सव्वाण विणिंदाणं, सामाणिय-सुर-वराण पत्तेक्कं ।
णिय-णिय-विणिंदआऊ, आउ - पमाणाणि आऊणि ॥५२०॥

अर्थ—सब लोकपालोंके सामानिक देवोंमें प्रत्येककी आयु अपने-अपने लोकपालोंकी आयुके प्रमाण होती है ॥५२०॥

पढमे विविए तुरिमे, बम्हादिसु चउसु आणद-दुगम्मि ।
आरण - अच्चुदे कमसो, सत्तिदयेसुं सरीररक्खाणं ॥५२१॥

पलिदोवमाणि आऊ, अड्ढाइज्जं हवेदि पढमम्मि ।
एक्केक्क-पल्ल-वड्ढो, पत्तेक्कं उवरि - उवरिम्मि ॥५२२॥

२ । २ । ३ । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ ।

अर्थ—प्रथम युगल, द्वितीय युगल, ब्रह्मादिक चार युगल, आनत युगल और आरण युगल इनमेंसे प्रथममें शरीर रक्षकोंकी आयु अढ़ाई पल्योपम और ऊपर-ऊपर सब इन्द्रोंके शरीर रक्षकोंकी आयु क्रमशः एक-एक पल्य अधिक है। अर्थात् सौधर्म युगलमें २½ पल्य, सानत्कुमार युगलमें ३½ पल्य, ब्रह्म युगलमें ४½ पल्य, लान्तव युगलमें ५½ पल्य, शुक्र युगलमें ६½ पल्य, शतार युगलमें ७½ पल्य, आनत युगलमें ८½ पल्य और आरण युगलमें ९½ पल्य प्रमाण उत्कृष्ट आयु है ॥५२१-५२२॥

---

१. ब. क. ज. ठ. सोमाणं ।

बाहिर-मज्झब्भंतर-परिसाए होंति तिण्णि चत्तारि ।
पंच पलिदोवमाणि, उवरि एक्केक्क-पल्ल-वड्ढीए ॥५२३॥

३, ४, ५ । ४, ५, ६ । ५, ६, ७ । ६, ७, ८ । ७, ८, ९ । ८, ९, १० ।
९, १०, ११ । १०, ११, १२[1] ।

अर्थ—प्रथम युगलमें बाह्य, मध्यम और अभ्यन्तर पारिषद देवोंकी आयु क्रमशः तीन, चार और पाँच पल्य है । इसके ऊपर एक-एक पल्य अधिक है ॥५२३॥

विशेषार्थ—

क्र०	कल्प-नाम	बाह्य पारि० की आयु	मध्यम पा० की आयु	अभ्य० पा० की आयु	क्र०	कल्प-नाम	बा० पारि० की आयु	मध्यम पा० की आयु	अभ्य० पा० की आयु
१	सौ० युगल	३ पल्य	४ पल्य	५ पल्य	५	महाशुक्र	७ पल्य	८ पल्य	९ पल्य
२	सा० ,,	४ ,,	५ ,,	६ ,,	६	सहस्रार	८ ,,	९ ,,	१० ,,
३	ब्रह्म	५ ,,	६ ,,	७ ,,	७	आ० यु०	९ ,,	१० ,,	११ ,,
४	लान्तव	६ ,,	७ ,,	८ ,,	८	प्रा० ,,	१० ,,	११ ,,	१२ ,,

पढमम्मि अहिय-पल्लं, आरोहक-वाहणाण सट्ठाणे ।
आरू हवेदि तत्तो, वड्ढी एक्केक्क - पल्लस्स ॥५२४॥

१ । २ । ३ । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ ।[2]

अर्थ—इन आठ स्थानोंमेंसे प्रथम स्थानमें आरोहक वाहनोंकी आयु एक पल्यसे अधिक और इसके आगे एक-एक पल्यकी वृद्धि हुई है । अर्थात् आरोहक वाहनोंकी आयु सौ० यु० में १ पल्य, सन० यु० में २ पल्य, ब्र० यु० में ३ पल्य, सां० यु० में ४ पल्य, शु० यु० में ५ पल्य, शतार यु० में ६ पल्य, आनत यु० में ७ पल्य और आरण यु० में ८ पल्य है ॥५२४॥

---

१. ब. ब. ३ । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ । ९ । १० । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ । ९ । १० । ११ । १२ ।
२. ब. क. ८ । ९ ।

एक्केक्क पल्ल वाहण - सामीणं होंति तेसु ठाणेसुं ।
पढमादु उत्तरत्तर - अट्ठदीए एक्क - पल्लस्स ॥५२५॥

१ । २ । ३ । ४ । ५ । ६ । ७ । ८ ।

अर्थ—इन स्थानोंमेंसे प्रथम स्थानमें वाहन-देवोंकी आयु एक-एक पल्य और इससे आगे उत्तरोत्तर एक-एक पल्यकी वृद्धि है । अर्थात् सौ० १, सन० २, ब० ३, लां० ४, शु० ५, श० ६, आ० ७ और आरण अ० में ८ पल्य की आयु है ॥५२५॥

ताणं पइण्णएसुं, अभियोग - सुरेसु किब्बिसेसुं च ।
आउ - पमाण - णिरूवण - उवएसो संपहि पणट्ठो ॥५२६॥

अर्थ—उनके प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषदेवोंमें आयु प्रमाणके निरूपणका उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥५२६॥

जे सोलस कप्पाइं, केई इच्छंति ताण उवएसे[1] ।
जुगलं पडि णादव्वं, पुव्वोदिद - आउ - परिमाणं ॥५२७॥

अर्थ—जो कोई आचार्य सोलह कल्पोंकी मान्यता रखते हैं उनके उपदेशानुसार पूर्वोक्त आयुका प्रमाण एक-एक युगलके प्रति जानना चाहिए ॥५२७॥

इन्द्र-देवियोंकी आयुका विवेचन—

पलिदोवमाणि पण्ण भव, तेरस सत्तरस तह य चोत्तीसं ।
अडुत्तालं आऊ, देवीणं दक्खिणिंदेसुं ॥५२८॥

५ । ९ । १३ । १७ । ३४ । ४८ ।

अर्थ—दक्षिण इन्द्रोंमें देवियोंकी आयु क्रमशः (सौ०) पाँच, (सानत्कुमार) नौ, (ब्रह्म) तेरह, (लान्तव) १७, (आनत) ३४, और (आरण) अड़तालीस पल्य प्रमाण है ॥५२८॥

सत्तेयारस-तेवीस - सत्तवीसेक्क - तीस पणवण्णा ।
पल्ला कमेण आऊ, देवीणं उत्तरिंदेसुं ॥५२९॥

७ । ११ । २३ । २७ । ४१ । ५५ ।

अर्थ—उत्तर इन्द्रोंमें देवियोंकी आयु क्रमशः (ईशान) सात, (माहेन्द्र) ग्यारह, (महाशुक्र) तेवीस, (सहस्रार) सत्ताईस, (प्राणत) इकतालीस और (अच्युत) पचपन पल्य प्रमाण है ॥५२९॥

---

१. द. ब. उवएसो ।

जे सोलस कप्पाणि, केई इच्छंति ताण उवएसे ।
अट्ठसु आउ - पमाणं, देवीणं वण्णिदेसु ॥५३०॥
पलिदोवमाणि पण णव, तेरस सत्तरस एक्कवीसं च ।
पणवीसं चउतीसं, अट्ठत्तालं कमेणेव ॥५३१॥

५ । ९ । १३ । १७ । २१ । २५ । ३४ । ४८ ।

अर्थ—जो कोई आचार्य सोलह कल्पोंकी मान्यता रखते हैं उनके उपदेशानुसार आठ दक्षिण इन्द्रोंमें देवियोंकी आयुका प्रमाण क्रमशः (सौ०) पाँच, (सा०) नौ, (ब्रह्म) तेरह, (लान्तव) सत्तरह, (शुक्र) इक्कीस, (शतार) पच्चीस, (आनत) चौंतीस और (आरण) में अड़तालीस पल्य है ॥ ५३०-५३१ ॥

पल्ला सत्तेक्कारस, पण्णरसेक्कोणवीस—तेवीसं ।
सगवीसमेक्कतालं, पणवण्णं उत्तरिंद—देवीणं ॥ ५३२ ॥

७ । ११ । १५ । १९ । २३ । २७ । ४१ । ५५ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—उक्त आचार्योंके उपदेशानुसार उत्तर इन्द्रोंकी देवियोंकी आयु क्रमशः सात, ग्यारह, पन्द्रह, उन्नीस, तेईस, सत्ताईस, इकतालीस और पचपन पल्य प्रमाण है ॥ ५३२ ॥

पाठान्तर ।

कप्पं पडि पंचादिसु, पल्ला देवीण वड्ढवे अऊ ।
दो—दो—वड्ढो तत्तो, लोयाइणिये समुद्दिट्ठं ॥ ५३३ ॥

५ । ७ । ९ । ११ । १३ । १५ । १७ । १९ । २१ । २३ । २५ । २७ । २९ । ३१ । ३३ । ३५ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—देवियोंकी आयु प्रथम कल्पमें पाँच पल्य प्रमाण है । इसके आगे प्रत्येक कल्पमें दो-दो पल्यकी वृद्धि होती गयी है । ऐसा 'लोगाइणी'में कहा है ॥ ५३३ ॥

विशेषार्थ—सौ० कल्पमें ५ पल्य, ई० ७ पल्य, सान० ९, मा० ११, ब्रह्म० १३, ब्रह्मोत्तरमें १५, लां० १७, का० १९, शुक्रमें २१, महाशुक्रमें २३, स० २५, सह० २७, आ० २९, प्रा० ३१, आ० ३३ और अच्युतकल्पमें ३५ पल्य आयु है ।

पाठान्तर ।

पलिदोवमाणि पंचय-सत्तारस-पंचवीस-पण्णतीसं ।
चउसु जुगलेसु आऊ, णादव्वा इंद-देवीणं ॥५३४॥
आरण-जुग-परियंतं, वड्ढंते पंच पंच-पल्लाइं ।
मूलायारादिरिया[1], एवं णिउणं[2] णिरूवेंति ॥५३५॥

५ । १७[3] । २५ । ३५ । ४० । ४५ । ५० । ५५ ।

पाठान्तरम्

अर्थ—चार युगलोंमें इन्द्र-देवियोंकी आयु क्रमशः पाँच, सत्तरह, पच्चीस और पैंतीस पल्य प्रमाण जानना चाहिए। इसके आगे आरण-युगल पर्यन्त पाँच-पाँच पल्यकी वृद्धि होती गयी है, ऐसा मूलाचार (पर्याप्त्यधिकार ८०)में आचार्य स्पष्टतासे निरूपण करते हैं ॥ ५३४-५३५ ॥

पाठान्तर

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिये]

१. द. ब. क. ज. ठ. मूलायारादिरिया । २. द. ब. णिउणयरं, क. ज. ठ. णिउणा । ३. द. ब. क. ७ ।

इन्द्रों की देवियों की आयु (पल्योंमें)					
क्रमांक	कल्प-नाम	१२ कल्पकी मान्यता गा० ५२८-५२९	१६ कल्पकी मान्यता गा० ५३०-५३१-५३२	लोगाइणी की मान्यता गाथा-५३३	मूलाचार की मान्यता गा० ५३४-५३५
१	सौधर्म	५ पल्य	५ पल्य	५ पल्य	५ पल्य
२	ईशान	७ ,,	७ ,,	७ ,,	५ ,,
३	सनत्कुमार	९ ,,	९ ,,	९ ,,	१७ ,,
४	माहेन्द्र	११ ,,	११ ,,	११ ,,	१७ ,,
५	ब्रह्म	१३ ,,	१३ ,,	१३ ,,	२५ ,,
६	ब्रह्मोत्तर	×	१५ ,,	१५ ,,	२५ ,,
७	लान्तव	१७ पल्य	१७ ,,	१७ ,,	३५ ,,
८	कापिष्ठ	×	१९ ,,	१९ ,,	३५ ,,
९	शुक्र	×	२१ ,,	२१ ,,	४० ,,
१०	महाशुक्र	२३ ,,	२३ ,,	२३ ,,	४० ,,
११	शतार	×	२५ ,,	२५ ,,	४५ ,,
१२	सहस्रार	२७ ,,	२७ ,,	२७ ,,	४५ ,,
१३	आनत	३४ ,,	३४ ,,	२९ ,,	५० ,,
१४	प्राणत	४१ ,,	४१ ,,	३१ ,,	५० ,,
१५	आरण	४८ ,,	४८ ,,	३३ ,,	५५ ,,
१६	अच्युत	५५ ,,	५५ ,,	३५ ,,	५५ ,,

इन्द्रके परिवार देवोंकी देवियोंकी आयु—

पडिइंदाणं सामाणियाण तेत्तीस सुर-वराणं पि ।
देवीओ होंति आऊ, णियिंद-देवीण आउ-समो ॥५३६॥

अर्थ—प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवोंकी देवियोंकी आयु अपने-अपने इन्द्रोंकी देवियोंकी आयुके सदृश होती है ॥ ५३६ ॥

सक्क-विगिंदे सोमे, जमे य देवीण आउ-परिमाणं ।
आउ-भाजिद-पंच-पल्ला, किंचूण-दिवड्ढ वरुणम्मि ॥५३७॥

५ । ३ ।

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके दिक्पालोंमें सोम एवं यमकी देवियोंकी आयुका प्रमाण आधेसे भाजित पाँच (५) पल्य तथा वरुणकी देवियोंकी आयुका प्रमाण कुछ कम डेढ़ (१½) पल्य है ॥ ५३७ ॥

पलिदोवमं दिवड्ढं, होदि कुबेरम्मि सक्क-दिप्पाले[1] ।
तेत्तियमेत्ता आऊ, विगिंद-सामंत-देवीणं ॥५३८॥

अर्थ—सौधर्म इन्द्रके कुबेर दिक्पालकी देवियोंकी आयु डेढ़ पल्य तथा लोकपालोंके सामन्तोंकी देवियोंकी आयु भी इतनी ही होती है ॥ ५३८ ॥

पडिइंदतितयस्स य, णियिंद-देवीण आउ-परिमाणं ।
एक्केक्क-पल्ल-अद्धो सेसेसुं दक्खिणिंदेसु ॥५३९॥

अर्थ—शेष दक्षिण इन्द्रोंमें प्रतीन्द्र-आदिक तीन और लोकपालोंकी देवियोंकी आयुका प्रमाण एक-एक पल्य अधिक है ॥ ५३९ ॥

ईसाण-विगिंदाणं, जम - सोम-वणेस-देवीसु[2] ।
पुह - पुह दिवड्ढ-पल्लं, आऊ वरुणस्स अहिरिस्सं ॥५४०॥

२ । २ । २ । १ ।

अर्थ—ईशान इन्द्रके लोकपालों में यम, सोम और कुबेरकी देवियोंकी आयु पृथक्-पृथक् डेढ़-डेढ़ पल्य तथा वरुणकी देवियोंकी आयु इससे अधिक है। अर्थात् यमकी देवियोंकी २½ पल्य, सोमकी देवियोंकी २½ पल्य, कुबेरकी देवियों की २½ पल्य और वरुणकी देवियोंकी आयु कुछ अधिक २½ पल्य है ॥

---

१. ब. ज. प. द. ठ. दक्खणीसु ।

एदेसु दिग्गिदेसुं, आऊ सामंत - अमर - देवीणं ।
णिय-णिय-दिग्गिद-देवी-आउ-पमाणस्स सारिच्छं ॥५४१॥

अर्थ—इन दिक्पालोंमें सामन्तदेवोंकी देवियोंकी आयु अपने-अपने दिक्पालोंकी देवियोंके आयु-प्रमाणके सदृश है ॥ ५४१ ॥

पडिइंदतिदयस्स य, दिग्गिद-देवीण आऊ-परिमाणे ।
एक्केक्क - पल्ल - वड्ढी, सेसेसुं [1]उत्तरिंदेसुं ॥५४२॥

अर्थ—शेष उत्तर इन्द्रोंमें प्रतीन्द्रादिक तीन और लोकपाल इनकी देवियोंकी आयुका प्रमाण एक-एक पल्य अधिक है ॥ ५४२ ॥

तणुरक्खाण सुराणं, ति-परिस-प्पहुदि-आण देवीणं ।
आउ-पमाण-णिरूवण-उवएसो संपहि पणट्ठो ॥५४३॥

अर्थ—तनुरक्षक देव और तीनों पारिषद आदि देवोंकी देवियोंके आयु प्रमाणके निरूपणका उपदेश इससमय नष्ट हो गया है ॥ ५४३ ॥

बड्ढाउं पडि भणिदं, उक्कस्सं मज्झिमं जहण्णं पि ।
घादाउवमासेज्जं, अण्ण - सरूवं परूवेमो ॥५४४॥

अर्थ—यह उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य आयुका प्रमाण बड़ायुष्कके प्रति कहा गया है । घातायुष्कका आश्रय करके अन्य स्वरूप कहते हैं ॥ ५४४ ॥

प्रथम युगलके पटलोंमें आयुका प्रमाण—

एत्थ उडुम्मि पढम-पत्थले जहण्णमाऊ दिवड्ढ-पलिदोवमं उक्कस्समद्ध-सागरोवमं[2] ।

अर्थ—यहां ऋतु नामक प्रथम पटलमें जघन्य आयु डेढ़ पल्योपम और उत्कृष्ट आयु अर्ध-सागरोपम है ॥

एत्तो तीसमिदयाणं बड्ढी-उड्ढी उच्चदे । तत्थ अद्ध-सागरोवमं मुहं होदि । भूमी अड्ढाइज्ज-सागरोवमाणि । मुहभूमीयो[3] उच्छेहेण भागे हिदे तत्थ एक्क[4]-सागरोवमस्स-पण्णारस-भागोवरिम[5]-बड्ढी होदि । एदं ।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. उत्तरदिविंदेसुं । २. द. ब. सवरोवमं । ३. द. ब. मुहभवमिय । ४. द. ब. क. ज. ठ. सेस । ५. ब. सागरोवमट्ठि ।

अर्थ—अब यहाँ तीस इन्द्रकोंमें स्थित देवोंकी आयुमें वृद्धिहानिका (चय) कहते हैं—

यहाँ अर्ध (½) सागरोपम मुख और साढ़े (२½) सागरोपम (ऋतु पटल की जघन्य और उत्कृष्टायु) भूमि है। भूमिमेंसे मुखका प्रमाण घटाकर शेषमें उत्सेध (एक कम गच्छ) का भाग देने पर एक सागरोपमका पन्द्रहवाँ भाग ($\frac{1}{15}$ सागर) उपरिम वृद्धिका प्रमाण आता है।

विशेषार्थ—प्रथम युगल में समस्त पटल (गच्छ) ३१ हैं और उपर्युक्त जघन्य एवं उत्कृष्ट आयुका प्रमाण घातायुष्कको अपेक्षा है, अतः यहाँ वृद्धि-हानि का प्रमाण—

$\frac{1}{15}$ सागर = (२ सा०—½ सा०) ÷ (३१—१) है।

एदमिच्छिद-पत्थड[1]-संखाए गुणिय मुहे पक्खित्ते विमलादीण तीसण्हं पत्थडाणमाउ-आणि होंदि। तेसिमेसा संदिट्ठी—

$\frac{1}{30}$ । $\frac{15}{30}$ । $\frac{31}{30}$ । $\frac{33}{30}$ । $\frac{35}{30}$ । $\frac{37}{30}$ । $\frac{39}{30}$ । $\frac{41}{30}$ । $\frac{43}{30}$ । $\frac{45}{30}$ । $\frac{47}{30}$ । $\frac{49}{30}$ । $\frac{51}{30}$ । $\frac{53}{30}$ । $\frac{55}{30}$ ।
$\frac{57}{30}$ । $\frac{59}{30}$ । $\frac{61}{30}$ । $\frac{63}{30}$ । $\frac{65}{30}$ । $\frac{67}{30}$ । $\frac{69}{30}$ । $\frac{71}{30}$ ।
। $\frac{73}{30}$ । $\frac{75}{30}$ । $\frac{77}{30}$ । $\frac{79}{30}$ । सा २ ।

अर्थ—इसे ($\frac{1}{15}$ सा० को एक कम) इच्छित पटलकी संख्यासे गुणा कर मुखमें मिला देनेपर विमलादिक तीस पटलोंमें आयुका प्रमाण इसप्रकार निकलता है—

विमल $\frac{17}{30}$ सा० = [$\frac{1}{15}$ सा० × (२—१)] + ½ सागर

चन्द्र $\frac{19}{30}$ सा० = [$\frac{1}{15}$ सा० × (३—१)] + ½ सागर

वल्गु $\frac{21}{30}$ सा० = [$\frac{1}{15}$ सा० × (४—१)] + ½ सा० इसीप्रकार वीर पटलमें $\frac{23}{30}$ सा०, अरुण $\frac{25}{30}$, नन्दन $\frac{27}{30}$, नलिन $\frac{29}{30}$, कंचन $\frac{31}{30}$, रुधिर $\frac{33}{30}$, चन्द्र $\frac{35}{30}$, मरुत् $\frac{37}{30}$, ऋद्धीश $\frac{39}{30}$, वैडूर्य $\frac{41}{30}$, रुचक $\frac{43}{30}$, रुचिर $\frac{45}{30}$, अंक $\frac{47}{30}$, स्फटिक $\frac{49}{30}$, तपनीय $\frac{51}{30}$, मेघ $\frac{53}{30}$, अभ्र $\frac{55}{30}$, हारिद्र $\frac{57}{30}$, पद्ममाल $\frac{59}{30}$, लोहित $\frac{61}{30}$, वज्र $\frac{63}{30}$, नन्द्यावर्त $\frac{65}{30}$, प्रभंकर $\frac{67}{30}$, पिष्टक $\frac{69}{30}$, गज $\frac{71}{30}$, मित्र $\frac{73}{30}$ और प्रभ $\frac{75}{30}$ या २ सागरोपम।

सणक्कुमार - माहिंदे सत्त पत्थडा। एदेसिमाउ - पमाण - आणिज्जमाणे मुह-भूमिट्ठाइज्ज-सागरोवमाणि, भूमी [2]साहू-सत्त-सागरोवमाणि सत्त उस्सेहो होदि। तेसिं संदिट्ठी—

२ । $\frac{9}{7}$ । ३ । $\frac{11}{7}$ । ४ । $\frac{13}{7}$ । ५ । $\frac{15}{7}$ । ६ । $\frac{17}{7}$ । ७ । $\frac{19}{7}$ सा ।

---

१. ब. ब. क. ब. ड. पंचय। २. ब. ह. क. ब. ड. साह-सागरोवमाणि।

अर्थ—सनत्कुमार-माहेन्द्र युगलमें सात पटल हैं। इनमें आयु-प्रमाणको प्राप्त करनेके लिए मुख अढ़ाई सागरोपम, भूमि साढ़े सात सागरोपम और उत्सेध सात है।

(भूमि $7\frac{1}{2}$ — $2\frac{1}{2}$ मुख)÷७

वृद्धि-हानिका प्रमाण $\frac{5}{7}$ सा०=(भूमि $7\frac{1}{2}$ — $2\frac{1}{2}$ मुख)÷ ७ उत्सेध।

उनकी संदृष्टि इसप्रकार है—

अञ्जन $3\frac{5}{7}$ सागर= $2\frac{1}{2}$ सा० + $\frac{5}{7}$ सा० इसीप्रकार वनमाल $3\frac{5}{7}$ सागर, नाग $4\frac{4}{7}$सा०, गरुड़ $5\frac{3}{7}$ सा०, लांगल $6\frac{2}{7}$ सा० बलभद्र $6\frac{6}{7}$ और चक्र पटलमें ७$\frac{1}{2}$ सागर है।

बम्ह-बम्हुत्तर-कप्पे चत्तारि पत्थला। एदेसिमाउ-पमाणिज्जमाणे[1] मुहं अद्ध-सागरोवमाहिय-सत्त-सागरोवमाणि, भूमी अद्ध-सागरोवमाहिय-दस-सागरोवमाणि। एदेसिमाउआणं संदिट्ठी।

८ । $\frac{1}{2}$ । ९ । ९ । $\frac{1}{2}$ । १०$\frac{1}{2}$ ।

अर्थ—ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर कल्पमें चार पटल हैं। इनका आयु प्रमाण प्राप्त करने हेतु मुख साढ़ेसात (७$\frac{1}{2}$) सागरोपम, भूमि साढ़ेदस (१०$\frac{1}{2}$) सागरोपम (और उत्सेध चार) है। [इनमें वृद्धि-हानिका प्रमाण $\frac{1}{2}$ सा०=(१०$\frac{1}{2}$—७$\frac{1}{2}$)÷४ उत्सेध] इनमें आयु प्रमाणकी संदृष्टि इसप्रकार है—

अरिष्ट की ८$\frac{1}{2}$ सा०=७$\frac{1}{2}$+$\frac{1}{2}$ सागर। इसीप्रकार सुरसमितिकी ९सा०,ब्रह्म ९$\frac{1}{2}$ सा० और ब्रह्मोत्तर की १०$\frac{1}{2}$ सागर है॥

लांतव-कापिट्ठे दोण्णि पत्थला। तेसिमाउआण संदिट्ठी एसा।

१२ । $\frac{1}{2}$ । १४ । $\frac{1}{2}$ ।

अर्थ—लान्तव-कापिष्ठमें दो पटल हैं। उनमें आयु प्रमाणकी संदृष्टि—ब्रह्महृदयमें १२$\frac{1}{2}$ सा० और लान्तवमें १४$\frac{1}{2}$ सा० है॥

महसुक्को[2] त्ति एक्को चेव पत्थलो सुक्क-महसुक्क-कप्पेसु। तम्मि आउस्स य संदिट्ठी एसा। १६ । $\frac{1}{2}$ ।

अर्थ—शुक्र-महाशुक्र कल्पमें महाशुक्र नामक एक ही पटल है। उस महाशुक्रमें आयुका प्रमाण १६$\frac{1}{2}$ सागर है॥

---

१. ब. ब. माउपमाणाणिमाणे। २. ब. महसुक्के।

सहस्सारओ त्ति एक्को पत्थलो सदर-सहस्सार-कप्पेसु । तत्थ आउवस्स संविट्ठो[1] —१८ । ½ ।

अर्थ—शतार-सहस्रार कल्पमें सहस्रार नामक एक ही पटल है। उसमें आयुका प्रमाण १८½ सा० है ॥

आणद-पाणद-कप्पेसु तिण्णि पत्थला । तेसुमाउअस्स पुधुत्त-कमेण आणिय-संविट्ठो १९ । १९ ।½ । २० ।

अर्थ—आनत-प्राणत कल्पमें तीन पटल हैं। उनमें पूर्वोक्त विधिसे निकाला हुआ आयुका प्रमाण इसप्रकार है—आनतमें १९ सा०, प्राणतमें १९½ सा० और पुष्पकमें २० सा०।

आरण-अच्चुद-कप्पे तिण्णि पत्थला । एवेसुमाउआणं एस संविट्ठो । २० । ½ । २१ । ½ । २२ ।

अर्थ—आरण-अच्युत कल्पमें तीन पटल हैं। इनमें आयु प्रमाणकी संदृष्टि यह है—आनतमें २०½ सा०, आरणमें २१½ सा० और अच्युतमें २२ सागर ॥

एत्तो उवरि सुदंसणो अमोघो सुप्पबुद्धो जसोहरो सुभद्दो सुविसालो सुमणसो सोमणसो पीदिकरो त्ति एदे णव पत्थला गेवेज्जेसु । एदेसुमाउआणं वड्ढि-हाणी णत्थि । पाहेक्कमेक्क-पत्थलस्स पाहण्णियादो । तेसिमाउ[2]-संविट्ठो एसा—२३ । २४ । २५ । २६ । २७ । २८ । २९ । ३० । ३१ ।

अर्थ—उससे ऊपर सुदर्शन, अमोघ, सुप्रबुद्ध, यशोधर, सुभद्र, सुविशाल, सुमनस, सौमनस और प्रीतिंकर इसप्रकार ये नौ पटल ग्रैवेयकोंमें हैं। इनमें आयुकी वृद्धि-हानि नहीं है, क्योंकि प्रत्येकमें एक-एक पटलकी प्रधानता है। उनमें आयुकी संदृष्टि यह है—

सुदर्शन २३ सा०, अ० २४ सा०, सु० २५ सा०, यशो० २६ सा०, सुभद्र २७ सा०, सुवि० २८ सा०, सुमनस २९ सा०, सौ० ३० सा० और प्रीतिंकर में ३१ सागर हैं।

अणुदिसेसु आइच्चो णाम एक्को चेव पत्थलो। तम्हि आउअं एत्तियं होदि ३२ ।

---

१. ब. पत्थला, द. क. ब. ड. पत्थला आउ संविट्ठो। २. ब. द. क. ब. ड. तेसिमाउआणं।

अर्थ—नौ अनुदिशोंमें आदित्य नामक एक ही पटल है। इसमें आयु इतनी अर्थात् ३२ सागर प्रमाण होती है।

पंचाणुत्तरेसु सव्वत्थ-सिद्धि-सण्णिदो एक्को चेव पत्थलो। तत्थ विजय[1]-वइजयंत-जयंत-अपराजिदाणं जहण्णाउअस्स समयाधिय-बत्तीस-सागरोवमुक्कस्सं तेत्तीस-सागरोवमाणि। सव्वत्थ-सिद्धि-विमाणम्मि जहण्णुक्कस्सेण तेत्तीस-सागरोवमाणि ॥३३॥

एत्तिओ विसेसो सेसं पुव्वं व वत्तव्वं।

एवमाउगं समत्तं ॥ ८ ॥

अर्थ—पाँच अनुत्तरोंमें सर्वार्थसिद्धि नामक एक पटल है। उसमें विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित विमानोंमें जघन्य आयु एक समय अधिक बत्तीस (३२) सागरोपम और उत्कृष्ट आयु तैंतीस (३३) सागरोपम प्रमाण है। सर्वार्थसिद्धि विमानमें जघन्य एवं उत्कृष्ट आयु तैंतीस (३३) सागरोपम प्रमाण है।

इतनी विशेषता है, शेष पूर्ववत् कहना चाहिए।

इसप्रकार आयुका कथन समाप्त हुआ ॥ ८ ॥

इन्द्रों एवं उनके परिवार देव-देवियों के
विरह (जन्म-मरणके अन्तर) कालका कथन—

सव्वेसिं इंदाणं, ताण[2] - महादेवि - लोयपालाणं।
पडिइंदाणं विरहो, उक्कस्सं होदि छम्मासं ॥५४५॥

अर्थ—सब इन्द्रों, उनकी महादेवियों, लोकपालों और प्रतीन्द्रोंका उत्कृष्ट विरह-काल छह मास है ॥ ५४५ ॥

तेत्तीसामर-सामाणियाण अणुरक्ख-परिस-तिदयाणं।
चउ-मासं वर-विरहो, बोच्छं[3] आणीय-पहुदीणं ॥५४६॥

सोहम्मे छ-मुहुत्ता, ईसाणे चउ-मुहुत्त वर-विरहं।
णव-दिवसं दु-ति-भागो, सणक्कुमारम्मि कप्पम्मि ॥५४७॥

बारस-दिणं ति-भागा, माहिंदे पंच-सात बम्हम्मि।
सोदि-दिणं महसुक्के, सय-दिवसं तह सहस्सारे ॥५४८॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. विजयावइजयंतजयंतअपराजिद। २. ब. ब. ताव। ३. द. ब. वोच्छं।

संखेज्ज-सयं वरिसा, वर-विरहं आणदादिय-चउक्के ।
भणिदं कप्प-गदाणं, एक्कारस-भेद-देवाणं ॥५४९॥

अर्थ—त्रायस्त्रिंश देवों, सामानिकों, तनुरक्षकों और तीनों पारिषदों का उत्कृष्ट विरह काल चार मास है। अनीक आदि देवों का उत्कृष्ट विरहकाल कहते हैं—

यह उत्कृष्ट विरह (काल) सौधर्म में छह मुहूर्त, ईशान में चार मुहूर्त, सनत्कुमार में तीन भागों में से दो भाग सहित नौ (९$\frac{2}{3}$) दिन, माहेन्द्रकल्प में त्रिभाग सहित बारह (१२$\frac{1}{3}$) दिन, ब्रह्मकल्प में पैंतालीस (४५) दिन, महाशुक्र में अस्सी (८०) दिन, सहस्रार में सौ दिन और आनतादिक चार कल्पों में संख्यात सौ वर्ष प्रमाण है। यह उत्कृष्ट विरह काल इन्द्र आदि रूप ग्यारह भेदों से युक्त कल्पवासी देवों का कहा गया है ॥५४६-५४९॥

नोट—सान्तव कल्प के विरह काल को दर्शाने वाली गाथा नहीं है।

कप्पातीद-सुराणं, उक्कस्सं अंतराणि पत्तेक्कं ।
संखेज्ज-सहस्सारिण, कासा गेवेज्जगे अवण्णं ॥५५०॥

अर्थ—नौ ग्रैवेयकों में से प्रत्येक में कल्पातीत देवों का उत्कृष्ट अन्तर संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है ॥ ५५० ॥

पल्लासंखेज्जं सो,[1] अणुदिसाणुत्तरेसु उक्कस्सं ।
सव्वे अवरं समयं, जम्मण[2]-मरणाण अंतरयं ॥५५१॥

अर्थ—यह उत्कृष्ट अन्तर अनुदिश और अनुत्तरों में पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। जन्म-मरण का जघन्य अन्तर सब जगह एक समय मात्र है ॥५५१॥

मतान्तरसे विरहकाल—

दुसु दुसु ति-चउक्केसु य, सेसे अणगतराणि[3] अवणम्मि ।
सत्त-दिण-पक्ख-मासा, दु-चउ-छम्मासया कमसो ॥५५२॥

वि ७ । १५ । मा १ । २ । ४ । ६ ।

अर्थ—(सौधर्मादि) दो, दो, तीन चतुष्कों (चार, चार, चार कल्पों) में तथा शेष ग्रैवेयकों आदि में जन्म एवं मरण का अन्तर क्रमशः सात दिन, एक पक्ष, एक मास, दो मास, चार मास और छह मास प्रमाण है ॥५५२॥

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. सा । २. ब. ब. क. ज. ठ, जहण्ण ।

३. ब. ब. क. ज. ड. अणंतराणि अवणाणि ।

इय जम्मण-मरणाणं, उक्कस्से होदि अंतर-पमाणं ।
सव्वेसुं कप्पेसुं, जहण्णए एक्क-समओ य ॥५५३॥

पाठान्तरम् ।

जम्मण-मरणाणंतर-कालो समत्तो ॥६॥

अर्थ—इस प्रकार सब कल्पों में जन्म-मरण का यह अन्तर प्रमाण उत्कृष्ट है। जघन्य अन्तर सब कल्पों में एक समय ही है ॥५५३॥

पाठान्तर ।

जन्म-मरणके अन्तरकाल का कथन समाप्त हुआ ।

[तालिका अगले पृष्ठ पर देखिये]

देव-देवियोंके जन्म-मरणका अन्तर (विरह) काल

नाम	उत्कृष्ट अन्तर	मतान्तर से उत्कृष्ट अन्तर		जघन्य अन्तर
		नाम	अन्तर	
सब इन्द्र महा देवियाँ लोकपाल असीन्द्र	६ मास	×	×	
आयस्त्रिंश सामानिक तनुरक्षक तीनों पारिषद	४ मास	×	×	
सौधर्म कल्प	६ मुहूर्त	सौधर्म	सात दिन	एक समय अन्तर
ईशान कल्प	४ मुहूर्त	ईशान	सात दिन	
सनत्कुमार कल्प	$9\frac{3}{5}$,,	सानत्कुमार	एक पक्ष	
माहेन्द्र कल्प	$12\frac{3}{5}$,,	माहेन्द्र	एक पक्ष	
ब्रह्म कल्प	४५ दिन	ब्रह्म-ब्रह्मोत्तर	एक मास	
लान्तव कल्प	गाथा नहीं है।	लान्तव-कापिष्ट	एक मास	एक समय अन्तर
महाशुक्र कल्प	८० दिन	शुक्र-महाशुक्र	दो मास	
सहस्रार कल्प	१०० दिन	शतार-सहस्रार	दो मास	
आनत प्राणत आरण अच्युत	संख्यात सौ वर्ष	आनत प्राणत आरण अच्युत	चार मास	
नव ग्रैवेयक	संख्यात हजार वर्ष			
अनुदिश अनुत्तर	पल्य के असंख्यातवें-भाग प्रमाण	नव ग्रैवेयक	छह मास	
		नव अनुदिश अनुत्तर	छह मास	

सपरिवार इन्द्रों के आहार का काल—

उवहि-उवमाण-जीवी, वरिस-सहस्सेण दिव्व-अमयमयं ।
भुंजदि मणसाहारं, णिरुवमयं तुट्टि-पुट्टि-करं ॥५५४॥

अर्थ—एक सागरोपम काल पर्यन्त जीवित रहने वाला देव एक हजार वर्ष में दिव्य, अमृतमय, अनुपम और तुष्टि एवं पुष्टि कारक मानसिक आहार करता है ॥५५४॥

जेत्तिय-अलणिहि-उवमा, जो जीवदि तस्स तेत्तिएहिं च ।
वरिस-सहस्सेहि हवे, आहारो पणु-दिणाणि पल्लमिदे ॥५५५॥

अर्थ—जो देव जितने सागरोपम काल पर्यन्त जीवित रहता है, उसके उतने ही हजार वर्षों में आहार होता है। पल्य प्रमाण काल पर्यन्त जीवित रहने वाले देवों के पाँच दिन में आहार होता है ॥५५५॥

पडिइंदाणं सामाणियाण[1] तेत्तीस-सुर-वराणं च ।
भोयण-काल-पमाणं, णिय-णिय-इंदाण-सारिच्छं[2] ॥५५६॥

अर्थ—प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश देवों के आहारकाल का प्रमाण अपने-अपने इन्द्रों के सदृश है ॥५५६॥

इंद-पहुदि-चउण्हं, देवीणं भोयणम्मि जो समओ ।
तस्स पमाण-पदुवण-उवएसो संपहि पणट्ठो ॥५५७॥

अर्थ—इन्द्र आदि चार (इन्द्र, प्रतीन्द्र, सामानिक और त्रायस्त्रिंश इन) की देवियों के भोजन का जो काल है उसके प्रमाण के निरूपण का उपदेश इस समय नष्ट हो गया है ॥५५७॥

सोहम्मिंद-दिगिंदे, सोमम्मि जमम्मि भोयणावसरो ।
सामाणियाण ताणं, पत्तेक्कं पंचवीस-बल-दिवसा ॥५५८॥

५ ।

अर्थ—सौधर्म इंद्र के दिक्पालों में से सोम एवं यम के तथा उनके सामानिकों में से प्रत्येक के भोजन का काल साढ़े बारह (१२½) दिन है ॥५५८॥

तद्देवीणं तेरस-दल-दिवसा होंदि भोयणावसरो ।
वरुणस्स कुबेरस्स य, तस्सामंताण ऊणपण-पक्खे ॥५५९॥

॥ १५ ॥

---

१. ब. ज. क. ज. ठ. सामाणियाण तोसो । २. ब. क. ज. ठ. सारिच्छा ।

अर्थ—उन (सोम एवं यम लोकपाल और इनके सामानिक देवों) की देवियों के आहार का काल साढ़े छह (६½) दिन है और वरुण एवं कुबेर लोकपाल तथा इनके सामानिक देवों के आहार का काल कुछ कम एक पक्ष (१५ दिन) है ॥५५९॥

पण्णरस-बल-विहीणं, ताणं देवीण होदि तक्कालो ।
ईसाणिंद-विणिंदे, सोमम्मि जमम्मि सक्क-वरुण समो ॥५६०॥

अर्थ—उन (सौधर्मेन्द्र के वरुण एवं कुबेर लोकपाल और उनके सामानिक देवों) की देवियों का आहार काल साढ़े सात (७½) दिन है । ईशानेन्द्र के सोम एवं यम लोकपालों का आहार काल सौधर्मेन्द्र के वरुण लोकपाल सदृश (कुछ कम १५ दिन) है ॥५६०॥

किंचूणमेक्क-पक्खं, भोयण-कालो कुबेर-णामस्स ।
तद्देवीणं होदि हु, सामण्णं सोम-देवीणं ॥५६१॥

। १५ । १५ ।

अर्थ—(ईशानेन्द्र के) कुबेर नामक लोकपाल और उनकी देवियों का तथा सामानिक देवों की देवियों तथा (यम व) सोम की देवियों का आहार काल कुछ कम १५ दिन है ॥५६१॥

वरुणस्स असण-कालो, होदि कुबेरादु किंचि-अधिरित्तो ।
सेसाहार - पमाणं, उवएसो संपहि पणट्ठो ॥५६२॥

१५ ।

उवमाहार-काल-समत्तो ॥१०॥

अर्थ—वरुण लोकपालका आहार काल कुबेरके आहार-कालसे कुछ अधिक अर्थात् पन्द्रह (१५) दिन है । शेष (सानत्कुमार आदि इन्द्र उनके परिवारके देव-देवियों) के आहार कालके प्रमाणका उपदेश इससमय नष्ट हो गया है ॥५६२॥

आहार-काल समाप्त हुआ ॥१०॥

देवोंके श्वासोच्छ्वासका कथन—

पढमे बिदए तुरिमे, बम्हादिसु चउसु आवह-चउक्के ।
हेट्ठिम - मज्झिम, उवरिम, गेवेज्जेसुं च सेसेसुं ॥५६३॥
जिय जिय भोयण-काले, जं परिमाणं सुराण पण्णत्तं ।
तम्मेत्त मुहुत्ताणि, आणापाणाण - संचारो ॥५६४॥

उस्सासो समत्तो ॥११॥

अर्थ—पहले दूसरे युगल, ब्रह्मादि चार और आनतादि चार, इन बारह कल्पोंमें, अधस्तन, मध्यम, उपरिम ग्रैवेयकों में तथा शेष (अनुदिश और अनुत्तर) विमानों में देवों के अपने-अपने भोजन के काल का जो प्रमाण कहा गया है उसमें उतने प्रमाण मुहूर्त में श्वासोच्छ्वास का संचार होता है ॥५६३-५६४॥

देवोंके शरीरका उत्सेध—

देवाणं उच्छेहो, हत्था - सत्त - छ - पंच - चत्तारि ।
कमसो हवेदि तत्तो, पत्तेक्कं हत्थ - दल - हीणा ॥५६५॥

७ । ६ । ५ । ४ । ३½ । ३ । २½ । २ । १½ । १ ।

अर्थ—देवोंके शरीरका उत्सेध क्रमशः सात, छह, पांच और चार हाथ प्रमाण है, इसके आगे प्रत्येक स्थान पर अर्ध-अर्ध हाथ हीन होता गया है ॥५६५॥

विशेषार्थ—देवों के शरीर की ऊँचाई सौधर्म कल्प में ७ हाथ, ईशान कल्पमें ६ हाथ, सनत्कुमार में ५ हाथ, माहेन्द्रकल्पमें ४ हाथ, ब्रह्म कल्प से सहस्रार कल्प पर्यन्त ३½ हाथ, आनतादि चार कल्पोंमें ३ हाथ, अधोग्रैवेयकमें २½ हाथ, मध्यम में २ हाथ, उपरिममें १½ हाथ और अनुदिश एवं अनुत्तर विमानों के देवों के शरीर की ऊँचाई एक हाथ प्रमाण है ॥

दुसु दुसु चउसु दुसु सेसे सत्तच्छ - पंच - चत्तारि ।
तत्तो हत्थ - दलेणं, हीणा सेसेसु पुव्वं व ॥५६६॥

७ । ६ । ५ । ४ । ३½ । ३ । २½ । २ । १½ । १ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—देवोंके शरीरकी ऊँचाई दो अर्थात् सौधर्मैशानमें ७ हाथ, दो (सानत्कुमार-माहेन्द्र) में ६ हाथ, चार (ब्रह्मादि चार) में ५ हाथ और दो (शुक्र-महाशुक्र) में ४ हाथ है। शेष कल्पोंमें अर्ध-अर्ध हस्त प्रमाण हीन होता गया है। अर्थात् शतार-सहस्रारमें ३½ हाथ और आनतादि चार में ३ हाथ प्रमाण है। शेष (कल्पातीत विमानों) में पूर्वके सदृश अर्थात् अधोग्रैवेयकमें २½ हाथ, मध्यम ग्रै० में २ हाथ और उपरिम ग्रै० में १½ है। शेष विमानोंमें पूर्ववत् अर्थात् अनुदिश और अनुत्तर विमानोंमें शरीरका उत्सेध एक हाथ प्रमाण है ॥५६६॥

पाठान्तर ।

एदे सहाव - जादा, वेहुच्छेहो हुवंति देवाणं ।
विकिरियाहि ताणं, विचित्त - भेदा विराजंति ॥५६७॥

उच्छेहो गदो ॥१२॥

अर्थ—इसप्रकार देवोंके शरीरका यह उत्सेध स्वभावसे उत्पन्न होता है। उनका विक्रियासे उत्पन्न शरीरका उत्सेध नाना प्रकारसे शोभायमान होता है ॥५६७॥

इसप्रकार उत्सेधका कथन समाप्त हुआ ॥१२॥

देवायु-बन्धक-परिणाम—

आउव - बंधण - काले, जलराई तह य.....।
सरिसा - हलिदराए, कोपह - पहुदीण उदयम्मि ॥५६८॥

नोट—ताडपत्र खण्डित होने से गाथा का अभिप्राय बोध-गम्य नहीं है।

एवं विह-परिणामा, मणुवा-तिरिया य तेसु कप्पेसु।
णिय णिय जोगट्ठाणे, ताहे बंधंति देवाऊ ॥५६९॥

अर्थ—इसप्रकारके परिणामवाले मनुष्य और तिर्यंच उन-उन कल्पोंको देवायु बाँधते हैं ॥५६९॥

सम-दम-जम-णियम-जुदा, णिद्दंडा णिम्ममा णिरारंभा।
ते बंधंते आऊ, इंदादि - महड्ढियादि - पंचाणं ॥५७०॥

अर्थ—जो शम (कषायों का शमन), दम (इन्द्रियों का दमन), यम (जीवन पर्यन्त का त्याग) और नियम आदि से युक्त, णिदण्ड अर्थात् मन, वचन और काय को वश में रखने वाले, निर्ममत्व परिणाम वाले तथा आरम्भ आदि से रहित होते हैं वे साधु इन्द्र आदि की आयु अथवा पाँच अनुत्तरों में ले जाने वाली महर्द्धिक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७०॥

सण्णाण-सवेहि-जुदा, मद्दव-विणयादि संजुदा केई।
गारव-ति-सल्ल-रहिदा, बंधंति महड्ढिग-सुराउं ॥५७१॥

अर्थ—सम्यग्ज्ञान एवं सम्यक् तप से युक्त, मार्दव और विनय आदि गुणों से सम्पन्न, तीन (ऋद्धि-गारव, रस-गारव और साता) गारव तथा तीन (मिथ्या, माया और निदान) शल्यों से रहित कोई-कोई (साधु) महा-ऋद्धिधारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७१॥

ईसो मच्छर-भावं, भय-लोभ-वसं च जे ण वच्चंति।
विविह-गुणा वर-सीला, बंधंति महड्ढिग-सुराणं ॥५७२॥

अर्थ—जो ईर्षा, मात्सर्यभाव, भय और लोभ के वशीभूत होकर वर्तन नहीं करते हैं तथा विविध गुण और श्रेष्ठ शील से संयुक्त होते हैं, वे (श्रमण) महा-ऋद्धि धारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७२॥

कंचण-पासाणेसुं, सुह-दुक्खेसुं पि मित्त-अरिवेसुं ।
समया समाण-भावा, बंधंति महड्ढिग-सुराउं ॥५७३॥

अर्थ—स्वर्ण-पाषाण, सुख-दुःख और मित्र शत्रु में समता भाव रखने वाले श्रमण महा-ऋद्धिधारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७३॥

देहेसुं णिरवेक्खा, णिब्भर-वेरग्ग-भाव संजुत्ता ।
रागादि-दोस-रहिदा, बंधंति महड्ढिग-सुराउं ॥५७४॥

अर्थ—शरीर से निरपेक्ष, अत्यन्त वैराग्य भावों से युक्त और रागादि दोषों से रहित (श्रमण) महा-ऋद्धिधारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७४॥

उत्तर-मूल-गुणेसुं, समिदि-सुबंभे सज्झाण-जोगेसुं ।
णिच्चं पमाद-रहिदा, बंधंति महड्ढिग-सुराउं ॥५७५॥

अर्थ—जो श्रमण मूल और उत्तर गुणों में, (पाँच) समितियों में, महाव्रतों में धर्म एवं शुक्लध्यान में तथा योग आदि की साधना में सदैव प्रमाद रहित वर्तन करते हैं वे महा-ऋद्धिधारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७५॥

वर-मज्झ-अवर-पत्ते, ओसह-आहारभय-विण्णाणं ।
दाणाणु[1] ..... बंधंति देवाउं ॥५७६॥

अर्थ—जो उत्तम, मध्यम और जघन्य पात्रों को औषधि, आहार, अभय और ज्ञान दान [देते हैं वे मध्यम ऋद्धिधारक] देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७६॥

लज्जा मज्जादाहि, मज्झिम - भावेहि - संजुदा केई ।
उवसम-पहुदि-समग्गा, बन्धंते मज्झिम-मड्ढिक-सुराउं ॥५७७॥

अर्थ—लज्जा और मर्यादा रूप मध्यम भावों से युक्त तथा उपशम प्रभृति भावों से संयुक्त कई मध्यम ऋद्धि-धारक देवों की आयु बाँधते हैं ॥५७७॥

पचलिद-सण्णाणाणे, चारित्ते बहु-किलिट्ठ-भाव-जुदा ।
अण्णा[2] ....., बंधंते अप्पड्ढि - असुराऊ ॥५७८॥

अर्थ—मनादिसे प्रकटित संज्ञाओं एवं अज्ञानके कारण अपने चारित्रमें अत्यन्त विलक्षयमान भाव संयुक्त अन्य कई (जीव) अल्पर्द्धिक देवोंकी आयु बाँधते हैं ॥५७८॥

---

१ ताडपत्र यहाँ टूटा हुआ है। २. ताडपत्र यहाँ टूटा हुआ है।

सबल-चरित्ता कूरा, उम्मग्गत्था-णिदाण-कद-भावा ।
मंद - कसायाणुरदा, बंधंते[1] [2]अप्पइड्ढि - असुराउं ॥५७६॥

अर्थ—दूषित चारित्रवाले, क्रूर, उन्मार्गमें स्थित, निदान भाव सहित और मन्द कषायोंमें अनुरक्त जीव अल्पर्द्धिक देवोंकी आयु बाँधते हैं ॥५७६॥

देवोंमें उत्पद्यमान जीवोंका स्वरूप—

दसपुव्व-धरा सोहम्म-पहुदि सव्वट्ठसिद्धि - परियंतं ।
चोद्दसपुव्व - धरा तह, लंतव - कप्पादि वच्चंते ॥५८०॥

अर्थ—दसपूर्व धारी जीव सौधर्मकल्पसे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त तथा चौदह पूर्वधारी लान्तव कल्पसे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जाते हैं ॥५८०॥

सोहम्मादी - अच्चुद - परियंतं जंति देसवद-जुत्ता ।
चउ-विह-दाण-पयट्टा, अकसाया पंचगुरु - भत्ता ॥५८१॥

अर्थ—चार प्रकारके दानमें प्रवृत्त, कषायोंसे रहित एवं पंच परमेष्ठियोंकी भक्तिसे युक्त, ऐसे देशव्रत संयुक्त जीव सौधर्म स्वर्गसे अच्युत स्वर्ग पर्यन्त जाते हैं ॥५८१॥

सम्मत्त-णाण-अज्जव[3]-लज्जा-सोलादिएहि परिपुण्णा ।
जायंते इत्थीओ, जा अच्चुद - कप्प - परियंतं ॥५८२॥

अर्थ—सम्यक्त्व, ज्ञान, आर्जव, लज्जा एवं शीलादिसे परिपूर्ण स्त्रियाँ अच्युत कल्प पर्यन्त जाती हैं ॥५८२॥

जिण-लिंग-धारिणो जे, उक्किट्ठ-[4]तवस्समेण संपुण्णा ।
ते जायंति अभव्वा, उवरिम - गेवेज्ज - परियंतं ॥५८३॥

अर्थ—जो अभव्य जीव जिन-लिङ्गको धारण करते हैं और उत्कृष्ट तपके श्रमसे परिपूर्ण हैं वे उपरिम-ग्रैवेयक पर्यन्त उत्पन्न होते हैं ॥५८३॥

परदो अच्चुद[5]-कप्प-तव-संजम-णाण-चरण-संपण्णा ।
णिग्गंथा जायंते, भव्वा सव्वट्ठसिद्धि - परियंतं ॥५८४॥

---

१ क. ख. बद्धंते । २. ब. क. ज. ठ. अप्पड्ढि ज ।
३. क, क, ठ. अज्जवसीला, ब. ज. अज्जावसीला ।
४. ब. ज. क. ज. तवासमेण । ५. ब. ब. ज. ठ. अंचदप्प ।

अर्थ—पूजा, व्रत, तप, दर्शन, ज्ञान और चारित्रसे सम्पन्न निर्ग्रन्थ भव्य जीव इससे (उपरिम ग्रैवेयक से) आगे सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त उत्पन्न होते हैं ॥५८४॥

चरका परिवज्ज-धरा, मंद - कसाया पियंवदा केई ।
कमसो भावण - पहुदी, जम्मंते बम्ह - कप्पंतं ॥५८५॥

अर्थ—मन्द-कषायी एवं प्रिय बोलने वाले कितने ही चरक (चार्वाक) (साधु विशेष) और परिव्राजक क्रमशः भवनवासियोंको आदि लेकर ब्रह्मकल्प पर्यन्त उत्पन्न होते हैं ॥५८५॥

जे पंचेंदिय-तिरिया, सण्णी हु अकाम-णिज्जरेण जुदा ।
मंद - कसाया केई, जंति[1] सहस्सार - परियंतं ॥५८६॥

अर्थ—जो कोई पंचेन्द्रिय संज्ञी तिर्यञ्च अकाम-निर्जरासे युक्त और मन्द कषायी हैं, वे सहस्रार कल्प पर्यन्त उत्पन्न होते हैं ॥५८६॥

तणुदंडणादि-सहियाजीवा जे अमंद-कोह-जुदा ।
कमसो भावण-पहुदी, केई जम्मंति अच्चुदं जाव ॥५८७॥

अर्थ– जो तनुदण्डन अर्थात् कायक्लेश आदि सहित और तीव्र क्रोध से युक्त है ऐसे कितने ही आजीवक-साधु क्रमशः भवनवासियों से लेकर अच्युत स्वर्ग पर्यन्त जन्म लेते हैं ॥५८७॥

आ ईसाणं कप्पं, उप्पत्ती होदि देव-देवीणं ।
तप्परदो उप्पत्ती, देवाणं केवलाणं पि ॥५८८॥

अर्थ—ईशान कल्प पर्यन्त देवों और देवियों (दोनों) की उत्पत्ति होती है। इससे आगे केवल देवों की ही उत्पत्ति है ॥५८८॥

ईसाण - लंतवच्चुद - कप्पंतं जाव होंति कंदप्पा ।
किब्बिसिया अभियोगा, णिय-कप्प-जहण्ण-ठिदि-सहिया ॥५८९॥

एवमायुग-बंधं[2] समत्तं ॥

अर्थ– कान्दर्प, किल्बिषिक और आभियोग्य देव अपने-अपने कल्पकी जघन्य स्थिति सहित क्रमशः ईशान, लान्तव और अच्युत कल्प पर्यन्त होते हैं ॥५८९॥

इसप्रकार आयु-बन्ध का कथन समाप्त हुआ ॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. जाव। २. द. ब. क. ज. ठ. बंध समत्ता।

उत्पत्ति समय में देवों की विशेषता—

जायंते सुरलोए, उववादपुरे महारिहे सयणे ।
जादा[1] य मुहुत्तेणं, छप्पज्जत्तीओ पावंति ॥५९०॥

अर्थ—ये देव सुरलोक के भीतर उपपादपुर में महार्घ शय्या पर उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होने के पश्चात् एक मुहूर्त में ही छह पर्याप्तियाँ भी प्राप्त कर लेते हैं ॥५९०॥

णत्थि णह-केस-लोमा, ण चम्म-मंसा ण लोहिद-वसाओ ।
अट्ठी ण मुत्त-पुरीसं, ण सिराओ देव-संघडणे ॥५९१॥

अर्थ—देवों के शरीर में न नख, केश और रोम होते हैं; न चमड़ा और मांस होता है; न रुधिर और चर्बी होती है; न हड्डियाँ होती हैं; न मल-मूत्र होता है और न नसें ही होती हैं ॥५९१॥

वण्ण-रस-गंध-फासं, अट्ठसय-वेगुव्व-दिव्व-अग्गाओ ।
गेण्हंति[2] देवो सोहू, ? उवचिद-कम्माणु-भावेणं ॥५९२॥

अर्थ—संचित (पुण्य) कर्म के प्रभाव से और अतिशय वैक्रियिक रूप दिव्य बन्ध होने के कारण देव उत्तम—वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्श ग्रहण करते हैं ॥५९२॥

उप्पण्ण-सुर-विमाणे, पुव्वमणुग्घाडिदं कवाड-जुगं ।
उग्घडदि तम्मि काले, पसरदि आणंद-भेरि-रवं ॥५९३॥

एवमुप्पत्ती गदा ॥

अर्थ—देव विमान में उत्पन्न होने पर पूर्व में अनुद्घाटित (बिना खोले) कपाट-युगल खुलते हैं और फिर उसी समय आनन्द भेरी का शब्द फैलता है ॥५९३॥

इसप्रकार उत्पत्ति का कथन समाप्त हुआ ॥

भेरी के शब्द श्रवण के बाद होने वाले विविध क्रिया-कलाप

सोदूण भेरि-सद्दं, जय जय णंद त्ति विविह-घोसेणं ।
एंति परिवार-देवा, देवीओ रत्त-हिदयाओ ॥५९४॥

अर्थ—भेरी का शब्द सुनकर अनुराग युक्त हृदय वाले परिवारों के देव और देवियाँ 'जय जय, नन्द' इसप्रकार के विविध शब्दोच्चार के साथ आते हैं ॥५९४॥

---

१. ब. क. ज. ठ. जादा य । २. ब. गेण्हीदि आणंदि, क. ज. ठ. गेण्हंदि ।

वायंति किब्बिस-सुरा, जयघंटा पडह-मद्दल-प्पहुदि ।
संगीय - णच्चणाइं, पप्पव - देवा पकुव्वंति ॥५९५॥

अर्थ—किल्विष देव जयघण्टा, पटह एवं मर्दल आदि बजाते हैं और पप्पव (?) देव संगीत एवं नृत्य करते हैं ॥५९५॥

देवी - देव - समाजं, दट्ठूणं तस्स कोदुगं होदि ।
तावे कस्स विभंगं, कस्स वि ओही पुरवि णाणं ॥५९६॥

अर्थ—देवों और देवियों के समूह देखकर उस देव को कौतुक होता है। उस समय किसी (देव) को विभङ्ग और किसी को अवधिज्ञान प्रगट होता है ॥५९६॥

णादूण देवलोयं, अप्प-फलं आगमेदमिदि केई ।
मिच्छाइट्ठी देवा, गेण्हंति विसुद्ध-सम्मत्तं ॥५९७॥

अर्थ—अपने (पूर्व पुण्यके) फल से यह देवलोक प्राप्त हुआ है, इस प्रकार जानकर कोई मिथ्यादृष्टि देव विशुद्ध सम्यक्त्व को ग्रहण करते हैं ॥५९७॥

तादे देवी-णिवहो, आणंदेणं महाविभूदीए ।
एदाणं देवाणं भरणं[1] सेसं पविट्ठ-मणो ॥५९८॥

अर्थ—फिर देवी-समूह आनन्द पूर्वक हर्षित मन होकर महाविभूति के साथ इन देवों का भरण-पोषण करते हैं ॥५९८॥

जिन-पूजा का प्रकरण—

जिण-पूजा-उज्जोगं, कुणंति[2] केई महाविभूदीए ।
केई पुव्विल्लाणं, देवाणं ओहण - वसेणं ॥५९९॥

अर्थ—कोई देव महाविभूति के साथ स्वयं ही जिनपूजा का उद्योग करते हैं और कितने ही देव पूर्वोक्त देवों के उपदेश वश जिन-पूजा करते हैं ॥५९९॥

कादूण तहे ण्हाणं, पविसिय अभिसेय-मंडवं दिव्वं ।
सिंहासणाभिरूढं, देवा कुव्वंति अभिसेयं ॥६००॥

अर्थ—ह्रद में स्नान करके दिव्य अभिषेक-मण्डप में प्रविष्ट हो सिंहासन पर आरूढ़ हुए उस नवजात देवका अन्य (पुराने) देव अभिषेक करते हैं ॥६००॥

---

१. द. क. ज. ठ. भरंति। २. द. क. कुव्वंति।

भूसणसालं पविसिय, वर-रयण-विभूसणाणि दिव्वाणि ।
गहिदूण परम-हरिसं, अरिहा कुव्वंति वेसपहं ॥६०१॥

अर्थ—भूषणशाला में प्रवेश कर और दिव्य उत्तम रत्न-भूषणों को लेकर (वे) उत्कृष्ट हर्ष से परिपूर्ण हो (उनकी) वेषभूषा करते हैं ॥६०१॥

तत्तो ववसायपुरं, पविसिय अभिसेय-दिव्व-पूजाणं ।
जोग्गाइं दव्वाइं, गेण्हिय परिवार-संजुत्ता ॥६०२॥

णच्चंत-विचित्त-धया, वर-चामर-छत्त-सोहिल्ला ।
णिब्भर-भत्ति-पयट्टा, वच्चंति जिणिंद-भवणाणि ॥६०३॥

अर्थ—तत्पश्चात् वे (नवजात) देव व्यवसायपुर में प्रवेशकर अभिषेक और पूजा के योग्य दिव्य द्रव्यों को ग्रहणकर परिवार से संयुक्त होकर अतिशय भक्ति में प्रवृत्त हो नाचती हुई विचित्र ध्वजाओं सहित, उत्तम चँवर एवं सुन्दर छत्र से शोभायमान जिनेन्द्र-भवन में जाते हैं ॥६०२-६०३॥

दट्ठूण जिणिंदपुरं, वर-मंगल-तूर-सद्द-हलबोलं ।
देवा देवी-सहिदा, कुव्वंति[1] पदाहिणं पणदा ॥६०४॥

अर्थ—देवियों सहित वे देव उत्तम मंगल-वादित्रों के शब्द से मुखरित जिनेन्द्रपुर को देखकर नम्र हो प्रदक्षिणा करते हैं ॥६०४॥

छत्तत्तय - सिंहासण - भामण्डल-चामरादि-चारुणं ।
जिणपडिमाणं पुरदो, जय-जय-सद्दं पकुव्वन्ति ॥६०५॥

अर्थ—पुनः वे देव तीन छत्र, सिंहासन, भामण्डल और चामरादि से (संयुक्त) सुन्दर जिन-प्रतिमाओं के आगे जय-जय शब्द उच्चरित करते हैं ॥६०५॥

थोसूण थुदि-सएहिं, जिणिंद-पडिमाओ भत्ति-भरिद-मणा ।
एदाणं अभिसेए, तत्तो कुव्वंति पारंभं ॥६०६॥

अर्थ—वे देव भक्ति-युक्त मन से सैकड़ों स्तुतियों द्वारा जिनेन्द्र-प्रतिमाओं की स्तुति करने के पश्चात् उनका अभिषेक प्रारम्भ करते हैं ॥६०६॥

खीरद्धि-सलिल-पूरिद-कंचण-कलसेहिं अट्ठ सहस्सेहिं ।
देवा जिणाभिसेयं महाविभूदीए कुव्वंति ॥६०७॥

---

१. ब. ज. ठ. कुणंति ।

अर्थ—वे देव क्षीर समुद्र के जल से पूर्ण एक हजार आठ सुवर्ण-कलशों के द्वारा महा-विभूति के साथ जिनाभिषेक करते हैं ।।६०७।।

वज्जंतेसुं महत्त-जयघंटा-पडह-काहलादीसुं[1] ।
दिव्वेसुं तूरेसुं, ते जिण-पूजं पकुव्वंति ।।६०८।।

अर्थ—मर्दल, जयघण्टा, पटह और काहल आदिक दिव्य वादित्रों के बजते रहते वे देव जिन-पूजा करते हैं ।।६०८।।

भिंगार-कलस-दप्पण-छत्तत्तय-चमर-पहुदि-दव्वेहिं ।
पूजं कादूण तदो, जल-गंधादीहि अच्चंति ।।६०९।।

अर्थ—वे देव भृङ्गार, कलश, दर्पण, तीन छत्र और चामरादि द्रव्यों से पूजा कर लेने के पश्चात् जल-गन्धादिक से अर्चन करते हैं ।।६०९।।

तत्तो हरिसेण धुरा, णाणाविह-णाडयाइं दिव्वाइं ।
बहु-रस-भाव-जुदाइं, णच्चंति विचित्त-भंगीहि ।।६१०।।

अर्थ—तत्पश्चात् वे देव हर्षपूर्वक विचित्र भंगियों से नाना रसों एवं भावों से युक्त नाना प्रकार के दिव्य नाटक करते हैं ।।६१०।।

सम्माइट्ठी देवा, पूजा कुव्वंति जिणवराण सया ।
कम्मक्खवण-णिमित्तं, णिब्भर-भत्तीए भरिद-मणा ।।६११।।

अर्थ—सम्यग्दृष्टिदेव कर्म-क्षयके निमित्त सदा मनमें अतिशय भक्ति पूर्वक जिनेन्द्रों की पूजा करते हैं ।।६११।।

मिच्छाइट्ठी देवा, णिच्चं अच्चंति जिणवर-प्पडिमा ।
कुल-देवदाओ इअ किर, मण्णंता अण्ण-मोहण-वसेणं ।।६१२।।

अर्थ—मिथ्यादृष्टि देव अन्य देवों के सम्बोधन से 'ये कुल देवता हैं' ऐसा मानकर नित्य जिनेन्द्र प्रतिमाओं की पूजा करते हैं ।।६१२।।

देवों का सुखोपभोग—

इय पूजं कादूणं, पासादेसुं णिएसु संतूणं ।
सिंहासणाहिरूढा, सेविज्जंते सुरेहिं देविंदा ।।६१३।।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. काहलसहिदेसुं ।

अर्थ—इसप्रकार पूजा करके और अपने प्रासादोंमें जाकर वे देवेन्द्र सिंहासन पर आरूढ़ होकर देवों द्वारा सेवे जाते हैं ॥६१३॥

बहुविह-विगुव्वणाहिं, सावण्ण-विलास-सोहमाणाहिं ।
रदि[1]-करण - कोविदाहिं, अच्छरसाहिं[2] रमंति समं ॥६१४॥

अर्थ—वे इन्द्र बहुत प्रकारकी विक्रिया सहित, सावण्य-विलाससे शोभायमान और रति करनेमें चतुर ऐसी उत्तम अप्सराओंके साथ रमण करते हैं ॥६१४॥

वीणा - वेणु - [3]झल्लीओ, सत्तरसेहिं विभूसिदं गीदं ।
लासियाइं णच्चणाइं, सुणंति पेच्छंते सयल - सुरा ॥६१५॥

अर्थ— समस्त देव वीणा एवं बांसुरीकी ध्वनि तथा सात स्वरोंसे विभूषित गीत सुनते हैं और विलासपूर्ण नृत्य देखते हैं ॥६१५॥

चामीयर-रयणमए, सुगंध-धूवादि-वासिदे विमले ।
देवा देवीहिं समं, रमंति दिव्वम्मि पासादे ॥६१६॥

अर्थ—उक्त देव सुवर्ण एवं रत्नोंसे निर्मित और सुगन्धित धूपादिसे सुवासित विमल दिव्य प्रासादमें देवियोंके साथ रमण करते हैं ॥६१६॥

संते ओहीणाणे, अण्णोण्णुप्पण्ण-पेम-सूढ-[4]मणा ।
कामंधा गद - कालं, देवा देवीओ ण विंदंति ॥६१७॥

अर्थ—अवधिज्ञान होनेपर परस्पर उत्पन्न हुए प्रेममें मूढ़-मन होनेसे वे देव और देवियाँ कामान्ध होकर बीतते हुए कालको नहीं जानते हैं ॥६१७॥

गब्भावदार[5]-जम्मेसु, उत्तर - देहा सुराण णच्चंति ।
जम्मण - ठाणेसु सुहं, मूल - सरीराणि चेट्ठंति ॥६१८॥

अर्थ—गर्भ और जन्मादि कल्याणकोंमें देवोंके उत्तर शरीर जाते हैं। उनके मूल शरीर सुख-पूर्वक जन्म स्थानोंमें स्थित रहते हैं ॥६१८॥

अवरि विसेसो एसो, सोहम्मीसाण - आद - देवीणं ।
वच्चंति मूल-देहा, णिय-णिय-कप्पामराण पासम्मि ॥६१९॥

---

१. द. ब. रदा । २. ब. ब. अच्छराहि । ३. द. ब. झल्लीओ । ४. द. ब. क. ब. ठ. मूढ । ५ द ब. रंभावदार ।

सुह-पक्कला समत्ता ॥

अर्थ—विशेष यह है कि सौधर्म और ईशान कल्पमें उत्पन्न हुई देवियोंके मूल शरीर अपने-अपने कल्पके देवोंके पास जाते हैं ॥६१९॥

सुख प्ररूपणा समाप्त हुई।

तमस्कायका निरूपण—

अरुणवर-दीव-बाहिर-जगदीओ जिणवरुत्त-संखाणि।
गंतूण जोयणाणि, अरुण - समुद्दस्स पणिधीए ॥६२०॥
एक्क-दुग-सत्त-एक्के, अंक-कमे जोयणाणि उवरि गदूं।
गंतूणं बलएयं, चेट्ठेदि तमो [1]तमक्कामो ॥६२१॥[2]

१७२१।

अर्थ—(नन्दीश्वर समुद्रके आगे ९ वें) अरुणवरद्वीपकी बाह्य जगतीसे जिनेन्द्रोक्त संख्या प्रमाण योजन जाकर अरुण समुद्रके प्रणिधि भागमें अंक-क्रमसे एक, दो, सात और एक अर्थात् एक हजार सात सौ इक्कीस (१७२१) योजन प्रमाण ऊपर आकाशमें जाकर वलयरूपसे तमस्काय (अन्धकार) स्थित है ॥६२०-६२१॥

आदिम-चउ-कप्पेसुं, वेस- वियप्पाणि तेसु कादूणं।
उवरि-गद-बम्ह-कप्प[1]-ण्हदिमदय-पविसि-तल पत्तो ॥६२२॥

अर्थ—(यह तमस्काय) आदिके चार कल्पोंमें वेस-विकल्पोंको अर्थात् कहीं-कहीं अन्धकार उत्पन्न करके उपरिगत ब्रह्म-कल्प सम्बन्धी प्रथम इन्द्रकके प्रणिधितल भागको प्राप्त हुआ है ॥६२२॥

विशेषार्थ—नन्दीश्वर समुद्रको वेष्टित कर नौवां अरुणवर द्वीप है और अरुणवर द्वीपको वेष्टितकर नौवां अरुणवर समुद्र है। मध्यलाकार स्थित इस समुद्रका व्यास १३१०७२००००० योजन प्रमाण है।

अरुणवर द्वीपकी बाह्य जगती अर्थात् अरुणवर समुद्रकी अभ्यन्तर जगतीसे १७२१ योजन प्रमाण दूर जाकर आकाशमें अरिष्ट नामक अन्धकार वलयरूपसे स्थित है और प्रथम चार कल्पोंको (एकदेश) आच्छादित करता हुआ पाँचवें ब्रह्म कल्पमें स्थित अरिष्ट नामक इन्द्रकके तल भागमें एकत्रित होता है। उस जगह इसका आकार मुर्गेकी कुटी (कुक्कुड) के सदृश होता है। अथवा जैसे

---

१. द. ब. क. ज. ठ. तमक्कादि।

२. द. ब. क. ज. ठ. कप्पं पहविदा य पत्तविदल पत्ते।

मूसा भरनेकी बुरजी नीचे गोल होकर क्रमशः ऊपरको फैलकर बढ़ती हुई पुनः शिखाऊरूप ऊपर जाकर घट जाती है, उसीप्रकार इस अन्धकार स्कन्धकी रचना है। इस अरिष्ट विमानके तल भागसे अक्ष-पाटकके आकार वाली अथवा यमका वेदिका सदृश होता हुआ यह तम आठ श्रेणिरूपोंमें विभक्त हो जाता है। मृदंग सदृश आकारवाली ये तम पंक्तियां चारों दिशाओंमें दो-दो होकर विभक्त एवं निरन्ध होती हुई लोक-पर्यन्त चली गई हैं। उन अन्धकार पंक्तियोंके अन्तरालमें ईशानादि विदिशाओं और दिशाओंमें सारस्वत आदिक लोकान्तिक देवगण अवस्थित रहते हैं।

नोट—यह विशेषार्थ लोक विभाग और तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकालंकार पंचम खण्डके आधार पर लिखा है।

मूलम्मि रुंद-परिहो, हवेदि संखेज्ज-जोयणा तस्स।
मज्झम्मि असंखेज्जा, उवरि तत्तो असंखेज्जो ॥६२३॥

अर्थ—उस (तम) की विस्तार परिधि मूलमें संख्यात योजन, मध्यमें असंख्यात योजन और इससे ऊपर असंख्यात योजन है ॥६२३॥

संखेज्ज - जोयणाणि, तमकायादो दिसाए पुव्वाए।
गच्छिय [1]संडस-मुखायार-धरो दक्खिणुत्तरायामो ॥६२४॥
तामेव किण्हराई, पच्छिमभागे वि तारिसो[2] य तमो।
दक्खिण-उत्तर-भागे, तम्मेसं संधुव वीहि-चउरस्सा ॥६२५॥
एक्केक्क - किण्हराई, हवेदि पुव्वावरट्ठिदायामा।
एदाओ राजीओ, णियमा ण छिवंति अण्णोण्णं ॥६२६॥

अर्थ—तमस्कायसे पूर्व दिशामें संख्यात योजन आकर षट्कोण आकारको धारण करने वाला और दक्षिण-उत्तर लम्बा कृष्णराजी नामक तम है। पश्चिम भागमें भी वैसा ही अंधकार है। दक्षिण एवं उत्तर भागमें उतनी प्रमाण आयत, चतुष्कोण और पूर्व-पश्चिम आयामवाली एक-एक कृष्ण-राजी स्थित है। ये राजियां नियमसे परस्पर एक दूसरेको स्पर्श नहीं करती हैं॥

संखेज्ज-जोयणाणि, राजीहिंतो दिसाए[3] पुव्वाए।
गंतूणब्भंतरए, राजी किण्हा य वीहि-चउरस्सा ॥६२७॥
उत्तर-दक्खिण-वीहा, दक्खिण-राजि[4] ठिदा य छिविदूणं।
पच्छिम-दिसाए उत्तर-राजिं छिविदूण होदि अण्ण-तमो ॥६२८॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. संदस। २. द. ब. क. ज. ठ तारिसा।
३. द. ब. दिस्साए। ४. द. ब. क. ज. ठ. राजो दिट्ठो णविदूण।

अर्थ—राजियों से संख्यात योजन पूर्व दिशा में अभ्यन्तर भाग में जाकर आयत-चतुरस्र और उत्तर-दक्षिण दीर्घ कृष्ण-राजी है जो दक्षिण राजी को छूती है। पश्चिम दिशा में उत्तर राजी को छूकर अन्यतम है ॥६२७-६२८॥

संखेज्ज-जोयणाणि, राजीवो दक्खिणाए आसाए।
गंतूणब्भंतरए, एक्कं चिय किण्ह[1] - राजिमं होई ॥६२९॥

अर्थ—राजी से दक्षिण दिशा में आभ्यन्तर भाग में संख्यात योजन जाकर एक ही कृष्ण राजी है ॥६२९॥

दीहेण छिदिदस्स य, जव-खेत्तस्सेक्क-भाग-सारिच्छा।
पच्छिम-बाहिर-राजिं, छिविदूणं सा ठिदा[2] णियमा ॥६३०॥

अर्थ—दीर्घता की ओर से छेदे हुए यवक्षेत्र के एक भागके सदृश यह राजी नियम से पश्चिम बाह्य राजी को छूकर स्थित है ॥६३०॥

पुव्वावर-आयामो, तम-काय विसाए होदि तप्पट्ठो।
उत्तर-भागम्मि तमो, एक्को छिविदूण पुव्व-बहि-राजी ॥६३१॥

अर्थ—(दक्षिण) दिशा में पूर्वापर आयत तमस्काय है। उत्तर भाग में पूर्व बाह्य राजी को छूकर एक तम है ॥६३१॥

कृष्ण-राजियों का अल्पबहुत्व—

अवणवर-वेय-बाहिर-जगदीए तह य तम-सरीरस्स।
विच्चाल महयत्तादो, अब्भंतर-राजि-तिमिर-कायाणं ॥६३२॥
विच्चालं[3] आयासे, तह संखेज्जगुणं हवेदि णियमेणं।
तं माणादो णेयं, अब्भंतर-राजि-संख-गुण-जुत्ता ॥६३३॥
अब्भंतर-राजीदो, अहिरेग-जुदो हवेदि तमकाओ।
अब्भंतर - राजीदो, बाहिर - राजी ब किंचूणा ॥६३४॥
बाहिर-राजीहिंतो, वेण्णं राजीण जो तु विच्चालो।
अहिरित्तो इय अप्पाबहुवं होदि हु चउ-दिसासुं पि ॥६३५॥

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. रिष्ठ। २. ब. ब. क. ज. ठ, रिट्ठा।

३. ब. ब. क. ज. ठ. विच्चेमायासं।

अर्थ—अरुणवर द्वीप की बाह्य जगती तथा तमस्काय के अन्तराल से अभ्यन्तर राजी के तमस्कायों का अन्तराल-प्रमाण नियम से संख्यात-गुणा है। इस प्रमाण से अभ्यन्तर राजी संख्यात-गुणी है। अभ्यन्तर राजी से अधिक तमस्काय हैं। अभ्यन्तर राजी से बाह्य राजी कुछ कम है। बाह्य-राजियों से दोनों राजियों का जो अन्तराल है वह अधिक है। इस प्रकार चारों दिशाओं में भी अल्पबहुत्व है ॥६३२-६३५॥

एदम्मि तमिस्सेदे, विहरंते अप्प-रिद्धिया देवा।
दिग्मूढा वच्चंते, माहप्पेणं[1] महड्ढिय - सुराणं ॥६३६॥

अर्थ—इस अन्धकार में विहार करते हुए जो अल्पर्द्धिक देव दिग्भ्रान्त हो जाते हैं वे महर्द्धिक देवों के माहात्म्य से निकल पाते हैं ॥६३६॥

विशेषार्थ—काजल सदृश यह अन्धकार पुद्गल की कृष्ण वर्ण की पर्याय है। जैसे सुमेरु, कुलाचल एवं सूर्य-चन्द्र के बिम्ब आदि पुद्गल की पर्यायें अनादि निधन हैं, उसी प्रकार यह अन्धकार का पिण्ड भी अनादि निधन है।

जैसे उष्णता शीत-स्पर्शकी नाशक है परन्तु शीत पदार्थ भी उष्णता को समूल नष्ट कर सकता है। वैसे ही कतिपय अन्धकार तो प्रकाशक पदार्थ से नष्ट हो जाते हैं किन्तु कुछ अन्धकार ऐसे हैं जिन्हें प्रकाशक पदार्थ ठीक उसी रंग रूप में प्रकाशित तो कर देते हैं किन्तु नष्ट नहीं कर पाते। जैसे मशाल के ऊपर निकल रहे काले धुएं को मशाल की ज्योति नष्ट नहीं कर पाती अपितु उसे दिखाती ही है। उसी प्रकार अरुणसमुद्र स्थित सूर्य-चन्द्र काली स्याही को घुल सदृश फेंक रहे इस गाढ़ अन्धकार का बालाग्र भी खण्डित नहीं कर सकते अपितु काले रंग की दीवाल या काले वस्त्र सदृश मात्र उसे दिखा रहे हैं॥ (तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकालंकार पंचम खण्ड से)।

इस घोर अन्धकार में विहार करते हुए अल्पर्द्धिक देव जब दिग्भ्रान्त हो जाते हैं तब वे महर्द्धिक देवों की सहायता से ही निकल पाते हैं।

लोकान्तिक देवोंका निरूपण—

राजीणं विच्चाले, संखेज्जा होंति बहुविह-विमाणा।
एदेसु सुरा जादा, [2]जावा लोयंतिया णाम ॥६३७॥

अर्थ—राजियोंके अन्तरालमें संख्यात बहुत प्रकारके विमान हैं। इनमें जो देव उत्पन्न होते हैं वे लोकान्तिक नामसे विख्यात हैं ॥६३७॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. माहप्पेणं। २. द. ब. क. ज. ठ. यावा।

संसार-वारिरासी, [1]जो लोगो तस्स होंति अंतम्मि ।
जम्हा तम्हा एदे, देवा लोयंतिय त्ति गुणणामा ॥६३८॥

अर्थ—संसार समुद्ररूपी जो लोक है क्योंकि ये उसके अन्त में हैं इसलिए ये देव 'लोकान्तिक' इस सार्थक नामसे युक्त है ॥६३८॥

ते लोयंतिय - देवा, अट्ठसु रज्जीसु होंति[2] विच्चाले ।
सारस्सद-पहुदि तहा, [3]ईसाणादिअ-दिसासु चउवीसं ॥६३९॥

२४ ।

अर्थ—वे सारस्वत आदि लौकान्तिक देव आठ राजियोंके अन्तरालमें हैं। ईशान आदिक दिशाओंमें चौबीस देव हैं ॥६३९॥

पुव्वुत्तर-दिब्भाए, वसंति सारस्सदा[4] सुरा णिच्चं ।
आइच्चा पुव्वाए, अग्गल - दिसाए वि वह्नि - सुरा ॥६४०॥
दक्खिण-दिसाए अरुणा, णइरिदि-भागम्मि गद्दतोया य ।
पच्छिम-दिसाए तुसिदा, अव्वाबाधा समीर-दिब्भाए ॥६४१॥
उत्तर - दिसाए रिट्ठा,[5] एमेते अट्ठ ताण विच्चाले ।
दो - दो हवंति [6]अण्णे, देवा तेसुं इमे णामा ॥६४२॥

अर्थ—पूर्व-उत्तर (ईशान) दिग्भागमें सर्वदा सारस्वत देव, पूर्व दिशामें आदित्य, अग्नि दिशामें वह्नि देव, दक्षिण दिशामें अरुण, नैऋत्य भागमें गर्दतोय, पश्चिम दिशामें तुषित, वायु दिग्भागमें अव्याबाध और उत्तर दिशामें अरिष्ट, इस कार ये आठ देव निवास करते हैं। इनके अन्तरालमें दो-दो अन्य देव हैं। उनके नाम ये हैं ॥६४०-६४२॥

सारस्सद - णामाणं, आइच्चाणं सुराण विच्चाले ।
अणलाभा सूराभा,[7] देवा चेट्ठंति णियमेण ॥६४३॥

अर्थ—सारस्वत और आदित्य नामक देवोंके अन्तरालमें नियमसे अनलाभ और सूर्याभ देव स्थित हैं ॥६४३॥

---

१. द. ब. ज । २. ब. ब. क. ज. ठ. ईसाणदिसादिअसुर । ४. द. ब. क. ज. ठ. सारस्सदो । ५. द. ब. क. ज. ठ. अरिट्ठा । ६. द. ब. क. ज. ठ. अण्णं । ७. द. ब. क. ज. ठ. सुराभा ।

पंचाभा सुराभा, देवा आइच्च - वह्नि - विच्चाले ।
सेयंकरा खेमंकर, णाम [1]सुरा [1]वह्नि-अरुणम्मि ॥६४४॥

अर्थ—आदित्य और वह्निके अन्तरालमें चन्द्राभ और सूर्याभ (सत्याभ) तथा वह्नि और अरुणके अन्तरालमें श्रेयस्कर और क्षेमङ्कर नामक देव शोभायमान हैं ॥६४४॥

विसकोट्ठा कामधरा, विच्चाले अरुण - गद्दतोयाणं ।
णिव्वाणराज-दिसरक्खंत-रक्खिदा[2] गद्दतोय-तुसिताणं ॥६४५॥

अर्थ—अरुण और गर्दतोयके अन्तरालमें वृषकोष्ठ (वृषभेष्ट) और कामधर (कामचर) तथा गर्दतोय और तुषितके अन्तरालमें निर्माणराज (निर्माणरज) और दिगन्तरक्षित देव हैं ॥६४५॥

तुसितव्वाबाहाणं, अंतरवी अप्प-सव्व-रक्ख-सुरा ।
मरुदेवा वसुदेवा, तह अव्वाबाह-रिट्ठ-अवभम्मि ॥६४६॥

अर्थ—तुषित और अव्याबाध के अन्तराल में आत्मरक्ष और सर्वरक्ष देव तथा अव्याबाध और अरिष्टके अन्तराल में मरुत् देव और वसुदेव हैं ॥६४६॥

सारस्सद-रिट्ठाणं, विच्चाले अस्स-विस्स-णाम-सुरा ।
सारस्सद-आइच्चा, पत्तेक्कं होंति सत्त-सया ॥६४७॥

७०० ।

अर्थ—सारस्वत और अरिष्ट के अन्तराल में अश्व एवं विश्व नामक देव स्थित हैं। सारस्वत और आदित्य प्रत्येक सात-सात (७००-७००) सौ हैं ॥६४७॥

वह्नी अरुणा देवा, सत्त-सहस्साणि सत्त पत्तेक्कं ।
णव-सुत-णव-सहस्सा, तुसिव[4] - सुरा गद्दतोया वि ॥६४८॥

७००७ । ६००६ ।

अर्थ—वह्नि और अरुण में से प्रत्येक सात हजार सात (७००७) तथा तुषित और गर्दतोय में से प्रत्येक नौ हजार नौ (६००६) हैं ॥६४८॥

---

१. ब, ब. क. ज. ठ. सुरो । २. ब. क. ज. ठ. वह्निएतस्मि, ३. वह्निए चेति ।
३. द. ब. रक्खणा । ४ ब. ब. क. ज. ठ. सुरिद ।

अव्वाबाहा-रिट्ठा, एक्करस-सहस्स एक्करस-जुत्ता ।
अग्गिला वह्नि-सभा, सूराभा गद्दतोय-सारिच्छा ॥६४९॥

११०११ । ७०००७ । ९००९ ।

अर्थ—अव्याबाध और अरिष्ट प्रत्येक ग्यारह हजार ग्यारह (११०११) हैं । अनलाभ वह्नि देवों के सदृश (७०००७) और सूर्याभ सदृश तोयों के सदृश (९००९) हैं ॥६४९॥

अव्वाबाहु-सरिच्छा, चंदाभ[1] - सुरा हवंति सक्खाभा[2] ।
अट्ठुदं तिण्णि सहस्सं, तेरस - जुत्ताए संखाए ॥६५०॥

११०११ । १३०१३ ।

अर्थ—चन्द्राभ देव अव्याबाधोंके सदृश (११०११) तथा सत्याभ तेरह हजार तेरह (१३०१३[3]) हैं ॥६५०॥

पण्णरस-सहस्साणि, पण्णरस-जुदाणि होंति [4]सेयकरा ।
खेमंकराभिधाणा, सत्तरस - सहस्सयाणि सत्तरसा ॥६५१॥

१५०१५ । १७०१७ ।

अर्थ—श्रेयस्कर पन्द्रह हजार पन्द्रह (१५०१५) और क्षेमङ्कर नामक देव सत्तरह हजार सत्तरह (१७०१७) होते हैं ॥६५१॥

उणवीस-सहस्साणि, उणवीस-जुत्ताणि होंति विसकेहू ।
इगिवीस - सहस्साणि, इगिवीस - जुदाणि कामधरा ॥६५२॥

१९०१९ । २१०२१ ।

अर्थ—वृषकेष्ठ उन्नीस हजार उन्नीस (१९०१९) और कामधर इक्कीस हजार इक्कीस (२१०२१) होते हैं ॥६५२॥

णिम्माणरक्ख-णामा, तेवीस - सहस्सयाणि तेवीसा ।
पंचवीस-सहस्साणि, पंचवीस-जुदाणि वितरक्खा[5] य ॥६५३॥

२३०२३ । २५०२५ ।

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. चंदाभसुर । २. ब. ब. क. ज. ठ. संक्खाभा । ३. ब. ब. क. ज. ठ. तेरक्खा । ४. ब. ब. क. सेयक्खा । ५. ब. ब. क. वरक्खस ।

अर्थ—निर्माणराज देव तेईस हजार तेईस (२३०२३) और दिगन्तरक्ष पच्चीस हजार पच्चीस (२५०२५) होते हैं ॥६५३॥

सत्तावीस-सहस्सा, सत्तावीसं च अग्गरक्ख - सुरा ।
उणतीस-सहस्साणि, उणतीस-जुदाणि सव्वरक्खा य ॥६५४॥

२७०२७ । २९०२९ ।

अर्थ—आग्ररक्ष देव सत्ताईस हजार सत्ताईस (२७०२७) और सर्वरक्ष उनतीस हजार उनतीस (२९०२९) होते हैं ॥६५४॥

एक्कत्तीस-सहस्सा, एक्कत्तीसं हुवंति मरु - देवा ।
तेत्तीस - सहस्साणि, तेत्तीस - जुदाणि वसु-णामा ॥६५५॥

३१०३१ । ३३०३३ ।

अर्थ—मरुदेव इकतीस हजार इकतीस (३१०३१) और वसु नामक देव तैंतीस हजार तैंतीस (३३०३३) होते हैं ॥६५५॥

पंचत्तीस-सहस्सा, पंचत्तीसा हुवंति अस्स-सुरा ।
सत्तत्तीस-सहस्सा, सत्तत्तीसं च विस्स-सुरा ॥६५६॥

३५०३५ । ३७०३७ ।

अर्थ—अश्वदेव पैंतीस हजार पैंतीस (३५०३५) और विश्वदेव सैंतीस हजार सैंतीस (३७०३७) होते हैं ॥६५६॥

चत्तारि य लक्खाणि, सत्त-सहस्साणि अट्ठ-सयाणि पि ।
छब्भहियाणि होदि हु, सव्वाणं पिंड - परिमाणं ॥६५७॥

४०७८०६ ।

अर्थ—इन सबका पिण्ड-प्रमाण चार लाख सात हजार आठ सौ छह (४०७८०६) है ॥६५७॥

विशेषार्थ—आठ कुलोंके सारस्वत आदि सम्पूर्ण लौकान्तिक देवोंका प्रमाण (७००+७००+७००७+७००७+९००९+९००९+११०११+११०११=) ५५४५४ है और आठ अन्तरालोंमें रहने वाले अनलाभ और सूर्याभ आदि सोलह कुलोंके लौकान्तिक देवोंका कुल प्रमाण (७००७+९००९+११०११+१३०१३+१५०१५+१७०१७+१९०१९+२१०२१+२३०२३+२५०२५+२७०२७+२९०२९+३१०३१+३३०३३ + ३५०३५ + ३७०३७ =)

३५२३३५२ है। इसमें उपर्युक्त आठ कुलोंका प्रमाण मिला देनेपर आठ दिशाओंके आठ कुलों एवं आठ अन्तरालोंके सोलह कुलोंके लौकान्तिक देवोंका कुल प्रमाण (५५४५४+३५२३३५२=) ४०७८०६ होता है। लौकान्तिक देवोंके अवस्थान आदिका चित्रण इसप्रकार है—



मतान्तरसे लौकान्तिक देवोंकी स्थिति एवं संख्या—

लोयविभागाइरिया,[1] सुराण लोयंति-आण वक्खाणं।
अण्ण - सरूवं [2]वेंति, त्ति तं पि एण्हिं परूवेमो ॥६५८॥

अर्थ—लोकविभागाचार्य लौकान्तिक देवोंका व्याख्यान अन्य रूपसे करते हैं; इसलिए अब उसका भी प्ररूपण करते हैं ॥६५८॥

पुव्वुत्तर[3]-दिब्भाए, वसंति [4]सारस्सदाभिधाण-सुरा।
आइच्चा पुव्वाए, वण्हि - दिसाए सुरा - वण्हो ॥६५९॥

वरुण-दिसाए अरुणा, गद्दतोया य गद्दतोया य।
पच्छिम - दिसाए तुसिवा, अव्वाबाधा मरु - दिसाए ॥६६०॥

---

१. ब. क. क. ज. ठ. लोयविभाइरिया। २. द. ब. क. ज. ठ. होंति ति पिछे। ३. द. क. ज. ठ. पुव्व तदिब्भाए, ब. पुव्वं व तदिब्भाए। ४. द. क. क. ज. ठ. सारस्सतिसा ___ ।

उत्तर-दिसाए रिट्ठा, अग्गि-दिसाए वि होंति सक्कस्स ।
एदाणं पत्तेयं, परिमाणाइं पवक्खेमो ॥६६१॥

पत्तेक्कं सारस्सद - आइच्चा तुसिद - गद्दतोया य ।
सत्तुत्तर - सत्त - सया, सेसा पुव्वोदिद - पमाणा ॥६६२॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—पूर्व-उत्तर कोणमें सारस्वत नामक देव, पूर्वमें आदित्य, अग्नि दिशामें वह्नि देव, दक्षिण दिशामें अरुण, नैऋत्य भागमें गर्दतोय, पश्चिम दिशामें तुषित, वायु दिशामें अव्याबाध और उत्तर दिशामें तथा अग्नि दिशाके मध्यमें भी अरिष्ट देव रहते हैं। इनमेंसे प्रत्येकका प्रमाण कहते हैं। सारस्वत और आदित्य तथा तुषित और गर्दतोयमेंसे प्रत्येक सात सौ सात (७०७) और शेष देव पूर्वोक्त प्रमाणसे युक्त हैं ॥६६१-६६२॥

पाठान्तर ।

लौकान्तिक देवोंके उत्सेधादिका कथन—

पत्तेक्कं पण हत्था, उदओ लोयंतयाण देहेसुं ।
अट्ठमहण्णव - उवमा, सोहंते सुक्क - लेस्साओ ॥६६३॥

अर्थ—लौकान्तिक देवोंमेंसे प्रत्येकके शरीरका उत्सेध पांच हाथ और आयु आठ सागरोपम प्रमाण है। ये देव शुक्ल लेश्यासे शोभायमान होते हैं ॥६६३॥

सव्वे [1]लोयंतपुरा, एक्कारस-अंग-धारिणो णियमा ।
सम्मद्दंसण - सुद्धा, होंति सतत्ता सहावेणं ॥६६४॥

अर्थ—सब लौकान्तिक देव नियमसे ग्यारह अंगके धारी, सम्यग्दर्शनसे शुद्ध और स्वभावसे ही तृप्त होते हैं ॥६६४॥

महिलादी परिवारा, ण होंति एदाण संततं [2]तम्हा ।
संसार-जलण - कारण - वेरग्गं भावयंति ते तम्हा ॥६६५॥

अर्थ—क्योंकि इनके महिलादिक रूप परिवार नहीं होते हैं, इसलिए ये निरन्तर संसार-क्षयके कारणभूत वैराग्यकी भावना भाते हैं ॥६६५॥

---

१. ब. ब क. ब. ठ पुट्ठा । २. ब. ब, क, ज, ठ, ऐ ।

अद्धुवमसरण-पहुदि, भावं ते भावयंति अणवरदं ।
बहु-दुक्ख-सलिल-पूरिद-संसार-समुद्द-बुड्ढण - भएणं ॥६६६॥

अर्थ—बहुत दुःखरूप जलसे परिपूर्ण संसार रूपी समुद्रमें डूबनेके भयसे वे लोकान्तिक देव निरन्तर अनित्य एवं अशरण आदि भावनाएँ भाते हैं ॥६६६॥

तित्थयराणं समए, परिणिक्कमणम्मि जंति ते सव्वे ।
दु-चरिम-देहा देवा, बहु-विसम-किलेस-उम्मुक्का[1] ॥६६७॥

अर्थ—द्विचरम शरीरके धारक अर्थात् एक ही मनुष्य जन्म लेकर मोक्ष जानेवाले और अनेक विषम क्लेशोंसे रहित वे सब देव तीर्थंकरोंके दीक्षा कल्याणकमें जाते हैं ॥६६७॥

देवरिसि-णामधेया, सव्वेहि सुरेहि अच्चणिज्जा ते ।
भत्ति - पसत्ता सज्झय - साधीणा सव्व - कालेसुं ॥६६८॥

अर्थ—देवर्षि नाम वाले वे देव सब देवोंसे अर्चनीय, भक्तिमें प्रसक्त और सर्वकाल स्वाध्यायमें स्वाधीन होते हैं ॥६६८॥

लौकान्तिक देवोंमें उत्पत्ति का कारण --

इह खेत्ते वेरग्गं, बहु - भेयं भाविदूण बहुकालं ।
संजम - भावेहि [2]मओ, देवा लोयंतिया होंति ॥६६९॥

अर्थ—इस क्षेत्रमें बहुत काल पर्यन्त बहुत प्रकारके वैराग्यको भाकर संयम सहित मरण कर लौकान्तिक देव होते हैं ॥६६९॥

थुइ-णिंदासु समाणो, सुह-दुक्खेसुं सबंधु-रिउ-वग्गे ।
जो समणो सम्मत्तो, सो खिय लोयंतिओ होदि[3] ॥६७०॥

अर्थ—जो सम्यग्दृष्टि श्रमण स्तुति और निन्दामें, सुख और दुःखमें तथा बन्धु और शत्रु वर्गमें समान है, वही लौकान्तिक होता है ॥६७०॥

जे णिरवेक्खा देहे, णिद्दंदा णिम्ममा थिरारंभा ।
णिरवज्जा समण-वरा, ते खिय लोयंतिया होंति ॥६७१॥

अर्थ—जो देहके विषयमें निरपेक्ष हैं, तीनों योगोंको वश करनेवाले हैं तथा निर्ममत्व, निरारम्भ और निरवद्य हैं वे ही श्रमण श्रेष्ठ लौकान्तिक देव होते हैं ॥६७१॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ उमुक्का । २. द. ब. क. ज. ठ. भवा । ३. द. ब. ज. ठ. होंति ।

संजोग[1] - विप्पजोगे, लाहालाहम्मि जीविदे मरणे ।
जो समदिट्ठी[2] समणो, सो चिय लोयंतिओ होंति ॥६७२॥

अर्थ—जो श्रमण संयोग और वियोगमें, लाभ और अलाभमें तथा जीवित और मरणमें समदृष्टि होते हैं, वे ही लौकान्तिक होते हैं ॥६७२॥

अणवरदमप्पमत्तो,[3] संजम-समिदीसु झाण-जोगेसु[4] ।
तिव्व-तव - चरण - जुत्ता, समणा लोयंतिया होंति ॥६७३॥

अर्थ—संयम, समिति, ध्यान एवं समाधिके विषयमें जो निरन्तर अप्रमत्त (सावधान) रहते हैं तथा तीव्र तपश्चरणसे संयुक्त हैं, वे श्रमण लौकान्तिक होते हैं ॥६७३॥

पंचमहव्वय-सहिदा, पंचसु समिदीसु [5]थिर-णिचिट्ठमाणा ।
पंचक्ख - विसय - विरदा, रिसिणो लोयंतिया होंति ॥६७४॥

अर्थ—पाँच महाव्रतों सहित पाँच समितियोंका स्थिरता पूर्वक पालन करने वाले और पाँचों इन्द्रिय-विषयोंसे विरक्त ऋषि लौकान्तिक होते हैं ॥६७४॥

ईषत्प्राग्भार (८ वीं) पृथ्वी का अवस्थान एवं स्वरूप—

सव्वट्ठसिद्धि - इंदय - केसणदंडाउ उवरि गंतूणं ।
बारस - जोयणमेत्तं, अट्ठमिया सेट्ठदे पुढवी ॥६७५॥

अर्थ—सर्वार्थसिद्धि इन्द्रकके ध्वजदण्डसे बारह योजन प्रमाण ऊपर जाकर आठवीं पृथिवी अवस्थित है ॥६७५॥

पुव्वावरेण तीए, उवरिम - हेट्ठिम - तलेसु पत्तेक्कं ।
वासो हवेदि एक्का, रज्जू[6] रूवेण परिहीणा ॥६७६॥

अर्थ—उसके उपरिम और अधस्तन तलमेंसे प्रत्येकका विस्तार पूर्व-पश्चिममें रूपसे रहित एक राजू प्रमाण है ॥६७६॥

उत्तर-दक्खिण-भाए, [7]वोहा किंचूण-सत्त-रज्जूओ ।
वेत्तासण-संठाणा, सा पुढवी अट्ठ - जोयणा बहला ॥६७७॥

---

१ ब. ब. संजोगविप्पजोगे । २. ब. क. सम्मदिट्ठि । ३. ब. ब. ज. ठ. अणवरदमप्पमत्तो । ४. ब. ब. क. ज. ठ. झिर । ५. ब. ब. क. ज. ठ. रज्जो । ६. ब ब. क. ज. ठ. वीहू ।

अर्थ—वेत्रासनके सदृश यह पृथिवी उत्तर-दक्षिणभागमें कुछ कम सात राजू लम्बी और आठ योजन बाहल्यवाली है ।।६७७।।

जुत्ता घणोवहि-घणाणिल-तणुवादेहिं[1] तिहि समीरेहिं ।
जोयण - वीस - सहस्सं, पमाण - बहलेहि पत्तेक्कं ।।६७८।।

अर्थ—यह पृथिवी घनोदधि, घनवात और तनुवात इन तीन वायुओंसे युक्त है। इनमेंसे प्रत्येक वायुका बाहल्य (मोटाई) बीस हजार योजन प्रमाण है ।।६७८।।

एदाए बहुमज्झे, खेत्तं णाणेण ईसिपब्भारं ।
अज्जुण-सुवण्ण-सरिसं, णाणा - रयणेहि परिपुण्णं ।।६७९।।

अर्थ—इसके बहु-मध्य-भागमें नाना रत्नोंसे परिपूर्ण चाँदी एवं स्वर्णके सदृश ईषत्प्राग्भार नामक क्षेत्र है ।।६७९।।

उत्ताण - धवल - छत्तोवमाण - संठाण-सुंदरं एवं ।
पंचत्तालं जोयण - लक्खाणि बास - संजुत्तं ।।६८०।।

अर्थ—यह क्षेत्र उत्तान धवल छत्रके सदृश आकारसे सुन्दर और पैंतालीस लाख (४५०००००) योजन प्रमाणसे संयुक्त है ।।६८०।।

तम्मज्झ - बहलमट्ठं, जोयणया अंगुलं पि अंतम्मि ।
बहुम-भू-मज्झ-गदो, तप्परिहो मणुव-खेत्त-परिहि-समो ।।६८१।।


८ । अं १ ।

अर्थ—उसका मध्य बाहल्य आठ योजन और अन्तमें एक अंगुल प्रमाण है । अष्टम भूमि में स्थित सिद्धक्षेत्रकी परिधि मनुष्य क्षेत्रकी परिधिके सदृश है ।।६८१।।

[चित्र अगले पृष्ठ पर देखिये]

---

१. द. ब. क. ज. ठ. घणाणिलणलवादेहिं ।



विशेषार्थ—सर्वार्थसिद्धि विमान के ध्वजदण्ड से १२ योजन ऊपर जाकर क्रमशः बीस-बीस हजार मोटे घनोदधि, घन और तनु-वातवलय हैं; इसके बाद पूर्व-पश्चिम एक राजू विस्तार वाली ईषत्प्राग्भार नामक ८वीं पृथिवी है। यह पृथिवी उत्तर-दक्षिण ७ राजू लम्बी और ८ योजन मोटी है। इसका घनफल प्रथमाधिकार पृष्ठ १३६ के अनुसार (१ राजू विस्तृत × ७ राजू आयत × ८ योजन बाहल्य को जगत्प्रतर रूप से करने पर) ४६ वर्गराजू × ६ योजन प्रमाण है।

इस पृथिवी के बहुमध्य भाग में उत्तान (ऊर्ध्वमुख) छत्र के आकार सदृश आकार वाला और ४५ लाख योजन विस्तृत ईषत्प्राग्भार नामक क्षेत्र (सिद्ध-शिला) है। इस शिलाका मध्य बाहल्य ८ योजन और अन्त (के दोनों छोरों का) बाहल्य एक-एक अंगुल प्रमाण है। इसकी सूक्ष्म

परिधि का प्रमाण मनुष्य लोक की परिधि के प्रमाण सदृश (चतुर्थाधिकार गा० ७) १४२३०२४९ यो० है। इस पृथिवी के ऊपर अर्थात् लोक के अन्त में क्रमशः ४००० धनुष, २००० धनुष और १५७५ धनुष मोटे घनोदधि, घन और तनु वातवलय हैं। इसप्रकार सर्वार्थसिद्धि विमान के ध्वजदण्ड से (१२ यो० + ८ यो० + ७५७५ धनुष अर्थात्) ४२५ धनुष कम २१ योजन ऊपर अर्थात् तनुवातवलय में सिद्ध प्रभु विराजमान हैं। इनके निवास क्षेत्र के घनफल आदि के लिए नवमाधिकार की गाथा ३-४ द्रष्टव्य है।

नोट—इसी ग्रन्थके प्रथमाधिकार गा० १६३ के विशेषार्थमें सर्वार्थसिद्धि विमानके ध्वजदण्डसे २९ यो० ४२५ धनुष ऊपर जाकर लोकका अन्त लिखा है। जो अष्टमाधिकार गा० ६७५-६८१ का विषय देखते हुए गलत प्रतीत होता है। १/१६३ का विशेषार्थ जैनेन्द्र सिद्धान्त कोष भाग ३ पृष्ठ ४६० पर ऊर्ध्वलोक के सामान्य परिचय के अन्तरगत दिये हुए नोट के आधार पर दिया था। यदि सिद्धशिला के मध्यभाग की ८ योजन मोटाई, ८ योजन मोटी ८ वीं पृथिवी में ही निहित है तो सर्वार्थसिद्धि विमानके ध्वजदण्ड से सिद्धोंका निवास क्षेत्र ४२५ धनुष कम २१ यो० होता है (यही प्रमाण यथार्थ ज्ञात होता है क्योंकि दूसरे अधिकार की गाथा २४ में ८ वीं पृथिवी द्वारा दसों दिशाओं में घनोदधि वातवलय का स्पर्श कहा गया है) और यदि ८ योजन मोटी आठवीं पृथिवी के ऊपर ८ योजन बाहल्यवाली सिद्धशिला है तो इस क्षेत्र की ऊँचाई अर्थात् लोक के अन्त का प्रमाण (१२ यो० + ८ यो० + ८ यो० + ७५७५ धनुष) ४२५ धनुष कम २९ यो० होगा। यह विषय विद्वज्जनों द्वारा विचारणीय है।

एवस्स बज्ज-विसासुं, चत्तारि तमोमयाओ राजीओ[1]।
णिस्सरिदूणं बाहिर-राजीणं होदि बाहिर - ट्ठासा ॥६८२॥
तच्छिद्दिदूणं तत्तो, ताओ पविसाओ चरिम-उवहिम्मि।
अब्भंतर[2] - तीराओ, संखातीदे य जोयणे य खुवं ॥६८३॥
बाहिर-चउ-राजीणं, बहि-अवलंबो पडेदि वीवम्मि।
जंबूदीवाहिंतो, पंतूणं असंख - दीव - वारिणिहिं ॥६८४॥
बाहिर-भागाहिंतो, अवलंबो तिमिरकाय-णामस्स।
जंबूदीवेहिंतो, तम्मेत्तं गदुअ[3] पवदि दीवम्मि ॥६८५॥
एवं [4]लोयंतिय-पवज्जणा समत्ता।

---

१. ब. अ. क. ज. ठ. रज्जूओ। २. ब. अब्भिंतर।
३. ब. अ. क. ज. ठ. गदु। ४. ब. अ. क. ज. ठ. लोय।

अर्थ—इसकी चारों दिशाओं में चार तमोमय राजियाँ निकलकर बाह्य राजियों के बाह्य पार्श्वभाग पर होती हुई उन्हें छूकर निश्चय से अभ्यन्तर ओर से असंख्यात योजन प्रमाण अन्तिम समुद्र में गिरी हैं। बाह्य चार राजियों के बाह्य भाग का अवलम्बन करने वाला जम्बूद्वीप से असंख्यात द्वीप-समुद्र जाकर द्वीप में गिरता है। बाह्य भागों से तिमिर काय नामका अवलम्ब जम्बूद्वीप से इतने ही प्रमाण जाकर द्वीप में गिरता है ॥६८२-६८५॥

नोट—गाथा ६२२ से ६३६ और ६८२ से ६८५ अर्थात् १९ गाथाओं का यथार्थ भाव बुद्धिगत नहीं हुआ।

इसप्रकार लौकान्तिक देवों की प्ररूपणा समाप्त हुई ॥

तीस प्ररूपणाओं का निर्देशन—

गुण-जीवा पज्जत्ती, पाणा सण्णा य मग्गणाओ वि ।
उवओगो णवियप्पो, देवाणं देव - सीयम्मि[1] ॥६८६॥

अर्थ—अब देवलोक में देवों के गुणस्थान, जीवसमास, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा मार्गणा और उपयोग, इनका कथन करना चाहिए ॥६८६॥

चत्तारि गुणट्ठाणा, जीवसमासेसु सण्णि-पज्जत्तो ।
णिव्वत्ति-पज्जत्तो, छ-पज्जत्तीओ छहं अपज्जत्तो ॥६८७॥
पज्जत्ते दस पाणा, इदरे पाणा हवंति सत्तेव ।
इंदिय-मण-वयण-तणू, आउस्सासा[2] य दस-पाणा ॥६८८॥
तेसुं मण-वय-उच्छास-वज्जिदा सत्त तह अपज्जत्ते ।
चउ-सण्णाओ होंति हु, चउसु गदीसुं च देवगदी ॥६८९॥
पंचक्खा तस-काया, जोगा एक्कारस-प्पमाणा य ।
ते छहु मण-वयणाणि, वेगुव्व-दुगं च कम्मइयं ॥६९०॥
पुरिसित्थी-वेद-जुदा, सयल-कसाएहि संजुदा देवा ।
छण्णाणेहिं सहिदा,[3] सव्वे वि असंजदा ति-लेसण्या ॥६९१॥

अर्थ—चार गुणस्थान, जीव-समासों में संज्ञी पर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्त, छह पर्याप्तियाँ और छहों अपर्याप्तियाँ; पर्याप्त अवस्था में पाँच इन्द्रियाँ, मन, वचन, काय, आयु और श्वासोच्छ्वास ये दस प्राण; तथा अपर्याप्त अवस्था में मन, वचन और उच्छ्वास से रहित शेष सात प्राण; चार

---

१. द. क. ख. ठ. सोयम्मि । २. ब. ब. क. ख. ठ आउस्सउसासउसासा । ३. द. ब. क. ख. ठ. सहा ।

संज्ञाएँ, चार गतियों में से देवगति, पंचेन्द्रिय, त्रस-काय; आठ मन-वचन, दो वैक्रियिक (वैक्रियिक और वैक्रियिक मिश्र) तथा कार्मण, इसप्रकार ग्यारह योग; पुरुष एवं स्त्री वेद से युक्त, समस्त कषायों से संयुक्त, छह ज्ञानों सहित, तब ही असंयत और तीन दर्शन से युक्त होते हैं ॥६९७-६९१॥

दोण्हं दोण्हं सुक्कं, दोण्हं तह तेरसाण देवाणं ।
लेस्साओ चोद्दसाओ, दोच्छक्कमो आणुपुव्वीए ॥६९२॥

तेऊए मज्झिमंसा, तेउवकस्स - पढम - अवरंसा ।
पउमाए मज्झिमंसा, पउमुक्कस्सं ससुक्क-अवरंसा ॥६९३॥

सुक्काय मज्झिमंसा, उक्कस्संसा य सुक्क-लेस्साए ।
एदाओ लेस्साओ, णिद्दिट्ठा सव्व - दरिसीहिं ॥६९४॥

सोहम्म-ण्हुवीणं, [1]एदाओ दव्व-भाव-लेस्साओ ।
उवरिम - गेवेज्जंतं, अब्भाभव्वा सुरा होंति ॥६९५॥

तत्तो उवरिं सव्वा, उवरिम - गेवेज्जयस्स परियंतं ।
खइयेदं सम्मत्तं, उवरिं [2]उवसमिय-खइय-वेदकया ॥६९६॥

ते सव्वे सण्णीओ, देवा आहारिणो अणाहारा ।
साकार-अणागारा, दो च्चेव य होंति उवओगा ॥६९७॥

अर्थ—दो (सौधर्मैशान), दो (सा०-माहेन्द्र), ब्रह्मादिक छह, लान्तवादिक, शतारद्विक, आनतादि नौ ग्रैवेयक पर्यन्त तेरह, तथा चौदह (नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तर), अनुक्रमसे इन देवोंकी लेश्याओं का कथन करता हूँ—

सौधर्म और ईशानमें पीत लेश्याका मध्यम अंश, सनत्कुमार और माहेन्द्रमें पद्मके जघन्य अंश सहित पीतका उत्कृष्ट अंश, ब्रह्मादिक छह में पद्मका मध्यम अंश, शतार युगल में शुक्ल लेश्या के जघन्य सहित पद्मका उत्कृष्ट अंश, आनत आदि तेरह में शुक्ल का मध्यम अंश और अनुदिशादि चौदह में शुक्ललेश्या का उत्कृष्ट अंश होता है; इसप्रकार सर्वज्ञ देवने देवों में ये लेश्यायें कही हैं। सौधर्मादिक देवों के ये द्रव्य एवं भाव लेश्यायें समान होती हैं। उपरिम ग्रैवेयक पर्यन्त देव भव्य और अभव्य दोनों तथा इससे ऊपर भव्य ही होते हैं। उपरिम ग्रैवेयक पर्यन्त छहों प्रकार के सम्यक्त्व तथा इससे ऊपर औपशमिक, क्षायिक और वेदक ये तीन सम्यक्त्व होते हैं। वे सब देव संज्ञी तथा आहारक एवं अनाहारक होते हैं। इन देवों के साकार और अनाकार दोनों ही उपयोग होते हैं ॥६९२-६९७॥

---

१. ब. एदाण। २. ब. क. उवसमियखइयवेदया।

कप्पा कप्पादीदा, दुचरम-देहा हवंति केइ सुरा ।
पवरो सहग्ग-महिसो,[1] सलोयवालो य दक्खिणचा इंदा ॥६९८॥
सव्वट्ठसिद्धिवासी, लोयंतिय - णामधेय - सव्व-सुरा ।
णियमा दुचरिम-देहा, सेसेसुं अत्थि णियमो य ॥६९९॥

एवं गुणठाणादि-परूवणा समत्ता ।

अर्थ—कल्पवासी और कल्पातीतों में से कोई देव द्विचरम-शरीरी अर्थात् आगामी भवमें मोक्ष प्राप्त करनेवाले हैं ।

अग्रमहिषी और लोकपालों सहित सौधर्म इन्द्र, दक्षिण इन्द्र, सर्वार्थसिद्धिवासी तथा लौकान्तिक नामक सब देव नियम से द्विचरम-शरीरी हैं । शेष देवों में नियम नहीं है ॥६९८-६९९॥

इसप्रकार गुणस्थानादि-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥

सम्यक्त्व ग्रहणके कारण—

जिण-महिम-दंसणेणं, केई जादी - सुमरणादो वि ।
देवड्ढि[2] - दंसणेण य, ते देवा धम्म - सवणेण ॥७००॥
गेण्हंते सम्मत्तं, णिव्वाणब्भुदय - साहण - णिमित्तं ।
दुव्वार - गहिद[3] - संसार - जलहिणोत्तारणोवायं ॥७०१॥

अर्थ—उनमें से कोई देव जिनमहिमा के दर्शनसे, कोई जातिस्मरणसे, कोई देवर्द्धिके देखने से और कोई धर्मोपदेश सुनने से निर्वाण एवं स्वर्गादि अभ्युदय के साधक तथा दुर्वार एवं गम्भीर संसाररूपी समुद्र से पार उतारने वाला सम्यक्त्व ग्रहण करते हैं ॥७००-७०१॥

णवरि हु णव-गेवेज्जा, एदे देवड्ढि-वज्जिदा होंति ।
उवरिम - चोद्दस - ठाणे, सम्माइट्ठी सुरा सव्वे ॥७०२॥

दंसण-गहण-कारणं समत्तं ॥

अर्थ—विशेष यह है कि नौ ग्रैवेयकों में उपर्युक्त कारण देवर्द्धि दर्शन से रहित होते हैं । इसके ऊपर चौदह स्थानों में सब देव सम्यग्दृष्टि ही होते हैं ॥७०२॥

सम्यग्दर्शन-ग्रहण के कारणों का कथन समाप्त हुआ ॥

---

१. ब. ज. क. ज. ठ. सव्वट्ठसि । २. ब. देवसि, ज देवड्ढि, क. ज. ठ. देवड्ढि ।
३. ब, ज. क. ज. ठ. रहिद ।

वैमानिक देव मरकर कहाँ-कहाँ जन्म लेते हैं -

आईसाणं देवा, अणणा एइंदिएसु भजिदव्वा ।
उवरि सहस्सारंतं, ते भज्जा[1] सण्णि-तिरिय-मणुवत्ते ॥७०३॥

अर्थ– ईशान कल्प पर्यन्त के देवों का जन्म एकेन्द्रियों में विकल्पनीय है। इससे ऊपर सहस्रार कल्प पर्यन्त के सब देव विकल्प से संज्ञी तिर्यंच या मनुष्य होते हैं ॥७०३॥

तत्तो उवरिम-देवा, सव्वे सुक्काभिधाण-लेस्साए ।
उप्पज्जंति मणुस्से, णत्थि तिरिक्खेसु उववादो ॥७०४॥

अर्थ—इससे ऊपर के सब देव शुक्ल लेश्या के साथ मनुष्यों में उत्पन्न होते हैं, इनकी उत्पत्ति तिर्यंचों में नहीं है ॥७०४॥

देव-गदीदो चत्ता, कम्मक्खेत्तम्मि सण्णि-पज्जत्ते ।
गब्भ-भवे जायंते, ण भोगभूमीण णर-तिरिए ॥७०५॥

अर्थ—देवगति से च्युत होकर ये देव कर्मभूमि में संज्ञी, पर्याप्त एवं गर्भज होते हैं भोग-भूमियों के मनुष्य और तिर्यंचों में नहीं होते हैं ॥७०५॥

सोहम्मादी देवा, भज्जा हु सलाग-पुरिस-णिवहेसुं ।
णिस्सेयस-गमणेसुं, सव्वे वि अणंतरे जम्मे ॥७०६॥

अर्थ—सब सौधर्मादिक देव अगले जन्म में शलाका-पुरुषों के समूह में और मुक्ति-गमन के विषय में विकल्पनीय हैं ॥७०६॥

णवरि विसेसो सव्वट्ठसिद्धि-ठाणदो विच्चुदा[2] देवा ।
भज्जा सलाग-पुरिसा, णिव्वाणं यांति णियमेणं ॥७०७॥

एवं आगमण-परूवणा समत्ता ॥

अर्थ—विशेष यह है कि सर्वार्थसिद्धि से च्युत हुए देव शलाकापुरुषरूप से विकल्पनीय हैं, किन्तु वे नियम से निर्वाण प्राप्त करते हैं ॥७०७॥

इसप्रकार आगमन-प्ररूपणा समाप्त हुई ॥

---

१. ब. क. भज्जा, क. ज. ठ. सव्वा । २. ब. ज. क. विच्चुदो ।

देवों के अवधिज्ञानका कथन —

सक्कीसाणा पढमं, माहिंद-सणक्कुमारया बिदियं ।
तदियं च बम्ह-लंतव-वासी तुरिमं सहस्सयार[1]-गदा ॥७०८॥
आणद-पाणद-आरण-अच्चुद-वासी य पंचमं पुढविं ।
छट्ठी पुढवी हेट्ठा, णव - विह - गेवेज्जगा देवा ॥७०९॥
सव्वं च लोयणालिं, अणुदिसाणुत्तरेसु पस्संति ।
सक्खेत्तम्मि[2] सकम्मे,[3] रूवम-गदमणंत-भागो य ॥७१०॥
कप्पामराण[4] णिय-णिय-ओही-दव्वस्स विस्ससोवचयं ।
ठविदूणं हरिदव्वं, तत्तो धुव - भागहारेणं ॥७११॥
णिय-णिय-खोणि-पदेसं, सलाग-संखा समप्पदे जाव[5] ।
अंतिल्ल - खंधमेत्तं, एदाणं ओहि - दव्वं खु ॥७१२॥

अर्थ— सौधर्मेशान कल्पके देव अपने अवधिज्ञान से नरक की प्रथम पृथिवी पर्यन्त, सनत्कुमार-माहेन्द्र कल्पके देव दूसरी पृथिवी पर्यन्त, ब्रह्म और लान्तव कल्पके देव तृतीय पृथिवी पर्यन्त, सहस्रार कल्पवासी देव चतुर्थ पृथिवी पर्यन्त; आनत, प्राणत, आरण एवं अच्युत कल्पके देव पाँचवी पृथिवी पर्यन्त, नौ प्रकार के ग्रैवेयक वासी देव छटी पृथिवी के नीचे पर्यन्त तथा अनुदिश एवं अनुत्तर वासी देव सम्पूर्ण लोकनाली को देखते है। अपने कर्म द्रव्य में अनन्त का भाग देकर अपने क्षेत्र में से एक-एक कम करना चाहिए। कल्पवासी देवों के विस्रसोपचय रहित अपने अवधिज्ञानावरण द्रव्यको रखकर जब तक अपने-अपने क्षेत्र-प्रदेश की शलाकाएँ समाप्त न हो जावें तब तक ध्रुवहार का भाग देना चाहिए। उक्त प्रकार से भाग देने पर अन्त में जो स्कन्ध रहे उतने प्रमाण इनके अवधिज्ञान का विषयभूत द्रव्य समझना चाहिए ॥७०८-७१२॥

विशेषार्थ— वैमानिक देवों का अपना-अपना जितना-जितना अवधिज्ञानका विषयभूत क्षेत्र कहा है, उसके जितने-जितने प्रदेश हैं उन्हें एकत्र कर स्थापित करना और विस्रसोपचय रहित सत्तामें स्थित अपने-अपने अवधिज्ञानावरण कर्मके परमाणुओं को एक ओर स्थापित कर इस अवधिज्ञानावरण के द्रव्यको ध्रुवहार का एक बार भाग देना और क्षेत्र के प्रदेश-पुञ्ज मे से एक प्रदेश घटा देना। भाग देने पर प्राप्त हुई लब्धराशि में दूसरी बार उसी ध्रुवहार का भाग देना और प्रदेश पुञ्ज में से

---

१. महाशुक्र कल्पका विषय छूट गया है। २. ब. क. ज. ठ. संखेत्तं। ३. द. क. ज. ठ. संकम्मे। ४. द. ब. क. ज. ठ. कप्पामरा य। ५. ब. क. जीवा।

एक प्रदेश पुनः घटा देना। पुनः लब्धराशि में ध्रुवहार का भाग देना और प्रदेश पुञ्ज में से एक प्रदेश और घटा देना। इसप्रकार अवधिज्ञान के विषयभूत क्षेत्र के जितने प्रदेश हैं उतनी बार अवधिज्ञानावरण कर्म के परमाणु पुञ्ज भजनफल स्वरूप लब्धराशि में भाग देने के बाद अन्त में जो लब्ध राशि प्राप्त हो उतने परमाणु पुञ्ज स्वरूप पुद्गल स्कन्ध को वैमानिक देव अपने अवधिनेत्र से जानते हैं। यथा—

मानलो—अवधिक्षेत्र के प्रदेश १० हैं और विस्रसोपचय रहित अवधिज्ञानावरण कर्म स्कन्ध के परमाणु १०००००००००००० हैं तथा ध्रुव भागहार का प्रमाण है अतः—

क्षेत्र–१० प्रदेश	अवधिज्ञानावरणका द्रव्य
	१००००००००००००
१०—१=९	१०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = २०००००००००००।
९—१=८	२०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = ४०००००००००००।
८—१=७	४०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = ८०००००००००००।
७—१=६	८०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = १६०००००००००००।
६—१=५	१६०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = ३२०००००००००००।
५—१=४	३२०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = ६४०००००००००००।
४—१=३	६४०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = १२८०००००००००००।
३—१=२	१२८०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = २५६०००००००००००।
२—१=१	२५६०००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = ५१२००००००००००।
१—१=०	५१२००००००००००० × $\frac{१}{२}$ = १०२४०००००००००००।

पुद्गल स्कन्ध को वैमानिक देव अपने अवधिनेत्र से जानते हैं।

होंति असंखेज्जाओ, सोहम्म-दुगस्स वास-कोडीओ।
पल्लस्सासंखेज्जो, भागो सेसाण अट्ठ - ठाणं ॥७१३॥

एवं ओहि-णाणं गदं ॥

अर्थ—कालकी अपेक्षा सौधर्मयुगलके देवों का अवधि-विषय असंख्यात वर्ष करोड़ और शेष देवों का यथायोग्य पल्यके असंख्यातवेंभाग प्रमाण है ॥७१३॥

इसप्रकार अवधिज्ञान का कथन समाप्त हुआ ॥

वैमानिक देवोंका पृथक्-पृथक् प्रमाण—

सोहम्मीसाण - दुगे, विदंगुल-तदिय-मूल-हद-सेढी ।
बिदिय-[1]दुगम्मि सेढी, [2]एक्करसम-वग्गमूल-हिदा ॥७१४॥

३ । ११ ।

अर्थ—सौधर्म-ईशान युगलमें देवोंकी संख्या घनाङ्गुलके तृतीय वर्गमूलसे गुणित श्रेणी (श्रेणी × घ० अं० का ३ वर्गमूल) प्रमाण और द्वितीय युगलमें अपने ग्यारहवें वर्गमूलसे भाजित श्रेणी (श्रेणी÷श्रेणीका ११ वाँ वर्गमूल) प्रमाण है ॥७१४॥

बम्हम्मि होदि सेढी, सेढी-सग-वग्गमूल-अवहरिदा ।
संतवकप्पे सेढी, सेढी - सग - वग्गमूल - हिदा ॥७१५॥

९ । ७ ।

अर्थ—ब्रह्मकल्पमें देवोंकी संख्या श्रेणीके नौवें वर्गमूलसे भाजित श्रेणी (श्रेणी÷श्रेणीका ९ वाँ वर्गमूल) प्रमाण और लान्तवकल्पमें श्रेणीके सातवें वर्गमूलसे भाजित श्रेणी (श्रेणी÷श्रेणीका ७ वाँ वर्गमूल) प्रमाण है ॥७१५॥

महसुक्कम्मि य सेढी, सेढी-पण-वग्गमूल-अवहिदव्वा ।
सेढी सहस्सयारे, सेढी - चउ - वग्गमूल हिदा ॥७१६॥

५ । ४ ।

अर्थ—महाशुक्रकल्पमें देवोंकी संख्या श्रेणीके पाँचवें वर्गमूलसे भाजित श्रेणी (श्रे० ÷ श्रेणीका ५ वाँ वर्गमूल) प्रमाण और सहस्रार कल्पमें श्रेणीके चतुर्थ वर्गमूलसे भाजित श्रेणी प्रमाण है ॥७१६॥

अवसेस - कप्प - दुगले, पल्लासंखेज्जभागमेत्तेक्केक्के ।
देवाणं संखादो, संखेज्जगुणा हवंति देवीओ ॥७१७॥

$$\left|\begin{matrix} प \\ रि \end{matrix}\right|^{3}$$

अर्थ—अवशेष दो कल्प युगलों में से एक-एक में देवों का प्रमाण पल्यके असंख्यातवें भाग मात्र है । देवों की संख्या से देवियाँ संख्यातगुणी हैं ॥७१७॥

---

१. द. ब. दुगम्मि । २. ब. एक्करसम, द. ब. प. ठ. एक्करसमम ।

३. द. ब. क. ब. ठ. ३ ।

हेट्ठिम-मज्झिम-उवरिम-गेवेज्जेसुं अणुद्दिसादि-दुगे ।
पल्लासंखेज्जंसो, सुराण संखाए अहं - ओग्घं ॥७१८॥

| प
| रि |

अर्थ—अधस्तन ग्रैवेयक, मध्य ग्रैवेयक, उपरिम ग्रैवेयक और अनुदिस-द्विक (अनुदिश-अनुत्तर) में देवों की संख्या यथायोग्य पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ॥७१८॥

णवरि विसेसो सव्वट्ठसिद्धि-णामम्मि होदि-संखेज्जो ।
देवाणं परिसंखा, णिद्दिट्ठा वीयरागेहि ॥७१९॥

संखा गदा ॥

अर्थ—विशेष यह है कि सर्वार्थसिद्धि नामक इन्द्रक में संख्यात देव हैं । इसप्रकार वीतराग-देव ने देवों की संख्या निर्दिष्ट की है ।

संख्या का कथन समाप्त हुआ ॥७१९॥

वैमानिक देवों की शक्तिका दिग्दर्शन—

एक्क - पलिदोवमाऊ, उप्पाडेदुं धराए छक्खंडे ।
तम्मद-णर-तिरिय-अणे, मारेदुं पोसिदुं सक्को ॥७२०॥

अर्थ—एक पल्योपम प्रमाण आयुवाला देव पृथिवी के छह खण्डों को उखाड़ने में और उनमें स्थित मनुष्य और तिर्यञ्चों को मारने अथवा पोषण करने में समर्थ है ॥७२०॥

उवहि-उवमाउ-जीवी, पल्लट्टेदुं च [1]जंबुदीवं हि ।
तग्गद - णर - तिरियाणं, मारेदुं पोसिदुं सक्को ॥७२१॥

अर्थ—सागरोपम प्रमाण काल पर्यन्त जीवित रहनेवाला देव जम्बूद्वीपको भी पलटनेमें और उसमें स्थित मनुष्य और तिर्यञ्चों को मारने अथवा पोषनेमें समर्थ है ॥७२१॥

सोहम्मिंदो[2] तियमा, जंबूदीवं समुक्खवदि एवं ।
केई आइरिया इव, सत्ति - सहावं परूवंति ॥७२२॥

पाठान्तरम् ।

सत्ती गदा ।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. जं । २. द. ब. क. ज. ठ. सोधम्मि ।
३. द. ब. क. ज. ठ. सोहम्मिंदा ।

अर्थ—सौधर्म इन्द्र नियमसे जम्बूद्वीपको (उठाकर) फेंक सकता है। इसप्रकार कोई आचार्य उसके शक्ति स्वभावका निरूपण करते हैं ।।७२२।।

पाठान्तर ।

शक्तिका कथन समाप्त हुआ ।

चारों प्रकारके देवोंकी योनि प्ररूपणा—

भावण-वेंतर-जोइसिय-कप्पवासीण[1]- जणणमुववादे ।
सीदुण्हं अच्चित्तं, संउदया होंति सामण्णे ।।७२३।।
एदाण चउ-विहाणं, सुराण सव्वाण होंति जोणीओ ।
चउ-लक्खा हु विसेसे, इंदिय-कल्लाव ओवाला (?) ।।७२४।।

जोणी समत्ता ।।

अर्थ—भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और कल्पवासियोंके उपपाद जन्ममें शीतोष्ण, अचित्त और संवृत योनि होती है। इन चारों प्रकारके सब देवोंके सामान्यरूपसे ये योनियां हैं। विशेषरूपसे चार लाख योनियां होती हैं ।।७२३-७२४।।

योनियोंका कथन समाप्त हुआ ।

स्वर्ग सुखके भोक्ता—

सम्मद्दंसण - सुद्धिमुज्जलयरं संसार - णिण्णासणं ।
सम्मण्णाणमणंत - दुक्ख - हरणं धारंति जे सततं ।।७२५।।
णिव्वाहंति विसिट्ठ-सील-सहिदा, जे सम्मचारित्तयं ।
ते सग्गे सुविचित्त-पुण्ण-जणिदे, भुंजंति सोक्खामयं ।।७२६।।

अर्थ—जो अतिशय उज्ज्वल एवं संसारको नष्ट करनेवाली सम्यग्दर्शनकी शुद्धि तथा अनन्त दुःखको हरने वाले सम्यग्ज्ञानको निरन्तर धारण करते हैं और जो विशिष्ट शील-परायण होकर सम्यक्चारित्रका निर्वाह करते हैं, वे अद्भुत पुण्यसे उत्पन्न हुए स्वर्गमें सौख्यामृत भोगते हैं ।।७२५-७२६।।

---

१. द. ब. कप्पवासीणमुववादे ।

अधिकारान्त मङ्गलाचरण—

चउ-गइ-पंक-विमुक्कं, णिम्मल-वर-मोक्ख-लच्छि-मुह-मुकुरं ।
पासदि य धम्म - तित्थं, धम्म - जिणिदं णमंसामि ॥७२७॥

एवंमाइरिय-परंपरा-गय-तिलोयपण्णत्तीए देवलोय-सरूव[1]-
णिरूवण-पण्णत्ती णाम

अट्ठमो महाहियारो समत्तो ॥८॥

अर्थ—जो चतुर्गतिरूप पङ्कसे रहित, निर्मल एवं उत्तम मोक्ष-लक्ष्मी के मुख के मुकुर (दर्पण) स्वरूप तथा धर्म-तीर्थ के प्रतिपादक हैं, उन धर्म जिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥७२७॥

इसप्रकार आचार्य - परम्परागत त्रिलोकप्रज्ञप्ति में देवलोक - स्वरूप - निरूपण प्रज्ञप्ति नामक ।

आठवाँ महाधिकार समाप्त हुआ ॥८॥

---

१. ब. क. सरूवण ।



तिलोयपण्णत्ती

णवमो महाहियारो

मंगलाचरण एवं प्रतिज्ञा—

उप्पहग्ग-संठियाणं, भव्वाणं मोक्ख - मग्ग - देसयरं ।
णमिय संति-जिणेसं[1], वोच्छामो सिद्धलोय-पण्णत्तो ॥१॥

अर्थ—उन्मार्गमें स्थित भव्य-जीवोंको मोक्षमार्गका उपदेश करनेवाले शान्ति जिनेन्द्र को नमस्कार करके सिद्धलोक-प्रज्ञप्ति कहता हूँ ॥१॥

पाँच अन्तराधिकारोंका निर्देश—

सिद्धाण णिवास-खिदी, संखा ओगाहणाणि सोक्खाइं ।
सिद्धत्त - हेदु - भावो, सिद्ध - जगे[2] पंच अहियारा ॥२॥

अर्थ—सिद्धोंकी निवास-भूमि, संख्या, अवगाहना, सौख्य और सिद्धत्वके हेतु-भूत भाव, सिद्धलोक प्रज्ञप्ति में ये पाँच अधिकार हैं ॥२॥

सिद्धोंका निवास क्षेत्र—

अट्ठम-खिदीए उवरिं, पण्णासब्भहिय-सत्तय-सहस्सा ।
दंडाणि तणूणं, सिद्धाणं होदि आवासो ॥३॥

---

१. ब. ब. क. ज. ठ. जिणेसं । २. ब. ब. क. ज. ठ. जुवे ।

अर्थ—आठवीं (ईषत्प्राग्भार) पृथ्वीके ऊपर सात हजार पचास धनुष जाकर सिद्धोंका आवास है ॥३॥

विशेषार्थ—अष्टम पृथ्वीसे ऊपर लोकके अन्तमें ४००० धनुष मोटा घनोदधिवातवलय, २००० धनुष मोटा घनवातवलय और १५७५ धनुष मोटा तनुवातवलय है। सिद्ध परमेष्ठी तनुवातवलयमें रहते हैं और इनकी उत्कृष्ट अवगाहना ५२५ है। वातवलयों के प्रमाणमेंसे उत्कृष्ट अवगाहना घटा देने पर अष्टम पृथ्वीसे कितने योजन ऊपर जाकर सिद्ध स्थित हैं, यह प्रमाण प्राप्त हो जाता है। यथा—

७०५० धनुष = (४००० ध० + २००० ध० + १५७५ ध०) − ५२५ धनुष।

पणदो छप्पण-इगि-अट्ठ-णह-चउ-सग-चउ-ख-चदुर-अट्ठ-कमसो।
अट्ठ - हिदा जोयणया, सिद्धाण णिवास - खिदिमाणं ॥४॥

$$\frac{=४०४७५४०८१५६२५}{८}$$

णिवास-खेत्तं गदं ॥१॥

अर्थ—सिद्धोंके निवास क्षेत्रका प्रमाण अंक क्रमसे आठसे भाजित पांच, दो, छह, पांच, एक, आठ, शून्य, चार, सात, चार, शून्य, चार और आठ इतने ($^{४०४७५४०८१५६२५}_{८}$) योजन है ॥४॥

विशेषार्थ—सिद्धोंके निवास क्षेत्रका व्यास मनुष्य लोक सदृश ४५ लाख योजन है और सिद्धप्रभुकी उत्कृष्ट अवगाहना अर्थात् ऊँचाई ५२५ धनुष प्रमाण है। इसका घनफल इसप्रकार है—

सिद्धोंके निवास क्षेत्रकी परिधि $= \sqrt{४५ \text{ लाख}^२ \times १०} = १४२३०२४२$ योजन।

सिद्धक्षेत्रका घनफल = (परिधि ^{१४२३०२४१}) × (४५ लाख व्यासका चतुर्थांश) × ($^{५२५}_{१७६}$ यो० ऊंचाई)।

$= ^{८४०४७५४०८१५६२५}$ घन योजन।

या $= १०५०५८२६११९२३\frac{१}{२}$ घन योजन है।

नोट—उपर्युक्त प्रमाण घन योजनोंमें प्राप्त हुआ है किन्तु गाथामें केवल योजन कहे गये हैं। यह विचारणीय है।

निवास क्षेत्रका कथन समाप्त हुआ ॥१॥

सिद्धों की संख्या—

तीद-समयाण संखं, अड-समयब्भहिय-मास-छक्क-हिदा ।
अड-हीण-छस्सया[1]-हद-परिमाण-जुदा हवंति ते सिद्धा ॥५॥

अ । ५९२[2]
मा ६ । स ८

संखा गदा ॥ २ ॥

अर्थ—अतीत समयों की संख्या में छह मास और ८ समय का भाग देकर आठ कम छह सो अर्थात् ५९२ से गुणा करने पर जो प्राप्त हो उतने [(अतीत समय ÷ ६ मास ८ समय) × ५९२] सिद्ध हैं ॥५॥

संख्या का कथन समाप्त हुआ ॥२॥

सिद्धों की अवगाहना—

पण-कदि-जुद-पंच-सया, ओगाहणया धणूणि[3] उक्कस्से ।
अद्धट्ठ - हत्थमेत्ता, सिद्धाणं जहण्ण - ठाणम्मि ॥६॥

५२५ । ह ३ ।

अर्थ—इन सिद्धों की उत्कृष्ट अवगाहना पाँच के वर्ग से युक्त पाँच सौ [(५ × ५) + ५०० = ५२५] धनुष है और जघन्य अवगाहना साढ़े तीन (३½) हाथ प्रमाण है ॥६॥

तणुवाद-बहल-संखं, पण-सय-रूवेहि ताणिदूण तदो ।
पण्णरस - सएहि भजिदे, उक्कस्सोगाहणं होदि ॥७॥

१५७५ × ५०० | ५२५ ध[4]
१५०० |

अर्थ—तनुवात के बाहल्य की संख्या (१५७५ ध०) को पाँच सौ (५००) रूपों से गुणा कर पन्द्रह सौ का भाग देने पर जो लब्ध प्राप्त हो उतना [(१५७५ × ५००) ÷ १५००] अर्थात् ५२५ ध० उत्कृष्ट अवगाहना का प्रमाण होता है ॥७॥

तणुवाद-बहल-संखं, पण-सय- रूवेहि ताणिदूण तदो ।
णव - सत्तेहि भजिदे, जहण्णमोगाहणं होदि ॥८॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. छप्पण्णाद । २. द. ब. क ज ठ ५१२ ।
३. द. ब. क. ज. ठ. धणूणि । ४. द. ब. (१५०० । १५७५ । ५०० । १ । ५२५ ।

[1]१५७५ × ५०० / ९००००० | ३ ।

अर्थ—तनुवात के बाहल्य की संख्या को पांच सौ रूपों से गुणा करके नौ लाख का भाग देने पर जघन्य अवगाहनाका [(१५७५ × ५००) ÷ ९००००० = ३ धनुष = ३½ हाथ] प्रमाण होता है ॥ ८ ॥

वीहत्तं बाहल्लं, चरिम-भवे जस्स जारिसं ठाणं ।
तत्तो ति-भाग-हीणं, ओगाहण सव्व-सिद्धाणं ॥९॥

अर्थ—अन्तिम भवमें जिसका जैसा आकार, दीर्घता और बाहल्य हो उससे तृतीय भागसे कम सब सिद्धों की अवगाहना होती है ॥९॥

लोयविणिच्छय-गंथे, लोयविभागम्मि सव्व-सिद्धाणं ।
ओगाहण-परिमाणं, भणियं[2] किंचूण चरिम-देह-समो ॥१०॥

पाठान्तरम् ।

अर्थ—लोकविनिश्चय ग्रन्थमें तथा लोकविभागमें सब सिद्धोंकी अवगाहनाका प्रमाण कुछ कम चरम शरीरके सदृश कहा है ॥१०॥

पाठान्तर ।

पण्णासुत्तर-ति-सया, उक्कस्सोगाहणं हवे तेसिं ।
तिय-भजिद-सत्त-हत्था, जहण्ण - ओगाहणं ताणं ॥११॥

३५० । ७ । ३ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—सिद्धोंकी उत्कृष्ट अवगाहना तीन सौ पचास (३५०) धनुष और जघन्य अवगाहना तीनसे भाजित सात (७/३) हाथ प्रमाण है ॥११॥

पाठान्तर ।

विशेषार्थ—मोक्षगामी मनुष्यके अन्तिम शरीरकी उत्कृष्ट अवगाहना ५२५ धनुष और जघन्य अवगाहना ७ या ३½ हाथ प्रमाण होती है । कोई आचार्य अन्तिम भव से ⅓ भाग कम अर्थात् (५२५ × ⅔ =) ३५० धनुष उत्कृष्ट और (७ × ⅔ =) ४⅔ या २⅓ हाथ प्रमाण जघन्य अवगाहना मानते हैं ।

---

१. ब. अ. ९००००० । १५७५ । ५०० । ३ । ७/३ । २. ब. अ. क. भणिदं ।

तणुवाद-पवण-बहले, दोहि गुणि णवेण भजिदम्मि ।
जं लद्धं सिद्धाणं, उक्कस्सोगाहणं ठाणं ॥१२॥

२२५० । १५७५ । ५०० । १ । एदेण ते-रासि[1]-लद्धं ३ । १५७५ । ३५० ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—तनुवात पवनके बाहल्यको दोसे गुणित कर नौ का भाग देनेपर जो लब्ध प्राप्त हो उतना सिद्धोंकी उत्कृष्ट अवगाहनाका स्थान होता है ॥१२॥

विशेषार्थ—तनुवातवलयका बाहल्य १५७५ धनुष प्रमाणांगुलकी अपेक्षा है और सिद्धों की उत्कृष्ट-अवमय अवगाहना व्यवहारांगुल अपेक्षा है। तनुवातवलय की मोटाईको ५०० से गुणित करने पर (१५७५×५००=) ७८७५०० व्यवहार धनुष प्राप्त होते हैं। सिद्ध परमेष्ठी उत्कृष्टता से तनुवात के एक खण्ड में विराजमान हैं। जबकि (५२५×$\frac{2}{3}$=) ३५० धनुष का १ खण्ड होता है, तब ७८७५०० धनुषों के कितने खण्ड होंगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर ($\frac{७८७५००}{३५०}$=) २२५० खण्ड हुए। ये २२५० खण्ड व्यवहार धनुष से हैं, इनके प्रमाण-धनुष बनाने के लिये इन्हें ५०० से भाजित करने पर ($\frac{२२५०}{५००}$)=४$\frac{1}{2}$ या $\frac{9}{2}$ प्रमाण धनुष (खण्ड) प्राप्त होते हैं।

जबकि २२५० अर्थात् $\frac{9}{2}$ खण्डों का १५७५ धनुष स्थान है तब १ खण्ड का कितना होगा ? इसप्रकार पुनः त्रैराशिक करने पर ($\frac{१५७५\times२}{९}$ =) ३५० धनुषका सिद्धों की उत्कृष्ट अवगाहना का स्थान प्राप्त हुआ। मूल संदृष्टि में यही सब प्रमाण दिया गया है।

पाठान्तर ।

तणुवादस्स य बहले, छस्सय-पण्णत्तरीहि भजिदम्मि ।
जं लद्धं सिद्धाणं, जहण्ण - ओगाहणं होदि ॥१३॥

१३५०००० । १५७५ । २००० । १ । ते-रासिएण सिद्धं $\frac{१३५०००}{१५७५}$ । $\frac{3}{7}$ ।

पाठान्तरम् ।

अर्थ—तनुवात के बाहल्य में छह सौ पचहत्तर (६७५) का भाग देने पर जो लब्ध प्राप्त हो उतना सिद्धों की जघन्य अवगाहना का स्थान होता है ॥१३॥

विशेषार्थ—गा० १२ के विशेषार्थानुसार यहाँ भी (१५७५×५००=) ७८७५०० व्यवहार धनुष प्राप्त हुए। सिद्धोंकी जघन्य अवगाहना का माप हाथसे है और उनकी अवस्थितिके स्थानका माप धनुष है अतः जबकि ४ हाथका एक धनुष होता है तब ($\frac{3}{2}\times\frac{1}{4}$=) $\frac{3}{8}$ हाथके कितने

---

१. ब. त्रैरासिएं ।

धनुष होगे ? इसप्रकार त्रैराशिक करने पर ($\frac{2}{3} \times \frac{3}{1} =$) $\frac{2}{1}$ धनुष प्राप्त हुए। जबकि $\frac{2}{1}$ धनुष का १ खण्ड होता है, तब ७८७५०० धनुषोंके कितने खण्ड होंगे ? इस त्रैराशिकसे ($७८७५०० \times \frac{1}{2}$) =१३५००० खण्ड प्राप्त हुए। ये खण्ड व्यवहार धनुष से हैं, इनके प्रमाण धनुष और प्रमाण धनुषोंके प्रमाण हाथ बनानेके लिए इन्हें (५०० × ४ =) २००० से भाजित करनेपर ($\frac{१३५०००}{२०००} =$) ६७५ खण्ड प्राप्त हुए।

जबकि ६७५ खण्डोंका १५७५ धनुष स्थान है, तब १ खण्डका कितना स्थान होगा ? इस त्रैराशिक से ($\frac{१५७५}{६७५} =$) ३ हाथका सिद्धोंकी जघन्य अवगाहना का स्थान प्राप्त हुआ।

मूल संदृष्टिमें यही सब प्रमाण दर्शाया गया है।

पाठान्तर।

अवरुवकस्सं मज्झिम-ओगाहण-सहिद-सिद्ध-जीवाओ।
होंति अणंताणंता, [1]एक्केक्कोगाहिद-खेत्त-मज्झम्मि ॥१४॥

अर्थ—एक सिद्ध जीवसे अवगाहित क्षेत्रके भीतर जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम अवगाहना-वाले अनन्तानन्त सिद्ध जीव होते हैं ॥१४॥

माणुसलोय - पमाणे, संठिय-तणुवाद-उवरिमे भागे।
सरिस सिरा सव्वाणं, हेट्ठिम-भागम्मि विसरिसा केई ॥१५॥

अर्थ—मनुष्यलोक प्रमाण स्थित तनुवातके उपरिम भागमें सब सिद्धोंके सिर सदृश होते हैं। अधस्तन भागमें कोई विसदृश होते हैं ॥१५॥

जावद्धम्म - दव्वं, तावं गंतूण लोयसिहरम्मि।
चेट्ठंति सव्व-सिद्धा, पुह पुह [2]भवसित्थ-मूस-गब्भ-णिहा ॥१६॥

ओगाहणा गदा ॥३॥

अर्थ—जहाँ तक धर्मद्रव्य है वहाँ तक जाकर लोकशिखरपर सब सिद्ध पृथक्-पृथक् मोमसे रहित मूसक (सांचे) के अभ्यन्तर आकाशके सदृश स्थित हो जाते हैं ॥१६॥

अवगाहनाका कथन समाप्त हुआ ॥३॥

सिद्धोंका सुख—

णिरुवम-रूवा णिट्ठिय-कज्जा णिच्चा णिरंजणा णिरुजा।
णिम्मल-बोधा सिद्धा, णिरुज्जा णिक्कला सगाधारा ॥१७॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. एक्केक्कोगहिद। २. द. ब. क. ज. ठ. णवसित्थ।

लोयालोय-विभागं, तम्मिट्ठिय सव्व-दव्व-पज्जायं ।
तिय-काल-गदं सव्वं, जाणंति हु एक्क - समएण ॥१८॥

अर्थ—अनुपम स्वरूपसे संयुक्त, कृतकृत्य, नित्य, निरंजन, नीरोग, निर्वस्त्र, निष्पाप, स्व-आधार और निर्मलज्ञानसे युक्त सिद्ध परमेष्ठी लोक और अलोकके विभागको, लोक स्थित सर्व द्रव्यों और उनकी त्रिकालवर्ती सब पर्यायोंको एक ही समयमें जानते हैं ॥१७-१८॥

जाइ-जरा-मरणेहि, णिम्मुक्का णिम्मला अणक्खरया ।
अवगद - वेदा सव्वे, अणंत - णाणा अणंत - सुहा ॥१९॥
किदकिच्चा सव्वण्हू, सत्ताघादा सदा-सिवा सुद्धा ।
परमेट्ठी परम - सुहा, सव्वगया सव्व - वरिसीय ॥२०॥
अव्वाबाहमणंतं, अक्खयमणुवममणिंदियं सोक्खं ।
अणुहुंजंति हु, सिद्धा सदा - सदा सव्वे ॥२१॥

सोक्खं समत्तं ॥४॥

अर्थ—जन्म, जरा और मरणसे विनिर्मुक्त, निर्मल, अनक्षर (शब्दातीत), वेद से रहित, अनन्तज्ञानी, अनन्तसुखी, कृतकृत्य, सर्वज्ञ, स्व-सत्तासे सब कर्मोंका घात करनेवाले, सदाशिव, शुद्ध, परम पदमें स्थित, परम सुखी, सर्वगत, सर्वदर्शी, ऐसे सर्व सिद्ध अव्याबाध, अनन्त, अक्षय, अनुपम और अतीन्द्रिय सुखका निरन्तर भोग करते हैं ॥१९-२१॥

इसप्रकार सुख प्ररूपण समाप्त हुआ ॥४॥

सिद्धत्वके कारण—

जह चिर-संचिदमिंधणमणलो पवणाहदो लहुं डहइ ।
तह कम्मिंधणमहियं, खणेण झाणाणलो डहइ ॥२२॥

अर्थ—जिसप्रकार चिर-संचित ईंधनको पवनसे आहत अग्नि शीघ्र ही जला देती है, उसीप्रकार ध्यानरूपी अग्नि बहुतभारी कर्मरूपी ईंधनको क्षण-मात्रमें जला देती है ॥२२॥

जो सविद[1]-मोह-कलुसो, विसय-विरत्तो मणो णिरुंभित्ता ।
समवट्ठिदो सहावे, सो पावइ णिव्वुदिं सोक्खं ॥२३॥

---

१. द. ब. क. विविदमोहके कलुसो ।

अर्थ—जो दर्शनमोह और चारित्रमोहको नष्ट कर विषयोंसे विरक्त होता हुआ मनको रोककर (आत्म-) स्वभावमें स्थित होता है वह मोक्ष-सुखको प्राप्त करता है ॥२३॥

जस्स ण विज्जदि रागो, दोसो मोहो व जोग-परिकम्मो ।
तस्स सुहासुह - दहणो - जायदे झाणमयो अगणी ॥२४॥

अर्थ—जिसके राग, द्वेष, मोह और योग-परिकर्म (योग-परिणति) नहीं है उसके शुभाशुभ (पुण्य-पाप) को जलानेवाली ध्यानमय अग्नि उत्पन्न होती है ॥२४॥

दंसण-णाण-समग्गं, झाणं जो अण्ण - दव्व - संसत्तं ।
जायदि णिज्जर - हेदू, सभाव - सहिदस्स साहुस्स ॥२५॥

अर्थ—(शुद्ध) स्वभाव युक्त साधुका दर्शन-ज्ञानसे परिपूर्ण ध्यान निर्जराका कारण होता है, अन्य द्रव्योंसे संसक्त वह (ध्यान) निर्जराका कारण नहीं होता ॥२५॥

जो सव्व-संग-मुक्को, अणण्ण-मणो अप्पणो[1] सहावेण ।
जाणदि पस्सदि आदं, सो सग-चरियं चरदि जीवो ॥२६॥

अर्थ—जो (अन्तरङ्ग बहिरङ्ग) सर्व सङ्गसे रहित और अनन्यमन (एकाग्रचित्त) होता हुआ अपने चैतन्य स्वभावसे आत्माको जानता एवं देखता है, वह जीव आत्मीय चारित्रका आचरण करता है ॥२६॥

णाणम्मि भावणा खलु, कादव्वा दंसणे चरित्ते य ।
ते पुण आदा तिण्णि वि, तम्हा कुण भावणं आदे ॥२७॥

अर्थ—ज्ञान, दर्शन और चारित्रमें भावना करनी चाहिए। यद्यपि वे तीनों (दर्शन, ज्ञान और चारित्र) आत्मस्वरूप हैं अतः आत्मामें ही भावना करो ॥२७॥

अहमेक्को खलु सुद्धो, दंसण-णाणप्पगो[2] सदारूवी ।
ण वि अत्थि मज्झ किंचि वि,[3] अण्णं परमाणुमेत्तं पि ॥२८॥

अर्थ—मैं निश्चयसे सदा एक, शुद्ध, दर्शन-ज्ञानात्मक और अरूपी हूँ। परमाणु मात्र (प्रमाण भी) अन्य कुछ मेरा नहीं है ॥२८॥

अत्थि मम को वि मोहो, [4]दुक्खो उवओगमेत्तमहमेक्को ।
इह भावणाहि जुत्तो, खवेइ दुट्ठट्ठ - कम्माणि ॥२९॥

---

१ द. ब. क. ब. ठ. अण्णो अप्पणा । २. द. ब. क. ब. ठ. णाणप्पगा सदारूवी । ३. द. ब. अत्थि । ४. द. दुक्खो उवओगमेत्तमहमेक्को, ब. दुक्खो उवओग ___ ।

अर्थ – मोह मेरा कुछ भी नहीं है, एक ज्ञान दर्शनोपयोगरूप ही मैं जानने योग्य हूँ; ऐसी भावनासे युक्त जीव दुष्ट-कर्मोंको नष्ट करता है ।।२९।।

णाहं होमि परेसि, ण मे परे संति[1] णाणमहमेक्को ।
इदि जो झायदि झाणे, सो मुच्चइ अट्ठ - कम्मेहिं ।।३०।।

अर्थ – न मैं पर पदार्थोंका हूं और न पर पदार्थ मेरे हैं, मैं तो ज्ञान-स्वरूप अकेला ही हूँ; इसप्रकार जो ध्यानमें चिन्तन करता है वह आठ कर्मोंसे मुक्त होता है ।।३०।।

चित्त-विरामे विरमंति, इंदिया इंदियासु विरदेसुं ।
आद - सहावम्मि रदो, होदि पुढं तस्स णिव्वाणं ।।३१।।

अर्थ—चित्तके शान्त होनेपर इन्द्रियाँ शान्त होती हैं और इन्द्रियोंके शान्त होनेपर आत्म-स्वभावमें रति होती है, फिर उसका स्पष्टतया निर्वाण होता है ।।३१।।

णाहं देहो ण मणो, ण चेव वाणी ण कारणं तेसिं ।
एवं खलु जो भाओ, सो पावइ सासयं ठाणं ।।३२।।

अर्थ– न मैं देह हूँ, न मन हूँ, न वाणी हूँ और न उनका कारण ही हूँ । इसप्रकार का जो भाव है (उसे भाने वाला) वह शाश्वत स्थानको प्राप्त करता है ।।३२।।

देहो य मणो वाणी, पोग्गल-दव्वं परोत्ति[2] णिद्दिट्ठं ।
पोग्गल - दव्वं[3] पि पुणो, पिंडो परमाणु-दव्वाणं ।।३३।।

अर्थ—देहके सदृश मन और वाणी पुद्गल-द्रव्यात्मक पर हैं ऐसा कहा गया है । पुनः पुद्गल द्रव्य भी परमाणु-द्रव्योंका पिण्ड है ।।३३।।

णाहं पुग्गलमइओ, ण दे मया पुग्गला कया पिंडं ।
तम्हा हि ण देहो हं, कत्ता वा तस्स देहस्स ।।३४।।

अर्थ—न मैं पुद्गलमय हूँ और न मैंने उन पुद्गलोंको पिण्ड (स्कन्ध) रूप किया है, इसलिए न मैं देह हूँ और न इस देहका कर्ता ही हूँ ।।३४।।

एवं णाणप्पाणं, दंसण - भूदं अदिंदियमहत्थं ।
धुवमचलमणालंबं, झावेहं अप्पयं सुद्धं ।।३५।।

---

१. ब. द. ण सिंति । २. ब. ब. क. ज. ठ. परो । ३ ब. ब. क. ज. ठ. दव्वं ।

अर्थ—इसप्रकार ज्ञानात्मक, दर्शनभूत, अतीन्द्रिय, महार्थ, नित्य, निर्मल और निरालम्ब शुद्ध आत्माका चिन्तन करना चाहिए ।।३५।।

णाहं होमि परेसिं, ण मे परे संति णाणमहमेक्को ।
इदि जो झायदि झाणे, सो अप्पाणं हवदि झादा ।।३६।।

अर्थ—न मैं पर पदार्थोंका हूँ और न पर पदार्थ मेरे हैं मैं तो ज्ञानमय अकेला हूँ, इसप्रकार जो ध्यानमें आत्माका चिन्तन करता है वही ध्याता है ।।३६।।

जो एवं जाणित्ता, झादि परं अप्पयं विसुद्धप्पा ।
अणुवममपारमदिसय[1], सोक्खं पावेदि सो जीओ ।।३७।।

अर्थ—जो विशुद्ध आत्मा इसप्रकार जानकर उत्कृष्ट आत्माका ध्यान करता है वह जीव अनुपम, अपार और अतिशय सुख प्राप्त करता है ।।३७।।

णाहं होमि परेसिं, ण मे परे संति मज्झमिह किंचि ।
एवं खलु जो भावइ, सो पावइ सव्व - कल्लाणं ।।३८।।

अर्थ—न मैं पर पदार्थोंका हूँ और न पर पदार्थ मेरे हैं, यहाँ मेरा कुछ भी नहीं है; जो इसप्रकार भावना भाता है वह सब कल्याण पाता है ।।३८।।

उड्ढोय-मज्झ-लोए, ण मे परे संति मज्झमिह किंचि ।
इह भावणाहि जुत्तो, सो पावइ अक्खयं सोक्खं ।।३९।।

अर्थ—यहाँ ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और मध्यलोकमें पर पदार्थ मेरे कुछ भी नहीं है, यहाँ मेरा कुछ भी नहीं है । इसप्रकारकी भावनाओंसे युक्त वह जीव अक्षय-सुख पाता है ।।३९।।

मद-माण-माय-रहिओ, लोहेण विवज्जिओ य जो जीवो ।
णिम्मल - सहाव - जुत्तो, सो पावइ अक्खयं ठाणं ।।४०।।

अर्थ—जो जीव मद, मान एवं मायासे रहित; लोभसे वर्जित और निर्मल स्वभावसे युक्त होता है वह अक्षय स्थान को पाता है ।।४०।।

परमाणु-पमाणं वा, मुच्छा देहादिएसु अत्थु पुणो ।
सो ण [2]विजाणदि समयं-सगस्स सव्वागम-धरो वि ।।४१।।

---

१. द. ब. क. ज. ठ. सर्व । २. द. ब. क, आदि ।

अर्थ—जिसके परमाणु प्रमाण भी देहादिकमें राग है, वह समस्त आगमका धारी होकर भी अपने समय (आत्मा) को नहीं जानता है ॥४१॥

तम्हा[1] णिव्वुदि-कामो, रागं देहेसु कुणदु मा किंचि ।
देह - विभिण्णो अप्पा, [2]झायव्वो इंदियादीदो ॥४२॥

अर्थ—इसलिए हे मोक्षाभिलाषी ! देहमें कुछ भी राग मत करो । (तुम्हारे द्वारा) देहसे भिन्न अतीन्द्रिय आत्माका ध्यान किया जाना चाहिए ॥४२॥

देहत्थो देहादो, किंचूणो देह - वज्जिओ सुद्धो ।
देहायारो अप्पा, झायव्वो इंदियातीदो ॥४३॥

अर्थ—देहमें स्थित, देहसे कुछ कम, देहसे रहित, शुद्ध, देहाकार और इन्द्रियातीत आत्माका ध्यान करना चाहिए ॥४३॥

झाणे जदि णिय-अप्पा, णाणादो णावभासदे जस्स ।
झाणं होदि ण तं पुण, जाण पमादो हु मोह-मुच्छा वा ॥४४॥

अर्थ—जिस जीवके ध्यानमें यदि ज्ञानसे निज आत्माका प्रतिभास नहीं होता है तो फिर वह ध्यान नहीं है । उसे (तुम) प्रमाद, मोह अथवा मूर्च्छा हो जानो ॥४४॥

णयसित्थ-मूस-गब्भायारो रयणत्तयादि-गुण-जुत्तो ।
णिय-अप्पा झायव्वो, खय - रहिदो जीव-घण-देसो ॥४५॥

अर्थ—मोमसे रहित मूसकके (अभ्यन्तर) आकाशके आकार, रत्नत्रयादि गुणोंसे युक्त, अविनश्वर और असंख्यात-प्रदेशी निज आत्माका ध्यान करना चाहिए ॥४५॥

जो आव-भाव-णमिणं, सिक्खुव-जुत्तो मुणी[3] समाचरदि ।
सो सव्व - दुक्ख - मोक्खं[4], पावइ अचिरेण कालेण ॥४६॥

अर्थ—जो साधु नित्य उद्योगशील होकर इस आत्म-भावनाका आचरण करता है वह थोड़े समयमें ही सब दुःखोंसे छुटकारा पा लेता है ॥४६॥

---

१. ब. तेसा, क. तम्मा । २. ब. क. ज. ठ. झायव्वो ।
३. ब. मुणो । ४. ब. ज. ठ. मोक्खं, द. क. मोक्खो ।

कम्मे णोकम्मम्मि य, अहमिदि अहयं च कम्म-णोकम्मं ।
जायदि सा खलु बुद्धी, सो हिंडइ मरुव - संसारं ॥४७॥

अर्थ—कर्म और नोकर्ममें "मैं हूँ" तथा मैं कर्म-नोकर्मरूप हूँ; इसप्रकार जो बुद्धि होती है उससे यह प्राणी बहुत संसारमें घूमता है ॥४७॥

जो खविद-मोह-कम्मो, विसय-विरत्तो मणो णिरुंभित्ता ।
समवट्ठिदो सहावे, सो मुच्चइ कम्म - णिगलेहिं ॥४८॥

अर्थ—जो मोहकर्म (दर्शनमोह और चारित्रमोह) को नष्टकर विषयोंसे विरक्त होता हुआ मनको रोककर स्वभावमें स्थित होता है, वह कर्मरूपी साँकलोंसे छूट जाता है ॥४८॥

पयडिट्ठिदि-अणुभाग-प्पदेस-बंधेहि वज्जिओ अप्पा ।
सो हं इदि चिंतेज्जो, तत्थेव य कुणह थिर-भावं ॥४९॥

अर्थ—जो प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश बन्धसे रहित आत्मा है वही मैं हूँ, इसप्रकार चिन्तन करना चाहिये और उसमें ही स्थिरता करनी चाहिये ॥४९॥

केवलणाण-सहाओ, केवलदंसण-सहाओ सुहमइओ ।
केवल-विरिय-सहाओ, सो हं इदि चिंतए णाणी ॥५०॥

अर्थ—जो केवलज्ञान एवं केवलदर्शन स्वभाव से युक्त, सुख-स्वरूप और केवल-वीर्य-स्वभाव है वही मैं हूँ, इसप्रकार ज्ञानी जीवको विचार करना चाहिए ॥५०॥

जो सव्व-संग-मुक्को, झायदि अप्पाणमप्पणो[1] अप्पा ।
सो सव्व दुक्ख-मोक्खं, पावइ अचिरेण कालेण ॥५१॥

अर्थ—सर्व सङ्ग (परिग्रह) से रहित जो जीव अपने आत्माका आत्माके द्वारा ध्यान करता है वह थोड़े ही समय में समस्त दुःखों से छुटकारा पा लेता है ॥५१॥

जो इच्छदि णिस्सरिदुं, संसार-महण्णवस्स रुंदस्स ।
सो एवं जाणित्ता, परिझायदि अप्पयं सुद्धं ॥५२॥

अर्थ—जो गहरे संसाररूपी समुद्र से निकलने की इच्छा करता है वह इसप्रकार जानकर शुद्ध-आत्मा का ध्यान करता है ॥५२॥

---

१ द. ब. क. ज. ठ. अप्पाण अप्पणो ।

पडिकमणं पडिसरणं, पडिहरणं धारणा णियत्ती य ।
णिंदण-गरहण-सोही, लब्भंति णियाद-भावणए ॥५३॥

अर्थ—निजात्म-भावना से (जीव) प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, प्रतिहरण, धारणा, निवृत्ति, निन्दन, गर्हण और शुद्धिको प्राप्त करते हैं ॥५३॥

जो णिहद-मोह-गंठी, राय-पदोसे[1] हि खविय सामण्णे ।
होज्जं सम-सुह-दुक्खो[2], सो सोक्खं अक्खयं लहदि ॥५४॥

अर्थ—जो मोह रूप ग्रन्थिको नष्टकर श्रमण अवस्था में राग-द्वेष का क्षपण करता हुआ सुख-दुःख में समान हो जाता है, वह अक्षय सुखको प्राप्त करता है ॥५४॥

ण जहदि जो दु[3] ममत्तं, अहं ममेदं ति देह-दविणेसु ।
सो मूढो अण्णाणी, बज्झदि दुट्ठट्ठ - कम्मेहिं ॥५५॥

अर्थ—जो देह में 'अहम्' (मैं पना) और धन में 'ममेदं' (यह मेरा) इस दो प्रकार के ममत्वको नहीं छोड़ता है, वह मूढ अज्ञानी दुष्ट कर्मों से बँधता है ॥५५॥

पुण्णेण होइ विहओ, विहवेण मओ[4] मएण मइ-मोहो ।
मइ - मोहेण य पावं, तम्हा[5] पुण्णो विवज्जेज्जो ॥५६॥

अर्थ—पुण्य से वैभव, वैभव से मद, मद से मति-मोह और मति-मोह से पाप होता है, अतः पुण्यको छोड़ना चाहिए ॥५६॥

परमट्ठ-बाहिरा जे, ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति ।
संसार - गमण - हेदुं, विमोक्ख - हेदुं अयाणंता[6] ॥५७॥

अर्थ—जो परमार्थ से बाहर हैं वे संसार-गमन और मोक्षके हेतु को न जानते हुए अज्ञान से पुण्यकी इच्छा करते हैं ॥५७॥

ण हु मण्णदि जो एवं[7], णत्थि विसेसो त्ति पुण्ण-पावाणं ।
हिंडदि घोरमपारं, संसारं मोह - संछण्णो[8] ॥५८॥

अर्थ—पुण्य और पाप में कोई भेद नहीं है, इसप्रकार जो नहीं मानता है, वह मोह से युक्त होता हुआ घोर एवं अपार संसार में भ्रमण करता है ॥५८॥

---

१. द. ब. क. पदोसो । २. ब द. क. ज. ठ. दुक्खं । ३. ब हु । ४. ब. मायो । ५. द. ब. क. तम्हा । ६. द. ब. क. ठ. अयाणंता । ७. द. ब. क. ठ. एवं । ८. द. ब. संमोहसण्णो ।

मिच्छत्तं अण्णाणं, पावं पुण्णं चएवि तिविहेणं ।
तो णिच्चयेण जोई, झायव्वो अप्पयं सुद्धं ॥५६॥

अर्थ—मिथ्यात्व, अज्ञान, पाप और पुण्य इनका (मन, वचन, काय) तीन प्रकार से त्याग करके योगी को निश्चय से शुद्ध आत्मा का ध्यान करना चाहिये ॥५६॥

जीवो परिणमदि जदा, सुहेण असुहेण वा सुहो असुहो ।
सुद्धेण तहा सुद्धो, हवदि हु परिणाम - सब्भावो ॥६०॥

अर्थ—परिणाम-स्वभावरूप जीव जब शुभ अथवा अशुभ परिणाम से परिणमता है तब शुभ अथवा अशुभ (रूप) होता है और जब शुद्ध परिणाम से परिणमता है तब शुद्ध होता है ॥६०॥

धम्मेण परिणदप्पा, अप्पा जदि सुद्ध-संपओग-जुदो ।
पावइ णिव्वाण - सुहं, सुहोवजुत्तो य सग्ग - सुहं ॥६१॥

अर्थ—धर्म से परिणत आत्मा यदि शुद्ध उपयोग से युक्त होता है तो निर्वाण-सुखको और शुभोपयोग से युक्त होता है तो स्वर्ग-सुखको प्राप्त करता है ॥६१॥

असुहोदएण आदा[1], कुणरो तिरियो भवीय णेरइयो ।
दुक्ख-सहस्सेहिं सदा, अभिभूदो भमदि अच्चंतं ॥६२॥

अर्थ—अशुभोदय से यह आत्मा कुमानुष, तिर्यञ्च और नारकी होकर सदा अचिन्त्य हजारों दुःखों से पीड़ित होकर संसार में अत्यन्त (दीर्घकाल तक) परिभ्रमण करता है ॥६२॥

अदिसयमादसमुत्थं, विसयातीदं अणोवममणंतं ।
अव्वुच्छिण्णं च सुहं, सुद्धुवओगप्प - सिद्धाणं ॥६३॥

अर्थ—शुद्धोपयोग से उत्पन्न सिद्धों को अतिशय, आत्मोत्थ, विषयातीत, अनुपम, अनन्त और विच्छेद रहित सुख प्राप्त होता है ॥६३॥

रागादि-संग-रहिओ, वहइ मुणी सेय-झाण-झाणेसुं ।
कम्मिंधण - संघायं, अणेय - भव - संचियं खिप्पं ॥६४॥

अर्थ—रागादि परिग्रह से रहित मुनि शुक्लध्यान नामक ध्यान से अनेक भवों में संचित किये हुए कर्मरूपी ईंधनके समूहको शीघ्र जला देता है ॥६४॥

---

१. द. ब. क. ज. ठ. णाणी ।

जो संकप्प-वियप्पो, तं कम्मं कुणदि असुह-सुह-जणणं ।
अप्पा - सभाव - लद्धी, जाव ण हिययम्मि परिफुरइ ॥६५॥

अर्थ—जब तक हृदय में आत्म-स्वभाव की उपलब्धि प्रकाशमान नहीं होती तब तक जीव संकल्प-विकल्परूप शुभ-अशुभको उत्पन्न करने वाला कर्म करता है ॥६५॥

बंधाणं[1] च सहावं, विजाणिदुं अप्पणो सहावं च ।
बंधेसु जो ण रज्जदि, सो कम्म[2]-विमोक्खणं कुणइ ॥६६॥

अर्थ– जो बन्धों के स्वभावको और आत्माके स्वभावको जानकर बन्धों में अनुरञ्जायमान नहीं होता है, वह कर्मोंका मोक्ष (क्षय) करता है ॥६६॥

जाव ण वेदि विसेसंतरं[3] तु आदासवाण दोण्हं पि ।
अण्णाणी ताव दु सो, विसयादिसु वट्टते जीवो ॥६७॥

अर्थ—जब तक जीव आत्मा और आस्रव इन दोनों के विशेष अन्तरको नहीं जानता तब तक वह अज्ञानी विषयादिकों में प्रवृत्त रहता है ॥६७॥

एव वि परिणमदि[4] ण गेण्हदि, उप्पज्जदि ण परदव्व-पज्जाए ।
णाणी जाणंतो वि हु, पोग्गल - दव्वं[5] अणेय - विहं ॥६८॥

अर्थ—ज्ञानी जीव अनेक प्रकार के पुद्गल द्रव्यको जानता हुआ भी परद्रव्य-पर्याय से न परिणमता है, न (उसे) ग्रहण करता है और न (उस रूप) उत्पन्न होता है ॥६८॥

जो परदव्वं तु सुहं, असुहं वा मण्णदे विमूढ-मई ।
सो मूढो अण्णाणी, बज्झदि दुट्ठट्ठ - कम्मेहिं ॥६९॥

एवं भावणा समत्ता ॥५॥

अर्थ—जो मूढ़-मति पर द्रव्यको शुभ अथवा अशुभ मानता है, वह मूढ़ अज्ञानी दुष्ट आठ कर्मों से बँधता है ॥६९॥

इसप्रकार भावना समाप्त हुई ॥५॥

---

१. ब. ब, क. ठ. बद्धाणं । २. ब. ब. क. ठ. रंग । ३ ब. ब. क. विसेसमंतरं । ४. द. ब. परएणमदि । ५. ब. दव्वमणेय विहं ।

कुन्थुनाथ जिनेन्द्र से वर्धमान जिनेन्द्र पर्यन्त आठ तीर्थंकरों को क्रमशः नमस्कार—

केवलणाण-दिणेसं, चोत्तीसादिसय - भूदि - संपण्णं ।
अप्प - सरूवम्मि ठिदं, कुंथु - जिणेसं णमंसामि ॥७०॥

अर्थ—जो केवलज्ञानरूप प्रकाश युक्त सूर्य हैं, चौंतीस अतिशयरूप विभूति से सम्पन्न हैं और आत्म-स्वरूप में स्थित हैं, उन कुन्थुजिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥७०॥

संसारण्णव-महणं, तिहुवण-भवियाण सोक्ख-संजणणं ।
संदरिसिय - सयलत्थं[1], अर - जिणणाहं णमंसामि ॥७१॥

अर्थ—जो संसार-समुद्र का मथन करने वाले हैं और तीनों लोकों के भव्य जीवों को मोक्ष के उत्पादक हैं तथा जिन्होंने सकलपदार्थ दिखला दिये हैं, ऐसे अर जिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥७१॥

भव्व-जण-मोक्ख-जणणं, मुणिंद-देविंद-पणद-पय-कमलं ।
अप्प-सुहं संपत्तं, मल्लि - जिणेसं णमंसामि ॥७२॥

अर्थ—जो भव्य-जीवों को मोक्ष-प्रदान करने वाले हैं, जिनके चरण-कमलों में मुनीन्द्रों और देवेन्द्रों ने नमस्कार किया है, आत्म-सुख से सम्पन्न ऐसे मल्लिनाथ जिनेन्द्र को मैं नमस्कार करता हूँ ॥७२॥

णिट्ठ-वियघाइ-कम्मं, केवल-णाणेण दिट्ठ-सयलत्थं ।
णमह मुणिसुव्वएसं, भवियाणं सोक्ख - देसयरं ॥७३॥

अर्थ—जो घातिकर्मको नष्ट करके केवलज्ञानसे समस्त पदार्थों को देख चुके हैं और जो भव्य जीवों को सुखका उपदेश करने वाले हैं, ऐसे मुनिसुव्रतस्वामी को नमस्कार करो ॥७३॥

घण-घाइ-कम्म-महणं, मुणिंद-देविंद-पणद-पय-कमलं ।
पणमह णमि-जिणणाहं, तिहुवण-भवियाण सोक्खयरं ॥७४॥

अर्थ—घन-घाति-कर्मोंका मथन करने वाले, मुनीन्द्र और देवेन्द्रों से नमस्कृत चरण-कमलों से संयुक्त, तथा तीनों लोकों के भव्य जीवोंको सुख-दायक, ऐसे नमि जिनेन्द्रको नमस्कार करो ॥७४॥

इंद-सय-वंदिय-चरणं, आव-सव्वम्मि सत्त-काल-हिदं ।
इंदिय - सोक्ख - विमुक्कं, णेमि - जिणेसं णमंसामि ॥७५॥

---

१. द. ब. क. ठ. सयलट्ठं ।

अर्थ—सौ इन्द्रों से नमस्कृत चरणवाले, सर्वकाल आत्मस्वरूप में स्थित और इन्द्रिय-सुखसे रहित ऐसे नेमि जिनेन्द्रको मैं नमस्कार करता हूँ ।।७५।।

कमठोपसग्ग-दलणं, तिहुयण-भवियाण मोक्ख-देसयरं ।
पणमह पास - जिणेसं, घाइ - चउक्कं विणासयरं ।।७६।।

अर्थ—कमठकृत उपसर्गको नष्ट करनेवाले, तीनों लोकों सम्बन्धी भव्योंके लिये मोक्षके उपदेशक और घाति-चतुष्टयके विनाशक पार्श्व-जिनेन्द्रको नमस्कार करो ।।७६।।

एस सुरासुर-मणुसिंद-वंदिदं घोद-घाइ-कम्म-मलं ।
पणमामि वड्ढमाणं, तित्थं धम्मस्स कत्तारं ।।७७।।

अर्थ—जो इन्द्र, धरणेन्द्र और चक्रवर्तियों से वंदित, घातिकर्मरूपी मलसे रहित और धर्म-तीर्थ के कर्ता हैं उन वर्धमान तीर्थंकर को मैं नमस्कार करता हूँ ।।७७।।

पंच-परमेष्ठी को नमस्कार—

* मालिनी छन्द *

जयउ जिणवरिंदो, कम्म-बंधा अबद्धो[1],
जयउ-जयउ सिद्धो सिद्धि-मग्गो समग्गो[2] ।
जयउ जय-अणंदो, सूरि-संघो पसत्थो,
जयउ जदि वईणं[3] उग्ग-संघो अविग्घो ।।७८।।

अर्थ—कर्म बन्ध से मुक्त जिनेन्द्र जयवन्त होवें, समग्र सिद्धि-मार्ग को प्राप्त हुए सिद्ध भगवान् जयवन्त होवें, जगत् को आनन्द देने वाला प्रशस्त सूरि-समूह जयवन्त होवे और विघ्नों से रहित साधुओं का प्रबल संघ लोकमें जयवन्त होवे ।।७८।।

भरतक्षेत्रगत चौबीस जिनोंको नमन—

पणमह चउवीस-जिणे, तित्थयरे तत्थ भरहखेत्तम्मि ।
सव्वाणं भव - दुक्खं, छिंदंते णाण - परसेहिं[4] ।।७९।।

अर्थ—जो ज्ञान-रूपी परशुसे सब जीवों के भव-दुःखको छेदते हैं, उन भरतक्षेत्र में उत्पन्न हुए चौबीस तीर्थंकरों को नमस्कार करो ।।७९।।

---

१. द. ब. अबंधो ।　२. द. ब. क. ठ. समग्गा ।
३. द. ब. क. ठ. वईणं ।　४. द. ब. क. ठ. परेहिं ।

ग्रन्थान्त मङ्गलाचरण—

पणमह जिणवर-वसहं, गणहर-वसहं तहेव गुणहर-वसहं ।
दुसह-परीसह-वसहं, जदिवसहं धम्म-सुत्त-पाढए[1]-वसहं ॥८०॥

अर्थ—जिनवर वृषभको, गुणों में श्रेष्ठ गणधर वृषभ को तथा दुसह परीषहों को सहन करने वाले एवं धर्म-सूत्रके पाठकों में श्रेष्ठ यतिवृषभको नमस्कार करो ॥८०॥

ग्रन्थका प्रमाण एवं नाम आदि—

चुण्णिसरूवं अट्ठं, करपवम - पमाण - किंजत्तं ।
अट्ठ - सहस्स - पमाणं, तिलोयपण्णत्ति - णामाए ॥८१॥
मग्गप्पभावणट्ठं, पवयण-भत्ति-प्पचोदिदेण मया ।
भणिदं गंथ - प्पवरं, सोहंतु बहुस्सुदाइरिया ॥८२॥

एवमाइरिय-परंपरा-गय-तिलोयपण्णत्तीए सिद्धलोय-सरूव-
णिरूवण-पण्णत्ती णाम

णवमो महाहियारो समत्तो ॥९॥

अर्थ—आठ (हजार) पद प्रमाण चूर्णिस्वरूप के तुल्य आठ हजार श्लोक प्रमाण यह त्रिलोक-प्रज्ञप्ति नामक महान ग्रंथ मार्ग-प्रभावना एवं अष्ट-प्रवचन भक्ति से प्रेरित होकर मेरे द्वारा कहा गया है। बहुश्रुत आचार्य (इसका) शोधन करें ॥८१-८२॥

इसप्रकार आचार्य परम्परा से प्राप्त हुई त्रिलोक प्रज्ञप्ति में सिद्धलोक-स्वरूप-निरूपण-प्रज्ञप्ति नामक नवाँ महाधिकार समाप्त हुआ ॥९॥



१. द. ब. क. ठ. पाढए ।